Argument-ऑर्'-ग्यू-मॅन्ट– *n.* reasoning, debate. तर्क वितर्क,शास्त्रार्थ; **Argumentation** (-मॅन्-टे'-शॉन्) *n.* act of reasoning. तर्क, विवाद ; **Argumentative** (-मॅन्ट'-ए॓-टिव्) *adj.* विवाद पूर्ण; **Argumentatively** (-ऑ-टिव्-ली) *adv.* तर्क से ।

Argute – ऑर् - ग्यूट्'– *adj.* sharp;

shrill. तीखा, कर्कश (शब्द) ।

Arid–ऐरि-रिड्– *adj*. parched with heat. गरमी से सूखा हुआ ; **Arid soil** (barren ground.) मरुस्थल, मरुभूमि ।

Aries–ऐर्'-इ-ईज् *n*. the Ram. वृषराशि ।

Aright–अ-राइट'–*adv*. rightly. उचित रीति से ।

Arise–अ-राइज़'–(*p. t.* **Arose**, *p. p.* **Arisen**.) *v.t.* to get up, to result, to come to notice. उठना, (उदय होना),जागना, परिणाम होना, प्रत्यक्ष होना ।

Arista–अ-रिस्'-टा–*n*. the beard of certain grains. अन्न या घास की बाल; **Aristate**(-टेट्) *adj*.bearded.बालवाला।

Aristocracy– ऐर्-इस-टॉक्'-रॅ-सी – *n*. government by nobles, nobles in a state. शिष्टजन सत्ता राज्य, शिष्टजन ।

Aristocrat–अ-रिस्'-टो- क्रैट्– *n*. one of good birth. शिष्ट मनुष्य, रईस; **Aristocratic**(-क्रैट्'-इक्) *adj*. grand, of eminent style. कुलीन, ठाट बाटी ।

Aristophanic– ऑर्'-इस-टो-फॅन्'-इक– *adj*. witty. हँसमुख ।

Arithmetic–अ-रिथ्'-मॅ-टिक – *n*. the science of numbers. अङ्कविद्या, अङ्क-गणित; **Arithmetical** (-मॅट्'-इक्-ऑल्) *adj*. अङ्क सम्बन्धी; **Arithmetically** (ऑल्-ली) *adv*. अङ्कगणित की रीति से ; **Arithmetician** (-टिश्'-ऑन्) *n*. अङ्क-गणितमें निपुण, गणितज्ञ; **Arithmometer** (-मॉम्-ऍ-टर्) *n*. a computing machine. गणित करने का यन्त्र ।

Ark–ऑर्क्–*n*. a chest, a box, a large boat. तिजोरी, बक्स, बड़ी नाव ।

Arm–आर्म्–*n*. (*pl*. **Arms**) the upper limb of man from shoulder to hand, branch, power. बाहु, (भुजा) शाखा, शक्ति; *v. t.* & *i.* to furnish with arms, to take arms. शस्त्रों से सज्जित करना, शस्त्र उठाना; **Arm in arm** (with arms interlinked.) हाथ में हाथ दिये; **Armpit** (hollow under shoulder.) बगल, कोख ; **Fore arm** front part of arm. अग्रबाहु ; **Infant in arms** (baby unable to walk.) गोदी का बच्चा ; **To keep at arm's length** (to avoid familiarity.) अति परिचय न करना, दूर दूर रहना ; **With open arms** (cordially.) अनु-राग पूर्वक; **Arm-chair**. बाँहदार कुर्सी ।

Armament–आर्म्'-अ-मॅन्ट्– *n*. force, military equipment.बल,युद्ध की सामग्री

Armature–आर्म्'-अ-ट्यूर्–*n*. a defensive covering, an important portion of a dynamo. रक्षा सामग्री,बिजली पैदा करनेवाले यन्त्र का एक प्रधान भाग ।

Armistice–आर्'-मिस-टिस–*n*. a short truce. युद्ध निवृत्ति, कुछ काल के लिये संधि।

Armlet–आर्म्'-लॅट्– *n*. an ornament worn round the arm,a small inlet of sea. जोसन,(बाजूबन्द), समुद्र की शाखा।

Armorial–आर्-मो'-रि-ऑल्–*adj*. pertaining to armour. शरीर त्राण (कवच) सम्बन्धी ।

Armour–आर्म्'-अर्– *n*. a defensive covering worn in fighting. कवच, तनुत्राण; *v. t.* to furnish with armour. कवच से सुसज्जित करना ; **Armour bearer** (one who carries the armour of another.) कवच ले जानेवाला ; **Armourer** (-अर्) *n*. maker of arms or armour. शस्त्रकार, शस्त्र बनानेवाला ; **Armoury** (-ई) *n*. arsenal. शस्त्रशाला, हथियार घर; **Arm-**

our clad (furnished with armour.) कवच पहिरे हुए ; **Armour for the head** (helmet.) शिरस्त्राण ।

Arms–आँर्म्ज़्– *n. pl.* weapons. शस्त्र, हथियार; **Coat of arms** (heraldic devices.) युद्ध चिह्न ; **Fire arms** (those requiring explosives.) बारूद वाले अस्त्र ; **Under arms** (in battle array.) युद्ध के सजधज में ।

Army–आँर्-मी–*n.* (*pl.* **Armies.**) a large body of men armed for war, a host. सैन्य, सेना, (दलबल) ।

Aroma–अँरो' -मॉ–*n.* sweet smell, fragrance. मधुर गन्ध, सुगन्ध; **Aromatic** (-आँर्-ओ-मॅट'-इक्) *adj.* fragrant. सुगन्धित; **Aromatize** (-टाइज़्) *v. t.* to impregnate with aroma. सुवासित (सुगन्ध युक्त) करना ।

Arose–अँरोज़्'–*p. t.* of **Arise.**

Around–अँ'-राउन्ड्–*prep.* & *adv.* in every direction, about, along, near. चारो ओर, प्रायः, आगे, समीप ।

Arouse–अँराउज़्'– *v. t.* to awaken, to excite. जागृत करना, (जगाना), उत्तेजित करना (भड़काना) ।

Arow–अँरो'–*adv.* in a row. पंक्ति में ।

A.R.P. (Air Raid Precaution.) हवाई हमले से हिफाजत ।

Arraign–अँर्-रेन्'–*v. t.* to accuse, to find fault with. अपराधी ठहराना, दोष लगाना (कलङ्क लगाना); **Arraignment** (-मेन्ट) *n.* अपराध ।

Arrange–अँर्-रेंञ्ज्'– *v. t.* to put in order, to settle, to give instructions. क्रममें रखना (प्रबन्ध करना, ठीक करना), स्थिर करना, आज्ञा देना ; **Arrangement** (-मेन्ट) *n.* settlement, adjustment, classification. ठीकठीक, प्रबन्ध, क्रम से स्थापन (रचना) ।

Arrant–अँर्'-रॅन्ट – *adj.* notorious, downright. अति दुष्ट, अत्यन्त (निपट); **Arrantly** (-ली) *adv.* notoriously. दुष्टता से ।

Arras – अँर्'-रॅस् – *n.* a hanging screen. लटकता हुआ परदा ।

Array–अँर्-रें'–*v. t.* & *i.* to adorn, to put in order, to dress oneself. अलंकृत करना, क्रम से रखना, सजाना, सजना; *n.* military force, imposing range of persons. व्यूह रचना, सजधज ।

Arrear–अँर्-रि'-अर्–*n.* outstanding or unpaid debts. ऋणशेष, बकाया ; **Arrearage** (-रिअर्'-एज्) *n.* unpaid debts. बिना चुकाया हुआ ऋण ।

Arrect – अँर्-रॅक्ट' – *adj.* with ears erect, alert. कान खड़ा किया हुआ, सचेत ।

Arrest–अँर्-रॅस्ट'– *v. t.* to stop, to seize by legal authority, to catch attention of. रोकना, गिरफ़्तार करना, अनन्यचित्त होना; *n.* check, imprisonment. रोक, गिरफ़्तारी ।

Arride–अँर्-आइड्'–*v. t.* to laugh scornfully at a person. किसी मनुष्य की हँसी उड़ाना ।

Arris–अँर्'-इस्– *n.* a sharp edge formed by two planes. तीखा कोना ।

Arrival–अँर्-राइव'-अँल् – *n.* act of coming to a destination, appearance. आगमन (पहुँच), उपस्थिति ।

Arrive–अँर्-राइव्'–*v. i.* to come to destination, to come about. पहुचना (आ जाना), पा लेना ।

Arrogance–अँर्'-ओ-गॅन्स् – *n.* presumption, haughtiness. गर्व (अभि-

मान) उद्दण्डता, (मद); **Arrogant** (-गॅन्ट) *adj*. full of assumption. अहंकार युक्त, हठी; **Arrogantly** (-गॅन्ट-ली) *adv*. haughtily. उद्दण्डता से।

Arrogate–ॲर्'-ओ-गेट्–*v.t.* to claim a thing unduly. किसी की वस्तु अन्याय से ग्रहण करना ; **Arrogation** (-गे'-शॉन्) *n*. अन्याय पूर्वक ग्रहण।

Arrow–ॲर्'-रो–*n*. a pointed stick shot from a bow. बाण, तीर; **Arrow-root** (a nutritious plant.) आरारूट; **Arrowy** (-ई) *adj*. formed like an arrow. बाणवत्, बाणाकार।

Arse–ऑर्स्–*n*. buttocks. चूतर, कटि-पश्चात् भाग।

Arsenal–ऑर्'-सॅन्-ॲल्– *n*. a place where weapons are prepared or stored. शस्त्रगृह, हथियार घर।

Arsenic–ऑर्'-सॅन् - इक् – *n*. a semi-metallic violent poison. संखिया, विष; **Arsenious** (-सी'-नि-अस्) *adj*. विषमय, विषयुक्त।

Arson–ऑर्'सॉन्–*n*. wilfully burning a house. जान बूझकर घर में आग लगाना (घर जलाने का अपराध)।

Art–ऑर्ट्-the second person singular, present tense, indicative mood of the verb *to be*. था।

Art–ऑर्ट्–*n*. skill, practical knowledge of a subject. कौशल (चातुरी), शिल्प, कला; (*pl.*) branches of learning. विद्या के भेद; **Black art** (magic.) जादूगरी।

Arterial – ऑर्-टिअर्'-इ-ॲल् – *adj*. pertaining to artery. धमनी सम्बन्धी ; **Arterialize** (-ॲल्-आइज़्) *v. t.* to convert venous blood into arterial. शिरा के रक्त को धमनी के रक्त में बदलना।

Arteriotomy-ऑर्-टिअर्-इ-ऑट्'-ओ-मि- *n*. the opening of an artery. धमनी काटकर रुधिर बहाना।

Artery – ऑर्'-टर्-ई – *n*. the tube which carries pure blood from the heart to the various parts of the body. धमनी, रक्तवाहिनी नलिका।

Artful–ऑर्ट्'-फुल्–*adj*. crafty. चतुर, धूर्त; **Artfully** (-ली) *adv*. craftily. धूर्तता से ; **Artless** (-लॅस्) *adj*. simple, sincere. सरल, अकृत्रिम; **Artlessness** (-लॅस्-नॅस्) *n*. सरलता।

Arthritis – ऑर्-थ्राइ'-टिस् – *n*. gout. (जोड़ों का सूजन) गठिया।

Artichoke–ऑर्'-टि-चोक् – *n*. a kind of edible plant. चोकन्दर, हाथी चक।

Article–ऑर्'-टि-कॅल् – *n*. a separate substance, separate clause, literary composition. वस्तु (सामग्री, विषय), भाग (धारा), साहित्यिक लेख ; *v. t.* to set forth in articles. विषय में निर्धारित करना ; **Definite article**. यथा–*the*. **Indefinite article**. यथा *a, an*. **Leading article** (expressing editorial opinion.) समाचार पत्र का अग्रलेख।

Articular–ऑर्-टिक्'-यु-लॅर्– *adj*. belonging to joints. जोड़ (ग्रन्थि) सम्बन्धी।

Articulate–ऑर्-टिक्'-यु-लेट्–*adj*. distinct, jointed, clear. स्पष्ट, जुटा हुआ, व्यक्त ; *v. t.* to mark with joints, to utter clearly. संयुक्त करना, स्पष्ट उच्चारण करना; **Articulateness** (-नॅस्) *n*. distinctness. स्पष्टता।

Articulation – ऑर्-टिक्'-यु-ले'-शॉन् –

n. clear utterance, joining of bones. स्पष्ट उच्चारण, हड्डियों का जोड़।

Artifice–आँर्ट्-इ-फ़िस्–*n.* crafty contrivance, skill, device, fraud. धूर्तता, चालाकी, साधन, छल; **Artificer** (-फ़िस्-इ-सर्) *n.* a skilled workman. कारीगर, शिल्पकार।

Artificial- आँर्ट्-इ-फ़िश्'-ऑल् – *adj.* made by art, not natural, not real. शिल्पनिर्मित, कृत्रिम, बनावटी, (झूठा); **Artificiality** (-ऑल्'-इ-टी) **Artificialness** (-नेस्) *ns.* कृत्रिमता, बनावट; **Artificially** (-ली) *adv.* कृत्रिम रूप से; **Artificialized** (-आइज़्ड) *adj.* कृत्रिम, बना हुआ।

Artillery – आँर्-टिल्'-लॅ-री – *n.* machines for discharging missiles, part of army which manages these. अस्त्रशस्त्र (युद्धास्त्र), तोप इ० चलानेवाले।

Artisan–आर्ट्'-इ-ज़ॉन्–*n.* a mechanic, a handicraftsman. शिल्पी, दस्तकार।

Artist–आँर्ट्'-इस्ट्–*n.* one who practises any fine art. कला में निपुण।

Artistic–आँर् - टिस्ट्' - इक्–*adj.* pertaining to an artist. निपुणता का, सुन्दर) कारीगरी का; **Artistically** (-ऑल्-लि) *adv.* कारीगरी से।

Artless– आर्ट्'-लॅस् – *adj.* without stratagem. निष्कपट।

Arts–आर्ट्स्– *n. pl.* occupations requiring skill and ingenuity. कला।

Aryan–आर्'-यॅन्–*adj.* belonging to Indo European family or languages. आर्य वंश या भाषा सम्बन्धी।

As–ऑज़्–*adv.* like to, when, for example, in the manner in which. समान, जब, यथा, प्रकार से; *conj.* since. तब से; *pron.* that. वह; **As if** (as it would be if.) मानो; **As to, As for** (with respect to.) विषय में; **As though** (as if.) मानो; **As well as** (equally with.) भी; **As yet** (even now.) अब भी।

Asafœtida–ऑस्-ऑ-फ़ॅट्'-इड्-डॉ– *n.* a kind of resinous gum. हींग।

Asbestos–ऑस्-बॅस्'-टॉस् – *n.* an incombustible fibrous mineral. न जलने वाला एक तन्तुमय धातु; **Asbestine** (-टिन्) *adj.* pertaining to asbestos. ऑस्-बॅस्-टॉस् सम्बन्धी।

Ascend–ऑस्-सॅन्ड्'–*v. i. & t.* to rise, to mount, to go back, to go up, to climb. बढ़ना, चढ़ना, पीछे जाना, ऊपर जाना, चढ़ना; **To ascend a throne** (to mount a throne.) राज्यसिंहासन पर बैठना; **Ascendancy** (-ency-ऑन्-सी) *n.* control, sway, superior influence. प्रभुत्व, प्रबलता, प्रधानता; **Ascendant** (-ent) (-ऑन्ट्) *adj.* rising, predominant. प्रधान, प्रबल।

Ascension–ऑस्-सॅन्-शॉन्–*n.* act of ascending. उद्गम, अधिरोहण; **Ascensive** (-सिव्) *adj.* rising, improving. उठनेवाला, उन्नति करने वाला।

Ascent – ऑस्-सॅन्ट्' – *n.* movement upward, rise. चढ़ाव (चढ़ाई), उद्गम।

Ascertain–ऑस्-सर्-टॅन्' – *v. t.* to determine, to find out accurately. निश्चय करना (जाँचना), पता लगाना; **Ascertainable** (-ऑ-बल्) *adj.* जाँचने योग्य; **Ascertainment** (-मॅन्ट्) *n.* finding out. जाँच पड़ताल।

Ascetic–ऐस-सैट्'-इक् – *n.* one who leads a retired life, a recluse. तपस्वी (जोगी), सन्यासी ; **Asceticism** (इ-सिज़्म्) *n.* the practice of an ascetic, austerity. सन्यास, वैराग्य ।

Ascribe–ऐस-क्राइब्'–*v. t.* to attribute, to assign. कारण या सम्बन्ध बतलाना, आरोपण करना ; **Ascribable** (-ऐ-ब्ल्) *adj.* attributable. कारण बतलाने योग्य ।

Aseptic–ऐ-सेप्'-टिक्–*adj.* free from putrefaction. न सड़ने योग्य ।

Ash-ऐश्-*n.*a forest tree. एक प्रकार का अखरोट की तरह का जंगली वृक्ष ; **Ash-tray**)receptacle for tobacco-ash.) सिगरेट की राख रखने का पात्र ।

Ashamed–ऐ-शेम्ड्'–*adj.* abashed. लज्जित, संकुचित ।

Ashen–ऐश्'-ऍन्–**Ashy** (-ई) *adjs.* pale. धूसर, पीला ।

Ashes–ऐश्'-ऍज़् –*n. pl.* the powder left after combustion. भस्म, राख ।

Ashore–ऐ-शोर्' – *adv.* to or on shore. तट पर, तीर पर, किनारे पर ।

Aside–ऐ-साइड्'–*adv.* on one side, away. अलग, एक ओर; *n.* words spoken aside by an actor. नाटक में पात्र की स्वगत उक्ति; **To speak aside** (to speak privately.)एकान्तमें कहना।

Asinine-ऐस्'-इन्-आइन्-*adj.* pertaining to asses, foolish. गदहे का, मूर्ख ।

Ask–आस्क्–*v. t.* to enquire, to make a request, to invite, to demand. पूछना, प्रार्थना करना, निमन्त्रण करना, माँगना ; **Asking** (-इङ्) *n.* request. प्रार्थना, याचना ।

Askance – ऐस्'-कैन्स् – *adv.* sideways, asquint, indirectly. तिरछी दृष्टि से, कनखिया कर, कुटिल रीति से ।

Askew–ऐ-स्क्यू' *adv.* in an oblique way. तिरछी दृष्टि (कटाक्ष से) ।

Aslant–ऐ-स्लैन्ट्' – *adv.* obliquely. तिरछी दृष्टि से ।

Asleep–ऐ-स्लीप्'–*adv.* in a state of sleep. निद्रित, निद्रा में, सोते हुए ।

Aslope–ऐ-स्लोप्'–*adv.* in a sloping attitude. ढालुआ की तरह से ।

Asp–ऐस्प्–*n.* a kind of poplar tree, a small hooded poisonous serpent. एक वृक्ष जिसकी पत्तियाँ बराबर हिला करती हैं, फनवाला छोटा साँप (नागिन) ।

Aspect–ऐस्-पैक्ट्–*n.* look, way of looking, appearance. रूप (आकार), छवि, भाव, आकृति ।

Aspen–ऐस्'-पॅन्–*n.* & *adj.* a kind of poplar tree whose leaves always tremble. एक प्रकार का वृक्ष जिसकी पत्तियाँ सर्वदा हिलती रहती है ।

Asperate – ऐस्'-पर्-ऍट् – *v. t.* to make rough. रूखा करना; **Asperation**(ए'-शॉन्)*n.* रूखा करना या होना ।

Asperity-ऐस-पॅर्-इ-टी-*n.* roughness, harshness, sharpness. रूक्षता, तीव्रता, तीक्ष्णता ।

Asperse–ऐस्-पर्स्'–*v. t.* to defame, to calumniate. निन्दा करना, कलङ्क लगाना ; **Aspersion** (-पर्'-शॉन्) *n.* a slander. कलङ्क (अपवाद) निन्दा ।

Asphalt–ऐस्'–फॉल्ट – *n.* a mixture of coaltar and sand. अलकतरा और बालू मिला हुआ मसाला ; *v. t.* सड़क पर अस्फ़ाल्ट् बिछाना ।

Asphodel–ऐस्'-फो-डॅल्–*n.* a kind of lily. एक प्रकार की कुमुदिनी ।

Asphyxia–ऑस्-फिक्स्'-इ-आ–*n.* suffocation. दम घुटना।

Aspirant-ऑस्-पायर्'-ऑन्ट्-*n.* one who aspires, a candidate. आकांक्षी, उम्मेदवार; *adj.* उमङ्गी, इच्छा करने वाला।

Aspirate–ऑस्'-पिरेट्-*v. t.* to pronounce with one breath. एक श्वास से उच्चारण करना, सांस खींच कर हवा निकालना; *adj.* pronounced with one breathing. एक श्वास में उच्चारण किया हुआ।

Aspiration–ऑस्-पिरे'-शॉन्-*n.* desire, drawing of breath. लालसा (अभिलाषा), श्वास खींचना।

Aspirator – ऑस्-पिरे'-टॉर् – *n.* an instrument for sucking air &c. वायु इत्यादि चूसने का यन्त्र।

Aspire–ऑस्-पायर्' – *v. t.* to desire earnestly. उत्कट इच्छा करना; **Aspiring** (-इङ्ग) *adj.* ambitious. उत्सुक।

Asquint–ऑस्-क्विन्ट्'–*adv.* looking obliquely. कटाक्ष से देखते हुए।

Ass-ॲस्-*n.* a domestic quadruped, a stupid person. गदहा (रासभ), मूर्ख मनुष्य

Assail–ॲस्-सेल्' – *v. t.* to make a violent attack. आक्रमण करना, चढ़ाई करना; **Assailable** (-ऑ-बल्) *adj.* able to be attacked. आक्रमण करने योग्य; **Assailant** (-ऑन्ट्) *n.* & *adj.* one who assails, attacking. आक्रमण, करने वाला, आक्रमण का।

Assassin–ॲस्-सॅस्'-सिन्–*n.* one who kills treacherously. घातक, हत्यारा; **Assassinate** (-एट्') *v. t.* to kill treacherously. छिप कर हत्या करना, (मार डालना); **Assassination** (-ए'-शॉन्) *n.* treacherously killing. हत्या, वध; **Assassinator** (-एट्'-ऑर्) *n.* an assassin. हत्यारा, घातक।

Assault – ऑस्'-सॉल्ट् – *n.* a hostile attack, a rush against. चढ़ाई, धावा; *v. t.* to assail, to make a violent attack. आक्रमण करना; **Assaulter** (-अर्) *n.* आक्रमण करने वाला।

Assay – ऑस्-से' – *v. t.* to try the purity of precious metals, to attempt. बहुमूल्य धातुओं की परीक्षा करना, प्रयत्न करना; *n.* examination. जाँच, परख; **Assayer** (-अर्) परख रखने वाला; **Assaying** (-इङ्ग्) *n.* परख करने की क्रिया।

Assemblage–*n.* see **Assemble**.

Assemble–ऑस्-सॅम्'-बल्–*v. t.* & *i.* to gather together, to collect, to come together, इकट्ठा करना, एकत्रित करना, इकट्ठा होना; **Assemblage** (-ब्लेज्) a concourse of persons, a collection. समूह, सभा, जनसमुदाय।

Assembly-ऑस्-सॅम्-ब्ली-*n.* a gathering, a meeting, a council. समाज, मण्डली, सभा; **Assembly room**. सभा भवन।

Assent–ऑस्-सॅन्ट्'–*v. t.* to express agreement, to concur. स्वीकार करना, मान लेना; *n.* the act of agreeing, sanction. सम्मति (अनुमति अनुमोदन), अङ्गीकार।

Assentation – ऑस्-सॅन्ट्-ए'-शॉन् – *n.* compliance. स्वीकृति।

Assentient–ऑस्-सॅन्'-शॅ-ऍन्ट्– *n.* one who assents. स्वीकार करने वाला।

Assert–ऑस्-सर्ट्'–*v. t.* to affirm, to declare. दृढ़तापूर्वक स्वीकार करना, स्थापित करना; **Assertable** (-ऑ-बल्) *adj*.

able to be affirmed. स्वीकार करने योग्य।

Assertion–ऑस-सर्'-शॉन्-*n.* positive statement, affirmation. दृढ़ प्रतिज्ञा, निश्चित वाक्य ।

Assertive-ऑस-सर्ट्'-इव्–*adj.* affirming. स्वीकृति वाला; **Assertively** (-इव्-ली) *adv.* स्वीकृति से ।

Assertor–ऑस-सर्ट्'-ऑर्–*n.* a champion, one who asserts. योद्धा, स्वीकार करनेवाला ।

Assess–ऑस-सेस्'– *v. t.* to fix the amount of tax, to estimate value of property &c. कर निर्धारित करना (आँकना, कूतना), मूल्य स्थिर करना; **Assessable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* कर निर्धारित करने योग्य; **Assessment** (-मेन्ट्) *n.* valuation. कर निर्धारण, कर लगाने का कार्य; **Assessor** (-ऑर्) *n.* one who sits as an adviser to a judge, one who estimates taxes. न्यायाधीश का सहायक (अधिकारी), कर निश्चित करनेवाला पत्र ।

Assets–ऑस'-सेट्स–*n. pl.* property of a person sufficient to pay off all legal claims, estate of a deceased person, the property of an insovlent debtor. पूँजी (सम्पत्ति), मृतक अथवा दिवालिये की सम्पत्ति ।

Asseverate–ऑस-सेव्'-अर्-एट्' – *v. t.* to declare solemnly. शपथ पूर्वक (प्रतिज्ञा सहित) कहना; **Asseveration** (-ए'-शॉन्) *n.* solemn affirmation. दृढ़ वचन, शपथ पूर्वक वचन ।

Assibilate–ऑस-सिब्'-इ-लेट्'–*v. t.* to utter a hissing sound. सीत्कार सहित बोलना ।

Assiduity–ऑस-सि-ड्यू'-इ-टी–*n.* close attention. उद्योग, तत्परता ।

Assiduous-ऑस-सिड्'-यु-अस-*adj.* persevering, diligent. तत्पर, परिश्रमी; **Assiduously** (-ली) *adv.* diligently, attentively. परिश्रम से, तत्परता से ।

Assign–ऑस-साइन्'–*v. t.* to ascribe, to fix, to specify, to refer, to allot, to apportion. निरूपण करना, स्थिर करना, निर्दिष्ट करना, हिस्सा करना, बाँटना; *n.* one to whom a property is transferred. वह जिसको सम्पत्ति दी गई हो: **Assignable** (-ऑ ब्ल्) *adj.* निर्दिष्ट करने योग्य; **Assignation** (-सिग्-ने'-शॉन्) *n.* समर्पण, नियुक्ति; **Assignee** (-ई) *n.* one who is appointed to act for another. प्रतिपुरुष, जिसको कोई कार्य सौंपा गया हो; **Assignment** (-मेन्ट) allotment, attribution. समर्पण (जमोग); **Assignor** (-अर्) *n.* निरूपण करने वाला ।

Assimilate–ऑ-सिम्'-इ-लेट्'–*v. t.* to make like to, to compare with, to absorb into the system. सदृश करना, तुलना करना, पचाना (परिपाक करना); *v.i.* to be absorbed. एकीभूत होना, पचाना; **Assimilation** (-ले'-शॉन्) *n.* समीकरण, परिपाक, परिणाम; **Assimilator** (-टॉर्) *n.* परिपाक करनेवाला ।

Assist–ऑ-सिस्ट्'–*v. t. & i.* to support, to help, to take part in. सहायक होना, सहायता करना, सहारा देना; *adj.* helping. उपकारी, सहायक; **Assistance** (-ऑन्स्) *n.* help, aid. सहायता, सहारा; **Assistant** (-ऑन्ट) *n.* a helper. उपकारी, सहायक; **Assistless** (-लेस्) *adj.* असहाय ।

Assize–ऑस'-साइज़्– *n.* a court of

justice. न्यायालय, कचहरी ; (**Assizes** -सेज़ *pl.*) *v. t.* to fix price of commodities. मूल्य निरूपण करना ; **Assizer** (-अर्) *n.* one who assizes. मूल्य निरूपण करने वाला ।

Associable– ऍस्-सो-शॉ'-ऍ-ब्ल्– *adj.* sociable. मेल करने योग्य; **Associableness** (-नेस्) *n.* मेलजोल ।

Associate–ऍस्-सो'-शि-एट्– *v. t.* & *i.* to join, to unite with, to have intercourse with. संयुक्त करना, मिलाना, संग करना (समागम होना); *adj.* & *n.* closely connected with, partner, सही, मेली ; **Associator** (-टॅर्) *n.* सत्सङ्ग करने वाला ।

Association– ऍस्-सो-सि-ए'-शन् – *n.* company, fellowship, union. सङ्गम, (सत्सङ्ग), मण्डली (सभा, परिषद्) ।

Assoil–ऍस्-सॉयल्'–*v. t.* to free from sin, to forgive. पाप से मुक्त करना, क्षमा करना ।

Assonance– ऍस्'-सो-नॅन्स् – *n.* the resemblance of sounds. स्वरों की समता; **Assonant** (-नॅन्ट) *adj.* स्वर की समता का ।

Assort–ऍस्-सॉर्ट्'–*v. t.* & *i.* to arrange into groups, to agree. यथाक्रम करना (अलगाना), एक मत होना ; **Assorted** (-ऍड्) *adj.* अलगाया हुआ ; **Assortment** (-मॅन्ट) *n.* arrangement. पृथक्करण, क्रम ।

Assuage–ऍस्-स्वेज्'– *v. t.* to calm, to soothe, to appease. शमन करना, शान्त करना, ठण्डा कर देना ; **Assuagement** (-मॅन्ट) *n.* mitigation. शान्ति ।

Assume–ऍस्-स्यूम्'–*v. t.* to take for granted, to undertake, to simulate, to adopt, to take upon oneself. कल्पना करना, सच मान लेना, ग्रहण करना, अपने ऊपर भार लेना ; **Assumed** (-ड्) *adj.* granted. स्वीकृत ।

Assumption – ऍस्-सम्प्'-शन् – *n.* a supposition. कल्पना, मानी हुई बात ; **Assumptive** (-टिव्) *adj.* स्वीकृत ।

Assurance–ऍ-शूर्'-ऍन्स्–*n.* surety, positive declaration, certainty, self-confidence, insurance. विश्वास, दृढ़ता, निश्चय, आत्मविश्वास, बीमा ।

Assure–ऍ-शूर्'–*v. t.* to make safe or certain, to make confident, to insure. प्रतीति या विश्वास कराना, निश्चय करना, बीमा करना ; **Assurable** (-ऍ-ब्ल्) *adj.* विश्वास योग्य; **Assured** *adj.* निश्चित; **Assurer** (-अर्) *n.* बीमा करने वाला ; **Assuredly** (-ऍड्-ली) *adv.* certainly. दृढ़ निश्चय से; **Assuredness** (-इयूड्'-नेस्) *n.* दृढ़ निश्चय ।

Assuregent–ऍस-सर्'-जॅन्ट्– *adj*, rising obliquely. तिरछा उगने वाला ।

Astatic–ऍ-स्टॅट्'-इक्–*adj.* not keeping one position. अस्थिर

Aster– ऍस्'-टर्– *n.* a kind of plant with beautiful flowers. गेंदे के प्रकार का कई रङ्ग के फूल का पौधा ।

Asterisk–ऍस्'-टर्-इस्क्–*n.* the mark of a star. तारा का चिह्न (*) जो छापने में प्रयोग होता है ।

Asterism–ऍस्'-टर्-इज़्म्–*n.* a cluster of three stars. तीन तारों का चिह्न *.*

Astern–ऍ-स्टर्न्'– *adv.* on the stern of a ship, behind. नौका के पीछे के भाग में, पीछे की ओर ।

Asteroid–ऍस्'-टर्-ऑएड्-*adj.* & *n.* of the form of a star. तारे के आकार का ।

Asthenia–ऐस्‌-थीन्‌'-इ-ऑ– *n.* lack of strength. शक्तिहीनता ।

Asthma–ऐस्‌' (थ्‌) मॉ–*n.* a disease of lungs accompanied with cough and difficult breathing. श्वास, श्वास रोग, दमा ; **Asthmatic** (-मैट्‌'-इक) *adj.* श्वास रोग सम्बन्धी ।

Astigmatic – see **Astigmatism**.

Astigmatism – ऑ-स्टिग्‌'-मॉ-टिज़्म्‌–*n.* a defect in the lens of the eye. आँख के ताल का रोग जिसमें कोई पदार्थ ऊपर नीचे को अथवा अगल बगल एकसा स्पष्ट नहीं देख पड़ता;**Astigmatic** (-मैट्‌'-इक) *adj.* affected by astigmatism. ऐसा रोग सम्बन्धी ।

Astir–ऑ-स्टर्‌' – *adv.* in motion, in excitement. गति में, उत्तेजना में ।

Astonish–ऐस्‌-टॉन्‌'-इश्‌–*v. t.* to amaze, to surprise. विस्मित करना, चकित करना ; **Astonished** (-ड्‌) *adj.* amazed. विस्मित, चकित; **Astonishing** (-इङ्ग्‌) *adj.* very wonderful. अद्‌-भुत, आश्चर्ययुक्त;**Astonishment**(-मेन्ट्‌) *n.* surprise, amazement. अचम्भा, चमत्कार ।

Astound–ऐस्‌-टाउन्ड्‌' – *v. t.* to surprise, to cause fear, to amaze. चकित करना, भयभीत करना, घबड़ा देना;**Astounding**(-इङ्ग्‌)*adj.*चकित करने वाला ।

Astral–ऐस्‌-ट्रॉल्‌– *adj.* belonging to stars. तारा सम्बन्धी ; *suf.* to express contempt. तिरस्कार सूचक प्रत्यय ।

Astray – ऑ-स्ट्रे' – *adv.* out of the right path. सीधे रास्ते से भटका हुआ (पथ-भ्रष्ट) ; **To lead astray** (to lead out of the right path.) बेरास्ते ले जाना ।

Astride–ऑ - स्ट्राइड्‌' – *adv.* with the legs on each side. पैरों को अलग किये हुए या फैलाये हुए ।

Astringe–ऐस्‌'-ट्रिन्ज्‌' – *v. t.* to bind together, to compress. साथ बाँधना, सिकोड़ना ; **Astringent** (-ऐन्ट) *adj.* & *n.* contracting, strengthening, (opposed to laxative.) सिकोड़ने वाली, पौष्टिक, स्तम्भक(दस्त रोकनेवाली)दवा ।

Astrologer–see **Astrology**.

Astrology – ऐस्‌-ट्रॉल्‌'-ऑ-जी– *n.* the science of the influence of stars on human affairs. फलित ज्योतिष, नक्षत्र विद्या, दैवज्ञ विद्या ; **Astrologer** (-जर्‌) *n.*मुहूर्तक, दैवज्ञ, ज्योतिषी; **Astrologically** (-ट्रो-लॉज्‌'-इक्‌-ऑल्‌-ली) *adv.* फलित ज्योतिष की रीति से ।

Astrometer–ऐस्‌-ट्रॉम्‌'-ऍ-टर्‌ – *n.* an instrument for testing the comparative brightness of stars. तारों की चमक नापने का यन्त्र ।

Astronomer–ऐस्‌-ट्रॉन्‌-ओ-मर्‌– *n.*one versed in astronomy. खगोल विद्या में निपुण, ज्योतिषी, ज्योतिष के सिद्धान्त को जाननेवाला ।

Astronomical–ऐस्‌-ट्रो-नॉम्‌'-इक्‌-ऑल्‌- *adj.*pertaining to astronomy.खगोल विद्या सम्बन्धी;**Astronomically**(-ऑल्‌-ली)*adv.* खगोल विद्या के सिद्धान्त के अनुसार ।

Astronomy–ऐस्‌-ट्रॉन्‌-ओ-मी – *n.* the science of heavenly bodies. खगोल विद्या, ज्योतिष विद्या ।

Astute – ऐस्‌-ट्यूट्‌' – *adj.* shrewd, crafty. चतुर, (दक्ष) कार्यकुशल ; **Astutely**(-ली) *adv.* shrewdly. दक्षतासे ।

Asunder–ऑ-सन्‌' - डर्‌ – *adv.* apart, separately. पृथक्‌, भिन्न (अलग) ।

Asylum–ऐ-साइ′-लम्–*n.* a place of refuge, support or shelter. आश्रय, शरणस्थान ; **Lunatic asylum** (institution for the care of insane people.) पागलखाना ।

At–ऐट–*prep.* in, from, towards. में, से, ओर; **At all** (in any degree.) कुछ भी, थोड़ा भी, किसी तरह ; **At best** (assuming best result.) सबसे भला परिणाम मानते हुए; **At home**–*adv.* at ease, familiar. आनन्द से, परिचित; *n.* a reception. अतिथि का स्वागत; **At once** (immediately.) तुरन्त, एकाएक ; **At one** (in agreement with.) अनुकुल होते हुए ; **At last** (finally.) अन्त में ।

Atavism-ऐट′-ऑ-विज़्म्–*n.* similiarity with remote ancestors. पुरखों से समानता ।

Ate–ऐट–*p. t.* of **Eat**. 'ईट'- धातु का, भूतकाल का रूप (खाया) ।

Atelene–ऐट-इ-लीन्–*adj.* imperfect. अपूर्ण ।

Atelier - ऐट′ - ऍल् - ये– *n.* studio, workshop. चित्रालय, कारखाना ।

Atheism – ए′ - थि-इज़्म्–*n.* disbelief in God. नास्तिकता, ईश्वर निन्दा ; **Atheist** (-इस्ट) *n.* one who has no faith in God's existence. नास्तिक, अनीश्वरवादी ; **Atheistic** (-al) (-इस्ट′-इक्-ऑल) *adjs.* impious. नास्तिक-वृत्ति का ; **Atheistically** (-ऑल-ली) *adv.* नास्तिकता से ।

Athirst – ऐ-थर्स्ट′ – *adj.* thirsty, eager. प्यासा, उत्सुक ।

Athlete–ऐथ्′-लीट– *n.* a champion, a robust person. कुश्ती लड़नेवाला, पहलवान ; **Athletic** (-लेट′-इक) *adj.* strong, robust. पुष्ट, बलवान (कसरती); **Athletics** (-स्) *n. pl.* system of physical culture. कसरत, व्यायाम ।

Athwart–ऐ-थ्वॉर्ट′– *prep.* across, from side to side, in opposition to. पार (आरपार), एक ओर से दूसरी ओर, विपरीत अवस्था में ।

Atlantic–ऐट-लैन्′-टिक्–*adj.* pertaining to the Atlantic Ocean. प्रशान्त महासागर संबंधी ।

Atlas–ऐट′-लैस् – *n.* a bound book of maps. नकशों की पुस्तक ; **Atlas vertebra** (the uppermost vertebra which supports the skull.) रीढ़ की सबसे ऊपर की हड्डी जिस पर खोपड़ी बैठी होती है ।

Atmosphere–ऐट′-मॉस्-फिअर्-*n.* the volume of air that surrounds the earth, mental or moral surroundings. आकाश या वायु मण्डल, मानसिक अथवा धार्मिक मण्डल; **Atmospheric** (-al) (-फ़ेर्′-इक्-ऑल) *adjs.* dependent on the atmosphere. आकाश सम्बन्धी ।

Atoll–ऐट′-ऑल् – *n.* coral reefs of the shape of a ring. मूंगे का वृत्ताकार पहाड़ ।

Atom–ऐट′ - ऑम् – *n.* an ultimate particle of matter. अणु, परमाणु, अति अल्प भाग ; **Atomic** (-टॉम्′-इक), **Atomical** (-इक्-ऑल) *adjs.* परमाणु सम्बन्धी : **Atomically** (-ऑल-ली) *adv.* परमाणु रूप से ; **Atomiser** (-आइज़्-अर्) *n.* a hand spray. हाथ की पिचकारी; **Atomism** (-इज़्म्) *n.* atomic philosophy. परमाणु दर्शन ; **Atomist** (-इस्ट) *n.* one who holds the atomic philosophy. परमाणु दर्शन

का मानने वाला ; **Atomize** (-आइज़्) *v. t.* परमाणु में परिणत करना ।

Atomy – ऍट्'–ओं-मी – *n.* skeleton. ठठरी, अस्थिपञ्जर ।

Atone–ऑ-टोन्'–*v.t.* to reconcile, to make amends for. शमन करना, प्रायश्चित्त करना (शुद्ध करना); **Atonement** (–मेन्ट्) *n.* expiation, reconciliation. प्रायश्चित, शमन ।

Atop–ऑ - टॉप्' – *adv.* on the top. शिखर पर, ऊँचाई पर ।

Atrocious–ऑ-ट्रो'-शस– *adj.* wicked, very bad. अति पापी, अति दुष्ट; **Atrociousness** (-नेस्), **Atrocity** (-ऑ-ट्रॉस्-इ-टी) *ns.* horrible cruelty. अति पाप (घोर कर्म), क्रूरता ।

Atrophy–ऍट्' - रॉ-फ़ी – *n.* wasting away from want of nutrition. योग्य आहार के बिना शरीर का क्षय होना ।

Attach–ऍट्-टॅच्'–*v.t.* & *i.* to fasten, to bind in friendship, to adhere, to seize by legal authority. बाँधना, मित्रता का सम्बन्ध करना, लगाना, कुरुक करना; **Attachable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be attached. बांधने योग्य, कुरुक करने लायक; **Attached** (-ड्) *adj.* bound in friendship. अनुरक्त, असक्त; **Attachment** (-मेन्ट्) *n.* affection, seizure under legal process. अनुराग (आसक्ति, प्रीति, भक्ति), कुरकी ।

Attache–ऍट्-टॅश्'–ए – *n.* a small case for carrying documents. कागज़ात ले जाने का छोटा बक्स ।

Attack–ऍट्-टॅक्'–*v.t.* to fall upon, to assail, to assault. आक्रमण करना, धावा करना, दोष लगाना; *n.* offensive operation. अभियोग, आक्रमण; **Attackable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* आक्रमण करने योग्य ।

Attar–ऑ-टर्–*n.* perfume extracted from flowers. इत्र ।

Attain–ऍट्-टेन्'–*v. i.* & *t.* to reach, to arrive at, to gain, to accomplish. पहुँचना, प्राप्त करना, पूर्ण करना; **Attainable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* प्राप्त करने योग्य; **Attainment** (-मेन्ट्) *n.* accomplishment, acquisition, acquirement. योग्यता, प्राप्ति, ज्ञान (विद्या, गुण) ।

Attainder–ऍट्-टेन्'-डर्-*n.* forfeiture of property for outlawry. अपराध के कारण माल की ज़ब्ती ।

Attaint–ऍट्-टॅयन्ट्' – *v. t.* to stain, to infect. कलुषित करना, कलङ्कित करना ।

Attemper–ऍट्-टॅम्'-पर्–*v. t.* to soften, to soothe, to modify. शान्त करना, मृदु करना, सान्त्वन करना ।

Attempt–ऍट्-टॅम्प्ट्'–*v. t.* to try, to make an endeavour. उद्योग करना, प्रयत्न करना; *n.* endeavour. प्रयत्न, उद्यम, उद्योग ।

Attend–ऍट्-टॅन्ड्'–*v. i.* & *t.* to turn the mind to, to be present, to wait upon, to accompany, ध्यान लगाना, उपस्थित होना, सेवा करना, साथ देना; **Attendance** (-ऑन्स्) *n.* service, presence. शुश्रूषा (सेवा, टहल), उपस्थिति ; **Attender** -(अर्) ध्यान लगाने वाला ।

Attendant–ऍट्-टॅन्ड्'-ऑन्ट्–*n.* a servant. भृत्य, अनुचर, दास; *adj.* accompanying, depending. साथी, सहायक ।

Attention–ऍट्-टॅन्'-शॉन्–*n.* faculty of attending, politeness. ध्यान, (मनोयोग), सत्कार ।

Attentive–ऍट्-टॅन्ट्'-इव्–*adj.* heed-

ful, polite. सावधान, चैतन्य (सचेत), विनीत; **Attentively** (-इव्-ली) *adv.* ध्यान लगाये हुए; **Attentiveness** (-इव्-नैस) *n.* सावधानी।

Attenuate–ऑट्-टेन्'-यू-एट्–*v. t.* to make slender or thin, to reduce force. क्षीण करना, दुर्बल करना, शक्ति कम करना; **Attenuated** (–एँड्) *adj.* slender. दुर्बल; **Attenuation** (-ए'-शन्) *n.* दुर्बल करने का कार्य।

Attest–ॲट्-टॅस्ट्–*v. t. & i.* to bear witness to, to put on oath, to certify. साक्षी (गवाही) देना, शपथ देना, प्रमाणपत्र देना, (सही करना); **Attestation** (-ए'–शॉन्) *n.* evidence, testimony. गवाही, प्रमाण; **Attestor** (-ऑर्) *n.* one who bears testimony. प्रमाणपत्र देनेवाला।

Attic–ॲट्'-टिक्–*n.* the highest storey of a house, a room in this storey. घर का सबसे ऊपर का खण्ड, इस पर बना हुआ कमरा।

Attire–ॲट्-टायर्'–*n.* &. *v.t.* clothes, decoration, to dress, to array. वेश, वस्त्र, आभरण (अलङ्कार), वस्त्र पहिराना, सजाना।

Attitude–ऑट्'-टि-ट्यूड्–*n.* posture, position, gesture. आकार, अवस्था (ढङ्ग), स्थिति; **Attitudinarian** (-ट्यू-एअर्-इ-ॲन्) *n.* बनावटी रूप धारण करने वाला; **Attitudinize** (-ट्यू-डिन्-आइज़्) *v. i.* to assume affected manners. बनावटी ढङ्ग धारण करना।

Attorney–ॲट्-टर्न्'-ई–*n.* one who is appointed to act for another. प्रतिनिधि, मुख्तार; **Attorneyship** (-शिप्) *n.* प्रतिनिधित्व।

Attract–ॲट्-ट्रैक्ट्'–*v. t.* to draw to oneself, to excite emotion, to allure. आकर्षित करना (खींचना), प्रलोभित करना, मोहना; **Attractable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* subject to attraction. आकर्षित करने योग्य; **Attractor** (-ऑर्) *n.* आकर्षण करने वाला।

Attraction–ॲट्-ट्रैक्'-शॉन्–*n.* power of attracting, allurement. आकर्षण, प्रलोभन (खिचाव), लुभाव।

Attractive–ॲट्-ट्रैक्ट्'-इव्–*adj.* alluring, pleasing, charming. चित्त को आकर्षित करने वाला, मनोहर, प्रलोभक, मनमोहन; **Attractively** (-इव्-ली) *adj.* प्रलोभन की रीति से; **Attractiveness** (-इव्-नैस्) *n.* आकर्षणता।

Attribute–ऑट्'-ट्रि-ब्यूट्–*n.* characteristic quality. धर्म, उपाधि, गुण, विशेषण; (ट्रिब्'-यूट्) *v. t.* to ascribe, to refer to. सम्बन्ध लगाना या ठहराना, सूचित करना; **Attribution** (-ब्यू'-शॉन्) *n.* the authority granted to someone. अधिकार, आरोपण; **Attributive** (-टिव्') *adj.* assigning an attribute or quality. विशेषण, गुण सूचक; **Attributively** (-टिव्-ली) as an adjective. विशेषण की तरह से।

Attrited–ॲट्-ट्राइट्'-ऍड्–*adj.* worn by rubbing. रगड़ से घिसा हुआ।

Attrition–ॲट्-ट्रिश्'-ऑन्–*n.* friction. रगड़, घिसावट।

Attune–ॲट्-ट्यून्'–*v.t.* to bring into harmony. लय में करना, एक ताल में लाना।

Auburn–ऑ'-बर्न्–*n.* golden brown colour. चमकता भूरा रङ्ग।

Auction–ऑक्'-शॉन्–*n.* a public sale in which articles are sold to the highest bidder. नीलाम; *v. t.* to

sell by auction. नीलाम करना, नीलाम करके बेंचना ; **Auctioneer** (-इअर्) *n.* one licensed to sell articles by public sale. नीलाम करने वाला ।
Audacious–औं-डे'-शस्–*adj.* bold, impudent. साहसी, ढीठ; **Audaciousness** (-नेंस्) *n.* impudence. धृष्टता, ढीठपन ; **Audaciously** (-ली) *adv.* in a daring manner. धृष्टता से ।

Audacity – औं-डॅास्'इ-टी – boldness. धृष्टता, साहस, ढिठाई ।

Audible–ऑड्'-इ-ब्ल्–*adj.* perceptible to ear. कर्णगोचर (सुनाई देने योग्य); **Audibly**–(-इब्-ली) *adv.* स्पष्ट रूप से, सुनने में ।

Audience–ऑड्'इ-ऍन्स्–*n.* a hearing, an assembly of hearers. सुनाई, श्रोतागण ; **To give audience to** (to listen to.) सुनना, कान लगाना ।

Audiometer– ऑड्-इ-ऑम्'-ऍ-टर् – *n.* an instrument for testing hearing power. श्रवणशक्ति की परीक्षा करने का यन्त्र

Audiophone–ऑड्'-इ-ओ-फ़ोन् - *n.* an instrument to make deaf people hear. बहिरे मनुष्यों को सुनने में सहायता देने वाला यन्त्र ।

Audit–ऑड्'-इट्– *v. t.* to officially examine accounts. हिसाब की जाँच करना ; *n.* periodical settlement or examination of account. निर्धारित समय पर हिसाब की जाँच ।

Audition-ऑड्-इश्'-ऑन्–*n.* power of hearing. श्रवण शक्ति, सुनने की शक्ति ।

Auditive–ऑड्-इट्-'इव्–*adj.* pertaining to hearing. श्रवण सम्बन्धी ।

Auditor–ऑड्'-इट्-ऑर्–*n.* a person appointed to audit accounts. हिसाब की जाँच करनेवाला; **Auditorial** (-ऑर्'-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to an audit. हिसाब की जाँच के सम्बन्ध का ।

Auditory–ऑड्'-इट्-ऑर्-ई – *adj.* pertaining to the sense or organ of hearing. श्रवण या कान सम्बन्धी ।

Augean – ऑ-जी'-ऑन् – *adj.* filthy. गन्दा, मलिन ।

Auger – ऑग्'-अर्– *n.* a carpenter's tool for boring holes. बरमा ।


Auger.

Aught–ऑट् – *n.* & *adv.* anything, in any respect. किञ्चित्, कुछ, किसी प्रकार से ।

Augment–ऑग्'-मेंन्ट्' – *v.t.* & *i.* to make greater, to enhance, to grow larger वृद्धि करना, बढ़ना, बढ़ाना; (ऑग्'-मेंन्ट्) *n.* increase. वृद्धि, आगम; **Augmentation** (-मेंन्-टे'-शॉन्) *n.* addition, enlargement, growth. वृद्धि, बढ़ती ; **Augmentative** (-ऍ-टिव्) *adj.* having the power of increasing. वृद्धि करनेवाली ; **Augmented** (-ऍड्) *adj.* वृद्धि किया हुआ ।

Augur–ऑ'-गर्–*v. t.* & *i.* to forebode, to predict. शकुन विचारना, भविष्य बतलाना ; *n.* a soothsayer, शकुनज्ञ, शकुन बतलाने वाला; **Augural** (-ग्यू-रॉल्) *adj.* pertaining to augury. शकुन सम्बन्धी ; **Augury** (-ग्यू'-री) *n.* presentiment, omen. शकुन ज्ञान, भविष्य ज्ञान (भविष्यवाणी) ।

August–ऑ-गस्ट्'–*adj.* grand, venerable. प्रतापी, पूजनीय (अति, महत्); ऑ-गस्ट्–*n.* the eighth month of the year. अंग्रेज़ी वर्ष का आठवाँ महीना ।

Aulic–ऑ'-लिक्–*adj*. pertaining to a court. राजसभा सम्बन्धी, दरबारी।

Aunt-ऑन्ट-*n*. (*mas.* **Uncle**) father's or mother's sister, uncle's wife. बुआ, मौसी, चाची या मामी।

Aural–ऑ'-रॅल्–*adj*. pertaining to ear. कर्ण सम्बन्धी; **Aurist** (ऑ'-रिस्ट) *n*. an ear-specialist. कान का डाक्टर।

Aurelian-ऑ-री'-लि-ॲन्-*adj*. golden. सोनहले।

Aureola-ऑ-री'-ओ-लॅ–*n*. a celestial crown, a halo of rays. दैवी मुकुट (प्रभामण्डल), किरणों का पुञ्ज।

Aureole-ऑ-रि'-ओल् – *n*. halo of light seen in eclipses. प्रकाश का मण्डल जो ग्रहण में देख पड़ता है।

Auric–ऑ-रिक् – *adj*. pertaining to gold. सुवर्ण सम्बन्धी।

Auricle–ऑ'-रि-कल् – *n*. the external ear. कान का बाहरी भाग, कर्ण शुष्कली; **Auricular** (-रिक्'-यु-लर्) *adj*. told in the ear. कान में कहा हुआ ; **Auriculate** (-लेट) *adj*. ear-shaped. कान की आकृति का।

Auriferous – ऑ-रिफ्'-ऍर्-अस् – *adj*. gold bearing. सोना देने वाला, सुवर्णपूर्ण।

Auriform – ऑर्'-इ-फ़ॉर्म् – *adj*. ear-shaped. कान की आकृति की।

Aurilave–ऑ'-रि-लेव्'–*n*.instrument for cleaning the ears. कनखोदनी।

Aurora – ऑ-रोर्'-ॲ – *n*. dawn, colour of sky at sunrise. अरुणोदय, उषा; **Aurora borealis** (-बो-रि-ॲ-लिस) luminous stream of light radiating from earth's magnetic pole. ध्रुव पर की प्रकाश धारा।

Aurum–ऑ'-रम्–*n*. gold. सुवर्ण,सोना।

Auscultate–ऑस्'-कल्-टेट्-*v. i*. to listen to sounds inside the human body. शरीर के भीतर के शब्द सुनना।

Auspicate–ऑ'-स्पि-केट्–*v. t*. to initiate, to inaugurate. दीक्षा देना, अभिमन्त्रित करना।

Auspice–ऑ'-स्पिस्–*n*. (*usu. in pl.*) observations for the sake of omen, protection, patronage. (*pl.*)under the patronage of. शकुन, रक्षा, संरक्षण, शरण में।

Auspicious–ऑ- स्पिश्-अस् – *adj*. favourable, prosperous. शुभ (मङ्गल) करने वाला, (अच्छे शकुन का); **Auspiciously** (-ली) *adv*. शुभ लक्षण (सौभाग्य) से; **Auspiciousness** (-नेस्) *n*. propitiousness. कल्याण (मङ्गल), सौभाग्य।

Austere – ऑ-स्टिअर् – *adj*. harsh, strict,severe. तीव्र (उग्र, निष्ठुर), कठोर (कर्कश), तीखा; **Austerely** (-ली) *adv*. rigidly, harshly. कठोरता से, रूक्षता से।

Austerity–ऑ-स्टॅर्'-इ-टी–*n*. severity, self-discipline. उग्रता, आत्मसंयम।

Austral – ऑस्'-ट्रॅल्– *adj*. southern. दक्खिनी।

Authentic – ऑ-थॅन्'-टिक् – *adj*. reliable, genuine, true, trustworthy. विश्वसनीय, सच्चा, ठीक,प्रामाणिक; **Authentically** (-ॲल्-ली) *adv*. प्रमाण के अनुसार, प्रामाणिक रूप से।

Authenticate–ऑ-थॅन्'-टि-एट – *v. t*. to establish the truth of, to make valid. प्रमाणित करना, सच्चा ठहराना ; **Authentication** (-ए'-शॉन्) *n*. trustworthiness. प्रमाण, सत्यता।

Authenticity–ऑ-थॅन्'-टिस्-इ- टी – *n*. genuineness. सत्यता, प्रमाणता।

Author–ऑ'-थॉर्–*n.* (*fem.* **Authoress**) originator, writer of a book. प्रवर्तक (उत्पादक), लेखक (ग्रन्थकार); **Authorship** (-शिप्) *n.* literary work. साहित्यिक कार्य ।

Authoritative– see **Authority.**

Authority–ऑ-थॉर्'-इ-टी – *n.* power, right, person having influence, quotation, evidence, an expert. शक्ति (प्रभुत्व), अधिकार, प्रभाव, प्रमाण, प्रवीण मनुष्य; **Authoritative** (-टेट्'-इव्) *adj.* अधिकार सम्बन्धी; **Authoritatively** (-ली) *adv.* अधिकार से ।

Authorship–see **Author.**

Authorize – ऑ'-थॉर्-आइज़् – *v. t.* to sanction, to justify. अधिकार देना, प्रमाणित करना; **Authorizable** (-ऑ-बुल्) *adj.* able to be sanctioned. अधिकार योग्य ।

Auto–ऑ'-टो–*pref.* in the sense of 'one's own', 'by itself', 'independently.' 'अपना', 'आपही', 'स्वतन्त्र' अर्थ में प्रयोग होनेवाला उपसर्ग ।

Autobiographer – **Autobiographical** – see **Autobiography.**

Autobiography-ऑ'-टो-बाइ-ऑग्'-रॅफ़्-ई–*n.* a history of one's life written by himself. आत्मचरित्र वर्णन, स्वयं लिखा हुआ अपना जीवन वृत्तान्त; **Autobiographer** (-अर्) *n.* one who writes the account of his own life. आत्मचरित्र लिखने वाला; **Autobiographic** (-al) (-फ़िक्-ऑल्) *adjs.* आत्मचरित्र सम्बन्धी ।

Autocar–ऑ'-टो-कार्– *n.* a car driven by mechanical power. यन्त्र से चलने वाली (मोटर) गाड़ी ।

Autocracy – ऑ-टॉक्'-रॅ-सी – *n.* an absolute government. स्वैराधिराज्य, एक राजा से शासित राज्य ।

Autocrat – ऑ' - टो-क्रॅट् – *n.* (*fem.* **Autocratrix**–ऑ-टॉक्'-रॅ- ट्रिक्स्) an absolute sovereign or ruler. अनियन्त्रित शासक, अपनी इच्छानुकुल राज्य करने वाला राजा ।

Autograph–ऑ'-टो-ग्रॅफ़् – *n.* a person's own handwriting. स्वहस्तलेख, अपने हाथ का लिखा हुआ हस्ताक्षर; *v. t.* to write with one's own hand. अपने हाथ से लिखना; **Autographical** (-ग्रॅफ़्'-इक्-ऑल्) *adj.* self-producing. स्वहस्तलिखित; **Autography** (-टॉग्'-रॅ-फ़ी) *n.* an original manuscript. लेखक का स्वहस्तलिखित लेख ।

Autogyro–ऑ'-टो-जाइ'-रो– *n.* a kind of aeroplane that is able to descend vertically. एक प्रकार का हवाई जहाज़ जो पृथ्वी पर सीधा उतर सकता है ।

Automatic – ऑ-टो-मॅट्' - इक् – *adj.* moving of itself, mechanical, unconscious, unintelligent. आप से आप, चलने वाला, यन्त्र से चलने वाला, अचेत, बुद्धिहीन; *n.* a quick-firing revolver. जल्दी जल्दी छूटने वाली कड़ाबीन; **Automatically** (-ऑ-लि) *adv.* आप से आप. बिना दूसरे की सहायता के ।

Automatism–ऑ-टॉम्'-ॲट्-इज़्म् – *n.* automatic action. इच्छा के बिना कार्य करने का क्रम ।

Automaton – ऑ-टॉम्'-ॲट्-ऑन् – *n.* a machine in which the moving power is concealed. आप से आप चलनेवाला यन्त्र, स्वयं चलनेवाली कल ।

Automobile – ऑ - टो-मो-बील्' – *n.* a motor car. मोटर गाड़ी ।

Autonomous–ऑं-टॉन्'-ओ-मस् – *adj.* under self-government. स्वराज्य आधीन।

Autonomy–ऑं-टॉन्'-ऑं- मी – *n.* the right of self-government. स्वराज्य, स्वतन्त्र राज्य।

Autopsy–ऑं-टॉप्' - सी – *n.* personal inspection, post-mortem examination. आत्म परीक्षा, मृत्यु के बाद की शरीर की परीक्षा।

Autotype–ऑं'-टो-टाइप्–*n.* a process in photography. फोटो के चित्र को अनेक रंगों में छापने की विधि।

Autumn–ऑं'-टम्–*n.* the third season of the year. शरदऋतु; **Autumnal** (-टम्'-नॉल्) *adj.* of autumn, blooming. शरद काल का, फूलने वाला।

Auxiliary–ऑग्-ज़िल्'-यीं-रि–*adj.* & *n.* (*pl.* **Auxiliaries**) assisting, helpful, a helper. सहायक,उपकारी, मददगार।

Avail - ॲ-वेल्' – *v. t.* & *i.* to give help, to be of use, to benefit, to be of service. सहायता देना, उपकारी होना, काम में लाना (सफल होना), उपयोगी होना; *n.* advantage, use. प्रयोजन, उपयोग, हित, लाभ ; **Of no avail** (useless.) निरर्थक, निष्फल ; **Availability** (-ॲं-विल्-इ-टी) उपयोगिता, सफलता ; **Available** (-ॲं-व्ल्) *adj.* efficacious, useful. सफल, लाभदायक (फलदायक) ; **Availably** (-ॲं-ब्ली) *adv.* लाभ से, सफलता से।

Avalance–ॲव्'-ॲ-लीन्श् – *n.* blocks of ice sliding down a mountain. पहाड़ पर से सरकने वाले बरफ के चट्टान।

Avalanche–ॲव्'-ॲ-लान्श्– *n.* snow, mud &c.slipping from a mountai. बरफ, मिट्टी इत्यादि का ढेर जो पहाड़ पर से धसक कर नीचे आता है।

Avarice – ॲव्'-ॲर्-इस् – *n.* greed, cupidity, लोभ, लालसा, लालच।

Avaricious – ॲव्'-अर्-इश्-अस् – *adj.* greedy, covetous. लोभी, लालची ; **Avariciously** (– अस्-ली) *adv.* greedily. लोभ से, लालच से।

Avast–ॲ-वास्ट्'–(*interj.*) stop ! रोको, ठहरो।

Avaunt–ॲ-वॉन्ट्'–(*interj.*) begone ! दूर हट, भाग जा।

Avenge–ॲ-वेंन्ज्'–*v. t.* to take vengeance, to punish. बदला लेना, दण्ड देना ; **Avenger** (-अर्) *n.* one who takes revenge. बदला लेने वाला।

Avenue – ॲव्'-ऍन् - यू – *n.* a walk bordered by trees, way of approaching. वृक्षों से आच्छादित मार्ग, द्वार, मार्ग।

Aver–ॲ-वर्'–(*p.t.* **Averred**)*v. t.* to affirm, to assert, to prove. दृढ़ता से कहना, निश्चित रूप से बोलना, सिद्ध करना।

Average – ॲव्'-ऍर्-एज् – *n.* an ordinary standard, prevailing rate or amount. मध्यम अवस्था, प्रचलित परिमाण या स्थिति (औसत); *adj.* of the ordinary standard. सामान्य, मध्यम ; *v. t.* to estimate the general standard. औसत निकालना।

Averment–ॲ-वर्'-मेन्ट्– *n.* affirmation. स्वीकृति।

Averse–ॲ-वर्स्' – *adj.* unwilling, disinclined. पराङ्मुख, प्रतिकूल(विपरीत)।

Aversion–ॲ-वर्'-शॉन्–*n.* great dislike, hatred. अतिघृणा, द्वेष।

Avert–ॲ-वर्ट्'–*v. t.* to ward off, to keep off. हटाना, टालना; **Averted**

(-ऍड्)*adj.* turned aside. हटाया हुआ। **With averted face** (offended.) पराङ्मुखा; **Avertible** (-इ-ब्ल्) *adj.* able to be avoided. टालने योग्य।

Avian–ए'-वि-ऑन् – *adj.* belonging to birds. पक्षी सम्बन्धी।

Aviary–ए'-वि-ऑ-री –*n.* a place for keeping birds. चिड़ियाखाना, पक्षीशाला।

Aviate–ए'-वि-एट्'–*v. i.* to travel in a flying-machine. हवाई जहाज में यात्रा करना।

Aviation–ए-वि-ए'-शॉन्–*n.* the act of navigating an airship. हवाई जहाज चलाना।

Aviator–ए-वि-ए'-टॉर्–*n.* the pilot of an aeroplane. हवाई जहाज उड़ानेवाला; **Aviatress** (-ट्रेस्) fem. उड़ाकी (स्त्री)।

Aviatik–ऑव्'-इ-ऑ-टिक्–*n.* a kind of German aeroplane. एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज।

Avid–ऍव्'-इड्–*adj.* greedy, eager. लालची, उत्सुक; **Avidity**- (-इ-टी) *n.* earnest desire. उत्कट इच्छा; **Avidly** (-ली) *adv.* eagerly. उत्सुकता से।

Aviette–ए-वें-ऍट्'– *n.* an aeroplane flown by man power. बिना इंजन का हाथ से चलाने वाला हवाई जहाज।

Avocate–ऍव्-ओ-केंट्–*v. t.* to transfer a case to a higher tribunal. बड़ी अदालत में मुकदमा ले जाना।

Avocation–ऍव्-ओ-कें'-शॉन्–*n.* vocation, calling. व्यापार (वृत्ति), उद्यम। **Avocative** (-टिव्) *adj.* calling off. पुकारने वाला।

Avoid–ऑ-वॉऍड्– *v. t.* to evade, to shun, to escape. त्यागना, परिहार करना, टालना; **Avoidable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* परिहार योग्य; **Avoidance** (-ऑन्स) *n.* vacancy. त्याग।

Avoirdupois–ऑव्'-अर्-ड्यू-पॉएज़्'– *n.* an English weight containing 7,000 grains. एक अंग्रेजी तौल।

Avouch–ऑ-वाउच्'–*v. t.* to guarantee, to confess. निश्चय करना, दृढ़ता पूर्वक कहना। **Avouchment** (-मॆन्ट) *n.* दृढ़ता का कार्य।

Avow–ऑ-वाउ'–*v. t.* to confess, to admit. स्पष्ट बोलना, स्वीकार करना; **Avowal** (-ऑल्) *n.* frank acknowledgment. स्वीकृति; **Avowedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in an open manner. स्थिरता पूर्वक।

Avulsion–ऑ-वल्'-शॉन्–*n.* dividing away. पृथक्करण।

Await–ऑ-वेंट्'–*v. t.* to wait for, to expect. प्रतीक्षा करना, आशा करना।

Awake–ऑ-वेंक्'– *v. t. & i.* (*p. t.* **Awoke**, *p.p.* **Awaken**) to rouse from sleep, to put into action, to rise. जगाना, सचेत (चौकन्ना) करना, जगाना; *adj.* not asleep, vigilant. जागृत, सचेत।

Awaken–ऑ-वेंक्'-ऍन्–*v.t.* to arouse. जगाना; **Awakening** (-इङ्ग्) *n.* जागृति।

Award–ऑ-वॉड्'–*v. t.* to grant, to assign. निर्णय करना, देना; *n.* judicial decision, payment. निर्णय, पारितोषिक; **Awardable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* परितोषिक योग्य; **Awarder** (-अर्) *n.* इनाम देने वाला।

Aware–ऑ-वेंअर्'–*adj.* conscious, attentive. सचेत, सावधान।

Awash–ऑ-वॉश्'–*adv.* swept by waves. लहरों से बहाया हुआ।

Away–ऑ-वें'–*adv.& interj*. absent, at a distance, apart, begone! अनुपस्थित; (दूरस्थ) दूर, हटजा! **To go away** (to go to a distance.) चले जाना; **To make away with** (to destroy.) नष्ट करना; **To throw away** (to throw to a distance.) फेंक देना; **To waste away** (to squander.) उड़ा देना।

Awe–ऑ–*n*.dread, reverential fear. भय, डर; *v. t.* to inspire with awe. भय उत्पन्न करना; **Awestruck** (impressed with dread.) भयत्रस्त; **To stand in awe** (to be in fear.) भयत्रस्त होना।

Awful–ऑ'-फुल्–*adj*.awe inspiring, impressive,reverential. भयङ्कर, डरावना, प्रभावशाली; **Awfully** (-ली) *adv*. fearfully. भय से।

Awhile–ऑ-ह्वाइल्'–*adv*. for a short time. क्षणभर के लिये, मुहूर्त मात्र के वास्ते।

Awkward–ऑक्'-वड्ड्–*adj*. clumsy, difficult, embarrassing. भद्दा, कठिन, बेढब; **Awkwardly** (-ली) *adv*. भद्दी तरह के; **Awkwardness** (-नैस्) *n*. clumsiness. भद्दापन।

Awl–ऑल्–*n*. a shoemaker's boring tool. मोची का टेकुआ (सूजा)।



Awl.

Awn–ऑन्–*n*. the beard of corn. अन्न की बाल।

Awning–ऑन्-'इङ्ग्–*n*. a cover of canvas for shelter. चँदवा, (पाल)।

Awoke–ऑ-वोक्' –*p. t.* of **Awake**.

Awry–ऑ-री'–*adv. & adj*. unevenly, crookedly, crooked. प्रतिकूलता से, विपरीत रूप में, टेढ़ामेढ़ा।

Axe–ऐक्स्–*n*. a steel-edged chopping-tool. (कुठार) कुल्हाड़ी; **An axe to grind** (an ulterior object.) अपना मतलब साधना।

Axial–ऐक्स्'-इ-ऑल्–*adj*. see **Axis**.

Axile–ऐक्स्'-इल्–*adj*. see **Axis**.

Axilla–ऐक्स्-इल्'-ली–*n*. the armpit. काँख, बगल।

Axillary–आक्स्'-इल्-लीं-री- *adj*. pertaining to the armpit. बगल या काँख सम्बन्धी।

Axiom – आक्स्'-इ-अम् – *n*. a self-evident truth, a maxim. स्वतः सिद्ध प्रमाण, सिद्धान्त; **Axiomatic**–(–**al**) (-ओ-मैट्'-इक्-ऑल्) *adj*. self-evident. स्वतः सिद्ध।

Axis–ऐक्स्'-इस्–*n*. (*pl.* **Axes**-ईज़्) the line on which something revolves, the central organ. अक्ष-रेखा, केन्द्र (धुरा); **Axial** (ऐक्स्'-इ-ऑल्) *adj*. ध्रुव सम्बन्धी; **Axile** (ऐक्स्'-इल्) *adj*. in the axis of anything. किसी पदार्थ के केन्द्र का।

Axle – ऐक्स्'-ऍल् – *n*. the rod or spindle on which a wheel revolves. धुरा जिस पर पहिया घूमती है।

Ay–ए–*interj. & n*. (*pl.* **Ays**–एज़्) an affirmative answer. अरे, हाँ।

Aye– ए – *adv*. always, ever. सदा सर्वदा।

Ayes–आइज़्–*n. pl.* those who vote for a motion. किसी प्रस्ताव के समर्थन करने वाले लोग।

Azure– ऐज़्'-योर् – *adj*. sky blue. आकाशके समान नीला; *n*. blue colour of sky. आकाश का नीलवर्ण।

B-बी-the second letter of the English alphabet, (*mus.*) the seventh note. (*Alg.*) the second known quantity. अंग्रेजी वर्णमाला का दूसरा अक्षर, सातवाँ सुर, (बी० ग०) दूसरा जाना हुआ परिमाण।

Baa-बा-*n.* & *v. i.* to bleat, the bleating of a lamb. भेड़ का शब्द करना, ऐसा शब्द।

Babble-बैब्‌'-ब्ल्‌-*v. i.* to prattle, to murmur, to repeat foolishly, to expose secrets. टूँ टाँ करना, बरबराना, प्रलाप करना,रहस्य का भेद करना;**Babbler** (-लर्) *n.* idle talker. बकवादी, गप्पी; **Babblement** (-मेन्ट) murmur of water, idle talk. जल का शब्द, वृथा की बातचीत, बकबक, बकवाद; **Babbling** (-ब्लिङ्ग) *n.* foolish talk. बकवाद।

Babe-बेब्‌-*n.* (*pl.* **Babes**.) an infant, a baby, an inexperienced person. शिशु (बालक), बच्चा, अनुभवहीन मनुष्य।

Babel-बे'-ब्ल्‌-*n.* a high structure, a scene of confusion, meaningless noise. ऊँची इमारत, उपद्रव (कोलाहल), निरर्थक शब्द।

Babish - बेब्‌-इश्‌ - *adj.* childish, foolish. बालक सम्बन्धी, मूर्ख।

Baboon-बी-बून्' - *n.* a kind of large monkey. बड़ा बन्दर, लंगूर।



Baboon.

Babouche - बी - बूश्'-*n.* a kind of slipper. चट्टी, चप्पल।

Baby-बे'-बी-*n.* (*pl.* **Babies**.) a very young child, a babe. बालक (शिशु), बच्चा ; **Babyhood** (-हुड) *n.* state of infancy. शैशव, बाल्यावस्था; **Babyish** (-इश्‌) *adj.* childish. बालक के समान; **Babyishness** (-इश्‌-नेस्‌) *n.* childishness. लड़कपन ; **Babyism** (-इज़्म्‌) *n.* characteristics of a baby. नन्हापन।

Baccate-बैक्'-केट-*adj.* berry-shaped. जामुन या बेर की आकृति का।

Bacchanal-बैक्'-का-नॅल्‌- *adj.* & *n.* riotous, a drunken reveller. शराबी (मस्त), मद्यप्रिय।

Bacciferous- बैक्‌-सिफ्'-ऍर्-अस्‌- *adj.* berry-bearing. बेर के समान फल उत्पन्न करनेवाला।

Bachelor-बैच्'-ऍ-लॉर्-*n.* (*fem.* **Maid**) an unmarried man, one who has taken the first degree of a university. अविवाहित (कुँआरा), विश्वविद्यालय की प्रथम पदवी प्राप्त; **Bachelorhood** (-हुड) *n.* celibacy. ब्रह्मचर्य ; **Bachelorship** (-शिप्‌) *n.* कुंआरापन।

Bacillary-बॅ-सिल्'-ऑ-रि - *adj.* pertaining to bacilli. सूक्ष्म जीवों से सम्बन्ध रखनेवाला।

Bacilliform - बॅ-सिल्' - इ- फ़ॉर्म्‌- *adj.* rod-shaped. बेलन सरीखे सूक्ष्म जीवों के आकार का।

Bacillus-बॅ-सिल्'-अस्‌-*n.* (*pl.* **Bacilli**-बॅ-सिल्'-लॉ) microscopic rod-like vegetable organisms which are found in certain diseases. बेलन सरीखे परमाणुरूप जीव जो यक्ष्मा इत्यादि रोग में पाये जाते हैं।

Back-बैक्‌-*n.* the hinder surface

of the body, part of a thing opposed to the front. पीठ (पृष्ठदेश), किसी पदार्थ का पिछला भाग ; *adj*. what lies beyond or distant. पिछला ; *adv*. behind, to a former state or condition, in return. पिछली ओर, पूर्वस्थिति या अवस्था में, बदले में; *v.t.* to get upon the back, to support, to recede. पीठ पर चढ़ना, सहायता देना (अनुमोदन करना),पीछे हटाना; *v.i.* to go backward. पीछे जाना; **To back up** (to support.) किसी प्रस्ताव का अनुमोदन करना; **To see the back of** (to get rid of.) छुटकारा पाना ।

Backbite–बैक्'-बाइट्–*v. t.* to speak evil of a person in his absence. चुगली खाना; **Backbiter** (–अर्) *n.* चुगलीखोर;**Backbiting**(-इङ्ग्)*n.*चुगली।

Backbone–बैक्'-बोन्– *n.* the spinal column, chief support. पीठ की रीढ़ (पृष्ठवंश), प्रधान आश्रय ।

Backgammon–बैक्' - गॅम्-ऑन्–*n.* a game played with dice. चौपड़ के समान पासे का एक खेल ।

Background – बैक्'-ग्राउन्ड्–*n.* the space behind the principal figure in a picture, unimportant situation. चित्र में पीछे का दृश्य,अप्रधान स्थान ।

Backhand – बैक्'-हैन्ड् – *n.* writing leaning to left.बाईं ओर झुका हुआ लेख।

Backing–बैक्' - इङ्ग् – *n.* support. आधार, सहारा ।

Backside–बैक्'-साइड्– *n.* rear part of a thing. किसी पदार्थ का पिछला भाग ।

Backslide–बैक्'-स्लाइड्–*v. i.* to fall into sin. पतित होना ; **Backslider** (-अर्) *n.* a sinner. धर्मभ्रष्ट ।

Backward–बैक्'-वर्ड्– *adj*. unwilling, dilatory, dull, behind the time. अनिच्छु,मन्द, मतिहीन, पिछड़ाहुआ ।

Berhyme–बें-राइम्'–*v.t.* to celebrate

in verse. (उत्सव के लिये) कविता बनाना।

Beri-beri–बॅर्'-री-बॅर्'-री– *n.* a disease like dropsy. जलन्धर के प्रकार का एक रोग।

Berry–बॅर्'-री– *n.* any small juicy round fruit. कोई छोटा रसदार गोल फल, झरबेरी।

Berth–बर्थ्–*n.* a sleeping place in a ship, a proper place. जहाज़ का कमरा, जहाज में सोने की कोठरी, उचित स्थान; *v. t.* to moor a ship, to provide sleeping place. जहाज को सुरक्षित स्थान में रखना, सोने के लिये स्थान का प्रबन्ध करना।

Beryl–बॅर् - रिल्–*n.* a pale-green precious stone. हरितमणि, फ़ीरोज़ा।

Beseech–बि-सीच्'–*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Besought**) to ask earnestly, to entreat. प्रार्थना करना, विनती करना; **Beseeching** (-इङ्ग्) *adj.* suppliant. प्रार्थना करनेवाला; **Beseechingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* विनीत भाव से; **Beseecher** (-अर्) *n.* प्रार्थी; **Beseechment** (-मैन्ट्) प्रार्थना।

Beseem–बि-सीम्'–*v. t.* to suit or befitting to. योग्य होना, शोभना; **Beseemingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* दिखावट से; **Beseemly** (-ली) *adj.* fit, suitable. योग्य, उचित।

Beset–बि-सॅट्'-*v. t.* to encompass, to perplex, to hem in, to set upon. घेर लेना, व्याकुल करना, मगज़ी करना, आक्रमण करना; **Besetment** (-मॅन्ट्) *n.* besetting sin, a failing. पाप से घिरावट, दोष।

Beshrew–बि-श्रू'–*v. t.* to think evil of. बुरा सोचना (शाप देना, कोसना)।

Beside–बि-साइड्'–*prep.* near, over and above, distinct from, out of. निकट (पास, समीप), अधिक, भिन्न, बाह्य; **Beside one's self** (out of one's wit.) आपे से बाहर।

Besides–बि-साइड्ज़्'–*adv.* & *prep.* in addition to, else, otherwise. और भी (अधिक), सिवाय, अतिरिक्त।

Besiege–बि-सीज्'–*v. t.* to assail, to lay siege to. आक्रमण करना, घेर लेना; **Besieger** (-अर्) *n.* one who assails. घेरा डालने वाला।

Beslaver–बि-स्लॅव्'-अर्–*v.t.* to flatter greatly. बड़ी चापलूसी करना।

Beslobber–बि-स्लॉब्'-अर्–*v. t.* to besmear. पोतना।

Besmear–बि-स्मिअर्'–*v. t.* to smear over, to bedaub. लेप करना, पोतना।

Besmirch–बि-स्मिर्च्'-*v. t.* to soil, to make dim. मलिन करना (गन्दा करना), अन्धकार करना।

Besom (-zom)–बी-ज़ॉम्'–*n.* a kind of broom. एक प्रकार की बढ़नी, झाड़ू।

Besought–*see*–**Beseech**.

Bespatter–बि-स्पॅट्'-टर्–*v. t.* to spatter all over, to abuse. छितराना, गाली देना।

Bespeak–बि-स्पीक्'–*v. t.* (*p. t.* **Bespoke** *p. p.* **Bespoken**) to engage beforehand. पहिले से स्थिर कर लेना।

Besprinkle–बि-स्प्रिङ्क्'-कल्– *v. t.* to strew over. छिड़कना।

Best–बॅस्ट्–*adj.* & *adv.* (*super.* of **Good** or **Well**) of the most excellent kind. अति उत्तम, परम श्रेष्ठ, सबसे अच्छा; **To do one's best** (to do all which one can do.) जितना हो सके उतना करना; **To do tor the**

best (with good intention.) अच्छे अभिप्राय से करना; To make the best of things (to be contented.) सन्तुष्ट होना; To make the best of one's way (to go as fast as possible.) जहां तक सम्भव हो तेज़ जाना; To the best of one's power (as far as one can do.) यथा शक्ति प्रयत्न; The best is the enemy of the good (too high standard obstructs progress.) बहुत ऊँचा नियम उन्नति को रोकता है।

Bestain–बि-स्टेंन्'–*v. t.* to mark with spots. धब्बा लगाना।

Bestead–बी-स्टेड्'–*v. t.* to help, to assist. सहायता देना।

Bestial–बेस्ट्'-यॅल्–*adj.* brutish, barbarous. जङ्गली, असभ्य।

Bestir–बी-स्टर्'–*v. t.* (*p. t.* **Bestirred**) to exert, to rouse into action. उद्यम करना (चेष्टा करना), व्यवहार करना।

Bestow–बी-स्टो'–*v.t.* to deposit, to confer upon. प्रतिपादन करना, देना; **Bestowal** (-ऑल्) *n.* disposal. प्रतिपादन, दान; **Bestower** (-अर्) *n.* दाता।

Bestrew–बी-स्ट्रू' –*v. t.* to scatter about. छितराना, फैलाना, छींटना।

Bestride–बी-स्ट्राइड्'–*v. t.* to sit with legs astride, to get or sit upon. पैर फैलाकर बैठना, (घोड़े पर) सवार होना।

Bestud–बी-स्टड्'–*v. t.* to adorn with studs. नग जड़ना, नगीना बैठाना।

Bet–बैट्–*n.* stake, wager. पण, दाँव; *v. t.* to stake, to wager on. दाँव लगाना, बाज़ी लगाना।

Beta–बी'-टॅ–*n.* the second letter of the Greek alphabet. ग्रीक वर्णमाला का दूसरा अक्षर।

Betake–बि-टेक्'–*v.t.* (*p. t.* **Betook**, *p. p.* **Betaken**) to commit oneself to, to convey oneself to. आश्रय लेना (अङ्गीकार करना), लगाना (लीन होना)।

Beteem–बि-टीम्'-*v.t.* to bring forth. उत्पन्न करना।

Betel–बी'-टल्–*n.* a climbing plant which is chewed in India. तांबूल, पान; **Betel-nut** (the nut of areca palm.) पुङ्गीफल, सुपारी।

Bethink–बी-थिङ्क्'–*v.i.* (*p.t.* & *p.p.* **Bethought**) to recollect, to remind oneself. विचारना, सोचना, याद करना।

Betide–बी-टाइड्'–*v. i.* & *t.* to happen, to befall. आ पड़ना, होना।

Betimes–बी-टाइम्स्'–*adv.* early, in good time. प्रातःकाल, यथासमय।

Betise–बँ'-टीज़्'-*n.* a foolish remark. कुसमय की चर्चा।

Betoken–बि-टोक्'-एन्–*v. t.* to suggest, to indicate. (दरसाना) प्रस्ताव करना, सूचना देना।

Betook–बि-टुक–*p. t.* of **Betake**.

Betray–बि-ट्रे'–*v. t.* (*p.t.* **Betrayed**) to give up treacherously, to be disloyal, to lead astray. धोखे से शत्रु को पकड़ा देना, विश्वासघात करना, (भण्डा फोड़ करना), भेद करना; **Betrayal** (-ऑल्) *n.* breach of truth. विश्वासघात; **Betrayer** (-अर्) *n.* विश्वासघाती।

Betroth–बि-ट्रोथ्'–*v. t.* to make a pledge for marrying. विवाह के लिये

वचन देना, सगाई करना; **Betrothal** (-औल्) *n.* an engagement to marry. सगाई, **Betrothment** (-मैन्ट्) *n.* mutual contract for marriage. वाग्दान, सगाई ; **Betrothed** (-ड्) *adj.* engaged for marriage. सगाई किया हुआ ।

Better–बैंट्'-टर्–*adj.* (*comp.* of **Good** or **Well**) more excellent. उच्चतर श्रेष्ठतर; *adv.* in a higher degree. बढ़कर, अधिक; *v. t.* to amend, to improve, to surpass. सुधारना, उन्नति करना, बढ़ाना ; *n.* one who bets. दाँव लगाने वाला ; **Betters** *n. pl.* superiors. बड़े लोग, वृद्धलोग; **Better half** (one's wife.) पत्नी; **Betterment** (-मैन्ट) *n.* improvement. उन्नति; **Better part** (greater part.) अधिकांश, **Better than** (surpassing) बढ़कर ; **Had better** (would find wiser.) अच्छा होगा कि ; **No better than** (practically.) प्रायः, वस्तुतः; **To be better off** (to be very rich.) अधिक धनी होना, **To better oneself** (to improve.) उन्नति करना; **To get the better of** (to defeat.) हराना ।


Better(-or)–बैंट्'-टॉर्–*n.* one who bets. दाँव लगाने वाला (जुआरी) ।

Between–बि-ट्वीन्'–*prep. & adv.* in, along, across, reciprocally, on the part of. मध्य में, बीच में, अन्तर में, परस्पर; **Between devil and deep sea** (with no hope of life.) बचने की कोई आशा न रखते हुए; **Far between** (at a great distance.) बड़ी दूर का अन्तर; **To stand between** (to be mediatory, to stand as arbitrator.) मध्यस्थ होना, पञ्च बनाना ।

Betwixt–बि-ट्विक्स्ट्'–*prep. & adv.* between. बीच में ।

Bevel–बैव्'-एल्–*n.* a tool for setting off angles. कोना बनाने का औज़ार; *v.t.* to make a slope. तिरछा बनाना ।

Bevel-gear–बैव्'-एल्-गियर्–*n.* cogged wheels revolving in different directions. भिन्न दिशा में घूमनेवाली पहिया ।



Bevel-gear.

Beverage–बेव्-अर्-ऑज्–*n.* a drink, liquor. मदिरा. शराब ।

Bevy–बैव्'-ई–*n.* (*pl.* **Bevies**) a company of ladies, a flock of larks and quail. स्त्रियों का समुदाय, लवा और बटेर का झुण्ड ।

Bewail–बि-वेल्'–*v. t.* to mourn. विलाप करना, शोक करना; **Bewailable** (-ऑबल्) lamentable. विलाप योग्य ; **Bewailing** (-इङ्ग्) *n.* lamentation. विलाप, शोक ।

Beware-बि-वेअर्'-*v.i.* to take heed, to be cautious. सावधान होना, सचेत होना

Bewilder–बी-विल्'-डर्–*v. t.* to perplex, to confuse. व्याकुल करना, घबड़ा देना (भ्रम में डालना) ; **Bewildered** (-ड्) *adj.* perplexed. घबड़ाया हुआ; **Bewilderingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* confusedly. भ्रम से ; **Bewilderness** (-नैस्) *n.* perplexity. व्याकुलता, घबड़ाहट ।

Bewitch–बि-विच्'–*v.t.* to put a spell on, to delight exceedingly. जादू डालना (लुभाना), अति प्रसन्न करना ;

Bewitching (-इङ्ग्) *adj.* fascinating, alluring. मोहिनी, लुभाने वाली; **Bewitchingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an alluring manner. मोहित करके; **Bewitchment** (-मेन्ट्) *n.* fascination, allurement. मोहन, वशीकरण।

Bewray–बिरे'–*v. t.* to reveal. स्पष्ट करना, खोल देना।

Beyond–बियॉन्ड्'–*prep.* at the farthest side, outside, besides, above. दूर (पार), बाहर, अतिरिक्त, ऊपर (बढ़कर); *adv.* at a distance, yonder. दूरस्थ, पार; **Beyond his means** (exceeding his income.) आयसे अधिक व्यय करनेवाला; **Beyond measure** (exceeding limit.) अतिमात्र, सीमा से बाहर; To go **beyond** (to exceed in anything.) सीमा से बाहर जाना।

Bezel–बेज़्'-इल्–*n.* the sloped edge of a chisel, upper part of the collet of a ring. रुखानी की तिरछी धार, अंगूठी के नग जड़ने का ऊपरी भाग।

Bezique–बेंज़ीक्'–*n.* a card-game. ताश का एक खेल।

Bi–बाइ–*pref.* in the sense of, "twice, doubly." "दोहरा. दुबारा" अर्थ का उपसर्ग।

Bias–बाइ'-ॲस्–*n.* weight kept on one side of the bowl, prejudice, inclination. भार, अभिलाषा, पक्षपात, प्रोत्साहन; *v. t.* to influence. प्रोत्साहन देना, प्रवृत्त करना; **Biased** (-इ) *adj.* partial. पक्षपाती।

Biaxial–बाइ'-ॲक्स्-इ-ॲल्–*adj.* with two axles. दो धुरा (या अक्ष) का।

Bib–बिब्–*v. i.* to drink frequently. ठहर ठहर कर मदिरा पीना; *n.* child's chincloth. बच्चे का गतिया; **Bibber** (-बर्) *n.* one given to drinking. पियक्कड़

Bible–बाइ'-बल्–*n.* the sacred book of the Christians. ईसाइयों की धर्म पुस्तक; **Biblical** (बिब्'-लिक्-ॲल्) *adj.* इञ्जील सम्बन्धी

Bibliographer–बिब्-लैं-ऑग्'-रॅ-फ़र्-*n.* a compiler of a history of literary books. साहित्यिक ग्रन्थों का इतिहास लेखक।

Bibliography–बिब्-लि-ऑग्'-रॉ-फ़ी– *n.* a history of books. पुस्तक विद्या, ग्रन्थ विद्या; **Bibliolatry** (-ऑल्'ॲ-ट्री) *n.* worship of books. ग्रन्थ पूजन; **Bibliomania** (-ओं-मे'-नि-ॲ) *n.* earnest desire to collect books. पुस्तक संग्रह करने की तीव्र इच्छा; **Bibliophile** (-ओ-फ़िल्) *n.* a book lover. पुस्तक का प्रेमी; **Bibliopole** (-ओ-पोल्) *n.* a seller of rare books. अलभ्य पुस्तकों का बेंचनेवाला।

Bibulous-बिब्'-यू-लस्-*adj.* absorbent. जल सोखने वाला।

Bicentenary–बाइ-सैन्'-टैन्-ॲ-री– *adj.* occurring after two hundred years. दो सौ वर्ष पर होनेवाला; **Bicentennial** (-टैन्'-इ-ॲल्) *adj.* occurring every two hundred years. प्रति दो सौ वर्ष पर होने वाला (उत्सव इत्यादि)।

Bicephalous–बाइ-सैफ़्' - ॲ-लस्– *adj.* two-headed. दो सिर वाला।

Biceps–बाइ'- सैप्स् – *n.* two headed muscles. द्विशिरस्का पेशी, दो माथे का पुट्ठा।

Bicker–बिक्'-अर्–*v. t.* to quarrel, to run quickly. कलह करना (विवाद करना), वेगसे बहना; **Bickering** (-इङ्ग्) *n.* a quarrel. कलह।

Bicuspid–बाइ-कस्'-पिड्–*n.* a tooth with two cusps. दो नोक वाला दाँत।

Bicycle–बाइ'-सि-कल्-*n.* a two wheeled vehicle propelled by feet. पैर से चलानेवाली दो पहिया गाड़ी; **Bicyclist** (or **Cyclist**) *n.* one skilled in bicycle riding. बाइसिकिल पर चढ़नेवाला।

Bid–बिड्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Bade**–बैड् *p.p.* **Bidden**, **Bid**) to command, to offer, to proclaim, to invite. आज्ञा देना, नीलाम में बोली बोलना, घोषणा करना, निमन्त्रित करना; **To bid good-bye** (to salute.) नमस्कार करना; **To bid welcome**. स्वागत करना।

Biddable–बिड्'-अॅ-बल्–*adj.* ready to obey. आज्ञाकारी; **Bidder** (-अर्) *n.* one who bids. दाँव लगाने वाला; **Bidding** (-डिङ्ग्) *n.* command, order. आज्ञा, आदेश।

Bide–बाइड्–*v. t.* (*p.t.* **Bode, Bided**) to await, to endure. प्रतीक्षा करना, सहना।

Biennial–बाइ-ऍन्'-नैं-ऑल्–*adj.* recurring every two years. दो दो साल में होनेवाला।

Bier–बिअर्–*n.* a movable frame to carry the coffin. मुर्दा ले जाने की टिकठी, अरथी।

Bifacial–बाइ-फेॅश्'-ऑल्–*adj.* having opposite faces alike. आमने सामने के समान भाग का (सदृश)।

Bifid–बाइ'-फिड्–*adj.* divided into two parts. दो भागों में विभक्त।

Bifold–बाइ'-फोल्ड्–*adj.* folded into two. दो परत (तह) किया हुआ।

Bifurcate–बाइ'-फर्-केट्–*v.t.* to divide into two forks. दो फाँक करना; **Bifurcated** (-के'-टेड्) *adj.* divided into two prongs. दो फाँक किया हुआ; **Bifurcation** (-के'-शॉन्) *n.* branching into two parts. दो फांक करने की क्रिया।

Big–बिग्–*adj.* & *adv.* (*comp.* **Bigger**, *sup.* **Biggest**) large, grown up, proud, full, pregnant, important. बड़ा, फूला हुआ, अभिमानी (महाकाय,स्थूल), गर्भवती, गौरवपूर्ण; **Bigness** (-नेस्) *n.* बड़ापन, स्थूलता, विपुलता।

Bigamist– बिग्'-ऑ-मिस्ट्–*n.* one who has committed bigamy. दो पत्नी वाला मनुष्य या दो पतिवाली स्त्री; **Bigamous** (-अस्) *adj.* इस दोष का अपराधी

Bigamy–बिग्'-ऑ-मी–*n.* having two wives or husbands at once. द्विपत्नीकरण, एक पत्नी या पति रहते दूसरा विवाह करना।

Bigeminal–बाइ-जेॅम्' - इ-नॅल् – *adj.* arranged in two pairs. दो जोड़ों में प्रस्तुत।

Bight–बाइट्– *n.* a loop, a curve or recess. झूलन, घुमाव, खाड़ी।

Bigot–बिग्'-ऑट्–*n.* a blind adherent of one's creed. अपने धर्म में हठधर्मी, (कट्टर); **Bigoted** (-ऍड्) *adj.* हठधर्मी; **Bigotry** (-ऑ-ट्री) *n.* narrow-minded zeal in a creed. अपने मत का आग्रह, स्वमतावलम्बन।

Bike–बाइक्–*abbr.* for **Bicycle**. बाइसिकिल शब्द का छोटा रूप।

Bilateral–बाइ-लैट्'-अर्-ऑल् – *adj.* of two sides. दो छोर का।

Bilbo–बिल्' - बो–*n.* sword. तलवार। **Bilboes** (-बोज़्) *n. pl.* long bars of iron for binding the feet

of prisoners. कैदियों के पैर बांधने का लोहे का लंबा डंडा।

Bile–बाइल्–*n.* a bitter fluid secreted by the liver. पित्त।

Bilge–बिल्ज्–*n.* the horizontal part of a ship's bottom. जहाज के पेंदी का खड़ा भाग।

Biliary–बिल्'-यीर्-ई–*adj.* belonging to bile. पित्त सम्बन्धी।

Biliteral–बाइ-लिट्'-अर्-ऑल्–*adj.* consisting of two letter. दो अक्षरों का।

Bilingual–बाइ-लिङ्ग्'-ग्वॉल्–*adj.*-spoken or written in two languages. दो भाषाओं में बोला या लिखा हुआ।

Bilious—बिल्'-यस्–*adj.*affected with excess of bile, melancholic. पैत्तिक, चिड़चिड़ा।

Bilk–बिल्क्–*v. t.* to cheat. धोखा देना, छलना।

Bill–बिल्–*n.* a bird's beak, draft of proposed act, note of charge for goods, placard. चोंच, प्रस्ताव रूप में कानून, पुरजा (लेखा), इश्तेहार ; *v. t.* to strike with bill. चोंच मारना, *v.i.* to announce. सूचना देना; **Bill of fare** (a menu, list of food provided.) भोजन सामग्री की सूची; **Bill-poster** (one who sticks posters.) नोटिस (इश्तेहार) चिपकाने वाला।

Billet–बिल्'-लेंट्–*n.* thick piece of wood, a small bar of metal, soldier's quarters. लकड़ी का कुन्दा, धातु का छोटा डण्डा, सिपाहियों के ठहरने का स्थान; *v. t.* to quarter soldiers. सिपाहियों को ठहराना।

Billiards–बिल्'-यॅड्इस–*n.pl.* a game played on a table with ivory balls. अन्टे का एक प्रकार का खेल।

Billingsgate – बिल्' - इङ्ग्ज़्-गेंट् – *n.* abuse, foul language. गाली, अपशब्द।

Billion–बिल्'-यन्–*n.* a million millions. दस अरब की संख्या।

Bellow–बिल्'-लो–*n.* a great wave. तरङ्ग, बड़ी लहर ; *v. i.* to rise in big waves. तरङ्ग उठना, लहराना; **Billowy** (-ई) *adj.* तरङ्ग सम्बन्धी।

Billy-cock–बिल्'-ई-कॉक्–*n.* a kind of felt hat, bowler. एक प्रकार की अंग्रेज़ी टोपी, क्रिकेट के खेल में गेंद फेंकनेवाला।

Billy-goat–बिल्'-इ -गोट् – *n.* (*fem.* **Nanny-goat**.) male-goat. बकरा।

Bimetallic-बाइ-मॅ-टॅल्'-इक्–*adj.* consisting of two metals. दो धातुओं से निर्मित।

Bin–बिन्–*n.* a receptacle for corn, coal or dust. अनाज, कोयला इ० रखने का स्थान, खत्ती।

Binary-बाइ'-नॅ-री– *adj.* double, involving pairs. दोहरा (द्विगुण), जोड़ा।

Binate-बाइ'-नेट्-*adj.* in pairs. जोड़ेदार।

Bind–बॉइन्ड्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Bound**) to fasten, to attach, to restrain, to subject to legal obligation, to be obligatory, to impose restraint. बाँधना (गुथना), सम्बन्ध करना, रोकना, प्रतिज्ञा करना, अनुगृहीत होना, हथकड़ी बेड़ी डालना; **To bind a book**. जिल्द बाँधना; **Binder** (-अर्) *n.* बाँधनेवाला, जिल्दसाज़; **Binding** (-इङ्ग्) *n.* & *adj.* obligatory. बन्धन (आवरण), जिल्द, बाध्य।

Binnacle–बिन्'-नॅ-कल्-*n.* the compass box of a ship. जहाज़ पर की कुतुबनुमा रखने की सन्दूक।

Binocular–बाइ-नॉक्'-यु-लॅर्-*n.* a field glass adopted for two eyes. दोनों आँखों से देखने की दूरबीन।

Binomial–बाइ-नो'-मि-ऑल्–*adj.* consisting of two terms, of two names. (बीज गणित के) द्विपद, दो नाम का।

Biogenesis–बाइ-ओ-जॅन्'-ऍ-सिस्-*n.* the doctrine that life is derived from life. यह सिद्धान्त कि जीव ही से जीव की उत्पत्ति है।

Biograph–बाइ'-ओ-ग्रॅफ़्–*n.* continuous photographic representation. फ़ोटो (चित्रों) की पंक्ति।

Biographer-बाइ-ऑग्'-रॅ-फ़र्-*n.* writer of a biography. जीवनी लिखनेवाला। **Biographical** (-ग्रॅफ्'-इक्-ऑल्) *adj.* जीवनी सम्बन्धी; **Biographically** (-इक्-ऑल्-लि) *adv.* जीवनी की रीति से।

Biography-बाइ-ऑग्'-रॅ-फ़ी-*n.* written life of a person. किसी व्यक्ति का जीवन वृत्तान्त।

Biological–बाइ-ओ-लॉज्'-इक्-ऑल्–*adj.* relating to biology. जीव विद्या सम्बन्धी।

Biologist–बाइ-ऑल्'-ऑ-जिस्ट्– *n.* one skilled in biology. जीव विद्या में निपुण।

Biology–बाइ-ऑल्'-ऑ-जी–*n.* the science of life. जीव (प्राणि) विद्या।

Bioscope–बाइ'-ऑ-स्कोप्–*n.* (same as **Biograph**.) a cinematograph. चलते फिरते कार्य का चित्र लेना और इसीको चलते फिरते दिखलाना।

Biped–बाइ'-पॅड्–*n.* a two-footed animal. दो पैर वाला पशु; **Bipedal** (-पॅड्'-ऑल्) *adj.* having two feet. दो पैर वाला।

Biplane–बाइ'-प्लेन्'–*n.* a two-planed airship. दो तख्तेवाला हवाई जहाज़।

Bipolar–बाइ-पो'-लॅर्–*adj.* with two poles. दो ध्रुव वाला।

Biquadratic–बाइ - क्वॉड् - रॅट्'–इक्–*n.* the square of a square. द्विवर्गात्मक, चतुर्घातक यथा $(a^2)^2$

Birch–बर्च्–*n.* a kind of smooth-barked tree, a bundle of its twigs used for flogging. भोजपत्र, बालकों को मारने का कोड़ा; *v. t.* to flog. कोड़े से पीटना; **Birchen** (-ऍन्) *adj.* of birch. भोजपत्र का।

Bird-बड्र्,*n.* a feathered vertebrate. पक्षी, खग, चिड़िया; *v. t.* to snare birds. चिड़िया फसाना या पकड़ना; **Bird of Jove** (the eagle.) गरुड़; **Bird of Juno** (the peacock.) मयूर; **Bird of night** (the owl.) उल्लू; **Bird of peace** (the dove.) पेंडुकी; **Birds of a feather** (people of similar tastes.) एक विचार के मनुष्य; **Bird of prey** (birds that hunt.) शिकारी चिड़िया; **Little bird** (anonymous informant.) सूचना देने वाला गुमनाम मनुष्य; **Old bird** (quarrelsome person.) लड़ाका; **To kill two birds with one stone** (to obtain two objects by one attempt.) एक पन्थ दो काज।

Birdlime–बड्र्'-लाइम्–*n.* a viscous stuff used in catching birds. चिड़िया पकड़ने का लासा।

Bird's eye – बड्र्ज़्'-आइ-*adj.*– seen from above, as by a flying bird. ऊंचे स्थान से देखा हुआ (दृश्य)।

Biretta–बॅ-रॅट्'-टॅ–*n.* a kind of square cap. चौकोर टोपी।

Birth–बर्थ्–*n.* coming into the

world, origin, beginning, inherited rank. जन्म, उदय, उत्पत्ति, आदि, उपाधि; **Birthday**. जन्म दिवस, वर्षगाँठ; **Birth day honours** (titles conferred on the king's birthday.) जो उपाधियाँ सम्राट् के जन्म दिवस पर बाँटी जाती हैं; **Birth control** (method of preventing undesired conception.) उत्पत्ति अवरोध (जन्म-निरोध) की विधि; **Birth mark** (congenital mark on a person's body.) चिह्न जो जन्म से ही शरीर में रहता है; **Birth place**-जन्मस्थान; **Birthrate**.जन संख्या के अनुसार बच्चों की प्रति सहस्र उत्पत्ति। **Birth right** (right acquired by birth.) जन्म से प्राप्त अधिकार।

Biscuit–बिस्'-किट्– *n.* a small hard cake. बिसकुट।

Bisect–बाइ-सेॅक्ट्'–*v.t.* to divide into two. दो भाग में करना; **Bisection** (-सेॅक्'-शॉन्) *n.* a division into two equal parts. द्विसम विभाग, **Bisector** (-टॉर्) *n.* the line which divides a thing into two equal parts. दो भाग में करने वाली रेखा (द्विभाजक)।

Bisexual – बाइ- सेॅक्स्'-यु- ऑल् – *adj.* having both sexes in one. स्त्री तथा पुरुष जाति का एक व्यक्ति में होना, द्विलिङ्ग।

Bishop–बिश्'-ऑप्–*n.* a consecrated clergyman. बड़ा पादड़ी; **Bishopric** (-रिक्) *n.* the office of a bishop. पादड़ी का पद, इसका अधिकार।

Bismuth – बिज़्'-मथ् – *n.* a white brittle metal. काँसा, कसकुट, फूल (धातु)।

Bison–बाइ'-सॉन्–*n.* a wild ox. जङ्गली साँड़।

Bisque–बिस्क्– *n.* unglazed white porcelain. बिना पालिश की हुई चीनी मिट्टी।

Bistoury-बिस्'-टु-अर्-ई-*n.* a surgeon's knife. जर्राह की छुरी।

Bit–बिट्–*n.* a small piece, mouthpiece of bridle, morsel of food. खण्ड (टुकड़ा), लगाम, ग्रास, (कवर); *v. t.* to put bit into the mouth of a horse, to restrain. लगाम लगाना, रोकना; **A bit of** (a little part.) लेश, थोड़ी; **A bit rather** (not all.) थोड़ा सा; **Bit by bit** (by degrees.) धीरे धीरे; **Wait a bit** (wait for a short time.) थोड़ी देर ठहरिये।

Bitch–बिच्–*n.* female of a dog, fox or wolf. कुतिया, सियारिन, मादा भेॅड़िया।

Bite–बाइट्-*v.t.* (*p.t.* **Bit**, *p.p.* **Bitten** or **Bit**) to cut with teeth, to sting, to penetrate, to give pain to, to take a bait, to grip कुतरना (दाँत से काटना), डङ्क मारना, घुसना, पीड़ा देना, लगाम लेना, पकड़ लेना; *n.* wound made by biting. दाँत काटने का चिह्न; **Bitten with** (infected with a disease.) रोग (संक्रामक इ०) से ग्रस्त; **To bite the ground** (to fall down and die.) गिरना और मर जाना।

Biter–बाइट्'-अर्–*n.* a thief. ठग।

Biting–बाइट्' - टिङ्ग्–*adj.* pungent, stinging, severe, sarcastic. चरपरा, काटता हुआ, तीखा, ताना मारता हुआ। **Bitingly** (-ली) *adj.* काटते हुए।

Bitter–बिट्'-टर्–*adj.* tasting hot and acrid, full of affliction, relentless, touching. कड़ुआ (तीता), कठोर, तीक्ष्ण, मर्मभेदी; **Bitter cold** (*i.e.* piercing.) तीखा जाड़ा; **To the bitter end** अन्तिम सीमा तक; **To weep bitterly**

फूट फूट कर रोना; **Bitterness** (-नैस्) *n.* कड़ुवाहट, तीखापन, कठोरता ।

Bittern–बिट्'-टर्न् – *n.* a kind of marsh bird. तितलौया ।

Bitts–बिट्स–*n. pl.* pair of posts for fastening cables. लोहे का रस्सा बाँधने के लिये जहाज का खूँटा ।

Bitumen–बि - ट्यू' - मैंन्–*n.* mineral pitch. शिलाजीत (राल); **Bitumenize** (-मिन्-आइज़्') *v. t.* to impregnate with bitumen. वार्निश में राल मिलाना; **Bituminous** (बि-ट्यू'-मिन्-अस्) *adj.* राल के समान ।

Bivalve–बाइ'-वॉल्व्–*adj.* with two valves. दो कपाट वाला, दो कोष वाला ।

Bivouac–बिव्'-वॉक्–*v. i.* & *n.* to remain in encampment, additional guard at night. पड़ाव में ठहरना, रात्रि में रक्षा के लिये विशेष सैन्य ।

Biweekly–बाइ - वीक्' - ली–*adj.* every fort-night. प्रति दूसरे सप्ताह, पाक्षिक ।

Bizarre–बि - ज़ीर्' – *adj.* fanatic, whimsical. झक्की, पागल ।

Blab–ब्लैब्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Blabbed**) to talk foolishly, to reveal secrets. बक देना, रहस्य भेद करना; **Blabber** (-बर्) *n.* a tell-tale. गप्प हाँकने वाला, छिछोर ।

Black–ब्लैक्–*adj.* dark-coloured, dirty, gloomy, wicked, dismal. काला (अंधेरा), गन्दा, मटमैला, दुष्ट, दुःखदायी ; *v. t.* to make black. काला करना (काली पालिश करना); **Black and blue** (livid.) पीटने से नीला काला पड़ा हुआ; **Black and white** (written on paper.) पेंसिल या रोशनाई से लिखा हुआ या बना हुआ चित्र; **Black art** (magic.) जादू; **Black bear** (object of fear.) भयप्रद पदार्थ; **Black board** (a board painted black used to write on with chalk.) स्कूल के दर्जे का काला पट; **Black book** (list of suspicious persons.) शङ्काजनक पुरुषों की सूची; **Black guard** (scoundrel.) दुराचारी, अधम; **Black looks** (hateful looks.) तिरस्कार की दृष्टि; **Blackmail** (tribute paid to robbers for securing protection.) रक्षा के लिये डाकुओं को उपहार; **Black maria** कैदियों की गाड़ी; **Black mark** (mark of discredit.) धब्बा, कलङ्क; **Black market**. चोरी से सामग्री बेचने की बजार **Blackamoor** (a negro.) हब्शी । **Black sheep** (a person of bad character.) नीच, दुष्ट; **Blacksmith** (ironsmith.) लोहार ।

Blacken–ब्लैक्'-ऍन्–*v. t.* to make black. काला करना ।

Blacking–ब्लैक्'-इङ्ग्–*n.* a paste for blacking shoes. जूता काला करने का मसाला ।

Blackish–ब्लैक्'-इश्–*adj.* somewhat black. धुँधला, काला ।

Blackness–ब्लैक्'-नैस्–*n.* quality of being black. कालापन ।

Bladder–ब्लैड्'-डर्– *n.* membraneous bag containing urine, anything inflated. मूत्राशय (वस्ति), हवा भरा हुआ पोला बेग ।

Blade–ब्लेड्–*n.* leaf of grass, cutting part of a tool, flat part of an oar. घास का चौड़ा भाग, हथियारों का फल, डाँड़े का पत्ता ।

Blain–ब्लैअन्– *n.* an inflamed boil.

व्रण, फफोला, छाला, फोड़ा।

Blamable–ब्लेम्'-अॅ-ब्ल्–*adj*. deserving of blame. निन्दनीय; **Blamably** (-अॅब्-ली) *adv*. कलंक से।

Blame – ब्लेम् – *v. t.* to find fault with, to deserve censure. निन्दा करना, दोष लगाना, अपराधी ठहराना; *n*. censure, fault. कलङ्क, दोष (अपराध); **Blameful** (-फुल्) *adv*. deserving blame. दोषयुक्त ·

Blameless–ब्लेम्'-लॅस् – *n*. innocent. निर्दोष, निष्कलङ्क; **Blamelessly** (-लॅस्-ली) *adv*. innocently. बिना कलङ्क के; **Blamelessness** (-लॅस्-नॅस्) *n*. innocence. अनिन्द्यता, दोष का अभाव।

Blameworthy–ब्लेम्'-वर्दी–*adj*. deserving censure. निन्दा के योग्य।

Blanch–ब्लान्श्–*v. t.* & *i.* to make white by peeling, to grow pale with fear. छिलका उतार कर सफ़ेद करना, भय से पीला पड़ना।

Bland–ब्लैन्ड्–*adj*. gentle, polite, mild. नम्र, विनीत, मृदु (कोमल); **Bland in speech** (of gentle speech.) मिष्टवादी; **Blandly** (-ली) *adv*. विनीत भाव से; **Blandness** (-नॅस्) *n*. कोमलता।

Blandish–ब्लैन्ड्'-इश्–*v.t.* to flatter. मिथ्या प्रशंसा करना; **Blandishment** (-मॅन्ट्) *n*. soft speech. प्रिय वाक्य, चाटुक्ति, मीठे वचन।

Blandly–*adv*. see **Bland**.

Blandness–*n*. see **Bland**.

Blank–ब्लैङ्क्–*adj*. not written upon, empty, void, white. लेख-रहित, रिक्त (छूछा), सफ़ेद (कोरा); *n*. an empty space, a ticket that wins no prize, without meaning. रिक्त स्थान, बिना इनाम पाया हुआ टिकट, अर्थशून्य; **Blank despair** (utter helplessness.) पूरी निराशा; **Blank verse** (rhymeless verse.) बिना अनुप्रास का छन्द; **To look blank** (to look perplexed.) घबड़ाया हुआ देख पड़ना; **Blankly** (-ली) *adv*. शून्यता से।

Blanket–ब्लैङ्क्'-ऍट्–*n*. a woollen sheet used for covering. कम्बल, धुस्सा, लोई; *v. t.* to cover with a blanket. कम्बल से ढांकना; **Wet blanket** (one who puts an end to conversation.) जो बात करना बन्द कर देता है।

Blare–ब्लेअर्–*v. t.* to utter loudly. चिल्लाकर बोलना; *n*. a bellowing noise. चिग्घाड़।

Blaspheme–ब्लैस्-फीम्'–*v.t.* to talk impiously. ईश्वर निन्दा करना; **Blasphemer** (-अर्) *n*. an impious person. ईश्वर निन्दक; **Blasphemous** (-फी-मस्) *adj*. containing profaneness. ईश्वर निन्दक, पाखण्डी; **Blasphemously** (-मस्-ली) *adv*. ईश्वर निन्दा रूप में; **Blasphemy** (-फि-मी) *n*. profane speaking. ईश्वर निन्दा।

Blast–ब्लास्ट्– *n*. a strong wind, sound of a wind instrument, explosive used in blasting, explosion. आँधी, बाजे का शब्द, बारूद, भभकना; *v.t.* to blow up, to blight. उड़ा देना (झुलसना), नाश करना।

Blatant – ब्लें'-टॅन्ट – *adj*. vulgarly loud. जङ्गली की तरह कोलाहल करनेवाला।

Blatter–ब्लैट'-टर्–*v.t.* to patter. बक-झक करना।

Blaze–ब्लेज़्–*n*. bright flame or fire, glow, white mark on cow's head,

mark made on the bark of trees. प्रभा, चमक गाय या घोड़े के माथे पर का टीका, वृक्ष की छाल पर खोदा हुआ चिह्न; *v. t.* to burn with flame, to emit light, to proclaim. प्रज्वलित करना, भभकाना, घोषित करना; **Blaze of light** (glow of light.) किरणजाल; **Blazing** (-इङ्ग्) *adj.* flaming. देदीप्यमान; **Blazing scent** (strong smell.) उग्र गन्ध; **To blaze abroad** (to spread news.) समाचार फैलाना।

Blazon-ब्लें'-ज़ॉन्- *n.* coat of arms. ज़िरहबख्तर, कवच; *v. t.* to inscribe with arms. चिह्नों से विभूषित (अलंकृत) करना; **Blazonry** (-री) *n.* armorial bearing. युद्ध चिह्न।

Bleach-ब्लीच्-*v. t.* to whiten. धोना, सफ़ेद करना; **Bleacher** (-अर्) *n.* धोबी।

Bleak-ब्लीक्-*adj.* bare, chilly, dreary, cheerless. खुला हुआ, अति शीत, रूखा, आनन्द रहित।

Blear-ब्लिअर्- *v. t.* to make dull. मन्द करना. चौंधा देना।

Bleat-ब्लीट्-*v. t.* & *n.* to cry like a sheep, a sheep's cry. मेमियाना, भेंड़ी (या बकरी) का शब्द।

Bleb-ब्लेब्-*n.* a small bubble on skin. फफोला।

Bleed-ब्लीड्-*v.* & *i.* (*p. t.* **Bled**) to emit blood, to draw blood, to die by slaughter, to feel pity for. रक्त निकालना, रक्त बहाना, हत्या होकर मर जाना; **Bleeding** (-इङ्ग्) *n.* running of blood, hæmorrhage. रुधिरस्राव,

Blemish-ब्लेम्'-इश्-*n.* stain, flaw. दोष, कलंक; *v. t.* to stain, to tarnish. मलिन करना, दूषित करना।

Blench-ब्लेन्श्- *v. i.* to start aside, to flinch. चौंक उठना (आँखें बन्द करना), पराङ्मुख होना।

Blend-ब्लेन्ड्-*v. t.* & *i.* to mix together, to mingle. मिलाना, मिलना, *n.* a mixture. मिलावट।

Blent-ब्लेन्ट्-(*p.t.* & *p.p.*) of **Blend** (mixed.) मिश्रित।

Bless-ब्लेस्-*v.t.* (*p.t.* & *p.p.* **Blessed** ब्लेस्ड्, or **Blest**-ब्लेस्ट्) to attribute good fortune to, to invoke God's favour. अशीर्वाद देना (मङ्गल करना), गुणगान करना; **God bless me!** (exclamation of surprise.) आश्चर्य सूचक अव्यय।

Blessed-ब्लेस्'-एड् - *adj.* fortunate, holy, happy. धन्य, भाग्यवान, सुखी; **Blessedness** (-नेस्) *n.* happiness, enjoyment of God's favour. परम आनन्द, ईश्वर की कृपा।

Blessing-ब्लेस्'-इङ्ग्- *n.* gift of God. आशीर्वाद, ईश्वर की कृपा।

Blest-ब्लेस्ट्- same as **Blessed**.

Blether (-**Blather**)-ब्लेद्'-अर्- *v. i.* to talk nonsense. बड़बड़ करना।

Blew-ब्लू-*p. t.* of **Blow**.

Blight-ब्लाइट्-*n.* disease of plants, mildew, rust. वनस्पति रोग, पाला, मुरचा; *v. t.* to exert harmful influence. विफल करना (पाला मारना)।

Blimp-ब्लिम्प्-*n.* a small airship. छोटा हवाई जहाज़।

Blind-ब्लाइन्ड्- *adj.* without sight, without intelligence, dark, obscure. अन्धा (नेत्रहीन), अज्ञान, अन्धकारमय, धोखे की टट्टी; *n.* a window screen. झिलमिली (पर्दा); *v. t.* to deprive of

sight, to deceive. अन्धा करना, धोखा देना; **Blind alley**. बन्द गली; **Blind-born**. जन्मान्ध; **Blind door** (walled up door.) चुना हुआ दर्वाजा; **Blind man's buff** (a kind of game.) आँख मुदौवल का खेल; **Blind of one eye** (having one eye.) काना; **Blinded by rage** (deprived of judgement by anger.) क्रोधान्ध।

Blindage–ब्लान्डइ्‌'-एज्–*n*. screen for troops. फ़ौज के लिये आच्छादन।

Blindfold–ब्लाइन्ड्'-फ़ोल्ड्–*v.t.* to cover eyes with bandage. आँखों में पट्टी बांधना।

Blindly–ब्लाइन्ड्'-ली-*adv.* in a manner as if blind. टटोलते हुए।

Blindness–ब्लाइन्ड्'-नॅस्–*n*. state of being blind, a shade. अन्धता अज्ञान, पर्दा।

Blinds–ब्लाइन्ड्स्–*n. pl.* a screen used in trenches. खाई में उपयोग होने वाला पर्दा।

Blink–ब्लिङ्क्–*v. t. & i.* to wink, to ignore. पलक मारना (आँखें छिपाना), तुच्छ समझना; *n*. glance, glimmer, wink. झलक, टिमटिमाहट, निमीलन।

Bliss–ब्लिस्–*n*. highest happiness or blessedness. परमसुख, धन्यता, मोक्ष; **Blissfully** (-फुल्-लि) *adv*. परम आनन्द पूर्वक।

Blister–ब्लिस्'-टर्–*n*. swelling on skin filled with serum. फफोला, छाला।

Blithe–ब्लाइद्–*adj*. gay, joyous. प्रमुदित, प्रसन्नवदन; **Blithely** (-ली) *adv*. in a blithe manner. प्रसन्नता पूर्वक; **Blithesome** (-सम्) *adj*. merry, cheerful. पुलकित, आनन्दमय।


Blizzard–ब्लिज़्'-ऑड्र्–*n*. a blinding snow-storm. चौंधानेवाला बरफ़ का तूफ़ान

Bloat–ब्लोट्–*v. t. & i.* to inflate or swell. फुलाना, सूजना।

Blob–ब्लॉब्–*n*. a small round mass. गोल फूला हुआ पदार्थ।

Blobber-lipped–ब्लॉब्'-बर्-लिप्ड्–*adj*. having thick lips. मोटे लटकते ओठवाला

Block–ब्लॉक्–*n*. a large piece of wood, mould, a bulky piece, a pulley, an obstruction. लकड़ी का कुन्दा (लट्ठा), साँचा, भारी पदार्थ, घिरनी, अवरोध (रुकावट); *v. t.* to obstruct. प्रतिबन्ध या अवरोध करना; **The block** (death by beheading.) सिर काटकर मृत्यु।


Block-pulley

Blockade-ब्लाकुए-ड्'-*v.t.* to obstruct. रोकना; *n*. blocking up by troops. सेना का घिराव।

Blockhead–ब्लाक्' - हॅड्–*n*. a dull stupid person. मूर्ख, बुद्धिहीन मनुष्य।

Blockish-ब्लाक्'-इश्-*adj*. dull, stupid. मूर्ख, मतिहीन।

Blond (**Blonde**)–ब्लान्ड्–*n*. a person of fair complexion and light coloured hairs. गोरा, हलके रङ्ग के बालों का मनुष्य।

Blood–ब्लड्–*n*. the red liquid which circulates in the veins of animals, murder temperament, family. रक्त (रुधिर, लोहू), हत्या, प्रकृति, वंश; *v. t.* to remove blood. जरोंही द्वारा रक्त निकालना; **Flesh and blood** (animal nature.) पशु प्रकृति; **Half blood** (connexion through

one parent only.) सौतेला; **Hot blooded** (angry, irritable.) अति क्रोधी; **In cold blood** (intentionally.) जान बूझकर; **Of noble blood** (birth) कुलीन; **Blood guilty.** हत्या करने का दोषी, **Bloodless** (-लॅस्) *adj.* रक्तहीन; **Blood is up** (is ready to quarrel.) लड़ने को तैयार है; **Blood royal** (royal family.) राजकीय वंश; **Blue-blood** (high birth.) उच्च कुल में उत्पत्ति; **Blood-red** (of deep red colour.) तेज़ लाल रङ्ग का; **Blood-shed** (slaughter.) वध; **Blood-shot** (red and inflamed.) रक्तपूर्ण; **Blood-sucker** (animal that sucks blood.) जोंक; **Blood vessel.** *n.* an artery. रक्त वाहिनी नाड़ी।

Bloody–ब्लड्'-ई–*adj.* cruel, murderous. निर्दयी,हत्यारा; **Bloody nose** (bleeding from nose.) नाक से लोहू बहना; **Bloody flux** (dysentery with blood.) आँव के साथ लोहू पड़ना।

Bloom–ब्लूम्–*n.* a flower, freshness, perfection, prime. कली, फूल, विकास, युवावस्था, पूर्णता; *v. i.* to bear flowers, to be in full beauty. खिलना (विकसित होना), पूर्ण यौवन में होना; **Blooming** (-इङ्ग), **Bloomy** (ई) *adj.* flourishing. खिलता हुआ।

Blossom–ब्लॉस्'-सॉम्–*n.* flower, early growth. फूल, प्रसव; *v.i.* to put forth flowers. फूलना, विकसित होना।

Blot–ब्लॉट्–*n.* a stain, blemish. धब्बा, कलङ्क; *v. t.* (*p.t.* **Blotted**) to stain, to smudge. कलङ्कित करना, धब्बा लगाना; **To blot out** (to efface, to destroy.) मिटा देना; नष्ट करना; **Blotting paper** (absorbent paper for drying up wet ink-marks.) सोखता, मसीशोषक

Blotch–ब्लॉच्–*n.* an eruption upon the skin. चिकत्ता, दिदोरा; **Blotched** (-ड्) *adj.* inflamed. फूला हुआ।

Blouse–ब्लाउज़्–*n.* a womans's loose bodice जनाना कुरती।

Blow–ब्लो–*n.* blowing of flute &c., blossoming,a hard stroke, shock, calamity. बाजा बजाना, फूलना, मुक्का (चोट), धक्का,आपत्ति; *v.i.* & *t.*(*p.t.***Blew,** *p. p.* **Blown.**) to move along, to send strong current, to puff, to sound, to fill with air, to drive, to kindle. बढ़ना (उड़ाना), फूकना, फुलाना, बजाना, हवा से भरना, हाँकना, जलाना, फूलना, फट जाना; **To blow one's own trumpet** (to praise oneself.) आत्मश्लाघा करना, शेखी मारना; **To blow out** (to extinguish.) आग बुझाना; **Blower** (-अर्) *n.* a contrivance for producing current of air. धौंकनी।

Blow-pipe–ब्लो'-पाइप्–*n.* an instrument by which current of air is driven through a flame. सोनार की फुकनी।



Blow-pipe.

Blowy–ब्लो'-ई–*adj.* windy. हवादार।

Blowzed-ब्लाउज़्ड-**Blowzy** (ब्लाउज़्'-ई) *adjs.* red-faced. लाल चेहरे का।

Blubber–ब्लब्'-बर्–*n.* whale-fat. ह्वेल मछली की चर्बी; *adj.* swollen. फूला हुआ; *v. i.* to weep noisily. चिल्लाकर रोना, सिसकते हुए रोना।

Bludgeon–ब्लड्ज्'-अन्–*v. t.* to strike

with heavy stick. लाठी या सोंटे से मारना; *n*. a short heavy stick. सोंटा।

Blue–ब्लू–*n*. sky colour. नीला रङ्ग ; *adj*. coloured like the sky. नीला, आसमानी; *v.t.* to make blue, to temper steel. नीला करना, लोहे पर पानी चढ़ाना ; **Blue book** (a book containing Government report.) सरकारी अफ़सर की (गुप्त) पुस्तक ; **Blue jacket** (a seaman.) मल्लाह, नाविक; **Blue stocking** (a literary woman.) विदुषी; **Blue water** (open sea.) विस्तृत समुद्र; **The blue** (sky, ocean.) आकाश, समुद्र ; **To look blue** (to look depressed.) धैर्यहीन देख पड़ना ; **Blueness** (-नैस्) *n*. नीलापन।

Bluff–ब्लफ़्–*adj*. abrupt, blunt, frank. खरा, रूक्ष, ढीठ, (उग्र, कर्कश) ; *v. t.* & *i*. to deceive by swagger. छल से धोखा देना।

Blueish–ब्लू-इश्–*adj*. somewhat blue. कुछ नीला।

Blunder–ब्लन्'-डर्–*n*. a gross mistake. बड़ी भूल, प्रमाद; *v. i*. to make gross mistake, to flounder about. भ्रम करना, भटकना ; **To blunder away** (to waste.) कुप्रबन्ध से नष्ट करना ; **To blunder out** (to speak out heedlessly.) बिना विचारे बोल उठना ; **Blunderhead** (-हैड्) *n*. a stupid fellow. मूर्ख (बुद्धिहीन) मनुष्य। **Blunderer** (-अर्) *n*. भ्रम करने वाला; **Blunderingly** (-इङ्ग-ली) *adv*. mistakenly. भ्रम से।

Blunt–ब्लन्ट्–*adj*. dull, without edge or point, plain spoken. मन्द, धारहीन (भुथरा,) सरल (सादा); *n*. a thick needle. भुथरी सूई ; *v. t*. to make less sharp. भुथरा करना ; **Bluntly** (-ली) *adv*. rudely. रूक्षता से ; **Bluntness** (-नैस्) *n*. रूखापन, अतीक्ष्णता।

Blur–ब्लर्–*n*. a stain, a blemish. धब्बा, कलङ्क ; *v. t*. (*p. t*. **Blurred**) to smear, to disfigure. मलिन करना, धब्बा लगाना।

Blurt–ब्लर्ट्–*v. t*. to utter abruptly. बेसमझे बोल उठना।

Blush–ब्लश्–*v. i*. to become red with shame, joy &c., to be ashamed. लज्जा, आनन्द इ॰ से मुख लाल होना, लज्जित होना ; *n*. glance, reddening of face. झलक, चेहरा लाल होना, **Blushing** (-इङ्ग) *adj*. blooming. प्रफुल्ल ; **Blushingly** (-इङ्ग-ली) *adv*. लज्जा से।

Bluster–ब्लस्'-टर्–*v. i*. to storm, to bully, to boast. गर्जना, कोलाहल करना, आत्मश्लाघा करना ; *n*. boasting, loud noise. शेखी, शोर ; **Blusterer** (-अर्) *n*. a noisy swaggerer. शेख़ीबाज़ ; **Blusteringly** (-इङ्ग-ली) *adv*. boastfully. आत्मश्लाघा से; **Blusterous** (-अस्) *adj*. tumultuous. गर्जने वाला।

Bo–बो–*interj*. used to startle. चौंका देने का शब्द।

Boa–बो'-आ–*n*. a large non-poisonous snake. अजगर

Boar–बोर्–*n*. a male pig (*fem*. **Sow**) सुअर ; **Boarish** (-इश्) *adj*. brutal, cruel. असभ्य, निर्दयी।

Board–बोर्ड्–*n*. a narrow thin

piece of timber, stiff paper, table, food served, committee, deck of a ship. तख़ता (पटरा), दफ़्ती, मेज़, भोजन (आहार), सभा, जहाज़ की छत; *v. t.* & *i.* to cover with board, to receive. तखते से ढाँकना, पाना ; **Above board** (honestly.) इमानदारी से ; **Board money** (servant's wages.) नौकर का वेतन ; **On board a ship** (on the deck of a ship.) जहाज़ पर ।

Boarder–बोड्इ'-अर्– *n.* one who lives in another's house, one who boards with another. धर्मशाला में रहनेवाला, दूसरे के साथ भोजन करनेवाला।

Boarding–बोड्इ'-इङ्ग्–*n.* food and lodging. भोजन और रहने का स्थान;same as **Boarding house**.

Boast–बोस्ट्–*n.* self-exaltation. अहङ्कार, गर्व, आत्मश्लाघा, अपनी बड़ाई ; *v. i.* to brag, to be proud of. गर्व करना, शेखी करना ; **Boastful** (-.फुल्) *adj.* शेखीबाज़ ; **Boastfulness** (-नेंस्) *n.* शेखी; **Boasting** (-इङ्ग्) *n.* शेखी ; **Boastfully** (-.फुल्-लि) *adv.* शेखी से।

Boat–बोट्–*n.* a small open-oared vessel. नाव, नौका ; *v. i.* to go in a boat. नाव में जाना ; **To take boat** (to embark on a boat.) नाव पर सवार होना ।

Boat fly–बोट्'-फ्लाइ–*n.* a kind of insect. पानी का खटमल ।

Boatswain-बो'-सन्-*n.* a ship's officer. नाविक, माँझी, कर्णधार ।

Bob–बॉब्–*n.* weight on pendulum, knot of hair, short jerking motion. लङ्गर में का बोझ, बालों की गाँठ, झटका ; *v. i.* & *t.* to move up and down, to dance, to cheat. ऊपर नीचे हिलाना, नाचना, ठगना ; **Bobbery** (-ऍर्'-री) *n.* disturbance. उपद्रव ।

Bobbin–बाब्'-बिन् – *n.* a spool for holding thread. तागे की गड़ारी, अन्टा ।

Bobbish–बॉब्'-बिश्–*adj.* & *n.* in good spirits. उमंग में ।

Bobby–बॉब्'-ई–*n.* a policeman. पुलिस का सिपाही ।

Bobtail–बॉब्'-टेल्–*n.* tail cut short. कतरी हुई पोंछ ।

Bode–बोड्–*v. t.* to foresee, to portend. शकुन कहना, भविष्य बतलाना, (पहिले से सूचित करना) ; **Bodement** (-मेंन्ट्) *n.* a presentiment. शकुन ; **Bodeful** (-फुल्) *adj.* ominous, of evil. अशुभ सूचक ; **Bodingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a portentous manner. शकुन से ।

Bodice–बॉड्'-इस्–*n.* a woman's corset. चोली, अंगिया ।

Bodied, Bodiless, Bodily – see **Body**.

Boding–बोड्'-इङ्ग्-*n.* an omen. शकुन ।

Bodkin–बॉड्'-किन्– *n.* a long thick pin. लम्बा मोटा सूजा ।

Body-बॉड्'-ई-*n.* (*pl.* **Bodies**) material organism, main portion, majority, aggregate of persons. शरीर, (देह), प्रधान अंश, समुदाय, झुण्ड; **Body guard** (a guardian, escort.) शरीर रक्षक, प्राण रक्षक ; **Dead body** (corpse.) शव, मुर्दा; **To a body** (simultaneously.) एक साथ; **Heavenly body** (sun, stars &c.) सूर्य, नक्षत्र. तारा इत्यादि; **Body of troops** (military force.) सेना का

दल; **Bodied** (-ईड्) *adj.* शरीरधारी; **Bodiless** (-लैस्) शरीर रहित; **Bodily** (-ली) *adv.* corporeally. शारीरिक रीति से, शरीर सहित।

Bog–बॉग्–*n.* a morass. पङ्क, दलदल; *v. i.* to plunge in mire. दलदल में फँसना।

Boggle–बॉग्'-गल्–*v. i.* to start with fear, to hesitate. भय से चौंकना, ठिठकना।

Boggy–बॉग्'-गी–*adj.* marshy, swampy. दलदली।

Bogie–बोग्'-ई–*n.* a long carriage of a railway car. रेलगाड़ी का लम्बा डब्बा।

Bogle–बोॅ-गल्– *n.* phantom, bugbear. प्रेत, पिशाच।

Bogus–बोॅ-गस्– *adj.* sham, fictitious. बनावटी, झूठा।

Boil–बॉएल्– *n.* a hard tumour, boiling point. व्रण (फोड़ा), उबाल; *v. i.* & *t.* to bubble up, to be hot, to be agitated. उबालना, पकाना, खौलना, खौलाना; **To boil away** (to reduce to vapour.) भाफ़ कर डालना; **To boil over** (to flow over by boiling.) उबल कर बहना; **To keep the pot boiling** (to obtain livelihood.) जीविका प्राप्त करना; **Boiler** (-अर्) *n.* a vessel in which anything is boiled. उबालने का बर्तन, डेगची, पतीली; **Boiling point** (temperature at which a liquid boils.) जिस गर्मी पर पानी खौलता है।

Boisterous–बॉएस्' - टर् - अस् – *adj.* violent, rough, stormy. प्रचण्ड, उत्कट, प्रबल; **Boisterous noise** (uproar.) कोलाहल; **Boisterous laugh** (violent laugh.) ठहाके की हसी; **Boisterously** (-ली) *adv.* प्रचण्डता से; **Boisterousness** (-नैस्) *n.* प्रबलता।


Bold–बोल्ड्–*adj.* brave, courageous, daring, immodest, rude. शूर, साहसी, धृष्ट, निर्लज्ज; **Bold faced** *adj.* धृष्ट; **Bold-spirited** *adj.* साहसी, वीर **He made bold to say** (fearlessly said.) निडर होकर वह कहने लगा; **Boldly** (-ली) *adv.* साहस से; **Boldness** (-नैस्) *n.* साहस, धृष्टता।

Bole–बोल्–*n.* trunk of a tree. वृक्षस्कन्ध, धड़।

Bolshevik–बोल्'-शें-विक्–*n.* a revolutionary. क्रान्तिकारी मनुष्य; **Bolshevism** (-विज़्म्) *n.* क्रान्तिकारी सिद्धान्त।

Bolster–बोल्'-स्टर्–*n.* a long stuffed pillow. तकिया, मसनद; *v. t.* to support with prop. खम्भे के भरोसे ठहराना (थोक लगाना)।

Bolt–बोल्ट्–*n.* a short arrow, quarrel, discharge of lightning, screwed metal pin with head and nut, a door fastener, sudden start. तीर, झगड़ा, बिजली की चमक, ढिबरी, अर्गला, उछाल; *v. i.* & *t.* to dart off, to fasten, to investigate. एकाएक छलाँग मारना, बाँधना, पता लगाना; *adv.* quite. पूर्ण रूप से।



Bolt.

Bolter–बोअल्ट्'-अर्–*n.* a sieve. चलनी।

Bolus–बो'-लस्–*n.* a large pill. बड़ी गोली।

Bomb–बॉम्–*n.* a hollow sphere filled with explosives. बमगोला;

v. t. to throw bomb. बम फेंकना **Bomb chest**–*n.* बारूद भरी हुई पेटी **Bomb proof**–*adj.* बम जिसको न भेद सके; **Bomb shell**–*n.* किसी प्रकार का बम

Bombard–बॉम्' बाड्ड–*v. t.* to batter with bombs. बम से उड़ाना या आक्रमण करना; **Bombardment** (-मैंन्ट) *n.* an artillery attack. बम द्वारा उड़ने की क्रिया ।

Bombast–बॉम्' - बॅस्ट – *n.* language inflated with high-sounding words. अतिशयोक्ति, निरर्थक बड़े बड़े शब्दों का प्रयोग; **Bombastic** (-इक्) *adj.* inflated with diction. असार, बड़े बड़े शब्दों से पूर्ण; **Bombastically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a turgid language. अतिशयोक्ति से ।

Bomber–बॉम्'-अर्– *n.* an aeroplane for throwing bombs. बम फेकनेवाला हवाई जहाज ।

Bon (Bonne)-बॉन्-*adj.* good. अच्छा, सुन्दर ।

Bona fide–बों'--नीं-फ़ाइ'-डे–*adj.&adv.* with good faith, genuine. विश्वसनीय, यथार्थ, वस्तुतः, सचमुच ।

Bonbon – बॉन्'-बॉन्– *n.* sugar confectionery. मिठाई ।

Bond-बॉन्ड्-*n.* anything that binds, restraining force, agreement, link or connection, obligation in writing, method of brick–laying, a security, league, confinement, imprisonment. बन्धन, अवरोध, तमस्सुक, संबंध, सट्टा, ईंटों की टिपकारी, प्रतिभू, संघ, बन्धन, दासत्व; *v. t.* to bind together. बाँधना; *adj.* not free. अस्वतन्त्र, पराधीन; **Bonded** (-एड्) *adj,* under a bond. सट्टा किया हुआ **Bond man**–बॉन्ड्'-मॅन् – *n.* a man slave. दास; **Bond woman** (a woman slave.) दासी ।

Bond slave–बॉन्ड्'-स्लेव्–*n.* a person in a state of slavery. बंधुआ ।

Bondage-बॉन्ड्'-एज्-*n.* slavery. दासत्व ।

Bondsman–बॉन्ड्ज़्'-मॅन्- *n.* serf or slave, a surety. दास, जमानतदार ।

Bone–बोन्-*n.* a white hard substance which constitutes the skeleton of a body. अस्थि, हड्डी; (*pl.* **Bones**) the body. शरीर; *v. t.* to take out the bones. हड्डी निकालना; **Bone of contention** (cause of dispute.) झगड़ने की जड़; **Bonedry** (quite dry.) बिल्कुल सूखा; **Boneless** (-लेस) *adj.* without bones. बिना हड्डी का; **Bone setter**–*n.* हड्डी बैठानेवाला ; **Bony** (बो'-नी) *adj.* full of bones. हड्डी वाला, हड्डी से भरा हुआ ; **Flesh and bone** (thin person.) अति दुर्बल मनुष्य ।

Bonfire–बॉन्'-फ़ायर्– *n.* a large fire in the open air serving as a sign of rejoicing. जय सूचक अग्नि, होलिका ।

Boniface–बॉन्'-इ-फ़ेस–*n.* an innkeeper. भठियारा ।

Bonne–बॉन्–*n.* a nursemaid. दासी

Bonne bouche–बॉन्'-ब्रश्–*n.* a titbit, a delicious morsel. स्वादिष्ट ग्रास, रसीला कवर ।

Bonnet–बॉन्'-नेट्-*n.* woman's headdress, a protective cap. स्त्रियों की टोपी, ढांकने की टोपी; *v. t.* to put bonnet on a person. टोपी पहिराना (टोपी से मुख ढांकना); **Bonneted** (-ऍड्) *adj.*

covered. ढाका हुआ ।

Bonnylass–बान्‌'-नी-लैस्‌–*n.* a beautiful girl. सुन्दर कन्या ।

Bonny–बान्‌'-नी–*adj.* healthy looking, beautiful. हृष्ट पुष्ट, सुन्दर ।

Bonus–बो'-नस्‌-*n.* something given by way of bargain, extra dividend to shareholders. पारितोषिक, बढ़ोत्तरी ।

Bony–बोन्‌'-नी–*adj.* see **Bone**

Boo – बू – *v. i.* to make sound of disapproval. असन्तोष जनक शब्द करना ।

Booby – बू' - ई – *n.* a silly fool, a stupid person. मन्दबुद्धि, मूढ़ ।

Boodle–बू'-डल्‌-*n.* money acquired by fraud or bribery. छल या घूससे उपार्जित धन

Booboo–बू-बू' – *n.* sound of noisy weeping. चिल्लाकर रोने का शब्द ।

Book–बुक्‌–*n.* a literary composition, the Bible, division of a poem. पुस्तक (पोथी, ग्रन्थ), इन्जील, (कविता का) सर्ग ; *v.t.* to enter in a book, to take railway ticket. पुस्तक में लिख लेना, रेल का टिकट खरीदना ; **To bring to book** (to require to give an exact reckoning.) उत्तरदायी करना ; **Without book** (by memory.) स्मरण से

Book binder–बुक्‌'-बाइन्ड्‌-अर्‌– *n.* one who binds books. जिल्दसाज़ ।

Book case– बुक्‌'-केस्‌ – *n.* a case for books. पुस्तक रखने की अलमारी ।

Booking–बुक्‌'-इङ्ग्‌–*n.* selling numbered tickets. टिकट बेंचना ; **Booking clerk** (clerk who issues tickets.) टिकट बेंचने वाला मुंशी ; **Booking office** (where tickets are issued.) टिकट घर ।

Bookish–बुक्‌'-इश्‌–*adj.* not experienced in worldly affairs. अव्यवहारी, दुनियादारी न जानने वाला ।

Book-keeper-बुक्‌'-की-पर्‌-*n.* a keeper of accounts. मुनीम, हिसाब रखने वाला; **Book-mark** (a card or paper for marking a page in a book.) पुस्तक में रखने का चिह्नपत्र ; **Book-stall** (stall for retailing books.) पुस्तकों की दुकान; **Book worm** (an indiscriminate reader of books.) किताबों का कीड़ा (सदा पुस्तक पढ़ने वाला) ; **Book-keeping** (art of keeping accounts.) बहीखाते की विद्या, मुनीमी ; **Book learning** (book knowledge.) पुस्तकस्थ विद्या; **Book-maker**. पुस्तक लिखनेवाला; **Book-mate** (school fellow.) सहाध्यायी ; **Book-seller**. पुस्तक बेंचने वाला

Bookless–बुक्‌'-लेस्‌–*adj.* unlearned. अशिक्षित ।

Booklet–बुक्‌'-लेट्‌–*n.* a small book. छोटे आकार की पुस्तक ।

Book-post – बुक्‌' - पोस्ट *n.* printed matter sent by post at a lower charge. डाक द्वारा कम महसूल पर छपी पुस्तक इ० भेजना ।

Book-mark–बुक्‌'-मार्क्‌ *n.* a card for marking a page in a book. पुस्तक में पृष्ट संकेत के लिये रखने का कार्ड ।

Boom–बूम्‌ – *n.* a long spar which extends to the bottom of a sail. पाल फैलाने का डण्डा ; *v. t.* to hum, to buzz, to show sudden activity. भनभनाना, गड़गड़ाना, झपट कर कोई काम करना ।

Boomerang – बूम्‌-अर्‌-ऐंङ्ग्‌ – *n.* a carved wooden missile used by the aborigines of Australia. एक प्रकार की लकड़ी की तीर जो फेंकने पर फिर

से वापस आ जाती है।

Boon–बून्–*n*. request, present, favour, blessing. प्रार्थना, वर, अनुग्रह, प्रसाद ; *adj*. genial, benign, jovial. उदार, दयालु, प्रसन्न।

Boor–बुअर्– *n*. a peasant, a rude fellow. किसान (देहाती), गँवार; **Boorish** (- इश्) *adj*. rude in manners, illiterate. असभ्य, अशिक्षित; **Boorishly** (बूर्'-इश्-ली) *adv*. असभ्यता से; **Boorishness** (-इश् - नॅस्) *n*. rudeness. असभ्यता।

Boost–बूस्ट्–*v. t*. to raise by pushing. धक्का देकर उठाना; **Booster** (-अर्) *n*. a machine for raising voltage. बिजली की शक्ति बढ़ाने का यन्त्र।

Boosy–बू'-ज़ी– *adj*. a little intoxicated. थोड़ा नशा पिये हुए।

Boot-बूट्-*n*. a covering for the foot, profit, advantage. जूता,लाभ,सुविधा।

Booth–बूथ्–*n*. temporary shelter, a tent in a fair. पटभवन (छानी,छप्पड़,) मेलेकी दूकान।

Boot lace–बूट्'-लेस्– *n*. lace for tying shoes. जूते का फ़ीता; **Boot-maker**. मोची।

Boot-last(**Boot-tree**)-बूट्'-लॉस्ट्(-ट्री)-*ns*. appliance for keeping boots in shape. जूते का फ़रमा ; **To boot** (in addition to.) अधिक।

Bootless–बूट्'-लॅस्– *adj*. useless, unavailing. निरर्थक, अकारथ।

Booty–बूट्'-ई - *n*. plunder acquired in common. लूट का माल।

Booze–बूज़ – *v. i*. to drink deeply. अधिक मदिरा पीना ; **Boozy** (-ई) *adj*. addicted to drink. पियक्कड़।

Bo-peep–बो'-पीप्–*n*. a game of hide and seek. आँख मुँदौवल का खेल।

Boracic–बौं-रॅस्'-इक्– *adj*. of borax. सोहागे का।

Borax–बोर्'-रॅक्स्–*n*. borate of soda. सोहागा।

Border–बॉड्र्'-अर्–*n*. the outer edge, boundary. किनारा, छोर, परिधि ; *v. t*. to put on border. किनारी लगाना ; **Borderer** (-अर्)*n*. one who dwells on the borders of a country. सीमा प्रान्तका रहने वाला; **Bordering** (-इङ्ग्) *adj*. समीप का।

Bore–बोर्–*p. t*. of Bear.

Bore–बोर्– *n*. a great tide-wave, a nuisance, a tiresome person, hollow of a gun-barrel, deep hole in earth. ज्वार की लहर, कष्ट देने वाला पुरुष, बन्दूक की नली का छेद, पृथ्वी में का छिद्र ; *v. t*. to make hole, to weary out by tedious talk.छेद करना,यन्त्रसे किसी पदार्थ को छेदना, वृथा बकवाद से थकाना।

Boreal–बोर्'-इ-ऑल्– *adj*. pertaining to North wind. उत्तरी वायु सम्बन्धी।

Borer–बोर्' – अर्– *n*. a boring instrument. छेदने का यन्त्र।

Boric–बॉर्'-इक्–*adj*. of borax. सोहागे के क्षार सम्बन्धी।

Born–बॉर्न्–(*p. p*. of **Bear**.) brought forth. जन्मा हुआ, पैदा हुआ ; **Born rich** (rich from birth.) जन्म का धनी; **Born with silver spoon in his mouth** (born to a fortune.) शुभ मुहूर्त में उत्पन्न हुआ, भाग्य का पोढ़ा।

Borne–बॉर्न्–(*p. p*. of **Bear**.) carried, supported. लाया हुआ, आश्रय दिया हुआ।

Borough—बर् - रो—*n.* a town sending members to Parliament. वह नगर जहाँ से पार्लियामेन्ट के सभासद होते हैं।

Borrow—बॉर्-रो—*v.t.* to get as loan, to imitate. ऋण लेना (उधार लेना), अनुकरण करना; **Borrowed light** (inner window of a room.) कमरे की भीतरी खिड़की; **Borrower** (-अर्) *n.* उधार लेने वाला; **Borrowing** (-इङ्ग्) *n.* उधार लेने की क्रिया।

Bort - बॉर्ट - *n.* fragments of diamond. हीरे की कनी।

Bosket—बॉस्क् - ऍट्—*n.* a grove, a small wood. कुञ्ज, छोटा जङ्गल।

Bosky—बॉस्क्-ई-*adj.* wooded. झाड़ीदार।

Bosom—बुज़्-अम्—*n.* the breast, the heart, thought, breast of dress, interior parts. वक्षःस्थल (छाती), हृदय, मन (चित्त), कपड़े का सीना, भीतरी भाग; **Bosom friend** (intimate friend.) प्रिय सुहृद, विश्वासी मित्र।

Boss—बॉस्— *n.* protuberance, projection, person in authority. उभाड़, गाँठ, मालिक; **Bossed** (-ड्) *adj.* in relief. उभड़ा हुआ; **Bossy** (-बॉस्-ई) ornamented with bosses. गाँठदार।

Botanical—बो-टैन्-इक्-कॅल्—*adj.* pertaining to botany. वनस्पति सम्बन्धी।

Botanist—बॉट्-ऍन्-निस्ट्—*n.* one skilled in botany. वनस्पति शास्त्र का पण्डित; **Botanize** (-आइज़्) *v. i.* to study plants. वनस्पति शास्त्र का अध्ययन करना।

Botany—बॉट्-ऍ-नी—*n.* the science of plants. वनस्पति विज्ञान, औषधि शास्त्र।

Botch—बॉच्—*v. t.* & *n.* to repair badly, a clumsy patch, an eruptive swelling on skin. पेवन लगाना, पेवन, फोड़ा (फफोला); **Botcher** (-अर्) *n.* one who makes patches. पेवन लगानेवाला; **Botchery** (-ऍ-री) *n.* patch-work. पेवन का काम।

Both—बोथ्-*adj. pron. & adv.* the two, the one and the other, equally. दोनों, उभय, बराबर से।

Bother—बॉथ् (-द्) -अर्—*v. t.* & *i.* to worry, to trouble one's self. कष्ट देना (दिक करना, खिजलाना), कष्ट उठाना; *n.* worry, fuss. कष्ट, दिक्कत; **Botheration** (-ए-शन्) *n.* trouble, worry. झंझट, तरद्दुद; **Bothersome** (-सम्) *adj.* causing trouble. कष्ट देनेवाला।

Centripetal–सैंन् - ट्रिप्'-ऍट्–औंल्–*adj.* tending towards centre. केन्द्र की ओर जानेवाली (शक्ति) ।

Centuple–सैंन्'-ट्यू-पल्-*adj.* hundredfold. सौगुना ।

Century–सैंन्'-ट्यू-री–*n.* a hundred of something, any hundred successive years. सौ वर्ष, शताब्दि ।

Cephalic–सें-फॅल्'-इक्–*adj.* pertaining to the head. मस्तक सम्बन्धी ।

Ceramics–सें-रॅम्'-इक्स्–*n.* pottery, objects made of clay. कुम्हारी विद्या, मिट्टी के पात्र ।

Cereal–सिअर्'-इ-औंल्– *adj.* of corn. अन्न सम्बन्धी; *pl.* grains used as food. मनुष्य के खाने के योग्य अन्न ।

Cerebellum–सैर्-रें-बैल्'-लम्–*n.* little brain. छोटा मस्तिष्क (दिमाग) ।

Cerebral–सैर्'-रि-ब्रौल्–*adj.* pertaining to cerebrum. मस्तिष्क सम्बन्धी ।

Cerebration–सैर्-रि-ब्रे'-शान्–*n.* the action of cerebrum. मस्तिष्क का कार्यक्रम ।

Cerebrum–सैर्'-रें-ब्रम्–*n.* the brain proper. मस्तिष्क का प्रधान भाग ।

Ceremonial–सैर्-रि-मोन्'-इ-औंल्-*adj.*

with ceremony, formal. विधिपूर्वक, शिष्टाचार सहित, दिखौवा; *n.* formality. रीति, विधि, चाल।

Ceremonious–सेर्-रि-मोन्-इ-अस्–*adj.* punctilious. आदरयुक्त, अति सभ्य; **Ceremoniously** (-ली) *adv.* with formality. शिष्टाचार (आदर) से; **Ceremoniousness** (-नि-अस्-नैस्) *n.* अति आदर, अति सौजन्य।

Ceremony–सैर्-रें-मान्-ई–*n.* a religious observance, formality. धार्मिक रीति, (विधि, संस्कार) नियम; **Without ceremony** (without formality.) बिना शिष्टाचार के; **Occasional ceremony.** सामान्य शिष्टाचार।

Ceres–सीर्-ईज़्–*n.* the Roman Goddess of growth. रोम की एक देवी।

Cerography–सेंरॉग्-रीं-फ़ी–*n.* engraving on wax. मोम पर खोदाई का काम करना।

Certain–सर्-टेन्–*adj.* settled, reliable, sure, indisputable. निश्चित, अवश्य, नियत, स्थिर; **A certain person** (an unknown person.) कोई मनुष्य; **For certain** (certainly.) अवश्य।

Certainly–सर्-टेन्-ली–*adv.* confidently, admittedly. अवश्य, निःसन्देह।

Certainty–सर्-टेन्-टी–*n.* undoubted fact. निश्चय, निर्णय, असंशय।

Certificate–सर्-टिफ्-इक्-एट–*n.* testimony in writing, acquirement. प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र।

Certifier–सर्-टि-फ़ाइ-अर्–*n.* one who certifies. प्रमाणित करनेवाला।

Certify–सर्-टिफ़-आइ–*v. t.* (*p.t.* **Certified**) to attest formally. प्रमाण देना, प्रमाण सहित कहना।

Certitude–सर्-टि-ट्यूड्–*n.* assurance. दृढ़ निश्चय।

Cerumen–सें-रू-मेंन्–*n.* ear-wax. कान का खूट।

Ceruse–सिअर्-ऊज़्–*n.* white lead. सफ़ेदा।

Cervical–सर्-विक्-ऑल्–*adj.* of the neck. ग्रीवा (गरदन) सम्बन्धी।

Cervine–सर्-वाइन्–*adj.* like deer. हरिण के समान।

Cess–सैंस्–*n.* a tax. महसूल, चुङ्गी; *v.t.* to lay tax on. कर लगाना।

Cessation–सैंस्-सें-शान्–*n.* ceasing, pause. रुकावट (अवरोध), ठहराव।

Cession–सैंश्-ऑन्-see under **Cede.**

Cesspool–सैंस्-पूल्–*n.* a well sunk for drainage. चहबच्चा, नाबदान।

Cestoid–सैंस्ट्-ऑएड्–*n.* a ribbon-like worm. चिपटा कैंचुआ।

Chafe–चैंफ़्–*v. t.* & *i.* to rub, to irritate, to make angry. रगड़ना, रगड़ जाना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना; *n.* friction, state of irritation. रगड़, क्रोध।

Chaff–चाफ़्–*n.* grain-husk, worthless stuff. भूसा (चोकर, छिलका), निरर्थक पदार्थ; **Caught with chaff** (one who is easily deceived.) सहज में धोखा खानेवाला; **Chaff-cutter** भूसा काटने की कल **Chaffy** (-ई) *adj.* भूसा भरा हुआ।

Chaffer–चौफ़्-फ़र्–*v. i.* & *t.* to haggle, to bargain. मोलचाल करना, सौदा करना; **Chafferer** (-अर्) *n.* one who makes a bargain. सौदा करनेवाला।

Chaffing-dish–चौफ़्-फ़िङ्ग-डिश्–*n.* a vessel for burning charcoal. अंगीठी, बोरसी।

Chagrin–शीं-ग्रिन्'-*n.* vexation, acute disappointment. क्लेश, तीव्र नैराश्य; *v.t.* to vex. खिजलाना, क्लेश देना।


Chain–चेंन्–*n.* a connected series of links, fetters, necklace, a length of 66 feet. जञ्जीर (श्रृङ्खला), सिकड़ी, बेड़ी या हथकड़ी, गले की सिकड़ी, ६६ फ़ीट की नाप; *v. t.* to connect, to enslave. बाँधना, जकड़ना, दास बनाना; **Chain armour** (armour made of iron chains.) लोहे की जंजीर का बना हुआ कवच; **Chain-stitch** (a simple method of sewing.) सामान्य सिलाई।

Chain-bridge–चेंन्'-ब्रिज्–*n.* a hanging bridge. झूले का पुल।

Chainless–चेंन्' - लेंस्–*adj.* without chain. जंजीर रहित।

Chainlet-चेन्'-लेंट्-*n.* a small chain. छोटी जंजीर।

Chain-wheel–चेंन्'-ह्वील्-*n*.a toothed wheel on which a chain runs. दाँतेदार पहिया जिस पर जंजीर चलती हो।



Chain-wheel.

Chair – चेंअर्– *n.* a portable seat for one, professorship, office, chairman. कुर्सी, अध्यापक का पद, सभापति; *v. t.* to install in chair. पदाधिकारी बनाना; **Appeal to the chair** (protest against disorder.) व्यतिक्रम के लिये सभापति से प्रार्थना; **Easy chair**. आराम कुरसी; **Take a chair** (asking to sit down.) बैठ जाइये; **To leave the chair** (to finish work.) कार्यक्रम समाप्त करना।

Chairman–चेंअर्-मीन्–*n.* one who controls a committee. सभापति; **Chairmanship** *n.* सभापतित्व।

Chaise–शेंज़–*n.* a pleasure carriage. आनन्द की सवारी, गाड़ी।

Chalice – चॅलि' - इस् – *n.* a goblet. प्याला, पात्र।

Chalk–चॉक्–*n.* a soft white earthy substance used for writing and drawing. खरिया मिट्टी, सेतखली; *v. t.* to mark, to draw, to write. चिह्न करना, तसवीर खींचना, लिखना।

Chalky–चाक्'-ई – *adj.* similar to chalk. खड़िया के समान; **To chalk out** (to sketch.) खाका बनाना।

Challenge–चॅलि'-लेंन्ज्–*n.* summons to fight a duel, calling to account, demand for something. लड़ने के लिये ललकार, माँग, दावा; *v. t.* to call to account, to deny a claim. ललकारना, निषेध करना; **Challengeable** (-ऍं-ब्ल्) *adj.* that may be defied. ललकार (सामना) करने के योग्य; **Challenger** (-अर्) *n.* one who opposes. ललकारने वाला, भिड़नेवाला।

Chamber–चेंम्' - बर् – *n.* a room, judge's private room, bedroom, one of the houses of Parliament, enclosed space. कमरा, जज का गुप्त कमरा, शयनगृह, पार्लियामेन्ट का घर, बंद स्थान; **Chambered** (-बड्र्) *adj.* having chambers. कोठरीदार; **Chambers**. *n. pl.* a row of rooms. घर में कमरों की पंक्ति; **Chamber of Commerce** (assembly of trad-

ers.) व्यापारियों की सभा ।

Chamberlain–चेम्ब्‌ - बर्‌ - लिन्‌–*n.* a high officer in a king's court. राजमहल का एक प्रधान कर्मचारी; **Chamber counsellor**. वह वकील जो घर पर ही कानूनी सलाह देता है कचहरी में जाकर वकालत नहीं करता ; **Chambermaid** (an inn-keeper.) भठियारिन; **Chamber music** (music in a room of the house.) कमरे में गायन ; **Chamber-pot** (urinal.) पेशाब करने का बर्तन।

Chameleon–कीं-मीं' - लें - ऑन्‌ – *n.* a kind of long lizard, an inconstant person. गिरगिट, अस्थिर पुरुष ।

Chamfer – चैंम्‌'-फ़र्‌ – *v.t.* to bevel in a symmetrical manner. तिरछा करना ।

Chamois–शाम्‌'-वॉ–*n.* wild mountain antelope. जङ्गली पहाड़ी हरना; *n.* (शैम्‌'-मॉ) soft leather of chamois. साबर का चमड़ा ।

Champ–चैम्प्‌–*v. t.* to munch noisily. मुँह बोलाकर चबाना ।

Champagne–शैम्‌-पेन्‌' – *n.* a kind of French wine, an open country. फ्रान्स की शराब, खुला मैदान ।

Champion–चैम्‌ - पि - ऑन्‌ – *n.* one who fights for another or for a cause. वीर, योद्धा; **Championship** (-शिप्‌) *n.* अभिनेता का पद ।

Chance–चान्स्‌–*n.* fortune, opportunity, possibility, absence of design, course of events. (दैवयोग) भाग्य, अवसर, सम्भावना, क्रमहीनता, घटनाक्रम; *v. t.* & *i.* to happen. होना; **By chance** (accidentally.) संयोग से, अकस्मात्‌ ; **Chance comer** *n.* संयोग से आया हुआ अतिथि ; **On the chance** (on the possibility of.) सम्भावना से; **To stand a chance** (to hope.) आशा रखना; **To take one's chance** (to depend upon fate.) प्रारब्ध जाँचना ; **It chanced that** (it so happened.) ऐसा संयोग हुआ कि ।

Chancy–चान्‌'-सी – *adj.* uncertain. सन्दिग्ध।

Chancel–चान्‌'-सैंल्‌–*n.* the eastern part of a church. गिरजाघर का पूर्वी भाग ।

Chancellor–चैंन्‌'-सैंल्‌-लॉर्‌–*n.* state or law official, head of a university. प्रधान धर्माधिकारी, विश्वविद्यालय का प्रधान अध्यक्ष ; **Vice Chancellor**. विश्वविद्यालय का सहायक अध्यक्ष ; **Chancellorship** (-शिप्‌) *n.* ऐसी अध्यक्षता ।

Chancery–चान्‌'-सैंर्‌-ई – *n.* a high court of equity. प्रधान न्यायालय, दीवानी की बड़ी अदालत ।

Chandelier–शैंन्‌ - डें - लिअर्‌' – *n.* a branched support for several lights. दीपवृक्ष, झाड़फानूस ।



Chandelier.

Chandler – शैंन्ड्‌'-लर्‌-*n.* a dealer in candles, soap, paint &c. साबुन, मोमबत्ती इत्यादि का बेंचनेवाला ।

Change – चेंअन्ज्‌ – *n.* alteration, variety, small coins given for higher one. परिवर्तन, रूपान्तर, रेज़गी; *v. t.* & *i.* to resign, to get rid of, to get smaller coins, to go from one place to another. त्यागना,

छुटकारा पाना, रेज़गी का बदलना, स्थान परिवर्तन करना; To change colour (to turn pale.) पीला पड़ जाना; To change hands (to pass to different owner.) मालिक बदलना; To change places (to be different.) भिन्न होना; To change one's condition (to marry.) विवाह करना; To change one's mind (to adopt a new method.) नई विधि ग्रहण करना; To ring the changes (to finish in every way.) कार्यक्रम का सब प्रकार से अन्त करना।

Changeable–चेंअन्ज्'-ॲ-बल्–*adj.* variable, fickle, unstable. चपल, अधीर, अस्थिर; **Changeableness** (-नैस्) *n.* अस्थिरता।

Changeful–चेंअन्ज्'-फुल्–*adj.* fickle. चञ्चल।

Changeless–चेंअन्ज्'-लेस्–*adj.* without change, constant. बिना परिवर्तन का, स्थिर।

Changeling–चेंअन्ज्'-लिङ्ग्–*n.* a child substituted for another by stealth. कृत्रिम पुत्र।

Channel–चॅन्'-नॅल्–*n.* a bed of running water, passage for liquids, course, direction, agency. स्रोत, नाला, तरल पदार्थ का मार्ग, दिशा, द्वार; *v. t.* (*p.t.* **Channelled**) to form groove in. नाली बनाना।

Chant–चान्ट्–*n.* song. गीत, स्तोत्र, भजन; *v. t. & i.* to sing musically. गाना, स्तोत्र पढ़ना; **To chant horses** (to sell by deception.) धोखा देकर बेंचना; **Chanter** (-अर्) *n.* a singer. गानेवाला, *fem.* **Chantress** (-रेस्) गानेवाली।

Chanticleer–शान्ट्'-इ-क्लिअर्–*n.* a domestic cock. पलुआ मुर्गा।

Chanty–शान्'-टी-*n.* sailor's song in heaving. मल्लाहों का बोझ उठाने में शब्द।

Chaos–कें'-आस्–*n.* formless void, utter confusion. विप्लव, उपद्रव (गोलमाल); **Chaotic** (कें-आट्'-इक्) *adj.* confused. सङ्कीर्ण, अस्तव्यस्त।

Chap–चॅप्–*n.* a boy, a man, crack, the jaw. छोकरा, मनुष्य, दरार (फटन), जबड़ा; *pl.* jaws of beasts. पशुओं का दाढ़; *v. t. & i.* to crack. फटना, फाड़ना, तड़काना; **Fat chaps** (a man with plump cheeks.) फूले गालों का मनुष्य।

Chape–चेप्–*n.* metal cap of scabbard, sliding loop on belt. मियान की टोपी, पेटी में का बन्द।

Chapel–चॅप्'-ऍल्–*n.* a place of Christian worship. गिरजाघर।

Chaperon–शॅप्'-ऍर्-ऑन्–*n.* an elderly woman in charge of a girl. कुँवारी कन्या की रक्षा करनेवाली स्त्री।

Chaplain–चॅप्'-लिन्–*n.* a clergyman in charge of a chapel. पादड़ी, पुरोहित **Chaplainship** (-शिप्) *n.* पादड़ी का पद।

Chaplet–चॅप्'-लॅट्–*n.* a wreath of flowers, string of beads for counting prayers. फूलों की माला, जप करने की सुमिरनी।

Chapman–चॅप्'-मॅन्–*n.* a pedlar. घूम घूमकर बेंचनेवाला व्यापारी (फेरीवाला)।

Chappy–चॅप्'-पी-*adj.* full of clefts. दरारदार।

Chapter–चॅप्'-टर्–*n.* the main division of a book, body of clergymen. अध्याय (स्कन्ध, खण्ड), पादड़ियों का संघ।

Char–चार्–*v. t.* to burn to charcoal, to scorch. जलाकर कोयला बनाना, (झुल्साना) जलाना।

Character – कॅर्'-रॅक्-टर्–*n.* distinctive mark, characteristics, a person's handwriting, style, moral strength, reputation, an actor. प्रकृति (प्रभाव), लक्षण (स्वभाव), हस्ताक्षर, ढङ्ग, चरित्र, कीर्ति (यश), नाटक, का पात्र; **Characteristic** (-इस्ट्'-इक्) *adj.* typical. विलक्षण, विचित्र, अनोखा; **Characteristically** (-ऑल्-लि) *adj.* विलक्षण रूप से; **Characterize** (-आइज़्) *v. t.* to describe character of. गुण दोष बतलाना; **Characterization** (-ए'-शन्) *n.* नाम निर्धारण; **Characterless** (-लॅस्) *adj.* ordinary. सामान्य।

Charade–शॅर्-राड्'–*n.* a game of guessing word from written clue. शब्द अनुमान करने की पहेली।

Charcoal–चार्'-कोल्–*n.* black residue of burnt wood. लकड़ी का कोयला।

Charge–चार्ज्–*n.* load, right quantity put into a thing, expense, duty, care, custody, thing entrusted, accusation, signal for attack. भार, उचित परिमाण, व्यय, कर्तव्य, रक्षण (अधिकार), अभियोग, दोषारोपण; *v.t.* to load, to fill, to entrust, to command to do, to accuse, to attack. बारूद भरना, पूर्ण करना, सौंपना, आज्ञा देना, दोष लगाना, आक्रमण करना; **Chargeable** (-ऑ-बल्) *adj.* accusable to. आरोपण करने योग्य, दोषी ठहराने योग्य; **Charge sheet.** अपराधियों की नामावली तथा इनके पृथक् अपराधों के नाम।

Charger–चार्ज्'-अर्–*n.* the horse of a military officer, a large strong dish. फ़ौजी अफ़सर का घोड़ा, बड़ी रेकाबी।

Chariot-चार्'-रि-ऑट्-*n.* a triumphal car. रथ; **Charioteer** (-इअर्') *n.* driver of a chariot. सारथी।

Charitable – चॅर्'-रिट्- ऑ - बल्– *adj.* bountiful, liberal in giving to the poor. धर्मात्मा, दयालु (कृपालु); **Charitableness** (-नॅस्) *n.* उदारता; **Charitably** (-ऑब्-ली) *adv.* दयालुता से।

Charity– चॅर्-रिट्'-ई – *n.* kindness, natural affection, leniency, beneficence, alms. कृपा, करुणा, दयालुता (दया, दान), भिक्षा देना, उदारता; **Charity boy** (boy brought up in a poor house.) यतीम, अनाथ बालक।

Charivari–शॅर्'-इ-वॅर्'-इ – *n.* confused sound. शोरगुल।

Charlatan–शार्'-लॅ-टॅन्–*n.* an impostor in medicine, a quack. मिथ्या चिकित्सक (नीम हकीम), मायावी, छली; **Charlatanish** (-इश्) *adj.* छली, कपटी; **Charlatanism** (-इज़्म्) *n.* कपट व्यवहार; **Charlatanry** (-री) *adj.* imposture, quackery. छल, माया।

Charles's Wain – चार्ल्स्'- वेन् – *n.* Ursa Major. सप्तऋषि के तारे।

Charlock–चार्'-लॉक्–*n.* field mustard. सरसों।

Charm–चार्म्–*n.* spell, amulet, attractiveness. मन्त्र, रक्षायन्त्र, आकर्षण; *v. t.* to bewitch, to endow with magic power, to delight. मन्त्र से वश में करना, मोहित करना, प्रसन्न करना; **Charmer** (-अर्) *n.* a magician,

one who fascinates. जादूगर, ओझा, मोहित करनेवाला ; **Charming** (-इङ्ग्) *adj*. delightful. रमणीय (मनोहर, सुहावना) ; **Charmingly** (-ली) *adv*. मनोहरता से ।

Charnel house–चार्'-नैल्-हाउस् – *n*. a mortuary. कब्रिस्तान ।

Chart-चाइट्-*n*. a navigator's map, a tabulated sheet. समुद्र के आस पास के स्थान का नक़शा, कोष्ठक ; *v. t*. to make a chart. नक़शा बनाना ।

Charter – चाइट्'-अर्– *n*. a written grant of privileges and rights by a sovereign. शासनपत्र, राजपत्र ; *v. t*. to give privilege. अधिकार देना ; **Chartered** (-ड) *adj*. शासन पत्र प्राप्त ; **Charter-house** (alms-house in London.) लन्दन नगर का दानालय ; **Charter-party** (contract made between ship-owner and merchant.) जहाज़ के मालिक और व्यापारी का प्रतिज्ञा पत्र ।

Chartography – कार-टॉग्'-रॅफ़्-ई– *n*. art of map making. नकशा बनाने की विद्या ।

Charwoman – चार्' - वूम्-ऑन्–*n*. a woman hired for house-work. गृहस्थी की दासी ।

Chary–चैंअर्'-ई–*adj*. cautious, frugal. सावधान, मितव्ययी ।

Chase-चेंस्-*n*.an open park,a hunted animal, an iron frame holding composed type, part of a gun. अनुसरण, खुला बगीचा, शिकार, टाइप कसने का फ्रेम,बन्दूक का कुन्दा; *v.t*. to pursue, to engrave.अनुसरण करना,नकाशी करना

Chasm – कॅज़्म् – *n*. a gap, a cleft, void, difference of feeling. दरार (फांक), बिल (विवर), मनोवृत्ति का भेद ।

Chassis–शॅस्'-सें– *n*. base frame of gun-carriage or motor car. मोटर गाड़ी या तोप की गाड़ी के नीचे का ढाँचा ।

Chaste–चेंअस्ट – *adj*. virgin, pure, simple, unadorned. सती, पवित्र, सादा, आडंम्बर रहित ; **Chasten** (चेंस्'-ऍन्) *v. t*. to correct, to purify. परिशोधित करना, पवित्र करना ।

Chastity–चॅस्'-टिट्-ई– *n*. virginity, celibacy. सतीत्व, शुद्धता ।

Chastise–चॅस्-टाइज़्'–*v.t*. to punish, to beat. दण्ड देना, पीटना ; **Chastiser** (-अर्) *n*. one who punishes. दण्ड देनेवाला; **Chastisement** (-मॅन्ट) *n*.punishment,correction.दण्ड,ताड़न

Chat–चॅट–*v. i*. to indulge in easy talk. अलाप करना, बकवाद करना ; *n*. idle talk. वृथा की बकवाद, गप ; **Chatty** (-ई) *adj*. talkative. बकवादी ।

Chateau–शाट'-ट्र – *n*. (*pl*. **Chateaux**-ज़्) foreign country house. विदेश का घर ।

Chattels–चॅट्'-ट्ल्स्–*n*. *pl*. movable possession, goods. सामग्री (माल असबाब), चल संपत्ति ।

Chatter–चॅट्' - टर्–*n*. an idle talk. कड़ कड़ का शब्द, वृथा की बकवाद ; *v. i*. to utter short notes, to talk quickly. टेंटें करना, बकबक करना ; **Chatter box** (-बॉक्स) *n*.बड़ा बकवादी; **Chatter of teeth** (rattling of teeth.) दाँतों का कटकटाना ।

Chauffer–शो' - फ़र्– *n*. a portable furnace. अङ्गीठी ।

Chauffeur–शो - फ़र्' – *n*. a motor-

driver. मोटर हाँकनेवाला।

Cheap – चीप् – *adj.* inexpensive, worthless. अल्प मूल्य का, सस्ता ; **To hold cheap** (to discard.) तिरस्कार करना।

Cheapen–चीप्'-ऍन्–*v.t.* to lessen the value of. सस्ता करना, भाव कम करना।

Cheaply–चीप्' - ली–*adv.* at a small price. सस्ते दाम में ; **Cheapness** (चीप्'-नेंस) *n.* सस्तापन।

Cheat – चीट– *n.* trick a deceiver. छल (कपट), धूर्त (कपटी, ठग, वंचक); *v.t.* to deceive. धोखा देना, छल करना ; **Cheatery** (- अर्-ई) *n.* छल, कपट; **Cheating** (-इङ्ग) *adj.* deceptive, fraudulent. धोखा देनेवाला, ठगनेवाला।

Check – चेंक् – *n.* a sudden arrest, pause, rebuff, stoppage, cross-lined pattern. निग्रह, संयम, अवरोध, रुकावट, (शतरंज के खेल में) शह, चारखाना; *v. t.* to stop, to rebuke. रोकना, झिड़की देना ; **To keep in check** अधिकार में रखना।

Checkmate–चेक्'–मेंट – *n.* final defeat in chess. शतरंज के खेल की अंतिम चाल जिससे हार होती है।

Check-nut – चेक्'-नट–*n.* appliance for securing a nut. ढिबरी न गिर जाने का रुकाव ; **Check-string** *n.* a string for signalling the driver to stop. गाड़ी हांकनेवाले को रोकने का संकेत देने की रस्सी।

Cheek–चीक़–*n.* side of face below the eye. कपोल, गाल, **Cheek-bone** (bone of the cheek.) कपोलफलक ; **Cheek-tooth** (a molar tooth.) चव

Cheekiness – चीक्'-इ-नेंस–*adj.* cool confidence. शान्ति पूर्वक विश्वास।

Cheep – चीप् – *v. i.* to chirp like a young bird. चिड़िया के बच्चे की तरह चीं चीं करना।

Cheer – चिअर् – *n.* entertainment, shout of joy or applause. भोजन, हर्ष दिखलाने का शब्द, जयध्वनि; *v.t.* & *i.* to comfort, to gladden, to grow cheerful. ढाढ़स देना, प्रसन्न करना, प्रसन्न होना ; **What cheer ?** (how are you ?) आपकी कैसी तबियत है ; **To be of good cheer** (to be happy.) प्रसन्नवदन होना ; **To cheer up** (to make cheerful.) प्रसन्न करना।

Cheerful–चिअर्' - फ़ुल– *adj.* pleasant, hopeful, gay. प्रफुल्ल, प्रसन्न , आनन्दित ; **Cheerfully** (-फ़ुल-लि) *adv.* in good spirits. आनन्द से ; **Cheerfulness** (-नेंस) *n.* आनन्द ; **Cheeriness** (-इ-नेंस) *n.* आनन्दी अवस्था; **Cheerless**–चिअर्' - लेंस– *adj.* dull, miserable. मन्द, दुखी, उदास।

Cheerly–चिअर्'-ली – *adv.* heartily. सहृदय।

Cheery – चिअर्'-ई – *adj.* cheerful. प्रसन्न, मग्न।

Cheese – चीज़ – *n.* food made of pressed curds. दही से बनी हुई मिठाई, पनीर ; **Cheese monger**. पनीर बेचनेवाला ; **Cheese-plate** (the big button of a coat.) कोट का बड़ा बटन ; **Green cheese** (undried cheese.) बिना सुखाई पनीर; **The cheese** (correct thing.) सही बात।

Cheesy–चीज़' - ई– *adj.* tasting like cheese. पनीर के स्वाद की।

Chemical-कॅम्'-इक्-अॅल्-*adj.* relating

to chemistry. रसायनिक ; **Chemically** (-ली) *adv.* रसायनिक रीति से; **Chemicals** (-ल्स) *n. pl.* chemical preparations. रसायन के पदार्थ ।

Chemise–शें - मीज़्′ – *n.* a woman's under-garment. स्त्री की भीतरी पोशाक, कुर्ती ।

Chemist–कॅम्′ - इस्ट्– *n.* a dealer in medical drugs, one skilled in chemistry. दवा बेंचनेवाला , रसायन शास्त्र जाननेवाला ।

Chemistry–कॅम्′ - इस्ट् - री – *n.* the science of the elements and their laws. रसायन शास्त्र ।

Chenille–शॅन् - ईल्′ – *n.* a velvety cord used in dress. रेशमी डोरी ।

Cheque–चॅक्-*n.* a written order to banker for payment of money. हुन्डी (रुक्का), चेक् ; **Cheque-book** (book containing stamped blank cheques.) मोहर की हुई चेक् की पुस्तक ।

Chequer-चॅक्′-अर्–(**Checker**) *n.* a pattern made of squares. चारखाना; *v.t.* to mark with squares. रङ्ग बिरङ्गा चारखाना बनाना ।

Cherish–चॅर्′-रिश्–*v. t.* to foster, to nurse, to hold as dear. लालन पालन करना, पोषण करना, प्रिय मानना; **Cherisher** (-अर्) *n.* पोषक ; **Cherishing** (-इङ्ग्) *adj.* पोषण करने वाला ।

Cheroot–शॅर्-रूट्′–*n.* a kind of cigar. चुरुट ।

Cherry–चॅर्′-री–*n.* a small fruit. एक प्रकार का पहाड़ी वृक्ष, उसके फल ; **To make two bites at a cherry** (to stop enterprise.) काम रोकना ; **Cherry-ripe** (cry of fruit-seller.) मेवाफ़रोश की चिल्लाहट ।

Cherub–चॅर्′-रब्–*n.* (*pl.* **Cherubs, Cherubim**.) a celestial being, a beautiful child. दिव्य दूत, सुन्दर बालक ।

Chess – चॅस् – *n.* a game for two players played on board divided into sixty four squares with 32 pieces called 'chessmen.' चतुरंग, शतरंज का खेल जो ३२ मोहरों से खेला जाता है ; **Chessboard**. शतरञ्ज का तख्ता; **Chessmen** (pieces used in playing chess.) शतरञ्ज के मोहरे ।

Chessel–चॅस्′-सॅल्–*n.* a mould for cheese. पनीर बनाने का साँचा ।

Chest–चॅस्ट्–*n.* a large box, the thorax. सन्दूक (पिटारा), वक्षस्थल (छाती); **Chest protector** (inner garment of flannel.) फलालीन का भीतरी पोशाक ।

Chesterfield–चॅस्ट्′-अर् - फील्ड् – *n.* a kind of overcoat. एक प्रकार का ओवर कोट (लबादा) ।

Chestnut–चॅस्′-नट्–*n.* a tree or its edible fruit. अखरोट ।

Chevalier – शॅव्′ - ॲ - लिअर्′ – *n.* a knight. अश्वारोही, महावीर ।

Chevy–चॅव्′-वी–*n.* a kind of game. एक प्रकार का खेल ।

Chew–चू–*v. t.* & *i.* to grind with teeth. चबाना; **Chewer** (-अर्) *n.* one who ponders. चबानेवाला. विचारनेवाला; **Chewing gum** (-गम्) *n.* एक प्रकार की चूसने की मिठाई ; **To chew the cud** (to ruminate, to think over a subject.) पागुर करना, किसी विषय में मनन करना ।

Chiaroscuro – काइ′-ॲा-रॉ-स्क्यू′-रो– *n.* light and shade in painting. चित्र

में प्रकाश और अन्धकार का प्रदर्शन।

Chic-शीक्-*n.* skill, style. चातुरी,ढङ्ग।

Chicane–शैं'केन्'–*v. t.* to cheat. छल कपट करना; **Chicanery**(-री) *n.* trickery, pettifogging. वाक्छल, झूठ बोल कर ठगना, फेरवट की बातचीत।

Chick–चिक्–*n.* a young bird, the young of a hen. चिड़िया का बच्चा, मुर्गी का बच्चा; **To count one's chicks before they are hatched** (to build castles in the air.) मनके लड्डू खाना।

Chicken–चिक्'-एँन्–*n.* (*pl.* **Chicken** or **Chickens.**) the young one of a fowl, child. मुर्गी का बच्चा, लड़का; **Chicken-hearted** (timid, cowardly.) कातर,डरपोक; **Chicken-pox** (a pustulous disease.) मोतीझरा, छोटी चेचक।

Chide–चाइड्–*v. t.* (*p. t.* **Chid,** *p.p.* **Chidden** or **Chid.**) to make complaints, to rebuke, to scold. शिकायत करना, गाली देना, डाटना; **Chiding** (-इङ्ग) *adj.*scolding. गाली देता हुआ।

Chief–चीफ्-*n.* (*fem.* **Chiefess**-ऍस) ruler, leader. प्रधान पुरुष, नायक, मुखिया; *adj.* first in importance, prominent. प्रधान, मुख्य; **Chiefly** (-ली) *adv.* principally, above all. विशेष करके, सर्वोपरि।

Chieftain–चीफ्'-टेँन्–*n.* a captain, the head of a tribe. सेनापति, मुखिया।

Chiffon–शिफ्'-फ़ॉङ्ग'–*n.* thin gauze. बारीक कपड़ा; **Chiffonier** (-इअर्) *n.* an ornamental sideboard. सजावटी अलमारी।

Chilblain–चिल्'-ब्लेन्–*n.* an itching sore on hand or feet. हाथ या पैर की बेवाय।

Child–चाइल्ड्–*n.* (*pl.* **Children**–चिल्'-ड्रेन्)a new born human being, offspring. बालक (बच्चा), सन्तति; **Child-bed** (state of being with child.) प्रसव की अवस्था; **Child birth** (birth of a child.) प्रसव; **Childhood** (-हुड) *n.* शैशव, बाल्यावस्था, लड़कपन; **Childish** (-इश्) *adj.* बालक सदृश; **Childishness** *n.* लड़कपन; **Childless** (-लेँस्) *adj.* without progeny. निर्वंश, पुत्ररहित; **Childlike** (-लाइक्) *adj.* शिशुतुल्य, सरल; **Child's play** (easy work.) सरल कार्य; **Child wife** (a very young wife.) छोटी दुलहिन; **Second childhood** (dotage.) बुढ़ौती का सिड़ीपन; **With child** (pregnant.) गर्भिणी; **Burnt child dreads fire.** दूध का जला मट्ठा फूक कर पीता है।

Chiliad–किल्'-इ-ऑड्–*n.* a thousand years. एक हज़ार वर्ष।

Chill–चिल्–*n.* cold sensation, depressing influence. ठंढक, शैत्य, उत्साहहीनता; *adj.* feeling cold, unfeeling. शीतल (ठण्ढा), उदासीन; *v. t.* to make cold, to depress. शीतल करना, उत्साहहीन करना; **To cast a chill over** (to show indifference.) उदासीन भाव दिखलाना।

Chilli–चिल्'-ली–*n.* dried pod of capsicum. सूखा लाल मिरचा।

Chilly–चिल्'-ली–*adj.* feeling cold. स्पर्श में ठण्ढा।

Chime–चाइम्'–*v. t.* & *i.* to sound like a bell, to be in rhyme, to be in agreement. घण्टी के समान शब्द

करना, सुर में होना, एक लय में होना ; *n.* harmonious sound of a musical instrument or bell, edge of a cask. बाजे या घण्टी का सुरीला शब्द, पींपे का किनारा।

Chimera–काइ-मिअर्'-ऑं-*n.* a fanciful conception. असम्भव कल्पना।

Chimerical–काइ-मॆर्' - इक् - ऑल्–*adj.* purely imaginary. काल्पनिक, अमूलक।

Chimney–चिम्' - नी–*n.* passage for carrying off smoke, a glass tube over lamp-flame. धुआँकश, चिमनी; **Chimney-pot** (a tall hat.) अंग्रेज़ी ऊंची टोपी; **Chinney Sweep** (-er) *n.* धुआँकश साफ़ करनेवाला।

Chimpanzee–चिम् - पॅान् - ज़ी'–*n.* an African ape resembling man. अफ़्रीका का वनमानुष।

Chin-चिन्-*n.* the front part of lower jaw. चिबुक, ठुड्डी; **Chin-deep** (greatly involved.) अति लीन।

China–चाइ'-नॉ–*n.& adj.* a country in Asia, earthenware made of porcelain. चीन देश, चीनी मट्टी के बने बरतन।

Chine–चाइन्–*n.* an animal's backbone, ridge. जानवर की हड्डी, किनारा।

Chinese–चाइ'-नीज़्'–*adj.* inhabitant of China. चीन देशवासी का।

Chink–चिङ्क्–*n.* a crevice, a peephole, the sound of glasses or coins striking together. झरोखा, दरार, झनकार (खनकर)।

Chintz–चिन्ट्स्–*n.* printed cotton cloth. छींट।

Chip–चिप्–*n.* a thin piece cut off from wood or stone, slice of fruits, a wrestling trick. खण्ड, टुकड़ा, कतला, कुश्ती का दाँव ; *v. t.* (*p.t.* **Chipped**.) to cut, to break, or crack. काटना, कतरना, टुकड़ा करना; **Chip of the old block** (son resembling father.) पिता के समान पुत्र; **Dry as a chip** (tasteless.) बेस्वाद; **To chip in** (to interrupt.) विघ्न डालना।

Chippy–चिप्'-पी-*adj.* uninteresting. अरोचक।

Chips–चिप्स्–*n.* a ship's carpenter. जहाज़ का बढ़ई।

Chirography–काइ रॉग्' - रॅफ़् - ई–*n.* handwriting. हाथ की लिखावट।

Chiromancer–काइ' - रो-मॅान्-सर् – *n.* one skilled in chiromancy. हस्तरेखा की विद्या जाननेवाला।

Chiromancy–काइ'–रो-मॅान्-सी–*n.* palmistry. हस्त सामुद्रिक, हस्तरेखा की विद्या।

Chirp–चर्प्–*v. i.* to make short notes like a bird, to talk merrily, to speak feebly. पक्षी की तरह चू चू करना , आनन्द से बात करना, धीरे से बोलना ; *n.* note of birds. चिड़ियों का शब्द।

Chirpy–चर्'-पी–*adj.* lively, cheerful, chatty. आनन्दी, प्रसन्न, बकवादी।

Chirr–चॆर्–*v. t.* to make trilling sound. चर चर का शब्द करना।

Chisel–चिज़्'-ऍल् – *n.* a tool for shaping wood, stone or metal. रुखानी, छेनी, टाँकी; *v. t.* (*p. t.* **Chiselled**.) रुखानी से काटना; **Chiselled features** (clear-cut fea-



Chisel.

tures.) साफ़ सुथरी आकृति; **Cold chisel.** लोहा काटने की छेनी ।

Chit–चिट्–*n.* a young child, a young woman, a small piece of paper. छोटा बच्चा,युवा स्त्री,कागज़ का टुकड़ा

Chitchat–चिट्'-चैट्–*n.* small talk, gossip. गपशप, बातचीत ।

Chitty–चिट्'-टी– *adj.* like a babe. बच्चे के समान ।

Chivalric – शिव्' - ऑल् - रिक् – *adj.* worthy of a knight, courteous. वीर के योग्य, विनीत ।

Chivalrous – शिव्'- ऑल् - रस् – *adj.* characterized by knightly qualities. शूरवीर समान ; **Chivalrously** (-रस्-ली) *adv.* वीरता से ।

Chivalry–शिव्'-ऑल्-री–*n.* gallantry, a knight's characteristics. शूरता का गुण, वीरता ।

Chloride–क्लोर्'-आइड्-*n.*a compound of chlorine. क्लोरीन मिश्रित एक योग ।

Chlorine–क्लोर्'-इन्–*n.* an ill-smelling gas. साँस घुटानेवाली एक गैस ।

Chlorodyne–क्लोर्'- ओ-डाइन् – *n.* a narcotic and anodyne medicine. निद्राजनक एक पेन्टेट दवा ।

Chloroform–क्लोर्'-रो-फ़ॉर्म्–*n.* a liquid for producing insensibility. बेहोश करने की एक प्रसिद्ध दवा ।

Chock–चॉक्–*n.* a. block of wood. लकड़ी का टुकड़ा; *v. t.* to make fast with chock. ओट लगाना; *adv.* tightly. (कसी से) कसकर ।

Chocolate–चॉक्'-ओ-लेट् – *n.* a kind of cake. एक प्रकार की रोटी ।

Choice–चॉयस्–*n.* selection, alternative. चुनाव, छटाव; *adj.* exquisite, appropriate. उत्तम, पसन्द के लायक ; **Choicely** (-ली) *adv.* carefully. सावधानी से ; **To have no choice** (not to care.) परवाह न करना; **To take one's choice** (to decide, to settle.) निर्णय करना, स्थिर करना ।

Choir–क्वॉयर्– *n.* a band of singers or dancers. गानेवालों या नाचनेवालों की मण्डली; *v. i.* to sing in a choir. एक साथ मिलकर गाना ।

Choke–चोक्–*v. t.* & *i.* to suffocate, to become speechless, to stifle, to block up. गला घोंटना, गूंगा बनना, अवरोध करना, रोकना; *n.* middle part of artichoke. चोकन्दर का मध्य भाग ; **To choke down** (to swallow food.) भोजन निगलना;**To choke off** (to give up attempt.)प्रयत्न को छोड़ना

Choker–चोक्'-अर्–*n.* a high collar. (गला घोंटनेवाला) ऊंचा कॉलर ।

Choler–कॉल्'-अर् - *n.* bile, anger. पित्त, क्रोध ।

Cholera–कॉल्'-ऍर्–ऑ–*n.* a disease with diarrhœa and vomiting. विसूचिका, हैजा; **Choleraic** (-रॅ-इक्) *adj.* विसूचिका रोग सम्बन्धी ।

Choleric–कॉल्'-ऍर्-इक्-*adj.* obtained from bile, angry. पित्तज, क्रुद्ध, क्रोधी ।

Choose–चूज़्–*v.t.* & *i.* (*p.t.* **Chose.** चोज़ ; *p. p.* **Chosen.** चोज़न्) to select, to decide, to determine. चुन लेना, निर्णय करना; निश्चित करना; **Choosingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* चुन लेते हुए ; **To pick and choose** (to select carefully.) सावधानी से चुन लेना; **Chooser** (-अर्) *n.* one who selects. चुननेवाला ।

Chop–चॉप्–*n.* a small slice of meat, a crack or cleft. मांस का टुकड़ा, दरार, दरॉं ; *v. t.* (*p.t.* **Chopped.**) to cut by a blow, to mince. काटना, टुकड़ा करना; **Chop logic** (talkative argument.) कठहुज्जत; **Chopsticks** *n. pl.* चीन देश की भोजन करने में प्रयोग आनेवाली सलाइयां; **To chop back** (to change one's direction.) मार्ग पलटना; **To chop in** (to interrupt in talk.) बात काटना; **To chop up** (to cut in small pieces.) छोटे टुकड़े करना।

Chopper – चॉप्' - पर् – *n.* one who chops, a short axe. काटनेवाला, छोटी कुल्हाड़ी।

Choppy–चॉप्'-पी–*adj.* full of crags. दरारों से भरा हुआ।

Choral–कॉर्'-ऑल्–*adj.* sung in a choir. एक साथ गाने का।

Chord–कॉर्ड्– *n.* the string of a harp, a straight line joining the ends of an arc. तांत, ज्या (वृत्त खण्ड को जोड़नेवाली रेखा); **Chordal** (-ऑल्) *adj.* ज्या सदृश।

Chorion–कों'-रि-ऑन्–*n.* the outer membrane of fœtus. गर्भ की बाहरी झिल्ली।

Chorister – कॉर्'- रिस्ट-अर् – *n.* the member of a choir. गानेवाली मण्डली का सदस्य।

Choroid-कॉ'-रॉएड्-*n.* the membrane lining the eye-ball. आँख की पुतली की झिल्ली।

Chortle–कॉर्ट्'-ट्ल् *v. t.* to chuckle loudly. जोर से शब्द करना।

Chorus-कोर्'-अस्-*n.* a band of dancers or singers, refrain of song. गायकगण (गानेवालों की मण्डली), टेक (गीत का वह भाग जिसको सब मिलकर गावें); **In chorus** (all speaking together.) सब लोगों का एक साथ बोलना।

Chough–चफ्–*n.* red-legged crow. लाल पैर का कौवा।

Chrism-क्रिज़्म्-*n.* an unguent. मल्हम।

Christ–क्राइस्ट – *n.* The Anointed One, Saviour. ईसमसी ; **Christen** (क्रिस्'-सेन्) *v. t.* to administer baptism. नामकरण करना, बपतिस्मा करना ; **Christendom** (-डॉम्) *n.* the whole body of Christians. किरिस्तानी देश।

Christian–क्रिस्ट'-यॅन्–*n.* & *adj.* a believer in the religion of Christ. किरिस्तान, क्रिस्तानी; **Christian name** (name given at baptism.) बपतिस्मा के समय का धरा हुआ नाम ; **Christianize** (- आइज़्) *v. t.* to convert to Christianity. किरिस्तान बनाना; **Christianity** (-ऑन्'-इट-ई) *n.* the Christian religion. ईसमसी का मत।

Christmas-क्रिस्'-मॅस्-*n.* the festival of Christ's birth, falling on the 25th of December. ईसा का जन्मदिन, बड़ा दिन २५ दिसम्बर।

Chromatic–क्रोम्-ऍट्'-इक्–*adj.* full of bright colour. चमकीले रङ्ग से पूर्ण; **Chromatics** (-स्) *n.* the science of colours. रङ्ग की विद्या।

Chrome-क्रोम्-*n.* a yellow pigment. पीला रङ्ग।

Chromium–क्रोम्'-इ-अम्–*n.* a metallic element. एक धातु विशेष।

Chromograph–क्रोम्'-ओ-ग्रॅफ्–*n.* &

v. t. reproduction in colours. रङ्गीन चित्र छापना, वह क्रिया।

Chromo-lithograph-क्रोम्´-ओ-लिथ्´-ओ-ग्रैफ्-*n.* the coloured pictures printed from stone. पत्थर पर से छापा हुआ रङ्गीन चित्र।

Chronic-क्रॉन्´-इक्- *adj.* lingering, lasting, constitutional. दीर्घस्थायी, पुराना, स्वाभाविक।

Chronicle-क्रॉन्´-इ-क्ल्-*n.* narrative, account. इतिहास (वृत्तान्त), वर्णन; **Chronicler** (-इक्-लर्) *n.* कथा लेखक।

Chronograph-क्रॉन्´-ओ-ग्रैफ्-*n.* an instrument to record time with accuracy. सूक्ष्म रीति से समय नापने का यन्त्र।

Chronologer-क्रॉन्-ऑल्´-ऑज्-अर्-*n.* one versed in chronology. काल निर्णय विद्या में निपुण।

Chronological - क्रॉन्-ऑल्-ऑज्´-इक्-ऑल्-*adj.* according to the order of time. कालानुसारी; **Chronologically** (-क्लि) *adv.* कालानुसार।

Chronologist-क्रॉन्-ऑल्-ऑज्´-जिस्ट्-*n.* one versed in chronology. घटनाओं को क्रम से लिखनेवाला।

Chronology-क्रान्-ऑल्´-ऑ-जी-*n.* the science of computing dates. काल निर्णय विद्या।

Chronometer-क्रान्--ऑम्´-एँट्-अर्-*n.* a time-piece or watch for recording exact time. ठीक ठीक समय बतलानेवाली एक प्रकार की घड़ी।

Chronometry-क्रान्-ऑम्´-एँट्-री-*n.* scientific time measurement. वैज्ञानिक रीति से समय की नाप।

Chrysalis - क्रिस्´-ऑ-लिस् - *n.* (*pl.* Chrysalises, Chrysalides.) form taken by insect between larva and butterfly. तितली, कीड़े इत्यादि की पर निकलने से पहिले की अवस्था।

Chrysanthemum-क्रिस्-ऑन्´-थँ-मम्-*n.* a kind of flower. गुलदाउदी।


Chrysolite-क्रिस्´-ऑ-लाइट्-*n.* a kind of green gem. चन्द्रकान्त, एक प्रकार का हरा रत्न।

Chrysology-क्रिस्-ऑल्´-ऑज्-ई-*n.* the branch of political economy which treats of production of wealth. अर्थशास्त्र का वह अङ्ग जिसमें धनोपार्जन का वर्णन होता है

Chub-चब्-*n.* a coarse-fleshed river fish. मोटे चमड़े की नदी की एक मछली।

Chubby-चब्´-बी - *adj.* short and thick, plump. नाटा, मोटा, फूले चेहरे वाला, गलफुल्ला।

Chuck-चक्-*n.* the call of a fowl, term of endearment, jerk under the chin, a contrivance in lathe. मुरगे की बोली, प्यार का नाम, दाढ़ी पर झटका देना, खरादने के यन्त्र का भाग; *v. i.* to call as a hen. मुरगी का शब्द करना; **To chuck away** (to waste.) नाश करना; **To chuck out** (to turn out.) निकाल देना; **To chuck up** (to abandon.) त्यागना; **To chuck up the sponge** (to finish up struggle.) झगड़ा छोड़ना


Chuck

Chucker-out-चक्´-अर्-आउट्´ - *n.* a burly attendant at a theatre. नाटक में कोलाहल शान्त करने वाला पहरेदार।

Chuckle–चक्-कुल्– *v. i.* to laugh with closed mouth, to show signs of glee. मुह बन्द करके हँसना, प्रसन्नता के चिह्न दिखलाना।

Chucklehead–चक्'-कुल्-हैंड् – *n.* a stupid fellow. मूर्ख मनुष्य।

Chum–चम्–*n.* a familiar friend. लँगोटिया यार, पुराना मित्र; *v. i.* to mess with another. एक साथ मिल कर भोजन करना।

Chump–चम्प्–*n.* a heavy piece of wood, the thick end. लकड़ी का कुन्दा, मोटा किनारा।

Church–चर्च् – *n.* a building for public Christian worship, an organized Christian society. गिरजाघर, धार्मिक संस्था; *v. t.* to have thanks offered for delivery of a child. पुत्र उत्पन्न होने पर गिरजाघर में जाकर ईश्वर को धन्यवाद देना; **Church mouse** (a poor man.) दरिद्र मनुष्य; **Churchyard** (ground adjoining a church in which the dead are buried.) गिरजाघर के मैदान में का क़ब्रिस्तान।

Churl–चर्ल्–*n.* an ill-bred fellow. देहाती, गंवार मनुष्य; **Churlish** (-इश्) *adj.* uncivil, ill-natured. अशिष्ट, दुष्ट; **Churlishly** (-इश्'-ली) *adv.* in an uncivil manner. असभ्यता से; **Churlishness** *n.* गँवारपन।

Churn – चर्न् – *n.* butter-making machine. मक्खन बनाने का यन्त्र; *v. t.* to agitate in a churn. दूध या दही को मथना; **Churn-staff** (staff used in churning.) मथानी।

Chute–शूट् – *n.* smooth rapid descent of water. वेग से जल का गिरना।

Chyle–काइल्–*n.* a milky fluid separated in the small intestines. छोटी आँतों में से पृथक् होनेवाला माड़ के समान एक रस।

Chyme– काइम्– *n.* food converted into acid pulp. भोजन का पेट में अम्ल होना

Cicatrice – सिक्'-ऑ-ट्रिस्– **Cicatrix**- (-ऍ'-ट्रिक्स्) – *ns.* scar of healed wound. घाव का पूजजाने पर का चिह्न।

Cicatrize–सिक्' - ऑ - ट्राइज़्– *v. t.* to mark with scars, to heal over. चिह्नित करना, घाव का पूजना।

Cider–साइ'-डर्–*n.* fermented drink from apple juice. सेव की शराब।

Cigar–सिग्-ऑर्'–*n.* a roll of tobacco leaf for smoking. चुरुट, बीड़ी; **Cigar-shaped**. बेलन के आकार का।

Cigarette–सिग्-ऑर्'-ऍट्'–*n.* tobacco rolled in paper for smoking. कागज में लपेटी हुई तमाखू, सिगरेट।

Cilia–सिल्'-इ-ऑ–*n. pl.* eye lashes. बरौनी; **Ciliary** (-यॅर्-ई) *adj.* pertaining to the eye-lids. बरौनी सम्बन्धी।

Cilice–साइल्'-इस्– *n.* a garment of hair-cloth. रोवें का बना वस्त्र।

Cimmerian–सिम् - मिअर्'-इ-ऑन्–*adj.* gloomy. अन्धकारमय।

Cinchona–सिन्-को'नॉ-*n.* a tree from the bark of which quinine is extracted. कुनीन का पेड़।

Cincture – सिङ्क् - ट्यूर्– *n.* girdle, border, belt. मेखला, किनारा, कमरपेटी।

Cinders–सिन्' - डर्स् – *n. pl.* ashes. भस्म; **Cindery** (-डर्-ई) *adj.* अङ्गार पूर्ण।

Cinema–सिन्' -ऍ-मॉ–*n.* a theatre of moving pictures. चलते फिरते चित्र,

का प्रदर्शन ; **Cinematograph** (-मौंट्' ओ-ग्रॉफ्) *n.* apparatus for producing motion-pictures. गतिमान् चित्र उतारने का यन्त्र ।

Cinerary-सिन्'-एर्-ऑर्'-ई- *adj.* pertaining to ashes. भस्म सम्बन्धी ।

Cinereous - सिन्-इअर्' - इ-अस्- *adj.* ashen-grey. राख के समान भूरा ।

Cingalese-सिङ्ग्-गीं-लीज़्'-*adj.*native or language of Ceylon. सीलोन के निवासी अथवा उनकी भाषा ।

Cinnabar-सिन' - नीं-बॉर्- *n.* vermilion. सिंगरिफ़, सिन्दूर ।

Cinnamon - सिन्' - नीं-मॉन्- *n.* the aromatic inner bark of a tree. दालचीनी, दारुसिता ।

Cinque-सिङ्क्-*n.* the five at dice or cards. पासे या ताश की पञ्जी; **Cinquefoil** (plant with five leaves.) पञ्चपतिया पौधा ।

Cipher-(**Cypher**) साइ'-फ़र्-*n.* the symbol (०), person of no importance, secret writing. शून्य (बिन्दु), सामान्य मनुष्य, गुप्त लिखावट ; *v. t.* to calculate. गणना करना, गणित करना ।

Circa-सर्'-कौं-*prep.* about. लगभग ।

Circle-सर्' - कल्-*n.* a round body, orbit of planets, ring, period, cycle, complete series, sphere, number of persons connected together. वृत्त, घेरा, वर्तुल, क्रम, मण्डल, पूर्णचक्र, गोल, मण्डली ; *v. t.* to encompass, to move round. प्रदक्षिणा करना, घेरना, चक्कर लगाना ।

Circlet-सर्क्'-लेंट्-*n.* a small circle. छोटा वृत्त ।

Circuit-सर्'-किट्-*n.* the line enclosing a circle, roundabout journey, path of current. चक्कर,परिभ्रमण, बिजली की धारा का मण्डल ; **Short circuit.** बिजली की धारा की रुकावट ।

Circuitous-सर्-क्यू'-इट्-अस्- *adj.* indirect, roundabout. कुटिल गतिवाला, चक्करदार ।

Circular-सर्'-क्यु - लॉर्- *adj.* in the shape of a circle, round, a business letter. वर्तुलाकार, चक्राकार (घूमता हुआ), विज्ञापन ; **Circularly** (-ली) *adv.* चक्रवत् ; **Circularize** (-आइज़्) *v. t.* to popularize by circulars. विज्ञापन देकर प्रचार करना ।

Circularity- सर्-क्यु-लॅर्'-रिं - टी - *n.* rotundity. गोलाई ।

Circulate-सर्' - क्यु-लेंट्- *v. i.* to go round, to move round. घूमना, चक्कर खाना ; *v. t.* to spread, to give currency to. घुमाना, फैलाना, प्रचार करना ; **Circulating** (-इङ्ग) *adj.* moving in a circle. चक्कर खाता हुआ;**Circulating library.** पुस्तकालय जहां की पुस्तकें पढ़ने के लिये बाहर जाती हैं ।

Circulation-सर्-क्यु-लें'-शॉन्-*n.*movement to and fro, a currency. परिभ्रमण (प्रचार), (चक्कर, घुमाव) ।

Circulative-सर्-क्यु-लेंट्'-इव्-*adj.*producing circulation. चक्कर देनेवाली ।

Circulator-सर्-क्यु - लें'-टॉर्- *n.* one who spreads news. खबर फैलानेवाला ; **Circulatory** (-टॉर्-ई) *adj.* circulating. परिभ्रमण सम्बन्धी ।

Circum-सर्'-कम्-*pref.* in the sense of 'round, about.' 'चौओर, चारो ओर' अर्थ का उपसर्ग ।

Circumambient-सर् - कम् - ऑम्'-बि-

एँन्ट – *adj*. surrounding. चारो ओर, घेरे हुए।

Circumambulate–सर्-कम्-ऍम्'-ब्यु-लेंट्–*v.t.* to walk around. परिक्रमा करना, परिभ्रमण करना; **Circumambulation** (-लें'-शान्) *n.* act of walking around. प्रदक्षिणा, घुमान; **Circumambulatory** (-लें'-टॉ-री) *adj.* circular. चक्करदार।

Circumbendibus–सर्-कम्-बैंन्' - डि-बस्–*n.* a roundabout method. फेर-बट की विधि।

Circumcise–सर्'-कम्- साइज़् – *n.* the cutting off of foreskin. मुसलमानी करना, लिंग की अग्र त्वचा को काट देना; **Circumcision** (-सिज़्' - ऑन्) *n.* मुसलमानी करने की विधि।

Circumference–सर्-कम्'-फ़र्-एँन्स्–*n.* the line encompassing a circle. परिधि, मण्डल, गिरदा; **Circumferential** (-एँन्'-शॅल्) *adj.* परिधि सम्बन्धी।

Circumfluence–सर्-कम्'-फ़्लु-ऍन्स्–*n.* flowing round on all sides. चौफेर का बहाव।

Circumfluent–सर्-कम्'-फ़्लु-ऍन्ट्-*adj.* flowing round. चौफेर बहने वाला।

Circumfluous–सर्-कम्'-फ़्लु-अस्-*adj.* surrounded by water. जल से घिरा हुआ।

Circumlocution-सर्'-कम्-लो-क्यू'शान्–*n.* using many words for one, roundabout expression. वक्रोक्ति, फेरबट की बातचीत; **Circumlocutory** (-लॉक्'-यू-टॉर्-ई) *adj.* वक्रोक्ति रूप का।

Circumnavigate– सर् - कम्-नॅव्'-इग्-एट्–*v. t.* to sail round the world. जहाज़ पर सवार होकर संसार के चारो ओर भ्रमण करना

Circumoral–सर्-कम्-ओर्'- ऑल् –*adj.* placed round mouth. मुँह के चारो ओर रक्खा हुआ।

Circumscribe–सर्'-कम्-स्काइब् – *v. t.* to draw line round, to confine, to restrict. घेरना, परिमित करना, सिकोड़ना।

Circumscription–सर् - कम् - स्क्रिप्'-शन्– *n.* marking of limits, definition. सीमा, परिभाषा; **Circumscriptive** (-स्क्रिप्ट्'-इव्) *adj.* limiting. सीमा निर्धारित करनेवाला।

Circumsolar–सर्'-कम्-सोल्'-ऑर्-*adj.* revolving round the sun. सूर्य के चारो ओर घूमने वाला।

Circumspect– सर्'-कम् - स्पॅक्ट – *adj.* cautious, wary. सावधान, अप्रमत्त; **Circumspection** (-स्पॅक्'-शान्) *n.* a careful consideration beforehand. सावधानी; **Circumspectively** (-इव्-ली) *adv.* सावधानी से।

Circumstance–सर् - कम् - स्टॅन्स्– *n.* incident, occurrence, (*pl.*) state of things, event. घटना, दशा (अवस्था), (ब०व०) स्थिति, अवस्था।

Circumstantial–सर् - कम्-स्टॅन्'शॅल्-*adj.* incidental, detailed, not essential. अचानक, ब्योरेवार, विस्तीर्ण, अप्रत्यक्ष (प्रमाण)।

Circumvent–सर्-कम्-वॅन्ट्' – *v. t.* to entrap, to cheat. फँसाना, धोखा देना; **Circumvention**(-वॅन्'-शॉन्)*n.*ठगी।

Circumvolution–सर्- कम्- वो - ल्यू'-शॉन्–*n.* a rolling round, a coil. चक्कर, घुमाव।

Circus-सर्' - कस् - *n.* a travelling show of horses, riders &c., a circular space. सरकस, खेल का मैदान।

Cirrus-सिर्'-रस्-*n.* (*pl.* **Cirri**)form of cloud like locks of hair. बालों के गुच्छे की आकृति का बादल।

Cistern-सिस्' - टर्न् - *n.* a reservoir for storing water. जलकुण्ड, जलाशय, हौज, पानी का हौज़।

Citadel-सिट्'-ऑ-डॅल्-*n.* a fortress. दुर्ग, क़िला।

Citable-साइट'-ऑ-बल्- *adj.* able to be quoted. दृष्टान्त देने योग्य।

Citation-साइ-टे'-शॉन्-*n.* quotation. दृष्टान्त, प्रमाण।

Cite-साइट्-*v. t.* to quote, to summon, to mention as example. प्रमाण देना, बुलाना, दृष्टान्त देना।

Citizen-सिट्'-इ- ज़्न्- *n.* townsman, inhabitant of a state. पुरवासी, किसी देश का निवासी; **Citizenship** (-शिप्) *n.* प्रजा का अधिकार, पौरत्व।

Citric-सिट्'-रिक्-*adj.* pertaining to citron. नीबू की खटाई का।

Citrine - सिट्' - रिन् - *adj.* lemon-coloured. निबुअई।

Citron-सिट्'-रॉन्-*n.* a kind of large lemon. चभीरी नीबू, चकोतरा।

City-सिट्'-ई-*n.* (*pl.* **Cities.**) an important town. नगर, शहर; **City of God** (heaven.) स्वर्ग।

Civic-सिव्'-इक्-*adj.* proper to citizens, of city, municipal, civil. नगर सम्बन्धी, नागरिक, दीवानी; **Civic Guard** अशान्ति के समय नगर की रक्षा करने वाला सिपाही; **Civics** (-इक्स्) *n.* the science of citizenship. नागरिक अधिकार की विद्या।

Civil-सिव्'-इल्-*adj.* becoming a citizen, political, polite, not criminal. नागरिक, राजनैतिक, सभ्य, (सुशील), दीवानी (फ़ौजदारी नहीं); **Civil law** (law of the state of a country.) जाब्ता दीवानी; **Civil list** (list of officers.) हाकिमों की फ़िहरिस्त (सूची); **Civilian** (-इल्-यन्) *n.* a civil officer. दीवानी का हाकिम; **Civility** (-इल् इट्-ई) *n.* politeness. आदर, सत्कार, भलमन्सी।

Civilization - सिव्' - इल् - आइज़् - ए' शॉन्-*n.* act of civilizing. सभ्यता, शिष्टता।

Civilize-सिव्'-इल्-आइज़्-*v.t.* to bring out of barbarism, to enlighten, to refine. शिष्ट करना (शिष्टाचार सिखलाना),सभ्य बनाना, सुधारना; **Civilized** (-इ) *adj.* refined, enlightened. शिष्ट (विनीत), सभ्य।

Clack-क्लॅक्-*n.* & *v. i.* a clattering noise, to make a sudden sharp noise. कर्कश शब्द, खड़खड़ाहट, शोर करना।

Clad-क्लॅड्-*p. t.* & *p.p.* of **Clothe.**

Claim-क्लेम्- *v. t.* to demand as one's due, to profess to be. मांगना, दृढ़तापूर्वक कहना; *n.* right, title. अधिकार, स्वत्व; **Claimant** (क्लेम्'-ऑन्ट्) *n.* प्रार्थी, अर्थी; **Claimable** (-ऑ-बल्) *adj.* याचना के योग्य।

Clairvoyance-क्लॅअर्-वॉय्' - ऑन्स्-*n.* the faculty of seeing mentally what is happening elsewhere. आन्तरिक बल से दूर की घटना को देखना; **Clairvoyant** (-ऑन्ट) *n.* ऐसी शक्ति वाला मनुष्य।

Clamant–क्लॅम्' - ॲन्ट – *adj.* noisy, urgent. शब्द करनेवाला, आवश्यक।

Clamber–क्लॅम्'-बर्–*v. i.* to climb with difficulty. कठिनता से चढ़ना।

Clamminess–*n.* see **Clammy**.

Clammy–क्लॅम्' - मी – *adj.* moist, sticky. तर, लसलसी या चिपचिपी।

Clamour–क्लॅम्'-ऑर्–*n.* shout, demand, complaint. रटन, चिल्लाहट, मांग, शिकायत; **To clamour down** (to silence.) चुप करना।

Clamorous – क्लॅम्'-ऑर् - अस् – *adj.* noisy. चिल्लानेवाला; **Clamorously** (-अस्-ली) *adv.* in a noisy manner. चिल्लाते हुए, शोर करते हुए।

Clamp–क्लॅम्प्–*n.* a clasp or band used to hold things together. पाट्ठू, कोनिया ; *v. t.* to strengthen with clamps. पाट्ठू जड़ कर पुष्ट करना।



Clamp.

Clan–क्लॅन्–*n.* tribe, family. जाति (गोत्र), वंश।

Clandestine–क्लॅन् - डॅस्' - टिन् – *adj.* hidden, secret. (रहस्य), गूढ़, गुप्त; **Clandestinely** (-ली) *adv.* गुप्त रीति से।

Clang–क्लॅङ्ग्–*n.* a loud metallic sound. झन्झन् का शब्द; *v. t.* to make a loud metallic sound. ठन्ठन् शब्द करना।

Clangour–क्लॅङ्ग्'-गॉर्–*n.* succession of clanging noise. झनझनाहट का निरन्तर शब्द।

Clank–क्लॅङ्क्–*n.* a rattling sound with a clank. ऐसा शब्द होना।

Clannish–क्लॅन्'-निश्–*adj.* of a clan. जाति का।

Clanship–क्लॅन्'-शिप् – *n.* state of union in a clan. गोत्रत्व, सजातीयता;

Clansman–क्लॅन्ज़्'-मॅन्-*n.* the member of a clan. सजातीय।

Clap–क्लॅप्–*n.* slap, pat. थप्पड़, थपथपाहट; *v. t.* to applaud by striking palms of hand together, to flap. ताली बजाना, फड़फड़ाना; **To clap bargain** (to make bargain hastily.) जल्दी से लाभ उठाना।

Clapper-क्लॅप्'-पर्-*n.* one who claps, tongue of bell. ताली बजानेवाला, घण्टे का लटकन।

Clapperclaw–क्लॅप्'-पर्-क्लॉ–*v. t.* to scratch and hit, to scold. बकोटना, गाली देना।

Claptrap–क्लॅट्'-ट्रॅप्–*n.* language to catch applause. प्रसन्न करने के लिये शब्दों का प्रयोग।

Clarence-क्लॅर्'-रॅन्स्-*n.* a four wheeled close carriage. चौपहिया बन्द गाड़ी।

Claret–क्लॅर्' - रॅट्–*n.* a kind of French wine. एक प्रकार की फ्रान्स देश की मदिरा।

Clarification *n.* see **Clarify**.

Clarify–क्लॅर्'-रि-फ़ाइ–*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Clarified**.) to make clear, to free from impurities. शुद्ध करना (स्वच्छ करना), मैल हटाना; **Clarification** (-रिफ़्-इक़्-ए'-शॉन्) *n.* method of cleansing. मैल साफ़ करने की विधि।

Clarionet – क्लॅर्'-रि - ऑ - नॅट्–*n.* a wooden single-reed musical instrument. शहनाई, अलगोजा।



Clarionet.

Clarity–क्लॅ-रिट्' - ई–*n.* clearness. सफ़ाई, शुद्धता ।

Clash–क्लॅश्–*v. i.* & *t.* to make loud broken sound, to encounter, to conflict. टकराने का शब्द करना, झगड़ना, विरोध करना; *n.* encounter, disagreement. मुठभेड़, विरोध; **Clashing** (-इङ्ग) *adj.* opposing. विरोधी ।

Clasp–क्लॅस्प्–*n.* a contrivance for fastening, embrace, reach. अकुरा (बक्लस), आलिङ्गन, पहुंच; *v. t.* to fasten, to encircle, to embrace. बाँधना, लपेटना,आलिङ्गन करना; **To clasp hands** (to shake hands.) हाथ मिलाना ।

Class–क्लास्–*n.* rank or order of society, scientific division, set of students taught together. वर्ग, पद, श्रेणी, या जाति, छात्रसमूह (कक्षा); *v. t.* to place in a class. किसी श्रेणी या कक्षा में रखना; **Class-book** (book taught in a class.) कक्षा में पढ़ाई जानेवाली पुस्तक;**Class-fellow, Class-mate.** सहपाठी; **Of the same class** एकवर्गी; **To take a class** (to gain honours.) उत्तम श्रेणी में आना ।

Classic–क्लॅस्'-सिक्–*adj.* of the first class, of standard excellence (*pl.*) classical studies. प्रथम श्रेणी का, सर्वोत्तम, उच्चकोटि के ग्रन्थों का (अध्ययन); **Classical** (-ऑल्) *adj.* of standard literature. उच्च कोटि के साहित्य ; **Classicalism** (-इज़्म्) *n.* classical scholarship. शास्त्रीय पांडित्य; **Classicize** (-सॅ-साइज़्) *v. t.* to imitate the classic style. उच्चकोटि के साहित्य का अनुकरण करना ।

Classifiable–क्लॅस्'-सिफ्-आइ-ऑ-ब्ल् – *adj.* capable of being classed. एक श्रेणी में रखने योग्य ।

Classification–क्लॅस्'-सिफ्-इक्-ए'-शन्-*n.* arrangement, system. क्रम श्रेणी ।

Classify–क्लॅस्'-इफ्-आइ–*v. t.* (*p. t.* **Classified**.) to arrange in classes. क्रमबद्ध करना, श्रेणी में रखना ।

Clatter–क्लॅट्'-टर्–*v.i.* &. *t.* to make confused rattling sound, to talk idly. झनझनाना, बक बक करना; *n.* noisy talk. बकबक; **To clatter down** (to fall with a clattering noise.) धड़धड़ा कर गिरना ।

Clause–क्लॉज़्–*n.*subordinate words of a sentence, single proviso in law. (पद) वाक्यखण्ड, कानून की धारा ।

Clavate–क्लॅ-वेट्–*adj.* club-shaped. मुद्गर की आकृति का; also **Claviform**-क्लॅव्-इ-फार्म् ।

Clavicle–क्लॅव्'-इ-कल्–*n.* the collar bone. हँसुली, हंसिया ; **Clavicular** (-इक्'-यु-लॅर्) *adj.* हँसिया का ।

Claviform–क्लॅव्'-इ-फार्म्–*adj.* club-shaped. गदा के आकार का ।

Claw–क्ला–*n.* thorny nail of beast. नख, चङ्गुल, पञ्जा; *v. t.* to scratch or seize by claw. पञ्जे से खरोचना या पकड़ना; **Claw-hammer** (hammer to draw out nails.) काँटी निकालने का हथौड़ा ।

Clay–क्ले– *n.* tenacious earth, human body. भौतिक देह, मिट्टी, कीचड़; **Clay-pipe**(tobacco-pipe of clay.) हुक्का, गौरैया ; **Cold as clay** (dead, lifeless.) मृतक, निर्जीव; **Clayey** (-ई) *adj.* मिट्टीदार, मृत्तिका के सदृश ।

Claymore–क्ले'-मोर्–*n.* a two edged

broad sword. दो रुखी चौड़ी तलवार।

Clean–क्लीन्– *adj.* free from dirt, clear, pure, guiltless, holy. निर्दोष, शुद्ध, निर्मल, पवित्र ; *adv.* quite, entirely. पूर्णरूप से, बिलकुल ; *v. t.* to purify, to cleanse. पवित्र करना, शुद्ध करना; **Clean-fingered** (without taking bribe.) बिना घूस लिये;**Clean-handed** (innocent.) निर्दोष ; **To clean out** (to vacate.) खाली करना; **To show clean pair of heels** (to run away quickly.) सरपट भागना ; **Cleanable** (-ऑं-ब्ल) *adj.* शुद्ध करने योग्य ; **Cleaner** (-अर्) *n.* साफ़ करने वाला ; **Cleaning** (-इङ्ग्) *n.* शोधन ; **Cleanly** (-ली) *adj.* habitually clean. अभ्यास से स्वच्छ ; **Cleanly** (-ली) *adv.* in a clean way. शुद्धता से।

Cleanse–क्लेंन्ज़–*v. t.* to make clean, to purify. शुद्ध करना, (निर्मल करना) पवित्र करना ; **Cleanser** (-अर्) *n.* one who cleanses, a detergent. शोधक, शुद्ध करनेवाला।

Clear–क्लिअर्–*adj.* & *adv.* unclouded, lustrous, distinct, intelligible, manifest, decided, free, unobstructed,quite. मेघहीन,विमल,चमकीला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, उज्वल, निश्चित, अवरोध रहित, निःसन्देह (बिलकुल) ; *v. t.* to make bright, to remove, to disappear. शुद्ध करना, हटाना, मुक्त करना : **Clear cut** (clearly outlined.) साफ़ सुथरा बना हुआ; **Clear from debt** (free from debt.) ऋणमुक्त ; **The road is clear** (there is no one on the road.) सड़क पर कोई नहीं है; **To clear away** (to remove.) हटाना ; **To clear land** (to cut down trees.) जमीन के पेड़ काट देना ; **To clear one's throat** (*i. e.* by coughing.) खाँसना ; **To clear out** (to vacate.) खाली करना ; **To clear up** (to purify, to put things tidy.) स्वच्छ करना, सजाना।

Clearance–क्लिअर्'-ऑन्स्– *n.* making clear, removal of obstruction, a certificate of clearing a ship at customs house. सफ़ाई, रुकावट, हटाना, जहाज खाली होने का प्रमाणपत्र;**Clearing**-(-इङ्ग्) *n.* सफ़ाई; **Clearness** (नैस्) *n.* निर्मलता, शुद्धता।

Cleat–क्लीट्–*n.* a wedge or piece of wood for fastening. फन्नी, डट्टा।

Cleavable–क्लीव्'-ऑं-ब्ल – *adj.* that may be broken up or split. अलगाने या काटने योग्य।

Cleave–क्लीव्–*v. t.* (*p. t.* **Clove** or **Cleft**. *p.p.* **Cloven** or **Cleft**.) to split, to break to chop.फाड़ना,तोड़ना चीरना ; *v. i.* to stick fast. चपकना।

Cleft–क्लेफ़्ट– *n.* fissure, split. फाँक (फटन), दरार।

Concatenate–कॉन्-कॅट्'-इन्-एट्'– *v. t.* to link together. संयुक्त करना, जोड़ना; **Concatenation** (-ए'-शॉन्) *n.* series of links united together. जुटी हुई कड़ियों की जंजीर।

Concave–कॉन्'-केव्–*adj.* curved,hollow. नतोदर, खोखला; **Concavely** (-केव्'-ली) *adv.* खोखलेपन से; **Concavity** (-कॅव्'-इट्-ई) *n.* hollowness. खोखलापन।

Concavo–कॉन्-कें'-वो– *adv.* *in comb.* concavely. नतोदर रूपमें, **Cancavo-concave** (concave on both sides.) दोनों ओर नतोदर; **Concavo convex** (concave on one side and convex on the other.) एक ओर उन्नतोदर यथा दूसरी ओर नतोदर।

Conceal–कॉन्-सील्– *v. t.* to keep secret, to hide. छिपाना, गुप्त रखना; **Concealed** (-ड्) *adj.* kept secret. गुप्त, गूढ़; **Concealment** (-मेंन्ट्) *n.* secrecy, disguise. गोपन, छिपावट।

Concede–कॉन्-सीड्'–*v.t.* to allow, to admit. स्वीकार करना, अङ्गीकार करना।

Conceit–कॉन्-सीट्'–*n*. personal vanity, fanciful notion. अहङ्कार (घमण्ड), मिथ्या विचार; *v.t.* to imagine. अनुमान करना; **Conceited** (-एड्) *adj*. vain, proud. घमण्डी, अभिमानी; **Conceitedly** (-ऍड्-ली) *adv*. अहङ्कार से।

Conceive–कॉन्-सीव्'–*v.i.* to become pregnant, to imagine, to fancy, to think. गर्भ धारण करना, विचारना, अनुमान करना, ध्यान में लाना।

Concentrate–कॉन्'-सेन्-ट्रेट्–*v. t.* & *i.* to bring to a common point, to think intensely. एक केन्द्र में लाना, चित्त को एकाग्र करना; **Concentration** (-ट्रे-शॉन्) *n*. act of concentrating. एकाग्रचित्त होना, समाधि; **Concentrative** (-इव्) *adj*. tending to concentrate. एकाग्रीभूत।

Concentre–कॉन्'-सेन्-टर्–*v. t.* & *i.* to come or bring to a common centre. एक केन्द्र में होना या करना; **Concentric** (-ट्रिक्) *adj*. having a common centre. एक केन्द्र का; **Concentrically** (-ट्रिक्-ऑल्-लि) *adv*. एक केन्द्रीभूत होकर।

Concept–कॉन्'-सेप्ट्–*n*. general notion. सामान्य विचार; **Conception** (-सेप्'-शान्) *n*. act of conceiving, formation of fœtus, idea. गर्भधारण (गर्भाधान), विचार, धारणा; **Conceptive** (-इव्) *adj*. mentally conceiving. मन में धारण करनेवाला; **Conceptual** (-चू-ऑल्) *adj*. pertaining to mental conception. मन की भावना सम्बन्धी।

Concern–कॉन्-सर्न्' –*n*. business, interest, anxiety. व्यापार, अभिरुचि, चिन्ता; *v. t.* to relate to, to affect, to interest oneself with. सम्बन्ध रखना, प्रभाव होना, रुचि होना; **Concerned** (-ड्) *adj*. anxious. चिन्तित; **Concerning** (-इङ्ग्) *prep*. about, in regard to. लिये, विषय में; **Concernment** (-मेन्ट्) *n*. affair, importance. विषय, माहात्म्य।

Concert–कॉन्'-सर्ट्– *n*. agreement, union, combination of sounds, musical entertainment. मेल, योग, एक ताल, सङ्गीत; *v. t.* (-सर्ट्') to arrange. क्रम में रखना; **Concert hall** (hall for musical entertainment.) सङ्गीतशाला।

Concession–कॉन्-सेश्'ऑन्– *n*. act of conceding, a grant. स्वीकृति, आज्ञा। **Concessive** (-सेस्'-सिव्) *adj*. expressing concession. स्वीकृति दिखलानेवाला।

Conch – कॉङ्क् – *n*. the shell-fish, external ear. शंख (घोंघा, कौड़ी), कान का बाहरी भाग।

Conciliate–कॉन्-सिल्'-इ-एट्– *v. t.* to pacify, to win over, to reconcile. शान्त करना, सान्त्वना देना, मनाना; **Conciliation** (-ए'-शॉन्) *n*. सान्त्वन, अनुरञ्जन; **Conciliative** (-इव्) *adj*. reconciling. आराधना करने योग्य; **Conciliatory** (-टॉर्-ई) *adj*. आराधक; **Conciliator** (-टॉर्) *n*. सान्त्वन करने वाला, अनुरञ्जक।

Concinnity–कॉन्-सिन्'-निट्-ई–*n*. elegance. स्वच्छता, सफाई।

Concise– कॉन्-साइस्'– *adj*. brief in speech or style. संक्षिप्त, अल्प; **Concisely** (-ली) *adj*. in a terse manner. संक्षेप से; **Conciseness** (-नेस)

n. quality of being brief. अविस्तार, संक्षेप ।

Concision–कॉन्-सिश्'-ऑन्–*n*.same as **Circumcision**.

Conclave– कॉन्'-क्लेव्– *n*. meeting-place, a private assembly. समाज (सभा), गूढ़ समाज ।

Conclude–कॉन्-क्लूड्' – *v. t.* & *i.* to bring to an end, to infer, to arrange, to resolve. समाप्त करना,अनुमान करना (तर्क करना), क्रम में करना, निर्णय करना ।

Conclusion–कॉन्-क्लू'-ज़ॉन्–*n*. termination, final result. समाप्ति (सिद्धि), परिणाम (अन्त) ; **In conclusion** (finally, in the end.) अन्ततोगत्वा ।

Conclusive–कॉन्-क्लू'-सिव्-*adj*. decisive, convincing. निश्चित, समर्थक ; **Conclusively** (-सिव्'-ली) *adv*. निश्चय के साथ ।

Concoct-कॉन्-कॉक्ट्'–*v. t.* to devise, to plan, to make up of mixed ingredients. रचना करना, काढ़ा (क्वाथ) बनाना ; **Concoction** (-कॉक्'-शॉन्) *n*. devising. रचना, पाक, काढ़ा ।

Concolorous–कॉन्-कल्'-लॉर्-अस्–*adj*. of uniform colour. एकसाँ रङ्ग का ।

Concomitance–(-cy)–कॉन्-कॉम्'-इट्-ऑन्स्-(-सी)–*ns*. co existence. समवाय, समयोग ; **Concomitant** (-ऑन्ट्) *adj*. going together. सहकारी; **Concomitantly** (-ऑन्ट्-ली) *adv*. एक साथ ।

Concord–कॉन्'-कॉर्ड्–*n*. agreement, harmony, treaty. एकता, संयोग, मेल; **Concordance** (-ऑन्स्) *n*. agreement. एकता, सादृश्य ; **Concordant** (-ऑन्ट्) *adj*. suitable, harmonious. अनुरूप(सदृश),सुरीला; **Concordantly** (-ऑन्ट्-ली) *adv*. एक सुर में ।

Concourse–कॉन्'-कोअर्स्–*n*. a confluence, a crowd, an assembly. सङ्गम (समूह), भीड़भाड़, मण्डली ।

Concrescence – कॉन्-क्रेस्'-सेन्स्–*n*. a growing together. एक साथ उगना ।

Concrete– कॉन्'-क्रीट् – *adj*. existing in material form, real. राशिभूत, साकार (इन्द्रियों से जानने योग्य); *n*. a composition of gravel, cement &c. बरी चूने का मसाला ; *v. i.* & *t.* to unite into a mass, to solidify. राशिभूत होना, ठोस करना; **Concretely** (-ली) *adv*. पदार्थरूप से ।

Concretion–कॉन्-क्री'-शॉन्–*n*. a mass of solid particles. ठोस पदार्थ ।

Concubinage–*n*. see **Concubine**.

Concubine – कॉङ्'-क्यु-बाइन् – *n*. a secondary wife, a kept mistress. वेश्या, रखनी; **Concubinage**(-बिन्-एज्) *n*. being a concubine. वेश्यापन ; **Concubinary** (-ऑ-री) वेश्यागमन करने वाला ।

Concur–कॉन्-कर्–*v. i.* to coincide, to meet at a point, to agree. एकत्र होना, समागम करना, मिलना ; **Concurrent** (-रॅन्ट्) *adj*. existing together, agreeing. एकीभूत, सहमत; **Concurrently** (-रॅन्ट्-ली) *adv*. with concurrence. संयोग (मिलाप) सहित ।

Concuss–कॉन्-कस्' – *v. t.* to shake violently. वेग से हिलाना ; **Concussion** (कश्'-ऑन्) *n*. shock, agitation. धक्का, संक्षोभ (झटका) ।

Condemn–कॉन्-डेम्'–*v. t.* to blame, to give judgement against, to

doom. निन्दा करना, अपराधी ठहराना, दण्ड देना; **To condemn to death** (to order to be hanged.) प्राण दण्ड देना; **Condemnable** (- नॅ - ब्ल्) *adj.* blamable. दण्ड योग्य ; **Condemnation** (-नें'-शॉन्) *n.* judicial conviction, state of being condemned. अपराध का निर्णय, दण्ड ; **Condemnatory** (-नॅ-टॉर्-ई) *adj.* expressing condemnation. (वध योग्य) अपवादजनक ; **Condemned** (-ड्) *adj.* दण्डनीय ।

Condensation–कॉन्-डॅन्स्-ए'-शॉन् – *n.* concentration. जमाव, गाढ़ापन ।

Condense–कॉन्-डेन्स्'– *v. t.* to compress, to concentrate, to reduce into a denser form. घना करना, गाढ़ा करना, जमाना; *v.i.* to become dense. गाढ़ा होना ; **Condensed** (-ड्) *adj.* close, compressed. घना, संक्षिप्त; **Condenser** (- अर्) *n.* a condensing apparatus. घना करने (जमाने) का यन्त्र ।

Condescend–कॉन्-डि-सॅन्ड्' – *v. i.* to be kind, to stoop, to waive one's rank. कृपा करना, झुकाना, पद कम करना; **Condescending** (- इङ्ग) *adj.* marked by condescension. अभिमान त्यागे हुए (विनीत) ; **Condescension** (-सॅन्'-शॉन्) *n.* patronizing manner. विनीत भाव, नम्रता; **Condescendingly** (-इङ्ग-ली) *adv.* नम्रता पूर्वक ।

Condign–कॉन्-डाइन्'–*adj.* adequate, deserved. उचित (अनुरूप), योग्य ; **Condignly** (-ली) *adv.* according to desert. योग्यतानुसार ; **Condignness** (-नेस्) *n.* agreeableness to deserts. योग्यता ।

Condiment–कॉन्'-डि - मॅन्ट् – *n.* seasoning for food, sauce. चटनी, मसाला, छौंक ।

Condite-कॉन् - डाइट्' – *v. t.* to preserve. अचार, मुरब्बा इ० बनाना ।

Condition–कॉन्-डिश्'-ऑन्– *n.* state, position, attribute. दशा, अवस्था, स्थिति, गुण ; *v. t.* to stipulate. शर्त लगाना ; **Conditional** (-ऑल्) *adj.* dependent. आधीन, (आश्रित); **Conditionally** (-ऑल्-लि) *adv.* with certain limitations. स्थिति पूर्वक ; **Conditioned** (- ड्) *adj.* having specified disposition. स्थिर-अवस्था का ।

Condolatory–कॉन्-डोल्'-ऑ-टॉर् - ई – *adj.* expressing condolence. समवेदना प्रगट करनेवाला ।

Condole–कॉन्-डोल्'–*v. i.* to express sympathy with. दुःख में सहानुभूति प्रगट करना ; **Condolence** (-ऍन्स्) *n.* expression of grief. शोक, विलाप ।

Condonation – कॉन् - डोन् - ए'- शॉन् – *n.* act of forgiving. अपराध को क्षमा करना ।

Condone–कॉन्-डोन्'–*v. t.* to forgive, to overlook. क्षमा करना, उपेक्षा करना ।

Conduce–कॉन् - ड्यूस्' – *v. i.* to lead, to contribute. प्रवृत्त करना, उत्पादन करना ; **Conducible** (-इ-ब्ल्) **Conducive** (-इव्) *adjs.* promoting. बढ़ानेवाला (सहायक, उत्पादक) ; **Conduciveness** (-इव्-नेस्) *n.* quality of conducing. उत्पादन, बढ़ती ।

Conduct–कॉन्' -डक्ट्– *n.* guidance, behaviour, mode of action. निर्वाह,


व्यवहार, चरित्र, आचरण; *v.t.* (कॉन्-डक्ट') to lead, to guide, to direct, to manage, to behave. मार्ग दिखाना, आचरण करना, प्रबन्ध करना, व्यवहार करना; **Conductibility** (-इब्-इल्-इट्-ई) *n.* capability of being conducted. प्रवाहकत्व।

Conductible–कॉन्-डक्ट'-इ-ब्ल् – *adj.* that may be conducted. प्रवाह के योग्य; **Conduction** (-डक्'-शॉन्) *n.* transmission. प्रवाहकत्व; **Conductive** (-इव्) *adj.* having transmitting power. प्रवाहक शक्ति का; **Con-ductivity** (-इव्-इट-ई) *n.* प्रवाहकत्व।

Conductor–कॉन्'-डक्ट'-ऑर्– (*fem.* **Conductress** (-ट्रेस्) *n.* one who guides, medium for the transmission of electricity. नायक, नेता, प्रबन्धकर्त्ता, बिजली का संचालक; **Conductor of heat** (transmitting heat.) उष्णता का प्रवाहक।

Conduit–कॉन्' - डिट – *n.* a channel for conveying liquids. प्रणाली, पानी की मोरी।

Cone–कोन्– *n.* a solid circular figure tapering to a point. शंकु, नोकदार आकृति; **Conical** –कॉन्'-इक्-ऑल्– *adj.* conic. (सूच्याकार) शंकु की आकृति का।



Cone.

Confabulate–कॉन्–फॅब्'-यु-लेट'–*v.i.* to chat. बकबक करना **Confabulation** (-लें' - शॉन्) *n.* सामान्य बातचीत।

Confection–कॉन्-फॅक्'-शॉन्–*n.* preserved sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा; **Confectionery** (-ऑर्-री) *n.* sweetmeats in general. मिठाइयाँ; **Confectioner** (-अर्) *n.* a maker of sweetmeats. हलवाई, मुरब्बा बनानेवाला।

Confederacy – कॉन्-फॅड्'-अर्-ऑस्-सी– *n.* alliance, conspiracy. सन्धि, (संयोग), मेल।

Confederate–कॉन्-फॅड्'-अर्-एट– *n.* & *adj.* an ally, allied. मित्र (सहायक, सहकारी), संयुक्त; *v.t.* (-रेट') to bring into alliance. एकत्र करना, संघटन करना, संयुक्त करना; **Confederation** (-ए'-शॉन्) *n.* a league or compact. संघटन, मण्डल।

Confer–कॉन्-फर्'– *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Conferred**) to grant, to bestow, to converse. देना (प्रतिपादन करना) (सलाह करना), बात करना; **Conferrable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* देने योग्य; **Conferment** (-मेंन्ट) *n.* bestowal. प्रतिपादन।

Conference – कॉन्' - फर् - ऍन्स् – consultation, annual assembly. सम्वाद (सम्भाषण, बातचीत), सम्मेलन; **Conferential** (-ऍन्'-शॉल्) *adj.* सम्मेलन संबंधी।

Confess–कॉन्-फॅस्'–*v.t.* & *i.* to acknowledge, to declare one's sins. स्वीकार (अङ्गीकार) करना, पापों को कह देना; **Confessedly** (-सॅड्-ली) *adv.* admittedly. स्वीकार करते हुए; **Confession** (-फॅश्'-ऑन्) *n.* acknowledgement. स्वीकार (अङ्गीकार, प्रकाशन); **Confessor** (-सॉर्) *n.* अङ्गीकार करने वाला।

Confetto-कॉन्-फ़ेट्'-ओ-*n.* (*pl.* **Confetti**) coloured paper thrown at wedding. विवाह के समय फेंके हुए रङ्गीन काग़ज के टुकड़े।

Confidant-कॉन्'-फ़ि-डॅन्ट-*n.* one entrusted with secrets. विश्वास पात्र, विश्वासी पुरुष।

Confide-कॉन्-फ़ाइड्'- *v. i.* to trust, to impart secret to. विश्वास करना (श्रद्धा करना, प्रतीति करना), रहस्य कहना।

Confidence-कॉन्'-फ़िड्-ऍन्स- *n.* firm belief, expectation, boldness. विश्वास (निश्चय), आशा, साहस।

Confident-कॉन्-फ़िड्'-ऍन्ट-*adj.* fully trusting. पूरा विश्वस्त ; **Confidential** (-ऍन्-शॅल) *adj.* private, trustworthy. गुप्त, विश्वस्त ; **Confidentially** (-लि) *adv.* in confidence. विश्वास पूर्वक; **Confidently** (-ऍन्ट-ली) *adv.* in a confident manner. निश्चय करके।

Configuration-कॉन्-फ़िग्'-यु-रे'-शॉन्-*n.* mode of arrangement. आकार, रूप, मूर्ति।

Configure-कॉन्-फ़िग्' - गर् - *v. t.* to give shape to. रूप या आकृति देना।

Confine-कॉन्'-फ़ाइन्-*n.* border-land. सीमा-प्रान्त; *v. t.* & *i.* (फ़ाइन्') to keep within limits, to imprison, to be in child-bed. सीमाप्रान्त में रहना, (बन्द करना), क़ैद करना, सौरी में होना; **Confinement** (-मॅन्ट) *n.* seclusion. बन्धन, निग्रह।

Confirm-कॉन्-फ़र्म्'-*v.t.* to ratify, to corroborate, to establish. दृढ़ करना (स्थिर करना), प्रमाणित करना, स्थापित करना; **Confirmation** (-ऍ-शान्) *n.* corroboration, rite administered to baptized persons. प्रमाणीकरण, नाम करणसंस्कार; **Confirmative** (-ऑट्-इव्) *adj.* serving to confirm. दृढ़ करनेवाला ; **Confirmatively** (-ली) *adv.* दृढ़तापूर्वक ; **Confirmatory** (- ऑट - ऑर् - ई) *adj.* serving to confirm. स्थिर करनेवाला।

Confiscable-कॉन्-फ़िस्'-कॅ-बल्- *adj.* liable to forfeiture. अपहरण योग्य।

Confiscate-कॉन्'-फ़िस्- केट् - *v. t.* to seize by authority. ज़ब्त करना, राज्याधिकार में करना; **Confiscation** (कें'-शॉन्) *n.* सर्वस्व अपहरण।

Conflagration-कॉन्-फ़्लॅ-ग्रे'-शॉन्-*n.* a great and destructive fire. बड़ी (प्रचण्ड) आग ; **Forest conflagration** (burning of forest.) दावानल।

Conflation-कॉन्-फ़्लें'-शॉन्-*n.* fusing together of two different readings. भिन्न पाठान्तरों को मिलाना।

Conflict-कॉन्'-फ़्लिक्ट्-*n.* fight, struggle, contest. युद्ध, विरोध (कलह), झगड़ा; *v. i.* (-फ़्लिक्ट्') to struggle. युद्ध करना, झगड़ना; **Conflicting** (-इङ्ग्) *adj.* contradictory. विरुद्ध, परस्पर विरोधी; **Confliction** (-फ़्लिक्'-शॉन्) *n.* struggle. विवाद, कलह।

Confluence-कॉन्' - फ़्लु - ऍन्स- *n.* a stream uniting with another. नदी का सङ्गम।

Confluent-कॉन्'-फ़्लु-ऍन्ट-*adj.* flowing together. साथ बहता हुआ।

Conflux-कॉन्'फ़्लक्स्- *n.* a confluence. सङ्गम।

Conform-कॉन्-फ़ॉर्म्'-*v. t.* & *i.* to

make similar, to adapt, to comply with. अनुरूप करना, समान करना, सहमत होना; **Conformability** (-ऑब्-इल्'-इट्-ई) *n.* condition of being adapted. समानता।

Conformable–कॉन्-फ़ॉर्म्'-ऑ-ब्ल्-*adj.* agreeable, similar to, adapted. अनुरूप, समान, सदृश; **Conformably** (-ऑब्-ली) *adv.* अनुसार, अनुरूपता से; **Conformation** (-ए'-शॉन्) *n.* structure. रचना, बनावट।

Conformist–कॉन्-फ़ॉर्म्-इस्ट–*n.* one who conforms to usages of the Church of England. इङ्गलेण्ड के गिरजाघर का अनुयायी।

Conformity–कॉन्-फ़ॉर्म्'-इट्-ई-*n.* likeness, compliance. अनुरूपता, समानता; **In conformity with** (according to.) अनुसार।

Confound–कॉन्-फ़ाउन्ड्'–*v. t.* to defeat, to put to perplexity, to mix up, to confuse, to throw into disorder. हराना, व्याकुल करना, मिलाना, घबड़ाना; **To confound by argument** (to put to silence in argument.) वादाविवाद में मुँह बन्द कर देना; **Confounded** (-ऍड्) *adj.* astonished. व्याकुल, चकित; **Confounding** (-इङ्ग्) *n.* सन्देहजनक।

Confraternity–कॉन्-फ़्रॉ-टर्'-निट्-ई–*n.* brotherhood. बन्धुत्व, भाईचारा।

Confront–कॉन्-फ्रॉन्ट्'–*v. t.* to meet face to face, to oppose, to compare. सन्मुख होना, सामना करना, मिलाना; **Confrontation** (-ए'-शॉन्) *n.* act of bringing face to face. सन्मुख आगमन

Confuse–कॉन्-फ्यूज़्'–*v. t.* to throw into disorder, to abash, to perplex. व्याकुल करना (घबड़ाना), लज्जित करना, गड़बड़ करना।

Confused–कॉन्-फ्यूज़्ड्'-*adj.* perplexed. संभ्रान्त, व्याकुल; **Confusedly** (-ऍड्-ली) *adv.* भ्रमपूर्वक, व्याकुलता से; **Confusedness** (ऍड्-'नैस्) *n.* व्याकुलता।

Confusion-कॉन्-फ्यू-ज़ॉन्-*n.* disorder, tumult. व्याकुलता, व्यग्रता (गड़बड़ी)।

Confutation-कॉन्-फ्यूट्-ए'-शॉन्-*n.* act of confuting. खण्डन, हार।

Confute–कॉन्-फ्यूट्'–*v. t.* to convict of error, to disprove. झूठा सिद्ध करना, असिद्ध करना।

Conge–कॉन्'-जे-*n.* farewell. बिदाई।

Congeal–कॉन्-जील्'–*v. t.* to freeze, to coagulate. गाढ़ा करना, जमाना; **Congealable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* जमने योग्य; **Congealment** (-मैंन्ट्) *n.* जमाने की क्रिया।

Congelation–कॉन्-जैल्-ए'-शॉन्–*n.* congealed state. जमी हुई स्थिति।

Congener–कॉन्'-जैन्-अर्–*adj.* akin, allied. सजाति, समान।

Congeneric–कॉन्-जैन्'-ऍर्-रिक्–*adj.* of the same genus or kind. एकही जाति या प्रकार का।

Congenerous-कॉन्-जैन्'-अर्-अस्-*adj.* of the same kind or family. एक ही जाति या वंश का।

Congenial–कॉन्-जीन्'–इ-ऑल्–*adj.* of the same nature, kindred, sympathetic. समान प्रकृति का, सधर्मी, (सदृश) सहानुभूति रखनेवाला; **Congenial to health** (agreeable to health.) स्वास्थ्यकर; **Congeniality** (-ऑल्'-इट्-ई) *n.* state of being

congenial. सधर्मता, अनुरूपता।

Congenital-कान्-जॅन्'-इट्-ऑल्- *adj.* existing from birth. साथ उत्पन्न हुआ।

Congest-कॉन्-जॅस्ट्'-*v. i.* to accumulate to excess. अधिक परिमाण में सञ्चित (इकट्ठा) होना; **Congestion** (-जॅस्-शॉन्) *n.* abnormal accumulation of blood in an organ. किसी अंग में रुधिर का अधिक सञ्चय।

Conglobate-कॉन्-ग्लोब्'-एट्- *v. t.* to form into a ball. गोली बनाना, एक पिण्ड होना।

Conglomerate-कॉन्-ग्लॉम्'-अर्-एट्- *adj.* gathered into a mass. एक पिण्ड; **Conglomeration** (-ए'-शॉन्) *n.* accumulation. पिण्ड।

Conglutinate-कॉन्-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to stick together with glue. सरेस से चिपकाना या बैठाना; **Conglutination** (-ए'-शॉन्) *n.*union. संयोग,संधि।

Congratulate-कॉन्-ग्रॅट्'-यू-लेट्-*v.t.* to address with sympathetic joy. अभिनन्दन करना, धन्यवाद देना, बधाई देना; **Congratulation** (-ले'-शान्) *n.* act of rejoicing. अभिनन्दन, बधाई; **Congratulatory** (-लॅा-टॉर्-ई) *adj.* धन्यवाद सूचक; **Congratulator** (-टॉर्) *n.* जयजयकार करनेवाला।

Congregate-कॉङ्ग्'-ग्रॅ-गेट्-*v. t. & i.* to collect or gather together, to assemble. इकट्ठा करना, एकत्रित होना; **Congregation** (-गे'-शॉन्) *n.* general assembly, assemblage, body assembled for religious worship. सभा (समाज), समुदाय, धार्मिक परिषद्; **Congregational** (-ऑल्) *adj.* समुदाय सम्बन्धी।

Congress-कॉङ्ग्'-ग्रॅस्- *n.* assembly, national council. सभा (समाज), राजनैतिक सङ्घ; **Congressman, Congressite** *ns.* काङ्ग्रेस का सभासद।

Congruence-कॉङ्ग्'-ग्रू-ऍन्स्-*n.* agreement. अनुरूपता, सादृश्य।

Congruent-कॉङ्ग्'-ग्रु-ऍन्ट्-*adj.* suitable, fit. योग्य, अनुरूप।

Congruity-कॉङ्ग्-ग्रू'-इट्-ई-*n.* fitness, agreement. सादृश्य।

Congruous-कॉङ्ग्'-ग्रू-अस्-*adj.* suitable, fitting. अनुरूप, सदृश, योग्य; **Congruously** (-ली) *adv.* in a consistent manner. अनुरूपता से।

Conic-कॉन्'-इक्-**Conical**-कॉन्'-इक्-ऑल्-*adjs.* of the shape of a cone. सूच्याकार, गावदुम; **Conically** (-ऑल्-ली) *adv.* गावदुम की तरह।

Conjecturable-कॉन्-जॅक्ट्'-यूर्-ऑ-ब्ल्-*adj.* that may be guessed. तर्क के योग्य।

Conjectural-कॉन्-जॅक्ट्'-यूर्-ऑल्-*adj.* without proof. अनुमान योग्य; **Conjecturally** (-ऑल्-लि) *adv.* अनुमान से।

Conjecture-कॉन्-जॅक्ट्'-यूर्-*n.* a guess, a surmise. तर्क, अनुमान (कल्पना), अटकल; *v. i.* to propose, to guess. तर्क करना, अनुमान करना, अटकल लगाना।

Conjoin-कॉन्-जॉयन्'-*v.t.&i.* to unite, to combine. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Conjoint** (-जॉयन्ट्) *adj.* united, associated. जुटा हुआ, मिला हुआ; **Conjointly** (-ली) *adv.* परस्पर मिलकर।

Conjugal-कॉन्'-जू-गॅल्-*adj.* of marriage. विवाह सम्बन्धी; **Conjugal love** (affection of husband and wife.) दाम्पत्य प्रेम; **Conjugal fidelity** सतीत्व, पतिव्रता-धर्म।

Conjugate–कॉन्'-जु-गेट्-*v. t.* & *i.* to inflect verbs, to unite sexually. क्रियापद के रूप चलाना, विवाह करना; *adj.* joined together, derived from the same root. जुटा हुआ, एक ही क्रिया पद से निकला हुआ; **Conjugation** (-गे'-शॉन्) *n.* a joining together,a verbal inflexion. परस्पर मिलना, क्रियापद के रूप; **Conjugational** (-गे-शान्-ऑल्) *adj.* ऐसा रूप सम्बन्धी।

Conjunct-कॉन्-जङ्क्ट्'-*adj.* joined together, associated. संयुक्त, मिला हुआ; **Conjunctly** (-ली) *adv.* मिलाव से।

Conjunction–कॉन्-जङ्क्'-शान्-*n.*union, connexion, assembly, a joining word. योग, संसर्ग (सङ्गम), सभा, समुच्चय सूचक अव्यय; **Conjunctional** (-ऑल्) *adj.* सङ्गम सम्बन्धी।

Conjunctiva–कॉन्'-जङ्क्-टिव्'-ऑ-*n.* the membrane which connects inner eyeball with eyelid. आँख की भीतरी झिल्ली।

Conjunctive–कॉन्-जङ्क्ट्'-इव्-*adj.* serving to join. जोड़ने वाला; **Conjunctively** (-ली) *adv.* जोड़ते हुए।

Conjuncture–कॉन्-जङ्क्ट्'-यूर्-*n.* combination of events, occasion. संयोग, घटना, अवसर।

Conjuration–कॉन्-जूर्'-ए'-शॉन्-*n.* incantation, solemn appeal, magic spell. मन्त्र, शपथपूर्वक वचन, इन्द्रजाल।

Conjure–कॉन्-जूर्'-*v. t.* to appeal solemnly. शपथ पूर्वक आदेश करना।

Conjure–कन्'-जर्-*v. t.* to act by magical influence. जादू करना, मन्त्र-वश करना; **Conjurer, Conjuror** (-ऑर्) *n.* a juggler. जादूगर, ओझा, मदारी, इन्द्रजाली।

Connate–कॉन्'-नेट्-*adj.* innate, born together. एक साथ उत्पन्न, सहजात।

Connatural–कॉन्'-नॅट्'-यूर्-ऑल्-*adj.* innate, of like nature. सहज, एक स्वभाव का।

Connect–कॉन्-नेक्ट्'-*v.i.* & *t.* to join, to unite, tofasten together. संयुक्त करना, मिलाना, जोड़ना; **Connected** (-ऍड्) *adj.* joined together. संबद्ध, जुटा हुआ; **Connectedly** (-ऍड्-ली) *adv.* जुटे हुए; **Connectedness** (-ऍड्-नॅस्) *n.* unity. जुटाव, मेल; **Connecter, Connector** (-ऑर्) *n.* that which connects. जोड़नेवाला; **Connectible** (-इ-ब्ल्) *adj.* able to be united. जोड़ने योग्य; **Connective** (-इव्); **Connecting** (-इङ्ग्) *adjs.* tending to connect. जोड़नेवाला।

Connexion, Connection–कॉन्-नॅक्'-शॉन्-*n.* relation, union. सम्बन्ध (नाता), मेल; **To cut the connexion** (to separate.) पृथक् करना; **Hot water connexions** (personal connexions.) व्यक्तिगत सम्बन्ध।

Connivance–कॉन्-नाइव्'-ऑन्स्-*n.* act of winking at a fault. उपेक्षा, आनाकानी।

Connive–कॉन्-नाइव्'-*v. t.* to wink at. आँख मारना, आनाकानी करना।

Connotate–कॉन्'-नो-टेट्-*v. t.* to include in the meaning, to imply as a consequence. अर्थ सूचित करना, विशेषण को ध्यान में लाना; **Connotation** (-टे-शॉन्) *n.* inference. अनुमान; **Connotative** (-ऑट्-इव्) *adj.* implying an addition. आधिक्य सूचक;

Connotatively (-ली) *adv.* अनुमान से।

Connote–कॉन्-नोट् –*v. t.* to connotate. अर्थ सूचित करना।

Connubial–कॉन्-न्यू'-बि-ऑल्–*adj.* of marriage, conjugal. वैवाहिक, दम्पति सम्बन्धी ; **Connubially** (-ली) *adv.* conjugally. वैवाहिक रीति से।

Conquer–कॉङ्ग्'-कर्–*v.t.* & *i.* to gain by conquest, to overcome, to subjugate. विजय करना (जीतना), पराजित करना, वश में करना ; **Conquerable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* that may be overcome. जीतने योग्य ; **Conqueror** (-ऑर्) *n.* one who conquers. विजेता, विजयी, जीतनेवाला।

Conquest–कॉङ्ग्'-क्वेस्ट – *n.* subjugation of a country, victory. जीता हुआ प्रदेश, विजय।

Consanguine–कॉन्-सॉङ्ग-ग्विन्' – *adj.* of the same blood. सगोत्र, सपिण्ड ; **Consanguinity** (-इट्-ई) *adj.* relationship by blood. सगोत्रता।

Conscience–कॉन्'-शॅन्स् – *n.* moral sense of right and wrong. सद्विचार, बुद्धि, अन्तःकरण, सद्विवेक।

Conscientious–कॉन्-शॅं-ऍन्'-शस्-*adj.* obedient to conscience, scrupulous. शुद्धमति (न्यायवर्ती), पुण्यात्मा; **Conscientiously** (-ली) *adv.* according to the dictates of conscience. शुद्ध अन्तःकरण से ; **Conscientiousness** (-नॅस्) *n.* scrupulous regard to the dictates of conscience. पुण्यशीलता, अतःकरण की शुद्धता।

Conscious–कॉन्'-शस् – *adj.* aware, knowing. अभिज्ञ, सचेत; **Consciously** (-ली) *adv.* in a sensible manner. ज्ञान पूर्वक ; **Consciousness** (-नॅस्) *n.* ज्ञान, चेतना, बोध।

Conscribe–कॉन्-स्क्राइब्' –*v. t.* to enlist for naval or military service. (बलपूर्वक) सेना में भरती करना।

Conscript–कॉन्'-स्क्रिप्ट्– *n.* enrolled by conscription. भरती किया हुआ मनुष्य, नई भरती ; **Conscription** (-स्क्रिप्'-शॉन्) *n.* compulsory enrolment for military service. फौज में जबरदस्ती भरती करना।

Consecrate–कॉन्'-सॅ-क्रेट्–*v. t.* to set apart as sacred, to sanctify. पवित्र करना (संस्कर करना),प्रतिष्ठा करना; **Consecration** (-क्रे'-शॉन्) *n.* dedication. संस्कार, अर्पण ; **Consecrator** (-ऑर्) *n.* one who sanctifies. पवित्र करनेवाला।

Consecution–कॉन्-सॅ-क्यू'-शॉन्– *n.* sequence of events. परम्परा घटनाक्रम; **Consecutive** (कॉन्-सॅक्'-यू-टिव्) *adj.* following in order. निरन्तर (लगातार), क्रमागत ; **Consecutively** (-टिव्-ली) *adv.* यथाक्रम,क्रम से; **Consecutiveness** (-नॅस्) *n.* अनुपूर्वता।

Consensus–कॉन्-सॅन्'-सस्– *n.* agreement, unanimity. अनुकूलता,एक मत।

Consent–कॉन्-सॅन्ट्'– *v. i.* to agree, to yield. सहमत होना, स्वीकार करना ; *n.* (कॉन्'-सॅन्ट्) compliance, permission. सम्मति,इच्छा; **Silence gives consent.** चुप रहना स्वीकृति का चिह्न होता है ; **With one consent** (unanimously.) एकमत होकर।

Consentient–कॉन्-सॅन्'-शि-ऍन्ट्– *adj.* agreeing, concurrent. एकमत,एकचित्त।

Consentingly–कॉन्'-सॅन्ट्-इङ्ग्-ली-*adv.*

with consent. सम्मति पूर्वक ; **Consentaneous** (-टेंन्'-इ-अस्) *adj.* unanimous. एकमत ।

Consequence-कॉन्'-सें-क्वेंन्स - *n.* result, importance, rank. फल, परिणाम, महिमा, प्रभाव ; **Of no consequence** (useless, of no avail.) निष्फल, निरर्थक; **In consequence of** (as result of.) इस कारण से, इस हेतु से ।

Consequent-कॉन्'-सें-क्वेंन्ट-*n.* & *adj.* event that follows another, following as an effect. घटना फल, अनुवर्त्ती, आनुषंगिक, अनुगामी; **Consequential** (-क्वेंन्'-शॅल) *adj.* following as the effect. अनुवर्ती ; **Consequentiality** (-शॅल-इट्-ई) *n.* inference. अनुगमन ; **Consequently** (-ली) *adv.* as a result, in consequence. इस हेतु से, तदनुसार, अतः ।

Conservancy - कॉन्-सर्व्'-ऑन्-सी *n.* official preservation. संरक्षण, पालन ।

Conservation-कॉन्-सर्व्-ए'-शॉन् - *n.* preservation. रक्षा ।

Conservative-कॉन्-सर्व्'-ऑट्-इव्-*adj.* & *n.* preservative, moderate, disposed to maintain existing institutions. स्थितिपालक, परिवर्तन का विरोधी (नवविद्वेषी,सनातनी,लकीर का फ़कीर), नियम के बदलने का विरोध करनेवाला ।

Conservator- कॉन्-सर्'-वेट्-ऑर् - *n.* one who preserves from injury. रक्षक, पालक; **Conservatory** (-वेट्'-ऑर्-ई) *n.* a green-house. कोमल वनस्पतियों का रक्षागृह ।

Conserve-कॉन्'-सर्व्-*n.* a preserve of fruit. अचार, मुरब्बा ; *v. t.* to preserve. सुरक्षित रखना ।

Consider-कॉन्-सिड्'-अर्-*v. t.* to contemplate, to reflect, to reckon, to be of opinion, to regard. समझना, तर्क करना, निरूपण करना, विचार करना, जानना ; **Considerable** (-ऑब्ल्) *adj.* notable, important, great. मान्य, अधिक पूज्य, बड़ा ; **Considerably**(-ऑब्'-ली) *adv.* to a great extent. अति, अत्यन्त, बहुत, विशेषरूप से; **Considerate** (-एट्) *adj.* thoughtful, regardful. विचारवान्, दूरदर्शी ; **Considerately** (-एट्-ली) *adv.* सावधानी से; **Considerateness** (-एट्-नेंस्-) *n.* दूरदर्शिता ।

Consideration-कॉन्-सिड्-अर्-ए'-शॉन्-*n.* meditation, compensation, reward, thoughtfulness for others. विचार, शुल्क, पारितोषिक, आदर ; **To take into consideration** (to consider.) विचार करना ; **In consideration of** (in return for.) बदले में ।

Considering-कॉन्-सिड्'-अर्-इङ्ग-*prep.* in view of. विचार करते हुए,समझते हुए ।

Consign-कॉन्-साइन्'-*v. t.* to hand over, to deliver, to transmit. सौंपना, देना (अर्पण करना), भेजना ; **Consignable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* capable of being consigned. भेजने योग्य; **Consignation**(-सिग्-नें'-शॉन्) *n.* payment of money to authorized person. नियुक्त मनुष्य को रुपया देना ; **Consignee** (कॉन्-सैं-नी') *n.* one to whom goods are sent. जिसके पास माल भेजा जाता है;**Consignor** (-साइन्'-अर्) *n.* sender. माल भेजने वाला ; **Consignment** (-मेंन्ट) *n.*

goods consigned. भेजा हुआ माल।

Consilient-कॉन्-सिल्'-इ-एन्ट्-*adj.* accordant. अनुरूप।

Consist-कॉन्-सिस्ट्'-*v. i.* to be composed of, to be comprised in. रहना, होना, मिलना; **Consistence** (-ऍन्स्); **Consistency** (-एँन्-सी) *ns.* firmness, uniformity, solidity. दृढ़ता, अनुकूलता, घनता (गाढ़ापन, स्थिरता); **Consistent** (-एन्ट्) *adj.* compatible, firm. योग्य (अनुरूप), दृढ़; **Consistently** (-ऍन्ट्-ली) *adv.* अनुसार।

Consociate-कॉन्-सो'-शि-एट्-*v. t.* to associate. परस्पर मिलना; *adj.* associated. मेली, मित्र; **Consociation** (-ए'-शन्) *n.* fellowship. मिलाप।

Consolable-कॉन्-सोल्'-अॅ-बल्-*adj.* that may be comforted. ढाढ़स देने योग्य।

Consolation-कॉन्-सो-लॅ'-शॉन्-*n.* act of consoling, comfort. आश्वासन (धीरज), ढाढ़स।

Consolatory-कॉन्-सॉल्'-अॅ-टॉ-री-*adj.* tending to comfort. धीरज के योग्य।

Console-कॉन्-सोल्'-*v.t.* to comfort, to soothe. आश्वासन देना, ढाढ़स देना, शान्ति देना।

Consolidate-कॉन्-सॉल्'-लिड्-एट्-*v. t.* & *i.* to solidify, to strengthen, to combine into one. ठोस होना या करना, पुष्ट करना या होना, एक करना; **Consolidation** (-ए'-शॉन्) *n.* uniting of several things into one. एकीकरण; **Consolidatory** (-टॉर्-ई) *adj.* एक करनेवाला; **Consolidator** (-टार्) *n.* one who consolidates. संस्थापक।

Consonance-कॉन्-सॉन्-ॲन्स्-*n.* agreement, harmony, concord. अविरोध, अनुरूपता, मेल।

Consonant-कॉन्'-सॉन्-ॲन्ट्-*adj.* harmonious, agreeing in sound. अनुरूप, एक सुरवाला; *n.* a letter which cannot be sounded without the help of a vowel. व्यञ्जन अक्षर; **Consonantal** (-ॲन्ट्'-ॲल्) *adj.* व्यञ्जन अक्षर सम्बन्धी।

Consort-कॉन्'-सॉर्ट्-*n.* husband or wife, companion. पति या पत्नी, संगी, साथी; *v. t.* & *i.* to bring together, to agree, to harmonize. संयुक्त करना, संगम करना, एकलय में करना; **Prince consort** (husband of queen.) रानी का पति; **Queen consort** (king's wife.) रानी।

Conspecific-कॉन्-स्पॅस्-इफ़्'-इक्-*adj.* of the same species. एक जाति का।

Conspectus-कॉन्-स्पॅक्ट्'-अस्-*n.* general view. सामान्य दृश्य।

Conspicuity-कॉन्-स्पिक्-यू'-इट्-ई-*n.* clearness. स्पष्टता।

Conspicuous-कॉन्-स्पिक्'-यु-अस्-*adj.* clearly visible, remarkable. प्रत्यक्ष (स्पष्ट), उत्कृष्ट; **Conspicuousness** (-नॅस्) *n.* स्पष्टता, उत्कृष्टता; **Conspicuously** (-ली) *adv.* विशिष्ट रूप से।

Conspiracy-कॉन्-स्पिर्'-ॲ-सी-*n.* a plot. कपट प्रबन्ध, षड्यन्त्र, गुट्ट।

Conspirator-कॉन्-स्पिर्'-ॲ-टॉर्-*n.* (*fem.* **Conspiratress.**) one who conspires. राजद्रोही, षड्यन्त्रकारी।

Conspire-कॉन्-स्पायर्'-*v. t.* & *i.* to plot, to combine, to devise. कपट प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना, मिलना।

Conspue-कॉन्-स्प्यू'-*v. i.* to express hatred. घृणा दिखलाना।

Constable-कॉन्'-स्टी-ब्ल्-*n.* a policeman. पुलिस का सिपाही ; **To outrun the constable** (to run into debt.) ऋणी होना ।

Constabulary–कॉन्-स्टॅब्'-यु-लॅ-री–*n.* organized body of constables. पुलिस के सिपाहियों का समूह ।

Constancy–कॉन्'-स्टॅन्-सी–*n.* firmness, endurance, unchangingness. स्थिरता, दृढ़ता, निश्चलता ; **Constantly** (-ली) *adv.* always, frequently. बहुधा, सर्वदा ।

Constant–कॉन्'-स्टॅन्ट–*adj.* resolute, faithful, permanent. स्थिर, अचल, दृढ़, निश्चल (नित्य, निरन्तर) ।

Constellate–कॉन्-स्टॅल्-लेंट्'–*v. t.* to form into fixed stars. तारा समूह करना

Constellation–कॉन्-स्टॅल् - ले'-शॉन्–*n.* number of fixed stars grouped together. नक्षत्र समूह ।

Consternate–कॉन्'-स्टर्-नेंट्–*v. t.* to dismay. घबड़ा देना, विस्मित करना; **Consternation** (-नें'-शॉन्) *n.* terror, astonishment. भय, व्याकुलता ।

Constipate–कॉन्'-स्टिप्-एट्–*v. t.* to confine bowels, to make costive. अवरोध करना, कोष्ठबद्ध, करना; **Constipation**–(-ए'-शॉन्) *n.* costiveness. मल का अवरोध, कोष्टबद्धता (कब्ज) ।

Constituency-कॉन्-स्टिट्' यु-ऍन्-सा-*n.* body of voters who elect a representative. निर्वाचन क्षेत्र, चुननेवालों का संघ ।

Constituent–कॉन्-स्टिट्'-यू-एन्ट-*adj.*& *n.* composing, appointing, component part. रचनेवाला, नियुक्त करनेवाला, मौलिक अंश ।

Constitute–कॉन्'-स्टिट्-यूट्–*v. t.* to appoint, to establish, to make up. नियुक्त करना, स्थापित करना, निर्माण करना ।

Constitution-कॉन्-स्टिट्-यू-शॉन्-*n.* act of constituting, mental character, character of body, fundamental principles. रचना (निर्माण, व्यवस्था), प्रकृति (स्वभाव), संगठन; **Constitutional** (-शॉन्-ऑल्) *adj.* essential, of bodily or mental constitution. आवश्यक, प्रकृति या स्वभाव सम्बन्धी ; **Constitutionalism** (-इज़्म्) *n.* व्यवस्थित शासन पद्धति; **Constitutionalist** (-ऑल्-इस्ट) *n.* व्यवस्थित शासन पद्धति का अनुयायी; **Constitutionally** (-ऑल्-लि) *adv.* व्यवस्थित शासन सम्बन्ध से; **Constitutionalize** (-आइज़्) *v.t.* व्यवस्थित बनाना ।

Constitutive–कॉन्'-स्टिट्-यूट्-इव्– *adj.* essential, formative. आवश्यक,संगठन सम्बन्धी ; **Constitutively** (-ली) *adv.* संगठनरूप से ; **Constitutor** (टॉर्) *n.* person who constitutes. व्यवस्थापक ।

Constrain–कॉन्-स्ट्रेन्'– *v. t.* to compel, to imprison. परवश करना, कैद करना ; **Constrained** (-ड्) *adj.* restrained, compelled. विवश, दबाया हुआ; **Constraint** (-ट्) *n.* restraint, compulsion. रुकावट, विवशता ।

Constrict–कान्-स्ट्रिक्ट्'–*v. t.* to compress, to contract. दबाना, सिकोड़ना ; **Constriction** (-स्ट्रिक्'-शॉन्) *n.* contraction. संकुचन, खिंचाव (दबाव) ; **Constrictive** (- इव्) सिकोड़ने योग्य ; **Constrictor** (-ऑर्) *n.* a muscle that contracts. शरीर की वह पेशी जो किसी भाग को सिकोड़ती है ।

Constringe – कॉन् - स्ट्रिन्ज् – *v. t.* to draw together, to contract. खींचना, सिकोड़ना; **Constringency** (-ऍन्'-सी) *n.* contraction. सिकुड़न ; **Constringent** (-ऍन्ट) *adj.* contractive. सिकोड़ने योग्य ।

Construct-कॉन्-स्ट्रक्ट'-*v.t.* to frame, to build, to draw. निर्माण करना, रचना करना (बनाना), खींचना ; **Construction** (-स्ट्रक्'-शॉन्) *n.* act of constructing, thing constructed. रचना (निर्माण, विधान), बनावट ; **Constructional** (-ऑल्) *adj.* structural. रचना सम्बन्धी ; **Constructive** (-इव्) *adj.* formative, belonging to a building, virtual. बनानेवाली, बनावट, (इमारत) सम्बन्धी, आवश्यक ; **Constructively** (-इव्-ली) *adv.* रचना क्रम से ; **Constructor** (-ऑर्) *n.* बनानेवाला ।

Construe-कॉन्'-स्ट्रू- *v. t.* to analyse, to translate, to explain, to interpret. परिच्छेद करना, व्याख्या करना, अर्थ करना, आशय कहना, अन्वय करना ।

Consubstantial-कॉन्-सब्-स्टैन्' - शिऑल्-*adj.* of the same substance, or essence. एक ही पदार्थ का, एक मूर्ति (शरीर); **Consubstantiality** (-इट-ई) *n.* sameness of nature. एकपदार्थता ; **Consubstantiate** (-शि-एट') *v. t.* to unite in one. एकमेल करना ।

Consul-कॉन्'-सल्-*n.* title of magistrates in Roman republic,a state agent. रोम देश का मैजिस्ट्रेट, एलची ; **Consular** (कान्-स्यूल'-अर्) *adj.* of a consul. एलची सम्बन्धी ; **Consulate** (-एट) *n.* office of a consul. एलची का दफ़्तर ।

Consult-कॉन्-सल्ट'-*v.t.* & *i.* to seek information, to take into consideration. सम्मति लेना, चिन्तन करना, विचार करना ; **To consult one's pillow** (to reflect throughout the night.) रातभर विचार करना ; **Consultable** (-ऑं-बल्) *adj.* that may be consulted. विचारणीय; **Consultant** (-ऑन्ट) *n.* one who consults. सम्मति देनेवाला ; **Consulting** (-इङ्ग्) *n.* giving advice. सलाह देने वाला ; **Consultation** (-ए'-शॉन्) *n.* act of consulting, conference. विचार (आलोचना), पञ्चायत ; **Consultative** (-ऑट-इव्) *adj.* deliberative. चिन्तन योग्य ।

Consume-कॉन् - स्यूम्' – *v.t.* & *i.* to make away with, to spend, to waste away. हटाना, व्यय करना, नष्ट करना ; **Consumedly** (-ऍड-ली) *adv.* excessively. बहुतायत से ; **Consumer** (-अर्) *n.* one who consumes, a user. नियोजक, उपयोग करनेवाला ।

Consummate-कॉन्' - सम् - मेट-*adj.* perfect, complete. पूर्ण, परम (उत्कृष्ट); *v. t.* to perfect, to finish. पूर्ण करना, समाप्त करना; **Consummately** (-मीट-ली) *adv.* perfectly. पूर्ण रीति से;**Consummation** (-मे'-शॉन्) *n.* perfection, goal, end. सिद्धि (समाप्ति, पूर्णता), लक्ष्य, अन्त; **Consummative** (-इव्) *adj.* completing. पूर्ण करने वाला ।

Consumption – कन् - सम्प्' - शॉन्-*n.* destruction, waste, a wasting disease. क्षय, नाश, यक्ष्मा (क्षय रोग); **Consumptive** (-सम्प्ट'-इव्) *adj.*

affected with consumption, wasting. क्षय रोग से ग्रस्त, नाश करनेवाला।

Contact–कॉन्'-टैक्ट – *n.* condition of touching, close union. संसर्ग, संयोग, लगाव ; **To come into contact with** (to meet.) मिलना, टकराना; **To break contact** (to interrupt the current of electricity.) बिजली की धारा में रुकावट डालना।

Contagion–कॉन्'-टे'-जॉन्-*n.* communication of a disease from one body to another, corruption. छूत का रोग, स्पर्श संचार।

Contagious–कॉन्-टे'-जस–*adj.* infectious. स्पर्श से रोग फैलनेवाली; **Contagiously** (-ली) *adv.* in an infectious manner. स्पर्श या सम्पर्क से; **Contagiousness** (-नैस्)*n.* सम्पर्कता।

Contain–कॉन्-टेन्'–*v. t.* to comprise, to include, to be equal to, to enclose, to keep from moving. रखना, धरना, बराबर होना, लपेटना, गति रोकना; **Containable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* that may be contained. धरने योग्य।

Contaminate–कॉन्-टैम्'-इन्-एट्–*v. t.* to pollute, to corrupt. दूषित करना (भ्रष्ट करना), अपवित्र या कलङ्कित करना; **Contamination** (-ए'-शॉन्) *n.* pollution, defilement. भ्रष्टता, अपवित्रता।

Contemn–कॉन्-टैम्'–*v.t.* to despise, to disregard. तिरस्कार करना, अनादर करना (उपेक्षा करना); **Contemner** (-नर्)*n.* a despiser. तिरस्कार करनेवाला।

Contemplate-कॉन्'-टैम्-प्लेट्-*v.t.&i.*to anticipate,to intend, to meditate. मनन करना, चिन्तन करना, विचार करना; **Contemplation** (-प्ले'-शॉन्) *n.* meditation. ध्यान, चिन्ता, भावना, आलोचना; **Contemplative** (-टिव्) *adj.* thoughtful, meditative. ध्यान में लीन, चिन्ता में लगा हुआ ; **Contemplatively** (- टिव् - ली) *adv.* ध्यानपूर्वक ; **Contemplativeness** (-टिव्-नैस्) *n.* ध्यानावस्था ; **Contemplator** (- टॉर्) *n.* one who meditates. विचार या चिन्ता करनेवाला।

Contemporaneity-कॉन्-टैम्'-पॉर्-एन्-ई'-इट्-ई–*n.* contemporariness. समकालीनता, एक ही समय का होना।

Contemporaneous-कॉन्-टैम्'पॉर्-एन्'-इ-अस्–*adj.* existing or being at the same time. समकालीन, एक ही समय का; **Contemporaneously** (-ली) *adv.* at the same time with other events. एक ही समय में होते हुए; **Contemporaneousness** (-एन्'-इ-अस्-नैस्) *n.* समकालीनता।

Contemporary–कॉन्-टैम्'-पॉर्-ऑर्-री-*adj.* & *n.* belonging to the same time, equal in age. समकालिक (एक काल का), समवयस्क; **Contemporize** (- आइज़्) *v. t.* to cause to agree in time. समकालीन बनाना।

Contempt–कॉन्'-टैम्प्ट्–*n.* act of despising, disdain, scorn. तिरस्कार (अनादर, अपमान), घृणा, उपेक्षा; **Contemptibility** (-इब्-इल्-इट्-ई) *n.* अनादरत्व; **Contemptible** (-इ-ब्ल्) *adj.* despicable. घृणित (तुच्छ, नीच) ; **Contemptibleness** (-इ-ब्ल्-नैस्) *n.* तिरस्कार; **Contemptibly** (-इब्-ली) *adv.* तिरस्कार से।

Contemptuous-कॉन्-टैम्ट्'-यू-अस्-*adj.* scornful, insolent. घृणित, तिरस्कार

युक्त ; **Contemptuously** (-ली) *adv.* तिरस्कार से ; **Contemptuousness** (-नैस) *n.* scornfulness. तिरस्कार ।

Contend–कॉन्-टैन्ड्'–*v. i. & t.* to strive, to compete, to argue, to maintain. विरोध करना, स्पर्धा करना, विवाद करना, हठ करना ; **Contender** (-अर्) *n.*a combatant. विवाद करनेवाला (विपक्षी); **Contending** (-इङ्ग्) *n.* opposing, struggling. कलह करनेवाला, विरोध करनेवाला ।

Content–कॉन्-टैन्ट्' – *adj.* satisfied, pleased. सन्तुष्ट, प्रसन्न; *v. t. &. i.* to satisfy, to be satisfied. सन्तुष्ट करना, सन्तुष्ट या प्रसन्न होना; *n.* (कॉन्'-टैन्ट) satisfaction, capacity or volume. सन्तोष, तृप्ति, समाई, घनपरिमाण; *pl.* summary of subject matter of a book. किसी पुस्तक की विषयसूची ; **Contentation** (-ए'-शॉन्) satisfaction. सन्तोष ; **Contented** (-ऍड्) *adj.* satisfied. सन्तुष्ट; **Contentedly** (-ऍड्-ली) *adv.* सन्तोष से ; **Contentedness** (-ऍड्-नैस) *n.* satisfaction. सन्तोष ; **Contentment** (-मैन्ट) *n.* gratification, acquiescence. सन्तोष, तृप्ति ।

Contention–कॉन्-टैन्'-शॉन् – *n.* dispute, strife, controversy. विवाद, कलह, वाग्युद्ध ; **Bone of contention** (object of quarrel.) विवाद का विषय, विवाद की वस्तु ।

Contentious – कॉन् - टैन्'- शस् – *adj.* quarrelsome. विरोधी, कलहप्रिय; **Contentiously**– (- ली) *adv.* विरोधसे ; **Contentiousness**–(-नैस) *n.* quarrelsomeness. विरोध, झगड़ा ।

Conterminal–कॉन्-टर्म्' - इन् - ऑल् – **Conterminous** (-अस्) *adjs.* having a common boundary. एक ही सीमा वाला ।

Contest–कॉन्'-टैस्ट–*n.* debate,strife, controversy. कलह, विवाद, वाग्युद्ध ; *v. t. & i.* (कॉन्-टैस्ट') to debate, to dispute. विवाद करना, झगड़ना ; **Contestable** (-ऑ-बल्) *adj.* विवाद योग्य; **Contestant** (-ऑन्ट) *n.* one who debates. विवाद करनेवाला; **Contestation** (-ए'-शॉन्) *n.* strife, dispute. विवाद, झगड़ा ।

Context–कॉन्'-टैक्स्ट–*n.* the parts that precede or follow a passage and fix its meaning. प्रकरण, प्रसङ्ग; **Contexture**–(-टैक्स्ट'-यूर्) *n.*structure, composition. रचना, बनावट ।

Contiguity–कॉन्-टिग्-यू'-इट्-ई-*n.*contact, nearness. सम्पर्क,समीपता; **Contiguous** (-अस्) *adj.* neighbouring, adjoining. समीप, मिला हुआ; **Contiguously** (-अस्-ली) *adv.* in a manner so as to adjoin. समीप में ।

Continence–कॉन्'-टिन्-एन्स–*n.* restraint of passions, temperateness, chastity. संयम, इन्द्रिय दमन, अव्यभिचार ।

Continency–कॉन्'-टिन्- ऍन्स् - ई – *n.* restraint upon desires. आत्मसंयम ।

Continently–कॉन्'-टिन्-ऍन्ट्-ली- *adv.* moderately, temperately. संयम से, नियम से ।

Continent–कॉन्'-टिन्-ऍन्ट–*n.* mainland, main continuous body of land. महाद्वीप; *adj.* temperate, chaste. जितेन्द्रिय, संयमी; **Continent**

al (-ऑल्) *adj*. महाद्वीप सम्बन्धी ।

Contingency–कॉन्-टिन्'-जॅन्-सी–*n*. a fortuitous event. घटना ।

Contingent–कॉन्-टिन्-जॅन्ट्–*adj*. accidental, non-essential. संदिग्ध, अनिश्चित; *n*. force contributed to form part of army. सेनादल; **Contingently** (-ली) *adv*. अनिश्चित रूप से ।

Continual – कॉन्-टिन्'-यु-ऑल् – *adj*. without interruption, incessant. सतत, निरन्तर ; **Continually** (-ली) *adv*. without cessation. निरन्तर, लगातार ; **Continuously** (-अस्-ली) *adv*. incessantly. नित्य, सर्वदा, अनवरत, निरन्तर ।

Continuance–कॉन्-टिन्' - यू-ऑन्स–*n*. persistence, duration. स्थिरता, नित्यता, अविराम ।

Continuation–कॉन्-टिन्'-यु-ए-शॉन्-*n*. carrying on,extension. क्रम,विस्तार ।

Continue–कॉन्-टिन्'-यू-*v. i*. & *t*. to last, to persevere, to continue,to let remain. ठहरना, दृढ़ होना, जारी करना, प्रवृत्त होना ; **Continued** (-ड) extended. विस्तृत ; **Continuing** (-इङ्ग्) *adj*. permanent. स्थायी ।

Continuity–कॉन्-टिन्- यू'-इट् - ई – *n*. state of being continuous. निरन्तर होने की अवस्था, अविच्छिन्नता ।

Continuator-कॉन्-टिन्-यु-एट्'-ऑर्-*adj*. one who writes in continuation of another's work. किसी-अपूर्ण पुस्तक को समाप्त करनेवाला ।

Continuous - कॉन्-टिन्'- यू-अस् – *adj*. frequent, uninterrupted. सतत (निरन्तर), अप्रतिहत ।

Contort–कॉन्-टॉर्ट्'– *v. t*. to twist, to distort. ऐंठना, टेढ़ा करना ; **Contortion** (-टॉर्'-शॉन्) *n*. ऐंठन, मरोड़ ।

Contour–कॉन्'-टर् *n*. an outline of coast, mountain &c. पर्वत, समुद्र तट इत्यादि की परिधि की रेखा ।

Contra–कॉन्'-ट्रॉ *pref*. in sense of 'against.' 'विमुख,विपरीत'अर्थ का उपसर्ग ।

Contraband–कॉन्'-ट्रॉ-बॅन्ड्–*adj*. prohibited, smuggled, forbidden to be exported or imported. प्रतिषिद्ध, विरुद्ध, देश से बाहर भेजने या देश में मँगाने का निषेध ।

Contraception–कॉन्-ट्रॉ-सॅप्'-शॉन् – *n*. prevention of conception. गर्भ धारण न करना, गर्भावरोध ।

Contraceptive–कॉन्'-ट्रॉ-सॅप्ट्-इव्–*adj*. preventive of conception. गर्भ धारण करने के विपरीत, गर्भावरोधी ।

Contract–कॉन्'-ट्रॅक्ट्–*n*. agreement between parties. नियमपत्र, सट्टा, पट्टा, सगाई ; (-ट्रॅक्ट्') *v. t*. & *i*. to enter into business, to form friendship, to draw together, to make smaller. व्यवहार करना, मैत्री या विवाह का वचन देना, सिकुड़ना, छोटा करना ; **Contracted** (-ऍड्) *adj*. narrow, drawn together, selfish. संक्षिप्त, सिकुड़ा हुआ, स्वार्थी; **Contractibility** (-इब्-इल्-इट्-ई) *n*. सिकुड़न ; **Contractible** (-इ-ब्ल्) *adj*. सिकुड़ने योग्य; **Contractile** (-आइल्) *adj*. सिकुड़ने योग्य ; **Contraction** (-ट्रॅक्-शॉन्) *n*. shrinking, confinement. सङ्कोच, सिकुड़न, ऐंठन ; **Contractor** (-ऑर्) *n*. one who contracts to make a work. ठीकेदार ।

Contradict-कॉन्-ट्रॅ-डिक्ट' - *v. t.* to deny, to be contrary to. निषेध करना, विरुद्ध कहना; **Contradictable** (-ऍ-ब्ल्) *adj.* deniable. निषेध के योग्य ; **Contradiction** (-डिक्'-शन्) *n.* denial, opposition, inconsistency. प्रतिकूल, विरोध, विपरीत वचन ; **Contradictory** (-ऑर्-ई) *adj.* mutually opposed or inconsistent. विपरीत, परस्पर विरुद्ध ।

Contradistinction - कॉन्-ट्रॅ-डिस्-टिङ्क्'-शन्-*n.* distinction by contrast. विपरीतता, विपक्षता ।

Contradistinguish - कॉन्-ट्रॅ-डिस्-टिङ्ग्-विश्-*v. t.* to distinguish by contrast. विरुद्ध गुणों से विशिष्ट करना या अलगाना ।

Contrapose - कॉन्'-ट्रॅ-पोज़् - *v. t.* to place over against. विपरीत स्थिति में रखना ।

Contraposition-कॉन्'-ट्रॅ-पो-ज़िश्-ऑन्-*n.* opposition, contrast. विपरीत भाव, भेदभाव ; **Contrapositive** (-टिव्) *adj.* oppositional. विरुद्ध भाव का ।

Contrariety-कॉन्-ट्रॅ-राइ'-ई-टी-*n.* opposition in nature, disagreement. प्रतिकूलता, व्यतिक्रम ।

Contrariwise-कॉन्'-ट्रॅ-रि-वाइज़्-*adv.* on the other hand, in the opposite way. विपरीत, दूसरी ओर ।

Contrary-कॉन्'-ट्रॅ-री-*adj.* opposite, impeding, unfavourable, perverse. विरुद्ध, विपरीत, प्रतिकूल; **On the contrary** (as against.) पुनः, परन्तु ; **To the contrary**. विपरीत भाव से ; **Contrary to usage**. आचार विरुद्ध ।

Contrast-कॉन्'-ट्रास्ट-*n.* opposition, juxtaposition. अन्तर, भेद ; *v. t.* & *i.* कॉन्-ट्रास्ट') to set in opposition, to show striking difference. भेद दिखलाना, अन्तर बतलाना; **Contrasted** (-ऍड्) *adj.* अन्तर किया हुआ ।

Contrate - कान्'-ट्रेट - *adj.* having teeth at right angles to a wheel's plane. बेंड़े बल के दाँतवाली (पहिया) ।

Contravene - कॉन्-ट्रॅ-वीन्'-*v. t.* to infringe (a law), to dispute, to conflict with. (नियम का) विरोध करना, झगड़ना, कलह करना ; **Contravention** (-वेन्'-शन्) *n.* infringement. निषेध, विरोध ।

Contribute-कॉन्-ट्रिब्'-यूट-*v. t.* & *i.* to pay a share, to help or bring about. अपना अपना अंश देना, सहायता देना ; **Contribution** (-यू'-शन्) *n.* literary article. भागदान, साहित्यिक लेख, सेना के लिये चन्दा ; **Contributor** (-ऑर्) *n.* सहायता देनेवाला, (समाचार) पत्रों में लेख लिखनेवाला; **Contributory** (-ऑर्-ई) *adj.* सहायक ।

Contrite-कॉन्'-ट्राइट - *adj.* broken-hearted, perfectly penitent. शोकार्त, दुःखाकुल ; **Contrition** (-ट्रिश्'- ऑन्) *n.* penitence. पश्चात्ताप,पछतावा; **Contritely** (-ली) *adv.* पछतावे से ।

Contrivable-कॉन्-ट्राइव्'-ऍ-ब्ल्- *adj.* that may be contrived. निर्माण योग्य

Contrivance-कॉन्-ट्राइव्'-ऑन्स् -*n.* a deceitful practice, an invention. कपट योजना, आविष्कार ।

Contrive-कॉन्-ट्राइव्'-*v. t.* to invent, to manage, to devise. आविष्कार करना, प्रबन्ध करना, उपाय करना ; Con-

triver (-अर्) *n.* an inventor, a schemer. निर्माण अथवा आविष्कार करनेवाला।

Control- कॉन्-ट्रोल्' -*n.* command, check, device to bring under restraint. अधिकार निग्रह, वश में रखने का उपाय ; *v. t.* (*p. t.* **Controlled**.) to hold in check, to govern, to dominate. वश में करना, शासन करना, जीतना।

Controllable-कॉन्-ट्रोल्'-अॅ-ब्ल्- *adj.* subject to control.वश में करने योग्य।

Controller - कॉन्-ट्रोल्'-अर् - *n.* one who has authority to control, one who checks expenditure. अध्यक्ष, हिसाब किताब जाँचनेवाला ; **Controllership** (-अर्-शिप्) *n.* ऐसी अध्यक्षता।

Controversial-कॉन्-ट्रो-वर्'-शॅल् - *n.* given to disputation. विवाद सम्बन्धी, तार्किक।

Controversy - कॉन्'-ट्रो-वर् - सी - *n.* disputation. विवाद, वादानुवाद ; **Beyond controversy** (certain.) निःसन्देह, अवश्य।

Controvert-कॉन्'-ट्रो-वर्ट - *v. t.* to deny, to dispute, to discuss. अस्वीकार करना, विवाद करना, झगड़ना; **Controvertist** (-इस्ट) *n.* one skilled in debate. विवादी (नैयायिक)।

Contumacious-कॉन्-ट्यू-में'-शस्- *adj.* disobedient, insubordinate. धृष्ट (प्रतिकूल), दुर्विनीत ; **Contumaciously** (-ली) *adv.* धृष्टता से ; **Contumaciousness** (-नेस्) *n.* धृष्टता।

Contumacy-कॉन्-ट्यू-मी'-सी-*n.* perverseness. हठ, आग्रह, धृष्टता।

Contumelious - कॉन्-ट्यू-मी'-लि-अस- *adj.* insolent. निष्ठुर, धृष्ट; **Contumeliously** (- ली) *adv.* in a haughty manner. निष्ठुरता से।

Contumely-कॉन्-ट्यू'-में-ली- *n.* insolent language or treatment, disgrace. निष्ठुर वचन, तिरस्कार, अपमान।

Contuse-कॉन्-ट्यूज़' - *v. t.* to injure without breaking skin, to bruise. कुचलना, भीतरी घाव करना; **Contusion** (-ट्यू'-ज़ॉन्) *n.* a bruise. घाव, भीतरी चोट।

Conundrum-कॉन् - अन्' - ड्रम् - *n.* a riddle. प्रहेलीका, पहेली।

Convalesce-कॉन्-वॅल्-ऍस्' - *v. t.* to regain health. पुनः स्वस्थ होना, रोग का अपशमन होना; **Convalescence** (-सॅन्स्) *n.* gradual recovery of strength. क्रमशः स्वस्थ होना; **Convalescent** (-ऍन्ट) *adj.* recovering from sickness. स्वस्थ्य, रोगमुक्त होना।

Convection-कॉन्-वॅक्' - शॉन् - *n.* act of conveying heat or electricity. उष्णता या बिजली की शक्ति का एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाना; **Convective** *adj.* conveying. लेजानेवाला।

Convenable-see-**Convene**.

Convene-कॉन् - वीन्' - *v. t.* & *i.* to assemble, to summon. इकट्ठा होना, बटोरना, बुलाना ; **Convenable** (-अॅ-ब्ल) *adj.* एकत्र होने योग्य; **Convener** (-अर्) *n.* one who calls a meeting. सभा बुलानेवाला।

Convenience - कॉन्-वीन्'-इ-ऍन्स् - *n.* suitableness, comfort, advantage. योग्यता, आराम, सुविधा; **At your convenience**. सुविधा के साथ, यथावसर।

Convenient–कॉन्-वीन्'-इ - ऍन्ट्–*adj*. suitable, commodious. अनुकूल, उपयुक्त; **Conveniently** (-ली) *adv*. in a suitable manner. सुविधा से ।

Convent–कॉन्'-वेंन्ट – *n*. a religious community, a monastery. मठ (विहार), धार्मिक संस्था ; **Conventual** (-चू-ऑल) *adj*. मठ सम्बन्धी ।

Conventicle–कॉन्-वेंन्ट'-इ - कुल– *n*. a religious or secret meeting. धर्म सभा (समाज), गूढ़ सभा ।

Convention – कॉन् - वेंन्' - शॉन्–*n*. a formal assembly, general consent or agreement. सभा, लोकसम्मति,प्रतिज्ञा; **Conventional** (-ऑल) *adj*. not natural. लौकिक, रूढ ; **Conventionalism** (-ऑल-इज़म्) *n*. established by tacit agreement. आचार विधि; **Conventionally** (-ऑल्-ली) *adv*. by tacit agreement. लौकिक, रीति से; **Conventionary** (–ऑ-रि) *adj*. acting according to convention. लौकिक रीति के अनुसार ।

Conventual–see **Convent**.

Converge–कॉन्-वर्ज्'–*v. i*. to tend to meet in a point. एक केन्द्र में मिलना; **Convergence** (-ऍन्स्) *n*. tendency to one point. समवाय ; **Convergent** (-ऍन्ट) *adj*. tending to one point. एक केन्द्र अथवा विन्दु पर मिलनेवाला; **Converging** (-इङ्ग) *adj*. एक केन्द्र पर झुकता हुआ ।

Conversable– कॉन्-वर्स्'-ऑ-बुल – *adj*. easy in conversation, fit for social intercourse. वार्ता करने योग्य, सम्भाषण प्रिय ; **Conversableness** (-नॅस्) *n*. sociability. समाज प्रियता ।

Conversance-(-cy)–कॉन्'-वर्स्-ऑन्स्–(-सी) *ns*. acquaintance, familiarity. परिचय, सुजनता ।

Conversant – कॉन्' - वर्स-ऑन्ट – *adj*. well-acquainted, proficient. परिचित, निपुण (कुशल) ।

Conversation–कॉन्-वर्-सें'-शॉन् – *n*. talk. सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत; **Conversational** (-ऑल) *adj*. सम्भाषण संबंधी; **Conversationist** (-इस्ट) *n*. one who exceeds in conversation. अधिक वाचाल ।

Converse–कॉन् - वर्स्'– *v. t*. to talk. सम्भाषण करना, बोलना, वार्तालाप करना; *adj*. & *n*. (कॉन्'-वर्स्) opposite,contrary. व्यतिक्रम, विपर्यय, उलटा ; **Conversely** (-ली) *adv*. in an inverted order. विपरीत रूप से, उलटी तरह से ।

Conversion–कॉन्-वर्'-शॉन्–*n*. transposition, change of religion. रूपान्तर, धर्म परिवर्तन ।

Convert–कॉन्-वर्ट्'–*v. t*. to change, to cause to turn. बदलना, पलटना; *n*. (कॉन्'-वर्ट) one who has changed his religion. अपना धर्म छोड़नेवाला, (परधर्म ग्रहण करनेवाला); **Convertible** (-इ-बुल) *adj*. exchangeable. बदलने योग्य ; **Convertibility** (-इब्-इल'-इट - ई) *n*. बदलौवल ; **Convertibly** (-इब्-ली) *adv*. reciprocally. बदलने के रूप में ।

Convex – कॉन्' - वेंक्स्–'*adj*. curved like the outer part of a circle or sphere. कछुवे के पीठ के आकार का, उन्नतोदर ; **Convexity** (-इट-ई) *n*. उभाड़, उभड़ापन ।

Convey–कॉन्-वे' – *v. t*. to carry, to

impart, to communicate. पहुँचाना, ले जाना, प्रतिपादन करना (देना) ; **Conveyable** (-ऑं-ब्ल) *adj.* ले जाने योग्य; **Conveyance** (-ऑन्स्) *n.* act of carrying, transference of property, carriage or vehicle. ले जाने की क्रिया, संपत्ति समर्पण, यान, गाड़ी; **Conveyer** (-अर्) *n.* ले जानेवाला।

Convict–कॉन्'-विक्ट्–*n.* a condemned criminal. अपराधी, जिस पर दोष निर्धारित हो चुका हो; *v. t.* (कॉन् - विक्ट') to declare guilty, to impress with error. अपराधी स्थिर करना, दोष ठहराना; **Conviction** (-विक्'-शॉन्) *n.* proving guilty, act of convincing. दोष निश्चय, (अपराध निर्णय), दृढ़ विश्वास।

Convince–कॉन्-विन्स्'– *v. t.* to persuade firmly. प्रतीति कराना, निश्चय कराना; **Convincible** (-इ-ब्ल) *adj.* निर्णय योग्य; **Convincing** (-इङ्ग) *adj.* satisfying. निश्चय करनेवाला (निर्णयात्मक); **Convincingly** (- ली) *adv.* दृढ़ता से, निश्चय से।

Convivial–कॉन्-विव्'-इ-ऑल्–*adj.* befitting a feast, jovial. उत्सव सम्बन्धी, आनन्दी; **Convivialist** (-इस्ट) *n.* one of convivial habits. उत्सव मनानेवाला; **Convivially** (-ली) *adv.* in a jovial manner. आनन्द पूर्वक।

Convocation–कॉन्-वो-कें'-शॉन–*n.* a calling together, an assembly of clergy or members of a university. सभा (समाज), पादड़ियों का संघ, विश्वविद्यालय के नेताओं की सभा।

Convoke–कॉन्-वोक्'–*v. t.* to call together, to assemble. पुकारना (बुलाना), इकट्ठा करना।

Convolute–कॉन्'-वॉ-ल्यूट्–*adj.* rolled together, coiled. लपेटा हुआ, चक्कर दिया हुआ; **Convoluted** (-ल्यूट्'-एँड्) *adj.* twisted. ऐंठा हुआ।

Convolution–कॉन् - वो - ल्यू'-शॉन्–*n.* fold, coiling. तह, लपेट (ऐंठन)।

Convolve–कॉन्-वॉल्व्'–*v. t.* to roll together. लपेटना।

Convoy–कॉन्'-वॉय्–*v. t.* to escort, to conduct. रक्षा के लिये साथ जाना, सुरक्षित ले जाना; *n.* (कॉन्'-वॉय्) protection, escort, ships under defence. रक्षा, पथरक्षक (सहचर), रक्षा किये हुए जहाज़।

Convulse–कॉन्-वल्स्'–*v. t.* to shake violently, to draw or contract. वेग से हिलाना, संक्षुब्ध करना, सिकोड़ना, ऐंठना, खींचना; **Convulsion** (-वल्'-शॉन्) *n.* violent involuntary contraction of muscles. (*pl.*) fit of laughter, social or political agitation. चिहुक, (ब० व०) हँसते हँसते लोट जाना, सामाजिक अथवा राजनैतिक विप्लव; **Convulsive** (-इव्) *adj.* अकड़न या ऐंठन उत्पन्न करनेवाला।

Cony (Coney)–कों'-नी–*n.* the rabbit. शशक, खरहा; **Cony-catcher** *n.* a thief. चोर।

Coo–कू–*v. i.* to make a soft murmuring sound like pigeons or doves. पेंडुकी या कबूतर की तरह गुटकना; *n.* sound of a dove or pigeon. पेंडुकी या कबूतर के समान शब्द।

Cook–कुक्–*n.* one who prepares food. पाचक, रसोइयादार; *v. t.* to prepare food. भोजन पकाना; **Too many cooks spoil the broth** (one di

rector is better than many.) अनेक की अपेक्षा एक ही प्रबन्धकर्त्ता अच्छा होता है; **Cooker** (-अर्) *n.* a vessel in which food is cooked, a stove &c. भोजन बनाने का साधन ; **Cookery** (-ई) *n.* the art of cooking. पाकविद्या।

Cook-house–कुक्'-हाउस्– *n.* an outdoor kitchen. घर के बाहर का पाकशाला।

Cool–कूल्– *adj.* moderately cold, calm, unexcited, indifferent, wanting cordiality. शीतल, शान्त, उत्तेजनाहीन, शून्यहृदय, उदासीन; *v. t.* to become or make cool. शीतल करना, ठण्डा होना; **Cool headed** (not easily excited.) स्थिरचित्त वाला (मनुष्य); **To cool down** (to pacify.) शान्त करना, शिथिल करना; **To cool one's heels** (to keep waiting.) राह देखना; **Coolly** (-ली) *adj.* in an indifferent manner. उदासीनता से।

Cooler–कूल्'-अर्–*n.* a pot in which something is cooled. ठण्डा करने का पात्र; **Coolness of affection** (indifference.) वैराग्य, उदासीनता।

Coolie (**Cooly**)-कू'-ली–*n.* a hired labourer. मजदूर, मोटिया, कुली।

Coomb, Combe–कूम्–*n.* a short valley. (पहाड़ पर की) छोटी घाटी।

Coop–कूप्–*n.* a basket placed over fowls, fishing-basket. मुर्गी के ढाँकने की टोकरी, मछली फँसाने की टोकरी; *v. t.* to put in coop. दरबे में रखना, पिंजड़े में बन्द करना।

Cooper–कूप'-अर्–*n.* a maker or repairer of casks. पीपा बनानेवाला या मरम्मत करनेवाला; **Cooperage** (-एज्) *n.* a cooper's workshop. पीपा बनानेवाले की दूकान।

Co-operant – को-ऑप्'-अर्-ऑन्ट – *adj.* co-operating. मिलाकर काम करनेवाला।

Co-operate–को-ऑप्'-अर्'-एट्–*v. i.* to work together. साथ साथ काम करना; (-ए'-शॉन्) *n.* working together to a similar end. एक ही लक्ष्य पर काम करना (सहयोग, सहोद्योग); **Co-operative** (-ऑट्-इव्) *adj.* tending to co operation. सहकारी, मिलकर काम करनेवाला; **Co-operative society** (society for production of goods and distribution of profits among members.) साझे की पूँजी से व्यापार करनेवाली संस्था; **Co-operator** (-ऑर्) *n.* one who co-operates. सहकारी, सहयोगी, मिलकर काम करनेवाला।

Co-opt–को-ऑप्ट्'– *v. t.* to elect by votes of existing members. नियुक्त सदस्यों से चुना जाना।

Co-ordinate–को-ओड्र्'-इन् - एट्–*adj.* equal in rank. एक पदवाला, सहकारी; *v. t.* to bring parts into proper relation. भागों को उचित सम्बन्ध में लाना; *n.* each of a system of magnitudes used to fix position of point, line or plane. नियामक; **Co-ordination** (-ए'-शॉन्) *n.* एकीकरण; **Co-ordinative** (-इव्) *adj.* एक सम्बन्ध में लानेवाला।

Coot–कूट्–*n.* name of several kinds of diving and swimming birds. अनेक प्रकार की जल पर तैरनेवाली तथा डुबकी लगानेवाली चिड़ियों के नाम।

Cop–कॉप्– *n.* a conical ball of thread. तागा लपेटा हुआ चोंगा।

Copal–को'-पॅल्–*n.* kind of resin

used in varnishes. वार्निश में प्रयोग की जाने वाली राल ।

Coparcenary–को-पार्'-सँन्-ऑं-री-**Coparcener** (-अर्) *ns.* joint partnership. दायाद, पट्टीदार, साझेदार ।

Co-partner–को-पाइट्'-नर्– *n.* a partner, sharer. अंशभागी, साझीदार ; **Copartnership** (-शिप) *n.* joint concern in a business. पट्टीदारी,साझेदारी।

Cope–कोप्– *n.* a long cloak worn by priests. पादड़ियों का लम्बा चोगा; *v. t. & i.* to furnish with a cope, to contend evenly with, to encounter. चोगा पहिराना, स्पर्धा करना, झगड़ना (सामना करना) ।

Coping–कोप्'-इङ्ग्–*n.*the top course of a wall. मुंडेरा ; **Coping stone** (summit of a building.) घर का शिखर ।

Coper–कोप्'-अर्–*n.* a horse-dealer. घोड़े का सौदागर ।

Copious–को'-पि-अस्– *adj.* plentiful, profuse. प्रचुर, विपुल (बहुत); **Copiously** (-ली) *adv.* diffusely. बहुतायत से ; **Copiousness** (-नैस्) *n.* abundance. प्रचुरता (विपुलता) ।

Copper– कॉप्' - पर् – *n.* a reddish malleable metal, coin, cooking boiler. (ताम्र) ताँबा, ताँबे का सिक्का, डेग; **Copperplate** (polished plate of copper.) पालिश किया हुआ ताँबे का पत्तर; **Copper-smith** (one who makes copper utensils.) ठठेरा, कसेरा; **Coppery** (-ई) *adj.* mixed with copper. ताम्रमय, ताँबे के रंग का ।

Copperas–कॉप्'-पर्-ऑस्–*n.* sulphate of iron, green vitriol. तुत्थ, तूतिया ।

Coppice–कॉप्'-पिस्– *n.* small trees grown for periodical cutting. जंगल, झाड़ी (टट्टी) ।

Copra–को'-प्रा– *n.* dried kernels of coconut. गरी का गोला ।

Coprology–कॉप्-रॉल्'-ओं-जी– *n.* moral impurity in art and literature. कला या साहित्य की अश्लीलता ।

Copse–कॉप्स्–*n.* same as **Coppice**.

Copula–कॉप्'-यू-ली– *n.* a word of predication, a connecting part. क्रियापद का चिह्न, संयोजक भाग ।

Copulate–कॉप्'-यू-लेट्– *v. i.* to unite sexually. मैथुन करना; **Copulation** (-लें-शान्) *n.* act of coupling. मैथुन।

Copulative-कॉप्'-यु-लेट्-इव्–*adj. & n.* serving to connect, that which connects. संयोगकारी, संयोजक अव्यय ।

Copy–कॉप्'-पी–*n.* (*pl.* **Copies**.) reproduction, imitation, transcript. प्रतिलेख, प्रतिलिपि, अनुकरण, हस्तलिपि; *v. t.* to transcribe from original. मूल की प्रतिलिपि लिखना (नक़ल करना); **Copy-book** (a book in which copies are written.) लिपिपुस्तक; **Copy - book maxims** (trite maxims.) सामान्य उपदेश ; **Copy-hold**-कॉप्'-पी-होल्ड्–*n.* tenure by copy. पट्टा लिखाई हुई ज़मीन ; **Copying press** *n.* चिट्ठी इ० छापकर छापने की मशीन ; **Copyist**–कॉप्'-ई-ईस्ट्–*n.* one who copies. लेखक, प्रतिलिपि करनेवाला ।

Copyright–कॉप्'-पी-राइट्– *n.* exclusive legal right to author or publisher for a book. मुद्रण का पूर्ण अधिकार ।

Coquet–कौं-कैट्'– *adj.* coquettish.

विलासवती ।

Coquet-Coquette – कॉ - कॅट्' – *v. i.* to flirt, to trifle. हावभाव दिखलाना, चोचला करना; *n.* a woman who trifles with a man's affections. कामिनी, विलासवती स्त्री; **Coquetry** (-री) *n.* attractive prettiness, नखरा, चोचला ।

Coquettish-कॉ-कॅट्'-इश्-*adj.* practising coquetry. चोचला दिखलानेवाली; **Coquettishly**-(-इश्-ली) *adv.* हाव-भाव से, चोचले से ।

Coracle-कॉर्'-रॅ-कल् – *n.* a water-tight wicker boat. बाँस की बिनी हुई पनसुइया (छोटी नाव) ।

Coral-कॉर्'-रॅल्-*n.* a hard sub-marine substance secreted by many tribes of polyps. प्रवाल, मूँगा; *adj.* like coral. मूँगे के सदृश; **Coral-island** (an island formed of coral reefs.) मूँगे का टापू ; **Coral-reef** (ridges of coral.) मूँगे की चट्टान ।

Corbel-कॉर्'-बॅल्-*n.* a projection of stone timber &c. in a building. घोड़िया ।

Cord-कॉड्र्-*n.* a thin rope, thick string, a cord-like structure in animal body. डोरी, रस्सी, शरीर में के महीन तन्तु ; *v. t.* to bind with cord. रस्सी से बाँधना; **Corded** (-ऍड्) *adj.* bound with cords. रस्सी से बधा हुआ

Cordage-कॉड्र्' -एज्-*n.* cords, ropes &c. in the rigging of a ship. जहाज़ के रस्से इत्यादि ।

Cordate – कॉड्र्' - एट् – *adj.* heart shaped. हृदय (पान) के आकार का ।

Cordial-कॉड्र्' -यॅल्-*n.&adj.* hearty, stimulating, sincere, warm, friendly, an exhilarating medicine. हार्दिक, दीपक (अग्निवर्द्धक), सुशील, उष्ण, पुष्टिदायक पदार्थ; **Cordiality** (-ऑल्'-इट्-ई) *n.* hearty goodwill. सुशीलता, सौजन्य, मित्रभाव, सचाई ; **Cordially** (-ली) *adv.* सौहार्द्र से । **Cordial hearted** *adj.* प्रेमी ।

Cordite-कॉड्र्'-आइट्-*n.* a smokeless explosive. बिना धुयें की बारूद ।

Cordon-कॉड्' - डॉन् – *n.* a chain of military posts. सैनिकों की पंक्ति ।

Core-कॉर्-*n.* horny capsule, central part, heart. अन्तर्भाग, भीतरी हिस्सा (गुद्दा), हृदय ।

Co-relation-कॉ-रॅ-लॅ'-शॉन्-*n.* mutual connection. परस्पर सम्बन्ध ; **Co-relative** (कॉ-रॅल्'-ऑट्-इव्) *adj.* mutually united. परस्पर सम्बन्धी ।

Co-religionist-को-रॅ- लिज्'-ऑन्-इस्ट्-*n.* adherent of the same religion. एक ही धर्म का अनुयायी ।

Co-respondent-को-रॅस्-पॉन्ड्'-ऍन्ट्-*n.* a joint respondent in a suit. किसी मोकदमे में सहकारी मुद्दालेह ।

Corf-कॉर्फ़-*n.* a bsaket in which fishes are kept alive. जीती हुई मछली रखने की टोकरी ।


Coriander-कॉर्-रि-ऑन्' - डर् – *n.* an annual plant with aromatic fruit. धनिया ।

Corinth-कॉर्'-रिन्थ्-*n.* a small fruit एक छोटा फल ।

Cork-कॉर्क्-*n.* bark of cork-oak, a bottle stopper. काग, बोतल का डट्टा *v. t.* to stop with cork. डट्टा लगाकर बन्द करना; *adj.* made of cork. काग

का बना हुआ; **Corkage** (-एज्) *n.* the corking or uncorking of bottles. बोतलों में डट्टा लगाना या बोतलों में से डट्टा हटाना; **Corked** (-ड्) *adj.* डट्टा लगा हुआ; **Corky** (-ई) *adj.* resembling corks. काग के सदृश ।

Cork-screw – कॉर्क्‌ - स्क्रू *n.* a steel screw for drawing cork from bottle. बोतल का काग निकालने का यन्त्र ।


Cork-screw.

Cormorant–कॉर्‌ - मॉ-रॅन्ट्– *n.* a voracious seabird, a rapacious man. एक प्रकार की बड़ी समुद्री चिड़िया, पेटू मनुष्य ।

Corn – कॉर्न् – *n.* grain, seed, a thorny tumour on feet. दाना, अन्न (धान्य), पैर में का गोखरू ; *v. t.* to preserve with salt. नमक डालकर अन्न को रक्षित करना ; **Corn flour** (flour of maze.) मकई का आटा ; **Corn flower** (plants growing among corn.) अन्न के साथ उगने वाले अनेक पौधों के फूल ; **Corny** (-ई) *adj.* resembling thorn. कँटिदार, दानेदार ।

Cornea-कॉर्न्' -इ-ॲ-*n.* interior covering of eye-ball. कनीनिका, आँखों की पुतली ।

Corneous–कॉर्न्' -इ-अस्–*adj.* horny. सींघदार ।

Corner–कॉर्न्' -अर्–*n.* a place where two sides or edges meet, a projecting angle, difficult position, secret place. कोना, कोण, कठिन स्थिति, गुप्त स्थान ; *v. t.* to set or drive in corner. कोने में रखना ।

Cornet–कॉर्' -नॅट्–*n.* a brass musical instrument like trumpet. तुरही के प्रकार का एक बाजा ।

Cornice-कॉर्' -निस्-*n.* an ornamental moulding of a wall below ceiling. कारनीस, साज ।

Cornuted–कॉर्-न्यूट्' -एड् – *adj.* having hornlike projections. सींघ की तरह के उभाड़ वाला ।

Corolla–कॉर्-रॉल्' -लॅ– *n.* the inner envelope of a flower. फूल का भीतरी भाग ।

Corollary – कॉर्-रॉल्' -लॅ-री – *n.* immediate deduction, result. अनुमान, उपसिद्धान्त, परिणाम ।

Corona–कॊ-रॉ '-नॅ–*n.* (*pl.* **Coronæ**) a small disk of light round sun or moon. सूर्य या चन्द्रमा के चारों ओर का प्रभा मण्डल ।

Coronal–कॉर्' -रॉ-नॅल् – *n.* a circlet for the head. किरीट, मुकुट ; *adj.* pertaining to the crown of head. कपाल सम्बन्धी ।

Coronated– कॉर्' -रॉन्-एट्' -ऍड् – *adj.* furnished with a crown-shaped part. मुकुट से सजा हुआ ।

Coronation–कॉर्-रॉन्-ए' -शॉन्–*n.* the ceremony of crowning a king. राज्याभिषेक, राजगद्दी, राजतिलक ।

Coroner–कॉर्' -रॉन्-अर्–*n.* an officer who enquires into the cause of persons supposed to have died by accident or violence. अपमृत्यु के कारण का अन्वेषण करनेवाला अफसर ।

Coronet – कॉर्' -रॉ-नॅट् – *n.* a small crown, garland. छोटा मुकुट, माला ; **Coroneted** (-ऍड्) *adj.* wearing a

coronet. छोटा मुकुट पहिरे हुए।

Coronoid कॉर्'-रो नॉएड्-*adj*. curved like a crow's beak. कौवे की चोंच के सदृश टेढ़ा।

Corporal-कॉर्'-पो-रॅल्- *adj*. pertaining to the body. कायिक, शारीरिक, देह सम्बन्धी ; *n*. an officer in an army below sergeant. फ़ौज का एक छोटा अफ़सर, नायक ; **Corporality** (-इट्-ई) *n*. material existence. देहत्व, शरीरत्व।

Corporate-कॉर्'-पॉ-रॅट्-*adj*. forming a body politic. मिला हुआ, संसृष्ट ; **Corporately** (-ली) *adv*. सामाजिक रूप में।

Corporation - कॉर्'-पॉर्-ए'-शॉन् - *n*. united body of persons. समाज, मण्डली ; **Corporative** (-ऑ'-टिव्) समाज सम्बन्धी।

Corporeal-कॉर्-पॉर्'इ-ऑल्- *adj*. bodily, material. शारीरिक, शरीर सम्बन्धी, (आत्माभिन्न); **Corporeally** (-ली) *adv*. in a bodily form. शारीरिक रूप में।

Corporeity-कॉर्'-पॉर्-ई-इट्-ई- *n*. the quality of being a material body. शरीरत्व।

Corps-कॉर् - *n*. (*pl*. **Corps**-कॉर्ज़्) division of an army. सेना का भाग, पलटन।

Corpse-कॉर्प्स्-*n*. dead body. शव, मृतक शरीर, लोथ।

Corpulence-कॉर्'-प्यू-लॅन्स् - **Corpulency** (लॅन्-सी) *ns*. obesity. मोटापन।

Corpulent-कॉर्'-प्यू-लॅन्ट्-*adj*. bulky of body, fat. स्थूलकाय, मांसल, मोटा।

Corpuscle-कॉर्-पस्'-सल्-*n*. minute body forming part of an organism. शरीर का सूक्ष्म अंश ; **Corpuscular** (-क्यु-लॅर्) *adj*. जीवाणु सम्बन्धी।

Corral-कॉर्-राल्'-*n*. an enclosure for capturing wild animals. जंगली पशुओं के पकड़ने का बाड़ा।

Correct-कॉर्-रॅक्ट्'-*v.t*. to set right, to amend, to mark errors, to admonish, to punish. ठीक करना, सुधारना, शुद्ध करना, झिड़कना, दण्ड देना; *adj*. true, right, accurate, proper. सत्य, शुद्ध, निर्दोष, यथार्थ ; **Correctly** (-ली) *adv*. ठीक तरह से ; **Correctness** (-नॅस्) *n*. शुद्धता; **Correction** (-रॅक्'-शॉन्)*n*. amendment, punishment. शोधन, सुधार, दण्ड ; **Correctitude** (-इट्-यूड्) *n*. correctness of conduct. चरित्र की शुद्धता ; **Corrective** (-इव्) *adj*. शोधक; **Corrector** (-ऑर्) *n*. censor,critic. शोधक, दण्ड देनेवाला।

Correlate-कॉर्'-रॅ-लेट्- *n*. things related to each other. अन्योन्य सम्बन्ध; *v. i*. to have mutual relation. परस्पर सम्बन्ध ; **Correlative** (-रॅल्'-ऑट्-इव्)*n*. & *adj*. analogous. परस्पर सम्बद्ध ; **Correlatively** (-इव्-ली) *adv*. अन्योन्य सम्बन्ध से; **Correlation** (- रॅल्-ले'-शॉन्) *n*. reciprocal relation. अन्योन्य सम्बन्ध।

Correspond-कॉर्'-रॅस्-पॉन्ड्'- *v. i*. to be in harmony with, to be similar, to communicate by interchange of letters. अनुरूप होना, सदृश होना, परस्पर पत्रव्यवहार करना; **Correspondence** (-ऍन्स्) *n*. agreement, communication by letters. अनुरूपता (सादृश्य), पत्र व्यवहार ; **Correspondent** (-ऍन्ट्)*n*. one who writes.

letters to a person or newspaper. समाचार लेखक,संवाददाता; **Corresponding** (-इङ्ग) *adj*. suiting. तुल्य, युक्त, अनुरूप ।

Corridor–कॉर्'-रिड्-ऑर–*n*. the main passage in large buildings. बरामदा, दहलीज ।

Corrigendum–कॉर्-रि-जेन्'-डम्–(*pl*. **Corrigenda**.) thing to be corrected. शुद्धिपत्र ।

Corrigible–कॉर्'-रिज्-इ-बल्–*adj*. capable of being corrected. शुद्ध करने या सुधारने योग्य ।

Corrival-कोर्-राइ'-वॅल्-*n*. a co-rival. प्रतिपक्षी, प्रतिस्पर्धी ।

Corroborant-कॉर्-रॉब्-बॉर्ऑन्ट्– *adj*. strengthening. शक्ति वर्धक (औषधि) ।

Corroborate-कॉर्'-रॉब्-ऑर्-एट्-*v.t*.to confirm by evidence. प्रमाणित करना; *adj*. tending to confirm. समर्थक; **Corroboration** (-ए'-शान्) *n*. confirmation by evidence.प्रमाण,समर्थन; **Corroborative** (-ऑ-टिव्) tending to confirm. प्रमाणित करने वाली; **Corroborator** (-ए'-टॉर्) *n*. प्रमाणित करनेवाला ।

Corrode–कॉर् - रोड्' – *v. t*. to wear away gradually. धीरे धीरे क्षय होना, मुर्चा खा जाना ।

Corrosion–कॉर्-रो' - ज़ॉन्– *n*. act of eating away. क्रम से क्षय ।

Corrosive–कॉर्-रोज़्'-इव् – *adj*. tending to corrode. (तीव्र नाशक), खानेवाला; **Corrosively** (-ली) *adv*. नाशरूप से; **Corrosiveness** (-नेस) *n*. क्षयत्व ।

Corrugate–कॉर्'-रुग्-एट्–*v.t*. & *i*. to contract into folds. सिकोड़ना, झुर्री पड़ना, (तह बन जाना) ; **Corrugation** (-ए'-शॉन्) *n*. त्वचा का सिकुड़ना; **Corrugated** (-एॅड्) *adj*. झुर्रीदार, ऐंठा हुआ, पनारीदार; **Corrugator** (-ए'-टॉर्) *n*. the muscle which contracts in frowning. पेशी जो भौं चढ़ाने में सिकुड़ती है ।

Corrupt–कॉर् - रप्ट' – *adj*. wicked, rotten, bribed. दुष्ट (भ्रष्ट), सड़ा हुआ, घूस दिया हुआ; *v. t*. to defile, to debase, to bribe, to destroy purity of language. दूषित करना, भ्रष्ट करना, घूस देना, भाषा की शुद्धता नष्ट करना; **Corruptibility** (-इब्-इल्-इट्-ई) *n*. possibility of being corrupted. नाशत्व, मलिनत्व; **Corruptible** (-इ-बल्) *adj*. perishable. दूषित होने योग्य, नश्वर; **Corruptibly** (-इब्-ली) *adv*. दूषित प्रकार से; **Corruption** (-रप्'-शॉन्) *n*. moral deterioration. decomposition. दुर्जनता (खोटापन), सड़ना; **Corruptive** (-इव्) *adj*. tainting. दूषित, मलिन; **Corruptly** (-ली) *adv*. in a debased manner. दूषित रीति से; **Corruptness** (-नेस) भ्रष्टता

Corsage–कॉर्' - सेज् – *n*. a woman's bust dress. चोली ।

Corsair–कार्'-सेअर्–*n*. the vessel of a pirate. समुद्री डाकू का जहाज ।

Corset – कार्' - सेट् – *n*. a woman's inner close-fitting bodice. चोली, कंचुक, अँगिया ।

Corslet, Corselet–कॉर्स् - 'लेट्– *n*. a piece of armour for the breast. वक्षस्त्राण, कवच ।

Cortege–कॉर् - टॅज़्' – *n.* a train of attendants. नौकर चाकरों की श्रेणी ।

Cortex–कॉर्' - टॅक्स् – *n.* bark, outer grey matter of brain. छाल, मस्तिष्क (दिमाग) का बाहरी भाग ।

Cortical–कॉर्'-टिक् - ऑल् – *adj.* pertaining to the outer part of animal body. जानवरों की त्वचा सम्बन्धी ।

Corticate (-d)–कॉर्'-टिक्-एट–(-ऍड्)– *adjs.* bark-like. छाल के सदृश ।

Corvine–कॉर्' - वाइन् – *adj.* of the raven or crow. कौवा सम्बन्धी ।

Corydon–कार्'-रिड्-ऑन्– *n.* pastoral poetry. ग्रामीण गीत ।

Coryza – कॉ - राइ' - ज़ॉ–*n.* catarrh. ज़ुकाम, सर्दी ।

Cosier–कों'-ज़ॅ-अर्–*n.* a cobbler. मोची

Cosignatory–को-सिग्'-नीं- टॉर्- ई – *n.* signing jointly with other persons. दूसरों के साथ हस्ताक्षर करनेवाला ।

Cosily, Cosiness–see–**Cosy.**

Cosine-कों'-साइन्-*n.* sine of complement of a given angle. कोटिज्या ।

Cosmetic–काज़्-मॅट' - इक् – *n.* a preparation for beautifying the hairs and complexion. कान्तिवर्धक औषधि, अंगराग, उबटन ।

Cosmic–कॉज़्'-मिक्– *adj.* of the universe. जगत् सम्बन्धी, ऐहिक; **Cosmical** (-ऑल्) *adj.* लौकिक; **Cosmically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a cosmic manner. जगत् निर्माण रीति से ।

Cosmogony–कॉज़्-मॉग्'-ऑन्-ई–*n.*the theory of the creation of the universe. विश्व की उत्पत्ति का सिद्धान्त, जगत् की सृष्टि का सिद्धान्त ।

Cosmography–कॉज़्-मॉग्'-रॅफ्-ई – *n.* description of the general features of the universe. विश्व का विवरण सहित वर्णन ।

Cosmopolitan-कॉज़्-मो-पॉल्'-इट्-ऑन्- *n.* belonging to all the parts of the world, one who is free from national limitations. विश्व सम्बन्धी, जातीय पक्षपात से रहित (जगत् मित्र) ; **Cosmopolitanism** (-इज़्म्) *n.* citizenship of the world. विश्वमित्रत्व सिद्धान्त ; **Cosmopolite** (-मॉप्'-ओ-लाइट) *adj.*free from national prejudices. जातीयता के पक्षपात से विमुख ।

Cosmos–कॉज़्'-मॉस्–*n.* the universe as an ordered whole. क्रम (नियम) बद्ध संसार ।

Cossack–कॉस्'- सॅक्– *n.* a Russian, soldier. रूसी सिपाही (तुर्क देश का) ।

Cosset–कॉस्'-सॅट्-*n.* a pet-lamb. पाला हुआ भेंड़ या बकरी का बच्चा ।

Cost – कॉस्ट – *n.* price paid for a thing, expense. मूल्य,दाम, व्यय; *v. i.* to involve expenditure of, to result in the loss of,to fix prices. व्यय होना, हानि होना, दाम लगाना ; *(pl.)* legal expenses. (ज़ाप्ते का)अदालती खर्च; **Cost price, Prime cost** (price at which a thing is bought.) लागती दाम, असली क़ीमत ; **At the cost of** (involving a loss.) खोने (नाश होने)' पर ; **Cost him dear** (involving a heavy penalty.) (बड़े कष्ट से प्राप्त हुआ) प्राप्त करने में दण्ड सहना पड़ा; **To a person's cost** (to his loss.) किसी व्यक्ति की हानि होने पर ।

Costal–कॉस्ट'–ऑल्–*adj.* pertaining to ribs. पसुली सम्बन्धी ।

Costard–कॉस्'-टॅड्–*n.* a kind of large apple. एक प्रकार का बड़ा सेव ।

Costate–कॉस्'-टेट्–*adj.* ribbed. पसुली वाला ।

Coster–कॉस्'-टर्–*n.* a man who sells fruits &c. in wheeled barrows. ठेले पर लादकर घूम घूम कर फल बेचने वाला।

Costive–कॉस्ट्'-इव्-*adj.* constipated, with confined bowels. बद्धकोष्ठ, मल रोकनेवाला; **Costiveness** (-नॅस्) *n.* मल का अवरोध ।

Costliness–कॉस्ट्'-ली-नॅस्-*n.* dearness. महर्घता, मँहगाई ।

Costly–कॉस्ट्'-ली-*adj.* of great value, expensive. बहुमूल्य (क़ीमती), मँहगा ।

Costume – कॉस्'- ट्यूम् – *n.* style, fashion of dress, complete set of outer garments. वेश, पहिरावा, पहिरने के वस्त्र; *v. t.* to provide with costume. कपड़ा पहिराना ।

Costumier (Costumer)-कॉस्-ट्यूम्'-इ-अर् (-अर्)*ns.* maker or dealer in costumes. पहिरने के वस्त्र बनाने अथवा बेंचनेवाला ।

Cosy (Cozy)-कों'-ज़ी-*adj.* snug, comfortable. हितकर, सुखकर; **Cosily** (-ज़ि-ली) *adv.* comfortably. आनन्द-पूर्वक; **Cosiness** (-नॅस्) *n.* quality of being comfortable. स्वस्थता, आनन्द ।

Cot–कॉट्–*n.* a small erection for shelter, bed for child. झोपड़ी, खटोला, पालना ।

Co-tangent-को-टैन्'-जॅन्ट्-*n.* the tangent of the complement of an arc or angle. कोटिस्पर्श रेखा ।

Cote–कोट्–*n.* shed, shelter for animals. झोपड़ी, पशुओं के लिये घेरा, बाड़ा ।

Co-temporary see **Contemporary**

Co-tenant–को-टॅन्'-अॅन्ट्– *n.* a joint tenant. साझीदार काश्तकार ।

Coterie–कों'-टर्-ई-*n.* a social gathering. सामाजिक संघ ।

Cottage–कॉट्'-टेज़्-*n.* villager's small dwelling, small country-house, a hut. पर्णशाला, झोपड़ी, कुटी; **Cottager** (-अर्)*n.* an inhabitant of a cottage. झोपड़ी में रहनेवाला ।

Cotter–कॉ'-टर्–*n.* a bolt or wedge for tightening parts of machinery. यन्त्र के भागों को कस कर बाँधने के लिये फन्नी या बोल्टू ।

Cotton–कॉट्'-टॉन्–*n.* vegetable fibrous substance used for clothing, cloth made of cotton. कपास, रुई सूती कपड़ा ; **Cotton-plant**. कपास का पेड़; **Cotton-seed**. बिनौला; **Cottony** (ई) *adj.* of cotton. कपास का ।

Cotyloid–कॉटट्'-ऍ-लाऍड्–*adj.* cup-shaped. प्याले के आकार का ।

Couch–काउच्–*n.* bed, lounge. खटिया, चारपाई, (पलंग, शय्या); *v. t.* & *i.* to lay down, to remove cataract, to veil. लेटना, आँखों का मोतियाबिन्द निकालना, वर्णन करना, छिपाना; *v. i.* to lay oneself down. लेट जाना, झुकना ।

Cough–कॉफ़्–*n.* a diseased condition of respiratory organs. कास, खांसी; *v. i.* to expel air with violent effort and noise. खाँसना, खखारना; **To cough out, To cough up** (to speak by coughing.) खाँसकर बोलना; **To cough down** (to silence by coughing.) खाँसकर वक्ता को बोलने न देना ।

Could-कुड्-*p. t.* of **Can.**

Coulomb-कूल-लम्'-*n.* an electrical unit, quantity of electricity conveyed in one second by current of one ampere. विद्युत् शक्ति की नाप, बिजली का जितना परिमाण एक सेकन्ड में एक ऍम्पियर् ले जाता है।

Coulter-कोल्-'टर्-*n.* the iron blade of a plough. हल की फार, हरीस।

Council-काउन्'-सिल्-*n.* advisory or deliberative assembly, body of men to assist a governor. सभा, परिषद्, विचारसभा; **Council Chamber** *n.* विचार सभा की बैठक का स्थान; **Council of State.** राज्यपरिषद्; **Executive Council.** कार्यसम्पादनी सभा; **Legislative Council.** व्यवस्थापक सभा; **Privy Council** (select council for advising a king in the administration of government.) इङ्गलैंन्ड की प्रबन्धकारिणी सभा।

Councillor-काउन्'-सिल्-लार्-*n.* member of a council. सभासद; **Councillorship** (-शिप्) *n.* सभासद का पद।

Counsel-काउन्'-सॅल्-*v.t.* (*p.t.* **Counselled**) to give advice. सम्मति देना; *n.* consultation, advice, plan, a barrister. विचार, उपदेश, अनुशासन, वकील या बीरिस्टर; **Counsel to the crown** (government pleader.) सरकारी वकील; **To keep one's own counsel** (to keep secrets.) रहस्य को गुप्त रखना; **To take counsel** (to advise.) सम्मति लेना, **Counsellor** (-लार्) *n.* adviser, advising barrister. उपदेशक, बुद्धिसहायक, मन्त्री, वकील।

Count-काउन्ट्-*n.* (*fem.* **Countess.**) reckoning, sum total, an English title. गणना, पूर्ण संख्या, एक अंग्रेजी पदवी; *v. t.* & *i.* to enumerate, to reckon up, to consider. गणना करना, गिनना, विचारना; **To count for** (to be fit for.) योग्य होना; **To count up** (to find the sum of.) जोड़ करना; **To count upon** (to hope earnestly.) दृढ़तापूर्वक आशा करना।

Countenance-काउन्'-टॅन्-ऑन्स्-*n.* aspect, expression of face, the face, composure. आकृति, आकार, मुख, मुखड़ा; *v. t.* to encourage, to support, to sanction. अनुग्रह करना, सहायता देना, अनुमोदन करना; **To keep one's countenance** (to maintain composure.) हंसी रोकना, गम्भीर भाव दिखलाना; **To put out of countenance** (to be perplexed.) घबड़ाना।

Counter-काउन्ट्'-अर्-*n.* a small piece of metal used for keeping account, banker's table, part of horse's breast between shoulders and neck, curved part of stern, back part of shoe. गिनने का सिक्का, लेनदेन करने का टेबुल, घोड़े के छातीका भाग, जहाज का पिछला घूमा हुआ भाग, जूते का पिछला भाग; *adj.* opposite, opposed. विपरीत, उल्टा; *v.t.* to oppose, to contradict. विपरीत करना, उलटना; *adv.* in the opposite direction. भिन्न दिशा में, विपरीत; *pref.* in the sense of 'opposition, match or substitute' 'विपरीत, बराबर अथवा स्थानापन्न' अर्थ में उपसर्ग।

Counteract-काउन्ट्-अर्-ऑक्ट्'-*v. t.* to hinder, to defeat, to neutralize.

रोकना, हराना, निष्फल करना (विरोध करना); **Counteraction** (-ऑक्'-शोन्) *n.* प्रतिक्रिया, प्रतीकार ; **Counteractive** (-इव्) *adj.* opposing. विरोध करनेवाला, रोकने वाला ।

Counter-agent–काउन्ट्'-अर्-एज्'-एँन्ट्–*n.* a counteracting force or agent. प्रतीकार करनेवाली शक्ति ।

Counter-attraction-काउन्ट्'-अर्-ऑट्-ट्रॅक्'-शोन्–*n.* a rival attraction. विपरीत आकर्षण ।

Counterbalance– काउन्ट्'-अर्-बॅल्' –लॅन्स्–*n.* a weight balancing another. समतोलन, पसंघा; *v.t.* to weigh against with an equal weight. तुल्य भार करना, धड़ा बाँधना ।

Counterblast–काउन्ट्'-अर्-ब्लास्ट – *n.* anything done or written in opposition to another. किसी के विरुद्ध कार्य या लेख ।

Counterchange–काउन्ट्'-अर्-चेंयन्ज् –*v. t.* to change places or parts. स्थान या भागों को बदलना ।

Countercharge–काउन्ट्'-अर्-चार्ज्– *n.* a charge against an accuser. आक्रमण के बदले आक्रमण करना ।

Countercheck–काउन्ट्'-अर्-चॅक्'–*n.* a check that opposes a thing. प्रतिबन्ध, प्रतिरोध ।

Counter-claim–काउन्ट्'-अर्-क्लेम्– *n.* a claim set up by a defendant in a case. मोकद्दमे में प्रतिवादी की माँग ।

Counterfeit– काउन्ट्'-अर्-फ़ीट् – *n.* & *adj.* anything made in imitation, not genuine. कृत्रिम (बनावटी), खोटा (जाली); *v. t.* to imitate, to forge, to simulate. अनुकरण करना, जाल करना, कपट करना ।

Counterfeiter-काउन्ट्'-अर्-फ़ेट्-अर्–*n.* a forger. ठग ।

Counterfoil– काउन्ट्'-अर्-फ़ॉएल्– *n.* the corresponding part of a bank cheque, receipt &c. retained by drawer. प्रतिरूप, नक़ल, मुसन्ना ।

Countermand–काउन्ट्'-अर्-मान्ड्'-*v.t.* to revoke, to cancel order. प्रतिकूल आदेश देना, पहिली आज्ञा को काट देना ; *n.* revocation of a former command. प्रथम आज्ञा के विरुद्ध आदेश ।

Countermark – काउन्ट्'-अर्-मार्क्– *n.* an additional mark fixed for greater security. अधिक सुरक्षित करने के लिये विशेष प्रकार का चिह्न ।

Countermine – काउन्ट्'-अर्-माइन्– *n.* a project to frustrate another. किसी छल द्वारा कपट व्यवहार को हटाना ।

Counterpane–काउन्ट्'-अर्-पेन्–*n.* the outer covering of a bed, coverlet. बिछावन पर का चादरा, चाँदनी ।

Counterpart–काउन्ट्'-अर्-पार्ट्–*n.* a duplicate, the complementary part. प्रतिरूप (प्रतिमूर्ति), सहायक अङ्ग ।


Counterplot–काउन्ट्'-अर्-प्लॉट् – *n.* a plot devised to defeat another. एक षड्यन्त्र को हटाने के लिये दूसरा षड्यन्त्र ।

Counterpoise– काउन्ट्'-अर्-पॉएज़्– *n.* equilibrium. पसंघा, समतोलन; *v. t.* to compensate. बराबर करना ।

Countersign–काउन्ट्'-अर्-साइन्– *v. t.* to add signature to document which has been already signed. हस्ताक्षर किये हुए पत्र पर अपना हस्ताक्षर करना;*n.* a watch-word. सांकेतिक शब्द ।

Countersink–काउन्ट्-अर्-सिङ्क्– *v. t.*

to sink the head of a screw in a hole which is bevelled off. फरका करना; *n.* a drill for this purpose. फरका।



Countersink.

Countervail – काउन्ट्'-अर्-वेल् – *v. t.* to equal, to compensate. सम करना, बदला लेना।

Counterwork – काउन्ट्-अर्-वर्क् – *n.* opposing work. शत्रु के विपरीत कार्य।

Countess–काउन्ट्'-एस्–*n.* the wife of a count or earl. काउन्ट या अर्ल (उपाधिधारियों) की स्त्री, बेगम।

Counting-house–काउन्ट्'-इङ्ग्-हाउस्-*n.* the office. दफ्तर।

Countless–काउन्ट्'-लेस्–*adj.* numberless, too many to count. असंख्य, अनगिनती।

Country–कन्'-ट्री–*n.* (*pl.* **Countries**) a region, rural districts. देश (गाँव), देहात; **Native country** (birth place.) जन्मभूमि; **Countryman** (a rustic, an inhabitant of a village.) ग्रामीण, देहाती; **Country side** *n.* a rural district. देहात का ज़िला।

County–काउन्ट्'-ई– *n.* a territorial division in Great Britain and Ireland. विलायत के देश का भाग या सूबा।

Coup–कूप्– *n.* a successful stroke, सच्चा आघात; **Coup d'etat** (-डें-एटा) (an illegal change in a government.) राज्यशासन में नियम विप्लव; **Coup-de-grace** (-डे-ग्रेस्) (a finishing stroke.) अंतिम आघात; **Coup-de-main** (-डें-मेन्) (vigorous attack.) तीव्र आघात; **Coup-de-theatre** (-डें-थि-ऑ'-टर्) (dramatically sudden action.) नाटक के सदृश शीघ्र कार्य।

Coupe–कू-पे'–*n.* a kind of four-wheeled carriage. एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी।

Couple–कप्'-प्ल्– *n.* a pair, a man and wife. जोड़ा, युगल; *v.t.* to fasten or link together, to connect, to unite, to marry, to associate together. बाँधना, मिलाना, जोड़ना, विवाह करना, सम्बद्ध करना; **A married couple** (bridegroom and bride.) वर वधू, दुल्हा दुलहिन।

Couplet–कप्'-लेट्–*n.* two successive lines of a verse. पद्य की दो पंक्ति, श्लोक, सोरठा, दोहा।

Coupling–कप्'-प्लिङ्ग्– *n.* a contrivance for connecting the parts of a machine. किसी यन्त्र के भागों को जोड़ने का साधन; **Coupling pin** *n.* pin or bolt used for joining railway carriages. रेल की गाड़ियों को जोड़ने का साधन।

Coupon–कू'-पॉन्–*n.* a detachable ticket entitling the holder to periodical payments. पुर्जा, रसीद, चिट्ठी।

Courage–कर्'-रेज्–*n.* bravery, boldness. पराक्रम (साहस), वीरता; **Courageous** (-अस्) *adj.* brave, fearless. शूरवीर, साहसी; **Courageously** (-ली) *adv.* शूरता से, साहस के सहित; **Courageousness** (-अस्-नेस्) *n.* पराक्रम।

Courier–कूर्'-इ-अर् – *n.* a servant employed to make arrangements for travelling, a messenger. यात्रा का प्रबंध करनेवाला नौकर, हरकारा, दूत।

Course–कोअर्स्–*v. t.* to hunt, to pursue, to cause to run about. शिकार करना, पीछा करना, पीछे दौड़ना; *v.i.* to run. दौड़ाना; *n.* a movement onward, pursuit of a game, direction. गति, शिकार का पीछा करना, प्रगति; (*pl.*) behaviour, ground for race, water-channel, career, series. व्यवहार, घोड़दौड़ का स्थान, जलमार्ग, आचरण, श्रेणी (क्रम); **Course of action** (line of work.) क्रियाविधि; **Course of study** अध्ययन क्रम; **In due course** (in proper time.) नियम से, समयपर; **In the course of** (during.) मध्य में, प्रसङ्ग में; **Matter of course** (natural happening.) स्वाभाविक घटना; **Of course** (certainly.) अवश्य।

Courser–कोअर्स्-अर्–*n.* a swift horse. तेज घोड़ा।

Court–कोअर्ट्–*n.* a space enclosed by walls, sovereign's residence, his retinue, state assembly, assembly of judges, place of justice. आँगन, राजगृह, राजा के परिचारक, राजसभा, धर्माधिकारी, न्यायालय (कचहरी); *v. t.* to pay court to, to make love to, to seek to win, to entice. आराधना करना, विवाह की प्रार्थना करना, ललचाना, प्रेम करना; **Court-card** king, queen and knave. (ताश में) राजा, रानी और गुलाम; **Court-guide** (list of courtiers.) दरबारियों की सूची; **Court house** *n.* अदालत का कमरा **Courting** (-इङ्) *n.* विवाह के लिये अराधना करना; **Court-martial** (court of military officers.) फ़ौजी अदालत।

Courteous–कोअर्ट्-इ-अस्-*adj.* kind, civil, polite. दयालु, विनीत (सभ्य), नम्र; **Courteously** (-इ-अस्-ली) *adj.* विनय सहित; **Courteousness** (-इ-अस्-नेस्) *n.* शिष्टाचार।

Courtesan (**Courtezan**)-कोर्ट्-इ-ज़ॅन्–*n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी।

Courtesy–कर्ट्-इ-सी–*n.* favourable disposition, civility. विनय, नम्रता; **Courtesy title** (a title given by social custom.) सामाजिक उपाधि।

Courtier–कोअर्ट्-यर्–*n.* an attendant at a sovereign's court. राज सेवक, राजसभासद, दरबारी।

Courtly–कोअर्ट्-ली–*adj.* polished in manners, flattering. सुशील, चापलूस।

Courtship–ओअर्ट्-शिप्–*n.* wooing with a view to marriage. विवाह के निमित्त आराधना।

Cousin–कज़्-इन्-*n.* (*common gender*) a child of one's uncle or aunt. चचेरा, ममेरा, मौसेरा अथवा फुफेरा भाई या बहिन; a title used by sovereigns in addressing another sovereign or nobleman. इस शब्द का प्रयोग एक राजा दूसरे के लिये अथवा नवाब इत्यादि के लिये करता है; **Cousinhood** (-हुड्) *n.* relationship. रिश्तेदारी।

Cove–कोव्-*n.* a small bay or creek, a sheltered recess. छोटी खाड़ी या दर्रा, छायादार दर्रा।

Covenant–कव्-ऍन्-ऑन्ट्–*n.* compact, bargain, mutual contract. नियम, पण, सौदा; *v. t.* & *i.* to agree. नियम करना, वचन देना।

Cover–कव्-अर्–*v. t.* to overspread,

to overlay, to shelter, to extend over, to protect, to include, to comprise, to suffice, to conceal. फैलना, ढाकना, शरण देना, मिलाना, पर्याप्त होना, व्याप्त करना, रक्षा करना, छिपाना; *n.* lid, binding, shelter, hiding place, pretence, envelope, napkin for table. ढकना, जिल्द, आश्रय, छिपने की जगह, बहाना (माया, कपट), लिफ़ाफ़ा, टेबुल पर की चादर।

Covering-कव्'-अर्-इङ्ग्-*n.* that which covers. ढकना, ओढ़ना, चादरा।

Coverlet–कव्'-अर्-लॅट्–*n.* covering, a counterpane. ओढ़ना, चादरा।

Covert–कव्'-अर्ट्–*adj.* secret, disguised. गूढ़, गुप्त, (प्रच्छन्न); *n.* a shelter, thicket, hiding place. आश्रय-स्थान, झाड़ी, छिपने का स्थान; **Covert-ure** (-अर्-ट्यूर्) *n.* cover, shelter. आच्छादन, शरणस्थान।

Covet–कव्-ऍट्–*v.t.* to desire eagerly. लोभ करना, लालच करना; **Covet-able** (-ऑं-बल्) *adj.* that may be coveted. लालच के योग्य; **Coveted** *adj.* earnestly desired. अति उत्सुक; **Covetous** (-अस्) *adj.* avaricious. लोलुप, लालची; **Covetously** (-अस्-ली) *adv.* लालच से; **Covetousness** (-अस्-नॅस्) *n.* avarice, cupidity. लालच (लोभ), लालसा।

Covey–कव्'-ए–*n.* a brood of partridges. तीतरों का झुण्ड।

Cow–काउ–*n.* (*mas.* **Bull**, *pl.* **Cows** or **Kine**.) female of bull. गाय, धेनु, गौ; **Cow dung**. गोमय, गोबर; **Cow-herd** (one who tends cows.) अहीर, चरवाहा; **Cow-pen**. गोशाला।

Cow–काउ–*v. t.* to impress with fear. त्रस्त करना, डराना।

Coward–काउ' - ऑर्ड् – *adj.* timid, faint-hearted. भीरु (कातर), डरपोक; **Cowardice** (-इस्) *n.* भीरुता, कातरता; **Cowardliness** (-ली-नॅस्) *n.* भीरुता; **Cowardly** (-ली) *adj.* without courage. कातरता का।

Cowed–काउड्–*adj.* crushed. त्रस्त।

Cower–काउ'-अर्–*v. i.* to stand in a bent position, to crouch from fear. दबकना, भय से सिकुड़ना।

Cowl–काउल्– *n.* a monk's hooded garment, hood-shaped covering, tub for water. बैरागी का टोप, फन की आकृति का ढपना, पानी की कठवत; **Cowled** (-ड्) *adj.* hooded. ढकनेदार।

Cow-pox–काउ'-पॉक्स्–*n.* a disease on the teats of cows. गौ के थन पर निकलने वाली शीतला।

Co-worker–को-वर्क्'-अर्–*n.* one who works with another. साथ काम करने वाला।

Cowrie–काउ'-री–*n.* a shell used as money. कौड़ी।

Cowslip–काउ'-स्लिप्–*n.* a wild plant with fragrant yellow flowers. पीले सुगन्धित पुष्प का पौधा, सेवती।

Coxcomb-कॉक्स्'-कोम्-*n.* a conceited showy person. दम्भी, आत्माभिमानी मनुष्य; **Coxcombry** (-री) *n.* vain show. दर्प, गर्व, घमण्ड।

Coy–कॉय्–*adj.* modest, shy, secluded. विनीत; लज्जावान् (संकोची), अल्पभाषी; **Coyly** (-ली) *adv.* in a shy manner. लज्जासहित; **Coyness** (-नॅस) *n.* modesty. लज्जा।

Coze–कोज़–*v. i.* to have a chat. बकबक करना।

Cozen–कज़्'-ऍन्–*v. i.* to cheat, to defraud. धोखा देना (छलना), ठगना।

Cozy–कों'-ज़ी–see **Cosy**.

Crab–क्रॅब्–*n.* a kind of ten-footed crustacean, a zodiacal constellation,a machine for hoisting heavy weights, wild apple fruit. (कर्कट), केंकड़ा, कर्कराशि, भारी बोझ उठाने का यन्त्र, जंगली सेब का फल; **Crabbed** (-इ) *adj.* perverse, irritable, intricate. निष्ठुर (दुःशील), चिड़चिड़ा, गूढ़ार्थ (दुर्ज्ञेय); **Crabbedly** (-बेंड्-ली) *adv.* निष्ठुरता से; **Crabbedness** (-बेंड्-नेस्) *n.* निष्ठुरता, दुःशीलता; **Crabby** (-बी) *adj.* peevish, perplexing. निष्ठुर, घबड़ाने वाला।

Crack–क्रॅक्–*n.* a sharp sudden noise, a sharp blow, partial fracture. (*pl.*) news. कड़क, तेज धक्का, दर्रा या दरार (ब० व०) समाचार; *v. t.* to make a sharp noise, to split. कड़ाके का शब्द करना, फाड़ना; **To crack a bottle** (to empty a bottle.) पीकर बोतल खाली करना; **To crack a joke** परिहास करना, दिल्लगी करना; **To crack up** (to praise.) प्रशंसा करना; **Cracked** (-ड्) *adj.* insane. पागल, झक्की; **Cracked sound**. कर्कश शब्द; **Cracker** (क्रॅ'-कर्) *n.* firework exploding with sharp sound. पटाखा; **Cracky** (-ई) *adj.* having cracks. दरारदार।

Crackle–क्रॅक्'-कल्–*v. t.* to make a cracking sound. कड़ाके का शब्द करना, चटकना।

Cracknel–क्रॅक्'-नेल्–*n.* a kind of crisp biscuit. कुरकुरा बिसकुट।

Cracksman–क्रॅक्स्'-मॅन्–*n.* a burglar. चोर।

Cradle–क्रे'-इल्–*n.* a rocking bed or cot for infants. हिंडोला, झूला, पालना; *v. t.* to rock in a cradle. झलुआ में झुलाना; **From the cradle** (from childhood.) बचपन से; **A child in cradle**. दूध पीता बच्चा।

Cradling–क्रे'-इलिङ्ग्–*n.* a wooden or iron framework. लकड़ी या लोहे का ढाँचा।

Craft–क्राफ़्ट–*n.* skill, cunning,art, trade, boat, vessel. कौशल, धूर्तता, कला (शिल्प), व्यापार, नाव, जहाज; **Craftily** (-इल्-ई) *adv.* कपट से; **Craftiness** (-इ-नेस्) *n.* धूर्तता; **Craftsman** (an artisan.) कारीगर, शिल्पकार; **Craftsmanship** (-शिप्)*n.* finished art of a craftsman.दस्तकारी

Crafty–क्रॉफ्'-टी–*adj.* cunning, artful. धूर्त, कपटी।

Crag–क्रॅग्–*n.* a steep or rugged rock. करारा, दर्रा; **Cragged** (क्रॅग्'-गेंड्), **Craggy** (-गी) *adjs.* rugged, rough. विषम, ऊँचा नीचा; **Craggedness** (-गेंड्-नेस्), **Cragginess** (-गि-नेस्) *ns.* ऊँचा नीचापन।

Cram–क्रॅम्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Crammed**.) to fill overfull, to force, to get up by heart, to stuff. मुँह तक भरना, ठूँसना,कंठस्थ करना, ठूँसकर, भोजन करना; *n.* crowd. भीड़; **Crammer** (-मर्)*n.* one who crams. रटने वाला; **Cramming** (-मिङ्ग्)*n.* learning by heart. रटना, कण्ठस्थ करना।

Crambo - क्रैम्' - बो-*n.* a game of rhyming. तुकबन्दी का खेल।

Crammer-क्रैम्'-मर्-*n.* see Cram.

Cramp-क्रैम्प्- *n.* a contraction of muscles from chill, strain, &c., bent bar for fastening walls &c. सिकुड़न (ऐंठन), दीवार पुष्ट करने का लोहे का छड़ ; *adj.* contracted. सिकुड़ा हुआ; *v. t.* to affect with cramp, to confine. सिकोड़ना, बाँधना ; **Cramp-fish** (electric ray.) बिजली की किरण।

Crampon - क्रैम्प्'- ऑन् - *n.* iron plate for walking on ice. बरफ़ पर चलने का खड़ाऊँ।

Crane-क्रेन्-*n.* a large wading bird, a machine for lifting heavy weights. सारस, भारी बोझ उठाने का यन्त्र; *v. t.* to move with crane. यन्त्रद्वारा भारी बोझ को हटाना ; **Water-crane** (a tube for supplying water to locomotives.) इंजिन में पानी देने की नली।

Cranial-क्रे'-नि-ऑल्-*adj.*pertaining to cranium. खोपड़ी सम्बन्धी।

Cranium-क्रे'-नि-अम्- *n.* (*pl.* Crania.) the bones of the head, skull. खोपड़ी की हड्डियाँ, मस्तक।

Crank-क्रैङ्क्-*n.* part of an axle bent at right angles for converting reciprocal into circular motion, fanciful speech, eccentric idea. धुरे का मुड़ा हुआ भाग, वक्रोक्ति, झक; *v.t.* to bend into crank shape. इस आकार में मोड़ना; *adj.* weak,shaky. कमज़ोर, हिलनेवाला; **Cranky** (-ई) *adj.* slightly deranged. कुछ झकी।

Crankle-क्रैङ्' - कल्-*v.i.* to twist, to bend in and out. ऐंठना, भीतर बाहर मुड़ना।

Crannied-क्रैन्' - नीड् - *adj.* full of chinks. दरारदार।

Cranny-क्रैन्'-नी-*n.* chink, crevice. छिद्र (रन्ध्र), दरार।

Crape - क्रेप् - *n.* a gauze-like fine fabric (usually black) used for mourning dress. महीन काला कपड़ा जो मातम में प्रयोग होता है; *v. t.* to cover with crape. ऐसे वस्त्र की पट्टी बाँधना।

Crapulence-क्रैप्'-यू-लॅन्स्-*n.* a surfeit caused by intemperance. नशे की खुमारी।

Crapulent-क्रैप्'-यू - लॅन्ट् -*adj.* suffering from intemperance. नशे के बाद की खुमारी से ग्रस्त।

Crash-क्रैश् - *v. i.* to make a loud noise, to move with a loud noise, to fall to the earth. धड़ाका करना, धड़ाके से हिलना, पृथ्वी पर गिरना ; *n.* a violent sound as of thunder. बिजली की तरह गड़गड़ाहट ; **Crashing** (-इङ्ग्) *n.* a violent sound. शोरगुल।

Crass-क्रैस्-*adj.* thick, gross, stupid. घना, मूर्ख, अनाड़ी; **Crassly** (-ली) *adv.* foolishly. मूर्खता से ; **Crassness** (-नैस्) *n.* quality of being coarse. अनाड़ीपन ; **Crassitude** (-इ-ट्यूड्)*n.*gross stupidity. पूरा गँवारपन।

Cratch-क्रैच्-*n.* a rack for feeding beasts. नवादनी, चरनी।

Crate-क्रेट्- *n.* a large framework, a case or basket for carrying glass, fruit &c. झाँप, ढाँचा, टोकरी।

Crater-क्रे'-टर्-*n.* mouth of a volcano. ज्वालामुखी पर्वत का मुख ; Cra-

teriform (-इ-फ़ॉर्म्) *adj.* of the form of a crater. ऐसी आकृति वाला।

Crave–क्रेव्–*v. t.* to beg earnestly, to long for. याचना करना, माँगना ; **Craving** (-इङ्ग्) *n.* an earnest desire. उत्कण्ठा, लालसा।

Craven–क्रेव्'-ऍन् – *adj.* cowardly, abject. भीरु, कातर ; **To cry craven** (to yield oneself.) आत्मसमर्पण करना ; **Cravenly** (-ली) *adv.* cowardly. कातरता से।

Craw–क्रॉ–*n.* the crop of insects or birds. पक्षियों या कीड़ों का पेट।

Crawl–क्रॉल्–*v. i.* to move or walk slowly, to creep. धीरे धीरे चलना (घिसकना), रेंगना; **Crawler** (-अर्) *n.* one who crawls, a slowly moving cab, louse. घिसकनेवाला, धीरे धीरे चलनेवाली गाड़ी, जुवाँ ; **Crawling** (-इङ्ग्) *n.* slow motion. सरकन, घिसकन।

Crayfish–क्रे'-फ़िश्–*n.* a small lobster-like fish. केकड़े की आकृति की मछली।

Crayon–क्रे'-ऑन्–*n.* a stick or pencil of coloured chalk for drawing. रँगने की पेंसिल या खड़िया ; *v. t.* to sketch with crayon. रङ्गीन खड़िया से तसवीर बनाना।

Craze–क्रेज़्–*v. t.* to render insane, to produce small cracks. पागल बनाना, छोटी फटन बनाना ; *n.* insane, fancy, mania. पागलपन, झक, सनक ; **Crazed** (-ऍड्) *adj.* सनकी, झकी ; **Crazily** (-इल्-ई) *adv.* पागलपन से ; **Craziness** (-इ-नेस्) *n.* पागलपन ; **Crazy** (-ई) *adj.* unsound, insane, mad. जीर्ण (जर्जर), पागल, उन्मत्त।

Creak-क्रीक्-*n.* harsh grating sound. कर्कश शब्द, चरचराहट ; *v. i.* to make a sharp grating sound. चरचर शब्द करना ; **Creaky** (-ई) *adj.* having a creaking sound. चरचराहट शब्दवाला।

Cream–क्रीम्–*n.* the oily part of milk which gathers on the top, the best part of anything. साढ़ी (मलाई), सार (तत्व); *v. t.* to take cream from milk. दूध में से साढ़ी निकालना ; **Cold-cream** (cooling unguent.) मलाई की कुल्फ़ी ; **Cream-coloured** (yellowish white.) पीलापन लियें सफ़ेद; **Creamfaced** *adj.* भीरु आकृतिवाला; **Creamlaid** *adj.* मलाई के समान (चिकना); **Cream separator** (a machine for separating cream from milk.) मक्खन निकालने की मशीन।

Creamer–क्रीम्'-अर्– *n.* a machine for separating cream. मलाई अलगाने का यन्त्र।

Creamy–क्रीम्'-ई–*adj.* like cream. मलाई के समान।

Creamery–क्रीम्'-अर्-ई–*n.* a butter-factory. मक्खन बनाने का कारख़ाना।

Crease–क्रीस्–*n.* a fold, wrinkle. सिकुड़न, तह का निशान, चुनन; *v. t.* to make a crease. चुनना,सिकुड़न बनाना; **Creasy** (-ई) *adj.* marked by creases. सिकुड़नदार।

Create–क्रि-एट्'–*v. t.* to bring into existence, to originate. निर्माण करना, उत्पन्न करना।

Creation–क्रि-ए'-शान्–*n.* the act of creating, investing with title, created things, production of

human intelligence. सृष्टि (निर्माण), उपाधि प्रदान, निर्माण की हुई वस्तु, भावना।

Creative-क्रि-एट्'-इव् – *adj.* having power to create. उत्पादक ; **Creatively** (-ली) *adv.* उत्पादन से; **Creativeness** (-नॅस्) *n.* निर्माण।

Creator-क्रि-एट्'-ऑर्-*n.* (*fem.* **Creatress**) the Supreme Being. उत्पादक, ब्रह्मा, विधाता।

Creature-क्रीट्'-यूर्-*n.* an animate being, an animal, one who owes his fortune to another, a mere instrument. प्राणधारी जीव, प्राणी, आश्रित (उपजीवी), साधन ; **Creaturely** (-ली) *adj.* belonging to a creature. पशु संबन्धी।

Creche-क्रॅश्-*n.* a day nursery for children when their parents are at work. दिन में बच्चों को संभालने का स्थान जब इनके मां बाप काम में लगे हों।

Credence-क्रीड्'-ऍन्स्-*n.* belief, credit. विश्वास, प्रमाण ; **A letter of credence** (a letter of introduction.) परिचय का पत्र।

Credential-क्रॅ-डॅन्'-शॅल् – *n.* (*usu. pl.*) letters of introduction. विश्वासपत्र, प्रमाणपत्र, परिचयपत्र।

Credible-क्रॅड्'-इ-बल् – *adj.* worthy of belief, beilevable. विश्वसनीय, प्रामाणिक ; **Credibility** (-इब्-इल्'-इट्-ई) *n.* credibleness. विश्वासपात्रता, प्रामाण्य ; **Credibly** (-इब्-ली) *adv.* in a manner deserving of belief. प्रमाण सहित, विश्वास पूर्वक।

Credit-क्रॅड्'-इट – *n.* belief, trust, good reputation, esteem, source of honour, confidence in a man's solvency. प्रतीति, विश्वास, प्रसिद्धि, कीर्ति, मान, धाक ; *v. t.* to believe, to carry to credit side of account. विश्वास करना, प्रमाणित करना, रक़म नाम लिखना ; **Creditable** (-इॅ-ब्ल) *adj.* worthy of honour. कीर्तियोग्य, सराहने योग्य; **Creditably** (-ऑब्-ली) *adj.* गौरव के साथ ; **Creditor** (-ऑर्) *n.* (*fem.* **Creditrix**) one to whom a debt is due. ऋणदाता, महाजन।

Credulity-क्रॅड्-युल्'-इट्-ई-*n.* easiness of belief. श्रद्धालुता, सहज में विश्वास।

Credulous – क्रॅड्'-यु-लस् – *adj.* too ready to believe. (श्रद्धालु), सहज में विश्वास करने योग्य ; **Credulously** (-ली) *adv.* श्रद्धापूर्वक; **Credulousness** (-नॅस्)*n.* a credulous temper of mind. विश्वासशीलता।

Creed-क्रीड्-*n.* a religious belief, a set opinion on any subject. धर्म, स्वीकृत मत ; **Creedless** (-लॅस्) *adj.* without creed. मत रहित।

Creek-क्रीक्-*n.* a small inlet on the sea-coast, a small harbour. खाड़ी, छोटा बन्दरगाह ; **Creeky** (-ई) *adj.* winding. घुमौवा।

Creel-क्रील्-*n.* angler's fishing basket. मछुवे की मछली रखने की टोकरी।

Creep-क्रीप्-*v.i.* (*p.t.* & *p.p.* **Crept**) to crawl, to move slowly, to grow along ground. रेंगना, धीरे धीरे चलना, जड़ फेंकते हुए बढ़ना ; **Creeper** (-अर्) *n.* that which creeps, a plant that clings by rootlets. रेंगनेवाला, लता; **Creepingly** (-इङ्ग्-ली) *adj.* by creeping. रेंगते हुए।

Cremate-क्रॅ-मेट्'-*v. t.* to consume

by fire. दाह करना, मुर्दा जलाना; **Cremation** (-मे'-शॉन्) *n.* burning of the dead. दाहक्रिया; **Cremator** (-ए'-टॉर्) दाह करनेवाला ; **Crematorium** (-औं-टोर्'-इ-अम्) *n.* श्मशान, मुर्दा जलाने का स्थान ।

Crenature–क्रेन्'-औं-ट्यूर्- *n.* rounded edge of a leaf. पत्ती का नोकीला गोल छोर ।

Crenel (Crenelle)–क्रैन्'-एल्– *n.* an open space in a parapet for shooting. गोली मारने के लिये मुँडेरे में खुला स्थान ; *v. t.* to furnish with loopholes. छिद्र बनाना ।

Creosote–क्री'-ओ-सोट्–*n.* a colourless fluid distilled from woodtar. लोबान ।

Crepe–क्रेप्–*n.* a gauze-like fabric. बारीक कपड़ा, क्रेप (कपड़ा) ; **Crepe-rubber** (durable rubber-sole for shoes.) जूते का रबड़ का मजबूत तला ।

Crept–क्रैप्ट्–*p. t.* & *p.p.* of **Creep**.

Crepuscular–क्री-पस्-क्युल्-ऑर् – *adj.* pertaining to twilight. सन्ध्या सम्बन्धी ।

Crescent–क्रै'-सैन्ट्–*n.* the increasing moon, the Turkish power. अर्धचन्द्र (दुइज का चन्द्र), तुर्कराज्य; *adj.* increasing. अर्धचन्द्राकार, बढ़नेवाला ।

Cresset–क्रैस्'सैट्– *n.* light mounted on pole. आकाश दीपक ।

Crest–क्रैस्ट्–*n.* a tuft on animal's head, apex of helmet, mane, head of mountain. मुकुट (चोटी), कलँगी (तुर्रा), शिखा (जूड़ा), पहाड़ की चोटी; *v. t.* to furnish with crest. चोटी लगाना ; **Crest-fallen** (dejected, dispirited.) अभिमान टूटा हुआ, मन्द, उदासी; **Crest-jewel**. शिखामणि ।

Cretonne–क्रेट'-ऑन्–*n.* printed unglazed cloth. छींट, छापा हुआ सूती कपड़ा ।

Crevet–क्रैव्'-एट्– *n.* a melting pot used by goldsmiths. सोना, चाँदी गलाने को घरिया ।

Crevice–क्रैव्'-इस्–*n.* a chink, a small fissure. छिद्र (सन्धि, बिल), दरार ।

Crew–क्रू–*n.* a ship's company, set, gang, mob. मल्लाहों का जत्था, संघ, जनसमूह, भीड़ ।

Crib–क्रिब्–*n.* a receptacle for fodder, hut, a small bed for child, situation. चरनी, झोपड़ी, पालना, स्थिति; *v. t.* to confine in small space, to pilfer. छोटे स्थान में बन्द करना, चोरी करना ।

Cribbage–क्रिब्'-बेज्– *n.* a game of cards. ताश का एक खेल ।

Crick–क्रिक्–*n.* stiffness of neck and back. गर्दन और पीठ का कड़ा हो जाना ।

Cricket-क्रिक्'-एट्-*n.* a jumping and chirping insect, an open air game played with ball, bat and wickets. झींगुर, गेंद का एक प्रसिद्ध खेल ; *v. i.* to play cricket, क्रिकेट खेलना; **Cricketer** (-अर्) *n.* one who plays cricket. क्रिकेट खेलने वाला ।

Cricoid – क्रिक्'-ऑएड् – *adj.* ring-shaped. वर्तुल, गोलाकार ।

Crier–क्राइ'-अर्-*n.* one who cries, an official for shouting out public announcements. पुकारनेवाला, चिल्लाने वाला, अदालतों में पुकारने वाला अर्दली ।

Crime–क्राइम्-*n.* a punishable act, sin. अपराध पाप (पातक); **Crimeless** (-लैस्) *adj.* innocent. निर्दोषी ।

Criminal–क्रिम्'-इन्-औल्–*adj.* guilty

of a crime, opposed to civil. अपराधी (दोषी, पापी), फ़ौजदारी ; Criminal law (law of crimes.) दण्ड विधान ; Criminality (-ऑल-इट-ई) n. criminalness. अपराधिता, सदोषत्व; Criminally (-ली) adv. wickedly. अपराध सहित, दोष सहित ।

Criminate – क्रिम्'-इन्-एट – v. t. to charge with crime, to censure. अपराधी बनाना (दोषी करना), निन्दित करना; Crimination (-ए'-शॉन्) n. अभियोग, दोषारोपण ; Criminative (-टिव्) adj. criminating. अपराधी ।

Criminology– क्रिम्-इन्-ऑल्'-ओ-जी – n. the science of crime. अपराधविज्ञान ।

Crimp–क्रिम्प्– n. an agent who entraps men for soldiers. सिपाहियों की भरती करनेवाला; v. t. to corrugate, to contract. तह बनाना (सिकोड़ना), मोड़ना ।

Crimple–क्रिम्'-पल्–v. t. to contract or shrink. सिकोड़ना ।

Crimson–क्रिम्'-ज़ॉन्–adj. of a deep red colour. लोहितवर्ण का, गहरे लाल रंग का; v.i. to turn crimson. लाल होना ।

Crinal – क्राइ-नॉल – adj. belonging to hair. बालों का ।

Cringe–क्रिन्ज–v.i. to bow servilely. साष्टाङ्ग प्रणाम करना ; n. fawning obeisance. ठकुरसोहाती, चापलूसी ।

Crinite-क्रिन्'-आइट-adj. hairy. रोवेंदार।

Crinkle–क्रिङ्क्'-क्ल्–v. t. to twist, to wrinkle. ऐंठना, झुर्री डालना; n. a winding or turn. वलि, झुर्री; Crinkly (-क्ली) adj. in wrinkles. झुर्रीदार ।

Crinoid–क्रिन्'-ऑएड– adj. lily-shaped. कुमुदनी (कोईं) के आकार का ।

Cripple–क्रिप्'-पल्–n. a lame person. पंगु, लँगड़ा मनुष्य; v. t. to hobble, to walk lamely. लगड़ाकर या मचककर चलना; v.t. to lame, to disable. लँगड़ा करना, अयोग्य करना ।

Crisis–क्राइ'-सिस्– n. (pl. Crises–क्राइ'- सीज़) a turning-point, a moment of danger or suspense. शुभाशुभ वेला, सन्देह समय, संकट ।

Crisp–क्रिस्प्–adj. fragile, brittle, brisk, curly. भंगुर, कुड़कीला, कुरकुरा, फुसफुसा, घुँघुराला ; Crispation (-ए'-शॉन्) n. a contraction. सिकुड़न; Crisped adj. कुरकुरा; Crisply (-ली) कुड़कुड़ेपन से ; Crispness (-नॅस्) n. कुरकुरापन ; Crispy (-ई) adj. curly, brittle. झुर्रीदार, कुड़कोला ।

Criterion–काइ-टिअर्'-इ-ऑन्-(pl.Criteria (क्राइ-टिअर्'-इ-ॲ) n. principle, standard. सिद्धान्त, प्रमाण ।

Critic–क्रिट'-इक्–n. one who pronounces judgement, a judge of literary or artistic works. गुणदोष निरूपक, समालोचना करनेवाला (गुणग्राही) ; Critical (-ऑल्) adj. skilful, fault-finding, involving risk, belonging to criticism. चतुर, दोषदर्शी, दोषग्राही, गुणदोष विवेचक; Critically (-ऑल्-ली) adv. सूक्ष्मरूप से ।

Criticizable–क्रिट-इस् - साइज़्'-ऑ-बल्–adj. capable of being criticized. समालोचना करने योग्य ।

Criticize–क्रिट'-इस-साइज़्–v. t. to discuss critically, to censure. समालोचना करना, दोष लगाना; Criticizer (-अर्) n. समालोचक ।

Criticism–क्रिट'-इस्-इज़्म्–n. a critical essay or remark. गुणदोष विवेचन,

समालोचना ।

Critique-क्रिट्-ईक्-*n.* a critical essay, art of criticism. गुणदोष दिखलानेवाला लेख, छिद्रान्वेषण ।

Croak–क्रोक्–*n.* deep hoarse sound of a frog or crow. कौवे या मेढक का रटना, टरटर शब्द; *v. i.* to utter such a sound. टरटर करना ; **Croaker** (-अर्) *n.* a prophet of evil. अशुभ वक्ता; **Croaking** (-इङ्ग्) *n.* टरटर शब्द; **Croaky** (-ई) *adj.* croaking. काकरव का ।

Croceate–क्रो'-शि-एट्–*adj.* saffron-coloured. केसरिया रंग का ।

Crochet–क्रो'-शे–*n.* knitting work done with hooked needle. बिना हुआ जाली का काम ।

Crock–क्रॉक्–*n.* an earthen pot. मिट्टी का बर्तन; **Crockery** (-अर्-ई) *n.* earthen ware. मिट्टी के बर्तन ।

Crocodile–क्रॉक्'-ओ-डाइल्–*n.* a large amphibious reptile. मगर, नक्र, घड़ियाल; **Crocodile tears** (hypocritical behaviour.) झूठी रुलाई, मिथ्या विलाप ।

Croesus–क्री'-सस्–*n.* a wealthy person. धनी, अमीर ।

Croft–क्रॉफ़्ट्–*n.* an enclosed piece of land, a small holding. छोटा बगीचा, छोटी खेती; **Crofter** (-अर्) *n.* one who farms a croft. थोड़ी सी ज़मीन जोतने बोनेवाला ।

Crone–क्रोन्–*n.* a withered old woman, old ewe. जर्जर बुड्ढी, बुड्ढी भेंड़ ।

Crook–क्रूक्–*n.* a hook, bend curve, shepherd's hooked staff. झुकाव, घुमाव, कमान, गड़ेरिया की लग्घी; **Crook-backed** (hunch backed,) कुबड़ा ; **By hook or crook** (by fair or foul means.) सचाई या छल से ।

Crooked–क्रुक्'-ऍड्–*adj.* bent, twisted, deformed. टेढ़ा, कुटिल, बदसूरत; **Crookedly** (-ऍड्-ली) *adv.* कुटिलता से, तिर्छेपन से; **Crookedness** (-एड्-नेस्) *n.* कुटिलता, वक्रता ।

Croon–क्रून्–*n.* a low undertone. महीन आवाज़ ।

Crop–क्रॉप्–*n.* the gullet of birds, stock or handle of a whip, produce of cultivated plants, season's total yield, style of wearing hair. पक्षियों का ढेघा, चाबुक की मुठिया, कृषिफल, फ़सल, बालों के रखने का ढंग; *v.t.* & *i.* to cut off, to gather, to reap, to cut short, to bear crop, to turn up unexpectedly. फ़सल इकट्ठा करना, लवना, छोटा करना, एकाएक प्रत्यक्ष होना; **To crop out, to crop forth** (to come out at the surface.) प्रत्यक्ष होना, सतह पर आ जाना (उमड़ आना); **Cropful** (fully satisfied.) अति तृप्त ।

Croquet–क्रो'-के– *n.* an out-door game played with wooden balls and mallets. लकड़ी के गेंद और हथौड़ी से खेला जानेवाला एक खेल ।

Croquette–क्रॉ-कैट्'–*n.* fried ball of rice, potato, meat &c. भात, पकाये हुए आलू, मांस इ० का बना हुआ लड्डू ।

Crore–क्रोर्–*n.* one hundred lakhs or ten millions. एक करोड़ ।

Crosier (**Crozier**)–क्रोज़्'-यर्– *n.* a bishop's or abbot's pastoral staff. पादड़ी की छड़ी ।

Cross-क्रॉस- *n.* an upright stake with a transverse bar, the cross on which Christ was crucified, the Christian religion, affliction, intermixture. आड़ी खड़ी रेखा, ठिकठी जिसपर ईसूमसी फाँसी लटकाया गया था, ईसाई धर्म, कष्ट, जाति से उत्पत्ति ; *adj.* transverse, interchanged, opposite. विपरीत, पल्टा हुआ, उलटा ; *v. t.* to cancel, to move from side to side. काटना, एक ओर से दूसरी ओर हटाना ; **Victoria cross** (the highest British military or naval award for bravery.) इस आकार का सबसे बड़े महत्व का पदक जो वीरता के लिये दिया जाता है; **Cross breed** (a breed produced from the male and female of different breeds.) दो भिन्न जाति के नर मादा से उत्पन्न प्राणी ; **Crosscut** (to cut across.) एक छोर से दूसरे छोर तक काटना; **Crossed** (cancelled, thwarted.) काटा हुआ, विह्वल; **Cross-examination** (close and rigid examination of a witness by the opposing counsel.) जिरह ; **Cross-examine** जिरह करना; **Cross-grained** (with the grain of fibres across.) विरुद्ध ओर के (रेशे के) दानेवाला; **Cross-heading** (the heading of a newspaper column.) समाचारपत्र का सिरनामा; **Crossing** (intersection of two roads.) दो सड़कों या लाइनों का जोड़; **Cross-legged** (with one leg resting on another.) पैर के ऊपर पैर रक्खे हुए; **Crossness** (state of being cross in temper.) हठ; **Crosspatch** (a disagreeable person.) फूहर मनुष्य; **Cross purpose** (contradiction.) विपर्यय ; **Cross-question** (cross examination.) जिरह के सवाल; **Cross reference** (reference from one subject to another.) एक सन्दर्भ से दूसरे का मिलान; **Cross-section** (a cutting through anything at right angles to its length.) किसी पदार्थ का लम्बे बल समकोण में कटाव; **Crossway** (a byway.) पगडण्डी ; **Crosswise** (in the form of a cross.) बेड़ेबल; **Cross-word** (a puzzle in which words written vertically and horizontally on chequered paper have to fit each other.) कोष्ट में लिखे खड़ेबल और बेड़ेबल के अपूर्ण शब्दों को पूर्ण करने की पहेली, शब्द पहेली ।

Crotchet-क्राच्'-ऍट्ट - *n.* a musical note half of minim, whimsical fancy. सङ्गीतविद्या का चिह्न,झक; **Crotchety** (-ई) *adj.* whimsical. झक्की ।

Croton - क्रॉ' - टॉन् - *n.* a genus of plants. एक प्रकार का पौधा, करोटन ।

Crouch - क्राउच् - *v. i.* to stoop, to bend timidly. झुकना, नम्रतापूर्वक पाँव पड़ना ।

Croup (**Croupe**)-क्रूप्-*n.* rump, the hind quarters of a horse, an inflammatory disease of throat. पुट्ठा, घोड़े का चूतड़, गले का एक रोग ।

Crow-क्रो- *n.* a large black bird, the crowing of the cock. कौवा, मुर्गे का शब्द ; *v. i.* to utter shrill cry of cock, to exult loudly. मुर्गे का शब्द करना, आनन्द का शब्द करना ; **As the crow flies** (in a straight

line.) सींघेसीध; **Crow bar** (a bar of iron used as a lever.) लोहे का डंडा, रंभा; **Crow's nest** (a look-out station on a mast.) मस्तूल के ऊपर लगा हुआ पिंजड़ा जिसपर बैठ कर दूर देखा जाता है; **To have a crow to pluck** (to find fault with.) दोष निकालना।

Crowd–क्राउड्–*n.* a throng, dense multitude, a company, a large number. समूह, गण, संघ, भीड़भाड़; *v. i.* to collect in a crowd, to occupy, to cram. संकुलित होना, भीड़ लगाना, जमा होना; **Crowded** (-ऍड्) *adj.* भीड़भाड़ का।

Crown–क्राउन्–*n.* monarch's head-covering, regal power, crown-shaped ornament, top of head, skull, five shillings, part of tooth projecting from gum. मुकुट, राज्य-पद, मुकुट के समान आभूषण,शिखर, मस्तक, ५ शिलिङ् का सिक्का; दाँत का ऊपरी भाग; *v. t.* to place crown on the head, to invest with regal dignity, to reward. मुकुट पहिराना, राज्याभिषेक करना, पारितोषिक देना; **Crown paper** २० इञ्च लम्बा १५ इञ्च चौड़ा कागज; **Crown Prince** (prince who succeeds to a throne.) युवराज; **To crown all** (to bring to a happy end.) शुभ परिणाम होना; **The efforts were crowned with success.** सब प्रयत्न फलीभूत हुए।

Croydon – क्रॉय्ʹ - डॉन् – *n.* a two-wheeled carriage. एक प्रकार की दोपहिया गाड़ी।

Crucial–क्रूʹ-शॅल – *adj.* searching, critical. छानबीन करने वाला, प्रामाणिक।

Crucible – क्रूसʹ-इ-ब्ल् – *n.* a melting pot. धातु गलाने की घरिया।

Cruciferous – क्रू- सिफ़ʹ-ऍ-रस् – *adj.* adorned with a cross.क्रास् से आभूषित

Crucifix–क्रूसʹ-इफ्-इक्स्–*n.* image of Christ on the cross. ईसुमसी की मूर्ति।

Cruciform–क्रूसʹ-इ-फ़ॉर्म्–*adj.* of the form of a cross. क्रास् के आकार का।

Crucify – क्रूसʹ-इ-फ़ाइ – *v. t.* (*p. t.* **Crucified**) to put to death by fastening to a cross, to mortify. शूलीपर चढ़ना, इन्द्रियों को वश में करना;

Crude – क्रूड् – *adj.* in a raw state, unripe, not matured, rude, unpolished. अपक्व, कच्चा, अप्रौढ़, रूक्ष, असभ्य; **Crudely** (-ली) *adv.* in a crude manner. रूक्षता से; **Crudeness** (-नॆस्) **Crudity** (-इट्-ई) *ns.* state of being crude.रूक्षता(अधूरापन)।

Cruel – क्रूʹ-ऍल – *adj.* painful, distressing,hard-hearted. क्रूर (निर्दयी), निष्ठुर (कठोर), दयाहीन; **Cruelty** (-टी) *n.* inhumanity. क्रूरता, निष्ठुरता, कठोरता; **Cruelly** (-ली) *adv.* in a cruel manner. निर्दयता से।

Cruet – क्रूʹ - ऍट्– *n.* a small glass-bottle for vinegar, oil &c. सिरका, तेल इत्यादि रखने की ढकनेदार शीशी।

Cruise–क्रूज़्–*v. i.* to sail to and fro making no particular port. समुद्र में इधर उधर यात्रा करना; *n.* a cruising voyage. समुद्री यात्रा, **Cruiser** (-अर्) *n.* a warship adapted for cruising. शत्रु की खोज में या जहाजों की रक्षा के लिये घूमने वाला जङ्गी जहाज़।

Crumb-क्रम्-*n.* a small fragment of

bread, inner part of bread, atom, particle. रोटी का छोटा टुकड़ा, रोटी का कोमल भाग, अंश, खंड ; *v. t.* to cover with crumb. रोटी के गुद्दे से ढांकना ।

Crumble–क्रम्'-ब्ल्–*v.t.* & *i.* to break, to fall into fragments. तोड़ना (चूर्ण करना), टुकड़े टुकड़े होना; **Crumbly** (-ब्लि) *adj.* apt to crumble. तुड़कने लायक ।

Crump-क्रम्प्'-*adj.* crooked. ऐंठा, टेढ़ा ।

Crumpet – क्रम्'पॅट् – *n.* a soft cake of flour. रोटी, लिट्टी, बाटी ।

Crumple-क्रम्'-प्ल्-*v.t.* & *i.* to crush together, to become creased. पीसना, सिकुड़ना ।

Crunch-क्रन्च्-*v. t.* to crush noisily with teeth. शब्द करते हुए चबाना ।

Crupper–क्रप्'-पर्–*n.* the strap passing under a horse's tail. घोड़े के साज की दुमची ।

Crusade–क्रू-सेंड्'– *n.* Christian expedition to recover Holy Land. ईसाइयों का धर्मयुद्ध ; *v. i.* to engage in crusade. धर्मयुद्ध में लगना ; **Crusader** (-अर्) *n.* one engaged in crusade. धर्मयुद्ध में सहायता देनेवाला ।

Cruse – क्रूज़ – *n.* an earthenware pot. मिट्टी का बर्तन ।

Crush–क्रश्–*v. t.* to compress with violence, to crumple, to subdue, to overwhelm. कुचलना, चूर्ण करना, दबाना, आधीन करना ; *n.* a crowded mass. भीड़भाड़, मुठभेड़, धक्कामुक्की ; **To crush out** (to extinguish.) मिटाना, बुझाना ।

Crust–क्रस्ट – *n.* hard outer covering. बाहरी कड़ा हिस्सा, छिलका या परत ; *v. t.* to cover with crust. छिलके से ढांकना, पपड़ी पड़ना; **Crustaceous** (क्रस्-टे' - शि - अस्) *adj.* crust-like. छिलकेदार; **Crusted** (-एड्) *adj.* having a crust. छिलकेदार; **Crustily** (-इ-ली) *adv.* in a crusty manner. रूक्षता से ; **Crustiness** (-ई-नॅस्) *n.* quality of being crusty. रूखापन ; **Crusty** (-ई) *adj.* hard, irritable. कड़ा, निष्ठुर, चिड़चिड़ा ।

Crutch–क्रच्–*n.* the staff used by lame persons. लगड़े मनुष्य के सहारे की लकड़ी, बैसाखी; **Crutched** (-ड्) *adj.* supported with crutches. बैसाखी लगाये ।

Crux–क्रक्स्–*n.* a difficult matter, puzzle. कठिन विषय, पहेली ।

Cry–क्राइ–*n.* (*pl.* **Cries**) a loud utterance of pain or grief, appeal, entreaty, rumour, weeping. चिल्लाहट, विलाप, रुलाई, प्रार्थना, चर्चा; *v. t.* (*p. t.* **Cried**) to utter loudly, to weep, to proclaim. चिल्लाना, रोना ढिंढोरा पीटना ; **At a far cry** (at a distance.) बहुत दूर ; **Cry-baby** (crying like a baby.) बच्चों की तरह चिल्लाने वाली; **Much cry and little wool** (aimless disturbance.) वृथा का उपद्रव या चिल्लाहट; **To cry down** (to censure.) निन्दा करना; **To cry halves** (to demand one's share.) हिस्सा माँगना ; **To cry over spilt milk** (to regret for nothing.) वृथा पश्चात्ताप करना ; **To cry up** (to praise.) प्रशंसा करना; **To cry shame upon** (to oppose.) विरुद्ध कहना; **Crying** (-इङ्ग्) *adj.* & *n.* notorious, clamour. दुष्ट, चिल्लाहट।

Cryogen–क्राइ'-ओं-जॅन्– *n.* a freezing mixture. बरफ़ जमाने का घोल।

Crypt–क्रिप्ट–*n.* an underground cell. गुफ़ा, तहख़ाना, सुरङ्ग; **Cryptic** (-इक्) *adj.* secret. गुप्त।

Cryptogram(Cryptograph)–क्रिप्'-टो-ग्रॅम् (-ग्रॉफ़्) *ns.* a thing written in cipher. सांकेतिक भाषा में लिखा हुआ लेख।

Cryptography–क्रिप्ट-ऑग्'-रॅफ़्-ई– *n.* the art of writing in secret characters. गुप्त लेखन की विद्या।

Crystal-क्रिस्'-टॅल्–*n.* a clear transparent mineral, consisting of or like crystal. स्फटिक, बिल्लौर, बिल्लौर का बना हुआ अथवा इसके सदृश; **Crystal glass** (clear transparent glass.) स्वच्छ बिना रङ्ग का काँच; **Crystal set** (an apparatus in radiography.) बिना तार का समाचार, गायन इत्यादि सुनने का सामान्य यन्त्र।

Crystalline-क्रिस्'-टॅल्-लिन्–*adj.* clear like crystal. बिल्लौर के समान स्वच्छ।

Crystallizable – क्रिस्'-टॅल्-लाइज़्-ऑ-ब्ल्–*adj.* that may be formed into crystals. दाने (रवे) बनाने लायक; **Crystallization** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of solidifying. ठोस करना, घना करना; **Crystallize** (-लाइज़्) *v. t.* to form into crystals. रवा बनाना, दाने जमाना।

Cub–कब् – *n.* the young of a fox, bear or other wild animal. लोमड़ी भालू या शेर तथा अन्य जंगली पशुओं का बच्चा; *v. t.* (*p. t.* **Cubbed**) to bring forth cubs. बच्चा जनना; **Cubbing** (-बिङ्ग्) *n.* cub-hunting. जंगली पशुओं के बच्चों का शिकार; **Cubbish** (-बिश्) *adj.* ill-mannered. कुचाली।

Cube–क्यूब्–*n.* solid contained by squares, the product of a number multiplied by its square, घन, त्रिघात; *v. t.* to find the cube of a number. त्रिघात करना; **Cubage** (क्यूब्'-एज्) *n.* the cubical contents of anything. घनफल; **Cube root**-घनमूल

Cubeb-क्यू'-बॅब्-*n.* a pungent shrub used in medicine. कबाबचीनी।

Cubic (Cubical)–क्यूब्'-इक् (-ऑल्)– *adjs.* cube-shaped, of three dimensions. घनाकार, त्रिघातीय; **Cubically** (-ऑल्-ली) *adv.* in the form of a cube. घन रूप में।

Cubicle – क्यू'-बिक्-क्ल् – *n.* a small sleeping compartment. छोटा शयन-गृह।

Cubiform–क्यूब्'-इ-फ़ॉर्म्– *adj.* cube-shaped. घनाकर।

Cubit – क्यू'-बिट् – *n.* a measure of length 18 to 22 inches. हाथ भर, आध गज की नाप; **Cubital** (-ऑल्) *adj.* pertaining to cubit. हाथ भर का।

Cuckold-कक्'-ओल्ड्–*n.* husband of an unfaithful wife. व्यभिचारिणी स्त्री का पति; **Cuckoldom** (-अम्) *n.* act of adultery. व्यभिचार।

Cuckoo–कक्'-ऊ – *n.* a migratory bird, a simpleton. कोकिला (कोयल), मूर्ख; **Cuckoo-clock**. घड़ी जो घण्टे घण्टे पर कोयल की तरह शब्द करती है।

Cucumber–क्यु-कम्'-बर्–*n.* a creeping plant with sweet fruits. खीरा, ककड़ी।

Cucurbit-क्यू-कर्'-बिट्–*n.* gourd. फूट,

ककड़ी।

Cud–कड्–*n.* food which ruminating animal brings back from first stomach into the mouth and chews at leisure. पागुर, जुगाली; **To chew the cud** (to ruminate, to reflect.) पागुर करना, विचार करना।

Cuddle-कड्′-इल्-*v.t.* & *i.* to embrace, to fondle, to nestle together, to lie close. आलिङ्गन करना, लाड़ करना, एक होना, सट कर सोना।

Cuddy-कड्′-डी-*n.* a cabin on a boat, a donkey, a fool. नाव की कोठरी, खच्चर (गदहा), मूर्ख मनुष्य।

Cudgel–कड्′-जेंल्–*n.* a short thick stick. गदा का डण्डा, सोटा; *v. t.* to beat with a cudgel. डण्डे से मारना; **Cudgel-play** (playing with a cudgel.) गदायुद्ध; **To cudgel one's brains for** (to try to recollect.) स्मरण करने का प्रयत्न करना; **Cudgeller** (-अर्) *n.* one who fights with a cudgel. डण्डेबाज़।

Cue–क्यू–*n.* the last word of a speech in a play, serving as a hint, guide. संकेत का शब्द, सूचना; *n.* a leather-tipped rod used in billiard. अन्टा के खेल का डण्डा।

Cuff–कफ्– *n.* the bottom part of sleeve. अस्तीन का अगला भाग; *v. t.* to strike with fist or hand. मुक्की मारना, थप्पड़ मारना।

Cuirass–क्वि′-रॅस् – *n.* breast-plate. कवच।

Cuisine–क्वें-ज़ीन्′–*n.* style of cooking. पकाने की विधि।

Culinary–क्यु′-लिन्-अॅरी – *adj.* pertaining to cooking or kitchen. पाक या पाकशाला सम्बन्धी।

Cull–कल्–*v. t.* to pick, to select. तोड़ना, चुनना (एकत्र करना)।

Cullet–कल्′-लेंट् – *n.* refuse glass. काँच के टुकड़े।

Culm–कल्म्-*n.* the stem of a plant. पौधे का तना।

Culminant-कल्′-मिन्-ॲन्ट-*adj.* forming the top. चोटी का, शिखर का।

Culminate–कल्′-मिन्-एट् – *v. i.* to reach the highest point. उच्च स्थान पर पहुँचना, परम कोटि को प्राप्त करना; **Culmination** (-ए′-शॉन्) *n.* the highest point. पराकोटि, शिखर।

Culpable–कल्′-पॅ ब्ल् – *adj.* criminal, censurable. दोषी, दण्डयोग्य; **Culpability** (-बिल्′-इट्-ई) *n.* liability to blame, guilt. दोष, अपराध; **Culpableness** (-नेंस्) *n.* सदोषता; **Culpably** (-ब्ली) *adv.* in a culpable manner. अपराध से।

Culprit–कल्′-प्रिट्–*n.* an offender, a prisoner. अपराधी, कैदी।

Cult–कल्ट्– *n.* system of religious worship. धर्म सम्प्रदाय।

Cultivate–कल्′-टिव्-एट्–*v. t.* to till, to study, to improve or develop, to cherish. खेत जोतना, अभ्यास करना, उन्नति करना, सुधारना; **Cultivation** (-ए′-शॉन्) *n.* the act of cultivating. कृषिकर्म, वृद्धि, उन्नति; **Cultivator** (-ए′-टॉर्) *n.* one who cultivates. किसान, खेतिहर।

Cultrate-कल्′-ट्रेट्-*adj.* knife-edged. छुरी की धार के सदृश।

Culture–कल्′-ट्यूर्–*n.* tillage, pro-

duction, improvement, development. जोताई, उत्पत्ति, उत्कर्ष; *v. t.* to improve. उन्नति करना; **Culture of mind** (mental training.) ज्ञानोन्नति।

Culver–कल्‌'-वर्–*n.* wood-pigeon. जंगली कबूतर।

Culverin–कल्‌'-वर्-इन्–*n.* a large cannon. बड़ी, तोप।

Culvert–कल्‌'-वर्ट्–*n.* a channel carrying water under or over a road. सड़क के नीचे से या ऊपर से पानी ले जाने की नली।

Cumber–कम्ब्‌'-अर्–*v. t.* to hinder, to hamper, to burden. विघ्न डालना, रोकना, लादना; **Cumbersome** (-सम्) *adj.* clumsy, unwieldy. भद्दा, भारी।

Cumbrous–कम्ब्‌'-रस–*adj.* cumbersome. कष्टकारक, भारी; **Cumbrously** (-ली) *adv.* in a cumbrous manner. फूहरपन से; **Cumbrousness** (-नेस्) *n.* state of being cumbrous. भारीपन;

Cumin (**Cummin**) क्युम्‌'-इन्–*n.* an aromatic seed. जीरा

Cumulate–क्यू'-म्यू-लेट्–*adj.* heaped up, amassed. ढेर किया हुआ, लादा हुआ; *v. t.* to accumulate. इकट्ठा करना, सञ्चित करना; **Cumulative** (-इव्) *adj.* accumulative, increased by additions. इकट्ठा होने वाली, जोड़ने वाली; **Cumulatively** (-ली) *adv.* in a cumulati ve manner. एकत्रित करने की रीति से।

Cumulus–क्यु'-म्यु-लस्–*n.* (*pl.* **Cumuli**) a heap. ढेर, गट्ठा।

Cuneate–क्यू'-नि-एट्–*adj.* wedge-shaped. फन्नी के आकार का; also **Cuneiform** क्यू-नी'-इ-फ़ार्म्।

Cunning–कन्‌'-निङ्ग्–*n.* skill, ability, dexterity. चातुरी, निपुणता, छल, कपट; *adj.* artful, skilful. धूर्त, कपटी, चतुर;

Cup–कप्–*n.* a drinking vessel, rounded cavity of anything, portion, experience, fate, प्याला (कटोरा), पोला भाग, अंश, अनुभव, भाग्य; **A bitter cup** (state of misery.) विपत्ति की अवस्था; **Cup-bearer** (one who serves wine.) मदिरा पिलाने वाला; **Cupful** (-फुल्) *n.* the full contents of a cup. पूरा भरा हुआ प्याला; **In one's cups** (drunk.) शराब पिये हुए, मतवाला।

Cupboard–कब्‌'-बड्–*n.* a closet with shelves. आलमारी, टाँड़, घिरौंची।

Cupel–क्यू'-पेल्–*n.* a circular dish used in assaying gold. सोना छानने का प्याला।

Cupid–क्यू'-पिड्–*n.* the god of love. मदन, कामदेव, मन्मथ।

Cupidity–क्यू-पिड्‌'-इट्-ई–*n.* greed of gain. लाभ की लालसा, अति लोभ।

Cupola–क्यू'-पो-लॉ–*n.* rounded dome over a roof. गुम्बज; **Cupola-furnace**. लोहा गलाने की भट्ठी।

Cupreous–क्यू'-प्रें-अस–(**Cupric**–क्यू'-प्रिक्) *adjs.* of copper, containing copper. ताँबे का, ताँबे से पूर्ण।

Cur–कर्–*n.* a worthless dog, an ill-bred or cowardly fellow. लेंडी कुत्ता, नीच या भीरु मनुष्य; **Currish** (-रिश्) *adj.* like a cur. लेंडी कुत्ते के समान।

Curable–क्यूर्‌'-ऑ-ब्‌ल्–*adj.* see **Cure**.

Curacy–क्यूर्‌'-ऑ-सी–*n.* a curate's office. पादड़ी का पद।

Curate–क्यूर्'-एट्–*n.* an assistant to a parish priest. पादड़ी का सहायक, पुरोहित का प्रतिनिधि।

Curative–क्यूर्'-अॅट्-इव्–*adj.* tending to cure. साध्य, आरोग्य होने योग्य।

Curator–क्यू-रे'-टॉर्–*n.* the manager of a museum, the member superintending a university. अजायबघर का अध्यक्ष, विश्वविद्यालय का प्रबन्धकर्त्ता।

Curb–कर्ब् – *n.* a chain or strap passing under the lower jaw of a horse, check, restraint. दहाने की जंजीर, अवरोध, रुकावट; **Curb roof** (a roof having two slopes.) ढालुवाँ छत।

Curcuma-कुर्'-क्यु-मॉ-*n.* turmeric. हल्दी

Curd– कर्ड्– *n.* coagulated milk. दही, खोवा।

Curdle–कर्ड्'-इल्–*v. t.* to form into curd. दही जमाना, थक्का बनाना।

Cure–क्यूर्'–*n.* the act of healing, remedy. चिकित्सा, औषधि; *v. t.* to restore to health, to preserve. आरोग्य करना, सुरक्षित करना; **Curable** (-अॅ-ब्ल्) *adj.* that may be remedied. आरोग्य करने योग्य; **Cureless** (-लॅस) *adj.* without cure, incurable. असाध्य।

Curette–क्यू - रेट्'– *n.* a surgeon's scraping instrument. जर्राह का खुरचने का शस्त्र।

Curfew–कर्'-फ्यू– *n.* the ringing of a bell at fixed evening hours after which inhabitants are not allowed to stir abroad. सन्ध्या का घंटा बजाना जिसके बाद पुरनिवासियों का घर के बाहर निकलना दण्ड्य होता है; **Curfew order**. सूर्यास्त के बाद घर के बाहर न निकलने की सरकारी आज्ञा।

Curio–क्यू-रि'-ओ– (*pl.* **Curios**-ओज़्) *n.* curious objects of art. कला की विलक्षण रचना।

Curiosity–क्यू- रि–ऑस्'- सिट् - ई – *n.* strangeness, inquisitiveness. (कौतूहल) अनोखापन, विलक्षणता।

Curious–क्यू'-रि-अस्– *adj.* singular, strange, surprising, odd, eager to learn. अनोखा, विचित्र, विलक्षण, अद्भुत, जानने की इच्छा करनेवाला, (जिज्ञासु); **Curiously** (-ली) *adv.* in a curious manner. विलक्षणता से; **Curiousness** (-नॅस)*n.* the quality of being curious. विलक्षणता।

Curl–कर्ल्–*n.* spiral lock of hair, act of curling. घुँघुरुआ बाल, ऐंठन; *v. t.* & *i.* to bend or coil. ऐंठना, घुँघुराला बनाना; **Curling irons** (an appliance for curling hairs.) बाल घुँघुराला करने की सँड़सी; **Curly** (-ई) *adj.* tending to curl. घुँघुरुआ।

Curmudgeon – कर्-मड्'-जॉन् – *n.* a miserly fellow. कृपण मनुष्य, कंजूस आदमी।

Currant–कर्'-रॅन्ट्–*n.* dried fruit of grape. सूखा अंगूर, दाख, मुनक्का।

Currency–कर्'-रॅन्-सी– *n.* circulation, current money, prevalence. प्रचार, प्रचलित सिक्का, बाजार भाव।

Current–कर्'-रॅन्ट्– *adj.* in general use, now passing, common. प्रचलित (सर्वसम्मत), वर्तमान, सामान्य; *n.* a running stream, course, tendency, electric force running through a body. स्रोत (प्रवाह), धारा, प्रकृति, विद्युतशक्ति का प्रवाह; **Current**

account *n.* चलता खाता।

Curricle–कर्‌-रिक्‌-कल्‌– *n.* a light two-wheeled carriage. टमटम।

Curriculum–कर्‌'-रिक्‌'-यु-लम्‌–*n.* (*pl.* **Curriculla.**) a course of study. पाठ्य पुस्तकों की सूची।

Currier–कर्‌'-रि-अर्‌–*n.* one who dresses and colours leather. चर्मकार, चमड़ा कमानेवाला।

Curry–कर्‌'-री–*n.* a dish of meat cooked and spiced. कढ़ी, शोरवा; *v.t.* (*p. t.* **Curried.**) to prepare such a dish, to dress leather. कढ़ी बनाना, चमड़ा कमाना।

Currycomb–कर्‌'-रि-कोम्‌–*n.* an iron instrument for rubbing a horse's body. घोड़े को मलने का खरहरा।

Curse–कर्स्‌–*n.* an utterrance of destruction, divine vengeance. शाप (कोस), आधि; *v.t.* & *i.* to utter curse upon, to excommunicate, to blaspheme. शापदेना, जाति बाहर निकलना, निन्दा करना; **A curse to the family.** कुलाङ्गार; **Cursed** (-एड्‌) *adj.* damnable. शाप दिया हुआ, अभागा, विपद्ग्रस्त।

Cursive – कर्‌'-सिव्‌ – *adj.* running, flowing (hand). तेजी से लिखा हुआ, घसीट लिखा हुआ।

Cursory–कर्‌'-सॉर्‌-ई – *adj.* hasty, hurried. शीघ्रता का, जल्दी से लिखा हुआ (घसीट); **Cursorily** (इल्‌-ली) *adv.* in a cursory manner. (चलता), अधूरा, स्थूल दृष्टि से।

Curt–कर्ट्‌–*adj.* brief, terse, concise. संक्षेप, स्थूल, अल्प; **Curtly** (-ली) *adv.* briefly. संक्षेप से; **Curtness** (-नेस्‌) *n.* brevity. संक्षेप।

Curtail–कर्‌-टेल्‌'–*v. t.* to cut short. संक्षेप करना, छोटा करना; **Curtailment** (-मेन्ट्‌) *n.* संक्षेप; **Curtail-step** (the lowest step of a staircase.) सीढ़ी का सबसे नीचे का डंडा।

Curtain–कर्‌'-टीन्‌– *n.* a suspended screen, screen of a theatre. पर्दा (चिक), नाटक का पर्दा; *v.t.* to cover with a curtain. पर्दे से ढाँपना; **Curtain lecture** (reproof administered in private by a wife to her husband.) पत्नी का पति को एकान्त में डाटना।

Curtilage–कर्‌'-टिल्‌ - एज्‌– *n.* a field attached to a dwelling house. घर के बाहर का मैदान।

Curtsy (**Curtsey**)-कर्ट्‌'-सी-*n.* feminine salutation. स्त्रियों को अभिनन्दन करने की विधि।

Curvature-कर्व्‌'-अॅट्‌-यूर्‌-*n.* a curved form. वक्रता, घुमाव।

Curve–कर्व्‌–*v. t.* to bend without angles, to bend. झुकाना, घुमाना; *n.* curved form of anything. वक्र रेखा, टेढ़ी लकीर; *adj.* bent. घूमा हुआ।

Curvet-कर्‌'-वेट्‌-*n.* a frolic, a horse's leap. उछाल, घोड़े की कुदान।

Curvilinear–कर्व्‌-ऍ-लिन्‌'-इ - अर्‌–*adj.* (a figure) consisting of curved lines. टेढ़ी रेखाओं से बनी हुई (आकृति)।

Cushion–कुश्‌'-ऑन्‌–*n.* a stuffed bag for sitting, reclining or sleeping. गद्दा, मसनद; *v. t.* to furnish with cushions, to suppress quietly. गद्दी लगाना, शान्ति पूर्वक दबाना; **Cushion tyre.** गाड़ी की पहियों पर की रबड़ की ठोस हाल; **Pin-cushion** (a pad

for fixing pins.) आलपीन खोंसनें की गद्दी।

Cusp-कस्प्-*n.* apex or peak. शिखा,चोटी।

Custard-कस्'-टॅड्-*n.* a mixture of milk and eggs baked. पका हुआ अंडा और दूध; **Custard-apple**-शरीफ़ा, सीताफल।

Custodial-कस्-टोड्'-ऑल-*adj.* pertaining to guardianship. संरक्षक सम्बन्धी;*n.* vessel for keeping sacred objects. पवित्र पदार्थों के रखने का पात्र।

Custodian-कस्-टोड्'इ-ऑन्, **Custodier** (-अर्) *ns.* keeper, guardian. रक्षक, रखवाला।

Custody-कस्'-टॅ-डी (*pl.* **Custodies**) *n.* guardianship, care, imprisonment. रक्षा, पालन, बन्धन (कारावास)।

Custom-कस्'-टम्-*n.* usual practice, established usage. आचार (रीति, सम्प्रदाय, चाल), व्यवहार; *n. pl.* duty levied on import. चुंगी; **Custom duties** (taxes laid on imported and exported goods.) विदेश से आये हुए तथा देश से बाहर जाने वाले माल पर चुंगी; **Custom-house**- चुंगीघर;**Customable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* common, dutiable. सामान्य, चुंगी लगने योग्य।

Customary-कस्' - टम् - ऑर् -ई-*adj.* usual. व्यवहारिक, प्रचलित, लौकिक; **Customarily** (-ऑर्-रि-ली) *adv.* in a customary manner. प्रचलित रीति से; **Customariness** (-नॅस्) *n.* frequency. व्यवहारिक रीति।

Customer-कस्'-टम्-अर्-*n.* a buyer, a purchaser. ग्राहक, खरीदनेवाला।

Cut-कट्-*n.* a stroke or blow,a notch excision, act or speech which wounds the feelings, refusal to recognize,fashion. आघात, फटन,मर्मभेदी कार्य या बात, अस्वीकृति, ढंग; *v. t.* (*p. t.* & *p.p.* **Cut**) to penetrate, to wound. काटना, घाव करना; **Cut and dried** (lacking novelty.) पुरानी बात; **Cut-throat** (a robber.) लुटेरा; **Short-cut** (a road that shortens distance.) समीप का मार्ग; **Wood cut**- लकड़ी का ठप्पा; **To cut a caper** (to frisk about.) मटरगश्ती करना; **To cut a tooth**- दाँत फूटना; **To cut coat according to cloth** स्थान के अनुसार पैर फैलाना; **To cut cards** (to shuffle.) तास फेटना; **To cut down expenses** (to decrease expenditure.) खर्च कम करना; **To cut off** (to remove by cutting.) काट कर हटाना; **To cut out** (to remove by cutting.) काट कर हटाना; **To cut it fine** (to pay the minimum.) कम से कम देना; **To cut the knot** (to solve difficulty.) कठिनता को सुलझाना; **To cut short** (to interrupt, to shorten.) विघ्न करना, छोटा करना; **To cut to the quick**- मर्मभेदी बात कहना; **To cut up** (to break into pieces.) टुकड़े टुकड़े करना; **To draw cuts** (to draw lots.) चिट्ठी डालना; **Cutter**-कट्'-टर्-*n.* one who cuts. काटनेवाला

Cutaneous-क्यू-टेन्'-इ-अस्-*adj.* pertaining to skin. चर्म सम्बन्धी।

Cutchery-कच्'-ऍर् - ई-*n.* a court house. कचहरी।

Cuticle-क्यूट्'-इ - कल्-*n.* superficial skin. त्वचा की बाहरी झिल्ली।

Cutis - क्यूट्' - इस् - *n.* true skin. भीतरी त्वचा; **Cuticular** (-टिक्'-यु-लॅर्

adj. इस त्वचा का ।

Cutlass–कट्'-लैस्–*n*. a small sword with curved blade. मुड़े हुए फल की चौड़ी तलवार ।

Cutler–कट्'-लर्–*n*. one who makes and sells knives and similar tools. चाकू, कैंची इत्यादि बनानेवाला; **Cutlery** (-ई) *n*. trade of a cutler, things made and sold by a cutler. कैंची छुरी इत्यादि, इनका व्यापारी ।

Cutlet–कट्' - लैट् – *n*. chop of fried mutton. मांस का पकाया हुआ टुकड़ा ।

Cut purse–कट्'-पर्स्–*n*. a pick pocket. गिरहकट ।

Cutter – कट्' – टर्–*n*. a small boat used by ships. जहाज़ पर की छोटी नाव ।



Cutter.

Cut-throat–कट्'-थ्रोअट्–*n*. a murderer. हत्यारा ।

Cutting-कट्-'टिङ्ग्-*adj*. piercing the heart. मर्मभेदी ; *n*. a separation or division. विभाग, फटन ; **Cuttingly** (-ली) *adv*. sarcastically. आक्षेप से ।

Cutwater–कट्'-वॉ-टर् – *n*. the forepart of a ship's prow. जहाज़ के अगले भाग का अंश ;

Cyanosis–साइ-ॲन्-ओस्'-इस्–*n*. blue jaundice. एक प्रकार का कामला रोग जिसमें शरीर नीली हो जाती हैं ।

Cycle-साइ'-कुल्-*n*. recurrent period of events, period of a thing's completion, bicycle. कालचक्र, दौरा, पैरगाड़ी ।

Cyclic–सिक्'-लिक्– *adj*. recurring in cycles. चक्रवत् होने वाली ।

Cyclist–साइ'-क्लिस्ट्–*n*. the rider of a bicycle. पैरगाड़ी पर चढ़नेवाला ।

Cycloid–साइक्'-लॉयड् – *n*. a kind of curve. एक प्रकार का अंडकार वृत्त, वृत्तजात ।

Cyclone–साइ' - क्लोन् – *n*. a violent hurricane. चक्करदार आँधी, बवंडर ।


Cyclopædia–साइ-क्लो-पीड्'-इ-ॲा–*n*. a dictionary of science and arts. वृहत् कोश ; **Cyclopædic** (-डिक्) *adj*. pertaining to cyclopædia. वृहत्-कोश सम्बन्धी ।

Cyclops–साइ'-क्लॉप्स्–*n*. a one-eyed giant. एक आँखवाला दैत्य ।

Cyclostyle–साइ'क्लो - स्टाइल् – *n*. an apparatus for printing copies of writing from stencil paper cut by toothed pen. हाथ की लिखावट छापने की कल ।

Cygnet–सिग्'-नैट्–*n*. a young swan. राजहंस का बच्चा ।

Cylinder–सिल्'-इन्-डर् – *n*. a roller-shaped body hollow or solid, cylindrical part of a machine. बेलने के आकार का ठोस या पोला पदार्थ, यंत्र का बेलन ।



Cylinder.

Cylindrical–सिल्-इन्'-ड्रिक्-ॲल्– *adj*. cylinder-shaped. वर्तुलाकार, बेलन के आकार का ।

Cymar–साइ'-मॉर्–*n*. a woman's under-garment. स्त्रियों का भीतरी पोशाक ।

Cymbal – सिम्' - बॅल् – *n*. concave brass plates struck together to

make ringing sound. झाँझ, मजीरा ; **Cymbalist** (-इस्ट) *n.* मजीरा बजाने वाला ।

Cymbalo–सिम्'-बॅ-लो–*n.* a stringed musical instrument played with hammer. तारतरंग ।

Cymbiform–सिम्'-बि-फ़ॉर्म्–*adj.* boat-shaped. नाव के आकार का ।

Cymric–सिम् (-किम्)-रिक्–*adj.* & *n.* pertaining to the Welsh, the Welsh language. वेल्श जाति का, इनकी भाषा ।

Cynic – सिन्' - इक् – *n.* a sneering fault-finder, misanthrope. निन्दा-शील (कुटिल मनुष्य), मनुष्यद्वेषी; **Cynical** (-ऑल्) *adj.* sneering, churlish. चिड़चिड़ा, दुरात्मा ; **Cynicism** (-इस-इज़्म्) *n.* मनुष्य द्वेषी सिद्धान्त का ।

Cynosure–सिन्'-ओ-शूर्–*n.* Pole star. ध्रुव तारा ।

Cypher–साइ'-फ़र्–see **Cipher**.

Cypress – साइ' - प्रेस्– *n.* a kind of coniferous tree with dark foliage. सरो का वृक्ष ।

Cystic – सिस्ट्'-इक्– *adj.* of the urinary bladder. मूत्राशय सम्बन्धी ।

Czar, **Tsar**, **Tzar**–ज़ार्–*n.* the title of the Emperor of Russia. रूस देश के राजाधिराज की पदवी ।

Czarevna–ज़ार्-रैव्'-नॉ–*n.* daughter of Czar. रूस के राजा की पुत्री ।

Czarina (**Tsarina**)–ज़ार्-ईन्' - ऑ–*n.* the title of the wife of Czar. रूस की रानी की पदवी ।

Czecho-Slovak–चैक्'-ओ-स्लो-वॉक्–*n.* a native of Czecho-Slovakia. चेको-स्लोवाकिया नामक प्रदेश का निवासी ।

D–डी– the fourth letter of the English alphabet,(*mus.*) the second note of natural major scale. अंग्रेजी वर्णमाला का चौथा अक्षर, द्वितीय स्वर ; **D-block.** डी अक्षर की आकृति का टुकड़ा ; **'d**–contraction for **'had'** and **'would.'** 'हॅड्' तथा 'वुड्' शब्द का छोटा रूप ।

Dab–डॅब्– *v. t.* (*p. t.* **Dabbed**) to strike lightly, to tap, to press with sponge. थपथपाना, खटखटाना, पुचड़ना ; *n.* a slight blow. थपका ; **Dabber** (-बर्) *n.* that which dabs. रंग इत्यादि पोतने की कूँची ।

Dabble–डॅब्'-बल्–*v.t.* to wet slightly, to moisten. तर करना, भिगोना ; *v. t.* to splash, to engage in a pursuit as a hobby. पानी में छींटा उड़ाना,धुन लगाकर किसी कार्य में व्यापत होना।

Dace–डेस्–*n.* a small fresh water fish. मीठे पानी की छोटी मछली ।

Dacoit–डी-कॉयट्'–*n.* member of an Indian robber band. डाकू, डकैत ; **Dacoity** (-ई) *n.* gang-robbery. दलबन्दी लुटेरापन ।

Dactyl–डॅक्'-टिल्–*n.* the metrical foot – ˘ ˘, छन्द का भाग जिसमें आदि का मात्रा गुरु और बाद के लघु होते हैं ।


Dad–(डॅड्) **Dada**–(डॅड्'-डा) **Daddy** (-डॅड्'-डी) *ns.* (*colloq.*) father. अब्बा, बाबा, बाबू ।

Dado–डे'-डो–*n.* (*pl.* **Dados**) the lower portion of the walls of a room faced with wood or coloured. रँगा हुआ अथवा लकड़ी लगा हुआ कमरे की दीवार का निचला भाग; **Dadoed** (-ड) *adj.* लकड़ी लगी हुई ।

Daffodil-डॅफ्'-फ़ो-डिल्-*n.*pale yellow-flowered narcissus. पीला नरगिस ।

Daft–डाफ़्ट– *adj.* foolish, insane, crazy. मूर्ख, पागल, झक्की ।

Dagger– डॅग्'-गर् – *n.* a stabbing-weapon. भाला, कटार; (print.) sign ‡ ऐसा चिह्न, (छापने में); **Double dagger** छापने में इस प्रकार का चिह्न ‡; **At daggers drawn** (on the point of quarrelling.) लड़ने को तैयार।



Dagger.

Dahlia–डेल्'-या–*n.* a Mexican plant with coloured flowers. एक प्रकार का फूल का पौधा ।

Daily–डे'-ली–*adj. adv.* & *n.* happening everyday, day by day, a daily newspaper. दैनिक, प्रतिदिन, दैनिक समाचार पत्र ; **Daily bread** (one's livelihood.) जीवनवृत्ति ।

Dainty–डेन्'-टी– *n.* (*pl.* **Dainties**) a choice morsel, delicacy. स्वादिष्ट भोजन, भोजन विशेष ; *adj.* delicate, pretty, tasteful. स्वादिष्ट, ललित (मृदु), सुन्दर ; **Daintily** (-टि-ली) *adv.* deliciously. स्वादुता से, कोमलता से; **Daintiness** (-टि-नेंस्) *n.* delicacy, elegance. कोमलता, लालित्य ।

Dairy–डेअर्'-ई– *n.* a building for keeping milk and cream and preparing butter. दुग्धशाला, मक्खन इत्यादि निकालने का स्थान ; **Dairyman** (one who keeps a dairy.) दूध बेचने वाला ; **Dairymaid** (-मेड) *n. fem.* (a female servant in a

dairy.) अहिरिन, दूध बेचने वाली।

Dais–डे'-इस्–*n.* raised platform at the end of a hall. मञ्च, चबूतरा।

Daisy–डे'-ज़ी–*n.* a small European wild flower. गुलबहार, एक प्रकार का विलायती फूल।

Dak–डॉक्–*n.* transmitting letters &c. by post. डाक (विभाग)।

Dale–डेल्–*n.* a low valley. दर्रा, घाटी (पहाड़ों के बीच की नीची भूमि)।

Dalliance-डॅल्'-लें-ऑन्स्–*n.* dallying. क्रीड़ा, विलास, विहार।

Dally–डॅल्'-ली–*v. i.* to amuse oneself, to make sport, to loiter, to delay. क्रीड़ा करना, आनन्द मचाना, ठमकना, देर करना।

Dalmatian–डॅल्-मे'-शॅन्–*n.* a spotted dog kept to run with carriages. गाड़ी के साथ दौड़ने वाला चितकबरा कुत्ता

Daltonism–डॉल्'-टॉन्-इज़्म्–*n.* colour blindness. एक नेत्रदोष जिसमें लाल और हरे रङ्ग में भेद नहीं जान पड़ता।

Dam-डॅम्-*n.* a barrier to hold back water, mother of beasts. (सेतु) बाँध, पशुओं की माँ; *v.t.* (*p. t.* Dammed) to confine with dam. बाँध से रोकना, पानी बांधना; **The devil and his dam** (the powers of evil.) दुष्कर्म की शक्ति।

Damage–डॅम्'-एज्–*n.* harm, injury, *pl.* money claimed in compensation for loss. हानि, नाश, घाटा, (ब०व०) हरजाना, तावान; *v. t.* to injure, to ill-fame. हानि करना, दूषित करना।

Damask–डॅम्'-अॅस्क्– *n.* a figured woven material. बूटेदार कपड़ा, जामदानी; *adj.* coloured like damask. जामदानी के रङ्ग का; *v. t.* to weave with figured designs. बेलबूटी बनाना।

Dame–डेम्– *n.* lady keeper of a boarding house, wife of knight or baronet. स्त्री (महिला, गृहणी), नबाबिन; **Old dame**. बूढ़ा; **Dame-school** (an infant school kept by an old woman.) बच्चों का पाठशाला जिसमें बूढ़ा पढ़ाती हों।

Damn–डॅम्–*v. t.* to condemn, to censure, to doom to hell. शाप देना (निन्दा करना), धिक्कारना, नरक में भेजना; **Not worth a damn** (worthless object.) तुच्छ पदार्थ; **Damnable** (-नॅ-बॅल्) *adj.* hateful, annoying. निन्दनीय, तिरस्कृत; **Damnation** (नॅ'-शॉन्) *n.* eternal punishment in hell. नरकदण्ड, नरकयातना; **Damnatory** (-नॅ-टॉ-री) *adj.* causing censure. हतभाग्य, गर्हणीय; **Damned** (-ड्) *adj.* infernal, unwelcome. नरक का, अस्वागत; **Damnify** (-नि-फ़ाइ) *v.t.* (*p.t.*Damnified) to cause injury to. कष्ट पहुचाना; **Damning** (-निङ्ग) *adj.* cursing. शाप देने वाला।

Damp–डॅम्प् – *n.* moisture in air, chill, discouragement. तरी, ठण्ढक, उत्साहभङ्ग (विषाद); *adj.* slightly wet. नम, तर, गीला; *v.t.* to moisten, to discourage. भिगाना, उत्साहहीन करना; **Damp-proof** (keeping off dampness.) तरी रोकनेवाला; **Dampness** (-नॅस) *n.* the state of being damp. नमी, तरी, सीड़; **Damper** (-अर्) *n.* a contrivance for wetting. तर करने या भिगाने का साधन।

Damsel–डॅम्'-सॅल्–*n.* a young unmarried woman. कन्या, युवती, कुमारी, बालिका।

Damson–डॅम्'-ज़न्–*n.* small dark-coloured plum. झरबैरी, अलूचा।

Dance–डान्स्–*v. i.* & *t.* to move with rhythmical steps, to jump about, to skip, to perform. नाचना, आनन्द में कूदना, कुदाना, कार्य करना; *n.* dancing motion, dancing party. नाच, नाचमण्डली; **To dance attendance** (to wait upon for gaining favour.) हाजरी बजाना; **To dance upon nothing** (to be hanged.) फाँसी पड़ना; **To lead a dance** (to entangle in useless pursuit.) निरर्थक कार्य में लगाना।

Dancer-डान्स्'-अर्-*n.* one who dances. नाचनेवाला, नर्तकी, रण्डी; **Rope-dancer** (one who performs feats on a rope.) नट।

Dandelion–डॅन्'-डॅ-लाइ-ऑन्–*n.* a yellow-flowered plant. पीले फूल का एक पौधा।

Dandiacal–डॅन्'-डि-औं-कॅल्–*adj.* see **Dandy.**

Dandify–डॅन्'-डि-फाइ–*v. t.* (*p. t.* **Dandified.**) see **Dandy.**

Dandie–डॉन्'डी–*n.* a kind of terrier. एक प्रकार का छोटा कुत्ता।

Dandle–डॅन्'-ड्ल्–*v. t.* to toss a child on knee or arms, to pet. बच्चे को घुटनों पर या गोद में झुलाना, लाड़ करना।

Dandriff–डॅन्'-ड्रिफ्–also **Dandruff** (-ड्रफ्)*n.* scurf formed on the scalp among the hair. बालों में की रूसी।

Dandy–डॅन्'-डी–*n.* a person devoted to smartness of costume. दम्भी, छैला, बाँका; **Dandiacal** (-डि'-औं-कल्) *adj.* pertaining to a dandy. ठाटवाला; **Dandify** (-डि-फाइ) *v. t.* to make like a dandy. ठाट बनाना; **Dandification** (-डि-फ़ि-कॅ'-शॉन्) *n.* छैलापन; **Dandy-cart** (a small cart.) छोटी ठेला गाड़ी।

Dane-डॅन्-*n.* a native of Denmark. डेन्मार्क देश का निवासी।

Danger–डॅन्'-जर्–*n.* liability to harm, hazard, peril, position of railway signal directing caution. भय, शङ्का (खटका, आपत्ति), भयसूचक संकेत; **Dangerous** (-अस्) *adj.* threatening, perilous. भयङ्कर, डरावना (भयप्रद); **Dangerously** (-अस्-ली) *adv.* so as to involve danger. भयपूर्वक, भयङ्कर रूप से।

Dangle–डॅङ्ग्'-गल्–*v. i.* to be suspended and move to and fro, to hold in temptation, to hover about a person. लटकना, झूलना (आगे पीछे करना), ललचाना, पीछे पीछे फिरना। **Dangler** (-अर्) *n.* स्त्री को फुसलाने वाला।

Daniel–डॅन्'-यल्–*n.* an upright judge, a very wise man. सच्चा न्यायकर्ता, अद्वितीय बुद्धि का मनुष्य।

Danish–डॅन्'-इश्-*adj.* & *n.* of Danes, the language of Denmark. डॅन्मार्क निवासियों (अथवा डॅन् लोगों) का, इनकी भाषा।

Dank–डॅङ्क–*adj.* damp, oozy. पानी रसता हुआ, तर, गीला।

Dap–डॅप्–*v.i.* (*p. t.* **Dapped.**) to dip lightly, to bounce. थोड़ा सा

डुबाना, कूदना।

Dapper–डैप्'-पर्–*adj.* neat, smart in appearance. स्वच्छ, साफ़ और सुथरी आकृतिवाला।

Dapple–डैप्'-प्ल–*v.t.* & *i.* to variegate, to be variegated with spots. चितकबरा होना, रङ्ग बिरङ्गा करना ; *n.* dappled effect. चितकबरापन।

Dare–डेअर् – *v. i.* (*p. t.* **Dared, Durst.**) to have the courage to, to attempt, to take risk of, to defy. साहस करना, प्रयत्न करना, धृष्टता करना, ललकारना (हिम्मत बाँधना); **I dare swear** (I am perfectly sure.) मुझे पूरा निश्चय है; **I dare say** (I am prepared to believe.) मैं विश्वास करता हूं ; **Dare devil** (a reckless person.) असावधान मनुष्य।

Daring–डेअर्'-इङ्ग– *adj.* bold, adventurous. (निर्भीक) साहसी, शूरवीर; *n.* courage. वीरता, साहस ; **Daringly** (-ली) *adv.* in a daring manner. साहस से ; **Daringness** (-नेस्) *n.* a daring spirit. साहस, धृष्टता।

Dark–डार्क्–*n.* absence of light. प्रकाश का अभाव ; *adj.* gloomy, with little light, more or less black, not fair, evil, cheerless, obscure, of deep colour. अन्धकारमय, अँधेरा, काला, अस्पष्ट, दुष्ट, निन्द्य, गुप्त, गहरे रङ्ग का; **In the dark** (secretly.) अनभिज्ञता से, अनजानमें; **A leap in the dark** (hazardous enterprise.) साहस का कार्य ; **Dark ages** (Middle Ages.) मध्ययुग ; **Dark in soul** (of evil nature.) पापात्मा; **Dark room** (an apartment in which photographs are developed.) फ़ोटोग्राफ़र की अँधेरी कोठरी ; **Dark thoughts** (evil thoughts.) पाप के विचार; **In dark humour** (in a frown.) भौं चढ़ाये ; **To keep in dark** (to conceal.) छिपा रखना।

Darken–डार्क्'-एँन्–*v.t.* & *i.* to make dark, to perplex, to make foul, to grow dark. अँधेरा करना (काला करना), घबड़ाना, दूषित करना, अँधेरा होना; **Darkish**–डार्क्'-इश्–*adj.* somewhat dark. कुछ काला; **Darkly** (-ली) *adv.* in the dark, not correctly अँधेरे, में, अव्यक्त रूप से; **Darkness** (-नेस्) *n.* the state of being dark. अँधेरा, अज्ञान ; **To darken counsel** (to make matters worse.) आपत्ति बढ़ा देना ; **To darken one's door** (to go for paying a visit to some one.) किसी के घर भेंट करने को जाना।

Darksome–डार्क्'-सम्–*adj.* gloomy. प्रभा रहित, अन्धकारमय।

Darkle–डार्'-क्ल–*v. i.* to lie concealed. छिपे रहना **Darkling** (-लिङ्ग) *adv.* in the dark. अँधेरे में।

Darling–डॉर्'-लिङ्-*n.* & *adj.* beloved, lovable. प्रियतम, प्यारा (स्नेहपात्र)।

Darn–डॉर्न्–*v. t.* to mend by interweaving. कपड़े के छेद को तागे से भरना, रफ़ू करना; **Darning** (-इङ्ग) *n.* the act of mending. रफ़ू; **Darning last** (a frame for darning.) रफ़ू करने का फ़रमा।

Darnel–डॉर्'-नेल्–*n.* a kind of grass growing among corn. अनाज के पौधों में उगनेवाली घास।

Dart–डॉर्ट्–*n.* a light javelin, a

pointed missile, a rapid motion. बर्छी, शङ्कु, तीव्र गति; *v. t.* to throw a missile, to emit suddenly. बर्छी फेंकना, एकाएक आ पड़ना, (झपटना); **Darter** (-अर्) *n.* one who darts, झपटनेवाला; **Dartle** (-ल) *v. t.* to keep on darting. बर्छी फेंकते रहना।

Darwinism – डॉर्′-विन्-इज़्म् – *n.* a belief in the theory of Charles Darwin about the evolution of species. (तत्वज्ञानी) डार्विन् का जाति-विस्तार का सिद्धान्त।

Dash–डॅश्–*n.* a splash of water, hasty stroke of pen, horizontal stroke in writing or printing (–), rush, sudden advance, showy appearance. पानी का छींटा, घसीट लिखावट, छापे या लिखने का (–) चिह्न, झटका, धावा, देखावट; *v. t.* to shatter to pieces, to knock, to drive, to throw. वेग से फेंकना, छितराना, ढकेलना, धक्का देना, फेंकना; **Dashboard**. गाड़ियों में कीचड़ उड़ना रोकने की पट्टी; **To cut a dash** (to make a fine show.) सुन्दरता दिखलाना; **To dash one's hopes** (to discourage.) निराश करना।

Dasher–डॅश्′-अर्–*n.* a contrivance for agitating cream in churn. मथानी

Dashing – डॅश्′- इङ्ग् – *adj.* bold, showy. तीव्र, उतावला; **Dashingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a darting manner. झटके से, वेग से।

Dastard – डॅस्′-टर्ड् – *n.* a coward. भीरु, डरपोक; *adj.* cowardly. डरपोक; **Dastardly** (-ली) *adj.* cowardly. भीरु; **Dastardliness** (-ली-नॅस्) *n.* cowardliness. भीरुता।

Data–डे′-टॉ–*n. pl.* of **Datum**.

Dataller–डे′-टॉ-लर्–*n.* a workman who is engaged and paid by the day. रोज़हा मज़दूर।

Date – डेट् – *n.* date-palm or its fruit, statement of time, time of happening, period, duration, age. खजूर का वृक्ष या फल, काल, तिथि, (मिति) समय, काल की अवधि, युग; *v. t.* to mark with date, to refer to a time. निर्दिष्ट तिथि लिखना, समय सूचित करना; **Date line** (the line where the day begins and ends.) अक्षांश जहाँ से पूर्व और पश्चिम में समय का अन्तर होता है; **Out of date** (obsolete.) पुरातन, प्राचीन; **Up to date** (according to the latest requirements.) आधुनिक, आवश्यकतानुसार; **Dateless** (-लॅस्) *adj.* undated, endless. बिना मिति का, अनन्त।

Dative – डे′-टिव् – *adj.* the case in grammar which signifies the person or object to which something is given. सम्प्रदान कारक, चतुर्थी विभक्ति; **Datively** (-ली) *adv.* in the dative case. सम्प्रदान कारक में।

Datum–डे′-टम्–*n.* (*pl.* **Data**.) thing known or granted. स्वीकृत तत्व, निर्दिष्ट सिद्धान्त।

Daub–डॉब्–*v. t.* to coat with clay or plaster, to smear, to stain, to paint inartistically. लीपना, पोतना, छूहना, फूहड़पन से रंगना; *n.* a badly painted picture. बुरी तरह से रंगा हुआ चित्र; **Dauber** (-अर्) *n.* a coarse painter. रंग पोतनेवाला; **Daubery** (-अर्′-इ) *n.* anything

artful. धूर्तता का कार्य; **Daubing** *n.* भद्दी पोताई, चापलूसी।


Daughter-डॉ'-टर्-*n.* a female child or descendant. कन्या, पुत्री, बेटी; **Daughter-in-law** (son's wife.) पुत्रवधू, पतोहू; **Daughterly** (-ली) *adj.* in a daughter-like way. पुत्रीवत्; **Daughterhood** (-हुड्) *n.* पुत्रीपन।

Daunt-डॉन्ट्-*v. t.* to discourage, to intimidate. त्रासना, उत्साहहीन करना, धमकाना; **Dauntless** (-लैस्) *adj.* intrepid, bold. निर्भय (अशङ्क), निडर; **Dauntlessly** (-लैस्-ली) *adv.* in a dauntless manner. निर्भीकता से; **Dauntlessness** (-लैस्-नैस्) *n.* fearlessness. अभय।

Dauphin-डॉ'-फ़िन्-*n.* wife of the eldest son of the king of France. फ़्रान्स देश के राजा की सबसे बड़ी पतोहू।

Davenport-डैव्'-ऍन्-पॉर्ट्-*n.* a kind of desk with drawers. एक प्रकार की दराजदार डिगिस।

Davit-डैव्'-इट्-*n.* a crane for suspending ship's boat. जहाज पर की नाव उतारने का यन्त्र।



Davit.

Davy-Lamp - डे'-वी-लैम्प्-*n.* miner's safety lamp. खान में ले-जाने का सुरक्षित लम्प।

Daw-डॉ-*n.* a species of crow, jackdaw. डोम कौवा, काला कौवा।

Dawdle-डॉ'-ड्ल्-*v. i.* to idle. बिलम्ब करना; **To dawdle away** (to waste time.) समय नष्ट करना; **Dawdler** (-ड्लर्) *n.* a trifler. समय गंवाने वाला।

Dawn-डॉन्-*n.* the first light, daybreak, rise of anything. दिनमुख, अरुणोदय (प्रभात, तड़का, भोर), किसी पदार्थ का उदय; *v. i.* to begin to appear, to grow light, to become evident to mind. प्रगट होना, प्रातःकाल होना (पौ फटना), मन में उपजना; **To dawn upon** (to be visible.) देख पड़ना।

Dawning - डॉन्'-इङ्ग्-*n.* the time of dawn. अरुणोदय का समय।

Day-डे-*n.* time between the rise and setting of sun. दिन, दिवस; **All day long** (throughout the day.) चौबिसो घण्टे; **All the day** (continually.) लगातार, बराबर; **Birth-day** (day on which a person is born.) सालगिरह; **Day-book** (book of daily accounts.) प्रतिदिन के हिसाब की बही; **Day-break** (appearance of daylight.) अरुणोदय, पौ फटना, सबेरा; **Day-dream** (reverie, vain fancy.) तरंग, निरर्थक चिन्ता; **Day-light** (sun's light, openness, publicity.) सूर्य का प्रकाश, ईमानदारी, लोकप्रसिद्धि; **Day-school** *n.* स्कूल जिसमें छात्रों को केवल दिन में पढ़ाने का प्रबन्ध रहता है; **Men of the day** (famous men of the times.) समय के प्रसिद्ध लोग; **One day** (on a certain day.) किसी दिन; **On one's day** सुअवसर पर; **One's day** (life time.) मनुष्य का जीवन; **To keep one's day** (to be punctual.) समयानुकूल होना; **To lose the day** (to be defeated.) हारना।

Daze-डेज़्-*v.t.* to stupefy, to dazzle.

घबड़ा देना, चौंधियाना; *n.* bewilderment. घबड़ाहट; **Dazedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a bewildering manner. घबड़ाहट से।

Dazzle-डैज़्'-ज़ल्-*n.*glitter. चमक; *v.t.* to bewilder with excess of light, to surprise. चौंधाना, चकित करना; **Dazzle-lamp** (one with dazzling light.) मोटर गाड़ी की तेज रोशनी; **Dazzlement** (-मैन्ट्) *n.* power of dazzling. चकचौंध; **Dazzling** (-लिङ्ग्) *adj.* very brilliant. बहुत (चमकीला), चौंधानेवाला।

Deacon-डीक्'-ऑन्-*n.* order of clergy below bishop and priest. छोटा पादड़ी; (*fem.* Deaconess-ऍस्) पादड़िन।

Dead-डैड्-*n.* the time when things are most still, those deceased. अति शान्ति का काल, मृतक लोग; *adv.* thoroughly. पूर्णरूप से; *adj.* without life, motionless, useless, unreal, blank, tasteless, deep, spiritless. निर्जीव (मृत), निश्चल, निरर्थक, निःसार, सादा, स्वाद रहित, गाढ़ा (गहरा), सत्वहीन; **Dead-alive** (spiritless.) निस्तेज; **Dead ball** (a ball out of play.) खेल के केन्द्र के बाहर का गेंद; **Dead body** (corpse.) शव, मुर्दा; **Dead drunk** (helpless with drink.) मदिरा पीकर बेसुध; **Dead language** (a language no longer spoken.) अप्रचलित भाषा; **Dead lift** (a heavy weight.) भारी बोझ; **Dead march** (music played at the internment of the dead.) शव के साथ बजनेवाला बाजा; **Dead of night** (midnight.) आधीरात; **Dead shot** (a good marksman.) अच्छा निशानेबाज; **Dead stock** (goods unfit to be sold.) बिक्री न होने योग्य सामान।

Deaden-डेड्'-ऍन्-*v. t.* to diminish the force of, to deprive of vitality, to blunt, to remove gloss. शक्ति कम करना, शिथिल करना, मन्द करना, चमक हटाना।

Dead-letter-डैड्'-लैट्-टर्-*n.* a letter which cannot be delivered, a law that has ceased to be kept. पत्र जिसके पानेवाले का पता नहीं लगता, अप्रचलित नियम।

Deadlock-डैड्'-लॉक्-*n.* stoppage of progress through refusal of compromise among parties. असहमत होने के कारण उन्नति का अवरोध।

Deadly-डैड्'-ली-*adj.* death-like, causing fatal injury, mortal, intense. मृतक के समान, प्राणनाशक, मारक, तीव्र; **Deadly enmity** (mortal enmity.) आमरणान्तिक वैर; **Deadly poison.** हलाहल विष।

Deaf-डैफ्-*adj.* insensible to hearing, inattentive. बहिरा, ध्यान न देनेवाला; **To turn a deaf ear to** (to take no heed to one's words.) आनाकानी करना; **Deafen** (-ऍन्) *v.t.* to deprive of hearing. बहिरा करना; **Deafly** (-ली) *adv.* without sense of sounds. बहिरेपन से; **Deafness** (-नैस्) *n.* the state of being deaf. बहिरापन; **Deaf-nut** (a nut without a kernel.) बिना गरी का अखरोट इत्यादि।

Deal-डील्-*n.* a considerable amount, bargain, fir or pine board.

अधिक परिमाण, मुनाफ़ा, चिड़ का तख्ता; *v. t.* (*p. t.* & *p. p.* Dealt-डेल्ट) to distribute, to deliver as share, to do business with, to behave. बाँटना (भाग करना), पृथक् पृथक् देना, व्यवहार करना; **A good deal** (much, considerable.) प्रचुर, बहुत; **To deal a blow** (to deliver a blow.) मुक्का मारना; **To deal cards** (to distribute cards.) ताश बाँटना।

Dealer–डील्'-अर्–*n.* a player at cards, a trader. ताश बाँटनेवाला, व्यापारी।

Dealing–डील्'-इङ्ग्–*n.* behaviour, trade. व्यवहार, लेनदेन (आचरण)।

Deambulation-डी-ऍम्'-ब्यु-लें'-शॉन्–*n.* walking. टहलान।

Dean–डीन्–*n.* head of a cathedral, head of a faculty in a college. गिरजाघर या कालेज का अधिकारी; **Deanery** (-अर्-ई) *n.* house or office of a dean. पादड़ी का घर या पद।

Dear–डिअर्–*adj.* beloved, precious, costly. प्यारा (प्रिय), बहुमूल्य, महँगा; *interj.* expressing surprise, sympathy &c. आश्चर्य, सहानुभूति इत्यादि सूचक अव्यय; **Dearly** (-ली) *adv.* at a high price, with great fondness. बहुमूल्य से, अति प्रीति से; **Dearness** (-नॅस) *n.* the quality of being dear. प्रियता, बहुमूल्यता।

Dearth–डर्थ्–*n.* scarcity of food. दुष्काल, दुर्भिक्ष।

Death–डेथ्–*n.* end of life, annihilation, want of spiritual life. मरण, मृत्यु, नाश; **Death-bed** (bed on which one dies.) मृत्युशय्या, **Death-blow** (a blow extinguishing life.) प्राण लेनेवाला आघात; **Deathless** (लॅस) *adj.* not subject to death. अमर, अनश्वर, चिरस्थायी; **Deathlessness** (-लॅस्-नॅस्) *n.* immortality. अमरत्व; **Death-like** (-लाइक) *adj.* resembling death. मृत्यु सदृश; **Death-rate** (proportion of death.) प्रति वर्ष १००० मनुष्यों में की मरण संख्या; **Death-rattle**. मरते समय की हिचकी; **Death-roll** (list of the dead.) मृतकों की संख्या; **Death-trap** (a place dangerous to life.) भयंकर स्थान; **Angel of death**. यमदूत; **At death's door** (ready to die.) मरणासन्न; **A violent death**. अपमृत्यु; **Sentenced to death** (ordered to be executed.) प्राणदण्ड की आज्ञा पाया हुआ।

Debacle–डॅ-बॅक्'-कल्–*n.* a rush of water. पानी का झटका।

Debar–डॅ-बार्–*v.t.* (*p.t.* **Debarred.**) to prevent, to obstruct, to exclude from admission. निषेध करना, रोकना, प्रवेश न होने देना।

Debark–डॅ-बॉर्क्–*v.t.* & *i.* to disembark. नाव पर से उतराना या उतराना; **Debarkation** (-ए'-शॉन्) *n.* landing from a ship. नावपर से उतार।

Debase–डॅ-बेअस्'–*v. t.* to lower in quality or value, to adulterate. पदवी घटाना, मूल्य कम करना, मिलावट करना; **Debasement** (-मॅन्ट) *n.* degradation. अधोगति, नीच स्थिति।

Debatable–डि-बेट्'-ॲ-बल्-*adj.* questionable, subject to discussion. विवाद योग्य, सन्देहयुक्त।

Debate–डॅ-बेट्' – *v. t.* to dispute about, to discuss, to ponder. झग-

ड़ना, विवाद करना (तर्क करना), विचार करना ; *n.* discussion, public argument. विवाद, सार्वजनिक वितर्क ; **Debater** (-अर्) *n.* a disputant. वादी।

Debauch–डें-बॉच्'–*v. t.* to make intemperate, to seduce, to vitiate. दूषित करना, सतीत्व भ्रष्ट करना, नाश करना; *n.* habit of indulgence. विषयों का उपभोग, असंयम; **Debauchable** (-ॲब्ल्) *adj.* able to be vitiated. दूषित करने योग्य; **Debauchee** (डेंबॉ-ओ-शी') *n.* a viciously sensual person. विषयासक्त, दुराचारी, लम्पट ; **Debauchery** (-अर्-ई) *n.* habitual lewdness. विषयोपभोग (भ्रष्ट आचरण), व्यसन।

Debenture–डी-बॅन्ट्'-यूर्–*n.* a note or bond acknowledging sum on which interest is due. प्रतिज्ञापत्र, नियमपत्र।

Debilitate – डें-बिल्'-इ-टेट्– *v. t.* to weaken, to enfeeble. तेज हरण करना, दुर्बल करना; **Debilitated**–(-ऍड्) *adj.* enfeebled. क्षीण, दुर्बल, अशक्त।

Discursive-डिस्-कर्स्'-इव्-*adj*. digressive, desultory, proceeding by argument. चञ्चल, अस्थिर, विवादी ; **Discursory** (-ऑर्-ई) *adj*. digressive. अनवस्थित ।

Discus–डिस्'-कस्–*n*. a quoit. चक्र ।

Discuss–डिस्-कस्' – *v. t.* to debate, to examine by argument. वादाविवाद करना (शास्त्रार्थ करना) तर्क करना; **Discussible** (-सें-ब्ल्) *adj*. that may be discussed. विवाद योग्य ; **Discussion** (-कश्'-ऑन्) *n*. debate. वादाविवाद; **Subject under discussion** (*i. e.* under contemplation.) प्रस्तुत विषय ।

Discussive–डिस्-कस्'-सिव्– *adj*. having power to determine. विवादी ।

Disdain–डिस्-डेन्'–*v. t.* to regard with contempt, to scorn. तिरस्कार करना, तुच्छ समझना ; *n*. scorn, contempt. तिरस्कार, अवहेलना; **Disdainful** (-फुल्) *adj*. contemptuous. तिरस्कृत ; **Disdainfully** (-फुल्-ली) *adv*. in a disdainful manner. तिरस्कार से ।

Disease–डिज़्-ईज़्'–*n*. illness, malady, bodily or mental derangement. रोग, व्याधि, शारीरिक या मानसिक क्लेश; **Diseased** (-ड्) *adj*. affected

with a disease. व्याधिग्रस्त, रुग्ण ।

Disembark–डिस्-ऍम्-बॉर्क्'–*v. t.* & *i.* to remove from a ship, to land. जहाज पर से किनारे पर उतारना या उतरना; **Disembarkation** (-ए'-शन्) *n.* the act of disembarking. अवरोहण ।

Disembarrass–डिस्-ऍम्-बॅर्'-रॅस्–*v.t.* to free from perplexity. घबड़ाहट से मुक्त करना; **Disembarrassment** (-मेन्ट) *n.* act. of extricating from perplexity. घबड़ाहट से छुटकारा ।

Disembosom–डिस्-ऍम्-बूज़्'-अम्–*v.t.* to unburden oneself, to reveal secrets. शरीर पर का भार हटाना, रहस्य का उद्घाटन करना ।

Disengage–डिस्-ऍन् - गेज्' – *v. t.* to detach, to loosen, to break contact. अलगाना, ढीला करना, सट्टा तोड़ना; **Disengaged** (-ड्) *adj.* unoccupied. निर्व्यापार; **Disengagement** (-मेन्ट) *n.* freedom from occupation. अवसर, अवकाश ।

Disentangle–डिस्-ऍन्-टैंग्ग्'-गल्–*v. t.* to free from impediments, to untwist. सुलझाना, खोलना; **Disentanglement** (-मेन्ट) *n.* freedom from entanglement. सुलझावट ।

Disenthral–डिस्-एन्-थ्रॉल्' – *v. t.* to free from bondage. बन्धन से मुक्त करना; **Disenthralment** (-मेन्ट) *n.* freedom from bondage. मोक्ष ।

Disentomb–डिस्-ऍन्-टूम्' – *v. t.* to unearth, to find by research. क़ब्र में से निकलना, अन्वेषण करना ।

Disenvelop–डिस्-ऍन्-वेल्'-ऑप् – *v. t.* to unfold. बन्धन से मुक्त करना (खोलना) ।

Disfavour–डिस्-फ़े'-वर् – *n.* dislike, disregard. घृणा, अनुपकार; *v. t.* to treat with disregard. अनुग्रह न करना ।

Disfeature–डिस्-फ़ीट्'-यूर् – *v. t.* to disfigure. रूप बिगाड़ना ।

Disfigure–डिस्-फ़िग्'-अर्–*v.t.* to mar the beauty of. सौन्दर्य नष्ट करना (कुरूप करना); **Disfigured** (-ड्) *adj.* with appearance impaired. कुरूपित; **Disfigurement** (-मेन्ट) *n.* defacement of beauty. विरूपता ।

Disfranchise–डिस्-फ़्रॅन्'-शाइज़् – *v. t.* to deprive of the rights (especially electoral ones) of a citizen. पौराधिकार हटाना, किसी स्थान के निवासी का प्रतिनिधि भेजने का अधिकार छीन लेना; **Disfranchisement** (-मेन्ट) *n.* act of disfranchising. उपर्युक्त अधिकार हरण ।

Disgorge – डिस्-गॉर्ज्' – *v. t.* & *i.* to emit from the throat, to give up unjustly seized gains. उगलना (वमन करना), छीनी हुई वस्तु को लौटाना; **Disgorgement** (-मेन्ट) *n.* the act of disgorging. वमन ।

Disgrace–डिस्-ग्रेस्' – *n.* loss of favour, shame, cause of reproach. अपमान, कलङ्क, निरादर; *v. t.* to dismiss from favour, to bring discredit. कलङ्कित करना, निरादर करना; **Disgraceful** (-फ़ुल्) *adj.* shameful. अपमान कारक; **Disgracefully** (-फ़ुल्-लि) *adv.* in a disgraceful manner. अपमान सहित; **Disgracefulness** (-फ़ुल्-नेस्) *n.* shamefulness. निरादर ।

Disgrade–डिस्-ग्रेड्'–*v. t.* to deprive of rank. पदच्युत करना ।

Disguise – डिस्-गाइज़्' – *v. t.* to con-

ceal, to misrepresent. वेश बदलना, छिपाना; n. a garb to deceive, artificial manner. कपटवेष, सवाँग।

Disgust-डिस्-गस्ट्'-n. dislike, repugnance. घृणा, अरुचि; v.t. to excite aversion. अरुचि उत्पन्न करना, अप्रसन्न करना; **Disgusted** (-ऍड्) *adj.* disliked. घृणित; **Disgustedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a disgusting manner. घृणापूर्वक; **Disgustful** (-फुल्) *adj.* repulsive. घृणापूर्ण; **Disgusting** (-इङ्ग्) *adj.* exciting disgust. कुत्सित, निन्द्य।

Dish-डिश्-n. a shallow flat-bottomed vessel for holding food at meals. थाली, रेकाबी; v. t. to put food in a dish for serving. परोसने के लिये थाली में रखना।

Dishabille-डिस्'-ऍ-बिल्-n. a morning wrapper. कौपीन।

Disharmonize-डिस्-हॉर्'-मॉ-नाइज़-v.t. to make discordant. बेसुरा करना।

Disharmony - डिस्-हॉर्'-मॉ - नी - n. discord. लयभंग, बेसुर।

Dishcloth - डिश्' - क्लॉथ् - n. cloth used for wiping dishes. थाली पोंछने का कपड़ा।

Dishearten-डिस्-हॉर्ट्'-ऍन्- v. t. to rob of courage, to discourage. निराश करना, उत्साह भङ्ग करना; **Disheartened** (-ड्) *adj.* discouraged. निरुत्साह; **Disheartening** (-इङ्ग्) *adj.* discouraging. आशा रहित।

Dishevel-डि-शेव्'-ऍल्-v.t. to spread hairs in disorder. बालों को बिखराना; **Dishevelled** (-ड्) *adj.* with distorted hair, untidy. बालों को बिखराये हुए, फूहड़; **Dishevelment** (-मॅन्ट) n. the state of being dishevelled. बिखरापन।

Dishful-डिश्'-फुल्-n. as much as a dish can hold. थाली भर।

Dishing-डिश्'-इङ्ग्- n. putting in a dish. थाली में रखना।

Dishonest - डिस्-ऑन्'-ऍस्ट्-*adj.* insincere, fraudulent. कुटिल, कपटी, व्यभिचारिणी; **Dishonestly** (-ली) *adv.* in a dishonest manner. धूर्तता से; **Dishonesty** (-ई) n. deceitfulness, knavery. कुटिलता, कपट।

Dishonour-डिस्-ऑन्'- ऑर् - n. disgrace, discredit. अपमान, अनादर; v. t. to disgrace, to violate the chastity of, to refuse the payment of a cheque. अपमानित करना, सतीत्व नष्ट करना, हुन्डी न सकारना; **Dishonourable** (-ऑ-र्‌ब्ल्) *adj.* base, ignominious. नीच, कलङ्ककारी, अपमान युक्त; **Dishonourableness** (-ऑ-ब्ल्-नॅस) the quality of being dishonourable. अपमानता; **Dishonourably** (ऑ-ब्ली) *adv.* in a dishonourable manner. अपमान से; **Dishonourer** (-अर्) n. one who dishonours. अपमान करनेवाला।

Dishouse-डिस्-हाउस्' - v. t. to deprive of houses. बिना घर का करना।

Disillusion-डिस्-इल्-ल्यू'-ज़ान्, **Disillusionment** (-मॅन्ट) ns. freedom from illusion. मायाजाल से मुक्ति।

Disinclination-डिस्-इन् - क्लिन् - ए'-शॉन्-n. dislike, want of willingness. अरुचि, अनिच्छा।

Disincline-डिस-इन्-क्लाइन्'- v. t. to

make indisposed. रुचि हटाना, विराग उत्पन्न करना, चित्त फेरना; **Disinclined** (-इ) *adj*. unwilling. विरक्त, पराङ्मुख।

Disincorporate – डिस्-इन्-कॉर्'-पॉर्-एट्–*v. t.* to deprive of corporate rights. सामाजिक अधिकार से अलगाना।

Disinfect – डिस्'-इन् - फ़ैक्ट् – *v. t.* to cleanse of infection. मलिनता हटाना (शुद्ध करना); **Disinfectant** (-ऐन्ट्) *adj*.& *n*. preventive of contagion. मलिनता हटानेवाला द्रव्य; **Disinfection** (-फ़ैक्'-शॉन्) *n*. purification from infecting matter. मलशुद्धि; **Disinfector** (-ऑर्) *n*. an apparatus for disinfecting. विशुद्ध करनेवाला (यन्त्र)

Disingenuous – डिस्-इन्-जैन्'-यु-अस्–*adj*. insincere, crafty. कुटिल, कपटी; **Disingenuously** (-ली) *adv*. in a crafty manner. छल कपट से।

Disinherit–डिस-इन्-हॅर्'-रिट्– *v. t.* to deprive of inheritance. पैत्रिक सम्पत्ति से वञ्चित (अंशहीन) करना; **Disinheritance** (-ऑन्स्) *n*. the act of disinheriting. पैत्रिक धन की अप्राप्ति; **Disinherited** (-ऍड्) *adj*. cut off from heredity. पैत्रिक धन अप्राप्त।

Disintegrable – डिस्-इन्'-टॅग्-रॉ-ब्ल्–*adj*. able to be separated. पृथक् करने योग्य।

Disintegrate–डिस्-इन्'-टॅग्-रैट्– *v. t.* to reduce into component parts. पृथक् करना, विश्लेषण करना।

Disintegration-डिस्-इन्-टॅग्-रे' - शॉन्-*n*. separation of the integrant parts. विश्लेषण।

Disinter – डिस्-इन्-टर्' – *v. t.* to dig up from grave, to unearth. कब्र में से मुर्दा निकालना, खोदना।

Disinterested– डिस्-इन्'-टर्-ऍस्ट्-ऍड्-*adj*. impartial, unselfish. अपक्षपाती, स्वार्थ रहित; **Disinterestedly** (-ली) *adv*. in an unselfish manner. स्वार्थ रहित; **Disinterestedness** (-नैस्) *n*. impartiality. निःस्वार्थता।

Disinvigorate–डिस्-इन्-विग्'-ऑर्-एट्–*v. t.* to weaken. न्यून करना, उत्साहहीन करना।

Disjoin–डिस्-जॉयन्' – *v. t.* to separate, to dislocate. अलगाना, सन्धि भङ्ग करना।

Disjoint–डिस्-जॉयन्ट्'– *v. t.* to separate. पृथक् करना; **Disjointed** (-ऍड्) *adj*. separated, not coherent. असम्बद्ध,असंलग्न; **Disjointedly** (-ऍड्-ली) *adv*. in a disjoined manner. असंबद्ध रूप में।

Disjunct-डिस-जङ्क्ट्'-*adj*. disjoined. पृथक् किया हुआ; **Disjunction** (-जङ्क्'-शॉन्) *n*. separation. अलगाव; **Disjunctive** (-इव्) *adj*. & *n*. separating, disjoining. वियोगी, अलग करने वाला; **Disjunctively** (-इव्-ली) *adv*. in a disjunctive manner. अलगाते हुए।

Disk,Disc–डिस्क्–*n*. a thin circular plate, round flattened part of something. गोल टिकली, मण्डल।

Dislike – डिस्- लाइक्' – *n*. distaste, aversion. अरुचि, घृणा; *v. t.* to disapprove of. घृणा करना; **Disliked** (-ड्) *adj*. disapproved. अप्रिय, अनिष्ट।

Dislocate–डिस्'-लो-केट्– *v.* t. to put

out of joint, to displace. जोड़ हटाना या उखाड़ना ; **Dislocatedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a dislocated manner. जोड़ उखड़ते हुए ।

Dislocation-डिस्-लो-कें'-शॉन्-*n.* act of displacing. संधिभंग, जोड़ का हट जाना ।

Dislodge–डिस्-लॉज्'–*v. t.* to remove from place of rest. उखाड़ना, हटाना; **Dislodg(e)ment** (-मॅन्ट्) *n.* act of removing to another place. अन्य स्थान में हटने की क्रिया ।

Disloyal – डिस्-लॉय्'-ऑल् – *adj.* unfaithful, untrue to allegiance. भक्तिहीन, राजद्रोही, अराजक; **Disloyalist** (-इस्ट्) *n.* one who is disloyal. भक्तिहीन ; **Disloyally** (-ली) *adv.* in a disloyal manner. भक्तिहीनता से, राजद्रोह से ; **Disloyalty** (-टी) *n.* faithlessness. राजद्रोह ।

Dismal–डिज़्'-मॅल् – *adj.* miserable, dreary, depressing. उदासीन. अप्रसन्न, शोकयुक्त ; **Dismally** (-ली) *adv.* in a dismal manner. उदासीनता से ; **Dismalness** (-नॅस्) *n.* the state of being dismal. उदासीनता ।

Disman–डिस्-मॅन्'–*v. t.* to deprive (a country) of men. (देश को) निर्जन (मनुष्य शून्य) करना ।

Dismantle – डिस्-मॅन्'-टल्– *v. t.* to strip of dress, to deprive of covering. नंगा करना (कपड़ा उतारना), बाहरी सामान हटाना; **Dismantlement** (-मॅन्ट्) *n.* dismantling. विवस्त्रीकरण ।

Dismask–डिस्-मास्क्'-*v. t.* to remove disguise from. कपटवेश हटाना ।

Dismast–डिस्-मास्ट्'–*v. t.* to deprive a ship of masts. जहाज का मस्तूल हटाना

Dismay–डिस्-मे' – *v. t.* (*p. t.* Dismayed) & *n.* to fill with discouragement, loss of strength and courage. त्रस्त (उद्विग्न) करना, त्रास, भय, उद्वेग ; **Dismayedness** (-ऍड्-नॅस्) *n.* dejection of courage. साहसहीनता ।

Dismember – डिस्-मॅम्ब्'-अर्–*v. t.* to separate limb from limb, to divide up. अंगों को अलग अलग करना, विभाग करना ; **Dismemberment** (-मॅन्ट्) *n.* the act of dismembering. अंगव्यवच्छेद, विभाग ।

Dismiss – डिस्-मिस्' – *v. t.* to send away, to allow to go, to discharge from service, to put out of thoughts, to treat summarily. बिदा करना, भेजना, अधिकार से हटाना, मन से अलग करना, (मुकदमा) खारिज करना ; **Dismissal** (-सॅल्) *n.* discharge, removal from office. पदत्याग, बिदाई; **Dismissible** (-सॅ-बल्) *adj.* liable to be dismissed. बिदा करने (या हटाने) योग्य ।

Dismount–डिस्-माउन्ट्'–*v. i.* & *t.* to alight from horseback, to remove from seat. घोड़े पर से उतरना, बैठकी से उतारना ।

Disnest–डिस्-नैस्ट्'–*v. t.* to dislodge from a nest. घोंसले से हटाना ।

Disobedience - डिस्-ओ-बी'-डि-ऍन्स्-*n.* refusal to obey. आज्ञाभंग, आज्ञा का उल्लंघन ।

Disobedient-डिस्-ओ-बी'-डि-ऍन्ट्–*adj.* neglecting to obey. आज्ञा उल्लंघन करनेवाला; **Disobediently** (-ली) *adv.* in a disobedient manner. आज्ञा न

पालन करते हुए।

Disobey–डिस्-ओ-बे'–*v. i. & t.* to disregard orders, to refuse to obey command. आज्ञा भंग करना, आज्ञा का उल्लंघन करना।

Disoblige – डिस्-ओ-ब्लाइज़्' – *v. t.* to refuse to oblige or grant favour. असन्तुष्ट करना, प्रतिकूल करना, **Disobliging** (-इङ्ग्) *adj.* unaccommodating. प्रतिकूलकारक; **Disobligingly** (-इङ्ग्-ली) *adj.* in a disobliging manner. अप्रिय आचरण से; **Disobligingness** (-इङ्ग्-नैंस्) *n.* indisposition to oblige. अप्रिय आचरण।

Disorder–डिस्-ऑड्'-अर्–*n.* want of order, confusion, ailment. अव्यवस्था (आकुलता), घबड़ाहट, व्याधि ; *v. t.* to throw into confusion. व्याकुल करना; **Disordered** (-ड्) *adj.* disorderly. अव्यवस्थित (व्यग्र); *adj.* **Disorderly** (-ली) *adj.* confused, contrary to law. व्यग्र, नियमविरुद्ध (उच्छृङ्खल, उपद्रवी); **Disorderliness** (-लि-नैंस्) *n.* the state of being disorderly. अव्यवस्था।

Disorganization – डिस्-ऑर्'-गीन्-आइज़्-ए'-शॉन्– *n.* act of destroying order. विप्लव, गड़बड़ी।

Disorganize–डिस्-ऑर्'-गीन्-आइज़्-*v.t.* to destroy structure of, to throw into confusion. अव्यवस्थित करना, उपद्रव करना।

Disown–डिस्-ओन्' – *v. t.* to refuse to recognize, to disclaim, to renounce. न पहिचानना, अस्वीकार करना, त्यागना।

Disparage-डिस्-पीर्'-रेंज़्-*v.t.* to lower in rank, to depreciate. पद घटाना, उपेक्षा करना, **Disparagement** (-मैन्ट) *n.* indignity, depreciation. तिरस्कार, उपेक्षा ; **Disparager** (-अर्) *n.* one who disparages. निन्दक ; **Disparagingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a disparaging manner. उपेक्षा से।

Disparate– डिस्'-पीर्-ऍट – *adj.* unequal. असमान ; **Disparately**–(-ली) *adv.* unequally. भेद भाव से ; **Disparateness** (-नैंस्) *n.* inequality. असमानता ; **Disparity** (-इट-ई) *n.* difference,inequality. असमानता,भेद।

Dispart–डिस्-पाड्ट्'–*v.t.* to separate, to divide. पृथक् करना, विभक्त करना।

Dipassion– डिस्-पीश्'–ऑन्– *n.* freedom from passion. विराग, उदासीनता; **Dispassionate** (-ऍट) *adj.* calm, impartial. शान्त (उदासीन) अपक्षपाती; **Dispassionately** (-ऍट'-ली) *adv.* in an impartial manner. शान्तचित्त से; **Dispassionateness** (-ऍट-नैंस्) *n.* the quality of being dispassionate. शान्तचित्तता।

Dispatch(Despatch)-डिस्-पीच्'-*v.t.* to send on an errand, to settle, to kill. सन्देश पर भेजना, स्थिर करना, हत्या करना; *n.* settlement, promptitude. स्थिरता, शीघ्रता।

Dispel–डिस्-पैल्– *v. t.* (*p. t.* **Dispelled**) to disperse, to scatter. हटाना (दूर करना), छितराना।

Dispensable– डिस्-पैन्स्'-ऑ-ब्ल –*adj.* not necessary. अनावश्यक।

Dispensary–डिस्-पैन्स्'-ऑर्-ई–*n.* (*pl.* **Dispensaries**) a charitable institution, an apothecary's hall.

दरिद्रों के लिये औषधालय, अत्तार की दूकान।

Dispensation– डिस्-पेन्स्'-ए'-शॉन्– *n.* distributing. वितरण, बाँट ; **Dispensative** (-ऑ-टिव्) *adj.* granting dispensation. विभाग के योग्य ; **Dispensator** (-ऑट्'-ऑर्) *n.* dispenser. विभाजक।

Dispense–डिस्-पेन्स्'–*v. t.* to distribute, to deal out, to administer. विभाग करना, अलगाना, दवा बनाना ; **To dispense with** (to do without, to disregard.) अलग करना, तिरस्कार करना।

Dispenser–डिस्-पेन्स्'-अर्–*n.* one who dispenses. प्रवर्तक

Dispeople–डिस्-पी'-प्ल्–*v. t.* to depopulate. जनशून्य करना।

Disperse–डिस्-पर्स्'–*v. t.* to scatter, to dispel. इधर उधर फेंकना, छितराना ; **Dispersedly** (-एड्-ली) *adv.* separately. छितराते हुए।

Disperser–डिस्-पर्स्'-अर्– *n.* one who scatters. छितराने वाला।

Dispersion–डिस्-पर्'-शन्–*n.* the act of scattering. फैलाव।

Dispersive– डिस्-पर्स्'-इव्– *adj.* scattering. फैलानेवाला ; **Dispersively** (-इव्-ली) *adv.* in a dispersive manner. छितराते हुए।

Dispirit– डिस्-पिर्'-रिट्– *v. t.* to depress, to discourage. उदास करना, उत्साहहीन करना; **Dispirited** (-ऐड्) *adj.* depressed in spirits. उदासीन; **Dispiritedly** (-ऐड्-ली) *adv.* in a depressing manner. उदासीनता से ; **Dispiritedness** (-एड्-नेस्) *n.* depression of spirits. अनुत्साह।

Dispiteous – डिस्-पिट्'-इ-अस् – *adj.* pitiless. दयाहीन, दयाशून्य।

Displace–डिस्-प्लेस्'– *v. t.* to shift from its place, to oust, to replace. स्थान बदलना ; **Displaceable** (-ऑ-बल्) *adj.* removable. हटाने योग्य ; **Displacement** (-मेन्ट) *n.* ousting. अपने स्थान से हटना।

Displant – डिस्-प्लैन्ट' – *v. t.* to remove a plant from its place. (वृक्ष को) जड़ से उखाड़ना या स्थान से हटाना।

Display– डिस्-प्ले' – *n.* exhibition, show, ostentation. प्रदर्शन, देखाव, प्रकाशन ; *v. t.* to exhibit, to show, to reveal. प्रकाशित करना, दिखाना, प्रकट करना ; **Displayed** (-ड्) *adj.* printed conspicuously. भड़कीले अक्षरों में छपा हुआ ; **Displayer** (-अर्) *n.* he who displays. प्रकाशित करनेवाला।

Displease–डिस्-प्लीज़्'–*v.t.* to offend, to annoy. क्रुद्ध करना, अप्रसन्न करना ; **Displeased** (-ड्) *adj.* offended. रुष्ट, अप्रसन्न ; **Displeasing** (-इङ्ग्) *adj.* distasteful. अप्रिय ; **Displeasingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a distasteful manner. अप्रसन्नता से।

Displeasure– डिस्-प्लेज़्'-यूर् – *n.* dissatisfaction, anger. असन्तोष, क्रोध।

Displume–डिस्-प्लूम्'–*v. t.* to strip of feathers. पर उखाड़ देना।

Disport–डिस्-पोर्ट्–'–*v. i.* to amuse oneself. आनन्द मचाना ; *n.* pastime. खेल, तमाशा।

Disposable–डिस्-पोज़्'-ऑ - बल् – *adj.* at disposal. सौंपाने या देने योग्य ; **Disposal** (-ऑल) *n.* regulation, arrangement. रचना, परिपाटी ; Div-

ine disposal (God's will.) ईश्वरेच्छा ; **At one's disposal** (as one pleases.) आपकी इच्छा पर निर्भर ।

Dispose – डिस्-पोज़' – *v. t. & i.* to place suitably, to arrange, to settle, to finish, to sell. क्रम से रखना, सरियाना, स्थिर करना, समाप्त करना, बेंचना ; **To dispose of** (to sell.) बिक्री करना ; **Disposed** (-ड्) *adj.* inclined. प्रवृत्त ; **Well disposed** (of good nature.) अच्छे स्वभाव का ; **Disposer** (-अर्) *n.* a regulator, he who disposes. प्रबन्ध करनेवाला ।

Disposition–डिस्-पोज़्'-इश्'-ऑन् – *n.* arrangement, preparation, temper. प्रबंध, तैय्यारी, स्वभाव, प्रकृति ।

Dispossess–डिस्-पाज़्-ज़ेस' – *v. t.* to oust, to put out of possession. अधिकार छीन लेना, स्वत्व हरण करना ; **Dispossession**(-ज़ेश्'-ऑन्)*n.* state of being dispossessed. अधिकार निकल जाना (स्वत्वहरण) ।

Dispraise-डिस्-प्रेज़्'-*v.t.* to blame or censure. निन्दा करना ; *n.* reproach. निन्दा ; **Dispraiser** (-अर्) *n.* one who blames. निन्दक ।

Disproof–डिस् - प्रूफ़्'–*n.* refutation. खन्डन (अप्रमाण) ।

Disproportion–डिस्-प्रो-पोर्'-शॉन्– *n.* want of proportion. विषमता (अयोग्यता); **Disproportionately** (-एट्-ली) *adv.* in a disproportionate manner. अयुक्ति से ; **Disproportionateness** (-एट्-नेस्) *n.* state of being disproportionate. विषमता; **Disproportionate** (-एट्) *adj.* unsystematical, unsuitable. बेडौल, असङ्गत ।

Disprove–डिस्-प्रूव्'– *v. t.* to refute, to prove to be false. खण्डन करना, झूठा ठहराना ।

Disputable – डिस्-प्यूट्'-ऑ-ब्ल् – *adj.* controvertible. झगड़ने या विवाद करने योग्य ; **Disputableness** (-ऑ-ब्ल्-नेस्) *n.* state of being disputable. झगड़ालूपन ; **Disputably** (-ऑब्-ली) *adv.* in a disputable manner. विवाद करते हुए ।

Disputant–डिस्-प्यूट्' - ऑन्ट् – *n.* one who disputes. विवाद करने वाला ।

Disputation–डिस्-प्यूट् - ए '- शॉन् – *n.* controversy. विवाद ।

Disputatious–डिस्-प्यु-टे'-शस् – *adj.* inclined to dispute. कलह या विवादप्रिय ; **Disputatiously** (-टे'-शस्-ली) *adv.* in a disputatious manner. झगड़ालूपन से ।

Dispute – डिस् - प्यूट्' – *v. t. & i.* to contend for, to argue, to discuss. कलह करना, वादानुवाद करना, शास्त्रार्थ करना, झगड़ना; **Disputer** (-अर्) *n.* one who disputes. झगड़ालू ।

Disqualification – डिस् - क्वॉल्'-इफ्-इक्-ए'-शॉन्–*n.* state of being unfit. अयोग्यता ।

Disqualify–डिस्-क्वॉल्'-इफ्-आइ – *v. t.* (*p. t.* **Disqualified**.) to disable or to make unfit. अयोग्य करना ।

Disquiet–डिस्-क्वाइ'-एट्–*v. t.* to deprive of peace, to worry. शान्ति भङ्ग करना, व्याकुल करना ; **Disquietness** (-नेस्) *n.* uneasiness. anxiety. व्याकुलता, चिन्ता; **Disquietude** (-यूड्) *n.* anxiety. चिन्ता ।

Disrank – डिस्-रॅङ्क्'–*v. t.* to de-

grade, to throw into confusion. नीचे पद पर पहुंचना, घबड़ाहट में डालना ।

Disregard–डिस्-रें-गार्ड्‌'–*v. t.* to pay no attention to. उपेक्षा करना (तिरस्कार करना) ; *n.* indifference, neglect. उपेक्षा, निरादर; **Disregardful** (-फुल्) *adj.* neglectful. निरपेक्ष; **Disregardfully** (-फुल्-ली) *adv.* heedlessly. तिरस्कार से ।

Disrelish–डिस्-रेंल्'-इश्–*v. t.* to dislike the taste of. अरुचि करना; *n.* distaste. अरुचि ।

Disreputable–डिस्-रेंप्'-यूट्-ऑ - ब्ल्–*adj.* dishonourable, mean. अकीर्तिकर, निन्द्य; **Disreputableness** (-ऑब्ल्-नेंस) *n.* the state of being disgraceful. अपमानता ।

Disreputation–डिस्-रेंप्-युट्-एं' - शॉन्–*n.* disrepute. अपयश ।

Disrepute–डिस्-रें-प्यूट्' – *n.* ill fame, discredit. अपकीर्ति, अपयश; *v. t.* to dishonour. अपमानित करना ।

Disrespect–डिस्-रें-स्पैंक्ट्' – *n.* rudeness, want of respect. अशिष्टता, अनादर (तिरस्कार); **Disrespectable** (-ऑं-ब्ल) *adj.* not respectable. अनादरणीय; **Disrespectful** (-फुल्) *adj.* rude, uncivil. अशिष्ट, असभ्य; **Disrespectfully** (-फुल्-लि) *adv.* in a disrespectful manner. अशिष्टता से; **Disrespectfulness** (-फुल्-नेंस) *n.* want of respect. अनादर ।

Disrobe–डिस्-रोब्'-*v. t.* to deprive of garment. वस्त्र उतारना, नङ्गा करना ।

Disroot–डिस्-रूट्'–*v. t.* to uproot. जड़ से उखाड़ना ।

Disrupt–डिस्-रप्ट्'–*v. t.* to shatter. छितिर बितिर करना; **Disruption** (-रप्'-शॉन्) *n.* breach, rent. दरार, फटन ।

Dissatisfaction–डिस्-सैंट्-इस् - फ़ैक्'-शॉन्–*n.* discontent. असन्तोष, अतृप्ति, अप्रसन्नता ।

Dissatisfied – डिस्-सैंट्'-इस् - फ़ायड्–*adj.* discontented. अतृप्त (असन्तुष्ट) ।

Dissatisfy – डिस्-सैंट्'-इस्-फ़ाइ – *v. t.* (*p. t.* **Dissatisfied.**) to fail to satisfy, to displease. असन्तुष्ट करना, अप्रसन्न करना ।

Dissect–डिस्-सैंक्ट्'– *v. t.* to cut into pieces, to anatomize, to examine in detail. अङ्गों को पृथक् करना, चीरफाड़ करना, सूक्ष्म परीक्षा करना; **Dissecting** (-इङ्ग्) *adj.* used in dissection. चीरफाड़ करने की; **Dissection** (-सैंक्'-शॉन्) *n.* anatomy, critical analysis. अङ्ग विच्छेद, सूक्ष्म परीक्षा; **Dissective** (-इव्) *adj.* pertaining to dissection. चीरफाड़ करने की; **Dissector** (-ऑर्) *n.* an anatomist. चीरफाड़ करनेवाला ।

Disseise (Disseize)–डिस्-सीज़्' – *v. t.* to dispossess wrongfully. किसी के स्वत्व पर अधिकार करना ।

Dissemble–डिस्-सैंम्'-ब्ल् – *v. t. & i.* to disguise, to conceal, to be hypocritical. कपटवेष धारण करना, छिपाना, छल करना; **Dissembler** (-ब्लर्) *n.* hypocrite. कपटी (छली); **Dissembling** (-इङ्ग्) *adj.* deceiving. छली ।

Disseminate – डिस्-सैंम्'-इन्-एट्–*v. t.* to scatter abroad, to sow in different places. छितराना, भिन्न-भिन्न दिशा में बोना; **Dissemination**

(-ऍ-शॉन्) *n.* diffusion. विस्तार, फैलावट ; **Disseminator** (-ऑर्) *n.* one who scatters. फैलाने वाला ।

Dissension – डिस्-सैंन्'-शॉन्'– *n.* discord, contention. विरोध, कलह ; *n.* difference of opinion. मतभेद ।

Dissent – डिस् - सैंन्ट्' – *v. i.* to disagree, to think or express in a different manner. मतिभेद करना (विरोध करना), अन्यथा विचारना ; **Dissenter** (-अर्) *n.* one who dissents. भिन्नमतावलम्बी; **Dissentient** (-इ-शॅन्ट्) *adj.* disagreeing. भिन्नमत का ; **Dissentingly** (-सैंन्-टिङ्ग्'-ली) *adv.* in a dissenting manner. मतभेद से ।

Dissert – डि - सर्ट्' – *v. i.* to discourse. वार्तालाप करना;**Dissertation** (-ए'-शान्) *n.* a formal discourse. विवरण ।

Disserve – डिस्-सर्व्'–*v. t.* to injure, to do an ill turn to. अपकार करना, हानि पहुंचाना; **Disservice** (-सर्'-विस्) *n.* injury, harm. अपकार, हानि ।

Dissight – डिस्' - साइट् – *n.* an eyesore. आँखों का काँटा ।

Dissimilar–डिस्-सिम्'-इल्-औंर् – *adj.* unlike. भिन्न (असदृश); **Dissimilarity** (-औंर्'-ऱॆं-टी) *n.* unlikeness. भेद (अन्तर); **Dissimilarly**(-ली) *adv.* in an unlike manner. विषमता से ।

Dissimulate–डिस्-सिम्'-यु-लेट् – *v. t.* & *i.* to pretend, to be hypocritical. छल कपट करना, कपटवेश धारण करना ; **Dissimulation** (-लें'-शॉन्) *n.* a hiding under a false appearance. छल, माया ।

Dissipate–डिस्'-सिप्-एट्–*v. t.* & *i.* to dispel, to squander, to engage in frivolous pleasures. हटाना, व्यय करना, बुरे आचरण में लगना ; **Dissipated** (-एँड्) *adj.* loose, vicious. दुराचारी, नष्टचरित्र; **Dissipation** (-ए'-शॉन्) *n.* state of being dispersed. अपव्यय (भ्रष्टशीलता) ; **Dissipative** (-इव्) *adj.* tending to dissipate. दुराचारी (व्यसनी) ।

Dissociate – डिस्-सो'-शि-एट्– *v. t.* to disconnect, to separate. पृथक् करना, अलगाना ; **Dissociation** (-ए'-शॉन्) *n.* act of disuniting. पृथक्करण; **Dissociative** (-इव्) *adj.* that which separates. अलग करनेवाला ।

Dissolubility–डिस्'-साल्-यूब्-इल्'-इट्-ई–*n.* the quality of being dissoluble. विलयनशीलता ।

Dissoluble – डिस्'-सॉल्-यू-ब्ल् – *adj.* that can be disintegrated. अलग रहने या न मिलने योग्य ; **Dissolving** (-इङ्ग्) *adj.* melting. गलता हुआ ।

Dissolute – डिस्'-सॉ-ल्यूट्–*adj.* loose in morals, licentious. दुराचारी, व्यसनी, कामुक ; **Dissolutely** (-ली) *adv.* in a dissolute manner. कामुक की तरह से ; **Dissoluteness** (-नैस्) *n.* dissipation. विषयासक्ति ; **Dissolution** (-ल्यू'-शॉन्) *n.* dismissal of assembly, death. सभाविसर्जन, मृत्यु ।

Dissolvable–डिज़् - ज़ॉल्व्' - औं - ब्ल् – *adj.* that may be dissolved. गलाने योग्य ।

Dissolve–डिज़्-ज़ॉल्व्'–*v. t.* to decompose, to relax, to vanish, to disperse. गलाना, कम करना, लुप्त करना, सभा विसर्जन करना ; **Dissolvent** (-एन्ट्)

adj. able to melt. पिघलाने या गलाने योग्य।

Dissonance-डिस्'-सॉन्-ऑन्स्-*n.* want of harmony. बेसुरापन।

Dissonant – डिस्'-सॉन् - ऑन्ट् – *adj.* discordant, incongruous. विभिन्न, बेसुरा।

Dissuade–डिस्-स्वेड्'–*v. t.* to advise against doing, to divert. निवारण करना, रोकना:**Dissuasion** (-स्वे'-ज़ॉन्) *n.* act of dissuading. निषेध, निवारण; **Dissuasive** (-स्वेज़्'-इव्) *adj.* tending to dissuade. निषेध करने वाला।

Dissyllabic–डिस-सिल्'-लॅब्'-इक्– *adj.* of two syllables. दो अक्षरों का।

Dissyllable – डि-सिल्'-लॅ-बल् – *n.* a word of two syllables. दो अक्षरों का शब्द।

Distaff–डिस्'-टाफ् – *n.* a cleft stick which holds the bunch of flax in spinning. पेवनी थामने की फटी हुई लकड़ी।

Distain–डिस्-टेन्'–*v. t.* to stain. मैला करना, धब्बा डालना।

Distal - डिस्ट्' - ऑल् – *adj.* farthest from axis. धुरे से दूर।

Distance–डिस्'-टॅन्स् – *n.* extent of space between two objects, remoteness, space of time. अन्तर, दूरी, समय का अन्तर; *v. t.* to leave far behind, to place far off. दूर करना, हटाना।

Distant – डिस्' - टॅन्ट्–*adj.* remote, far off. दूरस्थ, अलग; **Distantly** (-ली) *adv.* at a distance. दूर पर।

Distaste - डिस्-टेस्ट्'–*n.* dislike, disrelish. अरुचि, बेस्वाद; **Distasteful** (-फुल्) *adj.* unpleasant, disgusting. अरुचिकर, बेस्वाद; **Distastefulness** (-फुल्-नेस्) *n.* disagreeableness. अरुचि, अप्रियता।

Distemper-डिस्-टॅम्प्'-अर्-*n.*derangement of mind or body, ailment. व्यथा (क्लेश), रोग; *v. t.* to derange in health. स्वास्थ्य बिगाड़ना; **Distemperate** (-एट्) *adj.* immoderate. अमिताचारी; **Distempered** (-ड्) *adj.* diseased in body. व्याधिग्रस्त।

Distend – डिस्-टॅन्ड्' – *v. t.* to swell out, to extend. फुलाना, फैलाना।

Distensible – डिस-टॅन्स्'-इ-बल् – *adj.* capable of being distended. फुलाने योग्य; **Distension** (-टॅन्'-शॉन्) *n.* act of distending. (प्रस्तार) फैलावट; **Distensive** (-इव्) *adj.* distensible. फैलनेवाला।

Distich–डिस्'-टिक् – *n.* a couplet, a pair of verses. श्लोक, दोहा।

Distil - डिस-टिल्' – *v. t.* (*p. t.* **Distilled**) to trickle down in drops, to condense by cold. टपकाना, अर्क खींचना; **Distillable** (-लॅ-ब्ल्) *adj.* that may be distilled. टपकाने योग्य; **Distillate** (-लेट्) *n.* product obtained by distillation. खींचा हुआ अर्क (या शराब); **Distillation** (-ए'-शॉन्) *n.* act of distilling. शराब उतारने या अर्क खींचने की क्रिया; **Distillatory** (-लॅ-टॉ-री) *adj.* used for distilling. अर्क खींचने योग्य; **Distiller** (-लर्) *n.* he who distils. शराब खींचनेवाला; **Distillery** (-लर्-ई) *n.* place where distilling is carried on. मद्यशाला, शराब बनाने का स्थान।

Distinct–डिस् - टिङ्क्ट – *adj.* unlike,

separate, clearly perceptible, unmistakable. अभिन्न, पृथक्, स्पष्ट रूप से दृश्य, सत्य; **Distinction** (-टिङ्क्'-शॉन्) *n.* difference, excellence. भेद (श्रेष्ठता), महत्व; **Distinctive** (-इव्) *adj.* having power to distinguish. अलगानेवाली, विशेष; **Distinctively** (-इव्-ली) *adv.* with distinction. पृथक् रूप में; **Distinctiveness** (-इव्-नॅस्) *n.* state of being distinctive. पृथक्त्व; **Distinctly** (-ली) *adv.* clearly. स्पष्टरूप से; **Distinctness** (-नॅस्) *n.* the state of being distinct, clearness. भिन्नता, स्पष्टता।

Distinguish–डिस-टिङ्ग्'-ग्विश्–*v. t.* & *i.* to draw distinction, to recognize, to make oneself prominent. भेद करना (पृथक् करना), पहिचानना; अपने को प्रसिद्ध करना; **Distinguishable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* capable of being distinguished. अलगाने योग्य; **Distinguishableness** (-नॅस्) *n.* विशिष्ट भाव; **Distinguishably** (-ऑब्'-ली) विशिष्ट भाव से; **Distinguished** (-ड्) *adj.* remarkable, eminent. विशिष्ट, प्रसिद्ध; **Distinguishingly** (-ली) *adv.* with mark of preference. विशिष्टता से।

Distitle–डिस-टाइ'-ट्ल्– *v. t.* to deprive of right. अधिकार ले लेना।

Distort–डिस-टॉर्ट्–*v. t.* to defrom, to misrepresent. रूप बिगाड़ना, अशुद्ध दरसाना; **Distorted** (-ऍड्) *adj.* deformed. टेढ़ा किया हुआ; **Distortedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a distorted manner. ऐंठते हुए; **Distortion** (-टॉर्'-शॉन्) *n.* act of distorting वक्रता (कुरूपता); **Distortionist** (-शॉन्'-इस्ट) *n.* an acrobat. नट।

Distract–डिस्-ट्रैक्ट्'– *v. t.* to draw in different directions, to perplex, to drive mad. विचलित करना, व्याकुल करना, पागल करना; **Distracted** (-ऍड्) *adj.* harassed, driven mad. विक्षिप्त, व्यग्र (उन्मत्त); **Distractedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a distracted manner. संभ्रम से; **Distractedness** (-ऍड्'-नॅस्) *n.* व्याकुलता; **Distractible** (इ-ब्ल्) *adj.* अलगाने योग्य; **Distraction** (-ट्रैक्'-शॉन्) *n.* interruption, confusion, amusement. विघ्न, व्याकुलता, विनोद; **Distractive** (-इव्) *adj.* व्याकुलता उत्पन्न करने वाला।

Distrain–डिस-ट्रेन्' – *v. t.* to seize the chattels of a debtor in payment of dues. ऋण के कारण सामग्री रोकना, कुर्क करना; **Distrainable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* कुर्की करने योग्य; **Distrainer** (-अर्); **Distrainor** (-ऑर्) *n.* one who distrains. कुर्क करनेवाला; **Distrainment** (-मॅन्ट्) *n.* seizure of goods. कुर्की; **Distraint** (-ट्) *n.* levy of distress. कुर्की।

Distraught–डिस्'-ट्रॉट्' – *adj.* perplexed. व्याकुल, घबड़ाया हुआ।

Distress–डिस-ट्रैस्'–*n.* severe pain, anguish, distraint. अतिक्लेश, पीड़ा (दुर्गति), कुर्की; *v. t.* to vex, to make unhappy. पीड़ित करना, दुःख देना; **Distressed** (-ड्) *adj.* troubled, harassed. दुखित, पीड़ित; **Distressful** (-फुल्); **Distressing** (-इङ्ग्)

adjs. indicating anguish. पीड़ाकर; Distressingly (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a painful way. दुःख से; **Distress warrant** (order for distraint.) कुर्की का हुक्म।

Distributable–डिस-ट्रिब्'-यूट्-अॅ-ब्ल्-*adj.* that may be assigned in portions. बाँटने योग्य।

Distribute–डिस-ट्रिब्'-यूट्–*v. t.* to divide share to each of a number, to scatter, to arrange. विभाग करना (बाँटना), अलग अलग करना, क्रममें करना; **Distributed** (-ऍड्) *adj.* भाग किया हुआ, बाँटा हुआ; **Distributer** (-or)(-अॅर्) *n.* one who distributes. बाँटनेवाला; **Distribution** (-यू'-शॉन्) *n.* apportionment. विभाग, बाँट; **Distributive** (-इव्) *adj.* tending to distribute. विभाजक; **Distributively** (-इव्-ली) *adv.* singly. विभाजक रीति से (पृथक् पृथक्)।

District–डिस्'-ट्रिक्ट–*n.* portion of a territory marked off for special administrative purposes. देशविभाग, (प्रदेश) जिला।

Distrust–डिस-ट्रस्ट'–*n.* doubt, suspicion. अविश्वास, सन्देह; *v. t.* to have no confidence in. विश्वास न करना, शङ्का करना; **Distrustful** (-फुल्) *adj.* doubting, suspicious. सन्दिग्ध; शङ्काशील; **Distrustfully** (-फुल्-ली) *adv.* in a suspicious manner. अविश्वास पूर्वक; **Distrustfulness** (-फुल्-नॅस्) *n.* want of confidence. अविश्वास; **Distrustless** (-लॅस्) *adj.* शंका रहित; **Distrustlessly** (-ली) *adv.* बिना शंका के।

Distune–डिस-ट्यून्'–*v. t.* to put out of tune. बेसुरा करना।

Disturb–डिस-टर्ब्'–*v. t.* to agitate, to trouble. व्याकुल करना, क्षुब्ध करना (छेड़ना); **Disturbance** (-अॅन्स्) *n.* interruption of peace, tumult. विघ्न (बाधा), उपद्रव; **Disturbed** (-ड्) *adj.* excited. व्याकुल; **Disturber** (-अर्) *n.* one who disturbs. व्याकुल करनेवाला; **Disturbant** (-अॅन्ट्) *adj.* विघ्न कारक।

Disunion–गिस-यून्'-यॉन्–*n.* want of union, separation, वियोग, फूट; **Disunite** (-यू-नाइट्') *v.t.* to sever, to separate. पृथक् करना, अलगाना; **Disunity** (-इट्-ई) *n.* want of concord. झगड़ा (फूट)।

Disusage–डिस-यूज़्'-एज्–*n.* neglect of custom. आचार का लोप।

Disuse–डिस्'-यूस्–*n.* cessation of custom. अव्यवहार, अप्रचार; *v.t.* (डिस्-यूज़्') to cease to use. व्यवहार से हटाना; **Disused** (-ड्) व्यवहार में न लाया हुआ।

Disvalue–डिस-वॅल्'-यू-*v. t.* to undervalue. कम दाम आँकना।

Disyllable–डिस-इल्' - अॅ - ब्ल् – see **Dissyllable**.

Disyoked–डिस-योक्ड्'–*adv.* unyoked. जुवा हटाया हुआ।

Ditch–डिच्–*n.* a trench, a water-course. खाई, नाला; **Ditcher** (-अर्) *n.* one who digs ditches. खाई खोदने वाला।

Dither – डिथ्'-अर् – *v. i.* to shiver with cold. ठंड से काँपना।

Ditto–डिट्'-टो–*adj.* & *n.* (*pl.* Dittos)

the same, the aforesaid. वैसाही (पूर्वोक्त), पूर्वलिखित।

Dittology – डिट्‌-टॉल्‌'-ऑ - जी – *n.* a double reading. दुबारा लेख।

Ditty–डिट्‌' - टी – *n.* (*pl.* **Ditties**) a short simple song. छोटी गीत, खण्डगान ; **Ditty bag or box** (a small box in which a sailor keeps his valuables.) मल्लाह की सामान रखने की थैली।

Diuretic – डाइ-यू-रेँट्‌'-इक् – *adj.* promoting discharge of urine. मूत्रवर्धक।

Diurnal–डाइ-अर्न्‌'-ऑल्‌–*adj.* of each day, daily. दैनिक, प्रतिदिन का।

Divagate–डाइ'-वी-गेट्‌–*v. i.* to stray. इधर उधर भटकना।

Dive – डाइव्‌– *v. t.* to plunge into water, to sink. डुबकी लगाना, गोता मारना ; *n.* a plunge into water. डुबकी, गोता ; **Diver** (-अर्‌) *n.* one who dives. गोताखोर, डुबकी लगानेवाला

Diving dress–डाइव्‌'-इङ्ग्‌-ड्रेँस्‌ – *n.* dress worn by divers. गोताखोर का पोशाक।



Diving-dress.

Divellicate-डाइ-वेँल्‌'-इ-केट्‌–*v. t.* to pull in pieces. टुकड़े टुकड़े करना।

Diverge–डि-वर्ज्‌'– *v. i.* to proceed in different directions from one point, to differ, to deviate. एक केन्द्र से विस्तृत होना, भिन्न होना, छितरबितर होना ; **Divergence** (-ऍन्स्‌) *n.* a receding from main point. विस्तार, विचलन ; **Divergent** (-ऍन्ट्‌) *adj.* different. विभिन्न ; **Divergently** (-ऍन्ट्‌-ली) *adv.* in a diverging manner. विभिन्नता से।

Diverse – डाइ'-वर्स्‌ – *adj.* different, various. भिन्न प्रकार का, अनेक (विविध) ; **Diversely** (-ली) *adv.* variously. भिन्न प्रकार से ; **Diversiform** (-फ़ॉर्म्‌) *adj.* of various forms. भिन्न प्रकार का।

Diversification–see **Diversify**.

Diversify–डि-वर्स्‌'-इ-फ़ाइ–*v. t.* (*p. t.* **Diversified**) to variegate, to modify. रङ्ग बिरङ्गा बनाना, चित्रित करना; **Diversification** (-इफ़्-इक्‌-ए'-शॉन्‌) *n.* modification, change. विचित्रता, परिवर्तन।

Diversion–डि-वर्‌'-शॉन्‌–*n.* a turning aside from any course, recreation, pastime. परिवर्तन, विनोद, क्रीड़ा, खेल ; **Diversity** (-वर्स्‌'-इट्‌-ई) *n.* unlikeness, variety. भिन्नता, विषमता।

Divert–डि-वर्ट्‌'–*v. t.* to turn aside, to distract, to amuse. हटाना, विनोद करना, क्रीड़ा करना; **Diverter** (-अर्‌) *n.* विनोदी ; **Diverting** (-इङ्ग्‌) *n.* amusing. रञ्जक (मनबहलाऊ); **Divertingly** (-इङ्ग्‌-ली) *adv.* in a diverting manner. विनोद से ; **Divertive** (-इव्‌) *adj.* amusing. चित्त प्रसन्न करनेवाला।

Dives–डाइ'-वीज़्‌–*n.* a rich and luxurious person. रईस, धनी मनुष्य।

Divest–डि-वेँस्ट्‌'–*v. t.* to unclothe, to deprive of. वस्त्रहीन करना, छीनना ; **Divestible** (-इ-ब्‌ल्‌) *adj.* that can be divested. उघारने योग्य ; **Divestment** (-मेँन्ट्‌) *n.* act of divesting. अपहरण (उघाड़)।

Divide–डि-वाइड्‌'–*v.t.&i.* to separate

or split into parts, to cut off, to distribute, to see how many times one number contains another, to share. विभेद या खण्ड करना, बाँटना, भाग देना, हिस्सा लगाना ; **Divided** (-ऍड्) *adj*. भाग किया हुआ; **Dividedly** (-ली) *adv*. खंड करते हुए।

Dividend–डिव्'-इड-ऍन्ड्– *n*. a share, number to be divided by a divisor. भाग (अंश) भाज्य ; **Dividers** (-अर्स्) *n. pl.* measuring compasses. नापने का परकाल ; **Dividing** (-इङ्ग्) *n*. separation. भाग।

Divination–डिव्'-इन्.ए-शॉन्–*n*. foretelling of future events. भविष्य कथन

Divinator – डिव्'-इन्-ए'-टार्– *n*. one who pretends to divination. भविष्य। वक्ता; **Divinatory** (-ई) *adj*. professing divination. दैवत्व सम्बन्धी।

Divine–डि-वाइन्'– *adj*. belonging to or proceeding from God, sacred, excellent, beautiful, दैवी (दिव्य), पवित्र, अपूर्व, सुन्दर ; *v. t.* to predict, to conjecture. शकुन कहना, अनुमान करना ; *n*. a theologian. धर्मोपदेशक ; **Diviner** (-अर्) one who guesses. अनुमान करने वाला ; **Divine right of kings** (*i. e.* independent of their subject's will.) राजा का स्वतन्त्र अधिकार; **Divine service** (God's worship according to established forms.) प्रचलित रीति के अनुसार ईश्वर पूजन ; **Divinely** (-ली) *adj*. in a divine manner. दिव्य रूप से।

Diving-डाइव्'-इङ्ग–*n*. see Dive.

Diving Bell–डाइव्'-इङ्ग-बॅल्– *n*. बक्स जिसमें बैठकर पनडुब्बा पानी के भीतर काम करता है।

Divinity-डि-विन्'-इट्-ई–*n*. the deity, a celestial being. दैवत्व (दिव्यता), देवता; **Divinization** (डिव्'-इन्-आइज़्-ए'-शॉन्) *n*. act of deifying. दैवत्व बनाने की क्रिया; **Divinize** (-आइज़्) *v. t.* to deify. देवता बनाना।

Divisibility– डि-विज़्-इ-बिल'-इट्-ई– *n*. the quality of being divisible. भाजकत्व; **Divisible** (-विज़्'-इ-ब्ल्) *adj*. capable of division. भाग करने योग्य।

Division–डि-विज़्'-ऑन्–*n*. the act of dividing, distribution, separation, a class or section. खण्ड, पृथक्करण, एक देश भाजन, विभेद, विभाग; **Division of labour** (specialization in industry.) व्यापार में समय का लाघव करने की विधि ; **Divisional** (-ऑल्) *adj*. belonging to a division. विभाजन सम्बन्धी ; **Divisor** (-वाइज़्'-ऑर्) *n*. the number by which another is divided. भाजक (भाग देनेवाली संख्या)।

Divorce–डि-वोर्स्'-*n*. a legal dissolution of marriage contract. स्त्री पुरुष का परित्याग, तिलाक ; *v. t.* to dissolve union of marriage. विवाह का बन्धन तोड़ना ; **Divorceable** (-ऑ-ब्ल्) *adj*. that can be divorced. तिलाक करने लायक ; **Divorcee** (-सी) *n*. a divorced person. त्याग किया हुआ नर या स्त्री; **Divorcement** (-मॅन्ट) *n*. a dissolution of marriage tie. त्याग (विवाह लोप) ; **Divorcer** (-अर्) *n*. one who divorces. तिलाक देने वाला।

Divulgate – डि-वल्ग्'-एट – *adj*. see Divulge.

Divulge–डि-वल्ज्'–*v. t.* to proclaim,

to reveal. प्रकाशित करना, घोषणा करना, भेद खोलना ; **Divulgate** (-वल्ग्'-एट) *adj.* published. प्रकाशित ।

Divulger–डि-वल्ज्'-अर्– *n.* one who divulges. प्रकाशक;**Divulging**(-इङ्ग्) *n.* act of revealing. प्रकाशन ।

Divulsion–डि-वल्'-शॉन्–*n.* a rending asunder. विवरण उत्पाटन ; **Divulsive** (-वल्स्'-इव्) *adj.* विदारक ।

Dizzard – डिज़्'-ज़ॉर्ड् – *n.* a blockhead. मूर्ख मनुष्य ।

Dizen– डाइज़्'-ऍन् – *v. t.* to dress gaudily. सुसज्जित करना, सजाना ।

Dizzily–डिज़्'-ज़ि-ली–*adv.* in a dizzy manner. भ्रम पूर्वक ; **Dizziness** (-इ-नेस्) *n.* giddiness. भ्रम, चक्कर ।

Dizzy – डिज़्'-ज़ी– *adj.* giddy, unsteady, confused. भ्रम कारक, चपल, प्रमत्त ।

Do–डो– *n.* the first note in music. गायन में पहिला स्वर ।

Do–डू– *v. t. i.* & *aux.* (*p. t.* Did, *p. p.* Done.) to impart, to perform, to give, to finish. सम्पादन करना, देना (बनाना), साधना,समाप्त करना; **This will not do** (it is not efficent.) इससे काम न चलेगा ; **How do you do** ? (how do you get on ?) आप अच्छे तो हैं ? **To do away** (to destroy, to remove.) विनाश करना, हटाना ; **To do by** (to behave.) व्यवहार करना ; **To do for** (to ruin.) नाश करना.**To do justice to** (to perform.) सम्पादन करना ; **To do one's best** (to exert fully.) यथाशक्ति करना; **To do over** (to perform again.) दुबारा करना ; **To do with** (to have business with.) व्यापार करना ; **To do unto others** दूसरे के प्रति व्यवहार करना ; **To do up** (to mend.) मरम्मत करना; **Have to do with** (to be concerned with.) सम्बन्ध रखना; **Well to do** (rich.) धनी, अमीर ।

Doab–डाब्– *n.* a patch of country between two rivers. दो नदियों के बीच का प्रदेश ।

Dobbin–डॉब्'-बिन् – *n.* a farm horse किसान का घोड़ा ।

Docile – डो'-साइल् – *adj.* teachable, submissive. सीखने योग्य, वश्य (आधीन); **Docility** (- सिल्' - इट - ई) *n.* the quality of being docile. वश्यता ।

Dock – डॉक् – *n.* the fleshy part of an animal's tail, basin in which ships are loaded and unloaded, enclosure for prisoners in court. छिन्नपुच्छ, जहाज़ से माल चढ़ाने और उतारने का स्थान, अदालत में क़ैदी के खड़े होने का स्थान; *v. t.* to cut hair short. बाल छोटा करना ; **Docked** (-ड) *adj.* with hairs cut short. बाल कटा हुआ ; **Wet dock.** पानी भरा हुआ डॉक ।

Docker – डॉक् - अर् – *n.* one who works in a dock. डॉक में काम करने वाला मज़दूर ।

Docket–डॉकि'-ऍट – *n.* a register of judgments, a document. फ़ैसलों की सूची, अफ़सरी चिट्ठी ; *v. t.* to summarize the heads of a writing. किसी लेख के विषयों का सारांश लिखना

Dockmaster – डॉक्-मास्ट'-अर्–*n.* superintendent of a dock. डॉक का निरीक्षक ।

Dockyard–डॉक्'-याड्र्-*n.* establishment in which ships are repaired. जहाज बनाने, मरम्मत करने या सामान रखने का स्थान ।

Doctor–डाक्'-टॉर्–*n.* (*fem.* **Doctoress**) a teacher or learned man, the highest university degree, a physician. पण्डित (शास्त्रज्ञ), विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ उपाधि, (वैद्य) डाक्टर; *v. t.* to confer the degree of a doctor, to practise as a physician. डाक्टर की पदवी प्रदान करना, वैद्य का व्यवसाय करना; **Doctorate** (-एट्), **Doctorship** (-शिप्) *ns.* the degree of a doctor. डाक्टर का पद; **Doctoring** (-इङ्ग्) *n.* adulteration of articles of consumption. खाने पीने के पदार्थों में मिलावट करना ।

Doctrinaire – डॉक्'-ट्रिन्-ऍअर्–*n.* an unpractical theorizer. व्यवहार में न आनेवाली कल्पना करने वाला ।

Doctrinal – डॉक्'-ट्रिन्-ऑल्–*adj.* pertaining to doctrine. मत सम्बन्धी ।

Doctrine–डॉक्'-ट्रिन्–*n.* body of instruction, belief, tenet. शिक्षा, मत, पक्ष; **Doctrinist** (-इस्ट) *n.* one who follows a doctrine. सिद्धान्तवादी; **Doctrinize** (-आइज़्) *v. i.* to lay down a principle. सिद्धान्त प्रदर्शन करना ।

Document – डॉक्'-यु-मेंन्ट – *n.* deed, writing or inscription. लेख, पत्र-प्रमाण; **Documental** (-ऑल्) **Documentary** (-मेन्ट - ऑर् - ई) *adjs.* relating to a document. लेख्यप्रमाण, प्रमाणविषयक; **Documentation** (-ए-शन्) *n.* documenting. प्रमाण, पत्र लेखन ।

Dodd-डॉड्-*v.t.* to cut off wool from sheep's tail. भेड़ी की दुम के बाल काटना।

Dodder–डॉड्'-डर्–*v. i.* to tremble, to shake. कँपाना, हिलना; **Doddered** (-ड्) *adj.* having lost the top. बिना शिखर का ; **Doddering** (-इङ्ग्) *adj.* shaking. हिलता हुआ ।

Dodge–डॉज्–*v.i.* & *t.* to start aside and evade, to shuffle, to trick. चौंक पड़ना, फेंटना, धोखा देना ; *n.* a trick, an artifice. छल, कपट; **Dodger** (-अर्) *n.* a trickster. छली मनुष्य; **Dodgery** (-अर्-ई) *n.* trickery. धोखेबाजी ; **Dodgy** (-ई) *adj.* ingenious. कपटी ।

Doe–डो–*n.* (*mas.* **Buck.**) a female deer. मृगी, हरिनी ।

Doer-डू'-अर्-*n.* one who performs. (कार्य) सम्पादन करनेवाला ।

Does–डज़ – *3rd pers. sing.* of Do.

Doest-डू-ऍस्ट-*2nd pers. sing.*of Do.

Doff – डॉफ् – *v. t.* to take off, to abandon. उतारना, त्यागना; **Doffer** (-अर्) *n.* cylinder in a carding machine. धुनने के यन्त्र का पीपा ।

Dog–डॉग्–*n.* (*fem.* **Bitch**) a domestic quadruped. कुक्कुर, कुत्ता ; **A dead dog** (a thing of no value.) तुच्छ पदार्थ ; **Dog cheap** (very cheap.) अति सस्ता ; **Dog-days** (hottest days of the year.) वर्ष के अत्युष्ण दिन ; **Dogged** (-ऍड्) *adj.* obstinate. रूक्ष, हठी ; **Doggedly** (-ली) *adv.* हठ से ; **Doggishness** (-इश्-नॅस्) *n.* हठ ; **Doggerel** (-गॅर्'-ऍल्) *adj.* & *n.* mean, irre-

gular verse. क्षुद्र विषम काव्य, टूटे फूटे छन्द; **Dog hearted** *adj.* क्रूर, निर्दयी; **Doggish** (-इश्) *adj.* like a dog. (नीच) श्वानवृत्ति का ; **Doghead** (the hammer of a gun.) बन्दूक का कुत्ता ; **Dog in manger** (one who unnecessarily troubles others.) दूसरों को वृथा कष्ट देनेवाला; **Dog leech** *n.* पशु चिकित्सक ; **Dog like** (-लाइक्) *adj.* like a dog. कुत्ते के समान; **Dog's death** (shameful death.) लज्जा-युक्त मृत्यु ; **Dog trick** (brutal treatment.) क्रूर व्यवहार; **To go to the dogs** (to go to ruin.) नष्ट होना ; **Dog's ear** (the corner of the pages of a book turned by long use.) पुस्तक के मुड़े हुए कोने ; **To rain cats and dogs** (to rain in torrents.) मूसलाधार वृष्टि होना ; **To throw to the dogs**(to throw away.) फेंक देना ।

Dogma–डॉग्'-मॆ-*n.* a principle, tenet. मत, सिद्धान्त ; **Dogmatic** (-मैट्'-इक्), **Dogmatical** (-ऑल्) *adjs.* dictatorial, authoritative. स्वमताभिमानी, निर्देशक (कट्टर); **Dogmatics** (-इक्स्) *n.* a doctrinal theory. सिद्धान्त विषय; **Dogmatically** (-ऑल्-लि) *adv.* positively. दृढ़ता पूर्वक ; **Dogmatism** (-डाग्'-मॆ-टिज़्म्) *n.* a positive opinion. स्वमताभिमान, दृढ़ोक्ति ; **Dogmatize** (-टाइज़्) *v. t.* to assert positively. हठ पूर्वक अपना मत स्थापित करना ।

Doily–डॉय्'-ली–*n.* a small napkin. छोटा रुमाल ।

Doings–डू'-इङ्ग्ज़ – *n. pl.* actions, behaviour. करनी, व्यवहार, चरित्र ।

Doit–डॉयट्–*n.* a small Dutch coin. हॉलैन्ड देश का एक छोटा सिक्का ।

Dole–डोल्–*n.* destiny, charitable distribution, grief. भाग्य, अंशदान, दुःख ; *v. t.* to deal out in small portions. थोड़ा थोड़ा बाँटना; **Doleful** (-फुल्) *adj.* dreary, sad. उदास, सविषाद, दुःखी ; **Dolefully** (-ली) *adj.* sadly. दुःख से ; **Dolesome** (-सम्) *adj.* dismal. उदासी, दुखी; **Dolesomely** (-ली) *adv.* दुःख से; **Dolesomeness** (-नॆस्) *n.* विषाद; **Dolefulness** (-फुल्-नॆस्) *n.* gloominess, sadness. दुःख, उद्वेग ; **Dolefully** (-फुल-ली) *adj.* in a doleful manner. दुःख से ।

Doll–डॉल् – *n.* a toy baby. गुड़िया, पुतली; **Dollish** (-इश्) *adj.* innocent. नादान ; **Dollishly** (-इश्-ली) *adv.* like a baby. नादानी से ; **Dollishness** (-इश्'-नॆस्) *n.* the quality of being foolish. मूर्खता, अज्ञान ।

Dollar–डॉल्'-लॅर् – *n.* (symbol–$) United States' coin worth 4s. 1½d. तीन रुपये दो आने के मूल्य का अमेरिका का सिक्का ; **The almighty dollar** (wealth.) धन ।

Dolly–डॉल्'-ली–*n.* a wooden shaft used in washing. धोबी की मुंगरी ।

Dolour–डो'-लॉर् – *n.* sorrow, distress, anguish. शोक, क्लेश, दुःख ; **Dolorific** (-इफ्'-इक्) **Doloriferous** (-इफ़्-ऍर्-अस्) *adjs.* that which causes grief. पीड़ाकर ।

Dolorous–डो'-लॉर्-अस्–*adj.* painful, distressing. दुखदायी, कष्टकारक ;

Dolorously (-ली) *adv.* शोक से ।

Dolphin–डॉल्'-फ़िन्–*n.* a fish of the whale kind. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Dolt–डोल्ट्–*n.* a dull fellow, blockhead. मन्द बुद्धि, मूर्ख मनुष्य; **Doltish** (-इश्) *adj.* stupid. स्थूलमति; **Doltishness** (-इश्'-नेस्) *n.* stupidity. मूर्खता ; **Doltishly** (-इश्'-ली) *adv.* in a stupid manner. मूर्खवत् ।

Domain–डो-मेन्'–*n.* estate, dominion, scope or province. राष्ट्र, प्रदेश, राज्य विस्तार ।

Dome–*n.* a rounded roof, a cupola, a stately building. गुम्बज, हवेली : **Domed** (-ड्) *adj.* furnished with a dome. गुम्बजदार ।

Domestic–डो – मेस्ट्'- इक् – *adj.* of household, native, tame. गृहस्थी संबंधी,घरेलू, पलुआ; *n.* a servant residing with a family. परिवार में रहनेवाला नौकर : **Domestic duties** (household duties.) कुलाचार ; **Domestic Economy** (household management.) गृहस्थी का मितव्यय से प्रबंध ; **Domestic quarrels** (household quarrels.) गृहकलह; **Domestically** (-अॅल्-लि) *adj.* in a domestic manner. गृहस्थीभाव से ।

Domesticate–डो-मेस्ट्'-इक्-एट् – *v. t.* to make familiar, to tame. पलुआ बनाना, परचाना ; **Domesticated** (-एट्'-एड्) *adj.* tamed. पाला हुआ ; **Domestication** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of taming. पलुआ बनाना ।

Domesticity – डो-मेस्ट्-इस्'-इट्-ई – *n.* domestic interest, domestic character. घरेलू चरित्र ।

Domical–डोम्'-इक्-अॅल्–*adj.* shaped like a dome. गुम्बज के आकार का ।

Domicile–डॉम्'-इस्-आइल्–*n.* a dwelling place, a place of permanent abode. गृह (घर), सर्वदा रहने का निवास ; *v. i.* to establish a permanent residence. घर बनाकर निवास करना ; **Domiciled** (-ड्) *adj.* having a permanent residence. स्थायी निवास का ; **Domiciliary** (-इल्'-इ-अॅर्-रि) *adj.* of a dwelling place. निवास अथवा गृह सम्बन्धी ।

Dominance–डॉम्'-इन् - अॅन्स्– *n.* ascendancy. प्रधानता, महत्व ।

Dominant–डॉम्'-इन्-अॅन्ट्–*adj.* prevailing, ruling, very influential. प्रबल, प्रधान, श्रेष्ठ; **Dominantly** (-ली) *adv.* in a predominant manner. प्रधानता से ।

Dominante-डॉम्'-इन्-एट्-*v.t.* to rule, to predominate over. राज्य करना, शासन करना; **Domination** (-ए'-शॉन्) *n.* authority, government. प्रभुत्व (अधिकार), शासन; **Dominator** (-ऑर्) *n.* ruler. शासक ।

Domineer – डॉम्-इन्-इअर्' – *v. i.* to rule with violence, to tyrannize. क्रूरता से शासन करना, अत्याचार करना; **Domineering** (-इङ्ग्) *adj.* overbearing. मदोद्धत; **Domineeringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an overbearing manner. उद्धता से ।

Dominical–डॉ-मिन्'-इक्-अॅल्–*adj.* of the Lord. प्रभु ईसमसीह का ।

Dominion–डॉ-मिन्'-यॉन्– *n.* sovereignty, government, control. अधिकार, राज्य, प्रभुत्व ।

Domino–डॉम्'-इन्-ओ –*n.* (*pl.* **Dominoes**) a hooded cape worn by priests, a game played with dice. पादड़ी का लबादा,पासे से खेलने का एक खेल।

Dominus–डॉम्'-इ-नस्-*n.* sir. महाशय।

Don–डॉन्-*n.* (*fem.* **Donna**) a Spanish title. स्पेन् देश की एक उपाधि (महाशय); *v. t.* (*p.t.* **Donned**) to put on. पहिरना।

Donate–डोन्-एट्'– *v. t.* to present a gift. उपहार देना, किसी विशिष्ट कार्य के लिये चन्दा देना; **Donator** (-ऑर्) *n.* a giver. दान देने वाला; **Donatory** (-ऑर्-ई) *n.* one who receives a present. भेंट पाने वाला।

Donation–डोन्-ए'-शॉन् – *n.* a gift, bestowal, present. दान, उपहार, भेंट।

Donative–डॉन्'-ऑट्-इव्– *adj.* vested by gift. उपहार रीति से प्राप्त।

Done–डन्–*p. p.* of **Do**.

Donee–डों-नी'–*n.* one to whom a gift is made. जिसको उपहार या दान दिया जाता है।

Donkey-डॉङ्'-की-*n.* an ass, a stupid person. गदहा, मूर्ख मनुष्य; **Donkey-engine** (a small engine for hoisting used on board a ship.) जहाज पर माल चढ़ाने उतारने का छोटा इञ्जन।

Donor–डों'-नॉर्–*n.* the giver of a gift. उपहार या दान देनेवाला।

Do-nothing–डू'-नथ्-इङ्ग्–*n.*an idler. कालक्षेपक, काहिल।

Don't–डोन्ट्–'do not' का संक्षिप्त रूप।

Doodle–डू'-डल्–*n.* a simple fellow. सीधा सादा मनुष्य।

Doom–डूम्–*n.* condemnation, sentence, unhappy fate. अदृष्ट, दण्ड, अभाग्य; *v.t.* to pronounce sentence against. दण्ड की आज्ञा देना; **Doomsday**–डूम्ज़्'-डे – *n.* the day of the Last Judgment. प्रलय का दिन।

Door–डोर्–*n.* a barrier for closing the entrance of a building, room &c., entrance, access. कपाट, द्वार, प्रवेश मार्ग; **Doorcase** (the frame which encloses a door.) दरवाज़े का चौखट; **Doorkeeper** (a watch, a porter.) द्वारपाल; **Doorplate** (a metal plate bearing the name of the occupant.) मालिक मकान के नाम की दरवाज़े पर लगी हुई तख्ती; **Door-sill** (the sill of a door.) देहली; **Door way** *n.* द्वार मार्ग; **Next door to** (being in the next house, very near.) पासवाला; **Out of door** (out of the house.) घर के बाहर, खुले में; **To open a door to** (to receive.) स्वागत करना; **To show one the door** (to turn one out, to expel.) घर के बाहर निकलना; **Within doors** (in the house.) घर के भीतर।

Dope–डोप्– *n.* a thick kind of varnish. गाढ़ी वार्निश।

Doric–डॉर्'-इक्–*adj.* rustic. देहाती।

Dormancy–डार्म्'-ऑन्-सी–see **Dormant**.

Dormant–डॉर्म्'-ऑन्ट्–*adj.* lying inactive, sleeping. शिथिल, निद्रित; **Dormancy** (-ऑन्-सी) *n.* quiescence बेकारी।

Dormitive–डॉर्म्'-इट्-इव्–*adj.* & *n.* a soporific (medicine) नींद लानेवाली (दवा)।


Dormer window.

Dormer - डॉर्'-मर्- (**Dormer window**) *ns.* a projecting window in a sloping roof. ढालुआँ छत में उभड़ी हुई खिड़की।

Dormitory - डॉर्म्'-इट्-आर्-ई - *n.* a large sleeping room. शयनागार, सोने का घर।

Engross–ऍन्'-ग्रोस्–*v. t.* to write in bold letters, to buy whole stock, to monopolize, to absorb. मोटे अक्षरों में लिखना, पूरा माल खरीदना, थोक लेना, लीन होना ; **Engrossed** (-ड्) *adj.* occupied. आसक्त, लीन ; **Engrossment** (-मेन्ट्) *n.* absorption. एकाग्रता।

Engulf–ऍन्-गल्फ़्'–**Ingulf** (इन्-गल्फ़्') *v. t.* to swallow up completely. निगलना, निमग्न करना।

Enhance–ऍन्-हान्स्'–*v. t.* to raise, to advance, to exaggerate, to raise price &c. अधिक करना, बढ़ाना, अतिशयोक्ति करना, मूल्य वृद्धि करना; **Enhanced** (-ड्) *adj.* raised. बढ़ा हुआ ; **Enhancement** (-मेन्ट्) *n.* increase, aggravation. वृद्धि, बढ़ती।

Enharden–ऍन्-हॉर्'-डेन्–*v.t.* to harden, to encourage. पुष्ट करना, उत्साह देना।

Enhearten–ऍन्-हॉर्ट्'-ऍन्– *v. t.* to encourage. उत्साहित करना।

Enhydrous–ऍन्-हाइ'-ड्रस्–*adj.* containing drops of water. जल के बूदों से भरा हुआ।

Enigma – ऍ-निग्'-मॉ – *n.* statement with a hidden meaning, riddle. गूढ़ प्रश्न, प्रहेलिका (पहेली); **Enigmatical** (-मॅट्'-इक्-ऑल्) *adj.* obscure, ambiguous. गूढ़ार्थक ; **Enigmatist** (-इस्ट्) *n.* a maker of puzzles. गूढ़ प्रश्न बनानेवाला।

Enjoin–ऍन्-जॉयन्'–*v.t.* to prescribe, to command, to forbid. आज्ञा देना, उपदेश देना, मना करना ; **Enjoiner** (-अर्) *n.* one who commands. आज्ञा देनेवाला।

Enjoy-ऍन्-जॉय्'-*v.t.* to take delight in, to experience pleasure. उपभोग करना, आनन्द लेना, चैन करना; **Enjoyable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* capable of being enjoyed. उपभोग्य, रमणीय ; **Enjoyably** (-ऑब्-ली) *adv.* in an enjoyable manner. उपभोग्यता से ; **Enjoyment** (-मेन्ट्) *n.* happiness, source of joy. आनन्द, उपभोग।

Enkindle–ऍन्-किन्'-ड्ल्–*v.t.* to blaze up, to inflame with passion. जलना (बालना), उत्तेजित करना।

Enlace–ऍन्-लेस्'– *v. t.* to enfold, to entwine. तह करना, लपेटना; **Enlacement** (-मेन्ट) *n.* act of enlacing. लपेटन।

Enlarge–ऍन्-लार्ज्'–*v. t.* to increase, to widen, to expand. विस्तार करना, वृद्धि करना, फैलाना; **Enlarged** (-ड्)

adj. expanded. विस्तृत, फैला हुआ; **Enlargement** (-मेंन्ट) *n*. increase of size, expansion. वृद्धि (विस्तार), बढ़ती या फैलाव; **Enlarger** (-अर्) *n*. he who or that which enlarges. फैलानेवाला; **Enlarging** (-इङ्ग्) *n*. enlargement. विस्तार, फैलाव।

Enlighten – ऍन्-लाइट्'-ऍन् – *v. t.* to instruct, to inform, to give light to, to free from prejudice. उपदेश देना, सूचित करना, प्रकाश देना, पक्षपात से विमुक्त करना; **Enlightened** (-ऍन्ड्) *adj*. advanced in knowledge. ज्ञान-प्राप्त, व्युत्पन्न; **Enlightening** (-इङ्ग्) *adj*. illuminating. प्रकाशक; **Enlightenment** (-मेंन्ट) *n*. the act of enlightening. प्रबोधन, संस्कार।

Enlink–ऍन्-लिङ्क्'–*v. t.* to link together. जोड़ना, इकट्ठा करना।

Enlist – ऍन्-लिस्ट्'–*v. t.* to engage for military service, to enrol. फौज में भरती करना, नाम लिखना; **Enlistment** (-मेंन्ट) *n*. the act of enlisting. भरती।

Enliven–ऍन्-लाइव्'-ऍन्–*v. t.* to animate, to inspirit. उत्साहित करना, उत्तेजित करना; **Enlivener** (-अर्) *n*. invigorating. उत्तेजित करनेवाला; **Enlivening** (-इङ्ग्) *adj*. giving life or spirit. उत्तेजक, स्फूर्तिदायक।

Enlock–ऍन्-लॉक्'–*v. t.* to lock up. ताला बन्द करना।

Enmesh–ऍन्-मेंश्'–(**Emmesh**, **Immesh**) *v. t.* to entangle in a net. जाल में फँसाना।

Enmity–ऍन्'-मिट्-ई – *n*. unfriendliness, hatred. वैर, शत्रुता, विरोध।

Ennoble–ऍन्-नो'-ब्ल्– *v. t.* to make noble, to elevate. कुलीन पद पर पहुँचाना, प्रतिष्ठा बढ़ाना; **Ennoblement** (-मेंन्ट) *n*. elevation in degree or excellence. उन्नति, प्रतिष्ठा।

Ennui–ऑन्'-न्वी–*n*. mental weariness. निरुत्साह, उब्न।

Enodation–ऍन्-नोड्-ए'-शॉन्–*n*. act of clearing of knots, solution of difficulty. गाँठ हटाना, कठिनता सुलभ करना।

Enode–ऍ-नोड्'–*adj*. knotless. बिना गाँठ का।

Enormity–ऍ-नार्म्'–इट्-ई – *n*. great wickedness, crime. महापराध, घोर पातक।

Enormous–ऍ-नॉर्म्'–अस्–*adj*. huge, very large. असाधारण, महाप्रमाण, बहुत बड़ा; **Enormously** (-ली) *adv*. excessively. अत्यन्त, अतिशय रूप में; **Enormousness** (-नेंस्) *n*. excessiveness. अति मर्यादा।

Enough – ऍ-नफ्–*adj*. & *adv*. not less than, beyond measure. पर्याप्त, उचित, यथेष्ट रूप से; *n*. a sufficiency. पर्याप्ति, प्रचुरता; **I have had enough** (I am tired.) मैं थक गया हूँ; **Sure enough** (certainly.) निस्सन्देह।

Enounce – ए-नाउन्स्' – *v. t.* to pronounce. उच्चारण करना; **Enouncement** (-मेंन्ट) *n*. statement. कथन।

Enquire, **Enquiry**–see–**Inquire**, **Inquiry**.

Enrage-ऍन्-रेंज्'-*v.t.* to make angry or furious, to exasperate. क्रुद्ध करना, रुठाना; **Enraged** (-ड्) *adj*. angry. कुपित, क्रुद्ध।

Enrapt–ऍन्-रॅप्ट्'- *adj*. enraptured. अति प्रफुल्ल ।

Enrapture–ऍन्-रॅप्ट्'-यूर्–*v. t.* to delight greatly. अति हर्षित करना (निहालो निहाल करना) ।

Enravish–ऍन्-रॅव्'-इश्-*v.t.* to transport with delight. प्रसन्न करना ; **Enravishment** (-मेंन्ट) *n.* rapture. प्रसन्नता ।

Enregiment–ऍन्-रॅज्'-इ-मेंन्ट– *v. t.* to form into a regiment. रेजिमेन्ट बनाना (सेना तैयार करना) ।

Enrich–ऍन्-रिच्–'-*v.t.* to make rich, to ornament, to flavour. धनी करना, सुशोभित करना, स्वादिष्ट करना ; **Enricher** (-अर्) *n.* one who makes rich. धनी करनेवाला ।

Enrobe–ऍन्-रोब्'–*v. t.* to put a robe upon. लबादा पहिराना ।

Enrol–ऍन्-रोल्'–*v.t* (*p.t.* **Enrolled**) to enlist, to incorporate as member of, to record. नाम लिखना, भरती करना, लिपिबद्ध करना ; **Enrolment** (-मेंन्ट) *n.* act of enrolling. नाम लिखना, भरती ।

Enroot–ऍन्-रूट्'– *v. t.* to fix by the root. जड़ से बैठाना ।

En route – ऍन्'-रूट – *adv.* on the way. रास्ते में ।

Ensample–ऍन्-सॅम्'-पल्-*v.i.* to show by example. उदाहरण से दिखलाना ।

Ensanguine–एन्-सँग्'-ग्विन्–*v.t.* to stain with blood. लोहू से लपेटना ; **Ensanguined** (-ड्) *adj.* bloodstained. लोहू से चिह्नित ।

Ensate-ऍन्'-सेट्-*adj.* sword-shaped. तलवार के आकार का ।

Enseal – ऍन्-सील्' – *v. t.* to fix seal on. मोहर करना ।

Enshrine–ऍन्-श्राइन्'–*v. t.* to enclose in a shrine, to cherish as sacred. मन्दिर में रखना, पवित्र मानना ; **Enshrinement** (-मेंन्ट) *n.* act of enshrining. देवस्थान में स्थापन ।

Enshroud–ऍन्-श्राउड्'–*v. t.* to cover with a shroud, to cover up. कफ़नाना, ढाँकना ।

Ensiform–ऍन्'-सि-फ़ॉर्म्–*adj.* having the shape of a sword. तलवार के आकार का ।

Ensign–ऍन्'-साइन्–*n.* a badge, banner, flag, standard-bearer. चिह्न, पताका, ध्वजा, ध्वजा ले चलनेवाला ; **Ensigned** (-साइन्ड्') *adj.* distinctly marked. विशेष प्रकार से चिह्नित ।

Ensilage – ऍन्'-सिल्-एज् – *n.* preservation of green fodder in pits. गड्ढों में हरी घास इत्यादि सुरक्षित रखना ।

Enslave–ऍन्-स्लेव्'– *v. t.* to make a slave of, to subject to the influence of. दास बनाना, वश में करना ; **Enslavement** (-मेंन्ट) *n.* servitude, bondage. दास्य, बन्धन ; **Enslaver** (-अर्) woman who enslaves a man's heart. मनुष्य के चित्त को आकर्षित करनेवाली स्त्री ।

Ensnare–ऍन्-स्नेअर्'–*v. t.* to entrap. जाल में फँसाना, बन्धन में डालना ।

Ensober–ऍन्-सो'-बर् – *v. t.* to make sober. शान्त बनाना ।

Ensorcell–ऍन्-सॉर्'-सॅल्–*v. t.* to bewitch. जादू डालना, मोहित करना ।

Enstamp–ऍन्-स्टॅम्प्'–*v.t.* to impress with a stamp. मोहर लगाना ।

Ensteep – ऍन्-स्टीप्' – *v. t.* to place under water. पानी के भीतर रखना।

Enstyle–ऍन्-स्टाइल्'–*v. t.* to call, to name. पुकारना, नाम रखना।

Ensue–ऍन्-स्यू'–*v. t.* & *i.* to happen afterwards, to result. बाद में होना, उत्पादन (उत्पन्न) करना; **Ensuing** (-इङ्ग्) *adj.* coming next after. आगे होनेवाला, आगामी।

Ensure-ऍन्-श्यूर्'-*v. t.* to make safe, to secure. निश्चित करना, स्थिर करना।

Enswathe – ऍन्-स्वेथ्'–*v. t.* to wrap with a bandage. पट्टी से बाँधना; **Enswathement** (-मॅन्ट्) *n.* the act of enswathing. पट्टी (का बन्धन)।

Entail – ऍन्'-टेल् – *n.* settlement of an estate on heirs so that the immediate possessor may not dispose of it. स्थिर सम्पत्ति जिसको उत्तराधिकारी अलग न कर सकें; *v. t.* (-टेल्') to settle in this way. इस नियम से प्रबन्ध करना; **Entailment** (-मॅन्ट्) *n.* the act of entailing. स्थिरीकरण।

Entame–ऍन्-टेम्'-*v.t.* to tame. पालना

Entangle-ऍन्-टैंङ्ग्'-ग्ल्-*v.t.* to catch in a snare, to involve in difficulties. जाल में फँसाना, व्याकुल करना; **Entanglement** (-मॅन्ट्) *n.* state of being entangled. फँसावट, उलझन।

Entellus–ऍन्-टॅल्'-लस्–*n.* Hanuman of Indian mythology. हनुमान।

Enter – ऍन्ट्'-अर्–*v. i.* & *t.* to come upon a stage, to penetrate, to record, to admit. नाटक मञ्च पर आना, प्रवेश करना, लिखना, भरती करना; **To enter an appearance** (to appear in a meeting.) सभा में दर्शन देना; **To enter into** (to engage in.) कार्य में लगना; **To enter on** (to begin or start on.) कार्य आरम्भ करना; **To enter up** (to complete series of accounts.) हिसाब बन्द करना।

Enterable–ऍन्ट्'-अर्-ॲ-ब्ल्–*adj.* that may be entered. प्रवेश योग्य।

Enteralgia – ऍन्'-टर्-ऍल्'-जि-ॲ – *n.* pain in the bowels. पेट का दर्द।

Enteric–ऍन्-टॅर्'-इक्–*adj.* pertaining to the bowels. आँतों के सम्बन्ध की।

Enteritis-एन्-टॅर्-राइ'-टिस्–*n.* inflammation of intestines. आँतों की सूजन।

Enterprise–एन्'-टर्-प्राइज़्– *n.* a bold undertaking, courage, readiness. साहसिक कार्य, साहस, तत्परता; **Enterpriser** (-अर्) *n.* one who takes an enterprise. साहसी।

Enterprising-एन्'-टर्-प्राइज़्-इङ्ग्-*adj.* bold, adventurous. साहसी, उद्योगी; **Enterprisingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an enterprising manner. साहस से।

Entertain–ऍन्-टर्-टेन्'–*v.t.* to maintain, to amuse, to occupy in an agreeable manner. ग्रहण करना, अतिथि सत्कार करना, प्रमुदित करना; **Entertainer** (-अर्) *n.* one who entertains. विनोदक, आतिथेय, यजमान; **Entertaining** – एन्-टर्-टेन्'- -इङ्ग् – *adj.* amusing, pleasing. मनोरंजक, मन बहलानेवाला; **Entertainingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an entertaining way. प्रमोद पूर्वक; **Entertainment**-(एन्-टर्-टेन्'-मॅन्ट्) *n.* amusement, banquet. विनोद, उत्सव, ज्योनार।

Enthral, Enthrall–एन्-थ्रॉल्'–*v.t.* to enslave, to charm. दास बनाना,

मोहित करना; **Enthralment** (-मेंन्ट) *n.* slavery. दासत्व।

Enthrill - एन्-थ्रिल्'-*v. t.* to pierce. भेदना, छेद करना।

Enthrone-एन्-थ्रोन्'- *v. t.* to place on a throne. राजसिंहासन पर बैठाना; **Enthronement** (-मेन्ट) *n.* act of enthroning. राज्याभिषेक।

Enthunder - एन्-थन्'-डर् - *v. i.* to make a loud noise like thunder. बिजली की गरज की तरह शब्द करना।

Enthusiasm - ऍन्-थ्यू'-ज़ि-ऑज़्म् - *n.* passionate zeal, great interest. उत्साह, अति अनुराग; **Religious enthusiasm** (religious fanaticism.) धर्मोन्माद।

Enthusiast-एन्-थ्यू'-ज़ि-ऑस्ट- *n.* one who is full of enthusiasm, person of ardent zeal. उत्साही, अति अनुरागी मनुष्य; **Enthusiastic** (-ऑस्टिक्), **Enthusiastical** (-ऑल्) *adjs.* highly, excited. उत्साही; **Enthusiastically** (-ऑल्-लि) *adv.* with enthusiasm. अत्यन्त अनुराग से।

Enthymematical-ऍन्-थें-मे-मॅट्'-इक्-ऑल्-*adj.* see **Enthymeme**.

Enthymeme-ऍन्'-थें-मीम्-*n.* a suppressed reasoning in logic. लुप्तावयव न्याय, लुप्तहेतु न्याय; **Enthymematical** (-मे-मॅट्'-इक्-ऑल्) *adj.* pertaining to enthymeme. लुप्तहेतु का।

Entice-ऍन्-टाइस्'-*v. t.* to allure, to tempt. लुभाना (ललचाना), मोहित करना; **Enticement** (-मेन्ट) *n.* allurement, blandishment. प्रलोभन, वञ्चन; **Enticer** (-अर्) *n.* one who entices. लुभानेवाला; **Enticing** (-इङ्ग्) *adj.* having enticing qualities. लुभानेवाला।

Entire-ऍन्-टायर्'-*adj.* whole, complete, unmingled, not castrated. समग्र, सम्पूर्ण, अमिश्रित, बिना बधिया किया हुआ; **Entirely** (-ली) *adv.* wholly, solely, completely. अशेष, पूर्ण रूप से, सर्वथा; **Entireness** (-नेस्) *n.* totality. सम्पूर्णता, अभेद्यता; **Entirety** (-टी) *n.* completeness, sum-total. समग्रता, सम्पूर्णता।

Entitle-एन्-टाइ'-टल्-*v. t.* to give a title or claim to, to name. उपाधि या अधिकार देना, नाम रखना; **Entitled to praise** (fit for being praised, object of praise.) प्रशंसायोग्य, प्रशंसापात्र।

Entity-एन्ट्'-इट्-ई-*n.* being, a thing's real existence. सत्व, सत्ता, अस्तित्व।

Entoil-ऍन्-टॉएल्'-*v. t.* to entangle, to ensnare. जाल में फँसाना।

Entomb-एन्-टूम्'-*v.t.* to place in a tomb. समाधि (क़ब्र) में गाड़ना; **Entombment** (-मेन्ट) *n.* burial. श्मशान में स्थापन।

Entomic-एन्-टॉम्'-इक्-*adj.* pertaining to insects. कृमि सम्बन्धी।

Entomoid-एन्'-टो-माएड् - *adj.* like an insect. कृमिवत्।

Entomological - एन्-टॉम्-ऑल्'-ऑज्-इक्-ऑल्-*adj.* pertaining to entomology. कृमिशास्त्र सम्बन्धी; **Entomologist** (-इस्ट) *n.* one who is versed in the study of insects. कृमिशास्त्रवेत्ता; **Entomologize** (-आइज़) *v.t.* to collect insects for scientific examination. अन्वेषण के लिये कीड़े इकट्ठा करना।

Entomology-एन्-टॉम्-ऑल्'-ऑज्-ई-*n.*

study of insects. कृमि अध्ययन शास्त्र ।

Entrails – एन्'-ट्रेल्ज़–*n. pl.* bowels, intestines. अन्त्र, अँतड़ियाँ ।

Entrain-एन्-ट्रेन्'-*v.t.& i.* to put or get into a train. रेलगाड़ी में रखना या बैठना ।

Entrammel – एन्-ट्रैम्'-मॅल्–*v. t.* to entangle, to obstruct. फँसाना, रोकना ।

Entrance–एन्'-ट्रैन्स्–*n.* a coming or going in, right of admission, door. प्रवेश, आना जाना, प्रवेश का अधिकार, द्वार ।

Entrance–ऍन्-ट्रैन्स्'–*v. t.* to throw into a trance. मूर्छित करना ; **Entranced** (-ड्) *adj.* put into a trance. मूर्छित ; **Entrancement** (-मेन्ट्) *n.* the state of trance. मूर्छा ।

Entrant – एन्'-ट्रैन्ट् – *n.* one who enters. प्रवेश करनेवाला ।

Entrap–एन्-ट्रैप्'–*v.t.* (*p.t.* **Entrapped**) to catch in a trap, to ensnare. फन्दे में फँसाना ।

Entreat–ऍन्-ट्रीट्'–*v. t.* to ask earnestly, to pray for. प्रार्थना करना, विनय करना ; **Entreatable** (-ऍ-ब्ल्) *adj.* that may be entreated. प्रार्थना योग्य; **Entreater** (-अर्) *n.* one who entreats. प्रार्थना करनेवाला; **Entreating** (-इङ्ग्) *adj.* soliciting. सविनय ; **Entreatingly** (-इङ्ग-ली) *adv.* in an entreating manner. प्रार्थना पूर्वक ; **Entreaty** (-ट्रीट्-ई) *n.* earnest request. प्रार्थना, विनती ।

Entrench-ऍन्-ट्रेन्च्'-*v. t.* to surround with trench. खाई से घेरना; **Entrenchment** (-मेन्ट्) *n.* a trench. खाई ।

Entrust, (**Intrust**)–ऍन्-ट्रस्ट्'–*v.t.* to give in trust, to confide. प्रदिपादन करना, सौंपना ।

Entry–ऍन्ट्'-री–*n.* (*pl.* **Entries**) act of entering, a passage, taking possession of, list of competitors, act of committing to writing. प्रवेश, मार्ग, दखल, स्पर्धा करनेवालों की सूची, लिखावट ।

Entune–ऍन्-ट्यून्'–*v.t.* to sing. गाना ।

Entwine–ऍन्-ट्वाइन्'–*v. t.* to interweave, to embrace. लपेटना (गूँथना), आलिंगन करना; **Entwinement** (-मेन्ट्) *n.* twisting. गूँथन ।

Entwist–ऍन्-ट्विस्ट्'– *v. i.* to twist round. ऐंठना, उमेठना ।

Enubilate – ऍ-न्यू'-बिल्-एट् – *v. t.* to clear from clouds, mist &c. कोहिरा या बादल से हटाना ।

Enumerate–ऍ-न्यू'-मर्-एट् – *v. t.* to count the number of, to specify. (यथा क्रम) गणना करना, निर्देश करना ; **Enumeration** (-ए'-शॉन्) *n.* a reckoning up. गणना, गिनती ; **Enumerative** (-इव्) *adj.* reckoning up. गणनीय; **Enumerator** (-टॉर्) *n.* one who counts. गणना करनेवाला ।

Enunciate–ऍ-नन्'-शि - एट्'– *v. t.* to state formally, to declare, to pronounce. लक्षण या स्वरूप का वर्णन करना, प्रकाशित करना, उच्चारण करना ; **Enunciation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of enunciating. विज्ञापन, स्वरूप वर्णन, उच्चारण ; **Enunciative** (-इव्) *adj.* declarative. उच्चारक ; **Enunciatively** (-ली) *adv.* declaratively. स्वरूप वर्णन से; **Enunciator** (ए-टॉर्) *n.* one who proclaims. घोषणा करनेवाला ; **Enunciatory** (-ऑर्-ई) *adj.* enunciative. विज्ञापनीय ।

Enure–ऐन्-यूर्'–see **Inure**.

Envapour–ऐन्-वे'-पर्–*v. t.* to surround with vapour. भाफ से ढाँकना।

Envelop–ऐन्-वेल्-ओप् – *v. t.* (*p. t.* **Enveloped**) to wrap up, to hide. लपटाना,छिपाना; **Envelopment** (मेन्ट्) *n.* wrapping. ढक्कन, लपेट।

Envelope–एन्'-वेल्-ऑप्–*n.* the cover of a letter. लिफ़ाफ़ा; **Enveloped** (-ओप्ड्) *adj.* surrounded. लपेटा हुआ।

Envenom–ऐन्-वेन्'-ऑम्–*v. t.* to infuse poison into, to corrupt mind. विष मिलाना, मन मैला करना।

Environ–ऐन्-वाई'-रॉन्–*v. t.* to surround, to encircle. घेरना, लपेटना; **Environment** (-मेन्ट्) *n.* surrounding, a surrounding object. पड़ोस, आस पास की वस्तु; **Environs** *n. pl.* the district surrounding a town. नगर का उपान्त, (चारों ओर का) प्रदेश।

Envisage–ऐन्-विज़्'-एज्–*v. t.* to look in the face, to consider. आँख मिलाना, विचार करना; **Envisagement** (-मेन्ट्) *n.* act of envisaging. आँख मिलौवल।

Envoy–एन्'-वॉय्–*n.* a messenger, a representative. दूत, राज प्रतिनिधि; **Envoyship** (-शिप्) *n.* the office of an envoy. दूत का पद।

Enviable–एन्'-वि-ॲ-ब्ल्– *adj.* what may excite envy. स्पृहणीय, ईर्षालु; **Enviably** (-ॲब्-ली) *adv.* in an enviable manner. ईर्षा से; **Envier** (-अर्) *n.* one who envies another. ईर्षा करनेवाला; **Envious** (-अस्) *adj.* excited by envy. ईर्ष्यालु; **Enviously** (-अस्-ली) *adv.* with envy. ईर्ष्या सहित।

Envy – एन्'-वी – *n.* malice, malignity. ईर्षा, डाह; *v. t.* (*p.t.* **Envied**) to look with grudge, to hate. ईर्षा करना, डाह करना, (जलना); **Envying** (-ईङ्ग्) *adj.* grudging. ईर्षा करनेवाला, ईर्षालु।

Enwind – एन्-वाइन्ड्' – *v. t.* to wind itself round. लपेटना।

Enwomb – ऐन्-वूम्'–*v.t.* to hide, to bury. छिपाना, गाड़ना।

Enwrap–एन्-रैप्'–*v.t.* to enfold, to envelop. ढाँकना, लपेटना; **Enwrapment** (-मेन्ट्) *n.* covering. ढकना।

Eoan–ई'-ओ-ॲन्–*adj.* pertaining to dawn. अरुणोदय सम्बन्धी।

Epact–ई'-पैक्ट – *n.* moon's age at the beginning of the year. वर्ष के आरम्भ में चन्द्रमा की अवस्था।

Epagoge–एप्'-ॲ-गॉ'-जी – *n.* a figure of speech in which a universal proposition is demonstrated by a particular. एक अलंकार जिसमें विशिष्ट से सामान्य सिद्ध करते हैं; **Epagogic** (-इक्) *adj.* inductive. इस रीति का।

Epaulet,Epaulette – एप्'-ऑ-लेट्–*n.* the ornamental shoulder-piece of military and naval officers. स्कन्धाभरण, वर्दी में का कन्धे पर का झब्बा।

Ephemera – ए-फ़ेम्'-एर्-रॅ – *n.* (*pl.* **Ephemeras**), **Ephemeron** (-रॉन्) *ns.* insect that lives only a day. केवल एक दिन जीनेवाला कीड़ा; **Ephemeral** (-रॅल्) *adj.* short-lived, transitory. क्षणिक, क्षणभर में नष्ट होनेवाला।

Ephemeris – ए-फ़ेम्'-एर्-इस्–*n.* (*pl.* **Ephemerides** (-इ-डीज़्) an astro-

nomical almanac. पञ्चाङ्ग, जन्त्री ; **Ephemerist** (- इस्ट्) *n.* one who studies the daily motions of the planets. ग्रहगति अध्ययन करनेवाला ।

Epic–एप्'-इक्–*adj.* & *n.* (applied to a poem) narrating continuously great events of one or more heroes in an elevated style. वीर-चरित्र वर्णन, महाकाव्य ; **Epical** (-ऑल्) *adj.* pertaining to an epic. महा-काव्य सम्बन्धी ।

Epicarp – एप्'-इ-कार्प् – *n.* the outer skin of fruits. फलों का बाहरी छिलका ।

Epicene–एप्'-इस्-सीन्–*adj.* denoting either sex. स्त्री पुलिंग, उभयलिंग ।

Epicerastic – एप्'-इस् - सर्-ऑस्ट्'-इक्–*adj.* soothing (medicine.) शान्ति-प्रद (औषधि) ।

Epicheirema – एप्'-इ-कि-री'-मॉ–*n.* a syllogism in which reason is annexed in the proof of pre-mises. कारणयुक्त अनुमान ।

Epicure – एप्'-इ-क्यूर् – *n.* one given to sensual enjoyment. इन्द्रियसुखमें निरत ; **Epicurean** (-ई'-ऑन्) *adj.* given to sensual enjoyment. विष-यासक्त ; **Epicurism** (-इज़्म्) *n.* sen-sual indulgence. विषयासक्ति ।

Epicycle–एप्'-इ-साइ-कल्–*n.* a small circle which has its centre on the circumference of a larger circle. छोटा वृत्त जिसका केन्द्र बड़े वृत्त के परिधि पर हो ।

Epidemic – एप्-इ-डेम्'-इक्–*n.* a dis-ease prevalent in a community at a certain time. व्यापक रोग; **Epi-demical** (-ऑल्) *adj.* affecting great numbers. बहुजन व्यापक ; **Epi-demically** (-ऑल्-लि) *adv.* in an epidemic manner. व्यापकता से ।

Epidermis – एप्-इ-डर्म्'-इस् – *n.* the outer layer of the skin. बाह्य त्वचा; **Epidermal** (-ऑल्) *adj.* pertaining to the outer skin. बाह्य त्वचा सम्बन्धी ।

Epiglottis – एप्-इ-ग्लॉट्'-टिस् – *n.* the cartilage at the root of the tongue. उपजिह्वा, घंटिका (घंटी) ।

Epigram – एप्'-इ-ग्रैम्–*n.* a concise witty poem. लघु कविता, चुटकुला ; **Epigrammatic** (-मैट्'-इक्) *adj.* dealing in epigrams. चुटकुले का ; **Epigrammatically** (- ऑल् - लि) *adv.* in an epigrammatic man-ner. चुटकुले से ; **Epigrammatist** (-मैट्-इस्ट्) *n.* one who composes epigrams. चुटकुला बनानेवाला ।

Epigraphic–एप्-इ-ग्रैफ्-इक्– *adj.* see **Epigraph**.

Epigraph–एप्'-इ-ग्रैफ्–*n.* an inscrip-tion on statue, stone, coin &c. शिलालेख ; **Epigraphic** (-ग्रैफ्'-इक्) *adj.* pertaining to epigraphs. शिलालेख सम्बन्धी ; **Epigraphy** (-एप्-इग्'-रीफ्-ई) *n.* the study of ins-criptions. शिलालेख विद्या ।

Epilepsy – एप्'-इल्-एप्-सी–*n.* a ner-vous disease manifested by sud-den unconsciousness. अपस्मार रोग, मिरगी ; **Epileptic** (-एप्ट्'-इक्) *adj.* pertaining to epilepsy. मिरगी रोग सम्बन्धी ।

Epilogue – एप्'-इल्-ऑग्–*n.* conclud-ing part of a book, speech of an actor at the end of a play. परि-

शिष्ट, उपसंहार ; **Epiloguize** (-आइज़्) *v. i.* to speak an epilogue. उपसंहार पढ़ना ।

Epiphora–ऍप्-इफ्'-ऑर्-आँ–*n.* a disease in which tears collect in the eye. आँखों में आँसू इकट्ठा होने का रोग ।

Epiphyte–ऍप्-इफ्'-आइट्– *n.* a plant growing on another. किसी वृक्ष पर उगनेवाला पौधा ।

Episcopacy – ए-पिस्' - को-पीं-सी – *n.* government of the church by the bishops. धर्माध्यक्षता, पादड़ी का शासन ; **Episcopal** (-पॉल्) *adj.* governed by bishops. धर्माध्यक्ष शासित; **Episcopalian** (-पेल्'-यॉन्) *adj.*&*n.* pertaining to bishops. धर्माध्यक्ष सम्बन्धी ; **Episcopate** (-पेट्) *n.* the office of a bishop, bishopric. पादड़ी का पद ।

Episode–ऍप्'-इस्-ओड्–*n.* an incidental narrative in a story or poem. उपकथा, प्रासङ्गिक वार्ता ; **Episodic** (-ऑड्'-इक्) *adj.* pertaining to an episode. प्रासङ्गिक, उपकथा संबंधी ।

Epistaxis–ए-पिस्-टॅक्स्'-इस्–*n.* bleeding from the nose. नाक से लोहू बहना, बिनास फूटना ।

Epistle–ए-पिस्'-सल्–*n.* a letter sent to a person, a literary work. पत्र (चिट्ठी), साहित्यिक रचना ।

Epistrophe–ऍ-पिस्ट्'-रॉफ्-ई – *n.* the ending of several sentences or clauses with the same word. अनेक वाक्यों अथवा वाक्यखण्डों का एक ही शब्द से समाप्त होना ।

Epitaph–ऍप्'-इट्-ऑफ्–*n.* words inscribed on a tombstone. स्मरण, लेख, समाधि (कब्र) के ऊपर के पत्थर पर का लेख ।

Epithalamium –ऍप्'-इथ्-ऑल-ए'-मि-अम्–*n.* a nuptial song. विवाह गीत ।

Epithelial–ऍप्'-इथ्-ऑल्-ले'-ऑल्– *adj.* pertaining to epithelium. बाह्य त्वचा सम्बन्धी ।

Epithelium-ऍप्'-इथ्-ई-लि-अम्- *n.* superficial cell tissue. बाह्य त्वचा ।

Epithet–ऍप्'-इथ्-ऍट्–*n.* an adjective expressing some quality. विशेषण, उपाधि; **Epithetic** (-इक्), **Epithetical** (-ऑल्) *adjs.* pertaining to an epithet. उपाधि सम्बन्धी; **Epithetically** (इक्-ऑल्-लि) *adv.* by way of an epithet. विशेषण रूप में ।

Epitome-ऍ-पिट्'-ओ-मि-*n.* an abridgment or brief summary. संक्षेप संग्रह; **Epitomist** (-मिस्ट्) *n.* a writer of epitome. संग्रहकर्ता ; **Epitomize** (-माइज़्) *v. t.* to abridge, to curtail. संक्षेप करना, संग्रह करना ।

Epoch–ऍप्'-ऑक्–*n.* beginning of an era, date, period of life or events. काल, युग, अवधि ; **Epochal** (-ऑल्) *adj.* marking an epoch. युग सम्बन्धी ।

Epode–एप्'-ओड्–*n.* the last part of an ode. गीत का अन्तिम भाग ।

Eponym–ऍप्'-ओ-निम्– *n.* one who gives his name to something, a surname. किसी स्थान या संस्था का नाम अपना रखने वाला, उपनाम ।

Epopee–ऍप्-ओ-पी'–same as Epic.

Equable– ऍक्'वी-बल्– *adj.* uniform, equal. एक समान, बराबर ; **Equableness** (-नॅस्) *n.* continued uni-

formity. समानता, तुल्यता

Equality– ईक्'-क्वॉल्'-इट्-ई – *n.* uniformity, evenness. समानता, बराबरी।

Equalize– इक्-वॉल्-आइज़्' – *v. t.* to make equal. बराबर करना ; **Equalization** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of equalizing. बराबरी।

Equal – ईक्'-वॉल् – *adj.* indentical, adequate, uniform. समान, तुल्य, सदृश, बराबर ; *n.* one of the same age, rank &c. समान वय अथवा पद का मनुष्य; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Equalled**) to be or to make equal to. बराबर होना, समानता करना ; **Equally** (-ली) *adv.* in equal proportion. बराबर, समानता से।

Equanimity – ऍ-क्वी-निम्'-इट्-ई – *n.* evenness of mind or temper. चित्त या स्वभाव की स्थिरता ; **Equanimous** (-क्वॅनि्'-इम्-अस्) *adj.* of steady temper. स्थिर चित्तवृत्ति वाला।

Equate – ऍ-क्वेट्' – *v. t.* to treat as equivalent, to make equal. एक परिमाण को दूसरे के बराबर करना ; **Equation** (-क्वे'-शॉन्) *n.* reduction to equality. साम्य, समीकरण; **Equational** (-ऑल्) *adj.* pertaining to an equation. समीकरण सम्बन्धी ; **Equationally** (-ऑल्-ली) *adv.* in the form of an equation. समीकरणरूप में।

Equator–ए-क्वे'- टॉर्– *n.* the great circle of the earth equidistant from both the poles. भूमध्यरेखा, निरक्ष; **Equatorial** (-क्वॉ-टोर्'-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to the equator. निरक्ष सम्बन्धी, भूमध्यरेखा सम्बन्धी।

Equerry–ऍक्'-वॅर्-री– *n.* an officer in charge of horses. अश्वपाल, घोड़साल का दारोगा।

Equestrian-ऍ-क्वॅस्ट्'-रि-ऑन्-*n.*& *adj.* on horseback, pertaining to horsemanship. अश्वारोही, घोड़सवार का ; **Equestrianism** (-इज़्म्) *n.* horsemanship. घोड़सवारी।

Equi – ईक्-वि – in *comb.* = equal. "समान" अर्थ का उपसर्ग, यथा–**Equiangular** (-ऑङ्ग्'-वॅल्-ऑर्) *adj.* of equal angles. समकोण का; **Equidistant** (-डिस्'-टॅन्ट्) *adj.* being at an equal distance. समानान्तर; **Equilateral** (-लॅट्'-अर्-ऑल्) *adj.* having equal sides. समान भुजा का; **Equilibrist** (-क्विल्-इब्'-रिस्ट्) *n.* an acrobat. नट, रस्से पर नाचनेवाला ; **Equilibrium** (-अम्) *n.* the state of equal balance, neutrality. तुल्यभारता (साम्य), समता; **Equimultiple** (-मल्'-टि-प्ल्) *n.* number having a common factor. समान्य भाजकवाली संख्या, समापवर्त्य; **Equinoctial** (-नॉक्'-शॅल्) *adj.* of equal day and night. विषुवीय, दिन तथा रात बराबर होनेवाले दिन का ; **Equinox** (एक्'-वि-नॉक्स्) *n.* time at which the sun crosses the equator and day and night are equal. विषुवीय (२१ मार्च तथा २३ सितम्बर का दिन) जब रात और दिन बराबर होते हैं; **Equipoise** (-पॉइज़्) *n.* equilibrium. तुल्यभारता ; **Equipollent** (-पॉल्'-लॅन्ट्) *adj.* equal in force. समान शक्ति का ; **Equivalent** (ए-क्विव्'-ए-लॅन्ट्) *adj.* equal in value, corresponding. तुल्य मूल्य का, अनुरूप ; **Equivalence** (-लॅन्स्) *n.* the state of being equi-

valent. अनुरूपता; **Equivocal** (-वो-कौल्) *adj.* having two meanings. दो अर्थ का, सन्दिग्धार्थक ; **Equivocate** (-वो-केट्) *v. t.* to use ambiguous expression. अस्पष्टार्थ बोलना ; **Equivocation** (-के-शान्) *n.* prevarication. वक्र उक्ति, वाक्छल ; **Equivoke** (-वोक्) *n.* an ambiguous term. कूट उक्ति ।

Equine–इक्'-वाइन्– (**Equinal**-ऑल्) *adjs.* pertaining to a horse. अश्व सम्बन्धी ।

Equip–ए-क्विप्'–*v.t.* (*p.t.* **Equipped**) to furnish, to provide. सजाना, सँवारना; **Equipage** (-एज्) *n.* equipment, outfit. साधन, सामग्री; **Equipment** (-मेन्ट्) *n.* act of equipping. साधन, सजावट, सामग्री ।

Equity – एक्'-विट्-ई – *n.* fairness, justice. न्याय, धर्म, अपक्षपात; **Equitable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* impartial, fair. अपक्षपाती, निष्पक्ष; **Equitableness** (-नेस्) *n.* quality of being equitable. न्याय्यता; **Equitably** (-ऑब्-ली) *adv.* in an equitable way. न्यायपूर्वक।

Era–इअर्'-ऑ – *n.* series of years commencing from some particular point of time. युग, काल, विशिष्ट काल ।

Eradiate–ए-रॅड्'-इ-एट्–*v. t.* to shoot up like rays of light. किरण फेंकना ; **Eradiation** (-ए'-शान्)*n.* emission of rays. किरणों का फेंकना ।

Eradicable–ए-रॅड्'-इक्-ऑ - ब्ल् – *adj.* that may be destroyed. निर्मूल करने योग्य ।

Eradicate–ए-रॅड्'-इक्-एट् – *v. t.* to tear up by roots, to destroy. जड़ से उखाड़ना, निर्मूल करना; **Eradication** (-ए'-शान्) *n.* extirpation. उन्मूलन, उत्पाटन; **Eradicator** (-टॉर्) *n.* one who destroys. उच्छेदन करनेवाला ।

Erase–ए-रेज़्–*v. t.* to rub out, to obliterate. खुरचना, छीलना, मिटाना ; **Eraser** (-अर्) *n.* one who or that which erases. खुरचनी, रबड़ ; **Erasure** (-यूर्) *n.* obliteration. छिलावट (नाश) ।

Ere–ऍअर्–*adv.*& *prep.* before, sooner than. पहिले, पूर्व में; **Ere long** (not long before.) थोड़े दिन पहिले ; **Ere this** (before this time.) अब से पहिले ; **Ere while** (shortly before.) कुछ दिन पहले ।

Erebus–एर्'-ऍ-बस् – *n.* the lower world, the hell. पाताल, नरक ।

Erect–ए-रॅक्ट्'–*v.t.* to raise upright, to build. ऊँचा करना, बनाना; *adj.* upright, vertical. उन्नत, खड़ा (सीधा); **Erectly** (-ली) *adv.* in an erect posture. खड़े बल में; **Erectness** (-नेस्) *n.* the state of being erect. खड़ापन; **Erecter, Erector** (-ऑर्) *n.* muscle that erects. खड़ा करनेवाली पेशी ।

Erectile–ए-रॅक्'-टाइल् – *adj.* capable of being erected. निर्माण योग्य ।

Erection–ए-रॅक्'-शान्–*n.* the act of erecting, building. निर्माण, रचना; **Erection of the hair** (bristling of hair.) रोमाञ्चित, पुलकित ।

Erective–ए-रॅक्ट्'-इव् – *adj.* raising. निर्माण योग्य ।

Eremite-ऍर्'-ऍम्-आइट्-*n*. a hermit. यति, सन्यासी।

Ergo-एर्'-गो-*adv*. therefore. अतएव।

Ergot - एर्' - गॉट् - *n*. a disease of plants. गेरुई, पौधों का एक रोग।

Eristic, Eristical-एर्-रिस्ट्'-इक्(-ऑल्)-*adjs*. pertaining to disputation. शास्त्रार्थ या वादाविवाद सम्बन्धी।

Erne-अर्न्-*n*. the golden eagle. सोनहला गृद्ध।

Erode-ऍ - रोड्' - *v. t*. to destroy gradually, to wear out. धीरे धीरे नष्ट करना, खा जाना।

Erosion-ऍ-रो'-ज़ॉन्-*n*. the act of eating away. काट, नाश; **Erosive** (-रोस्'-इव्) *adj*. corrosive. काटनेवाला।

Erotic-एर्-रॉट्'-इक्-*adj*. pertaining to love. प्रेम सम्बन्धी।

Err-एर्-*v.i*. (*p.t.* **Erred**) to sin, to make a mistake, to be incorrect. अपराध करना, अशुद्धि करना; **Errable** (-ऑ-ब्ल्) *adj*. liable to mistake. अशुद्धि करने योग्य।

Errand-ऍर्'-रॅन्ड् - *n*. a message. सन्देश (दूतकार्य); **A fool's errand** (useless occupation.) निरर्थक व्यवसाय; **Errand-boy** (a boy for carrying message.) संदेश लेजाने वाला छोकरा।

Errant-एर्'-रॅन्ट् - *adj*. wandering in quest of an adventure. किसी साहसिक कार्य के खोज में जानेवाला।

Errata-एर्-रॅ'-टॅ-*n.pl*. of **Erratum**.

Erratic-एर्-रॅट्'-इक्-*adj*. uncertain, irregular. अनिश्चित, अस्थिर; **Erratically** (-ऑल्-लि) *adv*. irregularly. अस्थिरता से।

Erratum-ऍर्-रॅ'-टम्-*n*. (*pl*. **Errata** (-टॅ) an error in writing or printing. लिखने या छापने की अशुद्धि।

Errhine-एर्'-राइन् - *adj*. affecting the nose. नस्य, सूँघने का।

Erroneous - एर्-रो' - नि - अस् - *adj*. wrong, mistaken. भ्रान्तिमूलक, अशुद्ध; **Erroneously** (-ली) *adv*. by mistake. अशुद्धता से; **Erroneousness** (- नॅस्) *n*. the state of being erroneous. अशुद्धि।

Error-ऍर्'-रॉर्- *n*. deviation from truth, mistake. भ्रम, दोष; **Errorless** (-लॅस्) *adj*. flawless. निर्दोष।

Erst-एर्स्ट्-*adv*. at first, formerly. पूर्वकाल में, पहिले; **Erstwhile** (-व्हाइल्) *adv*. till then. तबतक।

Eructate- एर्-रक्'-टेट्-*v. t*. to belch out. पेट से वायु बाहर निकलना; **Eructation** (-टे'-शॉन्) *n*. the act of belching. वायु निकलना।

Erudite-ऍर्'-र्‌यु-डाइट्-*adj*. learned. व्युत्पन्न, पण्डित; **Erudition** (-डिश्'-ऑन्) *n*. knowledge gained by the study of books. पाण्डित्य, विद्या; **Eruditely** (-ली) *adv*. with learning. पाण्डित्य से।

Erupt-ऍ-रप्ट्'-*v.i.&t*. to burst forth, to cast out. फटना, फूटना; **Eruption** (-रप्'-शॉन्) *n*. outbreak, breaking out of spots on the skin. निर्गम, विस्फोट (फफोला); **Eruptive** (-इव्) *adj*. bursting forth. उद्भेदी, फफोले का; **Eruptively** (-इव्-ली) *adv*. in an eruptive manner. विस्फोट से; **Eruptiveness** (-नॅस्) *n*. a tendency to erupt. विस्फोट, फफोला।


Erysipelas-एर्'-रॅ-सिप्'-ऍ-लॅस्-*n*. an

inflammatory disease of the face. मुहासा।

Escallade–एस्-की-लेड् – *n.* attack of troops on a fortified place. क़िलेबन्दीपर योद्धाओं का आक्रमण।

Escape–एस्'-केप्'-*v.t.&i.* to get free, to avoid, to get clear away from. भागना, बचाना, मुक्त होना, निकल भागना; *n.* act of freeing, leakage. निस्तार, (मुक्ति, छुटकारा) बहाव।

Escapement–ऍस्-केप्'-मेन्ट्-*n.* outlet, mechanism which connects motive power and regulates. बचाव, निकास, घड़ी का वह पुर्जा जो सबसे छोटी पहिये के एक एक दाँते को हटाकर गति उत्पन्न करता है।



Escapement.

Eschar-एस्'-कार्-*n.* portion of dead tissue, slough. मरा हुआ चमड़ा, झिल्ली।

Escheat – एस्-चीट्' – *n.* lapsing of property to the state for want of an heir. उत्तराधिकारी के अभाव से सम्पत्ति का राजा को मिलना; *v.t.* to confiscate. ज़ब्त करना।

Eschew–एस्-चू' – *v. t.* to avoid, to abstain from. त्यागना, छोड़ना; **Eschewment** (-मेन्ट) *n.* the act of eschewing. त्याग।

Escort-एस्'-काट्ट्-*n.* an attendant,a guard. अनुचर,रक्षा पुरुष;*v.t.* to act as a guide. पहरा देना,रक्षा के लिये साथ देना।

Esculent-ऍस्'-क्यु-लेन्ट्-*adj.* & *n.*fit to be used as food. भक्षणीय, खाने योग्य।

Escutcheon-एस्-कच्'-ऑन्-*n.*a shield with coat of arms. कुलचिह्न की ढाल; **A blot on his escutcheon**(a blot on reputation.) यश पर लान्छन।

Eskimo–ऍस्क्'-इम्-ओ–*n.* (*pl.* **Eskimoes**) the aboriginal inhabitants of North America. उत्तरी अमेरिका के आदि निवासी।

Esoteric–एस्-सो-टर्'-इक्–*adj.* secret, initiated, confidential. गुप्त, संस्कार किया हुआ, गूढ़।

Especial–एस्-पेश्'-ऑल्-*adj.* special, particular. प्रधान, विशिष्ट; **Especially** (-ली) *adv.* in an especial degree. विशेषतः, प्रधानतः।

Espial–एस्-पि'-ऑल्– *adj.* see **Espy.**

Espionage – एस्'-पि-ऑन्-एज् – *n.* the practice of using spies. भेदियों का प्रयोग।

Esperanto-एस्-पर्-रॅन्'-टो-*n.*an artificial language designed to be used as a medium for the people of all nations. संसार के समस्त मनुष्यों के प्रयोग करने के लिये बनी हुई एक कृत्रिम भाषा।

Esplanade – एस्-प्ली-नेड्'–*n.* a level space for walking and driving. समतल क्रीड़ाभूमि, सम प्रदेश।

Espouse–एस्-पाउज़्'–*v. t.* to marry, to engage in marriage, to adopt. ब्याहना, सगाई करना, स्वीकार करना; **Espousal** (-ऑल) *n.* betrothal. विवाह, सगाई; **Espousing of a cause** (support of a motive.) पक्ष का अवलम्बन करना।

Espy–एस्-पाइ'–*v. t.* (*p. t.* **Espied**) to catch sight of, to observe, to detect. दूर से देख लेना, भाँपना, ताकना, भेद (पता) लगाना।

Esquire-ऍस्-क्वायर्′-*n.* (*abbr.* **Esq.**) a gentleman by birth, a landed proprietor. महाशय, श्रीमान्, जमींदार।

Essay-ऍस्′-से-*n.* an attempt, a literary composition. प्रयत्न, उद्योग, निबन्ध; *v. t.* (एस्-से′) to try, to attempt. प्रयत्न करना, परीक्षा करना; **Essayist** (-इस्ट) *n.* a writer of essays. निबन्धलेखक।

Essence – ऍस्′-सैन्स् – *n.* existence, intrinsic nature, the extracted qualities of a medicine, perfume. सत्व, निष्कर्ष, सार, हीर, इत्र।

Essential-ऍस्-सैन्′-शॅल्-*adj.* pertaining to essence, indispensable, pure. सारभूत, आवश्यक, (प्रधान), शुद्ध; **Essentiality** (-शि-ऑल′-इट्-ई) *n.* the quality of being essential. सारत्व; **Essentially** (-सैन्′-शॅल्-लि) *adv.* in an essential degree. सार रूप से।

Establish-एस्-टॅब्′-लिश्-*v.t.* to settle on permanent basis, to found, to place beyond dispute. स्थापित करना, (स्थिर करना), नींव डालना, दृढ़ करना, व्यवस्था करना; **Establishment** (-मैन्ट) *n.* settlement, public institution, household. संस्थापन, व्यवसाय का स्थान, नौकरचाकर।

Estate-एस्-टेट′-*n.* condition, rank, landed property. अवस्था, दशा, अचल सम्पत्ति (रियासत); **Personal estate** (movable property,) चल सम्पत्ति।

Esteem-एस्-टीम्-*v.t.* to think highly of, to regard. सम्मान (आदर) करना, मानना; *n.* respect, favourable opinion. आदर, सम्मान, **Esteemer** (-अर्) *n.* one who esteems. आदर करनेवाला।

Estimable-ऍस्′-टि-मॅ-ब्ल्-*adj.* deserving good opinion. मान्य, आदरणीय।

Estimate – ऍस्′-टि-मेट्–*n.* an opinion or judgment about the value of a thing. मूल्य निरूपण, आँक; *v. t.* to judge the value of, to calculate. मूल्य निरूपण करना, कूतना; **Estimation** (-टिम-ए′-शॅन्) *n.* reckoning, honour. आदर, सम्मान; **Estimator** (-मे′-टॉर्) *n.* गणना करनेवाला।

Estival-ऍस′ -टाइव्-ऑल्-*adj.* pertaining to summer. ग्रीष्म सम्बन्धी; **Estivate** (-टिव्-एट′) *v. i.* to pass the summer. गरमी बिताना।

Estop-ऍस्-टॉप्′-*v.t.* to stop by one's own act. अपने ही कार्य से रुकावट डालना; **Estoppel** (-पैल) *n.* such an impediment. ऐसी रुकावट।

Estrade-ऍस्-ट्रेड′– *n.* a raised platform. चबूतरा।

Estrange-एस्-ट्रेन्ज′ – *v. t.* to treat as an alien. स्नेह का भेद करना, परकीय करना; **Estranged** (-ड्) *adj.* alienated. विरक्त, निवृत्तस्नेह; **Estrangement** (-मैन्ट) *n.* the act of estranging. विरह, पृथक् भाव।

Estuary-ऍस्′-ट्यू-ऑर्-री-*n.* the tidal mouth of a river. नदीमुख, पुटभेद, समुद्र कोण।

Estuation – एस्-ट्यु-ए′-शॅन्-*n.* boiling. उबाल।

Esurine-ई′-स्यु-राइन्-*adj.* stimulating the appetite. भूख लगानेवाला।

Etcetera-एट्-सैट′-टर्-ऑ-*n.* the rest, and so on. इत्यादि।

Etch-ऍच्-*v.t.* to engrave on metal

plates by hand or by the help of acids. धातु के पात्र पर हाथ से या तेजाब से खोदना ; **Etching** (-इङ्ग्) *n.* act of etching. खोदने का कार्य;**Etcher** (-अर्) *n.* one who etches. ऐसी खोदाई करनेवाला ; **Etching-ground** (the coating of the etching plate.)धातु के पत्र पर मोम लगाना;**Etching-needle** (fine pointed instrument used in etching.) खोदाई करने की शलाका (सलाई) ।

Eternal - ए-टर्न्'-औल्–*adj*. what always existed and will always exist, unchangeable. नित्य (अनन्त), सनातन (अनादि); **Eternally** (-औल्-लि) *adv.* for ever, unchangeably. नित्य, सदा ।

Eternity-इ-टर्न्'-इट्-ई-*n.* being eternal, infinite time, future life, indefinite duration. नित्यता,अनन्त काल, भविष्य जीवन ।

Eternize–इ-टर्न्'-आइज़्–*v. t.* to make endless. अनन्त करना ।

Ether–ई'-थर्–*n.* upper regions beyond clouds, subtle elastic fluid supposed to fill space. आकाश, तेजोवह ।

Ethereal-इ-थिअर्'-इ-औल् – *adj.* airy, celestial. आकाशीय, वायव्य; **Etheric** (-इक्) *adj.* celestial. आकाश सम्बन्धी ; **Etherealize** (-आइज़्) *v.t.* to convert into ether. आकाशरूप में बदलना ।

Ethic–ऐथ्' - इक् – *adj.* relating to morals. नीति विषयक; **Ethical** (-औल्) *adj.* relating to morals. नीतिशास्त्रीय; **Ethically** (-औल्-लि) *adv.* according to the rules of morality. आचार के अनुसार ; **Ethics**।(ऐथ्'-इक्स्) *n.* the science of morals. नीतिशास्त्र, आचारनीति ।

Ethmoid–ऐथ्'-मॉएड् – *adj.* resembling a sieve. चलनी के आकार की ।

Ethnic, Ethnical–ऐथ्'-निक्-(-औल्) *adjs.* pertaining to race. जाति संबंधी

Ethnology–एथ्-नॉल्'-ऑज्-ई – *n.* the science of the varieties of human race. नृवंशविद्या, मनुष्य जाति का परस्पर सम्बन्ध, इनकी विशेषता इत्यादि की विद्या ; **Ethnological** (-नो-लाज्'-इक्-औल) *adj.* चरित्र शास्त्र सम्बन्धी ; **Ethnologist** (-इस्ट) *n.* नृवंशविद्या निपुण ।

Ethology – ऍ - थॉल्'-ऑ - जी–*n.* the science of character. चरित्र शास्त्र ।

Ethos-ई-'थॉस्-*n.* general characteristics. सामान्य प्रकृति ।

Ethyl–ऍथ्'- इल्– *n.* the base of alcohol. नशीली वस्तु (मद्यसार) का आधार ।

Etiology–ई'-टि-ऑल्'-ऑज्-ई – *n.* the study of causes (especially of diseases.) (रोग के) कारणों का अध्ययन ; **Etiological** (-औल्) *adj.* कारण संबंधी ।

Etiquette–एट्'-इ - कॅट – *n.* conventional rules of polished society. सदाचार, (विनय रीति), शिष्टाचार ।

Etui, Etwee–ऍट - वी' – *n.* a small case for holding needles &c. सूई इत्यादि रखने की छोटी डिबिया ।

Etymological-एट्-इ-मॉ-लॉज्'-इक्-औल् – *adj.* pertaining to etymology. व्युत्पत्ति विषयक ; **Etymologist** (-इस्ट) *n.* one who is versed in etymology. शब्द व्युत्पत्ति में निपुण; **Etymologize** (-आइज़्) *v. t.* to search into the origin of words. शब्द की व्युत्पत्ति

निकालना।

Etymology–ऍट्-इ-मॉल्′-ओज्-ई–*n.* facts relating to the formation and meaning of words. शब्दव्युत्पत्ति, शब्दसाधन।

Eucalyptus-यू-कॉ-लिप्′-टस–*n.* a kind of gum tree. एक प्रकार का गोंद का वृक्ष; **E. oil.** इस वृक्ष का फल या तेल।

Euclid–यू′-क्लिड्–*pr. n.* a famous mathematician of Alexandria, his treatises on geometry. यूनानी गणितज्ञ जिसके नाम से रेखागणित प्रसिद्ध है।

Eugenic–यू-जॅन्′-इक्-*adj.* pertaining to the production of fine off-spring. सुंदर संतति उत्पन्न करने के विषय का; **Eugenics** *n.* मनुष्य की उन्नति विषयक शास्त्र।

Eulogic-यू-लॉज्′-इक्-**Eulogical**(-ऑल्) *adjs.* complementary. प्रशंसक, स्तुतिमय; **Eulogically** (-ऑल्-लि) *adv.* with praise. प्रशंसापूर्वक।

Eulogist–यू′-लो-जिस्ट–*n.* one who praises. स्तुतिपाठक, बन्दी, भाट; **Eulo gistic** (-जिस्ट-इक) *adj.* full of praise. स्तुतिमय, प्रशंसापूर्ण; **Eulogistically** (-ऑल्-लि) *adj.* with commendation. स्तुति पूर्वक; **Eulógize** (-जाइज़) *v.t.* to extol, to praise. प्रशंसा करना, स्तुति करना।

Eulogy-यू′-लॉ-जी–*n.* speech or writing in praise of a person. प्रशंसा, स्तुति, गुणवर्णन।

Eunuch–यू′-नक्-*n.* a castrated male person. षण्ड, नपुंसक, हिजड़ा।

Euonym–यू′-ओ-निम्–*n.* a fitting or proper name for a thing. किसी पदार्थ का योग्य नाम।

Eupepsy–यू-पॅप्′-सी–*n.* good digestion. अच्छी पाचन शक्ति।

Euphemism–यू-फ़ॅम्′-इज़्म्–*n.* substitution of mild expression for an unpleasant thing. मंगल भाषित, कठोर बात को कोमल शब्दों में कहना; **Euphemistic** (-इस्ट-इक्) *adj.* containing euphemism. मंगलभाषी; **Euphemistically** (-ऑल्-लि) *adv.* in an euphemistic way. मंगल भाषण से।

Euphonic–यू′-फ़ॉन्-इक–*adj.* euphonical. सुस्वर सम्बन्धी; **Euphonically** (-ऑल्-लि) *adv.* in an euphonic manner. मधुरता से।

Euphony–यू′-फ़ॉ-नी–*n.* a pleasing or agreeable sound. मधुर स्वर, सुरीला शब्द।

Euphorbia-यू-फ़ोर्′-बि-ऑ-*n.* a prickly plant. सेंहुड़, समन्तदुग्धा।

Euphuism–यू′-फ़्यु-इज़्म्–*n.* a bombastic style of writing. बड़े बड़े कठिन शब्दों का प्रयोग की हुई लिखावट।

Eurasian–युर्-ए′-ज़न्–*adj.* of mixed European and Asiatic parentage. किरानी, दोगला अंग्रेज।

Eureka–यु-रीक्′-ऑ–*n.* & *interj.* a brilliant discovery, I have found it! अपूर्व आविष्कार, पा लिया!

European–यूर्-ओ-पी′-ऑन्–*adj.* & *n.* belonging to Europe, a native of Europe. यूरोप सम्बन्धी, यूरोप का निवासी; **Europeanize** (-आइज़) *v. t.* to make European. यूरोपीय बनाना।

Evacuate–ए-वैक्′-यु-एट–*v. t.* to empty out, to discharge. शून्य करना, निकालना; **Evacuation** (-ए′-

शॉन्) *n.* discharges by stool. परित्याग, मलोत्सर्ग; **Evacuee** (-ई) *n.* person who is compelled to leave his native place during war. युद्ध के कारण जन्मस्थान छोड़कर अन्यत्र जाने वाला शरणार्थी।

Evade–ए-वेड्'–*v. t.* to escape from, to avoid, to elude. हटाना, बचाना, वाक्छल करना; ; **Evasion** (-वे'-ज़ॉन्) *n.* means of evading, shuffling. छल, कपट वञ्चन; **Evasive** (-वेज़्'-इव्) *adj.* using evasion. कपटी,कुटिल; **Evasively** (-ली) *adv.* in an evasive manner. वक्र उक्ति से।

Evanesce–एव्-वीन्-एस्'–*v. i.* to disappear, to go out of sight. अन्तर्धान होना,अदृश्य होना; **Evanescent** (-एन्ट) *adj.* quickly disappearing. शीघ्र लुप्त होजानेवाला।

Evangel–ए-वीन्'-जेल्–*n.* the Gospel. क्रिस्तान मत की धर्मशिक्षा; **Evangelic** (-जेल्'-इक) **Evangelical** (-ऑल्) *adjs.* according to the teachings of the Gospel. ईसाई मत की धर्म पुस्तक सम्बन्धी; **Evangelism** (-इज़्म) *n.* preaching of the Gospel. धर्म प्रचार; **Evangelist** (-इस्ट) *n.* a preacher of the Gospel. धर्मोपदेश करनेवाला।

Evanish–ए-वीन्'-इश–*v. t.* to vanish, to die away. लुप्त होना, नष्ट होना।

Evaporate–ए-वैप्'-ऑर्-एट्'–*v. t.* to turn into vapour, to disappear. बाष्प रूप (भाफ़) में उड़ना, नाश होना, लय होना; **Evaporation** (-ए'-शॉन्) *n.* act of evaporating. बाष्पीकरण; **Evaporative** (-इव्) *adj.* बाष्प संबंधी; **Evaporator** (-ऑर्) *n.* तरल पदार्थ को गरम करके गाढ़ा करने का यन्त्र।

Evasion, Evasive–see **Evade.**

Eve–ईव्–*n.* evening. सायंकाल, सन्ध्या

Even–ई'-वेन्–*n.* (*poet.*) evening. (कविता में) सन्ध्या; *adj.* level, smooth, uniform. चौरस, चिकना, सम (बराबर); *adv.* likewise, just. भी, अभी, वही; *v. t.* to make even, to treat as equal. समतल करना,बराबर करना; **Even-handed** (without prejudice.) समदर्शी, अपक्षपाती; **Evenminded** (with equal mind.) समचित्त भाव का; **Even-though** (**Even if**) although. यद्यपि।

Evening– ई'-वेन्-इङ्ग् – *n.* the close of the day. सन्ध्या, सन्ध्या समय, साँझ; *adj.* being at the close of the day. संध्याकालीन; **Evening star.** शुक्र तारा।

Evenly–ई'-वेन्-ली– *adv.* in an even manner. बराबरी से; **Evenness** (-नेस्) *n.* the state of being even. समानता तुल्यता।

Event–ए-वेन्ट्'– *n.* that which happens, incident. वृत्तान्त,घटना; **At all events** (in every case.) सब अवस्था में; **In the event of** (in case of.) यदि; **Eventful** (-फ़ुल्) *adj.* full of incidents, momentous. घटनापूर्ण, विख्यात; **Eventless** (-लेस्) *adj.* without incidents. असंगत; **Eventual** (-यू-ऑल्) *adj.* final. अन्तिम; **Eventuality** (-इट-ई) *n.* possible event. सम्भाविक घटना; **Eventually** (-लि) *adv.* in the final issue. अन्ततः, अन्त में; **Eventuate** (-एट्) *v. i.* to result. घटना होना, परिणाम होना।

Eventide– ई'-वेन्-टाइड्– *n.* evening. सन्ध्या काल।

Ever–ऍव्'-अर्- *adv.* always, at all times. सर्वदा, नित्य ; **Ever and anon** (now and then) कभी कभी ; **Ever blooming** (always blooming.) नित्य पुष्पित ; **Ever changing** (always changing.) डवाँडोल; **Evergreen** (always fresh.) सदा हरा ; **Everlasting** (endless, perpetual.) अमर, नित्य, अनन्त ; **Evermore** (always.) सर्वदा; **Eversince** (from that time.) तब से ; **Everso** (to any extent.) थोड़ा सा ; **For ever and a day** (incessantly.) निरन्तर ।

Eversion–ऍ-वर्'शॉन्– *n.* turning inside out. बाहर को उलटना ।

Evert–ऍ-वर्ट्'– *v. t.* to turn inside out. बाहर को उलटना ।

Every– ऍव्'-अर्-ई – *adj.* each, all. प्रत्येक, सब ; **Everybody** (every one.) प्रत्येक मनुष्य ; **Everyday** (common.) सामान्य; **Everyone** *n.* प्रत्येक व्यक्ति ; **Everything** *n.* प्रत्येक पदार्थ ; **Everywhere** (in every place.) सर्वत्र ।

Evict–ए-विक्ट्'–*v. t.* to expel by legal process, to dispossess. कानून से हटाना, बेदखल करना ; **Eviction** (-विक्'-शॉन्) *n.* dispossession. बहिष्कार ; **Evictor** (-ऑर्) *n.* one who evicts. हटाने वाला ।

Evidence – एव्'-इड्-एन्स् – *n.* testimony, information for establishing a fact, witness. प्रमाण, साक्षी, गवाही, गवाह ।

Evident–ऍव्'-इड्-ऍन्ट्–*adj.* obvious, clear. स्पष्ट (प्रत्यक्ष), प्रगट; **Evidential** (-एन्श्'-ऑल) *adj.* tending to prove. प्रमाण कारक ; **Evidentially** (-लि) by way of evidence. प्रमाण की तरह; **Evidently** (-ली) *adv.* clearly. प्रत्यक्ष रूप से ।

Evil–ई'-विल्-*adj.*(*comp.*Worse,*sup.* Worst) bad, harmful, wicked. अधम (पापी), निंदित, दुष्ट; *n.* sin, harm. पाप, दुष्टता (दुःख); **Evil doer** (one who does evil.) कुकर्मी, पातकी ; **Evil eye** (power of injuring by the look.) कुदृष्टि, पापदृष्टि ; **Evil minded** *adj.* दुष्ट प्रकृति वाला ; **Evilness** *n.* दुष्टता, शठता ।

Evince–ए-विन्स्'-*v. t.* to prove, to indicate clearly. निर्दिष्ट करना, प्रकाशित करना, सूचित करना ; **Evincive** (-इव्) **Evincible** (-इ-बल्) *adjs.* tending to demonstrate. दर्शक, सूचक ।

Evirate–ऍव्-इर्-एट्'-*v.t.* to castrate. बधिया करना ।

Eviscerate–ए-विस्'-सर्-एट् – *v. t.* to disembowel,to gut. आँतों को निकालना ।

Evocation–ऍव्-ओ-कें'-शन्–*n.* calling forth. बुलाहट, पुकार ।

Evoke–ए-वोक्'–*v.t.* to call up, to summon. पुकारना, बुलाना ।

Evolution–एव्-ओ-ल्यू'-शॉन्-*n.*the act of opening out, appearance in succession, development. विवरण, विस्तार, क्रमिक उन्नति ; **Theory of evolution** (that species are not created severally but that they originate by series of development.) परिमाणवाद; **Evolutionary** (-ऑर्-री) ; **Evolutional** (-ऑल) *adjs.* परिमाणवाद संबंधी ; **Evolution-**

ism (-इज़्म्) यह सिद्धान्त।

Evolve–ईं-वॉल्व्'– *v. t.* to unfold, to open out, to develop. खोलना (फैलाना), प्रगट करना, विस्तृत करना; **Evolvement** (-मेंन्ट) *n.* development. विस्तार, फैलावट।

Evulsion-ईं-वल्'-शॉन्-*n.* extraction by force. आकर्षण।

Ewe–यू–*n.* (*mas.* **Ram**-रैम्) female sheep, भेड़, मेषी।

Ewer–यू'-अर्–*n.* a pitcher, a water-jug. जलपात्र (सुराही, कमण्डलु), लोटा।

Ex–ऍक्स्–*pref.* in sense of "out, thoroughly, free from, formerly." "बाहर, पूर्ण रूप से, पृथक्, पूर्व" इत्यादि अर्थ का उपसर्ग।

Exact – एग्ज़्-ऍक्ट्' – *adj.* precise, accurate, strictly correct. ठीक ठीक, यथार्थ, परम, शुद्ध; *v.t.* to demand and enforce payment of. बल पूर्वक माँगना (छीनलेना); **Exactable** (-ऍ-बल्) *adj.* छीनने योग्य; **Exactitude** (-इ-ट्यूड्); **Exactness** (-नॅस्) *ns.* यथार्थता; **Exacting** (-इङ्ग्) *adj.* unreasonable in making demands. अनुचित माँग करनेवाला; **Exaction** (-ऍक्'-शॉन्) *n.* extortion. न्याय विरुद्ध माँग; **Exactly** (-ली) *adv.* accurately, quite so. यथावत्, ठीक ठीक, बहुत ठीक।

Exaggerate–ऍग्ज़्-ऍज्'-अर्-एट्– *v. t.* to intensify, to aggravate. विस्तृत रूप से वर्णन करना. बढ़ाकर कहना; **Exaggeration** (-ए'-शॉन्) *n.* amplification, extravagant statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति; **Exaggerative** (-इव्) *adj.* amplificative, having tendency to exaggerate. असत्य अथवा बढ़ाकर कहनेवाला; **Exaggerator** (-टॉर्) *n.* one who exaggerates, लम्बी चौड़ी बात करनेवाला।

Exalt–एग्ज़्-ऑल्ट्'–*v. t.* to raise to a high rank, to praise, to extol. उन्नति करना, प्रशंसा करना, बढ़ाना; **Exaltation** (-ए'-शॉन्) *n.* elevation. उन्नति, प्रशंसा; **Exalted** (-एड्) *adj.* elevated, raised to a height. ऊँचा किया हुआ।

Examination–एग्-ज़ैम्-इन्-ए-शॉन्–*n.* testing of knowledge, investigation. परीक्षा, अनुसन्धान, निरीक्षण।

Examine-एग्'-ज़ैम्'-इन्-*v.t.& i.* to investigate, to scrutinize, to inquire into. परीक्षा करना (अनुसन्धान करना), विचार करना, जाँचना; **Examinee** (-ई') *n.* one who is examined. परीक्षा देनेवाला; **Examiner** (-अर्) *n.* one who examines. परीक्षक।

Example–एग्-ज़ैम्'-प्ल्–*n.* fact, instance, warning. उदाहरण, दृष्टान्त, चेतावनी; *v. t.* to exemplify. दृष्टान्त देना, सचेत करना; **Examplar** (-प्लॅर्) *n.* a pattern. आदर्श, नमूना; **Examplary** (-प्लॅर्-ई) *adj.* serving as an example. आदर्शभूत, अनुकरणीय।

Exanimate – एग्-ज़ॅन्'-इम्-एट् – *adj.* dead, lifeless, spiritless. निर्जीव, निरुत्साह; **Exanimation** (ए'-शॉन्) *n.* death. मृत्यु।

Exasperate–एग्-ज़ैस्'-पर्-एट्–*v. t.* to irritate, to provoke. क्रुद्ध करना, उत्तेजित करना, भड़काना; **Exasperation** (-ए'-शॉन्) *n.* rage, provocation. क्रोधोद्दीपन, उत्तेजन; **Exasperating** (-टिङ्ग्); **Exasperative** (-टिव्) *adjs.* irritating. उत्तेजक।

Excarnate - ऍक्स्-कार्'-नेंट - *v. t.* to deprive of flesh. मांस हटाना; **Excarnation** (-नें'-शॉन्) *n.* मांस हटाने का कार्य ।

Excavate-ऍक्स्'-कॅव्-एट-*v. t.* to dig out, to make hollow. खोदना, पोला करना, खनना; **Excavation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of excavating. खोदाई; **Excavator** (-ए'-टॉर्) *n.* one who excavates. खोदनेवाला ।

Exceed-एक्-सीड्'-*v.t.* & *i.* to go beyond limit, to surpass or excel. सीमा से बाहर जाना, अधिक होना, बढ़ना; **Exceeding** (-इङ्ग्) *adj.*too much. अधिक, बहुत; **Exceedingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.*in a great degree. अति, अत्यन्त ।

Excel-ऍक्-सैंल्'-*v.t.*& *i.* (*p.t.* **Excelled**) to surpass, to be superior. विशिष्ट करना, बढ़ना, श्रेष्ठ होना; **Excellence** (-लैंन्स्) *n.* superiority, greatness. विशिष्टता, श्रेष्ठता ।

Excellency-एक्'-सैंल्-ऍन्-सी-*n.* (*pl.* **Excellencies**.) a title of honour. महाराज, प्रभु ।

Excellent - ऍक्स्-सैंल्'-लॅन्ट-*adj.* pre-eminent. श्रेष्ठ, उत्तम ; **Excellently** (-ली)*adv.*exceedingly,in an exceeding manner.विशिष्ट प्रकार(उत्तम रूप)से ।

Excelsior-एक्-सैंल्'-सि-ऑर्-*adj.* still higher. और भी उत्तम ।

Except - ऍक्-सैंप्ट्'-*v. t.* & *i.* to exclude,to make objection against. अलग करना एतराज़ करना; *prep.* not including, but. सिवाय,अतिरिक्त,बिना ।

Exception-ऍक्-सैंप्'-शॉन्-*n.* not according to rule, exclusion. त्याग, अपवाद ; **Exceptionable** (-ऑं-ब्ल्) *adj.* objectionable. आक्षेप करने योग्य; **Exceptional** (-ऑंल्) *adj.* unusual. अपवादभूत, अलौकिक ; **Exceptionally** (-ऑल्-लि) *adv.* specially,in an exceptional way. अलौकिक रूप से ।

Excess-एक्-सैंस्'-*n.* intemperance, superfluity. असंयम, अधिकता ; **Excessive** (-इव्) *adj.* extravagant, vehement. अधिक, अत्यन्त ; **Excessively** (-इव्-ली) *adv.* in an extreme degree. विशेष करके ; **Excessiveness** (-नैंस्) *n.* अधिकता ।

Flap-फ़्लैप्-*n.* anything broad and hanging. लोलक, लटकती हुई वस्तु; *v. t.* (*p. t.* **Flapped**) to strike with something broad, to move wings. किसी चौड़ी वस्तु से मारना, पर फड़फड़ाना ; **Flapper** (-अर्) *n.* that which flaps. फड़फड़ानेवाला पदार्थ।

Flare-फ़्लें'-अर्-*v. i.* to glitter with bright unsteady flame, to cause to bulge. हिलती ज्वाला से चमकना, झुलमुलाना, फूलना ; *n.* an unsteady light. झुलमुलाती हुई चमक ; **Flare up** (excitement of anger.) क्रोध का उद्वेग।

Flash-फ़्लैश्-*v.i.* & *t.* to break into flame suddenly. सहसा प्रकाशित होना (चौंधाना, चमकाना); *n.* a sudden blaze. चमक, दीप्ति; **Flash light** (an

intermittent light.) ठहर ठहर कर चमकने वाला प्रकाश ; **Flash of hope** (ray of hope.) थोड़ी सी आशा; **In a flash** (suddenly.) सहसा, एकाएक; **To flash up** (to gleam.) चमक उठना, उद्वेग दिखलाना ; **Flashiness** (-इ-नैस्) *n.* state of being flashy. चमकदमक ; **Flashy** – फ्लैश्'-ई – *adj.* brilliant, attractive. चमकीला, चित्ताकर्षक ।

Flask–फ्लैस्क्–*n.* a narrow necked bottle. पतली गर्दन का बोतल, कुप्पी ; **Flasket** (-ऍट्) *n.* a long shallow basket. लम्बी छिछली दौरी ।

Flat–फ्लैट्–*n.* storey, rooms on one floor. खण्ड (मंज़िल), एक खंड के कमरे ।

Flat-फ्लैट्-*adj.*(*comp.* **Flatter**, *sup.* **Flattest**) level, insipid, slow-witted, wanting relief. समभूमि (समतल), नीरस, मन्द बुद्धि,बिना उभाड़ का; **Flat denial** (total refusal.) पूरी अस्वीकृति; **Flat iron** (plate for ironing.) इस्त्री करने का लोहा; **Flat of hand** (palm of hand.) हथेली ; **To fall flat** (to be unsuccessful.) असफल होना ; **Flatly** (-ली) *adv.* in a flat manner, positively. चौरस रूप में, पूरी तरह से ; **Flatness** (-नैस्)*n.*state of being flat. समतलता; **Flatten** (-ऍन्) *v. t.* to make flat. चौरस करना ।

Flatter – फ्लैट्'-टर्–*v. t.* to over-praise, to compliment falsely, to gratify, to exaggerate. मिथ्या प्रशंसा करना, चापलूसी करना, फुसलाना झूठी आशा उत्पन्न करना; **Flatterer**(-अर्) *n.* one who flatters. मिथ्या प्रशंसक, चापलूस;**Flattery**(-ई)*n.*false praise. मिथ्या प्रशंसा ; **Flattering** (-इङ्ग) *adj.* pleasing to pride. प्रशंसापूर्ण; **Flatteringly** (-इङ्ग-ली) *adv.* in a flattering manner. अति प्रशंसा से ।

Flatulence–फ्लैट्'-यू-लैन्स्–*n.* windiness. वायु, वायुफुल्लता ।

Flatulent–फ्लैट्'-यू-लैन्ट्– *adj.* inflated, attended with wind. फूला हुआ, वायुपूर्ण ; **Flatulently** (-ली) *adv.* in a flatulent manner. फूलन से ।

Flatus – फ्लै'-टस् – *n.* wind in the stomach. पेट की वायु ।

Flaunt – फ्लॉन्ट – *v. i.* to show off oneself, to flatter, to display oneself. उद्धता दिखलाना, मिथ्या प्रशंसा करना, अकड़ना ; **Flaunter** *n.* मिथ्या प्रशंसक ; **Flaunting** (-इङ्ग) *adj.* making ostentatious display. अकड़ाई का ; **Flauntingly** (-ली) *adv.* in a flaunting manner. मदोद्धता से ।

Flavescent–फ्लॅ-वॅस्'-सॅन्ट्– *adj.* yellowish, turning yellow. कुछ पीला, पीला होता हुआ ।

Flavorous – फ्लॅ'-वर्-अस् – *adj.* of pleasant flavour. स्वादिष्ट, सुरस ।

Flavour–फ्लॅ'-वर्–*n.* aroma, relish, distinctive taste. स्वाद, रस, सुरस ; *v.t.* to season. स्वादिष्ट करना, मसालेदार बनाना; **Flavouring** (-इङ्ग) *n.* any substance used to give a flavour. स्वादिष्ट बनाने का मसाला ; **Flavourless** (-लैस्) *adj.* without relish. बेस्वाद, निरस ; **Flavoursome** (-सम्) *adj.* full of relish. स्वादु ।

Flaw–फ्लॉ–*n.* crack, imperfection, blemish, defect. छिद्र, न्यूनता, दोष,

धब्बा; *v. t.* to break, to crack. छेदना, नष्ट करना; **Flawless** (-लैस्) *adj.* without defect. निर्दोष; **Flawlessly** (-ली) *adv.* not in a defective manner. निर्दोषता से; **Flawlessness** (-नैस्) *n.* the quality of being flawless. निर्दोषता।

Flax-फ्लैक्स्- *n.* a blue-flowered plant from the fibres of which linen is made. पटुआ, सन; **Flaxen** (-ऐन्) *adj.* made of flax. पटुआ या सन का बना हुआ।

Flay-फ्ले-*v. t.* to strip off the skin or hide, to plunder. चमड़ा या खाल उतारना, लूटना; **Flay flint** (a very niggardly person.) पिचास, लालची।

Flea - फ्ली - *n.* a kind of small jumping insect. देहिका, पिस्सू; **Flea-bite** (a trifling trouble.) थोड़ी सी असुविधा; **Flea-wort** (-वर्ट) *n.* a kind of plant. इसबगोल।

Fleam-फ्लीम्-*n.* a lancet for bleeding horses. घोड़े का नश्तर।

Fleck-फ्लैक्-*v. t.* to mark with spots. चित्रित करना, चित्ती डालना; *n.* a spot on skin. धब्बा, दाग; **Flecker** (-अर्) *v. t.* to variegate. चितकबरा करना; **Fleckless** (-लैस्) *adj.* unspotted. बिना दाग का।

Fled-फ्लैड्-*p. t.* & *p. p.* of **Flee**.

Fledge-फ्लैज्- *v. t.* to provide or furnish with feathers. परदार करना (उड़ने योग्य बनाना); **Fledged** (-ड) *adj.* with feathers. पक्षयुक्त; **Fledgling** (-लिङ्ग) *n.* a young bird, inexperienced person. पक्षी का बच्चा, अनुभवहीन मनुष्य।

Flee-फ्ली-*v.i.* & *t.* (*p.t.&p.p.* **Fled**) to run away, to leave abruptly, to shun. भाग जाना, एकाएक त्यागना, घृणा करना।

Fleece-फ्लीस्-*n.* wool of sheep, thin fibre. भेंड़ का रोवाँ, मुलायम रेशा; *v. t.* to shear wool from sheep. भेंड़ का बाल काटना; **Fleecy** (फ्ली'-सी) *adj.* covered with soft wool. रोवेंदार।

Fleer-फ्लीर्-*v. i.* to laugh mockingly, to sneer. उपहास करना, ताना मारना; *n.* mockery, उपहास; **Fleering** (-इङ्ग) *adj.* mocking. ताना मारनेवाला; **Fleeringly** (-ली) *adv.* in a mocking way. ताना मारते हुए।

Fleet-फ्लीट-*n.* number of warships or boats, inlet. नौका समुदाय, जहाजों का बेड़ा, खाड़ी; *adj.* swift, nimble. शीघ्रगामी, चंचल; *v. i.* to fly swiftly, to flit. जल्दी से भागना, चंपत होना; *v. t.* to pass in joy. आनन्द से बिताना; **Fleeting** (-इङ्ग) *adj.* transient. क्षणिक, क्षणभंगुर; **Fleetingly** (-इङ्ग-ली) *adv.* in a fleeting manner. शीघ्रता से; **Fleetness** (-नैस्) *n.* swiftness. शीघ्रता।

Flench-फ्लैन्श्'-*v.t.* to cut up whale. ह्वेल मछली को काटना।

Flesh-फ्लैश्-*n.* the muscular part of animal bodies, animal food. शरीर का मांसल भाग, मांस; **Flesh and blood** (near relatives.) समीप के सम्बन्धी; **Fleshings** (-इङ्ज़) *n. pl.* clothes of flesh-colour. चमड़े के रंग के वस्त्र; **Fleshmonger** (-मङ्ग'-गर्) *n.* one who sells meat. मांस बेचनेवाला; **Fleshless** (-लैस्) *adj.* with-

out flesh. मांसहीन; **Fleshy** (-ई) *adj*. stout, pulpy. पुष्ट (मोटा) मांसल; **In flesh** (fat.) मोटा; **In the flesh** (in corporeal form.) शरीर रूप में।

Fletch–फ्लेंश्–*v. i.* to put feathers on an arrow. तीर में पर लगाना; **Fletcher** (-अर्) *n.* an arrow-maker. तीर बनानेवाला।

Fleur-de-lis–फ्लर्-डॆ-ली′–*n.* the royal badge of old France, iris flower, the flower of the lily. फ्रान्स का प्राचीन राजचिह्न, कुमुदनी का फूल।



Fleur-de-lis.

Fleurettee–फ्लेॅर्′-एट्–*n.* an ornament like a small flower. छोटे फूल के आकार का आभूषण।

Flew–फ्लू–*p. t.* of **Fly**.

Flex–फ्लेॅक्स्–*v. t.* to bend. झुकाना; *n.* flexible or insulated wire. लचीला या रेशम लपेटा हुआ तार।

Flexible–फ्लेॅक्स्′-इ-ब्ल्–*adj*. pliant, easily bent. मुलायम, लचीला; **Flexibility** (-इट्-ई) *n.* the quality of being flexible, लचीलापन; **Flexibly** (-इब्-ली) *adv.* in a pliant manner. लचीलेपन से

Flexile–फ्लेॅक्स्-इल्–*adj*. pliant, pliable, मुलायम, लचीला।

Flexion-फ्लेॅक्′-शॉन्-*n.* bending. घुमाव।

Flexor-फ्लेॅक्स्′-ऑर्-*n.* a muscle that bends. जो पेशी किसी अंग को घुमाती है।

Flexuous–फ्लेॅक्स्′-यू-अस्–*adj*. bending. घुमौवा (मोड़ों से भरी हुई)।

Fley,Flay–फ्ले–*v. t.* to cause to fly, to terrify. उड़वाना, डराना।

Flick–फ्लिक्–*n.* a light blow, jerk. धक्का, झटका, *v. t.* to jerk or trikes. झटका देना, पीटना।

Flicker–फ्लिक्′-अर्–*v. i.* to quiver, to flutter, to burn unsteadily. झिलमिलाना (कंपना), हिलते हुए जलना; **Flickering** (-इङ्ग्) *adj*. unsteady. चञ्चल।

Flier–फ्लाइ′-अर्–see **Flyer**.

Flight – फ्लाइट् – *n.* act of flying through air, flock of birds or insects, swift passage, distance that a bird &c. can fly, series of steps, suddenly running away. उड़ान, पक्षियों अथवा कीड़ों का समुदाय, शीघ्र गति, पक्षी के उड़ने की दूरी, सीढ़ियों का डंडा, भगदड़; **Flight Commander** *n.* officer of the Royal Air Force. हवाई सेना का प्रधान अफ़सर; **Flighty** (-ई) *adj*. fickle, crazy. चंचल, चपल।

Flimflam–फ्लिम्′-फ्लॅम्–*n.* idle talk, nonsense. गप्प, बकवाद

Flimsily-फ्लिम्ज़्′-इ-ली-*adv*. in a frail manner. दुर्बलता से; **Flimsiness** (-इ-नॆस्) *n.* quality of being frail. असारता।

Flimsy–फ्लिम्′-ज़ी–*adj*. frail, trivial, weak. निर्बल, असार, शक्तिहीन।

Flinch–फ्लिन्च्–*v. i.* to give way, to shrink. विमुख होना, ठमकना।

Flinders– फ्लिन्′-डर्ज़्–*n.* *pl.* fragments, splinters. टुकड़े, चैली।

Fling–फ्लिङ्ग्–*v.i.* & *t.* (*p.t.* **Flung**) to rush violently, to throw, to hurl, to spread arms, to send, to throw on ground. टूट पड़ना,

फेंकना, हाथ बढ़ाना, भेजना, पृथ्वी पर पटक देना ; *n.* a throw. फेंकान ; **To fling away** (to reject, to discard.) टालना, हटाना : **To fling down** (to ruin.) नाश करना ; **To fling in** (to throw in.) फेंकना ; **To fling out** (to utter.) बोलना ; **To fling up** (to abandon.) त्यागना ; **To have a fling at** (to try.) प्रयत्न करना।

Flint–फ्लिन्ट्–*n.* a kind of red hard stone. चकमक पत्थर; **Flint hearted** *adj.* कठोर हृदय; **Flinty** (–ई) *adj.* like flint. चकमक पत्थर के समान ; **Flintiness** (-ई-नॅस्) *n.* the quality of being flinty. कठोरता।

Flip–फ्लिप्–*v. t.* (*p. t.* **Flipped**) to jerk, to move, to strike. झटका देना, हटाना, मारना।

Flip-flap–फ्लिप्–फ्लॅप्–*adv.* & *n.* repeated stroke. पटाखा, चटका।

Flipper–फ्लिप्-पर्–*n.* moving limb. हिलानेवाला अङ्ग।

Flippancy–फ्लिप्-पॅन्-सी-*n.* fluency of speech. वाणी की चपलता।

Flippant–फ्लिप्' - पॅन्ट्–*adj.* trivial, talkative, disrespectful. क्षुद्र, बकवादी, अविनीत; **Flippantly** (-ली) *adv.* in a talkative manner. बकवाद करते हुए।

Flirt–फ्लर्ट्–*v. t.* to send with a jerk, to move briskly. झटके से फेंकना, वेग से हिलाना या उछालना ; *n.* a sudden jerk. तेज झटका ; **Flirtation** (-ए'-शन्) *n.* a quick motion, playing at courtship. स्फुरण, (कम्प), चोचला ; **Flirtatious** (–ए'–शस्)*adj.* given to flirting. कम्पमान।

Flit–फ्लिट्–*v. i.* to depart, to fly lightly. भाग जाना, उड़ जाना।

Flitch–फ्लिच्–*n.* slice of hog salted and cured, slice. सुअर का नमक मसाला लगाया हुआ बगल का मांस, टुकड़ा।

Flitter–फ्लिट्'–टर्– *v. i.* to flutter. फड़फड़ाना।

Float–फ्लोट्–*n.* a raft, something that swims, tool for smoothing plaster. डोंगा, तैरनेवाला पदार्थ, पलस्तर चिकनाने का हथियार;*v.i.*to be suspended in liquid or air, to launch a company,to hover. जलवायु इत्यादि पर तैरना, व्यवसायिक संघ स्थापित करना, घूमना; **Floatable** (–ऑ–ब्ल्) *adj.* capable of being floated. तैरने योग्य; **Floatation** (–ए'–शन्) *n.* act of floating. तैरने की क्रिया।

Floating–फ्लोट्'–इङ्ग्–*n.* act of being conveyed by stream. तैरान ; *adj.* resting, buoyant on water, circulating. तैरता हुआ, चलायमान ; **Floating bridge** *n.* a pontoon bridge. पीपे का पुल; **Floatingly** (–इङ्ग्–ली) *adv.* in a floating manner. तैरते हुए।

Floccule–फ्लॉक्'–यूल्-*n.* small flock of wool. ऊन का छोटा ढेर ; **Flocculent** (–ऍन्ट्) *adj.* woolly. ऊनदार ; **Flocculose** (–लोस्) *adj.* woolly. ऊनदार।

Flock–फ्लॉक्'–*n.* a number of animals, birds &c., family of children, number of pupils. पशु पक्षी इत्यादि का समूह (झुण्ड), बच्चों या विद्यार्थियों का समुदाय ; *v. i.* to flock together

in crowds. झुण्ड लगाना, भीड़ मचाना।

Floe-फ्लो-*n.* a sheet of floating ice. जल पर तैरता हुआ बरफ का टुकड़ा।

Flog-फ्लॉग्-*v. t.* (*p.t.* **Flogged**) to beat with a whip or cane. बेंत या चमोटी से मारना; **Flogging** (-गिङ्ग्) *n.* a whipping for punishment. दण्ड रूप में बेंत की मार।

Flood-फ्लड्-*n.* an overflow of tide, river, outpouring of water. प्रवाह (भाटा), नदी, जलप्रलय; *v.t.* to overflow. जलसे पूरित करना, सींचना; **Floodgate** (a sluice for letting water run.) जलद्वार; **Floodmark** (high watermark.) बाढ़ का सबसे ऊँचे पानी का चिह्न; **Flood of tears** (flow of tears.) अश्रुपात; **Floodtide** (tide when rising.) ज्वार; **Universal flood** (final destruction of universe.) महाप्रलय।

Floor-फ्लोर्-*n.*bottom surface of a room &c., storey. भूतल (गृहमूल), घर का खण्ड; *v.t.* to furnish with floors. छत बनाना, पटिया जमाना; **Groundfloor** (ground level.) पृथ्वीतल; **Floorcloth** (material for covering floors) जाजिम, दरी, गलीचा; **To bring to the floor** (to perplex.) घबड़ा देना।

Flooring-फ्लोर्'-इङ्ग्- *n.* materials for floors. छत बनाने का सामान।

Flop-फ्लॉप्-*v.i.* (*p.t.* **Flopped**) to make a dull sound by striking. फड़फड़ाना, फटफटाना; **Floppy** (-पी) *adj.* flaccid. पिलपिला।

Flora-फ्लोर्'-आँ-*n.* (*pl.*Floræ,Floras) plants of a particular region. किसी प्रदेश की वनस्पतियाँ।

Floral-फ्लोर्'-ऑल्- *adj.* pertaining to flowers. पुष्प सम्बन्धी; **Florally** (-ली) *adv.* with flowers. फूलों के साथ।

Florescence-फ्लो-रेंस्'-सेंन्स्-*n.* flowering season or condition. फूलने की अवस्था या ऋतु।

Floret-फ्लोर्'-ऍट् - *n.* one of the small flowers composing a bunch. गुच्छे में का एक छोटा फूल।

Floriage-फ्लोर्'इ-एज्-*n.* blossom. फूल।

Floriate-फ्लोर्'-इ-एट्-*v.t.* to decorate with flowers. फूलों से आभूषित करना; **Floriated** (-ऍड्) *adj.* ornamented with floral designs. फूलों के चित्र से सुशोभित।

Floricultural-फ्लॉर्'-इ-कल्ट्-यूर्-ऑल्-*adj.* pertaining to floriculture. फूलों की खेती सम्बन्धी।

Floriculture - फ्लोर्'-इ-कल्ट्-यूर्- *n.* the cultivation of flowers. फूलों की खेती; **Floriculturist** (-इस्ट्) *n.* a cultivator of flowers. फूलों की खेती करनेवाला।

Florid-फ्लॉर्'-रिड्-*adj.* adorned with flowers, showy, high-coloured, ruddy. फूलों से अलंकृत, दिखौवा, गहरे रङ्ग का, लाल; **Floridness** (-नेंस्), **Floridity** (फ्लॉ-रिड्'-इ-टी) *ns.* the quality of being florid. फूलों की लाली, अलङ्कार।

Floriferous-फ्लॉ-रिफ्'-ऍर्-अस्- *adj.* producing many flowers. अनेक फूलों को उत्पन्न करनेवाला।

Floriform-फ्लोर्'-इ-फॉर्म्-*adj.* of the form of a flower. फूल के आकार का।

Florin-फ्लॉर्'-रिन्-*n.* an English coin

worth two shillings. दो शिलिङ्‌ का अंग्रेजी सिक्का ।

Florist–फ्लार्‌'-रिस्ट्–*n.* one who cultivates or deals in flowers. फूल की खेती करनेवाला, फूल बेंचनेवाला ।

Floss–फ्लॉस्–*n.* a silky substance found in the husks of certain plants. अनेक पौधों की बोड़ियों में के महीन रेशम सरीखे तन्तु ।

Flotant–फ्लो'-टॅन्ट्–*adj.* floating in the air. हवा में तैरनेवाला ।

Flotilla – फ्लॉ-टिल्‌'-लॉ–*n.* a fleet of small ships or boats. छोटे जहाजों या नावों का बेड़ा ।

Flounce–फ्लाउन्स्–*v. i.* to struggle with violen i motion, to flop. फड़फड़ाना, अकड़ना; *v.t.* to deck with fringe. झालर लगाना; *n.* jerk of body, loose gathered edges sewn round a woman's skirt. शरीर का झटका, झालर, मगजी ।

Flounder – फ्लाउन्‌' - डर्–*n.* a small flat fish. एक प्रकार की छोटी चिपटी मछली; *v. i.* to struggle in mud, to make mistakes, to manage a business badly. कीचड़ में तड़फड़ाना, अशुद्धि करना, व्यवसाय का बुरा प्रबन्ध करना ।

Flour – फ्लौर्–*n.* wheatmeal, finer part of meal obtained by grinding. आटा, पिसान; **Flourmill** (mill for reducing grains to flour.) आटे की चक्की; **Floury** (-ई) *adj.* covered with flour. आटायुक्त ।

Flourish–फ्लर्‌'-इश्–*v. i.* to prosper, to be successful, to show ostentatiously. मान्यवान होना, सफल होना (महत्व दिखलाना), आडम्बर करना; *v.t.* to wave about, to brandish. हिलाना, घुमाना; *n.* prosperity, embellishment, musical prelude. ऐश्वर्य, शोभा (अलङ्कार), बाजे का बजना ।

Flout–फ्लाउट्–*v. t.* to mock or insult. ताना मारना (चिढ़ाना), अपमान करना; *n.* a mocking action or speech. बोली, ठिठोली, ताना; **Flouter** (-अर्) *n.* a mocker. ताना मारनेवाला; **Floutnigly** (-ली) *adj.* ठिठोली करते हुए ।

Flow – फ्लो–*v. i.* (*p. t.* **Flew**, *p. p.* **Flown**) to run as a stream, to move easily, to circulate, to result from, to be in flood. बहना, धीरे सरकना, प्रचलित होना, परिणाम होना, बाढ़ में होना; *n.* a stream, rise of water, abundance. बहाव, धारा, अधिकता; **Flow of spirits** (natural pleasure.) स्वाभाविक आनन्द ।

Flowing – फ्लो'-इङ्ग्–*adj.* liable to flow. बहने वाली; **Flowingly** (-ली) *adv.* in a flowing manner. बहते हुए ।

Flower–फ्लाउ'-अर्–*n.* blossom of a plant, the choice part, essence. पुष्प (फूल), श्रेष्ठ भाग, सार; *v. i.* & *t.* to blossom, to cause to flower. फूलों से सुशोभित करना; **Flower of age** (youth.) यौवन; **Flower of youth** (vigour of youth.) जवानी का उमंग; **Flowered** (-अड्) *adj.* expanded into flowers. पुष्पित, कुसुमित; **Floweret** (-ऍट्) *n.* a small flower. छोटा फूल; **Flowering** (-अर्-इङ्ग्) *adj.* having flowers. पुष्पित; **Flowerless** (-अर्-लॅस्) *adj.* devoid of flowers. कुसुमहीन ।

Flowery–फ्लाउ'-अर्-ई–*adj.* abound-

ing with flowers, figurative. पुष्पमय, अलङ्कारिक ।

Flown – फ्लोन्–*adj*. puffed up. फूला हुआ ; *p. p.* of **Fly**.

Fluctuate – फ्लक्' - ट्यु-एट् – *v. i.* to move like waves, to waver, to rise and fall. लहराना, झूलना, घटना बढ़ना ; **Fluctuating** (-इङ्ग्) *adj* wavering, fickle. चंचल, अस्थिर ; **Fluctuation** (-ए'-शॉन्) *n.* fickleness. चंचलता, अस्थिरता ।

Flue – फ्लू – *n.* fluff, smoke channel, hot air passage. फुज्जा, धुवें का मार्ग, गरम वायु का मार्ग, धुवांकस ।

Fluency – फ्लू'-ऍन् - सी – *n.* easily flowing, ready speech. बिना रुकावट के बोलचाल ।

Fluent – फ्लू' - ऍन्ट – *adj.* flowing, changing, easy. धारावाही, अस्खलित, सहज ; **Fluently** (-ली) *adv.* with fluency. बेधड़क (तेजी के साथ) ।

Fluff–फ्लफ्–*n.* soft feathery stuff. पर के समान रोवाँ, फुज्जी ; **Fluffiness** (-इ-नॆस्) *n.* the state of being fluffy. फुज्जीपन ; **Fluffy** (-फी) *adj.* consisting of fluff. फुज्जीदार ।

Fluid – फ्ल्यू'-इड्–*n.* anything that moves rapidly, liquid substance. द्रव पदार्थ, तरल पदार्थ, **Fluidity** (-इ-टी) *n.* the state of being fluid. द्रवता ।

Fluke–फ्लूक्–*n.* the triangular arm of anchor. लङ्गर का तिकोना नोकीला भाग ; *v. t.* to make accidental hit. अचानक मारना ।

Flume – फ्लूम् – *n.* a ravine with stream, an artificial channel. झरना बहती हुइ तराई, कृत्रिम खाई ।

Fluminous – फ्लू'-मिन् - अस् – *adj.* a bounding in rivers. नदियों से पूर्ण ।

Flummery – फ्लम्'-में-री–*n.* a kind of jelly prepared from flour, empty compliments. लपसी (हलुआ), निःसार अभिवादन ।

Flump – फ्लम्प्–*v. i.* to fall with a dull sound. धड़ाके से गिरना ।

Flung–फ्लङ्ग्–*p.t.* & *p.p.* of **Fling**.

Flunkey – फ्लङ्'-की – *n.* a liveried servant. वर्दी पहिरे हुए चपरासी ।

Fluorine – फ्ल्यू'-ऑर्-इन् – *n.* a non-metallic element. एक अधातु तत्व ।

Flurry – फ्लर्'-री – *n.* sudden gust, agitation, excitement. हड़बड़ी, घबड़ाहट, उत्तेजना ।

Flush–फ्लश्–*n.* a number of birds caught at once glow of light, rush of emotion, sudden flow of blood. एक साथ पकड़े हुए पक्षी, पानी का बहाव, लालिमा, प्रफुल्लता, कपोलराग; *v.t.* & *i.* to fly away, to turn red, to rush out, to glow, to blush, to encourage, to cleanse with water. उड़ जाना, लाल होना, झपटना, चमकना, लज्जित होना, उत्साहित करना, जल से धोना ; *adj.* abundant, full. पर्याप्त,परिपूर्ण; **Flush of cards** (cards of the same suit.) एक रङ्ग के ताशों का जोड़ ।

Fluster–फ्लस्'-टर्–*v. t.* & *i.* to confuse with drink, to be agitated. शराब पिलाकर उन्मत्त करना, घबड़ाना : *n.* agitation, confusion. उन्माद (मोह), व्याकुलता ।

Flute – फ्लूट – *n.* a musical instrument. मुरली, बंसी, बांसुरी ।

Flutter–फ्लट्'-टर् – *v. t.* & *i.* to flap

wings, to quiver, to vibrate, to tremble, to agitate. पर फड़फड़ाना, कँपाना, काँपना, हिलाना, व्याकुल करना ; *n.* vibration. कंपन, फड़फड़ाहट ; **Flutterer** (-अर्) *n.* one who flutters. फड़फड़ानेवाला ; **Flutteringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a fluttering manner. फड़फड़ाते हुए ।

Fluvial-फ्लू'-वि-औल्-*adj.* pertaining to or found in rivers. नदी सम्बन्धी ।


Flux-फ्लक्स्-*n.* a flowing out, excrement. प्रवाह (बहाव), विष्ठा, *v. i.* to flow copiously. अधिक परिमाण में बहना; **Fluxible** (-इ-बल्) *adj.* capable of being melted. द्राव्य, गलने योग्य; **Fluxion** (फ्लक्'-शॉन्) *n.* a flowing or passing away. बहाव निकाल ।

Fly-फ्लाइ-*n.* (*pl.* **Flies**) a small two-winged insect. मक्खी ; *v. i* (*p. t.* **Flew**. *p. p.* **Flown**) to move on wings, to jump clear over fence &c. उड़ना (भागना), बेलाग कूदना ; *v.t.* to cause to fly. उड़ाना; **Fly-blow** (the egg of a fly.) मक्खी का अण्डा; **Fly leaf** (the blank paper at the beginning of a book.) पुस्तक का पहिला सादा पन्ना ; **To fly a kite** (to find out in which direction the wind blows.) वायु की दिशा का पता लगाना ; **To fly at** (to make a rush.) झपटना; **To fly in the face of** (to make an attack.) आक्रमण करना; **To fly off** (to depart.) भाग जाना ; **To fly out** (to rally, to rebuke.) गाली गलौज करने लगना ; **To fly to arms** (to equip arms.)तुरत शस्त्र धारण करना ।

Flying-फ्लाइङ्ग्-*n.*act of moving in air or on wings. उड़ान ; **Flying colours** (show of victory.) विजय चिह्न ; **Flying machine** (an aeroplane.) हवाई जहाज़ ।

Flyer-फ्लाई'-अर्-*n.* one who flies. उड़नेवाला ।

Fly-wheel-फ्लाइ'-व्हील्-*n.* the heavy wheel in a machine that equalizes its motion. किसी यन्त्र का समतोलन (स्थायी गति) स्थापन करने वाली भारी पहिया ।


Fly-wheel.

Foal-फ़ोल्-*n.* the young of a horse or ass. घोड़े या गदहे का बच्चा ।

Foam-फ़ोम्-*n.* collection of small bubbles, froth. फेन, झाग ; *v. i.* to be filled with froth. फेन से भर जाना; **Foamless** (-लैस्) *adj.* destitute of foam. फेनरहित; **Foamlessness** (-नैंस्) *n.* without foam. बिना फेन का ; **Foamy** (-ई) *adj.* full of foam. फेनयुक्त, झागदार ।

Fob-फ़ॉब्-*n.* a small pocket for watch. घड़ी का जेब ; *v. t.* to cheat. धोखा देना ।

Focal-फ़ो'-कॉल्-*adj.* pertaining to a focus. केन्द्र सम्बन्धी ; **Focal distance** (the distance from a lens to the image cast by it.) ताल के मध्य से उससे देखे हुए पदार्थ तक की दूरी ; **Focalize** (-आइज़) *v. t.* to collect in focus. केन्द्रीभूत करना ।

Focus - फ़ो'-कस्-*n.* (*pl.* **Focuses, Foci**) the point at which rays

of light meet. केन्द्र ; *v. t.* (*p.t.* Focused.) to converge to a point. केन्द्रीभूत होना ।

Fodder–फ़ॉड्'-डर्–*n.* dried food for cattle. पशुभोजन, चारा, भूसा; **Fodderless** (-लॅस्) *adj.* deprived of fodder. भूसा रहित ।

Fodient–फ़ो'-डि-ऍन्ट्–*adj.* & *n.* digging. खोदनेवाला, खंदना ।

Foe–फ़ो– *n.* enemy, opponent, adversary. शत्रु, रिपु, वैरी ; **Foe-man** (enemy in war.) युद्ध में का शत्रु ।

Fœtal–फ़ी'-टॅल्– *adj.* pertaining to fœtus. भ्रूण सम्बन्धी । **Fœticide** (-टि-साइड्) *n.* भ्रूण हत्या ।

Fœtus, Fetus–फ़ी'-टस्– *n.* fully developed embryo in womb. गर्भ, भ्रूण, गर्भस्थ शिशु ।

Fog–फ़ॉग्–*n.* thick mist, watery vapour suspended in the atmosphere. तुषार, कोहिरा; *v. t.* to envelop with fog, to perplex. कोहिरे से ढाँकना, व्याकुल करना; **Fogbow** (rainbow seen in a fog.) इन्द्रधनुष जो कोहिरे में देख पड़ता है; **Foggily** (-गि-ली) *adv.* cloudily. कोहिरे से ; **Fogginess** (-गि-नॅस्) *n.* the state of being foggy. कोहिरापन ; **In a fog** (perplexed.) घबड़ाया हुआ; **Foggy** (-गी) *adj.* thick, dull, confused. धूमिल, घना, व्याकुल ।

Fogy, Fogey – फ़ाग्'-ई – *n.* an old fashioned person. पुराने विचार का मनुष्य ।

Foh–फ़ो – *interj.* exclamation of contempt. तिरस्कार सूचक अव्यय, छिः !

Foible – फ़ॉय्'-बल्–*n.* weak point, moral weakness. छिद्र, चरित्र की त्रुटि ।

Foil–फ़ॉयल्–*v.t.* to baffle, to defeat, to frustrate. व्यग्र करना, परास्त करना, विफल करना ; *n.* track of a hunted animal, a blunt-edged sword, a very thin leaf of metal. शिकार किये पशुओं का मार्ग, भुथरी तलवार, धातु का महीन वर्क ; **Foilable** (-ऑ-बल्) *adj.* what may be foiled. हराने योग्य ; **Foiler** (-अर्) *n.* one who frustrates another. दूसरे को घबड़ानेवाला ।

Foin–फ़ॉयन्–*v. i.* to thrust with a sword or spear. बर्छी या तलवार भोंकना ।

Foison – फ़ॉय्'-ज़न्–*n.* plenty. अधिकता, प्रचुरता ।

Foist – फ़ॉयस्ट – *v. t.* to bring by stealth, to pass off as genuine. चोरी से लाना, प्रामाणिक की तरह चालू करना ; **Foister** (-अर्) *n.* a cheat. छली मनुष्य ।

Fold – फ़ोल्ड्– *n.* an enclosure for cattle, doubling of a substance. बाड़ा, परत (तह); *v. t.* to double, to clasp, to envelop, to embrace. दोहराना, चपकाना, ढांकना, आलिङ्गन करना; **Folded** (-ऍड्) *adj.* तह किया हुआ, *suf.* उपसर्ग यथा– **Threefold** (doubled in threefolds.) तिगुना, तीन परता ; **Folder** – फ़ोल्ड् -अर् *n.* a machine for folding. मोड़ने या परत करने का यन्त्र ; **Foldless** (-लॅस्) *adj.* without folds. बिना तह का ।

Folderol – फ़ोल्ड्'-ड़ॅ-रॉल् – *n.* silly trifle, nonsense. मूर्खता, निरर्थक बात ।

Foliage–फ़ोल्'-इ-एज्–*n.* leaves, cluster of leaves. पत्ते, पत्तों का गुच्छा ;

Foliaged (-ऍज्ड) *adj.* furnished with foliage. पत्रपूर्ण।

Foliate–फ़ोल्'-इ-एट–*adj.* furnished with leaves. पत्तियों से भरा हुआ ; *v.t.* to beat into a thin plate. महीन चद्दर (या वर्क) बनाना ।

Folio–फ़ोल्'-इ-ओ–*n.* a sheet of paper folded once. कागज़ के ताव को एक बार मोड़कर बनाई हुई पुस्तक ।

Folk–फ़ोक्–*n.* people, nation. जनसमूह, जनता, लोक; **Folk lore** (legendary traditions.) पौराणिक कथा, घरेलू कथा कहानी; **Old folk** (old people.) वृद्धजन ।

Follow–फ़ॉल्'-लो–*v.t.* to go or come after, to imitate, to pursue, to obey, to strive after. आश्रय करना, अनुकरण करना, पीछा करना (अनुसरण करना), आज्ञा मानना, प्रयत्न करना; **To follow out** (to follow up to the end.) अन्त तक पीछा करना; **To follow suit** (to form rules.) नियम बना लेना; **To follow up** (to be near, to help.) समीप होना, सहायता करना; **Follower** (-अर्) *n.* one who follows. अनुसरण करनेवाला (शिष्य); **Following** (-इङ्ग्) *adj.* succeeding. निम्नलिखित (अगला)।

Folly–फ़ॉल्'-ली–*n.* (*pl.* **Follies.**) a foolish act, an unwise conduct. मूर्खता, अज्ञानता ।

Foment–फ़ो-मेन्ट्' – *v. t.* to bathe with warm medicated lotion, to foter, to encourage. गरम जल से सेकना, उत्तेजित करना, उत्साहित करना; **To foment disputes** (to form intrigues.) भेद करना; **Fomenter** (-अर्) *n.* one who foments. सेकनेवाला, भेद करनेवाला; **Fomentation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of fomenting. गरम जल से सेंक, उत्तेजना ।

Fond–फ़ॉन्ड् – *adj.* doting, loving, foolish. अनुरक्त (मुग्ध), आसक्त, मूर्ख; **Fondly** (-ली) *adv.* in a fond manner. सप्रेम, अनुराग सहित; **Fondness** (-नेस्) *n.* the state of being fond. अनुराग, प्रीति, स्नेह (चाव)।

Fondle–फ़ॉन्'-ड्ल्–*v. t.* to caress, to play with. आलिङ्गन करना, लाड़ करना; **Fondler** (-अर्) *n.* लाड़ करनेवाला; **Fondling** (-लिङ्ग्) *n.* anything fondled. प्रियतम, प्यारा ।

Font–फ़ॉन्ट – *n.* a receptacle for holy water, assortment of types of one sort. पवित्र जल के लिये पात्र, एक प्रकार के टाइप के अक्षर।

Fontal–फ़ॉन्ट्' - ऑल् – *adj.* original, primary. आदि, प्राथमिक ।

Fontanel, Fontanelle-फ़ॉन्-टी-नेल्'–*n.* a gap between the bones of the skull of a young animal. बच्चे की कपाल की हड्डी की दरार (जो जुटी नहीं होती), चाँदी ।

Food–फ़ूड्– *n.* a nourishing material, provision. अन्न (आहार, भोजन), खाने का पदार्थ; **Food stuff** (stuff used as food.) जो पदार्थ भोजन के उपयोग में लाया जाता है ।

Fool–फ़ूल्–*n.* a silly person, one destitute of intellect, jester. मूर्ख, निर्बुद्धि, अल्पमति, विदूषक; *v. t.* to deceive, to cheat. मूर्ख बनाना, ठगना, धोखा देना; **To play the fool** (to make blunders, to act the buf-

foon.) अशुद्धि करना, विदूषक का कार्य करना; **To make a fool of** (to perform useless work.) निरर्थक कार्य करना; **To go on a fool's errand** (to be engaged in useless enterprise.) व्यर्थ के कार्य में प्रवृत्त होना; **Fool's paradise** (imaginary pleasure.) काल्पनिक आनन्द।

Foolery – फूल्' - ए-रि – *n.* habitual folly. विडम्बना, मूर्ख क्रिया।

Foolhardy–फूल्'-हाड्डी – *adj.* rash. प्रमत्त, उजड्ड।

Foolish–फूल्'-इश्–*adj.* weak in intellect. निर्बुद्धि (मूढ़), बुद्धिहीन; **Foolishly** (-इश्-ली) *adv.* in a foolish way. अज्ञानता से, मूर्खता से; **Foolishness** (-नेस्) *n.* act of being foolish. दुर्बुद्धि, मूर्खता; **Fool's errand** अलभ्य वस्तु की प्राप्ति के लिये प्रयत्न।

Foolscap–फ़ूल्स्'-कॅप्–*n.* size of paper 15×12 inches. १५×१२ इञ्च के नाप का काग़ज़।

Foot–फ़ुट्–*n.* (*pl.* **Feet**) the lower part of the leg, step, pace, infantry, lower end of bed &c., metrical unit, lineal measure of twelve inches, base, bottom. टाँग, पैर, पग, पैदल सवार, पैतारी, कविता का चरण, बारह इंच की नाप, तल, अधोभाग; *v. i.* to dance. नाचना; **At one's foot** (to be one's disciple.) चेला होना; **Football** (ball played by foot.) पैर से खेलने का गेंद; **Foot boy** (-बॉय्) *n.* a menial. नौकर, चाकर; **Foothold** (anything that sustains feet.) पैर रखने का आश्रय; **Footless** (-लेस्) *adj.* without feet. पादहीन; **Footlights** (a row of lights along the front of a stage.) नाटकशाला के आगे की दीपक की पंक्ति; **Footman** *n.* a servant in livery. भृत्य, अनुचर, वरदी पहिने नौकर; **Foot note** (the note at the foot of a page.) पृष्ठ के नीचे की टीका; **Foot mark** (mark made by feet.) पैर का चिह्न; **Foot of page** (the bottom lines of a page.) पृष्ठ की अन्त की पंक्ति; **Foot passenger** (pedestrian.) पैदल चलनेवाला; **Foot path** (a narrow path.) पगडंडी; **Foot rule** (a measure 12 inches long.) एक फ़ुट नापने की पटरी; **Foot soldier** (a soldier that serves on foot.) पैदल सिपाही; **Footstep** (vestige, track.) पद, पंक्ति; **Footstool** (stool for foot.) चरणपीठ; **Footwear** (shoes and boots.) अनेक प्रकार के जूते; **To set on foot** (to begin a work.) कार्य आरम्भ करना।

Footing–फ़ुट्'-इङ्ग् – *n.* foundation. आधार।

Fop–फ़ॉप्–*n.* a vain showy person. दम्भी, बाँका; **Foppery** (-पॅ-री) *n.* idle affectation. छैलापन; **Foppish** (-पिश्) *adj.* affectedly fine. दम्भी; **Foppishly** (-पिश्-ली) *adv.* in a foppish manner. छैलापन से; **Foppishness** (-नेस्) *n.* the quality of being foppish. छैलापन।

For–फ़ॉर्–*prep.* & *conj.* in place of, instead of, in support of, with a view to, because of, as regards, concerning. वास्ते, लिये, हेतु से, निमित्त, क्योंकि, विषय में, उद्देश्य से; **As**

for (in regard to.) विषय में; **For all the world** (in reality.) वस्तुतः; **For instance** (as an instance.) उदाहरणार्थ; **For life** (throughout life.) जीवन पर्यन्त; **For long** (for a long time.) बहुत दिनों तक; **For once** (only once.) एक बार; **Take my word for it** (be sure of it.) निश्चय जानो; **To send for** (to call for.) मंगाना; **To take for granted** (to accept.) मान लेना।

For–फ़ॉर्–*pref*. in the sense of away, neglect, excess &c. अधिक दूर, वृथा इत्यादि अर्थ में उपसर्ग की तरह प्रयोग होता है

Forage–फ़ॉर्'-रेज्–*n*. food for horses and cattle. घोड़ों या मवेशियों का भोजन; *v. i.* to go in search of food. भोजन के लिये घूमना।

Foramen–फ़ॉरे'-मेन्–*n*. (*pl.* **Foramina**) orifice or passage. मार्ग, छिद्र।

Forasmuch – फ़ॉर्'-ॲज़्-मच्' – *conj*. because, that. चूंकि, इसलिये कि।

Foray–फ़ॉर्'-रे–*n*. raid, incursion. चढ़ाई, आक्रमण, धावा।

Forbade–फ़ॉर्-बेड्'–*p. t.* of **Forbid**.

Forbear– फ़ॉर्-बेअर्'–*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Forbore** *p. p.* **Forborne**) to abstain from, to be patient. रुकना, रोकना, धैर्य रखना (सहन करना); **Forbearance** (-ॲन्स्) *n*. the act of forbearing. क्षमा, सहनशीलता; **Forbearing** (-इङ्ग्) *adj*. enduring. सहनशील।

Forbid–फ़ॉर्-बिड्–*v.t.* (*p. t.* **Forbade** -बेड्; *p. p.* **Forbidden**) to order not to do, to exclude, to prevent. निषेध करना, पृथक् करना, रोकना; **God forbid** (may it never happen.) ईश्वर न करे ऐसा हो; **Forbiddance** (-ॲन्स्) *n*. prohibition. निवारण, बाधा; **Forbidding** (-डिङ्ग्) *adj*. repulsive, raising dislike. अनिष्ट, घृणा उत्पन्न करनेवाला।

Forbore–फ़ॉर्'बोर्–*p. t.* of **Forbear**.

Force–फ़ोर्स्–*n*. strength, power, intense effort, army, influence, vitality. बल, शक्ति, सामर्थ्य, सेना,प्रभाव, ओज; *v. t.* to use violence, to compel. यत्न करना, विवश करना; **By force of** (far the sake of.) निमित्त, लिये; **Force pump** (a pump by which water is forced up.) पानी चढ़ाने का पम्प; **To force a smile** (to smile without cause.) अकारण हंसाना; **To force one's way** (to take by force.) जबरदस्ती लेना।

Forced–फ़ोर्स्ड्– *adj*. over-strained, unnatural. यत्नपूर्वक, कृत्रिम; **Forcedly** (-ऍड्-ली) *adv*. in a forced manner. बलपूर्वक; **Forced labour** (labour without remuneration.) बेगार; **Forced meat** (crushed meat.) कुचला हुआ मांस; **Forceful** (-फुल्) *adj*. full of force. शक्तियुक्त; **Forceless** (-लॅस्) *adj*. without force. बिना शक्ति का।

Forceps–फ़ॉर्'-सॅप्स्–*n*. a pair of surgical pincers. चिमटा, सँड़सी।

Forcible–फ़ोर्स्'-इ-बल्–*adj*. that may be forced, involving force, strong, convincing, vivid. दबाने योग्य, प्रबल, प्रभावयुक्त, प्रामाणिक, स्पष्ट; **Forcibleness** (-नॅस्) *n*. quality of being

forcible. प्रबलता; **Forcibly** (-इब्-ली) *adv.* in a forcible manner. बल (हठ) पूर्वक।

Ford–फॉड्ड्–*n.* the shallow part of a river. नदी का छिछला भाग (घाट); *v.t.* to cross a river by wading. हल कर नदी पार जाना ; **Fordable** (-ऑ-बल्) *adj.* that may be crossed by wading. हलकर पार करने योग्य ; **Fordless** (-लैस्) *adj.* devoid of ford. बिना घाट का।

Fordo–फ़ोर्-डू'–*v.t.* (*p.t.* **Fordid**) to kill, to destroy. मारना, नाश करना।

Fore–फ़ोर्–*adj.* (*comp.* **Former**, *sup.* **Foremost, First.**) situated in front, anterior. अगला, सामने का ; *adv.* & *prep.* in front, in the presence of. आगे, सामने, सन्मुख; **To the fore** (living, existing.) जीवित, (हाल का), प्रस्तुत ; **Forearm** (arm from elbow to wrist) बाँह, कलाई ;

Forebow – बॉ – *n.* the fore part of a saddle. काठी का अगला भाग;

Forefathers (-फ़ादर्स्) *n. pl.* ancestors. पितर लोग; **Foreman**(-मॉन्) *n.* manager. अध्यक्ष।

Forebode–फ़ोर्-बोड्'–*v.t.* to predict, to portend. भविष्य बतलाना, शकुन कहना ; **Foreboder** (-अर्) *n.* one who predicts. भविष्यवक्ता ; **Foreboding** (-इङ्ग) *n.* act of predicting. भविष्य ज्ञान ; **Forebodingly** (-ली) *adv.* in a foreboding manner, भविष्य ज्ञान से

Forecast–फ़ोर्-कास्ट–*v. i.* to conjecture, to foresee, to estimate. अनुमान करना, पहले ही से कल्पना करना, अन्दाज़ लेना; *n.* foresight, prudence. पूर्वविचार, दूरदर्शिता।

Foreclose–फ़ोर्-क्लोज़'–*v. t.* to preclude, to prevent, to stop. प्रतिबन्ध करना, रोकना, मना करना; **Foreclosure** (-ज़ूर्) *n.* the act of foreclosing. प्रतिबन्ध, निषेध।

Foredo–फ़ोर्-डू'–*v.t.* (*p.t.* **Foredid**, *p.p.* **Foredone**) to destroy. नष्ट करना।

Forefront–फ़ोर्'-.फ्रन्ट–*n.* the foremost part. सबसे अगला भाग।

Forego–फ़ोर-गो'–*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Forewent**, *p.p.* **Foregone**) to precede in place or time, to give up. आगे होना, त्यागना (छोड़ना); **Foregoer** (-अर्) *n.* one who goes before another. पूर्वगामी।

Foreground – फ़ोर्'-ग्राउन्ड – *n.* the part of a picture or scene nearest to the observer. चित्र में का वह भाग जो दर्शक के अति समीप हो।

Forehead– फ़ॉर्'-ऍड्– *n.* the front part of face above eyes. ललाट, मस्तक।

Foreign–फ़ॉर्'-रॅन्–*adj.* belonging to others, alien, dissimilar, inappropriate. परदेशी, विदेशी, भिन्न, अयोग्य ; **Foreignness** (-नॅस्) *n.* the quality of being foreign. भिन्नता; **Foreigner** (-अर्) *n.* a native of a foreign country. विदेशी, अन्य देशीय।

Fore-imagine–फ़ोर्'-इम्-ऑज्-इन्–*v. t.* to think beforehand. पहिले से मनन करना।

Forejudge–फ़ोर्-जज्'–*v. t.* to judge before. पहिले ही से निर्णय कर लेना ; **Forejudgment** (-मॅन्ट) *n.* a judgment previously formed. पूर्वनिर्णय।

Foreknow-फ़ोर्-नों'-*v.t.* (*p.t.* **Foreknew**; *p. p.* **Foreknown**) to foresee, to know beforehand. अनुमान कर लेना, पहिले से जान लेना ; **Foreknowable** (-औं-व्ल्) *adj.* that may be foreknown. पहिले से ज्ञात; **Foreknowledge** (-नॉल्-इज्) *n.* the knowledge of a thing beforehand. पूर्व ज्ञान, भविष्य ज्ञान।

Foreland-फ़ोर्-लॅन्ड्-*n.* a cape or headland. अन्तरीप, खाड़ी।

Forelay-फ़ोर्-लें'-*v.t.* (*p.t.* **Forelaid**, *p.p.* **Forelain**) to lie in wait for. प्रतीक्षा करना।

Foreleg-फ़ोर्'-लॅग्-*n.* the front legs of an animal. पशु का अगला पैर।

Forelock-फ़ोर्'-लाक्-*n.* the lock of hair on forehead. माथे के सामने के बाल; **To take time by the forelock** (not to abandon an opportunity.) अवसर न चूकना।

Foreman-फ़ोर्'-मॅन्-*n.* spokesman of the jury, principal workman. पञ्चों का सरदार, चौधरी।

Foremast-फ़ोर्'-मास्ट्-*n.* the forward lower mast. जहाज़ का अगला निचला मस्तूल।

Foremost-फ़ोर्'-मोस्ट्-*adj.* & *adv.* (*sup. degree.*) best, chief, first in time, place &c., in the first place. सर्वोत्तम, प्रधान, प्रथम, श्रेष्ठ, सबसेआगे।

Forenoon-फ़ोर्'-नून्-*n.* the time of day before noon. मध्याह्न के पहिले का समय।

Forensic-फ़ॉ-रॅन्'-सिक्-*adj.* pertaining to law courts. अदालती।

Fore-ordain-फ़ोर्-ऑड्-डेन्'-*v. t.* to appoint beforehand. पहिले से नियुक्त करना या ठहराना।

Forereach-फ़ोर्-रीच्'-*v. i.* & *t.* to shoot ahead. सामने तीर चलाना।

Forerun-फ़ोर्-रन्'-*v. t.* (*p. t.* **Foreran**) to precede, to foreshadow. आगे बढ़ना (अगवानी करना), अग्रगामी होना; **Forerunner** (-नर्) *n.* a harbinger or messenger. अग्रवर्ती, हरकारा।

Foresee-फ़ोर्-सी'-*v.t.* (*p.t.* **Foresaw**) to see beforehand, to anticipate. आगे से विचार लेना या सोचना।

Foresight-फ़ोर्'-साइट्-*n.* foreknowledge. दूरदर्शिता, पूर्वज्ञान।

Foreshadow-फ़ोर्-शॅड्'-ओ-*v. t.* to prefigure. पहिले से सूचित करना।

Foreshow-फ़ोर्-शो'-*v.t.* to foretell, to portend. पहिले से कहना, भविष्य बतलाना।

Forest-फ़ॉर्'-रॅस्ट्-*n.* a large tract of land covered with trees. जङ्गल, वन; **Forester** (-अर्) *n.* an officer in charge of a forest. जङ्गल का अफ़सर, वनचर।

Forestry-फ़ार्'-रॅस्ट्-री-*n.* wooded country. जङ्गली प्रदेश।

Forestall-फ़ोर्-स्टॉल्'-*v. i.* to be beforehand, to anticipate. पहिले से ग्रहण करना (या मोल ले लेना), अनुमान करना।

Foretaste-फ़ोर्-टेस्ट्'-*v. t.* to taste beforehand. आनन्द का पूर्व अनुभव कर लेना; *n.* (फ़ोर्'-टेस्ट) anticipation. पूर्वानुभव।

Foretell-फ़ोर्-टॅल्'-*v.t.* (*p.t.* **Foretold**) to predict, to presage. भविष्य कहना, आगम बतलाना; **Foreteller** (-अर्) *n.*

one who predicts. भावीदर्शक, दैवज्ञ।

Forethought–फ़ोर्'–थॉट्–*n.* deliberate intention, provident care. पूर्व विवेक, पूर्व चिन्ता।

Foretime–फ़ोर्'-टाइम्–*n.* early days, old times. प्राचीन काल, पुराने दिन।

Foretoken–फ़ोर-टो'-कॅन्–*v.t.* to portend. पहिले से सूचित करना; *n.* pre-indication. पूर्व लक्षण, भावी लक्षण।

Forewarn–फ़ोर्–वॉर्न्'–*v. t.* to warn beforehand. पहिले से सचेत करना; **Forewarning** (-इङ्ग्) *n.* a warning beforehand. पूर्व सूचना।

Foreword–फ़ोर्'–वर्ड्–*n.*preface, introductory remarks on a book. प्रस्तावना, उपोद्घात।

Forfeit–फ़ॉर्'–फ़ेट्–*n.* a penalty for breach of contract, the article surrendered, fine. दण्ड, ज़ब्ती, अर्थ-दण्ड; *v. t.* (फ़ॉर्–फ़ीट्') to lose right to. to pay as penalty for. ज़ब्त करना, अधिकार में देना; **Forfeitable** (–ऑ-बल्) *adj.* able to be forfeited. ज़ब्त करने योग्य; **Forfeited** (-ऍड्) *adj.* surrendered. ज़ब्त, दण्डित; **Forfeiture** (–यूर्) *n.* the act of forfeiting. दण्ड, ज़ब्ती।

Forfend–फ़ॉर्-फ़ॅन्ड्'–*v. t.* to keep off. अलग रखना।

Forgave–फ़ॉर्–गेव्'–*p.t.* of **Forgive**.

Forge–फ़ोर्ज्–*n.*a smithy, furnace. भट्ठी, अँगीठी;*v.t.* to shape by heating, to fabricate. गढ़ना, बनाना, जाल (कपट)करना; **Forger** (-अर्) *n.* one who forges. कूटकार; **Forgery** (फ़ोर्'-जर्–ई) *n.* crime of forging. जाल-साज़ी, कूट रचना; **Forging** (–इङ्ग्) *n.* forgery. कूट रचना, जाल।

Forget–फ़ॉर्–गॅट्'–*v.t.* &*i.* (*p.t.* **Forgot**, *p.p.* **Forgotten**) to lose remembrance of, to neglect, to put out of mind. भूलना, विस्मृत होना,मन से उतारना; **Forgetful** (-.फ़ुल्) *adj.* neglectful. भुलक्कड़; **Forgetfulness** (–नॅस्) *n.* neglect, oblivion. विस्मृति, स्मृति लोप; **Forgetfully** (-.फ़ुल्-लि) *adv.* in a forgetful manner. भूलते हुए; **Forgt me not** *n.* एक प्रसिद्ध नीले रंग का फूल; **Forgettable**(-टॅ–बल्) *adj.* neglectable. भूलने योग्य।

Forgive–फ़ॉर्–गिव्'–*v. t.* (*p. t.* **Forgave**, *p.p.***Forgiven**) to pardon, to let off, to remit. क्षमा करना, छोड़ना, माफ़ करना; **Forgivable** (-ऑ-बल्) *adj.* able to be forgiven. क्षमा योग्य; **Forgiveness** (-नॅस्) *n.* quality of forgiving. क्षमा, छुटकारा; **Forgiving** (–इङ्ग्) *n.* pardon, remission. क्षमा, त्याग।

Forgo–फ़ॉर्–गो'–*v.t.* (*p. t.* **Forwent**, *p.p.* **Forgone**) to let go, to omit. जाने देना, त्याग देना।

Forgot–फ़ॉर्–गॉट्'–*p. t.* of **Forget**.

Fork–फ़ॉर्क्–*n.* a two, three or four pronged instrument. काँटा, शूल; *v. t.* to develop into branches. पत्ती फूटना; **Forked** (–ड्) *adj.* opening with two points. दो नोक वाला।

Forlorn–फ़ॉर्–लॉर्न्' – *adj.* hopeless, forsaken, deserted. अनाथ, अनाश्रित, (निराधार) अशरण; **Forlorn hope** (desperate enterprise.) हठधारी उत्साह; **Forlornness** (–नॅस्) *n.* the

state of being hopeless. निराश्रय ।

Form–फ़ॉर्म्–*n.* external shape, model, beauty, behaviour, practice, ceremony, likeness, manner, a class, condition, part of a book disposed in pages. आकृति, नमूना, सौन्दर्य, व्यवहार, चाल, संस्कार, सादृश्य, रीति (क्रम), कक्षा, स्थिति, पुस्तक का फ़ार्म (जुज़); *v.t.* to fashion into shape, to frame, to make, to construct. बनाना, निर्माण करना, उत्पादन करना; **Formation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of forming, production. रचना, कल्पना, सृष्टि ; **Formed** (-ड्) *adj*. produced, constructed. रचित, बना हुआ ; **Formless** (-लेस्) *adj.* without form. निराकार ।

Formal-फ़ॉर्म्'-औल्-*adj*. according to established method. नियमानुसार ; **Formalism** (-इज़्म्) *n.* नियमनिष्ठता; **Formalist** (-इस्ट) *n.* नियम पर दृढ़ रहने वाला ; **Formally** (-औल्-लि) *adv*. in a formal way. विधिवत् ।

Formality-फ़ॉर्-मैल्'-इ-टी-*n.* precise observance of forms. यथाविधि आचार; **Formalize** (-मैं-लाइज़्) *v. i.* to affect formality. दिखौवा आचार करना।

Formation-फ़ार्-मे-शॉन्–*n.* production, structure. रचना, ढाँचा ।

Former-फ़ॉर्म्'-अर्-*adj*. & *pron*. of the earlier period, foregoing. प्राचीन, अगला ; **Formerly** (-ली) *adv*. in a previous time. पूर्वकाल में, पहिले ।

Formic–फ़ॉर्म्'-इक – *adj*. pertaining to ants. चींटी सम्बन्धी ; **Formicant** (-कॅन्ट) *adj*. creeping like ants. चींटी की तरह रेंगनेवाला ।

Formidable-फ़ॉर्म्'-इ-डॉ-ब्ल्-*adj.* able to be dreaded. भयानक, भयङ्कर (घोर, उग्र) ; **Formidableness** (-नॅस्) *n.* dreadfulness भीषणता, भयङ्करता ।

Formula – फ़ार्म्'-यू-ला–*n.* (*pl.* **Formulæ,-s**) a set rule, a formal statement, a prescription. सूत्र, नियम, विधि, नुस्खा ; **Formulary** (-ला-रि) *n.* book of prescribed forms. सूत्र समुदाय; **Formulate** (फ़ॉर्'-म्यू-लेट), **Formulize** (लाइज़्) *v.t.* to express in a formula. विधि पूर्वक वर्णन करना, सूत्र रूप में कहना; **Formulization** (-ए'-शॉन्) *n.* act of formulizing. व्यवस्थापन ।

Fornicate–फ़ॉर्'-नि-केट–*v. t.* to commit adultery. व्यभिचार करना; **Fornication** (-के'-शॉन्) *n.* a sexual intercourse between unmarried couple. अविवाहित स्त्री से व्यभिचार ।

Forsake–फ़ॉर्-सेक्'–*v. t.* (*p. t.* **Forsook**, *p. p.* **Forsaken**.) to give up, to renounce, to abandon. त्यागना, हटाना, छोड़ना; **Forsaker** (-अर्) *n.* one who renounces. त्याग करने वाला; **Forsaking** (-इङ्ग्) *n.* the act of renouncing. त्याग ।

Forsooth–फ़ार्-सूथ्'–*adv.* in truth, no doubt, certainly. अवश्य, सचमुच, वस्तुतः ।

Forspend – फ़ॉर्-स्पेन्ड्'–*v. t.* (*p. p.* **Forspent**) to tire out. थकाना ।

Forswear–फ़ॉर-स्वेअर्'–*v.t.* (*p.t.* **Forswore**, *p. p.* **Forsworn**.) to abjure, to deny on oath. शपथ पूर्वक त्यागना, मिथ्या सौगन्ध खाना ।

Fort–फ़ोर्ट्–*n.* a fortified place. दुर्ग, कोट, क़िला, गढ़ ।

Forte–फ़ॉइट्–*n.* a person's strong point. विशिष्ट गुण, प्रधान गुण; (फ़ॉर्'-टे) *adv.* with loudness. तीव्र स्वर से।

Forth – फ़ॉर्थ्–*adv.* & *perp.* backwards, in advance, onward. पीछे, आगे, सामने, बाहर; **And so forth** (et cetera.) इत्यादि ; **So far forth** (to that extent.) यहाँ तक ।

Forthcoming – फ़ोर्थ्-कम्-इङ्ग् – *adj.* about to happen, approaching. आनेवाला, आगामी ।

Forthwith–फ़ोर्थ्-विद् – *adv.* immediately. तुरत, झट से ।

Fortifiable–फ़ाइ्-टि'-फ़ि-ऑ-ब्ल् – *adj.* able to be fortified. दृढ़ करने योग्य ।

Fortification–फ़ाइ्-टि-फ़ि-कें'-शन्– *n.* that may be fortified. दुर्ग, कोट, क़िलाबंदी ।

Fortify–फ़ाइ्'-टि-फ़ाइ–*v.t.* (*p.t.* **Fortified**) to strengthen, to encourage, to provide with means of defence. दृढ़ करना, उत्साहित करना, सुरक्षित करना ।

Fortitude–फ़ॉर्'-टि-ट्यूड्–*n.* courage in adversity or pain, endurance. धैर्य, साहस ।

Fortnight-फ़ॉइट्'-नाइट्–*n.* a period of two weeks. अर्धमास, पक्ष ; **Fortnightly** (-ली) *adv.* once in a fortnight. प्रत्येक पक्ष में ।

Fortress–फ़ॉइट्'-रेस् – *n.* a fortified place. गढ़, क़िला ।

Fortuitous–फ़ोर्-ट्यू'-इ-टस्–*adj.* casual, accidental. दैवाधीन, आकस्मिक ;

Fortuitously (-ली) *adv.* accidentally. अनायास ।

Fortuitist–फ़ॉर्-ट्यू'-इट-इस्ट – *n.* one who depends on fate. भाग्य पर भरोसा करनेवाला ।

Fortuity–फ़ॉर्-ट्यू'-इ-टी–*n.* accident, chance, occurrence. दैवयोग, घटना ।

Fortunate–फ़ॉर्'-ट्यू-नेट्–*adj.* lucky, prosperous. भाग्यवान् , धन्य, भाग्यशाली; **Fortunately** (-ली) *adv.* luckily, in a fortunate manner. दैवयोग से, भाग्यवश ।

Fortune–फ़ॉर्'-ट्यून्–*n.* chance, luck, lot, riches. भाग्य, अदृष्ट, ऐश्वर्य, सम्पत्ति, धन; **Bad fortune** (misfortune.) हतभाग्य, अभाग्य ; **Fortune-hunter** (one who is in search of a wealthy bride.) विवाह के लिये धनिक कन्या को खोजनेवाला; **Fortun teleler** (an astrologer.) दैवज्ञ, ज्योतिषी ; **To make a fortune** (to be rich.) धनिक होना ; **To marry a fortune** (to marry a wealthy girl.) धनी लड़की से ब्याह करना ; **To try one's fortune** (to test luck.) भाग्य अजमाना

Fortieth – फ़ार्'-टि-यथ् – *adj.* next after thirty-ninth. चालिसवाँ ।

Forty – फ़ार्'-टी – *n.* (*pl.* **Forties.**) four times ten. चालीस ।

Forum–फ़ॉर्'-अम्-*n.* a market-place, the law courts. फड़, अदालत ।

Forward – फ़ार्'-वर्ड् – *adj.* & *n.* towards the front, relating to future, well-advanced, prompt, bold, immodest. अग्रिम, भविष्य सम्बन्धी, उन्नत, प्रस्तुत, साहसी, अविनीत ; *v. t.* to make progress, to advance. उन्नति करना, बढ़ाना; **Forward movement** (progress.) उन्नति ; **Forwardly** (-ली) *adv.* towards the front. आगे की ओर ; **Forward-**

ness (-नॅस्) *n.* promptness. उत्साह, उद्योग, धृष्टता, निर्लज्जता ; **Forwards** (-ड्स्) *adv.* towards the future, continuously, onward. भविष्य में, लगातार, आगे को ; **From this time forward** (from today onward.) आज से; **To come forward** (to be engaged in some work.) किसी कार्य के लिये प्रस्तुत होना ; **To bring forward** (to bring before the mind.) ध्यान दिलाना ।

Fosse - फॉस् - *n.* a canal or ditch. नहर, परिखा

Fossil-फॉस्'-सिल्-*adj.* & *n.* dug up from earth, petrified remains preserved under earth. पृथ्वी में से खोदकर निकाला हुआ, पृथ्वी के भीतर का गड़ा हुआ पदार्थ; **Fossilist** (-इस्ट) *n.* one who is versed in the science of fossils. धातुविद्या जाननेवाला ।

Foster-फॅास्-टर्-*n.* food. भोजन; *v. t.* to cherish, to promote the growth of, to encourage. पोषण करना, उपज बढ़ाना, उत्साहित करना; **Foster-brother** (brother by nursing.) धात्रीपुत्र, कोकाभाई ; **Foster child** (child nursed by a woman who is not its mother.) पोष्यपुत्र ; **Foster-father** (one who takes the place of father in educating.) प्रतिपालक ; **Foster mother** (nurse.) धात्री, उपमाता ।

Fosterage-फॉस्'-टर्-एज् - *n.* rearing of the child of another. दूसरे के सन्तान का प्रतिपालन ।

Fosterling-फॉस्'-टर्-लिङ्ग्-*n.* a foster-child. पोषित पुत्र ।

Fought-फॉट्-*p. t.* & *p. p.* of **Fight**.

Foul-फाउल्-*adj.* loathsome, dirty, filthy, contrary to rules, choked. मलिन, अशुद्धि, अपवित्र, अशिष्ट, कपटयुक्त; *v. t.* to make dirty, to pollute, to dishonour. मलिन करना, अशुद्ध करना, मानहीन करना; **By foul means** (dishonourably.) छल से; **Through foul and fair** (in all circumstances.) सब स्थिति में ।

Foully-फॉउल्'-ली-*adv.* in a foul manner. अति दुष्टता से, क्रूरता से, मलिनता से; **Foulness** (-नॅस्) *n.* dirtiness, impurity. मलिनता, गन्दगी ।

Found-फॉउन्ड्-*v. t.* & *p. t.* of **Find**.

Found-फाउन्ड्- *v. t.* to begin building of, to set up or establish, to construct, to melt. स्थापित करना बनाना, गलाना, ढालना ।

Foundation - फाउन्ड्' - ए' - शॅन्-*n.* ground work, basis. आधार, नीव, मूल।

Founder-फॉउन्ड्'-अर् - *n.* one who founds, one who casts metal. संस्थापक, निर्माण करनेवाला, ढालने वाला ।

Founder - फाउन्ड्'-अर्-*v. i.* to fall down, to be filled with water and sink. गिर पड़ना, जहाज का पानी भरकर डूबना ।

Foundling-फॉउन्ड्'-लिङ्ग्-*n.* a deserted infant of unknown parents. पितृहीन शिशु, माँ बाप से छोड़ा हुआ बच्चा ।

Foundry - फाउन्ड्'-री - *n.* a place where metals are cast. ढलाई का कारखाना ।

Fount-फाउन्ट्-*n.* a spring, source, set of types of the same style and size. झरना (सोता), उद्गम, एक

प्रकार के एक नाप के टाइप ।

Fountain–फ़ाउन्ट्'-इन् – *n.* a water spring, source of water. सोता, फ़ौवारा, उत्पादन स्थान, मूल हेतु; **Fount-a in pen** (a pen with a reservoir of ink.) कलम जिसमें रोशनाई भरी होती है ।

Four–फ़ोर्–*adj.* & *n.* one more than three. चार; **Fourfold** (four times.) चौगुना; **Four-footed** (a quadruped.) चौपाया; **Four score** (eighty.) अस्सी; **Four-wheeler** (a four wheeled carriage.) चौ-पहिया गाड़ी ।

Fourteen–फ़ोर्'-टीन्-*adj.* next after thirteen. चौदह; **Fourteenth** (-टीन्थ्) *adj.* & *n.* the ordinal of fourteen. चौदहवाँ ।

Fourth–फ़ोर्थ् – *adj.* the ordinal of four. चौथा, चौथाई; **Fourthly** (-ली) *adv.* in the fourth place. चौथे स्थान में ।

Fovea–फ़ो'-वि-ऑ–*n.* a depression or pit. शरीर में का गड्ढा ।

Fowl–फ़ाउल् – *n.* a domestic cock or hen, its flesh used as food. मुर्गा, मुर्गी, खाद्य पदार्थ की तरह प्रयोग होने वाला इसका मांस; *v.* t. to shoot, to snare. पक्षी को मारना या फसाना ।

Fowler–फ़ाउल्'-अर्–*n.* a sportsman who shoots wild fowl. व्याध, बहेलिया ।

Fowling–फ़ाउल्'-इङ्ग्–*n.* the art of shooting birds. पक्षीवध की कला; **Fowling-piece** (a kind of small gun.) चिड़िया मारने की छोटी बन्दूक ।

Fox–फ़ॉक्स्–*n.* (*fem.* **Vixen**) a red-furred bushy tailed quadruped, proverbial for cunning. लोमड़ी; **Fox-hound** (**Foxterrier**) *n.* a kind of dog. एक प्रकार का विलायती कुत्ता; **Foxlike** (crafty, cunning) धूर्त, मायावी, कपटी; **Foxy** (-ई) *adj.* like a fox. लोमड़ी की तरह का ।

Frab–फ़्रैब्–*v. t.* (*p. t.* **Frabbed**) to worry. कष्ट देना, दिक करना ।

Fracas–फ़्रैक्'-आ – (*pl. same.*) *n.* a noisy quarrel. शोरगुल, उपद्रव, दंगा ।

Fraction – फ़्रैक्'-शॉन् – *n.* a numerical quantity which is not an integer, part. भिन्न अङ्क, भाग (अंश); **Fractional** (-ऑल्) *adj.* pertaining to fraction. भिन्न अङ्क का; **Fractionary** (-ऑर्-री) *adj.* fractional. भिन्न अङ्कका; **Fractionate** (-एट्) *v. t.* to separate into parts. भागों में पृथक् करना; **Fractionize** (-आइज़्) *v. t.* to break up into fractions. अंशों में अलगाना ।

Fractious – फ़्रैक्'-शस्–*adj.* unruly, peevish. कलहकारी, चिड़चिड़ा ।

Fracture–फ़्रैक्ट्'-यूर्– *n.* a breaking up of bone, separation. हड्डी का टूटना, भङ्ग, विदारण; *v. t.* to break, to separate. तोड़ना, विदारण करना ।

Fragile–फ़्रैज्'-इल्–*adj.* easily shattered, weak, perishable, delicate. भुरभुरा, मुलायम, भङ्गुर, मृदु; **Fragility** (-फ़्रॅ-जिल्'-इट्-ई) **Fragileness** (-नेस्) *ns.* perishableness, delicateness. भङ्गुरता (भुरभुरापन), कोमलता ।

Fragment–फ़्रैग्'-मेन्ट्–*n.* a detached portion, part broken, isolated part. खण्ड, अंश, टुकड़ा; **Fragmentary** (-ऑर्-री) *adj.* composed of

fragments. अपूर्ण, खण्डयुक्त, टूटा हुआ।

Fragrance–फ्रे'-ग्रैन्स्– *n.* sweetness of smell. सुगन्ध, खुशबू।

Fragrant – फ्रे' - ग्रैन्ट – *adj.* sweet-smelling, odorous. सुगन्धित,(सुवासित), खुशबूदार; **Fragrantly** (-ली) *adv.* with sweet scent. सुगन्ध सहित।

Frail – फ्रेल् – *adj.* fragile, weak, unchaste. भङ्गुर, दुर्बल, व्यभिचारिणी; **Frailty** (-टी) *n.* fault, weakness. निर्बलता, दोष।

Frame–फ्रेम्– *v. t.* & *i.* to shape, to construct, to purpose, to contrive, to imagine, to put border round. निर्माण करना, रचना, बनाना, कल्पना करना, किनारा लगाना; *n.* construction, plan, system, temporary frame of mind, a skeleton, रचना, खाका, ढङ्ग, भावना, ढाँचा (बनावट); **To frame in the mind** (to form a mental picture.) मन में चिन्तन करना; **Framable** (-ऐ-ब्ल्) *adj.* able to be framed. बनाने योग्य; **Framer** (-अर्) *n.* one who frames. बनानेवाला; **Framing** (-इङ्ग') *n.* structure. बनावट; **Framework** (-वर्क्) *n.* that which supports a structure. ढाँचा।

Franc–फ्रैंङ्क्– *n.* a French coin worth about two pence. दो पेन्स के मूल्य का फ्रान्स देश का सिक्का।

Franchise– फ्रैन्'-चाइज़्– *n.* exemption from burden, privilege, citizenship. छुटकारा, स्वाधीनता, पं.रजन का अधिकार; *v. t.* to set free. मुक्त करना; **Franchisement** (-मेन्ट) *n.* release from restriction.छुटकारा,मुक्ति

Frangible–फ्रैन्'-जि-ब्ल्– *adj.* easily broken. सहज में टूटने योग्य; **Frangibility** (-इट्-ई) *n.* quality of being frangible. कुड़कीलापन।

Frangipane– फ्रैन्'-जि-पेन्– *n.* perfume of red jasmine, a kind of almond cream. लाल चमेली का अतर, एक प्रकार की बादाम की मिठाई।

Frank–फ्रैङ्क्–*adj.* generous, candid, undisguised, sincere. उदार, स्पष्टवक्ता, निष्कपट, सच्चा; *v. t.* to exempt from payment. देनेसे मुक्त करना; **Frankly** (-ली) *adv.* in a frank manner, candidly. निष्कपटता से; **Frankness** (-नैस्) *n.* the state of being frank. स्पष्टता।

Frankenstein– फ्रैङ्क्'-एन्-स्टाइन्– *n.* the thing which becomes horrible to him who creates it. अपनी बनाई हुई वस्तु का अपने ही लिये भयंकर हो जाना

Frankincens – फ्रैङ्क्'-इन्-सैंन्स् – *n.* an aromatic gum resin. लोहबान।

Franklin– फ्रैङ्क्'-लिन् – *n.* an old English freeholder. इङ्गलिस्तान का पूर्व समय का माफ़ीदार।

Frantic – फ्रैन्'-टिक् – *adj.* excited mad, uncontrolled. उन्मत्त, पागल, उच्छृङ्खल; **Frantically** (-टि-कैल्-लि) *adv.* in a frantic manner. उन्मत्त के सदृश; **Franticness** (-नैस्) *n.* quality of being frantic. उन्मत्तता।

Frap–फ्रैप्–*v. t.* (*p. t.* **Frapped**) to bind tightly (ropes &c.) जहाज़ के रस्से इत्यादि को कसकर बाँधना।

Fraternal–फ्रै-टर्'-नैल्-*adj.* brotherly. भ्रातृ सदृश, भाई के समान; **Fraternity** (-नि-टी) *n.* brotherliness,

guild. भाईचारा, बन्धुता ; **Fraternization** (-आइज़-ए'-शॉन्) *n.* act of fraternizing. समागम, मेल; **Fraternize** (-नाइज़) *v. t.* to associate, to make friends. भ्रातृवत् संसर्ग मैत्री करना।

Fratricidal – फ्रैट्'-रि-सि-डैल् – *adj.* pertaining to the killing of a brother or sister. भ्रातृ अथवा भगिनी-वध सम्बन्धी।

Fratricide – फ्रैट्'-रि-साइड् – *n.* one who kills his brother or sister. भाई या बहिन की हत्या करनेवाला।

Frau– फ्राउ– *n.* a married woman. विवाहिता स्त्री।

Fraud–फ्रॉड्–*n.* criminal deception, dishonest trick. दगा, कपट, छल ; **Religious fraud** (religious deception.) धार्मिक (विश्वास बढ़ाने के लिये) छल करना।

Fraudulence-फ्रॉड्'-यू-लॅन्स्-*n.* deceit. छल, कपट व्यवहार।

Fraudulent–फ्रॉ'-ड्यु-लॅन्ट्- *adj.* practising deception. कपटी, छली, धूर्त ; **Fraudulently** (-ली) *adv.* in a deceptive or fraudulent way. कपट से।

Fraught–फ्राट्–*adj.* stored, full of. भारयुक्त, परिपूर्ण; **Fraught with** (full of, with hope.) पूर्ण आशा रखता हुआ।

Fray–फ्रे–*n.* (*pl.* **Frays**) noisy quarrel, broil, conflict. कलह, युद्ध, झगड़ा।

Frazil– फ्राज़्'-इल्– *n.* ice at the bottom of a stream. किसी जलाशय के तल का बरफ।

Freak–फ्रीक्–*n.* whim, caprice, product of sportive fancy. लहर, तरङ्ग, लीला ; **Freaked** (-ड्) *adj.* spotted. धब्बेदार; **Freakish** (-इश्) *adj.* whimsical. झक्की, चञ्चलचित्त; **Freakishly** (-इश्-ली) *adv.* in a freakish manner. चपलता से; **Freakishness** (-इश्-नॅस्) *n.* the state of being freakish. चपलता।

Freckle–फ्रॅक्'-क्ल्– *n.* a light brown mark on skin. शरीर पर का पीला धब्बा या चित्ती ; *v. t.* & *i.* to be spotted with freckles. धब्बे पड़ना या डालना।

Free– फ्री – *adj.* not in bondage, loose, not confined, unimpeded, unconnected, without obstructions, unforced, gratuitous, copious, familiar, exempt from. स्वतन्त्र, ढीला, अबद्ध, बिना रुकावट का, असम्बद्ध, बिना अवरोध का, मर्यादाहीन, दानी (मुक्तहस्त), पर्याप्त, परिचित, पृथक् ; *v. t.* to set at liberty. स्वतन्त्र करना ; **Carriage free** (without charge for conveyance.) बिना महसूल के जाने या लाने की क्रिया ; **Free-booter** (pirate.) डाकू, लुटेरा; **Freedom** (-डम्) *n.* personal liberty, frankness, disadvantage. स्वतन्त्रता, स्पष्टता, असुविधा ; **Freehand** (without the help of measurements.) बिना किसी नाप या यन्त्र के तस्वीर खींचना; **Freehold** (-होल्ड्) *n.* माफी आराज़ी ; **Freely** (-ली) *adv.* in a free manner. स्वतन्त्रता से, यथेच्छ ; **Freeness** (-नॅस्) *n.* the quality of being free. निर्विघ्नता ; **Free school** (a school where students have to pay no fee.) बिना फीस का स्कूल ; **Free speaking** (expressing one's thoughts freely.) अपना स्वतन्त्र मत प्रगट करना, **Free thinker** (a rationalist.) धार्मिक विचारों का त्याग करके सोचनेवाला ;

Free trade (freedom from import duty.) बिना कर का व्यापार।

Freemason–फ्री'-में-सॉन्–*n.* a society of persons united for brotherly love. एक संघ जिसके सभासद परस्पर प्रेम और भ्रातृ भाव रखते हैं।

Freewill–फ्री'–विल्–*n.* voluntariness. स्वेच्छा।

Freeze–फ्रीज़–*v. i.* & *t.* (*p.t.* **Froze,** *p.p.* **Frozen**) to convert into ice, to become chilled, to feel very cold, to cause to congeal, to preserve by refrigeration. बरफ़ करना, ठण्डा होना, ठण्ड लगना, जमाना, कुल्फ़ी जमाना; **To freeze one's blood** (to terrify.) डराना; **To freeze out** (to remove from society.) समाज से अलगाना; **Freezable** (-अॅ-बल्) जमने योग्य; **Freezer** (-अर्) *n.* a refrigerator. बरफ़ जमाने का यन्त्र।

Freezing–फ्रीज़'–इङ्ग्–*adj.* chilling. ठण्डा करनेवाला, जमानेवाला; **Freezing point** *n.* जिस ठंढक पर पानी जम जाता है

Freight–फ्रेट–*n.* hire of ship, transport of goods, cargo, burden. जहाज का भाड़ा, बोझ, माल; **Freightage** (–एज्) *n.* hire of a ship. जहाज का भाड़ा; **Freighter** (-अर्) *n.* one who freights a ship. जहाज पर माल लादनेवाला।

Fremescent-फ्रेम्-मेंस्'-सेन्ट–*adj.* raging, riotous. लड़ाका, झगड़ालू।

French–फ्रेन्च्–*adj.* of France or its people. फ्रान्स् देश अथवा इसके निवासियों का; *n.* the language or people of France. फ्रान्स् देश की भाषा अथवा प्रजा; **Frenchify** (–इ–फाइ')*v.t.* to make French. (आकृति या रूप में) फ्रेन्च् के सदृश बनाना; **French leave** (leave without permission.) बिना सूचना दिये छुट्टी ले लेना; **Frenchless** (–लेंस्) *adj.* without knowing French. फ्रेन्च् न जाननेवाला; **French-polish** (a kind of polish for wood.) लकड़ी पर की पालिश।

Frenetic–same as–**Frantic.**

Frenzy–फ्रेन्ज़्'–ई–*n.* temporary insanity, delirious agitation. उन्माद, आवेश, पागलपन; *v.t.* (*p.t.* **Frenzied**) to infuriate. उन्मत्त करना, क्रुद्ध करना।

Frequency-फ्री'-क्वेन्-सी–*n.* frequent occurrence, rapidity. अविराम घटना, तीव्रता।

Frequent–फ्री'- क्वेन्ट - *adj.* numerous, abundant, occurring often, rapid. अनेक, अधिक, नित्य (बारम्बार), शीघ्र; *v. t.* (फ्री-क्वेन्ट') to go often. नित्य या बारम्बार जाना; **Frequentation** (ए'–शॉन्) *n.* habit of visiting often. बारम्बार भेंट करने का अभ्यास; **Frequentative** (–अॅटि–इव्) *adj.* of verbs signifying the frequent repetition of an action. यङन्त रूप; **Frequently** (-ली) *adv.* commonly, often. बहुधा, बारम्बार।

Fresco–फ्रेस्'-को–*n.* (*pl.* **Frescoes**) a process of painting pictures on wall before plaster is dry. पलस्तर लगाने के पहिले दीवारों पर चित्र खींचने की विधि।

Fresh–फ्रेश्–*adj.* new, not previously known, additional, different, raw, inexperienced, not salt, pure, bright. नया, अज्ञात, अतिरिक्त,

मित्र, कच्चा, अनुभवहीन, मीठा, स्वच्छ, चमकीला; **Fresh complexion** (full youth.) पूर्ण यौवन ; **Fresh water** (sweet and palatable water.) मीठा जल; **To break fresh ground** (to begin something new.) नया कार्य आरम्भ करना ।

Freshen-.फ्रैश्'-ऍन्-*v.t.* to make fresh. ताजा करना : **Freshness** (-नेस्) *n.* quality of being fresh. नवीनता ।

Freshly-.फ्रैश्'-ली-*adv.* in a fresh manner. नई विधि से ।

Fret-.फ्रैट्-*n.* an ornamental pattern made of straight lines. रेखाओं से बनी हुई चित्रकारी का काम ; *v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Fretted**) to adorn with carved or embossed work, to torment, to annoy, to irritate. नकाशी का काम बनाना, पीड़ा देना, उद्विग्न करना, उत्तेजित करना ; *n.* annoyance, distress, ridge for finger-stays in stringed instruments. उद्वेग, व्यथा, सितार इत्यादि के परदे ; **To fret and fume** (to show impatience through anger.) क्रोध की अधीरता दिखलाना ।

Fretful-.फ्रैट्'-फुल्-*adj.* peevish. शीघ्र कुपित होनेवाला (चिड़चिड़ा), **Fretfully** (-ली) *adv.* चिड़चिड़ेपन से

Fret saw-.फ्रैट्-सॉ-*n.* a kind of fine saw. महीन तार की आरी; **Fret-work**-.फ्रैट्'-वर्क्-*n.* a perforated work. छिद्रों से बने कटाव के काम ; **Fretfully** (-फुल्-लि) *adv.* in a fretful manner. क्षोभचित्त से ।

Friable- फ़्राइ'-ऑ-ब्ल् - *adj.* easily reduced to powder. जल्दी से बुकनी होने वाला ।

Friar-फ़्राइ-ऑर्-*n.* (*fem.* **Nun**) a monk. संन्यासी, तपस्वी ; **Friary** (-ई) *n.* convent. मठ, विहार ।

Fribble-फ़्रिब्'-ब्ल्- *v. i.* to trifle. हँसी उड़ाना ।

Friction-फ़्रिक्'-शॉन्-*n.* rubbing of two bodies, attrition, disagreement. रगड़, घसाव, बिगाड़; **Frictional** (-ऑल्) *adj.* pertaining to friction. संघर्ष सम्बन्धी ; **Frictionless** (-लेस्) *adj.* devoid of friction. बिना रगड़ का ।

Friday-फ़्राइ'-डे-*n.* the sixth day of the week. शुक्रवार ; **Good Friday** (Friday before Easter.) ईस्टर के त्योहार के पूर्व का शुक्रवार ।

Friend-.फ्रैन्ड्-*n.* intimate associate, helper, patron, companion. मित्र, सहायक, संरक्षक, साथी, बन्धु; **A friend at court** (one of sufficient interest to help another.) ऐसा मनुष्य जिसके प्रभाव से अर्थ सिद्धि हो सके ; **Friendliness**-.फ्रैन्ड्'-ली-नेस्-*n.* the quality of being friendly. हितबुद्धि, मित्रत्व ; **Friendless**-फ्रैन्ड्'-लेस्-*adj.* without a friend. मित्रहीन, निःसहाय ; **Friendship**-.फ्रैन्ड्'-शिप्-*n.* relation between friends. मित्रता; **Friendly** .फ्रैन्ड्'- ली - *adj.* kind, serviceable. दयालु, कल्याणकारी, **Friendly dispute** (dispute of a friendly nature.) प्रीतिकलह; **On friendly terms** (in terms of mutual friendship.) मित्रभाव से ।

Frieze-फ्रीज़्-*n.* a coarse woollen cloth. मोटा ऊनी कपड़ा ।

Frigate–फ्रिग्'-गेट्–*n.* a warship, cruiser. युद्ध नौका, लड़ाई का जहाज़ ।

Fright–फ़ाइट्–*n.* sudden fear, alarm. भय, शङ्का, उद्वेग ।

Frighten–फ़ाइट्–एन्'–*v.t.* to terrify. डराना ; **Frightened** (–ऍन्ड्) *adj.* terrified. भयत्रस्त, शङ्कित ।

Frightful–फ़ाइट्-फुल्–*adj.* dreadful, shocking. भयङ्कर, डरावना ; **Frightfully** (–फुल्–लि) *adv.* dreadfully. भयङ्कर रूप से; **Frightfulness** (-नेंस्) *n.* डरावनापन ।

Frigid–फ्रिज़्'–इड्– *adj.* cold, chilling, dull, depressing. शीत, ठण्ढा, निरुत्साह, स्नेहरहित; **Frigidity** (-इ-टी) *n.* chilliness. ठण्ढक ; **Frigidness** (-नेंस्) *n.* the quality of being chilly. ठण्ढापन, **Frigidly** (-ली) *adv.* in a cool manner. शीतलता से ।

Frill–फ्रिल्–*n.* an ornamental edging, ruffle. झालर, मगजी ; **Frilled** (-ड्) *adj.* with ornamental edgings. झालरदार ।

Fringe – फ्रिन्ज् – *n.* border, edging, trimmings of hanging threads. किनारा, झालर, अञ्चल ; **Fringeless** (-लेस्) *adj.* without fringe. बिना झालर का; **Fringy** (-ई) *adj.* having fringes. झालरदार ।

Frippery–फ्रिप्'-पॅ-री–*n.* finery, vain display, trifles. आडम्बर, दिखावट के पदार्थ, निष्प्रयोजन वस्तु ।

Frisette – फ्रि - ज़ेट्' – *n.* artificial curls on forehead. ललाट पर के बालों के कृत्रिम गुच्छे, काकुल ।

Frisk – फ्रिस्क – *v. i.* to move sportively. क्रीड़ा करना, नाचना ; *n.* gambol. कुलेल, नाच; **Friskily** (-इ-ली) *adv.* in a frisky manner. आनन्द से ; **Friskiness** (-इ-नेंस्) *n.* the quality of being frolicsome. उछलकूद ; **Frisky** (-ई) *adj.* frolicsome. प्रफुल्ल ।

Frit – फ्रिट – *n.* a mixture of sand, flint &c. used in glass-making. काँच बनाने के लिये बालू और चकमक पत्थर इत्यादि का योग ।

Fritter – फ्रिट्'-टर् – *n.* a small pancake. टिकिया ; *v. t.* to divide minutely. छोटे छोटे टुकड़े करना ; **To fritter away** (to waste away.) नष्ट करना ।

Frivol – फ्रिव्' - ऑल् – *v. i.* to trifle. मूर्खवत् कार्य, (आडम्बर) करना; **Frivolity** (-फ्रैं-वॉल्'-इ-टी) *n.* levity. निरर्थक व्यापार (चपलता) ; **Frivolous** (-ओ-लस्) *adj.* trifling, futile, silly. तुच्छ (चपल), अनर्थक, ओछा ; **Frivolousness** (-नेंस्) *n.* the quality of being trifling. चपल कर्म ; **Frivolously** (-अस्-ली) *adv.* in a frivolous manner. ओछेपन से ।

Frizz–फ्रिज़्–*v.t.* to form into small curls. लच्छे बनाना ; **Frizzle** (-ज़ल्) *v. i.* to make sputtering noise while boiling. खदबदाना ।

Fro–फ्रो–*adv.* away. दूर (यहाँ से, वहाँ से) ; **To and fro** (here and there.) इधर उधर ।

Frock–फ्रॉक्–*n.* a gown with loose sleeves. चोगा (बच्चों की ढीली बण्डी) ; **Frock coat** (a long coat of men.) मर्दाना लम्बा कोट ।

Frog–फ्रॉग्–*n.* a tailless amphibious creature, attachment in belt

for supporting sword &c. (दर्दुर), मेंढक, तलवार इत्यादि लटकाने का पेटी में का खलीता; **Frog in the throat** (hoarseness of voice.) गला बैठ जाना।

Frolic – फ्रॉल्'-इक्–*n*. prank, merriment. क्रीड़ा, खेल, विहार; *adj*. sportive. खेलाड़ी; **Frolicsome** फ्रॉल्'-इक्-सम् *adj*. sportive. खेलाड़ी; **Frolicsomely** (-ली) *adv*. in a sportive manner. क्रीड़ा से; **Frolicsomeness** (-नेस्) *n*. merriment. क्रीड़ा।

From–फ्रॉम्–*prep*. expressing separation, starting point, inferior limit, source, motive. से, कारण से, आरम्भ करके, प्रायः, अनुसार; **From day to day** (every day.) दिनदिन; **From hence** (from this time.) अब से; **From within** (from the inside.) अन्तःकरण से; **Painted from nature** (*i. e.* from actual model.) प्राकृतिक पदार्थ को देखकर चित्र खींचा हुआ।

Frond–फ्रॉन्ड्–*n*. a leaf-like organ in some flowering shrubs. फूलनेवाले कुछ पौधों में पत्तियों के आकार का अङ्ग।

Front – फ्रन्ट् – *n*. forehead, face, line of battle towards the enemy. ललाट, अग्रभाग (मुख), युद्ध का मुख; *v. i.* to look in the face, to stand opposite to, to confront. सन्मुख होना, सामने होना, व्यग्र करना; **Front of army** (fore part of army.) सेना मुख; **In front of** (before.) सामने, आगे; **In the front** (before.) सन्मुख, आगे; **To come to the front** (to be foremost.) विशिष्ट होना; **To go to the front** (to join the army.) सेना में सम्मिलित होना।

Frontage – फ्रन्ट्'-एज् – *n*. the front part. अग्रभाग; **Frontal** (-अॉल्) *adj*. pertaining to the front. ललाट सम्बन्धी।

Frontless – फ्रन्ट्'-लेस्–*adj*. wanting modesty. निर्लज्ज।

Frontlet–फ्रन्ट्'-लेट्–*n*. a fillet worn on the forehead. मुकुट, किरीट।

Frontward – फ्रन्ट्'-वर्ड्–*adv*. in the front part. आगे की ओर।

Frontier – फ्रॉन्'-टि-अर् – *n*. part of a country bordering another. सीमाप्रदेश, सिवान।

Frontispiece – फ्रन्'-टिस्-पीस्–*n*. an illustration facing the title page of a book. पुस्तक के प्रथम पत्र में लगाया हुआ चित्र।

Frost–फ्रॉस्ट्–*n*. frozen dew or vapour, chilling influence. तुषार, पाला, ठंढ; **Frostily** (-इ-ली) *adv*. in a frosty manner. ठण्डेपन से; **Frostiness** (-ई-नेस्) *n*. the quality of being frosty. पालापन; **Frostless** (-लेस्) *adj*. deprived of frost. तुषार रहित; **Frosty** (-ई) *adj*. cold, chilling, frigid. शीत, ठण्ढा, पालेदार।

Froth – फ्रॉथ् – *n*. foam, scum, idle talk. फेन, झाग, व्यर्थ बकवाद; **Frothily** (-इ-ली) *adv*. with froth. फेन से; **Frothiness** (-इ-नेस्) *n*. quality of being with froth. फेनपन; **Frothy** (-ई) *adj*. full of foam. फेनदार।

Froward – फ्रो'-वर्ड्–*adj*. perverse. ढीठ, हठी; **Frowardly** (-ली) *adv*. हठ से; **Frowardness** (-नेस्) *n*. state of being perverse. हठ।

Frown - फ्राउन्-*v. i.* to knit brows in displeasure, to look gloomily. भ्रूभङ्ग करना, त्योरी चढ़ाना, व्यग्र देख पड़ना; *n.* the knitting of eye-brows in displeasure. भ्रूभेद, त्योरी; **Frowning** (-इङ्ग्) *adj.* gloomy. भौंह चढ़ाया हुआ ; **Frowningly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with a look of displeasure. भृकुटी चढ़ाये हुए।

Frowzy-फ्राउ'-ज़ी-*adj.* ill-smelling, dingy. दुर्गन्ध का, उग्र गन्ध का।

Frozen-फ्रोज़्'-ऍन् - *p.p.* of **Freeze.**

Fructification - फ्रक्'-टि-फ़ि-कें'-शॉन्-*n.* the process of fructifying. फल उपजाने की विधि।

Fructify - फ्रक्'-टि-फाई-*v. i.* & *t.* to bear fruit, to make fruitful. फल उत्पन्न करना, उपजाऊ बनाना।

Fructose-फ्रक्'-टोस्-*n.* fruit sugar. फलों में की चीनी।

Fructuous-फ्रक्'-ट्यू-अस् - *adj.* fruitful. फल उत्पन्न करने वाला।

Frugal - फ्रू' - गॅल् - *adj.* sparing, thrifty, economical. मितव्ययी, कमखर्च, किफ़ायती; **Frugality** (-गॅल्-इ-टी) *n.* quality of being frugal, thrift. स्वल्पव्यय, कमखर्च ; **Frugally** (-ली) *adv.* in a thrifty manner. कमखर्ची से।

Frugivorous-फ्रू-जिव्'-ऑर्-अस्-*adj.* feeding on fruits. फलाहर करनेवाला।

Fruit-फ्रूट्-*n.* the edible product of seed produced from a plant or tree, offspring, produce, result. वृक्ष का फल, सन्तति, उपज, परिणाम ; **Fruit-tree**-(-ट्री) फल का वृक्ष।

Fruitage - फ्रूट्'-एज् - *n.* product. फलागम।

Fruitarian -फ्रूट-ऍअर्'-इ-ॲन्-*n.* one who feeds on fruits. फलों का आहार करने वाला।

Fruiter-फ्रूट्'-अर् - *n.* a fruit-grower, fruit-ship. फल देनेवाला वृक्ष, फल ले जानेवाला जहाज़।

Fruiterer-फ्रू'ट्-अर्-अर्-*n.* one who sells fruits. फल बेचनेवाला।

Fruitful - फ्रूट्'-फुल् - *adj.* productive, fertile. सफल, उपजाऊ; **Fruitfulness** (-नेस्) *n.* quality of being fruitful. परिपूर्णता।

Fruition - फ्रू-इश्'-ऑन् - *n.* enjoyment. सुख, स्वाद।

Fruitless-फ्रूट्'-लॅस्-*adj.* devoid of fruit. निष्फल, निरर्थक, फलहीन; **Fruitlessly** (-ली) *adv.* in a useless manner. व्यर्थ, निरर्थक, **Fruitlessness** (-नेस्) *n.* the quality of being fruitless. निरर्थकता।

Fruitlet-फ्रूट्'-लेट्-*n.* a small fruit. छोटा फल।

Fruity-फ्रूट्'-ई-*adj.* pertaining to fruits. फल सम्बन्धी।

Frumenty-फ्रु'-मॅन्-टी - **Furmety** (फ़र्म्'-ऍ-टी) *ns.* a kind of food prepared from hulled wheat boiled in milk. दलिया, दूध में पका हुआ गेंहूँ का भोजन।

Frump-फ़्रम्प्-*n.* an old-fashioned shabby woman. गन्दी बूढ़ी औरत।

Frustrate-फ्रस्'-ट्रेट्-*v. t.* to baffle, to disappoint, to defeat. व्यग्र करना, हराना, निराश करना।

Frustration - फ्रस्-ट्रे'-शॉन्-*n.* disappointment, defeat. नैराश्य, पराज,

Frustrative-फ्रस्-ट्रॅ-टिव्-*adj*. tending to defeat. पराजयकारी।

Frustum-फ्रस्ट्'-अम् – *n*. the lower part of a solid formed by cutting it off parallel to the base. किसी ठोस पदार्थ का आधार के समानान्तर कटा हुआ निचला भाग।

Frutescent-फ्रु-टॅस्'-एन्ट्-*adj*. of the nature of a shrub. झाड़ी के सदृश।

Frutex-फ्रु'-टॅक्स्-*n*. a shurb. झाड़ी।

Fry-फ्राइ-*n*. young fishes in large number, fried meat. छोटी मछलियों का समुदाय, पकाया हुआ मांस ; *v. t.* (*p. t.* **Fried**) to roast or cook in fat. भूँजना, तलना ; **Fryer** (-अर्) *n*. पकाने की कड़ाही।

Frying-फ्राई'-इङ्ग्-*n*. a process of cooking. पकाना, भूँजना ; **Frying-pan** (vessel for frying.) कड़ाही ; **Out of the frying pan into fire** (from one difficulty into another.) एक आपत्ति से निकल कर दूसरी आपत्ति में गिरना।

Fubsy-फब्'-सी-*n*. fat. वसा, चरबी।

Fucsus-फ्यू'-कस् – *n*. a kind of seaweed. एक प्रकार की समुद्री सेवार।

Fuddle-फड्'-इल्-*v.t.* to intoxicate, to confuse. मदोन्मत्त करना, व्याकुल करना ; *n*. intoxication. नशा।

Fudge-फड्ज् – *n*. nonsense. अनर्थक बातें ; *v. t.* to patch up. चिप्पी लगाना, पट्टी रखना।

Fuel-फ्यु'-ऍल्-*n*. material for burning, something that feeds passion. इन्धन (समिधा), भड़कानेवाला पदार्थ ; *v.t.* to feed with fuel. इन्धन लगाना।

Fuff-फफ्-*v. t.* to puff. फुलाना।

Fug – फग् – *n*. musty smell in a room. कमरे में की दुर्गन्ध (गुमस)।

Fugacious-फ्यू-गे'-शस्-*adj*. fleeting difficult, apt to flee. पलायनशील, कठिन, भागनेवाला।

Fugitive-फ्यू'-जि-टिव् – *adj*. flying, fleeting, running away, occasional. भगेड़ू, भागनेवाला, चपल, अस्थिर ; *n*. refugee, exile, भग्गू, भागनेवाला।

Fulcrum-फल्'-क्रम्-*n*. (*pl*. **Fulcra, Fulcrums**) the prop on which a lever moves. आधार, आलम्ब, आश्रय।

Fulfil-फुल्-फिल्'-*v.t.* (*p. t.* **Fulfilled**) to carry out, to perform, to comply with, to bring to an end. परिपूर्ण करना, सफल करना, निर्वाह करना, समाप्त करना ; **Fulfiller** (-लर्) *n*. one who fulfils. पूरक ; **Fulfilment** (-मॅन्ट) *n*. accomplishment. सिद्धि ; **Fulfilment of desires** (accomplishment of desires.) इच्छापूर्ति।

Fulgent-फुल्'-जॅन्ट – *adj*. shining, bright, brilliant. उज्वल, दीप्तिमान, चमकता हुआ।

Fulgurate-फल्'-ग्यु-रॅट्-*v.i.* to flash as lightning. बिजली की तरह चमक उठना।

Full-फुल्- *adj*. filled up, crowded, engrossed, abundant, copious, entire, perfect. परिपूर्ण, व्याप्त, सकल, अखण्ड, संपूर्ण ; *v. t.* & *i.* to become or make full. इकट्ठा होना या करना ; *adv*. completely. पूर्ण रूप से ; **At full length** (lying straight.) लम्बा पड़ा हुआ; **Full blooded** (heartily.) सहृदय ; **Full blown** (fully

expanded.) प्रफुल्ल, विकसित ; **Full brothers** (sons of the same parents.) एक ही माँ बाप के जन्मे भाई ; **Full-fed** (stout.) हृष्टपुष्ट ; **Full growth** (development.) प्रौढ़ता ; **Full-hearted** *adj.* उमंग में भरा हुआ ; **Full moon** (*i. e.* when its whole disk is illuminated.) पूर्णचन्द्र ; **To the full** (completely.) पूर्णरूप से ।

Fuller–फुल्‌'-अर्–*n.* one who cleanses clothes. कपड़ा साफ़ करनेवाला ; **Fuller's earth** (hydrous silicate of alumina.) सज्जीखार, रेह ; **Fullness** (-नेस) *n.* the quality of being full. पूर्णता ; **Fully** (-ली) *adv.* completely. पूर्ण रूप से ।

Full stop–फुल्‌'-स्टॉप्–*n.* period in punctuation. पूर्ण विराम ।

Fulminant–फल्‌'-मि-नॅन्ट–*adj.* developing suddenly. एकाएक बढ़नेवाला ; **Fulmination** (-नें'-शॉन्) *n.* the act of fulminating. स्फूर्जन ; **Fulminatory** (-नॅ-टर्-ई) *adj.* pertaining to fulmination. उमड़नेवाला ।

Fulminate–फुल्‌'-मि-नेट–*v. t.* to explode, to thunder forth. गरजना, (तड़पना), फटना ।

Fulness–फुल्‌'-नेस–see **Fullness**.

Fulsome–फुल-सम् – *adj.* excessive, disgustive. अति, घृणित ; **Fulsomeness** (-नेस) *n.* disgustiveness. घृणा, गर्हता ।

Fulvous – फल्‌'-वस् – *adj.* reddish yellow. धूसर वर्ण का, भूरा ।

Fumacious-फ्यू-मे'-शस-*adj.* smoky. धुएँ से भरा हुआ ।

Fumble-फम्‌'-बल-*v.i.* to use hand in an awkward manner, to grope about. फूहड़पन से काम करना, टटोलना ; **Fumbler** (-ब्लर्) *n.* one who fumbles. फूहड़पन से काम करनेवाला ; **Fumbling** (-इङ्ग्) *n.* awkwardness. फूहरपन

Fume–फ्यूम्–*n.* smoke, vapour, fit of anger. धुवाँ, भाफ, क्रोध का आवेग, *v. t.* to perfume. सुगन्धित करना ।

Fumid – फ्यू'-मिड् – **Fumy** (फ्यू-मी) *adjs.* full of smoke, vaporous. धुएँ से परिपूर्ण, वाष्पपूर्ण ।

Fumigate–फ्यू'-मि-गेट्–*v.t.* to apply fumes to, to purify, to perfume. धूप देना, सुवासित करना, सुगंधित करना , **Fumigation** (गे'-शॉन्) *n.* the act of fumigating. सुगन्धितकरण; **Fumigator** (-ऑर्) *n.* what fumigates. धूप देनेवाला ।

Fun–फन्–*n.* sport, amusement. खेल, क्रीड़ा ; **In fun** (in joke.) हसी में ; **To make fun of** (to make sport of.) हसी उड़ाना ।

Funy–फन्‌'-नी-*adj.* (*comp.* **Funnier**, *sup.* **Funniest**) sportive. खेलवाड़ी ।

Funambulist–फ्यू-नॅम्'-ब्यु-लिस्ट – *n.* a rope-walker. रस्सी पर चलनेवाला ।

Function–फङ्क्‌'-शॉन् – *n.* performance, a social gathering, the use of any organ, power, office. व्यापार, सामाजिक सम्मेलन, किसी अंग का उपयोग, शक्ति, अधिकार ; *v. t.* to fulfil. पूर्ण करना ; **Functional** (-ऑल) *adj.* performed by function. अधिकारी सम्बन्धी, इन्द्रियों के कार्य सम्बन्धी ; **Functionary** (-री-रि) *n.* a pubic official. अधिकारी ; **Functionless** (-लस) *n.* without occupation. व्यापारशून्य ।

Fund–फ़न्ड्–*n.* stock of something, (*pl.*) resources. सञ्चय,(ब० व०) मूलधन, माल ; *v. t.* to provide a fund. माल इकट्ठा करना, लागत लगाना ।

Fundament – फ़न्′-डी-मॅन्ट् – *n.* the buttocks. कटि पश्चात् भाग, चूतड़ ।

Fundamental–फ़न्′-डी-मॅन्′-टॅल्–*adj.* pertaining to the ground work or root of matter, essential, primary, original. प्रधान, सारभूत, प्रारंभिक, मौलिक; **Fundamentality** (-टॅल्-इ-टी) *n.* essentiality. मूलता, प्रधानता ; **Fundamentally** (-ली) *adv.* essentially. मूल रूपमें ।

Funeral–फ्यू′-नर्-ऑल् – *adj.* burial. उत्तरक्रिया सम्बन्धी ; *n.* the burial of the dead. अन्त्येष्टि क्रिया, श्राद्ध इत्यादि कर्म; **Funeral pile (pyre)** *n.* (pile of wood on which a corpse is burnt.) चिता ।

Fungus–फ़ङ्′-गस्- *n.* (*pl.* **Fungi, Funguses**) mushroom, a kind of spongy-plant. कुकुरमुत्ता, मशुरिका ।



Fungus.

Funicular– फ्यू-निक्′ - यू - लॅर् – *adj.* worked by rope. रस्से से चलानेवाला ।

Funicle-फ्यू′-नि-कुल्–*n.* a small cord, a fibre. छोटी डोरी, तन्तु, रेशा ।

Funk-फ़ङ्क्-*n.* an offensive smell, timidity. दुर्गन्ध, भीरुता ।

Funnel–फ़न्′-नॅल्–*n.* a truncated hollow cone and pipe, a metal chimney. चोंगा, टीप, धुवाँकश ।



Funnel.

Funny – फ़न्′-नी – *adj.* see **Fun**.

Fur–फ़र्–*n.* short soft fine hair of certain animals. महीन रोवें ; *v. t.* (*p.t.* **Furred**) to cover with furs. (कपड़ों में ऐसे) रोवें लगाना ; **Furred** (-ड्) *adj.* with furs, with a coating formed on the tongue. रोमयुक्त, जीभ पर उभड़ी हुई नोकीली तह युक्त ।

Furbish–फ़र्′-बिश्–*v. t.* to remove rust, to polish. मुरचा हटाना, चमक लाना (पालिश करना) ; **Furbished** (-ड्) *adj.* brightened. चमकाया हुआ ।

Furcate–फ़र्′-केट् – *adj.* forked. फटे कोर का ; *v. i.* to fork. दोमुहाँ करना, फाड़ना; **Furcated** (-ऍड्) *adj.* forked दो मुहाँ किया हुआ ।

Furious–फ्यू′-रि-अस् – *adj.* raging, violent. कोपाकुल, प्रचण्ड (तीव्र); **Furiously** (-ली) *adv.* in a furious manner, violently. उद्वेग से ; **Furiousness** (-नॅस्) *n.* violence. उग्रता ।

Furl– फ़र्ल् – *v. t.* to fold, to wrap up, to relinquish, to contract. मोड़ना, लपेटना, त्यागना, सिकुड़ना ।

Furlong–फ़र्′-लोङ्ग् – *n.* the eighth part of a mile. एक मील का आठवाँ भाग अथवा दो सौ बीस गज ।

Furlough–फ़र्′-लो–*n.* a temporary leave of absence. अपने देश जाने के लिये कुछ काल की छुट्टी ।

Furnace–फर्'-नॅस्–*n.* an apparatus for melting metals, a fireplace, severe test. अग्निकुण्ड, अङ्गीठी, भट्ठी, कठिन परीक्षा।

Furnish–फर्नि'-इश् – *v.t,* to provide, to afford, to equip. तैयार करना, सजाना, जुहाना।

Furniture–फर्नि'-इ-ट्यूर्– *n.* movable contents, chattels. सामग्री, असबाब;

Furniture of one's mind (knowledge, imaginative faculty.) विद्या, ज्ञान।

Furor – फ्यू'-रॉर्'–*n.* rage, excitement. क्रोध, उत्तेजना।

Furrier–फर्'-रि-अर्–*n.* a dealer in furs. पशुओं के नरम रोवें बेचनेवाला।

Furrow – फर्-रो–*n.* the narrow trench made by plough, groove, track. हल की लकीर, सीता, नाली, मार्ग ; **Furrowness** (-नॅस्) *n.*the state of being a furrow. नाली बनने की स्थिति।

Further–फर्'-दर् – *adj.* additional, more distant. अधिकतर, दूर का, आगे का; *adv.* to a great distance, in addition. दूर पर, आगे की ओर, और भी ; *v.t.* to promote. उन्नति देना, बढ़ाना; **Furtherance** (-अंरन्स्) *n.* promotion. बढ़ती ; **Furthermore** (-मोर्) *adj.* moreover. और भी, अधिक; **Furthermost** (-मोस्ट) *adj.* remotest. सबसे आगे।

Furthest–फर्'-दॅस्ट–*adj.* & *adv.* same as **Farthest**–फार्'-दॅस्ट-सबसे दूर।

Furtive-फर्'-टिव्-*adj.* got by stealth, thievish. चुराया हुआ, चोरी किया हुआ ; **Furtively** (-ली) *adv.* by stealth. चोरी से; **Furtiveness** (-नॅस) *n.* the quality of being furtive. चोरी।

Furuncle–फ्यू'-रङ्-कल–*n.* a boil or tumour. फोड़ा, जहरबाद।

Fury – फ्यू' - री – *n.* wild anger, rage, violence of weather. कोप, क्रोध, ऋतु का उद्वेग।

Furious–फ्यू'-रि-अस् – *adj.* frenzied, angry. प्रचण्ड, क्रुद्ध; **Furiously** (-ली) *adv.* in a furious manner. उद्वेग से, क्रोध से; **Furiousness** (-नॅस्) *n.* the quality of being furious. उग्रता, उन्मत्तता।

Furze–फर्ज़्–*n.* a thorny evergreen yellow-flowered, shrub, भटकैया।

Fuse–फ्यूज़्–*v. t.* & *i.* to melt with great heat, to amalgamate. गलाना, एक रूप होना।

Fusible–फ्यू'-ज़ि-बल–*adj.* that may be melted. द्रवशील।

Fusion –'फ्यू'-ज़ॉन् – *n.* operation of melting. द्रवत्व, एकरूपता, संयोग।

Fusee–फ्यू'-ज़ी–*n.* the conical pulley or a wheel, a large-headed match. सूच्याकार घिरनी या पहिया, बड़े माथे की सलाई।

Fuselage – फ्यू'-सॅ-लॅज् – *n.* framework of an aeroplane. हवाई जहाज का ढाँचा।

Fusiform–फ्यू'-ज़ि-फ़ॉर्म–*adj.* shaped like a spindle, tapering on both ends. सूच्याचार, दोनों किनारों पर नोकीला

Fusil–फ्यू'-ज़िल–*n.* a kind of light musket. एक प्रकार की छोटी बन्दूक।

Fusillade–फ्यू'-ज़िल्-एड्-*n.* a continuous discharge of firearms. तोपों या बन्दूकों की गोली का लगातार चलना।

Fusion–फ्यू'-ज़ॉन्–*n.* see **Fuse**.

Fuss–फस *n.* bustle, tumult, abund-

ance of detail. आडम्बर, कोलाहल, खलबली (गड़बड़); *v.i.* to make a fuss. उपद्रव करना ; **Fussily** (-इ-ली) *adv.* in a fussy manner. आडम्बर से ; **Fussiness** (-ई-नेस्) *n.* the quality of being fussy. आडम्बर ; **Fussy** (-सी) *adj.* making a fuss. उपद्रवी ।

Fustian – फ़स्ट्'-यॅन् – *n.* a kind of cotton cloth. मोटा रुई का कपड़ा; *adj.* worthless, bombastic. निरर्थक अतिशयोक्ति का ।


Futility-फ्यू-टिल्'-इ-टी-*n.* worthlessness. असारता, निरर्थकता ।

Futile-फ्यू'-टाइल्-*adj.* useless, trifling. निरर्थक, निःसार ।

Future-फ्यू'-ट्यूर् – *adj.* that is to come. भविष्य (आनेवाला); *n.* time to come. भविष्य काल ; **Future time** (time to come.) उत्तरकाल ; **Futurity** (-इट्-ई) *n.* future time. भविष्यकाल ।

Fuzz-फ़ज़् – *v. t.* to fluff, to fly off in minute particles. परमाणु रूप में पृथक् होना, इस रूप में उड़ना; **Fuzzily** (-इ-ली) *adv.* in an indistinct manner. अस्पष्टरूप में; **Fuzzy** (-ई) *adj.* blurred. अस्पष्ट ।

Fylfot – फ़िल् - फॉट्– *n.* a kind of equal armed cross. स्वस्तिक, सथिया ।



Fylfot.

Fyrd-फ़र्ड्-*n.* a nation's full military force. किसी देश का सम्पूर्ण सैनिक दल ।

G-जी-the seventh letter of the English alphabet, the fifth note of the diatonic scale. अंग्रेज़ी वर्णमाला का सातवाँ अक्षर, गायन में पाँचवाँ स्वर; It has a hard sound before **a, o, u, l** and **r**, and is sounded soft before **e, i, y**; इसका उच्चारण, **a, o, u, l** तथा **r** के पूर्व रहने पर 'ग' तथा e, i, y के पूर्व रहने पर प्रायः "ज" होता है; it is silent in some words. कुछ शब्दों में इसका उच्चारण नहीं होता यथा "gnat-नैट"

Gab - गैब्-*n.* prattling, idle talk. वृथा की बकवाद, गपशप; *v. i.* (*p. t.* **Gabbed.**) to talk much and idly. बकवाद करना, बरबराना; **Gift of the gab** (power of speech.) बोलने की शक्ति; **Stop your gab** (stop talking.) बोलना बन्द करो।

Gabarage - गैब्'-ऑर्-एज्- *n.* coarse packing cloth. पार्सल बनाने का मोटा कपड़ा।

Gabble-गैब्'-ब्ल्-*v. i.* to talk inarticulately, to utter too fast. बक-बक करना, अतिशीघ्र बोलना; *n.* a meaningless loud talk. बड़बड़ाहट; **Gabbler** (-अर्) *n.* one who gabbles. बकवादी।

Gaberdine-गैब्'-अर्-डीन्-*n.* a loose upper garment. अङ्गरखा, चोंगा।

Gabelle-गी-बेल्'-*n.* a tax or duty. राजकर।

Gabion - गे'-बि-ऑन्-*n.* a cylindrical basket filled with earth used in fortification. क़िलाबन्दी में उपयोग करने की मिट्टी भरी खचिया।

Gable - गे'-ब्ल् - *n.* the triangular end of a wall at the end of a roof. गृह शिखर, मकान का पाखा या कोना; **Gabled** (-इ) *adj.* pointed. नोकदार।

Gaby-गे'-बी-*n.* a simpleton. मूर्ख।

Gad-गैड्-*n.* the point of a spear. बर्छी की नोक; *v. i.* (*p. t.* **Gadded.**) to walk idly, to wander. भ्रमण करना, घूमना फिरना; **Gadding** (-डिङ्ग) *n.* a wandering. परिभ्रमण; **Gadling** (-लिङ्ग्) *n.* a loitering person. घुमक्कड़; **On the gad** (in motion.) चलता हुआ।

Gadfly - गैड्'-फ्लाइ - *n.* a fly that bites cattle, a worrying person. गोमक्खी (डस), कष्ट देनेवाला पुरुष।

Gaff - गैफ् - *n.* a barbed fishing spear. मछली फँसाने की कंटिदार बर्छी; *v. t.* to fish with a gaff. ऐसी बर्छी से मछली पकड़ना।

Gaffer - गैफ्'-फ़र्-*n.* an old fellow, foreman of a gang, an old rustic. वृद्ध पुरुष, चौधरी, वृद्ध गँवार।

Gag-गैग्-*n.* anything thrust into the mouth to enforce silence. मुखरोध (डट्टा); *v. t.* (*p. t.* **Gagged**) to stop mouth forcibly, to silence. मुँह में कपड़ा ठूँसकर बोलना बन्द करना, चुप करना; **Gag-bit** (a kind of strap-bit for horses.) घोड़ा निकालने के लिये कांटेदार लगाम; **Gag tooth** (a projecting tooth.) उभड़ा हुआ दाँत।

Gage - गेज् - *n.* pledge, something thrown down as a symbol to fight. (पण) ललकार, बीड़ा; *v. t.* to give as a pledge. गिरों रखना; **Gag-**

er (-अर्) *n.* one who gages. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Gaggle - गॅग्'-गल् - *v. i.* to cackle like geese. बत्तक की तरह शब्द करना; *n.* flock of geese. बत्तकों का झुण्ड।

Gaiety-गे'-एॅट्-ई-*n.* mirth, amusement, merrymaking. आनन्द, प्रमोद, उत्सव, चहलपहल

Gaily- गे'- ली- *adv.* in a gay manner. प्रसन्नता से।

Gain-गेन्-*n.* profit, improvement, advance, acquisition of wealth, (*pl.*) increase in amount. लाभ, उन्नति, बढ़ती, धन प्राप्ति (ब० व०) बढ़ोतरी; *v. t. & i.* to obtain, to earn, to have as profit, to reach. प्राप्त करना, कमाना, लाभ करना, पहुँचना; **To gain ground** (to advance.) बढ़ना; **To gain the ear of** (to get favourable hearing from.) सुनाई होना; **To gain the upper hand** (to be victorious.) विजयी होना; **To gain over** (to draw to one's party.) अपने वश में लाना; **To gain time** (to make delay by excuses.) बहाना करके विलम्ब करना।

Gainings - गेन्'-इङ्ग्ज़ - *n.* what one has gained. प्राप्ति; **Gainable** (-अॅ-बल्) *adj.* able to be gained. प्राप्त करने योग्य; **Gainer** (-अर्) *n.* one who gains. प्राप्त करनेवाला; **Gainful** (-फुल्) *adj.* profitable, advantageous. फल देनेवाला, लाभजनक; **Gainly** (-ली) *adv.* conveniently. सुविधा से।

Gainsay-गेन्'-से-*v.t.* (*p.t.* **Gainsaid**) to deny, to oppose or contradict. अस्वीकार करना, विरोध करना; **Gainsayer** (-अर्) *n.* an opposer. निषेध करनेवाला।

Gait - गेट्-*n.* manner of walking, pace. चलनेका ढंग, पग; **Gaited** (-एॅड्) *adj.* having a particular gait. विशिष्ट गति का।

Gaiter - गेट्'-अर्-*n.* a covering for the leg. पैर ढाँकने की पट्टी।

Gala - गा' - लॅ - *n.* pomp, festive occasion. आडम्बर, पर्वदिन (त्योहार)।

Galactic - गॅल्-लॅक्ट्'-इक् - *adj.* pertaining to milk, or the Milky Way. दुग्धसम्बन्धी, आकाशगंगा सम्बन्धी।

Galaxy - गॅल्'-अॅक्स्-ई - *n.* a luminous band of small stars, the Milky Way, brilliant company. तारापुंज, आकाशगङ्गा, स्वर्गगङ्गा, प्रसिद्ध मनुष्यों की मण्डली।

Gale-गेल्-*n.* a strong wind, gentle breeze. आँधी, हवा का झोंका, मन्द वायु; **Strong gale** (gust of wind.) प्रचण्ड वायु।

Galea-गे-लॅ'-अॅ-*n.* helmeted structure. टोप के समान आकृति; **Galeate** (-एट्) *adj.* having the form of a helmet. टोप की सी आकृति का।

Galimatias - गॅल्-लि-मे'-शि-अॅस्-*n.* meaningless talk. निरर्थक बकझक।

Galipot-गॅल्'-लि-पॉट् - *n.* resin from hardened turpentine. कड़ी की हुई तारपीन की रजन।

Gall-गॉल् - *n.* bile, asperity, blister, painful swelling, malignity. पित्त, पीड़ा युक्त सूजन, कठोरता; *v.t. & i.* to injure by rubbing, to humiliate, to annoy. घिसकर भ्रष्ट

करना, क्लेश देना, विनीत करना; **Gall-bladder** (a small membraneous sac situated on the underside of liver.) पित्ताशय, पित्त की थैली; **Gall stone** (concretion formed in gall bladder.) पथरी; **Galling** (-इङ्ग) *adj.* vexing, annoying. मर्मभेदी. कष्टकारी।

Gallant-गैल्'-लैन्ट-*adj.* showy, grand, fine, brave. दिखावटी, भड़कीला, सुन्दर, शूरवीर; *n.* a man of fashion, सुवेशधारी मनुष्य (छैला); **Gallantly** (-ली) *adv.* in a gallant manner. वीरता से; **Gallantry** (-री); **Gallantness** (-नेस) *ns.* show, bravery, nobleness. आडम्बर, शूरता, सुशीलता।

Gallery-गैल्'-लर्-री-*n.* a long and narrow passage, balcony with rails around it, room for exhibition of paintings &c. दहलीज, बरामदा, चित्रशाला; *v. t.* to provide with gallery. बरामदा लगाना।

Galley-गैल्'-ली-*n.* (*pl.* **Galleys**) a low flat vessel. लम्बी नाव; (*print.*) an oblong tray in which types are transferred after composing. टाइप बैठाने की किश्ती।

Galliard-गैल्'-यड्ड-*n.* a gay fellow. आनन्दी मनुष्य।

Gallinaceous-गैल्-लिन्-ए'-शस-*adj.* pertaining to domestic fowl. कुक्कुट सम्बन्धी।

Gall-nut-गॉल्'-नट-*n.* gall used in the making of ink. माजूफल।

Gallipot, Galipot-गैल्'-लि-पॉट-*n.* a small glazed cup for holding medicines &c. औषधि इत्यादि रखने का चीनीमिट्टी का प्याला।

Gallium-गैल्'-लि-अम्-*n.* a chemical element. एक रासायनिक तत्व।

Gallon-गैल्'-लॉन्-*n.* a liquid measure of eight pints. तीन सेर दस छटाँक की नाप।

Galloon-गैल्-लून्'-*n.* a narrow woven braid or lace. फीता, लैस, कलाबत्तू।

Gallop-गैल्'-लॉप्-*n.* a horse's swiftest pace. घोड़े की सरपट चाल; *v.i.* to run with leaps. सरपट चाल से दौड़ना; **Galloper** (-अर्) *n.* one who gallops. तेज दौड़नेवाला; **Galloping** (-इङ्ग) *adj.* running with leaps. सरपट दौड़ते हुए।

Galloway-गैल्'-लो-वे-*n.* a horse of small size. टाँगन, टट्टू।

Gallows-गैल्'-लोज़्-*n. pl.* (*used as sing.*) structure on which criminals are hanged. फाँसी देने की टिकठी; **A gallows look** (of sinister demeanour.) कर्कश दृष्टि; **Gallows bird** (person fit to be hanged.) फाँसी देने योग्य मनुष्य।

Galop-गैल्'-ऑप्-*n.* a lively round dance. एक प्रकार का चक्कर में नाच।

Galosh-गैं'-लॉश्-*n.* shoe worn over another in rainy season. बरसात में जूता सुरक्षित रखने के लिये इसके ऊपर पहिरने का रबर का जूता।

Galvanic-गैल्-वैन्'-इक्-*adj.* produced by galvanism. बिजली की शक्ति पैदा करनेवाली।

Galvanism-गैल्'-वैन्-इज़्म्-*n.* electricity produced by chemical

action. रासायनिक क्रिया से उत्पन्न होनेवाली विद्युत् शक्ति ; **Galvanize**–गॅल्–वॅन्–आइज़्'–*v. t.* to affect with galvanism. बिजली से धातु चढ़ाना ; **Galvanization**–गॅल्–वॅन्–आइज़्–ए'-शॉन्–*n.* act of galvanizing. बिजली से धातु चढ़ाने की क्रिया; **Galvanometer**-गॅल्–वॅन्–ऑम्'-ऍट्–अर्–*n.* an instrument for measuring electrical current. बिजली की धारा नापने का यन्त्र ।

Gam–गॅम्–*n.* a school of whales. व्हेल मछलियों का जत्था ।

Gambade–गॅम्'–बेड्–*n.* a horse's leap, fantastic movement. घोड़े की छलांग, कुदान ।

Gamble–गॅम्'–बल्–*v. i.* to play games of chance for money. दाँव लगाकर जुआ खेलना; **Gambler** (-ब्लर्) *n.* one who gambles. जुआ खेलनेवाला, जुआरी; **Gambling** (–लिङ्ग्) *n.* playing for money. जुआ ; **Gamblesome** (–सम्) *adj.* one who gambles. जुआ खेलनेवाला ।

Gamboge–गॅम्–बोज्'–*n.* gum resin. पिउड़ी ।

Gambol–गॅम्'–बॉल्–*n.* a leaping about in frolic. कूदफाँद, कलोल ; *v. i.* (*p. t.* **Gambolled**) to dance, to leap. नाचना, कूदना, कलोल करना ।

Gambrel–गॅम्'–ब्रॅल्–*n.* the angle above the hoof of a horse's hind leg. घोड़े की पिछले पैर की गुमटी ।

Game–गेम्–*n.* jest, sport, a hunted animal. हँसी, क्रीड़ा (मैदान का खेल), शिकार ; (*pl.*) tricks. छल ; **Gamecock** (cock trained to fight.) लड़नेवाला मुरगा; **Gamekeeper** (one in charge of game.) जंगली पक्षिओं की रक्षा करनेवाला; **Gamester** (–स्टर्) *n.* gambler. जुआरी ; खेलाड़ी ; **To make game of** (to ridicule.) हँसी उड़ाना ; **To play one's game** (to advance schemes.) अनजाने उपाय रचना ।

Gamma–गॅम्'–मॅ–*n.* the third letter of the Greek alphabet. ग्रीक वर्णमाला का तीसरा अक्षर ।

Gammer–गॅम्'–मर्–*n.* an old woman. बुढ़िया ।

Gammon–गॅम्'–मॉन्–*n.* the thigh of bacon, deception, nonsense, backgammon. सुअर का जंघा, छल, कपट, चौपड़ के समान एक खेल ; *v. t.* to win in this game. चौपड़ के खेल में जीतना ।

Gamut–गॅम्'–मट्–*n.* the whole series of musical notes, whole scope of anything. ग्राम, स्वर, राग, पूर्ण विस्तार ।

Gamy–गेम्'ई–*adj.* (*comp.* **Gamier**, *sup.* **Gamiest**) abounding in game. क्रीड़ापूर्ण ।

Gander–गॅन्–डर्–*n.* (*fem.* **Goose**) male goose, fool. हंस, मूर्ख ; **Gander party** (company of male persons.) पुरुष-मण्डली ।

Gang–गॅङ्ग्–*n.* a band or company of persons. संघ, मण्डली, जत्था ।

Ganglion–गॅङ्ग्'–लि–ऑन्–*n.* (*pl.* **Ganglions, Ganglia**) knot of a nerve. नाड़ीग्रन्थि ।

Gangrene–गॅङ्ग्'-ग्रीन्–*n.* decomposition of flesh. मांस का सड़ाव ; **Gangrenous** (-ग्रॅन्'-अस्) *adj.* mor-

tified. मांस सड़ने का।

Gangway-गैंङ्ग्'-वें-*n.* the narrow passage on a ship. जहाज पर चलने का संकुचित मार्ग।

Gannet-गैंन्'-नेंट - *n.* a sea-bird. एक समुद्री चिड़िया।

Gantry-गैंन्'-ट्री-*n.* (*pl.* **Gantries**) a four-footed stand for barrels, railway signals &c. पीपे का चौपाया आधार, रेलगाड़ी का सिग्नल।

Gaol-जेल-*n.* a prison, jail. बन्दीगृह, कारागार; **Gaoler** (-अर्) *n.* a jail-warder. बन्दीगृह का अध्यक्ष।

Gap-गैप्-*n.* a gorge, a blank, a cleft. छिद्र, दरी, दरार।

Gape - गेप् - *v. i.* to open mouth wide, to stare, to split. जंभाई लेना (मुँह बाना), ताकना, फाड़ना; **Gaper** (-अर्) *n.* one who gapes. जँभाई लेने-वाला; **Gaping** (-इङ्ग) *n.* जंभाई लेना।

Garage - गैर्'-रीज्-*n.* a place for storing motor cars. मोटर गाड़ी के रखने की कोठरी या अस्तबल।

Garb-गार्ब् - *n.* dress, clothes, costume. वस्त्र, पहिरावा; *v. t.* to clothe, to dress. कपड़ा पहिराना।


Garbage-गार्'-बेज्-*n.* refuse, filth. (उच्छिष्ठ) जूठन, मल, विष्ठा।

Garble-गार्-ब्ल्-*v.t.* to pick up the best. छाँटना, बरा लेना; **Garbler**(-अर्) *n.* one who garbles. छाँटनेवाला।

Garden-गार्ड्'-एन्-*n.* a piece of ground for growing flowers, fruits or vegetables. बाग, बगीचा, फुलवारी; **Garden city** (a model city with garden.) रचकर बसा हुआ नगर; **Garden-engine** (pump for spraying water in a garden.) बगीचे में पानी छिड़कने की कल; **Gardener** (-अर्) *n.* one who cultivates a garden. माली; **Gardening** (-इङ्ग) *n.* the act of cultivating a garden. उद्यानकर्म, बगीचा लगाने की कला; **Garden party** (a social party in a garden.) बगीचे का भोज, प्रीति भोज; **Hanging garden** (gardens in terraces rising behind one another.) ढालुआँ जमीन पर लगाया हुआ बगीचा।

Gargle-गार्'-ग्ल्-*v. t.* to wash the throat with a liquid. कुल्ला करना, गलगला करना; *n.* a liquid preparation for washing the mouth. गलगला।

Gargoyle-गॉर्' - गॉ-ऍल् - *n.* a spout projecting from gutter to carry rain-water. छत पर का पानी बहाने की सुन्दर मोरी, परनाला।



Gargoyle.

Garish-गेर्'-इश्-*adj.* showy, gaudy. देखौवा, सुहावना; **Garishly** (-ली) *adv.* in a showy manner. दिखावट से

Garland-गॉर्-लैन्ड - *n.* a wreath of flowers. माला, फूलों का गजरा; *v. t.* to deck with garlands. माला पहिराना।

Garlic - गार्'-लिक् - *n.* a bulbous plant with strong smell and pungent taste. लहसुन; **Garlic-eater** (a low fellow.) नीच पुरुष।

Garment-गार्'-मेन्ट्-*n.* an article of dress, (*pl.*) outward clothing.

वस्त्र, (ब० ब०) ऊपरी पोशाक, लबादा।

Garner–गार्'-नर्–*n.* a storehouse for corn, granary. धान्यकोष्ठ, खत्ती; *v. t.* to store in a granary. अन्न से खत्ती भरना।

Garnet-गार्'-नेंट्–*n.* a red mineral of which gems are made. रक्तमणि, तामड़ा।

Garnish–गार्'-निश्–*v. t.* to decorate, to adorn, to embellish. अलंकृत करना, सुशोभित करना, सजाना; **Garnisher** (-अर्) *n.* one who decorates. विभूषित करनेवाला; **Garnishing** (-इङ्ग्) *n.* that which decorates. सुशोभन; **Garnishment** (-मेन्ट्) *n.* ornament, embellishment. अलङ्कार, सजावट।

Garniture-गार्'-निट्-यूर्–*n.* accessories, embellishment. सामान, असबाब, सजावट।

Garran–गैर्'-रन्–*n.* a small horse. छोटा घोड़ा, टट्टू।

Garret–गैर्'-रेंट्–*n.* a room on the top floor. (अट्टालिका) शिरोगृह, अटारी; *v. t.* to insert small pieces of stone. लंगड़ देना, जोड़ लगाना; **Garreteer** (-इअर्) *n.* one who lives in a garret. अटारी पर रहनेवाला।

Garrison–गैर्'-रिस्-सान्–*n.* troops stationed for defence of a fortress or town &c. दुर्गरक्षक, क़िले या नगर की रखवाली करनेवाली सेना; *v. t.* to furnish with soldiers. रक्षा के निमित्त सेना नियुक्त करना।

Garrot–गैर्'-राट्–*n.* a kind of sea-duck. एक प्रकार का समुद्री बत्तक।

Garrotte, Garotte–गैर्'-रॉट–*n.* capital punishment by strangling. गला घोंटकर मारने का दण्ड; *v.t.* to kill by strangling. गला घोंटकर मार डालना।

Garrulity–गैर्-र्यू'-लिट्-ई–*n.* talkativeness. वाचालता, बकवाद।

Garrulous–गैर्'-र्यू-लस्–*adj.* loquacious, talkative. वाचाल, बहुभाषी, बकवादी; **Garrulousness** (-नेस्) *n.* habit of being loquacious. बहुभाषित्व, अधिक बड़बड़ाहट; **Garrulously** (-ली) *adv.* in a talkative manner. बकवाद से।

Garter–गार्'-टर्–*n.* a band worn above or below the knee to hold up stockings. मोज़ा बाँधने का तस्मा; **The garter** (the badge of the highest order of knighthood.) नाइट् की पदवी का विशिष्ट चिह्न।

Garth-गार्थ्-*n.* garden, yard. बगीचा, आँगन, मैदान।

Gas–गैस्–*n.* any aeriform fluid, an empty talk, boasting. वायुरूप द्रव्य, वृथा गल्प, बकवाद; *v. t.* (*p. t.* **Gassed**) to poison with gas, to talk boastfully. गैस से विषैला बनाना, अभिमान पूर्वक बातचीत करना; **Gas bag** (a bag for holding gas.) गैस भरने का बैग; **Gas engine** (an engine in which the motive power is gas.) गैस से चलनेवाला इंजन; **Gas-helmet** (mantle for protection of poisonous gas.) विषैली वायुसे बचने के लिये पहिरने की टोपी; **Gasify** (-इ-फाइ) *v.t.* वायुरूप तत्व में बदलना।

Gaseous–गैस्'-इ-अस्–*adj.* in the form of gas. वायुरूप का।

Gasification–गॅ-सिफ़्-इक़-ए'-शॉन् – *n.* the act of turning into gas. गैसमें बदल जाना

Gasify-गॅस'-इ-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Gasified**) to convert into gas. वायुरूप में परिणत करना।

Gasiform–गॅस'-इ-फ़ॉर्म् – *adj.* of the from of gas. गैस की आकृति का।

Gasometer–गॅस-ऑम्'-ऍट्-अर्–*n.* reservoir for gas. गैस भरने का पात्र।

Gassy–गॅस्'-सी-*adj.* containing gas, inflated. वायु पूर्ण, फूला हुआ।

Gasconade–गॅस्-कॉन्-एड्–*n.* boasting, bragging. आत्मश्लाघा, शेखी।

Gaselier – गॅस्'-ऍ-लिअर् – *n.* a gas-lamp with several burners. अनेक बत्तियों वाला गैस का लम्प।

Gash–गॅश्-*n.* a long and deep cut, cleft. गहरा घाव, फटन; *v.t.* to make a gash. गहरा घाव करना।

Gasmask–गॅस्'-मास्क़–*n.* a protection against inhaling poisonous gas. विषैली गैस को रोकने का साधन।

Gasket–गॅस्'-कॅट् – *n.* a small cord for fastening sails &c. पाल इत्यादि बांधने की डोरी।

Gasoline – गॅस्'-सो-लीन् – *n.* an inflammable liquid obtained by distilling petroleum. मिट्टी के तेल से निकाला हुआ शीघ्र जलने वाला अर्क।

Gasp–गास्प् – *v. i.* to catch breath with open mouth. हाँफना, दम लेना; *n.* convulsed effort to catch breath. हाँफन; **Gasping** (-इङ्ग्) *adj.* हाँफता हुआ; **Gaspingly** (-ली) *adv.* in a gasping manner. हाँफते हुए; **To gasp out** (to utter in a gasping tone.) हाँफते हाँफते बोलना।

Gastric, Gastrical-गॅस्'-ट्रिक़ (-ऑल्)–*adjs.* pertaining to the stomach. जठर सम्बन्धी, पेट का; **Gastric juice** (a thin juice secreted in the stomach.) जठराग्नि।

Gastro–गॅस्'-ट्रो–(*in comb.*) relating to stomach. उपसर्ग की तरह, 'पेट का' अर्थमें प्रयुक्त होता है; **Gastrologer** (ट्रॉल्'-ऑज्-अर्); **Gastrologist** (-इस्ट्) *ns.* a cook. पकानेवाला; **Gastrology** (-ट्रॉल्'-ऑज्-ई) *n.* the science of cookery. पकाने की विद्या; **Gastronome** (-नोम्) *n.* a judge of cookery. पकाने की विद्या का न्यायाधीश; **Gastronomer** (-अर्) *n.* an epicure. पेटू, भुक्खड़; **Gastronomy** (-ट्रॉन्'-ऑम्-ई) *n.* the art of good eating. दिव्य भोजन करने की कला, उदरसेवा।

Gate–गेट्–*n.* opening for entrance or exit, mountain pass, passage, framework hung on hinges. द्वार (फाटक, मार्ग), पहाड़ी दर्रा, दरवाज़ा, कपाट; **Gate keeper** (a gate man.) पहरुआ, द्वारपाल; **Gate post** (post for hanging door leaves.) किवाड़ लटकाने का खम्भा; **Gateless** (-लॅस्) *adj.* without gates. बिना दरवाज़े का; **Gateway** (a passage.) द्वारपथ, तोरण।

Gather–गॅद्'-अर्–*v. t.* to bring together, to amass, to collect, to acquire, to deduce, to draw together, to pick up, to develop. इकट्ठा करना, बटोरना, संग्रह करना, प्राप्त करना, अनुमान करना, चुनना, उन्नति करना; **Gatherable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* that

may be amassed. इकट्ठा करने योग्य; **Gatherer** (-अर्) *n.* one who gathers. संग्रह करनेवाला; **Gathering** (-इङ्ग्) *n.* assembly. जनसमूह, सभा; **To gather breath** (to have respite.) दम लेना।

Gatling–गैट्'-लिङ्ग्–*n.* a machine-gun. मशीनबन्दूक जिसमें से लगातार गोलियाँ छूटती हैं।

Gauche – गोश् – *adj.* left-handed, awkward, clumsy. बेंयहत्था, भद्दा, फूहड़।

Gaud–गॉड – *n.* something showy, gaudy ornament. सजावट, आडम्बर, आभूषण; *adj.* showy, brilliant. भड़कीला, उज्वल; **Gaudery**–गॉ'-डर्-ई–*n.* ornaments. आभूषण; **Gaudily**–गॉड्'-इ-ली–*adv.* in a gaudy manner. सजावट के साथ; **Gaudiness** (-ई-नेस्) *n.* the quality of being gaudy. अति शोभा, भड़कीलापन; **Gaudy**-गॉड्'-इ-(*comp.* **Gaudier** *sup.* **Gaudiest**) gay, showy. भड़कीला, दिखावा।

Gauge–गेज्–*n.* standard measure, capacity, extent, distance between rails, graduated instrument. स्थिर नाप (पैमाना), विस्तार, रेल की लाइन के बीच का अन्तर, नापने का यन्त्र; *v. t.* to measure exactly. ठीक ठीक नापना, पैमाना बनाना; **Gaugeable** (-अी-बल्) *adj.* that may be gauged. नापने योग्य; **Gauger** (-अर्) *n.* one who gauges. नापनेवाला।

Gaul – गॉल – *n.* ancient France. फ्रान्स देश का प्राचीन नाम।

Gaunt–गॉन्ट–*adj.* lean, thin, haggard. दुर्बल, पतला, कृश (क्षीण); **Gauntness** (-नेस्) *n.* the state of being thin. दुबलापन।

Gauntlet–गान्ट्'-लेट् – *n.* armoured glove. हस्तत्राण, लोहे का दस्ताना; **To take up the gauntlet** (to accept the challange.) बीड़ा उठाना, युद्ध स्वीकार करना; **To throw down gauntlet** (to challange to combat.) युद्ध के लिये ललकारना; **Gauntleted** (-लेंट्'-एड्) *adj.* wearing a gauntlet. लोहे का दस्ताना पहिरे हुए।

Gauze–गॉज़–*n.* thin fabric of silk, cotton, fine wire &c. महीन रेशमी कपड़ा या महीन तार की जाली; **Gauzy** (-ई) *adj.* thin as gauze. जालीदार।

Gave–गेव्–*p. t.* of **Give**.

Gawk–गॉक – *n.* an awakward person, a fool. भद्दा मनुष्य, मूर्ख; **Gawky** (-ई) *adj.* awkward, clownish. भद्दा, ठिठोलिया।

Gay–गे–*adj.* (*camp.* **Gayer**, *sup.* **Gayest**) sportive, light-hearted, merry, showy, brilliant, finely dressed. खेलाड़ी, आनन्दी (प्रफुल्ल, प्रसन्न), बिलासी, दिखौवा, चमकीला, सुन्दर वस्त्र पहिरे हुये; **Gaiety** (-इ-टी) *n.* merriment, joyousness. प्रसन्नता, आनन्द; **Gaily** (-गे'-ली) *adv.* merrily. आनन्द से; **Gayness**–(-नेस्) *n.* gaiety, merriment. आनन्द, प्रसन्नता; **Gaysome** (-सम्) *adj.* full of mirth. आनन्दी।

Gaze – गेज़ – *v. i.* to look steadily at. घूरना, टकटकी लगाकर देखना; *n.* a fixed look, look of admiration. अनिमेष दृष्टि, टकटकी; **Gazer** (-अर्) *n.* one who gazes. देखनेवाला, घूरने वाला।

Gazebo - गीं-ज़ीं'-बो - *n.* a structure from which view may be had. दूर का दृश्य देखने का मचान।

Gazelle-गीं-ज़ेॅल'-*n.* a small beautiful antelope. छोटा सुन्दर मृग।

Gazette - गॉं - ज़ेट' - *n.* an official news-sheet. गज़ट, सरकारी समाचारपत्र; *v. t.* to publish in gazette. सरकारी अखबार में प्रकाशित करना।

Gazetteer - गीज़्-ऍट्-टियर्'-*n.* a geographical dictionary. भूगोल सम्बन्धी शब्दों का कोष।

Gazogene-गॉज़्'-ऑ-जीन्-*n.*a machine for preparing aerated water. सोडा-वाटर, लेमनेड इत्यादि बनाने की कल।

Gear - गियर्-*n.* equipment, appliances, tools &c, arrangement connecting motor with its work. उपकरण, सामग्री, सामान, चलानेवाले इंजन या पुर्जे का अन्य पुर्जों से मिलान ; *v. t.* to put machinery in gear. दांतेदार पहिये को यन्त्र के पुर्जे पर धरना ; **Gear-wheel** (a wheel with cogs.) दांतेदार पहिया; **To put out of gear** (to disarrange wheelwork.) पहियों का क्रम बिगाड़ना।

Gearing - गियर्'-इङ्ग् - *n.* harness. बर्तन भाड़ा।

Gecko - गेॅक्'-ओ-*n.* a house-lizard. घरेलू छिपकली।

Gee-जी-*n.* horse. घोड़ा ; *interj.*word of command to horse to go on. घोड़े को चलाने के लिये प्रयुक्त शब्द।

Geese-गीज़्-*n. pl.* of **Goose**.

Gelatine - जेॅल्'-ऑट्-इन्-*n.* a transparent animal substance obtained from skin, tendons &c. पशुओं के चमड़े इत्यादि से प्राप्त चिपचिपी वस्तु, सरेस ; **Gelatinous**-जें-लीट्'-इन्-अस् *adj.* of the nature of gelatine. माड़ के सदृश, पतला, चिपचिपा ; **Gelatinize** जें-लीट्'-इन्-आइज़् *v. t.* to apply gelatine. सरेस लगाना।

Gelation - जि-लें'-शॉन् - *n.* making solid by freezing.ठंढा कर के ठोस करना

Geld-गेॅल्ड्-*v. t.* to deprive of generative organs, to castrate बधिया करना,नपुंसक करना,आख्ता करना; **Gelding** (-इङ्ग्) *n.* act of castrating, a castrated animal. नपुंसककरण, आख्ता किया हुआ पशु।

Gelid - जेॅल्'-इड् - *adj.* chilly, cold. ठंढा, तर ; **Gelidity** (-इ-टी) *n.* extreme cold. बड़ी ठंढ ; **Gelidly** (-ली) *adv.* very coldly. बड़ी ठंढक से।

Gem - जेॅम्-*n.* a precious stone, object of great worth, choicest part. रत्न, मणि, जवाहिर, बहुमूल्य पदार्थ, श्रेष्ठ अंश ; *v. t.* (*p. t.* **Gemmed**) to adorn with gems. रत्नों से सुशोभित करना ; **Gemmy**-जेॅम्'-मी *adj.* full of gems. रत्नमय ; **Gemmiferous** जें-मिफ़्'-एॅर्-अस् *adj* .producing gems. रत्न उत्पन्न करनेवाला।

Geminate-जेॅम्'-इन्-एॅट्-*v. t.* to repeat, to arrange in pairs. दोहराना, जोड़े में रखना;**Gemination** (-एॅ'-शॉन्) *n.* repetition. दोहराव।

Gemini - जेॅम्'-इन्-ई - *n.* the third sign of the Zodiac. मिथुन राशि।

Gemma-जेॅम्'-मॉं-*n.* (*pl.* **Gemmæ**) leaf-bud. फूल की कली ; *v. i.* to put forth buds. कलियां निकलना ; **Gemmate**(-मेॅट)*adj.*having buds. कलीदार

Gender – जैन्'-डर् – *n.* grammatical classification of sexes. व्याकरण का जाति विभाग, लिङ्ग ।

Genealogical – जैन्'-ऍ-ऑल्-ऑज्-इक्-ऑल्–*adj.* pertaining to genealogy. वंशपरम्परा (वंशावली) सम्बन्धी; **Genealogically** (-ली) *adv.* in a genealogical manner. वंशक्रम से; **Genealogist** (-इस्ट) *n.* one versed in genealogies. वंशपरम्परा का वर्णन करने वाला; **Genealogize** (-आइज़) *v.t.* to inquire into the history of descents. वंशपरम्परा का अन्वेषण करना ।

Genealogy–जैन्'-ऍ-ऑल्-ऑज्-इ–*n.* the account of descent from ancestors, pedigree, lineage. वंशावली, पीढ़ी, वंशश्रेणी ।

Genera–जैन्'-ऍर्-रा–*pl.* of **Genus**.

General–जैन्'-ऍर्-ऑल्– *adj.* relating to kind, widespread, usual, not limited, ordinary, vague, belonging to all. जाति सम्बन्धी, विस्तृत, सामान्य, असीम, साधारण, अस्पष्ट व्यापक (प्रचलित); *n.* chief, head, commander of an army. प्रधान,प्रमुख, सेनापति; **General opinion** (current opinion.) बहुमत; **General rule** (ordinary rule.) सामान्य नियम ; **In general** (in the ordinary way.) सामान्यतः, सामान्य रूपमें ; **The general** (ordinary people.) सर्वसामान्य ।

Generalissimo - जैन्'-अर्-ऑल्-इस्'-सैं-मो-*n.* the chief commander of an army. सेनाध्यक्ष ।

Generality – जैन्'-अर्-ऑल्-इट-ई – *n.* the quality of being general. प्रधानता, सामान्यता ।

Generalization–जैन्'-ऍर्-ऑल्-आइज़्-ए'-शॉन्–*n.* the act of generalizing. सामान्य अनुमान ।

Generalize–जैन्'-ऍर्-ऍल्-आइज़्–*v.t.* to infer a general principle from particular instances. विशिष्ट उदाहरणों से साधारण नियम का अनुमान करना ।

Generally–जैन्'-ऍर्-ऑल्-ली–*adv.* usually, most frequently. प्रायः, साधारणतया, बहुधा ।

Generalness–जैन्'-ऍर्-रॉल्-नैस-*n.* the quality of being general. व्यापकत्व, सामान्यता ।

Generalship–जैन्'-ऍ-रॉल्-शिप्–*n.* the rank of a general. सेनापतित्व ।

Generate–जैन्'-ऍर्-एट्–*v. t.* to bring into existence, to produce, to evolve. उत्पन्न करना, उपजाना ।

Generation–जैन्'-अर्-ए'-शॉन्–*n.* production, body of men born about the same time, race, age. उत्पादन (जन्म), पुरुष (पुरखा) युग ; **Former generations** (ancestors.) पुरखे ।

Generative-जैन्-अर्-एट्'-इव-*adj.* having power of propagating. उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला ; **Generative organ** (organ of generation.) लिङ्ग, योनि ।

Generator–जैन्–अर्–एट्'–ऑर्–*n.* he who or that which generates. जन्मदाता ।

Generic–जैन्–ऍर्'–इक्–*adj.* comprehending a genus or class, general, not special. सामान्य, साधारण, व्यापक ; **Generic property** (property of a genus.) जातिधर्म, स्वभाव, लक्षण ।

Generically-जॆन्-ऍर्'-इक्-ऑल्-लि-*adv.* with regard to a genus. लक्षण से।

Generosity-जॆन्-अर्-ऑस'-सिट्-ई-*n.* liberality, nobleness. उदारता, दानशीलता, सज्जनता।

Generous-जॆन्'-ऍर्-अस्-*adj.* magnanimous, free in bestowing gift, noble-minded, liberal. उदार, दानी, उदारचरित, मुक्तहस्त; **Generously** (-ली) *adv.* in a generous manner. उदारता से; **Generousness** (-नॆस्) *n.* liberality. उदारता।

Genesis-जॆन्'-इस्-इस्-*n.* (*pl.***Geneses**-ईज़्) the first book of the Old Testament, origin. ईसाइयों की धर्मपुस्तक का पहिला काण्ड, उत्पत्ति, जन्म।

Genet-जॆन्'-एट्-*n.* a kind of civet cat. एक प्रकार की रोवेंवाली बिल्ली।

Genetic-जॆन्'-ऍट्'-इक्-*adj.* pertaining to the origin. उत्पत्ति सम्बन्धी; **Genetically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a genetic manner. उत्पत्ति विषय में।

Genetics-जॆन्'-ऍट्-इक्स्-*n.pl.*the science of heredity. उत्पत्ति विषयक शास्त्र।

Genial-जीं'-नि-ऑल्-*adj.* kindly, cheering, jovial. दयालु, सुखप्रद, आनन्दी; **Geniality**(-इट्-ई)*n.* दयालुता; **Genially** (-ली) *adv.* in a genial manner. आनन्द पूर्वक, **Genialness** (-नॆस्) *n.* cheerfulness. प्रसन्नता, रम्यता।

Geniculate-जॆन्-इक्'-यु लेट्-*adj.*having joints like knee. घुटने की तरह के जोड़ का; **Geniculated** (-ऍड्) *adj.* having joints. ग्रन्थियुक्त।

Genital-जॆन्'-इट्-ऑल्-*adj.* pertaining to generation. जनन सम्बन्धी;

Genitals (-स) *n. pl.* external organs of generation. बाह्य जननेन्द्रियाँ।

Genii-जी'-नि-आइ-*n. pl.* of **Genius** (= demon. पिशाच)।

Genitive-जॆन्'-इट्-इव्-*adj.* possessive (case.) षष्ठी विभक्ति, सम्बन्ध सूचक

Genius-जी'-नि-अस्-*n.*(*pl.***Geniuses**.) great natural ability, mental endowments, a person having special intellectual powers. अपूर्व बुद्धि, कल्पनाशक्ति,अपूर्वबुद्धि का मनुष्य; **Genius**-*n.* (*pl.* **Geniia**) spirit, a demon. प्रेत, पिशाच; **Evil genius** (evil spirit supposed to preside over the destiny of man.) दुर्दैव; **Good genius** (good spirit.) सुदेव।

Genteel-जॆन्-टील्-*adj.* belonging to well-bred persons, fashionable, elegant. विनीत, सभ्य, सुशील; **Genteelness** (-नॆस्) *n.* elegance. सुशीलता; **Genteelly** (-ली) *adv.* in an elegant manner. सुशीलता से।

Gentian-जॆन्'-शॉन्-*n.* a kind of blue-flowered plant. किरात, भूनीम।

Gentile-जॆन्'-टाइल्-*n.* a person not of Jewish race, a heathen. भिन्न देशीय पुरुष, नास्तिक।

Gentility-जॆन्-टिल्'-इट्-ई-*n.* politeness of manners. शिष्टाचार।

Gentilize-जॆन्'-टिल्-आइज़्-*v. t.* to render gentlemanly. शिष्ट बनाना।

Gentle-जॆन्'-ट्ल्-*adj.* honourable, noble, courteous, mild, moderate. प्रतिष्ठित, सज्जन, विनीत, सौम्य (सभ्य), (भला) धीमा, **Gentle breeze** (soft breeze.) मन्द पवन; **Gentle laugh**

(quiet smile.) मन्द मुसकान; **Gentle sex** (women.) स्त्रीजाति; **Gentle woman** (a woman of good family.) कुलीन स्त्री ; **Gentle-womanlike** (befitting a gentle woman.) शिष्ट स्त्री के समान ; **Gentle words** (sweet words.) प्रिय वचन ।

Gentleness-जैन्‌'-टल्-नैस्-*n.* quality of being gentle, kindness. कोमलता, सौम्यता (दयालुता), भलमनसी ।

Gently-जैन्ट्'-ली-*adv.*nobly, courteously. कोमलता से, मृदुता से ।

Gentleman-जैन्‌'-टल्-मैन्‌-*n.* (*pl.* **Gentlemen,***fem.***Gentlewoman**) a man of good birth. भद्र पुरुष (महानुभाव), शिष्ट मनुष्य; **Gentleman-at-arms** (a sovereign's body guard.) राजाका शरीर रक्षक; **Gentlemanhood** (position of being a gentleman.) शिष्टता ; **Gentlemanlike** (gentlemanly.) सभ्य, सुशील ; **Gentlemanliness** (behaviour of a well-bred man.) सभ्यता; **Gentlemanly** (like a man of good breeding.) कुलीन पुरुषवत्, सुविनीत ; **Gentlemanship** (the character of a gentleman) भद्रता ।

Gentry-जैन्‌'-ट्री-*n.* (*pl.* **Gentries**) class of people below the nobility and above the vulgar. कुलीन जन, आर्य लोग ।

Genual-जैन्‌'-यू-अॅल्-*adj.* pertaining to knee. घुटना सम्बन्धी ।

Genuflect-जैन्‌-यू-फ्लैक्ट्- *v. i.* to bend the knee in worship. पूजा करनेके लिये घुटना मोड़ना; **Genuflector** (-आर्) *n.* one who bends the knee. इस प्रकार घुटना मोड़ने वाला ; **Genuflexion** (-युफ्-लैंक्‌'-शान्) *n.* the bending of knee. आराधना के निमित्त घुटना मोड़ना ।

Genuine-जैन्‌'-यू-इन्-*adj.* pure, unadulterated. शुद्ध (यथार्थ, अकृत्रिम), पवित्र; **Genuinely** (-ली) *adv.* in a genuine manner. सत्यता से, निष्कपट; **Genuineness** (-नैस्) *n.* the quality of being genuine. सत्यता, यथार्थता, खरापन ।

Genus-जी'-नस्-*n.* (*pl.* **Genera**) class including several species, animals or plants possessing characteristic distinctions, kind, class. जाति, वर्ग, गण ।

Geocentric-जें - ओ-सैन्ट्' - रिक्-*adj.* considered having earth as centre. पृथ्वी को केन्द्र मानकर विचार किया हुआ;**Geocentrically**(-ऑ-लि)*adv.* in a geocentric manner. इस प्रकार से .

Geocyclic-जें-ऑ-साइक्‌'-लिक् *adj.* pertaining to the revolution of the earth. पृथ्वी की परिक्रमा सम्बन्धी ।

Geodesy-जें-आइ' - ऍस् - ई - *n.* the science of measuring the earth. भूमण्डल नापने का शास्त्र ।

Geognosy-जें-ऑग्‌'-नॉस्-ई-*n.* a study of the formation of the earth. पृथ्वी की रचना सम्बन्धी शास्त्र ।

Geographer, Geographical-see **Geography.**

Geography- जें-ऑग्‌'-रॅफ्-ई - *n.* the science of the earth's surface, physical features, climate, population &c. भूगोलशास्त्र, भूगोलविद्या ; **Geographer** (-अर्) *n.* one who

is versed in geography. भूगोल शास्त्रज्ञ ; **Geographical** (-इक्-ऑॅल) *adj.* pertaining to geography. भूगोल विषयक; **Physical geography** (which deals with natural features.) प्राकृतिक भूगोल ।

Geolatry– जें-आल्ʹ-ऑट्-री– *n.* earth-worship. पृथ्वी पूजन ।

Geological, Geologist–see **Geology.**

Geology–जें-आल्ʹ-आज्-ई–*n.* the science of the earth's crust. भूगर्भ-शास्त्र, भूतत्त्वविद्या ; **Geological** (-इक्-ऑल) *adj.* pertaining to geology. भूतत्त्व विद्या विषयक ; **Geologist** (-इस्ट) *n.* one versed in geology. भूतत्व विद्या का जानने वाला ।

Geomancer–जी-ओʹ-मॅन्स्-अर्–*n.* one versed in geomancy. शकुन विद्या में निपुण ।

Geomancy-जी-ओʹ-मॅन्-सी-*n.*divination by figures, dots or lines. रेखा, बिन्दु इत्यादि खींचकर शकुन बतलाना।

Geometer– जें-आम्ʹ-एट्-अर् – *n.* one skilled in geometry. रेखागणित में निपुण ।

Geometric-जें-ऑ-मेट्ʹ-रिक्-**Geometrical** (-ऑल) *adjs.* pertaining to or according to geometry. रेखागणित सम्बन्धी, रेखागणित के अनुसार ; **Geometrical progression** (when quantities increase by a common multiplier.) गुणोत्तरश्रेणी (यथा १,२,४,८,१६ अथवा १६,८,४,२,१. इत्यादि)

Geometrician–जें-आम्ʹ-एट्-रिश्ʹ-ऑन्–*n.* one skilled in geometry. रेखा गणित में प्रवीण ।

Geometrize– जें-ऑम्ʹ-एट्-राइज़्– *v. t.* to perform geometrically. रेखा-गणित की रीति से बनाना ।

Geometry – जें-ऑम्ʹ-एट्-री – *n.* the science of magnitude in general. रेखागणित, ज्यामिति; **Plane geometry** (the geometry of plane figures.) समतल ज्यामिति ; **Solid geometry** (the geometry of solid figures.) पिण्ड (घन) ज्यामिति ।

Geophagist–जें-आफ्ʹ-ऍज्-इस्ट–*n.* one who eats dirt. मिट्टी खानेवाला ।

Geophagy– जें-आफ्ʹ-ऑ-गी – *n.* dirt-eating. मिट्टी खाना ।

Geoponic–जें-ओ-पान्ʹ-इक्–*adj.* agricultural. कृषि सम्बन्धी ।

Germ–जर्म्– *n.* elementary principle, origin, reproductive element. मूल, प्रभव, बीज (अंकुर), कीटाणु ; *v. i.* to germinate. उगना, उत्पन्न होना ।

German– जर्ʹ-मॅन्– *adj.* pertaining to Germany, its language or inhabitants. जर्मनी देश की भाषा या वहाँ के निवासी सम्बन्धी; **German silver** (an alloy of copper, zinc and nickel.) एक प्रकार का सफ़ेद धातु ।

Germanic– जर्ʹ-मॅन्ʹ-इक्– *adj.* pertaining to Germany. जर्मनी संबंधी ।

Germanity – जर्-मॅन्-इ-टी – *n.* the special quality of Germans. जर्मन जाति के विशिष्ट गुण ।

Germen– जर्ʹ-मॅन्– *n.* rudiment of seed-vessel. पुष्पयोनि ।

Germicidal–जर्म्-इस्-आइड्ʹ-ऑल–*adj.* pertaining to the destruction of germs. अंकुरको नाश करने की शक्तिवाला।

Germicide–जर्म्ʹ-इस्-आइड्–*n.* & *adj.*

having the power of destroying germs. अंकुर को नाश करने की शक्ति ।

Germinate–जर्म.इन्-एट्– *v. t.* to sprout, to shoot up, to develop. कली फूटना, उगना (निकलना), उत्पन्न होना; **Germination** (-ए'-शॉन्) *n.* the time when seeds vegetate. अंखुआ फूटने का समय ; **Germinative** (-इव्) *adj.* germinal. उपजाने वाला ; **Germinator** (-आर्) *n.* that which germinates. उत्पन्न करने वाला ।

Gerontocracy-जेर्-ऑन्ट्-ऑक्'-रॅस्-सी- *n.* government by old men. वृद्ध-पुरुषों का राज्य ।

Gerund–जॅर्'-रन्ड्–*n.* English verbal nouns ending in **'ing'**. अंग्रेज़ी भाषा के क्रियापद में 'ing' प्रत्यय लगी हुई संज्ञा ; **Gerundal** (-इ-औल्)*adj.* pertaining to or like a gerund. ऐसे पद का ।

Gestation–जॅस्-टे'-शॉन्–*n.* the act of carrying the young in the womb. गर्भस्थिति ।

Gestic – जॅस्ट्'-इक् – *adj.* legendary. पौराणिक, प्राचीन कथा सम्बन्धी ।

Gesticulate–जॅस्-टिक्'-यु-लॅट्–*v. i.* to use expressive motion of the body. हावभाव दिखलाना, नाटक करना ; **Gesticulation** (-लॅ'-शॉन्) *n.* the act of gesticulating. चेष्टा, हावभाव ; **Gesticulator** (-आर्) *n.* one who gesticulates. हावभाव दिखलाने वाला ; **Gesticulatory** (-आर्-ई) *adj.* representing in gestures. चेष्टा दिखलाने वाला ।

Gesture–जॅस्ट्'-यूर्–*n.* motion of limb or body expressing sentiments. चेष्टा, भाव, संकेत ; *v. t.* to accompany with gesture. हावभाव दिखलाना ।

Get–गॅट्–*v. t. & i.* (*p. t.* **Get**, *p. p.* **Got**, **Gotten**–*in comb.*) to gain possession of, to beget, to learn, to prevail on, to go, to arrive, to become. प्राप्त करना, जनना, सीखना, प्रेरित करना, जानना, पहुचना, होना ; **To get about** (to go from one place to another. (एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना ; **To get abroad** (to expand.) विस्तृत होना, फैलना ; **To get ahead** (to lead.) अग्रसर होना; **To get along** (to advance.) आगे बढ़ना; **To get at** (to obtain, to reach.) प्राप्त करना, पहुचना; **To get away** (to run away.) भाग जाना; **To get the better of** (to gain victory.) विजय प्राप्त करना ; **To get beyond** (to surpass.) अतिक्रमण करना ; **To get clear of** (to get rid of.) मुक्त होना; **To get down** (to descend.) उतरना ; **To get in** (to enter.) प्रवेश करना ; **To get into** (to enter.) पड़ जाना ; **To get off** (to put off, to escape.) उतारना, निकल भागना; **To get on** (to draw or pull on, to ascend.) चढ़ना, सवार होना ; **To get over** (to surmount.) निपटना; **To get round** (to remove.) हटाना; **To get through** (to terminate.) अन्त करना ; **To get to** (to begin.) आरम्भ करना ; **To get up** (to rise from bed.) उठना, जागना ; **To get upon** (to ascend.) चढ़ना ; **Getable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* obtainable. प्राप्त करने योग्य ; **Getting** (-टिंग्) *n.* gain, acquisition. लाभ, प्राप्ति ;

Getup (-अप्) *n.* style, costume. बनावट, ठाट।

Gewgaw–ग्यू'-गॉ – *n.* showy plaything, trifle. खिलौना, अल्पमूल्य का पदार्थ, निःसार वस्तु।

Geyser – गीं'-ज़र् – *n.* a hot spring throwing up intermittent stream of water. गर्म पानी का झरना।

Ghastliness – गॉस्ट्'-ली-नेंस् – *n.* see **Ghastly**.

Ghastly – गॉस्ट्'-ली – *adj.* horrible, death-like, pale, frightful. भयंकर, प्रेततुल्य, पीला, डरावना; **Ghastliness** (-नेंस्) *n.* dreadfulness. विकटता, भयंकरता।

Ghost–गोस्ट् – *n.* apparition, spectre, spirit, shadowy outline. भूत, पिशाच, प्रेत, छाया; **To give up the ghost** (to die.) मृत्यु प्राप्त करना।

Ghostlike–गोस्ट्'-लाइक्–*adj.* like a ghost. प्रतवत्।

Ghostly-गोस्ट्'-ली-*adj.* spiritual, pertaining to ghost. आत्माविषयक, प्रेत सम्बन्धी।

Giant–जाइ'-ऑन्ट्-*n.* a man with super-human structure, abnormally tall being. विकट शरीर धारी, राक्षस, दानव; **Giantess** (-एँस्) *n. fem.* female giant. राक्षसी; **Giantlike** (-लाइक्) *adj.* huge, gigantic. महाकाय, विकट।

Gibber-जिब्'-बर्-*v.i.* to chatter like an ape, to speak quickly and indistinctly. बड़बड़ाना, गलबल गलबल बोलना; **Gibberish** (-इश्)*adj. &n.* unmeaning words. अर्थ रहित शब्द।

Gibbet–जिब्'-बेट् – *n.* the gallows, death by hanging. फाँसी देने की टिकठी, फाँसी देकर मृत्यु; *v. t.* to hang on a gibbet. फांसी पर लटकाना।

Gibble-gabble–गिब्'-ब्ल्-गॅब्'-ब्ल्–*n.* noisy foolish talk. वृथाकी बकवाद, बड़बड़

Gibbon–गिब्'-बॉन् – *n.* long armed ape. लम्बे हाथवाला बन्दर, लंगूर।

Gibbosity–गिब्-बॉस्'-सिट्-ई – *n.* protuberance. उभाड़।

Gibbous – गिब्'-बस् – *adj.* convex, protuberant, hunchbacked. उन्नतोदर, उभड़ा हुआ, कुबड़ा; **Gibbously** (-ली) *adv.* in a gibbous form. कुबड़ेपन से, (टेढ़े से); **Gibbousness** (-नेंस्) *n.* protuberance. उभाड़।

Gibe–जाइब्–*v. i.* to flout, to jeer, to mock. हँसी करना, चिढ़ाना, ताना मारना; *n.* taunt, scoff. ताना, हँसी, ठट्ठा; **Giber** (-अर्) *n.* one who gibes. चिढ़ानेवाला; **Gibingly** (-इङ्ग-ली) *adv.* scornfully. ताना मारते हुए।

Giblets – जिब्'-लेंट्स् – *n. pl.* liver, gizzard &c. of fowl cut off before cooking. पक्षियों का यकृत, पित्ता इ० जा पकाने के पहिले काटकर निकाल लिया जाता है।

Gibus–जिब्'-उस्–*n.* an opera hat. उत्सव में पहिनने की अंग्रेजी टोपी।

Giddily, Giddiness–see **Giddy**.

Giddy–गिड्'-ि-*adj.* (*comp.* **Giddier**, *sup.* **Giddiest**) dizzy, frivolous, inconstant, unstable. भ्रमिक, चक्कर लानेवाला, अस्थिर, चञ्चल, (चपल); *v. t.* to make unsteady. अस्थिर करना, चक्कर में डालना; **Giddily** (-ली) *adv.* in a giddy manner. चपलता से; **Giddiness** (-नेंस) *n.* the state of being giddy. भ्रम, चपलता।

Gift – गिफ़्ट – *n.* giving, present, donation, natural endowment, talent. दान, उपहार, भेट, ईश्वरीशक्ति, अनुपम बुद्धि ; *v. t.* to bestow. दान देना ; **Gifted** (-ऍड्) *adj.* endowed with intellectual gifts. मेधावी, गुणी ।

Gig–गिग्–*n.* a light two-wheeled carriage drawn by one horse, a rowing boat. टमटम, हलकी नाव ।

Gigantic-जाइ-गॅन्'-टिक्-*adj.* mighty, giant-like. विशाल, बड़ा, राक्षस तुल्य ; **Gigantically** (-ऑल्-लि) *adj.* in a gigantic manner. विशालरूप में ।

Giggle–गिग्'-गल्-*v.i.* to laugh like a silly person, to have suppressed laughter. मूर्ख की तरह हँसना, खिसियाना; *n.* a silly laugh. खीस; **Giggler** (-अर्) *n.* one who giggles. ठट्ठा करनेवाला ।

Giglet-गिग्'-लॅट्-*n.* a lewd woman. कामातुर स्त्री ।

Gild–गिल्ड्–*v.t.* (*p. t.* & *p. p.* **Gilt**) to cover with a thin layer of gold. सोने का मुलम्मा करना ; **Gilder** (-अर्) *n.* one who gilds. मुलमची ; **Gilding** (-इङ्ग्) *n.* the practice of overlaying with gold. मुलम्मा ।

Gill–गिल्–*n.* the organ of respiration in fishes, a deep ravine, a measure of ¼ pint. मछली का गलफड़ा, गहरी कन्दरा, चौथाई पाइन्ट की तौल ।

Giilaroo–गिल्'-लॅर्-रू–*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली ।

Gilt–गिल्ट–*p. t.* & *p. p.* of **Gild**.

Gimcrack–जिम्'-क्रॅक्–*n.* a useless ornament, a toy. निरर्थक अलंकार, खिलौना ; **Gimcrackery** (-अर्-ई) *n.* a worthless show. निरर्थक दिखाव ।

Gimlet–गिम्'-लॅट्–*n.* a kind of boring-tool. छेद करने की बर्मी ।

Gimp, Gymp–गिम्प्–*n.* a kind of trimming stiffened by wire. तार से पुष्ट किया हुआ फ़ीता ।

Gin-जिन्-*n.* net, trap, machine for separating seeds of cotton, spirit distilled from malt. जाल, चरखी, बिनौला निकालने का यन्त्र, जव की शराब ; *v. t.* to clear cotton pods of its seeds. बिनौला निकालना ; **Gin shop** (liquor-shop.) कलवरिया ।

Ginning–जिन्'-निङ्ग्–*n.* the operation by which cotton is separted from its seeds. रूई में से बिनौला निकालने का कार्य ।

Ginger–जिन्'-जर्–*n.* a plant with its spicy hot root. अदरख ; **Dry ginger**. सोंठ ।

Gingery-जिन्'-जर्-ई-*adj*. resembling ginger in taste. अदरख के स्वाद का ।

Gingerly–जिन्'-जर्-ली– *adv.* gently, cautiously. धीरे से, सावधानी से ।

Gingham-गिङ्ग्'-ऑम्-*n.* cloth dyed in stripes. छींटदार कपड़ा ।

Gingival-जिन्-जाइ'-वॅल्-*adj*.pertaining to gums. मसूड़े का ।

Ginglymus-गिङ्ग्'-ग्लें-मस्-*n.*a hinge-like joint in body. शरीर का कब्जे के प्रकार का जोड़ ।

Gipsy–जिप्'-सी–*n.* (*pl.* **Gipsies**) a wandering race living on basket-making, horse-dealing &c. कञ्जर जाति ।

Giraffe – जॆं-राफ़् – *n.* an American

quadruped with long neck and spotted skin, a camelopard. अमेरिका देश का एक बड़ा ऊचा चौपाया, ऊकड़ हरना।



Giraffe.

Girandole-जिर्'-रॅन्-डोल्-*n.* a revolving firework or jet of water. आतशबाजी चरखी, पानी के धारा की चरखी

Gird-गर्ड्-*v.t.*(*p.t.* **Girded** or **Girt**) to bind with belt &c., to fasten on, to encircle, to put round. बाँधना, लपेटना, घेरना, पेटी से बाँधना।

Girder-गर्ड्'-अर्-*n.* iron or steel beams supporting the joint of a floor. धरन, शहतीर।

Girdle-गर्ड्'-ल्-*n.* a belt, bony supports, a ring round a tree. मेखला, कटिसूत्र, करधनी, कमरबन्द, परिखा; *v.t.* to bind with a girdle, to enclose. कमरबन्द बाँधना,वृक्ष के चारों ओर खाई बनाना।

Girl-गर्ल्-*n.* (*mas.* **Boy**) unmarried women, female child, daughter. कुमारी, कन्या, बालिका; **Girlhood** (-हुड्) *n.* state of being a girl. कुमारीत्व; **Girlish** (-इश्) *adj.* like a girl. कन्यावत्: **Girlishness** (-इश्-नेस) *n.* girlish character. लड़किनीपन

Girt-गर्ट्-*n.* measurement across the surface. ऊपरी नाप; *v.t.* to measure with a girt, to surround. इस प्रकार की नाप करना, लपेटना, घेरना।

Girth-गर्थ्-*n.* the band tightened round the body of a horse, measurement round a cylindrical object. घोड़े के साज की पेटी, (चाल) किसी गोल पदार्थ की चौकोर की नाप; *v.t.* to bind with a girth. पेटी कसना।

Gist – जिस्ट – *n.* the real point or ground, substance or pith of a matter. तात्पर्य, निष्कर्ष, भाव।

Give-गिव्-*v.t.*(*p.t.* **Gave**, *p.p.* **Given**) to bestow, to hand over, to bequeath, to deliver, to entrust, to pay in exchange, to dedicate, to produce, to show, to ascribe. अर्पण करना, सौंपना, देना, वसीयत करना, हवाले करना, बदले में देना, समर्पण करना, उत्पन्न करना, दिखलाना, आरोपित करना; **To give away** (to transfer.) सौंपना; **To give back** (to return.) वापस करना; **To give chase** (to follow.) अनुसरण करना, पीछा करना; **To give ear to** (to attend to,) ध्यान देना, सुनना; **To give forth** (to publish.) प्रकाशित करना; **To give ground** (to run away.) छोड़कर भागना; **To give in** (to yield.) मान लेना; **To give offence**. अपराध करना; **To give out** (to utter publicly.) बात फैलाना; **To give over** to abandon.) त्यागना; **To give place** (to yield.) जगह देना; **To give one's self up to** (to despair, to abandon.) निराश होना, त्यागना; **To give up** (to abandon.) त्यागना; **To give utterance** (to pronounce.) उच्चारण करना; **To give way** (to fall back.) शिथिल पड़ना, हट जाना।

Giver-गिव्'-अर्-*n.* one who gives. देनेवाला; **Giving** (-इङ्ग्) *n.* conferring. दान, अर्पण।

Gives – गाइव्ज़ – *n. pl.* fetters for the feet. बेड़ियां ।

Gizzard–गिज़्'-ज़ीड्ड्–*n.* the second stomach of birds and fishes. पक्षियों तथा मछलियों का द्वितीय आमाशय; **To fret one's gizzard** (to vex, to harass.) कष्ट देना ।

Glabrous–ग्लें'-ब्रस् – *adj.* without hair, smooth-skinned. बिना रोम का, चिकना ।

Glace–ग्लीं-सें'-*adj.*having a smooth and polished surface. चिकने तथा चमकदार सतह का ।

Glacial–ग्लें'-शॅल्–*adj.* of ice, icy. हिमरूप, बर्फीला; **Glacially** (-लॊ) *adv.* like ice. हिमरूप में ।

Glaciated–ग्लें'-शि-एट्-एड्-*adj.* polished by the action of ice. बरफ़ की गति से चिकना किया हुआ; **Glaciation** (-ए'-शॉन्) *n.* the action of ice in polishing.बरफ़ का चिकना करने का कार्य।

Glacier–ग्लेंस्'-यर्–*n.* a slowly moving field of ice. बरफ़ की धीरे धीरे चलनेवाली चट्टान ।

Glacis–ग्लें'-सिस्–*n.* a sloping bank. ढालुआं किनारा ।

Glad-ग्लीड्-*adj.*(*comp.***Gladder**.*sup.* **Gladdest**) pleased, full of joy. प्रसन्न, (हर्षित), आनन्दित; **Gladden** (-डॅन्) *v. t.* to cheer, to make glad. आनन्दित करना, प्रसन्न करना; **Gladdening** (-डॅन्'-इङ्ग्) *adj.* cheering. हर्षकर; **Gladly** (-ली) *adv.* with pleasure. प्रसन्नता पूर्वक; **Gladness**(-नॅस्) *n.* the state of being glad.हर्ष,आनन्द;**Gladsome**(ग्लीड्'-सम्) *adj.* joyful, cheerful. प्रसन्न, आनन्दी ।

Glade– ग्लेंड् – *n.* an open space between trees in a forest. वनमार्ग, जङ्गल में का खुला मैदान ।

Gladiator – ग्लीड्'-इ-एट्'-ऑर् – *n.* a fighter with sword. controversialist. तलवार चलानेवाला, वादाविवाद करनेवाला; **Gladiatorial** (-ऑ-टोर्'-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to a gladiator. विवाद सम्बन्धी; **Gladiatorship** (-शिप्) *n.* the business of a gladiator. विवादी का कार्य ।

Gladstone bag–ग्लीड्'-स्टॉन्-बॅग्–*n.* a light bag. एक प्रकार का छोटा बेग ।

Glair–ग्लेंअर् – *n.* the white of an egg. अण्डे का सफेद भाग; *v.t.* to smear with glair. अण्डे की सफेदी पोतना; **Glairy** (-ई) *adj.* of the nature of glair. अण्डे की सफेदी के सदृश ।

Glamour–ग्लीम्'-ऑर्–*n.* magic, enchantment. जादू, टोना; *v.t.* to enchant. जादू डालना; **Glamourous** (–अस्) *adj.* filled with glamour. जादूपूर्ण ।

Glance–ग्लान्स्–*v. t.* to pass quickly over, to flash, to gleam, to cast momentary look at. निगाह डालना, चमकना, जगमगाना, इशारा करना; *n.* a gleam, a sudden flash. दृष्टिपात, झलक; **Sidelong glance** (oblique look.) कटाक्ष; **To glance over** (to look cursorily.) सरसरी तौर से देखना; **Glancingly** (–इङ्ग्-ली) *adv.* in a glanding manner. तिरछी नजर से ।

Gland–ग्लैन्ड्–*n.* a simple or complex organ in animals secreting constituents of blood. गिल्टी, ग्रंथि,

गाँठ ; **Glandiform** (–इ–फ़ॉम्) *adj.* of the form of a gland. गिल्टी के आकार का ; **Glandless** (–लेंस) *adj.* without glands. बिना गाँठ का; **Glandular** (–यू–लार्) *adj.* pertaining to glands. गिल्टी का ।

Glanders–ग्लैन्ड्'–अर्स्–*n. pl.* a contagious disease of horses. घोड़ों का एक संक्रामक रोग ।

Glare–ग्लेंअर् – *n.* a strong fierce light, brilliance. उग्र (चौंधाने वाला) प्रकाश, चमक; *v.i. & t.* to shine with a dazzling light. चौंधाना ।

Glaring–ग्लेंअर्'–इङ्ग्–*adj.* with dazzling light. देदीप्यमान ; **Glaringly** (–इङ्ग्–ली) *adv.* in a glaring manner. चौंधाते हुए; **Glaringness** (-इङ्ग् -नेंस) *n.* brilliance. चमक ।

Glary – ग्लेंअर्' – ई – *adj.* dazzling. चमकीला ।

Glass–ग्लास्–*n.* a hard and brittle, usually transparent substance, a vessel, a mirror. काँच, शीशा, शीशे का बर्तन,दर्पण; *pl.* spectacles, lenses. चश्मा, ताल; *v.t.*to cover with glass. शीशा लगाना; **Glass eye** (artificial eye.) बनावटी आँख; **Glasslike**(-लाइक्) *adj.* resembling glass. काँच के सदृश; **Glassware** (articles made of glass.) काँच के बने पदार्थ; **Glassy** (-ई) *adj.* resembling glass, having the properties of glass. शशे के समान;

Glaucoma–ग्ला-को'–मॉ–*n.* a disease of the eye. आँख का एक रोग ।

Glaucous–ग्ला'–कस्–*adj.* of dull blue colour. घनश्याम, मेघनील ।

Glaze–ग्लेंज़्–*v. t.* to fit with glass, to give lustrous coating to. शीशा लगाना, शीशे की तरह चमकाना; **Glazier** (–अर्) *n.* one whose business is to glaze windows. खिड़कियों में शीशा जड़ने वाला; **Glazing** (–इङ्ग्) *n.* the act of setting glass, windows. काँच बैठाने का कार्य, शीशेदार खिड़कियाँ; **Glazy**(–ई) *adj.* shiny.चमकीला

Gleam–ग्लीम्–*n.* dim light, temporary show of some quality. मन्द प्रभा, क्षणज्योति ; *v. i.* to shine with interrupted brightness. जगमगाना, क्षणमात्र के लिये प्रकाश डालना; **Gleaming** (–इङ्ग्) *adj.* emitting gleams. चमकनेवाला; **Gleamy** (–ई) *adj.* shedding beams of light. कम्पित प्रभा का, क्षणज्योति का ।

Glean–ग्लीन्–*v. i. & t.* to gather ears of corn left by reapers. लवन के बाद छूटा हुआ अन्न बटोरना ; **Gleaner** (–अर्) *n.* one who gathers. बटोरनेवाला; **Gleaning** (–इङ्ग्) *n.* the act of gathering after reaping. बटोरना ।

Glebe–ग्लीब्–*n.*clod,earth. मिट्टी,भूमि ।

Glee–ग्ली–*n.* mirth, cheerfulness, delight, song sung by three or more men. आनन्द, प्रसन्नता, तीन या अधिक मनुष्यों का मिलकर गाना; **Gleeful** (-फुल्),**some**(-सम्) *adjs.* joyous, gay. आनन्दपूर्ण; **Gleefully** (फुल्-लि) *adv.*in a joyous manner.आनन्दपूर्वक ।

Gleet–ग्लीट्–*n.* a thin morbid discharge from sore or wound. मवाद, पीब, घाव से बहनेवाला पंछा ; **Gleety**– (–ई) *adj.* thin. पतला ।

Glen-ग्लेंन्-*n.* a narrow valley.कंदरा,

घाटी, दर्रा ।

Glenoid–ग्ली'–नॉएड्–*n.* the shallow cavity of a bone. हड्डी में का छोटा गड्ढा ।

Glib–ग्लिब्–*adj.* smooth, slippery, fluent, voluble. सरकाऊ, चिकना, बकवादी, बड़बड़िया ; **Glibly** (–ली) *adv.* in a glib manner. चिकनाई से ; **Glibness** (-नेस्) *n.* the quality of being glib. वाक् चपलता ।

Glide–ग्लाइड्–*v. i.* to slide, to pass gently. सरकना, घिसकना, धीमे धीमे बहना ; *n.* the act of gliding. सरकन; **Glider** (–अर्) *n.* one who glides, an engineless aeroplane. चुपके से जानेवाला, बिना इञ्जन का हवाई जहाज; **Glidingly** (–इङ्ग्–ली) *adv.* in a gliding manner. घिसकते हुए ।

Glimmer – ग्लिम्' – मर् – *n.* sheen, brightness. प्रभा, चमक; *v.i.* to shine faintly. टिमटिमाना, जगमगाना ; **Glimmering** (– इङ्ग्) *n.* unsteady beam of light, faint idea. मन्द प्रकाश, अस्पष्ट विचार ।

Glimpse–ग्लिम्प्स्–*n.* a sudden flash, momentary view. क्षणदृष्टि, झलक; *v. t.* & *i.* to see or appear as a glimpse. झलक पड़ना ।

Glint – ग्लिन्ट् – *v. i.* to flash, to sparkle. चमकना, झलकना ।

Glissade–ग्लिस्–साड्'–*v. i.* to slide on ice. बरफ पर सरकना ।

Glisten–ग्लिस्'–सेन्–*v. i.* to shine, to sparkle. चमकना, दमकना; **Glistening**(–इङ्ग्) *adj.* shining. चमकदार

Glister–ग्लिस्'–टर्–*v. i.* to sparkle. चमकना ; **Glistering** (–इङ्ग्) *adj.* sparkling with light. प्रकाश से चमकता हुआ; **Glisteringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a glistering manner. चमकते हुए ।

Glitter–ग्लिट्'–टर्–*v. i.* to gleam, to sparkle. चमकना, प्रकाश फेंकना ; *n.* brilliancy, lustre. चमक दमक ।

Gloaming–ग्लोम्'–इङ्ग्–*n.* twilight specially of evening. सन्ध्या का मन्द प्रकाश, गोधूलि वेला ।

Gloat–ग्लोट्–*v. i.* to stare lustfully or avariciously. बुरी दृष्टि से देखना, घूरना; **Gloatingly** (-इङ्ग्–ली) *adv.* in a gloating manner. घूरते हुए ।

Globe–ग्लोब्–*n.* a spherical body, the earth. गोल, गोल पदार्थ, पृथ्वी; **Globoid** (ग्लोब्'-ऑयड्) ; **Globular** (ग्लॉब्'-यू-लॅर्) *adjs.* of the form of a globe. वर्तुल, गोल, गोलाकार ; **Globosity** (ग्लोब्-ऑस्'-सिट्-ई) *n.* the state of being globulous. गोलपन ।



Globe.

Globule–ग्लॉब्'-यूल्–*n.* a small globe, pill. छोटा गोला, गोली ।

Glomerate–ग्लॉम्'-मर्-एट्– *adj.* clustered compactly together. पिण्ड किया हुआ, इकट्ठा किया हुआ; **Glomeration** (ए' - शॉन्) *n.* the act of gathering into a ball. इकट्ठा होकर गोलाकार हो जाना ।

Glomerule–ग्लॉम्'-मर्-ऊल्–*n.* a cluster of small glomers, tissues &c. छोटे फूल इत्यादि का गुच्छा ।

Gloom–ग्लूम्– *n.* darkness, obscurity, despondency. अन्धकार, धुधलापन, विषाद ; *v.t.* & *i.* to be or make obscure. अन्धकार करना या होना ; **Gloomily** (- इल - ई) *adv.* in a gloomy manner. उद्वेग (विषाद) सहित; **Gloominess** (-इ - नेस) *n.* the state of being gloomy. खेद, उद्विग्नता ; **Gloomy** (-ई) *adj.* dusky, melancholy. अन्धकारमय (मलिन), खिन्न, (उद्विग्न) ।

Glorification – ग्लोर्-इफ्-इक्-ए'-शॉन्– *n.* exaltation to honour and dignity. गुण कीर्तन, प्रशंसा ।

Glorify – ग्लोर्'-इफ्-आइ–*v. t.* (*p. t.* **Glorified**) to make glorious, to exalt, to invest with beauty. प्रकाश करना, स्तुति करना (गुण गाना), सुन्दरता आरोपण करना ।

Gloriole–ग्लोर्'-इ-ओल् – *n.* a halo, a circle of light. प्रभा मण्डल ।

Glorious–ग्लोर्'-इ-अस् – *adj.* illustrious, splendid, honourable, magnificent. यशस्वी, तेजस्वी, प्रतापी, उत्तम (श्रेष्ठ); **Gloriously** (-ली) *adv.* in a glorious manner. कीर्ति युक्त ।

Glory – ग्लोर्'-ई–*n.* (*pl.* **Glories**) renown, fame, pride, splendour, ornament, magnificence. कीर्ति, यश, प्रताप, गर्व, शोभा, आभूषण, महत्व ; *v.i.* to pride oneself. शेखी करना ; **Vainglory** (pride, vanity.) मिथ्या अभिमान, अहङ्कार ।

Gloss–ग्लॉस् – *n.* explanation. comment, glossary, superficial lustre. टीका, भाष्य, व्याख्या, बाह्य (कल्पित) शोभा ; *v.t.* to make glossy, to give lustre to, to explain. चमकीला करना, चमकाना, व्याख्या करना ; **Glossily** (-इ-ली) *adv.* in a glossy manner. चमक दमक से ; **Glossiness** (-इ-नेस) *n.* state of being glossy. चमक ; **Glossy** (-सी) *adj.* smooth and shining. चिकना, चमकीला ।

Glossal – ग्लॉस्'-ऑल् – *adj.* pertaining to tongue. जिह्वा सम्बन्धी ।

Glossarial, Glossarist–see **Glossary**.

Glossary-ग्लॉस्'-सॅर् ई-*n.*(*pl.* **Glossaries**.) a vocabulary containing explanation of words. शब्द कोष ; **Glossarial** (-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to vocabulary. शब्द कोष संबंधी ; **Glossarist** (-इस्ट) *n.* one who writes a vocabulary. कोष लेखक ।

Glossitis – ग्लॉस्-साइ'-टिस्–*n.* an inflammation of the tongue. जीभ की सूजन ।

Glottal–ग्लॉट्'-टॅल्–*adj.* pertaining to glottis. घाँटी सम्बन्धी ।

Glottis – ग्लॉट्'-टिस्–*n.* the opening at the upper part of the windpipe. उपजिह्वा, घाँटी ।

Glove – ग्लव्–*n.* a covering for the hand. हस्तत्राण (दस्ताना), हाथ का मोजा; *v.t.* to cover with a glove. दस्ताना पहिराना ; **Glove fight** (fight with fists.) मुक्की की लड़ाई ; **To take up the glove** (to accept challenge.) लड़ना स्वीकार करना ; **To throw down the glove** (to challenge to single combat.) बीड़ा उठाना, लड़ाई स्वीकार करना ।

Glow–ग्लो–*v.i.* to throw light and

heat without a flame, to shine with heat, to show warm colour, to burn with bodily heat. (आग से) लाल होना, प्रज्वलित होना, चमकना, तपना ; *n.* a shining heat, ardour of passion. तेज,चमक, लाली,ताव।

Glower – ग्लौ-अर्' – *v. i.* to scowl. तिरछे निगाह से देखना।

Glowing – ग्लो'-इङ्ग् – *adj.* shining with heat. प्रज्वलित, दैदीप्यमान ; **Glowingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with great brightness or heat. दीप्ति से।

Glow-worm– ग्लो'-वर्म् – *n.* the female beetle which glows at night. खद्योत, जुगनू।

Gloze–ग्लोज़्–*v. i.* & *t.* to fawn, to extenuate. झूठी प्रशंसा करना, चापलूसी करना ; **Glozer** (-अर्) *n.* a flatterer. चापलूस।

Glucose–ग्लू'-कोस्–*n.* grape–sugar. अंगूर से निकाली हुई शक्कर।

Glue – ग्लू – *n.* gelatine obtained from hides and hoofs of animals. सरेस ; *v. t.* to join with glue. सरेस से जोड़ना या चिपकाना; **Gluey** (-ग्लू-ई) *adj.* glutinous. चिपचिपा, लसलसा ; **Glueyness** (-ई-नेस्) *n.* the quality of being gluey. लसलसापन।

Glum–ग्लम्–*adj.* looking sullen or displeased. अप्रसन्न, मलिनमुख।

Glume–ग्लूम्–*n.* husk of grain.भूसा।

Glut–ग्लट्–*v. t.* (*p. t.* **Glutted**) to overload the stomach with food, to satiate, to fill to excess. भकोसना, अत्यन्त भोजन करना, ठूँसना ; *n.* an oversupply, superabundance. अतितृप्ति, बहुलता।

Gluten–ग्लू'-टेन् – *n.* a sticky substance. लसलसा पदार्थ ; **Glutinize** (-आइज़्) *v.t.* to make sticky. लसलसा करना।

Glutinous – ग्लू-टिन्'-अस्–*adj.* viscous. चिपकने वाला ; **Glutinously** (-ली) *adv.* in a glutinous manner. चिपकाते हुए।

Glutton–ग्लट्'-टॉन्–*n.* an excessive eater, a person with great appetite. औदरिक, भुक्खड़, पेटू, खाऊ; **Gluttonish** (-इश्); **Gluttonous** (-अस्) *adjs.* given to gluttony.भक्षक,लोभी; **Gluttonously** (-ली) *adv.* in a gluttonous manner. लोलुपता से ; **Gluttony** (-ई)*n.*voracity. लोलुपता।

Glycerine-ग्लिस्'-सर्-इन्-*n.* a colourless sweet liquid obtained from oils. गिलिसरीन्, तेल या चरबी से निकाला हुआ एक सत्व।

Glycogen–ग्लाइ'-को-जेन् – *n.* a substance producing sugar in animal tissue. शरीर रचना में शक्कर उत्पन्न करने वाला एक पदार्थ।

Glyphography-ग्लिफ्-ऑग्'-रीफ़्-ई– *n.* a process of making raised copy on engraved plates. धातु के चद्दर पर उभड़ी हुई प्रतिलिपि बनाने की विधि।

Glyptography–ग्लिप् – टॉग्'-रीफ़्-इ–*n.* the science of engraving on gems. रत्नों पर नकाशी करने की कला।

Glyptic–ग्लिप्'-टिक्–*adj.* pertaining to engraving. नकाशी संबंधी।

Gnarl – नाड़्ल् – *v. i.* to growl, to snarl. गर्जना, गुर्राना।

Gnarled-नाड़्ल्'-ड-**Gnarly**(-ई) *adjs.*

twisted, knotty. ऐंठी हुई, ग्रन्थिदार ।

Gnash–नैश्-*v.i.* to grind the teeth together. दांत पीसना या कड़कड़ाना ; **Gnashing** (-इङ्ग्) *n.* grinding of teeth in rage. क्रोध में दांत पीसना ; **Gnashingly** (-ली) *adv.* दांत पीसते हुए ।

Gnat–नैट्-*n.* a small two-winged fly. मच्छड़, वनमक्खी, कुटकी, पिस्सू ।

Gnathic–नैथ्'-इक्- *adj.* pertaining to jaws. दाढ़ सम्बन्धी ।

Gnaw-नॉ-*v. t.* to bite persistently, to corrode, to torture. दांत से काटना, खा जाना, कष्ट देना ।

Gnawing–नॉ'-इङ्ग् – *n.* chewing, biting. चबाना, काटना; **Gnawingly** (-इङ्ग-ली) *adv.* in a gnawing manner. दांत से काटते हुए ।

Gnome–नोम्–*n.* a maxim, goblin, dwarf. पहेली, (कहावत), परी, बौना ; **Gnomic** (-इक्) *adj.* sententious. कहावत संबंधी ।

Gnomon–नों'-मॉन्–*n.* pin or plate of sun dial, part of parallelogram left when a similar one is removed from its corner. सूर्यघड़ी की कील, रेखागणित की एक आकृति ।

Gnostic–नॉस्'-टिक्–*adj.* relating to knowledge. ज्ञान सम्बन्धी ; **Gnosticism** (-टिस-सिज्म्) *n.* theosophic philosophy. एक दार्शनिक सिद्धान्त ।

Gnu – नू – *n.* an ox-like antelope. बैल की आकृति का बारह सिंहा ।

Go–गो–*v. i.* (*p. t.* **Went**–वेन्ट *p. p.* **Gone**–गॉन्) to move, to depart, to circulate, to advance. चलना, जाना, प्रस्थान करना, घुमाना, बढ़ाना; **Go ahead** *adj.* energetic, active. फुर्तीला ; **Go between** (an intermediary.) मध्यस्थ ; **To go about** (to set oneself in business.) कार्य आरम्भ करना; **To go ahead** (to advance.) आगे को बढ़ना; **To go at** (to attack.) आक्रमण करना ; **To go behind** (to examine again.) पुनः परीक्षा करना ; **To go by** (to pass near and beyond.) आगे पीछे जाना ; **To go down** (to sink.) डूबना ; **To go for nothing** (to have no value.) विफल होना ; **To go off** (to die, to fly.) मरना, उड़ना ; **To go round** प्रदक्षिणा करना; **To go through** (to accomplish.) पूर्ण करना; **To go with** (to be equal to.) बराबर होना ; **To go over** (to read, to examine.) पढ़ना, परीक्षा करना ।

Goad-गोड्-*n.* a pointed stick used for urging cattle, a stimulus. अंकुश, उसकाव ; *v. t.* to drive with a goad, to drive forward. अंकुस, लगाना, आगे बढ़ाना, (उद्यत करना) ।

Goal–गोअल्–*n.* the end of a race, destination, aim, purpose, final end. दौड़ का छोर, पहुच, लक्ष्य, निमित्त, अन्त; **Goal-keeper** *n.* खेल में सीमा स्थान का रक्षक ; **Goal post** *n.* इस स्थान में गाड़ा हुआ डंडा ।

Goat–गोअट्–*n.* a horned ruminant quadruped. अज, बकरा; **Goatherd** (one who tends goats.) अजपालक ; **Goatish** (-इश्) *adj.* resembling a goat. बकरे के सदृश ; **Goatishly** (-ली) lustfully. कामुकता से ; **Goatishness** (-इश्-नेस) *n.* lustfulness. कामुकता; **Goatling**-गोट्'-लिङ्ग-

n. one or two year old goat. एक या दो बरस का बकरी का बच्चा।

Goatee–गोट्'-ई–*n*. a beard like a goat's. बकरे के सदृश दाढ़ी।

Gob–गाब्–*n*. a clot of slimy matter, spittle, थूक, खखार।

Gobbet–गाब्'-बेट्–*n*. a small piece. छोटा टुकड़ा।

Gobble–गाब्–'-ब्ल्–*v. t.* to eat hurriedly with noise. शब्द करते हुए जल्दी जल्दी खाना; **Gobbler** (-अर्) *n*. one who swallows in haste. जल्दी से निगलने वाला।

Goblet–गॉब्'-लेट्–*n*. a drinking cup without handles. बिना कण्डल का पानी पीने का पात्र।

Goblin–गॉब्'-लिन्–*n*. a mischievous evil spirit. भूत, पिशाच।

Go-cart–गो'-कार्ट् – *n*. a wheeled-appliance to teach babies to walk. बच्चों को चलना सिखलाने की गाड़ी।



Go-cart.

God–गाड्–*n*. (*fem*. **Goddess**–डेस)a divinity, image possessing divine power, the Supreme Being. देव, देवता, परमेश्वर; *v.t.* to deify. देवता तुल्य बनाना; **Goddess** (-डेस्) *n. fem.* a female deity. देवी, देवपत्नी; **Godfather** (the person who becomes sponsor for a child at baptism.) धर्मपिता; **Godhead** (-हेड्) *n*. divine nature. ईश्वरत्व; **Godless** (-लेस्) *adj*. with no fear of God, ungodly. नास्तिक, अनीश्वरवादी, **Godlike** (-लाइक्) *adj*. resembling a god. देवता तुल्य; **Godliness** (-लीनेस्) *n*. the quality of being godly. (धर्मसेवा) देवभक्ति; **Godly** (-ली) *adj*. righteous. ईश्वरभक्त, (पुण्यात्मा, धार्मिक); **Godsend** (-सेन्ड्) *n*. an unexpected acquisition of good fortune. आकस्मिक धनप्राप्ति; **Godship** (-शिप्) *n*. divinity. देवत्व; **Godspeed** (-स्पीड्) *n*. success. सफलता।

Godown–गो'-डाउन्–*n*. a warehouse or store-room. मालगुदाम, गुदाम।

Goer–गो'-अर्–*n*. a go-between, one who walks. मध्यस्थ, चलाने वाला।

Goffer–गो'-फ़र्–*v.t.* to make edges wavy by means of heated iron. गरम लोहे से किनारी में झालर बनाना।

Goggle–गॉग्'-ग्ल्–*v. i.* to turn eyes sideways, to squint. तिरछी नज़र फेरना, आँख मारना; **Goggles** (-स्) *n. pl.* spectacles for protecting eyes from glare, dust &c. धूपका रङ्गीन चश्मा

Goglet–गॉग्'-लेट्–*n*. a long-necked earthen vessel. सुराही, झंझर।

Going–गो'-इङ्ग्–*n*. act of walking, departure. गमन, प्रस्थान।

Goitre–गॉयट्'-अर्–*n*. a morbid swelling of thyroid gland. गण्डमाला; **Goitrous** (गॉय्'-ट्रस्) *adj*. pertaining to goitre. गण्डमाला सम्बन्धी।

Gold–गोल्ड्–*n*. a precious yellow metal, wealth. सुवर्ण, सोना, धन (सम्पत्ति); **Gold amalgam** (composition of gold and mercury.) पारे और सोने का मिश्रण; **Gold-beater** (one who prepares gold foils.)

सोने का तबक बनानेवाला ; **Gold-field** (a region where gold is found.) जिस स्थान में (खोदने से) सोना मिलता है; **Gold-foil, Gold-leaf** (a very thin sheet of gold.) सोने का तबक ; **Goldsmith** (one who works in gold.) सोनार; **Gold thread.** कलाबत्तू।

Golden–गोल्ड्'-एन्–*adj.* made of or consisting of gold, shining, valuable. सोने का (सुवर्णमय), चमकीला, बहुमूल्य; **Golden age** (happy period) सतयुग ; **Golden opinion** (high esteem.) अति प्रतिष्ठा; **Golden wedding** (fiftieth anniversary of marriage.) विवाह की पचासवीं वर्षगांठ।

Golf–गाल्फ्–*n.* a game played with a small hard ball and clubs. गेंद और डण्डे का खेल ; **Golfer** (-अर्) *n.* a player at golf. ऐसा खेल खेलने वाला।

Gondola–गान्'-डो-लॉ–*n.* a kind of light boat. एक प्रकार की हल्की नाव ; **Gondolier** (-लिअर्') *n.* a man who works a gondola. इस प्रकार की नाव खेनेवाला।

Gone–गान्–*p. p.* of **Go.**

Gong–गाङ्ग–*n.* a heavy metal disk giving resonant note when struck with a mallet. घंटा, घड़ियाल।

Goniometer–गोन्-इ-ऑम्'-एट्-अर्– *n.* an instrument for measuring angles. कोण नापने का यन्त्र, गोनियाँ।

Gonorrhœa– गॉन्-ऑर्-री'-ऑ– *n.* an inflammatory disease of generative organs. सूजाक।

Good–गुड्–*adj.* (*comp.* **Better,** *sup.* **Best**) excellent, satisfactory, attractive, right, proper, expedient, kind, virtuous, agreeable, favourable. उत्तम (अच्छा), सन्तोषप्रद आकर्षक (ललित), उचित, योग्य, युक्त, दयालु, धार्मिक, स्वादिष्ट, रुचिकर ; *n.* virtuous person, benefit, advantage. पुण्यात्मा, उपकार (कल्याण), लाभ सुविधा ; **A good deal** (a large number.) बहुतसा; **As good as** (equally.) बराबर ; **A good many** (a large number.) बहुतेरे ; **Be so good as, Be good enough to** (be pleased to.) कृपा करके;**For good and all** (final.) सर्वदा के लिये; **Good breeding** (polite manners.) शिष्टता, विनय; **Good-bye** (farewell.) बिदाई के समय का प्रणाम ; **Good-day** (a salutation during the day.) दिन का प्रणाम; **Good fortune** (good luck.) सौभाग्य; **Good for you** (for your benefit.) तुम्हारे कल्याण के लिये ; **Good for nothing** (useless.) निष्फल, व्यर्थ ; **Good Friday.** अंग्रेजों के ईस्टर नामक त्योहार का शुक्रवार; **Good-humour** (cheerful temper.) आनन्द, प्रमोद ; **Good-looking** (beautiful, attractive.) सुन्दर, ललित ; **Good manners** (propriety of behaviour.) विनय, सुशीलता ; **Good nature** (kind temperament.) सुशीलता ; **Good night** (a parting salutation in the evening or at night.) रात्रि के समय की बिदाई का प्रणाम ; **Good wishes** (benediction.) आशीर्वाद ; **Good sense** (second judgment.) विवेक ; **Good-will** (kindly feeling.) प्रीति, भक्ति ; **Goodly** (-ली)*adj.*beautiful, agree-

able. मनोहर, रोचक; **Goodness** (-नेस्) *n.* kindness, excellence. दया (श्रेष्ठता), सद्भाव; **In good spirits** (merry.) प्रसन्नचित्त; **To make good** (to complete.) पूरा करना; **To say a good word for** (to praise.) प्रशंसा करना; **Good of the people** (*i. e.* welfare.) लोकहित; **To do good** (to show favour.) उपकार करना; **Good quality**. सद्गुण।

Goods–गुड्ज़– *n. pl.* movable property, wares, commodities. चल-सम्पत्ति (पदार्थ, सामग्री), सामान, असबाब।

Goose–गूस–*n.* (*pl.* **Geese**, *mas.* **Gander**.) a kind of web-footed bird. कलहंस; a tailor's smoothing iron. दरजी का इस्त्री करने का लोहा।

Gooseberry–गूज़-बॅर्'-री–*n.* (*pl.* **berries**) a kind of edible fruit. झर-बेर, करौंदा।

Gopher–गो'-फ़र्–*n.* a kind of squirrel. एक प्रकार की गिलहरी।

Gordian–गॉड्'-डि-ऑन्–*adj.* intricate, difficult. पेचीला, कठिन; **Gordian knot** (a kind of hard knot.) कठिन ग्रन्थि, कड़ी गाँठ।

Gore – गोर् – *n.* thick or clotted blood, a triangular piece of cloth. गाढ़ा रक्त, तिकोना कपड़ा; *v. t.* to pierce with horn. सींग घुसाना; **Gory** (-ई) *adj.* covered with clott ed blood. जमे हुए रुधिर से ढका हुआ।

Gorge–गॉर्ज्–*n.* the internal part of throat, a narrow opening between hills. कण्ठ, पर्वत के बीच का संकुचित मार्ग; *v. i.* to devour greedily. लालची की तरह खाना।

Gorgeous-गॉर्'-जस्-*adj.*magnificent, dazzling. भड़कीला, चौंधानेवाला; **Gorgeously** (-ली) *adv.* in a gorgeous manner, magnificently. उज्ज्वलता से; **Gorgeousness** (-नेस्) the quality of being gorgeous, magnificence. भड़कीलापन।

Gorget–गार्'-जेट्–*n.* an armour for the throat, a necklace. ग्रीवात्राण. गुलूबन्द।

Gorgon – गॉर्'-गन् – *n.* a fabulous snake-haired woman, an ugly woman. एक पौराणिक सर्पके केशवाली स्त्री, कुरूपा स्त्री।

Gorilla – गॉर्-रिल्'-ऑ – *n.* a large powerful African ape. अफ्रीका का बड़ा बन्दर, वनमानुष।

Gormandize–गॉर्'-मॅन्ड्-आइज़ – *v. t.* to indulge in gluttony. भुक्खड़ की तरह भोजन करना; **Gormandizer** (-अर्) *n.* a greedy eater. भुक्खड़।

Gorse– गॉर्स्– *n.* a prickly shrub with yellow flowers. भटकइया।

Gory–गोर्'-ई–*adj.* see **Gore**.

Goshen–गो'-शन्–*n.* a place of light and plenty. अति प्रकाश और पूर्णता का स्थान।

Gosling–गॉज़्'-लिङ्ग् – *n.* a young goose. हंस का बच्चा।

Gospel – गॉस्'-पॅल्–*n.* glad tidings, teachings of Jesus Christ. ईसामसीह का सुसमाचार, इंजील।

Gossamer–गॉस्'-सॅ-मर्–*n.* the web of spider floating in air. हवा में उड़नेवाला मकड़े का महीन जाला; **Gossamery** (-ई) *adj.* like gossamer, flimsy. बहुत महीन, पतला।

Gossip – गॉस्'-सिप्–*n.* an idle talk, unconstrained talk, a tattler. प्रलाप, बकवाद (गपशप), बकवादी मनुष्य; *v. i.* to chat, to talk much. वृथा बकवाद करना, गपशप करना ; **Gossiper** (-अर्-) *n.* a chatterer. बकवादी।

Got–गॉट्–*p. t.* of **Get**.

Gotha–गो'-था–*n.* a kind of large German aeroplane. एक प्रकार का बड़ा जर्मन् हवाई जहाज़।

Gotham–गोट्'-हॅम्–*n.* the town of foolishness. मूर्खता का नगर ; **Gothamite** (-आइट्) *n.* a great fool. भारी मूर्ख।

Gothic–गॉथ्'-इक्–*adj.* of the type of Goths, pointed arch style. गॉथ् आकृति का, नोकीली मेहराब वाला।

Gouge–गाउज्–*n.* a hollow-bladed chisel used by carpenters. गोलचीं रुखाना; *v. t.* to work with a gouge. गोल रुखानी से खोदना ।

Gourd–गुअर्ड्–*n.* a climbing plant with large fleshy fruit. लौकी, कद्दू तुम्बा; **Bitter gourd** तितलौकी ; **Vessel of gourd**. कमण्डलु।

Gourmand–गुर्'-मॅन्ड्-*n.*& *adj.* gluttonous, lover of nice food. पेटू ; खद्दुक: **Gourmandism** (-इज़्म्) *n.* gluttony. खद्दुकपन।

Gout–गाउट्–*n.* a disease with inflammation of joints. वातरोग, गठिया ; **Goutiness** (-इ-नॅस्) *n.* the state of being gouty. गठियापन ; **Gouty** (-ई) *adj.* diseased with gout. वातरोग से ग्रस्त।

Govern–गव्'-अर्न्–*v.t.* & *i.* to rule by authority, to regulate, to determine, to constitute a law. अधिकार पूर्वक शासन करना, विधान करना, निश्चित करना, नियम बनाना ; **Governability** (-ॲ-बिल्'-इ-टी) *n.* quality of being governable. शासन करने की योग्यता ; **Governable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* manageable. शासन योग्य।

Governance–गव्'-अर्-ॲन्स्– *n.* control, government. अधिकार, शासन।

Governess-गव्-अर्'-ऍस्-*n.* a female teacher. अध्यापिका, गुरुआइन।

Government–गव्'-अर्न्-मॅन्ट्–*n.* portion of a country ruled by a governor, a system of governing. शासन, राज्य ; **Form of government**. राज्यपद्धति ; **Government affairs** (government management.) राज्य कार्य ; **Self-government** (government of a country by its people.) स्वराज्य।

Governor – गव्'-अर्न्-ॲर् – *n.* ruler. शासक, राज्याधिकारी; **Governor-General** (Viceroy.) बड़ा लाट ; **Governorship** (-शिप्) *n.* the office of a governor. (प्रभुत्व) राज्याधिकार।

Gowk–गाउक्–*n.* an awkward person, a fool. भद्दा मनुष्य, विदूषक।

Gown–गाउन् – *n.* a loose upper garment, official uniform, a woman's upper dress. चोगा, लबादा, लँहगा, जामा ; **Gowned** (-ड्) *adj.* dressed in gown. चोंगा पहिरे हुए।

Grab–ग्रैब्–*v. t.* (*p. t.* **Grabbed**) to seize suddenly, to catch. झपटकर पकड़ना, धरना ; **Grabber** (-बर्) *n.* sudden grasp. एकाएक पकड़।

Grabble – ग्रैब्'-ब्ल्– *v. i.* to grope

about. अँधेरे में टटोलना।

Grace-ग्रेस् - *n.* pleasing quality, divine influence, elegance of manners, charm, form of address for Duke, Dutchess or Archbishop. अनुग्रह, ईश्वर का वरदान, शिष्टता, शोभा, ड्यूक, डचेज़ अथवा पादड़ी की उपाधि ; *v. t.* to adorn, to confer dignity on. सुशोभित करना, सम्मानित करना ; **Act of grace** (pardon by high authority.) अत्युच्च पदाधिकारी द्वारा क्षमा ; **By the Grace of God** (by God's favour.) ईश्वर के वरदान से ; **Days of grace** (time of probation.) रियायत के दिन ; **The year of Grace** (the year of our Lord.) इसी सन् का वर्ष; **With a good grace** (in amiable fashion.) कृपा पूर्वक।

Graceful-ग्रेस्'-फुल्-*adj.* beautiful, elegant. सुन्दर, सुशोभित ; **Gracefully** (-लि) *adv.* in an elegant manner. सुंदरता से ; **Gracefulness** (-नेस्) *n.* elegance. शोभा; **Graceless** (-लेस्) *adj.* without grace. अशिष्ट, रूपहीन; **Gracelessly** (-ली) *adv.* depraved. निर्लज्जता से ; **Gracelessness** (-लेस्-नेस्) *n.* profligancy. निर्लज्जता।

Gracious-ग्रे'-शस् - *adj.* agreeable, kindly, pleasing, courteous. प्रसन्न, दयालु, अनुकूल, विनीत ; **Graciously** (-ली) *adv.* in a gracious manner. विनय से, कृपा से ; **Graciousness** (-नेस्) *n.* kindness, condescension. अनुग्रह, दया, कृपा ; **Gracious me** ! **My gracious** ! *interjs.* अरे !वाह !वाह !

Gradate-ग्रॉ-डेट्'- *v. t.* to arrange in grades. क्रम में रखना, सरियाना।

Gradation-ग्रॉ-डे'-शॉन्-*n.* progression, orderly arrangement, stage. उतार चढ़ाव (क्रम) परम्परा, (परिपाटी); **Gradational** (-ऑल्) *adj.* by gradations. क्रमिक ; **Gradationally** (-ऑल्-लि) *adv.* by way of gradation. क्रमिक रूप से।

Grade-ग्रेड्-*n.* rank, degree, group, relative position. श्रेणी, वर्ग, क्रम, पदवी ; *v. t.* to arrange in series. क्रम में रखना ; **Gradely** (-ली) *adj.* orderly, decent. सुन्दर, सुथरा।

Gradient-ग्रेड्'-इ-ऍन्ट्-*n.* an amount of inclination, a proportional rise and fall. ढार, उतार चढ़ाव।

Gradine - ग्रॅड्'-इन्-*n.* a kind of toothed chisel used by sculptors. संगतराश की नोकीली टाँकी।

Gradual-ग्रॅड्'-यू-ऑल् - *adj.* taking place by degrees, progressive. क्रमिक, उत्तरोत्तर; **Gradually** (-ली) *adv.* progressively. क्रम से, क्रमशः ; **Gradualness** (-नेस्) *n.* the quality of being gradual. क्रमता।

Graduate-ग्रॅड्'-यु-एट्- *n.* one who holds an academic degree. किसी विश्वविद्यालय की पदवी धारण करनेवाला ; *v. i.* & *t.* to admit to an academic degree, to mark out portions, to arrange in grades. विश्वविद्यालय की उपाधि लेना, विभाग करना, क्रम में रखना।

Graduation-ग्रॅड्-यु-ए'-शॉन् - *n.* a regular progression. क्रमिक वृद्धि।

Graffito-ग्रॅफ्'-इ-टो-*n.* (*pl.* **Graffiti**) a drawing made by scratching.

खुरचकर या खोदकर बनाया हुआ चित्र।

Graft–ग्राफ्ट–*n*. a shoot inserted into the stock of another tree. क़लम ; *v. t.* to insert a shoot in a tree. क़लम बाँधना; **Grafting** (-इङ्ग्) क़लम ।

Grail–ग्रेल्-*n*. a comb-maker's file. कंघी बनानेवाले को रेती ।

Grain–ग्रेन्– *n*. fruit of a cereal, corn, a small particle,the smallest unit of weight. धान्यबीज, अन्न, कण, डेढ़ रत्ती के बराबर की तौल ; *v.t.* to form into grains. दाना बनाना ; **Fried grain**. लावा; **Grainless** (-लैस्) *adj*. without grains. बिना रवे का; **Grainy** (–ई) *adj*. full of grains of corn. दानेदार ।

Gram–ग्रैम्–*n*. a kind of cereal.चना

-gram–ग्रैम् – *suf*. in the sense of "things written." "लिखित" अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला प्रत्यय, यथा ; **Anagram Diagram**. इत्यादि ।

Grama–ग्रॉ–मॉ–*n*. a kind of low grass. एक प्रकार की नाटी घास ।

Gramarye–ग्रैम्'–मॉ–री– *n*. witchcraft. जादू ।

Graminaceous-ग्रैम्'-इन्-ए'-शस्-*adj*. like grass. घास के सदृश ; **Graminivorous** (–इव्'–ऑर्–अस्) *adj*. feeding on grass. तृणभोजी, घास खानेवाला ।

Grammalogue–ग्रैम्'–मॉ – लॉग् – *n*. special signs for complete words used in shorthand. सम्पूर्ण शब्द के लिये प्रयुक्त एक चिह्न ।

Hard–हीड्ड्–*adj.* firm, solid, difficult, harsh, not easily understood. दृढ़, ठोस, कठोर, कर्कश, कठिन; *adv.* severely. कठिनता से; **Hard and fast** (unflinching.) स्थायी, (न बदलने वाला); **Hard by** (very near) अति समीप; **Hard drinker** *n.* अधिक मदिरा पीनेवाला ; **Hard-hearted** (cruel.) निर्दयी; **Hardihood** (-ई-हुड) *n.* boldness. साहस; **Hardly** (-ली) *adv.* with difficulty. कठिनता से; **Hard-mouthed** (not easily governed.) मुँहजोर; **Hardness** (-नैस्) *n.* firmness, solidity. कड़ापन, कठोरता; **Hard of hearing** (slightly deaf.) थोड़ा बहिरा; **Hard up** (in need of money.) धन की आवश्यकता में; **Hardware** (vessels of metal.) धातु के पात्र; **Hard water** (water containing mineral substances.) खारा पानी ।

Harden–हाड्ड्'-ऍन्–*v. t.* & *i.* to make hard, to become hard. कड़ा होना, कड़ा (दृढ़) करना ।

Hardship–हाड्ड्'-शिप्–*n.* severe suffering. शारीरिक क्लेश ।

Hardiness–see–**Hardy**

Hardy–हीड्ड्'-ई–*adj.* bold, resolute. साहसी (शूर, वीर), निर्भय; **Hardiness** (-इ-नैस्) *n.* boldness, bravery. शौर्य, वीरता

Hare–हॅअर्–*n.* a small timid rodent quadruped. खरहा, शशक, खरगोश; **Hare brained** (rash, wild.) धृष्ट, चपलबुद्धि ।

Harem, Haram–हॅअर्'-ऍम्–*n.* the apartment in a dwelling house allotted to women. अन्तःपुर, जनानखाना ।

Hark–हीर्क्–*v. t.* to hear to, to listen. सुनना; *interj.* listen ! सुनो !

Harl, Harle–हीड्ल्–*n.* the fibre of flax or hemp. सन या पटुआ का रेशा ।

Harlequin–हीर्'-लॅ-क्विन्–*n.* a buffoon. विदूषक मसखरा, भाँड़ ।

Harlot–हीर्'-लॉट्–*n.* a prostitute. वेश्या, रन्डी; **Harlotry** (-री) *n.* prostitution. वेश्यावृत्ति ।

Harm–हीर्म्–*n.* damage, injury, hurt, loss, moral wrong. हानि, नाश, पीड़ा, बाधा(दोष), अपराध; *v.t.* to hurt, to injure. कष्ट देना, चोट पहुँचाना; **Harmful** (-फुल्) *adj.* injurious. अपकारी, हानिकारक; **Harmless** (-लैस्) *adj.* innocent. निर्दोष, निरपराध; **Harmfulness** (-फुल्-नैस्) *n.* hurtfulness. निर्दोषता; **Harmlessly** (-ली) *adv.* innocently. बिना अपराध के ; **Harmlessness** (-लैस्-नैस्) *n.* innocence. निरपराध ।

Harmonic–हार्'-मॉन्'इक– **Harmon-**

ical (-ऑल्) *adjs.* harmonious, concordant. सुरीला, एक ताल का ।

Harmonica – हार्-मॉन्′-इ-कॉ – **Harmonicon** (-कॉन्) *ns.* kinds of musical instruments. अनेक प्रकार के बाजे।

Harmonious – हार्-मो′-नि-अस्– *adj.* forming a consistent whole, sweet-sounding. अनुरूप, सुरीला; **Harmoniously** (-अस्-ली) *adv.* in a harmonious manner. एक स्वर में ।

Harmonist–हार्′-मो-निस्ट्–*n.* a composer of music. गाना बनानेवाला ।

Harmonium– हार्-मो-नि-अम्– *n.* a key board wind instrument. हारमोनियम बाजा ।

Harmonization, Harmonize – see Harmony.

Harmony – हार्′-मॉ-नी – *n.* agreement, sweet or melodious sound, peace. (एकता) अनुरूपता, एक ताल या लय में होना; **Harmonization** (-नाइज़-ए′-शॉन्) *n.* the act of harmonizing. स्वर की एकता; **Harmonize** (-आइज़) *v.t. & i.* to agree in sound, to be in peace. शान्त होना, एक सुर में होना या करना ।

Harness–हॅार्′-नॅस् – *n.* the equipments of a horse or other animal. घोड़े या अन्य पशु का साज; *v. t. & i.* to equip with armour, to put harness on. साज चढ़ाना, जोतना; **In harness** (in daily routine.) प्रतिदिन के कार्य में व्याप्त ।

Harp–हॅार्प्–*n.* a stringed musical instrument. बीन, वीणा; *v. t.* to play on the harp. बीन बजाना; **Harper** (-अर्), **Harpist** (-इस्ट) *ns.* one who plays on the harp. बीन बजानेवाला; **To harp on one string** (to repeat the same thing over and over again.) एक ही बात को बारम्बार दोहराना ।

Harpoon–हॅार्-पून्′–*n.* a spear-like weapon with rope attached for catching whales. ह्वेल मछली पकड़ने का रस्सा बंधी हुई बर्छी; *v. i.* to strike with a harpoon. इस प्रकार की बर्छी से मारना; **Harpooner** (-अर्) *n.* one who uses a harpoon. ऐसी बर्छी फेंकने वाला ।

Harpy–हॅार्प्′-ई–*n.* a fabulous monster with a woman's face and body having bird's wings and claws. स्त्री का मुख और शरीर तथा पक्षी के पर और पंजेवाला काल्पनिक दैत्य ।

Harquebuse–हॅार्′-क्वॅ-ब्यूस्–*n.* an old type of portable gun. पुराने ढंग की तोप ।

Harridan–हॅार्′-रॅ-डॅान्–*n.* a haggard old woman. वृद्ध वेश्या ।

Harrier–हॅार्′-रॅ-अर् – *n* a hound for hunting hare. खरहे का शिकार करने वाला कुत्ता ।

Harrow– हॅार्′-रो–*n.* an instrument for breaking clods on ploughed land. जोते हुए खेत के ढेले तोड़ने का यन्त्र, हेंगी; *v. t.* to draw harrow over. हेंगी चलाना; **Harrowing** (-इङ्ग्) *adj.* lacerating. मर्मभेदी; **Under the harrow** (in difficulty.) आपत्ति में ।

Harry–हॅार्′-री – *v. t.* to harass. कष्ट देना, दिक करना ।

Harsh – हॅार्श् – *adj.* rough (to the touch, taste, ear &c.), repugnant

to feeling, cruel. कर्कश, रूक्ष, कठोर, निर्दयी; **Harshly** (-ली) *adv.* in a harsh manner, निष्ठुरतासे; **Harshness** (-नेस्) *n.* the quality of being harsh. रूक्षता, कठोरता।

Hart–हॉर्ट्–*n.* (*fem.* **Roe**-रो) male of a deer. मृग, हिरन।

Harum-scarum – हेँअर्‌-अम्-स्कैँअर्‌-अम्–*adj.* reckless. प्रमादी, असावधान।

Harvest – हॉर्‌-वेंस्ट्–*n.* the season for reaping and gathering corn, a season's yield of any product. अनाज काटने (लवन) का समय, संग्रह किया हुआ अन्न; **Harvest home** (a festival at the completion of a harvest.) लवनके समय का उत्सव; **Harvest-moon** (the full moon about the autumnal equinox.) २२ या २३ सितम्बर का पूर्ण चन्द्रमा; **Harvester** (-अर्) *n.* a reaper. लवैया करनेवाला, फ़स्ल काटनेवाला।

Has–हैज़्–3*rd pers. sing.* of **Have** (*p. t.* **Had**) 'हैव्' धातु का प्रथम पुरुष एक वचन का रूप।

Hash–हैश्–*v. t.* to cut into small pieces. छोटे छोटे टुकड़े करना; *n.* small pieces. छोटे छोटे टुकड़े।

Hasp – हैस्प् – *n.* a contrivance for fastening, a skein of yarn. कुलावा कब्जा, तागे की लच्छी; *v. t.* to fasten with a hasp. कुण्डी लगाना।

Hassock–हैस्‌-सॉक् – *n.* a cushion for kneeling, tuft of matted grass. घुटना टेकने का आसन, घनी घास का शिखर।

Hastate – हैस्' - टेट् – *adj.* spear-shaped. बर्छी के आकार का।

Haste–हेँयस्ट्–*n.* urgency, rapidity, hurry. वेग, शीघ्रता, जल्दी; *v. t.* to hasten. जल्दी करना; **Make haste** (be quick.) शीघ्रता करो।

Hasten–हेँअस्ट्'-ऍन्–*v.t.* & *i.* to make or cause to make haste, (to accelerate.) जल्दी करना या कराना।

Hastily, Hastiness–see **Hasty**.

Hasty–हेँअस्‌-टी–*adj.* speedy, rash, quick-tempered. तीव्र, जल्दबाज़, उतावला; **Hastily** (-लो) *adv.* in a hasty manner. तुरत, शीघ्र, वेगसे; **Hastiness** (-इ-नेस्) *n.* the state of being hasty. जल्दीबाज़ी।

Hat – हॅट – *n.* a covering for the head. टोपी, टोप; *v.i.* to put hat on. टोपी पहिरना; **Hatter** (-टर्) *n.* one who prepares hats. टोप बनानेवाला; **Hat in hand** (in a respectful attitude.) विनात भाव से; **Hatless** (-लेस्) *adj.* without a hat. बिना टोपी का।

Hatch–हॅच्– *v. t.* to engrave lines on a surface, to bring forth young ones from egg, to develop. नकाशी करना, अण्डे से बच्चा निकालना, उन्नति करना; *n.* young ones of birds. पक्षियों के बच्चे।

Hatchet–हॅच्‌-एट्– *n.* a short-handled light axe. कुल्हाड़ी, बसूला; **To bury the hatchet** (to make peace.) युद्ध की समाप्ति करना।

Hate–हेट्–*n.* hatred. घृणा, द्रोह; *v. t.* to bear malice to, to have dislike for. द्वेष करना, घृणा करना; **Hateable** (-ऑ-बल्) *adj.* able to be hated. घृणा योग्य; **Hateful** (-फुल)

adj. exciting hatred. घृणा उत्पन्न करनेवाला; **Hatefully** (-.फुल्-ली) *adv.* in a hateful manner. घृणा या ईर्षा से; **Hatefulness** (-नेस्) *n.* the quality of being hateful. घृणा।

Hatred-हेट्'-रेड्-*n.* dislike, ill-will. द्वेष, घृणा।

Haughtily – हॉट्'-इ-ली – *adv.* in a haughty manner. गर्व से, ढिठाई से; **Haughtiness** (-इ-नेस्) *n.* the quality of being haughty. अहङ्कार, घमण्ड।

Haughty-हॉ'-टी-*adj.* proud, arrogant, insolent. अभिमानी (अहंकारी), घमण्डी, ढीठ।

Haul-हॉल्-*v.t.* & *i.* to pull or drag forcibly, to turn a ship's course. झटके से खींचना, जहाज़ को फेरकर चलाना; **To haul upon the wind** (to turn the head of a ship in the direction of the wind.) हवा के साथ जहाज़ चलाना।

Hauler-हॉल्'-अर्-*n.* one who hauls. जहाज़ को हवा के रुख चलानेवाला।

Haunch-हॉन्च्-*n.* the fleshy part of the hip and buttocks. जङ्घा, कमर, कुल्हा।

Haunt-हॉन्ट-*v. t.* & *i.* to frequent company of, to visit frequently. सदा साथ रहना, बारम्बार भेंट करना; *n.* a place of frequent resort. आश्रय, अड्डा, अखाड़ा; **Haunted** (-एँड्) प्रेतग्रस्त

Hautboy-हो'-बॉय्-*n.* a kind of wooden wind instrument. शहनाई।

Have-हैव्-*v.t.* (*p.t.* & *p.p.* Had) to hold in possession, to contain, to permit, to know, to be obliged. to carry on. to cause to be. रखना, होने देना, जानना, लाचार होना, करना; **To have at** (to assail.) आक्रमण करना; **To have away** (to remove.) हटाना; **To have done** (to obstruct.) रोक देना; **To have it out** (to settle.) स्थिर करना, निकालना; **To have on** (to put on.) पहिरना; **Have him up** (to produce before court.) अदालत में उपस्थित करना।

Haven-हेव्'-एँन् – *n.* a port or harbour, a place of refuge. जहाज़ों के रहने या ठहरने का स्थान (बन्दरगाह), शरणस्थान।

Haversack-हॉव्'-अर्-सैक् – *n.* a soldier's canvas bag for provisions. सिपाहियों का सामान रखने का बेग (खुर्जी)।

Having-हैव्'-इङ्ग्-*n.* property, belongings. सम्पत्ति, सामग्री, सामान।

Havoc-हैव्'-ऑक्-*n.* waste, destruction, devastation. विनाश, विध्वंस, विप्लव (प्रलय); *v. t.* to lay waste. विध्वंस करना; **To cry havoc** (to order for plunder.) सेना को लूटने की आज्ञा देना।

Hawhaw-हॉ'-हॉ-*interj.* ha!ha! हा!हा

Hawk-हॉक्-*n.* a bird of prey similar to falcon. श्येन पक्षी, बाज़; *v.i.* to catch birds by means of hawks, to clear the throat with a noise. बाज़ से शिकार कराना, खाँसकर गला साफ़ करना; *v. t.* to carry goods for sale. फेरी करके माल बेंचना; **Hawker** (-अर्) *n.* a pedlar. फेरी करनेवाला व्यापारी; **Hawk-eyed** (having a keen eye.) सूक्ष्म दृष्टि वाला; **Hawkish** (-इश्) *adj.* similar to a hawk. बाज़ के सदृश।

Hawse-हॉज़्-*n.* the part of a ship's

bow in which holes are bored for cables. जहाज का अगला भाग जिसमे रस्सा बाधने के लिये छेद होते हैं।

Hawser–हॉ'-ज़र्–*n.* a large rope. (जहाज का) बड़ा रस्सा।

Hawthorn–हॉ'-थार्न्–*n.* a kind of thorny shrub. काँटेदार पेड़, नागफनी।

Hay–हे–*n.* grass mown and dried for fodder. सूखी घास, चारा; **Hay fever** (a summer ailment.) एक प्रकार का गरमी के दिन का ज्वर; **Hay-rick** (pile of dry grass.) सूखी घास का ढेर; **To make hay of** (to create troubles.) उपद्रव में डालना; **To make hay while the sun shines** (to accomplish a work at the proper time.) उचित समय पर कार्य सिद्धि करना।

Hazard–हैज़'-अॅड्–*n.* chance, risk, danger. संकट (सदेह) शङ्का, दैवगति; *v.t.* to expose to danger. संकट या आपत्ति में डालना; **Hazardous** (-हैं-जड्'-अस्) *adj.* risky, dangerous. सन्देह युक्त, आपत्तिजनक; **Hazardously** (-ली) *adv.* in a risky manner. सन्दिग्धता से; **Hazardousness** (-नैस्) *n.* the state of being risky. संकट, शंका।

Haze–हेज़–*n.* thin film of mist or fog, mental confusion. धुन्ध, कोहिरा, चित्त की विह्वलता।

Hazel–हे'-ज़ल्–*n.* a tree of the oak family. जैतून के प्रकार का एक वृक्ष; *adj.* of the colour of hazel. तामड़े रङ्ग का।

Hazily – हे'ज़्'-इ-ली–*adv.* obscurely. अस्पष्टता से; **Haziness** (-इ-नैस्) *n.* the state of being hazy. धुंधलापन।

Hazy–हेज़्'-ई–*adj.* misty, obscure, indistinct. धुँधला, अस्पष्ट।

He–ही–*pron.* (*pl.* They) third person singular, the male person. वह (मनुष्य); *interj.* expressing surprise. आश्चर्यसूचक अव्यय।

Head – हैड् – *n.* the upper part of anything, an individual, a chief or leader, brain, understanding, top, source, height, topic. शिखर, (मस्तक), व्यक्ति, अध्यक्ष या नेता, मस्तिष्क, बुद्धि, चोटी, उद्गम, ऊँचाई, विषय; *v. t.* to act as leader, to lead, to excel. मार्ग दिखलाना, बढ़ाना; *adj.* principal. प्रधान; **By the head and ears** (forcibly.) जबरदस्ती; **Head-ache** (pain in the head.) सिर की पीड़ा; **Head dress** (a covering for the head.) मुरेठा, साफ़ा; **Head-master** *n.* (*fem.* H. mistress) किसी पाठशाला का प्रधान अध्यापक; **Head quarter, Head office** (the chief office.) प्रधान कार्यालय; **Over head and ears** (very much.) अति अधिक; **To keep one's head** (to remain quiet.) शान्त रहना; **To lose one's head** (to be perplexed.) घबड़ा जाना; **To make head against** (to oppose.) हठ करना।

Heading – हैड्'-इङ्ग्–*n.* a headline. किसी लेख का विषयसूचक शब्द, सिरनामा।

Headland–हैड्'-लॅन्ड-a promontory. अन्तरीप।

Headless – हैड्'-लैस् – *adj.* without head. बिना मस्तक का।

Headlong – हैड्'-लौङ्ग् – *n.* hastily.

जल्दी से ।

Headmost-हॅड्'-मोस्ट्-*adj*. farthest, forward. सबसे आगे का, अगला; **Headstrong**-हॅड्-स्ट्रोंङ्ग्- *adj*. obstinate. हठी; **Headwork**-हॅड्-वर्क्-*n*. mental labour. मानसिक कार्य ।

Heady-हॅड्'-ई - *adj*. intoxicating. नशा लानेवाली ।

Headway-हॅड्'-वे-*n*. progress. उन्नति

Heal-हील्-*v.t.* to restore to health, to cure. व्याधि से मुक्त करना, चङ्गा करना, (घाव भरना); **Healer** (-अर्) *n*. he who or that which heals. आरोग्य (चङ्गा) करनेवाला; **Healing** (-इङ्ग्) *adj*. आरोग्यकर ।

Health-हॅल्थ्- *n*. soundness of body or mind, condition of body, toast drunk in some one's honour. कुशल, आरोग्य, स्वास्थ्य, किसी का आदर करने के लिये मदिरा पान ।

Healthful-हॅल्थ्'-फुल्-*adj*. in sound health. स्वस्थ, व्याधि रहित; **Healthfully** (-फुल्-लि) *adv*. in a healthful manner. आरोग्यता से; **Healthfulness** (-नॅस्) *n*. wholesomeness. आरोग्यता ।

Healthily, Healthiness-see **Healthy**.

Healthy-हॅल्थ्'-ई - *adj*. conducive to health. आरोग्यकर; **Healthily** (-इ-ली) *adv*. in a healthy manner. आरोग्यता से; **Healthiness** (-इ-नॅस्) *n*. the state of being healthy. आरोग्यता ।

Heap-हीप्-*n*. a group or mass of things, a pile. गण, समुदाय, ढेर; *v. t.* to accumulate, to lay in a heap. ढेर लगाना (बोझना) इकट्ठा करना ।

Hear-हियर्-*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Heard**) to perceive by the ear, to listen, to give audience to, to be informed. कान लगाना, सुनना, ध्यान देना, सूचित होना; **Hearer** - हिअर्-अर् - *n*. one who hears. सुननेवाला; **Hearing**-हिअर्-इङ्ग्- *n*. a judicial trial. सुनवाई, पेशी; **Hard of hearing** (somewhat deaf.) कुछ बहिरा; **To give one a fair hearing** (to attend to without prejudice.) बिना पक्षपात के सुनना ।

Hearken-हीर्क्'-ऍन्-*v.i.* to listen to. कान लगाकर सुनना, ध्यान देना ।

Hearsay-हियर्' - से - *n*. a rumour, gossip. चर्चा, गप्प, सुनी बात ।

Hearse-हर्स्-*n*. a car or frame to carry coffin. मुर्दा लेजाने की गाड़ी या टिकठी ।

Heart-हॉर्ट्- *n*. the hollow organ in the body which keeps up circulation of blood, breast, mind, soul, courage, central part, essence. हृदय, कलेजा, चित्त, आत्मा, साहस, मध्य भाग, सत्व; **From the heart** (zealously.) उत्साह सहित; **Heartache** (mental anguish.) मानसिक व्यथा; **Heart and soul** (by all means) सब प्रकार से; **Heart breaking** (overwhelming.) मर्मभेदी; **Heart-broken** (deeply grieved.) मलिन चित्त, उदास; **Heartburn** (cardialgia.) हृदयवेदना; **Heart's blood**. जीवनदाता रुधिर; **Heart's ease** (tranquillity of mind.) चित्तशान्ति; **Out of heart**

(weak mindedness.) दुर्बलता, दीनता; **To learn by heart** (to commit to memory.) कण्ठस्थ करना, (रटना); **With all one's heart** (earnestly.) सहृदय ।

Heartless-हार्ट्'-लेस्-*adj.* without courage or feeling. निःसत्व, निस्तेज, (क्रूर); **Heartlessly** (-ली) *adv.* in a heartless manner. निर्दयता से; **Heartlessness** (-नेस्)*n.* the quality of being heartless. निर्दयता, कठोरता ।

Hearten-हॉर्ट्'-ऍन्-*v. t.* & *i.* to inspirit, to cheer up. उत्साहित करना, प्रसन्न करना ।

Hearth-हॉर्थ्-*n.* the floor of a fireplace. अग्निकुण्ड, अंगीठी ।

Heartily-हार्ट्'-इ-ली-*adv.* sincerely, cordially. बिना कपट के, उत्साह सहित ।

Heartiness-हार्ट्'-इ-नेस-*n.* the state of being genial. उत्साह ।

Hearty-हॉर्ट्'-टी-*adj.* (*comp.* **Heartier**; *sup.* **Heartiest**) genial, sincere, vigorous, abundant. स्नेहपूर्ण, निष्कपट, तीव्र, अधिक ।

Heat-हीट-*n.* hotness, energy, inflamed state of body, anger, sexual excitement. ताप, वेग, गरमी, शरीर का तापमान, क्रोध, सम्भोग की इच्छा; *v. t.* to make hot, to agitate. गरम करना, उत्तेजित करना), भड़काना; **Heater** (-अर्) *n.* one who or that which heats. गरम करनेवाला; **Heating** (-इङ्ग) *n.* & *adj.* hot, hotness. गरम, तपन ; **Heat of youth** (ardour of youth.) यौवन का उन्माद ।

Heath - हीथ् - *n.* a waste plot of land covered with shrubs. वनभूमि, झाड़ीदार मैदान ।

Heathen-हीद्'-ऍन्-*n.* a pagan, an unenlightened person. मूर्त्तिपूजक, अशिष्ट मनुष्य ; **Heathenish** (-इश्) *adj.* rude, barbarous. रूक्ष, जङ्गली ; **Heathenism** (-इज़्म्) *n.* idolatry. मूर्त्तिपूजा ।

Heather - हॅद्' - अर्-*n.* a kind of bush. एक प्रकार की झाड़ी ।

Heave-हीव्-*v. t.* & *i.* to lift, to rise, to sigh, to pant. उठाना, उठना, ठण्ढी साँस लेना, आह खीचना; *n.* an upward effort. निःश्वास, उभाड़; **To heave in sight** (to become visible.) सामने आजाना

Heaven-हॅव्'-ऍन्-*n.* sky, the habitation of God and His angels, God. आकाश, स्वर्ग, परमेश्वर; **Heaven-born** (born of heaven.) स्वर्गीय ।

Heavenly-हॅव्'-ऍन्-ली-*adj.* supremely, excellent. स्वर्गीय, दिव्य; **Heavenly bodies** (sun, moon and stars) सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्र; **Heavenly voice.** आकाशवाणी ।

Heavily-हॅवे'-इ-ली-*adv.* weightily. भार से, तीव्रता से ।

Heaviness-हॅव्'-इ-नेस् - *n.* weight, sorrow. भारीपन, दुःख ।

Heavy-हॅव्'-ई-*adj.* (*comp.* **Heavier**; *sup.* **Heaviest**) weighty, abundant, striking with force, dull, gloomy, tedious. भारी, अधिक, प्रचण्ड, मन्द, अन्धकारमय, क्लिष्ट ; **Heavy-hearted** (sorrowful.) दुःखी ; **Heavy-headed** (dull-headed.) मन्दबुद्धि ; **Heavy-handed** (not

dexterous. अकुशल ।

Hebetate–हॅबॅ-ऍ-टेट्–*v.t.* to become dull. मन्द होना

Hebraic–हॅब्-ब्रे'-इक्–*adj.* pertaining to a Jew. यहूदी सम्बन्धी ।

Hebraism–हि-ब्रॅ'-इज़्म्–*n.* the conceptions of a Hebrew. यहूदियों की विचारशैली ।

Hebraist–हि-ब्रॅ'-इस्ट्–*n.* one versed in the Hebrew language. यहूदी भाषा का विद्वान् ।

Hebrew–हॅ'-ब्रू–*n.* a Jew, the language of the ancient Hebrews. यहूदी, यहूदी भाषा ।

Heckle– हॅक्'-कुल् – *v. t.* same as Hackle.

Hectic–हॅक्'-टिक्–*adj.* pertaining to hectic fever, consumptive. क्षय, ज्वर संबंधी, क्षयरोग का ।

Hecto–हॅक्'-टो–*pref.* in the sense of 'hundred' 'सौ' अर्थ सूचक उपसर्ग; यथा-hectograph. इत्यादि ।

Hector–हॅक्'-टॉर्–*n.* a bully, a blusterer. बकवादी, शेखीबाज़; *v.t.* to bully. शेखी करना ।

Hedge–हॅज्–*n.* a fence of bushes or shrubs, a barrier. झाड़ियों की टट्टी, मेड़ ; *v. t.* to fence with a hedge. टट्टी से घेरना; **Hedge born** (of low birth.) हीन जाति का ; **Hedgehog** (a kind of wild rat.) शल्यक, एक प्रकार का जङ्गली चूहा ।

Hedonic–हॅ-डॉन्'-इक् – *adj.* pertaining to pleasure. आनन्द सम्बन्धी; **Hedonism** (-इज़्म्) *n.* the doctrine that happiness is the chief end of man. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार आनन्द ही सब कार्य का अन्तिम लक्ष्य माना जाता है; **Hedonist** (-इस्ट्) *n.* one who lives a life of pleasure. आनन्दजीवी ।

Heed–हीड्–*v. t.* to take notice of, to attend to. ध्यान देना, मन लगाना, (सावधान होना) ; *n.* careful attention. सावधानी ; **Heedful** (-फुल्) *adj.* cautious, attentive. सचेत, सावधान ; **Heedfully** (-फुल्-लि) *adv.* carefully. सावधानी से ; **Heedfulness** (-फुल्-नॅस्) *n.* the state of being heedful, caution. सावधानी ; **Heedless** (-लॅस्) *adj.* inattentive. असावधान; **Heedlessly** (-लॅस्-ली) *adv.* carelessly. असावधानी से ; **Heedlessness** (-लॅस्-नॅस्) *n.* the state of being heedless, inattention. असावधानी ।

Heehaw–ही'-हॉ–*v.i.* to bray like an ass. गदहे की तरह रेंकना ।

Heel–हील्–*n.* the hinder part of foot, (ankle), hind part. एँड़ी, पिछला भाग ; *v. i.* to dance, to kick backwards, to lean over to one side. नाचना, एड़ी लगाना, एक ओर झुकना; **To be at one's heels** (to pursue closely.) पीछे पीछे जाना ; **To kick one's heels** (to lie in wait for.) आसरे में बैठना ; **To take to heels** (to betake to flight.) चम्पत हो जाना, भाग जाना ।

Heft–हॅफ्ट्–*n.* a handle, an effort. मूठ, प्रयत्न ।

Hefty–हॅफ्ट्'-ई–*adj.* sturdy. पुष्ट, बलवान्

Heifer–हॅफ्'-अर्–*n.* (*mas.* **Bullock, Ox**) a young cow. बछिया ।

Heigh– हे– *interj.* expressing en-

couragement. उत्साह सूचक अव्यय, ललकार का शब्द।

Heigh-ho–हे'-हो–*interj*. of surprise or weariness. आश्चर्य या थकावट सूचक अव्यय।

Height–हाइट–*n*. the top, elevation, high point. ऊंचाई, शिखर, चोटी; **Heighten** (-ऍन्) *v. t.* to make higher. ऊंचा करना।

Heinous-हेन्'-इ-अस्–*adj*. extremely wicked, atrocious. अति दुष्ट, अति निन्द्य; **Heinously** (-ली) *adv*. in a wicked manner. अति नीचता से; **Heinousness** (-नेंस्) *n*. the quality of being wicked. दुष्टता, नीचता।

Heir–ऍयर्–*n*. a person who inherits, a successor. उत्तराधिकारी,अंशभागी; **Heir apparent** (one who is certain to succeed to an estate.) उत्तराधिकारी युवराज; **Heiress** (-ऍस्) *n.fem*. female heir. उत्तराधिकारिणी, राजपुत्री।

Heirloom–ऍअर्'-लूम्–*n*. furniture, movable chattel. जंगम द्रव्य, अस्थायी सम्पत्ति।

Heirless–ऍअर्'-लॅस्–*adj*. destitute of an heir. बिना उत्तराधिकारी का।

Heirship–ऍअर्'-शिप्–*n*. the rights of an heir. धनाधिकारित्व।

Held–हॅल्ड–*p. t.* & *p. p.* of **Hold**.

Helianthus–ही'-लि-ऍान्'-थस्–*n*. the sun flower. सूरजमुखी का फूल।

Helical–हॅल'-इ-कॅल–*adj*. spiral. घुमौवा

Helio–ही'-लि-ओ–*pref*. in the sense of 'concentric,' 'with sun as centre.' "सूर्य को केन्द्र रखकर" (सौर) अर्थ का उपसर्ग, यथा–heliograph, heliometer. इत्यादि।

Heliosis–ही'-लि-ऑ'-सिस्–*n*. sun stroke. लू लगना।

Heliotrope–ही'-लि-ऑ-ट्रोप्–*n*. a kind of flower. सूर्य कमल।

Helix–ही'-लिक्स्–*n*. a spiral. (घड़ी की कमानी के सदृश) घुमौवा पदार्थ।

Hell–हॅल–*n*. the abode of condemned spirits. यमलोक, नरक, पाताल।

Hellcat–हॅल' - कॅट–*n*. hell-hag. कर्कशा स्त्री।

Hellish–हॅल'-लिश्–*adj*. pertaining to hell, extremely wicked. नरक सम्बन्धी, उत्पाती; **Hellishly** (-ली) *adv*. in a hellish manner. नीचता से; **Hellishness** (-नेंस्) *n*. the quality of being hellish. अति नीचता।

Helm–हॅल्म्–*n*. cloud over mountain during storm, the wheel by which a rudder is manipulated. आँधी के समय पहाड़ पर के बादल, पतवार; **Helmsman** (हॅल्म्ज़्'-मॅन्) *n*. steersman. कर्णधार, (मल्लाह जो पतवार पर बैठता है), पतवरिया।

Helmet–हॅल'-मॅट–*n*. a defensive covering for the head. शिरस्त्राण, लोहे का टोप, कवच; **Helmeted** (-ऍड) *adj*. furnished with a helmet. ऐसा टोप धारण किये हुए।



Helmet.

Helot–हॅल'-ऑट–*n*. serf of ancient Sparta. प्राचीन स्पार्टा का दास।

Help–हॅल्प्–*n*. assistance, remedy, support. सहायता, उपकार, आश्रय; *v. t.* to aid, to assist, to remedy. सहायता देना, अनुग्रह करना, बचाना।

Helper–हेल्प्'-अर्–*n*. one who helps. सहायक (उपकारक) ।

Helpful–हेल्प्'-फुल्–*adj*. useful, serviceable. उपयोगी, उपकारक ।

Helpless-हेल्प्'-लैस्-*n*. wanting help. अनाथ (निराश्रय, असहाय); **Helplessly** (-ली) *adv*. without assistance. असहायता से ; **Helplessness** (-नेस्) *n*. the quality of being helpless. असहायता ; **Helping** (-इङ्ग्) *adj*. सहायता देने वाला ।

Helpmate–हैल्प्'-मेट् – *n* a wife, a helpful companion. सहधर्मिणी, सहायक।

Helter-skelter – हैल्'-टर्-स्कैल्' -टर्– *adv*. in a disordered state, in a hurry. घबड़ाहट में, जल्दी में ।

Helve – हैल्व् – *n*. the handle of a cutting tool. किसी हथियार की मूठ ।

Hem–हैम्–*n*. the edge of a cloth, the border of a cloth made by turning in edge and sewing, कपड़े का किनारा (अञ्चल), मगज़ी (गोट); *v. t.* (*p. t.* **Hemmed**.) to form an edge on. मगज़ी या गोट लगाना ; **Hemmer** (-मर्) *n*. गोट लगानेवाला, सिलाई की मशीन में किनारा मोड़ने का साधन; **Hem-stitch** (-स्टिच्) *v. t.* to form an edge on. सजाफ़ लगाना ।

Hemi–हैम्'-इ–*pref*. in the sense of 'half'. 'अर्ध' अर्थ का ग्रीक उपसर्ग, यथा-**hemisphere**. अर्धगोल ।

Hemiopia–हैम्-इ-ऑ' -पि-ऑं–*n*.blindness of half the field of vision. आँख का रोग जिसमें किसी पदार्थ का आधा ही भाग देख पड़ता है ।

Hemicrania-हैम्-इ-क्रैन्'-इ-ऑ-*n*.headache confined to one part of the head. अधकपारी, आधीसीसी ।

Hemicycle-हैम्'-इ-साइ-कल्-*n*.a semicircle. अर्धवृत्त ।

Hemiplegia–हैम्'-इ-प्ली-जि-ऑ-*n*. paralysis of one side of the face or body. पक्षाघात, आधी शरीर या मुख का लकवा ।

Hemisphere–हैम्'-इस्-फ़ियर्– *n*. half of the globe. गोलार्ध, अर्धगोल; **Hemispheric** (-फ़ेर्'-रिक) ; **Hemispherical** (-रि-कॉल) *adjs*. containing half a sphere. गोलार्ध सम्बन्धी ।

Hemistich–हैम्'-इ-स्टिक्–*n*. half the line of a verse. आधा श्लोक ।

Hemlock–हैम्'-लॉक्–*n*. a poisonous plant. एक विषैली वनस्पति ।

Hemorrhage – हैम्' - ऑर्-एज् – see **Hæmorrhage**.

Hemp - हैम्प्- *n*. a plant of India whose fibres are used for rope making &c. पटुआ ; **Hempen**(-पैन्) *adj*. made of hemp. पटुवे का बना हुआ।

Hen-हैन्- *n*. (*mas*. **Cock**) the female of cock. मुर्गी ।

Henbane–हैन्'-बेन् – *n*. a poisonous plant. एक जहरीला पौधा ।

Hencoop – हैन्'-कूप्– *n*. a cage for fowls. मुर्गियों को बन्द करने की टोकरी ।

Henpecked-हैन्'-पैक्ड्–*n*. one who is governed by one's wife. स्त्री वश, जोरू के आधीन ।

Hence–हैन्स्–*adv*. from here, from this time, therefore. यहाँ से, अब से, इसलिये; *interj*. Go away ! हट जाओ ! चले जाओ ! ; **Go hence** (die.) मर जाओ ; **Henceforth** (from this day onward.) अब से, इसके बाद ;

Henceforward (henceforth.) इस समय से आगे ; **Two years hence** (in two year's time from now.) आज से दो बरस बाद ।

Henchman-हॅन्च्'-मॅन् - *n.* a chief attendant,a reliable follower. प्रधान सेवक, विश्वस्त अनुचर ।

Hepatic-हॅपॅट्'-इक्- *adj.* good for the liver. यकृत (जिगर) के लिये लाभकारक ।

Hepta-हॅप्'-टॅ-*pref.* meaning 'seven' उपसर्ग जिसका अर्थ "सात" होता है; यथा-**hepta**gon, **hepta**hedron. इ०

Heptad - हॅप्' टॅड् - *n.* a group of seven. सात का समुदाय ।

Heptagon-हॅप्'-टॅ-गॉन् - *n.* a plane figure bounded by seven lines. सात भुज की आकृति ; **Heptagonal** (-ऑल) *adj.* having seven sides. सात भुज वाला ।

Heptarchy-हॅप्'-टॉर्-की - *n.* a government by seven rulers. सात राजाओं से शासित राज्य ।

Her-हर् - *pron.* objective or possessive case of 'She'. उस स्त्री का, उस स्त्री को ।

Herald-हॅर्'-ऑल्ड्-*n.* a state-officer who makes proclamations and bears messages, a messenger, a forerunner. राजदूत, एल्ची, अग्रसर ; *v. t.* to proclaim. घोषणा करना ।

Heraldry-हॅर्'-ऑल्ड्-री-*n.* the art or office of a herald, armorial bearings. राजदूत विद्या, वंशावली, चिह्न ।

Herb-हर्ब्-*n.* a plant with slender stem whose leaves &c. are used as food or for medicine. औषधि, जड़ीबूटी ; **Herbaceous** (-बे'-शस्) *adj.* वनस्पति संबंधी ; **Herbage** (-इज्) *n.* herbs collectively. घासपात, वनस्पति समुदाय ; **Herbal** (-ऑल) *adj.* pertaining to herbs. जड़ीबूटी संबंधी ; **Herbalist** (-ऑ-लिस्ट) *n.* one who is versed in the science of plants. वनस्पति विज्ञान में निपुण; **Herbarium** (-ऍयर्'-इ-अम्) *n.* a collection of specimens of plants. वनस्पतियों का अजायबघर ; **Herby** (-ई) *adj.* herbous. जड़ीबूटी से परिपूर्ण ।

Herculean - हर् - क्यू'-लि-ऑन् - *adj.* strong, very difficult, of extraordinary strength. अति कठिन, अत्यन्त बलवान, पुष्ट ; **Herculean task** (a work of extraordinary strength.) भगीरथ प्रयत्न ।

Herd-हर्ड् - *n.* a company of cattle assembled together, a large number of people, a keeper of herds. पशुसमूह, झुण्ड, पशुरक्षक ; *v. i.* to form into a herd. समूह में एकत्रित होना; **Herdsman** (one who tends herds of cattle.) चरवाहा, गड़ेरिया ।

Here-हियर्-*adv.* in this place, in this life, at this point, in this matter. इस स्थान में, इस जीवन में, इस सन्दर्भ में, इस विषय में ; **Here and there** (in different places.) भिन्न भिन्न स्थानों में ; **Hereabouts** (near here.) यहाँ पास में ; **Hereafter** (from this time forwards, a future state onward.) (अबसे) इसके आगे, भविष्य जीवन में ; **Hereat** (at this point.) इस पर ; **Hereby** (by this.) इस रीति से; **Herein** (in this.)

इसमें ; **Hereof** (of this.) इसका ; **Heretofore** (formerly.) पहिले से ; **Hereunder** (under this.) इसके नीचे; **Hereupon** (upon this.) इसके बाद (परिणाम में); **Herewith** (with this.) इसके साथ ।

Hereditary – हॅर्-रॅड्'-इट्-ऑर्-री–*adj*. transmitted from one generation to another. परम्परा प्राप्त, पैत्रिक; **Hereditary disease** (disease transmitted from parents to offspring.) संचारी (पैत्रिक) रोग।; **Hereditary succession** (ancestral transmission.) क्रमागतत्व ; **Hereditarily** (-ली) *adv*. by inheritance. कुलक्रम से, परम्परा से ।

Hereditable–हॅर्-रॅड्'-इट्-ॲ-बल्–*adj*. that may be inherited. वंशपरम्परा से प्राप्त होने योग्य ।

Heredity–हॅर्-रॅड्'-इट्-ई–*n*. the tendency of transmitting qualities from parents to offspring. वंश-परम्परा, बपौती ।

Heresy – हॅर्'-रॅस्-सी–*n*. an opinion contrary to the orthodox doctrine of a subject. पाखण्ड धर्म, नास्तिकता ।

Heretic – हॅर्-रॅट्-इक् – *n*. one who holds an unorthodox opinion. पाखण्डी, नास्तिक ; **Heretical** (-ॲल) *adj*. contrary to orthodox belief. धर्म विरुद्ध;**Heretically**(-ॲल्-लि)*adv*. in a heretic manner. नास्तिकता से ।

Heritable–हॅर्'-रिट्-ॲ-ब्ल्–*adj*. capable of being inherited. परम्परा प्राप्त होने योग्य ।

Heritage–हॅर्'-रिट्-एज़–*n*. what may be inherited. बपौती, वरासत ; **Heritor** (-ऑर्) *n*. one who inherits. पूर्वजों की सम्पत्ति पानेवाला ।

Hermaphrodite –हर्-मॅफ्'-रॉ-डाइट्–*n*. a being in which characteristics of both the sexes are combined. स्त्री तथा पुरुष दोनों के लक्षणों से युक्त प्राणी ।

Hermetic, Hermetical – हर्-मॅट्'-इक् (-ॲल्)–*adjs*. belonging to alchemy, magical, perfectly closed. रसायन सम्बन्धी, जादू का, भली भाँति बन्द किया हुआ ; **Hermetically sealed** (perfectly closed and airtight.) दृढ़ता से बन्द किया हुआ जिसमें वायु प्रवेश न कर सके ।

Hermit–हॅर्'-मिट्–*n*. person living in solitude, a recluse. तपस्वी, सन्यासी ; **Hermitage** (-एज्) *n*. a hermit's dwelling, solitary abode. आश्रम, कुटी ।

Hernia – हर्'-नि-ॲ – *n*. a rupture. अण्डकोष में आँत उतरने का रोग ; **Hernial** (-ॲल) *adj*. pertaining to hernia. इस रोग सम्बन्धी ।

Hero – ही'-रो–*n*. (*pl*. **Heroes**) a man of superhuman power, a demi-god, a very brave man, the chief person in a play. शूरवीर, महावीर, नाटक का नायक, (कथापुरुष) ; **Hero worship** (worship of heroes.) महात्माओं का पूजन ।

Heroic–ही'-रो-इक्–*adj*. worthy of a hero. वीरता का (पराक्रम युक्त) ; **Heroically** (-ऑल्-लि) *adv*. in the manner of a hero. वीरता से ।

Heroism–ही-रो'-इज़्म्– *n*. the quali-

ties of a hero. शूरत्व, पराक्रम ।

Heroify-ही-रो'-इ-फाइ;**Heroize** (-आ-इज़) *v.i.*to make a hero of.वीर बनाना।

Heroine - हीं'-रो-इन् - *n. fem.* a female hero, principal female actor. वीराङ्गना, नायिका ।

Heron - हॅर्'-रान्-*n.* a long-legged wading bird. सारस, बगुला ; **Heronry** (-री) *n.* a place where herons breed. सारसों के बच्चा देने का स्थान।

Herpes - हर्'-पीज़ - *n.* a disease of the skin characterised by patches. दुलपित्ती रोग ।

Herring-हॅर्'-रिङ्ग्-*n.* a small sea-fish much used for food. एक प्रकार की खाई जाने वाली समुद्री मछली; **Herring bone stitch** (a kind of cross stitching.) नीचे ऊपर की सिलाई ।

Hers-हर्ज़्-*pron.* possessive case of 'she' used after auxiliary verbs, *adj.* &c. उस स्त्री का, इसका प्रयोग क्रिया इत्यादि के बाद में किया जाता है ; यथा–It is hers. इत्यादि ।

Herself - हर्'-सेल्फ़्-*pron.* reflexive form of 'She and Her.' स्वयं स्त्री का, स्वयं स्त्री ने ; **She is not herself** (she is not in her normal state of body or mind.) वह स्त्री आपे में नहीं है ।

Hesitate-हॅज़्'-इट-एट-*v. i.* to spea or act with indecision, to be doubtful. हिचकिचाना, आगापीछा करना; **Hesitating** (-इङ्ग्) *adj.* द्विविधा का; **Hesitatingly** (-इङ्ग-ली) *adv.* in a hesitating manner. आगापीछा करते हुए (सन्देह में); **Hesitation** (-ए'-शन्) *n.* the act of hesitating. सन्देह, संशय,द्विविधा; **Hesitant** (-ऑन्ट) *adj.* hesitating. हिचकिचाता हुआ ; **Hesitative** (-टिव्) *adj.* showing hesitation. सन्देह दिखलाता हुआ ।

Hesperus-हॅस्'-पर्-अस्-*n.* the Evening Star. सन्ध्या का तारा ।

Hessian-हॅस्'-सि-अन्-*n.* the strong coarse cloth of hemp or jute. सन या पटुवे का बना हुआ टाट ।

Hest - हॅस्ट - *n.* a behest or command. आज्ञा ।

Hetero - हॅट्'-ऍर्-ओ - *pref.* in the sense of 'other, different.' विपरीत' या 'भिन्न' अर्थ सूचक उपसर्ग; यथा **heterography, heteropathy.** इत्यादि।

Heteroclite - हॅट्'-ऍर्-ओ-क्लाइट-*adj.* irregularly formed.विधि विरुद्ध निर्मित।

Heterodox - हॅट्'-टर्-ऑ-डॉक्स - *adj.* not orthodox. धर्मविरुद्ध, नास्तिक; **Heterodoxy**-(-ई) *n.* a doctrine contrary to orthodox. नास्तिकता ।

Heterogeneous - हॅट्'-टर्-ऑ-जीन्'-इ-अस्-*adj.* of a diverse character. भिन्न अथवा विरुद्ध जाति का, (बेमेल);**Heterogeneity** (-इट-ई); **Heterogeneousness** (- नेस्) *ns.* the state of being heterogeneous. भिन्नता, विपर्यय ; **Heterogenesis** (-जेन्'-इस-इस) *n.* माँ बाप से भिन्न सन्तति ; **Heterogeneously** (-अस-ली) *adv.* in heterogeneous manner.भिन्नता से।

Heteronym - हॅट्'-टर्-ऑ-निम् - *n.* a word spelled like another but with a different meaning. एक ही उच्चारण का भिन्न अर्थ का शब्द ।

Heuristic-ह्यू-रिस्ट्'-इक-*adj.* serving to find out. अन्वेषण करनेवाला, पता

लगानेवाला।

Hew–ह्यू– *v. t.* & *i.* (*p. p.* **Hewed** or **Hewn**) to cut or chop with an axe or sword, to deal cuts. काटना, गढ़ना, टुकड़े करना; **Hewer** (-अर्) *n.* one who hews. काटनेवाला

Hexa–हैंक्स्'-ऑ – *pref.* in sense of 'six. उपसर्ग जिसका अर्थ "छ" होता है, यथा-**hexagon.** इत्यादि।

Hexagon–हैंक्स्'-ऑ-गॉन्– *n.* a figure of six angles and sides. षट्कोण, षट्भुज; **Hexagonal** (-ऑल्) *adj.* having six sides. छ पहल का।

Hexameter – हैंक्स्-ऑम्'-ऍट्-अर् – *n.* a verse of six metrical feet. श्लोक का षट्पदी चरण।

Hey–हें– *interj.* expressive of joy. आनन्द सूचक अव्यय, अहाहा! **Heyday** (हें'-डे) *interj.* हर्षसूचक शब्द; **Heyday** (-डें) *n.* full bloom or vigour. पूर्ण विकसित अवस्था; **Heyday of youth**(vigour of youth.)नव यौवन।

Hi–हाइ – *interj.* expressing wonder. आश्चर्य सूचक अव्यय, अरे!

Hiatus–हाइ-एट्'-अस्– *n.* a break in continuity, an opening. भङ्ग (फटन, भेद), छेद।

Hiccup – हिक्'-अप् – *n.* an involuntary contraction of diaphragm with sudden closure of glottis. हिचकी; **Hiccough** (-अप्) *n.* a hiccup. हिचकी।

Hickory–हिक्'-ऑर्-ई– *n.* an American tree allied to walnut. अखरोट की तरह का अमेरिका का एक वृक्ष।

Hid–हिड्–*p. t.* & *p. p.* of **Hide.**

Hidden–हिड्'-ड॓न्–*p. p.* of **Hide.**

Hide–हाइड्–*n.* the skin of an animal. पशुका चमड़ा, खाल।

Hide–हाइड्–*v. t.* (*p. t.* **Hid**, *p. p.* **Hidden, Hid**) to keep out of sight, to keep secret. गुप्त रखना, छिपाना; **Hide and seek** (a kind of children's game.) आँख मुदौअल का खेल; **Hidebound** (preventing movement.) गति रोकनेवाला; **Hider** (-अर्) *n.* छिपाने वाला; **Hiding** (-इङ्ग्) *n.* छिपाने का कार्य।

Hideous–हिड्'-इ-अस्–*adj.* repulsive, frightful. भयंकर, डरावना; **Hideously** (-ली) *adv.* in a frightful manner. विकराल रूप से; **Hideousness** (-नैस्) *n.* the quality of being frightful. उग्रता, करालता।

Hie–हाइ– *v. i.* to go quickly. जल्दी से भागना।

Hiemal–हाइ'-ऍम्-ऑल्– *adj.* wintry. शरद ऋतु संबंधी।

Hierarch–हाइ'-अर्-ऑर्क् – *n.* a chief priest, a ruler in sacred matters. प्रधान पुरोहित, धर्मशासक; **Hierarchical** (-इ-कॉल्) *adj.* pertaining to hierarchy. प्रधान पुरोहित सम्बन्धी; **Hierarchy** (-ई) *n.* the order of angels, priestly government. देवदूतों का समूह, धर्माध्यापक का प्रभुत्व।

Hiero–हाइ-अर्'-ओ – *pref.* in sense of priestly. 'पुरोहित सम्बन्धी' अर्थ का उपसर्ग; **Hieroglyph** (-ग्लिफ्) *n.* a sacred symbol, picture writing. बीजाक्षर, अक्षरों के लिये चित्र की लिखावट; **Hieroglyphic** (-ग्लिफ्'-इक्) *adj.* & *n.* written in such symbols. गूढ़ाक्षरों में लिखित, बीजाक्षर।

Higgle – हिग्'-गल् – *v. i.* to dispute about terms, to chaffer. सौदे के विषय में झगड़ना, फेरी करके बेंचना।

Higgledy-piggledy-हिग्'-ग्लें-डि-पिग्'-ग्लें-डि–*n.* an utter confusion. गोल-माल, गड़बड़ी।

High–हाइ – *adj.* (*comp.* **Higher**, *sup.* **Highest**.) at a height, of elevated rank, great, noble, dear. ऊचा, उत्तम, (श्रेष्ठ) बड़ा, विशिष्ट, महगा ; *adv.* far up. बहुत ऊपर से ; **High sounding** *adj.* ostentatious. दिखौवा ; **High-spirited** (brave, adventurous.) वीर, साहसी ; **Of high family** (of noble birth.) उच्च कुल का, कुलीन ; **High-noon** (mid-day.) ठीक दोपहर ; **High and low** (people of all ranks.) सब जातिके लोग ; **From on high** (from the sky.) आकाश से ; **High-born** (of noble birth.) उच्च कुल में उत्पन्न ; **High flown style** (*i. e.* turgid.) साहित्यिक भाषा ; **High day** (holiday.) उत्सवदिन ; **High flier** (adventurous person.) उत्साही पुरुष ; **High-handed** (violent.) उद्धत, उच्छिङ्खल ; **Highlander** (a native of highlands.) पर्वत निवासी ; **High-minded** (magnanimous.) महात्मा, उदार चित्त ; **High priest** (a chief priest.) प्रधान पुरोहित ; **High road**, **Highway** (much frequented road.) प्रधान सड़क; **High-spirited** (rash.) उद्दण्ड ; **High time** *n.* पूरा समय ; **High water** *n.* बाढ़ में जहां तक पानी पहुंचता है।

Highwayman–हाइ'-वें-मॅन् – *n.* one who robs on the public road. ठग, लुटेरा।

Highly-हाइ'-ली – *adv.* in a high manner. बहुत, परम, अति।

Highness – हाइ'-नॅस् – *n.* a title of honour applied to men of high rank. महाराज।

Hilarious – हिल्-लॅअर्'-इ - अस् – *adj.* joyous, full of mirth. आनन्दयुक्त, प्रसन्न ; **Hilariously** (-ली) *adv.* joyously. प्रसन्नता से; **Hilarity** (-इट-ई); **Hilariousness** (-नॅस्) *ns.* mirthfulness. आनन्द।

Hill–हिल्–*n.* an elevation of the earth's surface, a small mountain. पर्वत, पहाड़ी।

Hillock – हिल्'-लॉक्–*n.* a small hill. छोटी पहाड़ी; **Hilly** (-ई) *adj.* abounding with hills. पर्वतमय, पहाड़ों से पूर्ण।

Hilt – हिल्ट – *n.* the handle of a sword or dagger. तलवार या कटार की मुठिया।

Him–हिम्–*pron.* objective case of '**He**'. उस(पुरुष) को; **Himself** (-सॅल्फ़) *pron.* reflexive form of '**He**'. वह स्वयं, वह आपही; **By himself** (alone.) अकेला।

Hind–हाइन्ड्–*n.* a steward, a rustic fellow, female of stag. दास, देहाती, हरिनी ; *adj.* situated at the back. पिछला; **Hinder** (-अर्) *comp. deg.*; **Hindomost**(-मोस्ट), **Hindermost** (-अर्-मोस्ट) *sup. deg.* furthest behind. सबसे पिछला।

Hinder–हिन्'-डर्– *v. t.* to obstruct, to prevent, to retard. रोकना, अटकाना, विघ्न डालना, **Hinderer** (-अर्

n. he who or that which hinders. प्रतिबन्धक ।

Hindrance–हिन्'-ड्रॅन्स्– *n.* obstruction. बाधा, विघ्न, अवरोध ।

Hinge–हिन्ज्–*n.* the movable joint of a door, a main principle. कब्जा (चूल), सिद्धान्त; *v.t.* & *i.* to furnish with hinges, to turn on hinge. चूल या कब्जा लगाना, चूल पर घूमना; **Off the hinges** (to be in a state of disorder.) मानसिक तथा शारीरिक व्यग्रता में ।

Hinny–हिन्'-नी–*n.* an offspring of she-ass by horse. खच्चर ।

Hint–हिन्ट्–*n.* a slight indication, a suggestion. सूचना, संकेत ; *v.t.* to bring to mind, to imply. इशारा करना, संकेत करना ।

Hip–हिप्–*n.* the thigh-joint. चूतर, कुल्हा; *v.t.* (*p.t.* **Hipped**) to make low-spirited. उत्साहहीन करना; **Hip bath**. केवल कमर डुबो कर जल में स्नान; **To have a person on the hip** (to have advantage over a person.) किसी मनुष्य पर अधिकार डालना ।


Hip hip hurrah– हिप्'-हिप्'-हू-रा'–*interj.* एक साथ मिलकर आनन्द का यह शब्द बोलना ।

Hippiatric-हिप्'-पैं-ऑट्'-रिक् *adj.* pertaining to the treatment of the diseases of horses. घोड़ों की चिकित्सा सम्बन्धी ।

Hippodrome–हिप्'-पो-ड्रोम्-*n.* a race course for chariots and horses. रथ या घोड़ों के दौड़ का मैदान ।

Hippology–हिप्-पॉल्'-ऑ-जी–*n.* a study of horses. अश्वविद्या, शालिहोत्र ।

Hippopotamus-हिप्'-पॉ-पॉट्'-ऑ-मस्–*n.* the river-horse. दरियायी घोड़ा. करियाद ।



Hippopotamus

Hircine– हर्'-साइन्-*adj.*goat-like. बकरे के सदृश ।

Hire–हायर्-*n.* payment for use of a thing. किराया, भाड़ा; *v.t.* to employ for wages. भाड़े पर रखना; **Hireable** (-ऑ-बल्) *adj.* that may be hired. किराया के योग्य ।

Hireling–हायर्'-लिङ्ग्–*n.* one engaged on hire ठीकेदार, मजदूर ।

Hirsute–हर्'-स्यूट्-*adj.* hairy, rough. रोयें से भरा हुआ, रूखा ।

His–हिज़्–*pron.* possessive case of 'He'. उस (मनुष्य) का ।

Hiss–हिस्–*v.i.* to make sharp hissing sound. फुफकारना, सिसकारना; *n.* a hissing noise. फूत्कार; **Hissingly** (-ली) *adj.* सिसकारते हुए; **To hiss off** (to condemn by hissing.) सी-सी करके असन्तोष प्रकट करना ।

Hist–हिस्ट्–*interj.* used to call attention. चुप्!

Historian-हिस्-टोर्'-इ-ऑन्–*n.* writer of a history. इतिहास लिखनेवाला ।

Historic–हिस्'-टोर्'-इक्, **Historical** (-रिक्'-ऑल्) *adjs.* pertaining to history. इतिहास में लिखा हुआ, ऐतिहासिक; **Historically** (-लि) *adv.* according to history. ऐतिहासिक रीति से; **Historicity** (-रि-सि-टी) *n.* inclination towards history. ऐतिहासिक प्र-

चृत्ति ; **Historiographer** (-रि-ऑग्'-रॅफ़्-अर्) *n.* official historian. युद्ध का ऐतिहास लेखक

History-हिस्'-टॉर्-ई-*n.* a continuous narrative of public events, events connected with persons or things, past events. इतिहास, चरित्र वर्णन, प्राचीन कथा ।

Histrion-हिस्'-ट्रि-ऑन्-*n.* a stage-player. नाटकपात्र; **Histrionic** (-इक) *adj.* pertaining to theatre or actors. नाटक सम्बन्धी ।

Hit-हिट्-*v.t.* (*p.t.* & *p. p.* **Hit**) to strike, to deliver blow at, to get at, to fall in with. मारना, पीटना, पहुँचना, भिड़जाना; *n.* a blow, a stroke of good luck. प्रहार, टक्कर, संयोग; **Hitter** (-टर्) *n.* one who hits. मारनेवाला ।

Hitch-हिच्-*v.t.* & *i.* to move with jerk, to fasten with a loop, to become fastened. झटके से हटाना, फन्दा बाँधना, इस प्रकार बंध जाना ; *n.* a hook, an obstacle. बंधन, रुकावट ; **To hitch up** (to fasten horses in carriage.) गाड़ी में घोड़ा जोतना ।

Hither-हिद्'-दर्-*adv.* towards this place. इधर, इस ओर ; **Hither and thither** (in all directions.) सब दिशाओं में ; **Hitherto** (till now.) अब तक, यहाँ तक ; **Hithermost** (nearest on his side) इस ओर अति समीप ।

Hive-हाइव्-*n.* the habitation of bees. मधुकोष, मधुमक्खी का छत्ता ; *v. t.* to reside collectively. (मधुमक्खी की तरह) जुटकर रहना ।

Ho-हो-*interj.* expressing surprise, admiration &c. अरे ! अहा ।

Hoar-होअर्-*adj.* & *n.* grey-haired, white with age. सफ़ेद बालोंका, बुड्ढा; **Hoar-frost** (white particles of dew.) तुषार ; **Hoariness** (-इ-नॅस्) *n.* greyness of hairs. बालों की सफ़ेदी; **Hoary** (-ई) *adj.* grey with age. भूरा, धूमिल ।

Hoard-होड्र्ड-*n.* a store, a treasure. संग्रह (ढेर), खज़ाना; *v.t.* to amass, to treasure up. संचय करना, इकट्ठा करना ।

Hoarse-होर्स्-*adj.* rough, croaking sound. रूक्ष, कर्कश शब्द; **Hoarsely** (-ली) *adv.* in a hoarse manner. रूक्ष स्वर से ; **Hoarseness** (-नॅस्) *n.* the state of being hoarse. रूक्षता, स्वरभंग ।

Hoax-होक्स्- *v. t.* to deceive in joke. हंसी में छलना ; *n.* a deceptive trick. हँसी का धोखा ।

Hob-हॉब्- *n.* a projection on the side of a fireplace, a rustic. अंगीठी का उभाड़, देहाती; **Hob nail** (-नेल्) *n.* nail for heavy boots. जूते की एँड़ी में ठोकने की काँटी ।

Hobble-हॉब्'-ब्ल्-*v.t.* to walk limpingly, to tie the legs of animals so that they may not run away. लंगड़ाकर चलना, पशुओं का भागना रोकने के लिये टाँग बाँधना ; *n.* an awkward situation. भद्दी अवस्था ।

Hobbledehoy-हॉब्ल्-डे"-हॉय्-*n.* an awkward youth. भद्दा युवा पुरुष ।

Hobby-हॉब्'-बी-*n.* (*pl.* **Hobbies**) a favourite occupation apart from one's main business. प्रिय व्यापार,

Hobby horse (a wooden horse for children to ride.) बच्चों के खेल में सवारी करने का (लकड़ी का) घोड़ा।

Hobgoblin–हॉब्–गॉब्'–लिन्–*n.* a bug-bear, an apparition. भूत, राक्षस।

Hobnob–हॉब्'-नॉब्–*v.i.* to drink together, to have familiar intercourse. एक साथ मदिरा पीना, संगसाथ करना ; *n.* a friendly conversation. मित्रों की बातचीत।

Hock–हॉक्–*n.* joint of a quadruped's hind legs. पशुओं के पिछले पैरों के जोड़।

Hockey–हॉक्'-की-*n.* a game played with ball and curved sticks. टेढ़े डं और गेंद का एक प्रसिद्ध खेल।

Hocus–हॉ'-कस्–*v.t.* (*p.t.* **Hocussed**) to stupefy a man with drugs. दवा देकर किसी को बेहोश करना।

Hocus-pocus–हॉ'-कस्-पॉ'-कस् – *n.* a deception, a jugglery. मन्त्र तन्त्र, इन्द्रजाल।

Hod–हॉड्–*n.* a trough for carrying mortar &c. मसाला ढोने की लोंहदी;

Hodman (-मॅन्) *n.* a man who carries a hod. सुरखी चूना ढोनेवाला।

Hodge-podge-हॉज्'-पाज्-*n.* a confused mass. अनेक द्रव्यों का समूह, खिचड़ी।

Hoe–हो–*n.* a tool for loosening soil. कुदाली, फाँड़ा ; *v. t.* to clean with a hoe. कुदाली से खोदना।

Hog-हॉग्–*n.* swine, castrated boar. शूकर, बधिया किया हुआ सुअर ; *v. t.* to cut hair short, to bend. बाल छोटा करना, घुमाना, **Hoggish** (-गिश्) *adj.* like a hog, filthy. सुअर के सदृश, गंदा।

Hogshead – हॉग्ज़्'-हॅड्–*n.* a liquid measure of 52½ gallons. ५२॥ गैलन की नाप।

Hoick, Hoik–हॉ'-इक्–*v. t.* & *i.* to turn an aeroplane upwards. हवाई जहाज को ऊपर की ओर उठाना।

Hoiden–हॉय्'-डॅन्–*n.* a rude bold girl. धृष्ट कन्या।

Hoist–हॉ'-यस्ट्–*v. t.* to lift, to raise aloft, to elevate. ऊपर को उठाना, उभाड़ना।

Hokey-pokey – होक्'-ई-पोक्'-ई – *n.* cheap ice-cream sold by street-vendors. सस्ती कुल्फी की बरफ़ जो फेरी वाले बेचते हैं।

Hold–होल्ड्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Held**.) to keep fast, to grasp, to contain, to occupy, to engross, to consider, to celebrate to believe, to convene. पकड़ना, थामना, रखना, धरना, ग्रस्त होना, विचारना, उत्सव मनाना, विश्वास करना (प्रचलित करना), सभा बैठाना; *n.* a grasp, custody, interior cavity of a ship. पकड़, बन्धन, जहाज का भीतरी भाग; **Hold** ! (stop.!) ठहरो ! **Hold your tongue** (stop talking.) चुप रहो; **To hold back** (to stop.) ठमकना, रुकना; **To hold by** (to accept.) स्वीकार करना, मानना; **To hold dear** (to regard with affection.) अति प्रेम करना; **To hold forth** (to offer, to speak publicly.) विचार प्रकट करना ; **To hold him of no value** (to think worthless.) तिनका समझना; **To hold in** (to restrain.) बन्द करना; **To hold in esteem** (to respect.) आदर करना; **To hold it good** (to think

advisable.) अच्छा विचारना ; **To hold one's head high** (to show pride.) अभिमान दिखलाना; **To hold out** (to stretch.) फैलाना; **To hold over** (to remain after.) टालना; **To hold up** (to sustain.) सहारा देना; **Holder** (-अर्) *n.* one who holds, a tenant, a pen with contrivance to hold a nib. पकड़ने वाला, असामी, निब लगा कर लिखने की कलम; **Holding** (-इङ्ग)*n.* a tenure of land. खेतीबारी, ठीके की जमीन ।

Holdall-होल्ड्-ऑल्-*n.* a canvas bag with pockets to hold bed &c. बिस्तरा इ० रखने की बोरी ।

Holdfast-होल्ड्-फास्ट्-*n.* a contrivance for securing nail &c. काँटी बोल्ट इत्यादि कसने का साधन ।

Hole-होल्-*n.* a hollow place, an animal's burrow, a mean abode. छिद्र (गुहा), बिल, तुच्छ गृह ; *v. t.* to make holes in. छेद करना; **To pick holes in** (to find fault with.) दोष खोजना; **Hole and corner** (secret.) रहस्य ।

Holiday- हॉल्-लि-डे-*n.* (*pl.* **Holidays**) a day of recreation or festival, vacation. उत्सव, त्योहार, अनाध्याय का दिन (छुट्टी) ।

Holla - हाॅल्-ला - *interj.* same as **Hollo**. अरे !

Holland-हाॅल्-लॅन्ड्- *n.* a kind of linen. एक प्रकार का मलमल ।

Hollo-हाॅल्-लो-*v. i.* & *t.* to shout, to call. चिल्लाना, पुकारना, ललकारना ।

Hollow-हाॅल्-लो- *adj.* excavated, empty, false, insincere. पोला, छूछा (निःसार) निष्फल, झूठा ; *n.* a cavity, hole or den. पोला स्थान, पेड़ का खोड़रा, गड़हा ; *v. t.* to excavate. खोदना, गड्डा करना; *adv.* completely. पूर्ण रूप से ; **Hollow hearted** (insincere.) बेईमान ; **Hollowness** (-नॅस्) *n.* insincerity. शून्यता, असत्यता ; **Hollow-ware** *n.* cooking pots &c. पकाने के पात्र ।

Holly - हॉल्-ली - *n.* an evergreen shurb with pirckly leaves. सर्वदा हरी रहनेवाली एक काँटेदार वनस्पति ।

Holm-होम्-*n.* an islet in a river. नदी के बीच का टापू ।

Holocaust-होल्-ऑ-कॉस्ट्-*n.*a wholly burnt sacrifice, a disastrous fire. पूर्ण आहुति, प्रचण्ड अग्नि ।

Holster-होल्-स्टर्-*n.* a leather case for pistol fixed to saddle. पिस्तौल रखने का बेग जो घोड़े की काठी में लगा होता है।

Holt-होल्ट्-*n.* a wood, a wooded hill. जङ्गल, जङ्गल लगी हुई पहाड़ी ।

Holy-हो-ली- *adj.* (*comp.* **Holier**, *sup.* **Holiest**) sacred, pious, perfect, devoted to God. पुण्य, पवित्र, धार्मिक ; **Holily** (-इ-ली) *adv.* in a holy manner. पवित्रता से ; **Holiness** (-नॅस्) *n.* piety, devotedness. पवित्रता, धार्मिकता ; **Holy land** (a sacred place.) पुण्य भूमि; **Holy place** (a place of pilgrimage.) तीर्थस्थान ; **Holy study** (a study of sacred texts.) वेदों का अध्ययन; **Holy wisdom** (a knowledge about self.) ब्रह्मज्ञान ; **Holy writings** (sacred writings.) वेद, श्रुति ।

Homage-हॉम्-एज्- *n.* acknowledge

ment of allegiance, dutiful reverence. पूजा, उपासना (सेवा), प्रभुभक्ति ।

Home–होम्–*n.* a dwelling place, a fixed residence of household, a native land, a place of rest. घर, वासस्थान, जन्मभूमि, आश्रयस्थान; *v. t.* & *i.* to come home. घर आना; *adv.* closely. पूर्ण रूप से ; **At home** (at one's house, in one's country, at ease.) घर पर, स्वदेश में, आनन्द से ; **Home charges** (expenses defrayed in Great Britain from India's income.) भारत के रुपये से इङ्लैण्ड् में होनेवाला खर्च ; **Home industry** (*i. e.* carried on in one's own country.) देश का व्यापार; **Home member**. गृहसचिव; **Home office** (department of the Secretary of State for home affairs.) सेक्रेटरी ऑफ् स्टेट् (गृहसचिव) का घरेलू कार्य के विषय का दफ्तर ; **The thrust went home** (*i. e.* exactly to the point aimed at.) निशाना ठीक लगा; **Words went home to his heart** (*i. e.* were piercing.) मर्मभेदी शब्द ; **Home Rule** (self government.) प्रजातन्त्रराज्य, स्वराज्य ; **Homesick** (sorry for being absent from home.) घर से बाहर रहने से खिन्न ; **Homeless** (–लेस्) *adj.* without a home. निराश्रय; **Homely** (–ली) *adj.* domestic. गृहस्थी सम्बन्धी ; **Homespun** (cloth spun at home.) खद्दर, घर का बना वस्त्र ; **Homestead** (a farm with buildings.) बगीचा लगा हुआ घर ; **Homeward** (-s) (towards home.) घर की ओर ।

Homeopath-(also **Homœopath**)-हॉ'-मेॅ-ओ-पॅथ्'–*n.* one who practises homeopathy. होमियोपैथी चिकित्सक; **Homeopathically** (–इक्-ऑल्–ली) *adv.* in a homeopathic manner. होमियोपैथिक रीति से; **Homeopathist** (–इस्ट्) *n.* one who practises homeopathy. इस विधि का चिकित्सक ; **Homeopathy** (–ई) *n.* Hahnemann's system of curing diseases by minute doses of drugs. होमियोपैथिक चिकित्सा ।

Homicidal see **Homicide**.

Homicide–हाम्'-इस्–साइड्– *n.* one who kills a human being. मनुष्य-घातक ; **Homicidal** (–साइड्'–अल्) *adj.* pertaining to homicide. मनुष्यवध सम्बन्धी ।

Homily–हाम्'–इल्–ई– *n.* sermon, a moralising discourse. धार्मिक उपदेश, धर्मवाक्य ।

Hominy–हाम्'–इन्-ई-*n.* maize hulled and boiled in water. दलिया, महेरी ।

Homo–हा–मो–*pref.* in the sense of 'the same' 'common'. 'सदृश' अथवा सामान्य' अर्थ का उपसर्ग; यथा–**homogamous, homonym.** इत्यादि ।

Homogeneal–हॉ'-मो जीन्'–इ–ऑल्–
Homogeneous–हॉ'–मो-जीन्'-इ-अस्-*adjs.* of the same kind. समान जाति का, एक ही प्रकार का ।

Homologous–हॉ-मॉल्'–ऑ–गस्– *adj.* having the same relation or relative position. तुल्य परिमाण का ।

Homonym–हाम्'-ऑ-निम्–*n.* words of the same form differing in

sense. भिन्नार्थ शब्द ; **Homonymic** (-इक) ; **Homonymous** (-अस्) *adjs*. equivocal. अनेकार्थ शब्द संबंधी ।

Homy–होम्'-ई-*adj*. home-like. घर के सदृश ।


Hone–होन्–*n*. a whetstone. सान, सिल्ली ; *v. t.* to sharpen on a hone. सिल्ली पर तेज करना ।

Honest–ऑन्'-ऍस्ट-*adj*. fair and upright in dealings, sincere. निष्कपट (सच्चरित),सच्चा ; **Honestly** (-ली) *adv*. in an honest manner. ईमानदारी से ।

Honesty–ऑन्'-ऍस्ट्'-ई-*n*. uprightness. सत्यता (खरापन, ईमानदारी), **Honesty is the best policy** (maxim of self-interested morality.) सत्यता ही सबसे उत्तम मार्ग है ।

Honey–हन्'-ई-*n*. the sweet fluid collected by bees, sweetness. मधु (शहद), मधुरता ; **Honey-bee** (a bee that gathers honey.) मधुमक्खी; **Honeymoon** (a holiday spent by newly married couple.) विवाह के बाद दम्पति का आनन्द-मास ; **Honeysuckle** (a kind of plant with sweet-scented flowers.) एक प्रकार का सुगन्धित फूल का पौधा ।

Honeycomb-हन्'-इ-कोम्-*n*. the hexagonal cells of wax in which bees collect honey and lay eggs. मधुकोष, शहद की मक्खी का छत्ता ।



Honeycomb.

Honk–हॉङ्क–*n*. the cry of a wild goose, sound of a motor-horn. जंगली बत्तक का शब्द, मोटरके भोंपू का शब्द

Honorarium–ऑन्-ओ-रे'अर्'-इ-अम्-*n*. the fee paid for professional services. किसी व्यवसाय का शुल्क,शुकराना ।

Honorary–ऑन्'-ओ-रॅ-री-*adj*. conferred as an honour, serving without paw, holding a title without performing any services. प्रतिष्ठा देनेवाला, अवैतनिक, मान-मात्रदायी, यशस्कर ।

Honorific– ऑन्'-ऑर्-इफ्'-इक्- *adj*. implying respect. मान या प्रतिष्ठा-सूचक ।

Honour–ऑन्'-अर्–*n*. dignity, high respect, good name, nobleness of mind, chastity. सम्मान, आदर, (सत्कार), कीर्ति, उदारता, सच्चरित्रता ; *v. t.* to venerate, to respect, to accept and pay when due, to confer honour. प्रतिष्ठा करना, सत्कारना, उपाधि देना ; **Your honour, His honour**. श्रीमान् ।

Honourable–ऑन्'-अर्-ॲ-ब्ल् – *adj*. worthy of honour, upright. माननीय (आदरणीय), सच्चरित्र ; **Honourably** (-ॲब्-ली) *adv*. in an honourable manner. मान पूर्वक, न्यायपूर्वक ।

Hood–हूड्–*n*. a covering for the head, a badge worn over a university gown. सिर ढाँपने का वस्त्र (कंटोप), विश्वविद्यालय के उपाधि सूचक महावस्त्र के ऊपर का ओढना, *v.t.* to cover with a hood. ढकना लगाना; **Hooded** (-ऍड) *adj*. covered with a hood. ढकना लगा हुआ ।

Hoodwink – हुड – विङ्क – *v. t.* to

blindfold, to deceive. वस्त्र से ढाँकना, धोखा देना ।

Hoof–हूफ्–*n.* (*pl.* Hoofs, Hooves) the horny part of a beast's foot. खुर ; *v.t.* to walk as cattle. खुर मारना ; **Hoof-pad** (a pad for the hoof of horses.) नेउरी ।

Hook–हुक्– *n.* a bent piece of metal, bent wire used for catching fish. कुलाबा, काँटा, मछली फँसाने की वंसी ; *v. t.* & *i.* to catch with hook, to bend. कँटिये में फँसाना, (मछली पकड़ना) झुकाना ; **By hook or by crook** (by right or wrong means.) किसी न किसी प्रकार से; **Hooked** (–ड्) *adj.* shaped like a hook. ऐंठा, टेढ़ा ; **To hook on** (to draw as with a hook.) कटिया से फँसाना ।

Hooker–हूक्'–अर्–*n.* a kind of sailing ship. एक प्रकार का जहाज ।

Hooligan – हूल्'-इ-गॉन् – *n.* a cruel ruffian. गुण्डा, बदमाश ।

Hoop– हूप् – *n.* a circular band of metal, a wooden or iron circle. चक्कर, घेरा, गोल पट्टा; *v.t.* to encircle. ऐसे पट्टे से बाँधना ।

Hoop–हूप्–*v.i.* & *n.* to utter a hooping sound. हू हू का शब्द करना, ऐसा शब्द; **Hooping cough** (a kind of cough in which the patient whoops.) कुक्कुर खाँसी, सूखी खाँसी ।

Hoot – हूट्– *v. i.* to make a loud sound especially in contempt, to drive away by hooting. धिक्कारना, छी छी करना ; *n.* a sharp cry, a shout in contempt. कर्कश शब्द, असन्तोष का शब्द ; **Hooter** (-अर्) *n.* one who hoots, a steam whistle. चिल्लाने वाला, भाफ़ से बजने वाली सीटी (जो कारखानों में काम आरम्भ या समाप्त करने के लिये बजाई जाती है) ।

Hop–हॉप् – *n.* a kind of perennial creeper, hopping, spring, dance. एक प्रकार की लता, कूदफाँद, उछाल, नाच ; *v. i.* (*p. t.* **Hopped**) to spring on one leg, to spring on all fours, to depart suddenly. एक पैर के बल या चारों पैरों से कूदना, तुरत प्रस्थान करना; **Hop-o'-my-thumb** (a man of small stature.) नाटा, छोटा, बौना ।

Hope – होप्–*n.* a desire combined with expectation, anticipation. आशा (इच्छा), मनोरथ (भरोसा) ; *v.t.* & *i.* to look with expectation, to expect and desire. आशा करना, भरोसा करना ; **Hopeful**-होप्'-फुल्-*adj.* full of hope, encouraging. आशायुक्त, आशाजनक (होनहार) ; **Hopefully** (-फुल्-लि) *adv.* in an encouraging manner. आशा से; **Hopefulness** (-फुल-नेस्) *n.* the quality of being hopeful. आशापूर्णता ; **Hopeless** (-लेस्) *adj.* devoid of hope. आशाहीन; **Hopelessly** (-ली) *adv.* without hope. निराशा से; **Hopelessness** (-नेस्)*n.* despair. नैराश्य, लाचारी

Hopper–हॉप्-पर्–*n.* one who hops, a hopping insect, a cone through which grain passes in a mill. कूदनेवाला, फतिङ्गा, छुच्छी जिसमें से अन्न के दाने चक्की में गिरते हैं ।

Hopple-हॉप्'-पल्-*v.t.* to tie together the legs of a horse. घोड़े के पैरों को

एक साथ बांधना।

Horary – हॉर्‌-ऑर्‌-ई – *adj*. hourly, occurring every hour. प्रति घण्टे का, घण्टे घण्टे पर होनेवाला।

Horde–होअड्‌ड् – *n*. a troop of nomads, a gang, multitude. घुमक्कड़ों का जत्था, संघ, झुण्ड।

Horizon–हॉर्‌-राइ'-ज़ॉन्‌ – *n*. the line at which the earth and sky seem to meet, experience, limit. क्षितिज, अनुभव, परिधि; **Horizontal** – हॉर्‌-ऍ-ज़ॉन्ट्'-ऑल्‌– *adj*. parallel to the horizon, at right angles to the vertical, level. क्षितिज के समानान्तर, समतल, **Horizontally** (-ली) *adv*. in a horizontal direction. पट बल में।

Horn–हॉर्न्‌–*n*. a hard and pointed susbtance on the head of cattle usually in pairs, a drinking vessel, a powder-flask, a kind of wind instrument, antennæ of insects. सींग, प्याला, बारूद रखने का डिब्बा, सिंघा (भोंपा), फतिंगों की मूछ; *v.t.* to furnish with horns. सींग लगाना।

Horner–हॉर्न्'-अर्‌–*n*. one who deals in horns. सींग के बने पदार्थ बनानेवाला।

Hornet–हॉर्न्'-ऍट्‌–*n*. a large wasp. बर्रे की जाति का एक कीड़ा, हड्डा।

Hornless – हॉर्न्'-लेंस्‌– *adj*. destitute of horns. बिना सींग का; **Horny** (-ई) *adj*. hard as horn. सींग की तरह कड़ा।

Horologe – हॉर्'-ऑ-लोज्‌– *n*. a timepiece or clock. छोटी या बड़ी घड़ी।

Horology–हॉ-रॉल्'-ऑ-जी–*n*. the art of making clock. घड़ी बनाने की विद्या।

Horoscope–हॉर्'-ऑ-स्कोप्‌ – *n*. observation of planets at a person's birth. जन्मपत्रिका; **To cast a horoscope** (to prepare a horoscope.) जन्मपत्रिका बनाना; **Horoscopical** (-स्कॉप्'-इक्‌-ऑल्‌) *adj*. pertaining to a horoscope. जन्मपत्री सम्बन्धी।

Horrible–हॉर्'-रि-ब्ल्‌–*adj*. fit to excite horror, dreadful, hideous. भयानक, कराल, डरावना; **Horribly** (-ब्ली) *adv*. in dreadful manner. भयङ्कर रूप से; **Horribleness** (-नैस्‌) *n*. the state of being horrible. भयंकरता।

Horrid–हॉर्'-रिड्‌–*adj*. terrible, horrible, frightful. भयङ्कर, विकट, डरावना; **Horridly** (-ली) *adv*. in a terrible manner. विकट रूप से; **Horridness** (-नैस्‌) *n*. the quality of being horrible. भयङ्कररूप।

Horrific–हॉर्‌-रिफ्'–इक्‌–*adj*. causing horror. भयङ्कर।

Horrify–हॉर्'-रि-फाइ–*v.t.* (*p.t.* **Horrified**) to excite terror. डराना।

Horror–हॉर्'-रॉर्‌-*n*.a dreadful shuddering, great dislike. कँपकपी (भय), अति घृणा।

Horripilation–हॉर्'-रिप्‌-इल्‌-ए'-शोन्‌–*n*. bristling of the hairs of the body. शरीरभर के रोंये खड़े होना।

Horse–हॉर्स्‌-*n*.a solid-hoofed quadruped used as a beast of burden or for riding, cavalry. अश्व, घोड़ा, घोड़सवार; *v. i.* to mount on a horse. घोड़े पर सवार होना; **Horse-breaker** (one who trains a horse.) अश्वशिक्षक, घोड़ा फेरनेवाला; **Horse-chestnut** (a kind of tree.) एक

प्रकार का अखरोट; **Horse-cloth** (cloth for covering a horse.) घोड़े का ओहार; **Horse fly** (the fly that stings horses.) किलनी; **Horselaugh** (a loud boisterous laugh.) ठट्ठा, ठहाके की हँसी; **Light horse** (artillery with li ht guns.) हलके शस्त्र धारण किये हुए घोड़सवार; **Pack-horse** (a horse of burden.) लद्दू घोड़ा; **To horse** (to ride on a horse.) घोड़ सवारी करना।

Horseman–हॉर्स्'-मॉन्–*n*. a rider on horseback. घोड़सवार; **Horsemanship** (the art of riding.) घोड़सवारी।

Horse power–हॉर्स्'-पाउ-अर्–*n*. unit of power which is 550 foot lbs. per second. यन्त्र की वह शक्ति जिसके द्वारा एक सेकन्ड में ५५० पाउन्ड का भार एक फ़ुट उठ सके।

Horseshoe–हॉर्स्'-शू–*n*. a shoe for horse. घोड़े की नाल।

Hortative–हॉर्ट्'-ऑट्-इव्–*adj*. serving to exhort. उत्साह दिलानेवाला।

Horticultural–हॉर्ट्'-इ-कल्ट्-युर्-ऑल–*adj*. pertaining to the culture of gardens. उद्यानविद्या सम्बन्धी।

Horticulture–हॉर्ट्'-इ-कल्ट्-यूर् (-चर्)–*n*. the art of cultivating gardens. उद्यानविद्या, बागबानी; **Horticulturist** (-इस्ट्) *n*. one skilled in the art of horticulture. बागबानी में निपुण।

Hose–होज़–*n*.(*pl*.Hose) stockings, a flexible tube for watering plants. मोज़ा, पौधों पर पानी छिड़कने की नली; **Hosier** (-यर्) *n*. one who deals in hosiery. मोजे का व्यापारी; **Hosiery** (-इ) *n*. manufactures of hoses &c. सूई से बीने हुए वस्त्र।

Hospice – हॉस्'-पिस्–*n*. a home for the sick, a rest for travellers. बीमारों के रहने का स्थान, सराय।

Hospitable – हॉस्'-पिट्-ऑ-ब्ल् – *adj*. disposed to entertain strangers. आतिथ्यकारी, सत्कार करनेवाला; **Hospitably** (-ब्ली) *adv*. with kindness to strangers. आदर सहित, सत्कार सहित।

Hospital–हॉस्'-पिट्-ऑल् – *n*. an institution for the care of the sick and wounded. आरोग्यशाला, चिकित्सालय, हस्पताल।

Hospitality – हॉस्-पिट्-ऑल्'-इट्-ई–*n*. kindness to strangers, a friendly reception of strangers and guests. आतिथ्य, अतिथि सत्कार।

Host – होस्ट् – *n*. a large number, an army, one who entertains or lodges another. समुदाय, सेना, आतिथ्य करने वाला, यजमान; **Hostage** (-एज्) *n*. a person delivered as a pledge to the enemy. शरीर-बन्धक; **Hostess** (-एस्) *n*. *fem*. a female host. अतिथि सत्कार करनेवाली।

Hostel–हॉस्'-टॅल्–*n*. an inn, a house for the residence of students. सराय, विद्यार्थियों के रहने का स्थान; **Hostelry** (-री) *n*. an inn. धर्मशाला, सराय।

Hostile–हॉस्'-टाइल् – *adj*. unfriendly, opposed, adverse. विरुद्ध, वैरी, विपरीत; **Hostilely** (-ली) *adv*. in a hostile manner, adversely. विरुद्धता से; **Hostility** (-टिल्' - इट्-ई) *n*. enmity. शत्रुता (विरोध)।

Hostler–ऑस्ट्'-लर्-same as **Ostler**.

Hot–हॉट्–*adj*. (*comp*. **Hotter**, *sup*.

Hottest) very warm, feeling heat, eager, pungent, passionate, angry, exciting. उष्ण (गरम), प्रचण्ड (उग्र), उत्सुक, तीता (कड़वा), कामातुर, क्रुद्ध, उत्तेजक; *adv.* eagerly, angrily. उत्साह पूर्वक, क्रोध से; **Give it him hot** (to punish.) दण्ड देना; **Hot-bed** (a manured field.) खाद डालकर तैयार की हुई जमीन; **Hot-blooded** (excitable.) प्रचंड,साहसी; **Hot-house** (a glass house for sheltering tender plants.) कोमल वनस्पतियों को (गरम) रखने का शीशे का मकान; **Hot-press** (a machine for pressing paper.) कागज इत्यादि को दबाने की (चांप) कल; **Hotly** (-ली) *adv.* in a hot manner. प्रचंडता से, क्रोध से; **Hotness** (-नैस्) *n.* the quality of being hot. उष्णता, उग्रता, तीक्ष्णता।

Hotchpotch - हॉच्'-पॉच्- *n.* a confused mass of ingredients mixed together. खिचड़ी, गड़बड़झाला; **Hotchpot** (-पॉट) *n.* a mixture of ingredients. मिलाव, मिश्रण।

Hotel - हो-टॅल्'-*n.* an inn, a house for travellers. सराय (धर्मशाला), भोजनालय।

Hottentot - हॉट्'-टॅन्-टॉट-*n.* one of a native race of South Africa. दक्षिण अफ्रिका की एक जाति।

Hough - हॉक् - *n.* the joint of the hind leg of an animal. पशु की जंघास्थि।

Hound - हाउन्ड्-*n.* a dog of chase. शिकारी कुत्ता; *v.t.* to hunt. शिकार करना

Hour - अवर् - *n.* a duration of 60 minutes, a short time, an occasion. घंटा, घड़ी, अवसर; **At all hours** (always.) सर्वदा; **At the eleventh hour** (at the last stage.) अन्तिम क्षण में; **Hour glass** (an instrument for measuring intervals of time.) बालूघड़ी; **Hour hand** (the hand which shows the hour on a clock.) घड़ी की छोटी सुई; **Hourly** (-ली) *adv.* every hour. प्रति घण्टे; **In a good hour** (on a good occasion.) सुअवसर में; **In an evil hour** (in bad time.) अशुभ काल में; **The question of the hour** (*i. e.* of the time.) इस समय का प्रश्न।

Houri - हाउ'-री - *n.* a nymph, an extremely beautiful woman. स्वर्गकन्या (अप्सरा), दिव्य स्त्री।

House-हाउस्- *n.* a dwelling-place, a building, an assembly, a household, family, dynasty. घर, भवन, समुदाय, गृहस्थी, परिवार, वंश; *v.t.* (हाउज़्) to shelter. शरण देना; **House-breaker** (one who breaks into a house.) सेंध मारकर चोरी करने वाला; **House keeper** (the head of a household.) गृहस्वामी; **House maid** (a maid-servant.) दासी, दाई; **House surgeon** (a physician resident in a hospital.) हस्पताल में सर्वदा रहने वाला चिकित्सक या डाक्टर; **House of God** (church.) गिरजाघर; **To keep open house** (to arrange for the reception of all guests.) पाहुनों के स्वागत का प्रबन्ध करना

Household-हाउस्'-होल्ड्-*n.* the per-

sons who dwell under the same roof and form a family. कुटुम्ब, परिवार; **Household gods** (family gods.) कुल देवता; **Householder** (the head of a household.) गृहस्वामी।

Houseless– हाउस्'-लॅस् – *adj.* destitute of house. गृहशून्य।

Housewife– हज़्'-ज़िफ्– *n.* the mistress of a family. घरनी, मालकिन।

Housing–हाउज़्'-इङ्ग् – *n.* a horse's covering for protection. घोड़े का ओहार।

Hove–होव्–*p. t.* of **Heave**.

Hovel – हव्' - ऍल् – *n.* open shed, an out-house, a cottage. पर्णशाला, छप्पर, कुटी।

Hover – हव्'-अर् – *v. i.* to hang in the air, to loiter. हवा में घूमना, बँहकना; *n.* a walk. परिभ्रमण, टहलान; **Hovering** (-इङ्ग्) *n.* a loitering. चक्कर मारना।

How – हाउ – *adv.* in what manner or way, to what extent. किस रूपसे, किस प्रकार से, कैसे; **How be it** (however.) तथापि; **How do you do?** (how do you fare?) आप की क्या हालचाल है; **Howelse** (otherwise how.) नहीं तो कैसे; **However** (in whatever manner.) तौं भी; **How is corn?** (what is the price of corn.?) अन्न का क्या भाव है; **How long?** (up to what time.?) कब तक; **How much?** (to what extent.?) कितना; **How now?** (what is the meaning of this.)? इसका क्या अर्थ है? **Howsoever** (although, however.) कैसे ही, किसी प्रकारसे

Howitzer–हाउ'-इट्ज़्-अर् – *n.* a kind of short gun. एक प्रकार की छोटी तोप।

Howl–हाउल् – *v. i.* to utter a loud doleful cry, to cry like a dog or wolf. गर्जना, गुर्राना, ज़ोर से चिल्लाना; *n.* the cry of a dog or wolf. कुत्ते या भेड़िये की गुर्राहट; **Howler** (-अर्) *n.* one who roars, a kind of American monkey. गुर्रानेवाला, एक प्रकार का अमेरिका का बन्दर; **Howling** (-इङ्ग्) *n.* a roaring cry. चिल्लाहट, गर्जना।

Hoy–हॉय्–*n.* a kind of small boat. एक प्रकार की छोटी नाव; *interj.* ho! अहो! अरे! हो!

Hoyden–हॉय्'-डॅन् – *n.* a boisterous woman. कुलटा स्त्री।

Hub – हब् – *n.* the central part or nave of a wheel. पहिये की नाभि, धुरा

Hubble bubble–हब्'-बल्-बब्'-ब्ल्–*n.* an Indian tobacco-pipe, a confused talk. हुक्का, अस्पष्ट वार्ता।

Hubbub – हब्'-बब् – *n.* a confused cry, an uproar. कोलाहल, कलकल शब्द।

Huckaback – हक्' - ऑ - बॅक् – *n.* a coarse cloth of rough surface for towels &c. तौलिया इत्यादि बनाने का मोटा रूखा कपड़ा।

Huckle–हक्'-क्ल – *n.* hip, hunch. पुट्ठा, जाँघ, चूतड़; **Huckle backed** (hunchbacked.) कुबड़ा।

Huckster–हक्स्ट्'-अर्–*n.* a pedlar or hawker. फेरीवाला, बिसाती; *v. t. & i.* to sell in small quantities. फुटकर माल बेचना; **Hucksterer** (-अर्) *n.* a retailer of small articles. फुटकर माल बेंचनेवाला।

Huddle–हड्'-डल्–*v. t.* to amass in a confused manner, to hurry over. ढेर लगाना (भीड़ लगा देना), शीघ्रता करना; *n.* a crowd, confusion. भीड़, गड़बड़ी, (शोरगुल)।

Hue–ह्यू–*n.* colour, tint. रङ्ग, छवि; **Hue and cry** (confusion, outcry.) कोलाहल, शोरगुल।

Huff–हफ्–*v. t.* & *i.* to offend, to bully. चिढ़ाना, क्रोध करना, शेखी करना; *n.* anger. क्रोध; **Huffer** (-अर्) *n.* a blusterer. शेखीबाज; **Huffish** (-इश्) *adj.* petulant. क्रोधी, धृष्ट।

Hug–हग्–*v. t.* (*p. t.* **Hugged**) to embrace closely, to delight in, to cling to. आलिङ्गन करना, चपकना, आनन्द लेना; *n.* a close embrace. गाढ़ आलिङ्गन।

Huggery–हग्-गर्'-ई – *n.* entreating to get work. काम मिलने की शिफ़ारिश।

Huge–ह्यूज् – *adj.* very large, immense, enormous. बहुत बड़ा, विशाल, बहुत भारी; **Hugely** (-ली) *adv.* enormously. विशालतासे; **Hugeness** (-नेस्) *n.* bigness, enormous bulk. विशालता, भारीपन; **Hugeous** (-अस्) *adj.* huge. विशाल।

Hugger-mugger–हग्'-गर्-मग्'-गर्–*n.* secrecy, confusion. रहस्य (गुप्त बात), गड़बड़ी; *v. t.* to conceal, to suppress. छिपाना, दबा देना।

Hulk–हल्क्–*n.* the body of a dismantled ship. टूटे हुए जहाज का ढाँचा; **Hulking** (-इङ्ग्) *adj.* bulky, clumsy. भारी, भद्दा।

Hull – हल् – *n.* the outer covering of a fruit, the frame of a ship. छिलका, जहाज का पेटा; *v. t.* (*p. t.* **Hulled**) to strip off covering, to pierce the hull of a ship. छिलका हटाना, जहाज में गोला मारना।

Hullabaloo – हल्'-ऑ-बीं-लू' – *n.* an uproar. कोलाहल, शोरगुल।

Hullo (-loa) -हल्'-लो (-लो-ऑ)–*interj.* denoting confusion. ओहो! अरे!

Hum–हम्–*v. t.* (*p. t.* **Hummed**) to make a murmuring sound. भनभनाना, गुनगुनाना; *n.* a murmuring sound. गुनगुनाहट; *interj.* denoting surprise. सन्देह सूचक अव्यय।

Human–ह्यू'-मॅन्–*adj.* pertaining to man, of man as opposed to God. मनुष्य जाति का, मानवी; **Human being** (mankind.) मनुष्य जाति, मनुष्यत्व; **Humanism** (-इज़म्) *n.* the service of humanity. मनुष्य जाति की सेवा; **Humanist** (-इस्ट्) *n.* a student of human nature. मनुष्य की प्रकृति का अध्ययन करने वाला; **Humanize** (-आइज़्) *v. t.* to show humanity. शिष्टाचार करना; **Humanitarian** (-इट्-ऍअर्'-इ-ऑन्) *n.* a philanthropist. मनुष्य जातिसे प्रेम करने वाला; **Humanity** (-इट्-ई) *n.* kind feelings, benevolence. दया (भलमंसी), कृपालुता; **Humanness** (-नेस्) *n.* benevolence. मनुष्यत्व।

Humane–ह्यू'-मेन्'–*adj.* kind, compassionate. दयालु, परोपकारी; **Humanely** (-ली) *adv.* in a kind manner. दयालुता से, कृपासे।

Humble – हम्'-बल् – *adj.* of lowly condition, modest, submissive. विनीत, नम्र (गर्वरहित), दीन; *v. t.* to

lower, to abase. नीचा दिखाना, (घमण्ड तोड़ना), नम्र करना; **Humble-bee** (the humming bee.) भौंरा; **Humbled** (-ड) *adj.* conquered. जीता हुआ; **Humbleness** (-नॅस) *n.* the quality of being humble. नम्रता; **Humbling** (-इङ्ग) *n.* victory. पराभव; **Humbly** (-ह्म्ब्'-ली) *adv.* modestly, submissively. दीनता से, नम्रता पूर्वक; **In humble day** (in times of adversity.) आपत्ति के समय में।

Humbug-हम्'-बग् – *n.* a fraud, deception, nonsense. छल (कपट), धोखा, पाखण्ड; *v. t.* (*p. t.* **Humbugged**) to deceive, to hoax. धोखा देना, ठगना

Humdrum-हम्'-ड्रम्-*adj.* & *n.* trite, dull, a stupid fellow. नीरस, मन्द, मूर्ख मनुष्य; **Humdrumness** (-नॅस) *n.* the quality of being stupid. मूर्खता, सिड़ीपन।

Humeral-ह्यू'-मर्-औल्-*adj.* belonging to the shoulder. स्कन्ध सम्बन्धी।

Humerus-ह्यू'-मर्-अस् – *n.* the bone of the upper arm. प्रगण्डास्थि, भुजा की हड्डी।

Humid-ह्यू'-मिड-*adj,* damp, moist. गीला, तर; **Humidity** (-मिड्'-इट्-ई) *n.* moisture. आर्द्रता, तरी।

Humiliate – ह्यू-मिल्'-इ-एट्–*v. t.* to lower the dignity of, to mortify, to depress. गर्व तोड़ना, नीचा करना, दबाना; **Humiliation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of humiliating. दर्पदमन, दीनता; **Humiliating** (-टिङ्ग) *adj.* humbling. मानहर।

Humility–ह्यू-मिल्'-इट्-ई– *n.* meekness, modesty, humbleness. विनय, नम्रता, दीनता।

Humming – हम्'-मिङ्ग – *adj.* murmuring. भनभनाता हुआ।

Hummock – हम्'-मॉक् – *n.* a small hill, a rising ground. छोटी पहाड़ी, टीला

Humoral-ह्यू-मॉर्'-औल्-*adj.* pertaining to humours. त्रिदोष सम्बन्धी।

Humorist–ह्यू'-मॉर्-इस्ट्–*n.* a man of playful fancy. हँसी करनेवाला (ठिठोलिया, दिल्लगीबाज़)।

Humorous–ह्यू-मॉर्'-अस्–*adj.* full of humour. विनोदी, रसिक, हँसीका; **Humorously** (-ली) *adv.* in a humorous manner. विनोद के वास्ते; **Humo(u)rsome** (-सम्) *adj.* humorous. रसिक, विनोदी।

Humour – ह्यू'-मॉर् – *n.* a turn of mind, inclination, comicality, wit, an animal fluid. भाव, मनोवृत्ति, प्रकृति, (प्रवृत्ति) रसिकता, चित्ततरङ्ग (लहर), शरीर के त्रिदोष (वात, पित्त, कफ), *v. t.* to comply, to gratify. अनुरोध करना, सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना; **Good humour** (humour neatly expressed.) सुशीलता; **Joyous humour** (pleasing wit) आनन्द वृत्ति। **Out of humour** (out of temper.) अप्रसन्न, क्रुद्ध।

Hump – हम्प्–*n.* the protuberance on the back of an animal, hunch. ककुद, कूबड़; *v. t.* to depress, to annoy. कुढ़ाना, चिढ़ाना; **Hump-backed** (with a hump on back.) कुबड़ा; **Humpless** (-लॅस) *adj.* without a hump. बिना ककुद का; **Humped** (-ड); **Humpy** (-ई) *adjs.* with

many humps. अनेक ककुद वाला।

Humph – हम्फ़् – *interj.* denoting doubt or dissatisfaction. सन्देह अथवा असन्तोष सूचक अव्यय।

Humpty-dumpty– हम्'-प्टी-डम्प्'-टी– *n.* a puny person. नाटा छोटा मनुष्य।

Humpy–हम्प्'-ई–*n.* a kind of Australian hut. आस्ट्रेलिया की एक प्रकार की झोपड़ी।

Hunch–हन्च् – *n.* hump. कूबड़ ; *v. t.* to bend. मोड़ना।

Hundred – हन्'-ड्रेड् – *n.* ten times ten. सौ; **By hundreds**. सौ सौ करके; **Hundredth** (-थ्) *adj.* one of a hundred equal parts. सौवाँ; **Long (great) hundred** (one hundred and twenty.) एक सौ बीस।

Hundredfold – हन्'-ड्रेड्-फ़ोल्ड्– *adj.* a hundred times. सौगुना।

Hundredweight – हन्'-ड्रेड्-वेट – a weight of 112 lbs. एक सौ बारह पाउन्ड् की वज़न।

Hung–हङ्ग–*p. t.* & *p. p.* of **Hang**. 'हैंग' धातु का लटकाने के अर्थ में भूतकाल का रूप।

Hunger – हङ्ग्'-गर् – *n.* an uneasy sensation caused by want of food, an earnest desire. क्षुधा, (भूख), तीव्र अभिलाषा ; *v. i.* to have a keen appetite. भूखा होना ; **Hunger strike** (starving with hunger.) अनशन व्रत ; **Hungry** (-ग्री) *adj.* suffering from hunger. क्षुधा-पीड़ित, भूखा।

Hungrily–हङ्'-ग्रि-ली–*adv.* in a hungry manner. भूखी अवस्था में ; **Hungriness** (-नेस्) *n.* the state of being hungry. क्षुधा।

Hunk – हङ्क् – *n.* a clumsy piece. भद्दा टुकड़ा; (*pl.*) a miser. कृपण, कंजूस।

Hunt – हन्ट – *v. i.* & *t.* to chase a wild animal, to chase for food, to seek after, to pursue. मृगया करना, शिकार करना, भोजन के लिये खोजना, पीछा करना ; *n.* a chase of wild animals. मृगया, शिकार; **To hunt out** (to search for.) पता लगाना ; **To hunt up** (to seek.) खोजना।

Hunter–हन्ट्'-अर्–*n.* (*fem.* **Huntress**-रेस्) one who hunts. शिकारी, शिकार करनेवाला।

Hunting – हन्ट्'-इङ्ग–*n.* the act of chasing wild animals. आखेट, मृगया।

Huntsman-हन्ट्स्'-मॅन्-*n.* a hunter, a man in charge of hounds. शिकारी, शिकारी कुत्तों का निरीक्षक।

Hurdle–हड्'-इल – *n.* wooden sticks woven together for temporary frame. टट्टी, टट्टर ; *v. t.* to cover with hurdle. टट्टी में बन्द करना; **Hurdler** (-अर्) *n.* a maker of hurdles, a runner of hurdle races. टट्टी बनाने वाला, टट्टी डकानेवाला घोड़सवार।

Hurdy-gurdy – हड्'-डी-गड्'-डी- *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Hurl–हड्ल – *v. t.* to throw violently, to dash with force, to whirl. वेग से फेंकना, उछालना, चक्कर देना ; *n.* a violent throw. झटके की फेंक; **Hurling** (- इङ्ग) *n.* the act of throwing. उछाल (फेंकाव)।

Hurley–हड्ल्'-ई–*n.* a hockey stick. हॉकी की छड़ी।

Hurlyburly – हर्ल्'-ली बर्'-ली – *n.* a tumult, an uproar. कलकल शब्द, कोलाहल।

Hurrah – हू-रा'–*interj.* expressing exultation. आनन्द सूचक अव्यय, वाह-वाह! शाबाश!

Hurricane – हर्'-रि-कॅन् – *n.* storm with violent wind. प्रचण्ड वात, चक्रवात; **Hurricane lamp** (a lamp which a wind cannot extinguish.) आँधी में न बुतने वाला लम्प।

Hurriedness, Hurriedly – see **Hurry**.

Hurry – हर्'-री – *n.* a great haste, eagerness. शीघ्रता (जल्दी), आकुलता; *v. t.* (*p. t.* **Hurried**) to hasten, to remove. जल्दी से लेजाना, हटाना; **Hurriedness** (-रिड्'-नॅस) *n.* haste. शीघ्रता, जल्दी; **Hurriedly** (-रिड्'-ली) *adv.* in a hurried manner. जल्दी से, वेग से; **Hurry-scurry** (-स्कर्-रि) *n.* confusion. घबड़ाहट; **Hurry up** (be quick.) जल्दी करो।

Hurst–हर्स्ट–*n.* a hillock, a sand-bank. पहाड़ी, बलुआ किनारा।

Hurt – हर्ट – *n.* injury, wound, harm. आघात, घाव (पीड़ा), अपकार; *v.t.*& *i.* (*p.t.* & *p.p.*Hurt) to give pain. दुखदेना, पीड़ा देना।

Hurtful–हर्ट्'–फुल्–*adj.* injurious, mischievous. पीड़ाकर, घातक; **Hurtfully** (- फुल्–लि) *adv.* in an injurious manner. अपकार सहित।

Hurtless–हर्ट्'-लॅस् – *adj.* receiving no injury. बिना घाव का।

Hurtle–हर्' – टल – *v. t.* to strike against, to hurl swiftly. टकराना, वेग से घुमाना।

Husband–हज़्'–बॅन्ड्-*n.* (*fem.*Wife) a man to whom a woman is betrothed, a married man. पति, दुल्हा, विवाहित पुरुष; *v.t.* to manage economically. मितव्यय, (किफ़ायत) करना; **Brother of husband**. देवर; **Husbandhood** (-हुड्)*n.* the state of being a husband. पतित्व; **Husbandlike** (-लाइक्) *adj.* like a husband. पति सदृश; **Husband's sister**. ननद; **Husbandless** (-लॅस्) *adj.* without a husband. पतिहीन, विधवा।

Husbandman–हस्'–बॅन्ड्–मॅन्–*n.* a farmer. किसान, खेतिहर; **Husbandry** (-री) *n.* the occupation of a farmer. कृषिकर्म, किसानी।

Hush-हश्-silence, stillness. शान्ति, चुपकी; *v.t.* to calm, to silence. शान्त करना, चुप करना; *interj.* चुप! शान्त!; **Hush money** (bribe for hiding a crime.) किसी अपराध को छिपाने का घूस; **To hush up** (to suppress.) दबा देना।

Husk-हस्क्-*n.* the dry outer covering of seeds or fruits, the worthless part of a thing. छिलका (भूसा, निरर्थक अंश; *v.t.* to strip husk from. छिलका या भूसी हटाना;**Husked**(-ड्)*adj* stripped of husks. भूसा हटाया हुआ।

Huskily–हस्क्'-इ–ली–*adv.* roughly. रूक्षता से; **Huskiness** (-नॅस्) *n.* the state of being husky. भूसापन।

Husky – हस्क्' – ई–*adj.* abounding with husks. भूसा भरा हुआ।

Hussar–हु' – ज़ार् – *n.* a soldier of light cavalry. घोड़सवार सिपाही।

Hussy, Huzzy-हस्'-सी-*n.* a woman of worthless character. पापिनी, दुष्टा स्त्री

Hustings-हस्'-टिङ्ज्-*n. pl.* the proceedings of an election. चुनाव का कार्यक्रम।

Hustle-हस्'-सल्-*v.t.&i.* to thrust, to push roughly against. ढकेलना, धक्का देना।

Hut-हट-*n.* a small house, a cottage. कुटी, झोपड़ी।

Hutch-हच्-*n.* a small hut, an enclosure for rabbits &c. कुटी, खरहे का पिंजड़ा।

Huzza-हज़्'-ज़ा-*interj.* of applause or encouragement. हर्षनाद, जय जय की ध्वनि।

Hyacinth-हाइ'-ऑ-सिन्थ्-*n.* a bulbous plant with bell-shaped flower. एक प्रकार का फूलदार पौधा; **Hyacinthine** (-आइन्) *n.* a kind of gem. एक प्रकार का रत्न।

Hyades-हाइ'-ऑ-डीज़्- *n.* a cluster of five stars. (वर्षासूचक) पाँच तारों का समुदाय।

Hyæna-हाइ-ईन्'-ऑ-*n.* a carnivorous animal. लकड़बग्घा; see **Hyena**.

Hyaline-हाइ'-ऑ-लिन्-**Hyaloid**-हाइ'-ऑ-लॉइड्-*adjs.* glassy, transparent. काँच की तरह का, पारदर्शक।

Hybrid-हाइ'-ब्रिड्-*adj.* & *n.* an offspring of two different species or varieties, heterogeneous. दो भिन्न जाति की सन्तति, वर्णसङ्कर, दोगला; **Hybridism** (-इज़्म्) *n.* the state of being hybrid. वर्णसङ्करत्व; **Hybridization** (-आइज़्-ए'-शन्) *n.* the act of hybridizing. इस प्रकार की उत्पत्ति;

Hybridize (-आइज़्) *v.t.* to procreate by hybrids. दो जाति के योग से एक नई जाति उत्पन्न करना; **Hybridous** (-अस्) *adj.* hybrid. वर्णसङ्कर सम्बन्धी।

Hydra-हाइ'-ड्रा-*n.* a serpent with many heads, a water-snake. अनेक फन वाला सर्प, जलसर्प।

Hydrant-हाइ'-ड्रैन्ट-*n.* a pipe with nozzle for drawing water. पानी निकालने का बम्बा।

Hydrate-हाइ'-ड्रेट-*n.* a compound of water with another element. किसी पदार्थ का पानी में घोल; *v.t.* to combine with water. जलयुक्त करना; **Hydration** (-ड्रे'-शॉन्) *n.* घोल की क्रिया।

Hydraulic हाइ-ड्रॉ'-लिक्-*adj.* worked by the pressure of water. जलशक्ति से चलायमान; **Hydraulician** (-इ-शन्) *n.* one versed in hydraulics. इस विद्या में प्रवीण; **Hydraulics** (-ड्रॉल्'-इक्स्) *n.* the science of converting fluids into motion. जलगति शास्त्र।

Hydric-हाइ'-ड्रिक्- *adj.* pertaining to or containing hydrogen. जलीय वायु सम्बन्धी, इस वायु से पूर्ण।

Hydro-हाइ'-ड्रो-*pref.* for 'water'. 'जल' अर्थका उपसर्ग, यथा-**hydro**-electric, **hydro**graphy. इत्यादि।

Hydrocele-हाइ'-ड्रॉ-सील्-*n.* a morbid collection of fluid in the testes. अण्डकोष में पानी उतरने का रोग, अण्डवृद्धि।

Hydrochloric (**acid.**) हाइ'-ड्रो-क्लोर्'-इक् (-ॲसिड्) *n.* नमक का तेज़ाब।

Hydro-electric-हाइ'-ड्रो-ऍल्-ऍक्'-रिक्-*adj.* electricity generated by a strong current of water. जल की धारा से उत्पन्न बिजली की शक्ति।

Hydrogen-हाइ'-ड्रो-जैन्-*n.* the lightest colourless gas. सबसे हल्का वायु-रूप तत्व; **Hydrogenate** (-एट्') *v. t.* to combine with hydrogen. इस वायुरूप तत्व से मिश्रित करना।

Hydromel - हाइ'-ड्रो-मेल्-*n.* a mixture of honey and water. जल और मधु का घोल।

Hydrometer-हाइ-ड्रॉम्'-एट्-अर्-*n.* an instrument for measuring the density of liquids. तरल पदार्थों का घनत्व (भारीपन या हलकापन) नापनेका यन्त्र

Hydropathic-see **Hydropathy**

Hydropathy-हाइ-ड्राप्'-ऑथ्-ई - *n.* treatment of diseases with cold water. जल चिकित्सा, ठण्डे जल से रोग हटाने की विधि; **Hydropathic** (-इक्) *adj.* pertaining to hydropathy. जल चिकित्सा सम्बन्धी।

Hydrophobia-हाइ--ड्रो-फो'-बि-ऑ-*n.* aversion to water, rabies, canine madness. जलत्रास, अलर्क, वह रोग जिसमें जलसे डर लगता है, पागल कुत्तेके काटने पर रोग।

Hydropsy-हाइ'-ड्रॉप्-सी-*n.* same as **Dropsy**.

Hydroplane-हाइ'ड्रो-प्लेन्-*n.* a kind of aeroplane which makes its start in water. एक प्रकार का हवाई जहाज जो जल में दौड़कर हवा में उड़ता है।

Hydrostatic-हाइ'-ड्रो-स्टैट'-इक्- *adj.* pertaining to the equilibrium of liquids. तरल पदार्थों की समतलता सम्बन्धी; *n.* (*pl.*) the science of the pressure and equilibrium of liquids at rest. तरल पदार्थों के दबाव तथा समतलता का विज्ञान।

Hyena (**Hyæna**)-हाइ'-ईन्-ऑ - a carnivorous quadruped. तरक्ष, लकड़बग्घा।



Hyena.

Hyeto-हाइ'-ऍ-टो- *pref.* in sense of 'rain'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'वर्षा' है, यथा-**Hyetography** (the science of rainfall in different regions.) भिन्न देशों के वर्षा का परिमाण जानने की विद्या।

Hygeia-हाइ-जी'-ऑ-*n.* the goddess of health. स्वास्थ्य की देवी; **Hygeian** (-ऑन्) *adj.* relating to health. आरोग्य सम्बन्धी।

Hygiene-हाइ'-जि-ईन्-*n.* the science of health, principles of health. आरोग्यशास्त्र, स्वास्थ्य विद्या; **Hygienic** (-इक्); **Hygiencial** (-इक्-ऑल्) *adjs.* pertaining to hygiene. आरोग्य सम्बन्धी; **Hygienically** (-ऑल-ली) *adv.* in a hygienic manner. आरोग्य दृष्टि से।

Hygrometer-हाइ-ग्रॉम्'-ऍट्-अर्-*n.* an instrument for measuring moisture in air. वायु में का जल नापने का यन्त्र।

Hymen- हाइ'-मेन्- *n.* the god of marriage. विवाह का देवता; **Hymeneal** (-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to marriage. वैवाहिक, विवाह सम्बन्धी।

Hymn-हिम्-*n.* a song of praise to God. स्तोत्र (स्तुतिगीत), भजन; *v. t.* to praise in song. ईश्वर का भजन करना; **Hymnal** (-नॉल) *adj.* pertaining to hymns. स्तोत्र सम्बन्धी; **Hymnist** (-निस्ट) *n.* a composer of hymns. भजन बनाने वाला; **Hymnodist** (-नॉ-

डिस्ट्) *n.* a writer of hymns. स्तोत्र लेखक; **Hymnody** (-नॉ-डी) *n.* a singing of hymns. स्तोत्र गायन ; **Hymnology** (-नाल्'-ओज्-ई) *n.* the study of hymns. स्तोत्रों का अध्ययन ; **Hymnographer** (-नाग्'-रॅफ्-अर्) *n.* one who composes hymns. स्तोत्र या भजन बनाने वाला ।

Hyp–हिप्–same as Hip.

Hypæthral–हाइ-पी'-थ्रॉल्–*adj.* roofless, open. बिना छत का, आकाश की ओर खुला हुआ ।

Hypallage-हाइ-पॅल्'-ली-जें–*n.* reverting the natural relations in a proposition. किसी कथन में प्राकृतिक सम्बन्ध को बिना अर्थ बदले हुए उलट देना ।

Hyper– हाइ'-पर्– *prep.* in sense of "over, above, is excess." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग ;

Hyperbola–हाइ-पर्'-बो-लॅ–*n.* one of the conic sections. एक विशिष्ट प्रकार का चाप (रेखागणित) में, अतिपरवलय ; **Hyperbolic** (-इक्) *adj.* pertaining to a hyperbola. अति परवलीय ।

Hyperbole–हाइ-पर्'-बॉ-ली–*n.* an exaggerated statement. अतिशयोक्ति, अत्युक्ति; **Hyperbolic**(-बाल्-इक्),**Hyperbolical** (-इक्-ऑल्) *adjs.* of the nature of hyperbole. अतिशयोक्ति से पूर्ण ; **Hyperbolically** (-इक्-ऑल्-ली) *adv.* with exaggeration. अत्युक्ति से ; **Hyperbolize** (-आइज़्) *v. t.* to speak with exaggeration. अत्युक्ति-पूर्वक वर्णन करना ।

Hyperborean–हाइ'-पर्-बोर्'-इ-ॲन्-*n. adj.* an inhabitant of the extreme north of earth. उत्तरीय, पृथ्वी के उत्तरी छोर पर रहने वाला ।

Hypercritic-हाइ'पर्-क्रिट्'-इक्-*n.* over-critical person. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी मनुष्य; **Hypercritical** (-ऑल्) *adj.* over-critical. सूक्ष्म छिद्रान्वेषी; **Hypercritically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a hypercritical manner. सूक्ष्म छिद्रान्वेषण से ; **Hypercriticism** (-इस्-इज़म्) *n.* excessive criticism. अति छिद्रान्वेषण ; **Hypercriticize** (-साइज़) *v. t.* to overcriticize. अधिक छिद्रान्वेषण करना ।

Hypermetropia–हाइ'-पर्-मे-ट्रोप्'-या–*n.* long-sightedness. दूर दृष्टि (केवल दूर का पदार्थ स्पष्ट देख पड़ना, समीप का अस्पष्ट देख पड़ना); **Hypermetropic** (-ट्राप्-इक्) *adj.* very long-sighted. इस प्रकार की दृष्टि सम्बन्धी ।

Hypertrophy–हाइ-पर्'-ट्रॉ-फ़ी–*n.* the excessive enlargement of an organ. किसी अङ्ग का अधिक बढ़ जाना ।

Hyphen–हाइ'-फ़ॅन्–*n.* the sign (–) used for joining words or syllables. चिह्न (–) जो शब्दों या शब्दखण्डों के बीच में प्रयोग होता है ।

Hypnosis–हिप्-नों'-सिस–*n.* an artificial sleep. कृत्रिम निद्रा ।

Hypnotic – हिप्-नाट्'-इक् – *adj.* pertaining to hypnotism, one under the influence of hypnotism. कृत्रिम निद्रा सम्बन्धी, मोहावस्था ; **Hypnotism** (-इज़म्) *n.* an artificially induced sleep. मोहनिद्रा; **Hypnotist** (-इस्ट) *n.* one who induces artificial sleep. निद्रा प्रेरक; **Hypnotize** (-आइज़) *v. t.* to induce artificial sleep. कृत्रिम निद्रा बुलाना ।

Hypochondria– हिप्-ओ-कॉन्'-ड्रि-ॲ–

n. a kind of nervous malady. पित्तोन्माद; **Hypochondriac** (-ऑक्); **Hypochondriacal** (-कॉल्) *adjs.* pertaining to hypochondria. पित्तोन्मादी।

Hypocrisy–हिप्-पॉक्'-रिस्-सी–*n.* (*pl.* **Hypocrisies**) a false pretension, concealment of true character. छल, पाखण्ड।

Hypocrite– हिप्'-ओ-क्रिट्– *n.* a pretender. (छली, कपटी), पाखण्डी; **Hypocritical** (-इ-कॉल्) *adj.* concealing one's real motive. दम्भी, छली ; **Hypocritically** (-इक्-ऑल्-ली) *adv.* in a hypocritical manner. छद्म से, कपट से।

Hypodermic– हाइ'-पो-डर्म्'-इक्– *adj.* subcutaneous, introduced beneath the skin. अन्तर्त्वचा का, त्वचा की भीतरी तह में डाला हुआ।

Hypostrophe–हाइ-पास्ट्'-रॉ-फ़ी–*n.* a relapse of illness. रोग का दुबारा होना (पुनराक्रमण)।

Hypotenuse – हाइ-पट्'-ऍन्-यूस् – *n.* the side opposite to the right angle of a triangle. त्रिभुज में समकोण के सामने की रेखा, कर्ण।

Hypothecate–हाइ-पॉथ्'-ऍक्-एट्–*v. t.* to pledge, to mortgage. बन्धक रखना, रेहन करना ; **Hypothecation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of pledging. रेहन की क्रिया ; **Hypothecator** (- ए'-टॉर्) *n.* one who pledges. रेहन रखने वाला।

Hypothesis – हाइ-पॉथ्'–ऍस्–इस् – *n.* (*pl.* **Hypotheses**–ऍ-सीज़) a supposition, that which is used as a basis of reasoning, assumption. अनुमान, प्रतिज्ञा, कल्पना।

Hypothetic – हाइ-पॉ-थॅट्'-इक्, **Hypothetical** (-ऑल्)–*adjs.* founded on hypothesis. कल्पित, माना हुआ ; **Hypothetically** (-ऑल्-ली) *adv.* by way of hypothesis. कल्पित रूप से ; **Hypothesize** (-साइज़) *v. i.* to form assumptions. कल्पना करना।

Hysteria–हिस्-टिअर्'-इ-ऑ–*n.* a nervous dis-order characterized by anæsthesia, convulsions &c. वातोन्माद, मूर्छा।

Hysteric–हिस्-टिअर्'-इक्, **Hysterical** (-इक्-ऑल्) *adjs.* pertaining to hysteria. मूर्छा सम्बन्धी ; **Hysterically** (-इक्-ऑल्-ली) *adv.* in a hysterical manner. मूर्छा से।

I–आइ–the ninth letter of the English alphabet, it is sounded as short or long 'i' or like the sound of the letter itself. अंग्रेज़ी वर्णमाला का नवाँ अक्षर, इसका उच्चारण 'इ', ई तथा 'आइ' होता है।

I–आइ – *pron.* First person *sing.* मैं (हम)।

Iambic-आइ-ऐम्'-बिक्-*adj.* pertaining to iambus (˘ –) metrical foot in a verse. पद्य में एक लघु (˘) तथा एक गुरु (–) अक्षर वाला पद।

Ibex–आइ'-बेक्स् – *n.* the wild goat of Alps. ऑल्पस् पर्वत का जंगली बकरा।



Ibex.

Ibid–इब्'-बिड्-*adv.* (*abbr.* of **ibidem**-आइ-बिड्'-ऍम्) in the same place. उसी स्थान पर।

Ibis–आइ'-बिस्–*n.* a bird like stork. सारस के प्रकार का एक पक्षी।

Ice–आइस्–*n.* frozen water. जमा हुआ पानी, बरफ़; *v. t.* to cover with ice, to chill. बरफ़ से ढापना, ठण्डा करना; **Ice-cream** (flavoured congealed cream.) मलाई की बरफ़; **Iceman** (a man who walks on ice.) बरफ़ पर चलने वाला मनुष्य; **Iceberg** (-बर्ग्) *n.* a large mass of floating ice. बरफ़ का बहता हुआ पहाड़; **Ice field** *n.* पानी पर तैरता हुआ बरफ़ का पहाड़; **To break the ice** (to make the first attempt.) नया काम आरम्भ करना।

Ichneumon–इक्-न्यू'-मॉन्–*n.* a small quadruped allied to mungoose. एक प्रकार का नेवला।

Ichor – आइ'-कॉर् – *n.* a watery humour, मवाद, रस; **Ichorous** (-अस्) *adj.* thin, serous. पतला, द्रवयुक्त।

Ichthyoid–इक्'-थि-ऑइड्–*adj.* having the form of a fish. मछली के आकार का।

Icicle-आइ'-सि-कल्-*n.* a tapering mass of ice. बरफ़ की लटकती हुई नोकीली चट्टान

Icing–आइस्'-इङ्ग् – *n.* a covering of ice or sugar. बरफ़ या चीनी की परत।

Icon–आइ'-कॉन्–*n.* an image, a statue. मूर्ति, प्रतिमा; **Iconic** (-इक्) *adj.* pertaining to image. मूर्ति सम्बन्धी; **Iconology** (-ऑ-ल्-आज्-ई) *n.* the doctrine of religious symbols. धार्मिक मूर्तियों की विद्या।

Iconoclasm–आइ-कॉन्'-ओ-क्लैज़्म् – *n.* an image-breaking. मूर्ति तोड़ने की क्रिया; **Iconoclast** (-क्लैस्ट) *n.* an image-breaker. मूर्ति भङ्ग करने (तोड़ने) वाला; **Iconoclastic** (-क्लैस्ट-इक्) *adj.* breaking idols. मूर्तिभञ्जी, प्रतिमा तोड़नेवाले का।

Iconolatry–आइ-कॉन्-ऑल्'-ऍट्-री–*n.* a worship of images. मूर्ति पूजन; **Iconology** (-ऑल्-ई) *n.* a study of images. प्रतिमा विद्या।

Iconomatic-आइ-कॉन्-ओ-मैट्'-इक्-*adj.* told by pictures. चित्रों द्वारा वर्णन किया हुआ।

Icosahedron आइ'-को-सौ-ही'-ड्रॉन् – *n.* a solid of twenty faces. बीस पहल की ठोस आकृति।

Icy – आइस्'-ई – *adj.* covered with ice, very cold. बरफ़ से ढँका हुआ,

बहुत ठण्डा ।

Ide–आइड्–*n*. a kind of fish. एक प्रकार की मछली ।

Idea – आइ-डी'-ॲं–*n*. a conception, plan, a notion, fancy, a vague thought. आशय, अभिप्राय, भावना, कल्पना, विचार ।

Ideal–आइ-डी'-ॲल्–*adj*. mental, visionary. मानसिक, मनकल्पित ; *n*. a perfect type. आदर्श ; **Idealism** (-इज़्म्) *n*. विज्ञानवाद ; **Idealistic** (-इस्ट्-इक्) *adj*. pertaining to idealists or to idealism. काल्पनिक, आदर्श सम्बन्धी ; **Ideality** (-इट्-ई) *n*. an ideal state. आदर्श स्थिति ; **Idealize** (-आइज़्) *v. t.* to give ideal character to. आदर्श बनाना ; **Ideally** (-ॲल्-ली) *adv*. in an ideal manner. आदर्शरूप से ।

Ideate–आइ-डी'-एट्–*v. t.* to form an idea. कल्पना करना ।

Idem–आइ'-डॅम्–(*abbr*. id.) *adv*. in the same. उसी में ।

Identical–आइ-डॅन्'-टिक्-ॲल्–*adj*. the very same, not different. अभिन्न, समान, (तल्सम); **Identically** (-ली) *adv*. in the same manner. अभिन्न रूप से; **Identicalness** (-नॅस्) *n*. the state of being identical. समानता ।

Identifiable–आइ-डॅन्'-टि-फाइ'-ॲ-ब्ल्–*adj*. that may be identified. पहिचानने योग्य ।

Identification – आइ-डॅन्'-टिफ़्-इक्-ए'-शॅन्–*n*. the act of making identical. समीकरण, एकरूपता ।

Identify–आइ-डॅन्'-टिफ्-आइ–*v. t.* (*p.t.* **Identified**) to treat a thing as identical with, to prove to be the same, to recognize. समीकरण करना, तुल्य सिद्ध करना, पहिचानना ।

Identity-आइ-डॅन्'-टि-टी-*n*. (*pl*. **Identities**) sameness, individuality, equality. ऐक्य, सारूप्य, समानता;**Identity of thoughts** (*i. e*. of one mind.) एकचित्तता ।

Ideograph–इड्'-इ-ओ-ग्रॅफ्–*n*. a symbol for an idea. किसी आशय के लिये विशिष्ट संकेत ।

Idiocy – इड्'-इ-ओ-सी–*n*. perfect imbecility, madness. अज्ञानता, पागलपन

Idiom – इड्'-इ-ॲम् – *n*. the specific form of expression of a language. वाक्व्यवहार, मुहावरा ।

Idiomatic – इड्-इ-ओ-मॅट्'-इक् – *adj*. peculiar to a language. वाक्सम्प्रदाय के अनुसार, मुहावरेदार ; **Idiomatically** (- ॲल् - ली) *adv*. in an idiomatic manner. वाक्व्यवहार की रीति से ।

Idiosyncrasy–इड्'-इ-ओ-सिड्'-क्रॅ-सी – *n*. (**Idiosyncrasies**) peculiarity of mental constitution. जातिस्वभाव, देहस्वभाव ; **Idiosyncratic** (-क्रॅट्'-इक्) *adj*. of temper peculiar to an individual. ऐसी प्रकृति का ।

Idiot – इड्' - इ-ॲट् – *n*. one who is deficient in intellect, a perfect fool. मूर्ख, निर्बुद्धि, (पागल) ।

Idiotic – इड्-इ-ऑट्'-इक्–*adj*. foolish. मूर्ख; **Idiotically** (-इक्-ॲल्-लि) *adv*. in an idiotic manner. पागलपन से ।

Idle – आइ'-ड्ल्–*adj*. lazy, indolent, useless, worthless, trifling. आलसी, निरुद्योगी, निरर्थक, व्यर्थ, तुच्छ ; *v. i & t.* to spend time in inaction. आल-

स्यमें समय गँवाना ; **Idle talk** (useless gossip.) वृथा की बकवाद ।

Idleness – आइ'-इल्-नेस्–*n.* absence of work. आलस्य ।

Idler-आइ'-डलर्–*n.* one who spends time in idleness. निर्व्यापार ।

Idly–आइड्'-ली–*adv.* in an idle manner. आलस्य से ।

Idol – आइ'-डॉल् – *n.* an image of a deity used for worship, the object of devotion. प्रतिमा (मूर्ति), आराध्य वस्तु ।

Idolater – आइ-डॉल्' - ऑट्-अर् – *n.* a worshipper of idols. मूर्तिपूजक ।

Idolatress–आइ-डॉल्'-ऑट्-रेस्–*n. fem.* female idolater. मूर्ति पूजा करनेवाली ।

Idolatrous – आइ-डॉल्-ऑट्'-रस् – *adj.* of the nature of idolatry. मूर्तिपूजक समान ।

Idolatry – आइ-डॉल्-ऑट्'-री – *n.* the worship of idols. मूर्तिपूजा ।

Idolize–आइ-डॉल्'-आइज़्–*v.t.* to make an idol of. मूर्ति बनाना ।

Idolum–आइ-डों'-लम्–*n.* (*pl.* **Idola**) a mental image, an idea. अनुमान, कल्पना ।

Idyl, Idyll – आइ'-डिल् – *n.* a short description of rustic life in prose or verse. ग्रामीण जीवन की छोटी गीत ।

If – इफ् – *conj.* on condition that, whether, supposing that. यदि, जो, अगर ; **As if** (supposing that.) मानो ; **If not** (otherwise.) नहीं तो; **If so** (in case that.) यदि ऐसा है ।

Igloo – इग्'-लू – *n.* an Eskimo hut. ध्रुव निवासी की झोपड़ी ।

Igneous – इग्'-नि-अस्–*adj.* pertaining to or containing fire. अग्निमय ।

Ignis fatuus – इग्'-निस्-फ़ॅट्'-यु-अस्–*n.* (*pl.* **Ignes-fatui**) will-o'-the-wisp, a delusive hope, a light often seen over marshes which misleads travellers. मिथ्या प्रकाश (लूक) छल, पिशाचदीपिका ।

Ignitable – इग्-नाइट्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* see Ignite.

Ignite–इग्-नाइट्'–*v. t. & i.* to make extremely hot, to set fire to. बहुत गरम करना, आग लगाना (सुलगाना), **Ignitable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be ignited. सुलगाने योग्य ; **Ignition** (-निश्'-अन्) *n.* the act of igniting. ज्वलन, सुलगाने का कार्य

Ignoble – इग्-नो'-ब्ल् – *adj.* of low birth, base, worthless, dishonourable. अकुलीन, नीच,अधम, अप्रतिष्ठित; **Ignobleness** (नेस्) *n.* the quality of being ignoble. नीचता ; **Ignobly** (-ब्ली) *adv.* in an ignoble manner. नीचता से ।

Ignominious–इग्-नॉ-मिन्'-इ-अस्–*adj.* despicable. निन्द्य, कलङ्की ; **Ignominiously** (-ली) *adv.* meanly. कलङ्कपूर्वक ।

Ignominy–इग्'-नॉ-मिन्-ई–*n.* dishonour, disgrace, infamy. अपमान,कलङ्क, तिरस्कार ।

Ignoramus – इग्-नो-रे'-मस्–*n.* an ignorant person. मूर्ख पुरुष ।

Ignorance – इग्-नार्'-ऑन्स्–*n.* want of knowledge. अज्ञान, अविद्या, मोह ।

Ignorant – इग्-नार्'-ऑन्ट्–*adj.* without knowledge. अज्ञानी, निर्बुद्धि ; **Ignorantly** (ली-) *adv.* unskilfully. अज्ञान (अबोध) पूर्वक ।

Ignore–इग्–नोर्'–*v. t.* to set aside, to reject, to discard. स्वीकार न करना, न मानना, तुच्छ जानना।

Iguana–इग्–वा'–नी – *n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली।

Iliac–इल्'–इ-ऑक्–*adj.* pertaining to the lower intestines. आँतों के नीचे के भाग का।

Iliad–इल्'-इ-ऑड्–*n.* an epic poem by Homer. होमर कवि का इस नाम का महाकाव्य।

Ilium–इल्'-इ-अम्–*n.* the hip bone. जङ्घास्थि।

Ilk–इल्क्–*adj.* of the same. उसी का; *n.* the same. वही, एक।

Ill–इल्–*adj.* (*comp.* **Worse**, *sup.* **Worst**) sick, unsound, bad. अस्वस्थ, रोगी (कुत्सित), बुरा; *n.* wickedness, misfortune, disease. दुष्टता, आपत्ति, रोग; **Ill at ease** (perplexed) घबड़ाया हुआ; **Ill-blood** (enmity.) शत्रुता; **Ill bred** (uncivil.) अशिष्ट, असभ्य; **Ill-fame** (disrepute.) अयश; **Ill fated** (-फ़ेट्-ऍड्) *adj.* unfortunate. अभागा; **Ill favoured** *adj.* ugly. कुरूप; **Ill got** *adj.* not honestly gained. छल से प्राप्त; **Ill favour** *n.* bad temper. बुरा स्वभाव; **Ill natured** *adj.* peevish. बुरी प्रकृति वाला; **Illness** (-नेस्) *n.* a disease. रोग, (व्यथा, बीमारी); **Ill off** (in bad condition.) बुरी अवस्था में; **Ill starred** (unfortunate.) अभागा; **Ill-temper** (anger.) रोष, क्रोध; **Ill turn** *n.* unkind act. दयाहीन कार्य; **Ill-will** (enmity.) ईर्षा; **To do an ill** (to do mischief.) बुराई करना; **To speak ill** (to defame.) अपवाद करना। **To take ill** (to be offended) बुरा मानना।

Illation–इल्-ले'-शन्–*n.* conclusion, deduction. परिणाम, अनुमान; **Illative** (-लेट्'-इव्) *adj.* that may be inferred. अनुमान करने योग्य।

Illaudable–इल् – लॉ'–डे-ब्ल् – *adj.* blameworthy. निन्द्य, गर्हणीय।

Illaudably (-ली) *adv.* निन्दासे।

Illegal–इल्–लि' – गॉल – *adj.* contrary to law. नियम (न्याय) विरुद्ध; **Illegality** (-इट्-ई) *n.* unlawfulness. अन्याय, अव्यवस्था; **Illegally** (-ली) *adv.* unlawfully. अन्याय से।

Illegibility–इल्-लेॅज्'-इब्-इल्'-इट्-ई–*n.* see **Illegible**.

Illegible–इल्-लेॅज्'-इ–ब्ल्–*adj.* indistinct, not legible. अस्पष्ट, गिचपिच; **Illegibility** (-इब्-इल्'-इट्-ई) *n.* illegibleness. अस्पष्टता; **Illegibly**(-ली) *adv.* in an illegible manner. अस्पष्टता से।

Illegitimacy–इल्-लेॅ-जिट्'–इम्-ऑस्-सी–*n.* the state of being a bastard. हरामीपन, दोगलापन।

Illegitimate–इल्-लेॅ-जिट्'–इम्-एट्-*adj.* not genuine, improper, bastard, abnormal, wrongly inferred. खोटा, अयोग्य, दोगला, विलक्षण, मिथ्या अनुमान का; *v. t.* to render illegitimate. दोगला प्रमाणित करना; **Illegitimately** (-ली) *adv.* unauthorizedly. नीति-विरुद्धता से।

Illiberal–इल्-लिब्'–अर्-ऑल्–*adj.* vulgar, narrow-minded, stingy. फूहर, कंजूस, सूमड़ा; **Illiberality**

(-ऑल्-इट्-ई) *n.* narrowness of mind. कृपणता; **Illiberally** (-ली) *adv.* ungenerously. कंजूसी से।

Illicit-इल्-लिस्'-सिट्-*adj.* unlawful, forbidden. नियम या व्यवहारविरुद्ध ; **Illicitly** (-ली) *adv.* unlawfully. नियमविरोध से।

Illimitable-इल्-लिम्'-इट्-ॲ-ब्ल्-*adj.* infinite, boundless. अनन्त, असीम; **Illimitableness** (-नेंस) *n.* boundlessness. अनन्तता ; **Illimitability** (-बिल्'-इट्-ई) *n.* infiniteness. असीमता ; **Illimitably** (-ॲब्'-ली) *adv.* in an infinite manner. असीमता से।

Illision-इल्-लिज़्'-ऑन्-*n.* a dashing against. टक्कर।

Illiteracy-इल्-लिट्'-अर्-ॲस्-सी-*n.* ignorance. निरक्षरता, मूढ़ता।

Illiterate-इल्-लिट्'-अर्-एट्-*adj.* & *n.* not learned, unable to read and write. अशिक्षित, अपढ़; **Illiterateness** (-नेस) *n.* want of learning विद्याहीनता।

Illness इल्'-नेंस्-*n.* sickness. बीमारी।

Illogical-इल्-लॉज्'-इक्-ॲल्-*adj.* contrary to the principles of logic. न्यायविरुद्ध, अतार्किक ; **Illogicality** (-इ-टी) *n.* the state of being illogical. अन्यायता; **Illogically** (-ली) *adv.* in an illogical manner. न्याय विरुद्ध।

Illude-इल्-ल्यूड्'-*v. t.* to deceive, to play artifice upon. धोखा देना, ठगना

Illume - इल् - ल्यूम्' - *v. t.* to make bright. चमकाना, चमकीला करना।

Illuminate-इल् - ल्यूम्'-इन्-एट्- *v. t.* to enlighten, to light up. प्रकाश युक्त करना, उजागर करना ; **Illumination** (-ए'-शॉन्) *n.* brightness, splendour. चमक, द्युति (जगमगाहट); **Illuminative** (-ॲट्-इव्) *adj.* tending to brighten. प्रकाश करनेवाला ; **Illuminant** (-नॉन्ट) **Illuminator**-(-ऑर्) *n.* that which brightens. प्रकाशक, दीपक।

Illumine-इल्-ल्यूम्'-इन्- *v. t.* to enlighten, to brighten. प्रकाशित करना, प्रज्वलित करना।

Illusion-इल्-ल्यू'-ज़ॉन्-*n.* a false show, deception, conjuring trick. माया, छल, इन्द्रजाल; **Illusionist** (-इस्ट) *n.* one given to illusion. मायाजालमें विश्वास करनेवाला ; **Illusionism** (-इज़्म्) *n.* principles of illusion. माया सिद्धान्त।

Illusive-इल्-ल्यू'-सिव्-*adj.* deceiving by false show, fallacious. मायावी, छली; **Illusively** (-ली) *adv.* in an illusive way, deceitfully. छल से, माया से; **Illusiveness** (-नेंस) *n.* the quality of being illusive. कपट, माया

Illusory-इल्-ल्यू'-सोर्-ई-*adj.* illusive. मायावी।

Illustrate-इल्'-लस्-ट्रेट्-*v. t.* to explain, to make clear by exam, ples, to elucidate by drawings or pictures, to ornament. व्याख्या करना (समझाना), दृष्टान्त देकर स्पष्ट करना, चित्र इत्यादि से परिस्पष्ट करना: **Illustrated** (-एड) *adj.* चित्र सहित; **Illustration** (-ट्रे'-शॉन्) *n.* explanation,picture designed to explain. व्याख्या (उदाहरण) दृष्टान्तचित्र ; **Illustrative** (ट्रेट्'-इव्) *adj.* ex-

emplifying. प्रकाशक; **Illustratively** (-ली) *adv.* in an illustrative manner. प्रकाशन (व्याख्या) करते हुए ; **Illustrator** (-ट्रेट्'-अर्) *n.* one who illustrates. निदर्शक, व्याख्याता ।

Illustrious–इल्-लस्'-ट्रि-अस्–*adj.* renowned, eminent. प्रख्यात; प्रसिद्ध ; **Illustriously** (-ली) *adv.* in an illustrious manner. प्रसिद्धि से ; **Illustriousness** (-नेस्) *n.* greatness प्रसिद्धि

I'm–इम्–contracted form of "I am" छोटारूप 'I am' का ।

Imagery-इम्-एज्'-अर्-ई-*n.*an appearance, form of fancy. आकृति, मन की कल्पना (भावना) ।

Image – इम्'-एज् – *n.* an imitation, likeness, form, semblance, metaphor, idea. प्रतिमा, (मूर्ति), प्रतिबिम्ब, आकार, छाया, सादृश्य, रूपक, कल्पना; *v.t.* to portray, to reflect, to represent to mental vision. चित्रित करना, प्रतिबिम्बत करना, मन में धारण करना ।

Imagery – इम्-एज्'-अर्-ई – *n.* an appearance, form of fancy. आकृति, मनकी कल्पना या भावना ।

Imaginable–इम्-ऐज्'-इन्-अे-बल्–*adj.* that may be imagined. विचार करने योग्य (चिन्तनीय) ।

Imaginary–इम्-ऐज्'-इन्-ऑर्-री – *adj.* existing in fancy only. काल्पनिक, अमूलक ।

Imagination–इम्-ऐज्'-इन्-ए'-शॉन्–*n.* an idea, an image in mind. भावना, मन की कल्पना ; **Imaginative** (-एट्-इव्) *adj.* full of fancies. कल्पक, कल्पनाशील ; **Imaginativeness** *n.* कल्पनाशक्ति ।

Imagine–इम्-ऐज्'-इन् – *v. t.* to conceive, to form a mental image of. विचार करना, चिन्तन करना ।

Imbecile–इम्-बे-सील् – *adj.* weak in mind, stupid, physically weak. अल्पमति, मूर्ख, दुर्बल, (अशक्त) ; **Imbecility** (-सिल्'-इट्-ई) *n.* feebleness of mind or body. शरीर या मन कीदुर्बलता।

Imbibe–इम्'-बाइब्'–*v. t.* to drink in, to assimilate, to absorb. पी लेना, मन में धारण करना, सीखना ; **Imbibition** (-बिब्'-इश्'-ऑन्) *n.* the act of imbibing. चित्तग्रहण ।

Imbricate – इम्'-ब्रिक-एट्–*v. t.* to arrange in heaps. क्रम से ढेर लगाना ; **Imbrication**(-ब्रि-के'-शॉन्)*n.*a heap. ढेर ; **Imbricative** (-इव्) *adj.* pertaining to imbrication. ढेर लगानेका

Imbroglio– इम्-ब्रों'-लि-ओ – *n.* (*pl.* **Imbroglios**) a confused heap. बिना क्रम की ढेर ।

Imbrue-इम्-ब्रू'-*v.t.* to stain, to wet. धब्बा लगाना, गीला करना; **To Imbrue with blood** (to drench with blood.) लोहू से तर करना ।

Imbue–इम्–ब्यू'–*v.t.* to dye, to permeate. रँगना, तर करना (प्रभाव डालना) ।

Imitable–इम्'-इट्-अे-बल्–*adj.*able to be imitated. अनुकरण करने योग्य ।

Imitate–इम्'-इट्-एट् – *v. t.* to follow the example of,to copy,to mimic. अनुकरण करना, नक़ल करना, विडम्बना ; करना; **Imitation** (-ए'-शॉन्) *n.* resemblance. अनुकरण ; **Imitator** (-ऑर्) *n.* one who imitates. अनुकारी, नक़ल करने वाला ।

Imitative-इम्'-इट्-एट्-इव्-*adj*. tending to imitate. अनुरूपी ; **Imitatively** (-ली) *adv*. in an imitative way. अनुकरण करते हुए ; **Imitativeness** (-नैस) *n*. the quality of being imitative. अनुरूपता ।

Immaculacy - इम्-मैक्'-यु-लॅ-सी-*n*. see-**Immaculate**.

Immaculate - इम्-मैक्'-यु-लेट् - *adj*. pure, faultless, spotless. निर्मल, निष्कलङ्क, निर्दोष ; **Immaculacy** (-लॅ-सी) ; **Immaculaceness** (-नैस) *ns*. spotless purity. निर्दोषता, स्वच्छता ; **Immaculately** (- ली) *adv*. with spotless purity. निर्मलता से ।

Immanence - इम्-मॅन्'-एन्स - *n*. inherence. अन्तर्वर्ती अवस्था ।

Immanent - इम्' मॅन्-एन्ट - *adj*. indwelling, inherent. अन्तरस्थ, भीतरी ।

Immaterial - इम्'-मॅ-टिअर्'-इ - ऑल्-*adj*. not corporeal, spiritual, unimportant. अमूर्तिमान्, आध्यात्मिक, अनावश्यक, (निष्प्रयोजन); **Immaterialism** (-इज़्म) *n*. idealism, spiritualism. निराकारवाद ; **Immaterialist** (-इस्ट) *n*. one who professes spiritualism. निराकारवादी ; **Immateriality** (-इट्-ई) *n*. immaterialness. अशरीरता ; **Immaterially** (-ली) *adv*. in a spritual manner. आध्यात्मिक रूप से ।

Immature - इम्-मॅ-ट्यूर्' - *adj*. not mature or ripe, not perfect, premature. अपरिपक्व, कच्चा, अधूरा, समय से पहले का ; **Immaturity** (-इट'-ई) *n*. unripeness, the state of being immature. अप्रौढ़ता, अपरिपक्व अवस्था ;

Immeasurable - इम्-मॅ-ज़्यूर्-ऑ-ब्ल्-*adj*. that cannot be measured, immense. अपरिमित (अथाह), बहुत बड़ा ; **Immeasurableness** (-नैस) *n*. immensity. अमेयता, अथाहपन ।

Immediate-इम्-मीड्'-इ-एट्-*adj*. not separated by an intermediary, direct, nearest. अति सन्निहित, अनन्तरित, अति समीप का ; **Immediately** (-ली) *adv*. instantly, proximately. तत्काल तत्क्षण, उसी दम ; **Immediate neighbour** (the nearest neighbour.) अति समीक का पड़ोसी ; **Immediateness** (-नैस) *n*. समीपता ।

Immedicable-इम्-मॅड्'-इक-ऑ-ब्ल्-*adj*. unable to be healed. चिकित्सा न करने योग्य ।

Immemorable-इम्-मॅम्'-ऑर्-ऑ-ब्ल्-*adj*. not worth remembering. स्मरण न करने योग्य ।

Immemorial - इम्-मॅम्-ओर्'-इ-ऑल -*adj*. beyond memory, very old. स्मरण से बाहर, अति प्राचीन ।

Immense-इम्-मॅन्स्'-*adj*. very great, huge. अमित, बहुत बड़ा ; **Immensely** (-ली) *adv*. in an immense degree. अतिमात्र, बेहद ; **Immensity** (-इट्-ई) *n*. the extent that cannot be measured. अनन्तता, महत्व ।

Immerge-इम्-मर्ज्'-*v. t*. to plunge into a fluid. तरल पदार्थ में डुबाना ।

Immerse - इम्-मर्स्'-*v. t*. to plunge into liquid, to dip to absorb. डुबाना, गोता देना, सोखना ; **Immersed** (-ड्) *adj*. engrossed. मग्न, (व्यापृत) लीन ; **Immersion** (-मर्'-शॉन्) *n*. the act of immersing. गोता, तत्परता ।

Immethodical-इम्-मैं-थॉड्'-इक्-ऑल् - *adj*. without method, irregular. क्रमविरुद्ध, अव्यवस्थित; **Immethodically** (-ली) *adv*. in an irregular manner. अव्यवस्था से ।

Immigrant-इम्'-मिग्'-रॅन्ट-*n*.one who immigrates. देशान्तर में बसने वाला ।

Immigrate - इम्'-मिग्-रेट्-*v. i.* & *t.* to go (or send) to another country as settler. देशान्तर में बसना या बसाना; **Immigration** (-रे'-शॉन्) *n*. the act of immigrating. देशान्तर वास

Imminence-इम्-मिन्'-ॲन्स्-*n*. nearness. समीपता ।

Imminent-इम्-मिन्'-ॲन्ट - *adj*. soon to happen, impending, threatening. उपस्थित, निकट, भयावह ; **Imminently** (-ली) *adv*. in an imminent manner. भयानक स्थिति से ।

Immiscibility-इम्-मिस्'-सिब्-इल्'-इट्-ई-*n*. the state of being unmixed. न मिलाने की स्थिति ।

Immiscible - इम्-मिस्'-सि-ब्ल - *adj*. which cannot be mixed. मिश्रण न करने योग्य ।

Immixture-इम्-मिक्स्'-ट्यूर्-*n*. a mixing up. मिलावट ।

Immobile- इम्-मो'-बाइल - *adj*. immovable, motionless. स्थिर (अचल), निश्चल ; **Immobility** (-बिल्'-इट्-ई) *n*. fixedness. निश्चलता ; **Immobilization** (-बिल्-आइज़्-ए'-शॉन्) *n*. the incapability of mobilization. स्थायीकरण; **Immobilize** (-आइज़्') *v.t.* to fix immovably. न हटाने योग्य (स्थिर) करना ।

Immoderate- इम्-मॉड्'-अर्-एट्- *adj*. excessive, extravagant. अत्यन्त, अपरिमित ; **Immoderately** (-ली) *adv*. to an excessive degree. बेहद, अधिकता से ।

Immodest-इम्-मॉड्'-एस्ट्-*adj*. indecent, shameless, unchaste, obscence. निर्लज्ज, असभ्य, अशुद्ध, अश्लील; **Immodestly** (-ली) *adv*. without modesty. निर्लज्जता से, अश्लीलता से ; **Immodesty** (-ई) *n*. want of modesty. अविनय, निर्लज्जता धृष्टता ।

Immolate-इम्'-मो-लेट्-*v. t.* to kill for sacrifice. यज्ञ के लिये मारना, बलिदान करना; **Immolation** (-ले'-शॉन्) *n*. a sacrifice. बलिदान ; **Immolator** (-ऑर्) *n*. बलिदान देने वाला ।

Immoral-इम्-मॉर्'-रॉल्-*adj*. morally evil, wicked, unjust, dissolute. दुश्चरित्र, दुराचारी, पापी, व्यभिचारी ; **Immorality** (-इट्-ई) *n*. an immoral action. अधर्म, व्यभिचार; **Immorally** (-ली) *adv*. violating the rules of morality. अधर्म से (पाप) से ।

Immortal-इम्-मार्ट्'-ऑल्-*n*. & *adj*. not corruptible, divine, constant, eternal. अविनाशी, अमर, अजर, नित्य. (अत्यन्त); (*pl.*) the gods. देवता लोग; **Immortality** (-टॅल्'-इट्-ई) *n*. exemption from death. अमरत्व ; **Immortalize** (- आइज़) *v. t.* to perpetuate. अमर करना ; **Immortally** (-ली) *adv*. with endless existence. अनश्वरता से ।

Immovability-इम्-मूव्'-ॲव्-इल्'-इट्-ई-*n*. fixedness. अस्थिरता ।

Immovable - इम्-मूव्'-ॲ-ब्ल - *n*. & *adj*. incapable of being moved,

motionless, firmly fixed. अचल, स्थिर, दृढ़, अटल ; (*pl.*) things which cannot be legally taken away in leaving a house. अचल सम्पत्ति ; **Immovably** (-ब्ली) *adv.* in a fixed manner. स्थिरता से ।

Immune - इम्-म्यून्' - *adj.* secure against attack. आक्रमण से मुक्त; **Immunity** (-इट्-ई) *n.* freedom, privilege. मुक्ति, छुटकारा ; **Immunize** (-आइज़्) *v. t.* to render free. मुक्त करना, छुटकारा देना ।

Immure–इम्-म्यूर्'–*v. t.* to imprison, to shut up oneself. बन्धन में डालना, संयमित करना ; **Immurement** (-मेंन्ट्) *n.* confinement. बन्धन ।

Immutability-इम्-म्यूट्'-ऑब्-इल्-इट्-ई-*n.* immutableness. नित्यता, स्थिरता ।

Immutable - इम्-म्यूट्'-ऑ-ब्ल् - *adj.* unchangeable, not variable. अचल, स्थिर ; **Immutably** (-ऑब्-ली) *adv.* unchangeably. स्थिरता से ।

Imp–इम्प्–*n.* a little devil, a mischievous child. छोटा पिशाच, दुष्ट बालक ; *v. t.* to extend, to strengthen. फैलाना, पुष्ट करना ।

Impacable–इम्-पीक्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* not to be quieted. शान्त न करने योग्य ।

Impact - इम्'-पैक्ट - *n.* a collision. समाघात, टक्कर ; *v. t.* to press firmly. कसकर दबाना; **Impaction** (-पैक्'-शन्) *n.* collision. टक्कर ।

Impair - इम्-पेयर्'–*v. t.* to damage, to enfeeble, to diminish. नाश करना, क्षीण करना, कम करना ; **Impaired** (-ड्) *adj.* damaged, weakened. क्षीण, कम किया हुआ ; **Impairing** (-इङ्ग्) *n.* damage. क्षय ; **Impairment** (-मेंन्ट्) *n.* diminution. कमी ।

Impale–इम्-पेल्'–*v.t.* to put to death by spitting on stakes, to enclose with pailings. शूलीपर चढ़ाना, टट्टी से घेरना; **Impalement** (-मेंन्ट्) *n.* death on a stake. इस प्रकार की हत्या ।

Impalpability-इम्-पैल्'-पै-बिल्-इट्-ई-*n.* the quality of being intangible. अस्पृश्यता ।

Impalpable - इम्-पैल्'-पै-ब्ल् - *adj.* not perceptible to the touch, intangible, not easily understood. अस्पृश्य, अग्राह्य, न समझने योग्य ; **Impalpably** (-ब्ली) *adv.* in an impalpable manner. अग्राह्यता से ।

Impanel - इम्-पैन्'-ऍल - see **Empanel**.

Imparadise, Emparadise - इम् (-ऍम्)-पैर्'-ऑ-डाइज़् - *v. t.* to bring into a state of extreme happiness. अपूर्व आनन्द की अवस्था को पहुँचाना ।

Imparity–इम्-पैर्'-रिट्-ई–*n.* inequality. असमानता, विषमता ।

Impark - इम्-पार्क' - *v. t.* to enclose in park. (पशु इत्यादि को) बगीचे में बन्द करना ।

Impart - इम् - पार्ट' - *v. t.* to give share of, to disclose, to communicate news &c. भाग देना, सूचित करना, समाचार देना ।

Impartial - इम्-पार्'-शॅल - *adj.* unprejudiced, fair, disinterested. अपक्षपाती, न्यायी (समदर्शी), बिना भेदभाव का; **Impartiality** (-शॅ-ऑल्'-इट्-ई) *n.* disinterestedness, equitableness. अपक्षपात (उदासीनता); Im-

partially (-ली) *adv.* equitably. बिना पक्षपात के ।

Impartible–इम्-पाइ्ट्'-इ-ब्ल्-*adj.* not divisible. भाग न करने (न बाँटने) योग्य ।

Impassable – इम्-पास्'-सीं-ब्ल् – *adj.* that cannot be traversed, impenetrable. अगम्य, दुस्तर (गहन); **Impassableness** (-नैस्) *n.* the state of being impassable. अगम्यता ।

Impasse-इम्'-पास्–*n.* a blind alley, a difficult situation. बन्द गली, कठिन स्थिति ।

Impassible – इम्-पॅस्'-सैं-ब्ल्–*adj.* incapable of suffering injury. दुःख न सहने योग्य ; **Impassibleness** (-नेस्) *n.* impassibility. असहनशीलता

Impassion – इम्-पैंश्'-ऑन् – *v. t.* to excite the passions strongly. मन की प्रकृति को उत्तेजित करना ; **Impassive** (-इव्) *adj.* not exhibiting feeling. मनोविकार शून्य, अचेत ।

Impaste – इम्-पेंयस्ट्' – *v. t.* to make into a paste, to paint with thick colours. चटनी बनाना, मोटा रङ्ग पोतना ।

Impatience–इम्'-पे'-शॅन्स् – *n.* want of patience. अधीरता ।

Impatient–इम्-पे'-शॅन्ट् – *adj.* restless, intolerant, not enduring with patience. अधीर, व्याकुल, व्यग्र ; **Impatiently** (-ली)*adv.* in an intolerant manner. अधीरता से, व्यग्रता से ।

Impawn – इम्-पॉन्'–*v. t.* to pledge. बन्धक रखना ।

Impayable–इम्-पे'-ऑ-ब्ल्–*adj.* not to be paid for. न देने योग्य ।

Impeach–इम्-पींच् – *v. t.* to accuse, to find fault with, to call in question. अभियोग लगाना, दोष खोजना, अपराधी ठहराना ; **Impeachable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be impeached. दोष लगाने योग्य ; **Impeachment** (-मेंन्ट्) *n.* the act of impeaching an officer of state. राज्य कर्मचारी पर दोषारोपण ।

Impeccability–इम्-पैंकें'-कीं-बिल्-इट्-ई-*n.* the quality of being incapable to sin. निर्दोषता ।

Impeccable–इम्-पैंक्'-कीं-ब्ल्-*adj.* not liable to error or sin. पापरहित, निर्दोष ; **Impeccably** (-ब्ली) *adv.* in an impeccable manner. बिना पाप के ; **Impeccant** (पैंक्'-कॅन्ट्) *adj.* sinless. पाप रहित (निर्दोषी) ।

Impedance–इम्-पेंइ्'-ऑन्स्-*n.* an obstruction. अवरोध, रुकावट ।

Impede–इम्-पीइ्'–*v. t.* to retard, to obstruct. प्रतिबन्ध करना, रोकना ; **Impediment** (-पेंइ्'-इ-मेंन्ट्) *n.* hindrance, obstruction. विघ्न (प्रतिबन्ध), रुकावट ; **Impedimental** (-ऑल्) प्रतिबन्धक ।

Impel–इम्-पेंल्'–*v. t.* (*p. t.* **Impelled**) to drive to do, to force forward, to incite. प्रवृत्त करना, प्रोत्साहन करना, उत्तेजित करना ; **Impellent** (-लॅन्ट्) *adj.* having the quality of impelling. प्रेरिक, प्रोत्साहक ।

Impend–इम्-पेंन्ड्'–*v. i.* to hang or be suspended, to be imminent. लटकना, समीप आ जाना; **Impendence** (-ऍन्स्) *n.* menacing attitude. आलम्ब ; **Impendent** (-ऍन्ट्) *adj.* imminent. उपस्थित, निकटवर्ती ; **Impending** (-इङ्ग) *adj.* approach-

ing. उपस्थित ।

Impenetrability – see **Impenetrable**.

Impenetrable – इम्-पॅन्'-ऍट्-रीं-ब्ल् – *adj.* that cannot be penetrated into, impervious. अभेद्य (अप्रवेश्य), अथाह ; **Impenetrability** (-इट्-ई), **Impenetrableness** (-नॅस्) *ns.* obtuseness. अभेद्यता, अप्रवेश्यता ; **Impenetrably** (-ब्ली) *adv.* in an impenetrable manner. अप्रवेश्यता से ।

Impenetrate–इम्-पॅन्'-इ-ट्रेट्–*v. t.* to penetrate deeply. गहरे धंसना ।

Impenitence – इम्-पॅन्'-इट्–ऍन्स् – *n.* want of penitence. निठुरता, पश्चात्ताप का अभाव ।

Impenitent – इम्-पॅन्'-इट्-ऍन्ट् – *adj.* not sorry for one's sin, obdurate. पश्चात्तापहीन, क्षमा न चाहने वाला ; **Impenitently** (-ली) *adv.* in an obdurate manner. निठुरता से ।

Imperative – इम्-पर्'-रीट्–इव् – *adj.* expressing command, authoritative, urgent, obligatory. आज्ञा-सूचक, नियोजक, आवश्यक, कर्तव्य ; **Imperatively** (-ली) *adv.* in an imperative manner. आज्ञा रूप में ; **Imperative mood** (the form of a verb expressing command or advice.) आज्ञार्थक क्रिया ।

Imperator – इम्-पर्-एट्' - ऑर् – *n.* a general, an emperor. सेनानायक, राजाधिराज ।

Imperceptible – इम्-पर्-सॅप्ट्'-इ–ब्ल्– *adj.* that cannot be apprehended, very slight, subtle. अगम्य, अति सूक्ष्म, अगोचर ; **Imperceptibly** (-ब्ली)*adv.* imperceivably. अलक्षित, अगोचर ।

Impercipient-इम्-पर्-सिप्'-इ-ऍन्ट्-*adj.* lacking perception. ओगचर ।

Imperfect–इम्-पर्'-फॅक्ट्–*adj.* incomplete, faulty, defective. अपूर्ण (न्यून), दोषयुक्त, अधूरा; **Imperfection** (-फॅक्'-शन्) *n.* a defect or fault. दोष, त्रुटि, न्यूनता; **Imperfectly** (-ली) *adv.* defectively. अपूर्णता से ।

Imperforate-इम्-पर्फ़्'-ऑर्-एट्-*adj.* not perforated. अछिद्र, बिना बेध किया हुआ ।

Imperial–इम्-पिअर्'-इ-ऑल्-*adj.* of an empire or emperor, supreme, majestic. राज्य अथवा महाराजाधिराज सम्बन्धी,श्रेष्ठ,तेजस्वी;**Imperial** (**paper**) (size of paper 32×22 inches.) ३२ इञ्च लम्बा २२ इञ्च चौड़ा कागज ; **Imperial preference** (levying duty on imports from Empire at lower rates than those from foreign countries.) परदेशी माल की अपेक्षा राज्य के माल पर कम कर लगाना ।

Imperialist–इम्-पिअर'-इ-ऑल्-इस्ट् –*n.* a supporter of the empire. साम्राज्याभिमानी ; **Imperialistic** (-इस्ट्-इक्) *adj.* pertaining to imperialism. अधिराज्य सम्बन्धी; **Imperialism** (इज़्म्) *n.* imperial state and its support. राजाधिराज का शासन, साम्राज्याभिमान ; **Imperialize** (आइज़्) *v. t.* to render imperial. राजाधिराज का शासन फैलाना ।

Imperil–इम्-पॅर्'-रिल्-*v.t.*(*d.t.* **Imperilled**) to bring danger. आपत्ति में डालना ।

Imperious – इम्-पियर्'-इ - अस् – *adj.* overbearing, imperative. उद्धत,

(अभिमानी) ढीठ; **Imperiously** (-ली) *adv.* in an imperious manner. ढिठाई से; **Imperiousness** (-नैस) *n.* arrogance, haughtiness. दर्प, ढीठपन।

Imperishability – see Imperishable.

Imperishable – इम्-पैरि्'-रिश्-औं-ब्ल्– *adj.* indestructible, that cannot perish. अनश्वर, अविनाशी; **Imperishability** (-बिल्-इट्-ई), **Imperishableness** (-नैस) *ns.* the quality of being imperishable. अविनाशत्व, अमरत्व; **Imperishably** (-ब्ली) *adv.* in an imperishable manner. अनश्वरता से।

Impermanence–इम्-पर्'-मॉन्-ऍन्स्–*n.* want of permanence. अस्थिरता।

Impermanent–इम्-पर्'-मॉन्-ऍन्ट्-*adj.* not permanent. अस्थिर

Impermeability–see Impermeable.

Impermeable–इम्-पर्म्'-इ-औं-ब्ल्–*adj.* impenetrable. अप्रवेश्य; **Impermeability** (-बिल्-इट्-ई) *n.* impenetrableness. अप्रवेश्यता।

Impermissible–इम्-पर्-मिस्'-सैं-ब्ल्–*adj.* not permissible. आज्ञाहीन।

Impersonal–इम्–पर्'–सॉन्–ऑल्– *adj.* having no personality or personal reference. अकर्तृक; **Impersonally** (–ली) *adv.* in an impersonal manner. भाववाच्य में; **Impersonal verb** भाववाच्य क्रिया।

Impersonate–इम्–पर्' - सॉन्–एट्–*v. t.* to assume the bodily form, to personify. शारीरिक रूप दिखलाना, भेष बदलना; **Impersonation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of personating. सूरतबदल; **Impersonative** (-ए'-टिव्) *adj.* pertaining to personating. भेष (रूप) बदलने का; **Impersonator** (-ए'-टॉर्) *n.* one who impersonates. भेष बदलने वाला।

Impertinence-इम्-पर्ट्' - इन्-ऍन्स्- *n.* rudeness, incivility. धृष्टता (ढिठाई), अशिष्टता।

Impertinent–इम्-पर्ट्'–इन्–ऍन्ट्–*adj.* insolent, out of place, absurd, rude. अशिष्ट(अविनीत), असङ्गत, निष्प्रयोजन, अनर्थक; **Impertinently** (-ली) *adv.* in an insolent manner. धृष्टता से।

Imperturbability–इम्–पर्–टर्ब्'-ऑब्–इल्-इट्–ई *n.* the quality of being calm. शान्ति।

Imperturbable–इम्-पर्-टर्ब्'–औं - ब्ल्-*adj.* not excitable, calm. क्षोभ रहित, शान्त; **Imperturbably** (-ब्ली) *adv.* in a calm manner. शान्ति से।

Impervious–इम्–पर्'-वि-अस्-*adj.* not affording access, impenetrable. दुर्भेद्य, (अगम्य) न प्रवेश करने योग्य; **Imperviously** (-ली) *adv.* in an impervious manner. अगम्यता से; **Imperviousness** (–नैस) *n.* the state of being impervious. अगम्यता

Impetrate-इम्'-पैट्-रेट्– *v. t.* to obtain by request. प्रार्थना करने पर प्राप्त करना; **Impetration** (-रे'-शॉन्) *n.* obtaining by petition. इस प्रकार की प्राप्ति।

Impetuosity - इम्-पैट्'-यु-ऑस्'-सिट्-ई-*n.* vehemence, dash. तीव्रता, प्रचण्डता

Impetuous–इम्-पैट्'-यु-अस्-*adj.* rash,

violent, furious. प्रबल, तीव्र, क्रोधी ; **Impetuousness** (-नॅस्) *n.* the quality of being violent. तीव्रता (प्रचण्डता) ; **Impetuously** (-ली) *adv.* in a violent manner. वेग से, तीव्रता से ।

Impetus–इम्'-पॅट्-अस्-*n.* driving or moving force, impulse. गति, चलाने की शक्ति, प्रेरणा ।

Impiety–इम्-पाइ'-ॲट्-ई-*n.* see **Impious**.

Impinge–इम्-पिन्ज्'-*v. t.* to strike or fall against. टक्कर देना, टकराना ।

Impious–इम्'-पॅ-अस्-*adj.* not pious, wicked, profane. अधर्मी, पापी, दुष्ट, भ्रष्ट ; **Impiety** (-पाइ'-ॲट्-ई), **Impiousness** (-नॅस्) *ns.* profanity. अधर्म, पाप, दुष्टता; **Impiously** (-ली) *adv.* with impiety. अधर्म से ।

Implacability-इम्-प्लॅक्'-ॲब्-इल्'-इट्-ई-*n.* the quality of being implacable. निर्दयता ।

Implacable–इम्-प्लॅक्'-ॲ-बल्- *adj.* that cannot be appeased. अनाराध्य (निर्दयी) ; **Implacably** (-ब्ली) *adv.* inexorably. निर्दयता से ।

Implant–इम्-प्लान्ट्'- *v. t.* to insert in, to instil, to ingraft. बैठाना, जमाना, कलम लगाना; **Implantation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of implanting. जमावट, कलमबन्दी ; **Implanted** (ॲड्) *adj.* grafted कलम बाँधा हुआ ।

Impledge–इम्-प्लॅज्'-*v. t.* to pawn. दाँव लगाना ।

Implement–इम्'-प्लॅ-मॅन्ट्-*n.* an article of dress or furniture, (*pl.*) tools, instruments. उपकरण, सामग्री, (ब० व०) हथियार, औज़ार ; *v.t.* (-मॅन्ट्') to fill up. पूर्ण करना ; **Implemental** (-ऑल्) *adj.* serving as an implement. शस्त्र की तरह का ।

Impletion–इम्-प्ली'-शॉन्-*n.* the act of filing. पूर्ण करने या भरने की क्रिया ।

Implex-इम्'-प्लॅक्स्-*adj.* complicated, not simple. असरल, पेचीला ।

Implicate–इम्'-प्लिक्-एट्-*v. t.* to involve, to entangle. चक्कर में डालना, फँसाना ; **Implication** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of implicating. लपेट, झंझट; **Implicative** (-ॲट्-इव्) *adj.* tending to implicate. फँसानेवाला ।

Implicit – इम् – प्लिस्'-सिट्-*adj.* implied, not plainly expressed, unreserved. उपलक्षित (ध्वनित), शंकाहीन ; **Implicitly** (-ली) *adv.* virtual, assuredly. बिना संशय के, निःसन्देह ; **Implicitness** (-नॅस्) *n.* the state of being implicit. शंकाहीनता ।

Implied, Impliedly see **Imply**.

Implore–इम्-प्लॉर्'-*v. t.* to beg earnestly, to entreat. विनय सहित माँगना, प्रार्थना करना ; **Imploringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with earnest entreaty. विनयकेसाथ; **Imploringness** (-इङ्ग्-नॅस्) *n.* the act of imploring. आराधना, प्रार्थना ।

Imply–इम्-प्लाइ'-*p.t.* (*p.t.* **Implied**) to involve the truth of, to mean, to hint. प्रतीत करना, सूचित करना ; **Implied** (-इ) *adj.* having implication, understood. उपलक्षित, सूचित ; **Impliedly** (-ली) *adv.* by implication. उपलक्ष्य में ।

Impolicy–इम्-पॉल्'-इस्-सी– *n.* a bad policy. बुरी नीति, कूट व्यवहार।

Impolite–इम्'-पो-लाइट्–*adj.* uncivil, rude. अशिष्ट, अविनीत, असभ्य, **Impolitely** (-ली) *adv.* in a rude manner. असभ्यता से, रुखाई से; **Impoliteness** (-नैस्) *n.* rudeness, want of politeness. असभ्यता, अशिष्टता से।

Impolitic–इम्-पॉल्'-इट्-इक्– *adj.* not polite, imprudent. अशिष्ट, अविनीत, दुःशील; **Impoliticly** (-ली) *adv.* in an impolite manner. अशिष्टता से।

Imponderable–इम्-पॉन्'-डर्-औ-ब्ल्– *adj.* not able to be weighed, very light. न तौलने योग्य, बहुत हलका।

Impone–इम्-पोन्'-*v. t.* to stake. दाँव लगाना।

Imponent – इम्-पॉन्'-ऍन्ट्–*adj.* competent to impose an obligation. प्रभाव डालने योग्य।

Import – इम्-पॉर्ट्' – *v. t.* to bring from a foreign country, to imply, to indicate. विदेश का माल देश में लाना, सूचित करना, अर्थ होना; *n.* (-इम्'-पॉर्ट) drift, signification, that which is brought in a country. अर्थ, तात्पर्य, देशमें आया हुआ विदेशी माल; *n.* (*pl.*) commodity imported. विदेश से आये हुए माल; **Importable** (-औ-ब्ल्) *adj.* what may be imported. देशमें लाने योग्य विदेशी माल; **Importation** (- ए'-शॉन्) *n.* the act of importing. विदेश से माल मँगाना; **Importer** (-अर्) *n.* one who imports. बाहर से माल मँगाने वाला।

Importance – इम् - पॉर्ट्' - औन्स् – *n.* weight, significance, dignity. महत्व, प्रभाव, महिमा (आवश्यकता)।

Important – इम्' - पॉर्ट-औन्ट् – *adj.* momentous, of great consequence. प्रभावशाली, आवश्यक; **Importantly** (-ली) *adv.* in an important degree. गौरव (महत्व) से।

Importation see **Import**.

Importunate – इम्-पॉर्ट्'-यु-नेट्– *adj.* pressing or persistent in solicitation. (हठाग्रही) अधिक प्रार्थना करनेवाला; **Importunately** (-ली) *adv.* with importunity. बड़े आग्रह से।

Importune – इम्-पॉर्-ट्यून्' – *v. t.* to solicit pressingly. आग्रह के साथ प्रार्थना करना; **Importunity** (-इट्-ई) *n.* urgent request. अतिप्रार्थना, आग्रह।

Impose – इम्-पोज़्'–*v. t.* & *i.* to lay on, to exert influence. बैठाना, प्रभाव डालना।

Imposing – इम्-पोज़्'-इङ्ग् – *adj.* impressive, commanding. प्रभावशाली (भव्य), रोबदार; **Imposingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an imposing manner. गम्भीरता (रोब) से; **Imposingness** (-नैस्) *n.* great influence. हत्व, अति प्रभाव।

Imposition – इम् - पोज़्'-इश्'-ऑन् – *n.* tax, duty, a piece of deception. कर, लगान, छल, कपट।

Impossibility – इम् - पास्'-सिब्-इल्'– इट्-ई *n.* the state of being impossible. अशक्यता।

Impossible– इम्-पास्'-सैं-ब्ल्–*adj.* not possible, not easy, impracticable, not convenient. असाध्य, असम्भव, अशक्य, दुष्कर; **Impossibly**

(-ब्ली) *adv.* in an impossible manner. अशक्यता से।

Impost – इम्'-पोस्ट्–*n.* duty, tax, a tribute, the upper portion of a pillar. महसूल, चुङ्गी, राज्यकर, खम्भे का ऊपरी भाग।

Impostor – इम् - पॉस्ट्'-ऑर् – *n.* one who assumes a false character. पाखण्डी, ठग, छली।

Imposture – इम्-पॉस्ट्'-यूर्–*n.* fraud, deception. छल, कपट।

Impotence, Impotency – इम्'-पो-टेन्स् (-सी) *ns.* the state of being impotent. दुर्बलता, नपुंसकता।

Impotent–इम्'-पो-टेन्ट्-*adj.* hopeless, powerless, lacking in sexual power. निष्फल, निर्बल, (अशक्त) नपुंसक; **Impotently** (-ली) *adv.* helplessly. निर्बलता से।

Impound – इम्-पाउन्ड्'–*v. t.* to shut up, to take legal possession of, to confiscate. बाड़े में बन्द करना, जप्त करना, छीन लेना।

Impoverish – इम्-पॉव्'-अर्-इश् – *v. t.* to make poor, to exhaust resources. निर्धन (दरिद्र) करना,शक्तिहीन करना; **Impoverished** (-ड्) *adj.* made poor. निर्धन (दरिद्र) किया हुआ; **Impoverishment** (-मेन्ट्) *n.* reduction to poverty. दरिद्रता।

Impracticability – see **Impracticable.**

Impracticable –इम्-प्रैक्'-टिक्-अॅ-ब्ल्– *adj.* impossible in practice, unmanageable. असाध्य, अशक्य, दुष्कर; **Impracticability** (-अॅ-बिल्-इट्-ई); **Impracticableness** (-नेस्) *ns.* the state of being impracticable. असाध्यता, अशक्यता; **Impracticably** (-अॅब्-ली) *adv.* in an impracticable manner. अकार्यता से।

Imprecate-इम्-प्रॅ-केट्-*v. t.* to invoke evil upon. शाप देना, कोसना; **Imprecation** (-के-शॅन्) *n.* a curse, an abuse. शाप, गाली; **Imprecatory** (-केट्'-ऑर्-ई) *adj.* containing a curse. शापयुक्त।

Impregnability – see **Impregnable.**

Impregnable – इम्-प्रॅग्'-नॅ-ब्ल् – *adj.* that cannot be taken by arms, invincible. दुर्जय, दुर्गम, (सहज में न जीतने योग्य); **Impregnability** (-नॅब्'-इल्-इट्-ई) *n.* the state of being impregnable. दुर्जयत्व; **Impregnably** (-नॅब्'-ली) *adv.* in an impregnable manner. दुर्जयता।

Impregnate–इम्-प्रॅग्'-नेट् – *adj.* pregnant. गर्भवती; *v. t.* (.नेट्') to make pregnant, to fill, to imbue. गर्भिणी करना, पूरित करना, सिञ्चित करना; **Impregnated** (-एँड्) *adj.* made pregnant. गर्भपूरित; **Impregnation** (-ने'-शॉन्) *n.* the act of impregnating. गर्भाधान।

Impresario – इम्'-प्रॅ-सॉ-रि-ओ–*n.* an organiser of public entertainments. दङ्गल इत्यादि खेलों का प्रबन्धकर्ता।

Impress – इम्'-प्रॅस् – *n.* a seal, a stamp. मोहर, छाप; *v. t.* (इम्-प्रॅस्') to imprint, to stamp, to mark, to influence. मोहर करना, छाप लगाना, चिह्नित करना, प्रभाव डालना; *v. t.* to force for service in army, to

seize for public service. सेना में भरती करना, बेगारी पकड़ना ; **Impressed** (-ड्) *adj.* stamped, marked. (मुद्रित) मोहर किया हुआ, प्रभाव पड़ा हुआ ।

Impression – इम्-प्रॅश्'-ऑन्–*n.* copy of an engraving, an idea, अङ्क, छाप, प्रभाव ।

Impressible – इम्-प्रॅस्'-सि-ब्ल् – *adj.* capable of being impressed. प्रभाव पड़ने योग्य ।

Impressive–इम्-प्रॅस्'-सिव्–*adj.* capable of making an impression on the mind. चित्त पर प्रभाव डालनेवाली. (हृदयंगम); **Impressively** (-ली) *adv.* earnestly. चित्ताकर्षण करते हुए ।

Imprest–इम्'-प्रॅस्ट – *n.* money advanced to a person. पेशगी दिया हुआ रुपया ; *v. t.* (इम्-प्रॅस्ट') to pay an instalment in advance. किस्त का रुपया पेशगी दे देना ।

Imprimatur–इम्-प्रि-मे'-टर् - *n.* a licence to print. छापने की आज्ञा ।

Imprimis–इम्-प्राइ'-मिस् – *adv.* in the first place. आदि में, पहले ।

Imprint – इम्'-प्रिन्ट – *n.* stamp, impression, a printer's or publisher's name and address on a book. छाप, चिह्न, पुस्तक पर छपा हुआ प्रकाशक का नाम और पता ; *v.t.* (-प्रिन्ट') to impress, to stamp. छापना, मोहर करना ।

Imprison-इम्-प्रिज़्'-ऑन्'-*v. t.* to put into prison, to shut up.कैद करना,बन्द करना; **Imprisonment**(-मेंन्ट)*n.*confinement in prison. कारावास, कैद ; **Rigorous imprisonment**. सख्त कैद ; **Simple imprisonment** सादी कैद ।

Improbability-इम्-प्रॉब्-ॲब्-इल्'-इट्-ई–*n.* unlikelihood. अनुपपत्ति, अनहोनी ।

Improbable – इम्-प्रॉब्'- ॲ-ब्ल् – *adj.* not likely to happen. दुर्घट, न होने लायक ; **Improbably** (-ब्ली) *adv.* in an improbable manner. असङ्गति से ।

Improbity – इम्-प्रॉब्'-इट्-ई–*n.* wickedness, dishonesty. दुष्टता, कुटिलता, (बेईमानी) ।

Impromptu – इम्-प्रॉम्प्'-ट्यू – *n.* an extempore composition. अयत्न (बिना पहिले से सोचे हुए) रचना (करना)

Improper – इम्-प्रॉप्'-अर् – *adj.* inaccurate, not suitable, wrong. अनुचित, अयोग्य, अशुद्ध; **Improper fraction** (a fraction in which the numerator is greater than the denominator.) वह भिन्न अङ्क जिसमें भाजक से भाज्य बड़ा होता है, यथा ५/४ इत्यादि; **Improperly** (-ली) *adv.* in an improper manner. अनुचित रीति से ।

Impropriety – इम्-प्रो-प्राइ'-ऍट्-ई – *n.* unfitness, indecency. अयोग्यता, अश्लीलता, असभ्यता ।

Improvable–इम्-प्रूव्-ॲ-ब्ल्-*adj.* that which may be improved. उन्नति करने योग्य; **Improvableness** (-नॅस्) *n.* the state of being improvable. उन्नतिकरण ।

Improve–इम्-प्रूव्'–*v. t.* & *i.* to make or become better, to make good use of, to produce something better. उन्नति करना, सुधारना, अच्छा उपयोग करना ; **Improvement** (-मेंन्ट) *n.* advancement, act of improving. उन्नति (बढ़ती), सुधार; **Improver**

(-अर्) *n.* one who improves, a learner at a trade उन्नति करनेवाला मनुष्य, व्यवसाय सीखानेवाला।

Improvidence–इम्-प्रॉव्'-इड्-ऍन्स् – *n.* want of foresight. अदूरदर्शिता, असावधानी।

Improvident–इम्-प्रॉव्'-इड्-ऍन्ट – *adj.* unforeseeing, heedless, thriftless. अदूरदर्शी, अविवेकी, अमितव्ययी; **Improvidently** (-ली) *adv.* in a careless manner. अदूरदर्शिता से।

Improvisation–इम्-प्रॉव्'-इज़्-ए'-शॉन्– *n.* the act of improvising. अचिन्तित रचना।

Improvise – इम्-प्रो-वाइज़्' – *v. t.* to compose or utter extempore. समय पर गीत बना लेना या व्याख्यान देना।

Imprudence–इम्-प्रूड्'-ऍन्स् – *n.* want of prudence. अविवेक, अविनय।

Imprudent – इम्-प्रूड्'-ऍन्ट – *adj.* incautious, indiscreet, inconsiderate. अदूरदर्शी, अविवेकी, असावधान (मूर्ख); **Imprudently** (-ली) *adv.* indiscreetly. अविवेक से।

Impudence – इम्-प्यू'-डॅन्स् – *n.* the quality of being insolent. धृष्टता, निर्लज्जता।

Impudent–इम्'-प्यू-डॅन्ट–*adj.* shameless, insolent, indiscreet. निर्लज्ज, धृष्ट, ढीठ; **Impudently** (-ली) *adv.* in an insolent manner. धृष्टता से।

Impudicity – इम्-प्यू-डिस्'-सिट-ई – *n.* immodesty, shamelessness. अविनय, निर्लज्जता।

Impugn – इम्-प्यून्'–*v. t.* to contradict, to assail by word. विरोध (खण्डन) करना, विपरीत बोलना; **Impugnable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* what may be questioned. खण्डनयोग्य!; **Impugnment** (-मॅन्ट) *n.* contradiction. विरोध, खण्डन।

Impuissance–इम्-प्विस्'-सॅन्स्–*n.* impotence. नपुंसकता।

Impuissant – इम्-प्विस्' - सॅन्ट – *adj.* weak, impotent. दुर्बल, नपुंसक।

Impulse–इम्'-पल्स् – *n.* a force suddenly communicated, incitement, influence. प्रवृत्ति, प्रोत्साहन, प्रभाव।

Impulsion–इम्-पल्'-शॉन्–*n.* the act of impelling, influence on the mind. प्रेरणा, चित्तपर प्रभाव।

Impulsive–इम्-पल्स्'-इव्–*adj.* having power to impel. प्रवर्त्तक, प्रवृत्त करने वाला; **Impulsively** (-ली) *adv.* in an impulsive manner. प्रवृत्ति से; **Impulsiveness** (-नॅस) *n.* the quality of being impulsive. प्रवर्तन।

Impunity–इम्-प्यू'-निट-ई–*n.* exemption from punishment or injury. दण्ड या पीड़ा से छुटकारा; **With impunity** (without personal loss.) आत्महानि के बिना।

Impure – इम्-प्यूर्'– *adj.* dirty, unchaste, adulterated. अनिर्मल, कुत्सित, अशुद्धि, (अपवित्र); **Impurely** (-ली) *adv.* in an impure manner. अपवित्रता से; **Impureness** (-नॅस्), **Impurity** (-इट-ई) *ns.* want of purity. मलिनता, अपवित्रता।

Imputability–इम्-प्यूट्'-ऑ-बिल्'-इट-ई– *n.* the quality of being imputable. दोषारोपण।

Imputable–इम्-प्यूट्'-ऑ-ब्ल्-*adj.* that may be imputed. दोषारोपण योग्य।

Imputation–इम्-प्यूट्-ए'-शॉन्–*n.* the act of imputing. दोषारोपण।

Imputatively – इम्-प्यूट्'-ऑट्-इव्-ली–*adv.* by imputation. कलङ्क से।

Impute–इम्-प्यूट्'–*v. t.* to attribute fault to, to charge. दोष लगाना, कलंकित करना।

In – इन् – *prep.* within, inside of, during, by, through, by means of. में, बीच, अन्दर, द्वारा, कारण से; *adv.* within. में, अन्दर; *adj.* (*comp.* **Inner**, *sup.* **Inmost**, **Innermost**) internal. भीतरी; **As far as in me lies** (as far as lies in my power.) जहां तक मेरी शक्ति में हैं; **Blind in one eye** (with one eye affected.) काना; **Come in** (*i. e.* into the house.) भीतर आओ; **He is in** (*i. e.* in the house.) वह घर में है **In cash** (supplied with ready money.) नगद; **In itself** (absolutely.) स्वयं; **In patient** (one who remains in hospital while under treatment.) हस्पताल में रहनेवाला रोगी; **Ins and outs** (the whole details of any matter.) गुप्त तथा प्रत्यक्ष बातें; **In search of** (under the influence of.) खोज में; **In so far as** (in as much as.) यहां तक कि; **In fact**, **In truth** (really.) वस्तुतः, सचमुच; **In that** (because.) क्योंकि; **Keep the fire in** (keep fire burning.) आग को जलती रक्खो; **Packed in dozens** (*i. e.* in lots of dozens.) दर्जन दर्जन करके बंधा हुआ; **Put a notice in** (publish it.) अखबार में छापो; **Rub it in** (so as to penetrate into the body.) रगड़कर सोखाओ; **The coat was in red satin** (*i. e.* the material was red.) लाल साटन का कोट था; **To be in with** (to be on terms of intimacy.) मैत्री रखना; **To cut in half** (to divide into two parts.) दो टुकड़े करना; **Summer is in** (summer has arrived.) गरमी आगई।

Inability–इन्-ऑ-बिल्'-इट्-ई–*n.* want of power or means. असामर्थ्य, अशक्ति, अयोग्यता।

Inaccessibility – इन्- ऑक्-सेस'-सेब्-इल्'-इट्-ई-*n.* impossibility of access. अगम्यता।

Inaccessible–इन्-ऑक्-सेस'-सें-ब्ल-*adj.* unapproachable, not obtainable. अगम्य (गहन) पहुंच के बाहर; **Inaccessibly** (-सिब्-ली) *adj.* unapproachably, in an inaccessible manner. अगम्यता से।

Inaccuracy-इन्-ऑ'-क्यु-रीं-सी-*n.* want of accuracy. अशुद्धता, भूल।

Inaccurate – इन्-ऑक्'-क्यु-रेट् – *adj.* not accurate, erroneous. अशुद्ध, अयथार्थ; **Inaccurately** (-ली) *adv.* in an inaccurate manner, incorrectly. अशुद्धता से, भूल से।

Inaction-इन्-ऑक्'-शन्– *n.* sluggishness, idleness, rest. अनुद्योग, निर्व्यापार, आलस्य।

Inactive– इन्-ऑक्ट्'-इव्– *adj.* intert, not active. निरुद्योग, आलसी; **Inactively** (-ली) *adv.* in an inactive manner. आलस्य से; **Inactivity** (-इट्-ई) *n.* intertness. आलस्य।

Inadaptability–इन् ऑड्-ऑप्ट्-ऑ-बिल्-

इट्-ई-*n*. want of adaptability. अ-विवेक, प्रबन्धहीनता।

Inadequacy-इन्-ऑड्'-इ-क्वीस्-सी-*n*. the quality of being inadequate. अयोग्यता।

Inadequate - इन्-ऑड्'-इ-क्वेट् - *adj*. defective, insufficient, unequal. अयोग्य, असमर्थ, अपर्याप्त; **Inadequately** (-ली) *adv*. in an insufficient manner. अयोग्यता से ; **Inadequateness** (-नेस्) अयोग्यता।

Inadhesive-इन्-ऑड्-ही-सिव्-*adj*.not adhesive. न चपकने योग्य।

Inadmissible- इन्-ऑड्-मिस्'-सि-ब्ल् - *adj*. not proper, that cannot be allowed. अग्राह्य, भरती न होने योग्य ; **Inadmissibly** (-ब्ली) *adv*. in an improper manner. अग्राह्यता से

Inadvertence - इन्-ऑड्-वर्ट्'-ऍन्स् - **Inadvertency** (-ऍन्-सी) *ns*. heedlessness. प्रमाद, भूल।

Inadvertent- इन्-ऑड्-वर्ट्'-एन्ट्-*adj*. heedless, negligent, unintentional. प्रमादी, अनहित, असावधान ; **Inadvertently** (-ली) *adv*. in a heedless manner. प्रमाद (असावधानी) से।

Inaffable-इन्-ऑफ्'-फ़ी-ब्ल्-*adj*. reserved, not social.उदासीनता,असामाजिक.

Inalienability-इन्-एल्'-यॅन्-ऑब्-इल्-इट्-ई-*n*. the quality of being inalienable. अविच्छेद्यता।

Inalienable-इन्-एल्'-यॅन्-ॲ-ब्ल्-*adj*. not alienable. अविच्छेद्य, जो पृथक् न हो सके ; **Inalienably** (-ब्ली) *adv*. in an inalienable manner. अविच्छेद्य भाव से।

Inalterable-इन्-ऑल्'-टर्-ॲ-ब्ल्-*adj*. unalterable. अपरिवर्तनीय (न बदलने लायक); **Inalterably** (-ऑब्-ली) *adv*. in an unalterable manner. बिना परिवर्तन के।

Inane-इन्-एन्'- *adj*. empty, silly, senseless, void. शून्य, मूर्ख, अचेत, छूछा ; **Inanely** (-ली) *adv*. in an empty manner. निःसारता से।

Inanimate-इन्-ऑन्'-इम्-एट्-*adj*.destitude of life, lifeless, dead. प्राणहीन, निर्जीव, मृतक; **Inanimately** (-ली) *adv*. in a lifeless manner. निर्जीविता से।

Inappeasable-इन्-ऑप्-पीज़्'-ॲ-ब्ल्-*adj*. that cannot be appeased. शान्त न होने योग्य।

Inappellable - इन्-ऑप्-पॅल्'-ॲ-ब्ल् - *adj*. not to be appealed against. अपील न होने योग्य।

Inapplicability -इन्-ऑप्'-प्लिक्-ऑब्-इल्'-इट्-ई-*n*. unfitness. अयोग्यता।

Inapplicable- इन्'ऑप्'-प्लिक्-ॲ-ब्ल् - *adj*. not applicable, unsuitable. अयोग्य, अनुचित ; **Inapplicably** (-ली) *adv*. in an unsuitable manner. अयोग्यता से।

Inapposite-इन्-ऑप्'-प्रॉ-ज़िट्-*adj*. out of place. असङ्गत, अयोग्य ; **Inappositely** (-ली) *adv*. in a manner not apposite. असंगति से।

Inapprehensible-इन्'-ऑप्-प्रॅ-हॅन्'-सि-ब्ल्-*adj*. that cannot be understood. अनुपलभ्य, न समझने योग्य।

Inappropriate - इन्'-ऑप्-प्रॉ'-प्रि-एट्-*adj*. not appropriate. असंगत, बेमेल; **Inappropriately** (-ली) *adv*. not suitably, in an inappropriate

manner. अयोग्यता से ; **Inappropriateness** (-नेंस्) *n.* unsuitableness. अयोग्यता ।

Inapt – इन्-ऑप्ट्' – *adj.* unifit, not skilled. अयोग्य, अप्रवीण ; **Inaptitude** (-ऑप्-टि-ट्यूड्) , **Inaptness** (-नेंस्) *ns.* want of aptitude. अयोग्यता, अप्रवीणता । .

Inarch – इन्-आर्च्' – *v. t.* to ingraft. क़लम बाँधना ।

Inarm–इन्-आर्म्' – *v. t.* to embrace. आलिङ्गन करना ।

Inarticulate – इन्'-आर्-टिक्'-यूल्-एट्– *adj.* not spoken distinctly, dumb. अस्पष्ट, गूगा ; **Inarticulately** (-ली) *adv.* in an indistinct manner. अस्पष्टता से; **Inarticulateness** (-नेस) *n.* the quality of being indistinct. अस्पष्टता ।

Inartificial –इन्'-आर्ट्-इफ्-इश्'-ऑल्– *adj.* artless, simple, natural. अकृत्रिम, सहज, स्वाभाविक ; **Inartificially** (-ली) *adv.* in an artless manner. स्वाभाविक रूप से ।

Inartistic – इन्'-आर्ट्-इस्ट्'-इक – *adj.* unskilled in art. कलाकौशल में अप्रवीण; **Inartistically** (-ऑल्-लि) *adv.* crudely. फूहड़पन से ।

Inasmuch–इन्'-ऑज़्-मच्–*adv.* since, because. इससे, चूंकि ।

Inattention – इन्-ऑट्-टेंन्'-शॉन् – *n.* want of attention, heedlessness. उपेक्षा, अनादर ।

Inattentive – इन्-ऑट्-टेंन्ट्'-इव् – *adj.* not attentive. असावधान; **Inattentiveness** (-नेंस) *n.* heedlessness. असावधानी ; **Inattentively** (- ली) *adv.* in an inattentive manner. असावधानी से ।

Inaudibility–see **Inaudible**.

Inaudible–इन्-ऑड्'-इ-ब्ल्–*adj.* that cannot be heard. अकर्णगोचर, जो सुन न पड़े; **Inaudibility** (-इब्-इल्-इट्-ई) *n.* the state of being inaudible. अश्राव्यता ; **Inaudibly** (-ब्ली) *adv.* in an inaudible manner. कर्णगोचर न होते हुए ।

Inaugural–इन्-ऑ'-ग्यूर्-ऑल्-*adj.* pertaining to inauguration. विधि युक्त, आरम्भ सम्बन्धी ।

Inaugurate–इन्-ऑ'-ग्यूर्-एट्–*v. t.* to admit to office with ceremony, to commence formally, to expose to view. विधि पूर्वक अधिकारी बनाना, यथाविधि आरम्भ करना, प्रदर्शन करना ; **Inauguration** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of inaugurating. संस्कार, प्रतिष्ठापन ; **Inauguratory** (-ऑर्-ई) *adj.* pertaining to inauguration. प्रतिष्ठापन सम्बन्धी ।

Inauspicious–इन्'-ऑ-स्पिश्'-अस्–*adj.* unfavourable, unlucky, not ominous. अशुभ, अभाग्य सूचक, अमंगलकारी ; **Inauspiciously** (-ली) *adv.* in an inauspicious manner. अशुभ रूप में; **Inauspiciousness** (-नेंस) *n.* unluckiness. अमङ्गल ।

Inboard – इन्'-बोड्ड् – *adv.* in the deck or board near the centre of a ship. जहाज़ के मध्य के पटरे की ओर ।

Inborn – इन्'-बाड्न्– *adj.* implanted by nature, innate. स्वाभाविक, जन्म से, सहज ।

Inbreathe–इन्-ब्रीद्'–*v. t.* to inhale.

भीतर को श्वास लेना।

Inbred–इन्'-ब्रेड्–*adj*. innate, natural. नैसर्गिक, स्वाभाविक।

Incalculable – इन्-कॅल्'-क्युल्-ऑ-ब्ल्–*adj*. what cannot be reckoned beforehand. अगण्य, अनगिनती; **Incalculably** (-ली) *adv*. beyond calculation. अनगिनती।

Incandesce – इन्-कॅन्-डॅस्'–*v. i. & t.* to glow or cause to glow with heat. उष्णता सहित चमकना या चमकाना; **Incandescence** (-सॅन्स्) *n*. a white heat. परितप्त ज्वाला; **Incandescent** (-सॅन्ट) *adj*. glowing with heat. तेज़ी से चमकनेवाला।

Incantation – इन्-कॅन्-टे'-शॉन् – *n*. spell, charm, enchantment. मंत्र, जादू, टोना; **To use incantations** (to subdue by spells and magic.) मन्त्रों द्वारा वशीभूत करना।

Incapability – इन्-केप्-ॲबि-इल्'-इट्-ई–*n*. incapacity. अयोग्यता, असामर्थ्य।

Incapable–इन्-केप्'-ॲ-ब्ल् – *adj*. not susceptible, incompetent, lacking in ordinary powers. असमर्थ, अयोग्य, अपर्याप्त; **Incapableness** *n*. असामर्थ्य; **Incapably** (-ली) *adv*. in an incapable manner.अयोग्यता से।

Incapacious – इन्-कॅ-पे'-शस्–*adj*. of small content, narrow. अविपुल, संकुचित।

Incapacitate–इन्-कॅ-पॅस्'-सिट्-एट्–*v.t*. to render unfit. अयोग्य करना।

Incapacity–इन्-कॅ-पॅस्'-सिट्-ई–*n*. inability. असामर्थ्य, अयोग्यता।

Incarcerate–इन्-कार्'-सॅर्-एट्–*v. t.* to imprison. क़ैद करना; **Incarceration** (-ए'-शॉन्) *n*. imprisonment. बन्धन, क़ैद; **Incarcerator** (-ए'-टर्) *n*. one who imprisons. क़ैद करनेवाला।

Incarnate–इन्-कार्'-एट्–*adj*. embodied in the human form. मूर्तिमान्, शरीरधारी; *v. t.* (-नेट्') to put into concrete form. अवतार लेना, शरीर धारण करना; **Incarnation** (-ए'-शॉन्) *n*. the act of incarnating. अवतार, शरीरधारण।

Incautious–इन्-कॉ'-शस् – *adj*. rash, heedless, indiscreet. धृष्ट,असावधान, प्रमादी; **Incautiously** (-ली) *adv*. in an indiscreet manner. असावधानी से; **Incautiousness** (-नॅस्) *n*. want of caution. असावधानी।

Incavate–इन्'-कॅव्-एट्–*v.t.* to hollow out. पोला करना;**Incavation**(-ए'-शॉन्) *n*. पोला छिद्र।

Incendiarism–see **Incendiary**.

Incendiary – इन्-सॅन्'-डि-ॲर्-ई–*n. & adj*. one who maliciously sets on fire the property of others, creating strife. आग लगानेवाला, उपद्रव या झगड़ा उठाने वाला; **Incendiarism** (-इज़्म्) *n*. the act of setting fire to a house. गृहदहन।

Incense – इन्'-सॅन्स् – *n*. spices &c. producing sweet scent when burnt, praise, flattery. सुगन्धित धूप, प्रशंसा, झूठी प्रशंसा; *v. t.* (-सॅन्स्') to perfume with incense, to inflame with wrath. धूप देना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Incensory–इन्-सॅन्स्'-ऑर्-ई–*n*. a pot for burning incense. धूपपात्र,धूपदानी।

Incentive – इन्-सॅन्ट्'-इव् – *adj. & n.*

tending to incite, provocation. प्रवर्तक (प्रबोधन), प्रलोभन ।

Inception–इन्-सेंप्'-शॉन्–*n.* a beginning. आरम्भ; **Inceptive** (-टिव्) *adj.* primary. आरम्भ का ; **Inceptor** (-टॉर्) *n.* a beginner. आरम्भ करनेवाला

Incertitude – इन्-सइ'-टिट्-ट्यूड् – *n.* uncertainty. अनिर्णय, अनिश्चय ।

Incessant – इन्-सेंस्'-सॅन्ट्– *adj.* continual, unceasing, uninterrupted. नित्य, सतत, अविछिन्न; **Incessantly** (-ली) *adv.* in an unceasing manner. सर्वदा, निरन्तर ; **Incessantness** (-नॅस्) *n.* the quality of being continual. नित्यता ।

Incest–इन्'–सेंस्ट्–*n.* a sexual intercourse with near relatives. (व्यभिचार), अगम्य गमन; **Incestuous** (-यू-अस्) *adj.* pertaining to incest. ऐसे व्यभिचार का ।

Inch–इन्च् (–श्) – *n.* the twelfth part of a foot, a small degree, a small island. (इन्च) एक फुट का बारहवाँ भाग, अल्प परिमाण, छोटा द्वीप ; **By inches** (in parts.) थोड़ा थोड़ा, टुकड़ा टुकड़ा ; **Cubic inch** (content equal to a cube whose side is one inch.) एक घन इन्च ऊंचा परिमाण ; **Every inch** (completely.) पूरी तरह से ; (*dl.*) stature. ऊचाई ; **To kill by an inch of cold iron** (to kill by thrusting dagger in.) भाला भोंक कर मार डालना ।

Inchoate-इङ्'–को–एट् - *adj.* begun now, not developed. अभी आरम्भ किया हुआ. अपरिपक्व , *v. t.* (–एट्') to begin. आरम्भ करना ; **Inchoation** (–ए'-शॉन्) *n.* a beginning. आरम्भ ।

Incidence–इन्–सिड्'–ॲन्स्–*n.* the act of falling on, scope, extent, range. घटना, काम, विस्तार ।

Incident–इन्'-सिड्-ऍन्ट्–*n.* an event, an occurrence, a piece of action in a play, burden to an estate. वृत्तान्त, प्रसङ्ग, घटना, प्रासङ्गिक कथा, जायदाद पर बारदेन ; **Incidental** (–ऍन्ट्'-ऑल्) *adj.* accidental, unimportant. आकस्मिक, अनावश्यक ; **Incidentally** (-ली) *adv.* in an accidental manner. प्रसङ्गवश, कार्यवश ।

Incinerate–इन्-सिन्'–अर्–एट्–*v. t.* to reduce to ashes. भस्म कर देना ; **Incineration** (–ए'-शॉन्) *n.* reduction to ashes. जलाकर भस्म करने की क्रिया ; **Incinerator** (-ए'-टॉर्) *n.* a cremation furnace. शव भस्म करने की चिता ।

Incipient–इन्-सिप्'-इ-ऍन्ट् – *adj.* beginning to appear. आरम्भ होने वाला; **Incipiently** (-ली) *adv.* in a commencing manner. आरम्भ अवस्था में ।

Incise–इन्-साइज़्'–*v. t.* to engrave. नकाशी करना ; **Incision** (-सिज़्'-ऑन्) *n.* a cut or notch. छेद, कटाव, (घाव); **Incisive** (-साइस्'-इव्) *adj.* having the power of cutting. काटने वाला, (तीखा); **Incisor** (-सिस्'-ऑर्) *n.* a front tooth. आगे का काटने वाला (चौड़ा) दाँत ।

Incitation–see Incite.

Incite–इन् - साइट्'– *v. t.* to urge to action, to stir up or rouse. प्रवृत्त (प्रोत्साहित) करना, उत्तेजित करना, उसकाना ; **Incitation** (–ए'–शान्) ;

Incitement (-मैन्ट) *ns.* motive, stimulant. प्रेरणा, उत्तेजना, (बढ़ावा)

Incivility-इन्'-सिव्-इल्'-इट्-ई-*n.*rudeness, want of courtesy. असभ्यता, अशिष्टता ।

Inclemency - इन्-क्लैम्'-ऍन् - सी - *n.* harshness. रूक्षता, कठोरता ।

Inclement – इन्– क्लैम्'– ऍन्ट – *adj.* severe, cold, stormy (weather). कठोर, तीव्र, प्रचण्ड, (ऋतु) ।

Inclinable–इन्–क्लाइन्'–ऑ-बल्– *adj.* leaning, inclining. झुका हुआ, इष्ट ।

Inclination–इन्–क्लिन्–ए' – शॉन् – *n.* leaning, disposition. झुकाव, प्रवृत्ति, (अभिलाषा, चित्तवृत्ति) ।

Incline–इन्–क्लाइन्'–*v.t.&i.* to bend, to lean, to be disposed. झुकाना, झुकना, इच्छा करना; *n.* a slope. ढालुआ स्थान , **To incline one's ear** (to listen favourably.) ध्यान लगाकर सुनना ; **Inclined** (-ड) *adj.* disposed. झुका हुआ (प्रवृत्त); **Inclinometer** (–क्लिन्–ऑम्'-ऍट्-अर्) *n.* an instrument for determining magnetic inclination. चुम्बक का झुकाव नापने का यन्त्र ।

Inclose–इन्-क्लोज़–same as **Enclose**.

Include–इन्-क्लूड्–*v. t.* to comprise, to comprehend, to treat, to regard. अन्तर्गत करना, समावेश करना, संयुक्त करना, मिलाना; **Included** (-ऍड्) *adj.* contained. अन्तर्गत, सहित ; **Including** (-इङ्ग्) *adv.* accompanying. सहित, साथ ।

Inclusion–इन्–क्लू'-ज़ॉन्– *n.* the act of including. समावेश ।

Inclusive–इन्–क्लू'–सिव् – *adj.* comprising, including. मिलाया हुआ,संयुक्त किया हुआ; **Inclusively** (-ली) *adv.* in an inclusive manner. सम्मिलित रूप में, सहित ; **Inclusiveness** (-नैस्) *n.* comprehensiveness. मेल, संयोग ।

Incogitable इन्-कॉज्'–इट्–ऑ-ब्ल् *adj.* lacking in power of thought. विचारशक्ति शून्य ; **Incogitant** *adj.* thougtless. विचार शून्य ।

Incognito–इन्–कॉग्'–निट्–ओ– *adj.* & *adv.* concealed, unknown, in disguise. प्रच्छन्न, गुप्त, भेष बदले हुए ।

Incognizable–इन्–कॉग्'–निज़्–ऑ-ब्ल्– *adj.* that cannot be recognised by senses or intellect. बुद्धि अथवा इन्द्रियों से न पहिचानने योग्य ।

Incognizant–इन्-कॉग्'-नि-ज़ॉन्ट– *adj.* unconscious. अचेत ।

Incoherence–इन्–को–हिअर्'–ऍन्स्– *n.* incongruity. असङ्गति, असन्दर्भ ।

Incoherent–इन्–को–हिअर्'–ऍन्ट– *adj.* unconnected, inconsistent. असङ्गत, असम्बद्ध (बेमेल) ; **Incoherently** (-ली) *adv.* in an inconsistent manner. बिना मेल के ।

Incohesive–इन्-को-ही'–सिव्–*adj.* not cohesive. असम्बद्ध, मेल न होने योग्य ।

Incombustibility–इन्'-कॉम्-बस्ट्-इब्-इल्'-इट्-ई–*n.* that can resist combustion. अदाह्यता ।

Incombustible–इन्'-कॉम्-बस्ट'-इ-ब्ल्- *adj.* that cannot be consumed by fire. अदाह्य (अग्नि से न जलाने योग्य)

Income–इन्'–कम्-*n.* periodical profits from one's business, lands &c. आय, (धनागम, आमदनी); **Income tax** (a tax on income.) आमदनी

पर राजकीय कर।

Incomer–इन्–कम्-मर्–*n.* an intruder, a successor. प्रवेश करनेवाला, उत्तराधिकारी; **Incoming** (-इङ्ग्) *adj.* coming in, accruing. आने वाली, मिलने वाली।

Incommensurable –इन्'-कॉम्-मॅन्'-स्यूर्–ऑ-ब्ल्–*adj.* having no common measure. अनियमित परिमाण का; **Incommensurably** (-ऑब्-ली) *adv.* not to be measured. ऐसे परिमाण से;

Incommensurate-इन्'-कॉम्-ऍन्'-स्यूर्-ऍट्–*adj.* inadequate. अतुल्य, असमान; **Incommensurateness** (-नॅस्) *n.* the quality of being incommensurable. असमानता।

Incommode – इन्-कॉम्-मोड्'–*v. t.* to trouble, to annoy.पीड़ा देना, क्लेश देना

Incommodious-इन्'-कॉम्-मोड्'-इ-अस्-*adj.* inconvenient, not commodious. (पीड़ाकर) दुःखदायी, अविस्तीर्ण; **Incommodiousness** (-नॅस्) *n.* unsuitableness. अयोग्यता, अविस्तीर्णता।

Incommunicability–see **Incommunicable.**

Incommunicable-इन्'-कॉम्-म्यन्'-इक्-ऑ-ब्ल् – *adj.* that cannot be told or related. अकथनीय, वर्णन न करने योग्य; **Incommunicability** (-ऑब्-इल्'-इट्-ई), **Incommunicableness** (-नॅस्) *ns.* the quality of not being communicable. अकथनीयता; **Incommunicably** (-ब्ली) *adv.* in an incommunicable manner. अकथनीयता से।

Incommunicative-इन्'-कॉम्-म्यून्-इक्–ऑ-टिव् – *adj.* not communicative. भाषणविमुख; **Incommunicatively** (-ली) *adv.* in an incommunicative manner. अकथनीयता से।

Incommutable – इन्'-कॉम्-म्यूट्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* unchangeable.परिवर्तनीय, न बदलने योग्य; **Incommutably** (-ऑब्'-ली) *adv.* without change. न बदलते हुए।

Incompact–इन्'-कॉम्-पॅक्ट् – *adj.* not compact, not solid. असम्बद्ध, ढीला।

Incomparable – इन्-कॉम्'-पॅर्-रॉ-ब्ल्–*adj.* matchless, excellent. अपूर्व (अद्वितीय), अनुपम, अनोखा; **Incomparably** (-ली) *adv.* beyond comparison. अद्वितीय रूप से; **Incomparableness**(-नॅस्) *n.* the quality of being beyond comparison. अपूर्वता।

Incompatibility – इन्-कॉम्-पॅट्'-इब्-इल्'-इट्-ई–*n.* the quality of being discordant. विभिन्नता (अयोग्यता)।

Incompatible – इन्-कॉम्-पाट्'-इ-ब्ल्–*adj.* discordant, inconsistent. असङ्गत, बेमेल।

Incompetence–इन्-कॉम्'-पॅट्-ऍन्स् –*n.* inability. असामर्थ्य, अयोग्यता।

Incompetent–इन्-कॉम्'-पॅट्-ऍन्ट्– *adj.* incapable, not legally qualified. असमर्थ,अयोग्य; **Incompetently** (-ली) *adv.* in an incompetent manner. अयोग्यता से।

Incomplete–इन्'-कॉम्-प्लीट्– *adj.* unfinished, imperfect. अपूर्ण (असमाप्त), खण्डित; **Incompletely** (-ली) *adv.* in an imperfect manner. अपूर्णता से; **Incompleteness** (-नॅस्) *n.* an unfinished condition. अपूर्णता, असमाप्ति।

Incomprehensibility – see Incomprehensible.

Incomprehensible-इन्-कॉम्'-प्रि-हेंन्स्'-ए-ब्ल् – *adj.* not able to be understood, boundless, inconceivable. अचिन्त्य, अगम्य, दुर्बोध (समझ से बाहर); **Incomprehensibility**(-बिल्-इट्-ई), **Incomprehensibleness** (-नेस्) *ns.* incomprehensiveness. अगम्यता; **Incomprehensibly** (-ब्ली) *adv.* in an inconceivable manner. अचिन्त्य रूप से।

Incomprehension-इन्-कॉम्'-प्रि-हेन्'-शन् – *n.* failure to understand. अगम्यता (समझने की अयोग्यता)।

Incomprehensive-इन्-कॉम्'-प्रि-हेंन्स्'-इव् – *adj.* not extensive, limited. परिमित, अप्रशस्त।

Incompressibility-इन्-कॉम्-प्रेस्'-सिब्-इल्'-इट्-ई–*n.* the power of resisting compression. न दबने की शक्ति।

Incompressible-इन्-काम्-प्रेस्'-सि-ब्ल्-*adj.* that cannot be compressed. न सिकोड़ने अथवा दबाने योग्य।

Incomputable–इन्'-कॉम्-प्यूट्'-ऑ-ब्ल्-*adj.* that cannot be computed or calculated. अगण्य, गणना न करने योग्य।

Inconceivability – इन्-कॉन्-सीव्'-ऑ-बिल्-इट्-ई – *n.* the quality of being inconceivable. अज्ञेयता।

Inconceivable-इन्-कॉन्-सीव्'-ऑ-ब्ल् – *adj.* that cannot be imagined, incomprehensible. अकल्पनीय,अचिन्त्य; **Inconceivably** (-ब्ली) *adv.* beyond comprehension. अज्ञेयता से।

Inconclusive–इन्'-कॉन्-क्लू-सिव्-*adj.* not conclusive or convincing. अप्रमाण (अधूरा), अनिर्णायक; **Inconclusively** (-ली) *adv.* in an inconclusive manner. प्रमाण बिना; **Inconclusiveness** (-नेस्) *n.* the state of being inconclusive. अप्रमाणता।

Inconcocted-इन्'-कॉन्-कॉक्ट्'-एड्–*adj.* not fully digested. अच्छी तरह न पचा हुआ।

Incondensable-इन्'-कॉन्-डेंन्स्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* that cannot be condensed. ठोस न करने योग्य।

Incondite–इन्-कॉन्'-डाइट्–*adj.* badly constructed, unpolished. बुरी तरह से रचना किया हुआ, भद्दा।

Inconformity – इन्'-कॉन्-फ़ॉर्म्'-इट्-ई–*n.* dissimilarity. असमानता।

Incongruence– इन्-कॉङ्ग्'-ग्रु-एन्स्–*n.* incongruity. विरोध, अयोग्यता।

Incongruent–इन्'-कॉङ्ग्'-ग्रु-एन्ट्–*adj.* usuitable, not consistent. अयोग्य, अपूर्ण।

Incongruity– see Incongruous.

Incongruous–इन्-कॉङ्ग्'-ग्रु-अस्– *adj.* unsuitable, absurd, out of place. असंगत, असम्बद्ध, बेमेल; **Incongruity** (-ग्रू'-इट्-ई),**Incongruousness**(-नेस्) *ns.* absurdity, unsuitableness. अनुपपत्ति, अयोग्यता; **Incongruously** (-ली) *adv.* in an incongruous manner. विरुद्ध भाव से।

Inconsequent–इन्-कॉन्'-सि-क्वेन्ट्–*adj.* without regular inference; irrelevant, disconnected. अयुक्तिसिद्ध, असङ्गत, अप्रस्तुत; **Inconsequential** (-क्वेन्'-शॅल्) *adj.* not of importance. अयुक्त; **Inconsequentially** (-शॅ-ऑल्-लि), **Inconsequently**

advs. illogically. सिद्धान्त विरोध से।

Inconsiderable – इन्'-कॉन्-सिड्'-अर्-ऑं-ब्ल्–*adj*. of small size or value. छोटे आकार का अथवा कम मूल्य का।

Inconsiderate–इन्'-कॉन्-सिड्'-अर्-एट्-*adj*. thoughtless, rash, careless. अविवेकी, प्रमत्त, असावधान; **Inconsiderately** (-ली) *adv*. in a thoughtless manner. बिना विचारे, प्रमाद से; **Inconsiderateness** (-नैस्) *n*. the state of being rash. असावधानी, प्रमाद

Inconsistency-इन्'-कॉन्-सिस्ट्'-एँन्-सी-*n*. the state of being discordant. असङ्गति, विरोध।

Inconsistent – इन्'-कॉन्-सिस्ट्' - ऍन्ट्–*adj*. discordant, incongruous, incompatible. असङ्गत (असम्बद्ध), परस्पर विरोधी; **Inconsistently** (-ली) *adv*. in an incongruous manner. परस्पर विरोध से।

Inconsolable–इन्'-कॉन्-सोल्'-ऑं-ब्ल्–*adj*. that cannot be consoled or comforted. असन्तोषनीय, शोकाकुल; **Inconsolably** (-ऑं-ब्ली) *adv*. in an inconsolable manner. शोकाकुलता से।

Inconsonant – इन्-कॉन्'- सॉन्-ऑन्ट् – *adj*. not harmonizing, disagreeing, discordant. बेताल, बेसुरा, बेमेल।

Inconspicuous–इन्'-कॉन्-स्पिक्'-यू-अस्–*adj*. not conspicuous, scarcely discernible. अप्रत्यक्ष, ध्यान में न आने योग्य; **Inconspicuousness** (-नॅस्) *n*. the state of being inconspicuous. अप्रत्यक्षता।

Inconstancy – इन्-कॉन्'-स्टॅन्-सी – *n*. fickleness. अस्थिरता, चञ्चलता।

Inconstant–इन्-कॉन्'-स्टॅन्ट्–*adj*. fickle, changeable, irregular. चपल, चञ्चल,अस्थिर; **Inconstantly** (-ली) *adv*. in a fickle manner. अस्थिरता से।

Inconsumable-इन्'-कॉन्-स्यूम्'-ऑं-ब्ल्-*adj*. that cannot be consumed by fire. अग्नि द्वारा भस्म न करने योग्य।

Inconsummate– इन्'-कॉन्-सम्'-मेट् – *adj*. not finished, incomplete. अपूर्ण, असमाप्त।

Incontaminate-इन्-कॉन्-टॅम्'-इन्-एट्-*adj*. flawless, pure. अदूषित, पवित्र।

Incontestable–इन्'-कॉन्-टॅस्ट्'-ऑं-ब्ल्-*adj*. not disputable. निर्विवाद; **Incontestably** (-ऑब्-ली) *adv*. in an indisputable manner. निर्विवाद से।

Incontinence–इन्-कॉन्'-टिन्-ऍन्स् – *n*. lack of self-restraint. असंयम, व्यभिचार

Incontinent–इन्-कॉन्'-टिन्-ऍन्ट् – *adj*. lacking in self-restraint. असंयत, अजितेन्द्रिय।

Inconvenience– इन्-कॉन्-वीन्'- ऍन्स–*n*. want of convenience. असुविधा (आयास); *v. t.* to put to inconvenience, to trouble. असुविधा देना, कष्ट देना

Inconvenient–इन्'- कॉन्-वीन्'-इ-ऍन्ट्–*adj*. not comfortable, troublesome. अनुपयुक्त, कष्टकारक; **Inconveniently** (-ली) *adv*. in an inconvenient manner. असुविधा से।

Inconvertibility – see **Inconvertible**.

Inconvertible–इन्'- कॉन्-वर्ट्-इ-ब्ल्–*adj*. not convertible. न बदलने योग्य; **Inconvertibility** (-इब्-इल्'-इट्-ई) *n*. the quality of being inconvertible. न बदला जाना।

Incoordination – इन्‌-को-ऑड्‌इ'-इन्‌-ए'-शान्‌–*n.* lack of co-ordination. संयोग या मेल का अभाव ।

Incorporate – इन्‌-कॉर्‌'-पॉर्‌-एट्‌ –*adj.* united in a corporation. संयुक्त, एक किया हुआ ; *v. t.* & *i.* (-रेट्‌') to form into a body, to unite into one. इकट्ठा करना, मिलाना, एक जीव होना ; **Incorporation** (-ए'-शान्‌) *n.* an intimate union, the formation of a corporate body. संयोग, संसर्ग, मण्डली; **Incorporator** (-रे'-टार्‌) *n.* one who incorporates. संयोग करनेवाला (संयोजक) ।

Incorporeal-इन्‌ - कॉर्‌-पोर्‌' - इ-ऑल्‌–*adj.* not material, spiritual. अ-शरीरी, आत्मा सम्बन्धी; **Incorporeally** (-ऑ-लि) *adv.* immaterially. बिना शरीर के ; **Incorporeity** (-ई-इट्‌-ई) *n.* immateriality. अशरीरता ।

Incorrect – इन्‌'-कॉर्‌-रेक्ट्‌' – *adj.* improper, inaccurate, faulty. अयोग्य, अशुद्ध, असत्य ; **Incorrectly** (-ली) *adv.* not correctly. अशुद्धता से ; **Incorrectness** (-नेस्‌) *n.* the state of being incorrect. अशुद्धता ।

Insalivate-इन्-सॅल'-इ-वेंट्-*v.t.*to mix with saliva. (भोजन को) लार (थूक) से मिलाना; **Insalivation** (-वें'-शॉन्)

n. mixing of saliva with food. ऐसी मिलावट की क्रिया।

Insalubrious-इन्'-सॅा-ल्यू'-ब्रि-अस्-*adj.* unwholesome unhealthy. अस्वास्थकर, अनारोग्य ; **Insalubrity** (-टी) *n.* want of salubrity. अस्वथ्य।

Insane - इन्-सेॅन्'-*adj.* deranged in mind. भ्रान्तचित्त, पागल; **Insanely** (-ली) *adv.* in an insane manner. पागलपन से ; **Insaneness** (-नैॅस्) *n.* insanity. उन्माद, पागलपन।

Insanity-इन्-सॅान्'-इ-टी-*n.* derangement of mind. उन्माद, पागलपन।

Insatiability-इन् सेॅट्'-इ-ऑ-बिल्'-इ-टी-*n.* the quality of being greedy. अति लोलुपता ; **Insatiably** (-ऑब्-ली) *adv.* with greediness. असन्तोष से।

Insatiable-इम्-सेॅ'-शि-ऑ-ब्ल्-*adj.* not to be satisfied, very greedy. असन्तोषणीय (अतृप्त) अति लोलुप।

Insatiate-इन्-सेॅ'-शि-एट्-*adj.* never satisfied. असन्तुष्ट, अतृप्त।

Inscribable-इन्-स्क्राइब्'-ऑ-ब्ल् - *adj.* that may be inscribed. लिखने योग्य

Inscribe-इन्-स्क्राइब्'-*v. t.* to write, to enter in a list, to make, to draw a figure within another. लिखना, सूची में भरना, बनाना, रेखागणित में एक आकृति के भीतर दूसरी बनाना ; **Inscribed** (-ड्) *adj.* imprinted, engraved. अङ्कित किया हुआ, खोदा हुआ।

Inscription-इन्-स्क्रिप्'-शॉन्-*n.* something inscribed or engraved. लेख, शिलालेख; **Inscriptional** (-ऑल्); **Inscriptive** (-टिव्) *adjs.* pertaining to inscription. ऐसे लेख सम्बन्धी।

Inscrutability-see **Inscrutable**.

Inscrutable-इन्-स्क्रू'-टॅा-ब्ल्-*adj.* that cannot be penetrated, mysterious. अप्रवेश्य, अगाध, दुर्बोध; **Inscrutability** (-बिल्'-इ-टी), **Inscrutableness** (-नैॅस्) *ns* the quality of being inscrutable. दुर्ग्राह्यता ; **Inscrutably** (-टॅाब्-ली) *adv.* to an inscrutable degree. परम गहनता से।

Insect-इन्'-सेॅक्ट्-*n.* a small invertebrate creeping or flying animal, an insignificant creature. कृमि, कीड़ामकोड़ा, तुच्छ प्राणी ; **Insect powder** (a dry powder used for killing fleas and other insects.) कीड़ा मारने की बुकनी।

Insectivora-इन्'-सेॅक्ट्-इ-वॉ'-रॅा-*n. pl.* collection of insects. कृमिसमुदाय ; **Insectivorous** (-टिव्'-ऑ-रस्) *adj.* insect eating. कीटभोजी।

Insectarium-इन्-सेॅक्ट्'-ऍअर्'-इ-अम्-*n.* a place for keeping insects. कीड़े पालने का स्थान।

Insecticide - इन्-सेॅक्ट्'-इ-साइड्- *n.* a killing of insects. कृमि हत्या।

Insectology-इन्-सेॅक्ट्'-ऑल्-ऑ-जी-*n.* the science of insects. कृमिशास्त्र।

Insecure- इन्-सेॅ-क्यूर्' - *adj.* unsafe, not able to give way. सशङ्क, असुरक्षित ; **Insecurity** (-रे-टी) *n.* fear, uncertainty. भय, शङ्का, संशय।

Inseminate-इन्-सेॅम्'-इ-नेट् - *v. t.* to sow seeds. बीज बोना ; **Insemination** (-ने'-शन्) *n.* the sowing of seeds. बोवाई।

Insensibility-इन्-सेॅन्स्'-इ-बिल्'-इ-टी-*n.* lack of feeling, stupidity, unconsciousness. अचेतना, अज्ञान, जड़ता,

मूर्छा।

Insensible–इन्-सैंन्स्'-इ-ब्ल्–*adj.* without sense or feeling. चैतन्यताहीन, (मूर्छित) अचेत; **Insensibly** (-ब्ल्-ली) *adv.* imperceptibly. अलक्ष्य रूप में।

Insensitive–इन्-सैंन्स्'-इ-टिव्–*adj.* not sensitive. अचेतन, स्पर्श का अनुभव न रखनेवाला; **Insensitiveness** (-नैंस्) *n.* the quality of being insensitive. चेतनाशून्यता।

Insentient – इन्-सैंन्'-शि-ऍन्ट – *adj.* lifeless. प्राणहीन, जीवरहित।

Inseparability–see Inseparable.

Inseparable–इन्-सैंप्'-ऑर्-ऑ-ब्ल्–*adj.* that cannot be separated. अविभेद्य, पृथक् न करने योग्य; **Inseparability** (-बिल्'-इ-टी), **Inseparableness** (-नैस्) *ns.* अपृथक्त्व; **Inseparably** (-ऑब्-ली) *adv.* in an inseparable manner. नित्य सम्बन्ध से।

Insert – इन्-सर्ट्' – *v. t.* to place or fit one thing into another, to introduce into. एक पदार्थ में दूसरा बैठाना, भरना; **Insertion** (-सर्'-शॉन्) *n.* a thing inserted, an ornamental needlework inserted into another material. प्रवेशन (जोड़), गोटा, किनारी इत्यादि लगाना।

Inset-इन्'-सैंट-*n.* the extra pages or a map inserted in a book. अधिक पृष्ठ अथवा नक्शे जो पुस्तक में जोड़े हों; *v. t.* (*p.t.* **Insetted**) to implant. इस प्रकार लगाना।

Inshore–इन्'-शोर्-*adv.* near a shore. समुद्र तट के समीप।

Inside–इन्'-साइड्-*n.adj.& adv.* inner portion, interior, situated within. भीतरी भाग, भीतरी, भीतर की ओर; **Insider** (-अर्) *n.* the member of a society. किसी सभा का सदस्य।

Insidious–इन्-सिड्'-इ-अस्– *adj.* crafty, treacherous. कपटी (छली), धूर्त; **Insidiously** (-ली) *adv.* in a treacherous manner. छल (कपट) से; **Insidiousness** (-नैस्) *n.* the quality of being treacherous. कपट।

Insight – इन्'-साइट–*n.* a clear perception into the true nature of a thing. परिज्ञान, निरीक्षण।

Insignia – इन्-सिग्' - नि-ऑ – *n. pl.* badges or distinguishing marks of an office or honour: अधिकार चिह्न, परतला, तगमा इत्यादि।

Insignificance–इन्'-सिग्-निफ्-इ-कॉन्स्-*n.* want of significance. अगौरव, तुच्छता।

Insignificant–इन्'-सिग्-निफ्'-इ-कॉन्ट–*adj.* unimportant, meaningless, trifling. क्षुद्र, निरर्थक, तुच्छ, सत्वहीन; **Insignificantly** (-ली) *adv.* without importance. तुच्छता से।

Insincere – इन्-सिन्-सिअर्'– *adj.* not sincere, hypocritical, false. असत्य, कपटी, कुटिल, झूठा; **Insincerely** (- ली) *adv.* without sincerity. कपट से; **Insincerity** (-सैंर्'-इ-टी) *n.* deceitfulness, hypocrisy. कपट, असत्यता।

Insinuate – इन्-सिन्'-यु-ऍट – *v. t.* to introduce gradually, to instil, to hint indirectly. धीरे धीरे उसकाना, हृदय में बैठाना, इशारा करना; **Insinuatingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an insinuating manner. उसकाते

हुए ; **Insinuation** (-ए'-शॉन्) *n.* फुसलाव, भेद ; **Insinuator** (-ऑर्) *n.* भड़कानेवाला ; **Insinuative** (-इव्) *adj.* उत्तेजित करनेवाला ।

Insipid–इन्-सिप्'-इड्– *adj.* tasteless, lifeless, dull, not interesting. बेस्वाद, निःसत्व, निस्तेज, अरोचक ; **Insipidly** (-ली) *adv.* tastelessly. असारता से, अरोचकता से; **Insipidity** (-पिड्'-इ-टी), **Insipidness** (-नेस्) *ns.* want of taste or spirit. असारता, अस्वादुता ।

Insipient–इन्-सिप्'-इ-ऍन्ट्–*adj.* wanting wisdom. बुद्धिहीन ।

Insist–इन्-सिस्ट्' – *v. i.* & *t.* to dwell long upon, to maintain positively, to urge. आग्रह करना, देर तक झगड़ना, हठ करना ; **Insistence** **Insistency**) सिस्'-टॅन्स् (-सी) *ns.* हठ; **Insistent** (-ऍन्ट्) *adj.* dwelling on. हठी ; **Insistently** (-ऍन्ट्-ली) *adv.* हठपूर्वक ।

Insobriety – इन्-सो-ब्राइ'-ऍ-टी–*n.* intemperance, drunkenness. असंयम, पियक्कड़पन ।

Insolate – इन्-सो-लेट्'–*v. t.* to dry in the sun. धूप में सुखाना ।

Insolation – इन्-सो-लें'-शॉन् – *n.* the process of exposing to sun's rays for bleaching &c. भानुपाक, शुद्ध करने के लिये सूर्य की किरणों के सामने रखना ।

Insolence – इन्'-सो-लॅन्स् – *n.* pride, haughtiness. धृष्टता, अविनय ।

Insolent – इन्'-सो-लॅन्ट्–*adj.* insulting, haughty. उद्धत (धृष्ट) ढीठ ; **Insolently** (-ली) *adv.* in an insolent manner. धृष्टता से ।

Insolubility–see **Insoluble**.

Insoluble–इन्-सॉल्'-यू-ब्ल्–*adj.* that cannot be dissolved in a fluid. न घुलने योग्य ; **Insolubility** (-बिल्'-इ-टी), **Insolubleness** (-नेस्) *ns.* न घुलने का गुण ; **Insolubly** (-ब्ली) *adv.* न घुलते हुए ।

Insolvable – इन्-सॉल्व्'-ॲ-ब्ल् – *adj.* that cannot be explained. व्याख्या न करने योग्य ।

Insolvency – इन्-सॉल्'-वॅन्-सी– *n.* inability to pay debt. दिवाला ।

Insolvent – इन्-सॉल्'-वॅन्ट्–*n.* & *adj.* a debtor who is unable to pay off his debts. निर्धन, दीवालिया ।

Insomnia – इन्-सॉम्'-नि-ॲ–*n.* sleeplessness. निद्रा का अभाव, निद्रा न आना; **Insomnious** (-नि-अस्) *adj.* नींद न आने वाली ।

Insomuch-इन्'-सो-मच्-*adv.* to such an extent, so that.यहां तक,इसलिये कि

Insouciance–इन्-सू'-सि-ऑन्स्– *n.* unconcern. असावधानी ।

Insouciant – इन् - सू'-सि-ऑन्ट – *adj.* careless. असावधान, प्रमत्त ।

Inspan – इन्-स्पॅन्'–*v. t.* to yoke oxen in a cart. गाड़ी में बैलों को जोतना ।

Inspect-इन्-स्पॅक्ट्'-*v.t.*to superintend, to examine in an official manner. निरीक्षण करना, परीक्षा करना, जाँचना; **Inspective** (-इव्) *adj.*निरीक्षण संबंधी।

Inspection – इन्-स्पॅक्'-शॉन् – *n.* the act of inspecting. निरीक्षण, परीक्षा ।

Inspector-इन्-स्पॅक्ट्'-ऑर्-*n.* (*fem.* **Inspectress**) one who inspects, a superintendent. नीरीक्षक, कार्याध्यक्ष ;

Inspectorship (-ऑर्-शिप्) *n.* the office of an inspector. अध्यक्षता ; **Inspectorial** (-टोर्-इ-ऑल) *adj.* pertaining to an inspector. अध्यक्ष सम्बन्धी ; **Inspectorate** (-स्पॅक्'-टॉर्-ऐट) *n.* inspectorship. अध्यक्ष का पद या अधिकार ।

Inspiration–इन्-स्पॅ-रे'-शॉन् – *n.* the inhaling of air, divine influence. उच्छ्वास, (भीतर को साँस खींचना) ईश्वर प्रेरणा, (दैवज्ञान) ; **Inspirational** (-ऑल) *adj.* pertaining to inspiration. दैवज्ञान सम्बन्धी ; **Inspirator** (-टोर्) *n.* an inspiration apparatus. श्वास लेने का यन्त्र ।

Inspire–इन्-स्पायर् – *v. t.* to inhale, to animate, to infuse supernatural element into. श्वास लेना, उत्तेजित करना, दैवी भावना उत्पन्न करना ।

Inspirit–इन्-स्पिर्-इट – *v. t.* to put life into, to encourage. जीव या तेज लाना, उत्साहित करना ; **Inspiriting** (-इङ्ग्) *adj.* encouraging. उत्तेजक, उत्साहक ।

Inspissate – इन्-स्पिस्'-सेंट – *v. t.* to make thick, to condense. गाढ़ा करना, थक्का करना; **Inspissation** (-सें'-शॉन्) *n.* the operation of thickening. गाढ़ा करने की क्रिया ; **Inspissated** (-ऐड्) *adj.* thickened. गाढ़ा किया हुआ ।

Instable–इन्-स्टे'-ब्ल-*adj.*fickle.चंचल; **Instability**-इन्-स्टॅ-बिल्'-इ-टी-*n.* want of stability, fickleness. चञ्चलता, अस्थिरता ।

Install–इन्-स्टॉल'-*v.t.* to place in an office, to invest with customary ceremonies. अधिकार पर नियुक्त करना, संस्कार करना, राजगद्दी पर बैठाना ; **Installation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of installing. राज्याभिषेक, राजगद्दी ; **Installed** (-ड) *adj.* invested with authority. अधिकार प्राप्त, अभिषेक किया हुआ ।

Instalment–इन्-स्टॉल्'-मेंन्ट – *n.* part payment of a sum of money due. ऋणभाग (अंश), किश्त; **By instalments** (in parts.) टुकड़े टुकड़े करके ।

Instance- इन्'-स्टॅन्स्-*n.* an example, a law suit. उदाहरण (दृष्टान्त), मोकद्दमा; *v.t.* to exemplify. दृष्टान्त देना ; **At the instance of** (being solicited or urged by.) प्रेरित होकर, प्रार्थना किये जाने पर; **For instance** (for example.) यथा, उदाहरण की रीति पर ; **In the first instance** (for the first time.) पहिली बार ।

Instancy–इन्'-स्टॅन्-सी – *n.* urgency. आवश्यकता ।

Instant–इन्'-स्टॅन्ट – *n.* precise moment,a day of the current month. क्षण, वर्तमान मास की एक तिथि ; **At that very instant** (on the very moment.) तत्काल ही; **For an instant** (for a moment.) क्षण भर के लिये; **In an instant** (immediately.) क्षणमात्र में ।

Instantaneous–इन्-स्टॅन्-टे'-नि-अस् – *adj.* done in an instant. क्षणिक ; **Instantaneously** (-ली) *adv.* in a moment. उसी क्षण (पलभर) में ; **Instantaneousness** (-नॅस्) *n.* क्षणमात्र ।

Instantly-इन्-स्टॅन्ट'-ली-*adv.* at once.

तुरन्त, झटपट।

Instate - इन्-स्टेट्' - *v. t.* to put in possession, to install. अधिकार देना, पद पर आरोपित करना।

Instead-इन्-स्टेड्' - *adv.* in place of, as a substitute of. स्थान में, बदले में।

Instep-इन्'-स्टेप् - *n.* the upper part of the human foot. मनुष्य के पैर का ऊपरी भाग।

Instigate-इन्'-स्टि-गेट्-*v. t.* to urge, to incite, to provoke for a crime. उत्तेजित करना, उसकाना, अपराध करने के लिये बहकाना; **Instigation** (-गे'-शॉन्) *n.* incitement. प्रोत्साहन; **Instigator** (-गे'-टार्) *n.* one who instigates. उत्तेजक,बहकाने (उभाड़ने) वाला।

Instil-इन्-स्टिल्'-*v.t.* (*p.t.* **Instilled**) to pour in by drops, to infuse gradually. बूंद बूंद करके टपकाना, धीरे धीरे प्रवेश करना।

Instinct-इन्'-स्टिङ्ट्- *n.* the innate propensity in animals, intuition, innate impulse, involuntary promptings for action. प्राणियों की स्वभाविक प्रवृत्ति, सहज ज्ञान, अन्तःप्रेरणा, अन्तर्जात प्रवृत्ति।

Instinctive - इन् - स्टिङ्ट्'-इव् - *adj.* prompted by instinct. स्वाभाविक, स्वभाव से प्रेरित; **Instinctively** (-ली) *adv.* by force of instinct. स्वभाव से, अन्तःप्रवृत्ति से।

Institute-इन्'-स्टिट्-यूट्-*n.* a society, body or organization, (*pl.*) elements of law. संस्था, सभा, नियम,विधि; *v. t.* to establish, to ordain, to found, to set up. स्थापित करना, आरम्भ करना, नींव डालना, प्रचलित करना।

Institution-इन्-स्टिट्-यू'-शन्- *n.* establishment, law, foundation, society. संस्था,विधि,व्यवस्था,सभा (समाज)

Institutor-इन्-स्टिट्-यू'-टार् - *n.* one who founds an order. प्रवर्तक, आरम्भ करनेवाला।

Instruct-इन्-स्ट्रक्ट्'-*v.t.* to teach, to enjoin, to inform, to command, to direct. शिक्षा देना (पढ़ाना), आज्ञा देना, सूचित करना, समझाना।

Instruction-इन्-स्ट्रक्' शॉन्-*n.* teaching, orders. उपदेश (शिक्षा), आज्ञा; **Instructions** (*pl.*) a client's directions to a counsel. वकील को मुकदमे के विषय में समझाना; **Instructional** (-औल्) *adj.* pertaining to instruction. शिक्षा सम्बन्धी।

Instructive-इन्-स्ट्रक्ट् -इव्-*adj.* serving to instruct. उपदेशक, सिखलाने वाला; **Instructively** (-इव्-ली) *adv.* so as to afford instruction. शिक्षा देते हुए; **Instructiveness** (-नेस्) *n.* the quality of being instructive. शिक्षा प्रदान।

Instructor-इन्स्ट्रक्ट्'-आर्-*n.* a teacher. शिक्षक, अध्यापक, गुरु; **Instructress** (-रेस्) *n. fem.* a female teacher. अध्यापिका, गुरुआइन।

Instrument-इन्'-स्ट्रू-मेन्ट्- *n.* a tool or implement, means for a purpose, an agent, a written deed. यन्त्र, औज़ार,निमित्त,साधक,लेख; **Musical instument** (a contrivance for producing musical sounds.) वाद्य, बाजा; **Stringed instrument** (one producing musical sound by the vibration of strings.)तांत या

तार का बाजा ; **Wind instrument** (producing musical sound by blowing air into the pipe &c.) हवा फूँककर बजनेवाला बाजा।

Instrumental-इन्-स्ट्रु-मेंन्'-टॅल्-*adj* as a means to, pertaining to musical instrument, pertaining to the case denoting instrument. कारण (सहायक), निमित्त, बाजे से उत्पन्न, तृतीया विभक्ति; **Instrumentalist** (-इस्ट) *n.* बाजा बजाने वाला ; **Instrumentality** (ऍल्'-इ-टी) *n.* usefulness, conductivity. कारणत्व;साधनत्व ; **Instrumentally** (-टॅल्-लि) *adv.* सहायक की तरह।

Instrumentation-इन्-स्ट्रु-मेंन्ट-ए'-शॉन्-*n.* arranging of music for playing on musical instruments. बाजे पर गाने के लिये गीत का प्रबन्ध।

Insubordinate–इन्'–सब्-ऑड्'इ - इन्-एट्–*adj.* disobedient, unsubmissive. अविनीत, अनाज्ञाकारी; **Insubordination** (-ए'-शॉन्) *n.* disobedience to law. आज्ञाभङ्ग।

Insubstantial –इन्'–सब्-स्टॅन्'–शॅल्–*adj.* lacking in reality, unreal. निःसार (निःसत्व), अवास्तविक।

Insufferable-इन्-सफ्'-फ़र्-ऑ-ब्ल्-*adj.* intolerable, greatly arrogant, conceited. असह्य, अतिधृष्ट, दम्भी।

Insufficiency–इन्'-सफ्-फ़िश्'–ऍन्-सी-*n.* inadequateness, want of sufficiency. अयोग्यता,न्यूनता (हीनता), कमी

Insufficient–इन्'-सफ्-फ़िश्'-ऍन्ट–*adj.* not sufficient, inadequate, incompetent. अपर्याप्त, अयोग्य, अनुचित ; **Insufficiently** (–ली) *adv.* in an insufficient manner. अपूर्णता से

Insufflate-इन्'-सफ्-फ्लेट्-*v.t.* to blow air into. हवा भरना ; **Insufflation** (-फ़्लें'-शॉन्) *n.* the act of breathing upon. वायु भरने की क्रिया।

Insular–इन्'–स्यु–लॅर्–*adj.* pertaining to an island, surrounded by water. द्वीप (टापू) सम्बन्धी, जल से घिरा हुआ; **Insularity** (-रि-टी) *n.* the state of being insular. जल से घिरावट; **Insularly** (-ली) *adv.* in an insular manner. जल से घिरी अवस्था में।

Insulate–इन्'-स्यु-लेट्'–*v. t.* to make into an island, to isolate, to keep apart. टापू बनाना, पृथक् करना, अलग करना ; **Insulated** (-ऍड्) *adj.* separated. पृथक् स्थिति का; **Insulation** (-लें'-शॉन्) *n.* the act of insulating. पृथक्करण; **Insulator** (लें'-टॉर्) *n.* that which insulates, (a non-conductor.) अलगाने वाला।

Insult- इन्'–सल्ट– *n.* an insulting speech, affront, abuse in words or action, indignity. अपमान, मान-भंग, तिरस्कार, अनादर, गालीगलौज़ ; *v. t.* (इन्-सल्ट') to treat with insult, to abuse. अनादर (तिरस्कार) करना, गाली देना; **Insulter** (-अर्) *n.* अपमान करने वाला ; **To add insult to injury**. कटे पर नमक छोड़ना।

Insulting – इन्-सल्ट'–इङ्ग – *adj.* expressing insult. अपमानकारी; **Insultingly** (-इङ्ग्-लो) *adv.* अपमान से।

Insuperability–see **Insuperable**.

Insuperable–इन्-स्यू'-पर्–ऑ–ब्ल्–*adj.* unsurpassable, invincible. दुस्तर (अलंघ्य), अजन्य; **Insuperably** (-ऑब्-

ली) *adv.* दुस्तरता से; **Insuperability** (-ऑ-बिल्'-इ-टी), **Insuperableness** (-नेस) *ns.* insurmountableness. अजेयता, दुस्तरता ।

Insupportable-इन्-सप्-पोर्ट्'-ऑ-ब्ल्-*adj.* unbearable. असह्य, न सहने योग्य; **Insupportably** (-ऑब्-ली) *adv.* to an unbearable degree. असह्यता से ।

Insuppressible-इन्'-सप्-प्रॅस्'-सि-ब्ल्-**Insuppressive** (-इव्) *adjs.* that cannot be suppressed. न दबाने योग्य ।

Insurable इन्-श्योर्'-ऑ-ब्ल् *adj.* fit to be insured. बीमा करने योग्य ।

Insurance-इन्-श्यूर्'-ऑन्स्-*n.* insuring, security against loss by the payment of a certain periodical amount. रक्षा, बीमा; **Life insurance** (the contract for payment of a certain sum of money on a person's death.) जानबीमा ।

Insurant-इन्-श्यूर्'-ऑन्ट्-*n.* a policy holder. बीमा कराने वाला ।

Insure-इन् - श्यूर्' - *v. t.* to secure against loss by the payment of insurance money. नाश के निवारण निमित्त बीमा करना; **Insurer** (-अर्) *n.* one who insures. बीमा करने वाला ।

Insurgency-इन्-सर्'-जेन्-सी - *n.* insurrection. राजद्रोह ।

Insurgent-इन्-सर्'-जेन्ट्-*adj.* & *n.* rising in revolt, a rebel. राजद्रोही, क्षोभकारी ।

Insurmountable-इन्'-सर्-माउन्ट्'-ऑ-ब्ल्-*adj.* unable to be overcome, insuperable. अलंघनीय, अविजेय (न जीतने या दबाने के योग्य); **Insurmountably** (-ऑब्-ली) *adv.* न दबाते हुए ।

Insurrection-इन्'-सर्-रॅक्'-शॉन्-*n.* a revolt, an open rebellion. राजविद्रोह (विप्लव), बलवा; **Insurrectional** (-ऑल्), **Insurrectionary** (-ऑ-रि) *adjs.* pertaining to rebellion. बलवाई; **Insurrectionist** (-इस्ट्) *n.* one who revolts. राजविद्रोही ।

Insusceptibility - इन्'-सस्-सॅप्'-टि-बिल् -इ-टी-*n.* absence of susceptibility. प्रभाव न पड़ने की योग्यता ।

Insusceptible - इन्-सस्-सॅप्'-टि-ब्ल्-*adj.* not susceptible, not able to be moved or affected. विकारहीन, प्रभाव न पड़ने योग्य ।

Intact - इन्'-टॅक्ट्'- *adj.* uninjured, entire, unimpaired. अखण्ड (अभेद्य), बिना टूटा फूटा; **Intactable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* not perceptible by touch. स्पर्श से अज्ञात ।

Intaglio-इन्-टॅल्'-यो-*n.* an engraved design. नकाशी का काम ।

Intake-इन्'-टेक्-*n.* inlet of a pipe नली का प्रवेश मार्ग ।

Intangibility-इन्-टॅन्'-जि-बिल्'-इ-टी-**Intangibleness** (-नेस्) *ns.* the quality of being intangible. अस्पृश्यता ।

Intangible-इन्-टॅन्'-जि-ब्ल्-*adj.* that cannot be touched, that cannot be grasped by the mind. अस्पृश्य, अविचारणीय; **Intangibly** (-जिब्'-ली) *adv.* स्पर्श न करते हुए ।

Integer-इन्'-टि-जर्-*n.* a whole or undivided number, a thing complete in itself. पूर्णाङ्क (अभिन्न अङ्क), पूर्ण संख्या ।

Integral-इन्-टॅग्'-ग्रॉल्-*adj.* complete, whole, entire. सम्पूर्ण, समस्त, पूरा;

Integrally (-ग्रील्-लि) *adv.* completely, entirely. पूर्ण संख्या में।

Integrant-इन्'-टॅ-ग्रीन्ट्-*adj.* making part of a whole. पूर्ण संख्या का अंश करता हुआ।

Integrate-इन्'-टॅ ग्रेट्'-*adj.* made up of parts. अंशों (टुकड़ों) का बना हुआ; *v. t.* (ग्रेट्') to make entire. पूर्ण-संख्या में करना. **Integration** (ग्रे'-शन्) *n.* the act of integrating. जोड़; **Integrator** (-ग्रे'-टार्) *n.* that which completes. पूर्ण करने वाला।

Integrity – इन्-टॅग्'-रॅ-टी – *n.* wholesomeness, honesty, soundness, purity. पूर्णता, सचाई, स्थिरता, पवित्रता।

Integument–इन्-टॅग्'-यू-मॅन्ट-*n.* skin, husk, outer-covering. छाल, छिलका, आवरण; **Integumentary** (-मॅन्'-टॅ रि) *adj.* belonging to outer covering. आवरण सम्बन्धी।

Intellect-इन्'-टॅल्-लॅक्ट-*n.* the faculty of thinking, understanding. बुद्धि, ज्ञान (समझ); **Intellection** (-लॅक्'-शन्) *n.* the process of understanding. समझाने की विधि या क्रिया; **Intellective** (-इव्) *adj.* perceptible by intellect. बुद्धि से ज्ञात; **Intellectively** (-ली) *n. adj.* बुद्धिमानी से।

Intellectual-इन्-टॅल् लॅक्ट'-यू-ऑल्-*adj.* appreciated by intellect. मानसिक, बुद्धि सम्बन्धी; **Intellectuality** (-ऑल'-इ-टी) *n.* intellectual power. बुद्धि; **Intellectually** (-यू-ऑ-लि) *adv.* by means of understanding. बुद्धिपूर्वक; **Intellectualism** (-यू-ऑल्-इज़्म्) *n.* the theory which discovers intellectual forms in all knowledge. यह सिद्धान्त कि बुद्धि शुद्ध अनुमान से ही प्राप्त होता है।

Intelligence–इन् टॅल्'-लि-जॅन्स्–*n.* intellect, sagacity, information, notice, news. बुद्धि, ज्ञान, चतुराई, वृत्तान्त, समाचार।

Intelligent-इन्-टॅल्'-लि-जॅन्ट-*adj.* quick to learn, skilled, well-informed. बुद्धिमान, चतुर (निपुण), सुबोध; **Intelligently** (-ली) *adv.* बुद्धिमानी से।

Intelligibility–इन् टॅल्'-लॅ-जि-बिल्'-इ-टी-*n.* the quality of being intelligible. बुद्धिमानी

Intelligible–इन्-टॅल्'-लॅ-जि–बल् – *adj.* comprehensible, that can be apprehended by the intellect. सुबोध, समझने योग्य; **Intelligibly** (जिब्'-ली) *adv.* बुद्धिमानी से, स्पष्ट रूप से; **Intelligibleness** (-नॅस्) *n.* बुद्धिमानी

Intemperance-इन् टॅम्'-पर्-ऑन्स् – *n.* want of moderation. असमर्थ, मद्यपान।

Intemperate–इन् टॅम्'–पर्-एट्' – *adj.* immoderate, excessive in appetite, addicted to drinking. असयमी, अतिभोगी, पियक्कड़; **Intemperately** (-ली) *adv.* असंयम से।

Intend-इन् टॅन्ड्' – *v. t.* to purpose, to destine, to mean. अभिप्राय होना, उद्देश्य रखना, अर्थ रखना; **Intendment** (-मॅन्ट) *n.* the true meaning of a legal instrument. शास्त्रानुसार शुद्ध अर्थ

Intense – इन् टॅन्स्' – *adj.* of a high degree, eager, keen. प्रचण्ड, तीव्र, अत्यन्त; **Intensely** (-ली) *adv.* to an intense degree. तीव्रता से, उत्तेजना से; **Intenseness** (-नॅस्) *n.* the state of being intense. तीव्रता।

Intensify-इन्-टेंन्'-सि-फ़ाइ'-*v.t.* (*p. t.* **Intensified**) to make more intense. तीव्र करना, बढ़ाना; **Intensifier** (-अर्) बढ़ाने वाला।

Intensity-इन्-टेंन्'-सि-टी-*n.* the state of being intense. अत्यन्तता, तीव्रता।

Intention-इन्-टेंन्'-शन् - *n.* design, purpose, aim. अभिप्राय, आशय (इच्छा, विचार; **Intentional** (-औंल्) *adj.* done with some purpose. इच्छानुरूप; **Intentionally** (-औंल्-लि) *adv.* by design. इच्छापूर्वक।

Intensive-इन्-टेंन्'-सिव्-*adj.* producing intensity, giving force. वृद्धि करनेवाला, प्रभाव डालनेवाला; **Intensively** (-ली) *adv.* in an intensive manner. बल पूर्वक, अधिकता से।

Intent-इन्-टेंन्ट'-*n.* intension, aim, purpose. अभिलाषा, इच्छा, निमित्त; *adj.* earnest, eager, resolved. उत्सुक, तत्पर, व्यापृत, व्यग्र, (लवलीन); **To all intents and purposes** (in all senses.) सर्वथा; **Intently** (-ली) *adv.* earnestly. निष्ठापूर्वक, एकाग्रचित्त होकर।

Inter-इन'-टर्-*v.t.* (*p. t.* **Interred**) to deposit in earth, to entomb. गाड़ना, दफ़नाना; *prep.* between. बीच में

Inter-इन्'-टर्-*pref.* expressing mutual relation. परस्पर सम्बन्ध सूचक उपसर्ग; यथा-**Interconnect, Intertwist.** इत्यादि।

Interact-इन्'-टर्-ऐक्ट्-*n.* interlude of a play. नाटक का विष्कम्भक; **Interaction** (-ऐक्'-शन्) *n.* reciprocal action. परस्पर सम्बन्ध का कार्य; **Interactive** (-ऐक्ट'-इव्) *adj.* interacting. विष्कम्भक सम्बन्धी।

Interblend - इन्'-टर्-ब्लेंन्ड'-*v. t.* to blend with each other. परस्पर मिलना

Interbreed-इन्'-टर्-ब्रीड्'-*v.t.* to cross breed different species of animals. भिन्न जाति के पशुओं का जोड़ा मिलाना

Intercalary-इन्-टर्'-कॉ-लॅं-री-*adj* interpolated. पाठान्तर; **Intercalary month** (the extra month in an year.) अधिकमास।

Intercalate-इन्-टर्'-कॉ-लेंट् - *v. t.* to insert a day in calendar. महीने में एक दिन बढ़ाना; **Intercalation** (-लें'-शॉन्) *n.* इस प्रकार की वृद्धि।

Intercede-इन्'-टर्-सीड्'-*v. t. & i.* to act for another, to plead. मध्यस्थ (बिचवई) होना, दूसरे के लिये प्रार्थना करना; **Interceder** (-अर्) *n.* one who intercedes. मध्यस्थ, बिचवई।

Intercept-इन्-टर्-सेंप्ट्'-*v.t.* to check, to stop, to cut off. अवरोध करना, रोकना, काटकर अलग करना; **Intercepter** (-अर्) *n.* one who checks. विघ्न करनेवाला; **Interception** (-सेंप्'-शॉन्) *n.* obstruction, hindrance. अवरोध, (विघ्न) रुकावट; **Interceptive** (-इव्) *adj.* obstructing. विघ्नकारक।

Intercession - इन्'-टर्-सेंश्'-ऑन् - *n.* mediation for reconciliation. मेल कराने के लिये मध्यस्थ बनाना; **Intercessor** (-सेंस्'-सार्) *n.* one who goes between. मध्यस्थ, पंच।

Interchange-इन्'-टर्-चेंअन्ज्'-*v. t.* to exchange with each other, to alternate. परस्पर बदलना, लेनदेन करना; **Interchangeability** (-ऐं-बिल्'-इ-टी) *n.* अदल बदल; **Interchangeable** (-ऐं-ब्ल) *adj.* परस्पर

बदलने योग्य; **Interchangeableness** (-नेस्) *n.* the state of being interchangeable. फेराफारी।

Intercolonial-इन्'-टर्-कॉ-लो'-नि-ऑल्-*adj.* existing between different colonies. भिन्न प्रदेशों में रहनेवाला।

Intercommunicate-इन्'-टर्-कॉम्-म्यू-नि-केट्-*v. i.* to have mutual communication or intercourse. आपस में व्यवहार रखना; **Intercommunication** (-के'-शोन्) *n.* reciprocal communication. अन्योन्य व्यवहार।

Intercommunion-इन्'-टर्-कॉम्-म्यून्'-यॉन्-*n.* mutual relation. अन्योन्य सम्बन्ध, आपस का मेल; **Intercommunity** (-म्यू'-नि-टी) *n.* having things in common.समानता;**Intercommunication** (-नि-के'-शॉन्) *n.* reciprocal communication. परस्पर व्यवहार, मेलजोल।

Intercostal – इन् - टर् - कॉस्' - टॅल् - *adj.* between the ribs. पसुलियों के बीच का।

Intercourse-इन्'-टर्-कोर्स्-*n.* a social communion, commercial communication, familiarity. अन्योन्य संसर्ग, समागम, व्यवहारिक लेनदेन, मेलजोल; **Sexual intercourse** (sexual connection.) मैथुन; **Social intercourse.** लौकिक व्यवहार।

Intercurrence-इन्'-टर्-कर्'-ऍन्स्-*n.* a passing between.बीच में होनेवाली घटना

Intercurrent- इन्'-टर्-कर्-रॅन्ट्- *adj.* recurring at intervals. ठहर ठहर (रुक रुक) कर होनेवाली।

Interdependence - इन्'-टर्-डि-पॅन्'-डॅन्स्-*n.* mutual dependence. अन्योन्य आश्रय।

Interdepend-इन्'-टर्-डि-पॅन्ड्'-*v.i.* to depend on each other.परस्पर आश्रयभूत होना या सहारा रखना; **Interdependent** (-ऍन्ट्) *adj.* mutually dependent. परस्पर भरोसा,रखनेवाला; **Interdependently** (-ली) *adv.* अन्योन्य आश्रय से।

Interdict- इन्'-टर्-डिक्ट् - *n.* injunction, prohibition. निषेध, रुकावट; *v.t.* to prohibit, to forbid. निषेध करना, रोकना; **Interdiction** (-डिक्'-शॉन्) *n.* prohibition, obstruction. अवरोध (निषेध), रुकावट; **Interdictory** (-टॉर्-ई) *n.* prohibitory. निषेध करनेवाला

Interest-इन्'-टर्-ऍस्ट्- *n.* profit, advantage, concern, welfare, money paid for a sum lent, excitement of feeling. लाभ, कौतुक, सुविधा, हित (कल्याण), सूद, उत्तेजना; *v. t.* to awaken concern in, to excite emotion. कौतुक उत्पन्न करना, चित्त आकर्षित करना; **Compound interest** (interest on the principal and added interest thereon.) चक्रवृद्धि ब्याज, दरसूद; **One's own interest** (advantage.) स्वार्थदृष्टि; **Simple interest** (interest on the principal only.) सामान्य ब्याज।

Interested-इन्'-टर्-ऍस्ट्'-एड्-*adj.* having interest,excited. पक्षपाती, स्वार्थी।

Interesting-इन्'-टर्-ऍस्ट्'-इङ्ग् – *adj.* exciting emotions, engaging interest. चित्तरञ्जक (रोचक), मनभावना; **Interestingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an interesting manner. रोचकता से।

Interfere-इन्'-टर्-फ़िअर्'-*v.t.* to come

into collision, to meddle, to intervene. टकराना, विरोध करना, विघ्न डालना, बीच में आ जाना; **Interference** (-ऍन्स्) *n.* interposition. अन्तराय, विघ्न ; **Interferer** (-अर्) *adj.* विघ्न करने वाला ; **Interfering** (-इङ्ग्) *adj.* meddling. विघ्न डालने वाला ।

Interfluent – इन्-टर्'-फ्लु-ऍन्ट् – *adj.* flowing into each other. मध्यस्रावी, एक में एक बहने वाला ।

Interfuse–इन्-टर्-फ्यूज़्'–*v. t.* to blend or mix. together. परस्पर मिलाना ; **Interfusion** (-फ्यू'-ज़ान्) *n.* interfused condition. आपस की मिलावट ।

Intergrowth–इन्'-टर्-ग्रोथ्'-*n.* a growing together. एक साथ उत्पत्ति (उपज) ।

Interim–इन्'-टर्-इम्–*n.* intervening moment. मध्यकाल; *adv.* meanwhile. बीच का ।

Interior–इन्-टिअर्'-इ-ऑर्–*adj.* internal, inward. अन्तस्थ, भीतरी ; *n.* the inner part. मध्य भाग ।

Interjacent–इन्-टर्-जे'-सॅन्ट्– *adj.* intermediate. मध्य का, बिचला ।

Interject–इन्-टर्-जॅक्ट्'–*v.t.* to throw between. बीच में फेंकना ।

Interjection–इन्-टर्-जॅक्'-शॉन्–*n.* exclamation. विस्मयादिबोधक शब्द ; **Interjectional** (-शॉन्-ऑल्) *adj.* उद्गार सम्बन्धी ; **Interjectionally** (-ऑल्-लि) *adv.* उद्गार से ।

Interlace–इन्-टर्-लेस्'– *v. t.* to entangle, to interweave, to mingle together. फँसाना, गुथना, मिलाना; **Interlacement** (-मॅन्ट्) *n.* an intermixture. मिलावट ।

Interlard–इन्'-टर्-लॉर्ड्'–*v. t.* to mix with foreign words. (लेख इत्यादि को) परदेशी शब्दों से भरना ।

Interlay–इन्-टर्-ले'–*v. t.* (*p.t.* laid) to place between. बीच में रखना ।

Interleaf–इन्'-टर्-लीफ़्–*n.* (*pl.* **Interleaves**) an extra leaf inserted between two leaves of a book. पुस्तक के पत्रों के बीच में भरा हुआ नया पत्र ; **Interleave** (-लीव्') *v.t.* to insert a blank leaf in a book. इस प्रकार से पत्र भरना।

Interline–इन्'-टर्-लाइन्'–*v. t.* to insert words between two lines. दो पंक्तियों के बीच में शब्द भरना; **Interlinear** (-लिन्-इ-ऑर्) *adj.* written between lines. पंक्तियों के बीच में लिखा हुआ ; **Interlineation** (-लिन्-इ-ए'-शॉन्) *n.* the act of interlining. इस प्रकार की भरावट ।

Interlock–इन्'-टर्-लॉक्'–*v. t.* & *i.* to engage or clasp with each other. एक दूसरे में गुथना, आपस में गुथ जाना, आलिङ्गन करना ।

Interlocution–इन्'-लो-क्यू'-शॉन् – *n.* the act of taking part in a conversation. सम्भाषण, परस्पर वार्तालाप ।

Interlocutor– इन्'टर्-लो-क्यू-टॉर् – *n.* one who speaks in a dialogue. सम्भाषण करनेवाला, प्रत्युत्तर देनेवाला; **Interlocutress** (-ट्रॅस्), **Interlocutrix** (-ट्रिक्स्) *ns.fem.* a woman interlocutor. सम्भाषण करनेवाली ।

Interlocutory–इन्'-टर्-लो-क्यु'-टॉर्-ई-*adj.* consisting of dialogue. परस्पर सम्भाषण सम्बन्धी ।

Interlope–इन्-टर्-लोप्'–*v. i.* to intrude. बिना अधिकार के प्रवेश करना ; **Interloper** (-अर्) *n.* an intruder.

बिना अधिकार प्रवेश करनेवाला।

Interlude - इन्'-टर्-ल्यूड् - *n.* pause between the acts of a play. नाटक के अङ्कों के बीच का विष्कम्भक।

Intermarriage-इन्'-टर्-मॅर्'-रिज् -*n.* reciprocal marriage between members of different families. विजातीय विवाह।

Intermarry-इन्'-टर्-मॅर्'-री-*v.i.* (*p.t.* **Intermarried**) to become connected by marriage. विजातीय से विवाह करना।

Intermeddle-इन्'-टर्-मॅड्'-इल्-*v.i.*to interfere in the affairs of others. दूसरे के कार्य में विघ्न डालना; **Intermeddler** (-अर्) *n.*one who intermeddles.दूसरे के कार्य में विघ्न डालनेवाला

Intermediary-इन्'-टर्-मी'-डि-अी-रि-*adj.* & *n.* mediatory, intermediate, one who acts between two parties. मध्यवर्ती, पञ्च, मध्यस्थ।

Intermediate-इन्-टर्-मी'-डि-एट्-*adj.* & *n.* coming between, intervening. मध्यस्थित, बिचवई, बीच का; **Intermediately** (-ली) *adv.* in an intermediate manner. बीच में; **Intermediation** (-ए'-शॉन्) *n.* intervention. मध्यस्थ होना; **Intermediator** (-ए'-टॉर्) *n.* one who intermediates. मध्यस्थ, बिचवई।

Intermedium-इन्-टर्-मी'-डि-अम्- *n.* (*pl.***Intermedia,Intermediums**) intermediate space. मध्य स्थान।

Interment - इन्-टर्'-मॅन्ट्-*n.* burial, act of interring. मुर्दा गाड़ना (दफ़न करना)।

Intermigration-इन्'-टर्-मि-ग्रे'-शॉन्-*n.* reciprocal migration. दो प्रदेश के निवासियों का परस्पर स्थान बदलना।

Interminable - इन्-टर्'-मिन्-ऑ-ब्ल्-*adj.* endless, infinite, extremely long. अनन्त, अनवरत, सुदीर्घ (बहुत लंबा); **Interminableness** (-नॅस्)*n.* the state of being infinite. सुदीर्घता; **Interminably** (-ऑब्-ली) *adv.* without limit. अनन्तता से।

Intermingle-इन्'-टर्-मिङ्ग्'-गल्-*v. t.* & *i.* to mix together, to mingle. सम्मिलित होना, मिलाना।

Intermission - इन्'-टर्-मिश्'-शॉन्-*n.* a temporary pause or cessation. क्षणिक विराम, रुकावट।

Intermit-इन्'-टर्-मिट्'-*v.t.* & *i.* (*p t.* **Intermitted**) to cease for a time, to suspend, to discontinue. कुछ काल के लिये छोड़ना या रुकना, ठमकना; **Intermittence** (-टॅन्स्) *n.* discontinuation for a time. क्षणिक रुकावट।

Intermittent - इन्-टर्-मिट्'-टॅन्ट् - *n.* ceasing at intervals. पारी से आनेवाला, अँतरिया (ज्वर), **Intermittently** (- ली) *adv.* in an intermittent manner. पारी पारी से।

Intermix-इन्'-टर्-मिक्स्'-*v.t.* & *i.* to mix together. मिलना, मिलाना; **Intermixture** (-ट्यूर्) *n.* admixture. मिश्रण, मिलावट।

Intern - इन्-टर्न्'-*v. t.* to oblige to reside within fixed limits. नियमित स्थान में रहने देना; **Internee** (-ई) *n.* one who interns. इस प्रकार से रखनेवाला; **Internment** (-मॅन्ट) *n.* a restraint for safe custody.

लड़ाई के क़ैदियों को एक स्थान में रखना।

Internal - इन्-टर्न्-ऑल - *adj.* & *n.* situated in the inside, intrinsic, inward. आन्तरिक, गर्भस्थ, भीतरी; **Internality** (-नॅल्-इ-टी) *n.* an internal condition. अन्तस्थता; **Internally** (-ली) *adv.* inwardly. भीतरी ओर।

International - इन्-टर्-नॅश्-ऑन्-ऑल - *adj.* relating to the relations existing between two or more nations. अन्तर्राष्ट्रीय; **Internationalist** (-इस्ट) *n.* one who preaches the principle of internationalism. परस्पर व्यवहार के सिद्धान्त का प्रचारक; **Internationalize** (-आइज़) *v.t.* to make international. किसी भिन्न प्रदेश की जाति को संबद्ध करना।

Internecine - इन्-टर्-नी-साइन् - *adj.* mutually destructive. परस्पर नाश करनेवाला।

Internee, Internment-see **Intern**.

Interosculate-इन्-टर्-आस्-क्यू-लेट - *v.t.* to intermingle. परस्पर मेल करना।

Interpage-इन्-टर्-पेज् -*v.t.* to insert a leaf between pages of a book. किसी पुस्तक के पृष्ठों के बीच में पत्र जोड़ना।

Interpenetrate - इन्-टर्-पेन्-इ-ट्रेट- *v.t.* to penetrate reciprocally. एक दूसरे के भीतर घुसाना; **Interpenetration**(-ट्रे-शन्) *n.* mutual penetration. अन्तर प्रवेश।

Interplay-इन्-टर्-प्ले-*n.* the operation of two things on one another. दो पदार्थों की परस्पर क्रिया।

Interplead - इन्-टर्-प्लीड् - *v. i.* to litigate between two parties for settling a point concerning a third party. दो मनुष्यों का परस्पर ऐसी मुक़दमेबाज़ी करना जिसमें तृतीय व्यक्ति का कोई विषय स्थिर होता हो; **Interpleader** (-अर्) *n.* one who interpleads., ऐसी बहस करनेवाला।

Interpolate-इन्-टर्-पो-लेट - *v. t.* to introduce a spurious matter in a book. कपट से क्षेपक भर देना; **Interpolation** (-लें-शन्) *n.* the act of interpolating something. क्षेपक भरने का कार्य; **Interpolator** (-टार्) *n.* one who interpolates. क्षेपक भरने वाला।

Interpose-इन्-टर्-पोज़्-*v.t.&i.* to intervene, to insert, to make interruption. व्यवधान करना, बीच में डालना विघ्न करना; **Interposer** (-अर्) *n.* one who interposes. मध्यस्थायी, बिचवई; **Interposition** (-पो-ज़िश्-ऑन्) *n.* intervention, mediation. व्यवधान, मध्यस्थता

Interpret-इन्-टर्-प्रेट-*v.t.* (*p.t.* **Interpreted**) to translate or explain the meanings of. भाषान्तर में वर्णन (उल्था) करना, व्याख्या करना; **Interpretable** (-ऑ-बल्); **Interpretative** (-ऑ-टिव्) *adjs.* that may be interpreted. व्याख्या करने योग्य; **Interpretation** (-ए-शन्) *n.* the act of interpreting. व्याख्या; **Interpreter** (-अर्) *n.* one who interprets. व्याख्या करनेवाला; **Interpretress** (-ट्रेस्) *n. fem.* a female interpreter. व्याख्या करनेवाली।

Interregnum-इन्-टर्-रेग्-नम्-*n. p.*

Interregnums, Interregna) the time during which a state has no normal sovereign. अराजकत्व (राजगद्दी का खाली रहना)।

Interrelation–इन्'-टर्-रि-लें'-शॉन्–*n.* mutual relation. परस्पर सम्बन्ध; **Interrelationship** (-शिप्) *n.* the state of being interrelated. परस्पर सम्बन्ध की अवस्था।

Interrogate-इन्-टॅर्'-रो-गेट्-*v.t.* to ask questions. प्रश्न करना (पूछना)।

Interrogation–इन्-टॅर्-रो-गे'-शान्–*n.* a question put. प्रश्न, पूछपाछ; **Note of interrogation** (a note that marks a question.) प्रश्न चिह्न (?)

Interrogative-इन्-टॅ-रॉग्'-ऑ-टिव्-*adj.* denoting a question. प्रश्नार्थक, प्रश्नवाचक; **Interrogatively** (-टिव्-ली) *adv.* in the form of a question. प्रश्नरूप में।

nterrogator–इन्-टॅर्-रो-गेट्'-ऑर्–*n.* a questioner. प्रश्न पूछने वाला; **Interrogatory** (-ई) *adj.* denoting a question. प्रश्नार्थक।

Interrupt–इन्'-टर्-रप्ट्'–*v.t.* to break continuity, to obstruct, to hinder. विघ्न करना, रोकना, छेंकना; **Interrupted** (-टॅड्) *adj.* intermitted. रुका हुआ, विघ्न किया हुआ; **Interruptedly** (-टॅड्-ली) *adv.* with interruptions. विघ्न रूप में; **Interrupter** (-अर्) *n.* one who interrupts. विघ्न करने वाला; **Interruption** (-रप्'-शॉन्) *n.* hindrance. विघ्न, रुकावट।

Intersect–इन्-टर्-सेक्ट्'–*v. t. & i.* to divide into parts, to cut or cross each other. दो टुकड़े करना, एक दूसरे को काटना।

Intersection–इन्-टर्-सेक्'–शॉन्–*n.* the act of intersecting. कटाव; **Intersectional** (-ऑल्) *adj.* pertaining to intersection. कटाव सम्बन्धी।

Intersperse–इन्-टर्-स्पर्स्'–*v. t.* to scatter, to place from one place to the other. इधर उधर फेंकना, छितराना; **Interspersion** (-स्पर्'-शॉन्) *n.* the act of interspersing. छितराव।

Interstice–इन्-टर्'-स्टिस्–*n.* an intervening space, a crevice. बीच का स्थान, छिद्र; **Interstitial** (-स्टिश्'-ऑल्) *adj.* pertaining to interstices. मध्य का, बीच का।

Intertwine–इन्-टर्-ट्वाइन्'–*v. t. & i.* to entwine or become twisted. (गूथना) बटना, लपेटना; **Intertwinement** (-मेन्ट्) *n.* the act of twisting. गूथन, लपेट।

Interval–इन्'-टर्-वॅल्–*n.* intervening space or time, pause, a gap. अन्तर, व्यवधान, अवकाश; **Without intervals** (continually.) निरन्तर, लगातार।

Intervene-इन्-टर्-वीन्'–*v. t.* to come in between, to interfere. बीच में आना, विघ्न करना; **Intervener** (-अर्) *n.* one who intervenes. व्यवधान करने वाला; **Intervening** (-इङ्ग्) *adj.* lying between. मध्यस्थित, मध्यवर्ती।

Intervention–इन्-टर्-वेंन्'–शॉन्–*n.* mediation, interposition. व्यवधान, मध्यस्थता, बिचवई।

Interview–इन्'-टर्-व्यू–*n.* a formal meeting, a conference. समागम,

भेंट; **Interviewer** (-अर्) *n.* one who interviews. (समागम या) भेंट करने वाला।

Intervolve – इन्'-टर्-वॉल्व्' – *v. t.* to roll up with each other. एक में दूसरा लपेटना।

Interweave–इन्'-टर्-वीव्'–*v. t.* to interlace, to set together. मिलाकर जोड़ना, आपस में गुथना।

Intestable–इन्-टेस्ट्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* not able to make a will. मृत्युलेख न लिखने योग्य।

Intestate–इन्-टेस्'-टेट्–*adj.* & *n.* one who has not made a will. जिसने मृत्युलेख (वसीयतनामा) न लिखा हो।

Intestinal–see **Intestine**.

Intestine–इन्-टेस्ट्'-इन् – *n.* the lower part of alimentary canal. अन्त्र, अतड़ी; *adj.* domestic, internal. स्वदेशी, भीतरी, घरेलू; **Intestinal** (-ऑल्) *adj.* pertaining to the intestines. आँत सम्बन्धी।

Intimacy-इन्-टि'-मॉं-सी-*n.*friendship, close familiarity. मैत्री, दृढ़ परिचय।

Intimate – इन्'-टि-मेट् – *adj.* closely acquainted, familiar, essential. आत्मीय, सुपरिचित, आवश्यक।

Intimate – इन्-टि-मेट्'–*v. t.* to make known, to hint. सूचना देना, सन्देश पहुंचना; **Intimately** (-ली) *adv.* in an intimate manner. मित्रभाव से।

Intimation–इन्-टि-मे'-शॉन्-*n.* a hint, an announcement. सूचना, सन्देश।

Intimidate – इन्-टिम्'-इ-डेट्– *v. t.* to create fear, to frighten. डराना, डपटना (धमकाना); **Intimidation** (-डे'-शान्) *n.* the act of intimidating. धमकी, डॉटडपट; **Intimidator** (-टॉर्) *n.* डराने वाला।

Intimity–इन्-टिम्'-इ-टी – *n.* inwardness. भीतरीपन।

Into – इन्'-टू – *prep.* expressing entrance or passage within a thing. भीतर, अन्दर, में।

Intolerable–इन्-टॉल्'-ए-रॅ-ब्ल् – *adj.* what cannot be endured. असह्य, न सहने योग्य; **Intolerably** (-ब्ली) *adv.* in an intolerable manner. असहनीयता से;**Intolerableness**(-नेस्) *n.* the quality of being intolerable. असह्यता।

Intolerance – इन्-टॉल्'-अर्-ऑन्स् – *n.* want of toleration. अक्षमा, असहन।

Intolerant – इन्-टॉल्'-अर्-ऑन्ट् – *adj.* not able to bear. असहनशील, न सहन करने वाला; **Intolerantly** (-ली) *adv.* in an unbearable manner. अक्षमा से

Intoleration–इन्-टॉल्'-अर्-ए'–शॉन्–*n.* intolerance. असहनशीलता।

Intonate–इन्'-टो-नेट्– *v. i.* to sound musical notes. सुर लगाना।

Intonation see **Intone**.

Intone–इन्-टोन्'–*v. t.* & *i.* to chant, to utter a deep sound, to read recitingly. गाना, सुर में बोलना, गाकर पढ़ना; **Intonation** (-ने'-शान्) *n.* सुरलगाने का कार्य।

Intort-इन्-टॉर्ट्'-to twist. ऐंठना,मोड़ना

Intoxicant – इन्-टॉक्स्'-इ-कॉन्ट् – *adj.* intoxicating. मादक, नशा लानेवाला।

Intoxicate – इन्-टॉक्स्'-इ-केट्'–*v. t.* to make drunk, to exhilarate. मदोन्मत्त करना (मदिरा इ० से) मतवाला करना; **Intoxicated** (-एँड्) *adj.* drunk.

उन्मत्त (मदोढत); **Intoxicating** (-कें्ट'-इङ्ग) *adj.* उन्मादक ; **Intoxication** (-कें' शान्) *n.* the act of intoxicating. उन्माद, नशा।

Intra–इन्'-ट्रौ-*pref* in the sense of "within." "भीतरा ओर" अर्थ सूचक उपसर्ग

Intractability–see Intractable.

Intractable–इन्-ट्रैक्ट'-औ-ब्ल – *adj.* stubborn, refractory, unruly. दुराराध्य, हठी, न दबाने योग्य; **Intractability** (-बिल्'-इ-टी); **Intractableness** (-नैस) *ns.* the quality of being unruly. हठ, अड़ियलपन ; **Intractably** (-टैब्-ली) *adv.* in an unruly manner. हठ से।

Intransient–इन्-ट्रैन्' सैं-एन्ट-*adj.* not passing away suddenly. चिरस्थायी, स्थिर, दृढ़।

Intransitive– इन्-ट्रैन्'-जि टिव् – *adj.* a verb which does not take an object directly. अकर्मक (क्रिया) : **Intransitively** (-ली) *adv.* in an intransitive manner. अकर्मक रूप में।

Intrant–इन्'-ट्रैन्ट-*n.* one who enters a College, an assembly &c. विद्यालय अथवा सभा में प्रवेश करनेवाला।

Intrench–इन्-ट्रेन्च्-*v. t.* & . to dig up a trench, to fortify with a ditch. खाई खोदना, परिखा बनाना ; **Intrechment** (-मेन्ट) *n.* a defence, a trench. परिखा, खाई।

Intrepid – इन्-ट्रेप्'-इड – *adj.* brave, fearless, undaunted. निर्भय, शूरवीर, निडर ; **Intrepidity** (-ट्रि-पिड'-इ-टी) *n.* fearlessness, undaunted state. शूरता, निर्भयता; **Intrepidly** (-ली) *adv.* in a fearless manner. वीरता से।

Intricacy–इन्'-ट्रि-कीं-सी-*n* perplexity, complication. गहनता (गू ता), उलझन

Intricate – इन्'-ट्रि-कैट – *adj.* entangled, obscure, complicated. दुर्बोध, गहन, उलझानेवाला; **Intricately** (-ली) *adv.* in an intricate manner. कुटिलता से; **Intricateness** (-नैस) *n.* गहनता।

Intrigue–इन्-ट्रीग'–*n.* a plot, a stratagem कपट प्रबन्ध, षड्यन्त्र ; *v. t.* & *i.* to employ secret means. कूटप्रबन्ध का प्रयोग करना ; **Intriguer** (-अर्) *n.* one who make an intrigue. कपट प्रबन्ध का योजक, (गुट बांधनेवाला)।

Intrinsic–इन्-ट्रिन्'-सिक्-*adj* naturally belonging to, essential, true. स्वाभाविक, यथार्थ, वास्तविक ; **Intrinsically** (-सि-कैल्-लि) *adv.* in an intrinsic manner. वास्तव में, स्वभाव से।

Introduce – इन्'-ट्रो-ड्यूस' – *v. t.* to bring in, to conduct. to bring out, to insert, to produce, to make known formally. प्रवेश करना, प्रवृत्त करना, रखना, आरम्भ करना, प्रचार करना, (भेंट करना) ; **Introducer** (-अर्) *n.* one who introduces. प्रवेशक, आरम्भ करनेवाला।

Introduction–इन्-ट्रो-डक्'-शान् – *n.* a formal presentation, the commencing portion of a book.परिचय, (मुखबन्ध) प्रस्तावना, भूमिका ; **Introductive** (-टिव्) *adj.* introductory. प्राथमिक; **Introductory** (-डक्-टर्-ई) *adj.* preliminary. आरम्भिक, प्रस्तावना सम्बन्धी।

Introspect – इन् ट्रो-स्पेक्ट – *v. i.* to examine one's own thoughts.

and feelings. मनन करना, मन में विचारना; **Introspection** (-स्पैक्'-शॉन्) *n.* an inward inspection. अन्तरावलोकन; **Introspective** (-इव्) *adj.* inspecting within. आत्मविचार सम्बन्धी ; **Introspectively** (-इव्-ली) *adv.* in an introspecting manner. अन्तरावलोकन द्वारा।

Introversion-इन्-ट्रो-वर्'-शॉन्-*n.* the act of introverting. अन्तःपरावर्तन।

Introvert-इन् -ट्रो-वर्ट्'-*v. t.* to turn thoughts within itself. चित्त को भीतरी ओर लगाना।

Intrude-इन्-ट्रूड्'-*v.t.* & *i.* to thrust, to encroach, to come uninvited. टूट पड़ना, बिना अधिकार के प्रवेश करना, घुस पड़ना ; **Intruder** (-अर्) one who intrudes. बिना बुलाये आनेवाला।

Intrusion-इन्-ट्रू'-ज़ान् -*n.* the act of intruding, an encroachment. बलात् प्रवेश, बिना आज्ञा प्रवेश।

Intrusive-इन्-ट्रू'-सिव्-*adj.* entering without rigat. बिना अधिकार के प्रवेश करनेवाला ; **Intrusively** (-ली) *adv.* धृष्टता से; **Intrusiveness** (-नैस्) *n.* धृष्टता।

Intubate-इन्'-ट्यु-बेट्'-*v.t.* to insert a tube into the pipe of the throat. गले में नली लगाना।

Intuition-इन्-ट्यु-इश्'-ऑन्-*n.* immediate apprehension or insight. सहज ज्ञान, अन्तज्ञान; **Intuitional** (-औंल्) *adj.* अन्तज्ञान सम्बन्धी।

Intuitive- इन्-ट्यू -इ-टिव् - *adj.* perceiving by intuition. अन्तज्ञान से प्राप्त ; **Intuitively** (-टिव्-ली) *adv.* in an intuitive manner. अन्तज्ञान द्वारा।

Intumesce-इन्'-ट्यू-मैंस्-*v. i.* to en-enlarge with heat. गर्म से फूलना, सूजना ; **Intumescence** (-सैंन्स्) *n.* an inflammation. सूजन, शोथ।

Intumescent - इन्'-ट्यू मैंस्'-ऍन्ट्-*adj* swelling up. शोथ लानेवाला।

Intwine-इन्-ट्वाइन्'-*v. t.* to twist together. लपेटना, गूथना, बटना।

Intwist-इन्-ट्विस्ट्'- *v. t.* to interweave. मिलाकर बटना।

Inumbrate - इन्-अम्'-ब्रेट् - *v. t.* to shade. छाया डालना।

Inunction-इन्-अङ्ग्'-शॉन्-*n.* smearing or rubbing with oil &c. तैल इत्यादि पोतना या मालिश करना।

Inundate-इन्'-अन्-डेट्'-*v.t.* to flood, to overflow with water. जल से व्याप्त होना, बाढ़ आना, बहना; **Inundated** (-टॅड्) *adj.* flooded. जलव्याप्त, जलमय ; **Inundation** (-डे'-शॉन्) *n.* a flood. जलप्रलय, बाढ़।

Inurbane-इन्-अर्-बेन्' - *adj.* rough, discourteous. अशिष्ट, असभ्य ; **Inurbanity** (-बॅन्'-इ-टी) *n.* roughness, want of urbanity. असभ्यता, अशिष्टता

Inure, Enure-इन्-यूर्-*v. t.* & *i.* to accustom, to habituate. परिचित करना, अभ्यास कराना ; **Inured** (-ड्) *adj.* habituated, familar. परिचित, अभ्यस्त; **Inurement** (-मेन्ट्) *n.* practice, habit. परिचय, अभ्यास।

Inurn-इन्-अर्न्'- *v. t.* to put the ashes of a dead body in an urn. मृतक की भस्म पात्र में रखना।

Inutile-इन् यू -टिल्-*adj.* out of use, useless. निरर्थक, व्यर्थ;**Inutility** (-इ-टी) *n.* uselessness. व्यर्थता, विफलता।

Invade – इन्-वेड्' – *v. t.* to make an attack, to assail, to encroach upon. आक्रमण करना, चढ़ाई करना, धावा करना ; **Invader** (-अर्) *n.* an assailant. आक्रमण करने वाला ।

Invaginate – इन्-वैज्'-इ-नेट्–*v. t.* to put into a sheath. मियान में रखना ; **Invagination** (-ने'-शन्) *n.* मियान में रखने की क्रिया ।

Invalid – इन्-वैल्'-इड्–*adj.* disabled by disease, weak, feeble, having no legal force. दुर्बल, अशक्त, बलहीन, नियमविरुद्ध ; *n.* (इन्'-वैं-लीड्) a sickly person. रोगी ।

Invalidate – इन्-वैल्-इ-डेट्' – *v.t.* to destroy the validity of. अयोग्य करना, (रोगी होनेपर नौकरी से अलग करना) **Invalidation** (-डे'-शन्) *n.* इस प्रकार अयोग्य करने का कार्य ।

Invalidity–इन्-वैं-लिड्'-इट्-ई – **Invaildness** (-नेस्) *ns.* want of strength, want of legal force. निर्बलता, अप्रमाणता ।

Invaluable – इन्-वैल्'-यू-ऑ-बल्–*adj.* priceless, inestimable. बहुमूल्य, अनमोल ।

Invar–इन्'-वॉर्–*n.* an alloy of steel and nickel.फ़ौलाद और गिलटका मिश्रधातु।

Invariability–see **Invariable**.

Invariable – इन्-वेंअर्'-इ-ऑ-बल्– *adj.* unchangeable, constant, uniform. नित्य, स्थिर, अचल; **Invariability** (-ऑ - बिल'-इ-टी) *n.* unchangeableness.नित्यता; **Invariableness** (-नेस) *n.* दृढ़ता, अचलता; **Invariably** (-ऑब्-ली) *adv.* in an unchangeable manner. स्थायी रूप में, बिना हेरफेर के ।

Invasion-इन्-वे'-ज़ॉन्-*n.* an encroachment, an attack.आक्रमण (चढ़ाई), धावा; **Invasive** (-सिव्) *adj.* making an invasion. चढ़ाई या धावा करनेवाला ।

Invective – इन्-वेक्'-टिव् – *n.* violent words of censure, an attack in words. आक्षेप, निन्दा, गाली ।

Inveigh–इन्-वे'–*v. i.* to speak violently, to reproach. निन्दा करना, गाली देना ।

Inveigle – इन्-वे'-गल्–*v.t.* to allure, to seduce. प्रलोभित (मुग्ध) करना, ललचाना; **Inveigler** (-ग्लर्) *n.* one who allures. मोहने वाला ; **Inveiglement** (-मेन्ट्) *n.* enticement. प्रलोभन, वंचना

Invent –इन्-वेन्ट्' – *v. t.* to originate something new, to fabricate. कल्पना करना, आविष्कार करना, मन गढ़न्त करना ; **Invented** (-ऍड्) *adj.* discovered. मन से निकाली हुई ; **Invention** (- वेन्'-शन्) *n.* a discovery, a fabrication. कल्पना, आविष्कार ; **Inventive** (-इव्) *adj.* able to invent. काल्पनिक;**Inventively** (-ली) *adv.* in an inventive manner. कल्पना से ; **Inventiveness** (-नेस्) *n.* the faculty of inventing. कल्पनाशक्ति ; **Inventor** (-ऑर्) *n.* (*fem.* **Inventress**) आविष्कार करनेवाला ।

Inventory – इन्'-वेन्-टार्-ई–*n.* a detailed list of movable goods. चल सम्पत्ति की सूची ; *v. t.* to count. गणना करना ।


Inveracity – इन्'-वेर्-ऑस्'-सि-टी – *n.* falsehood. असत्य, मिथ्या, झूठ ।

Inverse–इन्'-वर्स्–*adj.* & *n.* inverted, an inverted state. उलटा, उलटी

स्थिति; **Inversely** (-ली) *adv.* in an inverted manner. उलटी तरह से; **Inversion** (-वर्-शॉन्) *n.* a change of order. उलट पलट ।

Invert – इन्-वर्ट्' – *v. t.* to turn upside down. उलटना, अधोमुख करना ; **Inverted** (-ऍड्) *adj.* changed in order. उल्टा हुआ ; **Invertedly** (-ली) *adj.* उलटे क्रम से ।

Invert – इन्' - वर्ट्–*n.* an inverted arch. उल्टा हुआ मेहराब ।



Inverted arch.

Invertebrate – इन्-वर्'-टें-ब्रेट् – *adj.* having no backbone. बिना पीठ की रीढ़ वाला, पृष्ठवंश रहित ।

Invest–इन्-वेस्ट्'- *v. t.* & *i.* to clothe or cover with garment, to place in office, to lay out money for profit. वस्त्र पहिराना, पदवी पर नियुक्त करना, लाभ के निमित्त धन लगाना ; **Investiture** (-इ-ट्यूर्) *n.* the right of investing. अधिकार का देना (संस्कार); **Investive** (-इव्) *adj.* encircling. घेरनेवाला ; **Investment** (-मेन्ट्) *n.* धन लगाने का कार्य ; **Investor** (-ऑर्) *n.* one who invests. धन लगानेवाला ।

Investigate – इन्-वेस्'-टि-गेट्–*v. t.* to examine with accuracy, to search out. अनुसन्धान करना, पता लगाना (खोजना); **Investigation** (-गे'-शॉन्) *n.* examination, research. अनुसन्धान, खोज, जांच ; **Investigative** (-इव्) *adj.* खोज, जांच सम्बन्धी ; **Investigator** (- ऑर्) *n.* अन्वेषणक

Investiture, Investive, Investment, Investor–see **Invest.**

Inveteracy-इन्-वेट्'-अर्-ॲ-सी-*n.* long continuance. दीर्घता ।

Inveterate – इन् - वेट्'-अर्-एट् – *adj.* deep-rooted, obstinate, of long standing. चिरस्थायी, हठी, पुराना; **Inveterately** (-ली) *adv.* in an obstinate manner. दृढ़ता पूर्वक ।

Invidious – इन्-विड्'-इ-अस्–*adj.* likely to provoke ill-will, envious. ईर्षालु, द्वेष उत्पन्न करनेवाला; **Invidiously** (-ली) *adv.* in an envious manner. द्वेष से, ईर्षा से ; **Invidiousness** (-नेस्) *n.* ईर्षा, डाह ।

Invigilate – इन्-विज्'-इ-लेट् – *v. i.* to guard students in an examination. परीक्षा में विद्यार्थियों का निरीक्षण करना; **Invigilation** (-इल-ए'-शॉन्) **Invigilance** (-इल-ऍन्स्) *ns.* the act of invigilating. इस प्रकार का निरीक्षण ; **Invigilator** (लें'-टॉर्) *n.* one who invigilates. निरीक्षक ।

Invigorate – इन्-विग्'-ऑ-रेट्–*v. t.* to make vigorous, to enliven, to animate. बल बढ़ाना, पुष्ट करना, तेज की वृद्धि करना;**Invigorating** (-इङ्ग्) *adj.* strengthening. बल अथवा तेज बढ़ानेवाला; **Invigoration** (-रे'-शॉन्) *n.* the act of invigorating. बल अथवा तेज की वृद्धि ।

Invincibility–see **Invincible.**

Invincible – इन्-विन्'-सि-बल् – *adj.* unconquerable. अजेय, न जीते जाने योग्य ; **Invincibility** (- बिल्'-इ-टी), **Invincibleness** (-नेस्) *ns.* the quality of being invincible. अजेयता ; **Invincibly** (-सिब्'-ली) *adv.* in

an invincible manner. दुर्जयता से ।

Inviolability–see Inviolable.

Inviolable-इन्-वि'-ऑ-लॅ-ब्ल्-*adj*. not to be profaned or injured. अलंघ्य, अबाध्य ; **Inviolability** (-बिल्'-इ-टी) *n*. the quality of being inviolable. अबाध्यता, पवित्रता ; **Inviolably** (-ब्ली) *adv*. in an inviolable manner. अभिन्नता से, पवित्रता से ।

Inviolacy–see Inviolate.

Inviolate – इन्-वि'-ओ-लेट् – *adj*. not violated, unbroken, unprofaned. अदूषित, अभङ्ग, पवित्र ; **Inviolacy** (-लॅ-सी); **Inviolateness** (-नॅस्) *ns*. unbrokenness. अभङ्गता; **Inviolately** (-ली) *adv*. unprofanely. पवित्रता से ।

Invincibility–see Invincible.

Invisible – इन्-विज्'-इ-ब्ल् – *adj*. unable to be seen, too small to be seen. अदृश्य (अन्तर्धान), अदृष्टिगोचर ; **Invisibility** (-बिल्'-इ-टी) *n*. the state of being invisible. अदृश्यता ; **Invisibleness** (-नॅस) *n*. invisibility. परोक्षता; **Invisibly** (-इ-ब्ली) *adv*. in an invisible manner. अदृष्टरूप से ।

Invitation – इन्-वि-टे'-शॉन् – *n*. solicitation. निमन्त्रण, बुलावा ।

Invitatory – इन्-वि-टॅ'-टॉर् - ई – *adj*. containing invitation. न्योता देनेवाला

Invite – इन्-वाइट' – *v. t*. to request courteously, to summon, to entice, to tend to bring. प्रार्थना करना, बुलाना, फुसलाना, निमन्त्रण करना ।

Inviting-इन्-वाइट'-टिङ्ग्-*adj*. attractive, enticing. मनोहर, चित्त को आकर्षित करनेवाला; **Invitingly** (-ली) *adv*. in an inviting manner. प्रार्थना से ।

Invoice – इन्' - वॉयस् – *n*. a list of goods with prices and particulars. बीजक, चलान; *v.t*. to make out an invoice. बीजक बनाना ।

Invocate-इन्-वो-केट'-*v. t*. to invoke in prayer. स्तोत्र रूपमे प्रार्थना करना ; **Invocation**–इन्-वो-के'-शॉन्–*n*. the act of calling in prayer. स्तुति, प्रार्थना; **Invocatory** (-वॉक्'-ॲ-टॉ-री) *adj*. pertaining to invocation. प्रर्थना सम्बन्धी ।

Invoke – इन्-वोक्' – *v. t*. to appeal by authority, to ask earnestly, to call on God as witness. प्रार्थना करना, माँगना, रक्षा के लिये ईश्वर की स्तुति करना ।

Involuntarily–इन्-वॉल्'-अन्-टॅ-रि-ली-*adv*. in an involuntary manner. अज्ञान से, अनिच्छा से ; **Involuntariness** (-नॅस्) *n*. अनिच्छा, विवशता ।

Involuntary–इन्-वॉल्'-अन्-टॅ-री–*adj*. not done willingly, unintentional. अनिच्छा पूर्वक, अबुद्धि पूर्वक ।

Involute-इन्'-वॉ ल्यूट् – *adj*. turned inwards, intricate. भीतर को मुड़ा हुआ, पेचीला; **Involution** (-ल्यू'-शॉन्) *n*. entanglement, intricacy. फंसावट, पेचीदगी ।

Involve–इन्-वॉल्व्'–*v. t*. to entangle, to include, to roll up, to complicate. फँसाना, मिलाना, लपेटना, संयुक्त करना ; **Involved** (-ड्) *adj*. implied, overwhelmed. सम्बद्ध, ग्रस्त ; **Involvement** (-मॅन्ट) *n*. the act of involving. प्रसङ्ग ।

Invulnerability – see Invulnerable.

Invulnerable – इन्-वल्'-नर्-भीं-बल्– *adj.* that cannot be wounded or hurt. अभेद्य, जिसमें घाव या चोट न लग सके; **Invulnerability** (-बिल्'-इ-टी) *n.* the quality of being invulnerable. अभेद्यता; **Invulnerably** (-औब्-ली) *adv.* in an invulnerable manner. अभेद्यता से।

Inward – इन्'-वड्ड् – *adj.* directed towards the inside, situated within, mental, internal. अन्तस्थ, भीतरी, आध्यात्मिक, मानसिक; **Inwardly** (ली) *adv.* in the inner parts, in the mind. भीतर की ओर, चित्त में; **Inwardness** (-नैस) *n.* essence, inner nature. सत्व, भीतरी प्रकृति।

Inwards–इन्'-वड्ड्स–*n. pl.* the viscera. अंतड़ियां; *adv.* in the inner parts. भीतरी ओर।

Inweave, Enweave–इन्-वीव्' – *v. t.* to weave things together, to intertwine. मिलाकर बिनना, ऐंठना।

Inwrap–इन्-रैप्'–*v. t.* to perplex, to cover by wrapping. घबड़ाना, लपेटना

Inwrought-इन्-रोट्'-*adj.* (*p. p.* of **Inwork**) decorated with figures. खींचा हुआ, जड़ा हुआ।

Iodine–आइ'-ओ-डिन्–*n.* a non-metallic element used in medicine. एक अंग्रेजी औषधि।

Iodoform – आइ-ओ'-डो फार्म् – *n.* an antiseptic medicine. मलिनता हटाने वाली एक औषधि।

Ion–आइ'-अन्–*n.* a particle of moving matter capable of charging electricity. विद्युत् शक्ति उत्पन्न करनेवाला गतिमान् परिमाणु।

Iota–आइ-ओ'-टी–*n.* an atom, a particle. कण, बिन्दुमात्र।

I O.U–आइ-ओ-यू–*n.* written acknowledgment of a loan. किसी ऋणकी रसीद

Ipecacuanha-इप्'-ए-कीक्'-यू-ऐन्'-नी– *n.* a popular medicine with emetic effect. वान्ति लानेवाली प्रसिद्ध औषधि

Irascibility-see **Irascible**.

Irascible–आइ-रैस्'-सै-बल् – *adj.* hot-tempered, provoking. क्रोधी, उत्तेजक; **Irascibility** (-बिल्-इ-टी); **Irascibleness** (-नैस) *ns.* क्रोधी प्रकृति।

Irate–आइ'-रेट्-*adj.* angry. क्रुद्ध, कुपित

Ire–आयर्–*n.* anger. क्रोध, रोष; **Ireful** (-फुल्) *adj* angry. क्रोधी; **Irefully** (-फुल्-लि) *adv.* in an angry manner. क्रोध से।

Irenic, Irenical–आइ-रैन्'-इक् (-ऐल्)– *adjs.* tending to create peace. शान्ति स्थापन करनेवाला।

Iridescent-इर्-रै-डैस्'-सैन्ट-*adjs.* howing change of colours. रङ्ग बदलनेवाला; **Iridescence** (इर्-रै-डैस्'-सैन्स) *n.* exhibition. रङ्गबिरङ्गा प्रदर्शन।

Iridium–आइ-रिड्'-इ अम् – *n.* a precious white metal like platinum. प्लीटिनम् के प्रकार का एक बहुमूल्य धातु।

Iris–आइ'-रिस – *n.* (*pl.* **Irises**) the rainbow, the curtain of the eye perforated by the pupil. इन्द्रधनुष, आख का तारा।

Irish–आइ'-रिश् – *adj.* belonging to Ireland, its language. आयर्लैन्ड् देश सम्बन्धी, इनकी भाषा; **Irishman** यहाँ का मनुष्य; **Irishwoman**. इस देश की स्त्री।

Irk – इर्क् – *v. t.* to tire, to disgust

पीड़ा देना, त्रास देना ; **Irksome** (-सम्) *adj*. troublesome, tedious, wearisome. दुःखकर, क्लेश देने वाला, दुःखदायी; **Irksomely** (-ली) *adv*. in a perplexing manner. घबड़ाते हुए ; **Irksomeness** (-नेंस्) *n*. घबड़ाहट ।

Iron–आइ'-अर्न्–*n*. a metal principally used for making tools. लोहा; (*pl.*) fetters. (ब० व०) बेड़ी, हथकड़ी ; *adj*. made or consisting of iron, hard, severe. लोहे का बना हुआ, कठोर, दृढ़ ; *v. t.* to furnish with iron, to fetter, to smooth with hot iron. हथकड़ी बेड़ी लगाना, हथियार बाँधना, गरम लोहे से इस्त्री करना ; **Cast iron** (iron melted and cast.) ढला हुआ लोहा ; **Iron age** (the age of enforced toil) निर्दयता का युग; **Ironclad** (bound with thick iron.) लोहे से पुष्ट किया हुआ; **Iron hearted** (cruel.) निर्दयी; **Ironrust** (red incrustation on iron.) मुर्चा, मण्डूर ; **Ironsmith** (a blacksmith.) लोहार; **Sulphate of iron** (green vitriol.) काँसीस; **To strike while the iron is hot** (to work at the proper time.) ठीक समय पर काम कर लेना; **Too many irons in the fire** (engrossed in too many occupations.) अनेक कार्यों में व्याप्त ; **Wrought iron** (puddled iron.) पीटा हुआ लोहा ।

Ironical-आइ-रॉन्'-इ-कॉल्-*adj*. expressing a thing with another meaning. ताने की रीति का ; **Ironically** (-इ-कॉल्-ली) *adv*. व्याजोक्ति से, ताने से; **Ironist** (-इस्ट) *n*. one who talks ironically. ताने का प्रयोग करनेवाला ।

Irony–आइ-रॉन्'-ई–*n*. expression of one's meaning in a language contrary to his words, ill-timed circumstances, like iron. व्याजोक्ति, विपरीत लक्षणा, ताना, अभाग्य, लोहे के सदृश्य ।

Irradiate-इर्-रे'-डि-एट्-*v.t.* to throw light upon. देदीप्यमान करना, चमकाना, जगमगाना; **Irradiation** (-ए'शन्)*n*. illumination, brightness. प्रकाश, तेज, चमक; **Irradiative** (-ए'-टिव्) shedding lustre. चमकानेवाला ।

Irrational- इर्-रैश्'-ऑन्-ऑल् – *adj*. not reasonable, absurd, illogical. विवेक रहित, बुद्धिहीन, न्याय विरुद्ध ; **Irrationality**(-ऑल्'-इ-टी)*n*. the quality of being unreasonable. बुद्धिहीनता, अन्यायता ; **Irrationally** (-ली) *adv*. in an irrational manner. न्याय विरोध से ।

Irrealisable–इर्-रि-ऑ-लाइज़्'-ब्ल्-*adj*. not convertible into money. (धन) जो वसूल न हो सके ।

Irreclaimable – इर्-रें-क्लेम्'-ऑ-ब्ल् – *adj*. that cannot be reclaimed or recovered. पुनः प्राप्त न करने योग्य; **Irreclaimably** (-ऑब्-ली) *adv*. not admitting reformation. अशोधनीयता से ।

Irrecognizable – इर्-रेक्'-ऑग्-नाइज़्'-ऑ-ब्ल्–*adj*. that cannot be recognized. न पहिचानने योग्य ; **Irrecognizableness** (-नेंस्) *n*. न पहिचानने की अवस्था ।

Irreconcilability–see Irreconcilable.

Irreconcilable – इर्-रेक्'-ऑन्-साइल्'-

ओ-ब्ल् - *adj.* incompatible, that cannot be reconciled. (परस्पर विरुद्ध) असङ्गत, बेमेल; **Irreconcilability** (-बिल्'-इ-टी), **Irreconcilableness** (-नेस्) *ns.* the quality of being incompatible. परस्पर विरोध; **Irreconcilably** (-ऑब्'-ली) *adv.* in an incompatible manner. विरोध से।

Irrecoverable–इर्'-रें-कव्'अर्-ओं-ब्ल्– *adj.* that cannot be recovered. अप्राप्य, जो फिर से प्राप्त न हो सके; **Irrecoverably** (-ब्ली) *adv.* in an irrecoverable manner. लभ्य न होने पर।

Irrecusable–इर्'-रें-क्यू'ज़ी-ब्ल् - *adj.* that must be accepted. अवश्य स्वीकार करने योग्य।

Irredeemable-इर्'रें-डीम्'-ओं-ब्ल्-*adj.*- that cannot be redeemed, hopeless, irreclaimable. अनुद्धरणीय, आशा रहित, जो निकाला न जा सके; **Irredeemably** (-ब्ली) *adv.* so as not to be redeemable. आशाहीनता से।

Irreducibility–see **Irreducible.**

Irreducible – इर्-रें-ड्यू'-सें-ब्ल् - *adj.* that cannot be simplified. कम न किये जाने योग्य; **Irreducibility** (-बिल्'-इ-टी) *n.* the quality of being irreducible. असरलता।

Irrefragable–इर्-रेफ़्'-रॉ-गॉ-ब्ल्– *adj.* indisputable. खण्डन करने योग्य; **Irrefragably** (-ब्ली) *adv.* in an indisputable manner. दृढ़ प्रमाणता से।

Irrefutability–see **Irrefutable.**

Irrefutable – इर्-रें-फ्यू'-टीं-ब्ल् – *adj.* that cannot be refuted or denied. अखण्डनीय; **Irrefutability** (-बिल्'-इ-टी) *n.* the quality of being irrefutable. अखण्डनीयता; **Irrefutably** (-ब्ली) *adv.* in an irrefutable manner. अखण्डनीयता से।

Irregular– इर्-रेंग्'-यू-लॉर् – *adj.* contrary to form or rule, uneven, disorderly, not uniform, unsymmetrical. नियम विरुद्ध, विषम (टेढ़ामेढ़ा), अव्यवस्थित, बेडौल, क्रमहीन, **Irregularity** (-लॅर्'-इ-टी) *n.* deviation from rule. व्यतिक्रम, अव्यवस्था, विषमता; **Irregularly** (-ली) *adv.* without order or rule. अव्यवस्था से।

Irrelative–इर्-रेंल्'-ओं-टिव्–*adj.* having no relations, unconnected. असम्बद्ध, असम्बन्धी।

Irrelevance–इर्-रेंल्'-एँ-वॅन्स्, **Irrelevancy** (-वॅन्-सी) *ns.* the quality of being irrelevant. असम्बद्धता, असङ्गति।

Irrelevant–इर्-रेंल्'-एँ-वॅन्ट– *adj.* not to the point or purpose, not pertinent. असम्बद्ध, असङ्गत; **Irrelevantly** (-ली) *adv.* in an irrelevant manner. असम्बद्धता से।

Irreligion– इर्'-रें-लिज्'-ऑन्– *n.* disregard of religion, impiety. अधर्म, अभक्ति (देवनिन्दा)।

Irreligious–इर्-रें-लिज्'-अस्–*adj.* destitute of religion. अधर्मी, भक्तिहीन; **Irreligiously** (-ली) *adv.* in an irreligious manner. अधर्म से।

Irremediable-इर्-रें-मी'-डि-ओं-ब्ल्-*adj.* that cannot be remedied or corrected. अचिकित्स्य (असाध्य), जिसकी दवा न हो सके; **Irremediably** (-ऑब्-ली) *adv.* to an irremediable de-

gree. असाध्यता से ।

Irremissible–इर्-रें-मिस-सें-बल्–*adj*. not pardonable. अक्षम्य, क्षमा न करने योग्य ; **Irremissibly** (-ब्ली) *adv*. so as not to be remissible. अक्षम्यता से ।

Irremovable–इर्-रें-मूव्'-ॲ-बल्–*adj*. that cannot be removed. अचल, स्थिर ; **Irremovably** (–ॲब्-ली) *adv*. that cannot be removed. अटलता से

Irreparable – इर्-रेंप्'-ॲ-रीं-बल्–*adj*. not able to be rectified or regained. जिसका प्रतीकार न हो सके, जो सुधारा न जा सके ; **Irreparableness** (-नेंस्) *n*. the quality of being irreparable. असाध्यता ; **Irreparably** (रीब्-ली) *adv*. in an irreparable manner. असाध्यता से ।

Irreplaceable – इर्-रें-प्लेंस्'-ॲ–बल्–*adj*. of which the loss cannot be replaced. टोटा पूरा न होनेवाला ।

Irreprehensible-इर्-रेंप्-रें-हेंन्-सि-बल्-*adj*. unblamable. निर्दोष, कलङ्क रहित ; **Irreprehensibleness** (-नेंस्) *n*. the quality of being unblamable. निर्दोषता ।

Irrepressibility-see **Irrepressible**

Irrepressible–इर्–रें'-प्रेंस-सि बल्-*adj*. that cannot be repressed or subdued. दुर्निवार्य, जो दबाया न जा सके ; **Irrepressibility** (-बिल्'-इ-टी) *n*. the quality of being irrepressible. दुर्निवारता; **Irrepressibly** (-सिब् ली) *adv*. in an irrepressible manner. दुर्गमता से ।

Irreproachability – see **Irreproachable**.

Irreproachable–इर्'–रें-प्रोच्'-ॲ-बल्–*adj*. faultless, free from blame. अनिन्द्य, निर्दोष ; **Irreproachability** (-बिल्'-इ-टी) *n*. the quality of being faultless. निर्दोषता ; **Irreproachably** (-ब्ली) *adv*. in a faultless manner. अनिन्द्यता से ।

Irreprovable–इर् रें-प्रूव्'-ॲ-बल् – *adj*. blameless. निर्दोष ।

Irresistible-इर् रें-ज़िस्ट्'-इ-बल् – *adj*. convincing, unopposable. अनिवार्य, अप्रतिहत ; **Irresistibly** (-इब्-ली) *adv*. in an unopposable manner. दुर्निवारता से ।

Irresolute-इर्-रेंज़्'-ॲ-ल्यूट्–*adj*. undecided, hesitating wavering. अस्थिर, चंचलचित्त, डवाँडोल ; **Irresolutely** (-ली) *adv*. without firmness of mind. अधीरता से, चंचलता से ; **Irresoluteness** (-नेंस्) *n*. want of firmness. चपलता, चंचलता ; **Irresolution** (-ल्यू -शॉन्) *n*. want of resolution. अस्थैर्यता ।

Irresolvable–इर्'-रें-ज़ॉल्'-वीं-बल्–*adj*. that cannot be divided into parts. विभाग न करने योग्य ।

Irrespective–इर्'-रें-स्पेक्'-टिव्-*adj*. not taking into consideration, without reference to. बिना अपेक्षा का, पृथक् ; **Irrespectively** (-ली) *adv*. without regard to. बिना अपेक्षा के ।

Irresponsibility-इर्-रेंस-पॉन्'-सि-बिल्'–इ-टी – *n*. want of responsibility. अनुत्तरदायित्व, जवाबदेही का न होना ।

Irresponsible – इर्'-रें-स्पॉन्'–सि–बल्–*adj*. not responsible, without due responsibility. बिना उत्तरदा-

चित्त का, अग्रहण्य; **Irresponsibly** (-सिब्-ली) *adv.* so as not to be responsible. बिना जवाबदेही के।

Irresponsive–इर्'-रें-स्पॉन्'-सिव् – *adj.* not responsive. प्रतिवचन न देनेवाला ; **Irresponsiveness** (-नेस्) *n.* the quality of being irresponsive. उत्तरदायित्व का अभाव।

Irretentive–इर्'-रें-टेन्'-टिव्–*adj.* not retentive. न रोकने योग्य ; **Irretentiveness** (-नेस्) *n.* the quality of being irretentive. अनिवार्यता।

Irretrievable–इर्'-रें-ट्रीव्'-ॲ-ब्ल्–*adj.* that cannot be remedied, incurable. असाध्य, बिना उपाय का ; **Irretrievably** (-ॲब्-ली) *adv.* in an incurable manner. असाध्यता से।

Irreverence–इर्-रेव्'-अर्-ऍन्स्–*n.* want of reverence. अपमान, तिरस्कार।

Irreverent – इर्-रेव्'-अर् - ऍन्ट – *adj.* lacking in reverence. अपमानी, अनादर करनेवाला।

Irreverential – इर्-रेव्'-अर्-ऍन्'-शॉल्–*adj.* pertaining to irreverence. अपमानी ; **Irreverently** (-ली) *adv.* in an irreverent manner. अपमान से।

Irreversibility–see **Irreversible.**

Irreversible–इर्'-रें-वर्'-सि-ब्ल् – *adj.* not alterable. अपरिवर्तनीय, न बदलने योग्य; **Irreversibility** (-बिल्'-इ-टी) *n.* the state of being unalterable. अपरिवर्तनीयता ; **Irreversibly** (-सिब्-ली) *adv.* in an unalterable manner. न बदलते हुए।

Irrevocability–इर्-रें-वोक्'-ॲ-बिल्'-इ-टी–*n.* the state of being unalterable. अखण्डनीयता।

Irrevocable–इर्-रेव्'-ऑ-कॉ-ब्ल् – *adj.* unalterable, incapable of being recalled. अखण्डनीय, अन्यथा न करने योग्य, अटल ; **Irrevocably** (-कॉब्-ली) *adv.* in an irrevocable manner. अटलता से।

Irrigable–इर्-रिग्'-ॲ-ब्ल् – *adj.* able to be watered. सींचने योग्य।

Irrigate–इर्-रि-गेट्' – *v. t.* to supply land with water. सींचना, जल देना ; **Irrigation** (-गे'-शन्) *n.* the act of irrigating. सिंचाई ; **Irrigative** (-गे'-टिव्) *adj.* able to be moistened. पानी देने योग्य ; **Irigator** (-गे'-टॉर्) *n.* one who irrigates. सींचने वाला।

Irritability–see **Irritable.**

Irritable–इर्-रि-टॅ-ब्ल् – *adj.* easily irritated or made angry. शीघ्र क्रुद्ध होनेवाला ; **Irritability** (-बिल्'-इ-टी) *n.* susceptibility of irritation. चण्डप्रकृति, (शीघ्र कोपत्व) ; **Irritably** (-टॅब्-ली) *adv.* in an irritable manner. चिड़चिड़ाहटसे।

Irritancy–इर्-रि टॅन्'-सी–*n.* the state of being irritant. चिड़चिड़ाहट ; **Irritant** (-टॅन्ट) *adj.* irritating. चंचलता लानेवाला।

Irritate–इर्'-रि-टेट–*v. t.* to provoke, to annoy, to vex. क्रुद्ध करना, चिढ़ाना, कुढ़ाना ; **Irritatingly** (-टे'-टिङ्ग्-ली) *adj.* in an irritating manner. चिढ़ाते हुए; **Irritation** (-टे'-शॉन्) *n.* act of irritating. क्रोध, सन्ताप ; **Irritative** (-टे'-टिव्) *adj.* tending to irritate. सन्तापक, चिढ़ानेवाला।

Irruption–इर्–रप्'-शॉन्- *n.* a bursting in, a sudden invasion. विस्फोट, (फूट उठना), धावा (चढ़ाई); **Irruptive** (-इव्) *adj.* स्फोट होने योग्य; **Irruptively** (-ली) *adv.* स्फोट होते हुए।

Is–इज़्– *v. t.* present tense, third person, singular number of the verb **'to be.'** है।

Isagogic–आइ'-सीं-गॉज्'- इक् – *adj.* introductory. भूमिका सम्बन्धी।

Isinglass–आइ' – ज़िङ्ग् – ग्लास् – *n.* a gelatinous substance obtained from fish. मछली का सरेस।

Island-आइ'-लॅन्ड्-*n.* a piece of land surrounded on all sides by water. द्वीप, टापू; **Islander** (-अर्) *n.* द्वीपवासी, टापू पर रहनेवाला।

Isle–आइल्–*n.* an island. टापू।

Islet–आइ'–लॅट्– *n.* a little island. छोटा द्वीप या टापू।

Ism–इज़्म् *n.* a theory. सिद्धान्त।

Iso-आइ'-सो-*pref.* in sense of 'equal.' 'तुल्य' अर्थ का उपसर्ग।

Isobar–आइ'-सो-बार्- *n.* the line on a map connecting places having equal barometric pressure. नकशे में वह कल्पित रेखा जो उन स्थानों को जोड़ती हुई खींची जाती है जहाँ पर हवा का दबाव समान होता है।

Isochromatic–आइ'–सो–क्रो-मॅट्'–इक्- *adj.* having the same colour. एक-ही रंग का।

Isolate–आइ'–सो–लेट्– *v. t.* to place apart. विच्छेद करना, अलगाना, अलग रखना; **Isolated** (-ऍड्) *adj.* separated. अलगाया हुआ; **Isolation** (-ले'-शॉन्) *n.* पृथक्त्व, अलगाव; **Isolator** (-लें'-टॉर्) *n.* अलगाने वाला।

Isometric-आइ'-सो-मॅट्'-रिक्-*adj.* with equality of measure. एक परिमाण का

Isosceles–आइ-सॉस्'-सें-लीज़्–*adj.* of a triangle with two equal sides. समबाहु द्विभुज (त्रिकोण जिसकी दो भुजा बराबर हो) संबंधी।

Isotherm–आइ'–सो–थर्म्–*n.* the line of equal thermometer heights. सम शीतोष्ण स्थानों से खींची हुई रेखा।

Issue–इस्–यू–*n.* a flowing out, an egress, outlet, consequence, ultimate result, offspring, produce of earth, profits of property, the point of matter depending in a suit, the point in debate. प्रवाह, बहाव, निर्गम, नदी मुख, उत्तर फल, परिणाम, सन्तति, उपज, लाभ, विचारणीय विषय, तनकी; *v. i.* to pass out, to proceed, to come to a point, to end. निकलना, बढ़ना, किसी विषय का स्थिर होना, समाप्त होना; *v. t.* to put into circulation, to deliver for use. प्रचार करना, प्रकाशित करना; **At issue** (in debate.) शास्त्रार्थ विषय; **Issue of fact** (subject under discussion.) विवाद का विषय; **Issue of law** (a legal discussion.) कानूनी बहस; **Issueless** (-लॅस्) *adj.* having no progeny. निर्वंश।

Isthmus–इस्ट' – मस् – *n.* a narrow strip of land joining together two larger portions. संयोगभूमि, भूडमरुमध्य।

It–इट्–*pron.* (*pl.* **They**, *obj.* **Them**, *poss.* **Their.**) the thing spoken of. यह, वह; **It is I** यह मैं हूं; **It rains**

वर्षा होती है ; It is hot. गर्मी है ; It is good to read. पढ़ना अच्छा है।

Italian–इट–ऐल्'–यॅन् – *adj.* & *n.* of Italy or its language. इटली देश का, इस देश की भाषा।

Italicize–इट–ऐल्'-इ-साइज़– *v. t.* to print in italics. तिरछे अक्षरों में छापना

Italics–इट-ऐल्'-इक्स– *n. pl.* kind of types which *slope to the right.* छापे के अक्षर जो दाहिनी ओर झुके होते हैं।

Itch–इच्– *n.* an irritative cutaneous disease. खाज, खुजली ; *v. i.* to feel itching, to have constant desire for. खुजली होना, उत्कट इच्छा होना ; **Itchiness** (-इ-नेस्) *n.* itch. खुजली; **Itchy** (-ई) *adj.* infected with itch. खुजली का।

Item–आइ'–टॅम्–*n.* an article, a separate particular. वस्तु, विषय, भिन्न भाग, मद।

Iterance–इट'–अर्–ॲन्स्– *n.* repetition. दोहराव; **Iterant** (-इ-रॅन्ट) *adj.* repeating. दोहराता हुआ।

Iterate–इट'–अर्–एट्'–*v. t.* to repeat, to do repeatedly. पुनरुक्ति करना, दोहराना ; **Iteration** (-ए'-शन्) *n.* repetition. पुनरुक्ति, दोहराव ; **Iterative** (-ॲट्-इव्) *adj.* tending to iterate. बारम्बार करने वाला।

Itinerancy–इ–टिन्'–अर्–ॲन्–सी – *n.* passing from place to place. भ्रमण, दौरा ; **Itinerant**– इ–टिन्'–अर्-ॲन्ट – *adj.* wandering, travelling in a circuit. भ्रमणशील, घूमने वाला।

Itinarary–इ–टिन्'–ऍ–री–रि – *adj.* & *n.* travelling, a guidebook for travellers. घूमने वाला,मार्गसूचक पुस्तक।

Itinerate–इट–इन्-अर्'–एट्– *v. i.* to travel from place to place. घूमना, दौरा करना।

Its–इट्स–*pron. poss.* of **It.** इसका।

Itself–इट-सेल्फ़्'-*pron.* reflexive form of 'it.' स्वयं उसका, आपही आप।

Ivory–आइ'-वॉ-री– *n.* the tusk of an elephant. हाथीदाँत ; *adj.* made of ivory. हाथीदाँत का बना हुआ ; **Ivory black** (a kind of charcoal powder.) एक प्रकार का चमकीला काला रंग।

Ivy–आइ'-वी–*n.* an evergreen creeper. सिरपेंचे की लता।

Izard–इज़्'-ॲड्–*n.* a kind of antelope. एक प्रकार का बारहसिंघा।

J–जे–the tenth letter of the English alphabet, developed from I, not found in English books before the middle of the seventeenth century. अंग्रेजी वर्णमाला का दसवाँ अक्षर, इस अक्षर के स्थान में सत्रहवीं शताब्दी के मध्य तक अंग्रेजी पुस्तकों में प्रायः I अक्षर का ही प्रयोग होता था; **J pen** (broad-pointed nib.) चौड़े नोक की निब (जीभी) जिसपर J अक्षर छपा होता है।

Jab–*v. t.* (*p.t.*Jabbed) to thrust or poke roughly. रूक्षता से घुसाना या भोंकना; *n.* stabbing with something pointed. किसी नोकीले पदार्थ से कोंचना।

Jabber–जैब्'-बर्–*v.i.* to utter rapidly and indistinctly. बड़बड़ाना, अस्पष्ट बोलना; **Jabberer** (-अर्) *n.* one who jabbers. बड़बड़िया, बकवादी।

Jabiru – जैब्'-ए-रू – *n.* a kind of stork. एक प्रकार का सारस।

Jabot–जैब्'-ओ – *n.* lace worn on a woman's bodice. स्त्रियों की कुर्तियों में लगाने की लैस या किनारी।

Jacinth–जैं'-सिन्थ्- *n.* a gem of reddish-orange colour. नारङ्गी रङ्ग का एक रत्न।

Jack – जैक् – *n.* a familiar form of John, a knave, a machine for lifting heavy weights, male ass, a blockhead, the knave at cards, a ship's flag, a sleeveless jacket, a kind of fruit, "जॉन्" का प्रचलित रूप, दुष्ट,ताश में का गुलाम,भारी बोझ उठाने का यन्त्र, नर गदहा, मूर्ख, जहाज का झंडा, कुर्ता, कटहल; *v.t.* to lift with a jack. यन्त्र द्वारा भार उठाना; **Boot-jack** (a frame for making boots.) जूता बनाने का फर्मा;**Jack and Gill** (every person.) प्रत्येक मनुष्य; **Jack-boots** (heavy boots.) भारी बूट; **Jackdaw** (the daw.) काला (डोम) कौवा; **Jack of all trades** (one who engages himself in all sorts of work.) सभी काम में हाथ डालनेवाला; **Jack in the box** (a kind of toy shut up in a box.) एक प्रकार का डिबिया में बन्द किया हुआ खिलौना; **Jack-pudding** *n.* (merry-andrew, a buffoon.) मसखरा, विदूषक; **Jack-straw** (a worthless person.) क्षुद्र पुरुष; **Jack tar** (a sailor.) मल्लाह।

Jackal–जैक्'-ऑल्–*n.* an animal of the dog species. शृगाल, सियार, गीदड़

Jacket–जैक्'-ऍट्–*n.* a short sleeved coat, the outer covering round a boiler. जाकिट (मिर्जई, बंडी, फतुही), बायलर का बाहरी भाग।

Jack plane–जैक्'-प्लेन्–*n.* a carpenter's tool for rough planing. बढ़ई का बड़ा रन्दा।



Jack-plane.

Jacob–जे'-कब्–*n.* a ladder of rope. रस्से की सीढ़ी जो जहाज पर प्रयोग होती है।

Jacobin–जैक्'-ओ-बिन्–*n.* a kind of pigeon. मुर्रा कबूतर।

Jacobite-जैक्'-ओ-बाइट्-*n.* the follower of James II. इङ्गलैन्ड के राजा जेम्स् द्वितीय का अनुयायी।

Jaconet – जैक्'-ओ-नैट्–*n.* a kind of cotton cloth. एक प्रकार का सूती कपड़ा

Jactitation – जैक्'-टि-टे'-शन् – *n.* a

tossing of the body, a twisting of limbs. शरीर की ऐंठन ।

Jaculate – जैक्-यू-लेट्–*v.t.* to dart. निशाना लगाना ; **Jaculation** (-लें'-शॉन्) *n* the act of throwing फेंकान; **Jaculatory** (-ऑर्-ई) *adj*. फेंकता हुआ

Jade–जेड्–*n*. an inferior kind of horse. मड़ियल घोड़ा ; *v. t.* to wear out. थकाना ; **Jadery** (-अर्-ई) *n*. tricks of a jade. मड़ियलपन ।

Jæger – जे'-गर् – *n*. pure woollen clothing-material. शुद्ध ऊनी वस्त्र ।

Jag–जैग्–*n*. the sharp point of a rock. चट्टान का नोकीला भाग; *v.t.* (*p.t.* **Jagged**) to notch in an uneven manner. टेढ़ामेढ़ा काटना ; **Jaggedly** (-गेंड्-ली) *adv*. टेढ़ी रीति से; **Jaggedness** (-गेंड्-नेस्) *n*. the state of being jagged. खुरखुरापन ; **Jaggy** (-गी) *adj*. notched. नोकदार ।

Jaguar-जैग्'-यू-ऑर्-*n*. an American carnivorous quadruped. अमेरिका का एक मांसभक्षी पशु ।

Jail–जेल्–*n*. same as **Gaol** a prison. बन्दीगृह, कैदखाना ; **Jail bird** *n*. a prisoner कैदी; **Jailer**, **Jailor** (-ऑर्) *n*. the keeper of a prison. कारागार का अध्यक्ष ।

Jalap–जैल्'-ऑप्-*n*. a kind of purgative drug. एक प्रकार की रेचक (दस्त लानेवाली) औषधि ।

Jam–जैम्–*n*. a conserve of fruits boiled in sugar. मुरब्बा, मीठा अचार ।

Jam–जैम्–*v. t.* (*p. t.* **Jammed**) to squeeze, to thrust violently, to crowd. निचोड़ना, ढकेलना, भीड़ मचाना

Jamb–जैम्–*n*. the side-piece of a door or window, the side of a fireplace. द्वार या खिड़की का पाखा, चूल्हे का किनारा ।

Jangle–जैङ्ग्'-ग्ल्–*v.i.* & *t.* to make a harsh noise, to speak in a noisy way. कर्कश शब्द (शोर) करना ; *n*. discordant sound. शोर, बकवाद ; **Jangler** (-अर्) *n*. a noisy fellow. शोरगुल मचानेवाला मनुष्य ; **Jangling** (-इङ्ग्) *n*. a noisy dispute. झगड़ा ।

Janitor – जैन्'-इ-टॉर् – *n*. a door-keeper. द्वारपाल ; **Janitrix** (-ट्रिक्स) *n*. *fem*. a female door-keeper. द्वारपालिका ।

January – जैन्'-यू-ऑ-री–*n*. the first month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का पहिला महीना, जनवरी ।

Japan – जॅ-पैन् – *n*. an empire on the East of Asia. जापान देश; *v. t.* to varnish, to black. वार्निश करना, काला रङ्ग करना ; *n*. Japanese varnish. ऐसी वार्निश या ऐसा रङ्ग ; **Japanese** (-ईज़') *n*. & *adj*. a native of Japan. जापान देश का निवासी ।

Jape–जेप्–*n*. jest. हंसी, दिल्लगी ।

Jar–जार्–*n*. harsh sound, shock, quarrel, a big vessel of stone, earth or glass. कर्कश शब्द, धक्का, झगड़ा, घड़ा, लोटा ; *v. i.* & *t.* (*p.t.* **Jarred**) to make a grating sound, to vibrate, to dispute. घरघराहट का शब्द करना (खड़खड़ाना),झगड़ा करना;**Jarring** (- रिङ्ग्) *adj*. discordant. कर्कश ; **Jarringly** (-इङ्ग्-ली) *adv*. in a jarring manner. घड़घड़ाहट से, झगड़े से ।

Jargon– जॉर्'-गॉर् – *n*. an unintelli-

gible speech, a speech full of slang, unfamiliar words. अनर्थक वचन, अनर्गल वाक्य, बेमतलब के शब्द ; **Jargonize** (-आइज़्) *v.t.* & *i.* to utter jargon. अनर्गल वाक्य बोलना ।

Jarvey – जॉर्'-वी– *n.* the coachman of a hackney carriage. किराये की गाड़ी हाँकने वाला ।

Jasmin, Jasmine, Jessamin, Jessamine – जैस्'-मिन् – *n.* a shrub with white fragrant flowers. मल्लिका, माधवी, चमेली ।

Jasper – जैस्'-पर् – *n.* a kind of opaque quartz. सूर्यकान्तमणि, एक प्रकार का रत्न ।

Jaundice – जॉन्'-डिस् – *n.* a morbid state of body in which the skin becomes yellow. पाण्डु रोग, कामला रोग

Jaunt – जॉन्ट – *v. i.* to ramble for pleasure. विहार करना, आनन्द के लिये भ्रमण करना; *n.* a tour, an excursion. विहार, पर्यटन, भ्रमण; **Jauntily** (-इ-ली) *adv.* in a jaunty manner. विहार करते हुए ; **Jauntiness** (-नेस्) *n.* the quality of being jaunty. विहार; **Jaunty** (-ई) *adj.* sprightly. आनन्द करनेवाला ।

Javelin – जैव्'-ऍ-लिन् – *n.* a kind of light spear. बर्छी, भाला ।

Jaw–जॉ – *n.* the two bones of the mouth in which the teeth are set. (*pl.*) the narrow mouth of a valley, the grasping parts of a machine. जबड़ा, मुखकी ऊपर नीचे की हड्डियाँ जिनमें दाँत जड़े होते हैं,(ब०व०) घाटी का द्वार,यन्त्र का पकड़नेवाला भाग; *v.i.* & *t.* to speak at length, to scold. बोलना, गाली देना ; **Jawbreaker** (a word difficult to pronounce.) शब्द जो कठिनाई से उच्चारण किया जा सके ; **Jawfallen** (depressed, dejected.) हतोत्साह, उत्साहहीन ।

Jay–जे – *n.* a chattering bird with brilliant plumage. नीलकण्ठ पक्षी ।

Jazz – जैज़् – *n.* noisy music and dancing. शोरगुल का नाच गाना ।

Jealous – जेल्'-अस्–*adj.* suspicious, envious. ईर्षालु, डाह करनेवाला ; **Jealously** (-ली) *adv.* with jealousy. ईर्षा के साथ, डाह से; **Jealousy** (-ऑस्-ई) *n.* suspicious fear. ईर्षा, डाह ।

Jean–जेन्-*n.* a twilled cotton cloth. बटे हुए सूत का कपड़ा, जीन ।

Jeer–जिअर्–*v. i.* & *t.* to mock, to sneer, to deride. उपहास करना, चिढ़ाना, ताना मारना ; *n.* derision, mockery. हँसी,ठट्ठा, ताना ; **Jeering** (-इङ्ग्) *adj.* mocking. उपहासपूर्ण ; **Jeeringly** (-ली) *adv.* in a jeering manner. ताने से ।

Jehovah-जें-हो'-वॉ-*n.* the name of God in Hebrew. हिब्रू भाषा में ईश्वर का नाम ।

Jejune–जें-ज्यून्'–*adj.* meagre, scanty, void of interest. नीरस, निःसार, तत्वरहित ; **Jejunely** (-ली) *adv.* in a meagre manner. नीरसता से ; **Jejuneness** (-नेस्) *n.* the quality of being meagre. निःसारता ।

Jelly–जेल्'-ली–*n.* (*pl.* **Jellies**) soft food, juice of fruits boiled with sugar. मुरब्बा, लप्सी, मीठी चटनी ।

Jemmy-जेम्'-मी-*n.* a short crowbar used by thieves. सेन मारने की सब्बरी ।

Jennet–जेन्'-नेट – *n.* a small Spa-

nish horse. स्पेन देश का टट्टू ।

Jenny–जेन्'-नी–*n.* a locomotive crane, a machine for spinning. इञ्जन उठाने का यन्त्र, सूत कातने का चर्खा ।

Jeoparder-जेप्'-ऑड्इ-अर्-*n.* one who puts to hazard. आपत्ति में डालनेवाला ।

Jeopardize–जेप्'-ऑड्इ-आइज़्– *v. t.* to hazard, to endanger. संशय या आपत्ति में डालना ।

Jeopardous–जेप्'-ऑड्इ-अस्–*adj.* exposed to danger. आपत्तियुक्त; **Jeopardously** (-ली) *adv.* with risk. भय से ।

Jeopardy–जेप्'-ऑड्इ-डी–*n.* danger. संशय, शङ्का, भय ।

Jerk-जर्क्-*n.* a sharp pull, a sudden thrust. धक्का, झटका; *v. t.* to throw suddenly, to move with jerk. फेंकना, झटका देना; **Jerked** (-ड्) *adj.* cut into pieces. टुकड़ा किया हुआ ।

Jerkin–जर्'-किन्–*n.* a man's jacket or close waistcoat. कुर्ती, मिरजई ।

Jerry–जेर्'-री–*n.* an inferior stuff. क्षुद्र पदार्थ; **Jerry-builder** (one who uses the cheapest materials.) सस्ते पदार्थों का उपयोग करनेवाला ।

Jersey–जेर्'-ज़ी–*n.* a close-fitting knitted woollen jacket. शरीर में चिपकी हुई ऊनी बण्डी या कुर्ती ।

Jess–जेस्-*n.* a short strap of leather or silk. चमड़े या रेशम का पतला तसमा ।

Jessamine–see **Jasmine**.

Jest–जेस्ट्–*n.* a joke, taunt or fun. परिहास, हँसी, ठट्ठा; *v. i.* to joke, to make merriment. हँसी करना, दिल्लगी उड़ाना; **Jester** (-अर्) *n.* a buffoon, one who jests. विदूषक, ठिठोलिया, दिल्लगीबाज़, भाँड़; **Jestful** (-फ़ुल्) *adj.* ठिठोलिया; **Jestingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* हँसी में, दिल्लगी में ।


Jet–जेट्–*n.* a hard black stone. काला पत्थर, सङ्गमूसा; *n.* a stream of water, gas &c. फुहारा, टोंटी; *adj.* of brilliant black colour. चमकीले काले रङ्गका; **Jet-black** *adj.* गहरे काले रंग का; *v. t.* & *i.* (*p.t.* **Jetted**) to shoot, to spout. धारा में बहना, फुहारा छूटना ।

Jetty–जेट्'-टी–*n.* a landing-pier. जहाज़ से उतरने का स्थान; *adj.* black. काले रंग का ।

Jetsam-जेट्'-सैम्–*n.* goods removed from a ship to lighten it. जहाज़ हलका करने के लिये उतारा हुआ माल असबाब ।

Jew–ज्यू–*n.* a person of the Hebrew race. यहूदी जाति का मनुष्य; *v. t.* to cheat. धोखा देना; **Jewess** (-एस्) *n. fem.* a Hebrew woman. यहूदिन; **Jewish** (-इश्) *adj.* pertaining to the Jews. यहूदी का ।

Jew's-harp–ज्यूज़्'-हार्प्–*n.* a musical instrument played by holding its frame between the teeth and vibrating its metal tongue. मुरचङ्ग ।



Jew's harp.

Jewel–ज्यु'-एल्–*n.* a precious stone, a gem, an ornament set with gems. मणि, रत्न, जवाहिर, रत्न जड़ा हुआ आभूषण; *v. t.* to furnish with a jewel. जवाहिरात जड़ना; **Jeweller** (-लर्) *n.* a dealer in jewels. रत्नकार, जौहरी; **Jewellery** (-लर्-ई);

Jewelry (-री) *ns.* jewels in general. जवाहिरात, आभूषण, गहने ।

Jezebel–जॅज़्'-ऍ-बॅल्-*n.* an impudent woman. ढीठ स्त्री ।

Jib–जिब् – *n.* the triangular staysail of a ship. जहाज़ की प्रधान तिकोनी पाल ; *v. t.* (*p.t.* **Jibbed**) to pull sail from one side to the other. पाल को एक ओर से दूसरी ओर खींचना ; *v. t.* to shy and refuse to go further.घोड़े को भड़ककर आगे बढ़ने से रोकना

Jibe–जाइब्–see **Gibe**.

Jig–जिग्–*n.* a lively dance, music for such a dance एक प्रकार का नाच, ऐसे नाच की गत; **Jigger** (-गर्) *n.* one who dances a jig ऐसा नाच नाचनेवाला

Jiggle–जिग्'-ग्ल्–*v.t.* to jerk lightly. धीमे धीमे झटका देना या हिलाना ।

Jigjog–जिग्'-जॉग् – *n.* a jolting motion. हलचल की गति ।

Jill–जिल्–same as **Gill**.

Jilt–जिल्ट्–*n.* a woman who discards her lover after giving him encouragement. स्त्री जो अपने प्रेमी को आश्वासन देकर तिरस्कार करती है ।

Jimp–जिम्प् – *adj.* slender, handsome, नाज़ुक, मृदुल, सुन्दर

Jingle–जिङ्'-ग्ल् – *n.* a mingled rattling sound. झन्झन् का शब्द, टनटनाहट ; *v. i.* to sound with a jingle. झन्झन् शब्द करना ; **Jingling** (-इङ्ग्) *adj.* rattling, ringing. झनझनाते हुए, टनटनाते हुए ।

Jinks–जिङ्क्स्– *n.* a riotous merrymaking. शोरगुल के साथ (असभ्यता का) आनन्द मचाना ।

Jinricksha (**Ricksha**)–जिन्-रिक्'-शॉ (रिक्-शॉ)–*n.* a light two-wheeled carriage drawn by man. मनुष्य से खींची जानेवाली सवारी की दो पहिया की गाड़ी

Job–जॉब् – *n.* a piece of work, an undertaking for profit. छोटा कार्य, लाभ का व्यापार; *v. i.* (*p.t.* **Jobbed**) to do jobs, to let out for hire. छोटा काम करना भाड़े पर गाड़ी चलाना ; **Bad job** (bad state of affairs.) परिश्रम व्यर्थ करनेवाला ; **Job lot** (a collection of odds and ends.) फुटकर पदार्थों का संग्रह;**Jobmaster**(one who lets out horses and carriages.) किराये पर घोड़ा गाड़ी देनेवाला ; **Jobwork** (light work.) हलका काम ।

Jobber–जॉब्'-बर्–*n.* one who does small jobs. छोटा कार्य (बेंच खोंच) करने वाला ; **Jobbery** (-बर्-ई) *n.* worthless work intriguing for private profit. क्षुद्र कार्य, दलाली, आढ़त ।

Jobbernowl – जॉब्'-अर्-नाउल् – *n.* a blockhead. मूर्ख, बुद्धिहीन मनुष्य ।

Jobation–जो-बे'-शन्–*n.* a lengthy reprimand, scolding. भर्त्सना, निन्दा, झटकार ।

Jockey–जॉक्'-ई– *n.* (*pl.* **Jockeys**) a professional rider of horses in races. घोड़दौड़ का सवार;*v.t.* to cheat. धोखा देना, ठगना ।

Jocko–जॉक्'-को– *n.* chimpanzee. बनमानुष ।

Jocose–जो-कोस्'-*adj.* playful, witty, sportive. खेलाड़ी, परिहासक, विनोदी ; **Jocoseness** (-नॅस्) *n.* the quality of being jocose. ठिठोलियापन ; **Jocosely**(-ली)*adv.* in a playful manner. ठिठोलियापन से; **Jocosity** (-कॉस्'-

इ-टी) *n.* jocoseness. विनोद।

Jocular–जॉक्-यु-लॅर्–*adj.* mirthful, sportive, humorous. परिहासक, आनन्दी (रसिक), दिल्लगीबाज; **Jocularity** (-लॅर्-रि-टी) *n.* merriment. रसिकता; **Jocularly** (-ली) *adv.* in a sportive manner. रसिकता से।

Jocund–जोक्-अन्ड्-*adj.* merry, sportive, pleasant. आनन्दी, प्रसन्नहृदय, प्रमुदित; **Jocundity** (-कन्-डि-टी) *n.* the state of being merry, sportiveness. आनन्द, हुलास।

Jog–जॉग्–*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Jogged**) to shake with jerk, to move up and down, to stimulate, to trudge. झटके से हिलाना या हिलना, ऊपर नीचे होना, धक्का देना, झूमना; *n.* a slight shake, a push. हिलाव, धक्का; **Jogger** (-गर्) *n.* one who moves slowly. धीरे धीरे चलनेवाला; **Jogtrot** (-ट्रॉट्) *n.* a show regular pace. धीमी सामान गति।

Joggle–जॉग्-गल्–*v. t.* & *i.* to shake or move with jerks. झटके से हिलाना, डवाँडोल होना; *n. pl.* joints in two pieces of timber or stone. (ब० व०) दो लकड़ी या पत्थर के टुकड़ों का जोड़।

Johnny–जॉन्-नी – *n.* a fashionable fellow. ठाटदार मनुष्य।

Johnsonian – जॉन्-सों-नि-ॲन् – *adj.* abounding in difficult and pedantic words. कठिन शब्दों से भरा हुआ

Join–जॉयन्–*v. t.* & *i.* to fasten, to connect, to unite, to come together. जोड़ना, सम्बन्ध करना, मिलाना (साटना), साथ होना; *n.* a junction. जोड़; **To join a battle** (to begin fighting.) युद्ध आरम्भ करना; **To join hands** (to clasp each other's hands, to combine in an enterprise.) हाथ मिलाना, मिलकर काम करना; **Joined** (-ड्) *adj.* connected. मिलित, मिला हुआ; **Joiner** (-अर्) *n.* a furniture-maker. लकड़ी का सामान बनानेवाला बढ़ई।

Joinder–जॉयन्-डर्–*n.* a joining. मेल, मिलाव।

Joining – जॉयन्-इङ्ग्– *n.* a connection. संसर्ग, सङ्गम।

Joint–जॉयन्ट्–*n.* a place where two things are joined, a junction, a hinge. सन्धि, मिलाव, जोड़, कब्जा; *v. t.* to connect by joints. जोड़ना, मिलाना; *adj.* united, belonging to several persons. मिला हुआ, संयुक्त, साझे का; **Joint-stock** (stock held in company.) अनेक अंशों में बँटा हुआ मूलधन, साझे की पूँजी; **Jointly** (-ली) *adv.* unitedly. मिलकर

Jointress–जायन्-ट्रेस् – *n.* a woman who holds a jointure. जिस स्त्री के पास स्त्रीधन हो।

Jointure–जाइन्ट्-यूर्–*n.* sole estate settled on wi e to be enjoyed after her husband's death. विधवा-धन, स्त्रीधन।

Joist–जॉयस्ट्–*n.* one of the parallel timbers to which the boards of a floor or the laths of a ceiling are nailed to धरन, शहतीर, बल्ला; **Joisted** (-ऍड्) *adj.* fitted with joists. धरन लगा हुआ।

Joke–जोक्– *n.* something witty, a jest, witticism. हँसी, मजाक, ठट्ठा, उपहास; *v. i.* & *t.* to make merry,

to sport. हँसी ठट्ठा करना; **Joker** (-अर्) *n.* a jester, a merry person. हँसी ठट्ठा करने वाला, मसखरा; **Jokingly** (-ली) *adj.* मसखरेपन से ।

Jollify–जॉल्′-लि-फ़ाइ–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Jollified**.) to be or make merry. प्रसन्न करना या होना ।

Jollily – जॉल्′-लि-ली–*adv.* in merriment. आनन्द से; **Jolliness** (-नैस्), **Jollity** (-टी) *ns.* joviality, merriment. आनन्द, प्रमोद (उत्सव) ।

Jolly–जॉल्′-ली–*adj.* (*comp.* **Jollier**, *sup.* **Jolliest**.) jovial, joyful, festive, merry, delightful. प्रसन्न-हृदय, विनोदी, विलासी, रसिक, आनन्दी; **Jollyboat** (a ship's cutter.) जहाज़ पर की छोटी नाव ।

Jolt–जोल्ट–*v.t.* & *i.* to shake with a sudden jerk. झटका देकर हिलाना; *n.* a sudden jerk, a shock. धक्का, झटका; **Jolting** (-इङ्ग) *n.* a shock or jerk. झटका; **Jolty** (-ई) *adj.* jerky. झटकेदार

Jolterhead – जोल्ट्′-अर्-हेड्–*n.* a stupid fellow, a dunce. मूर्ख, लण्ठ ।

Jonah – जो′-ना – *n.* a person who brings misfortune. अभाग्य उत्पन्न करनेवाला मनुष्य ।

Jonquil – जॉन्′-क्विल्– *n.* a kind of narcissus. एक प्रकार का निरगिस ।

Jordan – जॉर्′-डॉन्–*n.* chamber pot, urinal. मूत्र का पात्र, पेशाबदान ।

Joseph-जो′-जॅफ़्-*n.* a chaste person. धर्मात्मा मनुष्य ।

Joss – जॉस् – *n.* a Chinese idol. चीन देश की मूर्ति या प्रतिमा; **Josser** (-अर्) *n.* a foolish person. मूर्ख मनुष्य; **Josshouse** (a Chinese temple.) चीन देश का मन्दिर ।

Jostle – जॉस्′ - सल् – *v. t.* to knock against something, to push, to elbow. धक्का देना, ढकेलना, केहुनियाना; *n.* a push. धक्का ।

Jot-जॉट्–*n.* a small amount, a whit. अल्प परिमाण, कण; *v.t.* (*p.t.* **Jotted**) to set down. (यादगारी के लिये) संक्षेप में लिखना; **Jotting** (-टिङ्ग) *n.* a memorandum. संक्षेप की लिखावट,यादगार ।

Jounce-जाउन्स्-*v.t.* to jolt or bounce. धक्का देना, झटकारना; *n.* a shake.धक्का ।

Journal-जर्′-नॅल्-*n.* a daily record of transactions, a diary, a daily newspaper or periodical. बहीखाता, रोज़नामचा, दैनिकपत्र, समाचारपत्र; **Journalism** (-इज़्म्) *n.* the keeping of a journal. पत्रिका प्रकाशन; **Journalistic** (-इस्′ - टिक्) *adj.* pertaining to a journal. पत्रिका प्रकाशन सम्बन्धी; **Journalist** (-इस्ट) *n.* the writer of a journal. समाचारपत्र का सम्पादक; **Journalize** (-आइज़्) *v.t.* & *i.* to do journalistic work. पत्रिका में लिखना ।

Journey–जर्′-नी–*n.* (*pl.* **Journeys**) a travel from one place to another, distance travelled, a voyage. देशभ्रमण, यात्रा, देशाटन; *v.i.* (*p.t.* **Journeyed**) to travel from one place to another. भ्रमण करना, यात्रा करना; **Journeyman** (a man hired from day to day.) रोज़ पर काम करने वाला मज़दूर; **Journey-work** (work done on contract.) ठीके का काम ।

Joust – जूस्ट – *v. i.* to engage in a combat on horseback. घोड़े पर सवार होकर लड़ना; *n.* a mock en-

counter. इस प्रकार की झूठी लड़ाई।

Jove–जोव् – *n.* Jupiter. बृहस्पति नक्षत्र; **Jovian** (जो'-वि-अीन्) *adj.* pertaining to Jupiter. बृहस्पति सम्बन्धी।

Jovial-जो'-वि-अील्-*adj.* merry, jolly. आनन्दी (हँसमुख), प्रसन्न; **Joviality** (-अॅल'-इ-टी) *n.* merriment, jolly manner. आनन्द, प्रसन्नता; **Jovially** (-ली) *adv.* in a jolly manner. आनन्दपूर्वक।

Jowl - जाउल् – *n.* jaw, cheek. दाढ़, (कपोल) गाल।

Joy – जॉय् – *n.* pleasure, gladness, delight. आनन्द, हर्ष, प्रसन्नता; *v. i. & t.* (*p. t.* **Joyed**) to gladden. आनन्द मनाना, प्रसन्न करना; **Joyless** (-लॅस्) *adj.* wanting joy. आनन्दहीन, उदास; **Joylessly** (-ली) *adv.* without merriment. बिना आनन्द के; **Joyful** (-फुल्), **Joyous** (-अस्) *adjs.* very glad, merry. आनन्द पूर्ण, हर्षित; **Joyfully** (-फुल्-लि), **Joyously** (-अस्-ली) *advs.* in a joyful manner. आनन्द पूर्वक।

Jubate–ज्यु'-बेट्-*adj.* having a mane. अयाल वाला।

Jubilate – ज्यू'-बि-लेट्–*v. i.* to make demonstrations of gladness. आनन्द वा प्रसन्नता दिखलाना।

Jubilance-ज्यू'-बि-लॅन्स्, **Jubilation** (-लॅ'-शन्) *ns.* shouting in triumph. आनन्द का उद्गार।

Jubilant-ज्यू'-बि-लॅन्ट्-*adj.* rejoicing, shouting triumphantly. प्रफुल्लित, आनन्दी,प्रसन्न; **Jubilantly** (-ली) *adv.* in a jubilant manner. प्रफुल्लता से

Jubilee – ज्यू'-बि-ली – *n.* a season of great rejoicing, public festivity and joy. महोत्सव; **Diamond jubilee** (the sixtieth anniversary.) साठ वर्ष पर मनाया जानेवाला महोत्सव; **Silver jubilee** (the twenty-fifth anniversary.) पचीस वर्ष पर मनाया जानेवाला उत्सव।

Judge – जज् – *n.* a public officer who hears and tries cases in a court of justice, a person appointed to decide disputes. न्यायाध्यक्ष, धर्माध्यक्ष (परीक्षक, गुणदोषज्ञ); *v.t. & i.* to decide cases, to estimate, to think, to criticize, to form opinion about, to act as judge. निर्णय करना, अनुमान करना, विचारना, गुण दोष खोजना, निश्चय करना, न्यायाधीश की तरह कार्य करना; **To judge ill** (to make false inference.) मिथ्या कल्पना करना।

Judgeship–जज्'-शिप्–*n.* the post of a judge. न्यायाधीश (जज) का पद।

Judgment, Judgement–जज्'-मॅन्ट्– *n.* a sentence pronounced by a court of justice, opinion, estimate, criticism. विचारनिर्णय (दण्ड की आज्ञा), मत, अनुमान, अभिप्राय; **Judgment-day** (the day on which God will pronounce final judgment on mankind.) अन्तिम विचार (प्रलय) का दिन; **Judgment-debt** (a security debt.) जिस ऋण के अदा करने के लिये अदालत में फ़ैसला हो चुका है; **Judgment-hall** (a hall where courts are held.) धर्मसभा मण्डप; **Judgment-seat** (the seat on which judges sit.) धर्मासन।

Judicature–ज्यू'-डि-केट्'-यूर्–*n.* administration of justice, a judge's office, a court of justice. न्याय का अधिकार, जज का पद, न्यायालय, अदालत ।

Judicial–ज्यू-डिश्'-ऑल–*adj.* proper to a court of justice. न्यायालय सम्बन्धी, अदालती ; **Judicially** (-ली) *adv.* in a judicial manner. न्यायानुरूप ।

Judiciary–ज्यू-डिश्'-इ-ऑ-री – *n.* the judges. न्यायाधीशों का समुदाय ।

Judicious–ज्यू-डिश्'-अस् – *adj.* prudent, of sound judgment. न्याययुक्त, उचित; **Judiciously** (-ली) *adv.* in a judicious manner. न्यायपूर्वक ; **Judiciousness** (-नेस्) *n.* the quality of being judicious. विवेक दृष्टि ।

Jug–जग् – *n.* a vessel for holding liquids. जलपात्र (घड़ा, सुराही) ; *v. i.* (*p. t.* **Jugged**) to utter words like jugjug. जग्-जग् शब्द करना; *v. t.* to stew in a jug. घड़े में उबालना ।

Jugal–ज्यू'-गॅल – *adj.* pertaining to the cheek. गाल सम्बन्धी ।

Jugful–जग्'-फुल – *n.* the quantity which a jug can hold. घड़ाभर ।

Juggins–जग्'-गिन्ज़–*n.* a fool. मूर्ख ।

Juggle–जग्'-गल – *v. i.* & *t.* to play conjuring tricks, to conjure, to cheat. इन्द्रजाल करना, नज़रबन्दी करना, धोखा देना; *n.* cheat, fraud. छल, कपट

Juggler–जग्'-लर्–*n.* a conjurer, a deceiver. मायावी, बाज़ीगर, छली; **Jugglery** (-अलर्-ई) *n.* trickery. बाज़ीगरी

Jugo-Slav–जू-गो'-स्लॅव्–*n.* the inhabitant of the new state *Czechoslovakia.* योरोप के नये प्रदेश जेकोस्लोवॉकिया का निवासी ।

Jugular–ज्यू'-ग्यु-लॅर् – *adj.* pertaining to the neck or throat. गरदन या कण्ठ सम्बन्धी (कण्ठस्थ) ।

Juice–ज्यूस्– *n.* the sap of vegetables or fruits, fluid part of animal substance, essence. फल या वनस्पति का रस (अर्क), शरीर का रस ; **Juiceless** (-लॅस्) *adj.* destitute of juice. रसहीन ; **Juicy** (-ई) *adj.* abounding with juice. रसपूर्ण, रसीला ।

Jujube–ज्यु'-ज्यूब्– *n.* an edible berry. उन्नाब, फेनिल ।

Julep – ज्यू'-लॅप् – *n.* a sweet medicated drink. शर्बत ।

July–जू-लाइ'–*n.* the seventh month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का सातवाँ महीना, जुलाई ।

Jumbal – जम्' - बॅल – *n.* a kind of sweet cake. एक प्रकारकी मीठी टिकिया, नानखताई ।

Jumble–जम्'-बल–*v. i.* & *t.* to move in disorder, to mix up in a confused manner. बिना क्रम के हटाना, मिलावट करना ; *n.* a confused mixture. मिश्रण, गड़बड़ी ; **Jumblement** (-मेन्ट्) *n.* a confused mixture. मिलावट ; **Jumbler** (-ब्लर्) *n.* one who jumbles things. गड़बड़ी करनेवाला ।

Jumbo – जम्'-बो – *n.* a big clumsy person or animal. बड़ा भद्दा मनुष्य या पशु ।

Jump–जम्प्–*v-i.* & *t.* to spring from the ground, to leap, to start with sudden jerk. उछलना, कूदना,

झटके से उठना ; *n.* the act of jumping, a sudden rise in price. फलाँग (कूद), एकाएक दाम का बढ़ना ; To jump at (to accept eagerly.) बिना विचारे किसी बात का निर्णय करना ; To jump in (to get quickly in a carriage.) कूदकर गाड़ी में बैठना ; To jump for joy (to rise suddenly in price.) एकाएक मूल्य बढ़ जाना ; To jump on (to make an attack.) आक्रमण करना।

Jumper - जम्प्' - अर् - *n.* one who jumps, a woman's loose outer garment. कूदनेवाला, स्त्रियों के पहिरने की ढीली कुर्ती।

Jumping-जम्प्'-इङ्ग्- *adj.* bounding, springing. कूदनेवाला।

Junction - जङ्क्'-शॉन् - *n.* union, joint, place of union. सङ्गम, सन्धि (मेल, संयोग), मिलने का स्थान।

Juncture-जङ्क्'-ट्यूर् - *n.* a joining, concurrence of events, point of time. सन्धि, घटनाक्रम, वेला (समय)।

June-जून् - *n.* the sixth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का छठाँ महीना, जून।

Jungle-जङ्ग्'-गल्-*n.* land covered with forest trees. जङ्गल, वन ; **Jungled** (-ड्) *adj.* जङ्गल लगा हुआ।

Junior-ज्यून्'-यर्-*adj.* & *n.* younger in age, or lower in position, one who is either. आयु अथवा पद में छोटा, अल्पवयस्क ; **Juniority** (ज्यू-नि-ऑर्'-रि-टी) *n.* छोटापन।

Junk - जङ्क् - *n.* waste material. कूड़ा-कर्कट।

Junket-जङ्क्'-एट् - *n.* a feast, picnic. ज्योनार; **Junketing** (-इङ्ग्) *n.* feasting. ज्योनार करना।

Juno-जू'-नो - *n.* a very beautiful woman. अति सुन्दर स्त्री।

Junto - जुन्ट'-ओ - *n.* a faction or clique, secret society. गुप्त मण्डली, गूढ़ समाज।

Jupiter-ज्यू'-पि-टर् - *n.* the king of gods, the largest of the planets. बृहस्पति (ग्रह), इन्द्र देवता।

Jural-जयू'-रॅल् - *adj.* pertaining to law. धर्मशास्त्र सम्बन्धी, कानूनी।

Jurisdiction-ज्यू'-रिस्-डिक्'-शॉन् - *n.* administration of justice, legal authority. न्यायप्रभुत्व, अधिकार; **Jurisdictional** (-ऑल्), **Jurisdictive** (-इव्) *adjs.* pertaining to jurisdiction. अधिकार संबंधी।

Jurisprudence-ज्यू'-रिस्-प्रू-डॅन्स् - *n.* the science of human law. धर्मशास्त्र, स्मृति; **Jurisprudential** (-डॅन्'-शॅल्) *adj.* pertaining to jurisprudence. धर्मशास्त्र सम्बन्धी।

Jurist-ज्यू'-रिस्ट - *n.* one proficient in law. स्मृतिज्ञ, कानून में प्रवीण ; **Juristically** (-इक्-ऑल्-लि) *adv.* in a manner fitting for a jurist. धर्म निपुणता से।

Juror - ज्यू' - रॉर् - *n.* a member of jury. प्रमाण पुरुष, पञ्च।

Jury-ज्यू'-री-**Jury man** (मॉन्) *ns.* (*pl.* Juries) body of men sworn to declare the truth in courts of justice. जूरी, पञ्च ; **Jurybox** (the place in a court for the jury to sit.) न्यायालय में जूरियों के बैठने का स्थान।

Just–जस्ट– *adj*. upright, true, fair, equitable, right, well-grounded. धार्मिक, सच्चा, निष्पक्षपाती, न्याय्य, यथार्थ, उचित ; *adv*. exactly, recently. अति निकट, समीप, प्रायः ; **It is just** (proper.) उचित ही है; **Just as** (in the same way as.) जैसा कि ; **Just now** (immediately.) अभी ; **Just so** (exactly.) वैसा ही ; **Justly** (-ली) *adv*. in a just manner. न्याय पूर्वक, ठीक ठीक ; **Justness** (-नेस्) *n*. the quality of being just. यथार्थता, अपक्षपात ।

Justice–जस्ट्'-इस्– *n*. just conduct, impartiality, a magistrate. धर्म-नीति, न्याय, सत्यता, न्यायकर्ता, न्यायाधीश; **Court of justice** (hall of justice.) न्यायसभा ; **To do justice to** (to give one what is his due, to treat one fairly, to enjoy thoroughly.) किसी का हक देना, सचाई का व्यवहार करना, पूरी तरह से आनन्द लेना ।

Justiciable–जस्ट'–इश्–इ-ऑ–ब्ल्– *adj*. proper to be examined in a court. न्याय योग्य ।

Justiceship–जस्ट'-इस्-शिप् – *n*. the office of a justice. धर्माधिकार ।

Justifiable–जस्ट-टि-फ़ाइ'–ऑ–ब्ल्–*adj*. excusable. क्षमा योग्य, समर्थनीय ; **Justifiably** (-ऑब्-ली) *adv*. rightly. समर्थन से ।

Justification–जस्'–टि–फ़ि–के' – शॉन्– *n*. the act of justifying. दोषमुक्ति, छुटकारा ।

Justify-जस्'-टि-फ़ाइ–*v. t.* (*p.t.* **Justified**) to vindicate, to show justice, to adduce adequate grounds. न्याय ठहराना, निर्दोष बतलाना, उचित कारण बताना ।

Justle–जस'-सल्–see **Jostle**.

Jut–जट्–*n*. a projecting point. बढ़ा हुआ कोना (प्रलम्बन);*v.i.* (*p.t.* **Jutted**) to shoot forward. कोना निकलना ।

Jute–ज्यूट्–*n*. the fibre from certain plants resembling hemp. जूट, पटुआ ।

Juvenile–ज्यू'–वे-नाइल्– *adj*. youthful, childish. तरुण, यौवन सम्बन्धी, बालकपन का ।

Juvenescence–ज्यू'–वे-नेस्'–सेन्स्– *n*. the change from infancy to youth. लड़कपन से यौवन का (परिवर्तन) बदलना ।

Juxtapose–जक्स–टॉ–पोज़्'– *v. t.* to place side by side. निकट (पास-पास) रखना ; **Juxtaposition** (-पो-ज़िश्'-ऑन्) *n*. placing side by side. सान्निध्य, निकटता, सटकर रक्खा जाना ।

K-कें-the eleventh letter of the English alphabet, (it is not pronounced before N), the symbol for potassium in chemistry. अंग्रेज़ी वर्णमाला का ग्यारहवाँ अक्षर, (इस अक्षर का उच्चारण "एँन्" (अक्षर के पूर्व रहने पर नहीं होता है),रसायन शास्त्र में 'पोटाँश' के लिये साङ्केतिक चिह्न।

Kago-का'-गो-*n.* a Japanese palanquin made of basket-work. बाँस की बीनी हुई जापानी पालकी।

Kail-केल्-see **Kale**.

Kaiser-काइ'-ज़र-*n.* (*fem.* **Kaiserin**) the Emperor of Germany or Austria. जर्मनी या ऑस्ट्रिया के सम्राट की उपाधि।

Kale, Kail-केल्-*n.* a kind of cabbage. एक प्रकार की बन्दगोभी।

Kaleidoscope-कॉ-लाइ'-डॉ-स्कोप्- *n.* an optical toy in which endless variety of beautiful coloured designs are seen. बच्चों के खेलने की दुरबीन जिसको घुमाने से नाना प्रकार के रङ्ग बिरङ्गे आकार देख पड़ते हैं; **Kaleidoscopical** (-पिक्-ॲल्) *adj.* always changing. परिवर्तनशील, सर्वदा बदलने वाला; **Kaleidoscopically** (-पिक्-ॲल्-ली) *adv.* in a changing manner. बदलते हुए।

Kali-कॅ'-ली-*n.* a plant from which soda-ash is obtained, Hindu goddess of destruction. एक वृक्ष जिसकी राख से सोडा मिलता है, काली देवी।

Kalium-कॅ'-लॅ-अम्-*n.* potassium. पोटास

Kamptulicon-कॅम्प्-ट्यू'-लिक्-ऑन्-*n.* a kind of stiff floor-cloth. एक प्रकार का मोटा फ़र्श पर बिछाने का कपड़ा।

Kangaroo-कॅङ्ग्'-ॲ-रू-*n.* a species of pouched quadruped of Australia with short fore-legs and bigger hind legs. कङ्गारू नाम का ऑस्ट्रेलिया का चौपाया जिसके पिछले पैर बहुत बड़े होते हैं और उसके पेट में बच्चा रखने के लिए एक थैली होती है।



Kangaroo.

Kapnography-कॅप्-नॉग्'-रॅफ़्-ई - *n.* the art of engraving on a smoked surface with a fine point. धुआँ लगाकर नोकदार सलाई से चित्रकारी करने की कला।

Kapok - का'-पॉक - *n.* cotton-wool found in the seeds of certain trees. रोयेंदार चूहा।

Kea-का'-आ-*n.* an Alpine parrot which kills sheep. ऑल्प्स् पर्वत का तोता जो भेड़ को मार डालता है।

Keck-कॅक्-*v. i.* to make a sound as if about to vomit. मचली आना, ओकाना; **To keck at** (to feel nausea on seeing food.) भोजन देखकर ओकलाना।

Kedge-कॅज्-*n.* a small anchor. छोटा लङ्गर; *v. t.* to change the position of a ship by pulling rope attached to an anchor. लङ्गर का रस्सा खींचकर जहाज़ को हटाना; **Kedge-anchor** (a small anchor of a ship.) जहाज़ का छोटा लङ्गर।

Kedgy-कॅज्'-ई-*adj.* (*comp.* **Kedgier**, *sup.* **Kedgiest**) merry, happy

प्रसन्न, आनन्दी ।

Keel–कील्–*n.* the principal longitudinal timber in a ship. (नाव या) जहाज़ के पेंदी की लम्बे बल की सबसे बड़ी शहतीर ; *v. i.* to turn up the keel. जहाज़ तिरछा होना ; **Keelless** (-लेॅस्) *adj.* supportless. निराधार ।

Keen – कीन् – *adj.* having a sharp point, strong, bitter, penetrating, eager, acute in sense or intellect. तीक्ष्ण, तीव्र, तीखा(चोखा), कड़ुआ, प्रखर, उत्सुक, उत्कट; **Keenly** (-ली) *adv.* in a keen manner. तीखेपन से ; **Keenness** (-नेॅस्) *n.* the quality of being keen. तीखापन, चोखापन ; **Keen-witted** *adj.* तीक्ष्ण बुद्धिवाला ।

Keener–कीन्'-अर्–*n.* a professional mourner. विलापक ।

Lintel – लिन्ट्'-एॅल् – *n.* horizontal timber over a door. करगहना, सोह-वटी ; **Lintelled** (ड्) *adj.* fitted with lintel. करगहना लगा हुआ ।

Liny–लाइन्'-ई – *adj.* marked with lines or wrinkles. झुर्री पड़ा हुआ, रेखा युक्त ।

Lion–लाइ'-ऑन् – *n.* a large powerful fierce beast of prey. सिंह, शेर ; **Lioness** (-एॅस्) *n. fem.* the female of a lion. सिंहनी, शेरनी; **Lion hearted** (courageous.) कठोर हृदय का; **Lion in the path** (obstacle, interruption.) विघ्न ; **Lionlike** (-लाइक्)*adj.* like a lion. सिंह के समान; **Lion's mouth** (perilous condition.) कठिन अवस्था; **Lion's share** (best part.) सर्वोत्तम भाग ।

Lionet-लाइ-ऑन्'-एॅट्–*n.*a small lion. छोटा शेर ।

Lionize–लाइ-ऑन्'-आइज़्-*v.t.* to treat as object of curiosity. विलक्षण स्थान बतलाना ।

Lip – लिप् – *n.* one of the fleshy edges of the mouth, edges of anything. ओठ, किनारा ; *v. t.* (*p. t.* **Lipped**) to utter, to kiss. बरबराना, चूमना ; **Lip-labour** *n.* केवल बकवाद; **Lip language** (interpreting by motion of lips.) ओठ के स्फुरण से अर्थ समझना ; **Lip-salve** (cosmetic for lips.) ओठ में लगाने का मोम रौगन ; **Lip wisdom** *n.* बात चीत की चतुराई ; **To hang on one's lips** (to shew servility.) विनीत भाव दिखलाना; **Lipped** (ड्) *adj.* having lips. ओठवाला, नोकदार; **Lipper** (पर्) *n.* a ripple. छोटी लहर ; **Lipless** (-लॅस्) *adj.* destitute of lips. बिना ओठ या किनारे का ।

Liquate–लाइ'-क्वेट् – *v. t.* to purify by melting. गलाकर किसी धातु को शुद्ध करना; **Liquation** (-क्वे'-शॉन्)*n.*the process of separating metals by melting. इस प्रकार धातु गलाकर अलगाना

Liquefaction–लिक्-वें-फॅक्'-शॉन् – *n.* the act of melting. गलावट ।

Liquefactive–लिक्-वें-फॅक्'-टिव्–

Liquefiable-फॅक्-वें-फाइ'-अॅ-बल्-*adjs.* that may be liquefied. गलाने योग्य ।

Liquefier-लिक्-वें-फाइ'-अर्–*adj.* that which liquefies. गलानेवाला ।

Liquefy–लिक्'-वें-फाइ–*v.t.* (*p.t.* **Liquefied**) to bring to a liquid condition. द्रवीभूत करना, पिघलाना ।

Liquescent–लिक्-वें-क्वेंस्'-सेंन्ट् – *adj.* melting. गलाने योग्य ।

Liqueur – लिक्-यूर्' – *n.* sweetened

alcoholic liquor. मीठी सुगन्धित मदिरा; *v. t.* to sweeten liquor. मदिरा को मीठी करना।

Liquid–लिक्'-विड्-*n.* & *adj.* a substance resembling water or oil, watery, unstable, vowel sound. द्रवरूप, तरलता, जलवत्, जलमय, अस्थिर, स्वर उच्चारण; **Liquidness** (-नॅस्) **Liquidity** (-इ-टी), *ns.* the quality of being liquid. तरलता; **Liquidize** (-आइज़्) *v. t.* to make liquid. जलवत् करना; **Liquidly** (-ली) *adv.* in a liquid manner. तरलता से।

Liquidate-लिक्'-क्वि-डेट्-*v.t.* to clear of a debt, to settle accounts. हिसाब साफ़ करना, ऋणमुक्त करना, बेबाकी करना; **Liquidation** (-डे-शन्) *n.* the act of liquidating. ऋण निस्तार, हिसाब किताब की चुकती; **Liquidator** (-डे'-टर्) *n.* he who liquidates. ऋण निश्चित करने वाला अफ़सर।

Liquor–लिक्'-अर्–*n.* a liquid, fermented drink. तरल पदार्थ, सुरा, मदिरा; **Liquor shop** (alehouse.) कलवरिया।

Liquorice–लिक्'-अर्-इस्–*n.* a kind of plant. एक औषधि।

Liquorish– लिक्'-अर्-इश्– *adj.* fond of drink. मदिरा प्रिय; **Liquorishness** (-नॅस) *n.* fondness for liquor. सुरा प्रियता।

Lisp–लिस्प्–*v. i.* to speak imperfectly, to speak with a lisp. अस्पष्ट बोलना, तोतलाना; *n.* imperfect pronunciation. तुतलाहट, जल का मन्द शब्द; **Lisper** (-अर्) *n.* one who lisps. तुतलानेवाला; **Lisping** (-इङ्ग्) *n.* pronouncing with a lisp. गद्गद वाणी।

Lissom, Lissome– लिस्'-सम्- *adj.* nimble, agile. अस्थिर, चंचल; **Lissom(e)ness** (-नॅस्) *n.* the state of being lissom. चंचलता।

List–लिस्ट्–*n.* the strip or edge of cloth, enclosing ground, scene of contest, catalogue. वस्त्र का किनारा, बाड़ा, अखाड़ा, सूची; *v. i.* & *t.* to enlist, to desire, to listen, to lean to one side. अखाड़े में घुसना, इच्छा करना, सुनना, जहाज़ का एक ओर झुकना।

Listen–लिस्'-सॅन्–*v. i.* to hear with attention, to hearken. ध्यान देना, सुनना।

Listener–लिस्'-सॅन्'-नर्–*n.* one who listens. सुननेवाला; **Good listener** (one who listens with attention.) ध्यान से सुननेवाला।

Listerine–लिस्'-टर्-ईन्–*n.* a kind of antiseptic solution. शुद्ध करने वाली एक औषधि।

Listless– लिस्ट्'-लॅस् – *adj.* careless, indifferent, uninterested. असावधान, लापरवाह; **Listlessly** (-ली) *adv.* in a listless manner. असावधानी से; **Listlessness** (-नॅस्) *n.* the state of being listless. असावधानी।

Lit–लिट्–*v. t.* **Light**.

Litany–लिट्'-ॲ-नी-*n.* supplications for use in a church. गिरजाघर में प्रयोग की जानेवाली धार्मिक प्रार्थना।

Literacy– लिट्'-ऍर्-ॲ-सी– *n.* ability to read and write. लिखने पढ़ने की योग्यता।

Literal-लिट्'-ए-रॅल्- *adj.* expressed by letters, according to the letters of the text, exact. शब्दानुसार, मूलार्थक ; **Literal meaning** मूलार्थ।

Literality - लिट्'-अर्-ऑल्'-इ-टी - *n.* literal meaning. मूलार्थ अनुरूप।

Literally- लिट्'-अर्-ऑ-ली- *adv.* in a literal manner. यथाशब्द, अक्षरशः।

Literalize-लिट्'-अर्-ऑल-आइज़-*v.t.* to make literal. शब्द के अर्थानुसार करना।

Literary- लिट्'-एॅर्-ऑर्-ई- *adj.* pertaining to literature. (शास्त्रीय) साहित्य सम्बन्धी ; **Literary man** (a learned man.) विद्वान।

Literate-लिट्'-एॅर्-एट-*adj.* acquainted with literature. पढ़ालिखा, पण्डित ; **Literati** (-ए'-टी) *n. pl.* the learned people. विद्वान लोग ; **Literator** (-टॉर्) *n.* a learned man. विद्वान मनुष्य।

Literature-लिट्'-अर्-ऑ-ट्यूर्-*n.* learning, literary production, writings of a country. ज्ञान,साहित्य, शास्त्र समूह ; **Light literature** (books treating on interesting subjects.) मनोविनोद का साहित्य।

Litharge-लिथ्'-आर्ज् - *n.* protoxide of lead. मुर्दाशङ्ख।

Lithe- लाइद् - *adj.* flexible, pliant, supple. मृदु, लचीला, मुलायम; **Lithesome** (-सम्) *adj.* nimble. मृदु।

Lithic - लिथ्'-इक - *adj.* of stone. पत्थर का।

Lithium-लिथ्'-इ-अम्-*n.* a metallic element. एक प्रकार का धातु।

Lithograph-लिथ्'-ओ-ग्रॉफ्-*n.*a lithographic print. पत्थर के छापे की प्रति; **Lithographer** (-अर्) *n.* one who practises lithography. पत्थर पर छापा बनानेवाला; **Lithographic** (-इक) *adj.* pertaining to lithography. पत्थर का छापा सम्बन्धी; **Lithography** (-ई) *n.* the act of drawing on stone. पत्थर का छापा, लीथो।

Lithological-see **Lithology**.

Lithology- लिथ्-ऑल्'-ओ-जी- *n.* the science of stones and rock. शिलाविद्या ; **Lithological** (-लॉ-जि-कॅल्) *adj.* lithologic. इस विद्या से सम्बन्ध रखनेवाली।

Lithontriptic- लिथ्'-ऑन्-ट्रिप्'-टिक - *adj.* having the property of dissolving stone in bladder. अश्मरीहर, पथरी गलाने की (दवा)।

Lithotomist-see **Lithotomy**.

Lithotomy-लिथ्-ऑट्'-ओ-मी- *n.* operation for removing stone from the bladder. मूत्राशय में से पथरी निकालने के लिये चीड़फाड़ ; **Lithotomist** (-टॉम्'-इस्ट) *n.* a doctor who removes stone from the bladder. पथरी निकालनेवाला डाक्टर।

Lithy-लाइ'-थी-*adj.* pliant. लचीला।

Litigable- लिट्'-इ-गी-बल्- *adj.* contestable in law. मुकदमा करने योग्य।

Litigant- लिट्'-इ-गॅन्ट - *n.* one who contends in law, one engaged in law suit. विवादी, मुकदमा लड़नेवाला।

Litigate-लिट्'-इ-गेट्-*v. i. & t.* to go to law, to contest at law. मुकदमा करना, अदालत करना।

Litigation-लिट्-इ-गे'-शॉन्-*n.* a judicial contest. विवाद, मुकदमेबाजी।

Litigious-लॅ-टिज़'-अस् - *adj*. fond of litigation. (विवादी) अदालती, मुक़दमेबाज़ ; **Litigiously** (-ली) *adv*. in a litigious manner. विवाद से ; **Litigiousness** (-नैस्) *n*. the quality of being litigious. विवादप्रियता ।

Litmus- लिट्'-मस् - *n*. a blue vegetable colour which turns red by the action of acid and resumes its natural colour by the action of alkali, a colouring matter. एक प्रकार की वनस्पति का रङ्ग जो अम्ल के संसर्ग से लाल हो जाता है तथा क्षार से फिर ज्यों का त्यों नीला हो जाता है, रँगने की वस्तु ।

Litre-लीट्'-अर्-*n*. unit of capacity in the metric system (about 35 ounces) प्रायः ३५ आउन्स् की वज़न ।

Litter-लिट्'-टर् - *n*. a carriage or framework for carrying the sick or wounded, bedding for quadrupeds, filthy accumulation, young of some animals. डोली, टिखटी, कूड़ा-करकट, पशुओं का घास फूस का बिछौना (पुआली), पशु के बच्चे ; *v. t.* to supply with straw, to bring forth young. पशु का बिछावन बनाना, बच्चा पैदा करना ।

Little-लिट्'-टल्-*n. adj.&adv.* (*comp.* **Less**, **Lesser**, *sup*. **Least**) small, of small size, short trivial. अल्प, अल्पमात्र, (कुछ), छोटा, थोड़ा, तुच्छ ; **A little** (a small quantity.) बहुत थोड़ा सा ; **A little rather** (somewhat.) थोड़ा बहुत, **A little while** (for a short time.) थोड़ी देर ; **Little finger** (the smallest finger.) कानी अँगुली ; **Little known** (not famed.) अप्रसिद्ध ; **Littleness**(नैस्) छोटापन;**Little people**(fairies.)परियाँ

Liturgical, **Liturgically** - see **Liturgy**.

Liturgy-लिट्'-अर्-जी - *n*. a form of public worship in a church. गिरजाघर में पूजन की एक विधि (भक्ति मार्ग); **Liturgical** (-जि-कॅल्) *adj*. pertaining to liturgy. ऐसी पूजा सम्बन्धी ; **Liturgically** (-ली) *adv*. according to liturgy. पूजन विधि से ।

Livable-लिव्'-ॲ-बल्-*adj*.habitable. बसने योग्य : **Livableness** (-नैस्) *n*. habitableness. रहन सहन ।

Live-लिव्-*v. i. & t.* to have life, to subsist on, to get livelihood, to conduct. जीना, निर्वाह करना,जीविका प्राप्त करना, दिन बिताना; **To live close** (to live in a stinging manner.) किफ़ायत से रहना ; **To live from hand to mouth** (sustaining on small means.) रोज़ कुआँ खोदना रोज़ पानी पीना ; **To live on air** (to take no food.) हवा पीकर जीना ; **To live to oneself** (to live in isolation.) अकेले रहना ।

Live- लाइव् - *adv*. alive, living, actual, energetic, vivid, glowing. सजीव, जीवधारी, प्रत्यक्ष (स्पष्ट), फुर्तीला, चमकीला (सुलगाता हुआ); **Live-stock** (a collection of animals.) पशुओं का समुदाय ।

Livelong-लिव्'-लॉङ्ग् - *adj*. lasting, complete. सम्पूर्ण, सारा ।

Lively-लाइव्'-ली - *adj*. gay, vigorous, energetic. तीव्र, उत्साही, तीक्ष्ण ।

Liven-लाइव्‌'-ऍन्‌-*v. t.* to brighten. प्रसन्न करना।

Livelihood-लाइव्‌'-लि-हुड्‌ -*n.* maintenance. जीविका।

Liveliness - लाइव्‌'-लि-नैस्‌ - *n.* the quality of being lively. उत्साह, चपलता, आनन्द।

Liver-लिव्‌'-अर्‌- *n.* the organ of the body which secretes bile. यकृत, गुर्दा; **Hot liver** (amorous.) उत्साही, प्रेमी; **Liver colour** (brown colour) भूरा रङ्ग; **Liverless** (-लॅस्‌) *adj.* devoid of liver. यकृतहीन।

Livery-लिव्‌'-अर्‌-ई - *n.* provision of food, provender for horses, distinctive dress for servants, legal delivery of property. भोजन व्यवस्था, घोड़ों की रसद, पोशाक (वर्दी), (अधिकार), दखलदेहानी; **Out of livery** (wearing ordinary clothes.) सामान्य वस्त्र पहिने हुए।

Liveryman-लिव्‌'-अर्‌-ई-मॉन्‌-*n.* member of company. कुल वेशधारी।

Livery-stable-लिव्‌'-अर्‌-ई-स्टेबल्‌-*n.* a stable where horses are kept in livery. घोड़ों के पालने का अस्तबल।

Livid-लिव्‌'-इड्‌-*adj.* of bluish colour. नीले रङ्ग का (चोट से) नीला पड़ा हुआ; **Lividity** (-इ-टी) *n.* lividness. नीलापन; **Lividly** (-ली) *adv.* in a livid manner. नीलता से; **Lividness** (-नॅस) *n.* the quality of being livid. नीलिमा, नीलवर्ण।

Living - लिव्‌'-इङ्ग्‌ - *n.* livelihood, maintenance. जीवन, जीविकावृत्ति; *adj.* having life, active. जीवित; **Good living** (luxurious feeding.) बहुमूल्य भोजन; **Living death** (life full of misery.) कष्टपूर्ण जीवन; **Living language** (language in vernacular use.) बोली जानेवाली भाषा; **Living water** (water which is always flowing.) सर्वदा बहनेवाला जल; **Without living memory** (memory of those persons still living.) ऐसे मनुष्यों की यादगार जो अब भी जीवित हैं।

Lizard - लिज़्‌'-ऑड्‌- *n.* a kind of reptile. ब्राह्मनी; **House lizard** छिपकिली, बिसतुइया।

Llama - ला'-मी - *n.* an American ruminant used for carrying burden. बोझा ढोने का अमेरिका का ऊंट के तरह का एक पशु।

Lo-लो-*interj.* look! behold! see! देखो!

Loach-लोच्‌ - *n.* a kind of freshwater fish. एक प्रकार की नदी में रहनेवाली मछली।

Load - लोड्‌ -*n.* burden, resistance of machinery. भार, बोझ, दबाव; (*pl.*) plenty. (बहु व०) अधिकता; *v. t.* & *i.* to lay burden on, to encumber, to charge a gun. बोझना, भार देना, बन्दूक में बारूद भरना; **Load star** (the pole-star) ध्रुवतारा; **Load stone** (iron ore having power of attraction.) चुम्बक; **Loading** (-इङ्ग्‌) *n.* cargo, burden. बोझ, भार।

Loader-लोड्‌'-अर्‌-*n.* one who puts on a load. बोझनेवाला।

Loaf-लोअफ्‌-*n.* (*pl.* **Loaves**) piece of baked bread, conical mass of sugar. पावरोटी, कन्द का पिण्ड; *v.i.* to

spend time idly. व्यर्थ समय नष्ट करना; **Half a loaf is better than no bread** (better to lose half than all.) सर्वनाश की अपेक्षा आधा नाश अच्छा है; **Loaf-sugar** *n.* मिश्री, कन्द।

Loafer–लोफ़्'-अर्-*n.* an idle person. समय को वृथा नष्ट करनेवाला मनुष्य।

Loam–लोम्–*n.* a composition used in brickmaking, fertile soil. ईंट बनाने की मिट्टी, चिकनी उपजाऊ मिट्टी; **Loamy** (-ई) *adj.* ऐसी मिट्टी का।

Loan – लोन् – *n.* a sum of money lent, anything borrowed. ऋण (उधार), उधार ली हुई वस्तु; **Loanable** (-अॅ-ब्ल्) *adj.* that may be lent. कर्ज देने के योग्य; **Loan-holder** (a mortgagee.) रेहनदार; **Loaner** (-अर्) *n.* one who lends. ऋण देनेवाला।

Loath – लोथ्–*adj.* disinclined, unwilling. अनिच्छुक, विमुख; **Nothing loath** (willingly.) इच्छा पूर्वक।

Loathe-लोद्-*v.i.* to hate, to detest. घृणा करना, निन्दा करना; **Loather** (-अर्) *n.* hater. घृणा करने वाला।

Loathing-लोद्'-इङ्ग्-*n.* disgust. घृणा; **Loathingly** (-ली) *adv.* घृणा से।

Loathsome–लोथ्'-सम्–*adj.* exciting disgust. घृणित; **Loathsomely** (-ली) *adv.* in a disgusting manner. घृणा से; **Loathsomeness** (-नॅस्) *n.* disgust. घिनौनापन।

Loaves–लोव्ज़्– *n. pl.* of **Loaf**.

Lob–लॉब्–*v.i.&t.* (*p.t.* **Lobbed**) to move clumsily, to run lazily, to bowl underhand. भद्दी तरह हिलाना, मन्द मन्द दौड़ना, नीचे की ओर से गेंद फेंकना; *n.* a dull person. आलसी पुरुष।

Lobbyist–see **Lobby**.

Lobby–लॉब्'-बी– *n.* (*pl.* **Lobbies**) antechamber, an entrance-hall, corridor. दालान, सभा मण्डप का अङ्ग; **Lobbyist** (-इस्ट) *n.* the member of a lobby. विशिष्ट मतवाला सभासद।

Lobe-लोब्-*n.* the round fatty projecting part of an organ. किसी अङ्ग का गोल फूला हुआ भाग; **Lobe of the ear** (soft hanging part of the ear.) कान का लटकता हुआ भाग; **Lober** (-अर्), **Lobate** (-एट्) *adjs.* फूले हुए भाग का।

Lobule – लॉब्'-यूल् – *n.* small lobe. छोटा लटकन।

Lobelia–लो-बी'-लि-ॲ–*n.* a kind of flowering plant. एक फूल का पौधा।

Lobster–लॉब्'-स्टर् – *n.* a ten-footed marine fish. एक प्रकार का केकड़ा।

Local–लो'-कॅल् – *adj.* pertaining to a specified place. स्थानिक, किसी विशिष्ट स्थान का; **Local government** (administration of a town by its inhabitants.) स्थानीय शासन; **Local news** (news of a place.) एकदेशीय वृत्तान्त; **Local usage** (special usage of a place.) देशाचार।

Locality–लो-कॅल्'-इ-टी-*n.* situation, position. स्थान, प्रदेश, जगह।

Localization–लो-कॅल्'-आइ-ज़े'–शॅन्–*n.* the act of localizing. एक देश में स्थिरीकरण।

Localize-लो-कॅल्'-आइज़्-*v. t.* to make local. किसी मुख्य स्थान में स्थिर करना।

Locally – लो - कॅल्'-ली – *adv.* with respect to a particular place. किसी मुख्य स्थान में।

Locate – लो-केट' – *v.t.* to settle or establish in a place. स्थान करना, निर्धारित करना; **Location** (के'-शॉन्) *n.* that which is located. स्थापन।

Locative–लॉक्'-ऑ-टिव् – *adj.* & *n.* a case denoting place. अधिकरण कारक, सप्तमी विभक्ति।

Loch – लॉक् – *n.* a lake, a narrow arm of the sea. झील, समुद्र का सकरा भाग।

Lock – लॉक् – *n.* an appliance for fastening door &c., part of a gun by which it is discharged, an enclosure in a canal, tuft of hair. ताला, बन्दूक का घोड़ा, बाँध, बालों की लट; *v.t.* to close fast, to provide with locks, to embrace closely. ताला लगाना, बन्द करना, आलिङ्गन करना; **Lockage** (-एज़) *n.* canal locking. नहर का बाँध; **Lock-chain** (a chain for locking in a wheel.) पहिये में ताला बन्द करने की जंज़ीर; **Locker** (-अर्) *n.* a drawer. टेबुल इत्यादि का दराज़ जिसमें ताला बन्द होता है; **Lock-hospital** (a hospital for patients of venereal disease.) सूजाक के रोगियों का अस्पताल; **Lock jaw** (contraction of the muscles of jaw.) हनुस्तंभ रोग जिसमें जबड़ा जकड़ जाता है; **Lock-smith** (a blacksmith who prepares locks.) ताला बनानेवाला लोहार; **Lock-stitch** (a stitch that locks two threads together.) दोहरी सियन; **Lock up** (a place of temporary confinement.) बन्दीगृह, हवालात।

Locket–लॉक्'-एट् – *n.* a small lock, a metal plate worn as an ornament. छोटा ताला, लोलक (ताबीज)।

Locomotion–लॉ-को-मो'-शॉन्-*n.* the power of motion from place to place. स्थानान्तर चलन, एक स्थान से दूसरे स्थान को जाने की शक्ति।

Locomotive – लॉ'-को-मो'-टिव् – *adj.* pertaining to motion. चलनशील, चलनेवाला; **Locomotive engine** (the engine of a railway train.) रेलगाड़ी का इञ्जन।

Locomotor – लॉ'-को-मो'-टॉर् – *adj.* pertaining to movement. गतियुक्त सम्बन्धी; **Locomotory** (-टॉ-रि) *adj.* pertaining to locomotion. गतिमान पदार्थ का।

Locular–लॉक्'-यू-लॉर् – *adj.* pertaining to small recess. लघु कोष्ठक संबंधी।

Loculus – लॉक्'-यु-लस् – *n.* a small separate cavity. एक पृथक कोष्ठक।

Locus–लो'-कस्–*n.* (*pl.* Loci.) a line or a curve formed by points satisfying given conditions. बिन्दु-पथ; **Locus in quo** (place of occurrence.) घटना स्थान; **Locus-standing** (recognized position.) स्वीकृति स्थिति।

Locust–लो'-कस्ट्– *n.* a migratory winged insect. शलभी, टिड्डी।



Locust.

Locution–लो-क्यू'-शॉन् – *n.* style of speech. बोलने का ढंग, वाक्शैली; **Locutory** (-टॉ-रि) *n.* place of conversation. वार्तालाप करने का स्थान।

Lode–लोड्–*n.* a watercourse. जल-मार्ग; **Lode star** (the pole-star.) ध्रुव तारा।

Lodge–लॉज्–*n.* a small house, an outhouse in a garden, a place where freemasons meet. छोटा घर, नौकरों के रहने की कुटी, .फ्रीमेसन् के जमाव का घर; *v. t. & i.* to harbour, to settle, to provide with habitation. टिकाना, बसना, ठहराना; **Lodger** (-अर्) *n.* one who lodges. ठहरनेवाला; **Lodging** (-इङ्ग्) *n.* a temporary habitation. अस्थायी वासस्थान; **Lodgment** (-मेंन्ट्) *n.* the act of lodging. टिकान।

Loft–लॉफ्ट्–*n.* an attic, a pigeon-house. अटारी (मचान), कबूतर का दर्बा; *v. t.* to throw a ball upwards. ऊपर की ओर गेंद फेंकना।

Loftily, Loftiness–see **Lofty**.

Lofty–लाफ्'-टी–*adj.* (*comp.* **Loftier**, *sup.* **Loftiest**) high, exalted, elevated, distinguished, majestic, proud. ऊँचा, उन्नतविभवयुक्त, श्रेष्ठ, प्रसिद्ध, घमण्डी; **Loftily** (-ली) *adv.* in an exalted manner. गर्व के साथ; **Loftiness** (-नेस) *n.* the state of being lofty. उन्नति, गर्व, अभिमान।

Log – लॉग् – *n.* unhewn bulky timber. लकड़ी का कुन्दा, लट्ठा; *v. t.* (*p. t.* **Logged**) to gather together pieces of wood. लट्ठों के टुकड़े इकट्ठा करना; **To fall like a log** (to fall in a helpless condition.) निराश होकर पड़ जाना।

Log-book – लॉग्'-बुक्–*n.* an official record of daily events in the voyage of a ship. जहाज का रोज़-नामचा।

Logwood – लॉग्' वुड्–*n.* a kind of deep coloured wood. एक प्रकार का बबूल।

Logarithm – लॉग्' - ऑ-रिथ्म् – *n.* a simplified way of arithmetical calculation. घात प्रमापक, लघुगणक; **Logarithmic** (-रिथ्'-मिक्) *adj.* pertaining to logarithm. लघुगणक-विधि सम्बन्धी; **Logarithmically** (-ऑल् - लि) *adv.* in the manner of a logarithm. लघुगणक विधि से।

Loggerhead-लॉग्'-अर्-हेंड्-*n.*a blockhead, a fool. जड़बुद्धि, मूर्ख; **Loggerheaded** (-एँड्) *adj.* stupid, dull. स्थूल बुद्धिवाला, मन्द; **To be at loggerheads** (to come to quarrel.) कलह करना।

Logic–लॉज्'-इक्–*n.* the science of reasoning, the process of argument. तर्कशास्त्र, न्यायशास्त्र; **Logical** (-इ-कॉल्) *adj.* according to the rules of logic. तर्कशास्त्र सम्बन्धी, तर्कानुसार; **Logically** (- कॉल्-लि) *adv.* according to the rules of logic. तर्क के अनुसार; **Logician** (-जिश्'-ऑन्) *n.* one who is versed in logic. नैयायिक।

Logistics–लॉ-जिस्ट्'-इक्स् – *n.* the art of stationing or moving troops. सेना को टिकाने या हटाने की विद्या।

Logogram–लॉग्'-ओ-ग्रॅम् – *n.* a sign representing a word. किसी शब्द के लिये सुलभ संकेत।

Logomachy-लो-गॉम्'-ऑ-की-*n.*a controversy about words. शब्द विवाद

(वाक् युद्ध)।

Logomania - लॉग्'-ओ-मेन्'-इ-अॅ - *n.* impaired faculty of speech. बोली बन्द होना, मूक हो जाना।

Logotype - लॉग्'-ओ-टाइप्- *n.* words or several letters cast into one piece. अनेक अक्षर या शब्दों को एक में ढालना, यथा ﬃ.

Loin-लॉयन्-*n.* part of the body on both sides of the lower half of the trunk. कुल्हा,कमर; **Born from one's loins** (one's begotten progeny.) अपनी जनमी सन्तति; **Loin cloth** (a piece of cloth for wearing round the loins.) लुङ्गी, कौपीन; **To gird up one's loins** (to prepare for effort.) कमर कसना, कटिबद्ध (उद्यत) होना।

Loiter-लॉय्'-टर्-*v. i.* to linger, to saunter, to hang about. सुस्ती से धीरे धीरे चलना, देर करना, टालमटोल करना; **To loiter about** (to pass away time loiteringly.) मारे मारे फिरना, मटरगश्ती करना

Loiterer-लॉय्'-टर्-अर्- *n.* an idler. आलसी, कालक्षेप करनेवाला।

Loitering-लॉय्'-टर्-इङ्ग्-*adj.* idling. विलम्बी; **Loiteringly** (-ली) *adv.* in a loitering manner. कालक्षेप करते हुए

Loll-लॉल्-*v. t.* & *i.* to hang out the tongue, to sit or stand in a lazy attitude. जीभ निकालना (लपलपाना), सुस्ती में पड़े रहना; **Lollingly** (- इङ्ग्-ली) *adv.* with moving tongue. जीभ लपलपाते हुए।

Lollop-लॉल्'-लॉप्-*v. i.* to stir in a lounging way. सुस्ती से घूमना।

Lone-लोन्-*adj.* solitary, uninhabited. निर्जन, अकेला; **Lonesome** (-सम्) *adj.* solitary. निर्जन; **Lonesomely** (-ली) *adv.* in a lonesome manner. निर्जनता से; **Lonesomeness** (-नेस्) *n.* the quality of being lonesome. निर्जनता।

Loneliness - लोन्'-लि-नेस् - *n.* the state of being lonely. निर्जनता, असहायता।

Lonely - लोन्-ली- *adj.* companionless, isolated, helpless. असहाय, अकेला।

Long-लॉङ्ग्-*adj.*extended in length or time, protracted, lingering, slow in coming, far reaching, lengthy. आयत, दीर्घ, विस्तीर्ण, विलम्बित, दीर्घसूत्री, दूर का, लम्बा; *n.* a long time or period. दीर्घकाल; **A long period** (long duration of time.) चिरकाल; **A long way off** (at a long distance.) बहुत दूर; **For a long time** (for long.) बहुत दिनों तक; **Has a long arm** (can make his power reach far.) दूर तक प्रभाव डाल सकता है; **In the long run** (finally.) अन्त में; **Long cloth** (a kind of calico.) लङ्किलाट; **Long date** (distant date.) दूर की तारीख; **Long ears** (stupidity.) मूर्खता; **Long face** (di-mal.) दुःखी; **Long family** (*i. e.* of several children.) बड़ा परिवार; **Long hand** (ordinary writing.) पूरे अक्षरों में (सङ्केतिक से भिन्न) लिखावट; **Long home** (the grave.) क़ब्र; **Long sight** (that sees distant objects.) दूरदृष्टि; **Long sight-**

ed (one able to see far but not close at hand.) वह मनुष्य जो दूर के पदार्थ स्पष्ट देख सके समीप के नहीं; **Long sightedness** (the faculty of being long sighted.) दूरदर्शिता ; **Long tongued** (loquacious.) बकवादी ; **The long and short of a matter** (the total upshot of a thing.) किसी विषय का सारांश ।

Long-लॉङ्ग-*adv.* (*comp.* **Longer** , *sup.* **Longest**) to a great extent (in time or space), at a point of duration, far distant. चिरकाल तक, दूर तक ; **All day long** (throughout the day.) सारा दिन, दिन भर ; **As long as** (if only.) जब तक कि; **Ere long** (soon.) थोड़े ही काल में ; **For long** (for a long time.) बहुत दिनों तक ; **How long** ? (up to what length of time ?) कितने दिनों तक ? ; **Living-long** (living for a long time.) चिरजीवी ; **Long ago** (in the distant past.) प्राचीन समय में; **Long after** (after a long time.) बहुत दिनों बाद;**Long before** (before a long time.) बहुत पहिले;**Long sick** (sick since long.) पुराना रोगी ; **So long as** (provided that.) यहां तक, जब तक कि ।

Long -लॉङ्ग - *v. i.* to desire vehemently, to have a craving desire. अत्यन्त अभिलाषा करना, बड़ी लालसा करना, अधिक लोभ करना या चाहना ; **Longing** (-इङ्ग) *n.* a vehement desire. उत्कण्ठा, लालसा, अभिलाषा ; **Longingly** (-ली) *adv.* with eager desire. उत्सुकता से ।

Longeval - लॉन्-जें -वॉल-*adj.* long-lived. दीर्घ जीवी ।

Longevity – लॉन्-जॅव्'-इ-टी–*n.* great length of life. दीर्घायु ।

Longevous-लॉङ्ग-ई'-वस-*adj.* living long. चिरजीवी ।

Longish–लाङ्ग'-इश-*adj.* somewhat long. कुछ लंबा ।

Longitude–लॉन्'-जी-ट्यूड्–*n.* length, the angular distance east or west from a meridian. लम्बाई,भूमध्यरेखा से पूरब या पश्चिम की दूरी, रेखांश ; **Longitudinal** (-ट्यू'-डि-नॅल) *adj.* pertaining to longitude. (अनुदैर्घ्य), लम्बान बल का ; **Longitudinally** (-नॅल-ली) *adv.* lengthwise. लम्बान में ।

Longways–लॉङ्ग'-वेज़ , **Longwise** (-वाइज़) *adjs.* lengthwise. लम्बेबल ।

Loo–लू–*n.* a kind of card-game. एक प्रकार का ताश का खेल ।

Looby–लू'-बी–*n.* a silly person. मूर्ख मनुष्य ।

Look-लुक्- *v. i.* & *t.* to use one's sight, to show surprise, to consider, to examine, to ascertain by sight. देखना,आश्चर्य दिखलाना, विचारना, परीक्षा करना, आँख फेरकर खोजना ; *n.* glance at a thing, appearance, aspect. दृष्टि (दर्शन), रूप, आकार, आभा; **A look out** (*pl.* **Lookouts**) a careful watching. चौकसी ; **It is his look out** (it is his duty.) यह उसका कर्तव्य है ; **Look here** ! (observe !) ध्यान दो !; **Look sharp** ! (lose no time !) सावधान हो!; **Look you** ! (mind. !) खबरदार ! ; **Side look** (oblique look.) कटाक्ष ; **To**

be on the look out (to be careful.) सावधान रहना; **To look after** (to search.) खोजना; **To look back** (to be half hearted.) हताश होना; **To look down at** (to regard with displeasure.) तिरस्कार से देखना; **To look for** (to expect.) आशा करना; **To look ill** (to seem to be ill.) बीमार मालूम होना; **To look into** (to inspect closely.) परीक्षा करना, अनुसन्धान करना; **To look on** (to see for a short time.) क्षण भर देखना; **To look over** (to overlook.) बहटियाना; **To look through** (to penetrate.) आँख गड़ाकर देखना; **To look to** (to consider.) विचारना; **To look upon** (to regard with disfavour.) तिरस्कार करना; **To look up to** (to count.) गणना करना, मानना।

Looker-on-लुक्'-अर्-ऑन्-(*pl.* **Lookers-on**) *n.* a spectator. दर्शक।

Looking-लुक्'-इङ्ग- *n.* search. दृष्टि, दिखावट; **Looking glass** (mirror.) दर्पण, शीशा।

Lookout - लुक्'-आउट्-*n.* a careful watching for an object. किसी पदार्थ का सावधानी से निरीक्षण।

Loom - लूम् - *n.* a machine for weaving, inner part of an oar, a haze. करघा, डाँड़े का भीतरी भाग, अस्पष्ट दर्शन; *v. i.* to appear vague and indistinct. अस्पष्टरूप से देख पड़ना।

Loon - लून् - *n.* a idler, a rascal. दुर्जन, दुष्ट, पाजी; **Loony** (-ई) *n.* a lunatic. पागल।

Loop-लूप्-*n.* a noose, a curve, bent string or wire. फन्दा, चक्कर, गाँठ; *v. t.* to fasten with a loop. फन्दे में बाँधना।

Looper-लूप्'-अर्-*n.* a kind of creeping insect. एक प्रकार का रेंगनेवाला कीड़ा

Loophole-लूप्'-होल्-*n.* an aperture, an outlet, secret means of escape. छिद्र, निकास, भागने का गुप्त मार्ग।

Loopline - लूप्'-लाइन् - *n.* a short railway line attached to the main line. घूम कर जाने वाली रेल की लाइन।

Loose - लूस् - *adj.* released from restraint, free, not tight, inexact, incorrect, dissolute. बन्धनमुक्त, स्वतन्त्र, ढीला, अव्यवस्थित, अशुद्ध, दुराचारी; *v. t.* to free from restraint, to discharge gun. छुटकारा देना, गाँठ खोलना, बन्दूक छोड़ना; **A loose woman** (immoral woman.) कुलटा स्त्री; **At a loose end** (without a definite aim.) बिना लक्ष्य के; **Loose bowels** (diarrhœa.) अतिसार रोग; **Loose conduct** (bad habit.) व्यसन; **Loose tongue** (a prattler.) बड़बड़िया; **To break loose** (to run away from bondage.) बन्धन तोड़ कर भाग जाना; **Loosely** (-ली) *adv.* शिथिलता से, अस्पष्टता से; **Looseness** (-नेस्) *n.* ढीलापन।

Loosen-लूस्'-ऍन्-*v. t.* to relax, to separate. शिथिल करना, ढीला करना, पृथक् करना।

Loot-लूट्-*n.* goods snatched from the enemy, booty. लूट का माल, लूट; *v. t.* to plunder. लूटना; **Looter** (-अर्) *n.* one who plunders.

लूटने वाला, डाकू ।

Lop-लॉप्-*v. t. & i.* (*p.t.* **Lopped**) to cut off twigs or branches, to hang loosely. डाल काटना (कलम करना), लटकना ।

Lope-लोप्-*v. i.* to run with a long bounding stride. लम्बे लम्बे डग मारते हुए दौड़ना ।

Loppings-लॉप्'-पिङ्ग्ज़्-*n.* that which is cut off. कटाव ।

Loppy लॉप्'-पी- *adj.* hanging. झूलने वाला ।

Lopsided – लॉप्-सि'-डेड् – *adj.* with one side smaller than the other. एक ओर दूसरे ओर से भारी; **Lopsidedly** (-ली) *adv.* in a lopsided manner. इस आकृति से ; **Lopsidedness** (-नेस्) *n.* the state of being lopsided. असम तोलन अवस्था ।

Loquacious-लो-क्वे'-शस्-*adj.* talkative, chattering, noisy. वाचाल, बकवादी, वक्की ; **Loquaciously** (-ली) *adv.* in a talkative manner. वाचालता से ; **Loquaciousness** (-नेस्) *n.* the habit of being talkative. बातूनीपन; **Loquacity** (-क्वीस्'-सिट्-ई) *n.* loquaciousness. बकवाद ।

Lorcha-लॉर्'-चॉ-*n.* a kind of ship. एक प्रकार का जहाज ।

Lord-लॉर्ड्-*n.* (*fem.* **Lady**) master, ruler, sovereign, husband, God, a baron. (प्रभु) स्वामी, राजा, महाराज, पति, ईश्वर, इङ्गलैन्ड की एक उपाधि ; *v. i.* to rule despotically. प्रभुत्व दिखलाना; **Lord-like** (-लाइक) *adj.* grand, magnificent. राजा सदृश, तेजस्वी (रोबदार); **Lordliness** (-ली-नेस्) *n.* dignity, pride. तेज, प्रभुत्व ; **Lordling** (-लिङ्ग्) *n.* a little lord. छोटा नवाब ; **Lordly** (-ली) *adj.* haughty, imperious. राजा सदृश ; **Lordship** (-शिप्) *n.* a domain, lord's personality, power. अधिकार, प्रभुत्व, राज्य ।

Lore-लोर् – *n.* erudition, wisdom, scholarship. विद्या ज्ञान, शिक्षा ।

Loricate-लॉर्'-इ-केट् – *adj.* having defensive parts. कवचयुक्त ।

Loris-लॉर्'-रिस्-*n.* a kind of lemur. एक प्रकार की छिपकली ।

Lorn-लॉर्न्-*adj.* same as **Forlorn**.

Lorry-लॉर्'-री – *n.* (*pl.* **Lorries**) a long heavy wagon or truck. अनेक मनुष्यों के सवार होने की (मोटर या रेल) गाड़ी ।

Lory – लोर्' - ई – *n.* a bird of the parrot kind. तोते की जाति का एक पक्षी

Lose-लूज़्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Lost**) to be deprived of, to suffer loss, to waste, to spend, to fail, to carry, to disappear, to perish. वंचित होना (त्यागना, छोड़ना) गँवाना, खोना, हारना, नष्ट होना, (बहक जाना); **Lost his way** (*i.e.* missed.) [illegible] गया ; **To lose consciousne**[illegible] to become insensible.) मूर्छित होना ; **To lose patience** (to be impatient.) अधीर होना ; **To lose one's wits** (to lose knowledge.) बुद्धिहीन होना ; **To lose time** (to waste time.) कालक्षेप करना ।

Loser-लूज़्'-अर् – *n.* one who loses. खोनेवाला, हारनेवाला ।

Loss–लॉस्–*n.* disadvantage, waste. हानि, (नाश) घटी ।

Lost–लॉस्ट्–*p. t.* & *p. p.* of **Lose**.

Lot – लॉट – *n.* selected batch of goods, choice, share, chance. किसी माल का अलगाया हुआ थोक, भाग्य, भाग, (अंश), दैवगति ; *v. t.* to allot. अनेक भागों में बाँटना; **A lot** (a large number.) बहुत सा ; **To cast or draw lots** (to decide by throw of dice.) चिट्ठी डालकर निर्णय करना ; **To lot with** (to be a helper.) सहायक होना ।

Lotion–लो'-शन्–*n.* a liquid medical preparation used as a wash. धोने की दवा ।

Lottery–लॉट्'-टॅ-री-*n.* arrangement for distributing prizes by lot. चिट्ठी डालकर बाँटने की रीति ।

Lotto–लॉट्'-टो–*n.* a game of chance. एक प्रकार का जुआ ।

Lotus – लो'-टस् – *n.* the water-lily. कमल, पद्म ; **Lotus stalk** (the stalk of a lotus.) मृणाल ; **White lotus**. पुण्डरीक ।

Loud – लाउड् – *adj.* & *adv.* noisy, clamorous. तीव्र, बड़ी ध्वनि का; **Loud noise** (clamour.) शोरगुल; **Loudly** (-ली) *adv.* in a loud manner. ऊँचे स्वर से ; **Loudness** (-नेस्) *n.* the quality of being loud. महत्व ; **Loud-speaker** (an instrument for magnifying sound.) ऐसा यन्त्र जिसके द्वारा गाना इत्यादि जोर से दूर तक सुन पड़ता है।

Lough – लॉफ़ (लॉक्) – *n.* a lake. सरोवर, झील ।

Lounge–लाउन्ज्–*v. i.* & *t.* to spend time lazily, to recline idly. आलस्य से कालक्षेप करना, व्यर्थ पड़े रहना ; *n.* a place of lounging. पड़े रहने का स्थान; **Lounger** (-अर्) *n.* an idler. आलसी, कालक्षेपक; **Lounging** (-इङ्ग) *n.* idleness. आलस्य ; **Loungingly** (-ली) *adv.* in an idle manner. आलस्य से ।

Lour, **Lower**–लाउ'-अर्–*v.i.* to look sullen, to frown. मुँह चढ़ाना, मुह टेढ़ा करना ; **Louringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a frowning manner. मुँह चढ़ाते हुए ।

Loury–लाउर्'-ई – *adj.* full of darkness. अन्धकारयुक्त ।

Louse–लाउस–*n.* (*pl.* **Lice**) a parasitic insect. जुआँ (चीलर) ; **Louse-egg** लीख ।

Lout–लाउट्–*n.* an awkward mean fellow, a clown. ग्रामीण मनुष्य, भद्दा आदमी ।

Loutish – लाउट्'-इश् – *adj.* clumsy. अनाड़ी; **Loutishly** (-ली) *adv.* in a clumsy manner. ग्रामीणता से; **Loutishness** (-नेस्) *n.* the quality of being awkward. भद्दापन ।

Louver–लू'-वर्–*n.* an erection in a building to let smoke out. धूम-रन्ध्र, धुवाँला ; **Louvered** (-ड्) *adj.* smoked. धुवाँखा लगा हुआ ।

Lovable–लव्'-ऑ-बल् – *adj.* deserving love. प्रेम करने योग्य ; **Lovableness** (-नेस्) *n.* the state of being lovable. प्रेम योग्यता ।

Lovage–लव्'-एज्–*n.* a kind of herb, एक प्रकार की वनस्पति ।

Love–लव्–*n.* warm affection, fondness, passion, the object of love. प्रेम (स्नेह), अनुराग, रुचि (प्रीति), प्रीतिपात्र; **For the love of** (for the sake of.) वास्ते, लिये ; **Love apple** *n.* the tomato. टमाटर; **Love-child** *n.* an illegitimate child. दोगली सन्तति ; **Love-begotten** (illegitimate.) दोगला ; **Love-feast** (feast in connection with marriage.) विवाह संबंधी उत्सव ; **Love-in-a-mist** (**in idleness**) a kind of flower. एक प्रकार का फूल; **Love lorn** (pining with love.) प्रेम से सूखा हुआ ; **Loveworthy** (-वर्दी) *adj*. प्रेम योग्य; **Loveworthiness** (-नेंस्) *n.* worthiness of love. प्रेम योग्यता ; **Love for God** (devotion to God.) ईश्वर भक्ति ; **To fall in love with** (to become enamoured.) प्रेमासक्त होना ; **Under the influence of love** (passionate.) कामातुर ।

Love–लव्–*v. t.* & *i.* to be in love with, to regard with affection, to delight in, to admire. प्रेमासक्त होना, प्रेम करना,प्रसन्न होना,आनन्द होना ।

Lovelace – लव्'-लेस्–*n.* a libertine. व्यभिचारी मनुष्य ।

Loveless– लव्'-लेंस्– *adj*. devoid of love. प्रेम रहित;**Lovelessness** (-लेंस्-नेंस्) *n.* प्रेम का अभाव ।

Loveliness– लव्'-लि-नेंस्– *n.* gentle beauty. माधुर्य, सुन्दरता ।

Lovely-लव्'-ली-*adj*.delightful,pleasant, pleasing. मनोहर, सुन्दर, प्यारा ।

Lover–लव्'-अर्–*n.* woman's sweetheart. कामुक,प्रेमी ; **Lover's knot** (knot of love.) प्रेमग्रन्थि ; **Lover-like** (-लाइक्) *adj.* like a lover. कामुक के सदृश ।

Loving – लव्'-इङ्ग् – *adj.* affectionate, proceeding from love. अनुरागी, प्रिय; **Lovingly** (-ली) *adv.* प्रेम से; **Lovingness** (-नेंस्) *n.* affection. प्रेम ।

Low–लो– *adj.* & *adv.* not far up, not elevated, depressed, not loud, undignified, humble, not high. नीचे का, अनुच्च, मन्द, धीमा,गहरा, क्षुद्र, विनीत, नीचा ; **In low spirits** (dejected.) खिन्न ; **In low tone** (in slow voice.) मन्द स्वर से ; **In low water** (penniless.) निर्धन; **Low born** (of low birth.) नीच कुल का ; **Lowdown** (mean.) अप्रतिष्ठित, नीच ; **Lower world** (hell.) पाताल ; **Lowland** (-लॉन्ड्) *n.* a valley. तराई ; **Low life** (humble life.) क्षुद्र जीवन; **Low moon** (moon near the horizon.) क्षितिज के पास का चन्द्रमा ; **Lowness** (-नेंस्) *n.* the quality of being low. नीचता; **Low price** (of less value.) कम दाम का; **Low spirited** *adj.* dejected.उदास, दुखी ; **Low-tide** (flow.) ज्वार ; **Of low latitude** (near the equator.) भूमध्य रेखा के पास ; **To bring low** (to render poor.) दरिद्र करना ; **To lay low** (to fall to the ground.) भूमि पर पटक देना ; **To lie low** (to bend.) झुकना ।

Low–लो–*v. t.* & *i.* to utter cry as of oxen. बैल की तरह डकरना ।

Lower-लो'-अर्-*v.t.* & *i.* to let down,

to reduce in value, to diminish height of, to sink, to descend, to decrease. उतारना, घटाना, कम करना, डुबाना, उतरना, कम होना, न्यून करना ; **Lowering** (- इङ्ग) *adj.* cloudy. अन्धकार, बदली; **Lowermost** (-मोस्ट) *adj.* lowe-t in place. सबसे नीचे का।

Lowliness-लो-लि'-नेस्-*n.* the state of being lowly. विनय, नम्रता।

Lowly–लो'-ली–*adj.* humble, modest, meek. विनीत, नम्र, दर्पहीन।

Loyal–लाय्'-ऑल्–*adj.* faithful to a king, true, devoted. राजभक्त, सच्चा, आज्ञाकारी; **Loyal wife** (a faithful wife.) पतिव्रता स्त्री; **Loyalist** (-इस्ट) *n.* one who is loyal. राजभक्त ; **Loyally** (-ली) *adv.* in a loyal manner. भक्तिपूर्वक ; **Loyalty** (-टी) *n.* devotion to a sovereign. स्वामिभक्ति, राजभक्ति।

Lozenge-लॉज़्'-ऍन्ज्–*n.* rhombus, a small tablet of flavoured sugar. विषमकोण का सम चतुर्भुज, बर्फी, मिठाई ; **Lozenged** (-ड) *adj.* having the form of a lozenge. इस तरह के चतुर्भुज के आकार की।

Lubber–लब्'-बर्–*n.* a stupid fellow, a lout. स्थूल बुद्धिवाला मनुष्य, मूर्ख, गँवार; **Lubberlike** (-लाइक) *adj.* stupid. मूर्ख ; **Lubberliness** (-लि-नैस्) *n.* the quality of being stupid. गँवारपन ; **Lubberly** (-ली) *adj.* & *adv.* in a stupid manner. मूर्खता से।

Lubricant – ल्यू'-ब्रि-कॅन्ट – *n.* that which lessens friction. चिकनाने का मसाला।

Lubricate–ल्यू'-ब्रि-केट–*v.t.* to make smooth by applying oil or grease. तेल या चर्बी लगाकर चिकना करना ; **Lubrication** (-के'-शॉन्) *n.* the act of lubricating चिकनाहट; **Lubricator** (-के'-टॉर्) *n.* that which lubricates. चिकना भरनेवाली कुप्पी।

Lubricity–ल्यू-ब्रिस'-सि-टी-*n.* smoothness, oiliness. चिकनाहट, स्निग्धता।

Lubricious-ल्यू'-ब्रि-शस्-*adj.* smooth, oily. चिकना, स्निग्ध।

Luce–ल्यूस–*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Lucency–ल्यू'-सेन्-सी–*n.* brightness. तेज, प्रकाश।

Lucent – ल्यू'-सॅन्ट – *adj.* shining, bright, luminous. दीप्तिमान, तेजस्वी, प्रकाशमान।

Lucerne-ल्यू'-सर्न्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार की घास जिसको पशु खाते हैं।

Lucid–ल्यू'-सिड्– *adj.* bright, clear, pellucid. देदीप्यमान, चमकीला, स्वच्छ (स्पष्ट अर्थ का); **Lucid interval** (period of calm between disturbances.) विघ्नों के बीच का शान्ति का काल; **Lucidness** (-नेस्), **Lucidity** (-इ-टी) *ns.* the state of being lucid. शोभा, स्पष्टता ; **Lucidly** (-ली) *adv.* in a lucid manner. स्पष्टता से।

Lucifer – ल्यू'-सि-फ़र्–*n.* the planet Venus as a morning star. शुक्र तारा ; **Lucifer match** (friction match.) रगड़कर जलानेवाली दियासलाई।

Luciferous – ल्यू-सिफ्'-ऍर्-अस् – *adj.* shining. चमकीला, तेजमय।

Lucifugous–ल्यू-सि-फ़्यू'-गस्–*adj.* affording light. आँख चौंधानेवाला (दिन का प्रकाश)।

Luck-लक्-*n.* chance, fortune, fate. दैव, संयोग, भाग्य ; **As luck would have it** (fortunately or unfortunately.) भाग्यवश ; **Bad or ill luck** (bad fortune.) दुर्भाग्य. **Good luck** (good fortune.) सौभाग्य ; **Luck penny** *n.* (a small sum given back to the buyer by the person who receives it.) दस्तूरी ।

Luckily-लक्'-इ-ली-*adv.* fortunately. दैव योग से, भाग्यवश ; **Luckiness** (-नैस्) *n.* सौभाग्य ।

Luckless-लक्'-लैस् - *adj.* devoid of luck. अभागा, भाग्यहीन ; **Lucklessly** (-ली) *adv.* unfortunately. दुर्भाग्य से ; **Lucklessness** (-नैस्) *n.* the state of being unfortunate. भाग्यहीनता ।

Lucky-लक्'-ई-*adj.*(*comp.***Luckier**, *sup.* **Luckiest**) fortunate, prosperous. धन्य, भाग्यवान्, शुभ ; **Lucky guess** (hitting at the right time.) समय पर सूझ जाना ।

Lucrative-ल्यू'-क्रॉ-टिव्- *adj.* profitable, yielding profit. लाभदायक, फल देनेवाला ; **Lucratively** (-ली) *adv.* लाभ पूर्वक; **Lucrativeness** (-नैस्) *n.* लाभ, फल ।

Lucre-ल्यूक्'-अर्-*n.* pecuniary gain, profit. अर्थ प्राप्ति, लाभ ।

Lucubrate-ल्यू'-क्यु-ब्रेट-*v.i.* to study or work at night. रात मे अध्ययन या काम करना; **Lucubration** (-ब्रे'-शॉन्) *n.* study at night. रात्रि समय का अध्ययन; **Lucubrator** (-ब्रे'-टॉर्) *n.* one who works by candle-light. रात में अध्ययन करनेवाला ; **Lucubratory** (-ई) *adj.* composed by candle-light or by night. रात्रि का लिखा हुआ।

Luculent-ल्यू'-क्यु-लैन्ट - *adj.* clear, lucid. स्फुट, स्पष्ट ; **Luculently** (-ली) *adv.* clearly. स्पष्टता से ।

Ludicrous-ल्यू'-डि-क्रस्-*adj.* absurd, ridiculous, exciting derision. भद्दा, असङ्गत, फूहर ; **Ludicrously** (-ली) *adv.* in an absurd manner. भद्देपन से ; **Ludicrousness** (-नैस्) *n.* भद्दापन ।

Lues-ल्यू'-ईज़्-*n.* a contagious disease, plague. संक्रामक रोग, प्लेग ।

Luff-लफ्-*n.* the broad part of a ship's bow. जहाज़ का अगला चौड़ा भाग ; *v. i.* & *t.* to bring the head of a ship towards the wind. जहाज़ को हवा के रुख पर लाना ।

Lug-लग्-*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Lugged**) to drag heavy load with effort, to pull hard. बलपूर्वक भारी बोझ खींचना, घसीटना ; **Lug-sail** (-सेल्) *n.* a square sail. चौकोनी पाल ।

Luggage-लग्'-गेज्-*n.* baggage. यात्रा सामग्री, गठरीमोटरी ।

Lugger-लग्'-गर्-*n.* a kind of small ship. एक प्रकार का छोटा जहाज़ ।

Lugubrious-ल्यु-ग्यू'-ब्रि-अस्-*adj.* dismal, sorrowful, mournful. उदासीन, दुःखात्मक, शोकसूचक; **Lugubriously** (-ली) *adv.* in a dismal manner. शोक से ; **Lugubriousness** (-नैस्) *n.* sorrow. शोक ।

Lukewarm-ल्यूक्'-वॉर्म्-*adj.* moderately warm, tepid, indifferent. मन्दोष्ण, गुनगुना, उत्साहीन ; **Lukewarmly** (-ली) *adv.* in an indiffer-

ent manner. निरुत्साह से ; **Lukewarmness** (-नैस्) *n.* the state of being moderately warm. गुनगुनापन ।

Lull–लल्–*v. t. & i.* to put to sleep by caresses, to quiet, to lessen. गाकर सुलाना, शान्त करना, (धीमाकरना) ; कम करना ; *n.* a season of calm. तूफ़ान के बाद की शान्ति ; **Lullingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* शान्ति भाव से ।

Lullaby–लल्'-अँ-बाइ-*n.* (*pl.* **Lullabies**) a song to put babies to sleep. बच्चों के सुलाने की गीत ।

Lullingly–see **Lull**.

Lumbaginous–लम्-बैजिं'-इ-नस्– *adj.* pertaining to lumbago. कटिवेदना सम्बन्धी ।

Lumbago–लम्-बे'-गो – *n.* rheumatic pain in the loins. कटि वेदना, कमर का दर्द ।

Lumbar–लम्'-बर् – *adj.* of the loin. कटि सम्बन्धी ।

Lumber – लम्'-बर् – *v. i.* to move clumsily. भद्दी तरह से चलना ; *v. i.* to obstruct, to heap together. रुकावट डालना, ढेर लगाना ; *n.* a disused and cumbrous article. निरर्थक पदार्थ, (काठ कबार); **Lumberer** (-अर्) *n.* काठ कबार इकट्ठा करनेवाला ; **Lumber room** *n.* काठ कबार रखने की कोठरी ।

Luminant–ल्यू'-मिन्-नैन्ट्–*adj.* & *n.* giving light, a luminous object. प्रकाश देनेवाला, चमकता पदार्थ ।

Luminary – ल्यू' – मि – नँ – रीं–*n.* a natural body that gives light, a person of exceptional eminence. सूर्य, चन्द्रमा, तारागण, अपूर्व बुद्धि का मनुष्य ।

Luminiferous–ल्यू-मि-निफ़्'-ऍर्-अस – *adj.* producing light. प्रकाश फेंकनेवाली

Luminosity-same as **Luminousness**.

Luminous-ल्यू'-मिन्-अस्-*adj.* bright, shining, clear, emitting light. प्रकाशयुक्त, चमकीला, प्रकाश फेंकनेवाला ; **Luminously** (-ली) *adv.* in a luminous manner. चमक से ; **Luminousness** (-नैस्) *n.* brightness. चमकीलापन ।

Lump–लम्प्– *n.* a shapeless mass, a heap, protuberance, swelling. ढेर, समूह, पिण्ड, स्थूलभाग ; *v. i.* & *t.* to throw into a mass. इकट्ठा करना, ढेर लगाना; **In the lump** (*i.e.*gross.) थोक में; **Lump-sugar** (loaf sugar.) गुड़ का पिण्ड ; **Lump sum** (gross sum.) थोक रकम ।

Lumper-लम्प्'-अर्-*n.* one who loads or unloads ships. जहाज़ पर का माल चढ़ाने या उतारनेवाला कुली ।

Lumping – लम्प्'-इङ्ग् – *adj.* bulky, heavy. बड़ा, भारी ।

Lumpish– लम्प्'-इश् – *adj.* foolish, stupied. स्थूल मति, मूर्ख ।

Lumpishness–लम्प्'-इश्-नैस्–*n.* the quality of being lumpish. स्थूलता ।

Lumpy–लम्प्'-ई–*adj.* full of lumps. ढेर लगाया हुआ ।

Lunacy–ल्यू'-नँ-सी–*n.* insanity, derangement of mind. (उन्माद) मतिविभ्रम, पागलपन (बावलापन) ।

Lunar–ल्यू'-नँर्–*adj.* pertaining to the moon. चन्द्रमा सम्बन्धी ; **Lunar-**

ian (-नैअर्'-इ-ऑन्) *n.* an astronomer who devotes special attention to moon, an inhabitant of the moon. चन्द्रमा के विषय में अधिक ज्ञान रखनेवाला ज्योतिषी, चन्द्रलोक का निवासी; **Lunar day** तिथि; **Lunar eclipse** (eclipse of the moon.) चन्द्रग्रहण; **Lunar month** (the time in which the moon makes a complete revolution about the earth.) चन्द्रमास; **Lunar politics** (uselss question.) निरर्थक प्रश्न; **Lunar race.** सोमवंश।

Lunate–ल्यू'-नेट्–*adj* of the shape of a crescent. अर्धचन्द्र के आकार का; **Lunation** (-ने'-शन्) *n.* the time from one new moon to the next. एक चन्द्रोदय से दूसरे चन्द्रोदय तक का समय।

Lunatic–ल्यू'-नेटि-इक्–*adj.* insane, mad, foolish, eccentric. उन्मत्त, हतबुद्धि, पागल, झक्की; **Lunatic asylum** (hospital for insane people.) पागलखाना।

Lunch, Luncheon–लन्च् (-ऑन्) *n.* light refreshment between breakfast and dinner. सवेरे के पनपियाव तथा दोपहर के भोजन के बीच में का थोड़ा भोजन; *v. i.* to take lunch. इस प्रकार का भोजन करना।

Lunette–ल्यू-नेट्'-*n.* a hole or crescent shaped space in a ceiling or dome. गुम्मज या छत में चन्द्राकार छिद्र या ताखा।

Lung–लङ्ग्–*n.* one of the organs of respiration. फुप्फुस, फेफड़ा; **Lungless** (-लैस्) *adj.* devoid of lung. बिना फेफड़े का; **Lung-power** (power of voice.) बोलने की शक्ति।

Lunge–लन्ज्–*n.* a horse-breaker's long rope. घोड़ा फेरनेवाले की बागडोर; *v. t.* to exercise a horse at the end of a long rope. घोड़े को चक्कर देना; *v. i.* to thrust with sword. तलवार भोंकना।

Luniform–ल्यू'-नि-फ़ॉर्म्–*adj.* crescent shaped, चन्द्राकार।

Lunisolar–ल्यू'-नि-सो'-लर्-*adj.* of the sun and moon. सूर्य तथा चन्द्र सम्बन्धी।

Lupine–ल्यू'-पिन्–*n.* a kind of garden plant. शमीधान्य, एक प्रकार का पौधा; *adj.* pertaining to wolf, wolf-like. भेड़िया सम्बन्धी, भेड़िये के तुल्य।

Lupous–see **Lupus**.

Lupus–ल्यू'-पस्– *n.* a disease of the skin. एक प्रकार का चर्मरोग; **Lupous** *adj.* pertaining to such a disease, इस प्रकार के रोग सम्बन्धी।

Lurch–लर्च्–*n.* a sudden leaving to one side, a forlorn state. जहाज का एक ओर झुकना, आपत्ति दशा; **To leave in the lurch** (to leave in difficulty.) आपत्ति में छोड़ना।

Lurcher–लर्च्'-अर्–*n.* a swindler, a kind of dog. चोर, एक प्रकार का कुत्ता।

Lure–ल्यूर्–*n.* anything used as an enticement. प्रलोभन, लालच; *v. t.* to attract. लुभाना, फुसलाना

Lurid – ल्यू' - रिड् – *adj.* ghastly, gloomy, unnatural, terrible. घोररूप, अन्धकारमय, अप्राकृतिक, भयङ्कर; **Luridly** (-ली) *adj.* in a lurid manner. भयङ्करता से; **Luridness** (नेस्) *n.* fearfulness. भयङ्करता।

Lurk–लर्क्– *v. i.* to be hidden in, to

escape notice, to lie in wait. छिपे रहना, दबकना, घात में रहना; *n.* a swindle, a gross fraud. धोखा, दगा, कपट, छल; **Lurker** (-अर्) *n.* one who hides himself. छिपनेवाला; **Lurking** (-इङ्ग्) *n.* & *adj.* hiding. गुप्त रहना, छिपे हुए; **Lurking place** (a hiding place.) छिपने का स्थान; **To be on the lurk** (to be on the alert.) सभले रहना।

Luscious-लस्'-अस्-*adj.* richly sweet, delicious. अति मधुर, स्वादिष्ट; **Lusciously** (-लो) *adv.* in a luscious manner. मधुरता से; **Lusciousness** (-नेस्) *n.* deliciousness. माधुर्य।

Lush-लश्-*adj.* luxuriant. रसीला, रस भरा हुआ; *n.* liquor, drink. मदिरा, शराब; *v. t.* to drink. शराब पीना; **Lushy** (-ई) *adj.* intoxicated. मदिरा पिये हुए।

Lust-लस्ट्-*n.* desire for sexual indulgence. विषय सुख की इच्छा (तीव्र लालसा); *v. i.* to have carnal desire. मैथुन की अभिलाषा करना; **Lustful** (-फुल्) *adj* inciting to lust. कामातुर; **Lustfully** (-फुल्-लि) *adv.* in a lustful manner. कामुक की तरह; **Lustfulness** (-नेस्) *n.* the state of being lustful. कामातुरता; **Lustihood** (-इ-हुड्) *n.* vigour of body. बल, दृढ़ता; **Lustily** (-इ-ली) *adv.* in a lusty manner. बल से; **Lustiness** (-इ-नेस्) *n.* robustness. पुष्टता; **Lusty** (-ई) *adj.* strong, vigorous. बलवान्, दृढ़ शरीरवाला।


Lustral-लस्ट्'-रैल्-*adj.* pertaining to purification. शुद्धिकर।

Lustrate-लस्'-ट्रेट्- *v. t.* to purify by sacrifices &c. यज्ञ होम इत्यादि से शुद्ध करना; **Lustration** (-ट्रे'-शान्) *n.* the act of purifying. इस प्रकार की शुद्धि।

Lustre-लस्'-टर्-*n.* gloss, brilliance, fame, radiant beauty. चमक, प्रकाश, यश, शोभा (कान्ति); **Lustreless** (-लेस्) *adj.* devoid of lustre. प्रकाशहीन; **Lustrous** (-ट्रस्) *adj.* luminous, shining. दीप्तिमान्, चमकीला।

Lutanist-see **Lute**.

Lute-ल्यूट्- *n.* a musical instrument like guitar. बीन, सरङ्गी; **Lutanist** (-ल्यू'-टीन्-इस्ट्-) *n.* one who plays on the lute. बीन बजानेवाला।



Lute.

Luteous-ल्यू'-टे-अस्- *adj.* of deep orange colour. गहरे नारङ्गी रङ्ग का।

Lute string-ल्यूट्'-स्ट्रिङ्ग्-*n.* a kind of glossy silk. एक प्रकार का चमकीला रेशमी कपड़ा।

Luxate-लक्स्-एट्'-*v. t.* to dislocate a joint. जोड़ हटाना; **Luxation** (-ए'-शान्) *n.* dislocation. जोड़ हटना या उखड़ना।

Luxuriance-लग्-ज्यू'-रि-औन्स्-*n.* exuberance. समृद्धि, बहुतायत।

Luxuriant - लग्-ज्यू'-रि-औन्ट्-*adj.* profuse, abundant, exuberant. अत्यन्त, प्रचुर, अति समृद्ध।

Luxuriate-लग्-ज्यू'-रि-एट्'-*v. i.* to

live luxuriously. आनन्द मचाना, चैन करना ।

Luxurious–लग्-ज्यू'-रि-अस्–*adj.* indulging in luxury. सुखभोगी, विलासी, आनन्दी ; **Luxuriously** (-ली) *adv.* in a luxurious manner. अति सुख से, विलास पूर्वक ; **Luxuriousness** (-नैस्) *n.* the state of being luxurious. विलासिता ।

Luxurist – लक्स्'-यूर् - इस्ट – *n.* one given to luxury. विलासी मनुष्य ।

Luxury–लक्'-श-री– (लक्स्'-यू-री)–*n.* (*pl.* **Luxuries**) habitual indulgence in rich food, dress &c., delicacy. विशिष्ट भोजन, विलास, विषय सुख ।

Lycanthropy – लि-कॅन्'-थ्रो-पी – *n.* madness in which the patient thinks himself to be a beast. पागलपन जिसमें रोगी अपने को पशु समझता है ।

Lychnis–लिक्'-निस् – *n.* a genus of plants. एक प्रकार के पौधे ।

Lycopod, Lycopodium–लाइ'-को-पाड् – (-पो'-डि-अम्) *n.* a kind of moss. एक प्रकार की सेवार ।

Lydian–लिड्'-इ-ॲन्–*adj.* soft. मृदुल, कोमल ।

Lye–लाइ–*n.* a mixture of vegetable ashes and water. क्षारपूर्ण जल, सज्जी-खार का घोल ।

Lying – लाइ'-इङ्ग् – *n.* telling lies, "*present part.* of **lie.**" झूठ बोलना, पड़े हुए; **Lyingly** (-ली) *adv.* falsely. झूठ बोलते हुए ।

Lyke-wake–लाइक्'-वेक् – *n.* watching a dead body at night. शव को रात्रि में अगोरना ।

Lymph – लिम्फ् – *n.* a colourless fluid in the tissues of an animal body. शरीर में का पंछा ; **Lymphatic** (लिम्-फॅट्'-इक्) *adj.* pertaining to lymph. इस प्रकार का पंछा सम्बन्धी ।

Lyncean – लिन्'-सैं-ॲन् – *adj.* keen-sighted. तीव्र दृष्टि वाला ।

Lynch–लिन्च् – *v. t.* to inflict punishment illegally. मारपीट करना ; *n.* mob-rule. मनमानी राज्य ।

Lynx–लिङ्क्स् – *n.* a wild quadruped of the cat family. बिल्ली की तरह का एक जङ्गली पशु ।

Lyrate–लाइ'-रेट् – *adj.* of the form of a lyre. वीणा के आकार का ।

Lyre–लायर्–*n.* a stringed musical instrument. वीणा, बीन ।

Lyric – लिर्'-इक् – *adj.* of the lyre, meant to be sung. वीणा का, गायन सम्बन्धी ; **Lyrically** (-ॲल्-लि) *adv.* in a lyric manner. गाने के रूप में ; **Lyricism** (-रि-सिज़्म्) *n.* a lyric composition. गायन रूप की कविता ।

M-ऍम् – the thirteenth letter of the English alphabet, in Roman notation used for 1000. अंग्रेजी भाषा का तेरहवाँ अक्षर, रोमन् अङ्क में १००० के लिये प्रयोग होता है।

Ma-मा-*n*. childish contraction for 'Mamma'. माँ, अम्मा।

Ma'am-मॅम्-*n*. a contracted form of 'Madam'. 'मॅडम्' का छोटा रूप।

Mab-मॅब्-*n*. queen of fairies. परियों की रानी।

Mac-मॅक्-*n. pref*. in names meaning 'son of.' नामों में "पुत्र" अर्थ का उपसर्ग।

Macaco – मॅ-कॅ'-को – *n*. a kind of monkey. एक प्रकार का बन्दर।

Macadamize – मॅक्-ॲड्'-ॲम्-आइज़्–*v. t*. to cover a road with small pieces of broken granite. पत्थर के टुकड़ों को पीटकर सड़क बनाना; **Macadamization** (-ए'-शन्) *n*. preparing road by this method. इस प्रकार की सड़क बनाना।

Macaroni-मॅक्-ॲ-रों'-नी – *n*. (*pl*. Macaronies) a wheaten preparation used as food. एक प्रकार की मैदे की मिठाई; **Macaronic** (-रॉन्'-इक्) *n*. a medley of incongruous words. अनेक भाषाओं की खिचड़ी।

Macaroon-मॅक्-ॲ-रून्' – *n*. a preparation of almond, egg and sugar. बादाम की एक प्रकार की मिठाई।

Macassar-मॅ-कॅस्'-सॅर्–*n*. a kind of scented hair oil. प्रसिद्ध सुगन्धित तैल।

Macaw-मॅ-का'–*n*. a kind of parrot, a kind of palm. एक प्रकार का तोता, एक प्रकार का नारियल।

Millepede–मिल्'-लॅ-पीड्–*n.* an insect with several legs. अनेक(हजारों) पैर का कीड़ा ।

Millesimal–मिल्-लॅस्'-इम्-ऑल्–*adj.*& *n.*a thousandth (part.)हजारहवाँ(भाग)

Millet–मिल्'-लॅट्–*n.* an Indian plant which bears grains. जोन्हरी, बाजरा,

जुआर।

Milliner–मिल्'-लिन्-अर्–*n.* one who makes up women's hats. मेमों की टोपी बनानेवाला; **Millinery** (-ई) *n.* articles made and sold by a milliner. मेमों की टोपी या इनके पोशाक।

Million – मिल्'-यॉन्– *n.* a thousand thousand. दस लाख; **Millionaire** (-ऍअर्) *n.* a very rich person. लक्षाधीश, लखपति; **Millionfold** (-फ़ोल्ड) *adj.* a million times. दस लाख गुना; **Millionth** (-थ्) *adj.* one of a million parts. दस लाखवाँ।

Milt–मिल्ट–*n.* an organ like spleen in fishes. मछली का पित्ता।

Milter–मिल्ट्'-अर्–*n.* (*fem.* **Spawner**) a male fish. मच्छ।

Miltonic, Miltonican – मिल्-टॉन्'-इक् (-ईन्)–*adjs.* of the style of Milton. इङ्गलैन्ड के प्रसिद्ध कवि मिल्टन् की कविता के सदृश।


Mimetic– माइम्-ऍट्'-इक्– *adj.* imitative. अनुकरणवाली; **Mimetically** (-ऑल्-लि) *adv.* in an imitative manner. अनुकरण से।

Mimic–मिम्'-इक्–*n.* & *adj.* one who is apt to imitate, a buffoon. अनुकरण करनेवाला, हँसानेवाला, भाँड़, बहुरूपिया; *v. t.* to imitate like a fool. अनुकरण करना, विडम्बना करना; **Mimicry** (-री) *n.* a ludicrous imitation. उपहास सहित अनुकरण, विडम्बना, सवांग।

Mimosa–मिम्-ओ'-ज़ा–*n.* a sensitive plant. लजाधुर (नाम का) पौधा।

Minacious–मिन्-ए'-शस्–*adj.* threatening. डरानेवाला; **Minaciously** (-ली) *adv.* in a threatening manner. डराते हुए।

Minaret – मिन्'-ऑ-रॅट्–*n.* a turret, मीनार, धौरहरा


Minaret.

Minatory–मिन्'-ऑ-टॉर् - ई – *adj.* threatening. भय उत्पन्न करनेवाला।

Mince–मिन्स्–*v. t.* to cut into small pieces, to speak in an affected manner. छोटे छोटे टुकड़े करना (कतरना), बनाकर बोलना; *n.* minced meat. टुकड़ा किया हुआ मांस; **To mince matters** (to minimize the unpleasantness of things.) विषय खण्डित करना (स्पष्टरूप से न कहना); **Mincingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a mincing manner. भिन्नगति से, भिन्न स्वर से।

Mind– माइन्ड – *n.* understanding, way of thinking, intention, remembrance, opinion, purpose. मन (चित्त), बुद्धि, अभिप्राय, स्मरणशक्ति, लक्ष्य, ध्येय; *v. t.* & *i.* to give heed to, to attend, to take care, to remember, to mark. चित्त लगाना, ध्यान देना, समझना, याद करना, विचारना; **According to one's mind** (according to one's desire.) इच्छानुसार; **Mind your own business** (leave other people alone.) अपना काम देखो; **Mind's eye** (mental view.) मानसिक शक्ति; **Never mind** (it does not matter.) कुछ चिन्ता नहीं; **Of low mind** (mean.) नीच बुद्धि का; **To be of one mind** (to be of one opinion, to agree.) एक

राय होना; **To call to mind** (to remember.) स्मरण करना ; **To give mind to**(to be attentive to.) चित्त लगाना; **To go out of one's mind** (to forget.) भूल जाना; **To keep in mind** (to remember.) याद रखना ; **To make up one's mind** (to resolve.) दृढ़ करना, निश्चय करना ; **To my mind** (to my thinking.) मेरे विचार में।

Minded – माइन्ड्'-ऍड्–*adj*. inclined. प्रवृत्त, लीन; **Worldly minded**. संसारी, लौकिक, दुनियादार ।

Mindful-माइन्ड्'-फुल्-*adj*. attentive. सावधान, सचेत; **Mindfully** (फुल्-लि) *adv*. attentively. सावधानी से;**Mindfulness** (-नेस्) *n*. heedfulness. सावधानी ।

Mine–माइन्–*poss. pron*. used after noun, *prep*. &c. अपना, मेरा, यथा–this book is *mine*, friend of *mine*. इत्यादि ।

Mine–माइन् – *n*. an excavation in earth from which coal, salt, metals &c. are taken out, great source, subterranean passage. खान, सुरङ्ग, आकर, खाई ; *v. t.* to dig a mine in the earth, to undermine. सुरङ्ग या खान खोदना, पता लगाना; **Miner** (-अर्) *n*. one who works in a mine. खान में काम करनेवाला; **To lay mine** (to dig mines.) सुरङ्ग बनाना या खोदना ।

Mineral-मिन्'-अर्-ऑल – *n*. an inorganic substance. खनिज पदार्थ, धातु *adj*. pertaining to minerals. धातु सम्बन्धी; **Mineralization** (-ए'-शान्) *n*. the act of mineralizing. यह क्रिया; **Mineralize** (-आइज़्) *v. t.* to convert into a mineral. धातुरूप में करना ; **Mineralogical** (-इक्-ऑल) *adj*. pertaining to minerals. धातु सम्बन्धी ; **Mineralogist** (-ऑ-जिस्ट) *n*. one versed in the study of minerals. धातुविद्या में निपुण; **Mineralogy** (-ऑल्'-ओ-जी) *n*. the study of minerals. धातु परीक्षण शास्त्र, धातुविद्या ; **Mineral water** (water impregnated with minerals.) धातु के कण मिला हुआ जल, सोडा वाटर इत्यादि ।

Minerva–मिन्-अर्व्'-ऑ – *n*. the goddess of wisdom. सरस्वती, विद्या की देवी

Mingle–मिङ्ग्'-ग्ल्–*v.t.* & *i*. to mix, to unite, to blend. संयुक्त होना (मिलना), आपस में मिलाना, एकत्र होना; **Mingled** (-ड्) *adj*. mixed. मिश्रित; **Mingler** (-ग्लर्) *n*. one who mingles. मिश्रण करनेवाला ।

Miniate–मिन्'-इ-एट – *v. t.* to paint with vermilion. सिन्दूर से रँगना ।

Miniature – मिन्'-इ-ऑ-ट्यूर् – *n*. a small-sized picture. सूक्ष्म आकार का चित्र ; *v. t.* to make a miniature picture. सूक्ष्म रूप का चित्र बनाना ; **In miniature** (in a very small size.) सूक्ष्मरूप में; **Miniaturist** (-इस्ट) *n*. a painter of miniatures. छोटे चित्र बनानेवाला ।

Minify–मिन्'-इ-फाइ–*v.t.* (*p.t.* **Minified**) to make small in size, to lessen in importance. छोटा करना, न्यून करना ।

Minim–मिन्'-इम् – *n*. a creature of the smallest size, the sixtieth

part of a dram. अत्यल्प प्राणी, एक ड्राम का साठवाँ भाग (एक बून्द) ; **Minimal** (-ऑल्) *adj*. extremely small. अतिसूक्ष्म ; **Minimalist** (-इस्ट्) *n*. one who is ready to accept the minimum salary. थोड़ी ही वेतन लेना स्वीकार करनेवाला ।

Minimization–see **Minimize**.

Minimize–मिन्'-इम्-आइज़्–*v.t.* to reduce to the smallest amount or degree. छोटा से छोटा करना; **Minimization** (-ए'-शॉन्) *n*. the act of minimizing. अल्पीकरण ।

Minimum-मिन्'-इ-मम्-*n*. (*pl*. **Minima**) the least amount. अत्यल्प परिमाण या संख्या ।

Minimus-मिन्'-इ-मस्-*n*. the youngest of that name. एक ही नाम के अनेक विद्यार्थियो में सबसे छोटा ।

Minion-मिन्'-यॉन्-*n*. a favourite, a servant, a small printing type. प्रिय (प्यारा), भृत्य, छोटा टाइप ।

Minister – मिन्'-इस्-टर्.– *n*. (*fem*. **Ministress**) a person administering state affairs, political agent, a clergyman. मन्त्री (अधिकारी), राजदूत, पुरोहित; *v. i.* & *t*. to render help, to contribute, to perform. सहायता देना, सेवा करना, प्रबन्ध करना ; **Prime minister** (the chief minister of a sovereign.)प्रधान मन्त्री

Ministerial – मिन्'-इस्-टिअर्'-इ-ऑल्– *adj*. pertaining to a minister. प्रबन्धकर्ता सम्बन्धी ; **Ministerially** (-ली) *adv*. in a ministerial manner. मन्त्रीरूप में ।

Ministration – मिन्'–इस्-ट्रे'-शॉन्–*n*. ministering of matters. (शुश्रूषा) प्रबन्ध; **Ministrative** (-टिव्), **Ministrant** (-ट्रॉन्ट) *adjs*. ministering. प्रबन्ध करनेवाला ।

Ministry-मिन्'-इस-ट्री-*n*. (*pl*. **Ministries**) agency, body of ministers. मन्त्रित्व, मन्त्रिगण, मन्त्रिमण्डल ।

Mink–मिङ्क्-*n*. a kind of furred animal. एक प्रकार का ऊदबिलाव ।

Minnow – मिन्'-नो– *n*. a kind of fresh water fish. एक प्रकार की नदी में रहनेवाली मछली ।

Minor–माइ'-नॉर् – *adj*. & *n*. lesser, unimportant, of under age. छोटा, अमुख्य, अल्पवयस्क, नाबालिग ; **Minor consideration** (unimportant consideration.) क्षुद्र विचार ।

Minority – माइ-नॉर्'-इ-टी – *n*. (*pl*. **Minorities**) of under age, of small party. बाल्यावस्था, अल्प पक्ष संख्या ।

Minotaur–मिन्'-ओ-टॉर्– *n*. a fabled monster half man and half bull. नरवृषभ, एक कल्पित प्राणी जो आधा मनुष्य तथा आधा बैल हो ।

Minster–मिन्'-स्टर्– *n*. a cathedral, a large church. बड़ा गिर्जाघर ।

Minstrel–मिन्'-स्ट्रॅल् – *n*. a singer or musician. गवैया, बन्दी, भाट ; **Celestial minstrel** (heavenly muse.) गन्धर्व; **Minstrelsy** (-सी)*n*. occupation of minstrels. गन्धर्व वृत्ति ।

Mint–मिन्ट्– *n*. the place where money is coined, an aromatic plant. टकसाल, रुपया बनाने का कारखाना, पुदीना ; *v. t.* to make coins, to

invent. सिक्का ढालना, अनुमान करना ; **Mintage** (-एज्) *n.* that which is coined. सिक्का बनाना ।

Minuet-मिन्'-यु-ऍट्-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच ।

Minus-माइ'-नस्- *n.* deduction, the sign of subtraction (–) न्यून, कम, घटाव, ऋण चिह्न (–) ।

Minute-मिन्'-इट्- *n.* the sixtieth part of an hour, the sixtieth part of a degree, instant, memorandum. मिनट, समकोण का साठवाँ भाग, स्मरणार्थ लेख ; *v. t.* to draft. स्मरणार्थ लिखना; **Minutes** (-स्) *n. pl.* a short summary of the proceedings of a committee, assembly &c. किसी सभा की कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण ; **Minute-hand** (the long hand of a clock or watch.) घड़ी की बड़ी सुई ; **Minutely** (-न्यूट्'-ली) *adj.* occurring every minute. प्रतिक्षण होनेवाला ।

Minute-माइ-न्यूट्'- *adj.* very small, trifling, exact, accurate. सूक्ष्म, क्षुद्र, ब्योरेवार ; **Minutely** (-ली) *adv.* in a minute manner. सूक्ष्म विचार से ; **Minuteness** (-नॅस्) *n.* extreme smallness. सूक्ष्मता ।

Minutia-मि-न्यू'-शि-ऑ- *n.* (*pl.* **Minutiæ**-ई) precise detail. सूक्ष्म विवेचन ।

Minx - मिङ्क्स् - *n.* a pert girl, a flirt. ढीठ लड़की, अविनीता स्त्री ।

Miracle-मिर्'-ऑ-क्ल्- *n.* a supernatural event, remarkable occurrence, a wonder. अद्भुत कार्य, चमत्कार, आश्चर्य ; **To a miracle** (surprisingly well.) आश्चर्य रूप में, सुन्दरता से किया हुआ ।

Miraculous – मिर्-ऑक्'-यु-लस्- *adj.* supernatural, wonderful. अद्भुत, चमत्कारी ; **Miraculously** (-ली) *adv.* by a miracle. दिव्य शक्ति से ; **Miraculousness** (-नॅस्) *n.* दैवी शक्ति ।

Mirage – मि-राज़्' – *n.* an illusive appearance of water in a sandy desert. मृगतृष्णा, मरुस्थल में जल का आभास ।

Mire-मायर्-*n.* swamp, bog. कीचड़, दलदल (चहला) ; **Miry** (-ई) *adj.* कीचड़युक्त, गँदला ; **To get into the mire** (to fall in difficulty.) आपत्ति में पड़ जाना ।

Mirk-मर्क्-*adj.* dark, gloomy. अँधेरा; *n.* gloom. अन्धकार ।

Mirror-मिर्'-रॉर्-*n.* a looking glass. दर्पण, आइना ; *v. t.* to reflect as in a mirror. दर्पण में प्रतिबिम्बित होना ।

Mirth-मर्थ् – *n.* merriment, glee. आनन्द, प्रमोद (हँसी) ; **Mirthful** (-फ़ुल्) *adj.* jovial. आनन्दित; **Mirthfulness** (-नॅस्) *n.* mirth. आनन्द ; **Mirthfully** (-ली) *adv.* in a merry manner. आनन्द से ; **Mirthless** (-लॅस्) *adj.* आनन्द रहित ; **Mirthlessly** (-ली) *adv.* बिना आनन्द के ।

Mis-मिस् *pref.* in sense of 'badly' 'wrongly.' 'बुरी तरह से,' 'अशुद्धता से' अर्थ का उपसर्ग ।

Misadventure – मिस्-ऑड्-वॅन्च्'-यूर्- *n.* misfortune. अभाग्य, दुर्गति; **Misadventurous** (-अस्) *adj.* dis-

astrous. दुर्गतियुक्त ।

Misadvised-मिस्'-ऑड्-वाइज़ड्'- *adj.* ill-directed. बुरी सलाह दिया हुआ ।

Misalliance-मिस्-ऑल्-लाइ'-ऑन्स्- *n.* an improper marriage. अयोग्य वैवाहिक सम्बन्ध ।

Misanthrope-मिस्'-ऑन्-थ्रोप् - *n.* a hater of mankind. मनुष्यद्रोही, विश्ववैरी, लोकशत्रु; **Misanthropic** (-थ्रॉप्'-इक्), **Misanthropical** (-इक्-ऑल्) *adj.* hating mankind. नरद्रोही ; **Misanthropist** (-थ्रॉ-पिस्ट्) *n.* a hater of mankind. विश्वशत्रु ।

Misapplication - मिस्-ऑप्-प्लिक्-ए'-शॉन् - *n.* a wrong application. कुप्रयोग ।

Misapply-मिस्-ऑप्-प्लाइ'-*v. t.* (*p.t.* **Misapplied**) to apply wrongly. मिथ्या प्रयोग करना, अनुचित कार्य में लगाना ।

Misapprehend-मिस्-ऑप्'-प्रिं-हॅन्ड्'-*v. t.* to misunderstand. मिथ्या ग्रहण करना, उलटा समझना ।

Misapprehension-मिस्-ऑप्-रि-हॅन्'-शान्-*n.* misconception. मिथ्या ग्रहण, भ्रम ; **Misapprehensive** (-सिव्) *adj.* misconceiving. भ्रमकारी ; **Misapprehensiveness** (-नेस्) *n.* विभ्रमता ।

Misappropriate-मिस्-ऑप्-प्रो'-प्रि-एट्-*v.t.* to use for a wrong purpose, to apply to wrong use. दुरुपयोग करना, दूसरे का माल खा जाना ; **Misappropriation** (-ए'-शॉन्) *n.* wrong appropriation. दुरुपयोग, गबन ।

Misarrange-मिस्-ऑर्-रेन्ज्'- *v. t.* to arrange in a wrong order. व्यतिक्रम से रखना, बेसिलसिले रखना ; **Misarrangement** (-मेन्ट्) *n.* bad arrangement. व्यतिक्रम ।

Misascribe-मिस्'-ॲस्-क्राइब्'-*v. t.* to ascribe wrongly. मिथ्यारोपण करना ।

Misbecome-मिस्'-बे-कम्'-*v. t.* to be unbecoming. अयोग्य (अनुपयुक्त) होना ।

Misbegotten-मिस्-बें-गाट्'-टॅन् - *adj.* ill-begotten, bastard. जारज, दोगला ।

Misbehave-मिस्-बें-हेव्'-*v. t.* to behave in an improper way. अयुक्त आचरण करना, दुराचार करना ; **Misbehaviour** (-यर्) *n.* misconduct. दुष्ट वृत्ति, दुराचार ।

Misbelief-मिस्-बि-लीफ्'-*n.* false belief. मिथ्या विश्वास ।

Misbelieve-मिस्-बें-लीव्'-*v.t.* to hold a wrong religious belief, to have false opinion. मिथ्या विश्वास करना, अधर्म मानना ; **Misbeliever** (-अर्) *n.* one who falsely believes. मिथ्या विश्वास करनेवाला ; **Misbelieving** (-इङ्ग्) *n.* मिथ्या विश्वास ।

Miscalculate-मिस्-कॅल्'-क्यू-लेट्-*v. t.* to calculate wrongly. मिथ्या गणना करना ; **Miscalculation** (-लें'-शॉन्) *n.* मिथ्या गणना ।

Miscall-मिस्-कॉल्'-*v.t.* to call by a wrong name. झूठे नाम से पुकारना ।

Miscarriage-मिस्-कॅर्'-रिज्-*n.* failure to reach, untimely birth, abortion. असिद्धि, (विफलता, कुनीति), गर्भस्राव, गर्भपात ; **Miscarry** (-री) *v.i.* (*p. t.* **Miscarried**) to be unsuccessful, to deliver a child prematurely. विफल होना, उलटना, गर्भपात करना ।

Miscasting – मिस्‌-कास्ट्‌'-इङ्ग्‌ – *n.* a wrong addition. हिसाब ग़लत जोड़ना

Miscellanea-मिस्‌-सैल्‌-लें'-नि-ऑ–*n.pl.* literary jumbling. नाना वस्तु संग्रह, अनेक विषयों की खिचड़ी ।

Miscellaneous–मिस्‌-सैल्‌-लें'-नि-अस्‌–*adj.* of mixed character, of several kinds, mingled. नाना प्रकार का, अनेक जाति का, पँचमेल ; **Miscellaneously** (-ली) *adv.* with mixture. मिश्रण युक्त ; **Miscellaneousness** (-नैस्‌) *n.* सङ्कीर्णता, मिलावट ।

Miscellany-मिस्‌-सैल्‌'-ली-नी-*n.* a mixture, a collection of different subjects in one volume. नाना विषय संग्रह, संकीर्ण समुदाय ।

Mischance–मिस्‌-चान्स्‌'-*n.* bad luck, misfortune. दुर्भाग्य, अभाग्य ।

Mischief–मिस्‌'-चिफ़्–*n.* (*pl.* **Mischiefs**) harm, injury, damage, source of harm. अपकार, हानि, बाधा, (बुराई),आपत्तिस्थान;**Mischief-maker** (one who sets people to a quarrel.) दुर्जन,उपद्रवी; **Mischief-making** (exciting enmity.) शत्रुता उत्पन्न करना ; **To make mischief** (to cause an ill-feeling between people.) वैमनस्य उत्पन्न करना ।

Mischievous–मिस्‌'-चैव्‌-अस्‌-*adj.* inclined to mischief. अपकारी, दुष्ट, उपद्रवी ; **Mischievously** (-ली) *adv.* दुष्ट बुद्धि से ; **Mischievousness** (-नैस्‌) *n.* harmfulness. अपकारशीलता, दुष्ट बुद्धि ।

Miscibility–see **Miscible**.

Miscible–मिस्‌'-सि-ब्ल्‌–*adj.* able to be mixed. मिलाने योग्य ; **Miscibility** (-बिल्‌'-इट्‌-ई) *n.* the state of being mixed. मिलावट ।

Miscite–मिस्‌-साइट्‌' – *v. t.* to quote erroneously. मिथ्या उद्धृत करना ।

Misclaim–मिस्‌-क्लेम्‌'– *n.* mistaken claim. अनुचित अधिकार ।

Miscompute–मिस्‌-काम्‌-प्यूट्‌'–*v. t.* to reckon wrongly. मिथ्या गणना करना ।

Misconceive–मिस्‌-कॉन्‌-सीव्‌'–*v.i.& t.* to have a wrong notion of, to misunderstand. मिथ्या विचरना, उलटा समझना;**Misconception** (-सैप्‌'-शॉन्‌) *n.* misapprehension. मिथ्याबुद्धि, भ्रम

Misconduct–मिस्‌-कॉन्‌'-डक्ट्‌–*n.* improper conduct, ill-behaviour. दुराचार, दुश्चरित ; *v. t.* (-डक्ट्‌') to conduct badly. बुरा आचरण करना

Misconjecture– मिस्‌-कॉन्‌-जैक्ट्‌'-यूर्‌–*n.* a wrong guess or conjecture. मिथ्या तर्क, झूठा अनुमान ; *v.t.* to make a wrong guess. मिथ्या अनुमान करना

Misconstruction –मिस्‌–कॉन्‌–स्ट्रक्‌'–शॉन्‌–*n.* a wrong interpretation of words. विपरीत बोध ।

Misconstrue–मिस्‌-कॉन्‌'-स्ट्रू – *v. t.* to make a mistake, to interpret wrongly. अशुद्ध अर्थ करना, अर्थ ठीक न लगाना ।

Miscounsel–मिस्‌-काउन्‌'-सैल्‌–*v. t.* to advise wrongly. बुरी सलाह देना ।

Miscount–मिस्‌-काउन्ट्‌'–*v.t.* to count wrongly. अशुद्ध गिनती करना ।

Miscreant–मिस्‌'-क्री-ऑन्ट्‌–*n* & *adj.* a vile wretch, an infidel, depraved. दुरात्मा, दुष्ट, पापी, कुकर्मी, नास्तिक ।

Miscreated – मिस्‌-क्रि-एट्‌'-ऍड्‌ – *adj.* wrongly informed. अशुद्ध सूचना प्राप्त

Miscreation (ए'-शॉन्) *n.* unnatural creation. मिथ्या सृजना ।

Misdate – मिस्-डेट् – *v. t.* to date wrongly. अशुद्ध तिथि (तारीख) डालना ।

Misdeal–मिस्-डील्'–*v. t.* (*p. t.* **Misdealt**) to make mistake in dealing cards. ताश बाँटने में गलती करना ।

Misdeed–मिस्'-डीड्–*n.* an evil deed, a crime. कुकर्म, दुराचार, पाप ।

Misdeem–मिस्-डीम्'–*v.t.* & *i.* to have wrong opinion, to judge erroneously. अशुद्ध विचार करना, झूठा अनुमान करना ।

Misdemeanant– मिस्-डे-मीन्'-अॅन्ट – *n.* a person guilty of misconduct. दुश्चरित्र करने का अपराधी ।

Misdemeanour–मिस्-डे-मीन्'-अॅर्-*n.* offence, evil conduct. दुराचार, कुचाल ।

Misdirect-मिस्-डि-रेक्ट्'-*v.t.* to direct in a wrong way. बुरा मार्ग दिखलाना, अशुद्ध पता देना; **Misdirection** (-रेक्'-शॉन्') *n.* wrong direction. मिथ्या उपदेश ।

Misdo–मिस्-डू'–*v. t.* (*p. t.* **Misdid**, *p. p.* **Misdone**) to commit a crime. अपराध करना ; **Misdoing** (-इङ्ग्) *n.* a wrong deed. दुराचार, कुकर्म; **Misdoer** (-अर्) *n.* one who does wrong पापात्मा, दुष्ट ।

Misdoubt–मिस्-डाउट्'–*v. t.* to suspect. शङ्का करना, सन्देह करना; *n.* suspicion. आशङ्का, सन्देह ।

Misemploy– मिस्-ऍम्-प्लॉय्'– *v. t.* to employ in a wrong manner. अशुद्ध रूप से प्रयोग करना; **Misemployment** (-मेंन्ट्) *n.* an act of misemploying. दुरुपयोग ।

Miser– माइ'-ज़र्– *n.* an avaricious person. दानविमुख, कृपण, कंजूस ।

Miserable–मिज़्'-ऍर्-ऑ-ब्ल्–*adj.* unhappy, wretched, contemptible. दुःखी, अभागा, तुच्छ ; **Miserably** (-ब्ली'-ली) *adv.* wretchedly. अभाग्य से ।

Miserliness–माइ'-ज़र्-ली-नेस्– *n.* the state of being miserly. कृपणता, कन्जूसी; **Miserly** (-ली) *adj.* avaricious, like a miser. कृपण, कन्जूस के सदृश ।

Misery–मिज़्'-अर्-ई–*n.* (*pl.* **Miseries**) wretchedness, calamity. दुर्गति (दुःख, कष्ट), अभाग्य ।

Misfire–मिस्-फ़ायर्'–*v. i.* to fail to ignite. आग न पकड़ना ; *n.* failure to explode. (बन्दूक इत्यादि का) न दगना।

Misfit–मिस्-फ़िट्'–*n.* a garment not fitting the person for whom it is made. बने हुए वस्त्र का शरीर पर ठीक न बैठना; *v. t.* (*p. t.* **Misfitted**) to make a garment of a wrong size, to supply with something that does not fit. गलत नाप का वस्त्र बनाना, ठीक न बैठना ।

Misform–मिस्-फ़ार्म्'–*v. t.* to put in a bad shape भद्दा बनाना; **Misformation** (-ए'-शॉन्) *n.* bad formation. बुरी बनावट ।

Misfortune– मिस्-फ़ोर्'-ट्यून् – *n.* ill-fortune, bad luck. अभाग्य, दुर्गति ; **Misfortunes never come singly** (calamities attack in heaps.) आपत्तियाँ एक साथ आती हैं, गरीबी में आटा गीला ।

Misgive–मिस्-गिव्'–*v. t.* & *i.* (*p. t.*

Misgave, *p.p.* **Misgiven**) to feel mistrust, to fill with doubt. सन्देह करना (अविश्वास करना), धोखा देना; **Misgiving** (-इङ्ग्) *n.* disbelief, mistrust. अविश्वास, सन्देह ।

Misgovern–मिस्-गव्'-अर्न्– *v. t.* to govern badly. अन्याय पूर्वक राज्य करना ; **Misgovernment** (-मेंन्ट्) *n.* disorder, bad government. बुरा शासन, अन्याय पूर्वक राज्य करना ।

Misguide–मिस-गाइड्'– *v. t.* to mislead. कुपथ में ले जाना, बहकाना ; **Misguided** (-ऍड्) *adj.* led astray. मार्गभ्रष्ट, कुमार्ग में जाता हुआ; **Misguidedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a misled manner. कुमार्ग से ।

Mishandle– मिस्-हैंन्'-डल्– *v. t.* to handle roughly, to ill-treat. रूक्षता से व्यवहार करना ।

Mishap–मिस्-हैंप्'– *n.* an unlucky accident, misfortune. अभाग्य, आपत्ति ; **Mishappen** (-पॅन्) *v. i.* to happen ill. बुरा होना ।

Mishear–मिस्-हिअर्'–*v. t.* (*p.t.* **Misheard**) to hear imperfectly. ठीक ठीक (पूरी तरह से) न सुनना ।

Mishmash–मिश्'-मैश्–*n.* confusion, medley. गड़बड़ी, उपद्रव ।

Misinform– मिस्-इन्-फ़ॉर्म्' – *v. t.* to give wrong information. झूठा समाचार देना; **Misinformation** (-ए'-शॉन्) *n.* wrong information. झूठा समाचार ।

Misinterpret–मिस्-इन्-टर्'- प्रेट्– *v. t.* to interpret wrongly. झूठा अर्थ लगाना ; **Misinterpretation** (-ए'-शॉन्) *n.* wrong interpretation. अशुद्ध अनुमान ।

Misjudge– मिस्-जज्'–*v. t.* & *i.* to judge wrongly, to have a wrong opinion of. अन्याय करना, मिथ्या विचार करना ।

Mislay–मिस्-ले'–*v.t.* (*p.t.* **Mislaid**.) to put something in a wrong place. किसी वस्तु को बेजगह रखना ।

Mislead–मिस्-लीड्'–*v. t.* (*p. t.* **Misled**) to lead astray, to cause to go wrong, to deceive. कुमार्ग में ले जाना, धोखा देना, बहकाना ।

Mislike–मिस्-लाइक्'–*v. t.* to dislike. अप्रिय होना, अच्छा न लगना ।

Mismanage– मिस्-मैंन्'-एज्– *v. t.* to manage badly, to ill-conduct. बुरा प्रबन्ध करना, अशुद्ध व्यवहार करना; **Mismanagement** (-मेन्ट) *n.* bad management. अव्यवस्था, कुप्रबन्ध ।

Misname–मिस्-नेम्'–*v. t.* to call by a wrong name. मिथ्या नाम (दूसरे नाम) से पुकारना ।

Misnomer – मिस्-नो'-मर्– *n.* wrong use of a name or term. मिथ्या नाम या संज्ञा का प्रयोग ।

Misogamist–मे-सॉग्'-ऑम्-इस्ट्–*n.* the hater of marriage. विवाह का द्वेष करनेवाला ।

Misogamy– मे-सॉग्'-ऑम्-ई– *n.* hatred of marriage. विवाह-निन्दा, विवाह द्वेष ।

Misogynist–मे-सॉज्'-इन्-इस्ट्– *n.* the hater of women. स्त्री-जाति से द्वेष करनेवाला ।

Misplace–मिस्-प्लेस्'–*v. t.* to put in a wrong place. अस्थान (कुठौर) में रखना; **Misplacement** (-मेंन्ट) *n.* the

act of misplacing. बेजगह में स्थापन ।

Misplead–मिस्-प्लीड्'–*v. i.* to make error in pleading. बहस में अशुद्धि करना ।

Misprint–मिस्-प्रिन्ट्' – *n.* a mistake in printing. छापने की अशुद्धि ; *v. t.* to make a mistake in printing. अशुद्ध छापना ।

Misprise–मिस्-प्राइज़्'–*v. t.* to make a mistake. अशुद्धि करना ।

Misprize–मिस्-प्राइज़्'–*v.i.* to undervalue. मूल्य कम आँकना ।

Mispronounce–मिस्-प्रो-नाउन्स्'–*v. t.* to pronounce wrongly. अशुद्ध उच्चारण करना ; **Mispronunciation** (-नन्-सि-ए'-शॉन्) *n.* wrong pronunciation. अशुद्ध उच्चारण ।

Misquotation – मिस्-को टे'-शान् – *n.* wrong quotation. अशुद्ध प्रमाण ।

Misquote–मिस्-क्वोट्'–*v. t.* to quote wrongly. अशुद्ध प्रमाण देना ।

Misread–मिस्-रीड्'–*v. t.* (*p. t.* **Misread**-मिस्-रेंड्') to read wrongly. अशुद्ध पढ़ना ।

Misreckon – मिस्-रेंक्'-ऑन् –*v. t.* to reckon wrongly. अशुद्ध गणना करना ।

Misrelate – मिस्-रें-लेंट्'–*v. t.* to relate wrongly. अशुद्ध वर्णन करना ; **Misrelation** (-लें'-शॉन्) *n.* wrong relation. अशुद्ध वर्णन ।

Misremember–मिस्-रें-मेंम्'-बर्– *v. t.* to make a mistake in remembering. स्मरण करने में भूल करना ।

Misreport – मिस्-रें-पोअर्ट्' – *v. t.* to report erroneously. मिथ्या समाचार देना ।

Misrepresent–मिस्-रेंप्'-रें-जॆंन्ट्'–*v. t.* to represent wrongly, to give a wrong account of. मिथ्या वर्णन करना, असत्य निवेदन करना; **Misrepresentation** (-ए'-शॉन्) *n.* wrong representation. असत्य कथन, मिथ्या वर्णन ।

Misrule–मिस्-रूल्'–*n.* bad government. कुशासन, बुरा राज्य ; *v. t.* to rule badly. बुरा शासन करना ।

Miss – मिस्–*n.* a young unmarried girl, failure to attain. कुमारी (कन्या) भूल, (अपराध, हानि) ; *v. i.* & *t.* to fail to hit or obtain, to feel the want of. चूकना, विफल होना ; **Missing** (-इङ्ग्) *adj.* lacking. स्थान भ्रष्ट, लुप्त ; **To miss one's way** (to deviate from the right path.) रास्ता भूल जाना ।

Missel – मिस्'-सैंल् – *n.* a kind of thrush. एक प्रकार का भुजंगा पक्षी ।

Mis-shapen–मिस्-शेंप्'-ऍन्– *adj.* deformed. कुरूप, भद्दा ।

Missile–मिस्'-सिल्–*n.* a weapon to be thrown, a machine. फेंक कर मारने का अस्त्र, यन्त्र ।

Mission – मिश्'-ऑन् – *n.* the act of sending forth, commission, errand, embassy. दूतकर्म, प्रेरित जन समुदाय, नियुक्त लोग, नियोग; **Missionary** (-ऑर्-ई) *n.* & *adj.* a person sent to propagate religion, pertaining to mission. धर्मप्रचार के निमित्त भेजा हुआ मनुष्य, धर्मार्थ नियुक्त ।

Missis, Missus–मिस्'-सिस् (-अस्)– *n.* corrput form of mistress. मिस्ट्रेस' शब्द का अशुद्ध रूप, मालकिन ।

Miss-spell–मिस्-स्पॆंल्' – *v. t.* (*p. t.* **Mis-spelt**) to spell wrongly.

अशुद्ध अक्षर बतलाना, ग़लत हिज्जे करना ; **Mis-spelling** (-लिङ्ग्) *n.* wrong spelling. ग़लत हिज्जे ।

Mis-spend–मिस्-स्पैन्ड्' – *v. i.* (*p. t.* & *p. p.* **Mis-spent**) to squander, to waste. अपव्यय करना, बुरी तरह से खर्च करना ।

Mis-state–मिस्-स्टेट्' – *v. t.* to state falsely. मिथ्या (अशुद्ध) वर्णन करना ; **Mis-statement**(-मैन्ट्) *n.* झूठा वर्णन ।

Missy–मिस्'-सी–*n.* a pet name for Miss. दुलारी, प्यारी, बेटी ।

Mist – मिस्ट – *n.* rain in very fine drops, filmy appearance before eyes. कोहरा, आखों के सामने धुन्ध ; **Mistful** (-फ़ुल्) *adj.* कोहिरे से भरा हुआ ; **Mistlike** (-लाइक्) *adj.* like mist. कोहिरे के समान ; **Misty** (-ई) *adj.* gloomy, obscure. अस्पष्ट (धूमिल) धुँधला ।

Mistake-मिस्-टेक्' -*n.*misconception, error, fault. भ्रम, (प्रमाद), दोष, भूल ; *v. t.* & *i.* (*p.t.* **Mistook** *p.p.* **Mistaken**) to misunderstand, to make error. अशुद्धि करना, (भ्रम होना) सन्देह में पड़ना ; **Mistakable** (-ऍब्ल्) *adj.* अशुद्धि करने योग्य; **Mistaken** (- ऍन्) *adj.* wrong. भ्रान्त, अशुद्ध;**Mistakenly**(-ली)*adv.* erroneously. अशुद्धि (भूल) से ; **Mistakenness** (-नैस्) *n.* अशुद्धि ।

Mister–मिस्'-टर्–*n.* (*abbr.* of **Mr.**) a title of courtesy prefixed to a man's name, महाशय ।

Mistime – मिस्-टाइम्' – *v. t.* to do something or say something out of place. कुसमय कोई व्यापार करना या बोलना ।

Mistletoe–मिस्'-सॅल्-टो – *n.* a parasitic plant growing on some fruit trees. तरुरोहिणी, बण्डा ।

Mistranslate–मिस्'-ट्रॅन्स्-लेट्' – *v. t.* to translate incorrectly. अशुद्ध अनुवाद करना;**Mistranslation** (-ले'-शॉन्) *n.* अशुद्ध अनुवाद ।

Mistress–मिस्'-ट्रेस्-*n.*(*mas.* **Mister**) the female head of a household, a woman loved by a man, an adopted wife, the female teacher of a school. गृहणी (स्वामिनी), प्रेमिका, रखनी, अध्यापिका (गुरुआइन) ।

Mistrust – मिस्-ट्रस्ट्' – *v. t.* to suspect, to have no confidence in. अविश्वास करना, शङ्का करना ; *n.* want of trust or confidence. अविश्वास, सन्देह ; **Mistrustful** (-फ़ुल्) *adj.* doubting. अविश्वासी ; **Mistrustfully** (-फ़ुल्-लि) *adv.* अविश्वास से ; **Mistrustfulness** (- नैस्) *n.* आशङ्का, सन्देह ।

Mistune – मिस्-ट्यून्' – *v. t.* to tune wrongly. बेसुरा बनाना ।

Misturn–मिस्-टर्न्'– *v. t.* to pervert. उलट देना ।

Misunderstand-मिस्'-अन्-डर्-स्टैन्ड्'-*v.t.* (*p.t.* **Misunderstood**) to misinterpret, to be taken in a wrong sense. मिथ्या जानना, ग़लत समझना ; **Misunderstanding** (-इङ्ग्) *n.* misconception. मिथ्याबोध,भ्रम, मतिभेद

Misuse-मिस्-यूस्'-*n.* bad treatment, wrong use. कुप्रयोग, दुर्व्यवहार ; *v. t.* (-यूज़्'-) to misapply. अनुचित व्यवहार करना, बुरी तरह काम में लाना; **Misusage** (-एज्) *n.* ill-usage. दुर्व्यहार ।

Mite–माइट्–*n.* a small insect, a small coin, anything very small. घुन, छोटा सिक्का, अल्प मात्रा।

Mithridate – मिथ्'-रिड्-एट् – *n.* an antidote for poison. विषनाशक पदार्थ, जहरमोहरा; **Mithridatic** (-रैं-डॅट्'-इक्) *adj.* विषहर ; **Mithridatize** (-आइज़्) *v. t.* to use antidote for poison. विषनाशक औषधि का प्रयोग करना।

•**Mitigate**–मिट्'-इ-गेट्–*v. t.* to soothe, to appease, to alleviate. शान्त करना, कम करना, धीमा करना ; **Mitigable** (-गॅ-ब्ल्) *adj.* शान्त करने योग्य ; **Mitigant** (-गॅन्ट्) *adj.* softening. मृदु करने वाला ; **Mitigation** (-गे'-शॉन्) *n.* abatement. शमन, शान्ति; **Mitigatory** (-टॉर्-ई) *adj.* one who abates. शान्त करनेवाला।

Mitre–माइ'-टर्–*n.* a bishop's cap. पादड़ी की टोपी; *v.t.* to wear a mitre, to join at an an angle of 45°. टोपी देना, टुकड़े जोड़ना ; **Mitral** (-ट्रॅल्) *adj.* like a mitre. ऐसी टोपी के आकार का ; **Mitred** (-टड्) *adj.* cut or joined. (लकड़ी का) दो टुकड़ा जोड़ा हुआ।

Mitten, Mitt–मिट्'-ऍन् (मिट्) *n.* a kind of glove. एक प्रकार का दस्ताना (हाथ का मोज़ा) ; **Get the mitten** (dismiss a lover.) प्रेमी को त्यागना।

Mix-मिक्स-*v.t.* & *i.* to put together, to mingle, to join or be mixed, to associate. मिलाना, संयुक्त करना, एक करना, परस्पर संसर्ग करना ; **Mixable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* मिलाने योग्य ; **Mixed** (-ड्) *adj.* mingled. संयुक्त, मिश्रित ; **Mixedness** (-ऍड्-नॅस्) *n.* मेल, सम्बद्धता

Mixture – मिक्स्'-ट्यूर् – *n.* a mixed mass, the act of mixing. अनेक द्रव्यों का समुदाय, मिलाव।

Mizen, Mizzen–मिज़्न्–*n.* the lowest mast in a ship. जहाज़ में सबसे नीचे का मस्तूल।

Mizzle – मिज़्'-ज़्ल् – *n.* fine shower. तुषारवर्षा।

Mnemonic – नें-मॉन्'-इक् – *adj.* designed to aid memory. स्मृति सहायक, स्मरणशक्ति बढ़ानेवाली ; **Mnemonics** (-स्) *n. pl.* the art of memory. स्मृति विज्ञान; **Mnemonist** (-मॉ'-निस्ट्) *n.* स्मृति विज्ञान में कुशल।

Moan–मोन् – *n.* a low murmur of suffering, lamentation. विलाप, सुसुकान ; *v. i.* & *t.* to lament. विलाप करना, कराहना; **Moanful** (-फ़ुल्) *adj.* expressing sorrow. शोकयुक्त; **Moanfully** (-फ़ुल्-लि) *adv.* विलाप से।

Moat–मोट्–*n.* a deep ditch round a castle or fort. परिखा, खाई ; *v.t.* to surround with a ditch. खाई बनाना।

Mob – मॉब् – *n.* the low people, a disorderly crowd. नीच मनुष्य लोग, कोलाहल करनेवालों की भीड़ ; *v. t.* (*p.t.* **Mobbed**) to make a disorderly attack. कोलाहल करना; आक्रमण करना।

Mobile – मो'-बाइल् – *adj.* movable, changing. अस्थिर, चञ्चल, हिलने डोलनेवाली

Mobility – मो-बिल्'-इ-टी – *n.* fickleness, changeability, the populace. सर्वसामान्य, जनता, अस्थिरता, चञ्चलता।

Mobilizable – मॉ-बिल-ऑइज़्'-ऑ-ब्ल्– *adj.* capable of mobilization. युद्ध कार्य के योग्य ; **Mobilization** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of mobilizing. युद्ध

कार्य की गति।

Mobilize-मॉ'-बिल्-आइज़्-*v.t.*to bring into circulation, to prepare for active service in war.गतिमान करना, सेना को युद्ध के काम में प्रवृत्त करना।

Mocha-मो'-कॉं-*n.* a kind of good coffee. एक प्रकार की सुन्दर कहवा।

Mock-मॉक्-*n.* imitation, derision. अनुकरण, तिरस्कार (विडम्बना); *adj.* false, counterfeit. बनावटी, झूठा; *v. t.* to ridicule, to treat with contempt. विडम्बना करना, हँसी उड़ाना (चिढ़ाना); **Mocker** (-अर्) *n.* one who mocks, an impostor. विडम्बना (हँसी) करनेवाला, ठिठोलिया; **Mockery** (-अर्-ई) *n.* derision, ridicule. विडम्बना, तिरस्कार, (हँसी, नक़ल); **Mocking** (-इङ्ग्) *n.* insult. अपमान; **Mockingly** (-ली) *adv.* विडम्बना सहित।

Modal-मोड्'-ऑल् - *adj.* of mode or form. रूप विषयक।

Mode-मोड् - *n.* way, manner, custom, style, रीति, प्रकार, विधि, क्रम।

Model - मॉड्'-ऍल् - *n.* a representation, a plan or design, a pattern, a figure in clay &c. ideally perfect. प्रतिरूप, प्रतिमा, आदर्श, नमूना; *v.t.* (*p. t.* **Modelled**) to work after a model. बनाना, ढालना; **Modeller** (-लर्) *n.* one who models. नमूना बनानेवाला; **Modelling** (-लिङ्ग्) *n.* नमूने की बनावट।

Modena-मो-डीन्'-नीं-*n.* deep purple colour. गहरा नीला रङ्ग।

Moderate-मॉड्'-अर्-एट्-*adj.* not excessive, temperate, avoiding extremes. परिमित, मध्य श्रेणी का, थोड़ा (हलका); *v.t.&i.* ((-एट्') to restrain, to render less intense. (कम करना) रोकना, हलका करना; **Moderate in desires** (satisfied with moderate things.) अल्प वस्तु से सन्तुष्ट होनेवाला; **Moderate in eating** (eating a small quantity.) स्वल्पाहारी; **Moderate in speech** (not speaking too much.) थोड़ा बोलनेवाला; **Moderately** (-ली) *adv.* in a moderate manner. परिमित रूप से; **Moderateness** (-नॅस्) *n.* हलकापन।

Moderation-मॉड्-अर्-ए'-शॉन्-*n.* the act of moderating, temperance. संयम, सम भाव, क्षमा, किफ़ायत।

Moderator - मॉड्-अर्-ए'-टॉर् - *n.* a mediator, a presiding officer. मध्यस्थ, सभापति; **Moderatorship** (-शिप्) *n.* मध्यस्थ अथवा सभापति का पद।

Modern-मॉड्'-अर्न्-*adj.* of the present times, not ancient. आधुनिक (अर्वाचीन), नवीन (नया); *n. pl.* people of modern times. आजकल के लोग; **Modernity** (-इट-ई), **Modernness** (-नॅस्) *ns.* नवीनता।

Modernization - मॉड्-अर्न्-आइज़्-ए'-शॉन्-*n.* act of modernizing. नवीनता; **Modernize** (-आइज़्) *v. t.* to make modern. आधुनिक समय के अनुसार करना।

Modernly-मॉड्'-अर्न् ली-*adv.*according to modern times. आजकल के अनुसार।

Modernism-मॉड्'-अर्न् इज़्म्-*n.* something of modern manner. पुरानी बातों को न मानने की प्रथा; **Modernist**

(-इस्ट) *n.* a supporter of modernism. ऐसे सिद्धान्त को माननेवाला ।

Modest–मॉड्'-ऍस्ट-*adj.* bashful, decorous, not excessive, chaste, reasonable. लज्जावान्, विनीत, सङ्कोची, सुशील, निरहङ्कार; **Modestly** (-ली) *adv.* in a modest manner. विनय से, नम्रता से ; **Modesty** (-टी) *n.* chastity, moderation. विनय (नम्रता), मर्यादा ।

Modicum–मॉड्'-इक्-अम् – *n.* a small quantity of food. भोजन की थोड़ीमात्रा

Modifiable–मॉड्-इ-फ़ाइ'-ॲ-ब्ल् – *adj.* able to be modified. रूप बदलने योग्य; **Modificatory** (-इफ़्-इक्-ए'टॉर्-ई) *adj.* modifying. रूपान्तर करनेवाला।

Modification – मॉड्-इफ्-इक्-ए'-शॉन्– *n.* the act of modifying. रूप भेद, रूपान्तर ।

Modify–मॉड्'-इ-फ़ाइ–*v.t.* (*p.t.* **Modified**) to make less severe, to qualify, to moderate. रूप भेद करना, सुधारना, कम करना ।

Modish–मोड्'-इश्– *adj.* fashionable. शिष्ट रीति के अनुकूल ; **Modishly** (-ली) *adv.* in a modish manner. चलन के अनुसार; **Modishness** (-नेस्) *n.* the state of being modish. प्रचलित रीति ।

Modulate–मॉड्'-युल्-एट् – *v.t.* to regulate, to adjust, to vary the tone of voice. आवश्यकतानुसार घटाना बढ़ाना, स्वर ऊँचा नीचा करना; **Modulation** (-यु-लें'-शोन्) *n.* the act of modulating. (परिवर्तन) लय, उतार चढ़ाव ; **Modulator** (-यु-लें'-टॉर्) *n.* one who modulates. न्यूनाधिक करनेवाला ।

Modulus–मॉड्'-यू-लस् – *n.* constant multiplier. गुण करने की स्थिर संख्या, मापांक ।

Modus–मोड्'-अस् – *pref.* in sense of 'method, way.' 'प्रकार' अर्थ का उपसर्ग; **Modus operandi** (the way of working.) मनुष्य के कार्य करने का ढंग ; **Modus vivendi** (manner of living.) जीवन का ढङ्ग ।

Mohair – मो'-हॅअर् – *n.* fine wool. महीन चिकना ऊन ।

Mohammedan–मो-हॅम्'-मॅड्-ॲन्–*n.* & *adj.* follower of Mohammed, pertaining to Mohammed or his religion. मुसलमान, मुसलमानी ; **Mohammedanism** (-इज़्म्) *n.* the religion of Mohammed. मुसलमानी धर्म; **Mohammedanize** (-आइज़) *v. t.* to convert into Mohammedanism. मुसलमान बनाना ।

Moider–मॉय्'-डर् – *v. t.* to confuse. घबड़ाना ।

Moiety–मॉय्'-एट्-ई – *n.* the half, a half share. अर्धांश, आधा भाग ।

Moil–मॉएल् – *v. t.* & *i.* to drudge. परिश्रम से कार्य करना, थकना या थकाना ।

Moist–मॉयस्ट–*adj.* damp, slightly wet. कुछ भीगा हुआ, नम, तर ।

Moisten–मॉइस्'-एन् – *v. t.* to make moist. तर करना, भिगोना ।

Moistness – मॉयस्ट्'-नैस् – *n.* dampness. नमी, तरी ।

Moisture–मॉयस्ट्'-यूर्-*n.* moistness. आर्द्रता, गीलापन; **Moistureless** (-लैस्) *adj.* devoid of moisture. बिना तरी का, सूखा ।

Moko–मॉ'-को– *n.* a method of tattooing. गोदना गोदने की एक विधि ।

Molar -मों'-लॅर् - *adj.* grinding. पीसनेवाला ; **Molar teeth** (grinding teeth.) चबाने के दांत, चव ।

Molasses - मो-लै'-सॅज़ - *n.* syrup drained from sugar in the process of refining, treacle. खाँड़, जूसी, सीरा ।

Mole-मोल् - *n.* a small burrowing animal, an artificial harbour, a spot on human skin. छछून्दर, कृत्रिम बन्दरगाह, तिल, मसा ; **Blind as a mole** (almost blind.) बिलकुल अन्धा ; **Mole-eyed** (having small eyes.) छोटे नेत्रवाला ; **Mole-hill** (a little hillock made by moles.) वल्मीक, छछून्दर की लगाई हुई मिट्टी का ढेर, बाँबी ; **To make mountains out of mole-hills** (to make exaggeration.) राई का पर्वत बनाना ।

Molecular - मॉल-लॅक्'-यूल्-ऑर् - *adj.* pertaining to molecules. परमाणु सम्बन्धी ; **Molecularity** (-लॅर्'-इ-टी) *n.* the state of being molecular. कणत्व ।

Molecule-मॉल्'-ऍ-क्यूल - *n.* a minute particle. परमाणु, कण ।

Molest-मो-लॅस्ट्'-*v. t.* to annoy, to tease, to trouble. कष्ट देना (सताना, छेड़ना), पीड़ा देना, दिक़ करना; **Molestation** (-टे'-शॉन्) *n.* the act of molesting. बाधा, पीड़ा ; **Molester** (-अर्) *n.* one who molests. पीड़ा देनेवाला ।

Mollification-मॉल्'-लि-फ़िक़-ए'-शॉन्- *n.* mitigation. शमन, सान्त्वन ।

Mollifier- मॉल्'-लि-फ़ाइ-अर्-*n.* a mitigator. शमन करनेवाला ।

Mollify - मॉल्'-लि-फ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Mollified**) to appease, to soften. शमन (शान्त) करना, मुलायम करना ।

Molly - मॉल्'-ली - *n.* an effeminate man. जनखा ।

Molten - मोल्'-टॅन् - *adj.* melted. पिघला हुआ, गला हुआ ।

Moly-मों'-ली - *n.* magic herb. जादू की वनस्पति ।

Moment-मों'-मॅन्ट्-*n.* a very short time, an instant, importance. क्षण, पल, आवश्यकता ; **Auspicious moment.** शुभलग्न; **Go there this moment** (*i. e.* instantly.) अभी वहाँ जाओ ; **Men of the moment** (famous men.) प्रसिद्ध लोग ; **Of little moment** (base.) क्षुद्र, नीच ।

Momentarily - मों'-मॅन्ट्-टॅर्-रि-ली - *adv.* for a moment. क्षणभर के लिये ; **Momentariness** (-नॅस्) instantaneousness. क्षणिकता ।

Momentary-मों'-मॅन्ट्-ऑर्-ई-*adj.* instantaneous. क्षणिक, अस्थायी ।

Momently-मों'-मॅन्ट्-ली - *adv.* momentarily. क्षण भर में ।

Momentous-मो-मॅन्'-टस् - *adj.* important. महत्व का ; **Momentously** (-ली) *adv.* with importance. महत्व से ; **Momentousness** (-नॅस्) *n.* weightiness. महत्व ।

Momentum - मो-मॅन्'-टम् - *n.* (*pl.* **Momenta**) impetus gained by a body in motion. वेग, गति, चाल ।

Momus-मों'-मस्-*n.* a fault-finder. दोष खोजनेवाला ।

Monachal-मोन्'-ऑक्-ऑल्- *adj.* of a monastery. मठ का ; **Monachism**

(-इज़म्) *n.* monastic living. मठवास।

Monad–मॉन्'-ऑड्– *n.* an indivisible atom, the nnmber one. अभेद्य वस्तु, एकाई।

Monandry–मॉन् - ऑन्ड्'-री – *n.* the custom of having one husband. एक ही पति होने की रीति।

Monarch – मॉन्'-ऑर्क्–*n.* sovereign, supreme ruler. अधिप, राजा; **Monarchal** (-ऑल्), **Monarchic** (-इक्); **Monarchical** (- इक् - ऑल्) *adjs.* pertaining to a monarch. राजकीय, सम्राट् के अधीन; **Monarchally** (-ऑल्-लि) *adv.* by way of a monarch. राज्य क्रम में; **Monarchist** (-इस्ट्) *n.* an advocate of monarchy. राजा के शासन का पक्षपाती; **Monarchy** (-ई) *n.* kingdom, empire. राजतन्त्र देश, राज्य।

Monastery – मॉन्'-ऑस्-टॅ-री–*n.* (*pl.* **Monasteries**) residence for men who lead a retired life. मठ, आश्रम।

Monastic – मॉन्-ऑस्ट्'-इक् – *adj.* of monks. आश्रम सम्बन्धी, वैरागियों का; **Monasticism** (-टिस्-इज़्म्) *n.* monastic life. वैराग्य

Monday – मन्'-डे– *n.* the second day of the week. सोमवार।

Monde – मॉन्ड्–*n.* the fashionable society. शिष्ट समाज।

Monetization–मॉन्-ऍ-टै-ज़े'-शॉन्– *n.* the act of monetizing. मुद्रा निर्माण विधि; **Monetize** (-आइज़्) *v. t.* to prepare coins. धातु का सिक्का बनाना।

Monetary–मॉन्'-ऍट्-ऑर्-ई– *adj.* pertaining to coinage or money. द्रव्य अथवा मुद्रा सम्बन्धी।

Money–मन्'-ई–*n.* wealth, current coin, bank or government notes, (*pl.*) coins. धन (द्रव्य), मुद्रा, (ब० व०) सरकारी या बङ्क के नोट; **Moneyed** (-ईड्) *adj.* wealthy, rich in money. धनी, अमीर; **Money-lender** (one who lends money.) साहूकार, महाजन; **Moneyless** (-लॅस्) *adj.* devoid of money. धनहीन; **Money making** (realizing money.) धन सञ्चय; **Money-market** (the market or field for the investment of money.) सराफा; **Money-order** (an order for money deposited at one post-office, and payable at another.) डाक द्वारा रुपया भेजने की चालान; **To make money** (to acquire wealth.) धन कमाना।

Monger – मङ्ग्'-गर्–*n.* a trader, a dealer. व्यापारी, सौदागर।

Mongoose, Mungoose-मॉन्'-गूस्–*n.* Indian ichneumon. नकुल, नेवला।

Mongrel–मङ्ग्'-ग्रॅल्–*n.* & *adj.* a hybrid dog, not of pure breed. दोगला कुत्ता, सङ्कर जाति का (पशु); **Mongrelize** (- आइज़्) *v. t.* to render mongrel. सङ्कर जाति का बनाना।

Monism–मॉन्'-इज़्म्–*n.* the doctrine that only one being exists. ब्रह्मवाद, वेदान्त; **Monist** (-इस्ट्) *n.* वेदान्ती; **Monistic** (-इस्ट्-इक्) *adj.* pertaining to monism. ब्रह्मवादी।

Monition–मॉन्-इश्'-ऑन्–*n.* a warning of danger, an instruction. भय-सूचना, चेतावनी।

Monitor – मॉन्'-इट्-ऑर् – *n.* (*fem.* **Monitress**) a senior pupil in a school or class, a ship of war. उपदेशक (उपगुरु), युद्ध का जहाज; **Monitory** (-ई) *adj.* giving admonition. प्रबोधक, उपदेशरूप ।

Monk–मङ्क्–*n.* (*fem.* **Nun**) a recluse. संन्यासी, योगी, मुनि, उदासी; **Monkery** (-अर्-ई) *n.* monastic life. मठजीवन,संन्यासी का जीवन; **Monkhood** (-हुड्), **Monkship** (-शिप्) *ns.* the character of a monk. योगित्व; **Monkish** (-इश्) *adj.* like a monk. मुनि समान ।

Monkey-मङ्क्'-ई-*n.* (*pl.***Monkeys**) an ape. वानर, बन्दर; **Monkey-jacket** (close fitting dress of sailors) मल्लाहों का चुस्त कुर्ता; **To put his monkey up** (to make angry.) क्रुद्ध करना ।

Monkeyish–मङ्क्'-ई-इश्-*adj.* like a monkey. बन्दर के समान; **Monkeyishness** (- नैस्) *n.* the state of being monkeyish. बन्दरपन ।

Mono, Mon–मॉ -नो (-मॉन्)–*prefs.* in sense of 'alone, single' 'अकेले' अर्थ का उपसर्ग; **Monocardian** (-काड्इ'-इ-अॅन्) *adj.* having a single heart. केवल एक हृदय वाला; **Monocarpous** (-कार्प्'-अस्) *adj.* bearing fruit only once केवल एकबार फलनेवाला; **Monocephalous** (-सैफ्' - ॲल्-अस्) *adj.* with only one head. केवल एक मस्तक वाला; **Monoceros** (-नॉस्'-ए-रॉस्) *n.* one-horned animal. एक सींगवाला पशु; **Monochord** (-कॉड्इ) *n.* a musical instrument with one string. एक तारा बाजा ।

Monochromatic – मॉन्-ओ-क्रो-मैट्'-इक् – *adj.* presenting one colour only. एकरङ्गा; **Monochrome** (-क्रोम्) *n.* painting in one colour. (हलके तथा गहरे) एक ही रङ्ग में छपा हुआ चित्र ।

Monocle – मॉन्'-ऑ-कल् – *n.* a single eye-glass. एक ताल का चश्मा; **Monocular** (-ऑक्'-यु-लॅर्) *adj.* with one eye only. एक आँख का ।

Monodic-मॉन्'-ऑ-डिक्-*adj.* pertaining to monody. एक मनुष्य से गाई हुई गीत का ।

Monodist–मॉन्'-ऑ-डिस्ट्-*n.* one who writes a monody. एक ही मनुष्य से गाने योग्य गीत बनानेवाला ।

Monodrama – मॉन्'-ऑ-ड्रॉ-मॉ – *n.* a dramatic performance by one person. एक मनुष्य से खेला हुआ नाटक ।

Monody–मॉन्'-ऑ-डी–*n.* (*pl.* **Monodies**) an ode sung by a single person. एक मनुष्य से गाई हुई गीत ।

Monogamist – मॉ-नॉग्'-ॲ-मिस्ट्–*n.* a man with one wife only. एक पत्नीवाला मनुष्य ।

Monogamy – मॉ-नॉग्'-ॲ-मी–*n.* the practice of marrying once only. एक ही स्त्री से विवाह करने की प्रथा ।

Monogram – मॉन्'-ऑ-ग्रॅम्–*n.* a cypher of two or more letters interwoven in one. अनेक अक्षरों के मेल से बना हुआ एक अक्षर; **Monogrammatic** (-मॅ-टिक्) *adj.* pertain-



Monogram.

ing to a monogram. ऐसा अक्षर सम्बन्धी

Monograph – मॉन्'-ओ - ग्रॉफ़् – *n.* a treatise written on a single subject. किसी एक विषय पर लेख ; *v. t.* to write a monograph on. ऐसा लेख लिखना; **Monographer** (-अर्); **Monographist** (-इस्ट) *ns.* the writer of a monograph. ऐसा लेख लिखनेवाला ; **Monographic** (-इक्) *adj.* ऐसे लेख सम्बन्धी; **Monographically** (-इक्-ऑल्-लि) *adv.* इस लेख रीति से।

Monolith-मॉन्'-ओ-लिथ्–*n.* a single block of stone shaped into a pillar. एक ही ठोस पत्थर का बना हुआ खम्भा ; **Monolithic** (-इक्) *adj.* इस प्रकार के खम्भे का ।

Monological–मॉन्-ओ-लॉज़्'-इक्-ऑल्–*adj.* pertaining to soliloquy. स्वगत भाषण सम्बन्धी ; **Monologist** (-जिस्ट) *n.* one who soliloquizes. स्वगत भाषण करनेवाला; **Monologize** (-जाइज़्) *v.i.* to soliloquize. स्वगत भाषण करना।

Monologue–मॉन्'-ओ-लॉग्-*n.* a soliloquy. स्वगत भाषण, नाटक में किसी पात्र का आप ही आप कुछ बकना ।

Monomania – मॉन्-ओ-मेन्' इ–ऑ–*n.* derangement with reference to a particular subject. किसी विशेष बात की झक; **Monomaniac** (-ऑक्) *adj.* affected by monomania. ऐसे रोग से ग्रस्त ।

Monomial–मो-नोम्'-इ-ऑल्–*adj.* expression of one term in Algebra. बीज गणित में एक संख्या का अंक ।

Monopathy–मॉ-नॉप्'-ऑ-थी – *n.* derangement of only one organ of body. शरीर के किसी एक अंग का रोग।

Monophobia–मॉन्-ओ-फ़ोब्'-इ-ऑ –*n.* dread of being alone. अकेले रहने का भय ।

Monoplane–मॉन्'-ओ-प्लेन् – *n.* one-winged aeroplane. एक पंख का हवाई जहाज़ ।

Monopolization-मॉन्'-ऑप्-ऑ-लाइज़्-ए'-शॉन्– *n.* the act of monopolizing. स्वायत्तीकरण; **Monopolize** (-ला-इज़्) *v.t.* to obtain monopoly of. सर्व अधिकार अपना करना; **Monopolizer** (-अर्) *n.* one who monopolizes. पूर्व ग्राहक ।

Monopoly–मॉन्-ऑप्'-ऑ-लि– *n.* (*pl.* **Monopolies**) exclusive possession of some commodity or the exclusive right of selling it. एकाधिकार, किसी वस्तु के क्रय विक्रय का स्वतन्त्र अधिकार ।

Monorail-मॉन्'-ओ-रेल्–*n.* a railway with vehicles running on one rail only. एकही लाइन पर चलनेवाली रेलगाड़ी ।

Monosyllabic-मॉन्-ओ-सिल्- लॅब्'-इक्-*adj.* of one syllable. एकाक्षरी; **Monosyllabic roots** (roots of one syllable only.) एकाक्षरी धातु ।

Monosyllable–मॉन्-ओ-सिल्'-लॉ-बल्–*n.* a word of one syllable. एकाक्षर।

Monotheism – मॉन्'-ओ-थी'-इज़्म् – *n.* the belief that there is only one God, अद्वैतवाद, एकही ईश्वर में विश्वास ; **Monotheist** (-इस्ट) *n.* a believer in one God. अद्वैतवादी ; **Monotheistic** (-इस्ट-इक्) *adj.* pertaining to monotheism. अद्वैत-वाद सम्बन्धी ।

Monotone–मॉन्‌-ओ-टोन्‌ – *n.* an utterance in the same tone of voice. एक ही लय में उच्चारण ; **Monotonic** (-टॉन्‌-इक्‌) *adj.* एकसुरा ; **Monotony** (मॉ-नॉट्‌-ऑ-नी) *n.* uniformity of tone. एक स्वरता ।

Monotonous-मो-नॉट्‌-ऑ-नस्‌-*adj.* in the same tone, without variation, wearisome. अभिन्न स्वर का, एक लय का, थकानेवाला; **Monotonously** (-ली) *adv.* एक सुर या लय में; **Monotonousness** (-नैस्‌) *n.* एकस्वरता ।

Monotype–मॉन्‌-ओ-टाइप्‌–*n.* a type-casting and setting machine. टाइप ढालते हुए तथा साथ साथ कम्पोज करने का यन्त्र ।

Monsieur-मॉस्‌-यूर्‌-*n.* sir, a Frenchman. महाशय, फरासीसी ।

Monsoon–मॉन्‌-सून्‌–*n.* a periodical wind which blows before the rainy season, the rainy season. वर्षाकालिक वायु, वर्षाऋतु ।

Monster-मॉन्‌-स्टर्‌-*n.* a mis-shaped plant or animal an inhuman animal, an animal, of huge size. अद्‌भुत वनस्पति या प्राणी, राक्षस, बड़े आकार का अद्‌भुत पशु ।

Monstrosity – मॉन्‌-स्ट्रॉस्‌–इ–टी – *n.* outrageous object, राक्षसपन, भयंकरता

Monstrous–मॉन्‌-स्ट्रस्‌ – *adj.* huge, enormous, atrocious, horrible. अद्‌भुत, विलक्षण, राक्षसी, विकट ; **Monstrously** (-ली) *adv.* horribly. अति विकट रूप से; **Monstrousness** (-नैस्‌) *n.* घोरता, भयङ्करता ।

Montane–मान्‌-टेन्‌–*adj.* inhabiting a mountainous country. पहाड़ी देश निवासी ।

Montessori – मॉन्‌-टैस्‌-सॉर्‌-ई – *n.* a form of infant education. बच्चों को सहज में पढ़ना लिखना सिखलाने की एक शैली; **Montessorian** ('-ऑन्‌) *adj.* इस सिद्धान्त संबंधी ।

Month–मन्थ्‌–*n.* any of the twelve portions of a year. मास, महीना ; **Bright half of the month** (the second half of a month.) शुक्लपक्ष; **Dark half of the month** (the first half of a month.) कृष्णपक्ष ; **Half month** (a fortnight.) पक्ष, पाख ; **Lunar month** (the time in which the moon completes a revolution round the earth.) चान्द्रमास ; **This day month** (exactly a month after this day.) आजदिन से एक महीने बाद ।

Monthly–मन्थ्‌-ली–*adj., adv.* & *n.* recurring once a month, a magazine published each month. मासिक (प्रतिमास), मासिक पत्रिका; **Monthly allowance** (an allowance paid every month.) महीनेवारी तनखाह ।

Monticle–मॉन्ट्‌-इक्‌-कल्‌–*n.* a small hill. छोटी पहाड़ी ।

Monument–मॉन्‌-यु-मैन्ट्‌ – *n.* a memorial, a written record. स्मारक चिह्न (कीर्तिस्तम्भ, समाधि) , यादगार ; **Monumental** (-मैन्ट्‌-ऑल्‌) *adj.* serving as a memorial. स्मरणार्थ, याद दिलानेवाला ; **Monumentalize** (-आइज्‌) *v. t.* to commemorate as with a monument. स्मारक बनाना ।

Moo–मू–*v.i.* to make a cry like an ox or cow. गाय बैल की तरह शब्द करना ।

Mood–मूड्–*n.* disposition of mind, state of feeling, variations in the inflexions of a verb, mode. चित्त-वृत्ति, भाव, क्रियापद की अवस्था बतलाने वाले रूप; **Moodily** (-इ-ली) *adv.* उदासीनता से; **Moody** (-ई) *adj.* sullen, gloomy. क्रुद्ध, उदासीन, चिड़चिड़ा।

Moon–मून्–*n.* the satellite of the earth revolving round it. शशि, चन्द्रमा; *v.t.* to look listlessly. विक्षिप्त की तरह इधर उधर देखना; **Full moon** (when the disk of the moon is entirely illuminated.) पूर्णिमा; **Moonbeam**. चन्द्रिका; **Moonet** (-मून्'-ऍट्) *n.* a small moon. छोटा चन्द्रमा; **Moonface** (full round face.) फूला हुआ मुखड़ा; **Moon light** चाँदनी; **Moon lighting** *n.* रातमें खेत काटने का अपराध; **Moon shine** (visionary ideas.) मनगढ़न्त; **Moon stone** (felspar.) चन्द्रकान्त मणि; **Moon struck** (deranged in mind.) विक्षिप्त, पागल; **Moony** (-ई) *adj.* dreamy, listless. काल्पनिक, विक्षिप्त; **Orb of the moon**. चन्द्रबिम्ब।

Moonling–मून्'-लिङ्ग्- *n.* a simpleton. मूर्ख।

Moor-मूर्-*n.* an open waste ground, a heath, a negro. कच्छ देश, दल-दल, हब्शी; *v. t.* to secure a boat on the coast. घाट पर नाव बाँधना; **Moorage** (-एज्) *n.* a place for mooring. घाट; **Mooring** (-इङ्ग्) *n.* निर्धारित स्थान मे जहाज रखने के लिये बाँधना; **Moorish** (-इश्), **Moory** (-ई) *adjs.* boggy. दलदल वाला; **Moorland** (heath-land.) कच्छ प्रदेश, झाबर।

Moose–मूस् – *n.* an American elk. एक प्रकार का बारहसिंघा।

Moot–मूट्– *n.* an assembly of law students. शास्त्रार्थ करनेवालों की मण्डली; *adj.* debatable. शास्त्रार्थ के योग्य; *v. t.* to raise discussions. तर्क करना।

Mop – मॉप् – *n.* an implement for cleaning floors &c. कूँची, झाड़ू; *v. t.* (*p. t.* **Mopped**) to wipe with a mop. झाड़ू से साफ़ करना; *v.t.* to make grimaces. मुँह बनाना, चिढ़ाना; **Mop-head** (a person having thick hairs on the head like a mop.) कड़े बालों की खोपड़ीवाला मनुष्य।

Mope–मोप्–*v. i.* to be listless, to be drowsy. उद्विग्न (उदास) होना, औंघाना; *n.* one who mopes, a stupid person. ऊंघनेवाला, मूर्ख मनुष्य; **Mope-eyed** *adj.* short sighted. अल्प दृष्टिवाला

Mopish – मोप्' - इश् – *adj.* gloomy, spiritless. उद्विग्न, तेजहीन; **Mop-ishly** (-ली) *adv.* उद्विग्नता से; **Mop-ishness** (-नेस्) *n.* dullness. मन्दता।

Moppet-मॉप्'-पेट्-*n.* a puppet made of cloth. कपड़े की गुड़िया।

Moquette–मो-कॅट्'– *n.* wool, hemp &c. for making carpets. गलीचा बनाने का ऊन, सन इत्यादि।

Moraine–मो-रेन्'– *n.* debris carried down by glaciers. बरफ़ के चट्टानों से लाया हुआ कतवार।

Moral–मॉर्'-ऑल्–*n.* & *adj.* relating to the distinction between right and wrong, virtuous, conformity with moral rules, lesson taught by a fable. धर्मानुरूप, न्यायानुसारी, नीतिमान्, उपदेश (शिक्षा);

(*pl.*) moral habits, duties of life. (ब० व०) नीति, आचरण, शिक्षा; **Good morals** (moral conduct.) सदाचार; **Moral courage** (courage to encounter, odium &c.) आन्तरिक बल; **Moral duties** (duties in regard to virtue.) सदाचार; **Moral freedom** (freedom of will.) चित्त की स्वतन्त्रता; **Moral instruction** (ethical instruction.) नीति उपदेश; **Moral science** (philosophy) ethics. नीतिशास्त्र; **Moral sense** (sense of distinguishing right and wrong.) गुण दोष पहिचानने की आन्तरिक शक्ति।

Moralist–मॉर्-रॅलिस्ट्–*n.* one versed in ethics. नीतिज्ञ, नीति उपदेशक।

Morality–मो-रॅल्-इट्-ई-*n.* practice of moral duties. नीति विद्या, सद्-व्यवहार, सदाचार, पुण्यशीलता।

Moralization–मॉ-रॅल्-आइज़्-ए-शॉन्–*n.* moral reflection. नीति उपदेश।

Moralize–मॉ-रॅल्-आइज़्–*v. t.* to explain moral duties. धर्मोपदेश करना

Morally–मॉ-रॅल्-ली–*adv.* ethically. धर्म से, न्याय से।

Morass–मो-रॅस्–*n.* marsh, bog. दलदल, कीचड़।

Morbid–मॉर् बिड्–*adj.* sickly, unwholesome. अस्वस्थ (रोगी), दूषित; **Morbidly** (-ली) *adv.* अस्वस्थता से; **Morbidness** (-नेस्) *n.* अस्वस्थता; **Morbidity** (-इट्-ई) *n.* morbidness. रोग की प्रवृत्ति।

Morbific–मॉर्-बिफ्-इक्–*adj.* producing disease. रोग उत्पन्न करनेवाला।

Mordacious–मॉर्-डे-शस्–*adj.* biting. काटनेवाला, तीव्र; **Mordacity** (-डॅस्-इटी) *n.* तीव्रता; **Mordancy** (-ऑन्-सी) *n.* pungency. चरपरापन।

Mordant–मॉर्-डॅन्ट–*adj.* biting. चुभनेवाला, चरपरा।

Mordicant–मॉर्-डिक्-ऑन्ट–*adj.* biting. तीखा, चरपरा।

More–मोर्–*adj.* (*comp.* of **Much**) of greater quantity or amount, अधिक; *adv.* in greater degree. अधिकता से; **More and more** (with continual increase.) बढ़कर; **More or less** (in greater or less degree, about.) न्यूनाधिक,प्रायः; **No more** (nothing in addition.) बस; **Something more**. कुछ अधिक; **To be no more** (to die.) मर जाना।

Moreover–मोर् ओ-वर्–besides, in addition to. इससे अधिक, सिवाय।

Moreen–मॉ-रीन्–*n.* a coarse stuff for making curtains. पर्दा बनाने का मोटा टाट या कपड़ा।

Morel–मॉर्-एल्–*n.* an edible fungus. गुच्छी।

Morgue–मॉर्ग्–*n.* haughty temper. क्रोधी प्रकृति।

Moribund–मॉर्-इ-बन्ड्–*adj.* in a dying condition मरणासन्न।

Morion–मॉर्-इ-ऑन्–*n.* a helmet without visor. बिना छज्जे का टोप।

Morn–मॉर्न्–*n.* poetical form of '*morning*'. प्रातःकाल, (कविता में यह शब्द प्रयोग होता है)।

Morning–मॉर्न्-इङ्ग्–*n.* the first part of the day. प्रातःकाल, सवेरा; **Good morning to you** (a form of salutation.) आप का प्रातःकाल शुभ

हो ; **Morning devotion** (the prayer of the morning.) प्रातः-काल की उपासना ; **Morning star** (a planet which precedes sunrise.) प्रातःकाल उगनेवाला (प्रभात) तारा ; **Morning twilight**. प्रातःकाल की सन्धि का समय, अरुणोदय ।

Morocco – मॉ-रॉक्'-को – *n.* leather made from goatskin. बकरी की खाल से बनाया हुआ चमड़ा ।

Morone–मॉ-रोन्'–*n.* a deep crimson colour. गहरा लाल रङ्ग ।

Morose – मॉ - रोस्' – *adj.* sullen, gloomy, ill-humoured. पिशुन, रूक्ष, चिड़चिड़ा ; **Morosely** (-ली) *adv.* in a sullen manner. रूक्षता से ; **Moroseness** (-नैस्) *n.* the quality of being sullen. रूक्षता, चिड़-चिड़ापन ।

Morpheus–मॉर्'-फ़ि-अस्–*n.* the god of sleep. निद्रा देवता ।

Morphia–मॉर्'-फ़ी-ऑं–*n.* an extract of opium. अफ़ीम का सत्व ; **Morphine** (-फ़ीन्) *n.* same as morphia. अफ़ीम का सत्व ।

Morphological-मॉर्-फ़ो-लॉज़्'-इक्-ऑल् *adj.* belonging to mor hology. पशु रचना शास्त्र सम्बन्धी; **Morphologically** (-ली) *adv.* in a morphological manner. इस शास्त्रानुसार ; **Morphologist** (-जिस्ट) *n.* a student of morphology. इस शास्त्र को जानने वाला ।

Morphology – मॉर्-फ़ॉल्'-ऑज्-ई – *n.* the study of the form of animals, the study of the form of words. पशुओं का आकार अध्ययन करने का शास्त्र, शब्दों का आकार अध्ययन करने की विद्या ।

Morris – मॉर्'-रिस – *n.* a kind of dance. एक प्रकार का (रङ्ग बिरंगे वस्त्र पहिनकर) नाँच ।

Morrow–मॉर्'-रो–*n.* the following day. उत्तर दिवस, आनेवाला दिन ; **On the morrow** (on the following day.) अगले दिन ।

Morse–मॉर्स्–*n.* the sea-horse, walrus. समुद्री घोड़ा, दरियाई घोड़ा ; *n.* a code in telegraphy in which letters are represented by dots and dashes. तार देने का संकेत ।

Morsel–मॉर्'-सॅल्–*n.* a small piece, mouthful. खण्ड (टुकड़ा), कवर (ग्रास)

Mortal–मॉट्ट्'-ऑल्– *adj.* subject to death, fatal, deadly. मर्त्य, (मरने-वाला, अनित्य), विनाशी, प्राणघातक ; **A mortal** (a human being.) मनुष्य ; **Mortalize** (-आइज़्) *v.t.* मर्त्य बनाना ।

Mortality–मॉर्-टॅल्'-इ-टी–*n.* death, destruction. मरण, मृत्यु, नाश ।

Mortally–मॉट्ट्'-ऑल्-ली– *adv.* causing death. प्राण घातक ।

Mortar–मॉट्ट्'-ऑर्–*n.* a mixture of lime, sand, water &c. for joining stones or bricks, a strong vessel in which substances are pounded with a pestle. गारा, चूना, ओखली (खरल) ।

Mortgage– मॉर्'-गेज् – *n.* property laid by a debtor as security. बन्धक, गिरवीं ; *v. t.* to pledge. बन्धक रखना, रेहन करना ; **Mortgagee** (-ई) *n.* a person to whom an estate is mortgaged. जिसके पास सम्पत्ति

गिरवीं रक्खी जाय; **Mortgagor** (-ऑर्) *n.* one who mortgages. बन्धक (रेहन) रखनेवाला।

Mortification-मॉर्ट्'-इ-फ़ि-कें'-श न्- *n.* the act of humiliating, penance, the death of one part of an animal body. मानहानि, संयम (तपस्या, वैराग्य), चैतन्यता का नाश।

Mortified - मॉर्' - टि - फ़ाइड - *adj.* brought under subjection. वशीभूत किया हुआ।

Mortify-मॉर्'-टि-फ़ाइ-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Mortified**) to humble, to bring into subjection by self denial or discipline, to feel humilated, to destroy the vital functions of. वश करना, (दबाना), इन्द्रियों को वश में करना, किसी अङ्ग को निर्जीव कर देना; **Mortifying** (-इङ्ग्) *adj.* humiliating. गर्व हरण करनेवाला।

Mortise, Mortice - मॉर्'-टिस्- *n.* a hole fitting in a tenon. लकड़ी में का छेदा जिसमें चूल पहिराई जाती है; *v. t.* to cut holes in, to join by a tenon and mortise. छेदाक रना, सलाना; **Mortise chisel** (a chisel for making holes.) छेदा करने की रुखानी।

Mortuary-मॉर्'-ट्यू-ऑ-री- *n.* &. *adj.* a burial place, belonging to burial. मरघट, कब्रिस्तान, श्मशान सम्बन्धी।

Mosaic-मो-ज़ें'-इक्-*n.* & *adj.* an artistic work in which small pieces of stone glass &c. of various colours are joined together to form a picture. पच्चीकारी का काम; *v. t.* to adorn with mosaic. जड़ाव या पच्चीकारी करना; **Mosaic gold** (artificial gold.) बनावटी सोना; **Mosaicist** (-इस्ट) *n.* one who makes mosaic work. पच्चीकारी का काम बनानेवाला कारीगर।

Moslem, Muslim-मॉज़्'-लॅम्(मुस-लिम्) *n.* & *adj.* Mohammedan. मुसलमान, मुसलमानी; **Moslemism** (-इज़्म्) *n.* Mohammedanism. मुसलमानी धर्म।

Mosque-मॉस्क्- *n.* a Mohammedan place of worship. मस्जिद।

Mosquito-मॉस्-की'-टो-*n.* (*pl.* **Mosquitoes**) a stinging gnat. मच्छर, मस; **Mosquito craft** (small vessels of war.) लड़ाई के छोटे जहाज़; **Mosquito-net** (a fine gauze hanging round a bed.) मसहरी।

Moss-मॉस्-*n.* wet soil, bog, an aquatic plant. कीचड़, दलदल, काई, सेवार; *v. t.* to cover with moss. काई से ढाँकना; **A rolling stone gathers no moss** (one who constantly changes his employment does not grow rich.) सर्वदा व्यवसाय बदलनेवाला धनी नहीं होता; **Mossy** (-सी) *adj.* full of moss. काईदार।

Most-मोस्ट्-*adj.* & *adv.* (*sup.* of **Much**) existing in the greatest degree. अधिकतम, सबसे अधिक; **For the most part** (almost.) अधिकतर, प्रायः; **To make the most of** (to reap the highest advantage.) सबसे अधिक सुविधे का प्रयोग करना।

-most-मोस्ट्-used as suffix. प्रत्यय की तरह प्रयोग होता है, यथा - *fore***most**, *in***most**, *upper***most**. इत्यादि।

Mostly - मोस्ट्'-ली - *adv.* for the

greatest part. अत्यन्त, बहुधा, विशेष करके; also used as suffix.

Mot-मो-(*pl.* **Mots**-मोज़) *n.* a witty saying. कहावत, चुटकुला।

Mote-मोट्-*n.* a speck, a small particle of dust. धूलि का कण।

Moth-मॉथ्-*n* a winged insect. कीट पतङ्ग, फतिङ्गा; **Mothly** (-ली) *adv.* like a moth. फतिंगे की तरह से।

Mother-मद्'-अर्-*n.* (*mas.* **Father**) a female parent, source. जननी, माता, उद्गम स्थान; *v.t.* to beget. उत्पन्न करना; **Mother country** (country by which a colony is founded.) मातृभूमि; **Motherhood** (-हुड्) *n.* मातृभाव, मातापन; **Mothering** *n.* acting as a mother. मातृवत् आचरण; **Mother-in-law** (*pl.* **Mothers-in-law**) mother of husband or wife. सास; **Motherland** (native land.) मातृभूमि; **Motherless** (-लेस्) *adj.* बिना माता का; **Motherlike**(-लाइक्),**Motherly** (-ली) *adjs.* like a mother, tender. माता सदृश, दयावान्; **Mother of pearl** (hard shell of oysters.) सीप; **Mother tongue** (one's native tongue.) मनुष्य की मातृभाषा; **Motherwit** (common sense.) सामान्य बुद्धि।

Motif-मों'-टिफ्- *n.* predominating feature or idea. प्रधान चेष्टा या विचार।

Motile-मों'-टाइल्-*adj.* capable of motion. गतियोग्य (वनस्पति)।

Motion-मों'-शॉन्-*n.* change of place, tendency, gesture, proposal, legal application in court, evacuation of bowels. गति, चेष्टा, आकृति, व्यापार, अदालत की आज्ञा के लिये प्रार्थना, मलत्याग; *v. i.* to make proposals, to direct by sign or gesture. सङ्केत करना, इशारा करना; **To set in motion**. गतियुक्त करना; **Motion-pictures** चलती तस्वीर; **Motional** (-ऑल्) *adj.* characterised by motions. गतियुक्त; **Motionless** (-लेस्) *adj.* stagnant. गतिहीन।

Motive-मो'-टिव्-*n.* causing movement, that which moves the will. कारणभूत, प्रेरक, निमित्त, कारण; *n.* that which incites. प्रवृत्ति; *v.t.* to supply motive to. कारण होना; **Motivation** (-ए'-शॉन्) *n.* प्रोत्साहन करने का कार्य; **Motively** (-ली) *adv.* with aim. निमित्त से; **Motiveless** (-लेस्) *adj.* aimless. बिना निमित्त का।

Motley-मॉट्'-ली-*adj.* & *n.* speckled, variegated in colour, an incongruous mixture. विचित्र रङ्ग का, रङ्ग-बिरङ्गा, मिश्रण (खिचड़ी)।

Motor-मो'-टॉर्-*n.* & *adj.* a machine that gives motion, anything which imparts motion. गति देनेवाला यन्त्र, मोटरगाड़ी; *v. i.* to travel by a motor car. मोटरगाड़ी द्वारा यात्रा करना; **Motor bicycle** (mechanically propelled bicycle.) यन्त्र से चलनेवाली बाइसिकिलि; **Motor Boat** *n.* मोटर (शक्ति) से चलनेवाली नाव; **Motor car** (a carriage propelled by gas, steam or petrol.) मोटर गाड़ी; **Motorist** (-इस्ट्) *n.* habitual user of a motor-car. मोटरगाड़ी वाला।

Mottle-मॉट्'-ट्ल-*n.* arrangement of coloured spots. धब्बों का क्रम में

होना; *v.t.* to variegate with spots. धब्बेदार बनाना; **Mottled** (-ड्) *adj.* with spots of different colours. चितकबरा।

Motto–मॉट्'-टो–*n.* (*pl.* **Mottoes**) a maxim, a quotation, a suggestive sentence phrase or word. आदर्श वाक्य, कहावत, मस्ला।

Moujik, Muzhik – मू'-झिक् – *n.* a Russian peasant. रूसी किसान।

Mould – मोल्ड् – *n.* loose earth, a pattern, a cast or matrix. चूर की हुई मिट्टी, आकृति (रूप, नमूना), साँचा; *v. t.* to form into shape, to cover with mould. रचना करना, साँचा बनाना, ढालना; **Moulder** (-अर्) *n.* one who moulds or casts. साँचा बनानेवाला, ढालनेवाला; **Moulding** (-इङ्ग्) *n.* something cast in a mould. सजावट, कारनीस इत्यादि; **Mouldy** (-ई) *adj.* overgrown with mould. कीचड़दार, मलिन, गन्दा।

Moulder–मोल्ड्'-अर्–*v.i.* to rot. भ्रष्ट होना, सड़ना, नाश होना।

Moult–मोल्ट्-*v.t.* & *i.* to shed feathers, hair &c. पर या रोवाँ गिराना; **Moulting** (-इङ्ग्) *n.* a shedding of hair &c. पर्णपतन।

Mound–माउन्ड् – *n.* an elevation of earth, a hillock. मिट्टी का टीला, छोटी पहाड़ी।

Mount–माउन्ट् – *n.* a mountain, a hill, border of a picture, a board on which pictures are mounted, a horse for personal riding. पर्वत, पहाड़ी, तस्वीर का चौखटा, चित्र चपकाने की दफ़्ती, सवारी का घोड़ा; *v. t.* to ascend, to climb, to get on horse for purpose of riding, to raise guns into position, to set gem &c. ऊपर को जाना, चढ़ना, घोड़सवारी करना, तोप लगाना, रत्न जड़ना।

Mountain – माउन्ट्' - इन्– *n.* a very high hill. पर्वत, पहाड़; *adj.* pertaining to a mountain, vast. पर्वतीय (पहाड़ी), वृहत्; **Mountain chain** (a series of mountains.) पर्वतों की पंक्ति; **Mountaineer** (-इअर्) *n.* inhabitant of a mountainous region. पर्वत निवासी; **Mountaineering** (-इङ्ग्) *n.* mountain climbing. पर्वत पर चढ़ाई; **Mountain high** (very high.) बहुत ही ऊचा; **Mountainous** (-अस्) *adj.* huge, full of mountains. बड़ा, पहाड़ों से पूर्ण।

Mountebank-माउन्ट्'-एं-बैंङ्क् – *n.* a quack doctor, a charlatan, a pretender. मिथ्या वैद्य (ढोंगी), बहानेबाज़, नीमहकीम; **Mountebankery** (-अर्-ई) *n.* quackery. ढोंगपन।

Mourn–मोअर्न्–*v. i.* & *t.* to regret, to lament, to show signs of grief. विलाप करना, रोना, दुःख के चिह्न दिखाना; **Mourner** (-अर्) *n.* one who mourns. विलाप करनेवाला; **Mournful** (फुल्) *adj.* sad, sorrowful. शोकाकुल, दुःखी; **Mournfully** (-फुल्-लि) *adv.* sorrowfully. शोक सहित; **Mournfulness** (-नेस्) *n.* the act of mourning. शोक; **Mourning** (-इङ्ग्) *n.* lamentation, wearing black dress of sorrow. शोक (विलाप), मातम का काला

वस्त्र पहिरना ; **Mourning dress** (black clothes as sign of mourning.) अमङ्गल (शोक का) वस्त्र ।

Mouse - माउस् - *n.* (*pl.* Mice) a small rodent animal. चूहा, मूसा ; *v. i.* to catch mice. चूहे का शिकार करना ; **Mouser** (-अर्) *n.* one who makes an industrious search. परिश्रम से खोजनेवाला ; **Mousetrap** (an appliance for catching mice.) मुसदानी ।

Moustache - मुस्-टाश्' - *n.* hair on both sides of a man's upper lip. मोंछ ।

Mouth-माउथ् - *n.* opening in the front part of the head of an animal for eating and vocal utterance, entrance to something. मुख, छिद्र, मोहाना, मार्ग; *v.t.* to utter, to seize with the mouth. स्पष्ट बोलना, मुँह से पकड़ना या खाना ; **Horse of hard mouth** (a horse which is not ready to obey.) जोरावर मुँह का घोड़ा; **Mouthful** (-फुल्) *adj.* as much as the mouth contains at once. ग्रास, कवर; **Mouthless** (-लैस) *adj.* destitute of mouth. मुखहीन; **Mouth-organ** (a musical instrument played with lips.) मुँह से बजाने का बाजा; **Mouthpiece** (mouth of a wind instrument, one who delivers the opinions of others.) बाजे (या हुक्के) की मुहनाल, दूसरे की ओर से बात करनेवाला; **Mouthy** (-ई) *adj.* bombastic. बड़े बड़े शब्दों का; **Put words in his mouth** (tell him what to say.) उसको कहने के लिये बतलाओ ; **To make wry mouth** (to make grimaces.) मुँह चिढ़ाना ।

Movability–मूव्'-अॅ-बिल्'-इ-टी-*n.* the state of being movable. चलायमान अवस्था ।

Movable-मूव्'-अॅ-बल्-*adj.* that can be moved. चलायमान,हटाने या चलाने फिराने योग्य ; (*pl.*) personal property. मनुष्य की सम्पत्ति, माल असबाब ; **Movableness** (-नैस) *n.* mobility. गमनशीलता; **Movable property** (property not fixed.) अस्थावर सम्पत्ति ।

Move - मूव् - *n.* moving of a piece in chess, the act of moving. शतरञ्ज में किसी मोहरे की चाल, गति; *v.t.* & *i.* to change position, to put in motion, to stir, to provoke, to go, to pass, to make formal application to a court. जगह बदलना, चलाना, चेष्टा करना, उत्तेजित करना, चलना, बढ़ाना, प्रस्ताव करना ; **On the move** (in motion.) हिलता डोलता ; **To be moved** (to be provoked to pity.) दया उत्पन्न होना; **To move about** (to loiter.) इधर उधर चक्कर लगाना ; **To move heaven and earth** (to make attempt in all possible ways.) सब प्रकार से प्रयत्न करना ; **To move off** (to remove oneself.) हट जाना ; **To move on** (to proceed.) बढ़ना ।

Mover–मूव्'-अर्–*n.* he who or that which moves. चलानेवाला, प्रस्ताव करनेवाला ।

Moving–मूव्'-इङ्ग्-*n.* & *adj.* urging motion, pathetic. गति युक्त, करुणा-

मय; **Movingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a moving manner. मर्म स्पर्श करते हुए

Movement–मूव्'-मैन्ट् – *n.* motion, excitement, agitation. व्यापार, चेष्टा, (चाल), गति।

Movies–मूव्'-ईज़ – *n. pl.* cinematograph pictures. सिनेमा की चलती फिरती तसवीर।

Mow–मो–*n.* a pile of hay. सूखी घास का ढेर; *v. t.* (*p. t.* **Mowed**, *p. p.* **Mown**) to cut grass with a scythe. हँसुए से घास काटना; **Mower** (-अर्) *n.* a mowing machine. घास काटने का यन्त्र।

Moya–मॉय्'-ऑ – *n.* volcanic mud. ज्वालामुखी पर्वत से निकला हुआ कीचड़।

Mr., Mrs.–*abbr.* of **Mister**, and **Mistress**.

Much – मच् – *adj.* & *adv.* (*comp.* **More**, *sup.* **Most**) existing in great quantity. प्रचुर, बहुत, अत्यन्त; **As much as** (an equal quantity.) उतना ही; **How much**? कितना? **Much of a size** (about the same size.) प्रायः एक ही परिमाण का; **Talking much** (prattling.) बकवादी; **This much** (so much.) इतना; **Too much** (an excessive quantity.) अत्यधिक।

Muchness–मच्'-नैस्–*n.* thestate of being much. बहुतायत।

Mucid–म्यू'-सिड्–*adj.* musty, slimy. चिपचिपा; **Mucidness** (-नैस्)*n.* the state of being mucid. चिपचिपाहट।

Mucilage – म्यू'-सिल-लेज् – *n.* slimy fluid, mucus, gum. लसदार पदार्थ (लासा), कफ, गोंद; **Mucilaginous** (-लैज्'-इन्-अस्) *adj.* pertaining to mucilage. श्लेष्मपूर्ण।

Muck–मक्–*n.* farm-yard manure, dirt. गोबर की खाद, कूड़ाकरकट; *v.t.* to make a mess of, to make filthy. भ्रष्ट करना, गन्दा करना; **Muck-rake** (rake for collecting muck.) कूड़ा बटोरने की ठेलागाड़ी; **Mucky** (-ई) *adj.* filthy. गन्दा, भ्रष्ट।

Mucous-म्यू'-कस्-*adj.* covered with mucus. श्लेष्मा (कफ इत्यादि से) युक्त।

Mucus–म्यू'-कस्–*n.* a slimy substance secreted by an organ of the body. इन्द्रिय मल, श्लेष्मा।

Mud-मड्-*n.* wet earth, mire. कीचड़, गीली मिट्टी; **Mudguard** (a shield above wheels to prevent the throwing up of mud.) बाइसिकिल, गाड़ी इत्यादि में कीचड़ रोकने की पट्टी; **Muddily** (-डि-ली) *adv.* turbidly. कीचड़ से; **Muddiness** (-डि-नैस्) *n.* turbidness. कीचड़पन; **Muddy** (-डी) *adj.* turbid, impure. पंकिल, गँदला, कीचड़दार।

Muddle–मड्'-इल–*v. t.* to bewilder, to confuse, to mix disorderly. गड़बड़ करना, व्याकुल करना, बिना क्रम से मिलाना; *n.* confusion. गड़बड़ी; **Muddle-headed** (stupid.) जड़ बुद्धिवाला।

Muff–मफ्–*n.* a fur-cover to warm hands, an awkward person. रोयें का दस्ताना या मोज़ा, भद्दा मनुष्य; **Foot-muff** (a kind of socks). एकाकार का पैर का मोज़ा।

Muffin – मफ्'-फिन् – *n.* a kind of light cake. हलकी रोटी या टिकिया।

Muffle-मफ्'-फ़ल-*n.* the upper thick

lip of animals, a plate placed within a furnace. पशुओं का ऊपरी ओठ, तन्दूर के भीतर की चद्दर ; *v. t.* to wrap for warmth or to deaden sound. गरम करने के लिये ढाँकना, शब्द कम करने के लिये (ढोल इत्यादि को) ढाँकना; **Muffler** (-अर्) *n.* a cover for the face, a wrapper. गुलबन्द, रुमाल ।

Mug – मग् – *n.* a drinking-vessel. जलपात्र (लोटा, गडुआ) ; **Mugginess** (–गि-नॅस्) *n.* dampness. तरी, गीलापन; **Muggy** (-गी) *adj.* damp. सूखा तथा तर ।

Muggins–मग्'-इन्स्–*n.* a simpleton. सीधा सादा मूर्ख मनुष्य ।

Mulatto–म्यू-लॅट्'-टो – *n.* offspring of black and white parents. काले तथा गोरे माता पिता की सन्तति ; *adj.* tawny. चितकबरे रङ्ग का ।

Mulberry–मल्'-बॅर्-री–*n.* a tropical fruit-tree whose leaves are used for feeding silk-worms. शहतूत ।

Mulch–मल्श्–*n.* wet straw, leaves &c. used to protect roots of newly planted trees. गीली घास इत्यादि का ढेर जो नये लगाये हुए पौधों पर फैलाया जाता है ; *v. t.* to cover with mulch. इस प्रकार से पौधों को ढाँकना ।

Mulct–मल्क्ट – *n.* a fine. मुद्रा दण्ड, जुर्माना; *v.t.* to fine. दण्ड देना, जुर्माना करना ।

Mule–म्यूल – *n.* the offspring of horse and she-ass, a stupid obstinate person. खच्चर, मूर्ख हठी मनुष्य ।

Muleteer–म्यूल-ऍ-टिअर्'– *n.* a mule-driver. खच्चर हाँकनेवाला ।

Mulish–म्यूल्'-इश्–*adj.* sullen. मूर्ख ; **Mulishly** (–इश्'-ली) *adv.* in a mulish manner. मूर्खता से ; **Mulishness** (–इश्'-नॅस्) *n.* the state of being mulish. मूर्खता ।

Mull–मुल्–*v. t.* to make hot with spices. मसालेदार करना ।

Muller – म्युल्'-लर् – *n.* stone used for grinding powders. पीसने का लोढ़ा, बट्टा ।

Mullion–म्युल्'-यॉन्– *n.* the vertical bar of a window. खिड़की का डण्डहरा, (उतरन); **Mullioned**(-ड्)*adj.* divided by mullions. डण्डहरा लगी हुई ।

Mullock – म्युल्' - लॉक् – *n.* refuse, rubbish. कूड़ा, खुद ।

Multangular – मल्ट्-ऑङ्ग्'-ग्युल्-ऑर्– *adj.* having several angles. अनेक कोने का ।

Multeity-मल्-टी'-इट्-ई–*n.* manifoldness. अनेक तहों का होना ।

Multi – मल्-टि – *pref.* in sense of 'having several.' ' अनेक ' अर्थ का उपसर्ग ; **Multicavous** (–केव्'-अस्) *adj.* having many cavities. अनेक छिद्रवाला ; **Multicipital** (–सिप्'-इट-ऑल्) *adj.* many-headed. अनेक शिर वाला ।

Multifarious – मल् - टि-फॅअर्' इ-अस्– *adj.* of great variety. अनेक रूप रङ्ग का, रङ्गबिरङ्गा; **Multifariously** (-ली) *adv.* with great variety. अनेक रूप में ; **Multifariousness** (–नॅस्) *n.* diversity. बहुरूपता ।

Multifold–मल्'-टि-फ़ोल्ड– *adj.* many times doubled. अनेक गुना ।

Multiform – मल्'-टि-फ़ार्म – *adj.* of

many shapes. नानारूप का, अनेक आकार का ; **Multiformity** (-फ़ॉर्म्'-इट्-ई) *n.* diversity of forms. अनेकरूपता ।

Multiple–मल्'-टि-पल्– *n.* of several parts or components, a number that divides another without a remainder. अपवर्त्य, ऐसी संख्या जो बिना शेष छोड़े दूसरी संख्या को भाग दे सकती है; **Lowest common multiple** (the lowest multiple that will contain two or more numbers exactly.) लघुत्तमापवर्तक '

Multiplex – मल्'-टि-प्लेक्स् – *adj.* of several elements. अनेक तत्वों का ।

Multipliable – मल्'-टि-प्लाइ'-ऑ-ब्ल्– *adj.* that may be multiplied. गुणन करने योग्य ।

Multiplicable–मल्'–टि-प्लिक्'-ऑ–ब्ल्- *adj.* multipliable. गुणन योग्य ।

Multiplicand–मल्'-टि-प्लिक्'–ऑन्ड्-*n.* a quantity to be multiplied. गुण्यक, जो गुणा किया जाय ।

Multiplication-मल्'-टि-प्लिक्-ए'-शन्- *n.* the act of multiplying. गुणन-क्रिया ; **Cross multiplication** वज्राघात ; **Sign of multiplication** (× called 'into'.) गुणनचिह्न ।

Multiplier– मल्'-टि-प्लाइ'-अर्–*n.* the number that multiplies. गुणक, गुणा करनेवाली संख्या ।

Multiplicity – मल्'-टि-प्लिस्'-इ–टी–*n.* many of the same kind. बहुतायत ।

Multiply–मल्'-टि-प्लाइ – *v. t.* (*p. t.* **Multiplied**) to increase in number, to propagate, to add a given number to itself several times. गुणा करना, बढ़ाना ।

Multipresence – मल्'-टि-प्रेज़्-ऍन्स्–*n.* the power of being present at several places simultaneously. एक समय अनेक स्थानों में उपस्थित होने की शक्ति ।

Multitude–मल्'-टि-ट्यूड्– *n.* a great number, a large gathering, a crowd. समूह, (समुदाय), समाज, झुण्ड ।

Multitudinous-मल्'-टि-ट्यूड्'-इन्-अस्- *adj.* consisting of a great number. प्रचुर, अधिक ; **Multitudinously** (–ली) *adv.* after the manner of multitude. बहुतायत से ; **Multitudinousness** (–नेस्) *n.* numerousness. प्रचुरता, बहुतायत ।

Multitudinism–मल्'-टि-ट्यूड्'-इ-निज़्म्- *n.* the principle of preference for the interests of the multitude to those of individuals. व्यक्तिगत कल्याण की अपेक्षा समाज का कल्याण अधिक मानने का सिद्धान्त; **Multitudinist** (-निस्ट) *n.* one who holds this theory. ऐसा सिद्धान्त मानने वाला ।

Multure–मल्'-ट्यूर्–*n.* toll of grain or flour given to the mill owner. पिसनहारे को अनाज या आटे की झरी देना ।

Mum – मम् – *interj.* silence ! चुप ! खामोश ! *n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा ; *v. i.* (*p. t.* **Mummed**) to act in dumb show. मुह बन्द करके तमाशा करना ।

Mumble – मम्'-ब्ल् – *v. i.* & *t.* to mutter, to speak indistinctly, to bite, to chew. अस्पष्ट बोलना, दाँत से चबाना या कुतरना; *n.* an indistinct utterance. अस्पष्ट बोली ।

Mumm-मम्-*v.t.* to mask, to make diversion with a mask on. चेहरा लगाना, चेहरा लगाकर खेल करना; **Mummer** (-मर्) *n.* an actor wearing a mask. चेहरा लगाकर तमाशा करनेवाला

Mummery – मम्´-मर्-ई – *n.* a performance of mummers. छद्मवेष, सवाँग।

Mummification – मम्´-मि-फ़िक्-ए´-शॉन्–*n.* the act of making into a mummy. मृतक शरीर रक्षा ; **Mummify** (-मि-फ़ाई) *v. t.* to make into a mummy. ऐसा संस्कार करना।

Mummy–मम्´-मी – *n.* (*pl.* **Mummies**) embalmed human body for burial. रक्षित मृतक शरीर, मसाला लगाकर सुरक्षित की हुई मृतक शरीर।

Mump–मम्प् – *v. i.* to utter indistinctly, to be silent, to go about begging. अस्पष्ट बोलना, चुप रहना, भीख माँगते फिरना ; (*pl.*) a contagious disease of the salivary glands. कण्ठमाला रोग ; **Mumper** (-अर्) *n.* a beggar. भिखमङ्गा ; **Mumpish** (-इश्) *adj.* dull. मन्द।

Munch–मन्श्–*v. t.* & *i.* to eat food with much chewing and making sound with the mouth. चपर चपर शब्द करते हुए खाना।

Mundane–मन्´-डेन् – *adj.* earthly, worldly. संसारी, इस लोक का ; **Mundane existence** (worldly existence.) संसारी जीवन ; **Mundanely** (-ली) *adv.* सांसारिक गति से; **Mundaneness** (-नेस्) *n.* worldliness. संसारी जीवन।

Mundatory – मन्´-डेट्-ऑर्-ई – *adj.* cleansing. साफ़ करने वाला।

Municipal – म्यून्-इस´-इप्-ऑल् – *adj.* pertaining to the local self-government of a town. नागरिक ; **Municipality** (-ऑल्´-इट्-ई) *n.* a district with municipal rights. नगर पालिनी सभा, (ऐसी संस्था का नगर) **Municipally** (-ली) *adv.* in a municipal manner. इस प्रकार से।

Munificence – म्यू-निफ़्´-इस-सैन्स– *n.* liberality, generosity. दानशीलता, उदारता।

Munificent–म्यून्-इफ़्´-इस-सैन्ट – *adj.* bountiful, generous. उदार, दानी, दाता ; **Munificently** (-ली) *adv.* liberally. उदारता से।

Muniment–म्यू´-नि-मैन्ट–*n.* a document of rights. अधिकार पत्र।

Munition–म्यू-निश्´-ऑन्–*n.* military weapons, implements of war. युद्ध सामग्री, लड़ाई के सामान ; **Munitioner** (-अर्) *n.* one who works in a munition factory. युद्ध सामग्री बनाने के कार्यालय मे काम करने वाला।

Murage–म्यूर्´-एज्–*n.* tax levied for building the walls of a town. नगर की दीवार बनाने के लिये कर।

Mural–म्यूर्´-ऑल्–*adj.* like or on a wall. भीत सम्बन्धी, भीत पर का।

Murder – मड्´-डर् – *n.* unlawfully killing a human being with malice. वध, हत्या, हिंसा ; *v. t.* to kill unlawfully, to spoil. हत्या करना (मार डालना),नष्ट करना; **Murder will out** (murder will be disclosed.) हत्या प्रगट हो जायगी ; **The murder is out** (the secret has been dis-

closed.) रहस्य खुलगया।

Murderer–मर्ड्'-इर्-अर्–*n.* one who commits a murder. हत्यारा, घातक; **Murderess** (-एस्) *n. fem.* a female murderer. हत्यारिन।

Murderous–मर्ड्'-इर्-अस्-*adj.* guilty of murder. घातक, हत्यारा; **Murderously** (-ली) *adv.* in a murderous manner. हिंसा बुद्धि से।

Mure–म्यूर्–*v.t.* to confine or shut up in a prison. बन्द करना, क़ैद करना

Muriatic–म्यू-रि-ऑट्'-इक् – *adj.* hydrochloric. नमक के तेज़ाब का।

Murk–मर्क्–*adj.* dark, misty. अँधेरा, धुंधला; **Murkily** (-इ-ली) *adv.* in a murky manner. धुँधलेपन से; **Murkiness** (-ई-नेस्) *n.* the state of being murky. अन्धकार, धुँधलापन; **Murky** (-ई) *adj.* gloomy. अन्धकार पूर्ण।

Murmur–मर्'-मर्–*n.* a low indistinct sound, suppressed sound. मन्द ध्वनि, (कलकल शब्द) बड़बड़ाहट; *v. t.* to complain in low tones. असन्तोष प्रगट करना, कुड़बुड़ाना; **Murmurer** (-अर्) *n.* one who grumbles. असन्तोष प्रगट करने वाला मनुष्य; **Murmuring** (-इङ्ग्) *adj.* complaining. गुर्राते हुए, शिकायत करते हुए; **Murmurous** (-अस्) *adj.* murmuring. बड़बड़ाहट का; **Murmurously** (-ली) *adv.* असन्तोष ध्वनि से।

Murrain–मर्'-रिन्–*n.* an infectious disease in cattle. पशुओं की महामारी।

Murrey–मर्'-री–*n.* purple-red colour. शहतूत का रङ्ग।

Murrhine–मर्'-रिन् – *n.* a delicate ware. चीनी मिट्टी का मुलायम पात्र।

Muscadine–मस्'-कीं-डिन्– *n.* a kind of grape. कस्तूरी की गन्ध का अंगूर।

Muscat, Muscatel–मस्'-कॅट् (-ऍल्) *n.* a kind of strong sweet wine. एक प्रकार की मधुर तीव्र मदिरा।

Muscle – मस्' - सल् – *n.* the fleshy fibre that produces movement in a body. मांसपेशी, पुट्ठा।

Muscovite–मस्'-कों-वाइट् – *n.* common mica. अभ्रक।

Muscular–मस्'-क्युल्-ऑर्-*adj.* of the muscles, well developed. स्नायु सम्बन्धी, (मांसल) पुष्ट; **Muscularity** (-ऑर्'-रिट्-ई) *n.* मांसलता, पुष्टता; **Musculature** (-एट्'-यूर्) *n.* musculation. शरीर की मांसल रचना।

Muse–म्यूज़्–*n.* one of the nine goddesses of poetry, music, and other liberal arts, a poet's genius. विद्या देवता, कवित्वशक्ति; *v. i.* to reflect, to ponder. चिन्ता करना (ध्यान लगाना), विचार करना; **Museful** (-फ़ुल्) *adj.* thoughtful. विचारवान; **Museless** (-लेस्) *adj.* not appreciative of poetry. कविता का विचार न करनेवाला; **Muser** (-अर्) *n.* one given to musing. ध्यान करने वाला।

Musette – म्यूज़्'-ऍट् – *n.* a kind of bagpipe. एक प्रकार का मसक बाजा।

Museum–म्यू-ज़ि-अम्–*n.* a building used for storing curiosities in nature or art. कौतुक भण्डार, अजायबघर

Mush–मश्–*n.* a soft pulp. मुलायम पदार्थ, गूदा; **Mushiness** (-ई-नेस्) *n.* sponginess. गूदापन।

Mushroom–मश्‌'-रुम्‌–*n.* a kind of plant, fungus. छत्रक, गगनधूलि, कुकुरमुत्ता।



Mushroom.

Mushy–मश्‌'-ई–*adj.* pulpy. गूदेदार।

Music–म्यू'-ज़िक्‌–*n.* the art and science of harmonious sounds, pleasant sound. सङ्गीत, (गानविद्या), (राग, सुर), सुरीला शब्द ; **Instrumental music** (music arising from instruments.) वाद्य, बाजा ; **Music-hall** (a hall in which variety show is given.) सङ्गीतशाला ; **Rough music** (noisy uproar.) शोरगुल ; **To set to music** (to provide with music.) ताल सुर में लाना ; **Vocal music** (music made by the voice.) सङ्गीत।

Musical–म्यूज़्‌-इक्‌'-ऑल्‌–*adj.* harmonious, melodious. सुरीला; **Musical-box** (a box in which tunes are mechanically played.) यन्त्र से बजनेवाले बाजे का बक्स ; **Musical entertainment** (an entertainment accompanied by music.) गानोत्सव ; **Musical instruments** (instruments for music.) बाजे।

Musically–म्यूज़्‌-इक्‌'-ऑल्‌-लि–*adv.* in a musical manner. सङ्गीतशास्त्र के अनुसार, सुर से।

Musician–म्यू-ज़िश्‌'-ऑन्‌–*n.* one who sings or plays on musical instrument. गाने बजानेवाला, सङ्गीत जाननेवाला

Musing–म्यूज़्‌'-इङ्ग्‌–*n.* meditation. ध्यान ; **Musingly** (-ली) *adv.* in a musing manner. ध्यान देते हुए।

Musk–मस्क्‌–*n.* strong-scented substance secreted by male musk-deer. मृगमद, कस्तूरी ; **Muskdeer** (the deer that yields musk.) कस्तूरीमृग ; **Musk-melon** (a kind of sweet melon.) तरबूज, सरदा ; **Musk-rat** (musquash.) छछुन्दर ; **Musky** (-ई) *adj.* having the odour of musk. कस्तूरी के गन्ध की।

Musket–मस्‌'-कॅट्‌–*n.* a hand-gun. फ़ौजी सिपाही की बन्दूक ; **Musket-shot** (the discharge of a musket.) इस बन्दूक से छोड़ी हुई गोली ; **Musketeer** (-इअर्‌') *n.* a soldier armed with a musket. ऐसी बन्दूक लिये सिपाही ; **Musketry** (-री) *n.* the practice of rifle-shooting. बन्दूक चलाने की क्रिया।

Muslim–मुस्‌'-लिम्‌–same as **Moslem**.

Muslin–मज़्‌'-लिन्‌–*n.* a kind of fine thin cotton fabric. मलमल, तन्जेब ; **Muslined** (-ड) *adj.* made of muslin. मलमलदार ; **Muslinet** (-ऍट्‌) *n.* a kind of coarse muslin. मोटा मलमल।

Muss–मस्‌–*n.* disorder, confusion. उपद्रव, गड़बड़ी ; *v. t.* to disarrange. गड़बड़ी करना।

Must–मस्ट्‌–*v. aux.* to be obliged to, be certain to. अवश्य,चाहिये,होना; *n.* unfermented vine of grapes. आसव, मदिरा।

Mustachio–मुस्‌-टॅश्‌'-इ-ओ–*n.* same as **Moustache**. मोछ।

Mustang–मस्'-टैङ्ग्–*n.* wild horse. जङ्गली घोड़ा।

Mustard–मस्'-टॅर्ड्–*n.* a plant with oily seeds. सरसों।

Muster–मस्'-टर्– *n.* a gathering of men, collection. संग्रह (सङ्गम), जमाव; *v. t.* & *i.* to collect for inspection. एकत्रित होना, इकट्ठा करना; **Muster-roll** (roll of troops.) सेना की नामावली; **To muster up** (to make preparations.) तैयार होना।

Mustiness–see **Musty.**

Musty– मस्'-टी – *adj.* mouldy, of bad taste or smell. सड़ा, दुर्गन्धी; **Mustiness** (-टि-नेस्) *n.* the quality of being musty. सड़ाहट।

Mutability, Mutation–see **Mutable**

Mutable–म्यू'-टी-बल्–*adj.* subject to change, fickle. अस्थिर, चञ्चल; **Mutability** (-बिल्'-इ-टी) *n.* mutableness. चञ्चलता; **Mutation** (-टे'-शॉन्) *n.* a change, alteration. परिवर्तन, स्थितिभेद।

Mute–म्यूट्–*adj.* silent, not speaking anything. मूक, मौन, चुपचाप; *n.* a dumb person. गूंगा मनुष्य; *v. t.* to deaden the sound. शब्द मन्द करना; **Mutely** (-ली) *adv.* in a mute manner. मूकवत्, गूंगे की तरह; **Muteness** (-नेस्) *n.* the state of being mute. मूकता, मौन भाव; **Mute show** (a dumb show of puppets.) कठपुतली का तमाशा; **Mute with wonder** (silent owing to astonishment.) आश्चर्य से गूंगा।

Mutilate–म्यू'-टिल्-एट्–*v. t.* to separate limb or organ, to maim, to make imperfect. अङ्ग भङ्ग करना, विकलित करना (छाँटना), अपूर्ण करना; **Mutilation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of mutilating. खण्डन, अङ्ग का कटाव; **Mutilator** (-ए'-टॉर्) *n.* one who mutilates. काटने वाला।

Mutineer–म्यू'-टिन्-इअर्–*n.* a rebel, one who joins in a mutiny. विद्रोही, बलवाई।

Muting–म्यूट्'-इङ्ग्–*n.* the dung of birds. चिड़ियों की बीट।

Mutinous–म्यू'-टिन्-अस्– *adj.* rebellious. विद्रोही, बलवाई; **Mutinously** (-ली) *adv.* in a seditious manner. द्रोह से।

Mutiny – म्यू'-टिन्-ई – *n.* a revolt against legal authority, insurrection of soldiers. बलवा (गदर), सैन्य द्रोह; *v. i.* (*p.t.* **Mutinied**) to revolt. बलवा करना।

Mutism–म्यूट्'-इज़्म् – *n.* dumbness, silence. मूकता, मौनता (चुप होना)।

Mutter–मट्'-टर्-*v. i.* & *t.* to speak in a low voice, to grumble, to murmur. बड़बड़ करना, गुर्राना, धीरे से कहना; *n.* obscure utterance. अस्पष्ट उच्चारण, बड़बड़ाहट; **Mutterer** (-अर्) *n.* a grumbler. अस्पष्ट बोलनेवाला; **Muttering** (-इङ्ग्) *n.* a murmur. बड़बड़ाहट; **Mutteringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an indistinct voice. अस्पष्ट शब्दों में।

Mutton–मट्'-टॉन्–*n.* flesh of sheep used as food. भेंड़ का मांस जो खाया जाता है; **Mutton-chop** (mutton

for frying.) भूनने के लिये भेंड़ का मांस; **Muttony** (-ई) *adj*. resembling mutton. भेंड़ के मांस के समान ; **To eat one's mutton** (to eat together.) साथ भोजन करना ।]

Mutual–म्यू´-ट्यु-ऑल्–*adj*. done towards each other, reciprocal. परस्पर, अन्योन्य, (आपस का); **Mutual help** (help done by each towards each other.) अन्योन्य सहायता; **Mutuality** (-ऑल´-इट्-ई) *n*. reciprocation. परस्पर व्यवहार ; **Mutually** (-ली) *adv*. reciprocally. परस्पर, आपस में ।

Mutualism-म्यू´-ट्यु-ऑल´-इज़्म्-*n*. the doctrine that mutual dependence is necessary for well being. अन्योन्याश्रित सिद्धान्त ; **Mutualist** (-इस्ट्) *n*. one who holds the doctrine of mutualism. इस सिद्धान्त का माननेवाला ।

Muzzle–मज़्´-ल्–*n*. the projecting part of an animal's mouth, the open end of a fire-arm, a net or guard fixed on an animal's mouth. पशु के मुख का नोकीला भाग (थूथुन), बन्दूक का मुँह, पशु के मुँह में लगाने की जाली; *v.t*. to fasten mouth for preventing biting. जाली बाँधना ; **Muzzle-loading gun** (gun which is loaded through the muzzle.) छेद में से गोली भरने की बन्दूक ।

Muzzily, Muzziness–see **Muzzy**.

Muzzy – मज़्´-ज़ी – *adj*. spiritless, bewildered. तेजहीन, घबड़ाया हुआ ; **Muzzily** (-ली) *adv*. in a bewildered manner. घबड़ाहट से ; **Muzziness** (-नेस्) *n*. bewilderment. घबड़ाहट ।

My–माइ–*pron*. (*pl*. **Our**.) belonging to me. मेरा, अपना ; **Myself** (-सैल्फ्) अपना, मैं, स्वयम् ।

Myalgia– माइ-ऑल्´-जि-ऑ– *n*. rheumatism of muscles. वात रोग, पुट्ठों की गठिया ।

Myalism– माइ´-ऑल् इज़्म्– *n*. a kind of sorcery. एक प्रकार का जादू ।

Mycetoma– माइ-सें-टो´-मॉ– *n*. a disease of the hands or feet. पैर का अथवा हाथ का एक रोग ।

Myelitis–माइ-ऍ-लाइ´-टिस्–*n*. inflammation of the spinal cord. पीठ की रीढ़ की सूजन ।

Myope–माइ´-ओप्–*n*.a short-sighted person. अल्पदृष्टि वाला मनुष्य ।

Myopia–माइ-ओप्´-या–*n*. shortsightedness. अल्पदृष्टि ।

Myosis–माइ-ओ´-सिस्–*n*. contraction of the pupil of the eye. आँखों की पुतली का सिकुड़ जाना ।

Myriad – मिर्´-रि-ऑड्– *n*. ten thousand, a very large number. दस हज़ार (हज़ारों) बहुत से ; **Myriapod** (-ऑ पॉड्) *n*. a centipede. हज़ारों पैर-वाला कीड़ा, गोजर ।

Myriorama–मिर्´-रि-ओ-रॉ´-मॉ– *n*. a series of views. चित्रपट ।

Myrmidon–मर्´-मिड्-ऑन्–*n*. a base servant. नीच नौकर ; **Myrmidon of the law** (policeman.) पुलिस का सिपाही ।

Myrobalan–मिर्-रॉब्´-ऑल्-ऑन्– *n*. a plum-like fruit. आँवला, हर्रा ।

Myrrh–मर्–*n*. an aromatic gum.

बोल, लोहबान ।

Myrtle–मर्ट्'-ट्ल्–*n.*a kind of plant. मेंहदी, हीना ।

Mystagogical–see **Mystagogue**.

Mystagogue–मिस्'-टॅ-गॉग्-*n.* teacher of mystical doctrine. गूढ़ विद्या का उपदेशक; **Mystagogical** (-जि-कॉल्) *adj.* connected with mystagogy. गूढ़विद्या सम्बन्धी ।

Mysterious – मिस्-टिअर्'-इ-अस्– *adj.* full of mystery, obscure, secret, incomprehensible. दुर्बोध (गहन), गूढ़ार्थ, गुप्त, अस्पष्ट; **Mysteriously** (-ली) *adv.* in a hidden manner. गूढ़ता से; **Mysteriousness** (-नैस्) *n.* the quality of being obscure. गूढ़ता ।

Mystery–मिस्'-टॅर्-ई– *n.* (*pl.* **Mysteries**) hidden matter, secret, obscurity, anything beyond human reason, an enigma. गुप्त-बात, रहस्य, मनुष्य के विचार के बाहर की बात, पहेली ।

Mystic–मिस्'-टिक्– *adj.* of hidden meaning, occult. अप्रगट, गहन, गुप्त ।

Mystical-- मिस्-टिक्-ऑल्– *adj.* mystic. गुप्त; **Mystically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a mystical manner. गुप्तरूप से ।

Mysticism – मिस्' - टिस् - इज़्म् – *n.* profession of spiritual things. गूढ़ विद्या ।

Mystification-मिस्'-टिफ्-इक्-ए'-शॉन्-*n.* the act of mystifying. गूढ़ करने की क्रिया ।

Mystify–मिस्'-टि-फाइ-*v.t.*(*p.t.* **Mystified**) to bewilder, to puzzle. घबड़ाना, व्यग्र करना ।

Myth– मिथ्– *n.* a fictitious story involving supernatural agency, a creation of mind. पुराण कथा, कल्पित कथा, गप्प; **Mythical** (-इक्-ऑल्) *adj.* fabulous. पौराणिक, काल्पनिक; **Mythically**(-इक्'-ऑल्-ली)*adv.* in a mythical manner. पौराणिक कथा के रूप में ।

Mythicism – मिथ्' - इ - सिज़्म्– *n.* a mythical description. इस प्रकार का कथावर्णन ।

Mythicist–मिथ्'-इ-सिस्ट्–*n.* one who relates mythical story. पौराणिक रीति से कथा वर्णन करनेवाला ।

Mythicize–मिथ्'-इ-साइज़्–*v.t.*to treat a story in a mythical way, to interpret mythically. किसी कथा को पौराणिक रीति से वर्णन करना ।

Mythologer– मिथ्-ऑल्'-ऑज्-अर्– *n.* one who writes mythological stories. पौराणिक कथा लेखक ।

Mythological-मिथ्-ऑल्'-ऑज्-इक्-ऑल्-*adj.* pertaining to mythology. पौराणिक, ऐतिहासिक; **Mythologically** (-इक्-ऑल्-ली) *adv.* by the use of myths. पौराणिक कथा रूप से ।

Mythologist–मिथ्-ऑल्'-ऑज्-इस्ट्– *n.* one versed in mythology. पौराणिक कथा जाननेवाला ।

Mythologize–मिथ्-ऑल्'-ऑज्-आइज़् – *v. t.* to relate mythologically. पौराणिक कथा बनाना अथवा इनको समझाना; **Mythologue** (-लोग) *n.* पौराणिक कथा की रचना ।

Mythology-मिथ्-ऑल्'-ऑज्-ई-*n.*body of myths relating to heathen deities. पौराणिक कथा, देवी देवता की कहानियाँ

Mythoplasm – मिथ्'-ओ-प्लैज़्म – *n.* the narration of a fable. कथा कहानी कहना ।

Mythus – मिथ्'-अस्–*n.* a fictitious story involving supernatural agency. काल्पनिक कथा ।

Myxœdema–मिक्स्-ऍ-डी'-मॉ-*n.* a diseased condition of adults in which the subcutaneous tissues of the face are thickened. युवावस्था का एक रोग जिसमें शरीर भर में शिथिलता आ जाती है तथा चेहरा फूल आता है ।

N - एन् - the fourteenth letter of the English alphabet, symbol for nitrogen, an indefinite number in mathematics, in printing a measurement equal to half em. अंग्रेज़ी भाषा का चौदहवाँ अक्षर, गणित में अज्ञात संख्या, रसायनशास्त्र में नाइट्रोजन् द्रव्य के लिये सङ्केत, छापे में एक परिमाण जो 'एम्' का आधा होता है।

Nab-नैब्-*v. t.* to catch suddenly, to arrest. एकाएक पकड़ना, झपटना।

Nacarat-नैक्'-अॅ-रैट्-*n.* bright orange-red colour. चमकीला नारङ्गी रङ्ग

Nacelle - नॅ-सैल्' - *n.* the body of an airship. हवाई जहाज़ का अङ्ग भाग।

Nadir-नें'-डिर्-*n.* the lowest point under the feet of the observer. (opposite to Zenith.) अधोबिन्दु, सबसे नीचे का स्थान।

Nag-नैग्-*n.*a pony, a small horse. टट्टू; *v. i.* & *t.* (*p. t.* **Nagged**) to find fault, to annoy. दोष निकालना, कष्ट देना; **Nagging** (-गिङ्ग्) *adj.* fault finding. दोष निकालनेवाला; **Naggy** (-गी) *adj.* quarrelsome. झगड़ालू.

Naiad-नाइ'-ॲड्-*n.* a water-nymph. जलदेवता, अप्सरा।

Nail - नेल् - *n.* a horny covering on the ends of human fingers and toes, a claw, a small pointed iron spike. नख, नह, पञा, कील; *v. t.* to fasten with a nail, to make certain. कील जड़ना या ठोंकना, स्थिर करना; **Nailer** (-अर्) *n.* the maker of nails. कील काँटा बनानेवाला; **Nailing** (- इङ्ग्) *n.* the act of drawing a nail. काँटी जड़ना; **Nailless** (-लॅस्) *adj.* without nails. बिना कील काटे का; **Nailed-up drama** (a badly constructed drama.) भद्दी तरह से रचा हुआ नाटक; **On the nail** (at once.) शीघ्र; **To draw a nail** (to pierce a nail.) कील ठोंकना; **To hit a nail on the head** (to describe correctly.) सच्ची व्याख्या करना।

Naive - नॉ-ईव्' - *adj.* artless, not affected, simple. अकृत्रिम, सरल, सीधासादा; **Naively** (-ली) *adv.* artlessly. सरलता से; **Naivete** (-ट), **Naivety** (-टी) *ns.* unaffectedness. सरलता।

Naked - नें'-कॅड् - *adj.* unclothed, bare, nude, undisguised, plain, defenceless. वस्त्रहीन, नग्न, नंगा, अभूषित, स्पष्ट, अरक्षित; **With the naked eye** (without wearing spectacles.) बिना चश्मा (या दुरबीन) लगाये; **Nakedly** (- ली) *adv.* without covering. नङ्गे की तरह, केवल; **Nakedness**(-नॅस्)*n.* नग्न अवस्था, नङ्गापन, वस्त्रहीनता।

Name - नेम्-*n.* a word by which a thing is spoken of, a person known, fame, reputation, नाम, लक्षण, कीर्ति, प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि; *v. t.* to give a name, to mention, to designate, to nominate. नाम देना, नाम से पुकारना, नियुक्त करना; **Bad name** (bad reputation.) अपकीर्ति; **Family name** (name of progenitor.) उपनाम, कुलनाम; **Good name** (renown.) सुयश; **He has made**

a name (he has gained reputation.) उसने प्रतिष्ठा प्राप्त किया है; In the name of (bearing witness.) साक्षी करके; Known by name (known individually.) व्यक्तिगत जाना हुआ; Nameless (-लैस्) *adj.* without a name, unknown, obscure. नामहीन, अप्रसिद्ध, गुप्त; Namely (-ली) *adv.* that is to say. यथा, अर्थात्; Nameplate *n.* घर के द्वार पर जड़ा हुआ प्लेट जिसपर मकान मालिक का नाम लिखा होता है; Namesake (-सेक्) *n.* one having the same name. समान नामका, एकही नामका, नामरासी; Name the day (to fix a day, especially for a marriage.) दिन स्थिर करना; Tell in my name (*i.e.* mentioning my name.) मेरा नाम लेकर कहो; To win a name (to be illustrious.) यश प्राप्त करना।

Nankeen–नीन्-कीन्' – *n.* a kind of cotton cloth. एकप्रकार का सूती रङ्गीन वस्त्र

Nanny–नीन्'-नी – *n.* (*mas.* **Billy**) a she-goat. बकरी।

Nap–नीप्–*n.* a short sleep, smooth hairy surface of cloth. अल्पनिद्रा, (झपकी), कपड़े पर का रोवाँ; *v. i.* (*p.t.* **Napped**) to have a short sleep. झपकी लेना, ऊँघना; **Napless** (-लैस्) *adj.* without a nap. बिना रोंवे का; **Nappy** (-पी) *adj.* तन्द्रा लाने वाला।

Nape-नेप्–*n.* the back of the neck. गर्दन का पिछला भाग।

Napery–नें'-पर्-ई-*n.* linen of domestic use. गृहस्थी के वस्त्र।

Naphtha – नीफ्'-थीं – *n.* a kind of inflammable oil. शीघ्र जलनेवाला एक प्रकार का तरल पदार्थ; **Naphthaline, Naphthlene** (-लिन्) *n.* a white substance used as disinfectant. एक सफ़ेद पारिशोधक पदार्थ।

Napkin – नीप्'-किन् – *n.* a square cloth used for wiping hands &c. अङ्गोछा, रूमाल, छोटी तौलिया।

Napoleonic–नीं-पोल्'-इ-ऑन्'-इक्-*adj.* of or like Napoleon I. प्रसिद्ध राजा नेपोलियन के सदृश; **Napoleonism** (-इज़्म्) *n.* despotism of Napoleon. नेपोलियन की कूटनीति; **Napoleonist** (-इस्ट) *n.* इस कूटनीति का अनुसरण करनेवाला।

Narceine–नीर्'-सैं-इन्–*n.* an extract of opium. अफ़ीम का सत्व।

Narcissus – नार्-सिस्'-अस्– *n.* (*pl.* **Narcissusses**) a plant bearing sweetscented flowers. नरगिस।

Narcosis–नार्-कों'-सिस् – *n.* state of insensibility. मूर्छा; **Narcotic** (-कॉट्'-इक्) *adj.* & *n.* inducing sleep. निद्राकारी, बेहोश करनेवाली दवा; **Narcotize** (-टाइज़्) *v. t.* to make narcotic. नशीली करना।

Nard–नार्ड्–*n.* an aromatic plant. जटामासी, बालछड़।

Nariform – नैंअर्'-ई-फ़ॉर्म् – *adj.* like nostrils. नथुने के आकार का।

Narrate–नीर्-रेट्'–*v. t.* to relate, to recite. वर्णन करना, कहना; **Narration** (-रे'-शॉन्) *n.* the act of relating. वर्णन, कहानी; **Narrative** (-रीं-टिव्) *n.* a narration, a story. कथा, वृत्तान्त, चरित्र; **Narratively** (-टिव्'-ली) *adv.* कथा रूप में; **Narrator** (-ऑर्) वर्णन करने (कथा कहने) वाला।

Narrow-नॅरॅ'-रो-*adj*. of small width, constricted. अविस्तीर्ण (संकुचित), सकरा; **A narrow pass** (a small passage.) संकीर्ण मार्ग; **In narrow circumstances** (in poverty.) दरिद्र अवस्था में; **Narrow gauge** (rails placed 4 ft. 8½ in. apart.) छोटी लाइन; **Narrow goods** (ribbons &c.) फ़ीता, किनारी इत्यादि; **Nrrrow minded** (prejudiced.) कृपण बुद्धि-वाला, पक्षपाती; **Narrow-mindedly** (-ली) *adv*. illiberally. ओछेपन से; **Narrow-mindedness** (-नेस्) *n*. illiberality. ओछापन; **The narrow bed** (grave.) कब्र।

Narrowish–नॅरॅ'-रो-इश्–*adj*. somewhat narrow. सकरा।

Narrowly – नॅरॅ'-रो-ली – *adv*. in a narrow manner. संकुचित रीति से, कष्ट से, सङ्कट से, अच्छी तरह जाँचकर।

Narrowness-नॅरॅ'-रो-नेस्-*n*. the state of being narrow. अल्प-विस्तार, सङ्कोच

Nasal–नॆज़्'-ऑल्–*adj*. of the nose. नासिका सम्बन्धी, अनुनासिक,अनुस्वार सहित; **Nasalization** (-आइज़्-ए'-शान्) *n*. nasal tone (or letters.) अनुनासिक स्वर; **Nasalize** (-आइज़्) *v. t.* to speak through the nose. नाक से बोलना; **Nasally** (-ली) *adv*. through the nose. नाक से।

Nascency–नॅ-नेन्'-सी–*n*. beginning of production. बढ़ती, बढ़ाव।

Nascent–नॅस्'-सॅन्ट –*adj*. growing, just beginning to increase. उगने-वाला, बढ़नेवाला

Nasturtium – नॅस्-टर्'-शि-अम् – *n*. a kind of trailing plant. एक प्रकार का लतारूप का पौधा।

Nastily, Nastiness–see. **Nasty**.

Nasty-नॅस्'-टी-*adj*. (*comp*. **Nastier**, *sup*. **Nastiest**) dirty, filthy, foul, obscene. मलिन, अपवित्र, गन्दा, निर्लज्ज; **Nastily** (-ली) *adv*. filthily. मलिनता से; **Nastiness** (-नेस्) *n*. filthiness, obscurity. अपवित्रता, मलिनता।

Natal–ने'-टॅल् – *adj*. pertaining to birth. जन्म सम्बन्धी; **Natal country** (place of birth.) जन्मभूमि; **Natality** (-इ-टी) *n*. birth-rate. उत्पत्ति क्रम

Natation–नॅ-टे'-शान्–*n*. swimming. तैरना; **Natatory** (-टॉर्-ई), **Natatorial** (-टॉर्'-इ-ऑल्) *adjs*. enabling to swim. तैरने योग्य।

Nates-ने'-टीज़-*n. pl*. buttocks. चूतड़।

Nation–ने'-शान्–*n*. a distinct race, people living under one government. जाति (प्रजा), एक देश या राज्य के लोग; **Nationhood** (-हुड्) *n*. nationality. जातीयता।

National–नॅश्'-ऑन्-ऑल् – *adj*. pertaining to or peculiar to a nation. देशीय, राष्ट्रीय, जातीय; **National anthem** (the patriotic song of a nation.) राष्ट्रीय गीत; **National custom** (custom of a nation.) देशाचार; **National law** (law of the nation.) देश धर्म; **National movement** राष्ट्रीय आन्दोलन।

Nationality–नॅश्-ऑन्-ऑल्'-इट्-ई-*n*. patriotic sentiment. स्वदेशाभिमान, देशभक्ति (जातीयता)।

Nationalize – नॅश्'-ऑन्-ऑल्'-आइज़्-*v.t*. to make into a nation. एक जाति

बनाना, राष्ट्रीय बनाना; **Nationalization** (-ए'-शान्) *n.* the act of nationalizing. राष्ट्रीयता।

Nationally–नॅश्'-आन्-अॅल-लि–*adv.* as a nation. राष्ट्रवत्।

Native–नें'-टिव्–*n.* one domiciled in a place, anything indigenous. देशवासी, देश की उत्पन्न वस्तु; *adj.* innate, inborn, natural, inherent. सहज, स्वाभाविक, प्राकृतिक, पैदाइशी; **Natively** (-ली) *adv.* naturally. स्वाभाविक रूप में; **Nativeness** (-नॅस्) *n.* the state of being native. स्वाभाविकता; **Native name** (name given at the time of birth.) जन्मनाम

Nativity–नॅ-टिव्'-इट्-ई–*n.* the birth of Christ, a horoscope. ईसामसी की उत्पत्ति, जन्मपत्रिका; **To cast one's nativity** (to prepare a horoscope.) जन्मकुण्डली बनाना।

Natron–नें'-ट्रॉन्–*n.* native carbonate of soda. सज्जी खार।

Nattily, Nattiness–see **Natty.**

Natty–नॅट्'-टी-*adj.* trim, tidy, deft-handed. कुशल, सुघड़, चालाक; **Nattily** (-ली) *adv.* in a tidy manner. कुशलता से; **Nattiness** (-नॅस्) *n.* the state of being tidy. कुशलता।

Natural–नॅट्'-यु-रॅल–*adj.* instinctive, normal, inherent, regular, illegitimate, unaffected. स्वाभाविक, सामान्य, नैसर्गिक, यथार्थ, प्राकृतिक, सहज; **Natural death** (death by age or disease.) यथाकाल मरण; **Natural disposition** (inherent nature.) स्वभाव; **Natural enemy** (having enmity by nature.) जातिशत्रु; **Natural history** (zoology.) पशुजीवनशास्त्र; **Natural philosophy** (physics.) पदार्थ विज्ञान।

Naturalism–नॅट्'-यू-रॅल-इज़्म्–*n.* actions based on natural instincts. प्राकृतिक नियमों के सिद्धान्त।

Naturalist–नॅट्'-यु-रॅल-इस्ट्–*n.* one who believes in naturalism, a dealer in live pets. पदार्थशास्त्रज्ञ, चिड़िया कुत्ता इत्यादि बेंचनेवाला; **Naturalistic** (-इस्ट्'-इक्) *adj.* pertaining to natural history. पशुजीवनशास्त्र सम्बन्धी।

Naturalization-नॅट्'-यू-रॅल-आइज़्-ए'-शान्–*n.* becoming naturalized. अभ्यास पड़ना; **Naturalize** (-आइज़्) *v.t.* to adopt oneself to, to make natural. अभ्यस्त करना, प्राकृतिक बनाना।

Naturally–नॅट्'-यू-रॅल-ली–*adv.* according to nature, spontaneously. स्वभाव से, स्वतः, अवश्य।

Naturalness-नॅट्'-यू-रॅल-नॅस्–*n.* conformity to nature. यथार्थता।

Nature–नें'-ट्यूर्–*n.* innate character, essential qualities, general characteristics, kind, sort, vital physical character, the universe. प्रकृति, स्वभाव, आदिशक्ति, गुण, धर्म, प्रकार, भूमण्डल; **Against nature** (unnaturally miraculous.) प्रकृति विरुद्ध; **Blind by nature** (blind from birth.) जन्म का अन्धा; **Call of nature** मलमूत्र त्यागना; **Contrary to nature** (against nature.) प्रकृति विरुद्ध; **Functions of nature** (use or power of the organs of the body.) शरीरधर्म; **Good nature**

(kindly disposition.) सुशीलता; **Nature study** (the study of natural history in the field.) प्राकृतिक पदार्थों का अध्ययन ; **To pay debt of nature** (to die.) मरना ।

Naught–नॉट्–*n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य ; *adj.* worthless. तुच्छरूप, कुछ भी नहीं ; **To set at naught** (to consider worthless.) तिरस्कार करना, तृणवत् मानना ।

Naughtily, Naughtiness – see **Naughty.**

Naughty – नॉ'-टी – *adj.* (*comp.* **Naughtier**, *sup.* **Naughtiest.**) badly behaved, wicked, indecent. उपद्रवी, दुष्ट, नटखट; **Naughtily** (-ली) *adv.* in a wicked manner. दुष्टता से ; **Naughtiness** (-नॅस्) *n.* misbehaviour. दुष्टता, उपद्रव ।

Nausea – नॉ'-सॅ-ऑ – *n.* feeling of sickness, loathing. वमन की इच्छा, (जी मचलाहट), घृणा; **Nauseate** (-एट्') *v. i.* & *t.* to be affected with disgust, to reject food with loathing. वमन होना (जी मचलाना), वमन करना; **Nauseating** (-एट्'-इङ्ग्) *adj.* feeling nausea. जो मचलाता हुआ

Nauseous–नॉ'-सॆ-अस्–*adj.* disgusting, loathsome, causing nausea. घृणाजनक, कुत्सित, ओकाई लानेवाला ; **Nauseously** (-ली) *adv.* loathsomely. घृणासे, जी मचलाते हुए; **Nauseousness** (-नॅस्) *n.* loathsomeness. ओकाई ।

Nautch–नॉच्–*n.* an Indian dance. नाच ।

Nautical–नॉ'-टिक्-ऑल्–*adj.* of sailors, maritime, naval. नाविक, जहाज़ी, समुद्री; **Nautically** (-ली) *adv.* in a nautical manner. जहाज़ीपन से ।

Naval–नें'-वॅल्–*adj.* of ships, maritime. जहाज़ सम्बन्धी, समुद्री, जहाज़ी; **Navalism** (-इज़्म्) *n.* doctrine of sea power. समुद्री बल का सिद्धान्त ; **Navally** (-ली) *adv.* in a naval manner. जहाज़ी रूप में ।

Nave–नेव्–*n.* the central block of a wheel, body of a church. पहिये की नाभि (मध्यभाग), गिरजाघर का मध्यभाग ।

Navel – नें'-वॆल् – *n.* depression in the middle of the abdomen, the central part of anything. नाभि, तोंद, मध्यभाग ; **Navel string** (umbilical cord.) नाल, नाभिनाल ।

Navicular–नॅवि-विक्'-युल्-ऑर्–*adj.* of the shape of a boat. नाव के आकार का

Navigability–see **Navigable.**

Navigable–नॅव्'-इग्-ऑ-ब्ल्–*adj.* affording passage by ships or boats. जहाज़ या नाव के जाने योग्य ; **Navigability** (-ऑब्-इल्'-इ-टी) *n.* the state of being navigable. नौगम्यता, नाव के जाने की योग्यता ।

Navigate–नॅव्'-इग्-एट्– *v. i.* & *t.* to make a voyage through water, to sail. समुद्र से यात्रा करना, जहाज़ चलाना; **Navigation** (-ए'-शॉन्) *n.* the art of navigating. नौ विद्या, जहाज़ी विद्या; **Navigator** (-ऑर्) *n.* a sea explorer, one skilled in navigation. नाविक, माझी, मल्लाह ।

Navvy – नॅव्'-वी – *n.* a labourer employed in excavation. भूमि खोदनेवाला मज़दूर ।

Navy–नेॅ'-वी–*n.* (*pl.* **Navies.**) a fleet of ships, a state's ship of war. (नौका समूह) जहाज़ों का बेड़ा, किसी राज्य के युद्ध के जहाज़ ; **Navy-blue** (deep blue colour.) तेज़ बैंगनी रङ्ग ।

Nawab-नॉ-वाब्'-*n.* a Mohammedan ruler. नवाब ।

Nay–नें–*adv.* no, not only so. नहीं, न केवल ; **To say nay** (to express negation.) अस्वीकार करना, नहीं कहना ।

Naze–नेज़्–*n.* headland. अन्तरीप ।

-nd (न्ड) *suf.* forming adjectives. विशेषण अर्थ का प्रत्यय ।

Neap–नीप्–*adj.* of the lowest. सबसे नीचे का ; **Neaptide** (the tide at the lowest stage.) धारा का उतार, भाटा

Near–निअर् - *adj.* & *prep.* (*comp.* **Nearer**, *sup.* **Nearest.**) at a short distance, within easy access, closely related. समीप, निकट, प्रायः पास में; *v.t.* to approach. पास पहुँचना ; **A near guess** (one almost hitting the mark.) ठीक अनुमान ; **Far and near** (everywhere.) सर्वत्र; **Near at hand** (within easy reach.) पास में ; **Near by** (not far off.) पास में ; **Near friend** (intimate friend.) प्रिय मित्र ; **Nearly** (-ली) *adv.* closely, almost. लगभग, प्रायः; **Nearness** (-नेस्)*n.* closeness. समीपता, दृढ़ संसर्ग; **Near one's side** बगल में ; **Near-sighted** (short-sighted.) छोटी दृष्टिवाला ; **To examine nearly** (to make a close examination.) भली भाँति परीक्षा करना; **Very near** (not far distant.) बहुत पास ।

Neat–नीट्–*adj.* nice, elegant, clean, pure, clear, dextrous. सुन्दर, साफ़ सुथरा, स्वच्छ, शुद्ध, कुशल (प्रवीण) ; *n.* cattle. चौपाये ; **Neatly** (-ली) *adv.* tidily. शुद्ध प्रकार से ; **Neatness** (-नेस्)*n.* cleanliness. निर्मलता, शुद्धता; **Neat - handed** (skilful and quick.) सुघड़ और चालाक ; **Neat-house** (a shed for cattle.) चौपायों का घर ; **Neat's leather** (leather of cow or ox.) बैल या गाय का चमड़ा ।

Neath–नीथ्-*prep.* poectical form of 'beneath.' नीचे–यह शब्द कविता में प्रयोग होता है ।

Neb–नेॅब्–*n.* nose, snout, bill. नाक, थूथन, चोंच ।

Nebula–नेॅब्'-यु-लॉ–*n.* (*pl.* **Nebulæ**) a cloud-like appearance before the eyes, a cluster of stars. आँखों के आगे धुन्ध, तारामण्डल ; **Nebular** (-लॅर्) *adj.* pertaining to nebulæ. तारामण्डल सम्बन्धी ; **Nebulous** (-लस्) *adj.* like. a nebula. तारामण्डल के सदृश ; **Nebuly** (-ली) *adj.* ornamented with many lines. लहरियादार किनारे का ।

Necessarian-नेस्'-सॅस्-सॅअर्'-इ-ॲन्-*n.* an advocate of the doctrine of necessity. दैववादी, भाग्य पर भरोसा करनेवाला; **Necessarianism** (-इज़्म्) *n.* one who follows this doctrine. भाग्यभरोसा, दैववाद ।

Necessary–नेस्'-सॅस्-सॅर्-ई–*adj.* requisite, indispensable, essential, inevitable. आवश्यक, अनिवार्य; भवितव्य ; *n.* (*pl.* **Necessaries**) something that is inevitable.

Nutritious – न्यू - ट्रिश' - अस् – *adj.* nourishing. पुष्टिकर, पौष्टिक ; **Nutritiously** (-ली) *adv.* in a nutritious manner. पौष्टिकरूप में ; **Nutritiousness** (-नेस) *n.* the quality of being nutritious. पौष्टिकत्व; **Nutritive** (-ट्रिट-इव्) *adj.* nourishing. पुष्टिकर ।

Nux vomica– नक्स-वॉम्'-इ-कॉ– *n.* a tree yielding a poisonous fruit. कुचला (नामक विष) ।

Nuzzle–नज़्'-ज़ल-*v. t.* to press with nose, to nestle. नाक से घसना, नाक लगाना ।

Nyctalopia – निक्-टॅ-लो'-पि'-ऑ – *n.* night-blindness. रतौंधी ।

Nymph– निम्फ्– *n.* a semi-divine being, a lovely young girl. अप्सरा (परी), सुन्दर स्त्री; **Nymphish** (-इश) *adj.* relating to nymphs. अप्सरा सम्बन्धी; **Nymphlike** (-लाइक्) *adj.* like a nymph. अप्सरा तुल्य ; **Nymphomania** (-ओ-मेन्'-इ-ऑ) *n.* uncontrollable sexual desire in women. स्त्रियों में रति की उत्कट इच्छा ।

Nystagmus – निज़्-टॅग्'-मस् – *n.* a kind of eye disease. एक प्रकार का चक्षु रोग ।

O – ओ – the fifteenth letter of the English alphabet, symbol for oxygen in chemistry. अंग्रेज़ी वर्णमाला का पन्द्रहवाँ अक्षर, रसायनशास्त्र में 'प्राण वायु' (आक्सिजन्) के लिये सांकेतिक अक्षर।

O, Oh-ओ-*interj.* an exclamation of wonder, pain or fear. अरे! अहो! वाह!

O' – ओ – *prep.* short form of '**Of**.' अनेक शब्दों में 'Of' के छोटे रूप की तरह प्रयोग होता है, यथा; **o'clock** = of clock, **man-o'-war**. इत्यादि।

Oaf – ओफ् – *n.* a foolish child, an idiot. बालक, मूर्ख जड़मति।

Oak – ओक् – *n.* a forest-tree and its wood. सिन्दूर वृक्ष, बलूत; **Oak-apple** (oak-gall.) माजूफल; **Oaken** (-ऍन्) *adj.* made of oak. बलूत वृक्ष का; **Oaklet** (-लॅट्) *n.* a small oak. छोटा बलूत का वृक्ष।

Oakum – ओक्'-अम् – *n.* loose fibres of rope. खण्डित रज्जु, रस्से के टुकड़े या रेशे।

Oar – ओर्-*n.* a pole with a blade attached at one end used in propelling boats. नौकादण्ड, नाव का डांड़ा, *v. t.* to impel by rowing. डांड़े से नाव चलाना; **Pulls a good oar** (is a good sailor.) अच्छा मल्लाह है; **To put in one's oar** (to interrupt, to interfere.) विघ्न डालना; **To rest on one's oars** (to cease to work.) विश्राम करना, सुस्ताना।

Oarage – ओर्'-एज् – *n.* the number of oars. डाड़ों का समुदाय।

Oarsman – ओर्ज़्'-मॅन्-*n.* one who rows with an oar. मल्लाह, नाव खेने-वाला; **Oarsmanship** (skill in rowing.) मल्लाही विद्या।

Oarless-ओर्'-लॅस्-*adj.* without an oar. बिना डाँड़े का।

Oasis-ओ-ए'-सिस्-*n.* (*pl.* **Oases**-सीज़्) a fertile spot in a sandy barren desert. शाद्वल स्थान, मरुदेश में हरियाली भूमि।

Oast – ओस्ट् – *n.* a kiln for drying hops. पडुआ सुखाने की भट्ठी।

Oat – ओट्-*n.* a hardy cereal. जई; **Oaten** (-एन्) *adj.* of the oat seed. जई का; **Oatmeal** (meal prepared from oat.) जई का आटा।

Oath – ओथ् – *n.* a solemn appeal to God or a revered person as a testimony to the truthfulness of a statement. शपथ, सौगन्ध; **To take an oath**. सौगन्ध खाना।

Obduracy-ऑब्'-इयूर्-ॲस्-सी-*n.*stubbornness. कठोरहृदयता।

Obdurate – ऑब्'-इयूर्-एट्-*adj.* impenitent, hard-hearted, stubborn. दुराग्रही, कठिन, कठोरहृदय, हठी; **Obdurately** (-ली) *adv.* stubbornly. कठोरता से; **Obdurateness** (-नॅस्) *n.* stubbornness. हठता।

Obeah-ओ'-बि-ॲ-**Obi**-ओ-बी-*n.* the sorcery of negroes. हब्शियों का जादू

Obedience – ओ – बीड्' - इ - ऍन्स्-*n.* submitting to another's order, dutifulness. आज्ञापालन, शुश्रूषा।

Obedient – ओ-बीड्'-इ-एन्ट्-*adj.* dutiful, submissive. आज्ञाकारी, विनयग्राही (वश्य); **Obediently** (-ली) *adv.* with obedience. आज्ञानुसार।

Obedientiary–ओ-बी-डी-एन्'-शॅर्-ई–*n.* the holder of an office in a convent. मठ का आज्ञाकारी सेवक ।

Obeisance–ओ-बे'-सॅन्स्–*n.* a bow or courtesy, homage, salutation. नमस्कार, प्रणाम, अभिवादन; **To make an obeisance** (to salute by bowing.) दण्डवत् करना ।

Obelisk – ऑब्'-ऍल्-इस्क्–*n.* a tapering quadrangular pillar with square or rectangular base. सूच्याकार स्तंभ, चौखूटा नोकदार मीनार ।

Obelus–ऑब्'-ऍल्-अस्–same as **Obelisk**.

Obese–ऑ-बीस्'–*adj.* corpulent.स्थूल, मोटा ताज़ा ।

Obesity – ऑ-बीस्'-इट्-ई–*n.* fatness, corpulence. स्थूलता, मोटापन ।

Obey-ओ-बे'-*v.t.* to execute a command, to perform the bidding of, to perform as one is bidden. आज्ञापालन करना, आज्ञानुसार करना, बात मानना (सेवा करना); **Obeyer** (-अर्) *n.* आज्ञापालन करनेवाला; **Obeyingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* obediently.आज्ञानुसार

Obfuscate – ऑब्'-फ़स्-केट् – *v. t.* to darken, to stupefy. अंधियारा करना, मन्द करना; **Obfuscation** (-के'-शॉन्) *n.* मन्दीकरण ।

Obi – ओ'-बी – *n.* a Japanese sash. जापानी रूमाल ।

Obituarist–ऑ-बिट्'-यु-ऑर्-इस्ट्–*n.* a writer of obituaries. मृत्यु लेख लिखनेवाला ।

Obituary–ऑ-बिट्'-यू-ऑर्-ई-*n.* notice of a person's death, an account of a dead person. मृत्यु समाचार, मरे हुए मनुष्य का जीवन ।

Object-ऑब्'-जेक्ट्–*n.* anything presented before sense, a pitiable person or thing, end, purpose, a noun governed by a transitive verb or a preposition. इन्द्रिय विषय, (द्रव्य, वस्तु), तुच्छ पदार्थ या व्यक्ति, उद्देश्य, प्रयोजन, कर्म; *v. t.* & *i.* to oppose,to offer reasons against. विरोध करना (खण्डन करना), छेदना, रोकना, तर्क करना; **Direct object** (primary object) प्रधान कर्म; **Indirect object** (secondary object.) गौण कर्म; **Object glass** (the glass placed at the end of a microscope.) अणुवीक्षण यन्त्र का वह शीशा जिसपर रखकर कोई पदार्थ देखा जाता है; **Object-lesson** (a lesson taught from a concrete object.) किसी पदार्थ के विषय की प्रत्यक्ष शिक्षा; **Object teaching** *n.* प्रत्यक्ष पदार्थों की सहायता से शिक्षा देना; **Object of confidence** (object of faith.) विश्वासपात्र;**Object of dispute**(subject under discussion.)विवाद विषय।

Objectification-ऑब्-जेक्ट्-इ-फ़िक्-ए'-शॉन्–*n.* expression in concrete form. प्रत्यक्ष उपस्थिति ।

Objectify–ऑब्-जेक्ट्'-इ-फ़ाई–*v. t.* to regard objectively. प्रत्यक्ष रूप में उपस्थित करना ।

Objectless-ऑब्-जेक्ट्'-लॅस्-*adj*. without specific aim. निष्प्रयोजन ।

Objector-ऑब्-जेक्ट्'-ऑर्-*n.* one who objects. विरोध या खंडन करनेवाला ।

Objection-ऑब्-जेक्'-शॉन्–*n.* adverse statement, expression of disapproval, thing objected. विरोध,

विरुद्ध हेतु, आक्षेप ; **Objectionable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* unpleasant, undesirable. अनुचित, आशंकनीय ; **Objectionably** (औब्-ली) *adv.* in an objectionable manner. दोष से, आशङ्का से ।

Objective-आब्-जैक्ट्'-इव् - *adj.* & *n.* external to mind, dealing with outward things, symptoms observed by somebody else, not the patient. मन से बाहर का, बाह्य पदार्थ विषयक, रोग के वे लक्षण जो रोगी स्वयं अनुभव नहीं करता परन्तु वैद्य देख लेता है ; **Objectiveness** (-नेस्) *n.* the state of being objective, पदार्थ विषयता ; **Objectivity** (-इव्'-इट्-ई) *n.* the thing objected, the condition of being objective. कर्म विषयता ।

Objuration - आब्-ज्यूर्-ए'-शान् - *n.* swearing. शपथ, कसम ।

Objurgate-आब्'-जर्-गेट्-*v.t.* to scold. गाली देना ; **Objurgation** (-गे'-शान्) *n.* chiding or reproof, reprehension, a blaming. तिरस्कार, धिक्कार, गाली; **Objurgatory** (-गेट्'-ऑर्-ई) *adj.* containing reproof. तिरस्कारपूर्ण ।

Oblate - आब्-लेट्' - *n.* one who dedicates his life to religious work. धर्म कार्य में जीवन अर्पण करनेवाला ; *adj.* flattened and depressed at the poles. ध्रुवों पर चिपटा या दबा हुआ ।

Oblation-ऑब्-ले'-शॉन्-*n.* anything offered to God. बलि, आहुति, नैवेद्य ; **Oblational** (-औल) *adj.* pertaining to oblation. बलि सम्बन्धी ।

Obligate-आब्'-लिग्-एट्-*v. t.* to bind a person to do something legally. नियम के अनुसार किसी मनुष्य को कोई कार्य करने के लिये बाध्य करना ।

Obligation-ऑब्-लिग्-ए'-शान्-*n.* binding power, written bond, constraining power, duty. बन्धन, धर्म, प्रतिज्ञा, अनुग्रह (उपकार), कर्तव्यता ; **Religious obligation** (devotedness.) व्रत, नियम; **Under obligation** (obliged.) अनुगृहीत ।

Obligatory-ऑब्-लिग्-एट्'-ऑर्-ई-*adj.* binding. आवश्यक, अवश्य कर्तव्य ।

Oblige-ओ-ब्लाइज्'-*v.t.* to make indebted to, to bind, to compel, to please. कृतज्ञ करना, नियम अथवा प्रतिज्ञा से बाँधना, विवश करना, प्रसन्न करना ; **Obligee** (-ई) *n.* किसी मनुष्य के प्रति कृतज्ञ ।

Obliging-ओ-ब्लाइज्'-इङ्ग्-*adj.* courteous, complaisant. अनुग्रही (उपकारी); दयावान्, (सुशील); **Obligingly** (-ली) *adv.* अनुग्रह से; **Obligingness** (-नेस्) *n.* उपकार, सुजनता ।

Obligee-ओ-ब्लाइज्'-ई-*n.* person to whom another is bound. जिसके प्रति कोई व्यक्ति बद्ध रहता है ; **Obligor** (आर्) *n.* person who gives his bond. अपने को बद्ध करनेवाला ।

Oblique-ऑब्-लीक्' - *adj.* slanting, diverging from a right line, indirect, not perpendicular. वक्र, कुटिल, तिर्छा, झुका हुआ ; **Of oblique sight** (squint-eyed.) ऐंचा ; **Oblique speech** (indirect speech.) वक्रोक्ति ।

Obliquely - ऑब्-लीक्'-ली - *adv.* in an indirect manner. कुटिल रीति से, टेढ़ेपन से ।

Obliqueness-ओब्-लीक्-नेस् - *n.* the

state of being oblique. वक्रता, कुटिलता, टेढ़ापन।

Obliquity–ऑब्-लिक्'-विट्-ई – *n.* obliqueness. वक्रगति, टेढ़ी चाल।

Obliterate–औब्-लिट्'-अर्-एट्–*v. t.* to efface, to erase, to destroy. पोंछना, मिटाना, नाश करना ; **Obliteration** (-ए'-शान्) *n.* the act of obliterating. लोप, हटाव, नाश।

Oblivion–ऑब्-लिव्'-इ-ऑन् – *n.* disregard, forgetfulness. विस्मृति, भूल जाना ; **To fall into oblivion** (to be forgotten.) चित्त से हटा देना, भुला देना।

Oblivious–ऑब्-लिव्'-इ-अस्–*adj.* forgetful, inducing oblivion. स्मृति हरण करनेवाला, भुलानेवाला ; **Obliviously** (-ली) *adv.* forgetfully. भुलाते हुए ; **Obliviousness** (-नैस्) *n.* forgetfulness. स्मृतिहरण।

Oblong–ऑब्'-लाङ्ग् – *adj.* & *n.* rectangular but with adjacent sides unequal, greater in length than breadth. दीर्घाकार, आयत ; **Oblongness** (-नैस्) *n.* the state of being oblong. आयत आकार।

Obloquy–ऑब्'-लो-की–*n.* abuse, reproach. गाली, निन्दा (अपवाद)।

Obmutescence–ऑब्-म्यूट्-ऐस्'-सैंस्-*n.* loss of speech, deliberate silence. गूंगापन, हठपूर्वक मूकता; **Obmutescent** (-सैन्ट) *adj.* silent with obstinacy. हठ सहित मूकता।

Obnoxious–औब्-नॉक्'-शस्–*adj.* objectionable, hateful, despised, disliked. अप्रिय, घृणित, अनिष्ट, तिरस्कार योग्य ; **Obnoxiously** (-ली) *adv.* in a hateful manner. घृणा से, तिरस्कार से ; **Obnoxiousness** (-नैस्) *n.* the state of being obnoxious अप्रियता, घृणा।

Obnubilate–ऑब्-न्यू'-बिल्-एट् – *v. i.* to obscure, to cloud. ढाँपना, अन्धकार करना; **Obnubilation** (-ए'-शान्) *n.* confused condition. घबड़ाई हुई स्थिति

Oboe–ओ'-बॉय् – *n.* a wooden wind instrument. शहनाई।

Obscene–ऑब्-सीन्'– *adj.* indecent, filthy, ill-omened, loathsome, lewd. अश्लील, कुत्सित, अलक्षण, निर्लज्ज, फूहड़ ; **Obscenely** (-ली) *adv.* in an obscene manner. अश्लीलता से ; **Obsceneness** (-नैस) *n.* the quality of being obscene. (निर्लज्जता) अश्लीलता, फूहड़पन।

Obscurant–ऑब्स्-क्यूर्'-औन्ट – *n.* an opposer of inquiry or reform. अन्वेषण या सुधार का विरोधी ; **Obscurantist** (-इस्ट) *n.* an obscurant. सुधारवैरी ; **Obscurantism** (-इज़्म्) *n.* the principles of an obscurant. ऐसा सिद्धान्त माननेवाला।

Obscuration–ऑब्स्-क्यूर्-ए'-शान्– *n.* the act of darkening. मलिनकरण।

Obscure – ऑब्-स्क्यूर्' – *adj.* indistinct, dim, hidden, unexplained, unknown to fame, full of doubts. अस्पष्ट, अन्धकारपूर्ण, दुर्बोध, गूढ़, व्याख्यारहित, अप्रसिद्ध; **Obscurely** (-ली) *adv.* in an obscure manner. अस्पष्ट रूप से ; **Obscurity** (-इट्-ई), **Obscureness** (-नैस) *ns.* the state of being obscure. अन्धकार, गूढ़ता।

Obsecrate–ऑब्'-सैं-क्रेट्– *v. t.* to en-

treat. प्रार्थना करना ; **Obsecration** (-क्रे'-शॉन्) *n.* entreaty. विनयपूर्वक प्रार्थना ।

Obsequial-see **Obsequies**.

Obsequies – ऑब्'-सें-क्वीज़ – *n.* *pl.* funeral rites. अन्त्येष्टि क्रिया, प्रेत कर्म ; **Obsequial** (-क्वील्) *adj.* pertaining to funeral rites. प्रेतकर्म सम्बन्धी ।

Obsequious–औब्-सी'-क्वि-अस् – *adj.* obedient, dutiful, servile. आज्ञाकारी, विनीत, चापलूस; **Obsequiously** (-ली) *adv.* in an obedient manner. बड़े अनुरोध से ; **Obsequiousness** (-नैस्) *n.* the quality of being obsequious. अति अनुरोध ।

Observance–ऑब्-जर्व्'-औन्स–*n.* the act of observing, performance of a religious or ceremonial act, a customary rite. (आचरण) विधान, व्यवहार, रीति ; **Observancy** (-औन्-सी) *n.* customary rites. आचार कर्म ।

Observant–ऑब्-जर्व्'-औन्ट्–*adj.* attentive, heedful, diligent, obedient. सावधान, चैतन्य, विवेकी, आज्ञाकारी ; **Observantly** (-ली) *adv.* attentively, heedfully. ध्यान से, सावधानी से ।

Observation – ऑब्'-ज़र्व्-ए-शॉन् – *n.* perception, accurately viewing, remark. निरीक्षण, निरूपण (वाक्य), विचार ; **Observational** (-औल्) *adj.* consisting of remarks. निरीक्षण संबंधी; **Observationally** (-औलि) *adv.* carefully. विचार पूर्वक ।

Observatory – ऑब्-ज़र्व्'-औट्-ऑर्-ई– *n.* (*pl.* **Observatories**) a building whence astronomical observations are made. वेध गृह, ग्रह इत्यादि के भलीभाँति निरीक्षण करने का स्थान ।

Observable – ऑब्-ज़र्व्'-ॲ-ब्ल् – *adj.* remarkable, worthy of observation. दृष्टिगोचर, ध्यान देने योग्य ।

Observe–ऑब्-ज़र्व्'–*v. t.* & *i.* to adhere to, to perceive, to remark, to examine, to celebrate. ध्यान देना, देखना, अनुष्ठान करना, परीक्षा करना, उत्सव मनाना ।

Observer–ऑब्-जर्व्'-अर्–*n.* one who observes, a spectator, a person carried in an aeroplane to note enemy's position &c. प्रेक्षक, देखनेवाला, हवाई जहाज में उड़कर शत्रु की स्थिति देखनेवाला ।

Observing–ऑब्-ज़र्व्'-इङ्ग् – *adj.* attentive. ध्यान योग्य ; **Observingly** (-ली) *adv.* attentively. ध्यान पूर्वक ।

Obsess–ऑब्-सैस्'–*v. t.* to harass, to trouble. कष्ट देना, पीड़ा देना (सताना) ।

Obsession–ऑब्-सैश्'-ऑन्–*n.* delusion by an evil spirit. प्रेत बाधा ।

Obsolete – ऑब्'-सो-लीट् – *adj.* discarded, disused, old fashioned. अप्रचलित, लुप्तप्रयोग, पुरानी रीति का; **Obsoleteness** (-नैस्) *n.* indistinctness. अस्पष्टता ।

Obsolescence – ऑब्'-सो-लैस्'-सैन्स–*n.* passing into disuse. प्रयोग से हटना ।

Obsolescent – ऑब्'-सो-लैस्'-सैन्ट – *adj.* going out of use. प्रयोग से हटनेवाला ।

Obstacle–ऑब्'-स्टी-कल्–*n.* impediment, hindrance. (प्रतिबन्ध) विघ्न, बाधा, (रुकावट) ।

Obstetric, Obstetrical-ऑब्-स्टेट्'रिक् (-ऑल्) *adjs.* pertaining to midwifery or childbirth. प्रसव सम्बन्धी; **Obstetrics** (-स्) *n.* the art of midwifery. गर्भमोचन विद्या, प्रसव कला; **Obstetrician** (-रिश्'-ॲन्) *n.* one skilled in midwifery. प्रसव कराने में प्रवीण।

Obstinacy-see **Obstinate**.

Obstinate-आब्'-स्टिन्-एट्-*adj.* stubborn, refractory, self-willed. दुर्दम, दुःसाध्य, हठी; **Obstinacy** (-ॲस्-सी), **Obstinateness** (-नेस्) *ns.* stubbornness, resolution. प्रतीपता, हठ; **Obstinately** (-ली) *adv.* in a refractory manner. हठ से।

Obstreperous-ऑब्-स्ट्रेप्'-ऍर्-अस् *adj.* noisy, clamorous. कोलाहल करनेवाला, झगड़ालू; **Obstreperously** (-ली) *adv.* in a noisy manner. कोलाहल मचाते हुए; **Obstreperousness** (-नेस) *n.* the act of being clamorous. कोलाहल।

Obstruct-ऑब्-स्ट्रक्ट्'-*v. t.* & *i.* to block up, to retard, to impede. विघ्न डालना, रोकना, अवरोध करना; **Obstruction** (-स्ट्रक्'-शॉन्) *n.* the act of obstructing. प्रतिबन्ध, रुकावट; **Obstructionist** (-इस्ट) *n.* one who obstructs. विघ्नकारी; **Obstructive** (-इव्) *adj.* tending to obstruct. प्रतिबन्धक; **Obstructively** (-इव्-ली) *adv.* in an obstructive manner. अवरोध से; **Obstructiveness** (-नेस्) *n.* interruption. प्रतिबन्ध।

Obtain-ऑब्-टेन्'-*v. t.* & *i.* to acquire, to procure, to get. प्रतिपादन करना, प्राप्त करना, प्रवृत्त होना; **Obtainable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* that may be obtained. पाने योग्य; **Obtainer** (-अर्) *n.* one who obtains. प्राप्त करनेवाला; **Obtaining** (-इङ्ग्) *adj.* acquiring. प्रचलित; **Obtainment** (-मेन्ट्) *n.* the act of obtaining. लाभ, प्राप्ति।

Obtest-ऑब्-टेस्ट्'-*v. t.* & *i.* to supplicate, to protest. प्रार्थना करना, आग्रह करना; **Obtestation** (-टे'-शॉन्) *n.* entreaty. विनती, प्रार्थना।

Obtrude-ऑब्-ट्रूड्'-*v. t.* to thrust forward, to urge importunately. हठपूर्वक प्रवेश करना, इच्छा के विरुद्ध करना; **Obtruder** (-अर्) *n.* अवरोध करनेवाला।

Obtruncate-ऑब्-ट्रङ्क्'-एट्- *v. t.* to lop off the top, to cut off the head. सिरा छाँटना, मस्तक काटना।

Obtrusion-ऑब्-ट्रू'-ज़ॉन्-*n.* the act of obtruding, entering without being invited. बलपूर्वक प्रवेश, बिना बुलाये जाना।

Obtrusive - ऑब्-ट्रू'-सिव् - *adj.* disposed to obtruding. बलपूर्वक प्रवेश करनेवाला (धृष्ट, ढीठ); **Obtrusively** (-ली) *adv.* हठ से; **Obtrusiveness** (-नेस्) *n.* importunity. धृष्टता, हठ।

Obtund-ऑब्-टन्ड्'-*v. t.* to deaden sense. तेजहीन (जड़) करना।

Obturate - ऑब्-ट्यूर्-एट्' - *v. t.* to stop up, to seal. रोकना (बन्द करना), मोहर लगाना; **Obturation** (-रे'-शान्) *n.* the act of stopping up. बन्धन, मोहर; **Obturator** (-टॉर्) *n.* that which stops up. बन्द करनेवाला।

Obtuse–ऑब्-ट्यूस्′–*adj.* dull, blunt, stupid, of an angle greater than a right angle. मन्द, भुथरा, मूढ़, विषम (समकोण से बड़े) कोण का; **Obtusely** (-ली) *adv.* स्थूलता (जड़ता) से; **Obtuseness** *n.* मूढ़ता, मन्दता।

Obtusion–ऑब्-ट्यू′-ज़ॉन् – *n.* act of making blunt. भुथरा करने का कार्य।

Obverse–ऑब्-वर्स्′– *adj.* having the base narrower than the top, acting as a counterpart. शिखर की अपेक्षा सँकरी पेंदीवाला, विपरीत; *n.* (-ऑब्′-वर्स्) the head of a coin. मुद्रा का अग्रभाग जिस ओर मूर्ति बनी होती है; **Obversely** (-ली) *adv.* in an obverse form. अग्रभाग की ओर।

Obvert–ऑब्-वर्ट्′–*v. t.* to turn towards the front. अधोमुख करना, सामने की ओर फेरना; **Obversion** (-वर्′-शान्) *n.* the act of obverting. अभिमुखीकरण।

Obviate – ऑब्′-वि-एट् – *v. t.* to get rid of, to remove, to neutralize. निवृत्त करना, हटाना (टालना), प्रतिरोध करना।

Obvious–ऑब्′-वि-अस्– *adj.* clear to the mind, palpable, evident. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, स्फुट; **Obviously** (-ली) *adv.* evidently. स्पष्टरूप से; **Obviousness** (-नेस्) *n.* the state of being obvious. स्पष्टता।

Ocarina–ऑक्-ऑर्′-ईन्-ऑ– *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बाजा।

Occasion-ऑक्-कें′-ज़ॉन्-*n.* opportunity, an incident, ground, need, justification. घटना, अवसर, हेतु (कारण), आवश्यकता, प्रसङ्ग; (*pl.*) business, affairs. व्यापार; *v. t.* to produce. उत्पन्न करना, प्रेरणा करना; **According to the occasion** (at a favourable time.) यथाकाल, समयानुसार।

Occasional–ऑक्-कें′-ज़ॉन्-ऑल् – *adj.* occurring at times. प्रासङ्गिक, समयानुसार; **Occasionality** (-ऑल्′-इ-टी) *n.* probability. सम्भावना; **Occasionally** (-ऑल्-लि) *adv.* in an occasional manner, now and then. प्रसङ्गवश, कदाचित्, कभी कभी।

Occasioned – ऑक् - कें′-ज़ॉन्ड् – *adj.* produced. उत्पन्न।

Occident – ऑक्′-सिड्-ऍन्ट् – *n.* the west. पश्चिम दिशा; **Occidental** (-ऑल्) *adj.* western. पाश्चात्य, पश्चिमी; **Occidentalism** (-इज़्म्) *n.* the life and civilization of the west. पाश्चात्य सभ्यता; **Occidently** (-ऑल्-लि) *adv.* according to western fashion. पाश्चात्यरूप से।

Occipital – ऑक्-सिप्′-इट्-ऑल् – *adj.* pertaining to the back of the head. मस्तक के पिछले भाग का।

Occiput–ऑक्′-सि-पुट् – *n.* the back of the head. मस्तक का पिछला भाग।

Occlude–ऑक्-क्लूड्′ – *v. t.* to stop, to obstruct. रोकना, अवरोध करना; **Occlusion**(-क्लू′-ज़ॉन्) *n.* a shutting up. रुकावट; **Occlusor** (-ज़र्) *n.* that which shuts up. रोकनेवाला।

Occult–ऑक्-कल्ट्′–*adj.* secret, mysterious, mystic, supernatural. निगूढ़, गुप्त, जादू का, छिपा हुआ; *v.t.* to conceal from view by passing

in front. सामने खड़े होकर दृष्टि रोकना; Occultation (-ए'-शॉन्) *n.* concealment. अच्छादान, रुकावट, छिपावट; Occultism (-इज़्म्) *n.* mysticism. गूढ़ता; Occultist (-इस्ट्) *n.* a believer in occultism. जादूगर; Occultly (-ली) *adv.* in an occult manner. छिपी रीति (गुप्तता) से; Occultness (-नैस्) *n.* concealment. गहनता, रहस्य।

Occupancy–ऑक्'-क्यु-पैन्-सी – *n.* & *adj.* possession, possessing. भोग, (अधिकार) अधिकारी; Occupancy tenant (a person holding land for more than twelve years.) काश्तकार दखिलकार।

Occupant–ऑक्'-क्यु-पैन्ट्– *n.* a person who holds a property in actual possession. भोग करनेवाला (अधिकारी मालिक)।

Occupation–ऑक्-क्यू-पे'-शॉन् – *n.* a holding, possession, an employment, business, vocation, pursuit. वृत्ति, जीवन उपाय, प्रवृत्ति, अधिकार, व्यवसाय, व्यापार; Occupation road (a road open only for occupiers of land &c.) केवल काम करनेवालों के लिये सड़क।

Occupied, Occupier-see Occupy.

Occupy – ऑक्'-क्यु-पाइ – *v. t.* (*p. t.* Occupied) to take possession of, to fill, to reside in, to busy, to hold office. अधिकार या भोग करना, भरना,बसना, व्यापृत होना, पद धारण करना; Occupied (-इ) *adj.* busy. व्याप्त, आश्रित; Occupier (-अर्) *n.* रहनेवाला, धारण करनेवाला।

Occur–ऑक्-कर्–*v. i.* (*p. t.* Occurred) to appear, to come into mind, to be found. होना, मन में आना, आ पड़ना; Occurrence (-रैन्स्) *n.* incident, event. घटना, वृत्तान्त; Occurant (-ऍन्ट्) *adj.* incidental. घटित होने वाला।

Ocean–ओ'-शॉन् – *n.* the body of water surrounding the globe. समुद्र, सागर; Ocean lane (a track for steamers.) जहाज़ का मार्ग; Oceanwards (-वड्ज़्स्) *adv.* towards the ocean. समुद्र की ओर।

Oceanic–ओ-शि-ऑन्'-इक्– *adj.* relating to the ocean.समुद्र सम्बन्धी,समुद्रीय।

Ocellated–ऑस्-सि-लेट्'-ऍड्–*adj.* resembling an eye. आँख के आकार का।

Ocellus-ओस्-सैल्'-अस्-*n.*(*pl.*Ocelli.) a patch of colour surrounded by a ring of some other colour. रङ्गीन धब्बा जिसके चारों ओर दूसरा रंग हो

Ocelot–ओ'-सैल्-ऑट् – *n.* a kind of American leopard. एक प्रकार का अमेरिका देश का चीता।

Ochlocracy – ऑक्-लॉक्'-रॅ - सी – *n.* government by the mob. प्रजातन्त्र राज्य; Ochlocrat (-क्रैट्) *n.* a ruler of the mob. प्रजातन्त्र राज्य का अधिनायक; Ochlocratic (-क्रैट्'-इक्) *adj.* pertaining to the government by the mob. प्रजातन्त्र राज्य सम्बन्धी।

Ochre–ओ'-कर्–*n.* a pale brownish colour, a kind of clay. पीला रंग, एक प्रकार की मिट्टी; Ocherish (-इश्) *adj.* गेरुआ रंग का; Red ochre (ruddle.) गेरू।

O'clock–ओ-क्लॉक्'–an *abbr*. for "of the clock." = of the time. घड़ी में।

Octachord-ऑक्'-टॉ-कॉड्इ्-*n*. a musical instrument with eight strings. आठ तार की वीणा ; **Octachordal** (-ऑल्) *adj*. of eight strings. आठ तारवाला।

Octad – ऑक्'-टॅड् – *n*. a group of eight. आठ का समुदाय।

Octagon–ऑक्'-टॅ-गॉन् – *n*. a plane figure of eight sides. अष्टभुज, अठ पहल; **Octagonal** (-ऑल्) *adj*. having eight sides. अठपहल्; **Octagonally** (-ऑल्-लि)*adv*. in an octagonal manner. अठपहल् रूप में।

Octahedron–ऑक्-टॅ-हीड्'-रॉन् – *n*. a solid figure containing eight plane faces. अठपहल् ठोस आकृति।

Octangular – ऑक्-टॅड्ग्'-ग्यूल्'–ऑर् – *adj*. having eight angles. आठ कोने की (आकृति)।

Octant–ऑक्'-टॅन्ट् – *n*. an arc of a circle which is 1/8 of the circumference. वृत्त का चाप जो परिधि का अष्टमांश हो।

Octarchy–ऑक्'-टॉर्-की *n*. an aggregate of eight small kingdoms. आठ छोटे छोटे राज्यों का समुदाय।

Octave – ऑक्'-टेव् – *n*. a group of eight, a stanza of eight lines, a device which connects the keys of a musical instrument, the eighth day after a church festival. अष्टक, आठ चरणों का पद्य, बाजे का पर्दा, त्योहार का आठवाँ दिन।

Octavo – ऑक्-टेव्'-ओ – *adj*. having sixteen sheets. आठ परत की; *n*. (*pl*. **Octavos**) the size of a book in which paper is folded three times. पुस्तक का वह आकार जिसमें कागज़ तीन बार मुड़ा होता है।

Octennial – ऑक्-टॅन्'–नि-ऑल् – *adj*. recurring every eight years. आठ आठ वर्ष में होने वाली।

Octillion – ऑक्-टिल्'-यॉन् – *n*. the eighth power of a million. अड़तालीस शून्य लगी हुई संख्या।

October–ऑक्-टो'-बर् – *n*. the tenth month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का दसवाँ महीना, अक्टूबर।

Octodecimo–ऑक्-टो-डॅस्'-सिम्-ओ- *n*. the size of a book made by folding paper into eighteen leaves. कागज़ को अठारह पत्रोंमें मोड़ कर बनाई हुई पुस्तक।

Octodentate–ऑक्-टो-डॅन्ट्'-एट् – *adj*. having eight teeth. आठ दाँतवाला।

Octogenarian–ऑक्'-टो-जॅन्-ऍअर्'-ई-ऑन्–*n*. an eighty-years old person. अस्सी वर्ष के वय का मनुष्य।

Octonarian – ऑक्'-टो-नॅअर्'-इ-ऑन् – *adj*. line of poetry having eight feet. कविता का आठ गण का चरण।

Octonocular–ऑक्–टो-नॉक्'–यूल्-ऑर्– *adj*. having eight eyes. आठ आँखवाला

Octopod–ऑक्'-टो-पॉड् – *adj*. having eight feet. आठ पैरवाला।

Octosyllable – ऑक्-टो-सिल्'-लॅ-ब्ल्– *adj*. & *n*. a word of eight syllables. आठ शब्दखण्ड का शब्द, अष्टाक्षर।

Octroi–ऑक्'-ट्रॉय्–*n*. duty on goods which enter a town. चुङ्गी, नगर प्रवेश का कर।

Octuple–ऑक्'–ट्यू-प्ल् – *adj*. eight-

fold. अठगुना ।

Ocular–ऑक्'-यूल्-ऑर् *adj.* pertaining to the eyes, visual. चाक्षुष, आँख का, (प्रत्यक्ष); **Ocularist** (-इस्ट) *n.* one who prepares artificial eyes. कृत्रिम आँख बनानेवाला; **Ocularly** (-ली) *adv.* by an actual view. प्रत्यक्ष प्रमाणसे

Oculist–ऑक्'-यूल्-इस्ट – *n.* a doctor who is proficient in the diseases of the eye. नेत्रवैद्य ; **Oculistic** (-इक्) *adj.* pertaining to an oculist. नेत्रवैद्य सम्बन्धी ।

Od–ऑड्–*n.* the power pervading in nature which produces chemical action &c. रसायनिक क्रिया इत्यादि को उत्पन्न करनेवाली प्राकृतिक शक्ति

Odd–ऑड् – *adj.* uneven, peculiar, unconnected, incalculable, strange, queer. अयुग्म (ताख), असाधारण, असंबद्ध, असंगत, विचित्र, अनोखा ; **Forty thousand odd** (a few hundred more than forty thousand.) चालीस हजार से कुछ सौ ऊपर ; **Four rupees odd** (a few annas more than four rupees.) चार रुपये से कुछ आना पाई अधिक ; **He picks up odd jobs** (he takes up unconnected work.) वह फुटकर काम करता है ।

Oddish-ऑड्'-इश्-*adj.* peculiar. विचित्र

Oddity-ऑ-डिट्'-ई , **Oddness** (-नेस) *ns.* strangeness, peculiarity. विचित्रता, अपूर्वता ।

Oddly – ऑड्'-ली – *adv.* strangely. विलक्षणता से ।

Odds–ऑड्स्-*n.pl.* inequality, strife, probability. विषमता (अधिकता), कलह, सम्भावना ; **Odds and ends** (remaining parts.) अवशिष्ट, बचे हुए या फुटकर पदार्थ; **To make odds even** (to make equal.) समता करना; **To take odds** (to accept favourably.) सुविधा स्वीकार करना ।

Ode–ओड्–*n.* a poem which is intended to be sung. छोटी गीत, गान ।

Odeum–ओ-डी'-अम्– *n.* a place for musical performance. गाने बजाने का स्थान ।

Odious–ओ'-डि-अस् – *adj.* hateful, detestable, repulsive. घृणित (अप्रिय), घिनौना, द्वेषकारी ; **Odiously** (-ली) *adv.* hatefully. घिनौनेपन से ; **Odiousness** (-नेस) *n.* hatefulness. घिनौनापन ।

Odium–ओ'-डि-अम्–*n.* hatred, dislike. द्वेष, घृणा ।

Odontalgia–ओ-डॉन्-टॅल्'-जि-आँ – *n.* toothache. दाँतों का दर्द ; **Odontalgic** (-जिक्) *adj.* pertaining to toothache. दाँतों के दर्द सम्बन्धी ।

Odontoid–ओ-डॉन्'-टॉयड् – *adj.* with serrated edges. दाँतेदार ।

Odontology–ओ-डॉन्-टॉल्'-अॉज्-ई – *n.* the science which treats of teeth. दन्तशास्त्र ।

Odontoloxia–ओ-डॉन्-टॉल्-ऑक्स्'-ई-आँ–*n.* irregularity of teeth. दाँतों का क्रम विरुद्ध निकलना ।

Odoriferous – ओ-डॉर्-इफ्'-ऍर्-अस् – *adj.* diffusing perfume, fragrant. सुगन्ध फैलानेवाला, सुगन्धित ; **Odoriferously** (-ली) *adv.* fragrantly. सुगन्ध से ।

Odorous-ओ-डॉर्'-अस-*adj.* fragrant.

सुगन्धित ; **Odorously** (-ली) *adv.* fragrantly. सुगन्ध से

Odour-ओ॑-डर्-*n.* smell pleasant or unpleasant fragrance. किसी प्रकार का गन्ध, सुगन्ध ; **Bad odour** (foul smell.) दुर्गन्ध ; **Fragrant odour** (sweet scent.) सुगन्ध ; **Odourless** (-लैस्) *adj.* without odour. गन्धहीन ।

Oecist-ओ-इ॑-सिस्ट- *n.* the founder of a colony. किसी देश की स्थापना करनेवाला ।

Oecology-इ-कॉल॑-ऑज् ई-*n.*a branch of biology. प्राणिशास्त्र का अङ्ग (जिसमें प्राणियों की वृत्ति इत्यादि का अध्ययन होता है) ।

Oedema -ई-डी॑-मी-*n.* local dropsy. किसी अङ्ग का वात विकार ; **Oedematic** (-मीट॑-इक्) *adj.* pertaining to dropsy. वात सम्बन्धी ।

Oedipus- ई॑-डिप्-अस्- *n.* one who solves a riddle. कठिन प्रश्न को सुलझानेवाला, पहेली बूझनेवाला ।

Oesophagus-ई-सॉफ्॑-ऑग्-अस्-*n.*(*pl.* **Oesophagusi**) the gullet. भोजन प्रनाली, हलक ।

Of-ऑव्-*prep.* from, by, about, out of. का, में, पर, विषय में, लिये, वास्ते ; **A fool of a man** (a simpleton.) मूर्ख व्यक्ति ; **Blind of an eye** (one eye being blind.) एक आँख का काना; **For the sake of** (in respect to.) वास्ते, लिये; **I never heard of it** (I never heard in regard to this.) इस विषय में मैंने कुछ नहीं सुना ; **In spite of** (in opposition to) बदले में; **Man of intelligence** (an intelligent person.) बुद्धिमान मनुष्य ; **Of old** (ancient.) प्राचीन; **On the point of death** (about to die.) मरणासन्न; **Sick of delay**(disgusted with delay.) विलम्ब से घृणा करना ; **Swift of foot** (quick in going.) तीव्र गति का ; **To ask of** (to make a request. प्रार्थना करना, माँगना ; **To bring to bed of** (to give birth to) उत्पन्न करना ; **To take ill of** (to think improper.) बुरा मानना ।

Off-ऑफ्-*adv., adj. & prep.* at a distance, remote, far, towards, vanished, unfortunate. दूर का, बढ़ा हुआ, दूर, ओर, लुप्त, अभागा ; **Badly off** (in bad circumstances.) आपद्ग्रस्त ; **Fell off the ladder** (fell at a distance from the ladder.) सीढ़ी पर से छटक कर दूर गिर गया ; **Get off !** (obtain release from) दूर हटो ; **He broke off** (he stopped speaking-) उसने बोलना बन्द कर दिया ; **His hat is off** (his hat dropped down.) उसकी टोपी गिर गई ; **Leave off work** (abandon work.) काम छोड़ दो ; **Off-hand** (without previous forethought, carelessly.) बिना पूर्व विचार के, असावधानी से ; **Off the point** (removed from the main subject.)प्रस्तुत विषय से दूर; **Off with his head** (cut off his head.) उसका सिर काट लो ; **The joint was off**(*i.e.* was dislocated.) जोड़ उखड़ गया ; **To make off** (to depart.) प्रस्थान करना; **We are off now** (we have just started) हमलोगों ने अभी प्रस्थान किया है ; **Well**

off (rich.) सम्पन्न, धनी।

Offal-ऑफ्'-फ़ील्-*n.* refuse, waste product. मल, उच्छिष्ट (शेषभाग); (*pl.*) rubbish. (ब० व०) तलछट।

Offence-ऑफ्-फ़ेन्स्'-*n.* an aggressive action, displeasure, annoyance, injury. अपराध (दोष), रोष, असन्तोष; **Offenceless** (-लेस्) *adj.* unoffending. दोष रहित, निरपराध।

Offend-ऑफ्-फ़ेन्ड्'-*v. t.* & *i.* to displease, to transgress, to make angry. अप्रसन्न करना, कष्ट देना, उल्लंघन करना; **Offended** (-एँड्) *adj.* displeased. असन्तुष्ट, क्रुद्ध; **Offender** (-अर्) *n.* one who offends. अपराधी, दोषी; **Offending** (-इङ्ग्) *adj.* affronting. कष्ट देनेवाला, पातकी।

Offensive- ऑफ्-फ़ेन्स्'-इव्- *adj.* injurious, disgusting, repulsive, bad smelling, insulting. कष्टकर, घृणित,हानिकर, दुर्गन्धी, दुःखदायी; **Offensive to the ear** (displeasing to hear.) सुनने में कटु; **Offensive to taste** (of bad taste, offensive.) निरस, कुत्सित; **Offensive smell** (bad smell.) दुर्गन्ध; **Offensive weapon** (assailing weapon.) आक्रमण करने का शस्त्र।

Offensively- ऑफ्-फ़ेन्स्'-इव्-ली- *adv.* in an offensive manner. अपराध सहित, दोष सहित; **Offensiveness** (-नेस्) *n.* the quality of being offensive. अनिष्ट, अपकार।

Offer-ऑफ्'-फ़र्-*n.* a proposal, first advance, bidding of a price. प्रस्ताव, पहिला धावा, दाम लगाना; *v.t.* to propose, to present to the mind, to bid as price, to present as sacrifice. प्रस्ताव करना, निवेदन करना, दाम लगाना, बलि देना; *v.i.* to express willingness, to make an attempt. इच्छा प्रगट करना, प्रयत्न करना; **To offer violence** (to make an attack.) आक्रमण करना; **Offerer** (-अर्) *n.* one who offers. निवेदक; **Offering** (-इङ्ग्) *n.* an oblation, a sacrifice. अर्पण, भेंट, बलि कर्म।

Offertory-*n.*ऑफ्-फ़र्'-टॉर्-री-*n.* service at the time of offerings. बलिदान करने के समय की गीत।

Office-ऑफ्'-फ़िस्-*n.* service, attention, post, function, duty, place of business. कार्य (व्यापार), अधिकार, पद कार्यस्थान, कर्तव्य।

Officer-ऑफ्'-इस्-अर्- *n.* he who is commissioned to perform a public duty. नियोगी, अधिकारी, अफ़सर

Official-ऑफ्-फ़िश्'-ऑल्- *adj.* & *n.* pertaining to an office, one employed in public capacity. अधिकारी (कर्मचारी), अधिकार सम्बन्धी; **Officialdom** (-डम्) *n.* bureaucracy. अधिकारी वर्ग; **Officially** (-ली) *adv.* in an official manner. अधिकार पूर्वक, अधिकारी की तरह।

Officiant-ऑफ्-फ़िश्'-ऑन्ट-*n.* an officiating pesson. किसी पदाधिकारी के स्थान पर काम करनेवाला।

Officiate- ऑफ्-फ़िश्'-इ एट्- *v. t.* to perform an office, to act in some official capacity. किसी पदाधिकारी के स्थान पर काम करना,स्थानापन्न होना।

Officinal- ऑफ्-फ़िस्'-सिन्-ऑल् - *adj.* pertaining to drugs used in

medicine. औषधियों का ; **Officinally** (-ली) *adv.* in an officinal manner. औषधिरूप में ।

Officious-ऑफ़-फ़िश्'-अस्-*adj.* offering service which is uncalled for, meddlesome, informal, overkind. बिना अधिकार के चर्चा करनेवाला, विघ्न करनेवाला, धृष्ट, अति कृपालु ; **Officiously** (-ली) *adv.* प्रगल्भता से ; **Officiousness** (-नेस्) *n.* बिना अधिकार का हस्तक्षेप ।

Offing-ऑफ़्'-इङ्ग् - *n.* the part of the sea seen between the sea and horizon from the shore. किनारे से देखपड़ता हुआ दूर का समुद्र का भाग ।

Offish-ऑफ़्'-इश् - *adj.* inclined to remain separate, distant or stiff in manner. अलग रहनेवाला, प्रकृति का रूढ़ ; **Offishness** (-नेस्) *n.* the quality of being offish. रूक्षता ।

Offset-ऑफ़्'-सेट्-*n.* short shoots of plants, an offshoot, compensation. अङ्कुर, अखुआ, समीकरण, मुजरा ।

Offshoot-ऑफ़्'-शूट्-*n.* a side shoot or branch of a tree or plant. वृक्ष के बगल का अङ्कुर या शाखा ।


Offside-ऑफ़्'-साइड्-*n.* the farthest side. दूर की दिशा ।

Offspring-ऑफ़्'-स्प्रिङ्ग्-*n.* a descendant, progeny, result. सन्तान, सन्तति, परिणाम (फल) ; **Female offspring** (daughter.) कन्या; **Male offspring** (son.) पुत्र ; **With no offspring** (without children.) सन्तानहीन ।

Oft-ऑफ़्ट्-*adv.* often. बहुधा; **Many a time and oft** (repeatedly.) बारम्बार, बहुधा ; **Oft times** (often.) बहुधा ।

Often-ऑफ़्'-एॅन् - *adv.* frequently, at short intervals. बहुधा (प्रायः), बारम्बार ; **As often** (as many times.) जितनी बार ; **How often** (how many times.) कितनी बार; **So often** (so many times.) उतनी बार ।

Ogee-ओ-जी'-*n.*& *adj.* S-shaped double continuous curves. इस आकार की जाली ।



Ogee.

Ogive-ओ'-जिव् - *n.* a pointed arch. नोकीली कमानी का मेहराब ।

Ogle - ओ'-ग्ल् - *v. t.* & *i.* to cast amorous glance. कटाक्ष मारना, तिर्छी नज़र से देखना ; *n.* an amorous glance. कटाक्ष; **Ogler** (-ग्लर्) *n.* one who ogles. कनखी मारनेवाला; **Ogling** (-इङ्ग्) *n.* कनखी मारने का कार्य ।

Ogre-ओ'-गर्-*n.* a man-eating giant. मनुष्यभक्षी दैत्य या राक्षस ; **Ogress** (-रेस्) *n. fem.* female ogree. चुड़ैल ; **Ogrish** (-इश्) *adj.* like a giant. राक्षस के समान ।

Ogygian-ओ-गिज्'-इ-ॲन्-*adj.* of prehistoric times. अति प्राचीन समय का ।

Oh-ओ-*interj.* an exclamation of surprise or anxiety. ओह ! अरे ! हाय !

Ohm - ओम्-*n.* unit of electrical resistance. बिजली की शक्ति के रुकावट की नाप ।

Oho - ओ-हो' - *interj.* expressing surprise. आश्चर्यसूचक अव्यय, वाह ! अरे !

-oid-ऑएड्- *suf.* in the sense of 'resembling, having the form

of'. प्रत्यय जिसका अर्थ 'सदृश' अथवा 'आकारवाला' होता है। यथा Dentoid.

Oil – ऑयल् – *n.* an unctous liquid lighter than water. तेल, फुलेल ; *v.t.* to anoint with oil. तेल पोतना या लगाना ; **Oil-cake** (the residue after extracting oil from seeds.) खली ; **Oil can** (a can for keeping oil.) तेल रखने की कुप्पी ; **Oilcloth** (canvas covered with paint.) पानी न सोखनेवाला कपड़ा, मोमजामा ; **Oil colour** *n.* तेल मिलाकर बना हुआ रंग ; **Oil Engine** *n.* मिट्टी के तेल से चलने वाला अंजन ; **Oiler** (-अर्) *n.* an oiling can. यन्त्र में तेल देने की कुप्पी ; **Oilfield** (a mine of paraffin oil.) मिट्टी के तेल की खान; **Oiliness** (-नेस्) *n.* चिकनाहट, स्निग्धता ; **Oil man** (one who deals in oil.) तेली ; **Oil-mill** (a mill for extracting oil.) तेली का कोल्हू; **Oil painting** *n.* तैलचित्र ; **Oil Press** *n.* दबाकर तेल निकालने का यंत्र ; **Oil stone** (whetstone.) तेल लगाकर औज़ार तेज़ करने की सिल्ली ; **Oily** (-ई) *adj.* greasy. तेल लिपटा हुआ; **To burn the midnight oil** (to work far in the night.) रात्रि में देर तक परिश्रम करना ; **To pour oil on burning fire** (to increase fire by the help of oil.) आग में घी डालना ; **To oil one's hands** (to bribe.) घूस देना ; **To pour oil on the waters** (to smooth over things.) उपद्रव शान्त करना ; **To oil one's tongue** (to speak flattering words.) चिकनी चुपड़ी बातें कहना।

Ointment-ऑयन्ट्'-मेंन्ट्–*n.* a unctuous preparation used to beautify skin, an unguent. उबटन, लेप, मलहम।

Okapi–ओ-का'-पी–*n.* an African ruminant. अफ्रीका देश का एक पशु।

Old – ओल्ड् – *adj.* (*comp.* **Older.**, **Elder**, *sup.* **Oldest**, **Eldest**) advanced in age, ancient, worn out, long practised, decayed. वृद्ध, प्राचीन, जीर्ण, अनुभवी, सड़ा हुआ ; **Eight years old** (eight years of age.) आठ वर्ष की अवस्था का ; **Of the old school** (old fashioned.) पुराने ढङ्ग का ; **Old boy** (old companion.) पुराना साथी ; **Old cloth** (ragged cloth.) जीर्ण वस्त्र ; **Old fashioned** *adj.* पुराने ढंग का ; **Old hand** (experienced worker.) अनुभवी कारीगर ; **Old head on young shoulders** (wisdom beyond one's years.) अवस्था से अधिक विद्वान् ; **The old** (people of advanced age.) वृद्ध लोग।

Olden–ओल्ड्'-ऍन्–*adj.* old, ancient. पुराने समय का ; *v.t.* to make feeble. दुर्बल करना ; **Oldish** (-इश्) *adj.* somewhat old. कुछ पुराना ; **Oldness** (-नेस्) *n.* प्राचीनता ; **Oldster** (-स्टर्) *n.* one who is no longer a youngster. युवा अवस्था से अतीत।

Oleaginous–ओ-लें-ऍज्'-इन्–अस्–*adj.* oily, greasy. तैलयुक्त, चिकना ; **Oleaginousness** (-नेस्) *adj.* स्निग्धता।

Oleander-ओ-लें-ऍन्'-डर्-*n.* a poisonous shrub. एक विषैली वनस्पति, करवीर।

Oleic–ओ-ली'-इक्–*adj.* pertaining to oil. तैल सम्बन्धी।

Oleiferous – ओ-लैं-इफ़्'-ऍर्-अस्–*adj.* producing oil. तैल उत्पन्न करनेवाला।

Olfaction – ऑल्-फ़ैक्'-शन् – *n.* the sense of smell. घ्राणेन्द्रिय; **Olfactive** (-टिव्), **Olfactory** (-टॉर्-ई) *adjs.* pertaining to the organ of smell. घ्राण इन्द्रिय (नाक) सम्बन्धी।

Olibanum – ऑ-लिब्'-ऑन्-अम्–*n.* an aromatic resin.एक सुगन्धित गोंद,सिंहल

Olid – ऑल्'-इड्–*adj.* foul-smelling. दुर्गन्धी।

Oligarch–ऑल्'-इग्-आर्क् – *n.* ‡ member of an oligarchy. अल्पजन राज्य का सभासद; **Oligarchal** (-ऑल्) *adj.* pertaining to oligarchy. ऐसे राज्य का; **Oligarchically** (-इक्-ऑल्-ली) *adv.* in an oligarchic manner. इस राज्य क्रम की रीति से; **Oligarchy** (-ई) *n.* government by the few. अल्पजन से शासित राज्य।

Olivary–ऑल्'-इव्-ऑर्-री – *adj.* oval. अण्डाकार।

Olive – ऑल्'-इव् – *n.* an evergreen tree with small white flowers, its leaf. जैतून का वृक्ष, जालपाई; **Olive crown** (crown of victory.) विजय मुकुट; **To hold out the olive branch** (to offer peace.) मेल का प्रयत्न करना।

-ology – ऑल्' - ऑ-जी–*suf.* used for 'science.' विज्ञानसूचक प्रत्यय यथा–biology, theology. इत्यादि।

Olympian–ऑ-लिम्'-पि-ऑन्–*adj.* superior, magnificent. ऐश्वर्ययुक्त, महत्व का।

Omega–ऑ'-मे-गॉ–*n.* the last letter of the Greek alphabet. ग्रीक वर्णमाला का अन्तिम अक्षर।

Omen – ओ'-मॅन्–*n.* the occurrence foreboding good or evil, presage. शकुन, (चिह्न),लक्षण; *v.t.*to augur. शकुन सूचित करना; **Good omen** (a sign of good fortune.) शुभ लक्षण।

Ominous – ऑम्'-इन्-अस्– *adj.* portentous, inauspicious. अशुभ लक्षण का, अपशकुन का; **Ominously** (-ली) *adv.* in an ominousm anner. अशुभ लक्षण से।

Omissible–ओ-मिस्'-सि-ब्ल्–*adj.* capable of being omitted. त्याज्य,छोड़ने योग्य।

Omission–ओ-मिश्'-ऑन्–*n.* a leaving out, failure, neglect. त्याग,लोप, भूल; **Omissive** (-मिस्'-सिव्) *adj.* leaving out. छोड़नेवाला, भूलनेवाला।

Omit–ओ'-मिट्–*v.t.* (*p.t.* **Omitted**) to leave out, to fail to do. त्यागना (छोड़ना), भूल जाना।

Omni – ऑम्'-नि–*pref.* in sense of 'of all', 'in all ways'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'सबका' 'सब प्रकार से' होता है।

Omnibus–ऑम्'-नि-बस्–*n.* (*pl.* **Omnibuses.**) a four-wheeled public vehicle. किराये की मोटर गाड़ी।

Omnifarious–ऑम्-निफ़्-ऍअर्'-इ-अस्– *adj.* of all sorts. सब प्रकार का; **Omnific** (-निफ़्'-इक्)*adj.* all-creating. सर्वोत्पादक; **Omniform** (-फ़ॉर्म्) *adj.* having every form. सब रूप का; **Omnigenous** (-निज्'-इन्-अस्) *adj.* consisting of all kinds. सब प्रकार का, सब जाति का; **Omnipotence** (-निप्'-ओ-टेंन्स्) *n.* infinite power. सर्व (अनन्त) शक्ति; **Omnipo-**

tent (-निप्‌'-ओ-टैन्ट्) *adj.* almighty. सर्वशक्तिमान्; **Omnipresence**(-प्रैंज़्'-ऍन्स्) *n.* presence everywhere. विश्वव्यापकता; **Omnipresent** (-प्रैंज़्'-ऍन्ट्) *adj.* present in all places and at all times. विश्वव्याप्य; **Omniscience** (-निश्‌'-इ-ऍन्स्) *n.* unlimited knowledge. अनन्तज्ञान, सर्वज्ञान; **Omniscient** (-निश्‌'-इ-ऍन्ट्) *adj.* all-knowing. त्रिकालदर्शी; **Omnivorous** (-निव्‌'-ऑर्-अस्) *adj.* feeding on plants as well as on animals. सर्वभक्षी, सब कुछ खानेवाला, (अघोरी)।

Omoplate – ओं' - मा - प्लेंट् – *n.* the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी।

On–ऑन् – *prep.* in contact with the upper part of a thing, upon, at, near, in consequence of. किसी पदार्थ के ऊपर, ऊपर, पर, पास, परिणाम में; *adv.* forward, onward. आगे से; as *pref.* in sense of 'onward.' उपसर्ग की तरह प्रयोग होने पर 'आगे की ओर' अर्थ में आता है; **From that day on** (commencing from that day.) उस दिन से; **Goes on foot** (is a pedestrian.) पैदल चलता है; **Having clothes on** (wearing clothes.) कपड़ा पहिरे हुए; **On account of** (for.) वास्ते, लिये; **On all sides** (on every side.) चारों तरफ़; **On one's knees** घुटने के बल; **On the instant** (immediately.) उसी क्षण; **On the morning** (in the morning time.) प्रातःकाल; **On the right** (towards the right side.) दाहिनी ओर; **On the wing** (flying.) उड़ता हुआ; **The city was on fire** (fire enveloped the city.) शहर में आग लगी थी।

Onager – ओन्‌'-ॲं-जर् – *n.* the wild ass. जंगली गदहा, गोरखर।

Once – वन्स् – *adv.* for one time only, a few times, formerly. एक बार, पहिले; **At once** (immediately.) तुरन्त; **Once for all** (for ever.) सर्वदा के लिये, (निश्चित रूप से); **Once upon a time** (on a certain occasion.) एक बार, किसी समय।

One–वन्–*adj.* single in number, some or any, undivided. एक कोई, अविभक्त; *n.* the number one, an individual. एक (संख्या), कोई व्यक्ति; *pron.* a single person. कोई मनुष्य; **All in one** (combined, unanimously.) एक साथ; **Many a one** (several.) बहुतेरे; **Never a one** (none.) कोई भी नहीं; **Of one's own** (belonging to oneself.) अपना, निजी; **One another** (conjointly.) परस्पर; **One eyed** (blind of one eye.) काना; **One or the other** (either of the two.) दो में से एक; **Oneself** (himself.) आत्मा, स्वयं; **Onesided** (-साइड्-ऍड्) *adj.* partial. पक्षपाती, अनुचित; **Ten to one** (almost impossible.) प्रायः असम्भव; **To be at one** (to be equal.) समान होना; **Were made one** (were married.) विवाह किये गये।

Oneirocritic– ओ-नायर्‌'-ऑ-क्रिट्-इक् – *n.* one who interprets dreams.

स्वप्न का अर्थ बतलाने वाला।

Oneiromancy–ऑं-नायर्'-ओ-मैन्-सि– *n.* the act of divining by dreams. स्वप्नार्थ विचार।

Oneness – वन्'-नैस् – *n.* singleness, wholeness, being one. एक भाव, अद्वैतभाव, पूर्णता।

Onerous–ऑन्'-ऍर्-अस्–*adj.* burdensome. दुःसह, कष्टसाध्य, भारी; **Onerously** (-ली) *adv.* in an onerous manner. भारीपन से; **Onerousness** (-नैस्) *n.* the state of being onerous. दुःसह्यता, भारीपन।

Onfall – ऑन्'-फ़ॉल् – *n.* an attack, approach of night. आक्रमण, रात्रि का आगमन।

Onflow– ऑन्-फ़्लो – *n.* a flow onward. आगे को बहाव।

Onesided– वन्'-साइड्-ऍड्– *adj.* partial पक्षपाती; **Onesidedly** (-ली) *adv.* partially. पक्षपात से; **Onesidedness** (-नैस्) *n.* एकपक्षता।

Onion–अन्'-यॉन्– *n.* an edible bulb with pungent flavour. प्याज; *v. t.* to rub eyes with onion. आँखों में प्याज रगड़ना; **Oniony** (-ई) *adj.* having the smell of onion. प्याज के गन्ध का।

Onlooker–ऑन्'-लुक्-अर्– *n.* a spectator. दर्शक, तमाशा देखनेवाला।

Only– ओन्'-ली – *adj.* sole, alone. प्रधान, केवल (अकेला, अद्वितीय); *adv.* solely, exclusively. केवल, सिर्फ़; *conj.* except. सिवाय; **Not only but**. न केवल।

Onomatopœia – ऑन्'-ऑम्-ऑट्-ओ-पी'-ऑ – *n.* a word whose sound resembles the object associated with it. अनुकरण शब्द; **Onomatopoetic** (-पो-ऍट्'-इक्) *adj.* formed by onomatopœia. अनुकरण शब्द सम्बन्धी; **Onomatopoetically** (-ऑल्-लि) *adv.* in the manner of an onomatopœia. ऐसा प्रयोग करते हुए।

Onset– ऑन्'-सैट् – *n.* an attack, an assault. आक्रमण, चढ़ाई (धावा)।

Onslaught– ऑन्'-स्लाट्– *n.* a fierce attack, a murderous assault. मारकाट, भयंकर आक्रमण।

Ontological– ऑन्-टॉल्'-ऑ-जिक्-ऑल्– *adj.* metaphysical. सत्वविद्या सम्बन्धी; **Ontologically** (-जि-कॉल्-ली) *adv.* in a metaphysical manner. सत्वविद्या के सिद्धान्त से; **Ontologist** (-जिस्ट) *n.* one who is versed in ontology. सत्वविद्या का पण्डित।

Ontology– ऑन्-टॉल्'-ऑज्-ई–*n.* the philosophy concerned with the essence of being. सत्व विद्या।

Onus–ओ'-नस्–*n.* (*no plural.*) burden, obligation, responsibility. भार, उत्तरदायित्व, जवाबदेही।

Onward– ऑन्'-वर्ड्– *adj.* forward. अग्रगामी; **Onwards** (-वर्ड्स) *adv.* further onward. आगे की ओर।

Onymous–ऑन्'-इ-मस्–*adj.* not anonymous. गुमनाम नहीं, नाम दिया हुआ

Onyx–ऑन्'-इक्स्– *n.* a kind of gem. गोमेदक रत्न।

Oof–ऊफ्–*n.* money. धन; **Oofy** (-ई) *adj.* wealthy. धनिक।

Oogenesis-ओ-ओ-जैन्'-ऍस-इस्–*n.* development of ovum. भ्रूण (गर्भ) का बढ़ना।

Oology-ओ-ऑल्'-ऑ-जी-*n.* the study of birds' eggs. पक्षी के अण्डों का अध्ययन

Ooze-ऊज़्-*n.* wet mud, sluggish flow. गीली मिट्टी (कीचड़), स्राव ; *v. t.* to pass gently through pores. रस कर बहना, टपकना ; **Oozily** (-इ-ली) *adv.* in an oozing manner. रसते हुए ; **Ooziness** (-नेस्) *n.* the state of being oozy. टपक, रसाव ; **Oozings** (-इङ्गज़) *n.* issues of a fluid. टपकन ; **Oozy** (-ई) *adj.* miry, slimy. टपकने या रसनेवाला ।

Opacity-ओ-पॅस्'-सिट-ई-*n.* want of transparency, obscurity. अस्वच्छता, धुँधलापन, अपारदर्शकता ।

Opal-ओं'-पैल्-*n.* a precious stone. पोल्की, दूधिया पत्थर; **Opalescent** (-ऍस्-सेन्ट) *adj.* pertaining to an opal. ऐसे रत्न का; **Opaline** (-इन्) *adj.* resembling an opal. पोल्की की तरह का; **Opalize** (-आइज़्) *v. t.* to make like opal. पोल्की के सदृश बनाना ।

Opaque- ओ-पेक्' - *adj.* not transmitting light, obscure, dull. अपारदर्शक, अन्धकारयुक्त, गदला; **Opaquely** (-ली) *adv.* in an opaque manner. अस्वच्छता से ; **Opaqueness** (-नेस) *n.* want of transparency. अस्वच्छता ।

Ope-ओप्-*v. t. & i.* (poetical *form* of 'Open'.) खुलना, खोलना ।

Open- ओप्'-ऍन् - *adj.* not closed, bare, uncovered, public, manifest, liberal. विस्तृत, नंगा, खुला हुआ, सर्व सामान्य, स्पष्ट, उदार, प्रगट ; **Open air** (air out of doors.) घर के बाहर की खुली वायु ; **Open country** (unenclosed piece of land.) खुला मैदान; **Open-handed** (generous.) उदार, दानी; **Open-hearted** (frank.) निष्कपट, सच्चे हृदय का ; **Open-minded** (unprejudiced.) पक्षपातहीन ; **Open minded person** (a man of liberal views.) उदार चरित मनुष्य; **Open mouthed** (greedy, frank.) लालची, स्पष्टवक्ता ; **Open to dispute** (debatable.) विवादनीय ; **Open weather** (clear weather.) स्वच्छ ऋतु ; **To keep doors open** (to receive every one.) सबका आतिथ्य करना; **To lay open** (to uncover.) खोलकर सामने रखना ; **To receive with open arms** (to welcome or accept heartily.) सहृदय स्वीकार करना; **With open eyes** (without secrecy.) प्रत्यक्ष में ।

Open- ओं'-पन्- *v. t.* to begin, to bring into view, to enlarge, to establish. आरम्भ करना, प्रकाशित करना, विकसित होना, स्थापित करना; **To open bowels** (to loosen bowels.) आंतों को मोलायम करना ; **To open debate** (to begin discussion.) शास्त्रार्थ आरम्भ करना; **To open fire** (to begin firing.) गोली चलाना आरम्भ करना ; **To open ground** (to prepare land by ploughing) हल चलाकर मिट्टी तोड़ना ; **To open one's eyes** (to show astonishment.) आश्चर्य दिखलाना ; **To open out** (to increase, to expand.) खोलना, फैलाना; **To open the door** (to give opportunity.) अवसर देना; **To open up** (to publish.) प्रकाशित करना ।

Openable–ओ-पॅन्‌'-ऑ-ब्ल्‌–*adj*. able to be opened. प्रकाशित करने (खोलने) योग्य ; **Opener** – ओ-पॅन्‌'-अर्‌ – *n*. he who opens. खोलनेवाला; **Open-eyed** *adj*. watchful. चौकसी रखने वाला।

Opening – ओप्‌'-ऍन्‌-इङ्ग्‌ – *n*. commencement, opportunity, passage, an aperture. प्रारम्भ, अवसर, मार्ग, छिद्र ; **Openly** (-ली) *adv*. in an open manner. स्पष्टरूप में, बिना छिपाये हुए ; **Openness** (-नॅस्‌) *n*. frankness. स्पष्टता, प्रकाशता।

Opera–आप्‌'-ऍर्‌-ऑ – *n*. a dramatic performance accompanied by music. सङ्गीत नाटक ; **Comic opera** (opera of light character.) हास्यपूर्ण नाटक; **Grand opera** (one without spoken language.) स्वाङ्ग।

Operaglass-ऑप्‌'-ऍर्‌-ऑ-ग्लास्‌–*n*. a small binocular glass used at theatres. नाटक देखने की दूर्बीन ;



Opera-glass

Opera hat *n*. मोड़ने के योग्य ऊँची दीवार की अंग्रेज़ी टोपी।

Operate–ऑप्‌'-ऍर्‌-एट्‌ – *v. i.* & *t.* to perform, to produce effect, to act, to perform surgical operation, to buy and sell, to manage. कार्य करना, फलीभूत होना, चेष्टा करना, प्रभाव डालना, जर्राही करना, बेचा-बिक्री करना, प्रबन्ध करना ; **Operating room** (**theatre**) a room where surgical operations are performed. डाक्टर का चीरफाड़ करने का कमरा

Operatic–आप्‌'-ऍर्‌-ऑट्‌'-इक्‌–*adj*. like an opera. सङ्गीत नाटक के सदृश।

Operation–ऑप्‌-ऍर्‌-ए'-शॉन्‌ – *n*. action, scope, influence, method of working, an active process, discharge of duty, surgical performance, movement of troops. क्रिया (कार्य), प्रवृत्ति, प्रभाव, उद्यम, व्यापार, कर्तव्यपालन, चीरफाड़, सेना की गति; **Operative** (-ऑट्-इव्‌) *adj*. & *n*. producing an effect, an artisan or mill-hand. प्रयोजक (प्रबल), गुणकारी, शिल्पकार ; **Operatively** (-ली) *adv*. in an operative manner. प्रबलता से, कार्यदक्षता से।

Operator–ऑप्‌-अर्‌-एट्‌'-ऑर्‌ – *n*. one who operates. प्रवर्तक, कार्य करनेवाला।

Operatta–ऑप्‌-ऍर्‌-ऍट्‌'-टॉ–*n*. a short opera. छोटा सङ्गीत नाटक।

Operose–ऑप्‌'-ऍर्‌-ओस्‌– *adj*. taking great pains, industrious. श्रमसाध्य, अति परिश्रमी।

Ophidian–ऑ-फ़िड्‌'-इ-ऑन्‌– *adj*. pertaining to snakes. सर्प सम्बन्धी।

Ophiolater – ऑफ़्-इ-ऑल्‌'-ऍ-टर्‌ – *n*. serpent-worshipper. सर्पपूजक ; **Ophiology** (-ऑ-जी) *n*. the study of snakes. सर्पविद्या; **Ophiophagous** (-ऑफ़्'-ऑग्‌-अस्‌) *adj*. feeding on snakes. सर्पभोजी।

Ophite–ऑ'-फ़ाइट्‌– *adj*. serpentine. सर्पाकार।

Ophthalmia – ऑफ़्-थॅल्‌'-मि-ऑ – *n*. inflammation of the eye. आँख आना : **Ophthalmic** (-मिक्‌) *adj*. pertaining to the eye. नेत्र सम्बन्धी आँख का ; **Ophthalmolgist** (-ऑल्‌-इस्ट्‌) *n*. one skilled in the treat-

ment of eye. नेत्र रोग का चिकित्सक; **Ophthalmology** (-मॉल्‍-ऑज्-ई) *n.* the science which treats of eyes. नेत्र विज्ञान; **Ophthalmy** (-मी) *n.* आँख आने का रोग।

Opiate–ओं'-पि-एट्-*adj*. a drug containing opium used for inducing sleep or alleviating pain. निद्रा लानेवाली तथा पीड़ा हटाने वाली अफ़ीम मिली हुई औषधि; *v. t.* to mix with opium. अफ़ीम मिलाना।

Opine–ओ-पाइन्' – *v. t.* to hold an opinion, to think. विचार करना, (मनन करना), तर्क करना।

Opinion-ओ-पिन्'-यॉन्-*n.*a judgment without proof, belief, probable view, estimation, sentiment. अनुमान, विचार, आशय, बुद्धि, अभिप्राय; **I am of opinion** (I think so.) मैं ऐसा विचार करता हूँ; **Difference of opinion**. मत भेद।

Opinionated–ओ-पिन्'-यॉन्-एट्'-एँड् – *adj.* obstinate in opinion. अपने विचार का पक्का, हठी; .**Opinionatedness** (-नैस्) *n.* obstinacy. हठ।

Opinionative–ओ-पिन्'-यॉन्-एट्'-इव् – *adj.* unduly attached to one's notions. अपने मत का आग्रही।

Opinionist–ऑ-पिन्'-यॉन्-इस्ट-*n.* one attached to his personal opinion. अपने मत पर दृढ़।

Opisometer–ओं-पि-सॉम्'-ऍ-टर्-*n.* an instrument for measuring curved lines. (नक्शे पर की) घूमी फिरी रेखाओं के नापने का यन्त्र।

Opip-ओ-पिप्'–*n.* an advanced position from which the effects of the enemy fire can be watched. शत्रु की गोलियों का आक्रमण दूर से देखने का स्थान।

Opium–ओ'-पि-अम्–*n.* a drug prepared from the juice of poppy. अहि फ़ेन,अफ़ीम; **Opium eater** (-ईट-अर्) *n.* one who indulges in opium. अफ़ीमची; **Opiumize** (-आइज़्) *v.t.* to mix opium. अफ़ीम मिलाना।

Opossum–ओ-पॉस्'-सम् – *n.* a kind of American mammal. एक प्रकार का अमेरिका देश का चौपाया।

Oppilate–आप्'-पिल्-एट्–*v. t.* to obstruct. रुकावट डालना; **Oppilation** (-ए'-शॉन्) *n.* अवरोध, रुकावट।

Perlite – पर्'-लाइट् – *n.* a glittering rock. चमकती हुई रंगीन चट्टान ।

Permanence-पर्'-मॅनन्-ऍन्स्,**Permanency** (-ऍन्-सी) *ns.* the quality of being durable. स्थिरता, नित्यता ।

Permanent–पर्'-मॅन्-ऍन्ट्–*adj.* lasting indefinitely, durable. नित्य (स्थिर), स्थायी (टिकाऊ) ; **Permanently** (-ली) *adv.* in a permanent manner. स्थिरता से, स्थायी रूप में

Permeability –पर्'-मैं-ऑ-बिल्'-इट्-ई– *n.* the act of passing through. प्रवेशता, भेद्यता ।

Permeance–पर्'-मैं-ऑन्स्-*n.* the quality of being permanent. स्थिरता, नित्यता ।

Permeable–पर्'-मैं-ऑ-बल्-*adj.* penetrable. प्रवेश होने योग्य ।

Permeant–पर्'-मैं-ऑन्ट् – *n.* pervading, lasting. स्थिर, दृढ़, टिकाऊ ।

Permeate–पर्'-मैं-एट् – *v. t.* & *i.* to penetrate, to pass through the

pores, to saturate. प्रवेश करना, रसना, छिद्रों में से होकर जाना।

Permeation–पर्'-मि-ए'-शॉन् – *n.* the act of passing through holes. छेदों में घुसना।

Permissible – पर्-मिस्'-सि-ब्ल् – *adj.* allowable. आज्ञा पाने योग्य ; **Permissibly** (-सिब्-ली) *adv.* in a permissible manner. आज्ञा से, अनुरोध से।

Permission-पर्-मिश्'-अन्–*n.*licence, leave. आज्ञा, अनुमति।

Permissive–पर्-मिस्'-सिव् – *adj.* giving permission, granting liberty. अनुमोदक, आज्ञा देनेवाला ; **Permissively** (-ली) *adv.* by permission. आज्ञा से ; **Permissiveness** (-नेस्) *n.* permission. अनुमोदन।

Permit–पर्-मिट्' – *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Permitted**) to allow, to admit. आज्ञा देना (अनुमोदन करना), स्वीकार करना ; *n.* (पर्'-मिट्) a written order. अनुमति पत्र, आज्ञापत्र ; **Permittance** (-ॲन्स्) *n.* allowance. अनुमोदन।

Permutation – पर्-म्यूट्-ए'-शॉन् – *n.* variation in the order of things. परिवर्तन, उलट पलट, क्रमसंचय।

Permute – पर्-म्यूट्' – *v. t.* to alter the order. क्रम बदलना या उलटना।

Pernicious–पर्-निश्'-अस्–*adj.* ruinous, destructive, injurious. अपकारक, नाशक, हानि करनेवाला ; **Perniciously** (-ली) *adv.* in a ruinous manner. नाश सहित ; **Perniciousness** (-नेस्) *n.* the quality of being destructive. अपकारता, नाश।

Pernoctation – पर्-नॉक्-टे'-शॉन् – *n.* passing the night in vigil. जागरण, रतजगा।

Perorate–पॅर्'-रॉर्-एट्–*v. i.* to sum up a speech. किसी उक्ति का सारांश करना ; **Peroration** (-ए'-शॉन्) *n.* the concluding part of a speech. व्याख्यान का उपसंहार।

Perpendicular–पर्-पॅन् डिक्'-यूल्-ऑर्-*adj.* erect, upright, at right angles to a plane, vertical. लम्बरूप, सीधा, खड़ेबल का, लम्बाकार; *n.* a plumb line. लम्ब, साहुल ; **Perpendicularity** (-ॲर्'-रिट्-ई) *n.* the state of being perpendicular. खड़ापन, लम्बाकार ; **Perpendicularly** (-ली) *adv.* in a perpendicular manner. लम्बरूप में, खड़ेबल।

Perpetrate–पर्'-पॅट्-रेट्-*v. t.* to commit a crime or blunder. पाप या दोष करना; **Perpetration** (-रे'-शॉन्) *n.* the act of perpetrating. दूषित कर्म करण ; **Perpetrator** (-ऑर्) *n.* one who commits a crime. पाप कर्म करनेवाला।

Perpetual–पर्-पॅट्'-यू-ॲल्– *adj.* never ceasing, eternal, everlasting. नित्य (सतत), निरन्तर, सनातन।

Perpetuate–पर्-पॅट्'-यु-एट्' – *v. t.* to make perpetual. स्थिर करना ; **Perpetuation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of perpetuating. स्थिरता , नित्यता ; **Perpetuator** (-ऑर्) *n.* one who makes perpetual. स्थिर करनेवाला।

Perpetuity–पर्-पॅट्-यू'-इट्-ई–*n.* endless duration. नित्यता, निरन्तरता।

Perpetually–पर्-पॅट्'-यु-ॲल्–ली–*adv.* continually. नित्य, निरन्तर।

Perplex–पर्‌-प्लैक्स्‌' – *v. t.* to puzzle or to confuse, to entangle, to bewilder. व्याकुल करना, फँसाना, घबड़ाना; **Perplexed** (-ड्) *adj.* confused, puzzled. व्याकुल, उद्विग्न; **Perplexedly** (-ऐड्-ली) *adv.* व्याकुलता से ; **Perplexing** (-इङ्ग्) *adj.* confusing. भ्रमकारी ; **Perplexingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in confusing manner. घबड़ाते हुये ; **Perplexity** (-इट्-ई) intricacy, embarrassment, confusion. आकुलता, व्यग्रता, घबड़ाहट।

Perquisite–पर्‌'-क्विज्-इट् – *n.* casual profit, allowance in addition to customary wages. अधिक लाभ, पुरस्कार, (ऊपरी आमदनी)।

Perrior–पॅ'-रि-अर्‌ – *n.* a machine for throwing large stones. बड़े बड़े पत्थर के टुकड़े फेंकने का यन्त्र

Perron–पॅर्‌'-रॉन्‌ – *n.* a raised platform in front of a large building. बड़ी इमारत के सामने का ऊँचा चबूतरा।

Perry – पॅर्‌'-री – *n.* a fermented drink prepared from the juice of pears. नाशपाती की मदिरा।

Persecute–पर्‌'-सें-क्यूट्–*v. t.* to pursue with enmity, to harass, to worry. पीड़ा देना, क्लेश देना, पीछे पड़ना; **Persecution** (-क्यू'-शॉन्‌) *n.* बाधा, उपद्रव ; **Persecutor** (-ऑर्‌) *n.* दुःख देने वाला ; *fem.* **Persecutrix**.

Perseverance–पर्‌-सैं-विअर्‌'-ऑन्स्‌ – *n.* constant persistence. दीर्घ प्रयत्न, धैर्य ; **Perseverant** (-ऑन्ट्) *adj.* persistent. धैर्यवान्‌।

Persevere–पर्‌-सैं-वियर्‌'–*v. i.* to continue, to persist. निरन्तर प्रयत्न करना, हठ करना ; **Persevering** (-इङ्ग्‌) *adj.* steady in the pursuit of something. उद्यमी, व्यवसायी ; **Perseveringly** (-ली) *adv.* in a persevering manner. बड़े उद्योग से, उत्साह से।

Persiflage–पर'-सि-फ्लेज्‌ – *n.* frivolous way of talking, banter. शेखी, (गप्प) ताना ; **Persiflant** (-फ्लॅन्ट) *adj.* talkative. गप्पी।

Persist–पर्‌-सिस्ट्'–*v. i.* to continue obstinately, to persevere. आग्रह करना, (दृढ़ रहना), हठ करना ; **Persistence** (-ऍन्स्‌) *n.* obstinacy. आग्रह, (दृढ़ता) हठ ; **Persistency** (-ऍन्‌-सी) *n.* persistence. आग्रह ; **Persistent** (ऍन्ट्) *adj.* persevering. आग्रहयुक्त ; **Persistently** (-ली) *adv.* in a persistent manner. दृढ़ता से, आग्रह से।

Person-पर्‌'-सॉन्‌-*n.* a human being, character in a story, the living body, character represented. मनुष्य, जन, पात्र, शरीर, देह, मूर्ति, (रूप), (*in gram.* व्याकरण में) ; **First person** उत्तम पुरुष; **Second person** मध्यम पुरुष ; **Third person** उत्तम पुरुष।

Personable – पर्‌'-सॉन्‌-ॲ-ब्ल – *adj.* handsome. सुन्दर, स्वरूपवान्‌।

Personage-पर्‌'-सन्‌-एज्‌-*n.* a person of rank. श्रेष्ठ पुरुष।

Personal-पर्‌'-सॉन्‌-ऑल-*adj.* belonging to a person. व्यक्तिगत, शारीरिक, निजी, अपना ; (*in gram.*) personal. पुरुष सम्बन्धी।

Personality–पर्‌-सॉन्‌-ऑल'-इट्-ई – *n.* distinctive character. व्यक्तित्व,

विशेषता ।

Personalize-पर्'-सॉन्-ऑल्'-आइज़-*v.t.* to make personal. व्यक्तित्व भाव उत्पन्न करना ।

Personally - पर्'-सॉन्-ऑल्-लि-*adv.* in person. स्वयं, साक्षात् ।

Personate-पर्'-सान्-एट्-*v.t.* to play the character of, to pretend to be. वेष बदलना, रूप बनाना; **Personation** (-ए'-शॉन्) *n.* counterfeiting a person. वेष धारण, बनावटी रूप; **Personator** (-आर्) *n.* one who personates. वेष धारण करनेवाला (बहुरूपिया) ।

Personification-पर्-सॉन्'-इफ़्-इक् ए'-शॉन् - *n.* a figure of speech in which inanimate objects are conceived as endowed with personal qualities. जड़ पदार्थों में मनुष्य के गुण आरोपण करना ।

Personify-पर्-सॉन्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* (*p.t.* **Personified**.) to attribute personal nature to, to treat as a person. निर्जीव पदार्थ में चेतन धर्म आरोपण करना, जीवधारी ठहराना ।

Personnel-पर्-सॉन्-एॅल्'-*n.* the body of persons engaged in public service. कार्यकर्ता लोग ।

Perspective - पर्-स्पेॅक्ट्'-इव् - *n.* the art of drawing solid objects on paper &c., actual objects as they appear to the eye when viewed from a particular point, view, prospect. ठोस पदार्थों का कागज इत्यादि पर चित्र बनाने की कला, किसी मुख्य स्थान से देखे जाने वाले पदार्थ, दृश्य, स्वरूप; **Perspectively** (-ली) *adv.* in a perspective manner. प्रत्यक्ष, दृश्यरूप में ।

Perspicacious-पर्-स्पिक्-ए'-शस्-*adj.* having mental penetration, quick-sighted. तीक्ष्णबुद्धि, सूक्ष्मदृष्टि का; **Perspicaciously** (-ली) *adv.* in a perspicacious manner. सूक्ष्मदृष्टि से; **Perspicacity** (-ऐस्'-सिट्-ई) *n.* keenness of sight or of understanding. दृष्टि अथवा बुद्धि की सूक्ष्मता ।

Perspicuity - पर्-स्पिक्'-यू'-इ-टी - *n.* freedom from obscurity. स्पष्टता ।

Perspicuous - पर्-स्पिक्'-यु-अस् - *adj.* clear, plain, easily understood. स्पष्ट, व्यक्त, सुबोध; **Perspicuously** (-ली) *adv.* in a perspicuous manner. स्पष्टरूप से; **Perspicuousness** (-नेॅस्) *n.* the quality of being perspicuous. स्पष्टता ।

Perspirable-पर-स्पायर्'-ऑ-बल् - *adj.* capable of being perspired. पसीना निकलने योग्य ।

Perspiration - पर्-स्पिर्-रे''-शॉन् - *n.* the act of perspiring, sweat. स्वेद का स्राव, पसीना निकलना ।

Perspiratory - पर-स्पायर्-एट्'-ऑर्-ई- *adj.* causing perspiration. पसीना उत्पन्न करनेवाला ।

Perspire - पर्-स्पायर्' - *v. i.* & *t.* to sweat through the pores of the body. पसीना निकलना; **Perspiring** (-इङ्ग्) *adj.* sweating. पसीना निकलता हुआ ।

Persuadable - पर्-स्वेड्'-ऑ-बल् - *adj.* that may be persuaded. उसकाने योग्य ।

Persuade - पर्-स्वेड्' - *v. t.* to con-

vince, to induce, to influence by advice entreaty or argument. विश्वास दिलाना, उसकाना, उभाड़ना; **Persuaded** (-ऍड्) *adj.* convinced. प्रतीत दिलाया हुआ।

Persuader–पर्-स्वेड्'-अर्– *n.* one who or that which excites. प्रोत्साहक, बहकानेवाला।

Persuasibility – पर्-स्वेज़्'-ऍ-बिल्-इट्-ई–*n.* persuasibleness. उसकाने की योग्यता।

Persuasible – पर् - स्वेज़्'-इ-ब्ल्– *adj.* capable of being persuaded. उभाड़ने योग्य।

Persuasion–पर्-स्वे'-ज़ॉन्–*n.* the act of persuading, conviction, creed. प्रोत्साहन, शंका की निवृत्ति,धार्मिक विश्वास।

Persuasive–पर्-स्वे'-सिव्-*adj.* having the power to persuade, influencing the mind of persons. हृदयग्राही, चित्त आकर्षण करनेवाला; **Persuasively** (-ली) *adv.* with persuasion. अनुरोध से; **Persuasiveness** (-नैस्) *n.* संशयनाश।

Pert – पर्ट् – *adj.* forward, saucy, smart. अविनीत, चपल, ढीठ; **Pertly** (-ली) *adv.* in a pert manner. चपलता से; **Pertness** (-नैस्) *n.* impertinence. ढिठाई।

Pertain–पर्-टेन्'–*v. i.* to belong to, to have reference to. सम्बन्ध रखना, सम्बन्धी होना।

Pertinacious – पर्-टिन्-ए'-शस् – *adj.* stubborn, obstinate. आग्रही, हठी; **Pertinaciously** (-ली) *adv.* in an obstinate manner. आग्रह से, हठ से; **Pertinaciousness** (-नैस्), **Pertinacity** (-ऑस्-इट्-ई)*ns.*the quality of being stubborn. आग्रह, हठ।

Pertinence – पर्' - टिन्-ऍन्स्, **Pertinency** (-सी) *ns.* suitableness, appositeness. योग्यता, यथार्थता।

Pertinent – पर्-टिन्-ऍन्ट्–*adj.* relevant, appropriate. युक्त, योग्य, ठीक; **Pertinently** (-ली) *adv.* in a pertinent manner. प्रसङ्ग के अनुकूल।

Perturb–पर्-टर्ब्'–*v.t.* to throw into confusion, to disturb, to agitate. व्याकुल करना, व्यग्र करना, घबड़ाना; **Perturbation** (- ए'-शॉन्) *n.* disturbance. व्यग्रता; **Perturbative** (-ऑट्'-इव्) *adj.* capable of disturbing. घबड़ानेवाला; **Perturbed** (-ड्)*adj.* agitated. व्याकुल; **Perturber** (-अर्) *n.* घबड़ानेवाला।

Pertusel-पर्-ट्स्-ज़ल्'-*n.*pierced with holes. छेद किया हुआ।

Peruke–पॅर्-य़्क्'–*n.* a periwig. रोएँ की टोपी।

Perusal – पॅर्-य़्ज़्'-ऑल्–*n.* careful reading. पठन, अध्ययन।

Peruse–पॅर्-य़्ज़्'–*v. t.* to read with attention or carefully. सावधानी से अर्थात् चित्त लगाकर पढ़ना।

Pervade – पर्-वेड्'–*v. t.* to spread through, to permeate, to saturate. व्याप्त करना (पैठना), फैलना, तर करना।

Pervasion – पर्-वे'-ज़ॉन्–*n.* the act of pervading. आक्रमण, व्याप्ति।

Pervading–पर्-वेड्'-इङ्ग्, **Pervasive** (-सिव्) *adjs.* tending to pervade. व्यापक; **Pervasively** (-सिव्-ली) *adv.* व्यापकता से।

Perverse – पर्-वर्स्'–*adj.* obstinate, peevish, vexatious, wicked. हठी, चिड़चिड़ा, विपरीत, दुष्ट; **Perversely** (-ली) *adv.* in a peevish manner. कुटिलता से; **Perverseness** (-नेस्) *n.* the state of being perverse. हठ, दुष्टता; **Perversity** (-इट्-ई) *n.* perverseness. प्रतिकूलता, हठ।

Pervert–पर्-वर्ट्'–*v.t.* to turn from the right course, to misapply, to lead astray. सन्मार्ग से हटाना, दूषित करना, उलटना; *n.* one who is perverted. विकृत पुरुष; **Pervertible** (- इ-ब्ल्) *adj.* that may be perverted. दूषित करने योग्य, उलटने योग्य; **Perversion** (-शन्) *n.* the act of perverting. दोष बिगाड़, अर्थ का उलटना; **Perversive** (-वर्स्'-इव्) *adj.* tending to pervert. बिगाड़नेवाला, उलटनेवाला।

Pervious–पर्'-वि-अस्–*adj.* penetrable, affording passage, accessible. प्रवेशनीय, प्रवेशक, घुसने योग्य; **Perviousness** (-नेस्) *n.* the state of being accessible. प्रवेश्यता।

Pessary – पेंस्'-सॅ-री – *n.* a rubber sheath worn over vagina. गर्भाशय पर पहिराने की रबड़ की खोली।

Pessimism–पेंस्'-सिम्-इज़्म्– *n.* looking at the worst side of a thing, the doctrine that on the whole the world is bad rather than good. संसार की बुरी अवस्था को देखना, यह सिद्धान्त कि संसार केवल बुराइयों से ही परिपूर्ण है।

Pessimist–पेंस्'-सिम्-इस्ट्–*n.* one who follows this theory. निराशावादी; **Pessimistic** (-इक्) *adj.* relating to such a theory. निराशावाद संबंधी; **Pessimistically** (-ऑल्-ली) *adv.* in a pessimistic manner. निराशावाद के सिद्धान्त से।

Pest–पेंस्ट्–*n.* a destructive thing, a fatal disease. नाशकारक वस्तु, महामारी; **Pest of the people.** लोक कण्टक।

Pester–पस्'-टर्–*v. t.* to trouble, to annoy. पीड़ा देना, कष्ट देना।

Pestiferous – पेंस्-टिफ्'-ऍर्-अस्– *adj.* malignant, pestilential, noxious. विनाशक, अपकारी अनिष्टकारक।

Pestilence–पेंस्'-टिल्-ऍन्स्–*n.* a contagious fatal epidemic disease, plague. महामारी, प्लेग।

Pestilent-पेंस्'-टिल्-एन्ट्-*adj.* deadly. विनाशक (अपकारी); **Pestilently** (-ली) *adv.* in a pestilent manner. विनाश से, अनिष्ट से।

Pestilential–पेंस्'-टिल्-एन्'-शॅल्– *adj.* relating to pestilence. महामारी सम्बन्धी।

Pestle – पेंस्'-ट्ल्–*n.* an instrument for pounding substances in a mortar. मूसल, लोढ़ा; *v. t.* & *i.* to pound with a pestle. कूटना, पीसना।

Pet–पेंट्–*n.* an animal tamed and kept as a favourite, a favourite, ill humour. पलुआ पशु या पक्षी, प्रेमपात्र, चिड़चिड़ाहट; *v. t.* (*p.t.* **Petted**.) to fondle. लाड़ (प्यार) करना, पोसना; **Pet name** (a name expressing fondness.) लाड़ का (पुकारने का) नाम।

Petal – पेंट्'-ऑल् – *n.* corolla of a flower. फूल की पंखड़ी (पत्ती); **Petaline**

(-आइन्) *adj.* pertaining to a petal. पँखड़ी का ; **Petalled** (-ड्) *adj.* having petals. पंखड़ीदार ।

Petard–पॅं-टार्ड्–*n.* a small engine of war for breaking barriers &c., a kind of firework. क़िले का फाटक इत्यादि तोड़ने का यन्त्र, एक प्रकार की आतशबाज़ी ।

Petasus–पॅट्'-ऑं-सस्–*n.* a kind of broad-brimmed hat. एक प्रकार की चौड़े छज्जे की टोपी ।

Petersham–पॅ-टर्'-शॅम्–*n.* a kind of thick silk ribbon. एक प्रकार का मोटा रेशमी फ़ीता ।

Petiolar–पॅट्'-इ-ओ-लर्–*adj.* pertaining to a leaf-stalk. डंठल का ।

Petiole–पॅट्'-इ-ओल–*n.* leaf-stalk. पत्ती का डंठल ।

Petit–पॅट्'-टी–*adj.* petty. क्षुद्र, छोटा ।

Petitio–पॅ-टिश्'-इ-ओ–*n.* **Petitio principii** (-प्रिन्'-सि-पि-आई) begging the question. तर्क में हेत्वाभास की एक विधि ।

Petition–पॅ-टिश्'-ऑन्–*n.* a request, a prayer, a formal supplication. प्रार्थना, निवेदन, प्रार्थनापत्र ; *v.t.* to make a request to. प्रार्थना करना, निवेदन करना ; **Petitionary** (ऑर्-ई) *adj.* supplicatory. निवेदन सम्बन्धी ; **Petitioner** (-अर्) *n.* one who petitions. प्रार्थी, निवेदक ।

Petrel–पॅट्'-रॅल्–*n.* a small sea-bird. एक प्रकार की छोटी समुद्री चिड़िया ।

Petrifaction–पॅट्-रि-फ़ॅक्'-शॉन्–*n.* a substance converted into stone. पत्थर बन जानेवाला पदार्थ ।

Petrify–पॅट्'-रि-फ़ाइ–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Petrified**.) to convert into stone, to become stone, to stiffen or deprive of vitality. पत्थर बनाना या होना, निर्जीव करना, कड़ा करना ।

Petro–पॅट्'-रो–*pref.* in sense of 'rock' 'चट्टान' अर्थ का उपसर्ग ; **Petroglyph** (-ग्लिफ़्) *n.* engravings on rocks. चट्टानों पर के चित्र ; **Petrograph** (-ग्रॅफ़्) *n.* inscription on rock. शिला लेख ।

Petrol–पॅट्'-रॉल्–*n.* refined petroleum used in oil-engines. साफ़ किया हुआ मिट्टी का तेल ; *v. t.* to fill motor &c. with petrol. मोटर इत्यादि में यह तेल भरना ; **Petrolic** (-इक्) *n.* pertaining to petrol. मिट्टी के तेल का; **Petrolin** (-रो-लिन्) *n.* distillation of petroleum. साफ़ किया हुआ मिट्टी का तेल ।

Petroleum–पॅ-ट्रोल्'-इ-अम्–*n.* mineral oil. शिला रस, मिट्टी का तेल ।

Petrology–पॅ-ट्रॉल्'-ऑज्-ई–*n.* study of rocks. शिला उत्पत्ति विद्या ।

Petronel–पॅट्'-रॉन्-एल्–*n.* a kind of big pistol. एक प्रकार का (घोड़सवारों का) बड़ा पिस्तौल ।

Petrous–पॅट्'-रस्–*adj.* pertaining to rock. शिला सम्बन्धी, चट्टान का ।

Petticoat–पॅट्'-टि-कोट्–*n.* a woman's under-garment. लँहगा, घाघरा ; *pl.* female sex. स्त्री जाति ; **Petticoat government** (government by women.) स्त्रीशासन, स्त्रीराज्य; **Under petticoat government** (swayed by woman.) स्त्रीवश ।

Petticoated–पॅट्'-टि-कोट्-ऍड्–*adj.*

wearing a petticoat. लँहगा पहिरे हुए।

Petticoatless–पेँट्-टि-कोट्-लेँस् – *adj.* devoid of a petticoat बिना घाघरे की

Pettifog–पेँट्-टि-फ़ॉग्–*v.t.* (*p.t.* **Pettifogged.**) to practise legal trickery in small matters. छोटे छोटे विषय में क़ानूनी छल करना; **Pettifogger** (-गर्) *n.* a contemptible solicitor. क्षुद्र वकील या मुख्तार; **Pettifoggery** (-ई), **Pettifogging** (-गिङ्ग्) *ns.* quibbling. क़ानूनी छल।

Pettish-पेँट्'-टिश्–*adj.* fretful, peevish, petulant. कर्कश, तीखे स्वभाव का, चिड़चिड़ा; **Pettishly** (-ली) *adv.* petulantly. कर्कशता से; **Pettishness** (-नेँस्) *n.* fretfulness. चिड़चिड़ापन।

Pettily–पेँट्'-टि-ली–*adv.* in a petty manner. क्षुद्रता से; **Pettiness** (-नेँस्) *n.* the quality of being petty. अल्पता, छोटापन।

Petty–पेँट्'-टी–*adj.* (*comp.* **Pettier,** *sup.* **Pettiest.**) of small importance, trivial, inferior. क्षुद्र (अल्प), छोटे पद का।

Petulance–पेँट्'-यु-लॅन्स्–*n.* peevishness. दुःशीलता, ढिठाई।

Petulant – पेँट्'-यु-लॅन्ट – *adj.* peevish, irritable, perverse. दुःशील, चिड़चिड़ा, अविनीत (ढीठ); **Petulantly** (-ली) *adv.* in a peevish manner. धृष्टता से।

Petunia–पेँ-ट्यू'-नि-ऑ–*n.* a garden flower plant. तुरही के आकार का रङ्ग बिरंगे फूलों का एक पौधा।

Pew–प्यू– *n.* an enclosed place in a church. गिरजाघर में बैठने का घिरा हुआ स्थान; *v. t.* to furnish with pews. ऐसा आसन लगाना।

Pew-fellow–प्यू'-फ़ेँल्-लो–*n.* a fellow-worshipper. साथ पूजन करनेवाला।

Pewit, Peewit–पी-विट्– *n.* a lapwing, its cry. समुद्री कौआ, इसका शब्द।

Pewter–प्यू'-टर्– *n.* an alloy of tin and lead in various proportions कांस्य, काँसा।

Phæton– फ़े'-ऍट्-ऑन्– *n.* an open four-wheeled carriage. खुली हुई चौपहिया गाड़ी, फ़िटिन।

-phagous–फ़े'-गस्– *suf.* in sense of "eating." "खादक" अर्थ का प्रत्यय।

Phalange – फ़ॅल्'-ऑन्ज् – *n.* a small bone. छोटी हड्डी।

Phalanger– फ़ॅ-लॅन्'-जर्– *n.* a kind of Australian bird. आस्ट्रेलिया देश का एक पक्षी।

Phalanx – फ़ॅल्'-ऑङ्क्स् – *n.* (*pl.* **Phalanxes, Phalanges.**) array of troops, persons banded together with a common purpose. व्यूह (पंक्ति), झुण्ड, जत्था।

Phallic–फ़ॅल्'-लिक्– *adj.* pertaining to the worship of phallus. लिङ्ग पूजन सम्बन्धी; **Phallicism** (-इज़्म्) *n.* worship of phallus. लिङ्ग पूजन पद्धति।

Phallus– फ़ॅल्'-लस्–*n.* worship of the image of male generative organ. लिङ्ग पूजन।

Phantasm– फ़ॅन्'-टॅज़्म्– *n.* illusion, apparition, phantom, आभास, माया, प्रेत, छाया।

Phantasmagoria- फ़ॅन्-टॅज़्-मी-गोर्'-इ

ऑ–*n.* optical illusion. छाया चित्र; **Phantasmal** (-ऑल), **Phantasmic** (इक) *adjs.* like a phantasm. मायावी, आभास का; **Phantasmally** (-ऑल्-लि) *adv.* in an illusory manner. आभास में।

Phantastic–same as **Fantastic.**

Phantasy–फ़ॅन्'-टी-सी–*n.* same as **Fantasy.**

Phantom–फ़ॅन्'-टॅम् – *n.* an unreal appearance, a ghost. आभास, छाया, प्रेत; *adj.* unreal. असत्य, छायामात्र।

Pharaoh – फ़ॅअर्'-ओ–*n.* the title of ancient Egyptian king. मिश्रदेश के प्राचीन राजा की उपाधि; **Pharaoh's serpent** (a chemical toy which when fused takes the form of a serpent.) एक मसाला जो जलाने पर सर्प के आकार का हो जाता है।

Pharmaceutical – फ़ॉर्-मॉ-स्यूट्'-इक–ऑल-*adj.* of pharmacy. औषधि बनाने के सम्बन्ध का; **Pharmaceutically** (-ऑल्'-लि) *adv.* ऐसे सम्बन्ध में; **Pharmaceutist** (-इस्ट्) *n.* औषधि बनानेवाला

Pharmaceutics-फ़ॉर्-मॉ-स्यूट्'-इक्स-*n.* the science of preparing medicines. औषधि बनाने की विद्या।

Pharmacologist – see **Pharmacology.**

Pharmacology–फ़ॉर्-मॉ-कॉल्'-ऑज्-ई–*n.* the theory of pharmacy. औषधि बनाने का सिद्धान्त; **Pharmacologist** (-ऑ-जिस्ट्) *n.* औषधि विज्ञान का जाननेवाला

Pharmacopœia–फ़ॉर्'-मॉ-को-पी'-ऑ – *n.* an official book containing a list of drugs with directions for their use. औषधि संस्कार ग्रन्थ; **Pharmacopœial** (-ऑल) *adj.* इस ग्रन्थ सम्बन्धी।

Pharmacist–फ़ॉर्'-मॉ-सिस्ट् – *n.* one who prepares medicines. औषधि बनानेवाला।

Pharmacy–फ़ॉर्'-मॉ-सी – *n.* preparation and dispensing of medicines, a drug-store. औषधालय, औषधि तैयार करने की विद्या।

Pharology–फ़ॅर्-ऑल्'-ऑज्'-ई–*n.* the science of signalling by light from shore. समुद्र के तट से प्रकाश द्वारा संकेत करने की विद्या।

Pharos–फ़ॅअर्' - ऑस्–*n.* a lighthouse to guide mariners. मल्लाहों को मार्ग दिखलाने के लिये बुर्जी पर का प्रकाश।

Pharyngal–फ़ॅर्'-इन्-जॅल, **Pharyngeal** (-जि-ऑल) *adjs.* pertaining to pharynx. अन्नप्रणाली सम्बन्धी; **Pharyngitis** (-जाइट्'-इस्) *n.* a disease of pharynx. इस नलिका का रोग।

Pharynx–फ़ॅर्'-इड्स – *n.* the cavity forming the upper part of gullet. उदर में भोजन, जल, इ० के जाने की नलिका।

Phase–फ़ेज़्–*n.* aspect, appearance, state of change, aspect of moon or planet. रूप, परिवर्तन की स्थिति, गति, चन्द्रमा या अन्य नक्षत्र की कला; **Phasic** (-इक) *adj.* कला सम्बन्धी।

Pheasant – फ़ेज़्'-ऑन्ट – *n.* a game-bird. तीतर पक्षी।

Phen, Pheno–फ़ेन्-(-ओ)– *prep.* pertaining to substances derived from coal-tar. उपसर्ग जो अलकतरे से निकले हुए पदार्थों में प्रयोग होता है।

Phenological–see **Phenology.**

Phenology–फ़ैं-नॉल्'-ऑज्-ई – *n.* the science of the development of animal or plant life as affected by climate. जलवायु के प्रभाव से प्राणियों तथा वनस्पतियों की उन्नति सम्बन्धी शास्त्र; **Phenological** (-कॉल्) *adj.* pertaining to phenology. इस शास्त्र सम्बन्धी।

Phenomenon – फ़ैं-नॉम्'-एन्-ऑन् – *n.* (*pl.* **Phenomena.**) thing perceived, occurrence, anything remarkable, immediate object of perception. दृष्टि विषय, घटना, अद्‌भुत पदार्थ, गोचर पदार्थ; **Phenomenal** (-ऑल्) *adj.* pertaining to phenomena. दृष्टि विषयक; **Phenomenally** (-ऑल्-लि) *adv.* in a phenomenal manner. दृष्टि विषयता से; **Phenomenalism** (-इज़्म्) *n.* philosophy which recognises only phenomena and their cause. यह सिद्धान्त कि दृष्टिविषयक पदार्थों का ही ज्ञान होता है; **Phenomenalize** (-आइज़्) *v. t.* to make phenomenal. दृष्टि विषयक करना।

Phew–फ्यू – *interj.* expressing disgust. घृणा सूचक अव्यय, छिह्!

Phial – फ़ि'-ऑल् – *n.* a small glass bottle. छोटी कुप्पी, शीशी।

Philander – फ़ि-लॅन्'-डर् – *v. i.* to make trifling love. क्षुद्र प्रेम करना।

Philanthrope–फ़िल्-ऑन्'-थ्रॉप् – *n.* a lover of mankind. जन हितैषी, मनुष्य-मात्र से स्नेह करनेवाला।

Philanthropic – फ़िल्'-ऑन्-थ्रॉप्'-इक्– *adj.* loving mankind. लोक हितैषी, सर्वजन उपकारी; **Philanthropically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a philanthropic manner. परोपकार से।

Philanthropist–फ़िल्'-ऑन्-थ्रॉ'-पिस्ट्– *n.* a benevolent person. सबसे प्रेम करनेवाला मनुष्य।

Philanthropize-फ़िल्'-ऑन्-थ्रॉप्'-आइज़्- *v. i.* & *t.* to practise philanthropy. मनुष्यों के कल्याण के लिये सर्वदा चेष्टा करना।

Philanthropy–फ़िल्'-ऑन्-थ्रॉ'-पी – *n.* practical benevolence towards mankind. विश्व प्रेम।

Philatelic-फ़िल्-ऑट्'-ऍल्-इक्-*adj.*pertaining to stamp collecting. टिकट इकट्ठा करने का।

Philatelist–फ़िल्-ऑट्'-ऍल्-इस्ट्-*n.* one who collects postage stamps. डाक के टिकट इकट्ठा करनेवाला।

Philately–फ़िल्-ऑट्'-ऍल्-ई-*n.* stamp-collecting. (डाक के) टिकट एकत्रित करना।

Philharmonic – फ़िल्-हार्-मॉन्'-इक् – *adj.* & *n.* of person who is very fond of music. गाने बजाने का अत्यन्त प्रेम करने वाले मनुष्य का।

Philippic–फ़िल्-इप्'-पिक्– *n.* a bitter invective. निन्दापूर्ण वाक्य, शाप।

Philistine–फ़िल्'-इस्-टिन्–*n.* an outsider, an uncultured person. बाहरी मनुष्य, अशिक्षित मनुष्य; *adj.* uncultured, prosaic. अशिक्षित, सामान्य (सादा)।

Philo – फ़िल्'-ओ – *pref.* in sense of 'lover.' प्रेमी अर्थ सूचक उपसर्ग; **Philobiblic** (-बिब्'-लिक्) *n.* a lover of books. पुस्तकों का प्रेमी; **Philogynist** (-जिन्-इस्ट) *n.* a lover of woman. स्त्रियों का प्रेमी।

Philologer–फ़िल्-ऑल्′-ओज्-अर्–*n.* a student of language. भाषातत्वज्ञ, शब्दशास्त्रज्ञ ।

Philological–फ़िल्-ऑल्′-ऑज्-इक्-ऑल्-*adj.* pertaining to philology. भाषा-विज्ञान सम्बन्धी; **Philologically** (-ली) *adv.* भाषाविज्ञान रीति से ।

Philologist–फ़िल्-आल्′-ओज्-इस्ट्–*n.* a student of language. शब्दशास्त्रज्ञ ।

Philogyny-फ़िल्-आज्′-इन्-ई– *n.* love of women. विलासिता ।

Philology–फ़िल्-ऑल्′-ऑज् ई – *n.* the science of language. भाषाविज्ञान, शब्दव्युत्पत्ति शास्त्र ।

Philomath–फ़िल्′-ऑ-मॅथ्-*n.* a lover of learning. विद्या का प्रेमी ; **Philomathy** (-ई) *n.* विद्यानुराग ।

Philomel-फ़िल्′-आ-मेल्-*n.* the nightingale. बुलबुल पक्षी ।

Philosopher – फ़िल्-ऑस्′-ऑ-फ़र् – *n.* one versed in philosophy. तत्वज्ञानी, दार्शनिक ।

Philosophic–फ़िल्-ऑ-सॉफ्′-इक्,**Philosophical** (-इक्-ऑल्) *adjs.* pertaining to philosophy. दार्शनिक, तत्वज्ञान सम्बन्धी ; **Philosophically** (-ली) *adv.* दर्शन के अनुसार ।

Philosophize-फ़िल्-ऑस्′-ऑ-फ़ाइज़्-*v.i.* to reason like a philosopher. तत्वनिरूपणकरण, तत्व खोजना ।

Philosophy-फ़िल्-ऑस्′-ऑ-फ़ी *n.* love of wisdom, the science which deals with the ultimate reality, cause and principles of things. विद्या का प्रेम, दर्शन शास्त्र, तत्वज्ञान; **Logical philosophy** (science of logic.) तर्कशास्त्र ; **Moral philosophy** (ethics.) नीतिशास्त्र; **Natural philosophy** (physics.) पदार्थ विज्ञानशास्त्र

Philotechnic–फ़िल्-ओ-टॅक्′–निक् – *n.* a lover of arts. कला का प्रेमी ।

Philtre,Philter-फ़िल्′-टर्-*n.* a love-potion. मन्त्रौषधि, वशीकरण चूर्ण ।

Phiz–फ़िज़् – *n.* expression of face. मुख की आकृति ।

Phlebitis–फ़्लॅब्-आइट्′-इस्–*n.* inflammation of the walls of a vein. किसी नस की दीवार में सूजन ।

Phlebotomist–फ़्लॅब्-ऑट्-ऑम्-इस्ट्–*n.* one who opens a vein to let blood. फ़स्त खोलनेवाला डाक्टर ।

Phlebotomize–फ़्लॅब्-ऑट्′-ऑम्-आइज़्-*v. t.* to let blood from a vein. फ़स्त खोलकर रक्त बहाना ।

Phlebotomy – फ़्लॅब्-ऑट्′-ऑम्-ई – *n.* the act of blood-letting as a medical operation. फ़स्त खोलना ।

Phlegm – फ़्लॅम् – *n.* a viscid fluid secreted by mucous membranes, coolness. कफ़, (बलग़म)सर्दी ; **Phlegmy** (-ई) *adj.* कफ संबन्धी ।

Phlegmatic – फ़्लॅग्-मॅट्′ - इक् – *adj.* abounding in phlegm, sluggish. कफ़मय, मन्द ; **Phlegmatically** (-ऑल्-लि) *adv.* कफ़वृद्धि से ।

Phlogistic–फ़्लो-जिस्ट्′-इक् – *adj.* inflammatory. शोथ (सूजन) सम्बन्धी ।

Phlox–फ़्लॉक्स्–*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पट्ठआ ।

Phoebus–फ़ी′-बस्–*n.* the Greek sun god. ग्रीक लोगों के सूर्य देवता ।

Phoenix–फ़ी-निक्स् – *n.* a mythical bird, paragon. एक पौराणिक पक्षी, अपूर्व व्यक्ति ।

Phonate – फ़ोन्'-एट् – *v. i.* to utter inarticulate sound. अव्यक्त शब्द उच्चारण करना ; **Phonation** (फ़ो-नें'-शन्) *n.* inarticulate utterance. अव्यक्त उच्चारण ; **Phonatory** (-टॉर् ई) *adj.* pertaining to inarticulate sound. अव्यक्त उच्चारण सम्बन्धी ।

Phonautograph–फ़ॉन्-ऑट्'-ओ-ग्रॉफ़्–*n.* an instrument for recording vibrations of sound. शब्दों के स्फुरण को अङ्कित करने का यन्त्र ।

Phone – फ़ोन् – *n.* short for 'telephone.' 'टेलिफ़ोन्' के लिये बोल चाल में प्रयोग होता है ; *n.* a simple sound. एक स्वर या व्यञ्जन का उच्चारण ।

Phonetic – फ़ो-नेंट्'-इक् – *adj.* & *n.* representing vocal sounds. स्वर-विद्या, स्वरध्वनि ; **Phonetically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a phonetic manner. स्वरध्वनि से ; **Phonetician** (-टिश्'-ॲन्) *n.* one versed in phonetics. स्वरविद्या में निपुण ; **Phonetics** (-स्) *n.* the science of sounds. स्वर शास्त्र ।

Phonic–फ़ोन्'-इक्–*adj.* pertaining to sound, acoustic. शब्द सम्बन्धी, स्वर सम्बन्धी ।

Phono–फ़ो'-नो–*pref.* for 'sound.' 'शब्द' अर्थ का उपसर्ग ; **Phonology** (-नॉल्'-ऑज् ई)*n.* the study of voice sounds. मुख से उच्चारण किये हुए शब्दों की विद्या ।

Phonogram–फ़ो'-नो-ग्रॅम्–*n.* a symbol representing sound. शब्दों के लिये चिह्न या संकेत ।

Phonograph – फ़ो'-नो-ग्रॉफ़् – *n.* an instrument for automatically recording and reproducing sound. फ़ोनोग्रॉफ़्, बोलनेवाला बाजा ।

Phonographer – फ़ो-नो - ग्रॉफ़्'-अर् – **Phonographist** (-इस्ट्) *ns.* one who is versed in phonography. संकेतिक चिह्नों द्वारा व्याख्यान लिखने में निपुण मनुष्य ।

Phonographic–फ़ो-नो-ग्रॅफ़्'-इक्–*adj.* pertaining to phonography. संकेतिक चिह्न कला सम्बन्धी ; **Phonographically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a phonographical manner. इस रीति की लिखावट से ।

Phonography–फ़ो-नो-ग्रॉफ़्'-ई–*n.* representation of sounds by distinct character. शब्दबोधक चिह्न की विद्या ।

Phosgene–फ़ॉस्'-जीन् – *n.* a poisonous gas. एक विषैली गैस ।

Phosphate – फ़ॉस्' - फ़ेट् – *n.* a salt prepared from phesphoric acid. स्फुर अम्ल (फ़ॉसफ़ोरिक् ॲसिड्) से बना हुआ एक लवण ।

Phosphene–फ़ॉस्'-फ़ीन् – *n.* appearance of luminous rings when the eye ball is pressed. आँख की पुतली दबाने पर प्रकाश मण्डल का दीखना ।

Phosphide–फ़ॉस्'-फ़ाइड् – *n.* a combination of phosphorus with other element. फ़ॉस्फ़ोरस् तथा अन्य तत्वों का मिश्रण ।

Phosphite–फ़ॉस्'-फ़ाइट्–*n.* phosphorous acid. फ़ासफ़ोरस् ॲसिड् से बना हुआ लवण ।

Phosphorate–फ़ॉस्'-फ़ॉर्-एट्–*v. t.* to combine with phosphorus. फ़ॉस्फ़ोरस् मिलाना ।

Phosphoric– फ़ॉस्-फ़ॉर्-इक, **Phosphorous** (-अस्) *adjs.* pertaining to phosphorus फ़ॉस्फ़ोरस तत्व का।

Phosphorus – फ़ॉस्-फ़ॉर्-अस् – *n.* a non-metallic substance which appears luminous in the dark. एक जलनेवाला तत्व जो अँधेरे में चमकता है।

Photo – फ़ो-टो – *n.* (*pl.* Photos.) photograph. फ़ोटो, अक्स से उतारा हुआ चित्र ; *suf.* in the sense of "light." उपसर्ग जिसका अर्थ "प्रकाश सम्बन्धी होता है ; **Photochromy** (क्रॉम्-ई) *n.* the art of photographing in colours. रंगीन फ़ोटो उतारना ; **Photogenic** (-जेन्-इक) *adj.* producing light. प्रकाश उत्पन्न करनेवाला।

Photograph– फ़ो-टो-ग्रॅफ़– *n.* a picture or portrait taken by means of chemical action on sensitized plate or film. फ़ोटो, आलोकचित्र ; *v. t.* to take a photo. फ़ोटो उतारना ; **Photographer** (-अर्) *n.* one who photographs. इस प्रकार से चित्र खींचनेवाला ; **Photographic** (-इक) *adj.* pertaining to photography. फ़ोटो सम्बन्धी; **Photographically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a photographical manner. फ़ोटो की रीति से ; **Photography** (-ई) *n.* the art of producing pictures on a chemically prepared surface by the aid of light. इस प्रकार से चित्र खींचने की क्रिया।

Photogravure – फ़ो-टो-ग्रॅव्-यूर् – *n.* a photographic negative transferred to metal plate and etched. फ़ोटो के चित्र को धातु की चद्दर पर उतार कर खोदना।

Photometer – फ़ो-टॉ-मी-टर् – *n.* an instrument for measuring intensity of light. प्रकाश की तीव्रता नापने का यन्त्र।

Photophone – फ़ो-टो-फ़ोन् – *n.* an apparatus for reproducing sound by light waves. प्रकाश द्वारा शब्द अङ्कित करने का यन्त्र।

Phototype– फ़ो-टो-टाइप् – *n.* photographic impression of an engraving on a metallic plate from which copies can be printed. धातुपट पर फ़ोटोग्रॉफ़ की सहायता से चित्र खोदने की विधि।

Phrase–फ़्रेज़्–*n.* a group of words, part of a sentence, an idiomatic expression, a short pithy expression, mode of speech. शब्द समुदाय, वाक्यखण्ड, वाक्शैली (मोहावरा), संक्षिप्त वचन, बोलने का ढंग; *v. t.* to express in words. शब्दों में प्रकाशित करना ; **Phraseogram** (-इ-ओ-ग्रॅम्) *n.* a symbol for a phrase. वाक्यखण्ड के लिये संकेत।

Phraseological – फ़्रेज़्-इ-ऑल्-ऑज्-इक्-ऑल्–*adj.* pertaining to phraseology. वाक्य रचना सम्बन्धी ; **Phraseologically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a phraseological manner. वाग्व्यवहार रीति से।

Phraseology– फ़्रेज़्-इ-ऑल्-ओ-जी–*n.* style of expression, choice of words. वाक्य रचना, वाग्व्यवहार, भाषासारणी।

Phratry–फ़्रॅट्-री – *n.* sub-division

of tribe. जाति-भेद ।

Phrenetic-फ्रेन्-ऍट्'-इक्-*adj*.frantic, mad. उन्मत्त, पागल ।

Phrenitis-फ्रेन्-आइट्'-इस्- *n*. an inflammation of the brain, attended with fever and delirium. उन्माद, सन्निपात ज्वर ।

Phrenological - फ्रेन्-ऑल्'-ऑज्-इक्-ऑल्-*adj*. pertaining to phrenology. मस्तिष्क विज्ञान सम्बन्धी ; **Phrenologically** (-ऑल्-लि) *adv*. according to phrenology. मस्तिष्क विज्ञान के सम्बन्ध में ।

Phrenology - फ्रेन्-ऑल्' -ऑज्-ई - *n*. study of the external structure of the head as an index to the position and development of the organs of thought. मस्तिष्क विज्ञान ।

Phrensy-same as **Frenzy**.

Phthisical- थाइ'-ज़िक्-ऑल्-*adj*. pertaining to phthisis. राजयक्ष्मा सम्बन्धी ।

Phthisis - थाइ'-सिस्- *n*. consumption, a wasting disease. राजयक्ष्मा, क्षयरोग ।

Phut-फट्-*n*. & *adv*. the bursting up of a bladder. फड़ाका, गुब्बारे के फटने का शब्द ।

Phyllo-फ़िल'-लो-*pref*. in sense of "leaf." "पत्ती" अर्थ का उपसर्ग; **Phylloid** (-लॉइड्) *adj*. like a leaf. पत्ती के आकार का ; **Phyllophagous** (-लॉफ्'-ऑ-गस्) *n*. leaf-eating. पत्ती खानेवाला ; **Phyllopod** (-पॉड्) *adj*. with feet in the form of a leaf. पत्ती के आकार के पैरवाला ।

Physic-फ़िज़्'-इक्-*n*. the art of healing, the medical profession. चिकित्सा, वैद्यविद्या ; *v. t.* to cure with medicine. औषधि द्वारा चिकित्सा करना ।

Physical-फ़िज़्'-इक्-ऑल्-*adj*. material, bodily, belonging to physics. स्थूल (जड), शारीरिक, पदार्थ विज्ञान सम्बन्धी ; **Physical exercise** (bodily exercise.) शारीरिक परिश्रम, कसरत ; **Physical science** (the science of matter.) पदार्थ विज्ञान ; **Physical strength** (strength of the body.) शारीरिक बल ; **Physical substance** (matter.) स्थूल द्रव्य ।

Physically - फ़िज़्'-इक्-ऑल्-ली- *adv*. in a physical manner. स्वभाव से, प्रकृति से ।

Physician- फ़िज़्'- इश्-ऑन् - *n*. one who practises the art of healing. वैद्य, चिकित्सक ।

Physicist-फ़िज़्'-इस्-इस्ट्-*n*. a student of physics. पदार्थविज्ञान का अध्ययन करनेवाला ।

Physics-फ़िज़्'-इक्स्-*n*. *pl*. the science which treats of the properties of matter. पदार्थ विज्ञान ।

Physiognomical- फ़िज़्'-इ-ऑन्-ऑम्'-इक्-ऑल्-*adj*. pertaining to physiognomy. मुख सामुद्रिक विद्या सम्बन्धी ; **Physiognomically** (-ली) *adv*. इस विद्या की विधि से ।

Physiognomist - फ़िज़्'- इ-ऑन्-ऑम्'-इस्ट्- *n*. one skilled in physiognomy. मुख सामुद्रिक ।

Physiognomy - फ़िज़्-इ-ऑन्'-ऑम्-ई- (-फ़िज़्-इ ऑग्'-नॉ-मी) *n*. the art of discerning character from the

feature of face. आकृति, सामुद्रिक मुख-लक्षण निरूपण ।

Physiographer-फ़िज़्'-इ-ऑग्-रॅफ़्-अर्-*n.* one versed in physiography. प्राकृतिक भूगोल में पण्डित ।

Physiographical-फ़िज़्'-इ-ऑग्'-रॅफ़्-इक्-ऑल्-*adj.* pertaining to physiography. प्राकृतिक भूगोल सम्बन्धी ।

Physiography-फ़िज़्'-इ-ऑग्'-रॅफ़्-ई-*n.* physical geography. प्राकृतिक भूगोल ।

Physiological-फ़िज़्'-इ-ओ-लॉज्'-इक्-ऑल् *adj.* pertaining to physiology. देह व्यापार शास्त्र सम्बन्धी ; **Physiologically** (-ली) *adv.* according to physiology. इस विद्या के अनुसार ।

Physiologist-फ़िज़्'-इ-ऑल्'-ऑ-जिस्ट्-*n.* one versed in physiology. शरीर धर्म विज्ञान में निपुण ।

Physiology - फ़िज़्'-इ-ऑल्'-ओज्-ई-*n.* the science of the properties and functions of living beings in normal condition. शरीर की स्वस्थ अवस्था के गुण धर्म की विद्या ।

Physique - फ़िज़् - ईक्' - *n.* bodily structure, constitution. शरीर की बनावट, डील डौल ।

Piacular-पि-ॲक्'-यू-लॅर्-*adj.* expiatory. पापनाशक ।

Piamater-पि-ॲ'-मॅटर्-*n.* innermost membrance. सबसे भीतरी झिल्ली ।

Pianino-पि-ॲन्-ई'-नो - *n.* a small piano. एक छोटे प्रकार का पियानो बाजा ।

Pianist-पी'-ॲन्-इस्ट् - *n.* one who plays on a piano. पियानो बाजा बजानेवाला ।

Piano-पि-ॲन्'-नो-**Pianoforte**(-फ़ोर्ट्टे) *n.* (*pl.* Pianos.) a musical instrument with metal strings which are struck by keys. पियानो नामक अंग्रेज़ी बाजा ।

Pica-पाइ'-कॅ-*n.* a size of type. छापे का 'पाइका' नामक अक्षर ।

Picador-पिक्'-ॲ-डोर-*n.* a mounted lance-fighter. बर्छीवाला घोड़सवार ।

Picaroon-पिक्'-ॲ-रून्-*n.* a pirate. समुद्री लुटेरा ; *v. t.* to act as a picaroon. ऐसे लुटेरे का कार्य करना ।

Piccolo-पिक्'-को-लो-*n.* (*pl.* **Piccolos.**) a small flute. छोटी बाँसुरी ।

Pice-पाइस्-*n.* (*sing.&pl.*) an Indian coin worth one-fourth of an anna. पैसा ।

Pick-पिक्-*n.* a tool for breaking up hard ground, selection. फाँड़ा (गैंता), चुनाव ; **Ear-pick** (an appliance for picking the ear.) कानखोदनी ; **Pickaxe** (curved axe.) कुदाली ; **Pickpocket** (one who steals from the pocket of another.) गिरहकट, ठग ; **Toothpick** (an appliance for cleansing teeth.) दँतखोदनी ।

Pick-पिक्-*v. t.* & *i.* to break the surface of, to make hole in, to pluck, to gather, to probe, to cleanse, to strike with the bill, to select carefully, to open, to pull asunder. खोदना, छेदना, नोचना, इकट्ठा करना, चुभाना, साफ़ करना, चोंच मारना, चुनना, खोलना, फाड़ना ; **Pick-a back** (in the manner of carrying on shoulders.) पीठपर लादना ; **Picked** (-इ) *adj.* pointed, gath-

ered. नोकीला, चुना हुआ; **Picker** (-अर्) *n.* one who picks. इकट्ठा करनेवाला; **Pick me up** (a kind of wine.) उत्तेजक शर्बत या मदिरा; **To pick holes in** (to find fault with.) दोष निकालना; **To pick off** (to pluck off, to shoot persons &c. deliberately one by one.) नोचना, एक एक करके गोली से मारना; **To pick out** (to select, to make out.) निकालना, अलगाना; **To pick up** (to gather.) एकट्ठा करना।

Pickerel–पिक्'-ऍर्-ऍल्–*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की मीठे पानी की मछली।

Picket–पिक्'-ऍट्–*n.* a sharp pointed stake, a body of troops, persons dissuading strikes. नोकदार छड़, (खूँटा), सेना दल, हड़तालियों के रोकनेवाले; *v.t.* (*p. t.* **Picketed.**) इस प्रकार धरना देना; **Picketing** (-इङ्ग्) *n.* हड़तालियों को रोकने की क्रिया।

Pickle– पिक्'-कल्– *n.* a liquid for preserving vegetables &c., a solution of salt and water, a mischievous child. अचार या मुरब्बे के लिये अर्क, खारा जल, दुष्ट बालक; *v.t.* to preserve in pickle. अचार या मुरब्बा बनाना।

Picksome-पिक्'-सम्–*adj.* fastidious. दुराराध्य, उपेक्षा करनेवाला।

Pickwick– पिक्'-विक्– *n.* a kind of cheap cigar. एक प्रकार की सस्ती चुरुट।

Picnic – पिक्' निक् – *n.* a pleasure party out of doors. वन भोजन, बाहरी जलसा; *v. i.* (*p. t.* **Picnicked.**) to take part in picnic. ऐसे विहार में भाग लेना; **Picnicker** (-अर्) *n.* ऐसा जलसा करनेवाला।

Picot– पि'-को– *n.* a small loop in the edge of lace. फ़ीते के किनारे का छोटा फन्दा।

Picquet–पिक्'-ऍट्–see **Piquet.**

Picric–पिक्'-रिक्–*adj.* (**Picric acid**–ऍ-सिड्) a substance used in dyeing and explosives. एक पीला पदार्थ जो रँगने तथा पड़ाका बनाने में उपयोग होता है

Pict–पिक्ट्–*n.* the former residents of the N. E. of Scotland. स्काट्लैन्ड् के पूर्वोत्तर प्रदेश के आदि निवासी।

Pictograph–पिक्'-टो-ग्रॉफ्–*n.* a pictorial symbol. चित्र रूप का संकेत; **Pictographic** (-इक्) *adj.* चित्र संकेत सम्बन्धी; **Pictography** (-ई) *n.* symbolising pictures. चित्र संकेत लिखना या बनाना।

Pictorial – पिक्-टोर्'-इ-ऑल्– *adj.* of pictures, illustrated. सचित्र (चित्र-लिखित), चित्रमय; **Pictorially** (-ली) *adv.* चित्र रूप में।

Picture–पिक्ट्'-यूर्– *n.* a painting or drawing of an object, a portrait, scene, a beautiful object. चित्र (तस्वीर), प्रतिमा, दृश्य, सुन्दर पदार्थ; *v. t.* to describe vividly, to imagine to oneself. चित्रित करना, मन में विचारना; **Picture book** (a book for children full of pictures.) बच्चों के पढ़ने की चित्रपूर्ण पुस्तक; **Picture gallery** (an apartment for the display of pictures.) चित्रावली, चित्रशाला; **Picture palace** (a cinema theatre.) चलते फिरते चित्र दिखलाने का नाटकघर।

Picturesque–पिक्ट्-यूर्-ऍस्क्'–*adj.* like

a picture, a striking picture, graphic, vivid. चित्र के सदृश, अपूर्व चित्र, स्फुट, स्पष्ट; **Picturesquely** (-ली) *adv.* अपूर्वता से; **Picturesqueness** (-नैंस्) *n.* विचित्रता, सुन्दरता।

Piddle–पिड्'-इल् – *v. t.* to work in a trifling manner. क्षुद्र प्रकार से कार्य करना।

Pidgin–पिज्'-इन् – *n.* words of different languages muddled up. अनेक भाषा के शब्दों की खिचड़ी।

Pie–पि-*n.* fruit crust covered with paste and baked, a magpie. कचौड़ी, समोसा, एक प्रकार की छोटी चिड़िया; *v. t.* to mix types. टाइप को मिलावट करना; **Piebald** (-बाल्ड्) *adj.* of black and white colour. मिले हुए काले और सफ़ेद रङ्ग का।

Piece–पीस्-*n.* a portion of a thing a fragment, detached portion, example, literary or artistic composition, a picture, a single article. खण्ड, टुकड़ा, भाग, आदर्श, साहित्यिक लेख, चित्र, एक अदद; *v. t.* to mix, to mend, to patch. मिलाना, जोड़ना, पैवन्द लगाना; **To break to pieces** (to make fragments.) टुकड़े टुकड़े करना; **Piece of poetry** कविता, श्लोक; **Piece of work** (specimen.) कार्य; **Piece of water** (sheet of water.) जलाशय; **Of a piece** (of the same sort.) एक ही प्रकार का; **Piece goods** (textile fabrics.) बने हुए कपड़े के थान; **Piecemeal** (made of pieces, little by little.) अलग अलग, टुकड़े टुकड़े; **Pieceless** (-लैस्) *adj.* not made of pieces. अखण्ड।

Pied–पाइड्-*adj.* of several colours, variegated. चितकबरा, रङ्गबिरङ्गा।

Pier–पिअर्–*n.* a structure in water used as a landing stage, breakwater. सेतुबन्ध, घाट; **Pierage** (-एज्) *n.* toll for using a pier. घाट का कर; **Pier glass**. बड़ा दर्पण।

Pierce-पियर्स्-*v. t.* & *i.* to penetrate, to make hole in, to thrust into. प्रवेश करना, छेदना, घुसना या घुसाना; **Pierceable** (-ऐब्-ल्) *adj.* छेदने योग्य; **Pierced** (-ड्) *adj.* छेदा हुआ; **Piercer** (-अर्) *n.* he who pierces, a piercing tool. वेध करनेवाला, वेधनेवाला शस्त्र।

Piercing–पियर्स्'-इङ्ग्–*adj.* penetrating with force, keen. भेद (छेद) ने वाला, तीखा; **Heart piercing** (thrilling) हृदयवेधी; **Piercingly** (-ली) *adv.* छेदते हुए; **Piercingness** (-नैस्) *n.* भेदता।

Pietism–पि-ऐट्'-इज़्म् – *n.* principles of piety. पुण्यशीलता।

Pietist–पि-ऐट्'-इस्ट्–*n.* a pious person. धर्मात्मा।

Piety-पि'-ए-टी-*n.* reverence for God, duty of reverence, the quality of being pious. धर्मनिष्ठा, ईश्वरभक्ति पुण्यता।

Piezometer–पि-ऐ-ज़ाम्'-ऐट्-अर्–*n.* an instrument for measuring pressure. दबाव नापने का यन्त्र।

Piffle–पिफ़्'-फ़ल्–*v.i.* to talk feebly. धीमे से बोलना।

Pig–पिग्–*n.* swine, hog, a young boar or sow, molten metal. सुअर, सुअर का बच्चा, ढाला हुआ धातु; *v. i.* & *t.* (*p.t.* **Pigged**.) to herd together

pigs. सुअरों को इकट्ठा करना; **Guinea pig** (a greedy or obstinate person.) लालची या हठी मनुष्य; **Pigheaded** (obstinate.) हठी; **Pig iron** (iron in pigs.) खान से निकला हुआ लोहा; **Piglike** (resembling a pig.) सुअर की तरह का; **Pigling** (a small pig.) छोटा सुअर; **Pig-livered** *adj.* timid. डरपोक; **Pig-eyed** *adj.* having small sunken eyes. धँसी हुई छोटी आँखवाला; **Pigs might fly** (wonders might happen.) विलक्षण घटना हो सकती है।

Piggish–पिग्'-गिश् – *adj.* pertaining to pigs. शूकरवत्; **Piggishly** (-ली) *adv.* हठ से; **Piggishness** (-नैस्) *n.* obstinacy, poverty. हठ, दरिद्रता।

Pigsty–पिग्'-स्टी – *n.* a pen of pigs. सुअर बाड़ा।

Pigeon-पिज्'-अन्-*n.* a dove-like bird of several colours. कपोत, कबूतर; *v. t.* to put into a pigeon-hole, to cheat (in gambling.) खाने में कागज इत्यादि रखना, (जुवे में) धोखा देना; **Carrier-pigeon** (a pigeon trained to carry messages.) समाचार ले जानेवाला कबूतर; **Pigeon-hearted** (timid, easily frightened.) भीरुहृदय, कादर; **Pigeon-hole** (set of compartments for paper &c.) अलमारी में कागज इत्यादि रखने के छोटे छोटे खाने; **Pigeonry** (-री) *n.* pigeon house. कबूतर का दर्बा।

Piggery–पिग्'-अर्-ई–*n.* a place for pig breeding, a dirty place. सुअर पालन का स्थान, गंदी जगह।

Pigment–पिग्'-मेन्ट–*n.* a colouring matter used as a paint. रँगने का कोई पदार्थ, रंग; **Pigmental** (।-ऑल्) *adj.* रङ्गका; **Pigmentary** (-ऑर्-ई) *adj.* रङ्ग रोग़न का।

Pigmy, Pygmy-पिग्'-मी-*n.* a dwarf. वामन, बौना।

Pigtail–पिग्'-टेल् – *n.* a thin roll of tobacco, a plait of hair hanging on the back. तमाखू की बीड़ी, बालों की चोटी; **Pigtailed** (-ड्) *adj.* चोटीदार।

Pike–पाइक्–*n.* a spike or lance, a spear, a kind of fish. बर्छी, भाला, एक प्रकार की मछली; *v. t.* to thrust through. घुसाना, भोंकना; *n.* a toll. चुङ्गी; **Piked** (-ड्) *adj* pointed. नोकदार; **Pikeman** *n.* बल्लम धारी; **Pikestaff** (-स्टाफ्) *n.* the shaft of a pike. बर्छी की डण्डी।

Pilaster–पिल्-ऑस्'-टर्–*n.* a square pillar. चौकोर खम्भा।

Pilch–पिल्च् – *n.* a small wrapper for infants. बच्चों की गतिया।

Pilchard–पिल्'-चॉड्ड–*n.* a kind of oat. एक प्रकार की जई।

Pile–पाइल् – *n.* a pointed post, a heap, support of bridge, soft hair. नोकीला लट्ठा, ढेर, पुल का आधार, रोवाँ; *v. t.* to lay in a heap. ढेर लगाना; **Funeral pile** (funeral pyre.) चिता; **Pile-driver** (a machine for drawing piles.) लट्ठा गाड़ने का यन्त्र; **Piler** (-अर्) *n.* one who piles. ढेर लगानेवाला; **To pile on** (to heap on. ढेर लगाना, इकट्ठा करना।

Piles–पाइल्ज़–*n. pl.* a disease of the lower rectum. अर्श रोग, बवासीर।

Pilfer–पिल्'-फर् – *v. t.* & *i.* (*p. t.*

Pilfered.) to steal in small quantities. थोड़ा थोड़ा करके चोराना ; **Pilferage** (-एज्) *n.* stealth. चोरी ; **Pilferer** (-अर्) *n.* चोर, ठग; **Pilfering** (-इङ्ग्) *n.* ठगी, चोरी ; **Pilferingly** (-ली) *adv.* ठगी से ।

Pilgarlic–पिल्-गॉर्'-लिक्–*n.* a bald-headed person. चँदवर मनुष्य ।

Pilgrim – पिल्'-ग्रिम् – *n.* one who makes a journey to sacred places, a traveller. तीर्थसेवी, यात्री ; *v. i.* to wander like a pilgrim. तीर्थसेवी की तरह यात्रा करना ।

Pilgrimage–पिल्'-ग्रिम्-एज्–*n.* reverential journey. तीर्थ यात्रा, तीर्थ गमन; *v. i.* to go on pilgrimage. तीर्थ यात्रा करना ; **Place of pilgrimage** तीर्थ स्थान ।

Piliferous-पि-लिफ़्'-ऍर्-अस्-*adj.* having hair. रोवेंदार ।

Piliform – पि'-लि-फ़ॉर्म् – *adj.* full of hair. रोवें से पूर्ण, रोवेंदार ।

Pill–पिल्– *n.* a medicine in the form of a little ball. गुटिका, गोली ; *v. t.* to plunder. लूटना ।

Pillage–पिल्'-लेज्–*n.* plunder. लूट ; *v. t.* to strip of money. लूटना, छीनना; **Pillager** (-अर्) *n.* लूटनेवाला

Pillar-पिल्'-लॉर्-*n.* a post, a column, anything used as support. स्तम्भ, खम्भा, आधार ; *v. t.* to support with pillar. स्तम्भ की तरह आश्रय देना ; **Driven from pillar to post** (*i. e.* from one support to another.) एक आश्रय से दूसरे आश्रय को फेंका हुआ ; **Pillar of faith** (support of belief.) श्रद्धा स्थान ; **Pillar of justice.** न्याय का आधार ।

Pillion – पिल्'-यॉन् – *n.* a cushion attached to the back part of a saddle. काठी के पिछली ओर लगी हुई गद्दी

Pillory– पिल्'-लॉर्-ई– *n.* a wooden frame with holes for inserting the head and hands of a criminal. लकड़ी का कटघरा जिसके छिद्र में अपराधी के मस्तक तथा हाथ जकड़ दिये जाते थे ।

Pillow–पिल्'-लो– *n.* a cushion used as a support for the head. उपधान, तकिया ; *v. i.* to lay for support. तकिया लगाना ; **Pillow case.** तकिये की खोल ; **To take counsel of ones's pillow** (to take a night to reflect.) विचार करने के लिये रात भर का अवसर लेना ।

Pilose– पि'-लोस्– *adj.* covered with hair. रोवाँ भरा हुआ ।

Pilosity–पिल्-ऑस्'-इ-टी–*n.* hairiness. रोवाँपन ।

Pilot– पि'-लॉट्– *n.* one who steers a ship, one who navigates an aeroplane, a guide नौका वाहक, (माँझी), हवाई जहाज हाँकनेवाला, कर्णधार : *v. t.* (*p. t.* **Piloted**) to lead the way, to steer a ship. मार्ग दिखलाना, (जहाज चलाना); **Pilotage** (-एज) *n.* fee of a pilot. माँझी का वेतन ; **Pilot balloon** *n.* balloon used for discovering the direction of the wind. वायु की दिशा जानने के लिये उड़ाया हुआ बैलून ; **Pilot-boat** *n.* a boat used by pilots. नाविक के प्रयोग में लाने की नाव ; **Pilot engine** (leading engine of a train.) रेल का रास्ता साफ़ करनेवाला

इज़न, **Pilotless**(-लैस्)*adj.* without a pilot. बिना माँझी का।

Pilular–see **Pilule.**

Pilule–पिल्'-यूल्– *n.* a small pill. छोटी गोली; **Pilular** (-यू-लॅर्), **Pilulous** (-लस्) *adjs.* pertaining to pills. छोटी गोली का।

Pimp–पिम्प्–*n.* a pander. संचालक,विट

Pimpernel – पिम्'-पर्-नैल् – *n.* an annual found on waste ground. एक जंगली पौधा।

Pimping – पिम्'-पिङ्ग् – *adj.* small, mean. छोटा, क्षुद्र।

Pimple–पिम्'-पल्–*n.* a small tumour on the skin. फुन्सी, डोड़सा, (मुहासा) **Pimpled** (-ड्), **Pimply** (-ली)*adjs.* having pimples. फुन्सीदार

Pin–पिन्–*n.* a thin wire with a sharp point on one end and a knob on the other, used for fastening paper, cloth &c. a peg of wood, a needle. आलपीन, खूँटी, सुई; *v. t.* (*p. t.* **Pinned**.) to fasten with a pin. आलपीन लगाकर बांधना; **Not to care a pin** (not to care a whit for.) कुछ भी चिन्ता न करना; **Pin cushion** (a small cushion for fixing pins.) आलपीन खोसने की गद्दी; **Pin-hole**(a very small hole.) महीन छेद; **Pin-money** (annual allowance to women for dress &c.) स्त्रियों के छोटे छोटे व्यय के लिये दिया हुआ धन।

Pinafore–पिन्'-ऑ-फ़ोर्– *n.* a cover for protecting a child's frock from dirt. बच्चे की ओढ़नी।

Pince-nez – पिन्स्'-नें – *n.* a pair of eye-glasses with springs to clip the nose. नाक पकड़नेवाला चश्मा।

Pincers– पिन्'-सर्स्– *n. pl.* gripping tool like pliers with short jaws. छोटे मुँह की पकड़ने की सँड़सी।

Pinch–पिन्श्–*v. t.* & *i.* to nip between tips of fingers and thumb, to extort money, to urge, to rob. चिकोटी काटना, धन छीनना, प्रेरणा करना, लूटना : *n.* the act of pinching, a small portion taken between the tips of fingers. चिकोटी, चुटकी-भर; **None but the wearer knows where the shoe pinches** (only those engaged in an enterprise know its difficulties.) बाँझ प्रसव वेदना क्या जाने; **Pinchbeck** (a gold-like alloy.) एक प्रकार का बनावटी सोना; **Pinch of snuff** (a small quantity of snuff.) एक चुटकी सुँघनी; **Pinching of shoes** जूते का काटना।

Pine–पाइन्– *n.* a genus of trees which yield turpentine. चीड़ का पेड़, देवदार; *v. i.* to waste away. सूख जाना।

Pine-apple–पाइन्'-ऍप्-पल्– *n.* a tree like plantain. अनानास का वृक्ष, इसका फल।

Pineal–पाइन्'-ईअल्–*adj.* resembling pine. चीड़ की पत्ती के सदृश।

Pinery–पाइन्'-री–*n.* a place where pine- apples are grown. अनानास बोने का स्थान।

Pinfold–पिन्'-फ़ोल्ड्– *n.* a pound for shutting up stray cattle. घूमनेवाले मवेशियों को बन्द करने का स्थान।

Ping – पिङ्ग्–*n.* a ringing sound. सन् सन् का शब्द ; *v. i.* to whistle. सन् सन् शब्द करना ।

Ping-pong – पिङ्ग्-पॉङ्ग् – *n.* table-tennis. एक प्रकार का टेबुल पर खेलने का गेंद का खेल ।

Pinguid-पिङ्-ग्विड्-*adj.* oily, greasy. तेलमय, स्निग्ध ।

Pinhole, Pinmoney see **Pin.**

Pining–पाइन्-इङ्ग्–*n.* distress, anxiety. दुख, उत्कण्ठा ।

Pinion – पिन्-यॉन् – *n.* the end of wing, a small wheel connected with a big one. डैने की नोक, बड़ी पहिये से मिली हुई छोटी पहिया ; *v. t.* to bind the wings of birds or arms of a person. डैना बाँधना, मुशुक बाँधना ।

Pink–पिङ्क्–*n.* a plant with fragrant flowers, light rosy colour. एक सुगन्धित फूल, गुलाबी रंग ; *adj.* of rosy colour. गुलाबी रंग का ; *v. t.* to pierce with sword, to adorn. तलवार भोंकना, आभूषित करना ; **Pinkish** (-इश्) *adj.* somewhat pinky. थोड़ा गुलाबी ; **Pinkiness** (-ई-नेस्) गुलाबीपन ; **Pinky** (- ई) *adj.* of pink colour. गुलाबी ।

Pinna–पिन्-नॉ–*n.* (*pl.* **Pinnæ**) the upper broad part of the external ear. कान का ऊपरी चौड़ा भाग ।

Pinnacle – पिन्-नॉ-कल्–*n.* an ornamental turret. अटारी, बुर्जी ; *v. t.* to set on pinnacle. बुर्जी लगाना ।

Pinnate – पिन्-नेट् – *adj.* having leaves on each side of the stalk. डण्ठी के दोनों ओर की पत्तीवाला ; **Pinnated** (-एँड्) *adj.* pinnate. फैला हुआ; **Pinnately** (-ली) *adv.* in a pinnate manner. फैले हुए ।

Pinner–पिन्-नर्–*n.* one who pins. अलपीन खोंसनेवाला ।

Pinnule-पिन्-न्यूल्–*n.* an organ like a small wing. छोटे डैने के सदृश अंग ।

Pinny-पिन्-नी-*adj.* childish. बचपन का

Pint–पाइन्ट्–*n.* a measure of capacity for liquids, half a quart. प्रायः डेढ़पात्र की नाप ।

Pintado – पिन्-टॉ-डो–*n.* a guinea-fowl. एक प्रकार का मुर्गा ।

Pintle–पिन्-टल्–*n.* a bolt on which a part of a machine revolves. यंत्र की चूल जिस पर कोई पुर्जा घूमता है ।

Pioneer – पि-ऑन्-इअर् – *n.* a foot-soldier who marches before to prepare the way for others, an original explorer. अग्रसर, मार्ग दर्शक, आगे जानेवाला; *v.t.* to act as a pioneer. मार्ग दिखलाना, रास्ता बतलाना ।

Pious – पि-अस्– *adj.* devout, religious. धार्मिक, पुण्यात्मा ; **Piously** (-ली) *adv.* devoutly, religiously. भक्ति से; **Piousness** (-नेस्) *n.* भक्ति ।

Pip – पिप्–*n.* each spot on playing cards, seed of certain fruits. ताश के पत्ते में की चित्ती, फलों के छोटे बीज; *v.t.* (*p.t.* **Pipped.**) to defeat, to shoot. हराना, गोली मारना ; **Pipless** (-लैस्) *adj.* without a pip. बिना बीज का ।

Pipe–पाइप्–*n.* a tube, a musical wind-instrument, song of a bird, cask of wine. नाली, बाँसुरी, पक्षी की बोली, मदिरा का पीपा; *v. t.* to play on pipe. बाँसुरी या सीटी बजाना ; **Tobacco-pipe** (a smoker's pipe.) चिलम ; **To pipe**

one's eyes (to weep.) रोना; To pipe up. बाँसुरी बजाना आरम्भ करना ; To smoke a pipe. हुक्का पीना ।

Pipe clay – पाइप्-क्लें′ – *n.* clay for making tobacco pipe. चिलम बनाने की मिट्टी ।

Pipeful–पाइप्′-फ़ुल्-*adj.* as much as a pipe can contain. नली भर; **Pipeless** (-लैस्) *adj.* बिना नली का ।

Piper – पाइप्′-अर्–*n.* one who plays on a pipe. बाँसुरी बजानेवाला ।

Pipette – पिप्′-ऍट्–*n.* a small pipe. पतली नलिका ।

Piping–पि′-पिङ्ग्–*adj.* shrill, boiling. तीखा, खौलता हुआ ।

Pipkin–पिप्′-किन्–*n.* a small earthen pot. मिट्टी का छोटा पात्र ।

Pippin–पिप्′-इन्-*n.* a kind of apple. एक प्रकार का सेब ।

Piquancy–पि-कॉन्′-सी-*n.* sharpness, pungency. तीक्ष्णता, चरपरापन ।

Piquant – पी′ - कान्ट् – *adj.* sharp, pungent, agreeable, stimulating. तीखा, चटपटा, रोचक (स्वादिष्ट), उत्तेजक ; **Piquantly** (-ली) *adv.* तीक्ष्णता से ।

Pique – पीक् – *n.* offence, ill-will, resentment. अप्रसन्नता, रोष, कलह ; *v.t.* to irritate, to stimulate. उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना ।

Piquet–पिक्′-एट्–*n.* a kind of card game. एक प्रकार का ताश का खेल ।

Piracy– पि′-रीं-सी – *n.* the crime of robbing on the sea, an infringement of the law of copyright. समुद्री डकैती, ग्रन्थकर्त्ता की आज्ञा के बिना उसके ग्रन्थ को छापकर लाभ उठाना ।

Pirate–पि′-रेट्–*n.* a sea-robber, one who infringes the copyright of another. समुद्री डाकू, दूसरे के अधिकार को छीननेवाला ; *v. t.* to rob on the sea. समुद्र पर डाका डालना ।

Piratical–पाइ-रीट्′-इक्-ऑल्–*adj.* pertaining to a pirate. समुद्री डाकू सम्बन्धी ; **Piratically** (- लि) *adv.* डाका डालते हुए ।

Piscary–पिस्′-कॉर्-री–*n.* the right of fishing in another's waters. दूसरे के जल में मछली मारने का अधिकार ।

Piscator – पिस्-कें′-टॉर्–*n.* an angler. मछली फँसाने वाला ।

Pisces-पिस्′-इज़्-*n.pl.* fishes, the twelfth sign of Zodiac. मछलियाँ,मीन राशि

Piscina–पिस्′-सि-नीं–*n.*(*pl.* **Piscinæ**, **Piscinas**) a pond for rearing fishes. मछली पालने का कुण्ड ।

Piscine–पिस्′-सीन्–*adj.* of fish. मत्स्य सम्बन्धी; *n.* a bathing pool.स्नान कुण्ड

Piscivorous–पिस्-सिव्′-ऑर्-अस्– *adj.* fish-eating. मछली खानेवाला ।

Pish – पिश्–*interj* expressing contempt. तिरस्कार सूचक अव्यय ।

Pisiform – पिस्′-इ-फ़ार्म्–*adj.* of the shape of a pea. मटर के आकार का ।

Piss–पिस्–*v. i.* to make water, to wet with urine. पेशाब करना ।

Pistashio – पिस्-टें′ - शो – *n.* a tree which yields nut with green kernel. पिस्ता ।

Pistil – पिस्′-टिल् – *n.* the female organ of flower. गर्भ केसर ; **Pistillary** (-ऑर्-ई) *adj.* growing on the pistil. गर्भ केशर पर उगनेवाला ।

Pistol-पिस्′-टॉल्-*n.* a small fire-arm. पिस्तौल ; *v. t.* to shoot with a pis

tol. पिस्तौल चलाना, पिस्तौल से मारना।

Pistolgraph–पिस्-टॉल्'-ग्रॉफ् – *n.* an apparatus for obtaining instantaneous photograph. चलती फिरती वस्तु की फोटो खींचने का यन्त्र।

Piston – पिस्'-टान् – *n.* a closely fitting disk of a pump. पिचकारी का डट्टा (इस प्रकार का यन्त्र का भाग)।

Pit–पिट – *n.* a hole in the ground, a trap for wild beasts, the grave. बिल (छेद, गड्ढा), जङ्गली पशुओं के फँसाने की जाल, कब्र ; *v. t.* (*p. t.* **Pitted**) to place in a pit, to make pits. गड्ढे में रखना, गड्ढा बनाना ; **Pitfall** (a trap for catching animals.) अन्धकूप, फँसाने का स्थान; **Pit of stomach** (depression in the belly.) नाभि ; **The pit** (hell.) पाताल, नरक ; **To dig a pit for** (to try to ensnare.) फँसाने का प्रयत्न करना।

Pitapat – पिट्'-अी-पॉट – *adv.* with a flutter. थपथपाहट का शब्द करते हुए।

Pitch–पिच् – *n.* a black tenacious substance got from distilling coal tar, resin from pine trees. राल, धूना ; *n.* a mode of bowling, the height to which a falcon soars, height, intensity, steepness. गेंद फेंकने की विधि, ऊंचाई, हद, चढ़ाव ; *v. t.* & *i.* to cover with pitch, to fix, to erect, to plant, to pave in stone, to throw, to settle, to encamp. राल पोतना, गाड़ना, खड़ा करना, बैठाना, गिट्टी या पत्थर बैठाना, फेंकना, स्थिर करना, डेरा डालना; **Mineral pitch** शिलाजीत;**Pitched-battle** (a set kind of battle.) स्थायीरूप का युद्ध; **Pitch-black** (deep black colour.) गहरा काला रङ्ग ; **Pitch darkness** (heavy darkness with no light at all.) घनघोर अन्धकार ; **To pitch in** (to begin work.) कार्य आरम्भ करना ; **To pitch into** (to make an attack.) आक्रमण करना; **To pitch upon** (to select.) चुनना।

Pitcher – पिच्'-अर्–*n.* an earthenware vessel to hold liquids, a street vendor. कलश (घड़ा, मटका), सड़क पर दूकान लगानेवाला बिसाती ; **Pitchful** (-फुल्) *adj.* as much as a pitcher can contain. घड़ाभर।

Pitchfork – पिच्'-फ़ार्क् – *n.* a long handled fork for pitching hay &c. सूखी घास इत्यादि की टाल लगाने का नोकदार डण्डा ; *v. t.* to thrust forcibly into. ऐसे डण्डे से गट्ठा फेंकना।

Pitchy–पिच्'-ई–*adj.* dark as pitch. अलकतरे की तरह काला।

Piteous–पिट्'-इ-अस् – *adj.* demanding pity, sorrowful. करुणा योग्य (दीन), दयापात्र; **Piteously** (-ली)*adv.* sorrowfully. कृपा पूर्वक, दया से ; **Piteousness** (-नैस्) *n.* दीनता।

Pitfall–see **Pit**.

Pith–पिथ्–*n.* a soft spongy tissue in plants, the essential part, energy, strength, force. मज्जा, (रस), सार, बल, शक्ति; *v. t.* to divide the spinal cord of. मज्जा काटकर हत्या करना ; **Pithless** (-लैस्) *adj.* destitute of pith. निःसार, नीरस ; **Pithily** (-इ-ली)*adv.* energetically. बलपूर्वक; **Pithiness** (-नैस्) *n.* शक्ति,

बल पूर्वक ; **Pithy** (-ई) *adj.* forcible, energetic. सारपूर्ण, तेजस्वी ।

Pithecoid-पि-थी'-कॉएड् – *adj.* ape-like. बन्दर के समान ।

Pitiable-पिट्'-इ-ॲ-ब्ल्-*adj.* deserving pity, miserable. दया योग्य, दीन; **Pitiableness** (-नैस्) *n.* दयालुता ; **Pitiably** (-ॲब्-ली) *adv.* दया से, दीनता से ।

Pitiful-पिट्'-इ-फुल्-*adj.* compassionate. करुणमय, दयापूर्ण ; **Pitifully** -फुल्-ली) *adv.* compassionately. दयालुता से, कृपा से; **Pitifulness** (-नैस्) *n.* the quality of being pitiful. दयालुता, करुणा ।

Pitiless-पिट्'-इ-लैस्-*adj.* merciless. निर्दय, क्रूर ; **Pitilessly** (-ली) *adv.* mercilessly. निर्दयता से ; **Pitilessness** (-नैस्) *n.* the quality of being pitiless. निर्दयता ।

Pitman-पिट्'-मैन्-*n.* a worker in a pit. गड्ढे मे काम करने वाला ।

Pittance-पिट्'-टैन्स् – *n.* an allowance or remuneration, a small quantity. पारिश्रमिक, अल्प परिमाण ।

Pituitary-पिट्-यू'-इट् ॲर्-ई – *adj.* of phlegm, mucous. कफ निकालनेवाला, कफ सम्बन्धी ।

Pity-पिट्'-ई-*n.* a feeling of tenderness, compassion. दया, करुणा ; *v. t.* (*p. t.* **Pitied**.) to feel pity for. दया करना, कृपा दिखलाना ; **For pity's sake** (in sympathy for.) दया करके, **Pityingly** (-इइग् ली) *adv.* with sympathy. दया से ; **To take pity on** (to have compassion on) दया करना; **What a pity !** (ground for regret.) अरे क्या आपत्ति आ गई !

Pivot-पिव्'-ॲट्-*n.* a pin or short shaft on which something revolves, the central point. चूल या कील जिस पर कोई यन्त्र घूमता है, प्रधान आधार ; *v.t.* to place on a pivot. चूल लगाना; **Pivotal** (-ॲल्) *adj.* चूल का ।

Pixy, Pixie-पिक्स्'-ई – *adj.* similar to a fairy. परी सदृश ।

Pizzle-पिज़्'-ज़्ल्- *n.* the male copulative organ of animals. पशुओं का शिश्न या लिङ्ग ।

Placability – प्लैक्' - ॲब्-इल्-इट्-ई- **Placableness** (-नैस्) *ns.* the quality of being appeasable. क्षमाशीलता ।

Placable-प्लैक्'-ॲ-ब्ल् – *adj.* what may be easily appeased, mild. क्षमाशील, आराध्य, सहज में सन्तुष्ट होनेवाला; **Placably** (-ॲब्-ली) *adv.* आराधना से

Placard – प्लै-कार्ड्' – *n.* a printed paper for posting up, a poster. घोषणापत्र, विज्ञापन पत्र ; *v. t.* to notify by a placard. दीवार पर विज्ञापन चपकाना ।

Placate-प्लै-केट्'-*v.t.* to conciliate, to appease. शान्त करना, सान्त्वन करना

Place – प्लेस् – *n.* locality, part of space, grade, city or town, dwelling, building, calling, residence occupation. स्थान, भूमि, पद (अधिकार), निवासस्थान, नगर, घर, उद्यम, प्रसङ्ग ; *v. t.* to put in a particular place, to fix. नियुक्त करना, स्थिर करना, (लगाना) ; **In one place** (somewhere.) कहीं पर ; **In the first place** (firstly.) पहिली बार ; **In the**

next place (secondly.) और भी; **Out of place** (inappropriate, unsuitable.) अनुचित, अयोग्य; **Place for dancing** (dancing-hall.) नृत्य-शाला; **Place of honour** (place of renown.) गौरव का स्थान; **Place of worship** (temple &c.) पूजागृह; **To give place to** (to give room to.) स्थान देना; **To take place** (to happen.) घटना होना; **To take the place of** (to be substituted for.) स्थान में रखना।

Placenta-प्ली-सैंन्'-टी-*adj.* the nourishing tube of fœtus. खेंढ़ी, नाल; **Placental** (-टॅल्) *adj.* pertaining to placenta. नाल सम्बन्धी।

Placet-प्ली'-सेंट्- *n.* an affirmative note. स्वीकृति की अनुमति (वोट)।

Placid-प्लास्'-सिड्-*adj.* mild, gentle, serene. शान्त, प्रसन्नचित्त, गम्भीर; **Placidity** (-इट्-ई) *n.* calmness. शान्ति; **Placidly** (-ली) *adv.* gently, calmly. शान्ति पूर्वक, सन्तोष से; **Placidness** (-नेंस्) *n.* गम्भीरता।

Placket-प्लैक्'-कॅट्-*n.* a pocket in a woman's shirt. स्त्रियों की कुरती में का जेब

Placoid- प्लैक्'-ऑएड् - *adj.* of the shape of a plate. थाली के आकार का।

Plagiarize-प्लें'-जीर्-आइज़्-*v. t.* to use another's thoughts, inventions writings &c. as one's own. किसी के विचार, आविष्कार लेख इत्यादि का प्रयोग अपना कहकर करना; **Plagiarism** (-इज़्म्) *n.* a literary theft. ग्रन्थ की चोरी; **Plagiarist** (-इस्ट्) *n.* one who copies without acknowledgment. ग्रन्थ चोर; **Plagiary** (-ई) *n.* a literary theft. इस प्रकार की चोरी।

Plague-प्लेंग्-*n.* a fatal infectious disease, a divine punishment, pestilence, nuisance, trouble, moral corruption. महामारी, दैवीकोप उत्पात, कंटक, आचार भ्रष्टता; *v. t.* to vex, to tease. पीड़ा देना, कष्ट देना; **Plaguy** (-ई) *adj.* दुःखदायी।

Plaid-प्लॅड्-*n.* a long piece of woollen cloth. पट्टू; **Plaided** (-एड्) *adj.* wearing a plaid. पट्टू का बना हुआ वस्त्र पहिरे हुए।

Plain-प्लेंन्-*adj.* & *n.* clear, smooth, level, simple, evident, not intricate, not coloured a large tract of level ground. स्पष्ट, चिकना, समतल, सरल, सुगम, अकुटिल, बिना रंग का, समतल भूमि; **Plain dealing** (sincere behaviour.) सरल (निष्कपट) व्यवहार; **Plain hearted** *adj.* सरल चित्तवाला; **Plain spoken** *adj.* स्पष्ट वक्ता; **Plainly** (-ली) *adv.* स्पष्टरूप से, बिना कपट के; **Plainness** (-नेंस्) *n.* स्पष्टता, सरलता।

Plaint-प्लेंयन्ट्-*n.* accusation, charge, lamentation. अभियोग, नालिश, मिलाप।

Plaintiff-प्लेंयन्ट्'-इफ़्-*n.* a person who brings charge against another in a law court. वादी, अभियोगी, मुद्दई।

Plaintive-प्लेंयन्ट्'-इव्-*adj.* expressing sorrow, mournful, sad. दीन, दुखी, विलापी, शोकाकुल; **Plaintively** (-ली) *adv.* in a sorrowful manner. करुणा से, दीनता से; **Plaintiveness** (-नेंस्) *n.* शोकाकुलता।

Plait-प्लेंट्-*n.* a fold or crease in cloth, interlaced strands of

hair, braid. कपड़े की तह, चुनन, चोटी; *v. t.* to braid, to fold. गूथना, तह करना, चोटी करना।

Plan-प्लैन्-*n.* a drawing, a design, a scheme or project. चित्र लेखन, नकशा, कल्पना या उपाय; *v. t.* (*p. t.* **Planned.**) to devise, to make a scheme, to make a sketch of. कल्पना करना, उपाय रचना, नकशा बनाना।

Planch-प्लैन्श्-(-च्) *n.* a slab used in enamelling. पालिश करने का बट्टा; *v. t.* to cover with boards. तख्तबन्दी करना, लकड़ी के तख्ते से पाटना।

Planchet-प्लैन्च्'-ऍट्-*n.* a plain circular piece of metal of which coin is made. सिक्का बनाने के लिये धातु का सादा गोल टुकड़ा; **Planchette** (-शैन्ट्) *n.* a small heart-shaped board used in psychological experiments. पहियादार लकड़ी का छोटा टुकड़ा जिसमें पॅसिल लगी होती है, जिस पर हाथ रखने से मन में विचारी हुई बात इसके नीचे रक्खे हुए कागज पर लिख जाती है।

Plane-प्लेन्-*n.* an even or level surface, a carpenter's tool for smoothing, wings of an aeroplane, an aeroplane. समक्षेत्र, बढ़ई का रन्दा, हवाई जहाज के पंख, हवाई जहाज; *v. t.* to make even or smooth. चिकना करना, रन्दना; *v. i.* to travel by aeroplane. हवाई जहाज से यात्रा करना; *adj.* even, flat. चौरस, समतल; **Jack-plane** (a large, strong plane used by joiners.) बड़ा रन्दा; **Trying-plane** (a carpenter's small smoothing instrument.) छोटा रन्दा; **Plane iron** *n.* रन्दे का तेग; **Planer** (-अर्) *n.* a planing instrument. चौरस करने का हथियार।

Planet-प्लैन्'-ऍट्-*n.* a heavenly body revolving round the sun. ग्रह, नक्षत्र; **Minor planet** (a satellite.) उपग्रह; **Passage of a planet** संक्रान्ति; **Planet stricken** (bewildered, terrified.) डरा हुआ, घबड़ाया हुआ।

Planetary-प्लैन्'-ऍट्-ऑर्-रि-*adj.* pertaining to a planet. ग्रह सम्बन्धी; **Planetary hour** (one twelfth part of a day or night.) दिन या रात का बारहवाँ हिस्सा; **Planetary system** (solar system.) ग्रह मण्डल।

Planetoid-प्लैन्-ऍट्-ऑएड्-*n.* a small planet. छोटा ग्रह, उपग्रह।

Plangency-प्लैन्-जॅन्'-सी-*n.* vibration. थर्राहट, झनाहट।

Plangent-प्लैन्-जॅन्ट्-*adj.* thrilling, vibrating. झनानेवाला, कँपानेवाला

Plani-प्लैन्'-इ-*pref.* in sense of "level, smooth." 'समतल अथवा चिकना' अर्थ का उपसर्ग।

Planimeter-प्लैन्'-इम्-ऍट्'अर्-*n.* an instrument for measuring area of plane figures. समतल आकृति का क्षेत्रफल निकालने का यन्त्र।

Planish-प्लैन्'-इश्-*v. t.* to flatten smoothly, to polish with a roller. चिकना करते हुए चिपटा करना, रोलर से पालिश करना; **Planisher** (-अर्) *n.* one who planishes. चिकना करनेवाला।

Plank-प्लैंङ्क्-*n.* a long flat piece

of sawn timber. काष्ठफलक, तख्ता; *v. t.* to cover with planks. तख्ता बैठाना, तख्ताबन्दी करना।

Planner – प्लैन्'-नर् – *n.* one who forms a plan. कल्पना करनेवाला।

Plano – प्लें'-नो – *pref.* in sense of "level on one side." उपसर्ग जिसका अर्थ "एक ओर चौरस" होता है; **Plano-convex** (flat on one side and convex on the other.) ऐसा ताल जो एक ओर चौरस तथा दूसरी ओर उभड़ा हो।

Plant–प्लैन्ट्-*n.* a vegetable organism, implements, machinery. वनस्पति (पौधा), हथियार, (यन्त्र); *v. t.* to place in ground. भूमि में जमाना या गाड़ना, **To plant in** (to fix firmly.) जमाना; **To plant oneself** (to be settled.) स्थापित होना; **To plant out** (to transfer a plant to the ground.) पौधे को एक जगह से उखाड़ कर दूसरी जगह लगाना; **Plantable** (-अॅ-ब्ल्) *adj.* जमाने योग्य।

Plantain – प्लैन्'-टेन् – *n.* a plant with broad flat leaves. कदली, केला।

Plantation – प्लैन्ट्'-ए'-शॉन्- *n.* the act of planting, a planted place. खेती, बगीचा, खेत।

Planter – प्लैन्ट्'-अर् – *n.* the owner of a plantation, one who plants. खेत का मालिक, बगीचा लगानेवाला।

Plantigrade – प्लैन्'-टि-ग्रेड्– *adj.* of an animal that walks on the soles of its feet. पंजे के बल चलनेवाले प्राणी का।

Plantlet – प्लैन्ट्' - लेट् – *n.* a small plant. छोटा पौधा।

Plant-like–प्लैन्ट्'-लाइक्-*adj* similar to a plant. वनस्पति के सदृश।

Plash – प्लैश् – *n.* a marshy pool, puddle, splash. गड्ढी, छोटा सरोवर, छींटा; *v.t.* & *i.* to splash, to sprinkle with colour. पानी का छींटा देना, रंग छिड़कना; **Plasher** (-अर्) *n.* छींटा देनेवाला; **Plashing** (-इङ्ग्) *n.* छींटा देने का कार्य; **Plashy** (-ई) *adj.* full of puddles. दलदलों से पूर्ण।

Plasm–प्लैज़्म्–*n.* the living matter of a cell. जीवाणु; **Plasmic** (-इक्) *adj.* जीवाणु संबंधी।

Plasma–प्लैज़्'-मॅ–*n.* the colourless coagulable part of blood. रक्त का बिना रङ्ग का जमनेवाला भाग; **Plasmatic** (-मैट्-इक्) *adj.* इस तत्व सम्बन्धी

Plasmology – प्लैज़्म्'-ऑल्-ऑ-जी–*n.* the study of the ultimate corpuscles of living matter. जीवाणु का अध्ययन।

Plaster – प्लास्ट्'-अर् – *n.* a curative application spread on paper or cloth, a plastic mixture for spreading on walls. पलस्तर, लेप, दीवार पर लगाने का मसाला; *v. t.* to cover with plaster. पलस्तर करना; **Plasterer** (-अर्) *n.* पलस्तर करनेवाला; **Plastering** (-इङ्ग्) *n.* पलस्तर करने का कार्य।

Plastic–प्लैस्'-टिक् – *adj.* pertaining to moulding, pliant. आकार देने-(ढालने) योग्य, नवाने योग्य; **Plastic art** (sculpture.) मूर्ति बनाने की कला

Plasticine–प्लैस्'-टि-सीन्– *n.* modelling clay. मूर्ति बनाने की मिट्टी।

Plasticity – प्लैस्-टिस्'-इट्-ई–*n.* the qual ty of being plastic. कोमलता।

Plat - प्लैट - *n.* a plot of ground. भूमि का टुकड़ा ; *v. t.* to plait. गूथना, बुनना ।

Plate-प्लेट-*n.* a flat sheet of metal or even surface, a thin sheet of glass, domestic utensil of metal, shallow circular vessel. धातु की चद्दर, शीशे की टट्टी, थाली, रेकाबी ; *v. t.* to cover with plates. चद्दर बैठाना ; **Electro-plate** (articles covered with electro-deposition of metals.) बिजली द्वारा धातु चढ़ा हुआ ; **Name-plate** (a metal plate with name.) नाम लिखी हुई पट्टी ; **Plated** (-एड्) *adj.* electroplated. मुलम्मा किया हुआ ; **Plater** (-अर्) *n.* one who electroplates. मोलमची ; **Plateful** (-फुल्) *adj.* as much as a plate can hold. थाली भर; **Plateless** (-लेस्) *adj.* devoid of plates. बिना चद्दर का;**Plate-rack** (cupboard for displaying plates &c.) थाली सजाने की अलमारी ; **Plate-powder** (powder for polishing metals.) चाँदी सोने के पात्र चमकाने की बुकनी ।

Plateau-प्लै-टो'-*n.* (*pl.* **Plateaus, Plateaux** - ओज़) a tableland. समस्थल, चौरस भूमि ।

Platen Platten - प्लैट्'-एन्-*n.* the part in a printing press or a typewriter which holds paper while being printed. छापे की कल अथवा टाइपराइटर में कागज पकड़ने का भाग

Platform - प्लैट्'-फार्म्-*n.* a raised level surface, stage, dais. ऊंची समतल भूमि, चबूतरा, मचान ; *v. t.* to place on a dais. चबूतरे पर रखना ; *v. i.* to speak from a platform. मञ्च पर चढ़कर व्याख्यान देना ; **The platform** (public lecture.) व्याख्यान, वक्तृता ।

Platina - प्लैट्'-इन्-आँ-*n.* platinum. प्लैटिनम् धातु ।

Plating - प्लेट्'-इङ्ग् - *n.* the act of coating something with gold or silver. सोने या चाँदी का मुलम्मा ।

Platinoid - प्लैट्'-इन्-ऑइड् - *n.* a white alloy. एक सफ़ेद मिश्रित धातु ।

Platinotype-प्लैट्'-इन्-ओ-टाइप्- *n* a kind of photographic printing process. काले रङ्ग की स्थायी फ़ोटो छापने की विधि ।

Platinum-प्लैट्'-इन्-अम्- *n.* a kind of precious white metal. प्लैटिनम् नामक बहुमूल्य सफ़ेद धातु ; **Platinic** (-इ-निक्) *adj.* इस धातु का ।

Platitude - प्लैट्'-इ-ट्यूड्-*n.* a commonplace remark, triteness. सामान्य अनर्थक वार्ता, तुच्छता ; **Platitudinarian** (-इन्-ऐंअर्'-इ-औन्) *n.* सामान्य वस्तु बेचनेवाला ; **Platitudinize** (-इन्-आइज़्) *v. t.* to prattle. अनर्थक बातें करना ; **Platitudinously** (-इ-नस्'-ली) *adv.* in a trite manner. नीचता से, तुच्छता से ।

Platonic - प्लै-टान्'-इक्-*adj.* of the Greek philosopher Plato, spiritual. प्लेटो नामक तत्वज्ञानी सम्बन्धी, आध्यात्मिक ; **Platonic year** (the period of the revolution of equinoxes.) वह समय जिसमें सब ग्रह चक्कर खाकर अपने पूर्वस्थान में आजाते हैं ; **Platonism** (-इज़्म्) *n.* the philosophy of Plato. प्लेटो का आध्यात्मिक

सिद्धान्त ; **Platonist** (- निस्ट) *n.* इस सिद्धान्त का अनुयायी ।

Platoon- प्लों-टून् - *n.* a small detachment of soldiers. सैन्यदल ।

Platter-प्लैट्'-टर्-*n.* a large flat dish or plate. बड़ी थाली, थाल ।

Plaudit - प्लॉ'- डिट् - *n.* (*usu. pl.*) applause, emphatic approval. प्रशंसा, बड़ाई; **Plauditory** (-आर्-ई) *adj.* प्रशंसापूर्ण ।

Plausibility - प्लॉ-ज़िब्-इल्' -इ - टी - *n.* speciousness. दिखावट ।

Plausible - प्लॉ'-ज़ि-ब्ल्-*adj.* apparently reasonable, specious. सत्याभासक (सत्य सदृश), देखने में सुन्दर ; **Plausibly** (-ज़िब्'-ली) *adv.* दिखावट में ।

Play-प्ले-*v. i.* & *t.* (*p. t.* & *p. p.* **Played**.) to flutter about, to sport, to discharge, to perform, to frolic, to employ oneself in a game. क्रीड़ा करना, खेलना, कूद फाँद मचाना, विहार करना, क्रीड़ा में सम्मिलित होना ; *n.* (*pl.* **Plays**.) brisk movement, jest, recreation, a dramatic piece, gambling. क्रीड़ा, विनोद, खेल, नाटक, जुआ, परिहास, दिल्लगी, अवसर, व्यापार स्थान ; **In play**. हँसी में; **Out of play** (against the rules of game.) खेल के नियमों के विरुद्ध ; **Plays the woman** (acts like a woman.) स्त्री के समान आचरण करता है ; **Playhouse** (theatre.) नाटक-घर ; **Plaything** (a toy.) खिलौना ; **To play fast and loose** (to act unfairly.) छल कपट करना ; **To play foul** (to deceive.) धोखा देना ; **To play into the hands of** (to give advantage to the enemy.) शत्रु को सहायता देना ; **To play off** (to oppose.) विरोध करना ; **To play on** (to play on a musical instrument.) बाजा बजाना ; **To play one's cards well** (to make good use of opportunities.) अवसर का अच्छा उपयोग करना ; **Play on words** (pun.) शब्द क्रीड़ा ; **To play with** (to cut jokes with.) हँसी उड़ाना ; **To play up** (to put full energy in a game.) खेल में पूर्ण शक्ति लगाना ।

Playable-प्ले'-ऑ-ब्ल्-*adj.* capable of being played. खेलने योग्य ।

Play bill-प्ले'-बिल्-*n.* an advertisement for a drama. नाटक का विज्ञापन

Play day-प्ले'-डे-*n.* holiday, a day given to play. अनाध्याय, छुट्टी का दिन ।

Play debt-प्ले'-डेट्-*n.* debt of gambling. जुए का ऋण ।

Player-प्ले'-अर्-*n.* one who acts in a drama, a gambler. नाटक खेलनेवाला, जुआरी ।

Play fellow-प्ले'-फ़ॅल्-ओ-*n.* a companion in amusement. लड़कपन (खेल) का साथी ; **Play ground** *n.* खेलने का मैदान ; **Play house** *n.* a theatre. नाटक घर ; **Play thing** *n.* (a toy.) खिलौना ।

Playful-प्ले'-फ़ुल्-*adj.* sportive. चंचल, चपल, खेलाड़ी ; **Playfully** (-फ़ुल्-लि) *adv.* in a sportive manner. हँसी में, खेल में ; **Playfulness** (-नॅस्) *n.* sportiveness. चंचलता, खिलाड़ीपन ।

Playing-प्ले'-इङ्ग्-*n.* & *adj.* the act of playing. खेल, खेल का ।

Plea–प्ली–*n.* a formal statement of a defendant, excuse, justification. मोचन हेतु, (दलील), निमित्त, व्यवहार ।

Pleach–प्लीच्–*v. t.* to entwine. लपेटना, ऐंठना ।

Plead–प्लीड्–*v. i.* & *t.* to argue for a client in a court, to supplicate with earnestness. अदालत में बहस करना, विनय पूर्वक प्रार्थना करना ; **Pleadable** (-ऑं-ब्ल्) *adj.* बहस करने योग्य; **Pleader** (-अर्) *n.* one who argues in a court. वकील; **Pleading** (-इङ्ग्) *n.* supporting by arguments. बहस ; **Pleadingly** (-ली) *adv.* by pleading. बहस करते हुए ।

Pleasance–प्लॅज़्'-ऑन्स्–*n.* a pleasure-ground. क्रीड़ा स्थल ।

Pleasant – प्लॅज़्'-ऑन्ट् – *adj.* agreeable, delightful. सुखकर (प्रीतिकर, मनोहर), सुहावना ; **Pleasantly** (-ली) *adv.* सुख से ; **Pleasantness** (-नॅस्) *n.* रमणीयता ; **Pleasantry** (-री) *n.* jocularity, cheerfulness. आनन्द, हंसी (प्रमोद) ।

Please–प्लीज़्–*v. t.* & *i.* to gratify, to be agreeable to, to be pleased. प्रसन्न करना, तृप्त करना, प्रसन्न होना; **If you please** (if you are pleased to order.) यदि आप कृपा करके आज्ञा दें ; **Please yourself** (do as you please.) जैसा रुचे वैसा कीजिये ; **Pleasing to the ear** (sonorous.) सुरीला ; **Pleased** (-ड) *adj.* प्रसन्न ।

Pleaser – प्लीज़्'-अर् – *n.* one who pleases. प्रसन्न करनेवाला ।

Pleasing–प्लीज़्'-इङ्ग्–*adj.* beautiful, agreeable. सुन्दर ; **Pleasingly** (-ली) *adv.* प्रसन्नता से ; **Pleasingness** (-नॅस्) *n.* प्रसन्नता ।

Pleasure – प्लॅज़्'-अर् – *n.* sensuous enjoyment, delight, will, desire. विषय सुख, आनन्द, सन्तोष, अभिलाषा, इच्छा ; **Pleasurable** (-ऑं-ब्ल्) *adj.* आनन्ददायक;**Pleasurableness**(-नॅस्) *n.* आनन्द ; **Pleasurably** (-ऑब्'-ली) *adv.* आनन्द से : **Pleasure-boat** (a boat for pleasure.) क्रीड़ा करने की नाव ; **Pleasure-ground** (recreation ground.) क्रीड़ावन; **Pleasure-house** (a place for enjoyment.) क्रीड़ा भवन ; **Sensual pleasure** विषय सुख ।

Pleat–प्लीट्–same as **Plait**.

Plebeian–प्लेब्-ई'-ऑन्–*n.* & *adj.* the common people, popular, base. सामान्य मनुष्य, लौकिक, नीच; **Plebeianness** (-नॅस्)*n.* popularity. सामान्यता

Pledge–प्लॅज् – *n.* security, a thing put as pawn, promise. बन्धक (रेहन), न्यास, प्रतिज्ञा, (पण); *v. t.* to deposit as security. बन्धक रखना, जमानत देना ; **Pledgee** (-ई) *n.* one to whom anything is pledged. जिसके यहाँ बन्धक रक्खा जाता है ; **Pledger** (-अर्) *n.* रेहन रखनेवाला ।

Pleiad-प्लि'-ऑड्-(*pl.***Pleiads, Pleiades**) a cluster of stars,a group of seven beautiful things. कृत्तिका नक्षत्र, सात सुन्दर वस्तुओं का समूह ।

Plenarily–see **Plenary**.

Plenary–प्लीन्'-ऑर्-ई – *adj.* entire, absolute, full. परिपूर्ण, समग्र, पूरा ; **Plenarily** (-लि) *adv.* completely.

पूर्णरूप से।

Plenilunar-प्लि-नि-लू'-नॉर्-*adj.* pertaining to the full moon. पूर्णचन्द्र सम्बन्धी।

Plenipotence-प्लैन्'-इ-पो'-टैन्स्-*n.* fulness of power. पूर्ण अधिकार।

Plenipotent-प्लैन्-इप्-ओ'-टैन्ट-*adj.* possessing full powers. पूर्ण अधिकारवाला (दूत)।

Plenipotentiary-प्लैन्-इ-पो-टैन्'-शॉ-री-*adj.* & *n.* absolute, an ambassador with full powers. पूर्णशक्ति युक्त महादूत।

Plenish-प्लैन्'-इश्-*v. t.* to fit out, to furnish. सुसज्जित करना, सजाना।

Plenteous-प्लैन्'-टॅ-अस् - *adj.* plentiful. विपुल, बहुत; **Plenteously** (-ली) *adv.* in a plenteous manner. परिपूर्णता से; **Plenteousness** (-नैस्) *n.* the state of being plenteous. बहुलता, प्रचुरता।

Plentiful-प्लैन्'-टि-फुल् - *adj.* copious, abundant. अधिक, समृद्ध; **Plentifully** (-ली) *adv.* in a plentiful manner. परिपूर्णता से; **Plentifulness** (-नैस्) *n.* the state of being plentiful. परिपूर्णता।

Plenty-प्लैन्'-टी - *n.* & *adv.* abundance, copiousness. प्रचुरता (समृद्धि), बहुतायत; **In plenty** (in abundance.) बहुतायत से।

Plenum-प्लीन्'-अम्-*n.* full assembly. पूर्ण समाज।

Pleonasm-प्ली'-ओ-नैज़्म्-*n.* the use of redundant words or expression. वृथा के अधिक पद या शब्दों का प्रयोग; **Pleonastic** (-नैस्ट्-इक्) *adj.* redundant in words. निरर्थक शब्दों का; **Pleonastically** (-ऑल्-लि) *adv.* with redundancy in words. निरर्थक शब्दों का प्रयोग करते हुए।

Plethora-प्लैथ्'-ओर्-ऑ-*n.* excess of blood, superabundance. रक्त की अधिक वृद्धि, अधिकता; **Plethoric** (-इक्) *adj.* pertaining to plethora. रक्त-पित्त रोगी का; **Plethorically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a plethoric manner. रक्त की अधिकता से।

Pleura-प्लूर्'-ऑ- *n.* either of the serous membranes enveloping the lungs. फुप्फुस का आवरण; **Pleural** (-ल्) *adj.* connected with pleura. इस आवरण सम्बन्धी।

Pleuritic-प्लूर्'-इट्-इक्-*adj.* affected by pleurisy. पार्श्वशूल सम्बन्धी।

Pleurisy-प्लूर्'-इस्-ई-*n.* inflammation of the pleura. फुप्फुस के आवरण में शोथ, पार्श्वशूल।

Plexus-प्लैक्स्-अस्-*n.* a network of fibres in the body. शरीर में के तन्तुओं की जाल।

Pliability-प्लाइ-ऑ-बिल्'-इट्-ई-*n.* flexibility. कोमलता, लचीलापन।

Pliable-प्लि'-ऑ-बल् - *adj.* flexible. कोमल, अदृढ़, लचीला; **Pliably** (-ऑब्-ली) *adv.* in a flexible manner. कोमलता से, लचीलेपन से।

Pliancy-प्लि'-ऑन् सी-*n.* flexibility. लचीलापन।

Pliant-प्लि'-ऑन्ट्- *adj.* supple, flexible. नवने योग्य, लचीला; **Pliantly** (-ली) *adv.* in a supple manner. मृदुता से।

Plicate - प्लि'-केट् - *adj.* folded. तह

किया (मोड़ा) हुआ ; **Plication** (-प्लिक्-ए'-शान्) *ns.* **Plicature** (-च्युअर्) a fold, folding. तह, मुड़ी हुई अवस्था ।

Pliers-प्लि'-अर्ज़् – *n. pl.* pincers with long jaws used for bending wire. तार मोड़ने की (मोटे हाँस की) सँड़सी ।



Pliers.

Plight–प्लाइट्–*n.* condition. दशा, अवस्था, स्थिति ; *v. t.* to pledge one's promise. प्रतिज्ञा करना, रेहन रखना; **Plighter** (-अर्) *n.* one who pledges. गिरवीं रखनेवाला ; **Sorry plight** (bad condition.) दुर्दशा दुर्गति

Plimsoll–प्लिम्'-सॉल्–*n.* cheap rubber soled canvas shoes. रबड़ के तल्ले का सस्ता किरमिच का जूता ।

Plinth–प्लिन्थ्–*n.* the flat square member at the base of column or wall. खम्भे का चौखूटा निचला भाग, इमारत में का बन्द ।

Plod–प्लॉड्–*v. i.* (*p.t.* **Plodded**.) to work laboriously, to drudge. निरन्तर परिश्रम करना, धीरे धीरे चलना ; **Plodder** (-डर्) *n.* a steady worker. नित्य उद्योगी ; **Plodding** (-डिङ्ग) *adj.* laborious. परिश्रमी; **Ploddingly** (-डिङ्ग-ली) *adv.* in a plodding manner. मन्दगति से ।

Plop–प्लॉप्–*n.* sound made by the fall of a smooth object in water. जल में थपक्के का शब्द ।

Plot–प्लॉट्–*n.* a piece of ground, plan of a poem or story, a secret design. भूमिप्रदेश, (क्षेत्र), कथावस्तु, कूटप्रबन्ध ; *v. t.* (*p.t.* **Plotted**) to devise, to make a plan. कपट प्रबन्ध की रचना करना, उपाय करना ; **To plot against** (to conspire against.) द्रोह करना ।

Plotter–प्लॉट्'-टर्– *n.* a conspirator. द्रोह करनेवाला, षड्यन्त्रकारी ।

Plotless–प्लॉट्'-लेस्–*adj.* without secret design. बिना कूटप्रबन्ध (बन्दिश) का

Plough-प्लाउ-*n.* an implement for cutting up furrows in soil and turning it up. हल ; *v. t.* to turn up soil with plough. हल जोतना ; **Body of a plough** हरीस; **Handle of a plough** (plough-tree.) परहित **Furrow made by a plough** हराई; **Ploughman** (one who ploughs.) हरवाह ; **Ploughshare** (the pointed shoe in a plough which cuts soil.) हल की धार, फार ; **To plough the sand** (to do useless work.) निरर्थक कार्य करना ।

Plover-प्लव्'-अर्–*n.* a kind of bird. एक प्रकार की बुलबुल के आकार की चिड़िया ।

Ploy–प्लॉय्–*n.* occupation, job. व्यवसाय, उद्यम ।

Pluck–प्लक्–*n.* twitch, heart, liver and lungs, failure in examination, courage. ऐंठन, हृदय, फेफड़ा और प्लीहा, परीक्षा में असफलता, साहस (वीरता) ; *v. t.* & *i.* to pull with sudden force. तोड़ना, नोचना या उखाड़ना ; **Pulcked** (-ड्) *adj.* unsuccessful in examination. असफल, फ़ेल ; **Pluckily** (-इ-ली) *adv.* in a plucky manner. वीरता से ; **Pluckiness** (-इ-नेस्) *n.* energy, courage, वीरता, उत्साह ; **Pluckless** (-लेस्) *adj.* de-

jected. उत्साहहीन ; **Plucky** (-ई) *adj.* energetic. वीर।

Plug-प्लग्-*n.* a piece of wood fitting into a hole (रोधनी) डट्टा, ठेपी ; *v.t.* (*p.t.* **Plugged.**) to stop with a plug. डट्टा लगाना, छिद्र बन्द करना।

Plum-प्लम्-*n.* a sweet fleshy fruit with pointed stone. कर्कन्धू फल, बेर ; **Plummy** (-मी) *adj.* full of plums, desirable. बेरों से भरा हुआ, रोचक।

Plumage - प्लूम्'-एज् - *n.* a bird's feathers. पक्षी के पर ; **Plumaged** (-इ) *adj.* feathered. परदार।

Plumassier-प्लू'-मॅस्'-इअर् - *n.* one who trades in ornamental plumes. रङ्गबिरङ्गे पर बेचनेवाला।

Plumb-प्लम्-*n.* the ball of lead or stone attached to a plumbline. लम्ब, साहुल ; *adj.* perpendicular. लंबरूप, खड़ा या सीधा ; *v.t.* to set in a perpendicular direction, to sound the depth of sea. सीधा करना, समुद्र की गहराई नापना ; *adv.* perpendicularly. खड़े बल, बिलकुल सिधाई से ; **Out of plumb** (not perpendicular.) साहुल में नहीं।

Plumbago-प्लम्-बे'-गो-*n.* black lead used in making pencils. पेंसिल बनाने का काला सीसा।


Plumbeous-प्लम्-बी'-अस्-*adj.* stupid, like lead. मूर्ख, सीसे के समान।

Plumber-प्लम्'-बर्-*n.* one who fits and repairs pipes, one who works in lead. पानी का नल बैठाने या मरम्मत करनेवाला सीसे का काम करनेवाला।

Plumbic-प्लम्'-बिक् - *adj.* combined with lead. सीसे का मिश्रण किया हुआ।

Plumbing-प्लम्'-बिङ्ग्-*n.* the art of working in lead सीसे का काम करने वाला ; **Plumbism** (-बिज़्म्) *n.* lead poisoning. सीसे के विष का प्रभाव पड़ना।

Plumbline-प्लम्ब्'-लाइन्- *n.* a string with a pointed heavy ball attached to it, used by masons for determining the vertical position of a wall. साहुल।



Plumb-line.

Plume - प्लूम्-*n.* a feather, ornamental feather attached to a helmet &c. पङ्ख, कँलगी, पर ; *v. t.* to adorn with feathers, to boast. पर लगाना, श्लाघा (गर्व) करना ; **Court plume** (ostrich feathers.) सुखाब का पर ; **To plume oneself upon** (to be proud of.) गर्व करना; **Plumeless** (-लेस्) *adj.* पङ्खहीन; **Plumelet** (-लेट्) *n.* a down feather. छोटा पर ; **Plumelike** (-लाइक्) *adj.* पर की तरह का।

Plummet - प्लम्' - मेट् - *n.* weight of lead attached to a plumbline for sounding, obstructive weight. जल की गहराई नापने का सीसे का लङ्गर, रोकनेवाला भार।

Plumose-प्लम्'-ओस्-*adj.* feathered, like feather. परदार, पर के सदृश।

Plump-प्लम्प्-*adj.* fleshy, fat, full. स्थूल, मोटा, भरा हुआ ; *v. t.* to fatten, to extend to fullness. मोटा करना, फुलाना ; *v. i.* to dive. गोता लगाना ; *adv.* falling straight downward,

suddenly. सीधे सीध गिरता हुआ, अचानक; **Plumply** (-ली) *adv.* मोटेपन से ; **Plumpiness** (-इ-नैस्), **Plumpness** (-नैस्) *ns.* fullness of skin. स्थूलता, मोटापन ; **Plumpy** (-ई) *adj.* fat. स्थूल, मोटा।

Plumper – प्लम्प्'-अर् – *n.* a ball or disk carried in the mouth to swell the cheeks, an unqualified lie. गाल फुलाने के लिये मुँह में रखने की गोली, सर्वथा असत्य वार्ता।

Plumy–प्लूम्'-ई-*adj.* (*comp.* **Plumier**, *sup.* **Plumiest.**) like a feather, adorned with plumes. पर के सदृश, परों से सजा हुआ।

Plunder–प्लन्'-डर् – *v. t.* to rob, to pillage, to steal. डाका डालना, लूटना, चुराना; *n.* booty, pillage. लूट, चोरी ; **Plunderage** (-एज्) *n.* embezzling goods on board a ship. जहाज पर की सामग्री लूटना ; **Plunderer** (-अर्) *n.* a robber. लुटेरा, डाकू; **Plundering** (-इङ्ग्) *n.* robbery. लूट।

Plunge–प्लन्ज्-*v. t.* & *i.* to sink, to dive, to enter impetuously. डूबना, गोता लगाना, धृष्टता से प्रवेश करना; *n.* the act of plunging. डुबकी ; **Plunged** (-ड्) *adj.* immersed. लीन, (डुबकी लगाये हुए); **Plunger** (-अर्) *n.* one who dives. डुबकी लगानेवाला (गोताखोर) ; **Plunging** (-इङ्ग्) *n.* firing down on an enemy. शत्रु को गोलियों से मारना।

Pluperfect–प्लू'-पर्-फ़ेक्ट – *adj.* & *n.* of a tense expressing an action completed prior to some past time. पूर्णभूत काल का, ऐसा काल।

Plural–प्लू'-रॅल्-*adj.* & *n.* expressing more than one (or two), more than one in number. अनेक, बहुवचन ; **Pluralism** (-इज़्म्) *n.* the state of being plural. अनेक स्थिति; **Plurality** (-इ-टी) *n.* a large number, multitude. अनेकता, अधिकता ; **Pluralize** (-आइज़्) *v. t.* to make plural. बहुवचन बनाना ; **Plurally** (-ली) *adv.* बहुवचन में।

Pluri – प्लू'-री – *pref.* in sense of "more than one." 'एक से अधिक' अर्थ का उपसर्ग ; **Pluripresence** (-प्रॅज़्-ऍन्स्) *n.* the presence of a number of things together. एक साथ अनेक वस्तुओं की उपस्थिति।

Plus–प्लस्- *n.* the sign of addition (+). जोड़ने का (धन) चिह्न (+) ; *adj.* more, additional, extra. अधिक, ज़्यादा, अतिरिक्त।

Plush-प्लश्-*n.* a kind of soft cloth. एक प्रकार का कोमल वस्त्र ; **Plushy** (-ई) *adj.* soft. कोमल।

Plutocracy–प्लू-टॉक्'-रॅ-सी – *n.* rule of wealthy men. अमीरों के नियम ; **Plutocrat** (प्लू'-टो-क्रॅट) *n.* a wealthy man. धनिक मनुष्य; **Plutocratic** (-इक्) *adj.* pertaining to wealthy men. धनिकों का; **Plutolatry** (-लॅट-री) *n.* worship of wealth. धन का पूजन।

Plutonomic, Plutonomist – see **Plutonomy.**

Plutonomy–प्लू-टो-नॉम्'-ई-*n.* political economy. अर्थशास्त्र; **Plutonomic** (-इक्) *adj.* अर्थशास्त्रीय; **Plutonomist** (-इस्ट) *n.* अर्थशास्त्रज्ञ।

Pluvial–प्लू'-वि-ऑल् - *adj.* of rain. वर्षा सम्बन्धी ।

Pluviometer–प्लू'-वें-ऑम्'-ऍट्-अर्- *n.* a rain-gauge. वर्षा नापने का यन्त्र ।

Pluvious–प्लू'-वि-अस्-*adj.* pertaining to heavy rain. बहु वृष्टि का, वर्षा से प्राप्त ।

Ply–प्लाइ-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Plied**) to fold in layers, to use vigorously, to work persistently, to attend regularly. तह करना, परिश्रम करना, कार्य में लगना, नियम से उपस्थित होना ; *n.* a fold or layer. तह या परत ; **Plyer** (-अर्) *n.* काम में लगाने वाला ; **Ply-wood** (a board consisting of several layers.) अनेक तहों का तख्ता ।

Pneumatic–न्यू-मैंट्'-इक्-*adj.* of air, acting by air. वायुमय, वायु सम्बन्धी ; **Pneumatic tyre** (a tyre filled with air.) वायु से भरी हुई पहिये की हाल

Pneumaticity–न्यू-मॉ-टिस्'-सिट्-ई-*n.* condition of having air. हवापन ।

Pneumatics – न्यू-मैंट्'-इक्स् – *n. pl.* study of gases. वायुशास्त्र, वायुविद्या ।

Pneumato – न्यू-मैंट्'-ओ – *pref.* in sense of "breath, spirit." "वायु, आत्मा" सूचक उपसर्ग ; **Pneumatology** (-ऑल्'-ऑज्-ई) *n.* the s cience of the properties of elastic fluids. आत्मा सम्बन्धी विद्या, मानसशास्त्र ; **Pneumatometer** (-मी-टर्) *n.* an instrument for estimating quantity of air. साँस लेने की वायु को नापने का यन्त्र ।

Pneumonia-न्यू-मोन्'-इ-ऑ-*n.* inflammation of one or both the lungs. फेफड़ों का शोथ (सूजन) ; **Pneumonic** (-इक्) *adj.* pertaining to pneumonia. इस रोग सम्बन्धी ; **Pneumonitis** (-इ-टिस्) *n.* यह रोग ।

Poach – पो'-अच् – *v. t.* to cook an egg by dropping it in boiling water, to pierce, to trample, to intrude, to trespass. खौलते पानी में डाल कर अण्डा पकाना, भोंकना, पैरों से कुचलना, चुभाना, विघ्न डालना, बिना आज्ञा प्रवेश करना ; **Poacher** (-अर्) *n.* a trespasser. बिना आज्ञा प्रवेश करनेवाला ; **Poaching** (-इङ्ग्) *n.* one who steals game. शिकार का चोर; **Poachy** (-ई) *adj.* wet and damp. गीला, भीगा हुआ ।

Pochard – पो'-चॅर्ड् – *n.* a diving bird of Europe. युरोप की एक गोताखोर चिड़िया ।

Pock–पॉक्-*n.* a spot on the skin during small-pox. फुन्सी, छाला ; **Pockpitted(marked)***adj.* marked with pustules of small-pox. सीतला मुहदाग ।

Pocket – पॉक्'-ऍट् – *n.* a small bag attached to a garment for carrying purse &c. पाकिट, जेब, खलीता ; *v. t.* to conceal in a pocket. जेब में छिपाना; **Empty pocket** (a penniless person.) निर्धन मनुष्य ; **To have in one's pocket** (to have under control.) पूर्ण आधीन होना ; **To pocket an insult** (to receive an insult without resenting.) अपमान सहना ।

Pocket-book-पॉक्'-ऍट्-बुक्-*n.*a small book for the pocket. जेब में रखने की छोटी पुस्तक; **Pocket glass** *n.* जेबी

दर्पण ।

Pocket money–पॉक्'-ऍट्-मन्-ई – *n.* money for occasional use. जेबखर्च ।

Pocketful – पॉक्'-ऍट्-फुल् – *adj.* as much as a pocket can hold. खलीता भर ।

Pocketless–पॉक्'-ऍट्-लैस्–*adj.* without a pocket. बिना जेब का ।

Pocky पॉक्'-ई–*adj.* infected with small pox. शीतला रोग से ग्रस्त ।

Pod–पॉड्–*n.* seed-vessel of plants. बीजकोष, बोंड़ी, फली ; *v.i.* (*p.t.* & *p.p.* **Podded.**) to swell with pods. फली उत्पन्न होना ; **Podded** (-ऍड्) *adj.* full of pods. फलीदार

Podagra–पो-डॅग्'-रॅ-*n.* gout in feet. पैर की गठिया ; **Podagral** (-रॅल्), **Podagric** (-इक्) *adjs.* pertaining to gout in feet. गँठिया सम्बन्धी ।

Podge, Podgy–पॉज् (-ई)–*n.* a short fat person. मोटा छोटा मनुष्य ।

Podium–पो'-डि-अम्–*n.* (*pl.* **Podia**) a continuous platform round a building. किसी इमारत के चारों ओर का लगातार चबूतरा ।

Poem–पो'-ऍम्–*n.* a metrical composition. पद्य काव्य, कविता, छन्द ।

Poesy–पो'-ऍस्-ई–*n.* the art of poetry, poems collectively. काव्य रचना, कविता ।

Poet–पो'-ऍट्–*n.* a writer of poems. कवि ; **A ready poet** (one who composes offhand.) आशुकवि ।

Poetaster–पो'-ऍट्-ऑस्ट्-अर्–*n.* a petty poet. क्षुद्रकवि, तुकबन्दी करनेवाला ।

Poetess–पो'-ऍट्-ऍस्–*n. fem.* a female poet. कवित्री ।

Poetic-पो'-ऍट्-इक्,**Poetical**(-इक्-ऑल्) *adjs.* pertaining to poetry. कविता सम्बन्धी; **Poetic genius** (genius of making poetry.) कवित्व शक्ति ; **Poetically**–(-कॅल्-लि) *adv.* पद्यरूप में ।

Poetics–पो'-ऍट्-इक्स्–*n.* criticism of poetry. पद्यशास्त्र, साहित्य ।

Poetize–पो'-ऍट्-आइज़्– *v. t.* to write as a poet. किसी लेख को कविता में परिणत करना ।

Poetry-पो'-ऍट्-री-*n.* the art of writing poetical composition. काव्य रचना, पद्य, कवित्व ।

Pogo–पो'-गो–*n.* a kind of mechanical toy. कमानी द्वारा कूदनेवाला खिलौना ।

Poignancy – पॉयन्'-ऑन्-सी – *n.* the state of being acute. तीखापन ।

Poignant–पॉयन्'-ऑन्ट्–*adj.* sharp or acute, pungent, piercing. तीखा, चरपरा, मर्मभेदी ; **Poignantly** (-ली) *adv.* in an acute manner. तीखेपन से

Point – पॉयन्ट – *n.* an indefinitely small space, a stop, a small stroke, a single item, a dot used in decimal fraction, a detail, an example, a moment, the sharpened end of an instrument, a small cape or promontory, precise place, a stage, a degree, 1/72 of an inch. बिन्दु, विराम, अल्प आघात, एक वस्तु, दशमलव का बिन्दु, विषय, उदाहरण, क्षण, किसी हथियार की नोक, अन्तरीप, निश्चित स्थान, अवस्था, एक इञ्च का बहत्तरवाँ भाग ; **At all points** (in every part.) सब अंश से ; **On the point of** (ready to.) उद्यत ; **Point at issue** (subject of discussion.)

विवाद विषय; **On the point of death** (on the verge of death.) आसन्नमृत्यु; **Point of view** (way of looking at a thing.) दृष्टि स्थिति; **To carry one's point** (to secure one's object.) लक्ष्य स्थिर करना; **To come to the point** (to arrive at the purpose.) निर्धारित विषय पर आना; **To gain a point** (to attain desired object.) अभीष्ट सिद्ध करना; **To make a point** (to establish a proposition.) विषय स्थिर करना।

Point–पॉयन्ट्–*v. t. & i.* to sharpen to a point, to indicate, to aim, to fill with cement. चोखा करना, सूचित करना, लक्ष्य करना, चूने या सिमेन्ट से भरना; **To point out** (to indicate, to show.) दिखलाना, बतलाना।

Pointed – पॉयन्ट्'-ऍड्– *adj.* sharpened. तीखा, नोकीला; **Pointedly** (-ली) *adv.* लक्ष्य करके।

Pointer – पॉयन्ट्'-अर् – *n.* one who points out. दिखाने (सूचित करने) वाला।

Pointing–पॉयन्ट्'-इङ्ग्–*n.* punctuation. विरामचिह्न।

Pointless – पॉयन्ट्'-लॅस्–*adj.* having no point, meaningless. अप्रस्तुत, निराधार।

Point-blank –पॉयन्ट्'-ब्लैङ्क्–*adj.* & *adv.* level, direct, explicit. समतल, सीधेसीध, स्पष्ट।

Point-device – पॉयन्ट्'-डि-वाइस्–*adj.* & *adv.* perfectly, precisely. पूर्णरूप से, शुद्धि से।

Poise – पॉयज़्–*v.t.* & *i.* to balance, to be supported, to examine. सम भार करना, सहारा देना (पसँघा करना), परीक्षा लेना; *n.* equilibrium. भारतुल्यता, पसघा।

Poison – पॉयज़्'-ऑन् – *n.* anything which destroys life or injures health, a venom, an injurious thing. विष, ज़हर, हानिकारक पदार्थ; *v. t.* to kill by poisoning. विष देकर मारना; **Administering poison** (killing by the use of poison.) विषप्रयोग; **Curer of poison** (a doctor who cures the effects of poison.) विषवैद्य; **Poisoner** (-अर्) *n.* one who poisons. विष देनेवाला; **Poisoning** (-इङ्ग्) *n.* the act of administering poison. विषप्रयोग; **Poisonous** (-अस्) *adj.* full of poison. विषैला; **Poisonously** (-ली) *adv.* विषपूर्वक।

Poke–पोक्–*n.* a sack, bag, thrust, poking. बोरा, प्रहार, आघात; *v. t.* to push, to thrust. भोंकना, घुसाना; **To poke about** (to make search after.) अन्वेषण करना, खोज करना; **To poke one's nose into another's mouth** (to interfere in another's business.) दूसरे के काम में हाथ डालना।

Poker–पोक्'-अर्–*n.* an iron bar for stirring fire. आग सुलगाने का सीकचा; **Poker-work** (decoration by burning patterns in wood.) जलते हथियार से लकड़ी पर काम बनाना।

Poking–पोक्'-इङ्ग्-*adj.* servile. अधम; **Poking stick** *n.* तोप में पलीता भरने की छड़ी।

Poky–पोक्'-ई–*adj.* mean, shabby. नीच, गन्दा।

Polar – पोल्'-ऑर्–*adj.* of the pole,

near the pole. ध्रुव का,ध्रुव के समीप का; **Polar bear** (the white bear inhabiting the polar region.) ध्रुव पर रहनेवाला सफ़ेद भालू; **Polar longitude**. ध्रुव; **Polarly** (-ली) *adv.* on the pole. ध्रुव पर ।

Polarity–पोल्-ऑर्'-रिट्-ई–*n.* tendency of a magnetized bar to point its extremities to the poles of the earth. पृथ्वी के ध्रुव की ओर अपने छोरों को रखने की चुम्बक की शक्ति ।

Polarizable-पो-लॉर्-आइज़्'-ॲ-बल्-*adj.* susceptible of polarization. चुम्बक बनाने की योग्यता ।

Polarization-पो-लॉर्-आइज़्-ए'-शन्-*n.* the act of polarizing. आकर्षण शक्ति में लाना, चुम्बक बनाना ।

Polarize-पोल्'-ऑर्-आइज़्-*v.t.* to communicate polarity to. लोहे में आकर्षण (चुंबक की) शक्ति उत्पन्न करना;**Polarizer** (-अर्) *n.* यह शक्ति लानेवाला ।

Pole – पोल् – *n.* the two extreme points of the globe, the two opposite points of a magnet, a termination of an electric cell, a long slender piece of wood, a wooden shaft, length of 5½yds, inhabitant of Poland. ध्रुव, चुम्बक के दोनों छोर, बिजली के सेल का छोर, बल्ला, शहतीर (डण्डा), साढ़े पाँच गज की नाप, पोलॅन्ड देश निवासी : **Pole-star** (the star Polaris which is nearly vertical to the pole of the earth, a lode star.) ध्रुवतारा,पथ प्रदर्शक तारा ; **Poleward**(s) (-वड्ज़्)-स् *adv.* towards the poles. ध्रुव की ओर ।

Pole-axe – पोल्'-ॲक्स्–*n.* a battle-axe. कुठार, गड़ासा ।

Polecat–पोल्'-कॅट्–*n.* a quadruped like weasel. गन्धमार्जार, एक प्रकार की बिल्ली ।

Polemic–पॉ-लॅम्'-इक्–*adj.* & *n.* disputative, a disputant. वादानुवादी, शास्त्रार्थ करनेवाला ; **Polemical** (-ॲल्) *adj.* pertaining to disputes. विवाद सम्बन्धी; **Polemically** (-ॲल्-लि) *adv.* विवाद से ; **Polemics** (-इक्स्) *n. pl.* versed in religious subjects. धार्मिक विषयों में निपुण ।

Police पो-लीस्'-*n.* civil administration of a city or town, the government department for the establishment of peace and order. नगरपाल, नगर रक्षक, नगर-व्यवस्थापक ; *v. t.* to maintain law and order by the aid of police. पुलिस द्वारा नगर की रक्षा का प्रबन्ध करना ; **Policeman** (a constable.) पुलिस का सिपाही; **Police-office, Police-station** (the office of local police force.) थाना, चौकी ।

Policlinic – पॉल्-इ-क्लिन्'-इक्–*n.* accommodating patients in private houses. रोगियों को हस्पताल में न रखकर सामान्य घरों में रखना ।

Policy–पाल्'-इस्-ई–*n.* (*pl.* **Policies**.) statecraft, stratagem, craftiness, sagacity, a document containing a contract of insurance. राजनीति, राजशासन पद्धति, नीतिज्ञता, युक्ति, कूटनीति, चतुराई, जानबीमे का प्रमाणपत्र ; **Prudential policy** (prudential motives.) समीक्षा; **Bad (crooked)**

Policy (stratagem.) कुनीति, कुप्रयोग

Polish–पॉल्'-इश्–*v. i.* & *t.* to make smooth and bright by friction, to refine. चमकाना, स्वच्छ करना ; *n.* a smooth glossy surface, refined manner. चमक, शिष्टता (सुशीलता) ; **Polishable** (-ॲ-ब्ल) *adj.* चमकाने योग्य ; **Polished** (-ड्) *adj.* refined. विनीत ; **Polisher** (-अर्) *n.* चमकाने (स्वच्छ करने) वाला; **Polishing** (-इङ्ग्) *n.* पालिश करने का कार्य ।

Polite – पो-लाइट' – *adj.* of refined manners, polished, cultured, well-bred. शिष्ट, विनीत, सभ्य, शिष्टाचार युक्त ; **Politely** (-ली) *adv.* in a polite manner. विनीत भाव से, शिष्टाचार से; **Politeness** (-नैस्)*n.* courtesy, refined manners. शिष्टता, विनय, सुशीलता ।

Politic–पॉल्'-इट्-इक्–*adj.* & *n.* sagacious, crafty, expedient, political principles. चतुर, नीति चतुर, व्यवहारकुशल, राजनैतिक सिद्धान्त ; **Politicly** (-ली) *adv.* in an expedient manner. नीति चतुरता से ।

Political– पॉ-लिट्'-इक्-ॲल – *adj.* of the state, pertaining to public affairs, of politics. राजकीय, प्रजा सम्बन्धी, राजनैतिक; **Political affairs** (affairs of the government.) राजकार्य; **Political agent** (a person engaged in civil administration in a native state.) देशी राज्यों में सरकारी कर्मचारी ; **Political economy** (the study of production and distribution of wealth.) अर्थशास्त्र ; **Political geography** (a division of earth into nation or states.) राज्यों की सीमा इत्यादि विषयक विद्या ; **Political rights** (rights of the states.) राज्य निर्वाह के अधिकार ; **Political science** (politics.) राजनीति शास्त्र; **Politically** (-ली) *adv.* in a political manner. राजनीति द्वारा ।

Politician– पॉल्-इट्-इश्'-ॲन्– *n.* one versed in politics, a statesman. राजनीतिज्ञ, राज्यकार्य में कुशल ; **Politicize** (-साइज़्) *v. i.* to act as a politician. राजनीतिज्ञ के सदृश कार्य करना ।

Politics – पॉल्'-इट्-इक्स् – *n.* the science of government. राजनीति, राज्यशासन पद्धति ।

Polity–पॉल्'-इट्-ई– *n.* form of civil goverment, organized society. राज्यशासनविधि, व्यवस्थित समाज ।

Polka–पोल्'-कॉ–*n.* a kind of lively dance, a woman's under jacket. एक प्रकार का नाच, स्त्रियों की भीतरी कुर्ती ।

Poll – पोल्– *n.* the human head, counting of voters, place of election, recorded number of votes, the parrot. मस्तक, नामावली, मेम्बर चुनने का स्थान, वोट संख्या, तोता; *v.t.* & *i.* (*p. t.* **Polled**) to clip, to shear, to enter in a list. बाल काटना, पेड़ छाँटना, नाम लिखना ; *adj.* hornless. बिना सींग का ; **Pollable** (-ॲ-ब्ल) *adj.* able to be polled. मेम्बर चुनने योग्य ; **Poll tax** (tax levied on every person.) प्रत्येक मनुष्य पर लगनेवाला कर (महसूल) ।

Pollack–पॉल्'-ॲक्–*n.* a fish similar to cod. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Pollard–पॉल्'-ॲड्–*n.* stump of a

tree, an animal that has lost its horns, bran sifted from flour. पेड़ का ठूँठ, सींघ टूटा हुआ पशु, आँटा से निकाला हुआ चोकर।

Pollen – पॉल्'-लॅन्– *n.* the powdery substance in the anther of flowers. पराग, पुष्प रज; **Pollenless** (-लॅस्) *adj.* destitute of pollen. पराग रहित।

Pollinate–पॉल्'-लिन्-एट्–*v.t.* to shed pollen upon. पराग छिड़कना; **Pollination** (-नें'-शॉन्) *n.* fertilizing with pollen. पराग का छिड़काव; **Pollinic** (-इक्) *adj.* pertaining to pollen. पराग सम्बन्धी।

Pollute– पॉल्-ल्यूट्'– *v. t.* to make filthy, to destroy the purity of. मलिन करना, दूषित करना (भ्रष्ट) करना; **Polluted** (-ऍड्) *adj.* मलिन किया हुआ; **Pollutedly** (-ली) *adv.* भ्रष्टता से; **Pollutedness** (-नॆस्) *n.* भ्रष्टता, मलिनता; **Polluter** (-अर्) *n.* a corrupter. दूषक; **Pollution** (-ल्यू'-शॉन्) *n.* defilement. मालिन्य (कलङ्क) अपवित्रता (भ्रष्टता)।

Polo–पो'-लो–*n.* a play like hockey played on horseback. घोड़े पर चढ़ कर खेलने का गेंद का एक खेल; **Polo-stick** लम्बे डण्डे की मुँगरी जिससे यह खेल खेला जाता है।

Polonium–पो-लों'-नि-अम्–*n.* an element which is radio-active. एक विशेष तत्व जिसका प्रभाव रेडियों पर पड़ता है

Polt foot–पोल्ट्'-फुट्–*adj.* club-footed. (झिल्ली से) बन्द पंजेवाला।

Poltroon– पॉल्-ट्रून्' – *n.* a spiritless person, a coward. साहसहीन, डरपोक मनुष्य; **Poltroonery** (-अर्-ई) *n.* cowardice. भीरुता।

Poly – पॉल्'-ई – *pref.* in sense of 'many.' 'अनेक' अर्थ का उपसर्ग।

Polyandrist–पॉल्'-इ-ऑन्-ड्रिस्ट्– *n.* a woman having many husbands. अनेक पतिवाली स्त्री।

Polychromatic–पॉल्-इ-क्रो-मॅट्'-इक् – *adj.* exhibiting a play of colours. अनेक रङ्गों को देखलानेवाला।

Polychrome–पॉल्'-इ-क्रोम्–*n.* & *adj.* printed in several colours, an artistic work of several colours. अनेक रङ्गों में छापा हुआ, अनेक रङ्ग की कारीगरी का; **Polychromic** (-इक्) *adj.* displaying play of colours. बहुरङ्गा; **Polychromy** (-मी) *n.* the art of colouring. अनेक रङ्गों में छापने की कला।

Polyclinic – पॉल्'-इ-क्लिन्-इक् – *n.* a general hospital. सब रोगों के लिये एक अस्पताल।

Polidactyl – पॉल्'-इ-डॅक्-टिल् – *adj.* having more than five fingers or toes. हाथ या पैर में पाँच से अधिक अँगुलीवाला।

Polidæmonism-पॉल्'-इ-डी'-मॉन्-इज़्म्-*n.* worship of many gods. अनेक देवताओं का पूजन।

Polygamic – पॉल्'-इग्-ॲम्-इक्– *adj.* pertaining to polygamy. बहुपत्नी सम्बन्धी।

Polygamist – पॉल्'-इग्-ॲम्'-इस्ट् – *n.* one who has more than one living wife. बहुपत्नीवान्।

Polgamous– पॉल्-इग्'-ऑम्-अस्– *adj.* having more than one wife. एक से अधिक पत्नीवाला।

Polygamy – पॉल्-इग्'-ऑं-मी – *n.* the practice of having more than one living wife. अनेक पत्नियों से विवाह करने की प्रथा।

Polyglot–पॉल्'-इ-ग्लॉट्–*n.* & *adj.* one who speaks or writes in several languages. बहुभाषी, अनेक भाषा जाननेवाला; **Polyglottal** (-ऑल्), **Polyglottic** (-टिक्) *adjs.* बहुभाषी सम्बन्धी; **Polyglottism** (-इज़्म्) *n.* the knowledge of several languages. अनेक भाषाओं का ज्ञान।

Polygon – पाल्'-इ-गान् – *n.* a plane rectilineal figure having more than four sides and angles. बहु-भुज क्षेत्र; **Polygonal** (-ऑल्) *adj.* बहुभुजी आकृति का; **Polygonally** (-ऑल्-लि) *adv.* बहुकोण में।

Polygram–पॉल्'-इ-ग्रैम् – *n.* a figure consisting of several lines. अनेक रेखाओं से बनी हुई आकृति।

Polygraph–पॉल्'-इ-ग्रैफ्–*n.* contrivance for multiplying copies of a writing. किसी लेख की अनेक प्रतिलिपि छापने का यन्त्र।

Polyhedron–पॉल्-ए-हीड्'-रॉन् – *n.* a figure of many sides. बहुभुज क्षेत्र।

Polyhistor – पॉल्-ऍ-हिस्'-टॉर् – *n.* a very learned man, a great scholar. बहुत बड़ा विद्वान् या पण्डित।

Polymathy–पॉ-लिम्'-ऑथ्-ई – *n.* the knowledge of several arts. बहु-शास्त्र ज्ञान।

Polymorphic–पॉल्-इ-मॉर्'-फ़िक् – *adj.* having many shapes. अनेक आकृति का।

Project-प्रॉज्‌'-ऍक्ट्‌-*n.* plan, scheme, contrivance. (उपाय) युक्ति, कल्पना, आशय ; (प्रॉ-जेक्ट्‌') *v. t.* & *i.* to throw forward, to impel, to take shape. आगे को फेंकना, बाहर की ओर रखना, ऊपर की ओर लम्बा करना, अनुसन्धान करना ; **To project oneself** (to go into another's feeling.) दूसरे के प्रभाव में आ पड़ना ।

Projecting – प्रॉ-जेंक्ट्‌'-इङ्ग्‌–*adj.* extending. बढ़ता हुआ, उभड़ा हुआ ।

Projectile – प्रॉ-जेंक्ट्‌'-इल्‌ – *adj.* capable of being projected. प्रक्षेपणीय, आगे को बढ़ानेवाला ।

Projection–प्रो-जेंक्‌'-शॉन्‌–*n.* a shooting forward, prominence, protruding. प्रलम्बता, ऊचाई, निकास; **Projection of a point** (a line which joins a point in the original figure to one of a derived figure.) किसी बिन्दु से रेखा खींचकर नई आकृति बनाना ।

Projective – प्रो-जेंक्‌'-टिव्‌ – *adj.* pertaining to projection. विस्तार संबंधी ; **Projectively** (-ली) *adv.* in a projecting manner. फैलावट में ।

Projector–प्रो-जेंक्ट्‌'-ऑर्‌-*n.* one who forms a project, an instrument for projecting rays of light. उपाय सोचनेवाला, प्रकाश की किरणों के फैलाने का यन्त्र ।

Prolapse–प्रो-लैप्स्‌'–*v. i.* to slip onward. आगे को बढ़ जाना ; **Prolapsus** (-अस्‌) *n.* the falling down of an organ of the body. शरीर के किसी अङ्ग का आगे को बढ़ जाना ।

Prolate – प्रॉ'-लेट्‌–*adj.* lengthened, extending. लम्बा, फैला हुआ ; **Prolateness** (-नेस्‌) *n.* delay. विलम्ब ; **Prolately** (-ली) *adv.* in a lengthened manner. दीर्घ उच्चारण से ।

Prolative – प्रो-लेट्‌'-इव्‌–*adj.* serving to complete the sense of a predicate. विधेय का अर्थ पूर्ण करने वाला (शब्द) ।

Prolegomenon–प्रॉ-लॅ-गॉम्‌'-ऍन्‌-ऑन्‌–*n.* (*pl.* **Prolegomena**.) preliminary remarks. प्रस्तावना, भूमिका ; **Prolegomenary** (-ऑर्‌-ई) *adj.* introductory. प्रस्तावना का ; **Prolegomenous** (-अस्‌) *adj.* pertaining to prolegomena. भूमिका विषयक ।

Prolepsis–प्रो-लॅप्‌'-सिस्‌– *n.* anticipation, anticipatory use of some words. पूर्व ग्रहण, पूर्व समाधान ; **Proleptic** (- टिक्‌) *adj.* pertaining to anticipation. पूर्व समाधान का ; **Proleptically** (-ऑल्‌-ली) *adv.* by way of prolepsis. पूर्व समाधान में ।

Proletarian–प्रॉ-लॅ- टैअर्‌'-इ-ऑन्‌–*n.* a man of the labouring class, the lowest class of community. नीच-जाति का मनुष्य, अधम समाज ; **Proletariate** (-ऑट्‌) *n.* poorest labouring class. नीच जाति के लोग ।

Prolicidal – प्रॉल्‌'-इस्‌-आइड्‌-ऑल्‌–*adj.* pertaining to prolicide. सन्तान हत्या सम्बन्धी ।

Prolicide–प्रॉल्‌'-इस्‌-आइड्‌–*n.* the killing of offspring. सन्तान की हत्या ।

Proliferate – प्रॉ-लिफ्‌'-अर्‌-एट्‌ – *v. i.* & *t.* to reproduce itself, to grow. उगना, बढ़ना ; **Proliferation** (-ए'-

शॉन्) *n.* growth. वृद्धि; **Proliferative** (-ए'-टिव्) *adj.* pertaining to growth. बढ़ाव का ।

Prolific – प्रॉ-लिफ़्'-इक्–*adj.* generative, abundantly productive of. फलवान् , उपजाऊ; **Prolificacy** (-ऑस्-ई) *n.* fruitfulness. बहुप्रसवता ; **Prolificness** (-नैस्) *n.* the state of being prolific. बहुफलता, उपजाऊपन ।

Proligerous – प्रो-लिज्'-ऍर्-अस् – *adj.* bearing offspring. सन्तति उत्पन्न करनेवाली ।

Prolix – प्रॉ'-लिक्स् – *adj.* lengthy, tedious, long and wordy. अति दीर्घ, विस्तृत, प्रपञ्ची; **Prolixity** (-इट-ई) *n.* excessive detail. अति विस्तार, प्रपञ्च ; **Prolixly** (- ली) *adv.* to a great length. अति विस्तार से, प्रपञ्च से ।

Prologue–प्रो'-लग–*n.* an introduction to a discourse or play. प्रस्तावना, नाटक का आरम्भ ; *v. t.* to make an introduction. प्रस्तावना करना ; **Prologise** (- लॉज् - आइज़), **Prologuize** (-गाइज़) *v. t.* to deliver a prologue. प्रस्तावना लिखना या बोलना ।

Prolong–प्रो-लॉङ्ग्'–*v. t.* to extend, to lengthen, बढ़ाना, विस्तार करना ; **Prolongable** (-ऑं-ग्ब्ल्) *adj.* able to be prolonged. विस्तार करने योग्य; **Prolongation** (-ए'-शन्)*n.* extension. विस्तार, बढ़ाव ।

Prolusion – प्रो-ल्यू'-ज़ॉन्–*n.* first attempt, preliminary article. पहिला प्रयत्न, प्रस्तावना; **Prolusory** (-ज़ॉर्-ई) *adj.* pertaining to prolusion. प्रस्तावना सम्बन्धी ।

Promenade–प्रॉम्-ऍन्-एड्'– *n.* a walk or ride taken for pleasure or exercise, a public walk. विहारार्थ भ्रमण करना या घोड़सवारी करना, टहलने का मार्ग ; *v. i.* to walk for exercise. टहलान लगाना ; **Promenader** (-अर्) *n.* one who promenades. सैर करनेवाला ।

Promerops–प्रॉम्'-ऍर्-ऑप्स्–*n.* a kind of small bird with curved bill. टेढ़ी चोंच की एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Prominence–प्रॉम्'-इन्-ऍन्स्–*n.* conspicuousness, distinction. श्रेष्ठता, उन्नति (ऊचाई) ; **Prominency** (-ऍन्-सी) *n.* prominence. ऊँचाई ।

Prominent–प्रॉम्'-इन्-एन्ट्-*adj.* principal, eminent, jutting out, conspicuous, distinguished. प्रधान, मुख्य, उन्नत, ऊचा, प्रसिद्ध ; **Prominently** (-ली) *adv.* in a prominent manner. प्रधान रूप से, विशिष्टता से ।

Promiscuity – प्रॉ-मिस्'-क्यू-इट-ई – *n.* promiscuousness. संकीर्णता, अभेद ।

Promiscuous – प्रॉ-मिस्'-क्यु-अस्–*adj.* mingled, indiscriminate. मिश्रित, अनेक प्रकार का ; **Promiscuously** (-ली) *adv.* in an indiscriminate manner. मिश्रित रूप में ।

Promise – प्रॉम्'-इस् – *n.* assurance given to a person, declaration, expectation, pledge. प्रतिज्ञा, वचन, आशा, सङ्केत, (स्वीकार) ; *v. t. & i.* to assure by promise. प्रतिज्ञा करना, आशा देना ; **A hollow promise**. झूठी (खाली) प्रतिज्ञा ; **To break a promise**. प्रतिज्ञा भङ्ग करना;**To fulfil a promise**. प्रतिज्ञा पालन करना ।

Promisee – प्रॉम्-इस्'-ई – *n.* he to whom a promise is made. जिसको वचन दिया जावे।

Promiser–प्रॉम्-इस्'-अर्–*n.* one who promises. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Promising – प्रॉम्-इस्'-इङ्ग्–*adj.* full of promise, hopeful. आशा जनक, होनहार; **Promisingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a promising manner. आशा से।

Promissory – प्रॉम्'-इस्-सॉर्-ई – *adj.* implying a promise, full of promise. प्रतिज्ञा युक्त; **Promissory note** (an unconditional promise for payment of money.) रुक्का, तमस्सुक।

Promontoried–see **Promontory**.

Promontory – प्रॉम्'-ऑन्-टॉर्-ई–*n.* a headland, the point of land jutting out into the sea. भूनासिका, अन्तरीप; **Promontoried** (-इ) *adj.* pertaining to headland. अन्तरीप का।

Promote–प्रॉ-मोट्'–*v. t.* to advance to a higher office, to encourage, to elevate, to found a company. ऊँचे पद पर नियुक्त करना, बढ़ाना, वृद्धि करना, संस्था स्थापित करना; **Promoter** (-अर्) *n.* he who or that which promotes. उपकारी, प्रवर्तक; **Promoterism** (-इज़्म्) *n.* the principle of encouragement. उन्नति का सिद्धान्त; **Promotion** (-मो'-शॉन्) *n.* the act of promoting. उन्नति, श्रेष्ठ पद की प्राप्ति; **Promotive** (-इव्) *adj.* tending to promote. उपकारी, साधक।

Prompt – प्रॉम्प्ट् – *adj.* ready in action, doing with alacrity. उद्यत, (उद्योगी) फुर्तीला; *v. t.* to incite to action, to inspire, to instigate. उत्साह देना, उत्तेजित करना, उसकाना; **Prompter** (-अर्) *n.* one who prompts, a person stationed out of sight of audience to assist actors in the performance of a play. प्रोत्साहक (उसकानेवाला), नाटक में पात्रको स्थान स्थान पर स्मरण करानेवाला; **Prompting** (-इङ्ग्) *n.* promptitude. उत्साह; **Promptitude** (प्रॉम्'-टि-ट्यूड्) *n.* readiness. उत्साह, शीघ्रता; **Promptly** (-ली) *adv.* in a prompt manner. शीघ्रता से, फुर्ती से; **Promptness** (-नेस्) *n.* promptitude. उद्यम, प्रवृत्ति; **Prompture** (-ट्यूर्) *n.* excitement, suggestion. प्रेरणा, उसकाव।

Promulgate – प्रॉम्'-अल् गेट्–*v. t.* to proclaim, to make known to the public. प्रकाशित (प्रसिद्ध) करना, घोषणा करना; **Promulgation** (-गे'-शॉन्) *n.* publication. प्रकाशन, घोषणा; **Promulgator** (-ऑर्) *n.* a publisher. प्रकाशक, घोषणा करनेवाला।

Prone–प्रोन्–*adj.* bending downward, lying flat, inclined. prostrate. (उद्यत), उन्मुख, अधोमुख, झुका हुआ; **Pronely** (-ली) *adv.* in a prone manner. औंधेपन से; **Proneness** (-नेस्) *n.* the state of being prone. झुकाव, औंधापन।

Prong–प्रॉङ्ग् – *n.* a forked instrument. काँटा; *v. t.* to pierce. काँटा

मोकनी; **Pronged** (-इ) *adj.* forked. काँटेदार।

Pronominal – प्रो-नॉम्'-इन्-ऑल्–*adj.* belonging to a pronoun. सर्वनाम सम्बन्धी; **Pronominally** (-ली) *adv.* as a pronoun. सर्वनाम सदृश।

Pronoun–प्रो'-नाउन्–*n.* a word used in place of a noun. सर्वनाम; **Demonstrative pronoun** वर्णन करनेवाला सर्वनाम; **Interrogative pronoun** प्रश्नार्थक सर्वनाम; **Personal pronoun** व्यक्तिवाचक सर्वनाम; **Possessive pronoun** सम्बन्ध सूचक सर्वनाम।

Pronounce–प्रो-नाउन्स्'–*v. t.* & *i.* to utter, to articulate, to pass judgment. उच्चारण करना, बोलना, (व्यवस्था देना) निर्णय सुनाना; **Pronounceable** (-ऑ-बल) *adj.* able to be pronounced. उच्चारण करने योग्य; **Pronounced** (-इ) *adj.* decided, settled. निश्चित, निर्णय किया हुआ; **Pronouncedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a decided manner. उच्चारण रूप में, निर्णय करते हुए; **Pronouncement** (-मेन्ट्) *n.* an official declaration. अधिकारी की घोषणा; **Pronouncing** (-इङ्ग्) *adj.* pertaining to pronunciation. उच्चारण सम्बन्धी।

Pronunciation – प्रो-नन्-सि-ए'-शन्–*n.* mode of pronouncing. उच्चारण की रीति; **Easy of pronunciation** (easily pronounceable.) सुख से उच्चारण करने योग्य।

Proof–प्रूफ्–*n.* (*pl.* **Proofs.**) evidence to establish some fact, test, trial, standard of strength, impression from type to be corrected, impenetrability. प्रमाण, परीक्षा, जाँच, दृढ़ता, (प्रूफ) पहिली छाप; *v.t.* to render proof. शक्तिशाली बनाना; *adj.* of tried strength. (अभेद्य), परीक्षित शक्ति का; **Burden of proof** साधन धर्म; **Proof-reader** (a person employed in correcting proof-sheets.) छपे कागज (प्रूफ) को शोधनेवाला; **To put to the proof** (to examine.) परीक्षा करना; **Written proof** (written legal evidence.) लेख प्रमाण।

Prop–प्रॉप्–*n.* a strong support, a stay. आधार (अवलम्ब), खम्भा या थूनी; *v. t.* (*p. t.* **Propped**) to support, to sustain. आश्रय देना, सहारा देना; *v. i.* to come to a dead stop with rigid forelegs. घोड़ों का अगला पैर कड़ा करके स्थिर होना या रुक जाना।

Propaganda–प्रॉप्-ऑ-गॅन्ड्'-ऑ–*n.* an organized scheme, principle, committee for propagating a doctrine. सिद्धान्त, कल्पना, किसी सिद्धान्त को प्रचार करने की मण्डली; **Propagandist** (-इस्ट्) *n.* one who spreads some system. किसी सिद्धान्त का प्रचारक; **Propagandism** (-इज़्म्) *n.* practice of propagating. प्रचारक विधि; **Propagandize** (-आइज़्) *v. t.* to conduct a propaganda. किसी सिद्धान्त का प्रचार करना।

Propagate–प्रॉप्-ऑ-गेट्' – *v. t.* to reproduce, to beget, to diffuse, to multiply, to transmit. विस्तृत करना, उत्पन्न करना, बढ़ाना, प्रचलित करना, परम्परा बढ़ाना; **Propagation** (-गे'-शन्) *n.*

the act of propagating. विस्तार (फैलाव), परम्परा उन्नति; **Propagator** (-गेट्'-ऑर्) *n.* one who propagates. वृद्धि करनेवाला।

Propel-प्रो-पेल्'-*v.t.* (*p.t.* **Propelled**) to drive forward, to urge onward. प्रेरित करना, ढकेलना, आगे को बढ़ाना; **Propellant** (-लैन्ट्), **Propellent** (-लैन्ट्) *adjs.* that which propels. प्रेरित करनेवाला; **Propeller** (-लर्) *n.* the screw that drives a ship or an aeroplane. जहाज़ या हवाई जहाज़ को आगे बढ़ानेवाला पङ्खा।

Propense- प्रो-पेन्स्'- *adj.* inclined, prone. उद्यत, झुका हुआ।

Propensity - प्रो-पेन्स्'-इट्-ई - *n.* inclination, tendency. प्रवृत्ति, रुझान; **Bad propensity** (bad habit.) व्यसन; **Good propensity** (good disposition.) सुशीलता।

Proper - प्रॉप्'-अर् - *adj.* belonging exclusively to, peculiar, one's own, correct, genuine, real, decent. आत्मीय, विशिष्ट, शुद्ध, निजी, योग्य, उचित, यथोचित, स्वच्छ; **Proper fraction** (fraction less than unity.) भिन्न का वह रूप जो एकाई से कम हो; **Proper noun** (a name used for individual person or thing.) व्यक्तिवाचक संज्ञा।

Properly - प्रॉप्'-अर्-ली - *adv.* in a proper manner. यथायोग्य, वस्तुतः, उचित रीति से; **Properly speaking** (in a proper way.) यथार्थ दृष्टि से।

Property-प्रॉप्'-अर्-टी-*n.* (*pl.* **Properties.**) thing owned, attribute, quality, estate. सम्पत्ति, धन, गुण, लक्षण (स्वभाव), अधिकार; **Landed property** (immovable property.) स्थावर सम्पत्ति; **Public property.** सर्व सामान्य का धन।

Prophecy-प्रॉफ्'-ऍस-ई-*n.* (*pl.* **Prophecies.**) foretelling, prediction. भविष्य कथन, भविष्य सूचना।

Prophesy-प्रॉफ्'-ऍ-साइ'-*v.i.* & *t.* (*p.t.* **Prophesied.**) to foretell future events, to predict. भविष्य कहना, आगम बतलाना।

Prophet - प्रॉफ्'-ऍट् - *n.* one who reveals God's will, a foreteller. सिद्ध, भविष्यवक्ता; **Prophetess** (-ऍस्) *n. fem.* a female prophet. भविष्य कहनेवाली स्त्री; **Prophethood** (-हुड्) *n.* the office of a prophet. भविष्यवक्ता का पद।

Prophetic - प्रॉ-फ़ैट्'-इक् - *adj.* pertaining to a prophet, predictive. भविष्यवक्ता सम्बन्धी, भविष्यवाणी का: **Prophetical** (-ऑल्) *adj.* containing prophecy. भविष्य कथन सम्बन्धी; **Prophetically** (-ऑल-लि) *adv.* in a prophetic manner. भविष्यवक्ता की रीति से।

Prophylactic - प्रॉफ्-इल-ऍक्'-टिक् - *adj.* tending to prevent a disease. रोगहर, रोग हटानेवाली; *n.* a preventive medicine. रोग हटानेवाली औषधि।

Propine-प्रो-पाइन्'-*v. i.* to offer in kindness. दया करके देना।

Propinquity - प्रॉ-पिन्'-क्विट-ई - *n.* nearness in time, close kinship, neighbourhood. समय की समीपता, सगोत्रता, पड़ोस।

Propitiate– प्रॉ-पिश्' -इ-एट् – *v. t.* to appease, to tranquillize. शमन करना, सन्तुष्ट करना ; **Propitiation** (-ए'-शन्) *n.* the act of propitiating. आराधना, शान्ति ।

Propitiator– प्रॉ-पिश्'-इ-एट्'-ऑर् – *n.* one who propitiates. अनुरञ्जक, प्रसन्न करनेवाला ; **Propitiatorily** (-इ-ली) *adv.* in a propitiating manner. शमन करते हुए ; **Propitiatory** (-ऑर्-ई) *adj.* appeasing. शान्तिकारी, शमन करनेवाला ।

Propitious–प्रॉ-पिश्'-अस्– *adj.* well-disposed, favourable, gracious. अनुकूल, अनुग्रही, कृपालु, कल्याणकर ; **Propitiously** (-ली) *adv.* in a propitious manner. अनुकूलता से, दयासहित ; **Propitiousness** (-नेस्) *n.* the quality of being propitious. अनुकूलता ।

Proplasm– प्रो'-प्लॅज़्म्– *n.* a mould or matrix. ढालने का साँचा ।

Proponent – प्रॉ-पोन्'-ऍन्ट् – *n.* one who puts forward a theory or proposal. प्रस्ताव करनेवाला ।

Proportion– प्रॉ-पोर्'-शॉन् – *n.* comparative share or relation, ratio, equality of ratios between two pairs of qualities. परिमाण (भाग, अंश), अनुरूपता, परस्पर सम्बन्ध, *v. t.* to make proportionate to, to make symmetrical. अनुरूप करना, तुल्य करना; **In proportion to** (in comparison with.) अनुरूप, सदृश ।

Proportionable-प्रो-पोर्'-शॉन्-ऑ-ब्ल्- *adj.* that may be proportioned. सदृश, तुल्य ।

Proportionably – प्रो-पोर्'-शॉन्-ॲब्-ली–*adv.* according to proportion. अनुरूपता से ।

Proportional – प्रॉ-पोर्'- शॉन्-ॲल् – *adj.* in due proportion. अनुरूप, तुल्य ; **Proportionality** (-ॲल्'-इट्-ई) *n.* proportionateness. अनुरूपता, समानता ; **Proportionalist** (-इस्ट्) *n.* one who plans proportions. समानता से कार्य करनेवाला ; **Proportionally** (-ॲल्-ली) *adv.* in a proportionate manner. यथानुरूप, सादृश्य से ।

Proportionate–प्रॉ-पोर्'-शॉन्-एट्–*adj.* adjusted according to certain rate. अनुरूप, सदृश ; **Proportionately** (-ली) *adv.* अनुरूपता से; **Proportionateness** (-नेस्) *n.* अनुरूपता ।

Proportionless – प्रॉ-पोर्'-शॉन्-लेस् – *adj.* without symmetry. अनुरूपता विरुद्ध ।

Proportionment– प्रॉ-पोर्'-शॉन्-मेन्ट्– *n.* similarity. तुल्यता, बराबरी ।

Proposal–प्रो-पोज़्'-ॲल्–*n.* a scheme or design, an offer of marriage. प्रस्ताव, विवाह का वचन ।

Propose–प्रॉ-पोज़्'–*v. t.* & *i.* to put forward for consideration, to nominate as member, to plan, to intend, to make offer of marriage. प्रस्ताव करना, सदस्य चुनना, प्रतिज्ञा करना, विचार करना, इच्छा करना, विवाह के लिये प्रार्थना करना ।

Proposition–प्रॉप्-ओ-ज़िश्'-ऑन्-*n.* an assertion, formal statement, pro-

posal, scheme. प्रतिज्ञा, कर्तव्यनिर्देश, प्रस्तावना, साध्य ; **Propositional** (-ऑल्) *adj*. pertaining to a proposition. निर्दिष्ट कर्तव्य सम्बन्धी ।

Propound–प्रो-पाउन्ड्'–*v. i.* to offer for consideration, to propose. प्रतिपादन करना, निवेदन करना ; **Propounder** (-अर्) *n.* one who propounds. प्रतिज्ञा करनेवाला ।

Proprietary–प्रा-प्रि'-एँट्-ऑर्-ई–*adj*.of a proprietor. स्वामी के आधीन, स्वामी का ; *n.* an owner or proprietor. स्वामी, क्षेत्रपति, जमींदार; **Proprietary medicines** (patented medicines.) ऐसी औषधियां जिनके बनाने और बेंचने के अधिकार सुरक्षित हों; **Proprietary rights** (rights of a proprietor.) स्वामी के अधिकार ।

Proprietor-प्रा-प्रि'-एँट्-आर्-*n.*-owner. स्वामी, अधिकारी ; **Proprietorial** (-ऑर्-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to a proprietor. स्वामी सम्बन्धी ; **Proprietorially** (-ली) *adv.* in a proprietory manner. स्वामी रूप से ; **Proprietorship** (-शिप्) *n.* the office of a proprietor. प्रभुत्व, अधिकार ; **Proprietress** (-रेस)*n. fem.* a woman proprietor. अधिकारिणी ।

Propriety–प्रा-प्रि-एँट्-ई – *n.* fitness, accuracy, rightness, correct behaviour. योग्यता, शुद्धता, सद्व्यवहार, सुचरित्र ; (*pl.*) good character. (ब० व०) शुद्ध चरित्र ।

Proptosis–प्राप्-टो'-सिस् – *n.* protrusion of the eye. आंख में की बिलनी ।

Propulsion–प्रा-पल्'-शान्–*n.* a pushing forward. आगे को धक्का देना या ढकेलना ; **Propulsive** (-सिव्) *adj.* propelling. आगे को बढ़ानेवाला ।

Prorogation–प्रॉ-रो-गे'-शान् – *n.* the act of adjourning. कुछ काल के लिये सभा को स्थगित करने का कार्य ।

Prorogue–प्रॉ-रोग्'–*v.t.* & *i.* to postpone a meeting without dissolving it. सभा को बिना तोड़े कुछ काल के लिये स्थगित करना ।

Prosaic–प्रो-ज़े'-इक्–*adj.* like prose, dull, uninteresting, commonplace, lacking in beauty. गद्यरूप, नीरस, सत्वहीन, साधारण, शोभाहीन ; **Prosaically** (-ऑल् - लि) *adv.* in a prosaic manner. नीरसता से ।

Prosaism–प्रो-ज़े-इज़्म्–*n.* prose writing. गद्य लेख ।

Prosaist–प्रो'-ज़े-इस्ट – *n.* an author of prose, a prosaic person. गद्य लेखक, नीरस मनुष्य ।

Proscenium–प्रॉ-सीन्'-इ-अम् – *n.* the space in a theatre between the drop-scene and orchestra. रङ्गभूमि का आगे का भाग ।

Proscribe–प्रॉ-स्क्राइब्' – *v. t.* to banish, to exile, to reject. बहिष्कार करना, देश से निकालना, त्याग करना ।

Proscription–प्रो-स्क्रिप्'-शान् – *n.* the act of proscribing. बहिष्कार ; **Proscriptive** (-स्क्रिप्'-टिव्) *adj.* proscribing. देश निकाल का ।

Prose–प्रोज़ – *n.* non-metrical form of language. गद्यरूप काव्य ; *v. i.* to talk in prose. गद्य में बातें करना ; **Proser** (-अर्) *n.* a writer in prose. गद्य लिखने वाला ; **Prose poem** (a prose work in poetical

style.) कविता रूप का गद्य काव्य ।

Prosector–प्रो-सॅक्ट्'-ऑर्–*n.* an anatomical dissector. मुर्दों की चीरफाड़ करनेवाला ।

Prosecute – प्रॉस्'-ऍ-क्यूट् – *v. t.* & *i.* to follow up, to carry on, to continue, to pursue, to institute legal proceedings against. पीछा करना, अनुसरण करना, लगे रहना, निर्वाह करना, अभियुक्त (गिरफ्तार) करना ; **To prosecute studies** (to pursue studies.) अध्ययन करना ।

Prosecution – प्रॉस्-ए-क्यू'-शॉन् – *n.* the act of prosecuting. अभियोग, गिरफ्तारी ।

Prosecutor–प्रॉस-ऍ-क्यूट्-ऑर्–*n.* one who institutes criminal suit. अभियोक्ता, मुद्दई; **Prosecutrix** (-ट्रिक्स्) *n. fem.* a woman prosecutor. अभियोग चलानेवाली ।

Proselyte – प्रॉस्'-एॅल्-आइट – *v. t.* to convert from one creed to another. धर्म त्याग कराना, एक पंथ से दूसरे में ले जाना ; *n.* a convert to a religion. परधर्म अनुयायी ; **Proselytism** (-इल्-इट्'-इज़्म्) *n.* conversion to a creed. धर्म त्याग ; **Proselytize** (-आइज़्) *v. t.* to convert. धर्म त्याग कराना ; **Proselytizer** (-आइज़्-अर्) *n.* one who is bent on making converts. स्वधर्म त्याग कराने वाला ।

Prosify–प्रोज़्'-इ-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* Prosified.) to turn into prose. गद्य लिखना, गद्य में बदलना ।

Prosodiacal–प्रो-सॉड्'-इ्क-ऑल् , **Prosodial** (-इ-ऑल्) *adjs.* pertaining to the rules of prosody. छन्द सम्बन्धी ।

Prosodist – प्रॉस्'-ऑड्-इस्ट् – *n.* one who is skilled in prosody. छन्द शास्त्र जाननेवाला ।

Prosody–प्रॉस्'-ऑड्-ई – *n.* the part of grammar which treats with the rules of poetry, science of versification. छन्दशास्त्र, छन्दविद्या ।

Prosopopoeia–प्रॉस्-ऑ-पो-पी'-यॉ – *n.* personification of abstract things. साहित्य में गुण या भावों को पुरुषवत् वर्णन करना, उपचार ।

Prospect–प्रॉस्'-पॅक्ट् – *n.* wide view of a scene, outlook, a mental scene, expectation. आलोक दृश्य, विस्तार (फैलाव), अपेक्षा, आशा ; *v. i.* (-पॅक्ट्') to explore. अन्वेषण करना, खोजना ; **Prospectless** (-लॅस्) *adj.* devoid of expectation. आशाहीन ।

Prospective – प्रॉ-स्पॅक्ट्' - इव् – *adj.* concerned with the future, acting with foresight. उत्तरकाल की अपेक्षा करनेवाला, दूरदर्शी ; **Prospectively** (-ली) *adv.* with reference to the future. उत्तर काल की अपेक्षा में ; **Prospectiveness** (-नॅस्) *n.* due regard for the future. दूरदर्शिता ।

Prospector – प्रॉस्-पॅक्ट्'-ऑर् – *n.* a searcher for minerals. सोने चाँदी की खान खोजनेवाला ।

Prospectus – प्रॉ-स्पॅक्'-टस् – *n.* (*pl.* Prospectuses.) a circular of the chief features of an enterprise, school-books &c. पुस्तक इत्यादि का विज्ञापन, सूचनापत्र ।

Prosper–प्रॉस्'-पर्–*v. i.* & *t.* (*p. t.*

Prospered.) to be successful, to thrive. कृतार्थ होना, सफल होना, (सम्पत्ति प्राप्त करना)।

Prosperity–प्रास्'-पॅर्-इट्-ई–*n.* success, good fortune. सफलता, सौभाग्य।

Prosperous–प्रॉस्'-पर्-अस्–*adj.* successful. सौभाग्यशाली, सफल, धन्य; **Prosperously** (-ली) *adv.* सफलता से

Prostate–प्रॉस्'-टेट्–*n.* glands of the male generative organs. शिश्न की गिलटियाँ; **Prostatic** (-टॅट्'-इक्) *adj.* pertaining to the prostate gland. इन गिलटियों का।

Prosthesis–प्रास्'-थॅ-सिस्–*n.* branch of surgery which makes up the deficiencies of the body. शरीर के टूटे हुए भागों को पूर्ण करने की जर्राही विधि; **Prosthetic** (-थॅट्'-इक्) *adj.* इस विधि का।

Prostitute–प्रॉस्'-टि-ट्यूट्–*n.* a concubine, a harlot. वेश्या, वराङ्गना; *v. t.* to sell one's honour for base gain. अपनी मान मर्यादा का बुरा उपयोग करना; **Prostitution** (-ट्यू'-शॉन्) *n.* वेश्या जीवन।

Prostrate–प्रॉस्'-ट्रेट्–*adj.* lying at length, lying in a horizontal position, overthrown. लम्बा पड़ा हुआ, साष्टाङ्ग दण्डवत् किये हुए, जीता हुआ; *v. t.* (-ट्रेट्') to lay flat, to overthrow, to demolish. दण्डवत् करना, पाँव पड़ना, नष्ट करना; **Prostrated** (-एँड्) *adj.* lying flat. पड़ा हुआ; **Prostration** (-ट्रे'शॉन्) *n.* the act of lying down, great depression. साष्टाङ्ग प्रणाम, उदासीनता।

Prosily, Prosiness–see **Prosy**.

Prosy–प्रोज़्'-ई–*adj.* (*comp.* **Prosier**, *sup.* **Prosiest**.) commonplace, dull, tedious, like prose. सामान्य, मन्द, फीका, गद्यवत्; **Prosily** (-इ-ली) *adv.* in a commonplace style. सामान्य रूप से; **Prosiness** (-नॅस्) *n.* dullness. मन्दता।

Protagonist–प्रो-टॅग्'-ऑन्-इस्ट्–*n.* a champion in a contest, the chief person in a story. पहलवान्, कथा या नाटक का प्रधान पुरुष।

Protasis–प्रॉट्'-ॲ-सिस्–*n.* a maxim. कहावत।

Protean–प्रो'-टी-ॲन्–*adj.* assuming different forms, variable. अनेक रूप धारण करनेवाला, बहुरुपिया।

Protect–प्रॉ-टॅक्ट्–*v. t.* to keep safe, to guard, to defend, to patronize. सुरक्षित करना, रक्षा करना, बचाना, शरण (सहायता) देना; **Protection** (-टॅक्'-शॉन्) *n.* the act of protecting, defence. (पालन पोषण), रक्षा; **Protectionism** (-इज़्म्) *n.* the doctrine of protecting home commodities against foreign competition. देशमें बने माल की इस प्रकार की रक्षा करना जिसमें परदेश से आये माल से सस्ते पड़ें; **Protectionist** (-इस्ट्) *n.* इस प्रकार के सिद्धान्त का अनुयायी।

Protective–प्रो-टॅक्'-टिव्–*adj.* defending, affording protection. रक्षक, शरण देनेवाला; **Protectively** (-ली) *adv.* रक्षारूप में; **Protectiveness** (-नॅस्) *n.* protection. रक्षण।

Protector–प्रो-टॅक्ट्'-ऑर्–*n.* one who protects. रक्षक, आश्रय, शरण देनेवाला; **Protectorate** (-ऑर्-एट्) *n.* government by a protector. संरक्षक का

शासन ; **Protectorial** (-ऑर्'-इ-ऑल् *adj*. pertaining to a protector. रक्षक सम्बन्धी; **Protectorship** (-शिप्) *n*. the office of a protector. संरक्षक का पद ; **Protectory** (-ऑर् ई) *n*. institution for the care of vicious children. दुष्ट बालकों को रक्षा पूर्वक रखने का स्थान ; **Protectress** (-ट्रॅस्) *n*. *fem*. a female protector. शरण या रक्षा देनेवाली ।

Protege–प्रॉ'-टॅ-जॅ–*n*. (*fem*. **Protegee**.) a person who is under the protection of another. उपजीवी, दूसरे की रक्षा में रहनेवाला मनुष्य ।

Proteiform-प्रॉ'-टॅ-इ-फ़ॉर्म्–*adj*. changeable in form. रूप बदलनेवाला ।

Protein–प्रो'-टॅ-इन् – *n*. albuminoid. एक रसायनिक सत्व ।

Pro tempore–प्रो-टॅम्'-पोर् – *adv*. for the time being. कुछ काल के लिये ।

Protend–प्रॉ-टॅन्ड्' – *v*. *t*. to stretch, to hold out. फैलाना, आगे करना ।

Protest–प्रॉ'-टॅस्ट् – *n*. a solemn declaration, a statement of approval or disapproval, declaration against. दृढ़ उक्ति, अस्वीकार, विरुद्ध वाक्य; (प्रॉ-टॅस्ट्') *v*. *t*. & *i*. to affirm solemnly. दृढ़ वाक्य बोलना ; **Protestation** (–ए॑'-शॉन्) *n*. solemn declaration. दृढ़वचन; **Protester** (-अर्) **Protestor** (–आॅर्) *ns*. one who utters a solemn declaration. दृढ़-वाक्य बोलने वाला ।

Protestant – प्रॉट्'-ऍस्ट्-ऑन्ट् – *n*. a member of the Christian community who protests against the Church of Rome. ईसाइयों के उस पंथ का अनुयायी जो पोप के सर्वस्व अधिकार को स्वीकार नहीं करता ; **Protestantism** (-इज़्म्) *n*. the Protestant religion. इस मत का सिद्धान्त ; **Protestantize** (-आइज़्) *v*. *t*. to convert to Protestantism. इस पंथ का अनुयायी करना ।

Prothalamium–प्रॉ-थॉ-लॅम्'-इ–अम्–*n*. nuptial song. विवाह-गीत ।

Proto – प्रॉ'-टो – *pref*. in sense of 'original', " primitive. " " प्रथम, आदि " अर्थ का उपसर्ग ; **Protogenic** (–जॅन्'-इक्) *adj*. first formed. उपज की पहिली दशा का ।

Protocol–प्रॉ'-टो-कॉल्–*n*. an original document. मूललिपि,आदि लेख; *v.i.* & *t*. to record in protocol. मसविदा बनाना ।

Protonotary-प्रॉ'-टो-नोट्'-ऑर्-ई *n*. the chief clerk in some law-courts. कचहरी का मुख्य लेखक ।

Protoplasm – प्रॉ'-टो-प्लॅज़्म् – *n*. a colourless semifluid substance, which forms the essence of life in plants and animals. वनस्पति तथा प्राणियों के जीवन का आधार; **Protoplasmic** (-प्लॅज़्'-मिक्) *adj*. pertaining to protoplasm. इस तत्व सम्बन्धी ।

Protoplast–प्रॉ'-टो-प्लॅस्ट्– *n*. an original model. आदर्श, मूलतत्व ; **Protoplastic** (-प्लॅस्'-टिक्) *adj*. pertaining to protoplasm. मूलतत्व सम्बन्धी ।

Prototypal–see **Prototype**.

Prototype–प्रॉ'-टो-टाइप् – *n*. the original of a copy, imitation, pattern, improved form. आदर्श, मूल प्रतिमा, मूलरूप ; **Prototypal** (-ऑल्);

Prototypical (-टिप्'-इ-कॉल) *adjs.* pertaining to original pattern. मूल प्रतिमा सम्बन्धी ।

Protract–प्रॉ-ट्रैक्ट्'–*v. t.* to prolong, to lengthen, to delay. बढ़ाना, फैलाना, विलम्ब करना ; **Protracted** (-ऍड्) *adj.* prolonged. फैला हुआ ; **Protractedly** (-ली) *adv.* in a protracted manner. फैलाते हुए ; **Protractile** (-आइल) *adj.* that which is extended. फैलानेवाला (किसी जन्तु का) अङ्ग ; **Protraction** (-ट्रैक्'-शॉन्) *n.* the act of protracting. विस्तार, फैलाव ; **Protractive** (-इव्) *adj.* delaying. विलम्ब करनेवाला ।

Protractor–प्रॉ-ट्रैक्ट्'-ऑर्–*n.* an instrument for measuring and constructing angles. कोण नापने या बनाने का यन्त्र ।



Protractor.

Protrude-प्रॉ-ट्रूड्'-*v.t.* & *i.* to thrust forward, to project, to obtrude. फैलाना, बढ़ाना, उभाड़ना; **Protrudent** (-ऍन्ट्) *adj.* protruding. फैलता हुआ ।

Protrusible–प्रो-ट्रू'-सि-बूल–*adj.* able to protrude. फैलनेवाला ।

Protrusile–प्रो-ट्रू'-सिल–*adj.* capable of being protruded. फैलानेवाला(अङ्ग)

Protrusion–प्रो-ट्रू'-ज़ॉन्– *n.* the act of protruding. प्रलम्बन, फैलाव ।

Protuberance– प्रॉ-ट्यूब्'-अर्-ऑन्स्–*n.* a swelling. शोथ, सूजन ।

Protuberant–प्रॉ-ट्यूब्'-अर्-ऑन्ट्–*adj.* swelling out, prominent. फूला हुआ, उन्नत (ऊँचा) ।

Protuberate-प्रॉ-ट्यूब्'-अर्-एट्'-*v.i.* to swell, to bulge out. उभाड़ना, फूल उठना ; **Protuberation** (-ए'-शॉन्) *n.* swelling. सूजन ।

Proud–प्राउड्–*adj.* & *adv.* haughty, arrogant, imposing, splendid. अभिमानी, गर्वित, उन्नत, विशाल ; **Proudly** (-ली) *adv.* arrogantly. गर्व से, घमण्ड से ।

Provable-प्रूव्'-ऑ-बूल-*adj.* that may be proved. प्रमाणित करने योग्य ; **Provableness** (-नैस्) the state of being provable. प्रमाणिकता ; **Provably** (-ऑब्-ली) *adv.* in a provable manner. प्रमाणित करते हुए ।

Prove–प्रूव्–*v. t.* & *i.* to test the accuracy of, to verify, to make certain, to demonstrate, to turn out to be. सिद्ध करना, प्रमाणित करना, निश्चित करना, परीक्षा करना, प्रकाशित करना ।

Proveditor, Provedore–प्रॉव्-ऍइ'–ऍ-टॉर् (-डोर्)–*n.* a caterer, a purveyor. रसद पहुँचानेवाला ।

Provenance– प्रॉव्'-ऍन्-ऑन्स्– *n.* the place of origin. उत्पत्ति स्थान ।

Provender–प्रॉव्'-ऍन्-डर्– *n.* fodder, provision. पशु का भोजन (चारा), खाद्य पदार्थ ।

Proverb–प्रॉव्'-अर्ब्–*n.* a short pithy saying, a maxim, saying. जनोक्ति, जनप्रवाद, कहावत ; **Proverbial** (प्रॉ-वर्ब्'-इ-ऑल) *adj.* accepted generally. लौकिक, लोक प्रसिद्ध ; **Proverbiality** (-इट्-ई) *n.* the state of being proverbial. लोक प्रसिद्धि ; **Proverbially** (-ली) *adv.* commonly. लोक

प्रसिद्धि से ।

Proviant-प्रॉ-वि-ऑन्ट्'- *n.* a supply of food to army. सेना के भोजन इत्यादि का प्रबन्ध ।

Provide-प्रॉ-वाइड्'-*v. i.* & *t.* to furnish, to make due preparation, to equip with necessities, to appoint. सामग्री उपस्थित करना, (पहिले से) तैयारी करना, यत्न करना, नियुक्त करना, **To provide against** (to obstruct.) निवारण करना; **To provide for** (to make provision beforehand.) पहिले से प्रबन्ध कर लेना ।

Provided- प्रो-वाइड्'-एँड्- *conj.* on condition that. युक्ति सहित, पूर्वनिर्दिष्ट; **Provided that** (on condition that, on this term.) इस प्रतिज्ञा पर, ऐसा होने पर ।

Providence- प्रॉव्'-इड्-एँन्स्- *n.* foresight, thrift, divine superintendence, God. दूरदर्शिता, मितव्ययता, विधि, परमेश्वर ।

Provident-प्रॉव्'-इड्-एँन्ट्-*adj.* showing foresight, prudent, economical. दूरदर्शी, बुद्धिमान, किफ़ायती ।

Providential-प्रॉव्-इड्-एँन्'-शॅल्-*adj.* effected by divine foresight, lucky. दैवी, भाग्यशाली ; **Providentially** (-ली) *adv.* in a providential manner. दैववश, ईश्वर की इच्छासे ।

Providently - प्रॉव्'-इड्-ऍन्ट्-ली- *adv.* with a foresight. दूरदर्शिता से ।

Provider- प्रो-वाइड्'-अर्- *n.* one who makes a supply. बिसाती ।

Province- प्रॉव्'-इन्स् - *n.* territory, portion of an empire, sphere of action, business. देश, सूबा, कर्तव्य, व्यापार ।

Provincial-प्रॉ-विन्'-शॅल्-*adj.* pertaining to a province.प्रान्तीय; **Provincialism** (- इज़्म्) *n.* mode of thought, manner &c. peculiar to a province. देहाती व्यवहार तथा बोलने चालने की रीति; **Provinciality** (-ऑल्'-इट्-ई) *n.* the state of being provincial. प्रान्तीयता ; **Provincialist** (-इस्ट्) *n.* the resident of a province. देशवासी ; **Provincialize** (-आइज़) *v. t.* to make provincial. प्रदेश में बसाना; **Provincially** (-ऑल्-लि) *adv.* in a provincial manner. प्रान्तीय रूप में ।

Provision-प्रॉ-विज़्'-ऑन्- *n.* providing, condition, preparation, a rule for guidance. विधान, पूर्व कल्पना, संकेत, तैयारी, नियम ; *v. t.* to supply with food. सामग्री जुटाना, (*pl.*) supply of food, drinkables &c., provender.(ब०व०)भोजन सामग्री, भोजन के सामान; **Provisional** (-ऑल) *adj* temporary. सामयिक कुछ काल के लिये ; **Provisionless** (-लॅस्) *adj.* without provision. बिना सामग्री का; **Provisionally** (-ऑल्-लि) *adv.* in a provisional way. समयानुरूप, थोड़े काल के लिये ।

Provisionary - प्रॉ-विज़्'-ऑन्-ऑर्-रि- *adj.* temporary. कुछ काल का ।

Proviso-प्रो-वाइज़्'-ओ-*n.* (*pl.* **Provisoes**.) a conditional stipulation. नियम, बन्धेज ।

Provisiorily-see **Provisory**.

Provisory-प्रो-वाइज़्'-ऑर्-ई-*adj.* temporary, conditional. समयानुरूप,

कुछ काल का ; **Provisorily** (-इल्-ली) *adv.* in a provisory manner. समय के अनुसार ।

Provocation – प्रॉव्-ओ-के'-शॉन् – *n.* the act of provoking. प्रकोप, उत्साह

Provocative – प्रो-वॉक'-ॲट-इव्–*adj.* tending to provoke. उद्दीपक, उसकानेवाला ।

Provoke–प्रॉ-वोक' – *v. t.* to excite, to irritate, to instigate, to offend, to allure. उत्तेजित करना, ललकारना, उसकाना, ललचाना ।

Provoking–प्रॉ-वोक्'-इङ्ग्-*adj*. exciting. उत्तेजक ; **Provokingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a provoking manner. उत्तेजित करते हुए ।

Provost–प्रॉव्'ऑस्ट–*n.* the head of a college, the head of a municipality. पाठशाला का अध्यक्ष, मॅजिस्ट्रेट ; **Provost marshal** *n.* सेना में क्रम तथा शान्ति स्थापन करनेवाला अधिकारी ; **Provostship** (-शिप्) *n.* the office of a provost. ऐसे अधिकारी का पद ।

Prow'–प्राउ–*n.* the fore-part of a ship. जहाज का अगला भाग ; *adj*. gallant, worthy. वीर, योग्य ।

Prowess – प्राउ' - ऍस् – *n.* bravery, valour. शूरता, पराक्रम ।

Prowl–प्राउल्–*v. t.* to go about in search of plunder or prey. लूटने या शिकार करने के निमित्त भ्रमण करना ; *n.* prowling. परिभ्रमण; **Prowler** (-अर्) *n.* one who roves for prey. शिकार की खोज में घूमनेवाला ।

Proximal–प्रॉक्स्'-इम्-ॲल्- *adj.* situated towards the centre. केन्द्र (मध्य) की ओर स्थित ; **Proximally** (-ली) *adv.* by way of axis. केन्द्रीभूत।

Proximate-प्रॉक्स्'-इम्-एट्–*adj.* nearest, immediate, approximate. समीप, निकट, आसन्न; **Proximately** (-ली) *adv.* in a proximate manner. निकट में, समीप में ।

Proximity–प्रॉक्स्-इम्'-इट-ई–*n.* nearness in space or time. निकटता; समीपता ; **Proximity of blood** (kinship.) समीप का सम्बन्ध ।

Proximo– प्रॉक्स्'-इम्-ओ–*n.* pertaining to the coming month. आगामी मास सम्बन्धी ।

Proxy–प्रॉक्स्'-ई– *n.* (*pl.* **Proxies**.) agency or substitute, one who is authorized to act for another vote given in such a manner. प्रतिनिधि, दूसरे के लिये कार्य करने का अधिकारी, प्रतिनिधि रूप में वोट ।

Prude-प्रूड्-*n.* a woman of extremely affected modesty. अति विनीत या पाखण्डी स्त्री; **Prudery** (-अर्-ई) *n.* affectedness. मिथ्या विनय ; **Prudish** (-इश्) *adj*. affected. पाखण्डी; **Prudishness** (-इश्-नॅस्) *n.* the state of being prudish. विनयाभिमान ।

Prudence– प्रूड्'-ऍन्स्– *n.* discretion, sagacity. दूरदर्शिता, चालाकी ।

Prudent – प्रूड्'एन्ट – *adj*. sagacious, judicious, worldly wise. चतुर, विवेकी, नीतिज्ञ, (दुनियादार) ।

Prudential – प्रू-डॅन्'-शॅल् – *adj.* involving prudence, proceeding from prudence. विवेकयुक्त, बुद्धिमानों का ; **Prudentialism** (-इज़्म्) *n.* involving prudence. बुद्धिमानी ; **Prudentially** (-लि) *adv.* in a pru-

dential manner. चतुराई से।

Prudentials – प्रू-डेन्'-शॅल्ज़ – *n. pl.* practical wisdom. विवेक पूर्वक विचार।

Prudently– प्रूड-एन्ट्'-ली – *adv.* in a prudent manner. दूरदर्शिता से, विवेक सहित।

Prune–प्रून्–*n.* dried pulm. सूखी हुई बेर (या जामुन), *v. t.* to trim, to lop off superfluous parts. छाँटना (काटना), अनावश्यक भाग हटाना।

Pruning– प्रून्'-इङ्ग– *n.* a lopping. कटाव; **Pruning-knife** (a knife for pruning.) पौधों को छाँटने की छूरी।

Prunella - प्रू-नेल्'-ली – *n.* a strong silk stuff used for gowns &c. एक प्रकार का पुष्ट रेशमी वस्त्र।

Prurience–प्रूर्'-इ-एन्स्– *n.* lewdness. कामुकता।

Prurient–प्रूर्'-इ-एन्ट्-*adj.* lewd, with morbid desires. कामी, नीच अभिलाषा का; **Pruriently** (-ली) *adv.* in a prurient manner. कामुकता से।

Prurigo, **Pruritus**–प्रू-रि'-गो (-रिट्'-अस्) *ns.* a disease marked by excessive itch. एक प्रकार की खुजली।

Pry–प्राइ– *v. t.* (*p. t.* **Pried.**) to look inquisitively, to inspect impertinently. भेद लेना, निहारना; **Prying** (प्रि'-इङ्ग) *n.* narrow inspection. सूक्ष्म निरूपण; **Pryingly** (-ली) *adv.* in a prying manner. भेद लेते हुए, निहारते हुए।

Psalm - साम् – *n.* a sacred song, hymn. स्तोत्र, धर्मगीत, भजन; **Psalmist** (-इस्ट) *n.* a writer of psalms. स्तोत्र या भजन बनानेवाला; **Psalmodic** (-ऑड्-इक्) *adj.* pertaining to psalmody. भजन सम्बन्धी; **Psalmodist** (-ऑड्-इस्ट) *n.* a singer of psalms. भजन गानेवाला; **Psalmody** (-अड्-ई) *n.* the art of singing sacred songs. भजन या स्तोत्र गाने की कला।

Psalter–सॉल्'-टर्– *n.* the book of psalms स्तोत्र संग्रह, भजनमाला।

Pseudechis–स्यु-डे'-किस्–*n.* a genus of venomous snakes. विषैले सर्प की एक जाति।

Pseudo–स्यू'-डो– *pref.* in sense of "falsely", "seemingly." उपसर्ग जिसका अर्थ "मिथ्या, कपट, छल" इत्यादि होता है; **Pseudograph** (-ग्रॅफ्) *n.* false writing. मिथ्या साहित्य।

Pseudologer – स्यू-डॉल्-ऑज्-अर् – *n.* one who speaks a systematic lie. क्रमपूर्वक असत्य बोलनेवाला; **Pseudological** (-इ-कॉल्) *adj.* pertaining to pseudology. असत्यवाक्य सम्बन्धी; **Pseudologist** (-ऑ-जिस्ट) *n.* a false speaker. असत्यवक्ता।

Pseudonym– स्यू'-डॉन्-इम्– *n.* fictitious name of an author. लेखक का बनावटी नाम; **Pseudonymity** (इम्'-इट्-ई) *n.* writing under a false name. कृत्रिम नाम पर लेख; **Pseudonymous** (-डॉन्'-इम्-अस्) *adj.* having a fictitious name. असत्य नाम पर लिखी हुई (रचना)।

Pseudoscope–स्यू'-डा-स्कोप्–*n.* a kind of optical instrument. एक प्रकार की दूरबीन।

Pshaw–शॉ–*interj.* expressing impatience or contempt. अधैर्य अथवा

तिरस्कार सूचक अव्यय, धिक्कार ; *v. t. & i.* to speak words of contempt. धिक्कारना ।

Psilosis – सि-लो'-सिस्–*n.* stripping off of hairs or flesh. मांस या रोवाँ हटाने की क्रिया ।

Psittacine – सिट्'-टीं-साइन्–*adj.* like a parrot, pertaining to a parrot. शुक सम्बन्धी, तोते की तरह का ।

Psoriasis–सो-रि'-ऑस्-इस्–*n.* a kind of skin disease with red patches. चर्मरोग जिसमें लाल चिकोते पड़ जाते हैं ।

Psyche–सि'-कें–*n.* soul, mind. आत्मा, ब्रह्म ।

Psychiater – सि-कि'-ऑट्-अर्–*n.* one who treats mental diseases. मानसिक रोगों की चिकित्सा करनेवाला ; **Psychiatrical** (-ट्रिक्-ऑल्) *adj.* pertaining to psychiatry. मानसिक रोग सम्बन्धी ; **Psychiatry** (-ऑट्-री) *n.* treatment of diseases of the mind. मानसिक रोगों की चिकित्सा ।

Psychic–साइक्'-इक्–*adj.* pertaining to soul or mind, spiritual. ब्रह्म सम्बन्धी, आत्मा विषयक ; **Psychical** (-ऑल्) *adj.* pertaining to the mind. आत्मा (या मन) सम्बन्धी; **Psychically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a psychical manner. ब्रह्म सम्बन्ध से ।

Psycho – सि'-को – *pref.* in sense of "soul or mind." "आत्मा या मन" अर्थ का उपसर्ग ; **Psychodynamics** (डाइ'-नॅम्'-इक्स्) *n.* the science of mental powers. मानसगतिशास्त्र ; **Psychomancy** (-मॅन्'-सी) *n.* necromancy. प्रेतविद्या ; **Psychopathy** (-कॉप्'-ऑ-थी) *n.* the science of mental diseases. मानसिक रोगों का शास्त्र

Psychology–साइ-कॉल्'-ऑज्-ई–*n.* the science of the nature and functions of the human mind. अध्यात्म विद्या,मानसशास्त्र; **Psychologic** (-लॉज्'-इक्) **Psychological** (-ऑल्) *adjs.* pertaining to psychology. मानस-शास्त्र संबंधी; **Psychologically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a psychological manner. मानस शास्त्र की रीति से ; **Psychologist** (- जिस्ट) *n.* one who is versed in psychology. मानसशास्त्र जाननेवाला ।

Psychosis – सि-को'-सिस्–*n.* mental derangement. मानसिक अव्यवस्था ।

Ptarmigan – टार्'-मि-गॅन्–*n.* a kind of bird. एक प्रकार का पक्षी ।

Ptero – टॅर्'-ओ – *pref.* in sense of 'winged.' उपसर्ग जिसका अर्थ "परवाला" होता है ।

Pteropus–टॅर्'-रो-पस्–*n.* (*pl.* **Pteropi.**) a kind of flying fox. एक प्रकार का चमगादड़ ।

Puberty–प्यूब्'-अर्-टी–*n.* functional capability of procreation, maturity. यौवन, तरुण अवस्था ; **A girl attaining puberty.** कन्या जो रजस्वला हो गई हो ।

Pubescence–प्यूब्-ऍस्'-ऍन्स्–*n.* time of attaining puberty. यौवन प्राप्त होना ; **Pubescent** (-सॅन्ट) *adj.* arriving at puberty. प्राप्त यौवन ।

Public – पब्'-लिक्–*adj.* pertaining to the people as a whole, shared by the people, common, open to general observation, known to the people at large. लोक सम्बन्धी,

सामान्य, साधारण, सार्वजनिक, प्रचलित (प्रसिद्ध); *n.* community in general. सामान्य जन, लोक; **In public** (openly.) सबके सामने, प्रत्यक्ष रूप से; **Public good** (good of the people.) लोकहित; **Public house** (a tavern.) कलवरिया, शराबखाना; **Public life** सार्वजनिक जीवन; **Public odium** (public hatred.) जनद्वेष; **Public road** (road used by the public.) राजमार्ग, आम सड़क; **Public service** (government service.) सरकारी नौकरी; **Public spirit** (patriotism.) देशभक्ति; **Public works** (permanent works or improvements made for public use or benefit.) सार्वजनिक निर्माण कार्य; **Public spirited** (patriotic.) परोपकारी।

Publican – पब्'-लिक्-ऑन् – *n.* a tax collector, a keeper of public-house. टिकस वसूल करनेवाला, शराबखाने का मालिक (भटियारा)।

Publication–पब्-लिक्-ए'-शॉन्–*n.* the act of publishing, making known publicly, a work printed and published. प्रकाशन, प्रकाशित ग्रन्थ, मुद्रित ग्रन्थ।

Publicist—पब्'-लिस्-इस्ट्–*n.* a writer on current topics. प्रचलित विषय पर लेख लिखनेवाला; **Publicistic** (-इक्) *adj.* pertaining to publicist. ऐसे लेख सम्बन्धी।

Publicity – पब्-लिस्'-इट्-ई – *n.* the state of being public, notoriety, advertising. लोक प्रसिद्धि, प्रकाशन, विज्ञापन।

Publish–पब्'-लिश्–*v. t.* to announce publicly, to make generally known, to promulgate. प्रकाशित करना, प्रसिद्ध करना, विस्तार करना; **Publishable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be published. प्रकाशित करने योग्य; **Publisher** (-अर्) *n.* one who publishes. प्रकाशक, प्रचार करनेवाला।

Puccoon - पक्'-ऊन्-*n.* an American plant yielding red dye. अमेरिका देश की एक वनस्पति जिसमें से लाल रङ्ग निकलता है।

Puce–प्यूस् – *adj.* of purple-brown colour. बैंगनी, जामुन के रङ्ग का।

Pucelage – प्यू'-सेल्-एज्–*n.* state of virginity. कुमारी अवस्था।

Puck–पक् – *n.* a mischievous child or spirit. दुष्ट प्रेत, दुष्ट बालक; **Puckish** (-इश्) *adj.* mischievous. दुष्ट, चंचल; **Puck-like** (like a puck.) दुष्ट, प्रेत के सदृश।

Pucker–पक्'-अर् – *v. i.* & *t.* to contract, to gather into wrinkles. सिकोड़ना, झुर्री पड़ना; *n.* bulging. सिकुड़न, झुर्री; **Puckering** (-इङ्ग्) *n.* contraction. संकोच, वलि; **Puckered** (-ड्) *adj.* contracted. संकुचित; **Puckery** (-ई) *adj.* having wrinkles. झुर्रीदार।

Pud–पड्–*n.* a child's hand. बच्चे का हाथ।

Pudding – पूड्'-डिङ्ग्–*n.* a mixture of animal or vegetable ingredients made into food. एक प्रकार का मांस और अन्न इ० का पकवान; **More praise than pudding** (material reward.) वास्तविक उपहार; **Pudding-face** (full round face.)

गोल भरा हुआ मुखड़ा; **Pudding heart** (a coward.) डरपोक मनुष्य ।

Puddle–पड्'-डल्–*n.* a small muddy pool on the side of a road. पोखरी, गड़ही; *v. t.* & *i.* to make a dirty stir, to dabble in mud. गन्दा करना, कीचड़ घँघोलना; **Puddly** (-ली) *adj.* muddy. गदला ।

Pudency – प्यू'-डॅन्-सी–*n.* modesty. लज्जा ।

Pudendal–see **Pudendum**.

Pudendum–प्यू-डॅन्'-डम्–*n.* (*pl.* **Pudenda**.) private parts. गुप्त भाग, (योनि, भग, लिंग) ; **Pudendal** (-डॅल्) *adj.* pertaining to pudendum. गुप्त भाग का ।

Pudge–पज्–*n.* a short fat person. नाटा मोटा मनुष्य ।

Pudgy–पज्'-ई-*adj.* short and stout. मोटा, नाटा ।

Pudicity–प्यू-डिस्'-इट्-ई-*n.* modesty, chastity. लज्जा, पतिव्रता धर्म ।

Puerile–प्यू'-ऍर्-आइल्–*adj.* childish, trivial, trifling. बालकयोग्य, तुच्छ, ओछा; **Puerilely** (-ली) *adv.* in a puerile manner. लड़कपन से; **Puerility** (- इल्'-इट्-ई) *n.* childishness. शिशुत्व, बालकत्व ।

Puerperal – प्यू-एर्'-पर्-ऑल्–*adj.* of child-birth. प्रसव सम्बन्धी; **Puerperous** (- अस्) *adj.* bearing children. बाल प्रसविनी ।

Puff–पफ्–*n.* short blast of breath or wind, a small quantity of vapour, smoke &c., protuberant mass of hair &c. फूत्कार, हवा का झकोरा, थोड़ी भाफ या धुआँ, जूड़ा, गुच्छा; *v. t.* & *i.* to blow, to inflate. फूकना, फुलाना; **To puff and blow** (to breathe hard.) हाँफना; **To puff out** (to utter pantingly.) हाँफकर बोलना; **To puff up** (to inflate, to make proud.) फुलाना, घमण्ड करना ।

Puffer – पफ्'-अर्–*n.* one who puffs. फुलानेवाला ।

Puffery – पफ्'-अर्-ई–*n.* advertisement, inflation. प्रकाशन (विस्तार), फुलाव ।

Puffing – पफ्'-इङ्ग्–*n.* great praise. अति प्रशंसा ।

Puffiness – पफ्'-इ-नॅस्–*n.* the state of being puffy. स्थूलता, मोटापन ।

Puffy–पफ्'-ई– *adj.* fat, bombastic. फूला हुआ, मोटा ।

Pug – पग्–*n.* a monkey, a kind of dog, prepared clay for brick-making. बन्दर, एक प्रकार का छोटा कुत्ता, ईंट बनाने की मिट्टी; **Pug-faced** (-फेस्ड्) *adj.* monkey-faced. कपिमुख, बन्दर के सदृश मुखवाला; **Puggish** (-गिश्) *adj.* like a monkey. बन्दर के सदृश; **Pug nosed** (having small flat nose.) छोटी चिपटी नाकवाला ।

Pugil – प्यू'-जिल् – *n.* the quantity that can be taken up between the thumb and first two fingers. चुटकी भर ।

Pugilism–प्यू'-जिल्-इज़्म्–*n.* practice of boxing. मुक्केबाजी ।

Pugilist – प्यू'-जिल्-इस्ट्–*n.* a boxer, a vigorous controversialist. मुक्की लड़नेवाला, हुज्जत करनेवाला; **Pugilistic** (-इक्) *adj.* pertaining to boxing.

मल्लयुद्ध सम्बन्धी, कुश्ती ; **Pugilistically** (-ऑल्-ली) *adv.* in a pugilistic manner. मल्ल युद्ध से ।

Pugnacious – पग्-ने'-शस्–*adj.* disposed to fight, quarrelsome. (कलहप्रिय) लड़ाका, झगड़ालू ; **Pugnacity** (- नॅस्'-सिट्-ई) *n.* inclination to quarrel. कलह की इच्छा ।

Puisne – प्यू'-नी– *adv.* & *n.* inferior or junior. छोटा, पद में कम ; **Puisne judge** (a junior judge in superior courts.) हाइकोर्ट का छोटा जज ।

Puissance – प्यू-इस्' - ऑन्स् – *n.* the quality of being mighty. प्रबलता, पराक्रम ।

Puissant–प्यू'-इस्-ऑन्ट्– *adj.* having great influence, mighty. प्रबल, अधिक प्रभाव वाला ; **Puissantly** (-ली) *adv.* in a mighty manner. अधिक प्रभाव से ।

Puke–प्यूक्–*v.t.* to vomit. वमन करना, उलटी करना ; *n.* a medicine exciting vomiting. वान्तिकर औषधि ।

Pule – प्यूल् – *v. t.* to cry in a low tone, to whine. धीरे से चिल्लाना, कराहना; **Pulingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a puling manner. कराहते हुए ।

Pull–पूल्–*v. t.* & *i.* to draw towards oneself, to exert force, to haul, to pluck, to strain, to move by pulling. अपनी ओर खींचना,शक्ति लगाना, उठाना, तोड़ना, दबाना, ढकेलना; *n.* the act of pulling, influence, a struggle or contest. आकर्षण, प्रभाव, खिंचाव या प्रयत्न ; **He is pulled** (he is reduced in health.) उसका स्वास्थ्य बिगड़ा है ; **To have the pull** (to have advantage.) सुविधा होना ; **To pull about** (to pull from side to side.) इधर उधर हिलाना ; **To pull a thing to pieces** (to separate a thing in parts.) किसी वस्तु को टुकड़े टुकड़े करना ; **To pull back** (to obstruct.) रोकना; **To pull caps** (to quarrel.) झगड़ा करना ; **To pull down** (to demolish.) तोड़कर नष्ट करना ; **To pull off** (to separate by pulling.) अलगाना ; **To pull off one's hat** (to salute by taking off the hat.) टोपी उतारकर अभिवादन करना ; **To pull out of fire** (to save from hopelessness.) निराशा से बचाना ; **To pull through** (to get safely out of danger.) आपत्ति से सुरक्षित निकल आना ; **To pull together** (to work in harmony.) साथ मिलकर काम करना ।

Puller–पुल्'-अर्-*n.*that which pulls. खींचने का यन्त्र ।

Pullet – पूल्'-लॅट्–*n.* a young fowl. छोटा मुर्गा या मुर्गी ।

Pulley–पूल्'-ली– *n.* (*pl.* **Pulleys.**) a grooved wheel turning on a pin in a block. घिरनी, चरखी ; *v. t.* to furnish with pulley. घिरनी लगाना ।



Pulley.

Pullicate–पूल्'-लि-कॅट्– *n.* a kind of coloured handkerchief. एक प्रकार का रङ्गीन रूमाल ।

Pullman – पूल्'-मॅन् – *n.* a railway saloon with sleeping accommo-

dation. रेल का डब्बा जिसमें सोने का प्रबन्ध रहता है।

Pullulant-see Pullulate.

Pullulate-पुल्'-ल्यु-लेट्-*v.i.* to sprout, to bud out, to spring forth. उगना, उभड़ आना, फूलना ; **Pullulant** (-लॅन्ट्) *adj.* budding. फूलनेवाला ; **Pullulation** (-ले'-शॉन्) *n.* the act of sprouting. फुलाव, उभाड़।

Pulmo-पल्'-मो- *pref.* in sense of "lung." उपसर्ग जो 'फेफड़ा सम्बन्धी' अर्थ में प्रयोग होता है ; **Pulmometer** (-मी-टर्) *n.* an instrument for measuring the capacity of lungs. फेफड़े की फुलाहट नापने का यन्त्र।

Pulmonary – पल्'-मान्-ऑर्-ई – *adj.* pertaining to the lungs. फुस्फुस (फेफड़ा) सम्बन्धी; **Pulmonary artery** (an artery which brings blood from the heart to the lungs.) फुप्फुसीय शिरा जो हृदय से फेफड़ों में रक्त लाती है।

Pulp-पल्प्-*n.* the fleshly part of food or of animal body, a shapeless form, marrow. गुद्दा, मज्जा, वसा ; *v. t.* & *i.* to reduce to pulp, to become pulpy. गुद्दा निकालना, मुलायम करना या होना ; **Pulpify** (-इ-फाइ) *v. t.* to make pulpy. कोमल करना ; **Pulpiness** (-इ-नेस्) *n.* the state of being pulpy. गुद्दापन ; **Pulpless** (-लेस्) *adj.* without pulp. बिना गुद्दे का ; **Pulpous** (-अस्) *adj.* consisting of pulp. गुद्देदार।

Pulpit-पुल्'-पिट्-*n.* a raised platform in a church from which a preacher delivers a sermon, profession of preaching. धर्मोपदेश करने का आसन, पुरोहित या उपदेशक का व्यवसाय ; **Pulpitarian** (-ऑर्-इ-ॲन्) *n.* one who preaches. उपदेश देनेवाला ; **Pulpiteer** (-इअर्) *n.* a fanatical preacher. झक्की उपदेशक ; **Pulpiteering** (-इअर्'-इङ्ग्) *n.* the act of preaching. उपदेश।

Pulsate-पल्स्'-एट्-*v.t.* & *i.* to beat, to throb, to vibrate or quiver. स्फुरण करना, काँपना, धड़कना।

Pulsatile-पस्'-सीं-टाइल्-*adj.* having throbbing qualities. काँपने के गुण-वाला।

Pulsation-पल्-से'-शॉन्-*n.* the act of throbbing. धड़कन।

Pulsator-पल्स्-ऑट्'-ऑर्-*n.* a striker. घोटने का यन्त्र ; **Pulsatory** (-ऑट्-ऑर्-ई) *adj.* pulsative. धड़कने या काँपनेवाला।

Pulsatilla-पल्स्-ॲ-टिल्'-लॉ-*n.* a kind of flower whose extract is used in medicines. एक प्रकार का फूल जिसका रस औषधि में प्रयोग होता है।

Pulse-पल्स्- *n.* rhythmical throbbing of arteries, an edible seed of some plants. नाड़ी, (नाड़ीस्फुरण), दाल; *v.i.* to beat as pulse. नाड़ी की तरह फड़कना ; **To feel the pulse** (to examine the throbbing of pulse.) नाड़ी परीक्षा करना।

Pulseless- पल्स्'-लेस्- *adj.* without pulse. जिसमें नाड़ी की गति न हो ; **Pulselessness** (-नेस्) *n.* having no pulsation. नाड़ी की गति का अभाव।

Pulsific-पल्स्-इफ्'-इक्-*adj.* exciting pulse. नाड़ी की गति बढ़ानेवाला।

Pulsimeter–पल्स्-इम्′-एँट्-अर्–*n.* an instrument for recording the force of pulse. नाड़ीकी गति सूचक यन्त्र।

Pultaceous–पुल्-टे′-शस्–*adj.* pulpy, soft. गुद्देदार, मुलायम।

Pulverizable–पल्′-वर्-आइज़्′-अॅ-ब्ल्-*adj.* that may be pulverized. बुकनी करने योग्य।

Pulverization-पल्′-वर्-आइज़्-ए′-शॉन्-*n.* the act of pulverizing. पिसाई, बुकनी करने की विधि।

Pulverizator– पल्′वर्-आइज़्-ए′-टॉर् –*n.* a machine for pulverizing. बुकनी करने का यन्त्र।

Pulverize – पल्′-वर्-आइज़् – *v. t.* to reduce to dust or fine powder. बूकना, महीन बुकनी करना; **Pulverizer** (-अर्) *n.* one who or that which pulverizes. बुकनी करनेवाला।

Pulverulent– पल्-वॅर्′-र्यू-लॅन्ट्– *adj.* powdery, covered with powder. बुकनीदार, बुकनी से भरा हुआ।

Pulvinate–पल्′-विन्-एट्, (**Pulvinated**–एॅड्) *adjs.* swelling up. फूला हुआ, उभड़ा हुआ।

Pumice– पम्′-मिस् – *n.* a kind of hard stone used for polishing. कुरन पत्थर, झावाँ; **Pumiceous** (प्यू-मिश्′-अस) *adj.* like pumice. झावेंदार

Pummel– पम्′-मॅल्– *v. t.* to strike with fist. मुक्की से पीटना या मारना।

Pump–पम्प्–*n.* a machine for raising water, contrivance for filling in or extracting air, a kind of light shoe. पानी खींचने का यन्त्र, हवा भरने या निकालने की पिचकारी, एक प्रकार का बिना फीते का जूता ; *v. i. & t.* to work a pump, to raise with a pump. पम्प चलाना, पिचकारी से पानी या हवा निकालना या भरना; **To pump out** (to suck up air or water.) हवा या पानी निकालना; **To pump up** (to inflate.) हवा भरना।

Pumper – पम्प्′-अर् – *n.* one who works a pump. पम्प चलानेवाला।

Pumpkin-पम्प्′-किन्-*n.* a plant bearing large globular edible fruit. कूष्माण्ड, कद्दू , लौकी।

Pun-पन्-*n.* humorous use of words having several meanings, a play on words. श्लेष, अनेक अर्थों के शब्दों का प्रयोग ; *v. t.* (*p. t.* **Punned**.) to make use of pun. श्लेष का प्रयोग करना ; **Punningly** (-निङ्ग्-ली) *adj.* making use of a pun. श्लेष का प्रयोग करते हुए।

Punch–पन्च्–*n.* an instrument for cutting holes, a kind of beverage, a grotesque figure. छेद काटने की छेनी, एक प्रकार की मदिरा, हँसानेवाली मूर्ति (भाँड़) ; *v. t.* to strike with fist, to perforate. मुक्की मारना, छेद करना; **Puncher** (-अर्) *n.* one who or that which punches. छेद करनेवाला, छेदने का शस्त्र।

Puncheon– पन्च्′-ऑन् – *n.* a short post for supporting a roof, a large cask. छत संभालने की थूनी, बड़ा पीपा।

Punchinello–पन्च्′-इन्-एॅल्′-लो–*n.* a short stout person, a buffoon. स्थूल, छोटा मनुष्य, भाँड़ (मसखरा)।

Recommit-री-कॉम्-मिट्'-*v. t.* (*p. t.* **Recommitted**.) to commit again, to refer a second time. फिरसे सौंपना, दुबारा हवाले करना;**Recommittal** (-ऑल्) *n.* दुबारा हवाला करने का कार्य।

Recommunicate-रि-कॉम्'-म्यु-नि-केंट्'-*v. t.* to communicate a second time. दुबारा सूचित करना।

Recompact-री-कॉम्-पैक्ट्' - *v. t.* to join afresh. फिरसे मिला देना।

Recompense-रेंक्'-ऑम्-पेंन्स्-*v. t.* to make amends for, to compensate, to requite. प्रतिफल देना, बदला चुकाना, पारितोषिक देना ; *n.* an equivalent returned for something, reward, remuneration, repayment. बदला, पारितोषिक, प्रतिफल, निस्तार।

Recompilation-री-कॉम्-पि-ले'-शॉन् - *n.* the act of recompiling. दुबारा ग्रन्थ निर्माण।

Recompile - री-कॉम्-पाइल्' - *v. t.* to compile again. नये सिरे से ग्रन्थ बनाना।

Recompose - री-कॉम्-पोज़्' - *v. t.* to form in a new way again, to quieten. नये सिरे से बनाना, शान्त करना।

Recompound-री-कॉम्-पाउन्ड्' - *v. t.* to compound again. फिर से मिलाना या जोड़ना।

Reconcilable-रेंक्'-ऑन्-साइल्'-ऑ-ब्ल्-

adj. able to be reconciled. सन्तुष्ट करने योग्य ।

Reconcile–रैंक्'-ऑन्-साइल् – *v. t.* to settle a quarrel, to heal up, to conciliate, to harmonize. झगड़ा तोड़ना, सन्धि कराना, सन्तुष्ट करना, एकता करना ; **Reconcilability** (-ऑब्-इल्-इट्-ई), **Reconcilement** (- मेन्ट्), **Reconciliation** (-सिल्-इ-ए'-शॉन्) *ns*. समाधान, विरोध शान्ति ; **Reconciliatory** (-एट्'-ऑर्-ई) *adj*. विरोध नाश करनेवाला ।

Recondite–रैंक्'-ऑन्-डाइट्–*adj*. abstruse, hidden, obscure. गूढ़, गुप्त, छिपा हुआ ; **Reconditely** (-ली) *adv*. obscurely. गुप्तरीतिसे ; **Reconditeness** (-नेस्) *n*. the quality of being obscure. गूढ़ता ।

Recondition–री-कॉन्-डिश्'-ऑन्–*v. t.* to overhaul, to fit again. फिरसे बैठाना या ठीक करना ।

Reconditory–रैं-कॉन्-डिट्'-ऑर्-ई – *n*. a storehouse. भण्डारघर ।

Reconduct–री-कॉन्-डक्ट्' – *v. t.* to conduct again. फिर से मार्ग दिखलाना

Reconfirm–री-कॉन्-फर्म्'-*v.t.* to confirm again. फिर से स्थिर करना ।

Reconnaissance – रैं-कॉन्-निस्-ऑन्स्– *n*. preliminary survey, military or naval examination of a tract. अनुसन्धान, किसी स्थान की सैनिक परीक्षा ।

Reconnoitre–रैंक्-ऑन्-नाय्'-टर्– *v. t.* & *i.* to make a survey, to learn the condition. अन्वेषण, निरीक्षण या जाँच करना ; **Reconnoitrer** (-अर्) *n*. निरीक्षण करनेवाला ।

Reconquer– री-कॉङ्'-कर् – *v. t.* to regain, to conquer again. पुनः प्राप्त करना, फिरसे जीतना ।

Reconsider – री-कॉन्'-सिड्'-अर्– *v. t.* to review. फिर से देखभाल करना ; **Reconsideration** (-ए'-शॉन्) *n*. दुबारा देखभाल ।

Reconstitute– री-कॉन्'-स्टि-ट्यूट्–*v. t.* to reconstruct. पुनर्निर्माण करना; **Reconstitution** (-ट्यू'-शॉन्) *n*.पुनर्निर्माण

Reconstruct–री-कॉन्-स्ट्रक्ट्' – *v. t.* to rebuild. फिर से मरम्मत करना या बनाना

Reconvene– री-कॉन्'-वीन्' – *v. t.* to call together again. फिर से एकत्रित करना या बटोरना ।

Reconvert– री-कॉन्-वर्ट्' – *v. t.* to convert again. फिर से पटलटना ।

Reconvey– री-कॉन्-वे'– *v. t.* (*p. t.* **Reconveyed**.) to convey back. फिर से ले जाना ; **Reconveyance** (-ऑन्स्) *n*. the act of reconveying. वापसी ।

Record–रैक्'-ऑर्ड्–*n*. the state of being recorded, an official report of proceedings, remembrance, a public document, facts known, the plate of a gramophone. ज्ञात प्रमाण, लेख प्रमाण, यादगार, सरकारी कागज़, ग्रामोफ़ोन् के बाजे की थाली ; *v. t.* (रैं-कॉर्ड्') to register, to represent in a permanent form. रजिस्टर में लिखना, प्रमाणित करना ; **Recordable** (-ऑब्ल्) *adj*. प्रमाणित करने योग्य ; **Recorder** (-अर्) *n*. one who records. लेखक, दफ़्तर के कागज़ रखनेवाला ।

Recount–री-काउन्ट्'–*v. t.* to relate, to tell in detail, to count again.

वर्णन करना, विस्तार सहित कहना, फिर से गिनना।

Recoup-रें-कूप्'-*v. t. & i.* to make a deduction, to make good, to compensate. कम करना, पूरा करना, हानि की पूर्ती करना ; **Recoupment** (-मेंन्ट) *n.* the act of recouping. हानि की पूर्ति।

Recourse-रें-कोर्स् - *n.* resort to a possible help, thing resorted, helper. आश्रय, आलम्ब (सहायता), सहायक ; **To have recourse to** (to adopt as helper.) सहारा लेना।

Recover-रें-कव्'-अर्-*v. t. & i.* to regain possession of, to cure, to reclaim, to secure. to regain consciousness, to get over. फिर से प्राप्त करना, रोग में विमुक्त होना, (चंगा होना), सँभालना, पूर्व स्थिति पर पहुँचना, होश में आना; **Recoverable** (-ऑ-ब्ल) *adj.* आरोग्य होने योग्य, पुनः प्राप्त करने योग्य ; **Recoverableness** (-नेस्) *n.* पुनः प्राप्ति ; **Recovery** (-ई) *n.* the act of recovering, restoration from illness. पुनर्लाभ, आरोग्य प्राप्ति, स्वास्थ्य।

Recreancy-रेक्'-रें-ऑन्-सी- *n.* cowardliness. भीरुता।

Recreant-रेक्'-रें-ऑन्ट- *adj. & n.* cowardly, apostate, mean-spirited. डरपोक, धर्मभ्रष्ट (पतित), नीच ; **Recreantly** (-ली) *adv.* in a cowardly manner. डर से।

Recreate-री'-क्रें-एट-*v. i. & t.* to reanimate, to refresh, to amuse, to entertain, to occupy agreeably, to create again. सचेत करना, ताजा करना, आनन्द करना, आश्वासन करना, सन्तुष्ट करना, फिर से उत्पन्न करना ; **Recreation** (-ए'-शॉन्) *n.* refreshment after labour. विश्राम, मनोरंजन; **Recreative** (-इव्) *adj.* tending to refresh. आनन्द देनेवाला, मनोरंजक।

Recrement - रेक्'-रें-मेंन्ट - *n.* waste product, refuse, fluid which is separated from the blood and is again absorbed in it. तलछट, खाद, पित्त, लार इत्यादि जो रुधिर से अलग होता तथा फिर इसमें मिल जाता है ; **Recremental** (-ऑल) *adj.* pertaining to recrement. तलछट सम्बन्धी।

Recriminate- रें-क्रिम्'-इन्-एट- *v. i.* to indulge in mutual charges, to accuse in return. उलटा दोष या कलंक लगाना, परस्पर अभियोग लगाना ; **Recrimination** (-ए'-शॉन्) indulging in mutual charges. परस्पर दोष का आरोपण ; **Recriminative** (-इव्) ; **Recriminatory** (-टॉर्-ई) *adjs.* retorting. वादी पर प्रतिवादी का दोष लगानेवाली।

Recrudesce - रें-क्रू-डेंस्' - *v. i.* to break out again. फिर से उभड़ आना या निकल आना ; **Recrudescence** (-ऍन्स्) *n.* a state of becoming sore again. आरोग्य होकर फिर से रोगी होना ; **Recrudescent** (-सेंन्ट) *adj.* breaking out again. फिर से उभड़नेवाला।

Recruit-रें-क्रूट'-*n.* a newly enlisted soldier, a tiro. नया सिपाही, नवसिखुआ (रंगरूट); *v.t. & i.* to enlist as a recruit, to recover in health, to reinvigorate, to refresh.

नये सैनिक भर्ती करना, स्वस्थ होना, नया बल प्राप्त करना, ताज़ा करना; **Recruital** (-ऑल्) enlistment. नई भर्ती; **Recruiter** (-अर्) *n.* नये सैनिक भर्ती करनेवाला; **Recruiting** (-इङ्ग्); **Recruitment** (-मेंन्ट) *ns.* the act of enlisting. रङ्गरूट की भर्ती।

Rectal– रैंक्'-टॉल्-*adj.* pertaining to rectum. गुदा सम्बन्धी।

Rectangle – रैंक्'-टैङ्ग्-ग्ल् – *n.* a rectilinear figure of four sides, the opposite sides of which are equal and parallel and all the four angles are right angles. समकोण चतुर्भुज।

Rectangular रैंक्'-टैङ्ग्-ग्यूल्'-ऑर्-*adj.* having the shape of a rectangle. समकोण चतुर्भुज के आकार का; **Rectangularity** (-इट्-ई) *n.* the quality of being a rectangle. ऐसी आकृति; **Rectangularly** (-ली) *adv.* in a rectangular form. ऐसी आकृति से।

Rectifiable–रैंक्'-टि-फाइ'-ऑ-ब्ल्-*adj.* that may be rectified. शुद्ध करने योग्य।

Rectification–रैंक्'-टिफ्-इक-ए'-शॉन्-*n.* the act of rectifying. समाधान, शुद्धि।

Rectifier – रैंक्'-टि-फाइ-अर् – *n.* one who or that which rectifies. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला।

Rectify–रैंक्'-टि-फाइ-*v. t.* (*p. t.* **Rectified**.) to correct, to put right, to adjust, to get rid of. शुद्ध करना, ठीक करना, समाधान करना, छुटकारा पाना।

Rectilinear, Rectilineal–रैंक्-टिल्-इन्'-इ-ऑर् (-ऑल्)-*adjs.* bounded by or made up of straight lines. सीधी रेखाओं से घिरी या बनी हुई; **Rectilinearity** (-इट्-ई) *n.* rectilinear form. समरेखा वाली आकृति; **Rectilinearly** (-ली) *adv.* in a rectilinear form. ऐसी आकृति से।

Rectitude–रैंक्'-टि-ट्यूड्–*n.* righteousness, correctness, honesty. सदाचार, सचाई, ईमानदारी।

Recto–रैंक्'-टो – *n.* the right hand page of an open book. खुली हुई पुस्तक का दाहिना पृष्ठ।

Rector–रैंक्'-टॉर्–*n.* a clergyman, the head of a university or college. पादड़ी, विश्वविद्यालय का अध्यक्ष; **Rectorate** (-एट), **Rectorship** (-शिप्) *ns.* the office of a rector. अध्यक्ष का पद; **Rectorial** (-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to a rector. अध्यक्ष सम्बन्धी; **Rectory** (-ई) *n.* the residence of a rector. पादड़ी या अध्यक्ष का घर; **Rectress** (-ट्रैस्) *n. fem.* a female rector. स्त्री अध्यक्ष।

Rectum– रैंक्'-टम्– *n.* the end of the large intestine. बड़ी आंत का अन्तिम छोर जो गुदा में मिला होता है।

Recumbency–रि-कम्'-बैन्'-सी–*n.* the state of being recumbent. झुकाव, लेटी हुई स्थिति।

Recumbent – रि-कम्'-बैन्ट– *n.* *adj.* reclining, reposing, lying down. झुका हुआ, लेटा हुआ; **Recumbently** (-ली) *adv.* in a leaning posture. झुकी हुई अवस्था में।

Recuperate–रि-क्यू'-पर्-एट–*v.t.* & *i.* to recover from illness, to regain pecuniary loss. रोग निवृत्त होना, धनकी हानि पुनः प्राप्त करना; **Recuper-**

ation (-ए-शन्) *n.* recovery from illness. पुनः प्राप्ति, आरोग्यता; **Recuperative** (-ऑट्-इव्) *adj.* pertaining to recovery from illness. आरोग्यता सम्बन्धी।

Recur - रि-कर्-*v. i.* (*p. t.* **Recurred.**) to go back in thought, to come up again in the mind. फिर से ध्यान में आना, स्मरण होना; **Recurrence** (-रेन्स्), **Recurrency** (-रेन्-सी) *ns.* return. पुनरागमन, फिर से आवृत्ति; **Recurrent** (-रेन्ट्), **Recurring** (-रिङ्ग्) *adjs.* returning again. बारबार होनेवाला; **Recurrently** (-रेन्ट्-ली) *adv.* आवर्तक रूप से।

Recurvate, Recurvature - see **Recurve.**

Recurve-रि-कर्व्-*v. t.* & *i.* to bend backwards. पीछे की ओर घुमाना; **Recurvate** (-एट्) *v. t.* to recurve. फिर से मोड़ना;**Recurvature**(-ए-ट्यूर्) *n.* bending again. दुबारा मुड़ान।

Recusance-रैक्-यू-ज़न्स्-*n.* obstinacy. विरोध, हठ।

Recusant - रैक्-यू-ज़न्ट्-*n.* one who refuses to submit to authority, obstinate in refusing. अधिकार का विरोधी, अस्वीकार करने में हठी।

Recusation रि-क्यू-ज़े-शन्-*n.*the act of challanging a judge. न्यायाधीश की आज्ञा का विरोध।

Red-रैड्-*adj.* (*comp.* **Redder**, *sup.* **Reddest**) of the colour of blood. लाल रंग का, रुधिर के रङ्ग का; **Red with anger** (flushed in the face.) क्रोध से मुख लाल किये हुए; **With red hands** (stained with blood.) हत्या करनेवाला, हाथ में रुधिर लगाये हुए।

Redact - रि-डैक्ट् - *v. t.* to arrange for publication, to edit. प्रकाशित करने के लिये क्रम में रखना, प्रकाशित करना; **Redaction** (- डैक्-शन्) *n.* preparing for publication, new edition, editing. प्रकाशन के लिये तैयारी, संग्रह, नवीन संस्करण।

Red-book-रैड्-बुक्-*n.* official book containing list of nobility and gentry. अध्यक्ष की पुस्तक जिसमें नगर के रईसों के नाम लिखे होते हैं।

Redbreast - रैड्-ब्रैस्ट्-*n.* a kind of robin. एक प्रकार की लाल चिड़िया।

Red-cap - रैड् - कैप् - *n.* military policeman. फ़ौजी सिपाही।

Redcoat - रैड्-कोट् - *n.* a soldier. सैनिक।

Redd-रैड् - *v. t.* to arrange, to settle. क्रम में करना, स्थिर करना।

Redden-रैड्-डॅन्-*v. t.* & *i.* to make or become red. लाल करना या लाल होना; **Reddish** (-डिश्) *adj.* somewhat red. कुछ लाल; **Reddishness** (-नैस्) *n.* थोड़ी लाली।

Reddle-रैड्-ड्ल्-*n.* red ochre. लाल खड़िया, गेरू; *v.t.* to colour with red ochre. गेरू से रँगना।

Rede - रीड् - *n.* advice, counsel. सलाह; *v. t.* to advise. सलाह देना।

Redeem-रि-डीम्-*v. t.* to buy back, to ransom, to rescue, to make amends for. फिर मोल लेना, धन देकर छोड़ाना, बचाना, बदला देना; **Redeemable** (- डी-मब्ल्) *adj.* capable of redemption. मुक्त करने योग्य; **Redeemer** (- अर्) *n.* one who re-

deems. मुक्त करनेवाला।

Redeliberate–री-डॅ-लिब्'-अर्-एट्-*v.t.* to consider again. फिर से विचार करना।

Redeliver – री-डॅ-लिव्'-अर् – *v. t.* to deliver a second time. फिर से सौंपना, मुक्त करना या छोड़ाना ; **Redeliverance** (- ऑन्स्) *n.* a second deliverance. पुनर्मुक्ति।

Redemand – री-डॅ-मान्ड्' – *v. t.* to demand a second time. दुबारा माँगना।

Redemption–रॅ-डॅम्प्'-शॉन् – *n.* deliverance from sin, ransom, repurchase. पाप से मुक्ति, मुक्ति करने की सामग्री, दुबारा मोल लेना; **Redemptive** (-टिव्) *adj.* delivering. छुटकारा देनेवाला।

Red-handed – रॅड्-हॅन्ड्'-एॅड्-*adj.* in the very act of crime. अपराध करता हुआ।

Red-hot–रॅड्'-हॉट् - *adj.* heated to redness. परितप्त, जलता हुआ।

Redingote–रॅड्'-इङ्ग्-गोट्–*n.* a woman's outer coat. स्त्रियों का सबसे ऊपर पहिरने का लम्बा कोट।

Redintegrate–रॅड्-इन्'-टॅग्-रॅट्-*v.t.* to restore to perfect state, to renew. पूरा करना, नया करना ; **Redintegration**(-रॅ'-शॉन्) *n.* renovation. नवीनता ; **Redintegrator** (-ऑर्) *n.* नया करनेवाला।

Redirect–री-डाइ-रॅक्ट्'-*v.t.* to direct again. फिर से निर्दिष्ट करना,सन्धान करना

Redispose–री-डिस्-पोज़्'– *v. t.* to readjust. दुबारा प्रबन्ध करना।

Rediscover-री-डिस्-कव्'-अर्–*v. t.* to find out again. फिर से पता लगाना।

Redistribute – री-डिस्-ट्रिब्'-यूट्–*v. t.* to distribute a second time. फिर से बाँटना।

Redivide-री-डि-वाइड्'-*v.t.* to divide again. फिर से भाग करना।

Red lead–रॅड्'-लॅड् – *n.* vermilion. सिन्दूर।

Red letter–रॅड्-लॅट्'-टर्–*n.* a festive day. उत्सव का दिन।

Redly–रॅड्'-ली–*adv.* in a red manner. लाली से।

Redness – रॅड्'-नॅस्–*n.* the state of being red. लाली।

Redolence – रॅड्'-ओ-लॅन्स्–*n.* sweetness of scent. सुगन्ध।

Redolent – रॅड्'-ओ-लॅन्ट्–*adj.* fragrant, possessing sweet smell. सुगन्धित, अच्छे गन्ध का ; **To make redolent** (to make fragrant.) सुवासित करना, वासना।

Redouble–री-डब्'-ब्ल्–*v. t.* & *i.* to multiply, to repeat again. दुगुना करना, दोहराना।

Redoubt – रॅ-डाउट्' – *n.* a small temporary fort, an outwork. गढ़, क़िला, धुस, कोट।

Redoubtable–रॅ - डाउट्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* terrible, formidable. भयङ्कर, उग्र ; **Redoubted** (-ऍड्) *adj.* terrible, mean. कुत्सित, नीच।

Redound – रॅ-डाउन्ड्'–*v. i.* to make contribution in the end, to come as a final result. अन्त में सम्पादन करना, परिणाम होना।

Redraft – री-ड्राफ़्ट् – *v. t.* to draft again. फिर से खाक़ा बनाना ; *n.* a new

draft or copy. दुबारा बना हुआ खाका।

Red rag – रेंड्'-रैग् – *n.* anything which excites anger. क्रोध उत्पन्न करने वाला पदार्थ।

Redraw–री-ड्रॉ' – *v. t.* (*p. t.* **Re-drew**, *p. p.* **Redrawn.**) to draft a second time. दूसरी बार लिखना या उतारना।

Redress-रि-ड्रेस्'–*v. t.* to remedy, to readjust, to set right, to rectify, to compensate. औषधि करना, प्रति-क्रिया करना, बदला देना, पूरा करना, ठीक करना; *n.* deliverance from oppression. प्रतिक्रिया, दुरुस्ती ; **Redresser** (-अर्) *n.* दुरुस्त करनेवाला।

Redsear – रेंड्'-सिअर्–*v. t.* to break a thing when red-hot. किसी वस्तु को परितप्त होने पर तोड़ना।

Red tape – रेंड्-टेप् – *n.* one who makes excessive use of formalities. आचार पर अधिक ध्यान देनेवाला।

Reduce – रि-ड्यूस्' – *v. t.* to bring back to original position, to make suitable, to subdue, to weaken, to diminish. पूर्व स्थिति में पहुंचाना, योग्य करना, आधीन करना, निर्बल करना, कम करना; **Reduced circumstances** (extreme poverty.) द्ररिद्र अवस्था ; **Reduced in body** (lean and thin.) क्षीण शरीर, दुर्बल ; **To reduce to ashes** (to turn to ashes.) भस्म करना ; **To reduce to a system** (to restore to a systematic condition.) व्यवस्था करना ; **To reduce to skeleton** (to turn to a skeleton.) ठटरी हो जाना; **Reducer** (-अर्) कमकरनेवाला ; **Reducement** (-मैंन्ट्) *n.* न्यून करने का कार्य **Reducible** (- इ-ब्ल्) *adj.* कम करने योग्य।

Reduction–रि-डक्'-शॉन्–*n.* the act of reducing, diminution, subjugation. न्यूनता, कमी, पराभव।

Redundance-रि-डन्'-डैन्स्-*n.* excess, superfluity. अधिकता, बहुतायत ; **Redundancy** (-डैन्-सी) *n.* अधिकता, व्यर्थता।

Redundant-रि-डन्'-डैन्ट्-*adj.* excessive, superfluous, copious. अतिशय, अतिरिक्त, अधिक; **Redundantly** (-ली) *adv.* अधिकता से।

Reduplicate – रि-ड्यू'-प्लिक्-एट्'–*v. t.* to double, to repeat. दोहराना, पुनरावृत्ति करना ; **Reduplication** (-ए-शॉन्) *n.* doubling again. दोहराव ; **Reduplicative** (-ए'-टिव्) *adj.* double. दोहरानेवाला।

Re-echo – री'-ऍक्-ओ–*v. i.* & *t.* to echo again, to resound. फिर शब्द उत्पन्न करना या होना, गूँजना ; *n.* an echo of an echo. पुनर्ध्वनि।

Reed-रीड्-*n.* the stalk of a marshy plant, a musical pipe, an arrow. नरकट, सुरकवेंत, बाँसुरी, तीर ; *v. t.* to thatch with reed. नरकट की छप्पर बनाना ; **Broken reed** (unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य ; **To lean on a reed** (to put trust in something weak.) दुर्बलपदार्थ का सहारा लेना

Re edify–री-एँड्'-इ-फाई'–*v. i.* (*p. t.* **Re-edified.**) to build up again. फिर से मकान बनाना।

Reediness – रीड्'-इ-नैस्–*n.* slenderness. दुर्बलता।

Re-edit–री-एड्'-इट्–*v. t.* (*p. t.* **Re-**

edited.) to edit again. दुबारा (शुद्ध करके) प्रकाशित करना।

Reedy–रीड्'-ई–*adj*. made of reed, weak, slender, not clear. नरकट का बना हुआ, दुर्बल, अस्पष्ट।

Reef – रीफ़् – *n*. (*pl*. **Reefs**.) portion of sail, mass of rock or shingle just above water. पाल का वह भाग जो लपेटा जा सकता है, चट्टान का वह भाग जो समुद्र में पानी के समीप हो; *v. t*. to shorten sails. पाल लपेटना; **Reefer** (-अर्) *n*. पाल लपेटनेवाला मल्लाह; **Reefy** (-ई) *n*. full of rocks. चट्टानों से परिपूर्ण।

Reek–रीक़्–*n*. vapour, smoke, foul odour. बाष्प, धुंआ, दुर्गन्ध; *v. i*. to emit vapour or smoke, to smell strongly. भाफ़ या धुंआ फेंकना दुर्गन्ध महकना; **Reeking** (-इङ्ग्) *adj*. दुर्गन्ध फेंकता हुआ; **Reeky** (-ई) *adj*. smoky, foul. बाष्पमय, दुर्गन्धयुक्त।

Reel – रील् – *n*. a frame on which thread, paper &c. are wound, revolving part of a machine, a kind of dance. चर्खी, घिरनी, (गड़ारी), किसी यन्त्र का चक्कर खाता हुआ भाग, एक प्रकार का नाच; *v. t*. & *i*. to stagger, to wind on a reel. लड़खड़ाना, चक्कर खाना, चर्खी पर लपेटना; **Off the reel** (without pause, rapidly.) बिना रुकावट के, शीघ्रता से; **Reelingly** (-इङ्ग्-ली) *adv*. with a stagger. चक्कर खाते हुए, लड़खड़ाते हुए

Re-elect–री-ऍल्-एक्ट्'–*v. t*. to elect again. दुबारा चुनाव करना; **Re-election** (-ऍक्'-शन्) *n*. दुबारा चुनाव।

Re-eligible – री-ऍल्'-इज्-इ-ब्ल् – *adj*. capable of being elected again. दुबारा चुने जाने योग्य।

Re-embark – री-एम्-बार्क्' – *v. t*. to put on board a ship again. दुबारा जहाज़ पर लादना; **Re-embarkation** *n*. दुबारा जहाज़ पर लादने का काम।

Re-enable – री-एन्-ऐ-ब्ल्' – *v. t*. to enable again. फिर से योग्य करना।

Re-enact – री-ऍन्-ऍक्ट्'–*v. t*. to enact again. किसी नियम का पुनः प्रचार करना

Re-enforce – री-ऍन्-फ़ोर्स्' – *v. t*. to strengthen again. फिरसे शक्ति प्रदान करना; **Re-enforcement** (-मॅन्ट्) *n*. assistance, additional force of troops. सहायता, नई सेना का बनाना

Re-engage–री-ऍन्-गेज्'–*v. t*. to appoint again. फिर से नियुक्त करना।

Re-engine – री-एन्'-जिन् – *v. t*. to attach engine again. फिर से इञ्जन लगाना (जोड़ना)।

Re-enlist–री-एन्'-लिस्ट–*v. t*. to take into service again. दुबारा नौकर रखलेना

Re-enter–री-ऍन्'-टर् – *v. t*. to enter again. फिर से प्रवेश कराना या घुसाना।

Re-entrance – री-एन्'-ट्रैन्स् – *n*. the act of entering again. पुनः प्रवेश।

Re-entrant–री-ऍन्'-ट्रैन्ट – *adj*. & *n*. inwardly inclining angle. भीतरी ओर के मुखवाला कोण।

Re-establish–री-ऍस्-टॅब्'-लिश्–*v.t*.to confirm or establish again. फिर-से स्थिर करना या नियुक्त करना; **Re-establishment**(-मॅन्ट)*n*. दुबारा स्थापन

Reeve – रीव् – *n*. the chief magistrate of a town, a governor. किसी नगर का प्रधान अधिकारी, लाट; *n. fem*. of **Ruff**. मादा अबाबील; *v. t*. to fast-

en with a rope. रस्से से बाँधना ।

Re-examine – री-ऍग्-ज़ीम्'-इन् – *v. t.* to examine again. फिर से परीक्षा करना या जाँचना ।

Re-exist–री-ऍगज़्'-इस्ट–*v. t.* to come into being again. फिर से सत्व धारण करना ।

Re-export – री-ऍक्स्'-पोर्ट – *v. t.* to export again. अपने देश में आई हुई वस्तु को फिर से बाहर भेजना ।

Re-fashion – री-फ़ैश्'-ऑन् – *v. t.* to change the form of. फिर से सुधारना या दुरुस्त करना ।

Refection – रें-फ़ेंक्'-शॉन्–*n.* a small repast, refreshment. अल्प आहार, लघु भोजन, जलपान ।

Refectory –रें-फ़ेंक्'-टॉर्-ई–*n.* a room used for meals. भोजनगृह ।

Refer–रें-फ़र्'–*v. t. & i.* (*p.t.* **Referred.**) to send back, to submit for information or decision, to assign, to have relation, to allude, to appeal, to quote as an instance. वापस भेजना, निर्णय या सूचना के लिये भेजना, आरोपण करना, सम्बन्ध रखना, निर्देश करना, अपील करना, प्रमाण देना ; **Referable** (- औं-ब्ल) *adj.* निरूपण करने योग्य ।

Referee – रें-फ़र्'-ई – *n.* an arbitrator. प्रमाण पुरुष, निर्णयकर्ता ।

Reference – रेंफ्'-अर्-ऍन्स्–*n.* an act of referring, relation, allusion. निर्देश, सम्बन्ध, सङ्केत ; **Cross reference** (referring to another passage in the same book.) एक ही पुस्तक के अनेक स्थलों का उद्देश्य ; **Referential** (- ऍन्-शॅल) *adj.* किसी से संबंध रखता हुआ ; **With reference to** (regarding, as regards.) सम्बन्ध में, विषय में ।

Referendary–रेंफ्-अर्-ऍन्ड्'-ऑर्-ई–*n.* a referee. निर्देश, प्रमाण ।

Referendum – रेंफ्-अर्-ऍन्ड्-अम् – *n.* referring of political questions to the electorate for decision. किसी राजनैतिक विषय को निर्वाचित सदस्यों के सन्मुख स्थिर करने के लिये प्रस्तुत करना ।

Refill – री'-फ़िल्–*v. t.* to fill again. फिर से भरना ; *n.* something ready to be filled in place of another. पुनः भरने या बैठाने की वस्तु ।

Refine–रें-फ़ाइन्'–*v. i.* to purify, to free from defects, to make elegant, to polish or improve manners, to improve upon. शुद्ध करना, विमल करना, सुधारना, आचार विमल करना, उन्नति करना ; **Refined** (- ड) *adj.* polished, elegant, made fine. मल-रहित, संस्कार किया हुआ, अतिसूक्ष्म ।

Refinement – रें-फ़ाइन्'-मेंन्ट–*n.* act of refining, fineness of taste or feeling, polish of language or manner, elegance. शुद्धता, शिष्टता, विनय, शृङ्गार ; **Refinement of manners** (polished manners.) शिष्टाचार ।

Refiner – रें-फ़ाइन्'-अर्–*n.* one who refines. (धातु इत्यादि को) शुद्ध करनेवाला

Refinery-रें-फ़ाइन्'-अर्-ई-*n.* a place or apparatus for refining. किसी पदार्थ को स्वच्छ या शुद्ध करने का स्थान या यन्त्र ।

Refit–री-फ़िट्'–*v.t.* (*p. t.* **Refitted.**) to repair again. फिर से मरम्मत करना या सुधारना ।

Reflect – रें - फ़्लेंक्ट' – *v. t. & i.* to

throw back the image, to consider seriously, to meditate. प्रतिबिम्ब डालना, चिन्तन करना (विचारना), ध्यान करना ; **Reflected** (-ऍड्) *adj.* thrown back. प्रतिबिम्बित ।

Reflecting – रि-फ्लॅक्ट'-इङ्ग् – *adj.* throwing back, given to reflection. प्रतिबिम्ब करनेवाला, ध्यान करनेवाला ; **Reflectingly** (-ली) *adv.* in a reflecting manner. ध्यान करते हुए ।

Reflection, Reflexion-रॅ-फ्लॅक्'-शॉन्-*n.* reflecting or being reflected, contemplation, censure, reconsideration, reproach. प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया, विचार, निन्दा, भावना, दोष ; **Reflectional** (-ऑल्) *adj.* pertaining to reflection. प्रतिबिम्ब सम्बन्धी ; **Reflectionless** (-लॅस्) *adj.* without reflection. बिना विचार का, बिना प्रतिबिम्ब का ।

Reflective – रॅ-फ्लॅक्'-टिव् – *adj.* reflected, concerned in thought. प्रतिबिम्बित, विचार से सम्बन्ध रखनेवाला ; **Reflectively** (-ली) *adv.* in a reflective manner. विचार में ; **Reflectiveness** (-नॅस्) *n.* विचार ।

Reflector–रॅ-फ्लॅक्'-टॉर्–*n.* the body which reflects rays of light, a mirror. प्रतिबिम्ब फेंकने वाला पदार्थ, प्रतिक्षेपक, दर्पण ।

Reflex-री'-फ्लॅक्स्-*n.* reflected light. प्रतिबिम्ब, छाया ; *adj.* directed back upon itself, introspective. पलटा हुआ, चित्त में विचार किया हुआ; **Reflex action** (work produced in reaction.) इच्छा के बिना किया हुआ कार्य; **Reflexibility** (-इब्-इल्-इट्-ई) **Reflexion** (- फ्लॅक्'- शॉन्) *ns.* the quality of being reflected. प्रतिबिम्बित होने की शक्ति ; **Reflexible** (- इ-ब्ल्) *adj.* capable of being reflected. प्रतिबिम्बित होने योग्य ; **Reflexly** (- ली) *adv.* in a reflex manner. बिना पूर्व विचार के ।

Reflexive – रॅ - फ्लॅक्स्'-इव्–*adj.* implying the action of the agent upon himself, referring to the subject. पूर्व सम्बन्धी, कर्ता सम्बन्धी ; **Reflexively** (-ली) *adv.* in a reflexive manner. कर्तरि प्रयोग में ।

Refloat – री-फ़्लोट' – *v. t.* to float again. फिर से तैराना ।

Refluence–रॅफ़्-लू'-ऍन्स्–*n.* a floating back. पीछे का बहाव, उलटा बहाव ।

Refluent – रॅफ़्'-लू-ऍन्ट–*adj.* flowing back. पीछे की ओर बहनेवाला ।

Reflux – री'-फ़्लक्स्–*n.* a running back, ebb. प्रतिस्पन्दन, भाटा ; **The flux and reflux** (ebb and flow.) ज्वार भाटा ।

Reform–री-फ़ार्म्'–*v. t.* & *i.* to form again, to make or become better, to correct, to improve, to cure. फिरसे मरम्मत करना, शुद्ध करना, दोष हटाना, पापों से निवृत्त करना, शोधना, सुधारना ; *n.* (- रॅ-फ़ार्म्') improvement, removal of defects, amendment. दोषनिवृत्ति, संशोधन, सुधार, परिवर्तन ।

Reformation – रॅफ़्-ऑर्-मे'-शॉन्–*n.* the act of reforming. सुधार ; **Reformational** (-ऑल्) *adj.* pertaining to reform. सुधार सम्बन्धी ;

Reformative (-रॅ-फार्म्-ऑट्-इव्); **Reformatory** (-ऑट्-ऑर्-ई) *adjs.* & *n.* improving, an institution for reclaiming youths and children who have been convicted of crime. संशोधन करनेवाला, अल्प वय के अपराधियों को सुधारने का स्थान ।

Reformed-रॅ-फार्म्ड्'-*adj.* restored to good condition. संशोधित ।

Reformer-रॅ-फार्म्-अर्-*n.* one who effects reformation. संशोधक, सुधारक

Refract - रॅ-फ्रॅक्ट्'-*v. i.* to deflect the course of the rays of light when passing through different mediums. एक आधार से दूसरे आधार में जाने पर प्रकाश के किरणों का तिरछा होना ; **Refraction** (-फ्रॅक्'-शन्) *n.* the bending of rays of light. किरण की वक्रता; **Refractional** (-ऑल्), **Refractive** (-इव्) *adjs.* pertaining to refraction. किरणवक्रता सम्बन्धी; **Refractor** (-ऑर्) *n.* the refracting lens of a telescope. दुर्बीन का किरण घुमानेवाला ताल ।

Refractorily-रॅ-फ्रॅक्'-टॉर्-इल्-ई-*adv.* in a stubborn manner. हठ से; **Refractoriness** (- नेस्) *n.* perverseness, obstinacy. दुःशीलता, हठ ।

Refractory-रॅ-फ्रॅक्'-टार्-ई-*adj.* perverse, stubborn, obstinate, unmanageable. अविनीत, हठी, अनिवार्य, वश में न आनेवाला ।

Refrain - रॅ-फ्रेन्' - *n.* a phrase or line recurring at the end of a verse or song. गीत के अन्त के शब्द जो दोहराये जाते हैं, (टेक) *v. t.* & *i.* to hold back, to put restraint upon, to curb, to abstain from doing something. अड़ना, रोकना, रुकना, विराम करना ।

Refrangibility-रॅ-फ्रॅन्ज्-इ-बिल्'-इट्-ई-*n.* the quality of being refracted. प्रतिबिम्बित करने की शक्ति ।

Refrangible - रॅ-फ्रॅन्ज्'-इ-बल् - *adj.* capable of being refracted. प्रतिबिम्बित होने योग्य ।

Refresh-रॅ-फ्रॅश्'-*v. t.* & *i.* to cool again, to revive, to reinvigorate, to make fresh again, to renew. फिर से ठंडा करना, आश्वासन करना, आनन्दित करना, श्रम हटाना, नया करना ; **Refreshed** (-ड्) *adj.* revived, reinvigorated. विश्रान्त, ताजा; **Refreshing** (-इङ्ग) *adj.* invigorating. आनन्द देनेवाला, श्रम हटानेवाला; **Refreshingly** (-ली) *adv.* in a refreshing manner. विश्रान्त करते हुए ; **Refresher** (-अर्) *n.* that which refreshes, an extra fee paid to a counsel. आनन्द देनेवाला, वकील या बॅरिस्टर के अधिक परिश्रम की फीस ; **Refreshment** (-मेन्ट्) *n.* a drink or food that gives fresh strength and vigour. विनोद, विश्रान्ति, अल्प आहार, जलखावा ।

Refrigerant - रॅ-फ्रिज्-अर्-ऑन्ट्-*adj.* cooling. ठंडा करनेवाला ।

Refrigerate - रॅ-फ्रिज्'-अर्-एट् - *v. t.* & *i.* to cool or become cool, to preserve in cold. शीतल (ठण्ढा) करना, गर्मी हटाना ; **Refrigerator** (-ऑर्) *n.* an ice-chest. बरफ़ रखने का बक्स ; **Refrigeration** (-ए-शन्)

n. the act of cooling. ठण्डा करने का कार्य; **Refrigeratory** (-ऑर्-ई) *n.* a cooling apparatus. भाफ जमाने का यन्त्र

Reft–रेफ़्ट–*p. t.* & *p. p.* of **Reave.**

Refuge – रेफ़्'-यूज् – *n.* a place of shelter, a person or thing that gives shelter. शरण लेने का स्थान, शरण देनेवाला ; *v. t.* & *i.* to shelter, to take refuge. शरण देना, शरणागत होना ; **House of refuge** (a charitable home for the homeless.) असहाय का शरण स्थान (अनाथालय); **Refugee** (- ई) *n.* one who flees for shelter. शरण लेने के लिये (स्वदेश में) भागनेवाला ।

Refulgence–रें-फ़ल्'-जेंन्स्–*n.* a flood of light. तेज़ चमक, ज्योति ।

Refulgent–रें-फ़ल्'-जेंन्ट – *adj.* shining, splendid, excessively bright. देदीप्यमान, उज्वल, चमकदार ; **Refulgently** (-ली) *adv.* in a shining manner. उज्वलता से, चमक से ।

Refund – रें - फ़न्ड्' – *v. t.* to pay back what is received, to reimburse. लौटाना (फेर देना), वापस करना ; *n.* refundment. वापसी ; **Refunder** (-अर्) वापस करने वाला ; **Refundment** (-मेंन्ट) *n.* वापसी ।

Refurnish–रें-फ़र्न्-इश्-*v.t.* to furnish again. फिर से सजाना ।

Refusal – रें-फ़्यूज़्'-ऑल – *n.* a denial of something offered, rejection. अस्वीकृति, प्रतिषेध ।

Refuse–रेफ़्'-यूस् – *n.* thing rejected as worthless or of no value. (अविशिष्ट) असार वस्तु, (मल) जूठन ।

Refuse–रें-फ़्यूज़्'–*v. t.* & *i.* to make refusal, to deny, to reject, to fuse again. अस्वीकार करना, प्रतिषेध करना, न मानना, फिर से मिलना ; **Refusable** (-ऑं-बल्) अस्वीकार करने योग्य; **Refuser** (-अर्) *n.* one who refuses. अस्वीकार करनेवाला ।

Refutable–रें-फ़्यूट्'-ऑं-बल्–*adj.* that may be refuted. खण्डन करने योग्य ।

Refutal–रें-फ़्यूट्'-ऑल , **Refutation** (-फ़्यु-टे'-शान्) *ns.* rebuttal. खण्डन ।

Refute–रें'-फ़्यूट्' – *v. t.* to disprove, to rebut by argument. खण्डन करना, शास्त्रार्थ से झूठा ठहराना ।

Regain – रें-गेन्' – *v. t.* to recover, to gain possession anew. पुनः प्राप्त करना, प्रतिपादन करना ।

Regal – री'-गॉल्–*adj.* pertaining to a king, magnificent. राजकीय, महत्त्वपूर्ण; **Regalism** (-इज़्म्) *n.* supremacy of a king in church matters. राजा का धर्म पर अधिकार ; **Regality** (-इट्-ई) *n.* royalty. राजकीय अधिकार के गुण ; **Regally** (-ली) *adv.* in a royal manner. राजकीयता से, महत्त्व से ।

Regale–रें-गेल्'–*n.* a feast of dainty food. स्वादु भोजन ; *v. t.* & *i.* to entertain with delicious food, to give delight to. स्वादिष्ट भोजन कराना, प्रसन्न करना ; **Regalement** (-मेंन्ट) *n.* an entertainment, refreshment. gratification. उत्सव, आनन्द, विश्राम ।

Regalia – रें-गेल्'-इ-ऑं – *n. pl.* insignia of royalty, privileges of a king, insignia of an order, a kind of cigar. राजचिह्न, राजकीय अधिकार, किसी पदवी का चिह्न, एक प्रकार

का बड़ा सिगार (चुरुट)।

Regard-रें-गाड्ड्'-*v. t. & i.* to pay attention to, to esteem, to take into account, to consider, to care for. ध्यान देना, आदर करना, विचार करना, मानना, सम्बन्ध रखना; **Regardable** (-अॅ-ब्ल्) *adj.* आदरणीय; **Regardful** (-फुल्) *adj.* heedful. सावधान; **Regardfulness** (-नॅस्) *n.* आदर; **Regarding** (-इङ्ग्) *adj.* concerning. विषय में, सम्बन्ध में; **Regardless** (-लॅस्) *adj.* not attending. असावधान; **Regardfully** (-फ़ुल्-ली) *adv.* with regard. सावधानी से; **Regardlessly** (-लॅस्-ली) *adv.* without regard. उदासीनता से; **Regardlessness** (-नॅस्) *n.* heedlessness. उदासीनता।

Regather-री-गॅद्-अर्-*v.t.* to gather up again. फिर से इकट्ठा करना या बटोरना।

Regatta - रें-गॅट्'-टॅ - *n.* a meeting for boat races. नाव दौड़ाकों की मंडली

Regelate - रें-गॅल्-एट्' - *v. i.* to be fused into one mass. एक दिल हो जाना; **Regelation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of regelating. ढेर।

Regency - री'-जॅन्-सी - *n.* the office of a regent, a body entrusted with vicarious government. राजप्रतिनिधि का मण्डल, प्रतिनिधित्व।

Regenerate-रें-जॅन्'-अर्-एट्-*v. t. & i.* to generate again, to improve moral nature, to reproduce, to convert. फिरसे उत्पन्न करना, आचरण सुधारना, फिरसे जन्म देना, शिष्य करना; *adj.* reproduced. दुबारा जन्मा हुआ; **Regeneration** (-ए'-शॉन्) *n.* reproduction. पुनर्जीवन, नया जन्म; **Regenerative** (-ऑट-इव्) *adj.* reproducing. पुनर्जन्म का।

Regent - री'-जॅन्ट - *n.* a ruler, one who governs a kingdom during the minority of the sovereign. शासन करनेवाला, राजा के अप्राप्तवयस्क (नाबालिग) रहने पर शासन करने वाला; **Regentship** (-शिप्) *n.* the office of a regent. ऐसे शासक का पद।

Regerminate-री-जर्-मिन्-एट् - *v. t.* to grow up again. फिर से उगना; **Regermination** (-ए'-शॉन्) *n.* sprouting anew. फिर से उगना।

Regicidal-see **Regicide**.

Regicide-रॅज्-इ-साइड्-*n.* the murder of a king, one who kills a sovereign. राजघातक, राजा की हत्या करनेवाला; **Regicidal** (-साइड्'-ऑल्) *adj.* pertaining to regicide. राजवध सम्बन्धी।

Regild - री-गिल्ड्'-*v. t.* to gild up again. फिरसे मोलम्मा करना।

Regime - रें-ज़ीम्' - *n.* a form or method of government, administration, prevailing system. शासनपद्धति, राज्यक्रम, प्रचलित विधि।

Regimen-रॅज़्'-इम्-ऍन्-*n.* a system of government, a prescribed course of diet &c. नियम के अनुसार शासन, पथ्य के नियम।

Regiment-रॅज्'-इ-मॅन्ट- *n.* a unit of army commanded by a colonel. सैन्यदल, पलटन, एक कर्नल् के आधीन सेना; *v. t.* to form into a regiment. पलटन तैयार करना; **Regimental**

(-ऑल्) *adj.* pertaining to a regiment. सेना (पलटन) सम्बन्धी ; **Regimentally** (-ऑल्-ली) *adv.* in a regimental manner. सेना रीति से; **Regimentals** (-ऑल्स्) *n. pl.* uniform worn by soldiers of a regiment. वस्त्र, फंजी पोशाक ; **Regimentation** (-टे'-शान्) *n.* a division into regiments. सेना क्रम ।

Regina – रें-जाइ'-नीं – *n.* a reigning queen. राज्य करनेवाली रानी ; **Reginal** (-नील्) *adj.* pertaining to a reigning queen. राज्य करने वाली रानी के संबंध का ।

Region–री'-जान्-*n.* a tract of land, a country, a separate part of the world. प्रदेश, राष्ट्र, भूतल का भाग ; **Lower region** (hades.) पाताल ; **Region of the sky** (direction.) दिशा ; **Upper region** (heaven.) आकाश, स्वर्ग ।

Regional–री'-जान्-ऑल – *adj.* topographical. धरातल के भाग सम्बन्धी ।

Register–रें'ज्-इस्-टर्–*n.* a book in which regular accounts are kept or details entered, a record or list. हिसाब बही, फ़िहरिस्त, रजिस्टर ; *v. t. & i.* to enter in a register. बही में लिखना ; **Registered** (-स्टर्ड्) *adj.* recorded in a register. रजिस्टर में दर्ज किया हुआ, रजिस्ट्री किया हुआ ।

Registrable – रें-जिस्'-ट्रॉ-ब्ल – *adj.* able to be registered. रजिस्ट्री करने योग्य ; **Registration** (-ट्रे'-शॉन्) *n.* the act of registering. रजिस्टर में दर्ज करने का कार्य ।

Registrar–रें'ज्-इस-ट्रार् – *n.* an officer charged with keeping register. रजिस्ट्री करने वाला, लेख्य पत्र का रक्षक ; **Registrarship** (-शिप्) *n.* the office of a registrar. इस अध्यक्ष का पद ।

Registry–रज्'-इस्ट्-रि – *n.* registration, a place where records and registers are kept. रजिस्ट्री, लेख्यपत्र रखने का स्थान ।

Regius – री' जि - अस् – *adj.* royal, appointed by the sovereign. राजकीय, राजा से नियुक्त ।

Regnal–रेंग्'-नील्–*adj.* of a reign. राज्य सम्बन्धी ; **Regnal day** (anniversary of a king's accession.) राजा के अभिषेक का वार्षिकोत्सव ।

Regnant–रेंग्'-नीन्ट – *adj.* reigning, ruling, predominant. शासक, राज्य करनेवाला, प्रधान, (विशिष्ट) ।

Regorge–री-गार्ज्'–*v.t. & i.* to bring up again, to flow back, to swallow again. फिरसे उठाना, पीछे को ओर बहना, फिर से निगलना ।

Regraft–री-ग्रॉफ़्ट' – *v. t.* to graft again. फिरसे कलम बाँधना ।

Regrant–री-ग्रॅान्ट' – *v. t.* to grant again. फिर से देना ; *n.* a renewed grant. दुबारा प्राप्त अधिकार ।

Regrate–रें-ग्रेट'–*v. t.* to buy and sell provisions in the same market. भोजन के समान खरीद कर फिर उसी बाजार में बेंचना ; **Regrater, Regrator** (-ऑर्) *n.* one who buys and sells provisions. इस प्रकार का व्यापारी ।

Regress–री'-ग्रेस – *n.* the power of going back, backward tend-

ency, return. परिवर्तन, लौटाव, निकासी; *v. i.* to move backwards. पीछे की ओर हटना ।

Regression–री-ग्रैश्′-ऑन्–*n.* the act of returning. प्रतीप गमन, लौटान ।

Regressive-री-ग्रैस्′-इव्-*adj.* passing back. पीछे को जानेवाला ; **Regressively** (-इव्-ली) *adv.* in a regressive manner. पीछे की ओर जाते हुए ; **Regressiveness** (-नैस्) *n.* लौटानी ।

Regret–रॅ-ग्रैट्′–*v. t.* (*p. t.* **Regretted.**) to be sorry, to lament, to repent. दुखी होना, खेद करना पश्चात्ताप करना; *n.* sorrow, dissatisfaction. खेद, दुःख, पछतावा ; **Regretful** (-फुल्) *adj.* full of regret. दुःखाकुल, खिन्न ; **Regretfully** (-फुल्-लि) *adv.* with regret. उद्वेग या दुःख से ।

Regrettable – रॅ-ग्रैट्′-टॅ - बल् – *adj.* worthy of regret. पछतावा करने योग्य ; **Regrettably** (-टॅब्-ली) *adv.* in a regrettable manner. पछतावेसे ।

Regroup – री-ग्रूप्′ – *v. t.* to gather up again in a group. फिर से इकट्ठा करना ।

Regulable–रॅ″-ग्यु-लॅ-बल्–*adj.* capable of being regulated. नियम बद्ध करने योग्य ।

Regular–रैग्′-युल-ऑर् – *adj.* following a principle, orderly, systematic, recurring uniformly, methodical, usual, formal. नियमानुसार, यथाक्रम, यथारीति, निश्चित काल का, सामान्य, व्यवस्थित, प्रचलित ; *n. pl.* regular clergymen. (ब०व०) ईसाइयों की मंडली ; **Regularity** (-ऑर्-इट्-ई) *n.* uniformity with law, method. नियम, (व्यवस्था) क्रम, (विधि); **Regularization** (-आइज़्-ए′-शॉन्) *n.* the act of making regular. व्यवस्था ; **Regularize** (-आइज़्) *v. t.* to make regular. क्रम में करना ; **Regularly** (-ली) *adv.* in a regular manner. क्रम से ।

Regulate–रैग्′-युल्-एट्-*v.t.* to adjust, to put in order, to arrange. व्यवस्था करना, क्रम में रखना, नियम का विधान करना ।

Regulation–रैग्-यु-लै′-शॉन् – *n.* the act of regulating, law. व्यवस्था, नियम ; **Regulative** (-इव्) *adj.* व्यवस्था करनेवाला ।

Regulator–रैग्-यु-लेट्′-ऑर् – *n.* one who or that which regulates. प्रबन्ध करनेवाला, क्रम स्थापित करनेवाला ।

Reguline–see **Regulus.**

Regulus–रैग्′-यूल्-अस्–*n.* (*pl.* **Reguli.**) the purer part of a metal. धातु का शुद्ध अंश ; **Reguline** (-लिन्) *adj.* pertaining to regulus. धातु के शुद्ध भाग का ।

Regurgitate–रॅ-गर्ज्′-इट्-एट् – *v. i.* & *t.* to pour up again. फिर से उड़ेलना; **Regurgitation** (-ए′-शॉन्) *n.* reabsorption. उलटी फेकान ।

Rehabilitate–री-हॅब्-इल′-इट-एट्–*v.t.* to bring back to former position. पूर्व अवस्था में लाना; **Rehabilitation** (-ए′-शॉन्) *n.* the act of restoring the forfeited rights or privileges. पूर्व स्थिति ।

Rehandle–री-हैन्′-इल्–*v.t.* to grasp again. फिर से पकड़ना ।

Rehear - री-हियर्'-*v. t.* (*p. t.* **Reheard.**) to hear again, to try over again. फिर से सुनना, फिरसे विचार करना।

Rehearsal-रें-हर्स्'-ऑल्-*n.* the act of rehearing, preparatory performance of a play. नाटक का दुबारा वर्णन, पूर्व प्रयोग।

Rehearse - रें-हर्स्'-*v. t.* to repeat from beginning to end. दुबारा वर्णन करना, आदि से अन्त तक पढ़ना।

Rehouse - री-हाउज़्' - *v. t.* to place in a house again. फिर से घर में रखना।

Reif-रीफ्-*n.* plunder. चोरी, डकैती।

Reify-री'-इ-फाई-*v.t.* (*p.t.* **Reified.**) to convert into a material thing. भौतिक पदार्थ में परिणत करना।

Reign - रेन् - *n.* sovereignty, rule, period of a king's reign, sway. शासन, अधिकार, राज्य, प्रबलता ; *v. i.* to rule as a king, to govern. शासन करना, राज्य करना ; **Reigning** (-इङ्ग्) *adj.* governing. राज्याधिकारी।

Re-ignite - री-इग्-नाइट्'-*v. t.* to ignite a second time. दुबारा आग लगना

Reimburse - री-इम् - बर्स्' - *v. t.* to repay. वापस करना, फेर देना ; **Reimbursement** (मेंन्ट्) *n.* repayment. प्रतिपादन, वापसी।

Reimport-री-इम्-पोर्ट्'-*v. t.* to import again. परदेश का माल फिर से देश से मगाना।

Reimpress - री-इम्-प्रेस्'-*v. t.* to impress again. दुबारा छापना ; **Reimpression** (-प्रें'-शॉन्) *n.* a second impression. दूसरी आवृत्ति।

Rein-रेन्-*n.* the long narrow strap attached to the bit of a bridle, means of control, government. लगाम, राज्यशासन का अधिकार, शासन ; *v. t.* to restrain, to control. संयम करना, अधीन करना।

Reincarnate-री-इन्-कार्-नेट्'-*v. t.* to embody again. दुबारा अवतार लेना ; **Reincarnation** (-ने'-शॉन्) *n.* re-embodiment. दुबारा अवतार।

Reincite-री-इन्-साइट्'-*v.t.* to incite again. फिर से उत्तेजित करना।

Reincorporate - री'-इन्-कार्-पो-रेट्'-*v. t.* to incorporate again. दुबारा मिश्रित (या संयुक्त) करना।

Reincrease-री-इन्-क्रीज़्'-*v. t.* to increase again. फिर से बढ़ाना।

Reindeer-रेन्'-डियर् - *n.* a kind of deer. एक प्रकार का बारहसिंहा।

Reinforce - री-इन् - फोर्स्' - *v. t.* to strengthen by additional force, to enforce again. सेना की संख्या बढ़ाना, सहारा देना ; *n.* the thick part of something. किसी पदार्थ का पुष्ट भाग ; **Reinforced** (-ड्) *adj.* strengthened. पुष्ट किया हुआ; **Reinforced concrete** (concrete with metal bars &c embedded in it.) लोहे की छड़,गिट्टी इत्यादि डाल कर पुष्ट किया हुआ मसाला; **Reinforcement** (-मेन्ट्) *n.* reinforcing. सेना की सामग्री, सेना में सैनिकों की भरती।

Reinless - रेन्'-लेस् - *adj.* destitute of rein. बिना लगाम का।

Reins - रेन्स् - *n.* *pl.* the kidneys. वृक्क, गुर्दा।

Reinsert - री-इन्-सर्ट्' - *v. t.* to in-

sert again. फिर से बैठाना; **Reinsertion** (-सर्'-शॉन्) *n.* inserting again. पुनः प्रवेश।

Reinspect – री-इन्-स्पैक्ट' – *v. t.* to make a second inspection. दुबारा जाँच करना; **Reinspection** (-स्पैक्'-शॉन्) *n.* inspection a second time. दुबारा जाँच।

Reinspire – री-इन्-स्पायर्' – *v. t.* to inspire again. फिर से उत्तेजित करना।

Reinstall – रें-इन्-स्टॉल्'–*v. t.* to install again. दुबारा स्थापित करना।

Reinstate – री-इन्-स्टेट्'–*v. t.* to replace in, to restore to health. फिर से स्थापित करना, स्वास्थ्य प्राप्त करना; **Reinstatement** (-मैन्ट) *n.* re-establishment. पुनः स्थापन।

Reinsure – री-इन्-श्यूर्' – *v. t.* to insure again. फिर से बीमा करना।

Reintegrate – री-इन्-टॅग्-रेट्–*v. t.* to renew. नया करना (सुधारना); **Reintegration** (-रे'-शन्) *n.* restoration. सुधार।

Reinvest–री-इन्-वेस्ट' – *v. t.* to invest again. फिर से नियुक्त करना।

Reinvigorate–री-इन्-विग्'-ऑर्-एट्'–*v. t.* to invigorate or refresh again. फिर से बल देना या ताजा करना; **Reinvigoration** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of refreshing. पुनर्बल प्राप्ति।

Reissue – री-इश्'-शू – *v. t.* to issue again. दुबारा जारी करना; *n.* a second issue. दुबारा प्रकाशन।

Reiterate – रें-इट्'-अर्-एट – *v. t.* to repeat. बारम्बार करना (दोहराना); **Reiterated** (-एँड) *adj.* repeated. पुनरुक्त; **Reiteration** (-ए'-शॉन्) *n.* repetition. पुनरुक्ति, दोहराव।

Reject–रें-जैक्ट'–*v. t.* to put aside, to throw away, to decline. त्यागना, फेकना, अस्वीकार करना; **Rejectable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* that may be rejected. अस्वीकार करने योग्य; **Rejection** (-जैक्'-शॉन्) *n.* the act of rejecting, refusal. प्रत्यादेश, अस्वीकार; **Rejector** (-ऑर्) *n.* one who rejects. अस्वीकार करनेवाला।

Rejectamenta–रें-जैक्टट'-ऑ-मैन्'-टी – *n. pl.* articles cast up by the sea. समुद्र से फेंके हुए पदार्थ।

Rejoice–रें-जॉएस्'–*v. t.* & *i.* to make glad, to cheer up, to feel joy, to gladden. प्रसन्न होना या करना, आनन्दित करना, प्रसन्न करना।

Rejoicing–रें-जॉयस्'-इङ्ग–*adj.* & *n.* producing joy, expression of joy. आनन्दकर, आनन्द; **Rejoicingly** (-ली) *adv.* with joy. आनन्द पूर्वक।

Rejoin – रें-जायन्'–*v. t.* & *i.* to join again, to say in answer, (to retort.) फिर से मिलाना या जोड़ना, प्रत्युत्तर देना।

Rejoinder – रें-जॉयन्'-डर् – *n.* what is said in reply, a retort. प्रतिवादी का उत्तर, प्रत्युत्तर।

Rejolt–रें-जोल्ट'–*n.* a shock. धक्का।

Rejudge–री-जज्' – *v. t.* to try or examine again. पुनर्विचार या परीक्षा करना; **Rejudgment** (-मैन्ट) *n.* examining a second time. पुनर्विचार।

Rejuvenate–रें-जू'-वेन्-एट–*v. t.* & *i.* to make or become young again. फिर से युवा करना या होना;

Rejuvenation (-ए'-शॉन्) *n.* the act of rejuvenating. नई जवानी; **Rejuvenescence** (-ऍन्स्) *n.* renewal of youth. नई युवावस्था, नई जवानी; **Rejuvenescent** (-ऍस्'-सैन्ट) *adj.* growing young again. युवा होनेवाला; **Rejuvenator** (-ऑर्) *n.* one who rejuvenates. युवा करने वाला; **Rejuvenize** (-आइज़) *v. t.* to make young again. नया करना।

Rekindle–रें-किन्'-इल्–*v. t.* to set on fire or kindle again. फिर से जलाना या बालना।

Reland–री-लैन्ड्'–*v. t.* & *i.* to land again. फिर से स्थल पर उतरना या उतारना।

Relapse–रें-लैप्स्'–*v. i.* to fall back, to revert to error, illness &c. दुबारा गिरना, आरोग्य होकर फिर से रोगी होना; *n.* a falling back to a bad state. पुनः पतन, पल्टा।

Relate–रें-लेट्'–*v.t.* & *i.* to narrate, to recount, to bring into relation. वर्णन करना, उद्देश्य करना, सम्बन्ध रखना; **Related** (-ऍड्) *adj.* narrated, connected by blood. कथित (वर्णित), सम्बन्धी, (सजातीय); **Relatedness** (-ऍड्-नैस्) *n.* relationship. सम्बन्ध; **Relater** (-अर्) *n.* one who narrates. वर्णन करनेवाला; **Relating** (-इङ्ग्) *adj.* having relation to, concerning. सम्बन्ध में, विषय में।

Relation–रें-लें'-शॉन्– *n.* narrative, detail, relative. वर्णन, प्रमाण, संबंधी, (संसर्ग); **Mutual relation** (reciprocal connexion.) परस्पर सम्बन्ध।

Relational –रें-लें'-शॉन्-ऑल् – *adj.* having relation. सम्बन्ध का; **Relationally** (-ऑल्-लि) *adv.* by way of relation. सम्बन्ध में; **Relationless** (-लैस्) *adj.* without relation. बिना सम्बन्ध का।

Relationship – रें-लें'-शॉन्-शिप् – *n.* affinity, alliance. बन्धुता, जातिभाव।

Relative–रेंल्'-ऑट्-इव्–*adj.* having a relation, referring to, connected with. सम्बन्ध रखने वाला, सम्बन्धी, सगोत्र, बन्धु; *n.* one who is related by blood or marriage. सम्बन्धी, नातेदार; **Relatively** (-ली) *adv.* in a relative manner. सम्बन्ध में; **Relativism** (-इज़्म्) *n.* the principle that knowledge is of relation only. यह सिद्धान्त कि मनुष्य को केवल सम्बन्ध का ज्ञान होता है; **Relativist** (-इस्ट) *n.* an adherent of relativism. इस सिद्धान्त का अनुयायी; **Relativity** (-इ-टी) *n.* relativeness. अन्यापेक्षा।

Relax–रें-लैक्स्'–*v. t.* & *i.* to cause to become loose, to slacken, to abate, to mitigate. शिथिल करना या होना, कम होना, ढीला पड़ना, कम होना; **Relaxation** (-ए'-शान्) *n.* the act of relaxing. शिथिलता, विश्राम; **Relaxative** (-ऑट्-इव्) *adj.* having quality of relaxing. कोमल करने वाला, रेचक; **Relaxed** (-ड्) *adj.* loosened, slackened. शिथिल, न्यून।

Relay–रें-लें'–*n.* (*pl.* Relays.) a supply of horses substituted for tired ones, an instrument for reinforcing electrical current. घोड़ों की डाँक, बिजली की धारा प्रवेश करने का यन्त्र; *v. t.* & *i.* to lay a second

time, to replace. क्रम में रखना, फिर से रखना।

Releasable–रें-लीस्'-अॅ-ब्ल्–*adj*.able to be redeemed. निस्तार करने योग्य।

Release – रें-लीस्'–*v. t.* to set free, to make over to another, to discharge, to unfasten. मुक्त करना, सौंपना, छुटकारा देना, खोलना ; *n.* restraint, redemption, liberation from pain. मुक्ति, मोक्ष, निस्तार ; **Releasee** (-ई) *n.* one who is liberated from restraint. मुक्ति पानेवाला ; **Releaser** (-अर्) *n.* one who redeems. मुक्त करने वाला।

Relegable-रॅल्'-ऍग्-अॅ-ब्ल्-*adj*.transferable. बदलने योग्य।

Relegate–रॅल्'-ऍग्-एट्–*v. t.* to banish, to exile, to transfer for decision, to make a reference to. बहिष्कार करना, देश से निकालना, निर्णय के लिये बदलना, सङ्केत करना ; **Relegation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of relegating, banishment. बहिष्कार, देश-निकाली।

Relent – रें-लॅन्ट्' – *v. i.* to become less stiff, to yield to compassion, to give up harsh intention. कोमल होना, दयायुक्त होना, कड़ाई त्यागना; **Relentingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a relenting manner. कोमलता से ; **Relentless** (-लॅस्) *adj.* merciless. दयाहीन; **Relentlessly** (-ली) *adv.* mercilessly. निदयता से ; **Relentlessness** (-नॅस) *n.* the state of being merciless. निर्दयता।

Relevancy–रॅल्'-ऍव्-ऑन्-सी–*n.* pertinence. अनुरूपता, योग्यता।

Relevant– रॅल्'-ऍव्-ऑन्ट्– *adj.* bearing up or pertaining to the purpose in hand. प्रस्तुत,प्रासङ्गिक(अनुरूप); **Relevantly** (-ली) *adv.* in a relevant manner. प्रासङ्गिक रूप में।

Reliability–see **Reliable**.

Reliable – रें-लाइ'-अॅ-ब्ल्– *adj.* that may be relied upon, of trustworthy quality. विश्वास योग्य, प्रमाणित (विश्वस्त); **Reliability** (-ॲब्-इल्'-इट्-ई) *n.* trustworthiness. विश्वस्तता ; **Reliably**(-ॲब्-ली) *adv.* in a reliable manner. विश्वास से; **Reliableness** (-नॅस्) *n.* the state of being reliable. प्रमाणिकता।

Reliance– रें-लाइ'-ऑन्स् – *n.* trust, confidence. विश्वास, श्रद्धा, भरोसा ; **Reliant** (-ऑन्ट) *adj.* having reliance. विश्वस्त, विश्वासी।

Relic–रॅल्'-इक्–*n.* the body or belongings of a holy person kept as an object of adoration after his death, memento, memorial. शेषभाग, स्मारक चिह्न ; (*pl.*) a dead body. (ब० व०) शव।

Relict–रॅल्'-इक्ट्–*n.* a widow. विधवा।

Relief – रें-लीफ्' – *n.* deliverance from pain, assistance to the poor, a military post, assistance, carving in which the design is projected. दुःख से मुक्ति, गरीबों को सहायता, फौजी कार्यालय, सहायता, उभड़ी हुई नकाशी इत्यादि; **Relief fund** (money subscribed for helping the poor.) गरीबों की सहायता के लिये एकत्रित धन ; **Relief-map** (the model of a map in which elevation is

moulded in relief) उभड़ी आकृति का नक़शा ; **Relief works** (buildings &c. started to give work to the unemployed.) व्यवसायहीन मनुष्यों की सहायता के लिये कार्य ।

Relievable – रें - लीव्'-ऑ-ब्ल् – *adj.* capable of being relieved. उद्धार करने योग्य ।

Relieve–रें-लीव्'–*v. t.* to give relief to, to assist, to alleviate, to redress. शान्ति देना, सहायता देना, दुख हटाना, उद्धार करना ; **Relieved** (-ड्) *adj.* redressed. शान्त ; **Reliever** (-अर्) *n.* one who relieves. मुक्त करने वाला ; **Relieving** (-इङ्ग्) *adj.* helping to relieve. कष्ट हटाने वाला ।

Religion–रें-लिज्'-अन्–*n.* a prevalent system of faith and worship, practice of sacred rites, recognition of God and duty towards Him. ईश्वर भक्ति, धर्म, ईश्वर के प्रति मनुष्य का कर्तव्य ; **Religioner** (-अर्) *n.* member of a monastic order. कट्टर धार्मिक ; **Religionism** (-इज़्म्) *n.* excessive religious zeal. धर्म में अधिक उत्साह ; **Religionist** (-इस्ट) *n.* one fanatically devoted to his religion. अपने धर्म में पक्का ; **Religionize** (-आइज़्) *v. t.* to make religious. धार्मिक बनाना ; **Religionless** (-लेस्) *adj.* heathen. नास्तिक ।

Religious – रें-लिज्'-अस् – *adj.* god-fearing, devout, pious. धार्मिक, धर्मात्मा, भक्तिमान् ; **Religiously** (-ली) *adv.* in a religious manner. ईश्वर भक्ति से ; **Religiousness** (-नेस्) *n.* the state of being religious. धर्मनिष्ठा ।

Relinquish – रें-लिङ्क्'-क्विश्–*v. t.* to abandon, to give up, to surrender, to leave hold of. छोड़ना, त्यागना, अलग करना, मुक्त करना ; **Relinquishment** (-मेन्ट) *n.* the act of surrendering. त्याग, उत्सर्ग ।

Reliquary – रेल्'-इक्-वॉर्-ई–*n.* (*pl.* **Reliquaries.**) a receptacle for holding relics. (अवशिष्ट पात्र) यादगार के पदार्थ रखने की पेटी ।

Reliquiae – रें-लिक्'-वें-ई – *n. pl.* remains of animals or plants. पशु या वनस्पति के अवशिष्ट भाग ।

Reliquidate – री'-लिक्-विड्-एट्'–*v. t.* to liquidate a second time. फिर से अलग करना ।

Relish – रेल्'-इश्–*n.* flavour, taste, attractive quality, enjoyment of food, zest. रस, स्वाद, अभिरुचि, आनन्द, उत्साह; *v.t.* & *i.* to get pleasure out of, to taste, to savour. आनन्द लेना, स्वाद लेना, स्वादिष्ट करना ; **Relishable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* having an agreeable taste. स्वादिष्ट ।

Relive–री-लिव्'– *v. i.* to live again. पुनर्जीवित होना ।

Reload–रि-लोड्'–*v. t.* to load again. फिर से भार देना, दुबारा बोझना ।

Relucent – रें- ल्'-सेन्ट–*adj.* bright, shining. दैदीप्यमान, चमकीला ।

Reluct–रें-लक्ट्'–*v. i.* to feel reluctance,to show repugnance. अनिच्छा, असन्तोष या अरुचि प्रगट करना ।

Reluctance – रें-लक्ट्'-ऑन्स् – *n.* unwillingness, repugnance. (अरुचि)

अनिच्छा, विमुखता।

Reluctant – रें - लक्ट्' - ऑन्ट – *adj.* unwilling, disinclined, offering resistance अनिच्छुक, असन्तुष्ट, पराङ्मुख; **Reluctantly** (-ली) *adv.* in a reluctant manner. अनिच्छा से।

Reluctate-रें लक्ट्'-एट्–*adj*. producing reluctance. अरुचि उत्पन्न करने वाला; **Reluctation** (-ए'-शान्) *n.* repugnance. असन्तोष, अरुचि।

Relume-रें-ल्यूम्'–*v. t.* to rekindle, to make bright again. फिरसे जलाना, फिर से (स्वच्छ या) चमकीला करना।

Rely-रें'-लाइ'–*v.t.* (*p.t.* **Relied.**) to have trust in, to depend upon. विश्वास करना, भरोसा (आश्रय) करना।

Retiring–रें-टायर्'-इङ्ग्–*adj.* reserved, given to one who retires from a public office or service. उदासीन, सेवा छोड़ा हुआ ; **Retiringly** (-ली) *adv.* उदासीनता से ; **Retiringness** (-नेस्) *n.* seclusion. एकान्तता ।

Retirment-रें-टायर्'-मेन्ट-*n.* privacy, seclusion. एकान्त स्थान, एकान्तता ।

Retort–रें-टॉर्ट्'–*v. t.* & *i.* to turn, to throw back, to tell against. प्रत्युत्तर देना, उलटना, पीछे को फेंकना, कड़ा उत्तर देना ; *n.* a ready reply. प्रत्युत्तर, कड़ा उत्तर; **Retorter** (-अर्) प्रत्युत्तर देनेवाला ; **Retortive** (-इव्) *adj*. प्रत्युत्तर युक्त; **Retortion** (-शॉन्) *n.* प्रत्युत्तर ।

Retort– रें-टॉर्ट्'– *n.* an apparatus for distillation. बकयन्त्र, अर्क खींचने का भभका; करसंडेग; *v. t.* to purify mercury, पारद को शुद्ध करना ;



Retort.

Retouch–रें-टच् (श्)-*v.t.* to touch again, to improve by fine touches. फिर से छूना, महीन महीन रेखाओं द्वारा चित्र इत्यादि को सुधारना ।

Retrace–रें-ट्रेस्'–*v. t.* to trace back, to look over again, to renew the outline of a drawing. खोजना, याद करना, फिर से नक़शा उतारना; **Retraceable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* खोजने योग्य ।

Retract–रें-ट्रैक्ट्'–*v. t.* & *i.* to draw back, to shrink back, to withdraw. पीछे को हटना, ठमकना, हटाना ; **Retractable** (-ॲ-ब्ल्) , **Retractible** (-इ-ब्ल्) *adjs.* फेरने योग्य ; **Retraction** (-ट्रैक्'-शान्) *n.* the act of driving back. त्याग, खिंचाव ; **Retractive** (-इव्) *adj.* retracing. लौटानेवाला ; **Retractor** (-ऑर्) *n.* one who retracts, a muscle for retracting. वापस लेनेवाला, खींचने वाली पेशी ।

Retral–रेंट्'-रॅल्–*adj*. hinder. पिछला, पीछे का ।

Retransfer–री-ट्रॅन्स्-फ़र्'–*v. t.* (*p. t.* **Retransferred**.) to transfer again. फिर से बदलना ।

Retransform–री-ट्रॅन्स्-फ़ॉर्म्'–*v. t.* to transform again. फिर से रूप बदलना ।

Retranslate– री-ट्रॅन्स्-लेट्'– *v. t.* to translate again. दुबारा अनुवाद करना ।

Retread – री-ट्रेड् – *v. t.* to tread again. फिर से कुचलना या चलना ।

Retreat– रें-ट्रीट्– *v. i.* & *t.* to go back, to recede, to relinquish a position. पीछे हटना, चले जाना, स्थान छोड़ना; a shelter, refuge, signal to withdraw, retirement, a place of privacy. शरण, आश्रय, हटने का संकेत, सेना हटा लेना, निर्जन स्थान ।

Retrench–रें-ट्रेन्श्'–*v. t.* & *i.* to cut off, to deduct, to reduce the amount of, to lessen, to short-

en, to economize, to furnish with inner line of defence usually consisting of trench and parapet. काटना, कम करना, (खण्डन करना), छोटा करना, अल्प व्यय करना, मोर्चाबन्दी करना; **Retrenchment** (-मेंन्ट) *n.* curtailment, a work constructed within another to prolong the defence. कमी, व्यय का घटाव, सेना की मोर्चाबन्दी।

Retrial – रि-ट्राइ'-ऑल् – *n.* a fresh trial. नये सिरे से अन्वेषण।

Retribute-रें-ट्रि'-यूट – *v. t.* to pay back. फेर देना, पलट देना; **Retributer** (-अर्) *n.* बदला देने वाला।

Retribution-रेट्-रें-ब्यू'-शन् – *n.* recompense, vengeance. प्रतीकार, बदला।

Retributive – रें-ट्रि'-यूट – इव्, **Retributory** (-ऑ(-ई) *adjs.* pertaining to retribution. प्रतिकार संबंधी; **Retributively** (-ली) *adv.* प्रतिकार से।

Retrievable, **Retrieval** – see **Retrieve**.

Retrieve-रि-ट्रीव्'-*v. t.* & *i.* to gain back, to recover by investigation, to restore, to regain possession of, to revive. पुनः प्राप्त होना, अन्वेषण से प्राप्त करना, चङ्गा करना, फिर से प्राप्त करना, मरम्मत करना; **Retrievable** (-अ-बल्) *adj.* recoverable. सुधारनेयोग्य; **Retrieval** (-ऑल्) *n.* retrievement. पुनः प्राप्ति।

Retriever – रें-ट्रीव्'-अर् – *n.* a dog trained to fetch game. शिकार पकड़ कर लानेवाला कुत्ता।

Retrim – री-ट्रिम्' – *v. t.* (*p. t.* **Retrimmed.**) to trim up again, काटछाँट करके फिर से सुधारना।

Retro – रेंट्-रो – *pref.* in sense of "backwards", "behind." उपसर्ग जिसका अर्थ "पीछे को, पिछली ओर" होता है।

Retroact–री-ट्रो-ऑक्ट–'–*v. i.* to act in opposition. विपरीत रूप में कार्य करना; **Retroaction** (-ऑक्'-शॉन्) *n.* operation of the past. ऐसा कार्य; **Retroactive** (-इव्) *adj.* retrospective. बीती हुई घटना पर कार्य करनेवाला; **Retroactively** (-ली) *adv.* ऐसा कार्य करते हुए; **Retroactivity** (-इट्-ई) *n.* retrospection. इस प्रकार का कार्य।

Retrocede–रेंट्'-रो-सीड्–*v. i.* to go back, to recede, to retire. पीछे हटना, अलग होना, स्थान त्यागना; **Retrocedence** (- ऍन्स्) *n.* a going back, receding. परावर्तन, पीछे को हटाव; **Retrocedent** (-ऍन्ट) *adj.* पीछे हटनेवाला।

Retrocession – रेंट्-रो-सैश्'-ऑन् – *n.* a going back. पीछे का हटाव; **Retrocessive** (-इव्) *adj.* receding. पीछे को हटानेवाला।

Retroduct–रेंट्'-रो-डक्ट-*v.t.* to withdraw. पीछे को हटना; **Retroduction** (-डक्'-शॉन्) *n.* पीछे का हटाव।

Retroflected – रेंट्' - रो - फ्लेंक्ट्'-ऍड्, **Retroflexed** (-फ्लेक्सड्) *adjs.* turned backwards. पीछे की ओर मुड़ा हुआ; **Retroflexion** (-फ्लेंक्स्'- ऑन्) *n.* a bringing back. पीछे का मुड़ान।

Retrogradation–रेंट्-रो-ग्रेड्-ए' - शॉन्-*n.* backward motion of a heavenly body. किसी नक्षत्र की पिछली ओर की (उलटी) गति।

Retrograde - रेट्' -रो-ग्रेड् - *adj.* retreating, inverted, tending backward. विपरीत, उलटा, पीछे को जानेवाला ; *n.* degenerate person, backward tendency. नीच पुरुष, पिछली ओर जाने की रुचि ; *v. i.* (-ग्रेड्') to go backwards. पीछे को जाना; **Retrogradely** (-ली) *adv.* in a retreating manner. विपरीत भाव से ।

Retrogress - रेट्' -रो-ग्रेस् - *v. i.* to move backwards. पीछे की ओर चलना; **Retrogression** (-ग्रेश्' -ऑन्) *n.* backward motion, decline. विपरीत गमन, पलटा ; **Retrogressive** (-इव्) *adj.* moving backwards. पीछे की ओर चलनेवाला; **Retrogressively** (-ली) *adv.* पीछे की ओर ।

Retroject-री' -ट्रो-जेक्ट्-*v. t.* to cast back. पीछे को हटाना ।

Retropulsion - रेट्-रो-पल्' -शान् - *n.* external disease to inner parts of the body. शरीर के भीतरी भाग मे बाहर की ओर रोग ।

Retrorse - रि-ट्रार्स्' - *adj.* reverted. उलटा हुआ ।

Retrospect-रेट्' -रो-स्पेक्ट - *n.* backward view, review of past time, survey of past events. पश्चात् दृष्टि, सिंहावलोकन, बीती हुई बातों की जाँच ; **Retrospection** (-स्पेक्' -शॉन्) *n.* act of looking back. पश्चाद्दर्शन; **Retrospective** (-इव्) *adj.* looking back on past action. पश्चात् दर्शी, बीती हुई बातों पर विचार करनेवाला; **Retrospectively** (-इव्-ली) *adv.* पश्चात् दर्शन से ।

Retroversion-री-ट्रो-वर्' -शान् - *n.* a turning back. पीछे की ओर का घुमाव ।

Retrovert-री' -ट्रो-वर्ट्-*v. t.* to turn backwards. पीछे को घुमाना या मोड़ना ।

Retruse-रि-ट्रूस्' -*adv.* hidden. गुप्त, छिपा हुआ ।

Rettery-रेट्' -टेर्-री-*n.* the place for softening hemp or flax. पटुआ या सन मुलायम करने का स्थान ।

Retrude - रि-ट्रूड् - *v. t.* to thrust back. पीछे को ढकेलना ।

Retund-रि-टन्ड्' - *v. t.* to turn the edge, to make blunt. किनारा उलटना, मुथरा करना ।

Return-रि-टर्न्' - *v. t.* & *i.* to come or go back, to bring, to send back, to retort, to mention, to say in reply. फिर जाना या आना, लाना, वापस करना, उलटना, उत्तर देना पलटना, बदल देना, चुकाना ; *n.* the act of going back, renewal, profit of business. पुनरागमन, पलटा, वापसी, हिसाब का लेखा, प्राप्ति ; **Returns** (-स) *n. pl.* proceeds of profit. लाभ, मुनाफ़ा ; **Return ticket** (a ticket for journey onward and back.) वापसी टिकट

Returnable-रि-टर्न्' -अी-बल्-*adj.* able to be returned. फेरने योग्य ; **Returning officer** (officer who counts votes in election.) चुनाव की गणना करनेवाला अधिकारी ; **Returnless** (-लेस) *adj.* without returns. बिना वापसी का ।

Retuse-रि-ट्यूस्' - *adj.* with broad end and central cavity. बीच में दबा तथा किनारे पर चौड़ा ।

Reunion-रि-यून्' -यन् - *n.* reunited condition, union after separa-

tion, social gathering. पुन: संयोग ; (समागम), दुबारा मेल, मण्डली ; **Reunionism** (-इज़्म्) *n.* reunionist theory. समागम, मेल ; **Reunionist** (-इस्ट्) *n.* a seeker of reunion. मेल करनेवाला ।

Reunite–री-यु-नाइट्' – *v. t. & i.* to unite again, to join after separation. पुन: संयोग करना, दुबारा मिलना या मेल करना ।

Reurge–री-अर्ज्'–*v. t.* to urge again. पुन: प्रेरणा करना ।

Revaluation–री'–वॅल्'-यु-ए'–शॉन्–*n.* the act of revaluing. फिर से मूल्य निर्धारित करने की क्रिया ।

Revalue–री-वॅल्'-यू – *v. t.* to value again. फिर से मूल्य लगाना ।

Reveal–रें-वील्'-*v.t.* to make known by supernatural agency, to disclose, to display. प्रकाशित करना, प्रगट करना, प्रत्यक्ष करना; *n.* the inner opening of a door or window. खिड़की या दर्वाजे का भीतरी भाग ; **Revealable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be disclosed. प्रत्यक्ष करने योग्य ; **Revealed** (-ड्) उद्घाटित; **Revealer** (-अर्) *n.* one who reveals secrets. भेद खोलनेवाला ।

Reveille–रें-वॅल्'-ली–*n.* the bugle-call or trumpet-call for the troops to get up. सिपाहियों को प्रातःकाल जगाने के लिये बिगुल या ढोल बजना ।

Revel–रॅव्'-ऍल्–*v.i.& t.* (*pt.* **Revelled**) to be riotously festive, to carouse, to take keen delight in. मद्यपान का उत्सव मनाना, पी पीकर बौड़ाना, अति आनन्द लेना ; *n.* indulgence in merry-making. अति मद्यपान, मद्यपान का उत्सव; **Reveller** (-लर्) *n.* one who indulges in revelry. पीकर धूम मचानेवाला; **Revelry** (-री) *n.* noisy festivity. मद्यपान का उत्सव ।

Revelation–रॅव्-एल्-ए'-शॉन् – *n.* disclosing of knowledge by supernatural agency. आकाशवाणी, दैवी प्रकाशन ; **Revelational** (-ऑल्) *adj.* pertaining to revelation. ईश्वरोक्ति सम्बन्धी ; **Revelationist** (-इस्ट्) *n.* a believer in revelation. ईश्वरीय वचन में विश्वास करनेवाला ।

Revendication-रें-वॅन्-डिक्-ए'-शॉन्-*n.* claiming back in a formal way. न्यायपूर्वक माँग ।

Revenge–रें-वॅन्ज्'–*v. t. & i.* to retaliate, to return injury for injury. वैर साधन करना, बदला लेना ; *n.* the act of revenging. प्रतिद्रोह, बदला ; **Revengeful** (-.फुल्) *adj.* full of revenge. (प्रतीकारपरायण), बदला लेने में तत्पर ; **Revengefully** (-लि) *adv.* in a revengeful manner. बदला लेने की बुद्धि से; **Revengefulness** (-नॅस्) *n.* the quality of being revengeful. प्रतीकार बुद्धि ।

Revenue – रॅव्'-ऍ-न्यू – *n.* a state's annual income from different sources. राज्य की वार्षिक आय, सरकारी मालगुज़ारी ।

Reverberant–see **Reverberate**.

Reverberate–रें-वर्ब्'-ऍर्-एट्'–*v. t. & i.* to strike back, to rebound, to echo. उछलना, प्रतिध्वनि करना, गूँजना ; **Reverberation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of reverberating. प्रतिध्वनि,

गूँजन ; **Reverberative** (-ऑट्'-इव्), **Reverberant** (-ऑन्ट्) *adjs.* reverberating. गूँजनेवाला ; **Reverberatory** (-ऑर्-ई) *adj.* प्रतिध्वनि सम्बन्धी ; **Reverberator** (-ऑर्) *n.* प्रतिध्वनि करनेवाला ।

Revere – रि-विअर्' – *v. t.* to regard as sacred, to reverence. सत्कार करना, पूजा (आदर) करना ।

Reverence–रेव्'-अर्-ऍन्स्– *n.* veneration, act of respect. आदर (मान), सत्कार ; **Act of reverence** (salutation.) नमस्कार; **His reverence** (a title of clergy.) महामान्यवर, प्रभु; **Reverenced** (-ड्) *adj.* respected, esteemed. पूज्य, मान्य ।

Reverend–रेव्'-अर्-ऍन्ड् – *adj.* & *n.* deserving reverence, a title of respect for clergy. माननीय (पूजनीय), पादड़ी की उपाधि ।

Reverent–रेव्'-अर्-ऍन्ट्–*adj.* expressing reverence. आदर दिखलानेवाला ।

Reverential–रव्-अर्-ऍन्'-शॅल् – *adj.* proceeding from reverence. आदरपूर्वक, सन्मानपूर्ण ; **Reverentially** (-शॅल्-ली) *adv.* सन्मानपूर्वक; **Reverently** (-ऍन्ट्-ली) *adv.* आदरपूर्वक ।

Reverie–रेव्'-अर्-ई–*n.* (*pl.* **Reveries.**) musing, delusion, day-dreaming, fantastic theory. चिन्तन, वृथा चिन्ता, मन की लहर, भावना ।

Reversal–रि-वर्स्'-ऑल् – *n.* the act of reversing. परिवर्तन, उलटाव ।

Reverse–रि-वर्स्'–*adj.* opposite, inverted. विपरीत, उलटा ; *n.* the contrary, the back surface, misfortune. परिवर्तन (उलटफेर), उलटा भाग, आपत्ति ; *v. t.* & *i.* to turn the other way, to invert, to annul. अधोमुख करना, उलटना, खण्डन करना ; **Reversed** (-ड्) *adj.* changed to the contrary. अधोमुख, उलटा हुआ ; **Reversely** (-ली) *adv.* in a contrary manner. उलटी ओर से ; **Reversibility** (-इब्-इल्'-इट्-ई) *n.* capacity of being reversed. व्यतिक्रम, उलटाव ; **Reversible** (-इ-बल्) *adj.* परिवर्तनीय, उलटने योग्य; **Reversing-gear** *n.* the gear by which motion of an engine is reverted. अंजन की गति पलटने का साधन ।

Reversion–रि-वर्'-शॉन्–*n.* the right of succession. उत्तराधिकार ; **Reversional** (-ऑल्) *adv.* pertaining to a reversioner. उत्तराधिकार संबंधी ; **Reversionally** (-ऑल्-लि) *adv.* उत्तराधिकारत्व से ; **Reversionary** (-ऑर्-ई) *adj.* उत्तराधिकारी का; **Reversioner** (-अर्) *n.* उत्तराधिकारी बननेवाला ।

Revert–रि-वर्ट्' – *v. i.* & *t.* to turn back, to return to the original person, to fall back. पलटना, फिर आना, वापस जाना ; *n.* recurrence. उलटाव ; **Reverter** (-अर्) *n.* one who reverts. पलटनेवाला ; **Revertible** (-इ-बल्) *adj.* able to be reverted. पलटने योग्य ।

Revest-रि-वेस्ट्'-*v.t.* to clothe again. फिर से वस्त्र पहिराना ।

Revet–रि-वेट्'–*v. t.* to face a wall with a harder material. दीवार पर पलस्तर करना ; **Revetment** (-मेन्ट्) *n.* the plastered wall of

a fort. पलस्तर की हुई किले की दीवार ।

Review – रें-व्यू' – *n.* revision, inspection of troops, fleet &c., a survey of the past, a periodical publication of articles and essays, retrospect. परीक्षा, पुनर्निरीक्षण, पुनर्विचार, किसी विषय पर प्रकाशित लेख, गुणदोष निरूपण; *v. t. & i.* to examine critically, to revise. परीक्षा करना, फिर से विचार करना ; **Reviewable** (-ऑं-ब्ल) *adj.* that may be reviewed. समालोचना के योग्य ; **Reviewal** (-ऑल) *n.* a reviewing. पुनर्विचार ; **Reviewer** (-अर्) *n.* one who reviews. समालोचना करनेवाला ।

Revigorate–रें-विग्'-आर्-एट्–*v. t.* to invigorate, to add new energy to. नई शक्ति देना, ताजा करना ।

Revile – रें-वाइल'–*v. t. & i.* to call bad names, to abuse. बुरा कहना, निन्दा करना, गाली देना ; **Revilement** (-मेंन्ट) *n.* contemptuous language, rebuke. झिड़की, गाली ; **Reviler** (-अर्) *n.* he who reviles another. निन्दक, गाली देने वाला ; **Reviling** (-इङ्ग्) *n.* raillery. निन्दा, अपवाद ।

Revisable–रें-वाइज़'-ऑं-ब्ल-*adj.* able to be revised. संशोधन करने योग्य ।

Revisal–same as **Revision**.

Revise–रें-वाइज़्'–*v. t.* to look over again, to re-examine, to reconsider and amend faults. दुबारा विचार करना (दोहराना), दुबारा जाँचना, पुनः संशोधन करना ; *n.* second correction. पुनर्निरीक्षण; **Reviser** (-अर्) *n.* one who revises. संशोधन करनेवाला; **Revision** (-विज़्'-ऑन्) *n.* the act of re-examining. दुबारा परीक्षा, संशोधन ; **Revisional** (-ऑल) *adj.* pertaining to revision. संशोधन सम्बन्धी ।

Revisit – री-विज़्'-इट – *v. t.* to visit again. फिर से दर्शन (भेंट) करना ।

Revisory-रें-वाइज़्'-आर्-ई-*adj.* having power to revise. पुनर्विचार सम्बन्धी ।

Revivable-रें-वाइव्'-ऑं-ब्ल-*adj.* what may be revived. ताजा करने लायक ।

Revival–रें-वाइव्'-ऑल – *n.* recovery to life. चेतना प्राप्ति, पुनः स्वास्थ्य प्राप्ति, उद्धार।।

Revive–रें-वाइव्'–*v. i. & t.* to bring to consciousness, to reanimate, to restore to natural form. फिर से जीवित करना, चेतना प्राप्त करना, पूर्व रूप में लाना ; **Reviver** (-अर्) *n.* he who or that which revives. सचेत करनेवाला, ताजा करनेवाला ।

Revivification–see **Revivify**.

Revivify–रें-विव्'-इ-फाइ–*v. t.* (*p. t.* **Revivified**.) to restore to life, to animate. पुनर्जीवित करना, फिर से जिलाना ; **Revivification** (-इफ्-इ-के'-शॉन्) *n.* restoration of life. पुनर्जीवन ; **Reviviscence** (रेंवि-वि-स'-सेंन्स) *n.* return to life. जीवित होना ; **Reviviscent** (-सेंन्ट) *adj.* restoring life. फिरसे जिलानेवाला ।

Revocable–रें-वोक्'-ऑं-ब्ल – *adj.* capable of being revoked. खण्डन करने (मिटने) योग्य; **Revocation** (रेंव्-ऑ-के'-शॉन्) *n.* the act of revoking, repeal. खण्डन, लोप ; **Rev-**

ocatory (रें्व्-ओ-कीं-टॉर्-ई) *adj.* revoking. खण्डन योग्य ।

Revoke-रें-वोक्'-*v.t.* & *i.* to repeal, to withdraw, to annul. खण्डन करना, हटाना, तोड़ना ; **Revokement** (-मेंन्ट) *n.* खण्डन ।

Revolt-रें-वोल्ट्' - *v. i.* & *t.* to rise against a ruler, to rise to rebellion, to cast off allegiance. राजशासन उल्लंघन करना, बलवा करना, राजद्रोह करना, *n.* a rebellion, an insurrection. राजद्रोह, बलवा ; **Revolting** (-इङ्ग्) *adj.* rebellious. राजद्रोही ; **Revoltingly** (-इङ्ग् ली) *adv.* in a revolting manner. राजद्रोह से ।

Revolute - रें्व्'-ऑ-ल्यूट् - *adj.* with edge rolled backwards. किनारा मुड़ा हुआ ।

Revolution-रें्व्-ओ-ल्यू'-शॉन् - *n.* revolving round a centre, rotation, complete change, reversal of conditions, fundamental change in the government of a country, a revolt. केन्द्र पर घूमना, (भ्रमण) चक्कर, परिवर्तन, उलट फेर, राज्य परिवर्तन; **Revolutionary** (-ऑर्-ई) *n.* &. *adj.* instigator of a revolution, pertaining to revolution. क्रान्तिकारी, भ्रमण (राज्य परिवर्तन) सम्बन्धी ; **Revolutionist** (-इस्ट) *n.* a revolutionary. राज्य परिवर्तनवादी ; **Revolutionism** (-इज़्म्) *n.* the principle of revolution. राज्य परिवर्तन का सिद्धान्त ; **Revolutionize** (-आइज़्) *v.t.* to effect a thorough change. परिवर्तन पूर्ण करना ।

Revolve-रें-वॉल्व्'-*v.t.* & *i.* to turn round, to rotate, to cause to turn, to ponder over. चक्कर खाना, घूमना, घुमाना, मनमें विचार करना ; **Revolver** (-अर्) *n.* a pistol with revolving mechanism by which several shots can be fired without reloading. एक बार भरकर अनेक गोली चलाने का पिस्तौल ।

Revulsion-रें-वल्'-शॉन्-*n.* a drawing away, sudden change of feeling, counter irritation. पीछे को खिंचाव, भाव में एकाएक परिवर्तन, विराग; **Revulsive** (-सिव्) *adj.* पीछे को खिंचाव लानेवाला ।

Reward-रें-वार्ड्' - *n.* a return for services or for merit, recompense, retribution. पारितोषिक, प्रतिफल, दक्षिणा ; *v. t.* to give for merit, to recompense. पारितोषिक देना, प्रतिफल देना ; **Rewardable** (-ऑ-ब्ल) *adj.* पुरस्कार देने योग्य ; **Rewardless** (-लेंस) *adj.* having no reward. बिना पारितोषिक का ।

Rewin-री-विन्'-*v. t.* (*p t.* **Rewon**) to win again. फिर से जीतना ।

Rewrite-री-राइट्'-*v. t.* (*p. t.* **Rewrote**, *p. p.* **Rewritten**) to write again. फिर से लिखना ।

Rex-रेंक्स्-*n.* a king. राजा ।

Reynard-रें-नॉर्ड्-*n.* proper name for a fox. लोमड़ी के लिये व्यक्तिवाचक शब्द ।

Rhabdomancy-रैब्'-डो-मैंन्-सी - *n.* discovering of subterranean water or ore by divine means. दैवी शक्ति से पृथ्वी के भीतर का जलस्रोत

या खान का पता बतलाना ।

Rhadamanthus – रैड्-ऑ-मॅन्'-थस्– *n.* a stern judge. निर्दयी न्यायाधीश; **Rhadamanthine** (- थिन्) *adj.* rigorous. कठोर दण्ड का ।

Rhapsode – रैप्'-सोड् – *n.* one who recites epic poems. महाकाव्य बाँचने वाला ; **Rhapsodist** (-इस्ट्) *n.* one who writes rhapsodies, one who has a confused, incoherent and excited style of writing. महाकाव्य लिखनेवाला, असङ्गत कहनेवाला; **Rhapsodize** (-सॉड्-आइज़्) *v. t.* & *i.* to utter rhapsodies. महाकाव्य की कथा कहना ।

Rhapsodic, Rhapsodical – see Rhapsody.

Rhapsody – रैप्'-सॉड् ई–*n.* an epic poem, an extravagant composition in high-flown style. महाकाव्य, असम्बद्ध कविता ; **Rhapsodic** (-इक्), **Rhapsodical** (-इक्-अॅल्) *adjs.* unconnected. असङ्गत, असम्बद्ध; **Rhapsodically** (-ली) *adv.* in an unconnected manner. असङ्गतरूप में ।

Rhea – री'-आ–*n.* a kind of American ostrich. अमेरिका देश का एक प्रकार का सुर्खाब पक्षी ।

Rheo – री'-ओ – *pref.* in sense of 'current.' उपसर्ग जिसका अर्थ "विद्युत् धारा सम्बन्धी" होता है ।

Rhetor – रॅट्'-ऑर् – *n.* a teacher of rhetoric, an orator. अलङ्कार शास्त्र-का अध्यापक, व्याख्यान देनेवाला ।

Rhetoric – रॅट्'-ऑर्-इक् – *n.* the art of speaking or writing in an impressive style, elegance and force in language, persuasiveness. अलङ्कारशास्त्र, साहित्यशास्त्र, प्रभावशाली लेख या व्याख्यान ; **Rhetorical** (-इॅल्) *adj.* pertaining to rhetoric. अलङ्कारिक ; **Rhetorically** (- अॅल् - ली) *adv.* in a rhetorical manner. अलङ्कारिक रूप में ; **Rhetorician** (- इश्'-अॅन्) *n.* one who is expert in rhetoric. अलङ्कार शास्त्र का पण्डित, अलङ्कार शास्त्रज्ञ ।

Rheum–रूम्–*n.* watery secretions from the body. शरीर से तरल पदार्थ-का स्राव (यथा, आँसू, थूक, कफ इत्यादि); **Rheumy** (-ई) *adj.* full of rheum. ऐसे तरल रस से पूर्ण ।

Rheumatic – रू-मॅट्'-इक्–*adj.* pertaining to or suffering from pain in the joints. गठिया का, वात सम्बन्धी ; **Rheumatically** (-अॅल्-ली) *adv.* in a rheumatic manner. वात रोग से ; **Rheumatics** (-स) *n. pl.* patients of rheumatism. गठिया के रोगी ।

Rheumatism – रूम्'-ऑट्-इज़्म्–*n.* a disease marked by pain and stiffness in the joints of the human body. सन्धिवात, गँठिया ।

Rhinal – राइ'-नॅल्–*adj.* pertaining to nose. नासिका सम्बन्धी, नाक का ।

Rhino – राइ'-नो – *pref.* in sense of "pertaining to nose." उपसर्ग जिसका अर्थ 'नासिका सम्बन्धी' होता है ।

Rhinocerotic-राइ'-नॉ-सियर्'-ऑट्-इक्– *adj.* pertaining to or resembling a rhinoceros. गैंडे के सदृश अथवा इस पशु का ।

Rhinoceros - राइ-नॉस्′-एर्-आस्-*n.* (*pl.* **Rhinoceroses.**) a large quadruped with thick plated skin and strong horn on nose. गण्डक, गेड़ा।



Rhinoceros.

Rhodanic-रो-डॅन्′-इक्-*adj.* producing a red colour. लाल रंग उत्पन्न करनेवाला।

Rhodium - रो′-डि-अम्-*n.* a kind of metal, a kind of scented wood. एक विशिष्ट धातु, एक प्रकार की सुगन्धित लकड़ी।

Rhododendron - रो-डो-डॅन्′-ड्रान्-*n.* an evergreen shrub with flowers like rose. एक प्रकार का गुलाब के समान फूल वाला पौधा।

Rhomb - रॉम्ब्-*n.* a quadrilateral figure with equal sides but unequal angles. तुल्य चतुर्भुज; **Rhombohedral** (-रॉम्-बो-हीड्′-रॉल्) *adj.* relating to a rhombohedron. ऐसी आकृति का; **Rhombohedron** (रॉम्-बो-ही′-ड्रॉन्) *n.* a solid figure bounded by six equal rhombs. एक ठोस आकृति जिसके छहो मुख तुल्य चतुर्भुज हों।

Rhomboid - रॉम्′-बॉयड् - *adj.* & *n.* a figure like rhomb with only the opposite sides equal. विषम कोण का आयत; **Rhomboidal** (-ऑल्) *adj.* having the shape of a rhomboid. विषम कोण आयत सम्बन्धी; **Rhomboidally** (-ऑल्-ली) *adv.* in a rhomboidal manner. इस प्रकार की आकृति में।

Rhombus-रॉम्′-बस्-*n.* (*pl.* **Rhombuses.**) same as **Rhomb.**

Rhonchus - रॉन्′-कस् - *n.* a sharp whizzing sound. घरघराहट का शब्द।

Rhotacism - रॉट्′-ऑ-सिज़्म् - *n.* erroneous pronunciation of the letter '*r.*' बोलनेमें 'ड़' की भरमार; **Rhotacize** (-साइज़्) *v. i.* to speak with harsh sound of '*r.*' 'र' के स्थान में 'ड़' बोलना।

Rhubarb - रू′-बार्ब् - *n.* a kind of garden plant used in cookery. रेवनचीनी।

Rhumb - रम्-*n.* the line followed by a ship in its course. जहाज के मार्ग की रेखा।

Rhyme, Rime-राइम् - *n.* correspondence of sound at the end of verse-lines, a poem with rhymes. अनुप्रास पद्यक, यमक कविता; *v. i.* & *t.* to make verses, to put into rhyme. पद्य बनाना, कविता लिखना, पद बैठाना; **Without rhyme or reason** (without sense, improperly.) अनुचित, अयोग्य रीति से।

Rhymeless - राइम्′-लॅस् - *adj.* not rhyming. बिना अनुप्रास का; **Rhymelessness** (-नॅस्) *n.* the state of being rhymeless. अनुप्रासहीनता।

Rhymer - राइम्′-अर्, **Rhymester** (-स्टर्) *ns.* one who makes rhymes, a poor poet. पद्यकार, तुच्छ कविता लिखनेवाला।

Rhythm - रिद्म् - *n.* metre, meas-

ured flow of words (regular movements), periodical accent. ताल, लय, ठेका ; **Rhythmical** (रिद्‌-मिक्‌-ऑल्‌) *adj.* pertaining to rhythm. लय का, तालसुर बद्ध; **Rhythmically** (-ऑल्‌-ली) *adv.* in a rhythmical manner. सुरताल में ; **Rhythmist** (-इस्ट्‌) *n.* one who makes use of rhythm. तालसुर का प्रयोग करनेवाला; **Rhythmless** (-लैस्‌) *adj.* without rhythm. बिना ताल सुर का ।

Riant – री'-ऑन्ट्‌ – *adj.* cheerful, smiling. प्रसन्न, मुसकुराता हुआ ।

Rib – रिब्‌ – *n.* one of the curved bones joined from sternum to spine, vein of leaf, one of the ship's curved timbers, hinged rod of umbrella-frame. पसुली, पत्ती की रीढ़, जहाज की मुड़ी हुई पटरी छाते की तीली ; *v. t.* (*p. t.* Ribbed.) to furnish with ribs. रीढ़ लगाना, तीली बैठाना ; **Ribbed** (-बड्‌) *adj.* having ribs. रीढ़दार; **Ribless** (लैस्‌) *adj.* devoid of ribs. बिना पसुली का ।

Ribald–रिब्‌'-ऑल्ड्‌–*adj.* & *n.* a jester, one who uses indecent language, obscene. मसखरा, गाली देनेवाला, अशिष्ट, नीच; **Ribaldry** (-री) *n.* vulgar obscene language. गाली गलौज ।

Riband– रिब्‌'-ऑन्ड्‌'– *n.* a ribbon. फ़ीता ; *v. t.* to fit ribbons. फ़ीता लगाना ।

Ribbands–रिब्‌'-बॅन्ड्स्‌–*n.* strips of wood. लकड़ी के चिरे हुए लम्बे तख्ते ।

Ribbed–see **Rib**.

Ribbon – रिब्‌'-बॉन्‌ – *n.* a narrow woven band of silk or satin. साटन या रेशम का पतला फ़ीता ; *pl.* driving reins. (ब० व०) लगाम ।

Ribes–राइ'-बीज़्‌–*n.* plant of gooseberry. झरबेर का पौधा ।

Ribston– रिब्‌'-स्टॉन्‌– *n.* a kind of apple. एक प्रकार का सेब ।

Rice – राइस्‌ – *n.* the pearl-white seeds of a plant grown in marshy places. तण्डुल, चावल ; **Scum of rice** माँड़; **Parched rice** लावा ।

Rich – रिच्‌ – *adj.* wealthy, valuable, fertile, costly, bright, vivid, splendid, containing a large quantity of fat &c., deep (of colour), abounding, ample. धनी, बहुमूल्य, उपजाऊ, महर्घ, चमकीला, स्पष्ट, अनोखा, वसा (चर्बी) पूर्ण, तेजरंग का, परिपूर्ण, अधिक; **Riches** (-ऍज़्‌) *n. pl.* wealth, abundance. धन, विभव, द्रव्य, सम्पत्ति; **Richly** (-ली) *adv.* in a rich manner. बहुत धन से, बड़ी शोभा से, बड़े प्रताप से; **Richness** (-नैस्‌) *n.* wealth, splendour, fertility, abundance. अति शोभा, समृद्धि, धनाढ्यता, उपजाऊपन, बहुतायत ।

Rick–रिक्‌–*n.* a stack of hay or corn. सूखी घास या अनाज की ढेर ।

Rickets–रिक्‌'-ऍट्स्‌– *n.* a disease of children in which the bones are softened. बच्चों का रोग जिसमें हड्डियाँ मुलायम हो जाती हैं ; **Rickety** (-ऍट्‌-ई) *adj.* feeble in joints, insecure. मुलायम जोड़ का, अस्थिर, जीर्ण ।

Ricksha, Rickshaw– रिक्-शॉ– *n.* a light two-wheeled carriage drawn by men. आदमी से खींची जानेवाली दोपहिया फिटिन् गाड़ी ।

Ricochet – रिक्-ओ-शे– *n.* skipping of cannon-ball on ground or water. भूमि अथवा जलपर तोप के गोले का दौड़ना ; *v. i. & t.* skipping or running on a ricochet. इस प्रकार सरकना या दौड़ना ।

Rictus–रिक्-टस–*n.* expanse of the mouth, bird's beak. मुख का फैलाव, चोंच

Rid–रिड्–*v.t.* (*p. t.* **Rid, Ridded.**) to make free, to clear away, to disencumber, to destroy. मुक्त करना, छोड़ाना, निकाल लेना, नष्ट करना; *adj.* free, clear. हीन, रहित ; **To get rid of** (to be free from.) छुटकारा पाना ; **Riddance** (-डॅन्स्) *n.* deliverance. मुक्ति, उद्धार ।

Riddel–रिड्'-डॅल्–*n.* the curtain of an altar. वेदी का पर्दा ।

Ridden–रिड्'-डॅन्–*p. p.* of the verb Ride. घोड़ सवारी किया हुआ ।

Riddle–रिड्'-इल्–*n.* an enigma or puzzle, a mysterious question, a coarse sieve. कूट प्रश्न, पहेली, मोटी चलनी ; *v. i. & t.* to use a riddle, to separate chaff from grain. पहेली कहना, भूसी अलगाना; **Riddling** (-लिङ्ग्) *adj.* perplexing. पेंचीला; **Riddlingly** (-ली) *adv.* like a riddle. कूट प्रश्न के सदृश ।

Ride–राइड्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Rode**, *p. p.* **Ridden.**) to sit on horseback, to be carried by a horse, cycle, train &c. घोड़े पर सवार होकर चलना, साइकिल, रेलगाड़ी इत्यादि पर चढ़कर चलना ; *n.* a journey in a public conveyance. सवारी ; **To ride on** (to tease.) कष्ट देना; **To ride one down** (to overtake a man by riding) घोड़ा दौड़ाकर पकड़ लेना ।

Ridable–राइड्'-औं-ब्ल्– *adj.* able to be ridden. सवार होने योग्य ।

Rider–राइड्'-अर्– *n.* one who rides, a supplement, a corollary, a problem to test the mastery of a mathematical principle. सवार, परिशिष्ट, उपसिद्धान्त, ऐसा प्रश्न जिससे गणित के सिद्धान्त का बोध स्पष्ट हो जावे ; **Riderless** (-लॅस्) *adj.* having no rider. बिना सवार का ।

Ridge–रिज्–*n.* a mountain range, a line of junction in a roof, the rough top of anything, any narrow elevation. पर्वत पृष्ठ, छत का जोड़, खुरखुरा किनारा, ढालुआ टीला; *v.t.* & *i.* to form a ridge. मेड़ बनाना; **Ridgy** (-ई) *adj.* rising in ridges. किनारा सहित ।

Ridicule–रिड्'-इक्-यूल्– *n.* derision, mockery. उपहास, हँसी ठट्टा; *v. t.* to make fun of, to mock. उपहास करना, ठठोली करना ।

Ridiculous – रि-डिक्'-यूल्-अस् – *adj.* causing ridicule, funny. हास्यकर, हँसी उत्पन्न करने वाला ; **Ridiculously** (ली) *adv.* in a ridiculous manner. हँसी में, ठट्ठे से ; **Ridiculousness** (-नॅस्) *n.* the quality of being ridiculous. उपहास, हँसी ।

Riding–राइड्'-इङ्ग्– *n.* a road for riders. घोड़सवारी की सड़क ; **Riding-**

breeches (breeches used in riding.) घोड़सवारी का पाइजामा ; **Riding clerk** *n.* commercial traveller. व्यवसायिक यात्री ; **Riding habit** (a woman's riding dress.) स्त्रियों का घोड़सवारी का वस्त्र ; **Riding master** *n.* घोड़सवारी सिखलाने वाला मनुष्य ।

Rife-राइफ्-*adv.* prevailing, current, numerous. प्रचलित, व्यापक, अधिक ; **Rifeness** (-नैस्) *n.* व्यापकता ।

Riff-raff-रिफ्'-रैफ् - *n.* the rabble, persons of disrepute. अधम मनुष्य, निन्द्य लोग ।


Rifle-राइ'-फ़ल् - *v. t. & i.* to search and rob, to plunder, to make spiral grooves in the barrel of a gun. खोजकर लूटना, डाका डालना, बन्दूक की नली में चक्करदार छेद बनाना; *n.* a gun with grooved barrel. एक प्रकार की बन्दूक ; **Rifle corps** (-कोर्) *n.* volunteers armed with rifle. बन्दूक धारण करने वाले स्वयंसेवक लोग ; **Rifleman** बन्दूकधारी सिपाही ; **Rifle-range** (a place for practising shooting with a rifle.) बन्दूक की गोली चलाना सीखने का स्थान ।

Rift - रिफ्ट - *n.* a cleft, a fissure. फटन (दरों), दरार; *v. t. & i.* to cleave, to burst open. दरार बनाना, फटना ; **Riftless** (-लैस्) *adj.* बिना दरार का; **Rifty** (-ई) *adj.* having cracks. दरारदार ।

Rig-रिग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Rigged.**) to provide a ship with ropes &c. to fit, to clothe. जहाज को रस्सा इत्यादि सामग्री से युक्त करना, सँवारना, वस्त्र पहिराना ; *n.* the method in which sails and riggings are arranged, a trick. जिस प्रकार के जहाज के रस्से पाल इत्यादि क्रम से रक्खे जाते हैं, छल कपट ; **Rigged** (-ड्) *adj.* furnished with rigs. रस्सों से सुसज्जित ; **Rigger** (-गर्) *n.* a band-wheel. पट्टेदार पहिया ; **Rigging** (-गिङ्ग्) *n.* the ropes of a ship, dress. जहाज के रस्से, पाल, वस्त्र इत्यादि ।

Rigescent-रिज्'-एस-सैन्ट-*adj.* growing hard and stiff. कड़ा होने वाला ; **Rigescence** (-सैन्स्) *n.* stiffness, hardness. कठोरता, कड़ाहट ।

Right-राइट-*adj.* straight, just, fit, lawful, true, correct, most convenient, well-performed, on the right hand. सीधा, उचित, योग्य, न्याय्य, सच्चा, सही, युक्त, भली भाँति किया हुआ, दाहिनी ओर का ; *adv.* rightly, correctly. उचित रीति से, यथार्थता से ; *interj.* well done. ठीक ! ; **Right angle**-(-ऐंङ्गल्) *n.* angle of 90 degrees or one fourth of a circle. समकोण,ऋजुकोण ; **Right down** (completely.) पूर्णरूप से ; **Right to the bottom** (exactly up to the bottom.) ठीक पेंदीं तक ।


Right angle.

Right-राइट-*n.* justice, propriety, truth, authority, the side opposite to the left. धर्म, नीति,यथार्थता, सत्यता, अधिकार, दाहिना भाग ; *n. pl.* authority. (ब०व०) अधिकार; **Bill of rights** (a declaration of the

rights.) अधिकारपत्र; **Right and left** (in every direction.) प्रत्येक दिशा में; **To put to rights** (to put in good order.) ठीक क्रम में रखना।

Right–राइट – *v. t.* to do justice to, to put in a proper position, to set in a vertical position. न्याय करना, उचित स्थान में रखना, लम्बरूप में करना।

Rightable–राइट्'-अॅ-ब्ल् – *adj.* able to be corrected. शुद्ध (ठीक) करने योग्य।

Righten–राइट्'-ॲन् – *v. t.* to make right. ठीक करना।

Righteous – राइट्'–यस् – *adj.* just, virtuous, upright, honest. न्याय परायण, धार्मिक, पवित्र, सच्चा; **Righteously** (-ली) *adv.* in a righteous manner. पवित्रता से, धर्म से; **Righteousness** (-नैस्) *n.* holiness, justice, uprightness. साधुवृत्ति, धर्म परायणता, सदाचार।

Rightful–राइट्'-फुल्–*adj.* just, legitimate, awfull. न्याय्य, यथोचित, अधिकारी; **Rightfully** (-ली) *adv.* in a rightful manner. अधिकार सहित; **Rightfulness** (-नैस्) *n.* justice, moral rectitude. सत्यता, परमार्थता।

Right-hearted–राइट्'-हार्ट्-एड्–*adj.* having right disposition. सच्चरित्र, सुशील।

Rightly–राइट्'-ली – *adv.* in a right manner. उचित रीति से।

Right-minded–राइट्'-माइन्ड्-एड्–*adj.* well-disposed. शुद्ध चित्त का।

Rightness–राइट्'-नैस्–*n.* conformity to truth. यथार्थता, सचाई।

Rightwards – राइट्' - वड्र्स – *adv.* towards the right. दाहिनी ओर।

Rigid–रिज्'-इड् – *adj.* stiff, not flexible, harsh, severe, strict. कड़ा, कठोर, कर्कश, रूक्ष, दृढ़; **Rigidity** (-इट्-ई), **Rigidness** (-नैस्) *ns.* stiffness, severity. कठोरता, दृढ़ता; **Rigidly** (-ली) *adv.* in a rigid manner. कठोरता से, दृढ़ता से।

Rigmarole–रिग्'-मॅ-रोल्-*n.* a meaningless or incoherent talk. अनर्थ कथा, बिना अर्थ की बातचीत।

Rigor–राइ'-गॅर्–*n.* sudden chill and shivering appearing before certain fevers. ज्वर के पूर्व की कँपकपी और सर्दी।

Rigorous – रिग्'-ऑर्-अस् – *adj.* severe, strict. कठोर (कर्कश), कठिन; **Rigorously** (-ली) *adv.* strictly, severely. कठोरता से, कठिनता से।

Rigour-रिग्'-ऑर्-*n.* harshness, strictness, hardship, austerity of life. दृढ़ता, कठोरता; कष्ट, तपस्या।

Rile – राइल् – *v. t.* to irritate, to make angry. उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना।

Rill – रिल् – *n.* a small stream or rivulet. (क्षुद्र नदी) छोटी नदी, नाला।

Rille–रिल्–*n.* a trench or narrow valley on the surface of the moon. चन्द्रमा के तल पर की छोटी खाँई या घाटी।

Rim–रिम् – *n.* the outer ring of a wheel, margin, border. पहिये की हाल, किनारा, कोर; *v. t.* (*p. t.* **Rimmed**.) to put on a rim or tyre. किनारा लगाना, हाल चढ़ाना; **Rim brake** (brake acting on rim of wheel.) गाड़ी रोकने के लिये पहिये की हाल पर लगाया हुआ रोक; **Rimmed** (-ड्) *adj.* having a border. किनारदार; **Rimless** (-लस्) *adj.*

without a rim. बिना किनारे का ।

Rime–राइम्–*n*. hoar-frost. पाला, जमी हुई ओस ; *v. t.* to congeal into frost. जम कर पाला हो जाना ।

Rimose–राइम्'-ओस्, **Rimous** (-अस्) *adjs.* consisting of chinks, full of fissures. छिद्र से भरा हुआ, दरारदार ।

Rimple – रिम्'-पूल् – *n.* a fold or wrinkle. तह, सिकुड़पन, झुर्री ।

Rimy–राइम्'-ई–*adj.* frosty. पालेदार ।

Rind–राइन्ड्–*n.* the bark of a tree, the external covering of a fruit. छाल, छिलका, वल्कल ।

Rinderpest – रिन्' - डर् - पॅस्ट् – *n.* a malignant disease of oxen. गाय बैल का एक भयंकर रोग ।

Ring–रिङ्ग्– *n.* a circlet of precious metal worn on fingers, anything circular, a circular ripple in water, rim of a circular object, band of traders, a circular enclosure, metallic sound as of a bell. अँगूठी (मुँदरी), चक्राकार पदार्थ, जल की भँवर, पहिये की हाल, व्यापारियों का संघ, घण्टी का शब्द; **Ear-ring** (ring worn on ear.) करनफूल, झुमका ; **Nose-ring** (ring worn on nose.) नथिया, नथुनी ।

Ring–रिङ्ग्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* Rang, *p. p.* Rung) to sound like a bell. घंटी की तरह बजना, ठनठनाना ; **Ringing in the ears.** कान में झनझनाहट का शब्द ; **The coin rings true (or false)** सिक्के की ठनकार ठीक (या बेठीक) है ; **To ring the bell** (to call servant by ringing a bell.) घंटी बजाकर नौकर को बुलाना ; **To ring off** (to finish talking on a telephone.) टेलीफ़ोन् पर बातचीत समाप्त करना ; **To ring up** (to ring the bell of a telephone.) टेलीफ़ोन पर घंटी बजाना ।

Ringleader– रिङ्ग्'-लीड्-अर्– *n.* the chief instigator in a riot. बलवाइयों का नेता, या मुखिया ।

Ringlet–रिङ्ग्'-लॅट्–*n.* a small ring, little curl. छोटी अंगूठी, घुंघरुआ बाल ।

Ringman– रिङ्ग्'-मॅन् – *n.* a bookmaker. दफ़्तरी ।

Ring-master – रिङ्ग्'-मास्ट्-अर् – *n.* manager of a circus arena. सर्कस् के अखाड़े का प्रबन्ध करनेवाला ।

Ring-stand– रिङ्ग्'-स्टॅन्ड्– *n.* stand for keeping finger rings. अंगूठी रखने का बक्स ।

Ringent – रिन्ज्'-ऍन्ट् – *adj.* gaping. मुँह खोले हुए ।

Ringworm – रिङ्ग्'-वर्म् – *n.* a skin disease in circular patches. दद्रु-मण्डल, दाद ।

Rink–रिङ्क्–*n.* a sheet of ice used for skating. बरफ़ पर सरकने का मैदान; *v. t.* to skate on a rink. बरफ़ के मैदान पर दौड़ लगाना; **Rinker** (-अर्) *n.* one who skates in a rink. इस प्रकार से दौड़ लगानेवाला ।

Rinse–रिन्स्–*v. t.* to wash out or cleanse with water, to wash off soap from cloth. जल से धोना, पानी में डुबोकर कपड़े से साबुन हटाना ; **Rinser** (-अर्) *n.* one who rinses. धोनेवाला ; **Rinsing** (-इङ्ग्) *n.* washing. धुलाई ।

Riot–राइ'-ऑट्-*n*. disorder, uproar, tumult, disturbance of peace, noisy festivity. उपद्रव, कोलाहल, विप्लव, प्रजा क्षोभ (दंगा, बलवा), शराबियों का उत्सव ; *v.i.* & *t.* to revel, to raise an uproar. आनन्द मचाना, बलवा करना ; **To run riot** (to act without restraint.) मर्यादा भङ्ग करना ।

Rioter–राइ'-ऑट्-अर्–*n*. one who is guilty of rioting. उपद्रव करनेवाला, बलवाई ।

Riotous – राइ'-ऑट्-अस् – *adj*. seditious, tumultuous, revelling. राजद्रोही, बलवाई, मद्य पीकर आनन्द मचानेवाला ; **Riotously** (-ली) *adv*. in a riotous manner. कोलाहल से, उपद्रव से ।

Rip–रिप्–*n*. a worthless horse, a dissolute person. भ्रष्ट घोड़ा, नीच पुरुष ; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Ripped**.) to tear up forcibly, to split, to rush along. चीरना, फाड़ना, झपटना ; **Rippingly** (-पिङ्ग् ली) *adv*. in a ripping manner. फाड़ते या चीरते हुए ।

Riparian – रॅ-पेंअर्'-इ-ऑन्– *adj*. pertaining to the bank of a river. नदी तट का, नदी तट पर ।

Ripe–राइप्–*adj*. ready for being reaped, eaten or drunk, mature, developed. परिपक्व, पका हुआ, तैयार, प्रौढ़, सिद्ध, सम्पन्न, पूरा ; *v. t.* & *i*. to grow ripe, to ripen. पकना या पकाना ।

Ripely – राइप्'-ली– *adv*. in a ripe manner. पकी अवस्था में ।

Ripen–राइप्'-ऍन्–*v. t.* to make ripe, to mature. पकाना, तैयार करना ; **Ripe age** (old age.) वृद्धावस्था ; **Ripe in years** (of old age.) वयोवृद्ध ; **Ripe opportunity** (good occasion.) उचित अवसर ।

Ripeness–राइप्'-नॅस्–*n*. the state of being ripe. पक्वावस्था, सिद्धि, पकावट ।

Ripper–रिप्'-पर्–*n*. a tool for ripping. फाड़ने का शस्त्र, चीरने का हथियार ।

Ripple–रिप्'-प्ल्–*n*. a small wave, a gentle sound. छोटी लहर, मृदु शब्द ; *v. i.* & *t.* to curl or rise in ripples. लहराना, झकोरा मारना ; **Ripplet** (-लॅट्) *n*. a small ripple. छोटी लहर ; **Rippling** (-इङ्ग्) *n*. breaking of ripples. तरङ्गयुक्त ; **Rippling noise** (sound of ripples.) लहरों का शब्द ; **Ripply** (-ली) *adj*. having ripples. लहरदार ।

Rise–राइज़्–*v. i.* (*p. t.* **Rose**, *p. p.* **Risen**.) to get up from lying or sitting posture, to become erect, to grow up, to come to life, to abandon, to increase, to revolt. खड़े होना, उठना (उदय होना), बढ़ना (महँगा होना), जीवित होना, त्यागना, उगना, बलवा करना ; *n*. ascent, elevation, origin, increase. उद्गम, उन्नति, (उदय) ऊंचाई, उत्पत्ति, अधिकता ; **Rising generation** (the young.) नव युग ; **Spirits rise** (is extremely happy.) अति प्रसन्न है ; **The pillar rises fifteen feet** (the height of the pillar is fifteen feet.) खम्भा पन्द्रह फ़ीट लम्बा है ; **The river rises**. नदी में बाढ़ आती है ; **To give rise to**. उत्पन्न होना ; **To rise against** (to rebel.) विद्रोह करना ; **To rise betimes** (to rise early in the

morning.) सवेरे उठना ।

Risen–रिज़्'-एन्–*p. p.* of **Rise**.

Riser–राइज़्'-अर्–*n.* one who rises. उठनेवाला ।

Risibility – रिज़-इब्-इल्'-इट - ई – *n.* laughter. हँसाई, हँसी।

Risible – रिज़्'-इ-ब्ल् – *adj.* inclined to laugh, ludicrous. हँसने को उद्यत, हास्यप्रद ।

Rising–राइज़्'-इङ्ग्–*n.* the act of ascending, insurrection. उठान, बलवा; *adj.* increasing. बढ़नेवाला ।

Risk – रिस्क् – *n.* hazard, danger, peril. सन्देह, शङ्का, सङ्कट ; *v. t.* to expose to injury or loss. संशय या आपत्ति में डालना ; **To run the risk** (to encounter a danger.) आपत्ति का सामना करना ।

Riskily–रिस्क्'-इ-ली–*adv.* in a risky manner. संशय से; **Riskiness** (-नैस्) *n.* peril, danger. आपत्ति, भय, सङ्कट ; **Riskless** (-लैस्) *adj.* संशय या भयहीन; **Risky** (-ई) *adj.* hazardous. आपत्ति पूर्ण ।

Risorial–रिज़्'-ऑर्'-इ-ऑल्–*adj.* concerning laughter. हास्य संबंधी ।

Rissole–रिस्'-सोल्–*n.* fried cake of meat mixed with crumbs of bread. रोटी के टुकड़े में मिलाया हुआ पके मांस का टुकड़ा ।

Rite–राइट्-*n.* a religious ceremony, religious observance. आचार (रीति), संस्कार (नियम); **Rite of hospitality** (entertainment of a guest.) आतिथ्य सत्कार ; **Scriptural rite** (religious observance.) शास्त्रविधि ।

Ritual-रिट्'-यु-ऑल्–*adj.* of religious rites, ceremonial. शास्त्रोक्त, विधि सम्बन्धी; *n.* manner of performing religious rites. क्रियापद्धति, शास्त्रविधि ; **Ritualism** (-इज़्म्) *n.* system of rituals. शास्त्रोक्त पद्धति ; **Ritualist** (-इस्ट) *n.* शास्त्रविधि जाननेवाला ; **Ritualistic** (इस्ट्'-इक्) *adj.* शास्त्र पद्धति का; **Ritualistically** (-ऑल्-ली) *adv.* शास्त्रपद्धति अनुसार ; **Ritualize** (-आइज़्) *v. t.* to perform religious rites. शास्त्र क्रिया करना ।

Rivage–रिव्'-ऑज़्–*n.* bank or coast. नदी या समुद्र का किनारा ।

Rival–राइ'-वॅल्–*n.* & *adj.* one who competes for the same prize as another. प्रतिस्पर्धी, प्रतिद्वन्द्वी; *v. t.*(*p.t.* **Rivalled**) to emulate, to try to excel. स्पर्धा करना, बढ़ने का प्रयत्न करना; **Rivalry** (-री) *n.* competition, emulation. प्रतियोगिता (विरोध), स्पर्धा ।

Rive–राइव्–*v.t.* & *i.* (*p.t.* **Reft**. *p.p.* **Riven**) to rend asunder, to split, to be rent. चीरना, फाड़ना, फटना; *n.* a rent. फटन; **River** (-अर्) *n.* one who rives. चीरनेवाला ।

Rivel–रिव्'ऍल्– *v. i.* & *t.* (*p. t.* **Rivelled**) to wrinkle. ऐंठना ।

Riven–रिव्'-ऍन्–*p. p.* of **Rive**.

River–रिव्'-अर्-*n.* a copious stream of flowing water. नदी ; **River-horse** (hippopotamus.)दरियाई घोड़ा

Riverain – रिव्'-अर्-एन् – *adj.* & *n.* pertaining to river, habitation near a river. नदी का, नदी के समीप की बस्ती, नदी के किनारे का ।

Rivet–रिव्'-ऍट्–*n.* a bolt for fastening together two pieces of metal. धातु की चद्दर या टुकड़ों को बाँधने की कील; *v. t.* (*p. t.* **Riveted**) to fasten with rivets. इस प्रकार की कील से जोड़ना; **Riveter** (-अर्) *n.* धातु के टुकड़ों को जोड़ने वाला।

Rivulet – रिव्'-यूल्-ऍट् – *n.* a small stream. छोटी नदी, नाला।

Roach–रोश्–*n.* a small fresh water fish. मीठे पानी की छोटी मछली।

Road–रोड्–*n.* a public passage, a highway, shallow water near the shore where ships can lay at anchor. मार्ग, पथ, रास्ता, सड़क, समुद्र के किनारे के पास जहाजों के लङ्गर डालने का स्थान; *v. t.* to follow up game by scent. कुत्तोंका सूंघकर शिकारके पीछे दौड़ना

Road-hog–रोड्'-हॉग्–*n.* dangerously driving motorist. भयङ्कर रूप से मोटर दौड़ाने वाला मनुष्य; **Roadman** *n.* सड़क की देखरेख रखने वाला।

Roadstead-रोड्'-स्टॅड्-*n.* place where ships ride at anchor. जहाज का लङ्गर डालकर ठहरने का स्थान; **Road-wag** (-वॅग्)*n.* a highway. बड़ी सड़क,राजमार्ग

Roadster–रोड्'-स्टर्–*n.* one accustomed to driving, an experienced traveller. सड़क पर गाड़ी चलाने में कुशल, अनुभवी यात्री; **High road** (main road.) राजपथ, बड़ी सड़क; **On the road** (travelling.) यात्रा करते हुए; **Royal road to** (way of attaining an object without trouble.) किसी पदार्थ को सहज में प्राप्त करने की विधि।

Roam–रोम्–*v. i.* & *t.* to wander, to ramble, to walk about in an unsystematic manner. घूमना, विचरना, भटकते फिरना; **To roam about** (to wander here and there.) इधर उधर भटकना; **Roaming** (-इङ्ग्) *n.* the act of wandering. घुमान, टहलान

Roan–रोन्–*adj.* & *n.* bay or sorrel mixed with white or grey colours, soft sheep skin used in book-binding. चितकबरे रङ्ग का, जिल्द बाँधने के उपयोग का भेंड़ी का कोमल चमड़ा।

Roar– रॉर्– *v. i.* & *t.* to utter loud deep sound as of lion, to make a loud sound, to talk very loudly. गरजना, गुर्राना, चिल्लाना; *n.* cry of a beast, outcry. गरज, चिल्लाहट, चीख; **Roarer** (-अर्) *n.* गरजने वाला; **Roaring** (-इङ्ग्) *n.* a loud cry. गम्भीर शब्द, गर्जना; **Roaringly** (इङ्ग्-ली) *adv.* गरजते हुए।

Roast–रोस्ट्– *v. t.* to cook in open fire, to expose to fire, to ridicule. भूँजना, सेंकना, हँसी करना; *n.* roasted meat, operation of roasting. भूनी हुई मांस, भूँजने की क्रिया; **Roaster** (-अर्) *n.* one who roasts. भूनने वाला।

Rob–रॉब्–*v. t.* (*p. t.* **Robbed.**) to plunder, to take forcibly, to commit robbery. चोराना, मूसना, लूटना; **Robber** (-बर्) *n.* one who steals, a plunderer. तस्कर, लुटेरा; **Robbery** (-बर्-ई) *n.* the act of plundering. चोरी, लूट।

Robe–रोब्– *n.* a loose outer garment, gown, a lady's dress in one piece. जामा (लबादा), घाघरा; *v. t.*

& *i.* to dress with a robe. लबादा पहिराना; **Gentleman of the robe** (a pleader or barrister.) वकील या बॅरिस्टर ।

Robin – रॉब्'-इन् – *n.* a small bird with red breast. लाल छाती की एक प्रकार की चिड़िया ।

Roborant–रॉ'-बॉर्-ऑन्ट्-*adj.* & *n.* a renovating (medicine.) शक्ति देने वाली (औषधि) ।

Robot – रॉ'-बॉट् – *n.* a mechanical apparatus in the form of a man, which although heartless and soulless obeys the operator, a person who acts like a machine. मनुष्य के आकार का यन्त्र जिससे अनेक काम लिये जाते हैं, यन्त्र की तरह काम करने वाला मनुष्य ।

Roburite – रॉ'-बर्-आइट्–*n.* a flameless explosive of high power. एक प्रकार की बड़ी तीव्र बारूद ।

Robust – रो-बस्ट्' – *adj.* of strong constitution, muscular, invigorating, vigorous. दृढ़ाङ्ग, वज्रदेह, मांसल, पुष्ट; **Robustious** (-यस्) *adj.* boisterous, noisy. कोलाहल करने वाला, उपद्रवी ; **Robustly** (-ली) *adv.* in a robust manner. पुष्टता से ; **Robustness** (- नॅस) *n.* the quality of being robust. अङ्ग की दृढ़ता ।

Roc – रॉक् – *n.* a gigantic bird of Eastern tales. (पूर्वीय) कहानी की अति बलवान् चिड़िया, शार्दूल !

Rochet – रॉश्'-एट् – *n.* dress worn by bishop and abbots. पादड़ियों का वस्त्र ।

Rock–रॉक्-*n.* a solid mass of stony material projecting and forming a hill, a hard kind of sweetmeat. स्थूल शिला, चट्टान, कड़ी मिठाई ; **Rock-bed** (bed of rock.) चट्टान की पेंदी; **Rock-bottom** (the very lowest.) बहुत कम ; **Rock-drill** (drill for boring rocks.) चट्टान छेदने का यन्त्र ; **Rock hewn** (cut out from rocks.) चट्टान में से काटकर निकाला हुआ ; **Rock salt** (sodium chloride.) सेंधा नमक ; **Rock-tar** (kerosene oil.) मिट्टी का तेल ।

Rockery – रॉक्'-अर्-ई – *n.* artificial rocks for growing plants. वनस्पति बोने के लिये कृत्रिम पहाड़ी ; **Rockless** (-लॅस्) *adj.* devoid of rocks. बिना चट्टान का ; **Rocklike** (-लाइक्) *adj.* similar to a rock. चट्टान की तरह का ।

Rock – रॉक् – *v. t.* & *i.* to move gently to and fro, to shake, to oscillate. धीरे धीरे इधर उधर डोलना, दोलायमान होना, पेंङ मारना, हिलाना, हिलना; *n.* a moving position. झूलने की गति ; **Rocker** (-अर्) *n.* curving piece of a cradle. जिस डण्डे पर पालना झूलता है ; **Rocking chair** (a chair mounted on rockers.) झूलने वाली कुर्सी ।

Rocket – रॉक्'- ऍट् – *n.* a kind of plant, a cylindrical piece propelled by ignition. एक प्रकार का पौधा, हवाई बान, गोल टुकड़ा जो आग लगाने पर आगे को बढ़ता है ; *v. t.* to bombard with rocket. पलीते या बमगोले से उड़ाना ; **Rocketer** (-अर्) *n.* one who makes use of a

rocket. पलीता लगानेवाला।

Rockily, Rockiness-see **Rocky**.

Rockless, Rocklike-see **Rock**.

Rocky–रॉक्-ई – *adj*. (*com*. **Rockier**, *sup*. **Rockiest**.) abounding in rocks, stony. शिलामय, चट्टानों से परिपूर्ण; **Rockily** (-ली) *adv*. शिलामय रूप में ; **Rockiness** (-नेस्) *n*. चट्टानों की परिपूर्णता।

Rod – रॉड् – *n*. the slender, long, round shoot or twig of a plant, wand, a bundle of twigs. दण्ड, डण्डा, छड़ी, लग्गी ; **To kiss the rod** (to accept punishment meekly.) प्रसन्नता पूर्वक दण्ड स्वीकार करना ; **Rodman** (**Rodster**.) *n*. an angler. मछलीमार ; **Rodless** (-लेस्) *adj*. without a rod. बिना डण्डे का ; **Rodlike** (-लाइक्) *adj*. similar to a rod. डण्डे की तरह का ; **Rodlet** (-लेट्) *n*. a small rod. छोटा डण्डा, छड़ी।

Rode–रोड्–*p. t*. of **Ride**.

Rodent–रॉ-डेन्ट्–*adj*. & *n*. an animal with strong cutting teeth that gnaws its food. कुतरकर खानेवाला पशु ; **Rodential** (-डेन्'-शॅल्) *adj*. pertaining to a rodent. ऐसे पशु का।

Rodlike see **Rod**.

Rodomontade-रॉड्-ओ-मान्ट्'-एड्' – *n*. & *adj*. boastful, bragging. उद्धत वचन बोलनेवाला, शेखीबाज ; *v. i*. to boast, to brag. गर्व सहित वाक्य बोलना ; **Rodomontader** (-अर्) *n*. a boaster. गर्वित वाक्य बोलनेवाला, शेखी करनेवाला।

Rodster–see **Rod**.

Roe–रो – *n*. (*mas*. **Hart**) a kind of small deer, feminine of hart, the eggs of fishes. एक प्रकार की छोटी हरिणी, हरिणी (मृगी), मछलियों के अण्डे ; **Roebuck** (male of a roe deer.) नर हरिण।

Rogation-रो-गे'-शन्-*n*. application. प्रार्थना।

Rogue–रोग्–*n*. a vagrant, knave, rascal, mischievous fellow, dishonest person, wild beast. धूर्त, शठ, दुर्जन, कपटी, जङ्गली पशु ; **Roguery** (-अर्-ई) , **Roguishness** (- इश्'-नेस्) *ns*. cheating, mischievousness. शठता, दुर्जनता; **Roguish** (-इश्) *adj*. knavish, fraudulent. दुष्ट, कपटी; **Roguishly** (-इश्-ली) *adv*. in a fraudulent manner. दुष्टता से।

Roister – रॉयस्ट्'-अर् – *v. i*. to revel in a noisy manner, to make an uproar. मद्य पीकर उपद्रव करना, शोरगुल मचाना; **Roisterer** (-अर्) *n*. a blustering fellow. उपद्रव करनेवाला ; **Roistering** (-इङ्ग्) *n*. blustering action. ऊधम, उपद्रव।

Role – रोल् – *n*. an actor's part, a man's appointed duty. नाटक के पात्र का अभिनय, मनुष्य का नियत कर्त्तव्य।

Roll–रोल्–*n*. a thing formed into a cylinder without folding, a document or record in such a form, a register or catalogue, list, twist of tobacco. (गोलक) बेलन की तरह लपेटा हुआ पदार्थ, नाली, नामावली, तमाखू की टिकिया ; **Roll of honour** (list of men killed in

war.) युद्ध में मरे हुओं की नामावली।

Rolled–रोल्ड्–*adj.* plated by rolling. लपेटकर चढ़ाया हुआ; **Rolled gold** (a thin gold film covered over a metal.) सोने का मोलम्मा।

Roll–रोल्– *v.t.* & *i.* to move in the same direction over and over again, to go round, to go smoothly, to revolve on its axis, to beat a drum rapidly, to utter in a vibrating tone. एक ही दिशा में बारम्बार घूमना, चक्कर खाना, लुढ़कना; धुरे पर घूमना, ढोल पीटना, कंपते हुए शब्दों में बोलना; **Years roll on** (years pass by.) वर्ष बीतते हैं।

Roll-call–रोल्'-कॉल्–*n.* calling over list of names. उपस्थित मनुष्यों के जानने के लिये पुकार।

Roller–रोल्'-अर्– *n.* a rolling cylinder. बेलन, रोलर; **Rolling pin** (a round bar for flattening dough.) रोटी बनाने का बेलन।

Rollick–रॉल्'-लिक्–*v.i.* to be jovial, to enjoy. आनन्द मचाना, मौज करना; *n.* great enjoyment. अति आनन्द।

Rolling– रोल्'-इङ्ग्– *adj.* revolving. लुढ़कते हुए; **Rolling stock** (railway company's wagons and truks.) रेलगाड़ी के डब्बे।

Roman – रो'-मॅन् – *n.* citizen of Rome, a kind of type. रोम देश निवासी, एक प्रकार का टाइप; **Roman Catholic** ईसाइयों का एक पन्थ; **Roman numerals** (letters used by Romans for numbers.) रोमन संख्या यथा–पाँच के लिये V. दस के लिये X इत्यादि

Romanize – रो'-मॅन्-आइज़्– *v. t.* to convert to the Roman Catholic religion. रोमन् कैथोलिक् धर्म में लाना।

Romance–रो-मॅन्स्'– *n.* a fabulous tale of adventure. कल्पित कथा, झूठा किस्सा; *v. t.* to write or tell fictitious stories, to talk extravagantly, to build castles in the air. कल्पित कहानी लिखना अथवा कहना, व्यर्थ की बातचीत करना, अनहोनी बातों पर विचार करना; **Romancer** (-अर्) *n.* कल्पित कथा लिखनेवाला; **Romanceless** (-लेस) *adj.* बिना कल्पित कथा का।

Romantic – रो-मॅन्'-टिक्– *adj.* pertaining to romance, fanciful, imaginative. अद्भुत, विचित्र, आश्चर्यपूर्ण; **Romantically** (-ॲल्-लि) *adv.* अद्भुत रीति से; **Romanticism** (-टि-सिज़्म्) *n.* विचित्र विचार; **Romanticize** (-साइज़्) *v. t.* कल्पित कथा भरना; **Romanticness** (-नेस्) *n.* आश्चर्यपूर्णता।

Romp–रॉम्प्–*v. i.* to play together boisterously, to wrestle. प्रगल्भता से खेलना, कुश्ती लड़ना; *n.* a boy or girl who romps, अविनीत भाव से खेलनेवाला बालक या बालिका; **Romper** (-अर्) *n.* an overall for a child. बच्चों का ऊपरी वस्त्र; **Rompish** (-इश्) *adj.* खेल कूद करनेवाला; **Rompishly** (-लॉ) *adv.* खेल कूल करते हुए; **Rompishness** (-नेस्) *n.* खेलकूद।

Rondure–रॉन्'-ड्यूर्– *n.* round outline or object. गोल आकृति, गोल पदार्थ

Rontgenogram-रॉन्ट्'-जॅन्-ओ-ग्रॅम्-*n.* radiogram. ऍक्सरें द्वारा उतारा हुआ चित्र

Rontgen-ray–see **Ray**.

Rood–रूड्– *n.* the cross of Christ,

quarter of an acre. ईसूमसी के शूली पर चढ़ने का चित्र, एक एकड़ का चौथाई भाग।

Salt–सॉल्ट् – *n.* a substance having the taste of sea-water used for seasoning and preserving food, chloride of sodium, pungency, wit. लवण, नमक, तीखापन, बुद्धि; *v.t.* to sprinkle with salt, to impregnate with salt. नमक छिड़कना, नमक पोतना ; *adj.* abounding with salt, bitter, pungent. नमक भरा (लगाया) हुआ, तीखा, चटपटा; **Not worth his salt** (not worth keeping.) अयोग्य; **The salt of the earth** (people of efficient classes.) संसार की अच्छी जाति ; **To eat master's salt** (to work honestly for master.) नमक-हलाली करना ; **To eat one's salt** (to be a guest of.) अतिथि होना।

Saltation–सॉल्टे'-शान् – *n.* a leaping, dancing. उछलकूद, नाच; **Saltatorial** (-टोर्'-इ-ॲल्) *adj.* नाच सम्बन्धी; **Saltatory** (-ऍ-टॉर्-ई) leaping or dancing. नाचकूद करते हुए; **Salt celler** *n.* टेबुल पर परोसने के लिये नमक रखने का पात्र।

Salter–सॉल्ट्'-अर् – *n.* manufacturer of or dealer in salt. नमक बनाने या बेंचने वाला।

Saltern– सॉल्ट्'-अर्न् – *n.* salt-works. नमक बनाने का कारखाना।

Saltigrade–सॉल्'-टि-ग्रेड्–*adj.* a kind of jumping spider. एक प्रकार का कूदने वाला मकड़ा।

Salting–सॉल्ट्'-इङ्ग् – *n.* the process of applying salt. नमक पोतने की क्रिया

Saltish–सॉल्ट्'-इश् – *adj.* somewhat salt. कुछ नमकीन; **Saltishly** (-ली) *adv.* नमक की तरह; **Saltishness** (-नैस्) *n.* कुछ नमकीनपन।

Saltless–सॉल्ट्'-लैस्-*adj.* destitute of salt, insipid. बिना नमक का, फीका।

Salty–सॉल्ट्'-ई – *adj.* with taste of salt. नमकीन।

Saltpetre–सॉल्ट-पी'-टर् – *n.* nitrate of potassium. सज्जीखार, शोरा।

Saltus–सॉल्'-टस्–*n.* (*pl.* **Saltusus.**) sudden change. एकाएक परिवर्तन।

Salubrious-सॅ-ल्यू'-ब्रि-अस्-*adj.* wholesome, healthy. स्वास्थ्यकार, आरोग्यकर; **Salubriously** (-ली) *adv.* शरीर के हित के लिये ; **Salubriousness** (नैस्) *n.* आरोग्य; **Salubrity** (-टी) *n.* स्वास्थ्य, आरोग्य

Salutary–सॅल्'-यु-टॅर्-ई – *adj.* producing good effects, wholesome, benificial. हितकर, शुभकर, कल्याणकर।

Salutation–सॅल्'-यु-टे'-शॉन्–*n.* courteous recognition, greeting. प्रणाम, नमस्कार; **Salutational** (-शॉन्-ॲल्) *n.* **Salutatory** (-टॉर्-ई) *adjs.* greeting. प्रणाम सम्बन्धी।

Salute–सॅ-लूट्'–*v. t. & i.* to make salutation to, to greet, to kiss, to receive with a smile, to honour. नमस्कार करना, प्रणाम करना, चूमना, प्रसन्नता से स्वागत करना, प्रतिष्ठा करना ; *n.* homage, discharge of cannons in sign of respect, greeting. सत्कार, आदर के लिये तोप छूटना, अभिवादन; **Saluter** (-अर्) *n.* नमस्कार करनेवाला।

Salutiferous – सॅल्'-यू-टिफ्'-ऍर्-अस्– *adj.* bringing health. स्वास्थ्य

करनेवाला ।

Salvable-सैल्‌'-वें-ब्ल्-*adj*. capable of being saved. बचाने योग्य ; **Salvableness** (-नेस्) *n*. बचाने की योग्यता ।

Salvage - सैल्‌'-वेज् - *n*. payment for saving a ship or her cargo from loss by wreck or capture. जहाज अथवा उस पर की सामग्री को बचाने का पुरस्कार ; *v. t.* to protect from loss. नाश होने से बचाना ।

Salvarsan-सैल्‌'-वॉर्-सैन्-*n*. a kind of medicine. एक प्रकार की औषधि ।

Salvation-सैल्-वे'-शन् - *n*. deliverance from sin, preservation from calamity, saving of the soul. पापों से मुक्ति, उद्धार, मुक्ति (मोक्ष, निस्तार); **Salvation Army** (organized body for revival of religion.) कठिन नियमों द्वारा धर्मस्थापन करने की संस्था (मुक्ति सेनादल) ; **Salvationism** (-इज़्म्) *n*. such a principle. ऐसा सिद्धान्त ; **Salvationist** (-इस्ट्)*n*. one of the Salvation Army. इस सिद्धान्त का अनुयायी ।

Salve-सैल्व्-*n*. a healing ointment for wounds or sores. अनुलेप, मलहम; *v.t.* to remove defect, to smooth, to rescue. दोष हटाना, चिकना करना, नाश से बचाना ।

Salver - सॅल्‌' - वर् - *n*. a tray on which refreshments are served or anything presented. थाली, तश्तरी, रेकाबी ।

Salvo-सैल्‌'-वो-*n*. (*pl.* **Salvoes**.) reservation, bad excuse, an exception, discharge of guns as salute. निकासी, बहाना, अपवाद, अभिवादन के लिये तोप छूटना ।

Salvolatile – सैल्-वॉल्‌'-ऑ-टाइल् – *n*. a medicine for faintness. मूर्छा की एक औषधि ।

Salvor-सैल्‌'-वॉर्-*n*. one who assists in salvage. जहाज की रक्षा के लिये सहायता करनेवाला ।

Sambo-सैम्‌'-बो-*n*. (*pl.* **Sambos**, **Samboes**.) an offspring of a Negro and European. हबशी तथा अंग्रेज की दोगली सन्तति ।

Same-सेम्-*adj*. & *adv*. unvarying, identical, uniform, aforesaid. अभिन्न (समान), तुल्य (वही), पहिले कहा हुआ ; **All the same** (nevertheless.) तौभी, तिसपर भी ; **At the same time** उसी समय ; **Just the same** (exactly so.) ठीक वही ; **Of the same age** (identical in age) एकही वय का ; **Sameness** (-नेस्) *n*. identity, monotony. एकरूपता, सम भाव ।

Samel-सैम्‌'-ऍल् - *adj*. imperfectly baked. अधपका, अपक्व ।

Samite-से'-माइट्-*n*. silk fabric interwoven with gold. रेशमी वस्त्र जिस पर जरी का काम बना हो ।

Samlet-सैम्‌'-लेट् – *n*. a young salmon. छोटी सामन् मछली ।

Sampean – सैम्‌' - पीन् – *n*. a small Chinese boat. चीन देश की छोटी नाव

Samphire-सैम्‌'-फ़ायर्-*n*. a cliff plant with aromatic leaves. चट्टान पर उगनेवाला सुगन्धित पत्तियों का एक पौधा ।

Sample-सैम्‌'-प्ल् – *n*. a specimen, pattern. आदर्श (प्रतिरूप), नमूना ; *v.t.* to make or take a sample, to

get an experience. नमूना लेना या देना, अनुभव प्राप्त करना।

Sampler–सैंम्'-प्लर्–*n.* a sample of needlework. सूई के काम का नमूना।

Samson–सैंम्'-सन् – *n.* a person of great strength. अति बलवान् मनुष्य।

Sanable–सैंन्'-ऑं-ब्ल – *adj.* able to be cured. आरोग्य कर।

Sanative, Sanatory – सैंन्'-ऑं-टिव्–(-टॉ-री) *adjs.* conducive to health, curative, healing. स्वास्थ्यकारी, रोग हरनेवाला, आरोग्यजनक।

Sanatorium–सैंन्-ऑं-टोर्'-इ-अम् – *n.* (*pl.* **Sanatoria.**) establishment for the treatment of consumptives. क्षय के रोगियों का चिकित्सालय।

Sanatory–see **Sanative.**

Sanctification, Sanctifier–see **Sanctify.**

Sanctify–सैंङ्क्'-टि-फाइ – *v. t.* (*p. t.* **Sanctified.**) to purify from sin, to consecrate. पाप धोना, शुद्ध करना; **Sanctification** (-फि-कें'-शन्) *n.* पवित्र करने का कार्य; **Sanctifier** (-अर्) *n.* पवित्र करनेवाला।

Sanctimony – सैंङ्क्'-टि-मॉ - नी – *n.* show of sanctity, a pretence of devoutness or purity. पुण्य वेश धारण, पाखण्ड, बनावटी पवित्रता।

Sanctimonious-सैंङ्क्-टि-मों'-नि-अस्-*adj.* hypocritically pious. पाखण्डी, धर्माभिमानी; **Sanctimoniously** (-ली) *adv.* पाखण्ड से; **Sanctimoniousness** (-नैस्) *n.* कपटधर्म, पाखण्ड।

Sanction–सैंङ्क्'-शॉन्–*n.* confirmation of law by supreme authority, authoritative permission, support. अनुमोदन, प्रमाण, आश्रय, आज्ञा; *v. t.* to authorize, to ratify, to confirm. आज्ञा देना, प्रमाणित करना, दृढ़ करना; **Sanctionless** (-लैस्) *adj.* devoid of sanction. प्रमाण रहित।

Sanctitude–सैंङ्क्'-टि-ट्यूड्–*n.* saintliness. पवित्रता।

Sanctity–सङ्क्'-टि-टी–*n.* (*pl.* **Sanctities.**) holiness, sacredness, purity. पवित्रता, शुद्धि, निर्मलता।


Sanctuary–सैंङ्कट्'-यू-ऑर्-ई–*n.* (*pl.* **Sanctuaries.**) a sacred place, place of refuge, house of worship, a church or temple. पुण्य-स्थान, शरणस्थान, देवालय, पूजन स्थान।

Sanctum, Sanctorum–सैंङ्कट्'-अम्-(-टॉ' रम्)*ns.* a holy place, a private room. पवित्र स्थान, एकान्त घर।

Sand–सैन्ड् – *n.* minute fragments of stone. बालू, रेत; *v.t.* to sprinkle with sand, to bury under sand. बालू छिड़कना, बालू में गाड़ना; **Sand-bank** (shoal of sand.) बलुआ किनारा; **Sand-bar** (sandy bank on the mouth of a river.) नदी के मोहाने पर की रेत; **Sand-bath** (bath made of warm sand for heating.) औषधि इत्यादि पकानेका बालुका यन्त्र; **Sand-blast** (a jet of sand forcibly driven for engraving.) काँच, धातु इत्यादि के चमकीले भाग को खुरखुरा करने का यन्त्र; **Sand-blind** (defective in sight.) चौंधर, कुछ अन्धा; **Sand-box** (a box for holding

sand.) बालूदानी; **Sand-glass** (hour-glass of sand.) बालू घड़ी; **Sand-paper** (-पेंपर्) *n.&v.t.* paper covered with sand for polishing, to polish with sand-paper. लकड़ी पर पालिश करने का बालू लगा हुआ कागज, ऐसे कागज द्वारा पालिश करना; **Sand-piper** (a kind of bird.) टिटिहिरी; **Sand-shoes** (shoes for walking on sand.) बालू पर चलने का जूता; **Sand-stone** (a kind of sandy stone.) बलुआ पत्थर; **Sands** (-स्) *n.pl.* tracts of sandy land. रेतीली भूमि।

Sandal–सैन्'-डॅल्–*n.* a shoe without upper parts. चप्पल, चट्टी, खड़ाऊ; *v. t.* to put sandals on. चट्टी पहिरना।



Sandal.

Sandal (wood)–सैन्'-डॅल्-(-वुड्) *n.* a kind of fragrant wood. चन्दन, गन्धसार, सन्दल।

Sandarac–सैन्'-डॅ-रॅक्–*n.* a kind of resin used in the preparation of varnish. वार्निश बनाने की एक प्रकार की लाह।

Sand-bank, Sand-bar, Sand-bath–see **Sand**.

Sand-blast, Sand-blind, Sand-box–see **Sand**.

Sanderling–सैन्'-डर्-लिङ्ग्–*n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

Sanders–सैन्'-डर्स्–*n.* red sandal-wood. लाल चन्दन।

Sand-glass, Sand-paper, Sand-piper, Sands, Sand-shoes, Sand-stone–see **Sand**.

Sandiness–सैन्'-डी-नॅस्–*n.* state of being sandy. बालुमय अवस्था; **Sandish** (-सैन्ड्'-इश्) *adj.* भुरभुरा।

Sandwich–सैन्ड्'-विच्–*n.* two slices of bread with meat &c. inserted between. मेवा, मांस इत्यादि भरी हुई रोटी, कचौड़ी; *v. t.* to place something between two objects. दो पदार्थों के बीच में कुछ रखना।

Sandy–सैन्ड्'-ई-*adj.* (*comp.* **Sandier**, *sup.* **Sandiest**.) full of or like sand. बालू से भरा, बालू के समान।

Sane–सेन्–*adj.* healthy, sensible, of sound mind. स्वस्थ, आरोग्य, स्वस्थ चित्त का; **Sanely** (-ली) *adv.* आरोग्यता से; **Saneness** (-नॅस्) *n.* स्वस्थचित्तता।

Sang–सैङ्ग्–*p. t.* of **Sing**.

Sangaree–सैङ्ग्'-गॅ-री–*n.* a kind of spiced wine. एक प्रकार की मसालेदार मदिरा।

Sangfroid–सैङ्ग्-फ्रॉ'–*n.* indifference, coolness in danger. उदासीनता, शान्ति।

Sanguiferous–सैन्-ग्विफ्'–अर्–अस्–*adj.* conveying blood. रक्तवाहिनी; **Sanguification** (-इ-कें'-शॉन्) *n.* formation of blood from food. भोजन से रुधिर बनाना।

Sanguinarily–सैङ्'-ग्विन्-ऑ-रि-ली–*adv.* in a cruel manner. क्रूरता से; **Sanguinariness** (-नॅस्) *n.* क्रूरता।

Sanguinary–सैङ्'-ग्विन्-ऑ-री–*adj.* attended by slaughter, bloody, blood-thirsty. लोहू का प्यासा, क्रूर (निर्दयी)।

Sanguine–सैङ्'-ग्विन्–*adj & n.* of

the colour of blood, hopeful, bright, confident. रक्त वर्ण का, आशा-युक्त, चमकीला, विश्वास युक्त; *n.* a drawing in red chalk. लाल रंग की चित्र-कारी; *v. t.* to stain with blood. रुधिर से चिह्नित करना; **Sanguinely** (-ली) *adv.* in a hopeful manner. आशापूर्वक; **Sanguineness** (-नैस्) *n.* ardour. उत्कट विश्वास; **Sanguineous** (-अस्) *adj.* blood-coloured. लोहू के रंग का।

Sanhedrim-सैन्'-हें-ड्रिम्-*n.* supreme council of the Jews. यहूदियों की बड़ी पंचायत।

Sanicle – सैन्'-इ-कुल् – *n.* a kind of plant. एक प्रकार का गुच्छेदार पौधा।

Sanies – सें'-नि-ईज़्–*n.* thin matter secreted from a wound. घाव में से बहनेवाला पानी, पंछा।

Sanify–सैन्'-इ-फाइ–*v. t.* (*p.t.* **Sanified.**) to improve health. स्वास्थ्य सुधारना, आरोग्य करना।

Sanitarium–same as **Sanitorium.**

Sanitarian–सैन्-इ-टैअर्'-इ-ऑन्-*n.* an advocate of sanitary reforms. आरोग्य रक्षक।

Sanitary–सैन्'-इ-टॅर्-ई–*adj.* of the conditions that secure health, free from influences that deteriorate health. आरोग्यकर, स्वास्थ्य सम्बन्धी।

Sanitas–सैन्'-इ-टॅस्–*n.* an anticeptic preparation. एक शुद्ध करनेवाली औषधि।

Sanitation–सैन्'-इ-टे'-शॉन् – *n.* improvement of sanitary methods. स्वास्थ्य विद्या, आरोग्य शास्त्र; **Sanitate** (-टेट्') *v. t.* to improve sanitary conditions. आरोग्य विधि का प्रयोग करना; **Sanitationist** (-इस्ट्) *n.* one who is versed in sanitation. आरोग्य शास्त्र का जानकार।

Sanity – सैन्'-इ-टी – *n.* being sane, health of mind. उन्माद का अभाव, स्थिर बुद्धि।

Sank–सैङ्क्–*p. t.* of **Sink.**

Sans–सैन्स्–*prep.* without. बिना।

Sanskrit – सैन्'-स्क्रिट – *n.* the ancient language of India. संस्कृत-भाषा; **Sanskritist** (-इस्ट्) *n.* a scholar of Sanskrit. संस्कृत भाषा जाननेवाला।

Sap–सैप्–*n.* the vital juice circulating in plants. सार, रस; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Sapped.**) to dig up, to undermine. खोदना, जड़ समेत उखाड़ना; **Sapful** (-फुल्) *adj.* full of sap. रसपूर्ण; **Sapless** (-लैस्) *adj.* destitute of sap. बिना रस का; **Sappy** (-पी) *adj.* juicy. रसदार; **Sappiness** (-पी-नैस) *n.* juiciness. रसपन; **Sapling** (-लिङ्ग्)*n.* a young tree. छोटा वृक्ष।

Sapid–सैप्'-इड्-*adj.* savoury, tasteful, palatable. सुरस, स्वादु, स्वादिष्ट; **Sapidity** (सॅ-पिड्'-इ-टी) *n.* sapidness. स्वाद।

Sapience – सें'-पि-ऍन्स्– *n.* wisdom. बुद्धिमानी।

Sapient–सें'-पि-ऍन्ट्–*adj.* wise, sagacious. ज्ञानपूर्ण, बुद्धिमान; **Sapiential** (-ऍन्'-शॅल) *adj.* pertaining to wisdom. बुद्धिमानी का; **Sapiently** (-ली) *adv.* sagaciously.

बुद्धिमानी से।

Sapless, Sapling–see Sap.

Sapodilla – सैंप्-ओ-डिल्'-लॉं – *n.* an evergreen tropical tree. गरम देश का एक वृक्ष जिसकी लकड़ी पुष्ट होती है।

Saponaceous-सॅप्-ओ-नें'-शॅस्-*adj.* resembling soap, soapy. साबुन के सदृश।

Saponifiable–सॅ-पॉन्'-इ-फाइ'-ॲ-ब्ल्–*adj.* able to be turned into soap. साबुन बनाने योग्य; **Saponification** (-फ़ि-कें'-शॅन्) conversion into soap. साबुन बनाने का कार्य।

Saponify– सॅ-पॉन्'-इ-फ़ाइ– *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Saponified.**) to convert into soap. साबुन बनाना, साबुन के रूप में बदलना।

Sapor – सें'- पॉर् – *n.* sensation of taste, the peculiar taste of an object. स्वाद, किसी पदार्थ का विशेष स्वाद।

Saporific–सॅप्-ओ-रिफ्'-इक्–*adj.* producing taste. स्वाद उत्पन्न करनेवाला; **Saporous** (-रस्) *adj.* having taste. स्वादयुक्त।

Sapphire– सॅफ्'-फ़ायर् – *n.* a precious stone of blue colour. नील-मणि, नीलम; **Sapphirine** (-इन्) *adj.* of the colour of sapphire, made of sapphire. नीलम के रङ्ग का, नीलम का बना हुआ।

Sapro–सॅप्'-रो-*pref.* in sense of "rotten." उपसर्ग जिसका अर्थ "सड़ने के सम्बन्ध का" होता है।

Saraband– सॅर्'-ॲ-बॅन्ड्– *n.* a kind of Spanish dance. स्पेन् देश का एक प्रकार का नाच।

Saracen– सॅर्'-ॲ-सॅन्– *n.* an Arab. अरब निवासी मुसलमान; **Saracenic** (-इक्) *adj.* pertaining to Saracens. अरबी।

Saratoga–सॅर्-ॲ-टो'-गॅ–*n.* a large travelling-trunk. यात्रा करने का बड़ा सन्दूक।

Sarcasm–सॉर्'-कॅज़्म्–*n.* an ironical remark, taunt. आक्षेप, निन्दापूर्ण वचन, (ठट्ठा); **Sarcastic** (-कॅस्'-टिक्) *adj.* ironical, satirical. निन्दापूर्ण, ताना के प्रकार का, ठट्ठे का; **Sarcastically** (-ॲल्-ली) *adv.* in a sarcastic manner. हँसी में, ताने से।

Sarcelle– सॉर्'-सॅल्– *n.* a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तक।

Sarcenet–सॉर्स्'-नॅट् – *n.* a kind of thin silk stuff. एक प्रकार का महीन रेशमी वस्त्र।

Sarco– सॉर्'-को– *pref.* in sense of "flesh." "मांस" अर्थ का उपसर्ग।

Sarcology– सॉर्-कॉल्'-ओज्-ई–*n.* that part of anatomy which treats of the fleshy parts of the body. शरीर के मांसल भाग का विज्ञान।

Sarcode– सॉर्'-कोड्– *n.* protoplasm of living organism. जीवाणु।

Sarcoma– सॉर्-को'-मॅ– *n.* (*pl.* **Sarcomata.**) tumour on the connective tissue of an embryo. भ्रूण की नाल पर का फोड़ा।

Sarcophagus – सॉर्-कॉफ्'-ॲ-गस्– *n.* (*pl.* **Sarcophagi.**) stone coffin. पत्थर की कब्र।

Sarcous–सॉर्'-कस् – *adj.* consisting of flesh. मांस का बना हुआ।

Sardine – सॉर्'-डीन् – *n.* a kind of small fish of the herring kind, a kind of precious stone. एक प्रकार की छोटी मछली, एक रत्न ।

Sardonic-सॉर्-डॉन्'-इक्–*adj.* mocking, full of scorn. तिरस्कार पूर्ण, कृत्रिम हँसी का; **Sardonically** (-ऑल्-ली) *adv.* in a sardonic manner. तिरस्कार से, हँसी में ।

Sardonyx–सॉर्'-डॉन्-इक्स्–*n.* a kind of precious stone. एक प्रकार का रत्न, गोमेदक ।

Sarissa – सॅर्'-इस्-ऑ – *n.* ancient long lance. प्राचीन काल का लम्बा बर्छा ।

Sark–सॉर्क्–*n.* a shirt. कमीज़ या कुर्ता ।

Sarmentose – सॉर्-मॅन्'-टोस् – *adj.* having long shoots. लम्बी डण्ठलवाला ।

Sarsaparilla – सॉर्'-सॉ-पॉ-रिल्'-लॉ – *n.* a plant used in medicine. इस नाम की रुधिर शुद्ध करने की औषधि ।

Sarsen– सॉर्'-सॅन् – *n.* boulder of sandstone. रेतीले पत्थर का चिकना बट्टा ।

Sarsenet–सॉर्स्'-नॅट्– see **Sarcenet**.

Sartorial-सॉर्-टॉर्'-इ-ऑल्– *adj.* pertaining to tailor, tailoring. दर्ज़ी सम्बन्धी, कपड़ा सीने के विषय का ।

Sash–सॅश्–*n.* an ornamental band or scarf worn round the waist or shoulder, a frame of wood holding panes of glass &c. रुमाल, पटका, चौखट जिसमें शीशा जड़ा जाता है; **Sashed** (-ड्) *adj.* furnished with frame. चौखटेदार; **Sashless** (-लॅस्) *adj.* frameless. बिना चौखट का; **Sash tool** (a kind of painter's brush.) रङ्गसाज़ की कूंची ।

Sassaby–सॅस्-ऑ'-बी–*n.* a large antelope of Africa. अफ्रीका का एक प्रकार का बारहसिंघा ।

Sassafras– सॅस्'-सॅ-फ्रॅस्– *n.* a bark used in medicines. एक प्रकार की सुगन्धित छाल जो औषधियों में प्रयोग होती है ।

Sat–सॅट्–*p. t.* & *p. p.* of **Sit**.

Satan–से'-टॅन्–*n.* the Devil. पिशाचनाथ, दैत्य; **Satanic**, **Satanical**(-इक्-ऑल्) *adjs.* pertaining to Satan, hellish. पैशाची, पिशाचवत्; **Satanically** (-इक्-ऑल्-ली) *adv.* in a Satanic manner. पैशाचिक रीति से; **Satanism** (-इज़्म्) *n.* deliberate wickedness, devilishness. प्राकृतिक नीचता, पैशाची बुद्धि; **Satanize** (-आइज़्) *v. t.* to act as a devil. पिशाचवत् कार्य करना; **Satanology** (-ऑल्'-ऑ-जी) *n.* literature about devils. पैशाचिक कथा संग्रह ।

Satchel–सॅश्'-ऍल्–*n.* a small bag used for carrying books &c. बस्ता, थैला, बेग; **Satchelled** (-ड्) *adj.* furnished with a satchel. थैलावाला ।

Sate – सेट् – *v. t.* to gratify, to surfeit. सन्तुष्ट करना, अति तृप्त करना; **Sateless** (-लॅस्) *adj.* insatiable. असन्तुष्ट ।

Sateen– सॅ-टीन्'– *n.* glossy woollen or cotton fabric. साटन ।

Satellite–सॅट्'-ऍल्-आइट्–*n.* a planet revolving round another, a person's servile follower, a

hanger-on. उपग्रह, अनुयायी, सर्वदा पीछे पीछे चलने वाला; **Satellitic**(-लिट्-इक्) *adj.* pertaining to a satellite. उपग्रह सम्बन्धी।

Satiable-see **Satiate.**

Satiate-सें'-शि-एट्-*v. t.* to gratify desire to the full, to glut. अत्यन्त सन्तुष्ट करना, नाक तक ठूसना; **Satiable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be satiated. सन्तुष्ट होने योग्य; **Satiated** (-एट्'-ऍड्) *adj.* fully gratified. अति तृप्त; **Satiation** (-ए'-शॉन्) *n.* the state of being filled. तृप्ति, परिपूर्ति।

Satiety - सीं-टि'-एट्-ई - *n.* satiated state, fulness. अति तुष्टि, सन्तुष्टता।

Satin-सैट्'-इन्-*n.* silk fabric with glossy surface. साटन; *v. t.* to give glossy surface to paper. कागज़ में चमक लाना; **Satin beauty** (a kind of moth.) एक प्रकार का फतिङ्गा; **Satin-paper** (fine glossy writing paper.) लिखने का चमकदार कागज़; **Satiny** (-ई)*adj.* like satin. साटनदार, चमकीला

Satire - सैट्'-आयर् - *n.* a literary composition written with an aim to prevent vices, a thing that brings ridicule, irony. आक्षेप सहित कविता, उपहास पूर्ण लेख, उपहास; **Satiric** (-टिर्'-रिक्) *adj.* containing satire. उपहास पूर्ण; **Satirical** (-ऑल्) *adj.* censorious. उपहास सहित; **Satirically** (-लि) *adv.* in a satirical manner. उपहास में; **Satirist** (-इर्-रिस्ट्) *n.* one who writes satire. आक्षेप कविता लेखक; **Satirize** (-आइज़्) *v. t.* to ridicule in a satirical manner. (काव्य द्वारा) आक्षेप करना।

Satisfaction - सैट्-इस्-फैक्'-शॉन्-*n.* gratification of desire, payment of debt, atonement for sin, contentment, fulfilment of obligation. सन्तोष, इच्छा पूर्ति, ऋण का चुकाव, पाप से मोक्ष, ऋणमुक्ति; **In satisfaction of** (making a payment of.) अदा करते हुए, अदायगी में।

Satisfactorily, Satisfactoriness-see **Satisfactory.**

Satisfactory-सैट्-इस्-फैक्'-टॉर्-ई-*adj.* satisfying, yielding content, adequate, atoning. सन्तोषजनक, तृप्तिकर, युक्त, निस्तार करने वाला; **Satisfactorily** (-ली) *adv.* तृप्तिपूर्वक; **Satisfactoriness** (-नैस्)*n.* सन्तोष, तृप्ति।

Satisfiable-see **Satisfy.**

Satisfy-सैट्'-इस्-फाइ-*v.t.* & *i.* (*p. t.* **Satisfied.**) to gratify fully, to make payment, to be contented or pleased with, to be accepted by, to discharge. सन्तुष्ट करना, रुपया चुकाना, इच्छा पूर्ति करना, शान्त करना, स्वीकार करना, देना; **Satisfiable** (-फाइ'-ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be satisfied. सन्तोष करने योग्य; **Satisfied** (-ड्)*adj.* gratified, contented. तृप्त, सन्तुष्ट (कृतार्थ); **Satisfier** (-अर्) *n.* सन्तुष्ट करने वाला; **Satisfying** (-इङ्ग्) *adj.* gratifying. सन्तोषजनक; **Satisfyingly** (-ली) *adv.* in a satisfying manner. सन्तोष करते हुए।

Satrap-सैट्'-रैप्-*n.* the governor of a province. मण्डलेश्वर, सूबेदार।

Satrapy–सीट्र'-रॅप्-ई–*n*. the office of a satrap. मण्डलेश्वरत्व ।


Satsuma–सीट्-सू'-मॉ – *n*. a kind of coloured Japanese pottery. एक प्रकार के मिट्टी के जापानी रंगीन बर्तन ।

Saturable–सीट्'-यु-रॅ-ब्ल – *adj*. able to be saturated. भरने योग्य; **Saturant** (-यू'-रॅन्ट) *adj*. सोखने वाला ।

Saturate – सीट्'-यु-रॅट – *v. t.* to impregnate thoroughly with, to soak, to cause to combine with. परिपूर्ण करना, सोखाना, भरना; **Saturated** (-ऍड) *adj*. filled up, impregnated. भरा हुआ, सोखाया हुआ ; **Saturation** (-रॅ'-शॉन्) *n*. the act of saturating. परिपूर्णता ।

Saturday-सीट्'-अर्-डे-*n*.the seventh day of the week. शनिवार, सनीचर ।

Saturn–सीट्'-अर्न्– *n*. a planet with a broad flat ring round it. शनिग्रह ।



Saturn.

Saturnalia – सीट्'-अर्-नॅ'-लि-ॲ – *n*. merry-making, wild revelry. आनन्द का उत्सव; **Saturnalian** (-ॲन्) *adj*. dissolute, sportive. विलासी, प्रमादी ।

Saturnian-सीट्-टर्'-नि-ॲन्-*adj*. pertaining to Saturn. शनि ग्रह का ।

Saturnic–सीट्'-अर्-निक्–*adj*. affected with lead-poisoning. सीसे के विष से ग्रस्त ।

Saturnine–सीट्'-अर्-नाइन् , **Saturnist** (-इस्ट) *adjs*. of gloomy temperament, dull, of lead. जड़ प्रकृति का, मन्द, सीसे का ; **Saturninely** (-ली) *adv*. in a sluggish manner. जड़ स्वभाव से ।

Satyr – सीट्'-अर् – *n*. a woodland deity half-man and half-goat, a lustful person. वन देवता, कामुक पुरुष ; **Satyric** (-इर्'-इक) *adj*. pertaining to satyrs. वनदेवता सम्बन्धी ।

Sauce – सॉस् – *n*. a liquid preparation used with articles of food for improving its relish, impudence. मसाला (उत्तेजक पदार्थ), धृष्टता (ढिठाई) ; *v. t.* to gratify with sauce, to render pungent. मसालेदार करना, चटपटा बनाना; **Sauce-boat** (a deep dish for holding sauce.) चटनी परोसने का पात्र ; **Sauce box** (impudent fellow.) ढीठ मनुष्य; **Saucepan** (a stewpan.) पकाने का बर्तन ।

Saucer–सॉ'-सर्–*n*. a shallow vessel for placing cup of tea. तश्तरी, रेकाबी ; **Saucerful** (-.फुल) *adj*. as much as a saucer can contain. थाली भर ; **Saucerless** (-लॅस्) *adj*. बिना तश्तरी का ।

Saucily, Sauciness–see **Saucy**.

Saucy–सॉ '-सी–*adj*. (*comp*. **Saucier**, *sup*. **Sauciest**.) insolent, sprightly, smart, pert. अविनीत, धृष्ट, निर्लज्ज, अहङ्कारी; **Saucily** (-ली) *adv*. अविनय से, ढिठाई से ; **Sauciness** (-नॅस) *n*. ढिठाई ।

Saunter–सॉन्'-टर् – *v. i.* to stroll, to walk in a leisurely manner. बेकाम घूमना, टहलान लगाना; **Saunter-**

er (-अर्) *n.* an idle wanderer. भ्रमण करनेवाला; **Sauntering** (-इङ्ग्) *adj.* strolling. घुमक्कड़ ; **Saunteringly** (-ली) *adv.* बेकाम घूमते हुए ।

Saurian – सॉ'-रि-ॲन् – *adj.* of the crocodile family. मगर की जाति का ।

Saury–सॉ'-री-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Sausage – सास्' - सॅज् – *n.* minced meat seasoned and stuffed into cylindrical cases. डब्बों में भरी हुई मसाला लगाई हुई मांस ।

Savable – सेव्'-ॲ-ब्ल् – *adj.* able to be saved. बचाने योग्य; **Savableness** (-नॅस्) *n.* बचाने की योग्यता ।

Savage–सॅव्'-एज् – *adj.* wild, cruel, furious, uncivilized, out of temper. असभ्य, निर्दय, क्रूर, अशिष्ट, आचारहीन ; *n.* member of a savage tribe, a brutal fierce or cruel person. असभ्य मनुष्य, दैत्य, राक्षस; *v.t.* to make savage, to make an attack, to trample. असभ्य बनाना, आक्रमण करना, कुचलना ; **Savagedom** (-डम्) *n.* uncivilized state. अशिष्ट पद; **Savagely** (-ली) *adv.* निष्ठुरता से, असभ्यता से ; **Savageness** (-नॅस्), **Savagery** (-री) *ns.* cruelty, barbarity. क्रूरता, अशिष्टता, जङ्गलीपन ।

Savanna, Savannah–सॅ-वॅन्'-नॅ-*n.* an extensive treeless plain, a meadow. बिना वृक्ष का बड़ा मैदान, लम्बा चौड़ा चरागाह ।

Savant – सॅव्' - आन् – *n.* a man of learning, a distinguished person. विद्वान्, प्रसिद्ध पुरुष ।

Save–सेव्–*v. t.* & *i.* to make safe, to rescue, to spare, to deliver from misfortune or danger, to reserve, to husband. रक्षा करना, बचाना, मुक्त करना, रोकना, किफ़ायत करना ; *prep.* except, but. सिवाय, छोड़कर ; **To save one's breath** (to remain silent.) चुप रहना ; **To save up** (to spare.) बचा रखना ।

Seveloy–सॅव्'-ऍ-लॉय् – *n.* a kind of well-seasoned sausage. मसालेदार-मांस ।

Saver–सेव्'-अर्–*n.* one who saves, thrifty. बचानेवाला, कंजूस ।

Savin – सॅव्' - इन् – *n.* a tree that yields volatile oil. एक वृक्ष जिसमें से ताड़पीन के प्रकार का तैल निकलता है ।

Saving–सेव्'-इङ्ग्– *n.* & *adj.* what is saved, economical, effecting salvation. सञ्चय, अल्प व्यय करनेवाला, मोक्ष देनेवाला, उद्धारक ।

Savingly – सेव्'-इङ्ग्-ली – *adv.* in a saving manner. बचत करते हुए, किफ़ायत से ।

Savings–सेव्'-इङ्ग्ज़ – *n.* something kept from being expended, reservation. संग्रह, सञ्चित धन ; **Savings-bank** (bank in which savings are deposited.) बचत का धन जमा करने का बंक ।

Savonette – सॅव्-ऑन्-ऍट्' – *n.* perfumed soap. सुगन्धित साबुन ।

Saviour–सेव्'-यर्–*n.* one who saves from destruction, deliverer. रक्षक, उद्धारक, मुक्ति देनेवाला ।

Savory – से'-वार्-ई – *n.* a herb like mint used in cookery. पुदीने के प्रकार की एक वनस्पति जो भोजन में प्रयोग होती है ।

Savour - सें'-वॅर् - taste, flavour, smell, suspicion. स्वाद, रस, गन्ध, शङ्का; *v. i.* & *t.* to taste or smell with pleasure. स्वाद लेना, सुगन्ध लेना; **Savourily** (-इ-लि) *adv.* with taste. स्वाद से; **Savouriness** (-नॅस्) *n.* स्वाद, सोंधापन; **Savourless** (-लॅस्) *adj.* बिना स्वाद का; **Savoury** (-ई) *adj.* with pleasing taste. स्वादिष्ट, सोंधा।

Savoy-सॅ-वॉय् - *n.* a kind of cabbage. एक प्रकार की बन्द गोभी।

Saw - सॉ - *n.* an instrument with toothed edge used for dividing wood, metal or stone. आरा, आरी; *v. t.* to cut with a saw. आरी से काटना या चीरना।



Saw.

Saw-सॉ-*p. t.* of **See**.

Saw - सॉ - *n.* proverbial saying, maxim. कहावत, विधिवाक्य।

Sawdust - सॉ'-डस्ट्-*n.* small fragments obtained from sawing. आरे से निकला हुआ लकड़ी का बुरादा।

Sawhorse-सॉ'-हॉर्स्-*n.* a rack supporting wood while sawing. बल्ले को चीरने के लिये फँसाने का फ्रेम, शिकञ्जा; **Saw-mill** *n.* यंत्र से लकड़ी चीरने का कारखाना; **Sawpit** *n.* भूमि मे का गड्ढा जिसमें गाड़कर लकड़ी चीरी जाती है।

Saw-set-सॉ'-सेंट् - *n.* set of a saw. आरी का चपरास।

Sawney - सॉ'-नी - *n.* a Scotsman. स्कॉटलैन्ड निवासी।

Sawyer-सॉ'-यर्-*n.* one who saws timber. आराकस

Sax, Zax-सॅक्स (ज़ॅक्स)-*n.* an instrument for making holes in stones. पत्थर में छेद करने का शस्त्र।

Saxatile-सॅक्स्'-अी टाइल्-*adj.* growing on rocks. चट्टान पर उगनेवाला।

Saxhorn-सॅक्स्'-हॉर्न् - *n.* a musical instrument like trumpet. एक प्रकार की तुरही।

Saxifrage-सॅक्स्'-इ-फ्रेज् - *n.* a kind of rock-plant. एक प्रकार का चट्टान पर उगनेवाला पौधा।

Saxon-सॅक्स्'-ऑन्-*n.* people of the Teutonic tribe who conquered England in the fifth century. सॅक्सन् जाति के लोग जिन्होंने पाँचवीं शताब्दि में इङ्गलिस्तान को जीता था; **Saxonism** (-इज़्म्) *n.* सॅक्सन् मोहावरा

Saxony-सॅक्स्'-आन्-ई - *n.* a kind of cloth made from wool. एक प्रकार का ऊन से बना हुआ वस्त्र।

Say-सें-*n.* a fine woollen cloth like serge, speech. सर्ज के प्रकार का ऊनी वस्त्र, वचन (व्याख्यान); *v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p.p.* **Said.**) to speak, to utter, to recite, to form an opinion. बोलना (भाषण करना), कहना, वर्णन करना, विचार स्थिर करना; **I say** (I assert.) मैं दृढ़ता पूर्वक कहता हूँ; **Say no more** (stop speaking.) बोलना बन्द करो; **Say three men** (almost three men.) प्रायः तीन मनुष्य (इससे अधिक नहीं); **That is to say** (in other words.) दूसरे शब्दों में, अर्थात्; **They say.** ऐसी चर्चा है; **To say no** (to deny.) अस्वीकार करना; **To say out** (to explain fully.) स्पष्ट रूप से प्रकट करना।

Saying - सें'-इङ्ग् - *n.* something

said, a proverb. वचन, भाषण, लोकोक्ति, कहावत ; **Popular saying** (rumour.) जनप्रवाद ।

Scab– स्कॅब् – *n.* dry incrustation formed over a sore while healing, a kind of skin disease, a mean fellow, a workman who does not join a strike. पपड़ी, खुट्ठी, एक प्रकार का चर्मरोग, नीच मनुष्य, काम करनेवाला जो हड़ताल में साथ नहीं देता ; **Scabbed** (-बृड्) *adj.* mean, worthless. नीच; तुच्छ ; **Scabbily** (-बि-ली) *adv.* पपड़ीपन से, खुजली से, नीचता से ; **Scabbiness** (-नॅस्) *n.* नीचता, खुजलन ।

Scabbard–स्कॅब्'-बॅड्ड्– *n.* sheath of a sword. बर्छी या तलवार की मियान ।

Scabby–स्कॅब्'-बी–*adj.* itchy. पपड़ीदार, खुजली का ।

Scabbies–स्कॅ'-बी-ईज़्–*n.* itch. खुजली ; *n.* a contagious skin disease. एक प्रकार का छुतहा रोग ; **Scabious** (-बि-अस्) *adj.* full of scabs, itchy. खुजली लगा हुआ ।

Scabrous – स्कॅब्'-रस् – *adj.* rough, ragged. रूक्ष, खुरखुरा ; **Scabrousness** (नॅस्) *n.* the state of being rough. रूक्षता, खुरखुरापन ।

Scad–स्कॅड्–*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली ।

Scaffold–स्कॅफ़्'-फ़ोल्ड्– *n.* an elevated platform of timber for the execution of criminals. फाँसी देने का मचान ; *v. t.* to furnish with scaffold. मकान बनाने के लिये मचान या पाइट बाँधना ।

Scaffolding– स्कॅफ़्'-फोल्ड्-इङ्ग्– *n.* a temporary structure for making or repairing a building. मचान, पाइट ।

Scaglia– स्कॅल्'-इ-ऑ – *n.* a kind of red limestone. लाल खड़िया ।

Scalariform – स्कॉ-लॅर्'-रि-फ़ॉर्म्– *adj.* like a ladder. सीढ़ी के आकार का ।

Scald– स्कॉल्ड्– *v. t.* to scorch, to burn with hot liquid or vapour, to cleanse with hot water, to boil milk. खौलते पानी या भाफ़ से जलाना, झुलसाना, दूध उबालना, गरम पानी में उबालकर साफ़ करना ; *n.* ancient Scandinavian poet, injury caused by scalding. प्राचीन स्कॅन्डिनेविया देश का कवि, जलने का फफोला ; **Scald-head** (-हॅड्) *n.* a disease of children. बच्चों का एक रोग ।


Scalable – स्केल्'-ऑ-ब्ल् – *adj.* that may be scaled. परत होने योग्य ।

Scalade–स्कॉ-लेड्'–*n.* assault on a fortified place by means of ladders. किसी दुर्ग पर सीढ़ी लगाकर आक्रमण ।

Scale– स्केल्– *n.* thin horny plate projecting on the skin of animals, flake of skin, thin lamina on the surface of rust, dish of a balance, a ladder-like arrangement, basis of numerical system arranged in order of pitch, set of marks for use in measuring. प्राणियों के चमड़े के ऊपर की परत, चोइयाँ, मुर्चे की तह, सीढ़ी की तह का प्रबन्ध, तराजू का पलरा, नापने का चिह्न, श्रेणी, पंक्ति, सुर, परिमाण; *v.t.* & *i.* to weigh in scales, to climb by ladder. तराजू में तौलना, सीढ़ी पर चढ़कर दीवार लाँघना; **On a large**

scale (in a large quantity.) स्थूल परिमाण में; **To hold the scales even** (to be an impartial judge, to show no prejudice.) सम भाव रखना, पक्षपात न करना; **To sink in the scale** (to fall to a lower rank.) नीच अवस्था को प्राप्त करना; **To turn the scale** (to change the situation.) अवस्था बदल देना।

Scale - beam - स्केल्' - बीम् - *n.* a graduated rod used in weighing. तौलने का डण्डा।



Scale-beam.

Scaled–स्केल्ड्– *adj.* having scales. परतदार।

Scaleless– स्केल्'-लेस् – *adj.* without scales. बिना परत का।

Scalene– स्कॉ-लीन्' – *adj.* & *n.* with unequal sides and angles. विषम भुज तथा कोणवाला, इस प्रकार का त्रिभुज।

Scales–स्केल्स्–*n. pl.* the sixth sign of zodiac, a simple balance. तुला-राशि, सामान्य तराजू।

Scaliness–स्केल्'-इ-नेस्– *n.* the state of being scaly. खुरखुरापन।

Scall–स्कॉल्– *n.* a scaly eruption on skin. खुजली कुष्ट।

Scallion–स्कॉल्'-यन्– *n.* a kind of onion. एक प्रकार की प्याज।

Scallop, Scollop–स्कॉल्'-लॉप् (स्कॉल्-अप्)–*n.* a kind of shell-fish, a shallow pan for cooking oysters. एक प्रकार की सीप, सीप पकाने की एक प्रकार की कड़ाही; *v. t.* (*p. t.* **Scalloped.**) to cook in a scallop, to ornament with scallops. सीप पकाना, किनारे पर सीप लगाना; **Scallops** (-स्) *n. pl.* ornamental edging. कामदार किनारा।

Scalp–स्कॉल्प्– *n.* the skull, skin and hair of head. खोपड़ी, मस्तक की त्वचा और बाल; *v. t.* to cut off the scalp. मस्तक की खाल उखाड़ना; **Scalpless** (-लेस्) *adj.* without a scalp. बिना खाल का।

Scalpel– स्कॉल्'-पॅल्– *n.* a surgeon's small light knife. छोटी जर्राही छूरी, नश्तर।

Scalper – स्कॉल्'-पर्– *n.* an engraver's gouge. नकाशी बनानेवालों की गोलची।

Scalpless–see **Scalp**.

Scalpriform– स्कॉल्'-प्रि-फ़ॉर्म्– *adj.* of the shape of a chisel. रुखानी के आकार का।

Scaly– स्केल्'-ई – *adj.* covered with scales. परतदार।

Scamble – स्कॅम्'-ब्ल् – *v. i.* to cut roughly, to mangle. टेढ़ामेढ़ा, काटना, आकृति भ्रष्ट करना; *v. t.* to scramble. उपद्रव करना।

Scamp–स्कॅम्प्–*n.* a knave, a rascal. दुर्जन, दुष्ट, पाजी; *v. i.* to execute a work carelessly. भ्रष्टरूप से (लापरवाही से) कोई कार्य करना; **Scampish** (-इश्) *adj.* somewhat scamp. थोड़ा दुर्जन।

Scamper– स्कॅम्प्'-अर्– *v. i.* to run hastily. भागना, दौड़कर जाना; *n.* flight in haste. भगदड़, दौड़।

Scampish–see **Scamp**.

Scan–स्कॅन्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Scanned**) to examine the metrical correctness of a line of poetry, to examine minutely, to scrutinize. छन्द के मात्राओं की गणना करना, सूक्ष्म परीक्षा करना, जाँचना ।

Scandal – स्कॅन्'-डॅल् – *n.* outrageous feeling, disgrace, backbiting, malicious talk आक्षेप, निन्दा, चुगली, कलंक ; *v. t.* (*p. t.* **Scandaled**) **Scanadalize** (-आइज़्) to defame, to reproach. निन्दा करना,कलंक लगाना ; **Scandal-monger** (one who spreads scandal.) अपमान फैलानेवाला ; **Scandalous** (-अस्) *adj.* defamatory. कलंक लगानेवाला, (अपवादक) ; **Scandalously** (-ली) *adv.* अपवाद से, निन्दा से ; **Scandalousness** (-नैस्) *n.* निन्दा, अपवाद ।

Scandent–स्कॅन्-डॅन्ट–*adj.* climbing or creeping. चढ़नेवाला, रेंगनेवाला ।

Scansion – स्कॅन्'-शॅन्–*n.* scanning. छन्द के मात्राओं की गणना करने की विधि ।

Scansorial – स्कॅन्-सोर्'-इ-ऑल् – *adj.* habitually climbing, fit for climbing. चढ़नेवाला, चढ़ने योग्य ।

Scant-स्कॅन्ट-*adj.* deficient, scarcely sufficient, having a scanty supply. न्यून, कम (थोड़ा),सकुचित;*v.t.*to limit. (कम करना) हद बांधना;**Scantily** (-इ-ली)*adv.* थोड़े मे ; **Scantiness** (-इ-(-नैस्)*n.* deficiency. स्वल्पता; **Scanty** (-ई) *adj.* not ample, small. कम, (थोड़ा), अल्प ।

Scantling – स्कॅन्ट्'-लिङ्ग् – *n.* a specimen, pattern, small amount, sample. आदर्श, नमूना,थोड़ा पदार्थ,बानगी

Scanty–see **Scant**.

Scape – स्केप् – *v. i.* to escape. भाग जाना; *n.* shaft of a feather, spring, stem which bears fruits. पर की डण्डी, पौधे में फलनेवाली डाल, डण्ठी ; **Scapegallows** *n.* one who has narrowly escaped the gallows. फाँसी पड़ने से बाल बाल बचा हुआ ; **Scapegoat** (one who is made to suffer for another.) बलिदान की बकरी, दूसरे के लिये कष्ट उठानेवाला ; **Scapegrace**(a good-for-nothing fellow.) निर्लज्ज, बेहया

Scapement – स्केप्'-मॅन्ट–*n.* same as **Escapement**.

Scaphoid – स्कॅफ्'-ऑइड्–*adj.* of the shape of a boat. नाव की आकृति का ।

Scapple–स्कॅप्'-पल् – *v. t.* to make a stone surface straight. पत्थर को समतल करना ।

Scapula–स्कॅप्'-यू-लॅा–*n.* (*pl.* **Scapulæ**.) the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी (हँसिया, हड्डुला); **Scapular** (-लार्) *adj.* pertaining to scapula. कन्धे पर की हड्डी सम्बन्धी ।

Scar–स्कॉर् – *n.* mark of a sore or wound, craggy part of a mountain. घाव का चिह्न, पहाड़ का उभड़ा भाग; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Scarred**.) to mark with a scar. अंकित करना, घाव का चिह्न पड़ना ; **Scarless** (-लॅस्) *adj.* without removal of a scar. घाव का चिह्न न हटा हुआ ।

Scarab – स्कॅर् - रॅब् –*n.* the sacred beetle of ancient Egypt. प्राचीन मिश्र देश का पवित्र झींगुर ।

Scaramouch – स्कॅर्'-ऑ-मूश् – *n.*

boastful coward. डरपोक शेखो बाज़ मनुष्य ।

Scarce – स्कैंअर्स् – *adj.* & *adv.* not plentiful, scanty, rare, uncommon. अल्प, न्यून, विरला, दुर्लभ; **Scarcely** (-ली) *adv.* hardly, barely. कठिनता से, किसी प्रकार, प्रायः; नहीं; **Scarceness** (-नैस्) *n.* विरलता,अभाव।

Scarcity – स्कैंअर्'-सि-टी–*n.* deficiency, dearth, rareness, want, famine. दुर्लभता, स्वल्पता, दुर्भिक्ष, न्यूनता, कमी, दुष्काल ।

Scare – स्कैंअर् – *v. t.* to terrify, to frighten, to drive away by frightening. त्रासना, डराना, डराकर भगाना; *n.* a sudden alarm. अकारण भय; **To scare away** (to drive away by fright.) डरा कर भगा देना।

Scarecrow – स्कैंअर्' - क्रौ – *n.* something set up in the field to frighten birds away. विभीषिका, चिड़ियों को डराने का पुतला ।

Scaremonger – स्कैंअर्'-मॉङ्'-गर् – *n.* one who creates panic. विप्लव उत्पन्न करानेवाला ।

Scarf–स्कॉर्फ़् – *n.* (*pl.* **Scarves**.) a long narrow piece of cloth worn round the neck or shoulders,necktie. गुलूबन्द, दुपट्टा, रूमाल; *v. t.* to join the ends of timber or metal. बल्ला या लोहे की धरन के छोरों को जोड़ना; **Scarf-joint** (joint of two pieces of timber.) इस प्रकार का जोड़; **Scarf-pin** रूमाल अटकाने की (सोने की या जड़ाऊ) आलपीन; **Scarf-skin** (outer skin.) ऊपरी खाल ।

Scarificator, Scarifier–see Scarify.

Scarify – स्कॉर्' - रि-फ़ाइ–*v. t.* (*p. t.* **Scarified**.) to make incisions in, to cut off skin. चमड़ा छेदना या काटना; **Scarificator** (-फ़ि-कें'-टार्) *n.* a kind of surgical instrument. काटने तथा कोंचने का एक जर्राही हथियार; **Scarifier** (-फ़ि-अर्) *n.* agricultural machine for turning soil, road-breaking machine. भूमि तोड़ने का किसानों का एक हथियार,सड़क तोड़ने का यन्त्र

Scarious–स्कैंअर्'-इ-अस् – *adj*. full of membranes, thin and dry. नस-दार, सूखा तथा पतला ।

Scarlatina – स्कॉर्-लॅा-टी'-नॉ–*n.* scarlet fever. सिन्दूर ज्वर, लाल बोखार ।

Scarlet–स्कॉर्'-लैट्–*n.* & *adj* bright-red colour, of brilliant red colour. गहरा लाल रंग, अंगूरी रंग का; **Scarlet fever** (a kind of fever characterized by scarlet rash.) एक प्रकार का ज्वर जिसमें अङ्ग में सर्वत्र लाल चिकोते पड़ जाते हैं ।

Scarp–स्कॉर्प्–*n.* the inner slope of a ditch, perpendicular slope. खाईं की भीतरी दीवार,साधी ढाल. *v.t.* to make a perpendicular slope. खड़ी ढाल बनाना; **Scarped** (- ड्) *adj.* cut down. कटा हुआ ।

Scarus – स्कैंअर्'-अस् – *n.* a fish of bright hue. चमकीले रङ्ग की एक प्रकार की मछली ।

Scathe-स्कैंअद्-*v.t.* to injure, to damage. नष्ट करना, हानि करना; *n.* injury. हानि; **Scatheful** (- फ़ुल्) *adj.* हानि कारक; **Scathefulness** (-नैंस्) *n.* हानि; **Scatheless** (-लैंस्) *adj.*

without injury. हानि रहित; **Scathing** (-इङ्ग्) *adj.* withering. नष्ट होता हुआ ; **Scathingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a scathing manner. हानि से

Scatology-स्कॉट्' -ऑल्-ऑ-जी-*n.* study of filthy insects. गन्दगी के कीड़ों के अध्ययन का शास्त्र ; **Scatophagous** (-ऑ-फ़े'-गस्) *adj.* feeding on dung. मल या विष्टा भोजन करनेवाला ।

Scatter–स्कॅट्'-टर्–*v.t.* & *i.* to throw here and there, to disperse, to spread. फैलाना, छितराना, बिखेरना ; **Scatter-brain** (a thoughtless person.) अव्यवस्थित पुरुष ; **Scatter-brained** (heedless, desultory.) लापरवाह ; **Scattered** (- ड्) *adj.* strewn. छितराया हुआ ; **Scatterings** *n. pl.* छितराये हुए पदार्थ; **Scatteringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a scattering manner. छितराते हुए ।

Scaup – स्कॉप् – *n.* a kind of duck. एक प्रकार का बत्तक ।

Scavenger – स्कॅव्'-ऍन्-जर्–*n.* a person employed to keep the streets clean by removing refuse. मेहतर, सड़क का कूड़ा हटानेवाला; **Scavengery** (-ई) *n.* मेहतर का काम ।

Scena – शीन्'-नीं – *n.* portion of an opera. सङ्गीत नाटक का अङ्ग ।

Scene–सीन् – *n.* stage of a theatre, place on which anything is exhibited, a dramatic representation, portion of a play, painted canvas of a theatre. रङ्गभूमि, नेपथ्य, स्थल, दृश्य, नाटक का अङ्क, नाटक का पर्दा ; **Scenery** (-अर्'-ई) *n.* representation of a scene, spectacle. दृश्य, भूमि, कृत्रिम रचना ।

Scenic – सी'-निक्–*adj.* of the stage, picturesque. नेपथ्य सम्बन्धी, सुन्दर (बहारदार) ; **Scenically** (-ऑल्-ली) *adv.* नेपथ्य रूप में, सुन्दरता से ।

Scenographic, **Scenographer**– see **Scenography**.

Scenography – सी - नॉग्'-रॅ-फ़ी – *n.* representation in perspective. नाटक के पर्दे को ऐसा रंगना कि वह पर्दा न मालूम हो सच्चा दृश्य ज्ञान पड़े ; **Scenographer** (-अर्) *n.* ऐसा दृश्य बनाने वाला ; **Scenographic** (-इक्) *adj.* ऐसे दृश्य सम्बन्धी; **Scenographically** (-ऑल्-ली) *adv.* as in a stage. इस प्रकार की विधा से ।

Scent – सैन्ट – *n.* agreeable odour, perfume. सुगन्ध, महँक ; *v. t.* & *i.* to smell, to discover by smelling, to suspect the presence of. सूंघना, सुगन्धित करना, सन्देह करना ; **On the scent** (in search of, having a clue.) खोज में ; **To put off the scent** (to deceive by false indication.) धोखा देना, छलना ।

Scent-box – सैन्ट्'-बॉक्स् – *n.* box for keeping perfumes. अतरदान ।

Scented – सैन्ट्'-एड्–*adj.* perfumed. सुगंधित ; **Scented dames** (cigarettes.) सिगरेट ।

Scentless – सैन्ट्'-लेस् – *adj.* inodorous. गन्धहीन, बिना गन्ध का ।

Scepsis, Skepsis–स्कॅप्'-सिस्–*n.* philosophic scepticism. तत्वज्ञानियों का अविश्वास ।

Sceptic–स्कॅप्'-टिक् – *n.* one who has no faith in religious doctrines, an atheist. अविश्वासी, नास्तिक; **Sceptical** (-ऑल्) *adj.* incredulous. संशयात्मक, सची बातों में भी सन्देह करनेवाला; **Sceptically** (-ऑल्-ली) *adv.* in a sceptic manner. संशय (सन्देह) से;**Scepticism** (-टि-सिज़्म्)*n.* doubt. सन्देह, अविश्वास ।

Sceptre – सैप्'-टर्–*n.* a staff borne as emblem of sovereignty, royal power or authority. राजदण्ड, प्रभुत्व, राजाधिकार; **Sceptred** (-ड्)*adj.* bearing a sceptre, regal. दण्डधर, अधिकार युक्त;**Sceptred king**(anointed king.) अभिषेक किया हुआ राजा ; **Sceptreless** (-लैस्) *adj.* without authority. बिना प्रभुत्व या अधिकार का ।

Schedule–शेड्'-यूल्–*n.* statement of details in tabular form, a list or inventory. परिसंख्या, नामावली, सूची ; *v. t.* to make a catalogue of. सूचीपत्र बनाना ; **Schedule time** (time stated in the time-table.) सूचीपत्र में का निर्धारित समय ।

Schema–स्कीं'-मॉ-*n.* (*pl.* **Schemata**) diagram, outline, essentiality. खाका, आकारमात्र, तत्त्व ; **Schematic** (-टिक्) *adj.* diagrammatic. आकार मात्र का ; **Schematically** (-ऑल्-लि) *adv.* आकार मात्र में ।

Scheme – स्कीम् – *n.* classification, plan for doing a thing, system, project, artful design, contrivance. प्रबन्ध, अनुसन्धान, व्यवस्था, कल्पना, कपट प्रबन्ध, उपाय; *v.i.* & *t.* to form a plan, to contrive. उपाय करना, कपट प्रबन्ध करना ; **Schemer** (-अर्) *n.* one who makes a scheme. उपाय रचनेवाला; **Scheming** (-इङ्ग्) *n.* the act of planning, intriguing. कुटिल (कपट) प्रबन्ध ; **Schemingly** (-ली) *adv.* प्रबंध करते हुए ।

Schism – सिज़्म्–*n.* the separation of a church, faction. धर्मभेद (शाखा), फूट;**Schismatic**(-ऑट'-इक्),**Schismatical** (-ऑल्) *adjs.* भेदमूलक ; **Schismatically** (- ऑल्-ली) *adv.* in a schismatic manner. मतभेद से; **Schismatize** (- मॉ - टाइज़्') *v. t.* फूट उत्पन्न करना ।

Schist – शिस्ट – *n.* a rock splitting up in thin layers. पतली तहों में अलग होनेवाली चट्टान ; **Schistose** (- ओज़्) *adj.* ऐसी चट्टान का ।

Schizanthus – स्कि - ज़ैन्'-थस् – *n.* a kind of flowering plant. एक प्रकार का फूलदार पौधा ।

Scholar – स्कॉल्'-ऑर् – *n.* one who learns, a pupil, a learned person. विद्यार्थी, छात्र, विद्वान् ; **Scholarly** (-ली) *adj.* scholarlike. पण्डितोचित ; **Scholarship** (-शिप्) *n.* erudition, learning, a money allowance given to a student. पाण्डित्य, विद्या, छात्रवृत्ति ।

Scholastic – स्को-लैस्'-टिक्–*adj.* pertaining to a scholar or university, educational, academic. विद्वान् या विश्वविद्यालय सम्बन्धी, विद्याविषयक, शास्त्रीय ; *n.* one who follows scholasticism. धर्माधिकारी ; **Scholastically** (-ऑल्-ली) *adv.* in a scholastic

manner- विद्याभिमान से ; **Scholasticism** (-टि-सिज़्म्) *n*. scholastic philosophy. विद्यानुराग ।

Scholiast-स्कों'-लि-ऑस्ट्-*n*. a commentator, an annotator. भाष्यकार, टीकाकार ; **Scholiastic** (-इक्) *adj*. भाष्य सम्बन्धी ।

Scholium-स्कों'-लि-अम्-*n*. (*pl*.**Scholia**.) a marginal commentary, पुस्तक के किनारे पर लिखी हुई टीका ।

School-स्कूल् - *n*. an educational institution for boys and girls, place of institution, disciple of a teacher, branch of study, shoal of fish. विद्यालय, पाठशाला सम्प्रदाय, शिक्षा, मछलियों का झुण्ड ; *v. t* . to instruct, to tutor. विद्या पढ़ाना (सिखलाना), अध्ययन कराना ; **Schoolable** (-ऑ-ब्ल्) *adj*. of school age, liable by age to compulsory education. स्कूल में पढ़ने के लिये जाने योग्य;**School-fellow** (one taught at the same time in a school) साध्यायी; **Schooling** (-इङ्ग्) *n*. instruction in a school. विद्यालय में शिक्षा ; **Schoolman** (a philosopher.) दार्शनिक ; **School master** (teacher in a school. अध्यापक ; **Schoolmate** *n*. a school fellow. पाठशाले का साथी ; **Schoool mistress** (female teacher.) अध्यापिका ।

Schooner-स्कून्'-अर्- *n*. a small sailing vessel with two or more masts. दो या दो से अधिक



Schooner.

मस्तूल का छोटा जहाज़ ।

Sciagram-सि'-ऑ-ग्रॅम्-*n*.X-ray picture. रेडियो से उतारा हुआ चित्र ; **Sciagrammatic** (-ऑट्-इक्) *adj*. pertaining to X-ray. ऐसे चित्र सम्बन्धी ; **Sciagrammatically**(-ऑल्-लि)*adv*. in a sciagrammatic manner. एक्सरे की रीति से ।

Sciagrapher- सि-ऑग्'-रॅ-फ़र्- *n*. an X-ray photographer. इस प्रकार से चित्र उतारने वाला ।

Sciagraphy-सि-ऑग्'-री-फ़ी-*n*. art of shading in drawings and sketches, X-ray photography, finding of time by the shadow of the sun. चित्र में छाया दरसाने की कला, रेडियो द्वारा फोटो उतारना, सूर्य की छाया से समय का अनुमान करना ।

Sciamachy-सि-ऑम्'-ऑ-की-*n*. fighting with shadows. छाया से लड़नेवाला ।

Sciatica-सि-ऑट्'-इक्-ऑ- *n*. neuralgia affecting the hip or thigh. कुल्हे पर की अथवा घुटने पर की गठिया ।

Sciatic-सि-ऑट्'-इक्-*adj*. of the hip. कुल्हे का ; **Sciatically** (-ऑल्-ली) *adv*. in a sciatic manner. कुल्हे के रोग से ।

Science- साइ'-(सि)-ऍन्स् - *n*. systematic knowledge. विज्ञान (विद्या), शास्त्र; **Natural science** (science dealing with natural phenomena.) भौतिक विज्ञान ; **Pure science**. शुद्ध विज्ञान ।


Scientific-साइ'-ऍन्-टिफ्-इक्-*adj*. pertaining to science. शास्त्रीय, विद्या सम्बन्धी, वैज्ञानिक ; **Scientifically**

(-कील्-ली) *adv.* in a scientific manner. विज्ञान के अनुसार ।

Scientist–साइ'-ऍन्ट्-इस्ट्–*n.* one who is versed in science. वैज्ञानिक ।

Scilicet–साइ'-लॅ-सॅट्–*adv.* (*abbr.* Sc.) namely, that is to say. अर्थात् ।

Scimitar – सिम्'-इ-टॅर्– *n.* a short curved sword. खड्ग, टेढ़ी तलवार, कृपाण ।



Scimitar

Scintilla–सिन्-टिल्'-ऑ–*n.* a spark. स्फुलिङ्ग, चिनगारी; **Scintillant** (-लॅन्ट्) *adj.* emitting sparks. चिनगारी फेंकनेवाला; **Scintillate** (-लेट्) *v.i.* to sparkle, to emit sparks. चमकना, चिनगारी फेंकना ; **Scintillation** (-लें'-शॉन्) *n.* the act of sparkling. चिनगारी का फेंकाव ।

Sciolism – साइ'-ओ-लिज़्म् – *n.* little knowledge. अल्पज्ञान ।

Sciolist–सि'-ऑ-लिस्ट्– *n.* a pretender of knowledge, one who has a smattering knowledge, of something. अल्पज्ञ, थोड़े ज्ञानवाला; **Sciolistic** (-लिस्ट्-इक्) *adj.* pertaining to little knowledge. अल्प ज्ञान संबंधी ।

Scion–सि'-ऑन्–*n.* the shoot of a plant, a descendant. (नवपल्लव) अंकुर, वंशज, सन्तान ।

Scirrhosity–सिर्-रॉस्'-इट्-ई-*n.* knottiness. मांसग्रन्थि, गिल्टी ।

Scirrhous– सिर्'-रस् – *adj.* knotty. गिल्टी का ।

Scirrhus – सिर्'-रस् – *n.* a hard tumour developing into a cancer. गिल्टी जो बढ़कर जहरबाद हो जाती है ।

Scissel–सिस्'-ऍल्–*n.* a metal plate from which disks have been cut out. चद्दर का टुकड़ा जिसमें से गोल टिकिलियाँ काटी गई हो ।

Scissile–सिस्'-सिल्– *adj.* able to be divided. गोल टुकड़ा काटने योग्य ।

Scission – सिज़्'-अन्– *n.*the act of cutting. कटाव, फटन ।

Scissor – सिज़्'-ज़ॉर् – *v.t.* to cut off with scissors. कैंची से काटना ; **Scissoring** (-इङ्ग्) *n.* a thing cut with scissors. कैंची से काटी हुई वस्तु ।

Scissors–सिज़्'-ज़ॉर्स्–*n. pl.* a cutting instrument consisting of two blades moving on a pin. कतरनी, कैंची ; **Lamp-scissors** (scissors for trimming wicks of lamps.) लम्प की बत्ती काटने की कैंची ; **Nail-scissors** (scissors for trimming nails.) नख काटने की कैंची ।

Sciurine– सि'-यु-राइन् – *adj.* like a squirrel. गिलहरी की तरह का, गिलहरी की जाति का ।

Scleriasis – स्क्लॅ- राइ' - ऑ- सिस् – *n.* hardening of tissue. शरीर रचना का कड़ा पड़ जाना; **Scleroid** (-रॉ-ऍइ्)*adj.* hard in texture. कड़ी बनावट का ।

Scleroma, Sclerosis – स्क्लॅ-रो'-मॉ- (-रो-सिस्)–*ns.* (*pl.* **Scleromata**.) hardening of cells or tissues. शरीर रचना का कड़ा होना या कड़ा पड़ जाना

Sclerotic– स्क्लॅ-रॉट्'-इक् – *adj.* hard. कड़ा ; *n.* the white of the eye. आँख के पुतली के चारों ओर का सफ़ेद भाग ।

Scoff– स्कॉफ् – *n.* taunt, object of ridicule. आक्षेप, तिरस्कार ; *v. i.* to mock at, to show contempt or

scorn. आक्षेप करना, ताना मारना; **Scoffer** (-अर्) *n.* one who scoffs. ताना मारनेवाला; **Scoffing** (-इङ्ग्) *n.* the act of mockery. उपहास, ठट्ठा; **Scoffingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a mocking manner. ठट्ठा करते हुए, ताना मारते हुए।

Scold–स्कोल्ड्–*v. i.* & *t.* to find fault with, to rail, to chide, to rebuke. दोष निकालना, ताना मारना, झिड़कना, गाली देना; *n.* scolding, a rude and clamorous woman. झिड़की (ताना), अशिष्ट तथा झगड़ालू स्त्री; **Scolder** (-अर्) *n.* one who scolds. निन्दक, गाली देनेवाला; **Scolding** (-इङ्ग्) *n.* railing language. निन्दा, गाली, झिड़की।

Scolex–स्को'-लैक्स्–*n.* a tape-worm in its early stage. चिपटे केंचुवे का आदि रूप।

Scoliosis–स्को-लि-ओ'-सिस्–*n.* curvature of spine. पीठ की रीढ़ का घूम जाना; **Scoliotic** (-टिक्) *adj.* pertaining to curvature of spine. पीठ की रीढ़ के घुमान का।

Scolopendra – स्कोल्-ओ-पैन्'-ड्रा – *n.* centipede. कनखजूरा, गोजर; **Scolopendrine** (-ड्राइन्) *adj.* similar to a centipede. गोजर के समान; **Scolopendrium** (-ड्रि-अम्) *n.* a kind of fern. एक प्रकार की वनस्पति।

Scomber – स्कोम्'-बर् – *n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Sconce – स्कोन्स् – *n.* a candlestick to be attached to a wall, the crown of head, a fortification, punishment for breach of discipline. दीवार पर लगाने की मोमबत्ती, ललाट (मस्तक), गढ़ी, आज्ञा भंग करने का दण्ड; *v.t.* to fortify, to fine. क़िलाबंदी करना, जुर्माना करना।

Scone – स्कोन् – *n.* soft bread of wheat or barley. जव या गेहूँ की मुलायम रोटी।

Scoop–स्कूप् – *n.* a deep shovel with short handle, a large dipping vessel for transferring liquids. छोटी डण्डी का पोला फरसा, (करवा), बड़ा चम्मच; *v. t.* to empty, to dig out. उठाना, खोदना; **Scooper** (-अर्) *n.* engraver's tool. नक्काशी करनेवाले का हथियार; **Scoop-wheel** (a wheel with buckets for lifting water.) पानी उठाने का रहट।

Scoot – स्कूट – *v. i.* to run, to dart off. झपटना, दौड़ना; **Scooter** (-अर्) *n.* a child's toy. लड़कों के खेलने का पहियादार तख्ता।

Scopa, Scopula – स्कों'-पा (-प्यु-लॉ) *ns.* (*pl.* **Scopæ**.) brushlike hairs on the feet of bees. मधुमक्खी के पर के रोवें।

Scope – स्कोप् – *n.* end, aim, purpose, sphere, extent, opportunity. अभिप्राय, हेतु, तात्पर्य, अवधि, सीमा, अवसर।

Scope – स्कोप् – *pref.* in sense of "watching." "निरीक्षक" अथवा "अवधि" अर्थ का उपसर्ग।

Scopiform – स्को'-पि-फ़ार्म् – *adj.* of the form of broom. झाड़ू के आकार का

Scopulous–स्का'-प्यु-लस्–*adj.* full of rocks. चट्टानों से परिपूर्ण।

Scorbutic–स्कार्-ब्यू'-टिक्–*adj.* affect-

ed with scurvy. रक्तातिसार रोग से ग्रस्त ; **Scorbutically** (-ऑल्-लि) *adv.* इस रोग से ।

Scorch–स्कॉर्च्–*v. t.* & *i.* to turn the surface of a thing, to parch by heat, to be dried up. किसी पदार्थ की ऊपरी तह जलाना, झुलसाना, सूख जाना ; **Scorcher** (·-अर्) *n.* he who or that which scorches. झुलसाने या जलानेवाला ; **Scorching** (-इङ्ग्) *adj.* burning. झुलसानेवाला, जलानेवाला; **Scorchingly** (-ली) *adv.* in a scorching manner. झुलसाते हुए

Score–स्कोर् – *n.* a notch, starting point of a race, account, set of twenty, reckoning, number of points made by a player in certain games. दरार (फटन), दौड़ आरंभ करने का स्थान, हिसाब, कोड़ी, गणना, खेल का गणनापात्र ; *v. t.* & *i.* to cut, to notch, to engrave, to set account. काटना (छीलना), चिह्नित करना, गणना करना ; **On that score** (about that subject.) उस विषय में; **Score-book** (a book in which scores are registered.) गणना करने की पुस्तक ; **Scores of people** (a large number of men.) मनुष्यों की अधिक संख्या ; **Scorer** (-अर्) *n.* one who counts. गिनती करनेवाला ; **To pay one's score** (to settle reckoning.) गिनती ठीक करना ; **To score under** (to underline.) रेखांकित करना ।

Scoria–स्कॉर्'-रि-ऑ – *n.* (*pl.* Scoriæ.) fragment of lava. ज्वालामुखी पर्वत से फेंके हुए मलवे के अंश ।

Scorification–see Scorify.

Scorify – स्कोर्'-रि-फ़ाइ – *v. t.* (*p. t.* Scorified.) to reduce to drossy matter. मलवा (कीट) बनाना ; **Scorification** (-फ़ि-कें'-शॉन्) *n.* the act of reducing to dross. मलवा होना ।

Scorn–स्कार्न् – *v. t.* to hold in contempt, to despise, to slight. तिरस्कार करना, अपमान करना, धिक्कारना; *n.* extreme contempt, derision. तिरस्कार, घृणा ; **Scornful** (-.फुल्) *adj.* disdainful. तिरस्कार युक्त ; **Scornfully** (-.फुल्-लि) *adv.* disdainfully. तिरस्कार (उपेक्षा) से ; **Scornfulness** (-नॆस्) *n.* the state of being scornful. निन्दा, तिरस्कार ।

Scorpio–स्कॉर्'-पि-ओ – *n.* the eighth sign of zodiac. वृश्चिक राशि ; **Scorpioid** (स्कॉर्पि'-इ-ऑएड्) *adj.* of the form of a scorpion's sting. बिच्छू के डङ्क की तरह किनारे पर मुड़ा हुआ ।

Scorpion – स्कॉर्'-पि-ऑन् – *n.* one of the signs of the zodiac, a lobster-like reptile with poisoned sting at its tail. वृश्चिक, बिच्छू ; **Scorpion-shell** (a kind of shellfish.) एक प्रकार की सीपवाली मछली ।

Scot – स्कॉट्– *n.* a native of Scotland, payment of tax. स्कॉटलैन्ड् देश का निवासी, कर, महसूल ।

Scotch–स्कॉच् – *n.* & *adj.* of Scotland, native of Scotland, its language. स्कॉटलैन्ड् का, इस देश सम्बन्धी, यहाँ की भाषा ; *v. t.* to wound without killing, to prevent motion, to support on wheel.

हलका घाव करना, रोकना, पहिये पर रखना; **Scotchman, Scotchwoman** (man or woman of Scotland.) इस देश का मनुष्य अथवा स्त्री ।

Scot-free–स्काट्'फ्री–*adj*. not having to pay anything, unhurt. बिना कर दिये, अविकल, बिना चोट लगे ।

Scotia–स्को'-शि-ऑ – *n*. moulding at the bottom of a column. खम्भे की पेंदीं पर का गोला ।

Scoto – स्कॉट्'-ओ – *pref*. in sense of "darkness." 'अन्धकार' अर्थ का उपसर्ग; **Scotograph** (-ग्रॉफ्) *n*. a writing instrument for the blind. अन्धों के लिखने का यन्त्र ; **Scotomy** (-मी) *n*. dizziness of head. धुँधला देखना ।

Scotticism–कॉट्'-इ-सिज्म् – *n*. use of Scotch words. स्कॉच् शब्दों का प्रयोग ।

Scoundrel–स्काउन्'-ड्रैल्–*n*. a rogue, a rascal, a worthless fellow. नीच, दुरात्मा, दुष्ट ; **Scoundrelism** (-इज्म्) *n*. baseness, rascality. नीचता, दुष्टता ; **Scoundrelly** (-ली) *adv*. like a rascal. नीचता से ।

Scour–स्काउर्–*v. t. & i.* to cleanse by rubbing, to clear out, to polish, to hasten, to search rapidly. मांजना, स्वच्छ करना, चमकाना, शीघ्रता करना, जल्दी जल्दी खोजना ; *n*. the act of cleansing or polishing. स्वच्छ करने या चमकाने की क्रिया ; **Scourer** (-अर्) *n*. one who scours. पालिश करनेवाला ।

Scourge–स्कर्ज् – *n*. a lash for chastising, something regarded as a means of bringing divine evil. कोड़ा (चाबुक), उत्पात ; *v. t.* to chastise, to punish severely. दण्ड देना, कष्ट देना; **The white scourge** (consumption.) क्षय रोग ।

Scout – स्काउट् – *n*. a man sent out to gather informations about enemy, a kind of small fast going aeroplane. गूढ़चर, भेदिया, जासूस, एक प्रकार का छोटा तेज जानेवाला हवाई जहाज ; *v. t. & i.* to act as a scout, to watch closely, to reject with scorn, to sneer at. जासूसी काम करना, निरीक्षण करना, निन्दा करना, तिरस्कार करना ; **Boy scout** (member of an organization intended to develop manliness and self-reliance.) बालचर, लड़का जो जासूसी काम सीखता हो ; **Scoutmaster** (the officer directing boy scouts.) बालचरों का शिक्षक ।

Scovel – स्कव्' - ऍल् – *n*. a mop for sweeping ovens. तन्दूर साफ़ करने की झाड़ू ।

Scow–स्काउ–*n*. a kind of flat-bottomed boat. एक प्रकार की चौड़ी पेंदी की नाव ।

Scowl–स्काउल्–*v. i. & t.* to frown, to wear a sullen look. मौंह चिढ़ाना, मुँह सिकोड़ना ; *n*. a frowning look. क्रोध पूर्ण आकृति ; **To scowl down** (to overbear.) न सहना ।

Scowling-स्काउल्'-इङ्ग्– *adj*. frowning. भ्रुकुटी चढ़ाये ; **Scowlingly** (-ली) *adv*. frowningly. भौंह चढ़ाये हुए ।

Scrabble–स्क्रैब्'-ब्ल्–*v. i.* to scratch, to grope in the dark. खुरचना,

(खसोटना), अंधेरे में टटोलना।

Scrag - स्क्रैग् - *n.* a lean person, anything thin and lean. दुर्बल मनुष्य, पतली वस्तु ; *v. t.* (*p. t.* Scragged.) to hang, to throttle. फाँसी-पर लटकाना, गर्दन ऐंठना ; **Scraggily** (-गि-ली) *adv.* in a scraggy manner. दुर्बलता से; **Scragginess** (-गि-नैस्) *n.* the state of being scraggy. दुर्बलता, खुरखुरापन ; **Scraggy** (-गी) *adj.* lean and bony, uneven, rough. दुर्बल, रूक्ष, कर्कश ।

Scramble-स्क्रैम्'-ब्ल् - *v. i.* & *t.* to take part in a struggle, to climb, to catch at a thing. युद्ध में भाग लेना, चढ़ना, झपट कर पकड़ना; *n.* a climbing over rough ground, eager struggle for something. ऊँची नीची भूमि पर चढ़ना, किसी पदार्थ को प्राप्त करने के लिये उत्कट प्रयत्न करना ; **Scrambling** (-ब्लिङ्ग्) *n.* a climb. चढ़ान ।

Scran-स्क्रैन् - *n.* eatables. भोजन की सामग्री ।

Scranch-स्क्रैन्श् - *v. t.* to craunch. कुरकुर करके चबाना ।

Scrannel-स्क्रैन्'-नैल् - *adj.* weak or feeble (sound). मन्द (शब्द) ।

Scrap-स्क्रैप्-*n.* a small piece, fragment of something. खण्ड, टुकड़ा, *pl.* useless remains. (ब० व०) वृथा अंश, गूदड़ ; **Scrap of paper** (a small piece of paper.) कागज की चिट ।

Scrap-book-स्क्रैप्'-बुक् - *n.* a blank book for preserving cuttings of newspapers &c. सादी जिल्द जिसमें समाचार पत्रों से फाड़े हुए चित्र, लेख इत्यादि चपकाये रहते हैं ।

Scrape-स्क्रेप्-*v. t.* & *i.* to level the surface of a thing for polishing, to clean by rubbing. रगड़कर चमकाना, खुरचकर पालिश करना ; **To scrape one's boots** (to remove dirt from the sole of shoes.) जूते के तल्ले की मिट्टी हटाना ; **To scrape one's plate** (to leave no food in the dish.) कुल खा जाना, थाली में कुछ न छोड़ना ।

Scrape-penny - स्क्रेप्'-पैन्-नी - *n.* a miser. कंजूस, कृपण ।

Scraper - स्क्रेप् - अर् - *n.* one who scrapes. खुरचनेवाला ।

Scraping-स्क्रेप्'-इङ्ग् - *n.* anything scraped off. खुरचन ।

Scrappily- स्क्रैप्'-पि-ली - *adv.* in a scrappy manner. उच्छिष्टता से ; **Scrappiness** (-नैस्) *n.* the state of being scrappy. टुकड़ापन ।

Scrappy-स्क्रैप्'-पी - *adj.* fragmentary. टुकड़ेदार ।

Scratch-स्क्रैच् (-श्) - *v. t.* & *i.* to score with something pointed, to scrape. खुरचना, नोचना ; *n.* a slight wound, mark of scratching. हलका घाव, खोंच ; **Scratch-cat** (a spiteful child or woman.) ईर्षालु बालक या स्त्री ; **Scratches** (-एज़्) *n. pl.* a disease of horses. एक प्रकार का घोड़ों का रोग ; **Scratchily** (-इ-ली) *adv.* in a scratchy manner. लापरवाही से ; **Scratchiness** (-नैस्) *n.* the state of being scratchy. रूक्षता, खरखराहट; Scratch-

y (- ई) *adj.* done in a careless manner. अव्यवस्था से किया हुआ।

Scrawl - स्क्रॉल् - *v. i.* & *t.* to write clumsily, to scribble, to fill paper with bad writing. अस्पष्ट लिखना, घसीटना, घसीटकर कागज़ भरना ; *n.* hasty bad writing. जल्दी की लिखावट, घसीट ; **Scrawler** (-अर्) *n.* a hasty awkward writer. घसीट लिखने वाला ; **Scrawling** (-इङ्ग्) *n.* inelegant handwriting. अस्पष्ट लेख।

Scray - स्क्रे-*n.* a kind of sea-bird. एक प्रकार की समुद्री चिड़िया।

Screak - स्क्रीक् - *n.* a screech. चीख, चिल्लाहट ; *v. t.* to utter a sharp sound. चीखना, चिल्लाना।

Scream-स्क्रीम्-*v. i.* & *t.* to utter a shrill cry, to whistle, to hoot, to laugh loudly. चिल्लाना, सीटी बजाना, चीखना, ठहाका मारकर हँसना ; *n.* a harsh shrill cry. चिल्लाहट, चिंघाड़।

Screamer -स्क्रीम्'-अर् - *n.* one who screams, a genus of South American birds which make harsh cry. चिल्लानेवाला, एक प्रकार का तीव्र शब्द करनेवाला पक्षी।

Screaming - स्क्रीम्'-इङ्ग् - *n.* shrill cry. चिल्लाहट; **Screamingly** (-इङ्ग् -ली) *adv.* in a screaming manner. चिल्लाते हुए ; **Screaminess** (-इ-नैस्) *n.* the state of screeching. चिल्लाहट ; **Screamy** (-ई) *adj.* कोलाहल सम्बन्धी।

Scree - स्क्री - *n.* a mountain slope covered with small stones. छोटे छोटे पत्थरों से ढकी हुई पहाड़ की ढार।

Screech-स्क्रीच्-*v. i.* & *t.* to utter a shrill cry, to scream. चिल्लाना, चीख मारना ; **Screech owl** (night howling owl.) रात को चीखनेवाला उल्लू।

Screed-स्क्रीड्-*n.* vehement address. तीव्र व्याख्यान, उत्कट भाषा।

Screen - स्क्रीन्-*n.* a partition, curtain, an object of shelter, projection-sheet on which shadow of a magic lantern is thrown, a large sieve. पर्दा, टट्टी, आवरण, पर्दा जिस पर मैजिक लालटेन का अक्स पड़ता हो, बड़ी चलनी; *v. t.* to give shelter to, to hide, to show object on cinema screen. शरण देना, छिपाना, छाया डालकर चित्र दिखलाना।

Screw - स्क्रू - *n.* a piece of metal wire with spiral thread all round it used for fastening pieces of wood or metal, a worn-out horse, a miser. पेंच, थका घोड़ा, कंजूस ; *v. t.* & *i.* to fasten by a screw, to twist. पेंच से बाँधना, ऐंठना, पुष्ट करना ; **Archimedean screw** (an endless or perpetual screw.) ऐसी पेंच जो किसी पहिये को निरन्तर घुमाती है ; **To have a screw loose** (a man whose brain is out of order.) मनुष्य जिसका मस्तिष्क ठीक काम नहीं करता ; **To put the screw on** (to make full exertion.) पूरा प्रयत्न करना।

Screw coupling-स्क्रू'-कप्-लिङ्ग् - *n.* right and left screws for joining pipes &c. पेंचदार जोड़।

Screw-driver-स्क्रू'-ड्राइ-वर्-*n.* a tool similar to a blunt chisel used for tightening or loosening a screw. पेंचकस ।


Screw-driver.


Screw-hook-स्क्रू'-हुक्-*n.* a screwed hook used for hanging things on. कपड़ा टाँगने की हुक ।

Screw-jack-स्क्रू'-जॅक्- *n.* appliance for lifting motor-car &c. मोटर-गाड़ी, रेलगाड़ी इत्यादि को उठाने का यन्त्र ।

Screw-pile - स्क्रू'-पाइल्-*n.* pile with screw end. भूमि में गाड़ने का पेंचदार लट्ठा ।

Screw-plate-स्क्रू'-प्लेट्-*n.* plate with screw cutting dies. पेंच बनाने का बादिया ।

Screw - press-स्क्रू' - प्रेस् - *n.* a simple press used by painters and book-binders, पुस्तक या कागज़ दबाने का चाँप ।


Screw-press.

Screw-propeller-स्क्रू'-प्रो-पॅल्'-लर्-*n.* revolving shaft of an airship or ship. हवाई जहाज़ या पानी के जहाज़ की पङ्खी चलाने की पेंच ।

Scribacious-स्क्रि-बे'-शस्-*adj.* habituated to writing. लिखने का अभ्यस्त

Scribal - स्काइब्'-अॅल्-*adj.* pertaining to a scribe. लेखक सम्बन्धी ।

Scribble - स्क्रिब्'-ब्ल् - *v. t.* & *i.* to write hurriedly or in a careless manner, to scrawl. अस्पष्ट लिखना, घसीटना ; *n.* careless hasty writing. अस्पष्ट लेख, घसीट ; **Scribbler** (-ब्लर्) *n.* one who writes hurriedly. घसीट लिखनेवाला ; **Scribbling** (-ब्लिङ्ग्) *n.* act of one who scribbles. घसीट ; **Scribbling-paper** (rough paper for scribbling on.) घसीट लिखने का रूखा कागज़ ।

Scribe-स्काइब्-*n.* a writer, a clerk. लेखक, लिखनेवाला ; **Scriber** (-अर्) *n.* one who scribes, a kind of engraving instrument. लेखक, खुरुचने का हथियार ।

Scrim - स्क्रिम् - *n.* a lining-cloth. अस्तर देने का कपड़ा ।

Scrimmage - स्क्रिम्'-एज् - *n.* a skirmish, confused struggle, brawl. हाथाबाही, लड़ाई, झगड़ा ।

Scrimp-स्क्रिम्प्-*v. t.* & *i.* to supply meagrely. अपूर्ण देना ।

Scrimpy - स्क्रिम्प्'-ई - *adj.* (*comp.* **Scrimpier**, *sup.* **Scrimpiest**.) incomplete. अपूर्ण ।

Scrimshaw-स्क्रिम्'-शॉ- *v. t.* & *i.* to adorn shells &c. घोंघा, सीप इत्यादि को सजाना ।

Scrinium - स्किन्'-इ-अम्-*n.* a cylindrical box for rolled manuscripts. हस्तलिखित पुस्तकों को रखने का चोंगा

Scrip-स्क्रिप्-*n.* a small bag, a wallet, a certificate of money for a bank. झोली, थैली, बंक के वास्ते पुर्जा, बीजक ।

Script - स्क्रिप्ट - *n.* handwriting, a type resembling handwriting. हाथ की लिखावट, टाइप के अक्षर जो हाथ

के लिखे अक्षर के अनुरूप हों।

Scriptorium – स्क्रिप्-टोर्'-इ-अम् – *n.* (*pl.* Scriptoria.) writing-room. लेखन गृह।

Scriptural–स्क्रिप्'-ट्यू-रॅल्– *adj.* pertaining to scriptures. धर्म पुस्तक सम्बन्धी ; **Scripturalist** (-इस्ट्) *n.* one who is versed in scriptures. श्रौत।

Scripture – स्क्रिप्'-ट्यूर् – *n.* sacred writing, the Bible. धर्म पुस्तक, इञ्जील, बाइबिल।

Scrivener – स्क्रिव्'ऍन्-अर् – *n.* one who makes a draft of documents, a writer, a money-lender. लेखक, महाजन, मोहर्रिर।

Scrobiculate– स्क्रो-बिक्'-यु-लेट् – *adj.* furrowed. दाँतेदार।

Scrofula–स्क्राफ्'-यू-लॉ–*n.* a disease indicated by morbid glandular swellings on the neck tending to consumption. गण्डमाला ; **Scrofulous** (-लस्) *adj.* pertaining to scrofula. गण्डमाला सम्बन्धी ; **Scrofulously** (-लस्-ली) *adv.* in a scrofulous manner. इस रोग की स्थिति में ; **Scrofulousness** (-नॅस्) *n.* the state of being scrofulous. गंडमाला रोग की अवस्था।

Scroll–स्क्रोल्–*n.* a roll of parchment or paper, a schedule or list, an architectural ornament, a tracery or ribbon in a spiral form. लिपटे हुए कागज का मुट्ठा, सूचीपत्र, मकान की सजावट, घूमे हुए फीते की इमारत में नकाशी; *v. t.* & *i.* to curl up like paper. कागज की तरह लपेटना;

Scroll-lathe (-लेद्)*n.* a screw-cutting lathe. घुमौवा काटने का खराद।

Scroop–स्क्रूप्–*n.* a grating noise. घरघराहट का शब्द ; *v. i.* to make a grating sound. ऐसा शब्द करना।

Scrotal–see **Scrotum**.

Scrotum–स्क्रो'-टम्– *n.* (*pl.* **Scrota**.) the bag which contains the testicles. अण्डकोष की थैली ; **Scrotal** (-टॅल) *adj.* pertaining to scrotum. इस थैली का।

Scrounge– स्क्राउन्ज्– *v. i.* & *t.* to appropriate things of others. दूसरे की वस्तु उड़ा लेना ; **Scrounger** (-अर्) *n.* a thief. ठग, चोर।

Scrub–स्क्रब्–*v. t.* & *i.* (*p.l.* **Scrubbed**.) to rub hard for cleaning or brightening. रगड़ना, घिसना; *n.* an apparatus for scrubbing. रगड़ने या चमकाने का सामान ; **Scrubber** (-बर्) *n.* one who or that which scrubs. रगड़नेवाला, कड़ा बुरुश ; **Scrubbing** (-बिङ्ग्) *n.* rubbing. रगड़ान ; **Scrubby** (-बी) *adj.* mean. तुच्छ, निकृष्ट।

Scruff–स्क्रफ्– *n.* the back of the neck. गर्दन का पिछला भाग, टेंटुआ।

Scrumptious–स्क्रम्प्'-शस्– *adj.* delicious, delightful. प्रसन्न, आनन्दी।

Scruple – स्क्रू'-प्ल् – *n.* feeling of doubt, hesitation, a weight of twenty grains. सन्देह (शंका), संशय, बीस ग्रेन की नाप (जो प्रायः एक माशे के लगभग होती है); *v.t.* to doubt, to hesitate. सन्देह करना, शंका करना ; **Scrupulosity** (-लॉस्'-इ-टी) *n.* scrupulousness. शंका, सन्देह ;

Scrupulous (-प्यु-लस)*adj.* doubtful, careful, cautious. शंकायुक्त, सावधान, सचेत ; **Scrupulously** (-लस्-ली) *adv.* सन्देह से ; **Scrupulousness** (-नैस्) *n.* सन्देह, शंका ।

Scrutable–स्क्रू-टी-ब्‌ल्–*adj.* discoverable by critical examination. सूक्ष्म परीक्षा से अन्वेषण करने योग्य ।

Scrutator– स्क्रू-टे'-टॅर्– *n.* a critic. छिद्रान्वेषी, सूक्ष्म विचार करनेवाला ।

Scrutineer – स्क्रू'-टिन्-इअर् – *n.* one who examines the vote papers. वोट के कागज़ों की परीक्षा करनेवाला ।

Scrutinize– स्क्रू'-टिन्–आइज़्– *v. t.* to examine in detail. सूक्ष्म निरीक्षण, (अनुसन्धान) करना, जाँचना; **Scrutinizingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* परीक्षा करते हुए, जाँचते हुए ।

Scrutiny–स्क्रू'-टिन्-ई–*n.* (*pl.* Scrutinies.) critical investigation, examination in detail, minute inquiry. सूक्ष्म परीक्षा, अनुसन्धान, छानबीन ।

Scud–स्कड्–*v. i.* to run with quick easy motion, to run before the wind. वेग से चलना (भागना), हवा के रुख पर चलना ; *n.* vapoury clouds. बाष्पपूर्ण बादल ; **Scuddle** (-ड्ल्) *v.i.* to run with haste. वेग से दौड़ान लगाना ।

Scuffle– स्कफ्'-फ्ल्– *v. i.* to engage in conflict. हाथाबाँही करना, झगड़ना ; *n.* a confused conflict. लड़ाई, हाथाबाँही ।

Scug–स्कग्–*n.* an unmannerly, spiritless person. उत्साहहीन अशिष्ट पुरुष।

Scull–स्कल्–*n. v. t.* & *i.* to propel a boat by one oar only. एक डाँड़ा। (कलवारी) पर नाव चलाना ; **Sculler** (-अर्) *n.* one who sculls. कलवारी चलानेवाला ।

Scullery–स्कल्'-लर्-ई– *n.* (*pl.* Sculleries.) a room for washing kitchen utensils. रसोइयाँघर के वर्तन माँजने की कोठरी ।

Scullion– स्कल्'-यान्– *n.* one who washes kitchen utensils. बर्तन माँजनेवाला ।

Sculp – स्कल्प्– *v. t.* to carve, to engrave. नकाशी करना, खोदना ।

Sculpin– स्कल्'-पिन् – *n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली ।

Sculptor– स्कल्प्'-टॉर्– *n.* one who carves on wood or stone, an engraver. पत्थर या लकड़ी पर नकाशी करनेवाला, संगतराश; **Sculptress**(-ट्रेस्) *n. fem.* a female sculptor. सन्तरासिन

Sculptural, **Sculpturally** – see Sculpture.

Sculpture–स्कल्प्'ट्यूर्–*n.* the art of carving in relief in stone, wood or clay. मूर्ति बनाने की विद्या ; *v.t.* & *i.* to carve, to fashion in relief. मूर्ति बनाना, संगतराशी का काम करना ; **Sculptural** (-ट्यू-रॅल्) *adj.* pertaining to sculpture. प्रतिमा निर्माण सम्बन्धी ; **Sculpturally** (-ऑल्'-लि) *adv.* by so carving. इस कला द्वारा ।

Scum–स्कम्– *n.* impurities which come to the surface of liquids in boiling or fermentation, refuse, dregs. फेन, झाग, मैल; *v. t.* & *i.* (*p.t.* Scummed. to remove scum from. मैल हटाना ।

Scumble–स्कम्'-ब्ल् – *v. t.* to soften a painting by applying a thin coating of an opaque colour over it. चित्र के ऊपर पतला रङ्ग चढ़ाकर इसको हलका करना।

Scuncheon – स्कन्'-शॉन् – *n.* arches across the angles of a tower. मीनार के कोनों पर के मेहराब।

Scummy – स्कम्'-मी – *adj.* full of scum. झागदार; **Scummer** (-मर्) *n.* a skimmer. झाग हटाने की करछी।

Scunner–स्कन्'-नर्–*v. i.* to feel dislike. घृणित होना ; *n.* hatred. घृणा।

Scupper–स्कप्'-पर्–*n.* a hole in the side of a ship to carry off water from deck. जहाज़ के छत पर का पानी बहने की नाली ; *v. t.* to surprise, to massacre, to sink a ship. चकित करना, हत्या करना, जहाज़ डुबाना।

Scurf – स्कर्फ् – *n.* fine membranes or flakes of skin cast off when the underskin develops, any scaly matter. रूसी, चोइयाँ, पपड़ी ; **Scurfiness** (-इ-नैस्) *n.* the state of being scurfy. पपड़ीपन ; **Scurfy** (-ई) *adj.* covered with scurf. रूसीदार, पपड़ीदार।

Scurrile–स्कर्'-रिल्–*adj.* low, mean, indecent, obscene. नीच, दुष्ट, अशिष्ट, अधम।

Scurrility–स्कर्'-रिल्-इट्-ई–*n.* abuse. दुर्वचन, गाली गलौज।

Scurrilous–स्कर्'-रिल्-अस्-*adj.* grossly abusive, indecent, vulgar. अश्लील, नीच, कटुभाषी; **Scurrilously** (-ली) *adv.* in an indecent manner. अश्लीलता से।

Scurry–स्कर्'-री–*v.i.* (*p.t.* Scurried) to scamper. जल्दी जल्दी दौड़ना ; *n.* (*pl.* **Scurries**.) a hurried walk. वेग युक्त गमन।

Scurvied, Scurvily–see **Scurvy.**

Scurvy–स्कर्'-वी – *adj.* & *n.* mean, contemptible, a disease of blood. कुत्सित, नीच, रक्तरोग ; **Scurvily** (-ली) *adv.* meanly. नीचता से; **Scurvied** (-इड्) *adj.* pertaining to scurvy. रक्तरोग का।

Scut–स्कट्–*n.* a short tail of certain animals. कुछ पशुओं की (यथा–खरहा, हरिन इत्यादि) छोटी दुम।

Scutage–स्क्यू'-टेज् – *n.* money paid for personal services. किसी मनुष्य की सेवा करने का पुरस्कार।

Scutal–see **Scutum.**

Scutch–स्कच्–(-श्) – *v. t.* to dress fibres by beating. (सन, पटुआ इत्यादि को) पीटकर रेशा अलगाना ; **Scutcher** (-अर्) *n.* one who scutches. इस प्रकार पीटनेवाला।

Scutcheon–स्कश्'-ऑन्–*n.* cover of a keyhole, name plate. ताले का मुखपान, नाम खोदने या लिखने का धातु का पत्र।

Scutellated–स्कू-टैल्-लेट्'-एंड् ; **Scutellar** (-ऑर्) *adjs.* of the form of small shield. छोटी ढाल के आकार का ; **Scutellation** (-लें'-शॉन्) *n.* construction in the form of a shield. इस आकार की रचना।

Scutellum–स्कू-टैल्'-लम्–*n.* a small shield. छोटी ढाल।

Scuttle – स्कट्'-ट्ल – *n.* a shallow basket, a hatchway, a small

opening with lid in the roof of a house, hurried gait. खचिया, अगीठी, छत पर का ढकनेदार छेद, तीव्रगति ; *v. t.* to pierce holes in the bottom of a ship, to run away. जहाज़ में (डुबाने के लिये) छेद करना, दौड़ लगाना ।

Scutum – स्कू'-टम् – *n.* a shield-like plate in certain animals, the knee-pan. कछुआ, मगर इत्यादि प्राणियों के शरीर की ढाल की आकृति की त्वचा, घुटने की चक्की ; **Scutal** (स्कूट्'-ऑल), **Scutate** (-एट्), **Scutiform** (स्कूट्'-इ-फ़ॉर्म्) *adjs.* of the form of a shield. ढाल की आकृति की ।

Scylla–सिल्ल'-लॉ – *n.* a mythological six-headed monster, एक पौराणिक छ मस्तक का दैत्य ।

Scyphus–साइ'-फ़स–*n.* (*pl.* **Scyphi.**) a kind of handled drinking-cup. एक प्रकार का मूठदार प्याला ।

Scythe – साइद् – *n.* an instrument with curved blade used for mowing and reaping. खेत या घास काटने की हँसिया, खुर्पा ; *v. t.* to cut grass by a scythe. हंसुआ से घास काटना ; **Scythed** (-इ) *adj.* mowed with a scythe. हंसुआ से कटा हुआ ।

Sdeath – सडेथ् – *interj.* expressing surprise or anger. आश्चर्य या क्रोध-सूचक अव्यय ।

Sea–सी – *n.* the large expanse of salt water covering the greater part of earth's surface, the ocean, a large wave of the sea. समुद्र, सागर, समुद्र की बड़ी लहर ; **Sea bear** (polar bear.) ध्रुवी भालू ; **Seaboard** (the seashore.) समुद्र तट ; **Sea-breeze** (breeze blowing towards land.) समुद्री वायु ; **Sea-calf** (seal) सुईस मछली ; **Sea-cow** (walrus.) दरियाई घोड़ा ; **Seafarer** (a traveller by sea, a sailor.) समुद्र यात्रा करनेवाला, मल्लाह; **Seafaring** *adj.* नाविक का व्यवसाय करने वाला ; **Sea-fight** समुद्री युद्ध ; **Sea-green** (faint blue colour.) हलका नीला रंग; **Sea-hog** (porpoise.) सुईस ; **Sea-horse** (hippopotamus.)दरियाई घोड़ा; **Sea-level** (the level or surface of the sea, generally the mean level between high and low water.) समुद्र तल, समुद्र धरातल ; **Seaman** (a sailor.) मल्लाह ; **Seamanship** (the work of a sailor.) मल्लाही काम ; **Sea monster** (horrible strange animal of the sea.) समुद्र का विलक्षण पशु; **Sea-piece** (picture of the sea.) समुद्र का चित्र ; **Seaplane** (an aeroplane constructed to rise from the surface of water.) जल पर दौड़कर उड़ने वाला हवाई जहाज़ ; **Sea-rover** (a pirate.) समुद्री डाकू ; **Seaport** (town with harbour.) बन्दरगाह ; **Seashore** (the land adjacent to the sea, coast.) समुद्र तट; **Sea-sick** (sickness from motion of ship.) जहाज़ पर की वान्ती ; **Sea-wall** (embankment to check sea.) समुद्र को रोकने की दीवार ; **Seaward** (**Seawards**) towards the sea-shore. समुद्र की ओर ; **Seaworthy** (in a fit state to be put to sea.)

समुद्र में चलने योग्य (जहाज); A **heavy sea** (huge wave.) बड़ी लहर; A **rough sea** (turbulent sea.) क्षुब्ध समुद्र; **Beyond the seas** द्वीपान्तर में; **Mistress of the seas** (chief naval power.) प्रधान समुद्री शक्ति; **On the sea** (in a ship.) जहाज पर; **Sea of blood** (great slaughter.) खूनखराबा; **Sea of trouble** (a great many troubles.) आपत्ति सागर; **Sea of worldly existence** भवसागर; **To go to sea** (to become a sailor.) मल्लाह बनना; **To put to sea** (to leave land or port.) समुद्र पर जाना

Seal – सील् – *n.* an aquatic carnivorous mammal, an impression attached to a document, a similar impression made on paper, significant mark. एक प्रकार की समुद्री मछली, विशिष्ट चिह्न, मोहर, मुद्रा; *v.t.* to stamp with seal, to keep shut, to authorize. मोहर या छापा लगाना, बन्द करना, अधिकार देना; **His lips are sealed** (he must not speak.) उसका मुँह बन्द है; **To seal up** (to shut up.) बन्द करना।

Sealed–सील्ड् – *adj.* certified by a seal. मोहर लगी हुई।

Sealer–सील्'-अर्–*n.* a sealing ship. सील मछली का शिकार करनेवाला जहाज; **Sealery** (-ई) *n.* seal-fishing station. सील मछली के टिकने का स्थान।

Sealing-wax–सील्' इङ्ग्-वॅक्स्–*n.* resinous composition for receiving impressions. मोहर करने को रङ्गीन लाह की छड़ी।

Seam–सीम्–*n.* the joining line of two pieces of cloth, a scar, line of separation. सन्धि, सीयन, फाँक: *v.t.* to sew, to unite, to scar. सीना, जोड़ना, चिह्न डालना; **Seam-lace** (lace for sewing.) टाँकने की लैस; **Seamless** (-लैस) *adj.* having no seam. बिना सियन का।

Seamster – सीम्'-स्टर् – *n.* one who sews. सीनेवाला, दर्जी; **Seamstress** (-स्ट्रैस) *n. fem.* needlewoman सीनेवाली, दर्जिन।

Seamy – सीम्'-ई – *adj.* containing seam. सन्धियुक्त, जोड़दार।

Seance – सें' - ऑन्स – *n.* sitting or session of a deliberative body, spiritual meeting. सभा (मण्डली), अध्यात्म विषय की सभा।

Sear–सिअर्–*adj.* dried up, withered. मुर्झाया हुआ, सूखा; *v.t.* to wither, to scorch, to dry up, to make insensible. सुखाना, मुर्झाना, झुलसाना, अचेत करना; **Seared** (-ड्) *adj.* dried up. कड़ा किया हुआ।

Search – सर्च् – *n.* examination, prompt finding, inquiry. परीक्षा, जाँच, खोज; *v. t. & i.* to seek out, to look for, to investigate, to probe, to put to test, to inquire after. अन्वेषण करना, अनुसन्धान करना, खोजना, ढूँढना, पता लगाना, परीक्षा करना; **To search into** (to examine.) परीक्षा करना; **To search out** (to investigate.) जाँच पड़ताल करना; **Searchable** (-ऑ-ब्ल्)*adj.* खोजनेयोग्य

Searcher – सर्च्' - अर् – *n.* one who

makes a search. निरीक्षक, खोजनेवाला

Searching – सर्च्' - इङ्ग् – *adj.* & *n.* penetrating, investigating, examination, close enquiry. सूक्ष्म अन्वेषण का, अनुसन्धान या परीक्षा; **Searchingly** (-ली) *adv.* ढूँढ़ते हुए; **Searchingness** (-नेस्) *n.* अनुसन्धान; **Searchless** (-लेस्) *adj.* inscrutable. बिना अनुसन्धान का ।

Search-light–सर्च्'-लाइट–*n.* an apparatus for projecting strong light over long distance. बिजली की बड़ी तेज रोशनी का लम्प, जिसको घुमाकर दूर की वस्तु स्पष्ट देखी जा सकती है ।

Search-party–सर्च्'-पार्टी – *n.* party which makes investigations. किसी वस्तु या मनुष्य की खोज में जानेवाली मण्डली ।

Search-warrant–सर्च्'-वॉर्-रैन्ट–*n.* a warrant authorizing search of stolen property. घर तलाशी का वारन्ट ।

Season – सीज़्' - ऑन् – *n.* suitable opportunity, time of plenty, period of indefinite length, one of the four divisions of the year. उचित अवसर, समृद्धि काल, समय (काल), ऋतु; *v. t.* to accustom, to mature, to give zest to, to imbue, to flavour. अभ्यस्त करना, परिपक्व करना, स्वादिष्ट करना, तैयार करना; **Auspicious season** (lucky time.) शुभ मुहूर्त ; **In season** (opportunely.) अच्छी अवस्था में ; **In season and out of season** (at all times.) सब काल मे; **Out of season** (in bad time.) अकाल मे; **Season ticket** (a ticket issued at reduced rates, during holidays &c.) रेलवे इत्यादि का कुछ समय के लिये सस्ते दर पर टिकट ।

Seasonable – सीज़्'-आन्-ऑ-बल् – *adj.* opportune. उचित समय पर होनेवाला ।

Seasonableness–सीज़्'–ऑन्–ऑ–बल्–नेस्–*n.* the quality of being seasonable. काल की उचित अवस्था ; **Seasonably** (-ऑब्-ली) *adv.* यथा काल, काल के अनुसार ।

Seasonal–सीज़्'-ऑन्-ऑल् – *adj.* pertaining to season. ऋतु सम्बन्धी ; **Seasonless** (-लेस्) *adj.* without proper time. बिना अवसर का ; **Seasonally** (-ऑल्-लि) *adv.* in season. ऋतु में, यथाकाल ।

Seasoned–सीज़्'-ऑन्ड् – *adj.* accustomed. कालानुसार, समयोचित, ऋतु के अनुसार ।

Seasoner – सीज़्'-ऑन्-अर् – *n.* that which gives relish to food. भोजन सामग्री को स्वादिष्ट करनेवाला ।

Seasoning–सीज़्'-ऑन्-इङ्ग्-*adj.* anything added to increase enjoyment. स्वादिष्ट करण ।

Seat – सीट् – *n.* a thing to seat on, chair, bench &c., occupation of a seat, station, part of a machine which supports another part, site, posture, abiding place. कुर्सी, बेंच (सिंहासन), जगह, किसी यन्त्र का भाग, स्थान, आसन, रहने का स्थान ; *v. t.* to place on a seat, to settle, to establish, to fix. आसन पर बैठाना, स्थापित करना, नियुक्त करना ; **Seated** (-ऍड्) *adj.* placed on a seat. बैठा हुआ ; **Seat of justice**. धर्मासन ।

Sebaceous–सें-बें'-शस् – *adj.* of fat,

made of tallow. चर्बी का, चर्बी का बना हुआ ।

Secant–सी'-कैन्ट्–*adj*. cuttting. काटने वाला ; *n*. the radius of a circle produced to meet a tangent. अर्धव्यास जो बढ़कर दूसरी रेखा में मिलता है, कोटिज्या ।

Secateur – सि-कैं'-टर् – *n*. pair of pruning scissors. कतरनी, छाँटने की कैंची ।

Seccotine – सैंक्'-ओ-टीन् – *n*. a kind of liquid glue. एक प्रकार का सरेस ; *v. t.* to apply this glue to something. यह सरेस लगाना ।

Secede–सें-सीड्' – *v. i.* to withdraw from membership. किसी मण्डली से हटना; **Seceder** (-अर्) *n*. one who secedes. त्यागने (अलग होने) वाला ।

Secern–सें-सर्न्' – *v. t.* to secrete, to separate. रसना, बहना, अलगाना, **Secernent** (-ऍन्ट्) *adj*. secreting. रसने या बहने वाला ।

Secernment–सें-सर्न्'-मैंन्ट्-*n*. a secretory duct. रसने वाला अंग, बहाने वाली औषधि ।

Secession–सें-सैंश्'-ऑन् – *n*. the act of seceding. अपगमन, धर्मत्याग ; **Secessionist** (-इस्ट्) *n*. a seceder. धर्म त्याग करनेवाला ।

Seclude–सें-क्लूड्' – *v. t.* to separate from society, to keep aloof. समूह से अलगाना, पृथक् करना, अलग रखना; **Secluded** (-ऍड्) *adj*. separated from society. निर्जन, एकान्त, अकेला ; **Secludedly** (-ली) *adv*. निर्जनता से; **Secludedness** (-नैंस्) *n*. निर्जनता ।

Seclusion–सें-क्लू'-ज़ॉन् – *n*. privacy, retirement. एकान्तता, निर्जनता ; **Seclusionist** (-इस्ट्) *n*. one who passes a lonely life. अकेला रहनेवाला; **Seclusive** (-क्लू'-सिव्) *adj*. छिपानेवाला

Second–सैंक्'-ऑन्ड् – *adj*. next after first. दूसरा ; *n*. one who follows another, additional, next in place rank or time, the sixtieth part of a minute. पीछा करने वाला, द्वितीय, दूसरा, मिनट का साठवाँ भाग ; *v. t.* to support, to encourage. अनुमोदन करना, सहारा देना ; **Second floor** (the floor above the ground floor.) घर इत्यादि का दूसरा खण्ड ; **Second nature** (acquired tendency, habit.) अभ्यास, आदत ; **Second person** (व्याकरण में) मध्यम पुरुष; **Second to none** (surpassed by none.) अद्वितीय, अपूर्व ; **Second teeth** (teeth of adults.) दूध का दाँत टूटने पर के स्थायी दाँत ।

Secondarily–see **Secondary**.

Secondary – सैंक्'-ऑन्ड् - ऑ-री – *adj*. next in importance, subordinate, supplementary, inferior in rank. दूसरे क्रम का, सहकारी, अप्रधान, असुख्य; *n*. a subordinate. सहायक; **Secondary education** (advanced education.) उच्चकोटि की स्कूली पढ़ाई ; **Secondarily** (-इ-ली) *adv*. अप्रधान रूप में ।

Seconder–सैंक्'-ऑन्ड्-अर्–*n*. one who supports a resolution. सभा में किसी प्रस्ताव का अनुमोदन करनेवाला ।

Second-hand–सैंक्'-ऑन्ड्-हैंन्ड् – *adj*. not new, used by another

hearsay, the hand that marks the seconds on a watch or clock. पुराना, दूसरे का भोगा हुआ, कल्पित, घड़ी की सबसे छोटी सुई; **Second hand evidence** सुनी गवाही; **Secondly** (-ली) *adv.* in the second place. दुबारा; **Second-rate** (-रेट्) *adj.* of inferior quality. मध्यम, सामान्य।

Seconds – सैंक्' - ऑन्ड्स् – *n.* coarse flour. मोटा आटा।

Secrecy–सी'-क्रैं-सी – *n.* (*pl.* **Secrecies.**) ability to conceal, privacy. गुप्तता, एकान्तता (रहस्य)।

Secret–सी'-क्रैट् – *adj.* kept private, concealed, not revealed or exposed to view. गुप्त, छिपा हुआ अप्रकाशित; *n.* something concealed. गोप्य भेद, रहस्य; **In secret** (in private.) एकान्त में; **Open secret** (secret exposed to those concerned.) उनके वास्ते रहस्य जो इनका अन्वेषण नहीं करते; **Secret counsel** (private information.) गुप्त मन्त्र; **Secretly** (-ली) *adv.* in a secret manner. गुप्त रूप से; **Secrets** (-स्) *n. pl.* secret parts of the body. (ब० व०) शरीर के गुप्त अङ्ग।

Secretarial–सैक्'-रें-टैअर्'-इ-ऑल्–*adj.* pertaining to a secretary. मन्त्री सम्बन्धी; **Secretariat** (-इ-ऑट्) *n.* the secretary's department. मंत्री का कार्यालय।

Secretary–सैक्'-रें-टॅ-री–*n.* (*pl.* **Secretaries.**) a person employed by another to help him in correspondance, an official appointed for keeping records and dealing with business. मंत्री (लेखक) किसी कार्य का अधिकारी; **Secretary of State.** राज्य का प्रधान मन्त्री; **Under secretary** (one who assists a secretary.) मन्त्री का सहायक; **Secretaryship** (-शिप्) *n.* मन्त्री का पद।

Secrete–सैं-क्रीट्'–*v. t.* to conceal or hide, to produce by secretion, to separate the circulating fluids of the body. छिपाना, शरीर के रस को अलगाना; **Secretion** (-क्री' - शॉन्) *n.* the act of secreting, that which is secreted. स्राव, शरीर से निकला हुआ मल।

Secretive–सैं-क्री'-टिव् – *adj.* keeping secret, performing secretion. रहस्य रखनेवाला, शरीर के मल को निकालने वाला; **Secretively** (-ली) *adv.* exposing secrets. रहस्य का भेद न करते हुए; **Secretiveness** (-नैस्) *n.* निर्जनता।

Secretor–सैं-क्री'-टॉर्–*n.* that which secretes. स्राव करनेवाला; **Secretory** (-टॉर्-ई) *adj.* pertaining to secretion. स्राव सम्बन्धी।

Sect–सैंक्ट – *n.* a religious party or faction, पथ, मत, सम्प्रदाय; **Sectarial** (-टैअर्'-इ-ऑल्) *adj.* संप्रदाय संबंधी; **Sectarian** (-टैअर्'-इ-ऑन्) *adj.* & *n.* pertaining to a peculiar sect, one of a sect. साम्प्रदायिक, विशेष पन्थ का; **Sectarianism** (-इज़्म्) *n.* sectarian tendency. किसी पन्थ का अनुयायी होना; **Sectarianize** (-आइज़) *v. t.* to affect with sectarianism. किसी पन्थ का अनुयायी बनना; **Sectary** (-ऑ-

रि) *n.* the member of a sect. किसी सम्प्रदाय का अनुयायी ।

Sectile–सैंक्'-टाइल्– *adj.* capable of of being cut. काटने योग्य ।

Section–सैंक्'-शॉन्–*n.* the part cut off from a thing, the part of a structure, subdivision of a book, part of a community. भाग, खण्ड, परिच्छेद, (प्रकरण, काण्ड), किसी सम्प्रदाय का भाग ; *v. t.* to pare off, to cut off. काटना, तराशना; **Section mark** (sign used as reference mark.) प्रकरण का चिह्न, (§) ऐसा चिह्न लगा देना ।

Sectional– सैंक्'-शॉन्-ऑल्– *adj.* pertaining to a section. खण्ड सम्बन्धी ; **Sectionally** (-लि) *adv.* खण्ड में

Sector – सैंक्'-टॉर् – *n.* plane figure bounded by two radii of a circle, a mathematical instrument. वृत्तखण्ड, रेखागणित का एक यन्त्र; **Sectoral** (- ऑल्) *adj.* खण्डवृत्त सम्बन्धी ; **Sectorial** (-इ-ऑल्) *n.* & *adj.* teeth of carnivorous animals. मांसभक्षी पशुओं के दाँत का क्रम ।

Secular–सैंक्'-यू-लॉर्–*adj.* lasting for ages, coming once in a century, worthy. अतन्त, सौ वर्ष में एक बार होने वाला, लौकिक ; *n.* religious touch. धार्मिक सत्व ; **Secularism** (-इज़्म्) *n.* secularity. व्यवहारिक वृत्ति ; **Secularist** (- इस्ट्) *n.* one who disbelieves in traditional theology. प्रपंची मनुष्य ; **Secularity** (-रि-टी) *n.* worldliness. (प्रपंच), व्यवहारिकता ; **Secularize** (-आइज़्) *v. t.* to make secular. लौकिक कार्य में लगाना ; **Secularly** (-ली) *adv.* व्यवहारिक रीति से ; **Secularness** (-नैस्) *n.* लौकिकता ।

Secund–सी'-कन्ड्– *adj.* arranged on one side only. एक ही ओर लगाया हुआ ; **Secundly** (-ली) *adv.* in a secund manner. इस क्रम से ; **Secundus** (-अस्) *adj.* second of the same name. एक ही नाम का दूसरा ।

Securable–सैं-क्यूर्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* able to be secured. दृढ़ करने योग्य ।

Secure–सैं-क्यूर्'–*adj.* (*comp.* **Securer**, *sup.* **Securest**.) untroubled by care or anxiety, free from apprehension, reliable, firmly fastened, safe against. निश्चित, निर्भय, निःशंक, निर्विघ्न, सुरक्षित ; *v. t.* to make safe against loss, to free from danger, to guarantee, to obtain, to make fast. रक्षा करना, भय निवृत्त करना, बीमा करना, प्राप्त करना, कसकर बाँधना ; **Securely** (-ली) *adv.* सुरक्षित रूप से ; **Secureness** (-नैस्) *n.* सुरक्षिता ; **Securer** (-अर्) *n.* रक्षा करनेवाला ।

Securiform– सै-क्यू'-रि-फ़ॉर्म्– *adj.* of the shape of an axe. कुठार के आकार का ।

Securite–सैक्'-यू-राइट्–*n.* an explosive used in mines. खान में उपयोग करने की एक प्रकार की बारूद ।

Security–सैं-क्यू'-रि-टी–*n.* (*pl.* **Securities**) a thing that guards, freedom from danger, safety, confidence, pledge for the fulfilment of an undertaking. रक्षा, निर्भयता, बचाव, आश्रय, प्रतिभू, जामिन ।

Sedan–सैं-डॅन्'–*n.* a portable chair used as carriage for conveying

one person. डोली, पालकी, तामजान।

Sedate–सें-डेट्'–*adj*. tranquil, calm, sober. गम्भीर, शान्त, अचंचल; **Sedately** (-ली) *adv*. in a sedate manner. शान्ति से ; **Sedateness** (-नैस्) *n*. tranquillity. निर्भयत्व, शान्ति।

Sedative–सैंड्'-ऑ-टिव्– *n*. & *adj*. a soothing medicine, soothing. शान्ति देनेवाली औषधि, शान्तिकर।

Sedentarily, Sedentariness– see **Sedentary**.

Sedentary–सैंड्'-ऍन्-टॅ-री– *adj*. sitting, accustomed to much sitting. गतिहीन अधिक बैठनेवाला; **Sedentarily** (-ली) *adv*. in a sedentary manner. बिना उद्योग के ; **Sedentariness** (-नेस) *n*. the state of being sedentary. गतिहीनता, निरुद्योगिता।

Sedge–सैज्–*n*. a kind of marshy plant, a kind of bird. दलदल का एक पौधा, एक प्रकार का पक्षी ; **Sedgy** (-ई) *adj*. marshy. दलदली।

Sediment– सैंड्'-इ-मेंन्ट – *n*. matter which settles at the bottom of a liquid, dregs. मल, कीट, तलछट ; **Sedimentary** (-ऑ-रि) *adj*. pertaining to sediment. तलछट सम्बन्धी।

Sedition–सें-डिश्'-आन्–*n*. the raising of agitation in a state, conduct or speech tending to breach of public peace. राजद्रोह, संक्षोभ, विद्रोह; **Seditionary** (-ऑ-री) *n*. विद्रोह करने के लिये उसकाने वाला मनुष्य; **Seditious** (-अस्) *adj*. pertaining to sedition. राष्ट्रद्रोही, विप्लवकारी; **Seditiously** (-ली) *adv*. in a seditious manner. संक्षोभ से, विप्लव से; **Sediousness** (-नेस) *n*. the quality of being seditious. प्रजाक्षोभ, राजविप्लव।

Seduce–सें-ड्यूस्'–*v. t*. to lead astray, to allure, to lead into crime, to persuade a woman for breach of chastity, to deceive. बहकाना, छलना, पाप करने को प्रवृत्त करना, सतीत्व भ्रष्ट करना ; **Seducement** (-मेंन्ट) *n*. the act of seducing. वंचना, सतीत्व नाश ; **Seducer** (-अर्) *n*. one who seduces. मोहक, दूषित करनेवाला ; **Seducible** (-इयू'-सि-बल्) *adj*. able to be seduced. छलने योग्य; **Seducingly** (-इङ्ग्-ली) *adv*. in a seducing manner. दूषित करते हुए

Seduction–सें-डक्'-शान्– *n*. the act of seducing, tempting to an evil action. प्रलोभन, वंचना, फुसलाना।

Seductive– सें-डक्ट्'-इव्– *adj*. tending to lead astray. फुसलानेवाला ; **Seductively** (-ली) *adv*. in a seductive manner. फुसलाते हुए ; **Seductiveness** (-नैस) *n*. the quality of being seductive. प्रलोभन।

Sedulity– सें-ड्यू'-लि-टी – *n*. quality of being sedulous. परिश्रम, प्रयत्न।

Sedulous–सैंड्'-यु-लस्–*adj*. diligent laborious, persevering. उद्योगी, परिश्रमी, कार्य में व्यापृत ; **Sedulously** (-ली) *adv*. laboriously. परिश्रम से ; **Sedulousness** (-नेस) *n*. the state of being diligent. कार्य व्यापृता, परिश्रम

See–सी– *v. i*. & *t*. (*p. t*. **Saw**, *p.p*. **Seen**.) to discern object with eyes, to descry, to discover, to consider, to visit, to examine. देखना, निरीक्षण करना, अन्वेषण करना,

विचारना, भेंट करना ; परीक्षा करना ; *n.* jurisdiction of a bishop. धर्माध्यक्ष का अधिकार ; **I see** (I think.) मैं समझता हूँ ; **To see after** (to take care of.) सम्भालना ; **To see good** (to consider right.) भला विचारना ; **To see into** (to reflect.) विचार करना ; **To see life** (to experience.) अनुभव प्राप्त करना; **To see off** (to outdo.) हराना; **To see one's way to** (to manage.) प्रबन्ध करना; **To see the back** (to abandon.) त्याग देना ; **To see the light** (to be born.) उत्पन्न होना ; **To see visions**. ऋषि बनना; **To see with one's eyes**. प्रत्यक्ष करना ।

Seed–सीड्–*n.* germ, unit of reproduction, offspring, semen, prime cause, beginning, first principle. बीज, मूल, वंश, शुक्र, आदि करण (या सिद्धान्त) आरम्भ; *v. i.* & *t.* to sprinkle with seed. बीज बोना ; **Seedbed** *n.* बीज बोने के लिये तैयार की हुई भूमि; **Seed bud** *n.* फल का अंकुर; **Seeded** (-ऍड्) *adj.* बीज छितराया हुआ ; **Seedcorn** बोने के लिये अन्न ।

Seeder – सीड्'-अर् – *n.* a seed-drill. बीज बोने का यन्त्र ; **Seedily** (-इ-ली) *adv.* shabbily. बीज पूर्णता से ; **Seediness** (-इ-नॅस्) *n.* बीज पूर्णता; **Seed-leaf** बोये हुए अन्नकी पहिली पत्ती; **Seedless** (-लॅस्) *adj.* निर्बीज, बिना बीवे का; **Seedling** (-लिङ्ग्) *n.* the plant raised from seed, a young plant. बीज से उत्पन्न किया हुआ पौधा, छोटा कोमल पौधा ; **Seedsman** सीड्ज़्'-मॅन् *n.* बीज विक्रेता ; **Seed-pearl** (small pearl.) छोटा मोती ; **Seed-plot** (nursery ground.) बेहन डालने की भूमि ; **Seed time** (sowing season.) बोने का समय ; **Seed vessel** (pericarp.) बीजकोष ; **Seed-wool** (raw cotton.) बिनौला, कपास की बोडी ; **Seedy** (-ई) *adj.* full of seeds. बीज-पूर्ण, बिया भरा हुआ ।

Seek–सीक्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Sought**. सॉट्) to make an inquiry for, to endeavour to do, to hunt, to ask for, to pursue, to aim at. खोजना, प्रयत्न करना, अनुसरण करना,प्रार्थना करना, इच्छा करना; **To seek out** (to single out.) अलगाना; **To seek through** (to make inquiry.) खोज निकालना ।

Seeker – सीक्'-अर् – *n.* one who investigates. खोजनेवाला ।

Seel–सील्–*v. t.* to shut or close the eyes, to hoodwink. आँख बंद करना, कनखी से सैन मारना ।

Seem – सीम् – *v. t.* to have the appearance of, to appear to be true. मालूम होना, जान पड़ना ; **It seems to me** (it appears to me.) मैं समझता हूँ ; **Seemer** (-अर्) *n.* आकृतिवान् ।

Seeming – सीम्'-इङ्ग् – *adj.* having the appearance of.दिखावटी; **Seemingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in appearance. कृत्रिमरूप से, दिखाव में ; **Seemingness** (-नॅस्) *n.* सुन्दर आकृति ।

Seemliness–see **Seemly**.

Seemly – सीम्'-ली–*adj.* decent, be-

coming. विनीत, उचित, उपपन्न; **Seemliness** (-नेस्) *n.* comeliness, propriety. विनीत भाव, शिष्टता।

Seen–सीन्–*p. p.* of **See.**

Seer–सियर् – *n.* a person who sees visions, a prophet. भविष्यदर्शी, सिद्ध पुरुष।

See-saw–सी'-सॉ-*n.* a game in which two boys at each end of a board fixed on a pivot alternately move up and down. लड़कों का झूला, ढेकुल; *v. i.* to move with a reciprocating motion. ऊपर नीचे होना, ढेंकुल पर खेलना; *adv.* up and down. ऊपर नीचे।



See saw.

Seethe–सीद्–*v.t.&i.* (*p. p.* **Seethed** or **Sodden.**) to cook by boiling, to be agitated. क्वाथ बनाना, (उबालना), उत्तेजित होना।

Segment – सेग्'-मेन्ट्–*n.* a part cut off from something, a part cut off from a figure by a line. भाग (खण्ड), वृत्तखण्ड; **Segmental** (-ऑल्) *adj.* वृत्तखण्ड सम्बन्धी; **Segmentally** (- ऑल् - लि) *adv.* in the form of a segment. वृत्तखण्ड में; **Segmentary** (-ऑ-रि) *adj.* segmental. वृत्तखण्ड का; **Segmentation** (-ए'-शॉन्) *n.* खण्डकरण।

Segregate – सेग्'-रे'-गेट्–*v. t.* & *i.* to isolate, to separate from others. पृथक् करना, अलगाना; *adj.* separate. पृथक्, अलग; **Segregation** (-गे'-शॉन्) *n.* separation. वियोग, अलगाव; **Segregative** (-इव्) *adj.* अलग करनेवाला।

Seidlitz powder – सेड्' - लिट्ज्-पाउडर् – *n.* an effervescing laxative powder. एक रेचक औषधि।

Seignior, Seigneur – सेन्'-यर्–*n.* a lord, a title of respect. स्वामी, महाशय; **Seigniorial** (-यूर्'-ए-ऑल्) *adj.* pertaining to seignior. प्रभु या स्वामी का; **Seigniorage** (-एज्) *n.* royal prerogative. प्रभुत्व, बड़ा अधिकार; **Seigniory** (-री) *n.* lordship. प्रभुत्व।

Seine – सेन् – *n.* a kind of fishing-net. एक प्रकार की मछली पकड़ने की जाल; *v. t.* & *i.* to fish with a seine. ऐसी जाल से मछली पकड़ना।

Seismic, Seismal – साइज़्' - मिक् – (-मॉल्) *adjs.* of earthquake. भूकम्प सम्बन्धी।

Seismo – साइज्'-मो – *pref.* in sense of "earthquake." भूकम्प अर्थ का उपसर्ग; **Seismograph** (-ग्रॉफ्) *n.* an apparatus for registering earthquake. भूकम्प सूचक यन्त्र; **Seismology** (-मॉल्'-ऑ-जी) *n.* the science of earthquakes. भूकम्प विषयक शास्त्र; **Seismometer** (-मॉम्'-ए-टर्) *n.* an instrument for measuring the intensity of earthquake. भूकम्प के धक्के को अङ्कित करने का यन्त्र।

Seizable – सीज़्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* able to be seized. पकड़ने योग्य, ज़प्त करने योग्य।

Seize–सीज़ – *v. t.* & *i.* to take possession of by force, to catch, to confiscate, to attach. पकड़ना,

धरना, छीन लेना, जप्त करना ; **Seizer** (-अर्) *n.* पकड़नेवाला; **Seizing** (-इङ्ग्) *n.* catching. पकड़, अधिकार ; **Seizor** (सी' - ज़ॉर्) *n.* one who takes possession. हरण करनेवाला ।

Seizin, Seisin – सीज़्'-इन् – *n.* legal possession of a land. जमींदारी पर अधिकार करना ।

Seizure – सीज़्' - यूर् – *n.* the act of seizing, sudden attack. पकड़, आक्रमण, धावा ।

Sejugous–सी'-जु-गस् – *adj.* with six pairs of leaves. छ जोड़ा पत्तियोंवाला ।

Sejunction-सें-जङ्क्'-शॉन् – *n.* separation. वियोग, अलगाव ।

Selah – सी'-लॉ – *n.* a pause in the recitation of Psalms. बाइबिल के भजन गाने में विश्राम ।

Seldom–सैल्'-डाम्–*adv.* rarely, not often. कदाचित् , विरलेही ।

Select–सें लेंक्ट्' – *v. t.* to choose as the best. बराना (छाँटना), चुनना ; *adj.* preferable. उत्कृष्ट, चुना हुआ ; **Selected** (-एड्) *adj.* chosen. उद्धृत; **Selectedly** (-ली) *adv.* चुनते हुए ; **Selection** (-लेंक्'-शॉन्) *n.* the act of selecting. सङ्कलन, चुनाव; **Selective** (-इव्) *adj.* चुनने योग्य ; **Selectively** (-ली)*adv.* चुनते हुए ; **Selector** (-अर्) *n.* चुननेवाला ।

Selenite–सैल्'-ऍ-नाइट – *n.* sulphate of lime in crystal form. चन्द्रकान्त ।

Selenium–सें-ली'-नि-अम् – *n.* a non-metallic element similar to sulphur. गन्धक के प्रकार का एक द्रव्य ।

Seleno–सी'-लें-नो–*pref.* in sense of 'moon.' चन्द्रमा अर्थ का उपसर्ग ; **Selenography** (सैल्-ऍ-नॉग्'-रॉ-फी) *n.* description of the moon. चन्द्रमा के वर्णन की विद्या ; **Selenographer** (-ग्रॉफ्'-अर्)*n.* one who photograph the moon. चन्द्रमा का चित्र खींचने वाला; **Selenotropic** (सैं-लीन्'-ओ-ट्रॉप्'-इक) *adj.* turning towards the moon. चन्द्रमा की ओर झुका हुआ ।

Self–सैल्फ्–*n.* (*pl.* **Selves**.) a person's identity or individuality, one's own interest, essence, sameness. आत्मा, सत्व, स्वकीय, आप, एकता ; *adj.* same, own. अपना, निजी, वही; **Self-abandonment** (-ऑं-बैन्'-डॉन्-मेंन्ट) *n.* आत्म परित्याग ; **Self-absorbed** (-ऑब्-सॉर्ब्ड्) *adj.* ध्यान मे लीन ; **Self-abuse** (-ऑं-ब्यूस्) *n.* स्वयं अपनी शक्ति का नाश करना ; **Self-applause** (-ऑप्-प्लॉज़्) *n.* आत्म प्रशंसा ; **Self-assertion** (-ऑस-सर्'-शॉन्) *n.* अपने आधिकार के विषय मे श्लाघा ; **Self-abasement** अपना अपमान ; **Self-accomplished** (acquired by oneself.) आत्म उपार्जित ; **Self-command** (self-control) आत्मसंयम; **Self-complacent** (-कॉम्-प्लें'-सेन्ट) *adj.* आत्म सन्तोष ; **Self-consciousness** (-कॉन्'-शस्-नेंस) *adj.* आत्मज्ञान; **Self-contained** (-कॉन्-टेन्ड) *adj.* परिपूर्ण; **Self-conceit** (pride, arrogance.) स्वाभिमान,अहङ्कार ; **Self-control** आत्म शासन; **Self-admiration** (praise of one's self.) आत्मश्लाघा ; **Self-defence** (-डि-फ़ेंन्स्)*n.* आत्मरक्षा; **Self-help** (-हैल्प्) *n.* बिना किसी की सहायता के उद्यम ; **Self-evident** (evident without proof.) स्वतः

सिद्ध ; **Self-existent** (existing by itself.) स्वयंभू ; **Self-government** स्वराज्य; **Self-improvement** आत्मोन्नति; **Self-interest** स्वार्थ ।

Selfish–सैल्फ़्'-इश्–*adj*. devoted to personal profit, appealing to self-interest. स्वार्थपर, स्वार्थी ; **Selfishly** (-ली) *adv*. स्वार्थ से; **Selfishness** (-नैस) *n*. स्वार्थपरता, अपने लाभ की इच्छा ।

Selfless–सैल्फ़्'-लैस–*adj*. not selfish. बिना स्वार्थ का ; **Selflessness** (-नैस) *n*. स्वार्थहीनता ।

Self-love–सैल्फ़्'-लव् – *n*. regard for one's well-being. ममता, अहङ्कार ।

Self-made–सैल्फ़्'-मेड्–*adj*. risen to eminence by one's own exertions. अपने परिश्रम से उन्नति प्राप्त ।

Self-possessed–सैल्फ़्'-पॉज़्–ज़ैस्ड्–*adj*. composed in mind. स्वस्थ चित्त ।

Self-same–सैल्फ़्'-सेम्–*adj*. the very same. वही ।

Self-will–सैल्फ़्'-विल–*n*.obstinacy.हठ

Sell–सैल–*v. t.* & *i*. (*p. t.* & *p. p.* Sold.) to transfer to another in exchange for money, to part with for a price, to deliver for the sake of some reward. बेंचना, बिक्री करना, बिकना, धन के लोभ से देना ; **To sell off** (to dispose off every thing.) सब सामान बेंच डालना ।

Seller–सैल'-लर् – *n*. one who sells. बेंचने वाला; **Selling** (-इङ्ग) *n*. बिक्री ।

Seltzer (-water)–सैल्ट्'-जर् (वॉ-टर्)-*n*. a mineral water of Germany, soda water. जर्मनी का रसायनिक जल, सोडा वाटर ।

Selvage, Selvedge–सैल'-वेज–*n*. the edge of a cloth. गोट, संजाफ ; **Selvaged** (-ड) *adj*. having selvage. गोटदार ।

Selves–सैल्व्ज़–*pl*. of Self.

Semaphore-सैम्'-अी-फ़ोर्-*n*. a signalling apparatus. संकेत द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र; *v.i*. to send messages by this apparatus. इस प्रकार के यन्त्र द्वारा समाचार भेजना ; **Semaphoric** (-फ़ॉर्'-रिक) *adj*. इस यन्त्र सम्बन्धी ; **Semaphorically** (-अील-लि) *adv*. इस यंत्र की विधि से ।

Semasiology – सैम्-अी-सि–अॉल'-अॉ-जी – *n*. a branch of philology which treats of the meanings of words. भाषा विज्ञानशास्त्र का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ का वर्णन रहता है ।

Sematic–सैं-मैट'-इक–*adj*. of colour which serves protection from enemy. शत्रु से रक्षा करनेवाले रंग का ।

Semblance–सैम्'-ब्लॉन्स–*n*. likeness, appearance. सादृश्य, आकार (स्वरूप) ।

Semblant – सैम्'-ब्लॉन्ट – *adj*. only seeming. केवल आकार मात्र का ।

Semen–सी'-मैन्–*n*. male generative fluid of animals. शुक्र, वीर्य;**Seminal** (-सैम'-इ-नील) *adj*. वीर्य सम्बन्धी ।

Semester–सैं-मैस'-टर्–*n*. a half-year course in some European universities. यूरोप के कई विश्वविद्यालयों में छ महीने का अध्ययन क्रम ।

Semi – सैम् - ई – *pref*. in sense of "half." उपसर्ग जिसका अर्थ "आधा" होता है; **Semi annual** (-अॅन्'-यु-अॉल) *adj*. recurring twice a year. अर्धवार्षिक, छमाही ; **Semicircle** (-सर्कल) *n*. half of a circle. अर्धवृत्त ; **Semico-**

lon (-को-लॉन्) *n.* the mark (;) used in punctuation. अर्ध विराम का (;) चिह्न ; **Semi-detached** (-डी-टैच्ड्) *adj.* detached on one side. एक ओर अलगाया हुआ; **Semi-diurnal** (-डि-अर्न्'-ऑल्) *adj.* lasting half a day. आधे दिन का ; **Semi-dome** (-डोम्) *n.* half of a dome. आधा गुम्बज ; **Semi-final** (-फ़ाइ - नॉल्) *adj.* before completion. अन्त के पहिले का ; **Semi-form** (-फ़ॉर्म्) *n.* half the appearance. अर्ध आकृति ; **Semi-lunar** (-ल्यू' - नॉर्) *adj.* of the shape of half-moon. अर्ध चन्द्राकार ; **Semi vowels** (letters which are half vowels.) अन्तस्थ-वर्ण; **Semi-weekly** (-वीक्-ली) *adj.* अर्ध सप्ताहिक।

Seminal–सॅम्'-इ-नॉल् – *adj.* pertaining to seed, propagative, rudimentary. शुक्र सम्बन्धी, बीज सम्बन्धी, प्राथमिक ; **Seminally** (-ली) *adv.* primarily. आदि अवस्था में।

Seminary–सॅम्'-इन्-ऑर्-ई – *n.* (*pl.* **Seminaries**.) a place of education, academy. शिक्षालय, पाठशाला ।

Seminate–सॅम्'-इन्-एट्– *v. t.* to propagate, to sow. बढ़ाना, बीज बोना ; **Semination** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of sowing. बीज बोने की क्रिया ।

Seminiferous – सॅम्-इन्-इफ्'-ऍ-रस – *adj.* seed-growing. बीज उत्पन्न करनेवाला ।

Semiology, Semiotics-सॅ'-मि-ऑल्'-ऑ-जी (-ऑ-टिक्स्) *ns.* the branch of medical science which deals with the symptoms of diseases. चिकित्सा शास्त्र का निदान खण्ड ।

Semolina–सॅम्'-ओ-ली'-नॉ – *n.* hard grains used in puddings, soups &c. दलिया, सूजी ।

Sempervirent–सॅम्'-पर्-वि'-रॅन्ट–*adj.* evergreen, always fresh. सर्वदा हरा रहनेवाला, सदा बहार ।

Sempiternal–सॅम्'-पि-टर्'-नॉल – *adj.* everlasting, eternal. अनन्त (नित्य), सर्वदा रहनेवाला ।

Sempster–सॅम्'-स्टर्-*n.* (*fem.* **Sempstress** -र्-सॅ) one who sews. सीनेवाला, दर्ज़ी ।

Sen–सॅन्–*n.* a Japanese copper coin. जापान का तांबे का सिक्का ।

Senary – सॅन्'-ऑ - री – *adj.* on the basis of six, containing six. छ के क्रम का, जिसमें छ हो ।

Senate–सॅन्'-एट्– *n.* a state-council, the governing body of university, a legislative body. मंत्री-सभा, विश्वविद्यालय की प्रबन्धकारिणी समिति, प्रबन्धकर्ता लोग ।

Senator–सॅन्'-ऑ'-टॉर्–*n.* the member of a senate. सेनेट का सभासद ; **Senatorial** (-टोर्'-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to senate. शिष्ट समाज संबंधी; **Senatorially** (-ऑल्-लि) *adv.* in a senatorial manner. शिष्ट समाज सम्बन्ध में ; **Senatorship** (-शिप्) *n.* the dignity of a senator. सभासद का पद ।

Send–सॅन्ड–*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Sent**.) to cause to go, to dispatch. भेजना, पठवाना ; **To send away** (to dispatch.) प्रस्थान करना, रवाना होना ; **To send bullet** (to shoot.) गोली

चलाना ; **To send for** (to cause to come.) बुलवाना; **To send forth** (to dispatch.) भेजना ; **To send word** (to dispatch message.) सन्देश भेजना ।

Sender–सैन्ड्'-अर्-*n.* one who sends. भेजनेवाला ।

Send-off–सैन्ड्'-ऑफ़ – *n.* a start on a journey. बिदाई ।

Shield-शील्ड्–*n.* an armour of defence, a protective part, one who protects, protection. ढाल, रक्षा करनेवाला भाग, आश्रय, शरण (आड़); *v. t.* to protect, रक्षा करना, बचाना; **The other side of the shield** (less obvious aspect of a question.) प्रस्तुत विषय का अनावश्यक अंश ।

Shieldless–शील्ड्'-लॅस्-*adj*. destitute of protection. निराश्रय ।

Shier, **Shiest** – शाइ'-अर् (-ऍस्ट्)– *comp.* & *sup.* of **Shy**.

Shift–शिफ़्ट – *v. t.* & *i.* to change from one position to another, to transfer, to substitute, to change form, to manage, to contrive, to put off. (अवस्था या) स्थान बदलना, दूसरे स्थान को जाना, बदलना, आकार बदलना, प्रयत्न करना, प्रबन्ध करना ; *n.* change, recourse, rotation. टालना, परिवर्तन, साधन, चक्र ; **To shift about** (to change position.) एक जगह से दूसरी जगह जाना ; **To shift one's ground** (to take up a new position.) नई स्थिति धारण करना ; **Shiftily** (-इ-ली) *adv.* कपट छल से ।

Shiftiness – शिफ़्ट्'-इ-नॅस्–*n.* state of being shifty. उपायहीनता ।

Shiftless–शिफ़्ट्'-लॅस्-*adj*. devoid of means. साधनहीन, निरुपाय ; **Shiftlessly** (-ली) *adv.* in a shiftless manner. बिना साधन के ; **Shiftlessness** (-नॅस्) *n.* साधन हीनता ।

Shifty–शिफ़्ट्'-ई–*adj*. tricky. कपटी ।

Shilling – शिल्'-लिङ्ग्–*n.* a British silver coin worth twelve pence. इङ्लॅन्ड् का बारह पॅंस का चाँदी का सिक्का, शिलिङ्ग ।

Shilly-shally – शिल्'-ली-शॅल्'-ली–*n.* inability to fix in the mind, vacillation. चित्त की अस्थिरता, डवाँडोल होना, (आगापीछा); *v. i.* to act in an irresolute manner. आगा पीछा करना, डाँवाडोल होना ।

Shim – शिम् – *n.* a thin wedge of wood or metal used in machinery. लकड़ी या लोहे की फन्नी जो मशीनों में प्रयोग होती है ।

Shimmer – शिम्'-मर्–*v. i.* to shine with quivering light. जगमगाना ; *n.* a faint gleam. जगमगाहट ।

Shin – शिन् – *n.* the fore-part of the leg below the knee. पेण्डुरी, अग्रजङ्घा ; *v. i.* (*p. t.* **Shinned**.) to climb a tree. वृक्ष पर चढ़ना ; **Shin-guard** (guard for the protection of shin.) पेण्डुरी को आघात से बचाने का आवरण ।

Shindy–शिन्'-डी–*n.* noise, uproar, disturbance. उपद्रव, शोरगुल, बलवा ।

Shine–शाइन्–*v.i.* & *t.* (*p.t.* Shone. शॉन्) to emit light, to reflect rays of light, to gleam, to be brilliant, to excel in something. प्रज्वलित होना, चमकना, प्रकाशित करना, जगमगाना, महत्व प्राप्त करना; *n.* light, brightness, lustre. प्रकाश, प्रभा, चमक; **Shiner** (-अर्) *n.* चमकता हुआ (नया) सिक्का ।

Shingle – शिङ्ग्'-गल्–*n.* a thin slip of wood, a round pebble lying on sea shore. लकड़ी का पतला तख्ता, समुद्र के किनारे पर पड़ा हुआ चिकना पत्थर या कङ्कड़ ; *v. t.* to cover with shingle, to cut the hair of the head very close. तख्ते जमाकर छत बनाना, सिर के बाल महीन काटना ; **Shingles** (-स्) *n. pl.* a kind of skin disease. एक प्रकार का चर्म रोग, दाद ।

Shining–शाइन्'-इङ्ग्-*adj.* gleaming, brilliant. देदीप्यमान, कान्तियुक्त ।

Shinto – शिन्'-टो – *n.* a religion of Japan. जापान देश का एक मत; **Shintoist** (- इस्ट) *n.* a follower of Shintoism. इस धर्म का अनुयायी ।

Shiny–शाइन्'-ई-*adj.* (*com.* **Shinier**, *sup.* **Shiniest**) bright, luminous. चमकीला, देदीप्यमान ।

Ship – शिप् – *n.* a large vessel of three to five masts, any sea-going big vessel (regarded as *fem.*) पोत, जहाज ; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Shipped.**) to embark, to put on board a ship. जहाज पर सवार होना, जहाज पर धरना; **Battle ship** (ship used in battle.) जङ्गी जहाज; **Ship of the desert** (camel.) ऊँट ; **To take ship** (to embark) जहाज पर सवार होना ।

Ship-breaker – शिप्'-ब्रेक्-अर्–*n.* one who dismantles old ships. पुराने जहाजों को तोड़कर टुकड़े करनेवाला ।

Ship-broker–शिप्'-ब्रोक्-अर्–*n.* marine insurance agent. पुराने जहाज का बीमा करानेवाला दलाल ।

Shipless – शिप्'-लॅस्–*adj.* without a ship. बिना जहाज का ।

Ship-load–शिप्'- लोड्–*n.* something forming cargo of a ship. जहाज पर लेजाने का माल ।

Ship-mate – शिप्'-मेट्–*n.* a person sailing at the same time with another. जहाज पर का साथी; **Shipment** (- मॅन्ट्) *n.* embarkation. जहाजपर माल लादना ।

Shipper–शिप्'-पर्–*n.* one who sends goods by ships. जहाज का व्यापारी ।

Shipping – शिप्'-पिङ्ग्–*n.* ships collectively. जहाजों का समूह ।

Shipshape–शिप्'-शेप्–*adj.* in a nice manner. अच्छी रीति का ।

Shipwreck–शिप्'-रॅक्-*n.* destruction of a ship. जहाज का टूट कर नष्ट होना ।

Shipwright – शिप्'-राइट् – *n.* workman employed in building a ship. जहाज बनानेवाला ।

Ship-yard – शिप्'-याड्र्ड् – *n.* yard in which ships are built. जहाज के मरम्मत करने का स्थान ।

-ship–शिप्– *suf.* forming abstract nouns. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय, यथा-**Airship**, **Friendship**, इत्यादि

-shire–शायर्–*suf.* = county. देश का भाग, ज़िला, यथा–**Devonshire**, So-

mersetshire. इत्यादि ।

Shirk-शिर्क्-*v.t.* to avoid, to shrink, to get out of. त्यागना, हटना, बचना, खसकना ; *n.* one who lives by tricks. ठगी की जीविका वाला ; **Shirker** (-अर्)*n.* one who evades duty. कामसे हटनेवाला ।

Shir,Shirr-शिर्-*n.* elastic thread woven in fabrics. कपड़े में बिना हुआ रबड़ का सूत; **Shirring** (-रिङ्ग्)*n.*elastic construction. इस प्रकार की बनावट

Shirt - शर्ट् - *n.* man's undergarment. कमीज़, कुर्ता ; **Shirted** (-ऍड्) *adj.* wearing shirts. कमीज़ पहिरे हुए; **Shirting** (-इङ्ग्) *n.* material for making shirts. कमीज़ बनाने का कपड़ा ; **Shirtless** (-लॅस्) *adj.* without a shirt. बिना कमीज़ का ।

Shit-शिट्-*v. i.* to evacuate bowels. मल त्यागना ; *n.* abusive word. गाली का शब्द ।

Shiver-शिव्'-अर्-*v. i.* & *t.* to tremble, to shake, to break in small fragments, to shatter. काँपना, हिलाना, टुकड़े टुकड़े करना, छितराना ; *n.* fragment, part. खंड, टुकड़ा ; **Shivering** (-इङ्ग्) *adj.* trembling. काँपता हुआ ; **Shiveringly** (-ली) *adv.* in a shivering manner. काँपते हुए ।

Shoal-शोल् - *n.* shallow water, a sandbank, multitude, crowd, school of fishes. छिछला जल, बलुआ किनारा, झुण्ड, भीड़ भाड़, मछलियों का समुदाय ; *v. i.* to get shallower. रेती पड़ना, छिछला होना ; **Shoaliness** (-ईनॅस्) *n.* shallowness. छिछलापन ; **Shoaly** (-ई) *adj.* shallowy. छिछला

Shock-शॉक्-*n.* a sudden collision, concussion, violent onset, disturbing influence, sudden attack, violent emotion. आघात, संक्षोभ, आवेग, धक्का, टक्कर, दहल, चोट ; *v. i.* & *i.* to shake, to encounter, to offend,to disgust. धक्का देना, मारना टक्कर देना, भय दिखलाना, दुखी करना ।

Shock-शॉक्-*n.* corn-sheaves, shaggy hair. अन्न का गट्ठर, गुथे बाल ; *v. t.* to arrange corn in sheaves. गट्ठर बाँधना ।

Shocker - शॉक्'-अर्-*n.* sensational cheap novel. उत्तेजित करनेवाला सस्ता उपन्यास ।

Shock-headed - शॉक्- हॅड्'-ऍड्-having rough hairs on head. माथे पर के गुथे बालोंवाला ।

Shocking-शॉक्'-इङ्ग्-*adj.* offensive or disgusting. उद्वेगकारी ; **Shockingly** (-ली) *adv.* in a shocking manner. उद्वेग से ; **Shockingness** (-नॅस्) *n.* the state of being shocking. उद्वेग, उत्तेजना ।

Shod-शॉड्-*p. t.* & *p. p.* of **Shoe**.

Shoddy - शॉड्'-डी - *n.* a kind of inferior cloth. पुराने सूत का बना हुआ वस्त्र ; *adj.* worthless, pretentious. भ्रष्ट, बनावटी ।

Shoe - शू - *n.* the outer covering for the foot, the metal plate nailed to hoof of horse, anything of the shape of a shoe. जूता, घोड़े की नाल, जूते के आकार की कोई वस्तु ; *v. t.* (*p. t.* **Shod**.) to furnish with shoes. जूता पहिराना, नाल मढ़ना ; **Shoeblack** (one who

cleans shoes.) जूता साफ़ करनेवाला ; **Shoer** (-अर्) *n.* a ferrier. नालबन्द ; **Shoe horn** (appliance for putting on shoes.) जूता पहिनने का साधन; **Shoe-lace** (string for shoes.) जूते का फ़ीता ; **To die in one's shoes** (to be hanged.) फाँसी पड़कर मरना; **Shoe-maker** *n.* जूता बनानेवाला, मोची ; **Shoeless** (-लॅस्) *adj.* without shoes. बिना जूते का ।

Shog–शॉग्–*n.* a jog, a shock. धक्का, टक्कर ; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Shogged.**) to shake, to move on. हिलाना, धक्का देना, हटना ।

Shone–शॉन्–*p. t.* of **Shine.**

Shoo–शू–*interj.* begone ! भाग जाओ ! *v. i.* & *t.* to drive away. भाग जाना, भगाना ।

Shook–शुक्–*p. t.* of **Shake.**

Shook–शूक्–*n.* staves of a barrel. पीपा बनाने की पट्टियाँ ; *v. t.* to pack in shooks. पट्टियों को मिलाकर पीपा बनाना ।

Shoot–शूट्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Shot.**) to drive with force, to propel, to kill by a bullet, arrow &c., to pass with swiftness, to send forth branches, to project, to move with velocity. ढकेलना, हटाना, गोली, तीर इत्यादि से मारना, वेग से चढ़ना, उगना, फैलना, वेग से हटना ; *n.* a young branch, a shooting party. नया पत्ता, (अंकुर), निशाने बाज़ों की मण्डली ; **Shooter** (-अर्) *n.* गोली चलानेवाला; **Shooting** (-इङ्ग्) *n.* the act of discharging arrows, shots &c., sensation of quick pain. तीर या गोली चलाना, तीव्र वेदना ; **Shooting star** (a meteor.) टूटनेवाला तारा ; **Shooting range** *n.* a place for practice at shooting. निशानाबाज़ी का अभ्यास करने का स्थान ।

Shop–शॉप्–*n.* a place for retail sale of some commodity. दुकान ; *v. t.* (*p. t.* **Shopped.**) to go to shop for the sake of making purchases. सौदा लेने के लिये दुकान पर जाना ; **Shopkeeper** दूकानदार; **Shopping** (-पिङ्ग्) *n.* the act of purchasing. खरीद; **Workshop** (factory, place of manufacture.) उद्योगशाला, कारखाना

Shore–शोर्–*n.* the border of the sea, beam of a ship, support. समुद्र तट, जहाज़ की शहतीर, आधार ; **Shoreless** (-लॅस्) *adj.* having no shore. बिना किनारे का ; **Shoreward** (-वर्ड्) *adv.* towards the shore. किनारे की ओर ।

Shore, Shorn *p.t.* & *p.p.* of **Shear.**

Short–शॉर्ट्–*adj.* measuring little in space or time, scanty, of small stature, insufficient, lacking. अल्प, थोड़ा, छोटा, कम, नाटा, अपूर्ण, हीन (रहित, कम) ; **A short cut** (easy method.) सरल विधि ; **In short** (in brief, briefly.) संक्षेप में, थोड़े में ; **Shortage** (-एज्) *n.* deficiency. न्यूनता, कमी ; **Short circuit** (shortening of electric circuit.) बिजली की धारा के प्रवाह की वह स्थिति जब धारा पृथ्वी में भाग जाती है ; **Shortcoming** (deficiency, failure in duty.) न्यूनता, दोष ; **Shorten** (एन्) *v. t.* & *i.* to become or

make short. कम होना, कम करना ; **Short hand** (an abbreviated method of writing.) संक्षिप्त लिपि, सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखने की विधि ; **Short lived** (not living long.) अल्पजीवी, अल्प आयु वाला ; **Shortly** (-ली) *adv.* in a short way, soon. शीघ्र, झट से; **Shortness** (-नैस) *n.* अल्पता, लघुता ; **Shorts** (-स्) *n. pl.* short trousers. घुटने तक का पायजामा, जँघिया; **Short sighted** (not able to see far.) अल्प दृष्टिवाला, दूर के पदार्थ स्पष्ट न देखनेवाला ; **Short-sightedly** (-ली) *adv.* अल्प दृष्टि से; **Short-sightedness** (-नैस) *n.* अदूरदर्शिता; **Short-spoken** *adj.* curt in speech. अल्प वक्ता ; **Short-temper** (self-control that is soon lost.) थोड़ा आ मसंयम ; **Short-wind** (easily exhausted.) जल्दी से थकने वाला ; **Short-witted** *adj.* कम बुद्धिवाला ; **To come short** (to disappoint.) निराश करना; **To cut short** (to bring to end, to finish soon.) संक्षेप करना, शीघ्र समाप्त करना ; **To fall short** (to be insufficient.) कम होना ; **To run short** (to have too little left.) कम बच जाना; **To stop short** (to stop suddenly.) एकाएक रुक जाना ; **To take short views** (to consider only of the present.) केवल वर्तमान का विचार करना।

Shot–शॉट्–*n.* the act of shooting, a single missile for fire arms, discharge of gun or cannon, a marksman, a try, an aim, to guess to do something, reckoning. गोली मारने की क्रिया, बन्दूक या तोप की गोली (छर्रा), गोला छूटना, निशानेबाज़, प्रयत्न, लक्ष्य; *v. t.* to load with shot. गोली भरना।

Shot–शॉट्–*p. t.* of Shoot.

Should–शुड्– *past tense.* of Shall. गा, चाहिये।

Shoulder–शोल्'-डर्–*n.* the part of body which joins arm to the trunk, support. कन्धा, सहारा (आधार); *v. t.* & *i.* to push with shoulder, to take upon the shoulder. धक्का देना, कन्धा लगाना, भार लेना; **Of broad shoulders** (strong.) बलवान्, पुष्ट ; **Old head on young shoulders** (wise young person.) अल्प वय का बुद्धिमान् मनुष्य ; **Shoulder-belt** (a belt over shoulders.) परतला ; **Shoulder-blade** (bone of the shoulders.) कन्धे पर की हड्डी (पक्खा)।

Shout–शाउट्–*v. i.* & *t.* to utter a loud cry, to speak loudly. कोलाहल करना, चिल्लाना; *n.* a loud cry. चिल्लाहट, कोलाहल; **To shout at** (to speak loudly to.) चिल्लाकर बोलना; **Shouter** (-अर्) *n.* चिल्लानेवाला।

Shove–शव्– *v. t.* & *i.* to push with a sudden motion, to propel, to push off, to press against. ढकेलना, हटाना, धक्का देना, दबाना ; *n.* the act of pushing, a strong push. धक्का, झोंका ; **To shove off** (to start from shore in a boat.) किनारे से नावपर प्रस्थान करना।

Shovel–शव्ल्–*n.* a kind of spade with hollowed blade used in shifting coal, earth &c. फावड़ा; *v. t.*

(*p.t.* **Shovelled**.) to remove with a shovel. फाँड़े से मिट्टी, कोइला इत्यादि हटाना; **Shovel-board** (-बोड्र्) *n.* a kind of game played on board a ship. जहाज़ की छत पर खेलने का एक खेल; **Shovelful** (-फुल्) *adj.* as much as a shovel can hold. फाँड़ा भरकर; **Shoveller** (-लर्) *n.* one who shovels, a genus of ducks with mandibles very broad at the end. फौड़ा चलानेवाला, एक प्रकार का बत्तक।

Show–शो-*n.* appearance, display, plausibility, pretence, an entertainment. दिखाव, प्रदर्शन, सम्भावना, बहाना, तमाशा।

Show, Shew–शो–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Showed**, *p. p.* **Shown**.) to present to view, to inform, to prove, to appear, to make known. दरसाना, सूचित करना, सिद्ध करना, सन्मुख आना, जताना; **To show forth** (to proclaim.) सूचित करना; **To show off** (to exhibit ostentatiously.) सँवारना, आडम्बर से दिखलाना।

Show-case–शो'-केस्–*n.* a glass case for exhibition of articles to be sold. दूकानदार की शीशा लगी आलमारी जिसमें सामान सजाया होता है।

Shower – शॉवर् – *n.* a fall of rain, arrows, dust, bullets &c. वृष्टि, धारा, प्रवाह, बौछार, झड़ी; *v. t.* & *i.* to rain in showers. झड़ी लगाकर बरसाना; **Shower bath** (a bath in which water is showered upon the bather.) स्नान करने का फोहारा; **Showeriness** (-इ-नैस्)*n.* the state of being showery. बौछारपन; **Showery** (-ई) *adj.* raining in showers. बौछार में बरसता हुआ।

Showily–शो'-इ-ली-*adv.* in a showy manner. दिखाव में; **Showiness** (-नैस्) *n.* ostentation. दिखाव, आडंबर

Showman–शो'-मॉन्–*n.* (*pl.* **Showmen**.) the exhibitor of a show. खेल दिखलानेवाला।

Shown–शोन्–*p. p.* of **Show**.

Showy – शो'-ई– *adj.* ostentatious. देखावटी।

Shrank–श्रैंक–*p. t.* of **Shrink**.

Shrapnel–श्रैप्'-नैल्–*n.* the entrails of a bomb which scatter on explosion. बमगोले के भीतर के पदार्थ जो फूटने पर छितरा जाते हैं।

Shred – श्रैड्–*n.* fragment, broken piece, strip. टुकड़ा, टूटा भाग, चिथड़ा; *v. t.* (*p. t.* **Shred, Shredded**.) to cut into fragments. टुकड़े टुकड़े करना, चिथड़ा करना।

Shrew–श्रू–*n.* a peevish woman a small mammal like long snouted mouse feeding on insects. कर्कशा (झगड़ालू स्त्री), छुछुन्दरी; **Shrewish** (-इश्) *adj.* ill-natured. कर्कश स्वभाव वाली; **Shrewishly** (-ली) *adv.* in a shrewish manner. कर्कश स्वभाव से; **Shrewishness** (-नैस्) *n.* the quality of being shrewish. कर्कश स्वभाव।

Shrewd–श्रूड्–*adj.* peevish, sagacious, judicious. धूर्त, चतुर, निपुण; **Shrewdly** (-ली) *adv.* in a shrewd manner. चतुराई से, धूर्तता से; **Shrewdness** (-नैस्) *n.* sly

cunning, sagacity. धूर्तता, चतुराई।

Shriek-श्रीक्-*v. i.* & *t.* to utter a shrill cry, to screech, to laugh loudly. जोर से चिल्लाना, चीखना, ठट्ठा मारकर हँसना ; *n.* a sharp shrill scream. कर्कश शब्द, चिल्लाहट।

Shrievalty – श्रीव्'-ऑल्-टी – *n.* the office of a sheriff. नगर के अधिपति का पद।

Shrift-श्रिफ्ट – *n.* confession of a crime before a priest. पादड़ी के सन्मुख पाप का स्वीकार।

Shrike-श्राइक्-*n.* the butcher-bird. एक प्रकार की चिड़िया जो अपने शिकार को काँटों में बन्द कर देती है।

Shrill-श्रिल्-*adj.* piercing, sharp, importunate. कर्कश, तीव्र, धृष्ट ; *v. t.* & *i.* to utter piercing sound. कर्कश शब्द करना; **Shrillness** (-नॅस्) *n.* acuteness of sound. कर्कशता ; **Shrilly** (- ली) *adv.* in a shrill manner. कर्कश शब्द में।

Shrimp-श्रिम्प् – *n.* a kind of long-tailed saltwater crustacean with ten feet. दस पैर का समुद्री केकड़ा ; *v.t.* to fish for shrimps. इसका शिकार करना; **Shrimper** (-अर्) *n.* one who catches shrimps. इसका शिकार करनेवाला।

Shrine-श्राइन्-*n.* a casket for holding sacred relics, tomb of a saint, a sacred place. पवित्र राख रखने की डिबिया, महात्मा की समाधि, तीर्थ स्थान, पवित्र स्थान।

Shrink-श्रिङ्क्-*v.i.* & *t.*(*p.t.* **Shrank,** *p p.* **Shrunken, Shrunk.**) to decrease in dimensions, to grow small, to recoil, to flinch from, to cause to contract. सिकोड़ना, सिकुड़ना, ठिठुकना, अङ्ग सिकोड़ना, सकुचाना ; **Shrinkable** (-ऍ-ब्ल्) *adj.* able to contract. सिकुड़ने योग्य ; **Shrinkage** (-एज्) *n.* reduction in bulk. सिकुड़हट ; **Shrinking** (- इङ्ग्) *n.* contraction. सङ्कोच, सिकुड़न ; **Shrinkingly** (-ली) *adv.* in a shrinking manner. सिकुड़ते हुए

Shrive-श्राइव्-*v. t.* (*p. t.* **Shrove,** *p. p.* **Shriven.**) to hear the confession of, to absolve. पाप की स्वीकृति सुनना।

Shrivel – श्रिवल् – *v. i.* & *t.* (*p. t.* **Shrivelled.**) to contract into wrinkles or folds, to shrink. झुर्री पड़ना, सिकुड़ना; **Shrivelled** (-ड्) *adj.* contracted, wrinkled. संकुचित, झुर्री पड़ा हुआ।

Shroud – श्राउड् – *n.* the winding sheet of a corpse, concealing object. शव लपेटने की चादर, कफ़न, ढकना ; *v. t.* to cover, to conceal, to dress for grave. ढाँपना, छिपाना, कफ़नाना ; **Shrouds** (-स्) *n. pl.* set of ropes to support masts. मस्तूल बाँधने के रस्से ; **Shroudless** (-लॅस्) *adj.* without a shroud. बिना कफ़न का।

Shrub – श्रब् – *n.* a small plant, a woody plant, a kind of cordial. छोटा वृक्ष, झाड़ी, एक प्रकार को मदिरा ; **Shrubbery** (-बॅर्-ई) *n.* plantation of shrubs. झाड़ी का जंगल ; **Shrubby** (-बी) *adj.* full of shrubs. झाड़ीदार।

Shrug–श्रग्– *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Shrugged.**) to raise shoulders, to express helplessness. असन्तोष, तिरस्कार इत्यादि सूचित करने के लिये कन्धा सिकोड़ना या झटकारना ; *n.* shrugging motion of shoulders. इस प्रकार कन्धे की सिकोड़ ।

Shrunken – श्रङ्क्' - ऍन् – *p. p.* of Shrink.

Shuck–शक्–*n.* husk or pod. छिल्का, बोंड़ी ; *v. t.* to remove husk. छिल्का या भूसी हटाना ।

Shudder–शड्'-डर्–*v. i.* to tremble, to quake, to feel repugnance. काँपना, थर्राना, घृणा दिखलाना; *n.* shaking, tremor. स्फुरण, थर्राहट ; **Shuddering** (-इङ्ग्) *adj.* shaking with fear. भय से काँपता हुआ ; **Shudderingly** (-ली) *adv.* in a shuddering manner. काँपते हुए ।

Shuffle–शफ्'-फ्ल्–*v. i.* & *t.* to move with dragging motion, to change the position of cards in a pack, to evade, to confuse, to throw in disorder, to intermingle. घिसकते हुए चलना, ताश फेंटना, टालना, गड़बड़ करना, पलटना, मिश्रित करना; *n.* a general change of relative position, an evasion or artifice. •हेराफेरी, जगह बदल ; **To shuffle the cards** (to adopt a new policy.) नई विधि ग्रहण करना ।

Shuffler –शफ्'-फ्लर् – *n.* one who shuffles. फेराफेरी करनेवाला ।

Shuffling–शफ्'-फ़्लिङ्ग्– *n.* shuffling movement, equivocation. सञ्चालन, कपट, छल ; **Shufflingly** (-ली) *adv.* in a shuffling manner. सञ्चालन से, कपट से ।

Shun–शन्–*v. t.* (*p.t.* **Shunned.**) to avoid, to eschew, to try to keep clear. त्यागना, छोड़ना, दूर होना, अलगाना ; **Shunless** (-लेस्) *adj.* inevitable, not to be avoided. आमन्त्रित करने योग्य, बिना त्याग का ।

Shunt – शन्ट् – *v. t.* & *i.* to divert railway carriages, electric current &c. to a side track, to keep aside. रेल, ट्रामगाड़ी इत्यादि का मार्ग बदलना, राह छोड़ना, हटाना ; *n.* a turning to one side or to another track, a diversion of an electric circuit from one wire to another. रेलगाड़ी का दूसरी लाइन पर जाना, बिजली की धारा का क्रम बदलना ; **Shunter** (-अर्) *n.* one who shunts. इस प्रकार की बदली करनेवाला ।

Shut–शट् – *v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Shut.**) to move so as to close, to confine, to become closed, to encircle, to separate, to desist, to imprison. बन्द करना, रोकना, बन्द होना, लपेटना, अलग करना, क़ैद करना ; **To shut down** (to close firmly.) दृढ़ता पूर्वक बन्द करना ; **To shut off** (to check the flow.) प्रवाह रोकना ; **To shut one's eyes** (to pretend not to see.) अनदेखी करना; **To shut out** (to exclude.) निकाल देना ; **To shut the door upon** (to refuse to consider, to make impossible.) विचार न करना, असम्भव करना ।

Shutter–शट्'-टर्–*n.* wooden panels

or iron plates for closing a window, anything for shutting. बंडील, झिलमिली, बन्द करने का साधन (झाँप); **Camera shutter** (the piece that opens and shuts photographic lens.) फ़ोटो के कैमेरा का ताल खुलने तथा बन्द होने का साधन; **To put up the shutters** (to stop business of the day.) दिनभर के लिये व्यवसाय बन्द करना।

Shuttle – शट्'-ट्ल् – *n.* a weaving implement by which weft thread is carried across the warp threads. ढरकी, सर।

Shuttle-cock – शट्'-ट्ल्-कॉक् – *n.* a piece of cork pierced with feathers used in the game of badminton. पर लगा हुआ काग का टुकड़ा जो जालीदार डण्डे से गेंद की तरह खेला जाता है।



Shuttle-cock.

Shy–शाइ–*adj.* (*comp.* **Shier**, *sup.* **Shiest.**) timid, bashful, coy, reserved in society. डरपोक, लजालू, भड़कनेवाला, समाज में अलग रहनेवाला; *v. t. & i.* (*p. t.* **Shied.**) to start suddenly with fear. लजाना, भड़कना; **Shyly** (-ली) *adv.* in a shy manner. लज्जा से; **Shyness** (-नेस्) *n.* timidity. भीरुता, भड़क।

Shylock – शाइ' - लॉक् – *n.* a cruel money-lender. निर्दयी महाजन।

Si–सी – *n.* the seventh note in an octave. सप्तम स्वर, "नि"।

Siamang–सि'-औं-मैंङ्ग्–*n.* a kind of big ape. एक प्रकार का बड़ा लंगूर।

Siamese–सि'-औम्-ईज़्'–*n.* & *adj.* the native or language of Siam. स्याम देश का निवासी, इस देश की भाषा।

Siberian–साइ-बी'-रि-ऑन्–*adj.* of the inhabitant of Siberia. साइबीरिया देश के निवासी का।

Sibilance–see **Sibilant.**

Sibilant – सिब्'-इल्-ऑन्ट – *adj.* & *n.* hissing, sounded by a hiss, a letter uttered with hissing sound. सिसकार के उच्चारण का, उष्म वर्ण, इस उच्चारण का अक्षर – 'स'; **Sibilance** (-इ-लैंन्स्) *n.* the quality of being a sibilant. इस उच्चारण का शब्द।

Sibilate–सिब्'-इल्-एट – *v. t. & i.* to pronounce with a hissing sound. सिसकारते हुए उच्चारण करना; **Sibilation** (-इ-लें'-शॉन्) *n.* hissing. सिसकार

Sibyl–सिब्'-इल्–*n. fem.* a sorceress, a prophetess. जादूगरनी, भविष्य कहने वाली; **Sibylline** (-आइन्) *adj.* pertaining to sibyl. भविष्य वाणी सम्बन्धी, जादूगरनी का।

Sic–सिक्–*adv.* so, thus. इस प्रकार से।

Siccative–सिक्'-कीं-टिव् – *adj.* having the property of drying. सूखनेवाली।

Sice–साइस्– *n.* the six on dice. पासे में का छका।

Sice,Syce–साइस्–*n.* a groom. साइस।

Sick – सिक् – *adj.* affected with a disease, ill, disturbed, disgusted, tired, inclined to vomit. रोगग्रस्त, अस्वस्थ, व्याकुल, पीड़ित, दुःखी, जी मचलाता हुआ; *v. t.* to urge dog for killing a rat. चूहा मारने के लिये

कुत्ते को ललकारना ; **Sick-bed** (bed of an invalid.) रोगी की शय्या ; **Sick-leave** (leave of absence owing to ill health.) बीमारी की छुट्टी ; **Sick of fever** (suffering from fever.) ज्वर से पीड़ित; **Sick of love** (lovesick.) प्रेमातुर ; **Sick of the world** (feeling dissatisfied with worldly affairs.) संसार से विरक्त ; **Sick-room** (room occupied by a sick person.) रोगी का कमरा ; **To feel sick** (to feel nausea.) जी मचलाना ; **Sickness** (-नैस्) *n.* disease. रोग, व्याधि ।

Sicken–सिक्'-ऍन्–*v. i.* & *t.* to grow ill, to show symptoms of illness, to grow weak and languid, to feel nausea, to feel disgust at. रोगी होना, व्यथित होना, दुर्बल होना, वमन करना, घृणित होना ; **Sickener** (-अर्) *n.* cause of disgust. घृणा का कारण ; **Sickening** (-इङ्ग्) *adj.* making sick, disgusting. जी मचलानेवाला, पीड़ित होनेवाला; **Sickeningly** (-ली) *adv.* in a sickening condition. पीड़ित रूप में ।

Sickle–सिक्'-ल्–*n.* a reaping hook. हँसिया, हसुआ ; **Sickle-feather** (the long curved feather in cock's tail.) मुर्गे का बिचला बड़ा टेढ़ा पर ।



Sickle.

Sickliness-सिक्'-ली-नैस् *n.* the state of being sickly. अस्वास्थ्य ।

Sickly–सिक्'-ली–*adj.* (*comp.* Sicklier, *sup.* Sickliest) prone to be ill, not healthy, weak, connected with nausea. रोगीवत्, अशक्त, दुर्बल, वान्ति सम्बन्धी ।

Side–साइड् – *n.* & *adj.* one of the surfaces of an object, visible surface, margin, bounding line of a figure, part of ribs, bias party. किनारा, ओर (तरफ़, बगल), सीमा-प्रान्त, भुज, पसुली का भाग, पक्षपात, दल ; *v. i.* & *t.* to embrace opinion of party, to stand at the side of. पक्ष लेना, भागलेना; *adj.* lateral, of the opposite party. बगलका, दूसरे पक्षका ; **On all sides** (in all directions.) चारो ओर ; **On both sides**. दोनों ओर ; **On the other side** (on the opposite side.) उस पार ; **Opposite side** (opposite party.) विपक्ष ; **On this side of the grave** (in the world, in life.) संसार में, जीवन में ; **Outer side** (outer portion.) बाहरी भाग ; **Side by side** (standing close together.) आसपास; **Side-car** (a vehicle attached to a motor-cycle.) मोटर साइकिल में हाँकनेवाले के अतिरिक्त दूसरे के बैठाने की गद्दी ; **Side issue** (distracting point.) चित्त हटानेवाला विषय ; **Side-line** (work &c. carried on apart from one's main work.) अप्रधान व्यवसाय ; **Sidelong** (oblique.) तिर्छी; **Side-note** (marginal note.) हाशिये पर की टीका ; **Side-saddle** (a saddle for woman rider.) औरतों के घुड़सवारी की जीन ; **Side-view** (oblique view.) एक ओर का चित्र ; **Sideward** (-s) *adv.* towards the

side. बगल की ओर; **Sideways** (obliquely.) तिर्छी ओर; **To be on the side of** (to take the cause of.) पक्ष में होना; **To shake one's sides** (to laugh heartily.) ठहाका मारकर हंसना; **To take sides** (to take the cause of.) पक्षपात करना।

Sidereal–सि-डॅअर्‌-इ-औंल्–*adj.* of the stars. तारा सम्बन्धी; **Sidereal year** (the period in which the earth makes one revolution in its orbit.) जिस समय में पृथ्वी सूर्य के चारो ओर एक मण्डल करती है।

Siderographist – see Siderography.

Siderography–सिड्‌'-अर्-ऑग्‌'-रीं-फी–*n.* the art of engraving on steel. पक्के लोहे पर खोदने की कला; **Siderographist** (-इस्ट) *n.* one who engraves on steel. पक्के लोहे पर नकाशी करनेवाला।

Siding – साइड्‌' - इङ्ग् – *n.* a short track by the side of a railway line on which trains are shunted from the main line. रेल की लाइन का मोड़, बगल की लाइन।

Sidle–सिं'-ड्ल्– *v. t.* to walk obliquely. तिर्छे चलना; **Sidling** (-लिङ्ग) *n.* oblique motion. तिर्छी गति।

Siege– सीज्– *n.* operation of besetting or surrender of a fortified place. अवरोध, घेरा; *v. t.* to beseige. घेरा डालना; **To lay siege to** (to begin besieging.) घेरा डालना; **To raise the siege** (to abandon attempt to take.) घेरा डालने की क्रिया रोकना।

Sienna – सि-ऍन्‌'-नीं – *n.* earth of brownish-yellow colour used as pigment. रंग बनाने के काम में आनेवाली भूरे रंग की मिट्टी।

Siesta–सी-ऍस्‌'-टीं–*n.* a short sleep at mid-day in hot countries. गरम देशों में दोपहर की अल्प निद्रा।.

Sieve–सीव्–*n.* a vessel with holes at the bottom for separating finer from coarser parts of anything. झरनी, चलनी; *v. t.* to place in a sieve. चलनी में रखना।।

Sift–सिफ़्ट–*v. t. & i.* to separate into finer and coarser parts with a sieve, to examine in detail. चलनी से झारना या अलगाना, सूक्ष्म परीक्षा करना; **Sifter** (-अर्) *n.* one who sifts. सूक्ष्म परीक्षा करनेवाला।

Sigh–साइ–*v. i. & t.* to draw deep audible breath, to lament, to express grief by sighs. दीर्घ श्वास तथा निःश्वास लेना, आह भरना, विलाप करना, आह लेकर दुःख प्रकट करना; *n.* a deep respiration. गहरी साँस, आह; **Sighing** (-इङ्ग) *adj.* the act of respiring. निःश्वास; **Sighingly** (-ली) *adv.* in a sighing manner. निःश्वास में।

Sight– साइट– *n.* the act of seeing, view, spectacle, the faculty of vision, thing seen, show, range within which one can see. दृष्टि, दर्शन, चमत्कार (कौतुक), दृष्टिविषय, नेत्र, दृश्य, लीला, दृष्टिपथ; *n. pl.* noteworthy features. (ब० व०) दर्शनीय दृश्य;

v.t. to adjust sight on fire-arms, to get sight of. निशाना लगाना, दृष्टि पथ में लाना; **At first sight** (prima facie.) देखतेही ; **In sight of** (visibly.) प्रत्यक्ष ; **Out of sight** परोक्ष में ; **Out of sight, out of mind** (forgetting the absent.) अनुपस्थित को भूल जाना; **Payment at sight.** दर्शनी हुण्डी ; **To know by sight.** देखते ही पहिचान लेना; **To put out of sight** (to hide.) छिपा देना ; **Within sight** (visible.) दृष्टिगोचर **Sight bill** दर्शनी हुंडी ; **Sighted** (-ऍड्) *adj*. aimed. निशाना लगाया हुआ ; **Sightless** (-लॅस्) *adj*. wanting sight, blind. अदृश्य, अन्धा ; **Sightly** (-ली) *adj*. pleasing to the eye, comely. देखने योग्य, सुन्दर (मनोहर); **Sightliness** (-नॅस) *n*. सुन्दरता ।

Sight-reading – साइट्'-रीड्-इङ्ग् – *n*. reading shorthand &c at first sight. सांकेतिक अक्षरों इ० को देखते ही पढ़ लेना ।

Sight-seer–साइट्'-सी-अर्–*n*. a view hunter. दृश्यों का अवलोकन करनेवाला ।

Sigil–सिज्'-इल्– *n*. a seal. मोहर, ठप्पा ।

Sigillate – सिज्'-इल-एट् – *adj*. with stamped impression. ठप्पेदार ।

Sigmate–सिग्-मेंट्'–*adj*. of the shape of S. एस् अक्षर के आकृति का; **Sigmatic** (-मैंट्'-इक्) *adj*. of the form of S. ऍस् की आकृति का ।

Sign–साइन् – *n*. thing used as the representation of something, symbol, token, gesture, an omen. चिह्न, सङ्केत, लक्षण, सैंन, शकुन; *v. t. & i.* to mark with sign, to signify, to affix signature to. अपने अक्षर से अङ्कित करना, चिह्न करना, सङ्केत करना, हस्ताक्षर करना; **Signable**(-अॅ-ब्ल्) हस्ताक्षर योग्य । **Negative sign** (–) sign of subtraction (called *minus*.) ऋण का चिह्न : **Positive sign** (+) sign of addition (called *plus*.) धन का चिह्न ।

Signal-सिग् -नॅल्-*n*. a sign conveying information or direction, message made by such signs. सङ्केत, चिह्न; *adj*. remarkable, conspicuous, noteworthy. विशेष, अपूर्व, असाधारण, स्मरण करने योग्य; *v.t.& i.* (*p.t.* **Signalled**.) to announce by signal. संकेत करना, सांकेतिक चिह्न द्वारा तार देना ; **Signal-gun** *n*. a gun fired as a signal. संकेत सूचक तोप का छूटना ।

Signalize – सिग्'-नॅल्-आइज़् – *v. t.* to make remarkable. प्रसिद्ध करना, यश प्राप्त करना ।

Signaller–सिग्'-नॅल्-अर्–*n*. one who works at railway signals. संकेत करने वाला, तार का समाचार भेजनेवाला ।

Signally-सिग्'-नॅल्-ली-*adv*. in a conspicuous manner. असाधारण रूप से ।

Signatory – सिग्'-नॅ-टॉर्-ई – *n*. the party who has signed a contract or treaty. सन्धिपत्र इत्यादि पर हस्ताक्षर करनेवाला मनुष्य ।

Signature – सिग्'-नॅ-ट्यूर्–*n*. a person's name written by himself. स्वनाम लेखन, हस्ताक्षर ।

Sign-board–साइन्'-बोर्ड्–*n*. a board on which the name of a trader is put up.तख़ता जिस पर व्यापारी नाम इत्यादि लिखकर अपने कार्यालय के बाहर टाँगता है ।

Signer–साइन्'-अर्-*n*. one who signs. हस्ताक्षर करनेवाला ।

Signet–सिग्'-नेंट्–*n.* a private seal. मुद्रा, मोहर ; **The signet** (royal seal.) राजकीय मुद्रा ; **Signet ring** (finger-ring with seal on it.) अंगूठी जिसपर मोहर खुदी हो ।

Significance – सिग्-निफ्'-इ-कींन्स् – *n.* importance, impressiveness, import, meaning, force. गौरव, प्रतिष्ठा, अभिप्राय, अर्थ, शक्ति ।

Significant–सिग्-निफ्'-इ–कींन्ट् – *adj.* expressive, suggestive, important, with a meaning. अर्थपूर्ण, चरितार्थ, आवश्यक, अभिप्रायपूर्ण ; **Significantly** (-ली) *adv.* in an expressive manner. अर्थपूर्णता से ।

Signification-सिग्'-नि-फ़ि-कें'-शॉन्–*n.* act of signifying, exact sense, import. अर्थ, अभिप्राय, शब्द शक्ति ; **Significative** (-निफ्'-इ-कीं-टिव्)*adj.* having signification or meaning. अर्थसूचक, अभिप्रायपूर्ण ।

Signify–सिग्'-नि-फ़ाइ–*v.t.* & *i.* (*p. t.* **Signified**.) to declare, to have meaning, to intimate. सूचित करना, अर्थ बतलाना, प्रगट करना ।

Sign-manual–साइन्-मैंन्'-यु-औंल्– *n.* signature made by a person's own hand, royal signature. स्वहस्ताक्षर, राजा का हस्ताक्षर ।

Signor–सीन्'-यॉर्–*n.* (*fem.* **Signora** यॉर्'-औं) an Italian title equal to Mr. महाशय ।

Sign-post–साइन्'-पोस्ट्–*n.* a post on which a sign is hung, a direction post. पताका का स्तंभ, मार्ग सूचक स्तम्भ ।

Silence–साइ'-लेंन्स्–*n.* being silent, stillness, taciturnity, oblivion, secrecy. मौन (भाषण न करना), शान्ति, चुप्पी, सन्नाटा, गुप्तभाव ; *v. t.* to make silent. चुप करना, मुख बन्द करना ; *interj.* be silent. ! चुप रहो ! **Silence** (order for being silent.) चुप रहने की आज्ञा ।


Silencer–साइ'-लेंन्स्-अर्– *n.* an appliance for reducing sound. यन्त्र में शब्द कम करने का साधन ।

Silent–साइ'-लेंन्ट्– *adj.* not uttering a sound, mute, taciturn. निःशब्द (मूक), निरुत्तर, चुप ; **Silently** (-ली) *adv.* in a silent manner. मौन रहकर ।

Silenus–सि-ली'-नस् – *n.* a drunken old man. मदिरा पीया हुआ वृद्ध पुरुष ।

Silesia–सि-ली'-जा–*n.* a kind of thin cloth. अस्तर देने का महीन कपड़ा ।

Silhouette–सिल्'-ऊ-एंट्–*n.* the portrait of a person in outline only. केवल बाह्य रेखा दिखलानेवाला चित्र ; *v.t.* to represent in silhouette. इस प्रकार का चित्र बनाना ।



Silhouette.

Silica–सिल्'-इ-कीं – *n.* a hard white mineral. एक प्रकार का कड़ा सफ़ेद पत्थर ; **Silicate** (-केंट्) *n.* the combination of silica with a base. ऐसे पत्थर का मिश्रण ; **Silicated** (-केंट्-ऍड्) *adj.* combined with silica. ऐसा पत्थर मिला हुआ; **Siliceous** (-सि-लिश्'-अस्) *adj.* pertaining to silica. इस प्रकार के पत्थर का ; **Silicify** (-सि-फ़ाई) *v. t.*

& *i.* to convert into silica. ऐसा पत्थर बन जाना, या बनाना।

Silicon-सिल्'-इ-कॉन्-*n.* a non-metallic element. एक अधातु विशेष तत्व।

Silk – सिल्क् – *n.* fine soft thread produced in the cocoon by silkworm, cloth made of this. रेशम, रेशमी कपड़ा; *n. pl.* garments made of silk. (ब० व०) रेशमी पोशाक; **Silk-cotton** (-कॉट्'-टॉन्) *n.* a silky fibre of various kinds produced by tropical trees of the genus Bombax and others. सेम्हर, शाल्मली; **Silken** (-ऍन्) *adj.* made of silk, soft, delicate. रेशमी, कोमल, चमकदार; **Silkiness** (-इ-नॅस्) *n.*the qualities of silk, softness. कोमलता, चिकनाहट; **Silk winder** (an appliance for unwinding silk from cocoon.) रेशम उवेरने का चरखा; **Silkworm** (caterpillar which produces silk.) रेशम का कीड़ा; **Silky** (-ई) *adj.* soft as silk, made of silk. रेशम के समान कोमल, रेशमी।

Sill-सिल्-*n.* slab of stone or wood at the foot of a door or window. देहली, दासा

Sillery – सिल्'-लर्-ई – *n.* a kind of sparkling wine. एक प्रकार की चमकदार मदिरा।

Sillily, Silliness–see **Silly**.

Silly–सिल्'-ली–*adj.* (*comp.* **Sillier**, *sup.* **Silliest**) innocent, unwise, foolish, weak-minded. भोला, मतिहीन, निर्बुद्धि, अल्पमति; **Sillily** (-ली) *adv.* in a silly manner. भोलेपन से; **Silliness** (-नॅस्) *n.* the quality of being silly. भोलापन।

Silo – सि'-लो – *n.* a pit for storing green crops. हरी फ़सिल इकट्ठा करने का गड्ढा।

Silt – सिल्ट्–*n.* sediment deposited by running water. पानी की धारा से इकट्ठा की हुई मिट्टी या रेत; *v. t.* & *i.* to obstruct with silt. मिट्टी या रेत से रास्ता बन्द करना।

Silvan, Sylvan–सिल्'-वॅन्–*adj.* of the woods, rural. जङ्गल का, जङ्गली; **Silvan goddess** (the goddess of woods.) बनदेवी; **Silvan scenery** (scenes of jungles.) बनशोभा।

Silver – सिल्'-वर् – *n.* a white soft lustrous metal, coin of silver. चाँदी (रूपा), चाँदी का सिक्का; *v. t.* & *i.* to cover with silver, to provide mirror-glass with backing of tin foil, mercury &c. चाँदी चढ़ाना, दर्पण बनाने के लिये शीशे पर पारा इत्यादि चढ़ाना; **Fulminating silver** (a kind of gunpowder.) एक प्रकार की बारूद; **Of silver tongue** (eloquent.) वाचाल, बातूनी।

Silver-bath–सिल्'-वर्-बाथ्-*n.* a solution of silver nitrate. फ़ोटोग्राफ़ी का एक प्रकार का घोल।

Silveriness – सिल्'-वर्-इ-नॅस्–*n.* the state of being silvery. सफ़ेदी, शुभ्रता।

Silvering–सिल्'-वर्-इङ्ग्–*n.* a silver coating. चाँदी (या पारा) चढ़ाना।

Silver-leaf – सिल्'-वर्-लीफ् – *n.* thin leaf of silver. चाँदी का तबक।

Silver-paper – सिल्'-वर्-पे'-पर्–*n.* a kind of photographic paper. फ़ोटो

उतारने का कागज़।

Silver-plate-सिल्' -वर्-प्लेंट्.*n.* vessels of silver. चाँदी के बर्तन।

Silver print - सिल्' -वर्-प्रिन्ट् - *n.* a process of photographic printing. फ़ोटो छापने की एक विधि।

Silversmith-सिल्' -वर्-स्मिथ्-*n.* worker in silver. सोनार, चाँदी का काम करनेवाला।

Silver solder - सिल्' -वर्-शॉल्' -डर्-*n.* solder for joining silver. चाँदी जोड़ने का टाँका।

Silvery - सिल्' -वर्-ई-*adj.* white like silver, white, clear. चाँदी के सदृश, अति स्वच्छ और श्वेत।

Simian - सिम्' -इ-ऑन्-*adj.* like ape. लंगूर के समान; *n.* a kind of monkey. एक प्रकार का बन्दर।

Similar - सिम्' -इ-लॉर्-*adj.* resembling, alike, of the same kind, having a similar shape. समान, तुल्य (अनुरूप), सदृश, समान आकृति का; **Similarity** (-लॅर्' -रि-टी) *n.* resemblance, likeness. सादृश्य, तुल्यता; **Similarly** (-ली) *adv.* in a similar manner. उसी प्रकार से।

Simile-सिम्' -इ-ली-*n.* (*pl.* **Similes**.) poetical similitude, a comparison for the sake of illustrating something. निदर्शन, उपमा।

Similitude-सि-मिल्' -इ-ट्यूड्-*n.* comparison, simile, outward appearance, likeness. सादृश्य, समानता, आकार, रूप।

Similize-सिम्' -इ-लाइज़्-*v. t.* to illustrate by similes. उपमा द्वारा उदाहरण देना।

Simmer-सिम्' -मर्-*v. i.* & *t.* to boil, to keep boiling, to be in a state of suppressed anger, or indignation. उबालना, धीरे धीरे पकना, तिरस्कार या क्रोध की अवस्था में बने रहना; *n.* a slow heating. उबाल।

Simnel cake-सिम्' -नॅल्-केक्-*n.*Christmas cake. बड़े दिन की रोटी।

Simoniacal, Simoniacally - see **Simony**.

Simony - साइ' -मॉ-नी - *n.* the crime of buying or selling church preferment. धर्मपद बेचने या मोल लेने का अपराध; **Simoniacal** (-सिम्-ओ-नाइ' - ऑ - कॅल्) *adj.* guilty of simony. इस अपराध सम्बन्धी; **Simoniacally** (-ली) *adv.* with the guilt of simony. इस अपराध मे।

Simoom-साइ-मूम्' -*n.* a dust-laden wind of Arabian desert. अरब के मरुस्थल की धूलि से भरी हुई आँधी।

Simper-सिम्' -पर्-*v. i.* & *t.* to smile in an affected manner. बनावटी रूप में मुसकुराना; **Simperer** (-अर्) *n.* one who simpers.बनावटी हँसी हँसनेवाला; **Simpering** (-इङ्ग्) *adj.* smiling in an affected manner. ऐसा हँसनेवाला; **Simperingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a simpering manner. बनावटी हसी हँसते हुए।

Simple - सिम्' -प्ल - *adj.* plain, not analysable, artless, innocent, mere, absolute, honest. स्पष्ट,अमिश्र, निष्कपट, सीधा सादा, अकेला, सरल, ईमानदार; *n.* a common herb used medically. एक सामान्य वनस्पति जो औषधि की तरह प्रयोग की जाती है; **Sim-**

ple beauty (unadorned natural beauty.) प्राकृतिक सुन्दरता ; **Simple diet** (ordinary food.) सामान्य भोजन; **Simple-fracture** (breaking of bone only.) केवल हड्डी का टूटना ; **Simple-hearted** (-हार्ट्'-एड्) *adj.* artless, simple, सरल हृदय का; **Simpleness** (-नेस्) *n.* artlessness, weakness of intellect. सरलता, भोलापन ।

Simpleton– सिम्'-प्ल्-टॉन्– *n.* a silly or half-witted person, a fool. मूर्ख, अनाड़ी, क्षुद्र मति ।

Simplicity–सिम्-प्लिस्'-इ-टी–*n.* plainness, innocence, silliness. सरलता, भोलापन, मूर्खता ।

Simplification–see **Simplify.**

Simplify–सिम्'-प्लि-फाइ– *v. t.* (*p. t.* **Simplified.**) to make simple, to make plain, to make easy, to reduce to simplicity. सुगम करना, स्पष्ट करना, सरल करना, छोटा करना; **Simplification** (-फि-के'-शॉन्) *n.* the act of simplifying. सुगमकरण, स्पष्टीकरण;**Simplism** (-ज़्म्) *n.* pretended simplicity. बनावटी सरलता या भोलापन ।

Simply–सिम्'-प्ली–*adv.* in a simple manner, solely, merely. सरलता से, निष्कपट, केवल, मात्र ।

Simulacrum – सिम्'-अल्-ए'-क्रम् – *n.* (*pl.* **Simulacra.**) image, deceptive likeness, pretence. प्रतिरूप (मूर्ति), कपटरूप, बहाना ।

Simulant–सिम्'-यु-लॅन्ट्– *adj.* of the appearance of. आकृति का ।

Simulate–सिम्'-यु-लेट्– *v. i.* to pretend to be, to assume an altered form, to feign, अनुकरण करना, भेष बदलना, बहाना करना ; **Simulation** (-लें'-शॉन्) *n.* the act of feigning. सवाँग (बहाना, पाखण्ड) ।

Simultaneity – see **Simultaneous.**

Simultaneous–सिम्'-अल्-टे'-नि-अस् – *adj.* happening or operating at the same time. समकालीन, एक ही समय में होनेवाला ; **Simultaneity** (-टीं-नी'-ऍ-टी), **Simultaneousness** (-नेस्) *ns.* the state of being simultaneous. एक ही समय में होने का स्थिति; **Simultaneously** (-ली) *adv.* at the same time. समकाल में, एक ही साथ ।

Simurg–सी'-मुर्ग्–*n.* a huge bird of Persian mythology. पर्शिया देश की पौराणिक कथा की विशाल चिड़िया ।

Sin–सिन्– *n.* disobedience of moral laws or the divine command, offence against rules of propriety. घातक, पाप. (दोष, अपराध) ; *v. i.* (*p. t.* **Sinned.**) to commit sin, to offend against. पाप करना, दोष (अपराध) करना ; **Heinous sin** (detested crime or sin.) घोर पातक ; **Sin-offering** (sacrifice for expiating sin.) पापमुक्ति के लिये प्रायश्चित ।

Sinapism– सिन्'-अॅ-पिज़्म् – *n.* mustard poultice or plaster. राई की पुलटिस ।

Since – सिन्स् – *conj.* because that. क्योंकि ; *adv.* before this, ago. इसके पहिले, पूर्वकाल से; *prep.* after, from

that time. बाद में, उस समय से; **Ever since** (from that time.) तब से ; **Not long since** (a short time before.) थोड़े दिन हुए ।

Sincere – सिन्-सिअर् – *adj*. honest, true, pure, genuine, not assumed, free from pretence. इमानदार, सच्चा, शुद्ध, यथार्थ, वास्तविक, निष्कपट; **Sincerely** (-ली) *adv*. in a sincere manner. शुद्ध हृदय से ; **Sincerity** (-सेर्-रि-टी) *n*. freedom from falsity, genuineness. निष्कपटता (खरापन), यथार्थता ।

Sine–साइन्–*n*. the line drawn from one end of an arc perpendicular to radius at the other end. ज्या, द्विज्या ।

Sinecure–साइन्-ए-क्यूर्–*n*. an office with a salary without employment. ऐसा पद जिसमें वेतन मिले परन्तु कुछ काम न करना पड़े ; **Sinecurism** (-इज़्म्) *n*. possession of a sinecure. ऐसी व्यवस्था ; **Sinecurist** (-इस्ट) *n*. one who holds a sinecure. ऐसा पदाधिकारी ।

Sinew–सिन्-यू–*n*. a fibrous tissue which unites muscles to bone, framework; (*pl*.) bodily strength, muscles. स्नायु, ढाँचा (ब० व०) शारीरिक बल, पेशी ; *v. t*. to knit by sinews, to strengthen. पुष्ट करने के लिये स्नायु से जोड़ना; **Sinewiness** (-ई-नेस्) *n*. strength. पुष्टता ; **Sinewless** (-लेस्) *adj*. vigourless. शक्तिहीन ; **Sinewy** (-ई) *adj*. strong, vigorous. पुष्ट, बलवान् ।

Sinful – सिन्-फुल – *adj*. involving sin, wicked. पापी (अधर्मी), दुष्ट ; **Sinfully** (-ली) *adv*. in a sinful manner. पाप से; **Sinfulness** (-नेस्) *n*. wickedness. पापपूर्णता, दुष्टता ।

Sing–सिङ्ग्– *v. i. & t*. (*p. t*. **Sang**, *p. p*. **Sung**.) to utter words in a tune, to produce melodious sound, to celebrate in verse, to compose poetry. गाना, कूजना, कविता में प्रशंसा करना, कविता रचना ; **Singable** (-अी-ब्ल्) *adj*. suitable for singing. गाने योग्य ; **To sing out** (to call loudly.) चिल्लाकर पुकारना ; **To sing to sleep** (to put to sleep with singing.) गाकर सोलाना ।

Singer-सिङ्ग्-अर्-*n*. one who sings, one whose occupation is to sing. गायक, गानेवाला ।

Singing–सिङ्ग्-इङ्ग्–*n*. vocal music. गीत, राग ; **Singingly** (-ली) *adv*. गाते हुए ।

Singe – सिन्ज् – *v. t. & i*. to burn slightly, to scorch. कुछ जलाना, झुलसाना ; *n*. slight burning of the surface. थोड़ा दाह, झुलसन ।

Single – सिङ्ग्-गल् – *adj*. separate, consisting of one only, unmarried, uncompounded, undivided, pure. पृथक्, अकेला (एक), अविवाहित, अमिश्रित, अविभक्त, शुद्ध ; *v. t*. to separate. अलगाना, पृथक् करना ; **Single bed** (bed for one man to sleep in.) एक मनुष्य के सोने का बिछौना ; **Single-breasted** (a coat with one set of buttons on the breast.) छाती पर एकहरे बटन का (कोट);

Single combat (man to man fight.) द्वन्द्व युद्ध, बाहु युद्ध ; **Single-eyed** (blind of one eye.) काना ; **Single eye-glass** (spectacle for one eye.) एक आँख का चश्मा ; **Single-handed** (alone.) अकेला, असहाय ; **Single-hearted** (without duplicity.) एकचित्त, सरल ; **Singleness** (-नैस्) *n.* the state of being single, simplicity. अकेलापन, सचाई, सिधाई ।

Singlet – सिङ्ग्' - ग्लेट् – *n.* garment worn below a shirt. कमीज़ के नीचे पहिरने का कपड़ा ।

Singly – सिङ्ग्'-ग्ली – *adv.* individually, alone. अकेले, अलग अलग, प्रत्येक ।

Singsong–सिङ्ग्'-सॉङ्ग् – *n.* a monotonous rhythm. एक ही सुर में आलाप; *v. t.* to speak in a singsong manner. बेसुरा गाना ।

Singular–सिङ्ग्'-ग्यू-लॅर्–*adj.* single, individual, unique, unusual, extraordinary. एक, अकेला, अद्भुत, अपूर्व (अनोखा), विलक्षण ; **Singular number** (expressing one individual.) एक वचन ।

Singularity–सिङ्ग्'-ग्यू-लॅर्-इ-टी – *n.* peculiarity. अपूर्वता, निरालापन, विशेषता ।

Singularize–सिङ्ग्'-ग्यू-लॅर्-आइज़्–*v.t.* to make singular. बहुवचन के प्रत्यय हटाना ।

Singularly – सिङ्ग्'-ग्यू-लॅर्-ली – *adv.* in a singular manner. अपूर्वरूप से, विशेष प्रकार से ।

Sinister – सिन्'-इस्-टर् – *adj.* on the left-hand side of a shield, unlucky, ill-looking, of evil omen, dishonest. ढाल के बाईं ओर का, अभागा, कुरूप, बेईमान ; **Sinisterly** (-ली) *adv.* in a sinister manner. बाईं ओर, कुटिलता से, अभाग्य से ।

Sinistral–सिन्'-इस्-ट्रॅल्–*adj.* on the left, of the left. बाईं ओर, बाँया ; **Sinistrally** (-ली) *adv.* towards the left. बाईं ओर ।

Sinistro–सिन्-इस'-ट्रो–*pref.* in sense of "left." "बायें" अर्थ का उपसर्ग ।

Sinistrous–सिन्'-इस-ट्रस्–*adj.* being on the left side, wrong, absurd. बाईं ओर का, भूला हुआ ।

Sink–सिङ्क्–*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Sank**, *p. p.* **Sunk**.) to fall towards the bottom, to immerse, to fall down slowly, to diminish, to subside, to become lower, to decline. डुबाना, गिराना, धीरे धीरे गिरना, कम करना, नीचे को बैठना, झुकना, (घटना) ; *n.* a place in which filthy liquid collects. परनाला, मोरी ; **Sinkable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* able to be sunk. डूबने योग्य ; **Sinker** (-अर्) *n.* a weight attached to a fishing net. मछली पकड़ने की जाल में लगाने का भार ।

Sinking–सिङ्क्'-इङ्ग् – *adj.* falling, subsiding. गिरने (डूबने) वाला, कम होनेवाला ।

Sinless – सिन्'-लॅस् – *adj.* free from sin, pure. पापमुक्त, पवित्र ; **Sinlessly** (-ली) *adv.* in a sinless manner. पवित्रता से ; **Sinlessness** (-नैस्) *n.* freedom from sin. पाप से निवृत्ति

Sinner–सिन्'-नर्–*n.* one who sins. पातकी, पाप करनेवाला ।

Sinologist, Sinologue–see Sinology.

Sinology–सिन्-ऑल्'-ओ-जी–*n.* knowledge of the Chinese language. चीन की भाषा का ज्ञान ; **Sinologist** (-जिस्ट) *n.* one who is versed in sinology. इस ज्ञानवाला ; **Sinologue** (-लॉग्) *n.* a sinologist. चीनी भाषा का पण्डित ।

Sinter – सिन्'-टर् – *n.* a deposit of silica by springs. जलधारा से जमा की हुई मिट्टी ।

Sinuate–सिन्'-यु-एट् – *adj.* of wavy border. लहरिया किनारे का ; **Sinuately** (-ली) *adv.* with wavy border. लहरिया किनारे से ; **Sinuation** (-ए'-शॉन्) *n.* bending in and out. लहरिया (किनारा) ।

Sinuosity – सिन्-यु-ऑस्'-इ-टी – *n.* a bend in a road or river. नदी या सड़क का मोड़ ।

Sinuous–सिन्'-यू-अस्–*adj.* serpentine, wavy. ऐंठा हुआ, लहरदार ; **Sinuously** (-ली) *adv.* in a wavy manner. ऐंठन से, लहराते हुए ।

Sinus–साइ'-नस्–*n.* (*pl.* **Sinuses**.) a fold, a cavity of bone or fissure, a hollow. तह, नाड़ी, दरार ।

-sion–शॉन्–*suf.* forming abstract nouns or nouns of actions. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय ।

Sip–सिप्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Sipped**.) to drink in small quantities. थोड़ा थोड़ा करके पीना (चूसना); *n.* a small draught taken with lips. अल्पपान, आचमन ।

Siphon–साइ'-फ़ॉन्–*n.* a bent tube with one leg larger than the other used in drawing off liquids. तरल पदार्थ निकालने के लिये मुड़ी हुई नली ; *v. t.* to draw liquor by a siphon. ऐसी नली द्वारा जल इत्यादि निकालना; **Siphonic** (-इक्) **Siphonal** (-ऑल्) *adjs.* इस प्रकार की नली का ।

Sippet–सिप्'-पेट्–*n.* a small piece of bread soaked in a liquid. किसी तरल पदार्थ में भिगाया हुआ रोटी का टुकड़ा ।

Sir–सर्–*n.* (*fem.* **Madam**) a word used in addressing a master or superior, a title of address prefixed to the name of a knight or baronet. महाशय, हुजूर, जनाब ; *v. i.* & *t.* to address as 'sir.' 'सर्' कह कर पुकारना ।

Sircar – सर्'-कॉर् – *n.* the Government of India. भारत सरकार ।

Sirdar–सर्'-डॉर्–*n.* an Indian chief, leader. सर्दार, नेता ।

Sire – सायर् – *n.* father, the male parent, a word of respect for a king or prince. पिता, जनक, महाशय (महाराज, राजा साहब) ।

Siren – साइ'-रॅन् – *n.* a mermaid, a sweet singer, a temptress, an alluring woman. मत्स्यस्त्री, सुन्दर गानेवाली, कुटनी, मोहिनी (वराङ्गना); *n.* an instrument for producing loud sound. तीव्र शब्द उत्पन्न करने का यन्त्र ।

Sirgang – सर्'-गाँङ्ग् – *n.* the green jackdaw. नीलकण्ठ ।

Siriasis–सि-रि'-ओं-सिस्–*n.* exposure to the sun's rays as a means of prevention of certain diseases, sunstroke. रोग निवृत्ति के लिये आतप (सूर्य के किरणों) का सेवन, लू लगना।

Sirius–सिर्'-इ-अस् – *n.* Dog Star. एक नक्षत्र (लुब्धक)।


Sirrah–सिर्'-रा–*n.* Sir, used in contemptuous sense. अरे, अबे, रे।

Sirup–सिर्'-रप्–*n.* syrup. शर्बत।

Siskin–सिस्'-किन्-*n.* a kind of song-bird. एक प्रकार की गानेवाली चिड़िया।

Sister–सिस्'-टर्-*n.* (*mas.* **Brother.**) daughter born of the same parents, hospital-nurse, woman of a religious community. भगिनी, बहिन, अस्पताल की दाई, धर्मभगिनी ; **Sisterhood** (-हुड) *adj.* a society of sister. भगिनी सम्बन्ध, बहिनापा ; **Sister-in-law** (*pl.* **Sisters-in-law.**) a husband's or wife's sister, or a brother's wife. ननद, साली, भौजाई ; **Sisterless** (-लेस्) *adj.* without sister. बिना बहिन का ; **Sisterliness** (- लि-नेस्) *n.* the state of being sisterly. भगिनीत्व ; **Sisterly** (- ली) *adj.* like a sister. भगिनी के तुल्य ; **Sister ships** (ships of similar form.) समान आकृति के जहाज ; **Sister's daughter** भांजी ; **Sister's husband** बहनोई; **Sister's son** भांजा।

Sister-hook-सिस्'-टर्-हुक्-*n.*a double hook of the shape of figure 8. इस आकार की दोहरी कड़ी।



Sister-hook.

Sistrum–सिस्'-ट्रम्–*n.* (*pl.* **Sistra.**) a kind of rattling instrument. एक प्रकार की झाँझ।

Sit–सिट – *v. i.* & *t.* (*p. t.* **Sat.**) to take a position in which the body rests on the ground, to remain firmly in a position, to rest, to perch, to incubate, to hold a session. बैठना,स्थिर होना, आराम करना,अड्डे पर बैठना,अण्डा सेना,सभा करना; **Sit down** (take your seat.) (खड़े न रहकर) बैठ जाओ ; **Sits the wind there ?** (is that the position. ?) क्या वही दिशा है ? ; **Sits well** (fits well.) ठीक बैठता है; **To sit at home** (to remain idle.) बेकार पड़े रहना ; **To sit out** (to take part in a subject.) किसी विषय में भाग लेना; **To sit up** (not to go to bed.) उठ बैठना

Site–साइट – *n.* a place on which a building &c. stands, position, locality. स्थिति, स्थान, भूमि, जगह।

Sith–सिथ्–*conj.* since. चूंकि।

Sitology – सि-टॉल्' - ओं-जी – *n.* the science of the regulation of diet. पथ्य विधान।

Sitter – सिट्'-टर् – *n.* one who sits. बैठनेवाला।

Sitting – सिट्'-टिङ्ग् – *n.* holding a court. बैठक, इजलास।

Situate,Situated–सिट्'-यु-एट्-(एड्)– *adjs.* having a specified situa-

tion, stationed. स्थित, स्थापित ।

Situation-सिट्'-यु-ए'-शॉन्-*n.* place, position, circumstance, condition, office. स्थान, स्थिति, दशा, पद, अधिकार ।

Siva-सी'-वी-*n.* the supreme god of destruction in Hindu mythology. शिव, महादेव ; **Sivaite** (-आइट) *n.* a votary of Saivism. शिव भक्त, शिवजी का उपासक ।

Six-सिक्स - *adj.* & *n.* three times two. छ ; **At sixes and sevens** (in great perplexity.) बड़ी व्यग्रता में; **Six fold** (-फ़ोल्ड) *adj.* six times as much. छगुना ; **Six footer** (anything six feet in length.) छ .फ़ुटा; **Six pence** (a silver coin worth 6 d.) छ पेंस का सिक्का ; **Six shooter** (a revolver carrying six cartridges.) छ कारतूस का पिस्तौल ।

Sixteen-सिक्स्'-टीन्-*n.* ten and six. सोलह; **Sixteenth** (-टीन्थ्) *adj.* & *n.* ordinal of sixteen, of sixteen equal parts. सोलवाँ , सोलहवाँ अंश ।

Sixth-सिक्स्थ् - *adj.* ordinal of six. छठवाँ ; **Sixthly** (- ली) *adv.* in the sixth place. छठें स्थान में ।

Sixtieth-सिक्स्'-टि-यथ्-*adj* & *n.*ordinal of sixty, one of sixty equal parts. साठवाँ, साठवाँ भाग ।

Sixty - सिक्स्'-टी-*n.* one more than fiftynine. साठ ।


Sizable-साइज़्'-अॅ-ब्ल्-*adj.*of considerable size. बड़े आकार का ।

Sizar - सि'-ज़ॅर् - *n.* a student at Cambridge who pays reduced fees. केम्ब्रिज् विश्वविद्यालय का गरीब विद्यार्थी ।

Size - साइज़ - *n.* dimension, bulk, magnitude, a gelatinous solution. परिमाण, आकृति, आकार, सरेस, (लासा); *v. t.* & *i.* to group according to size, to glaze with size, to measure. आकार के अनुसार क्रम बाँधना, सरेस लगाना, नापना ; **Sized** (-ड) *adj.* of a particular size. नाप किया हुआ, सरेस लगा हुआ ; **Sizer** (-अर्) *n.* one who sizes. सरेस लगानेवाला ; **Sizing** (-इङ्ग्) *n.* the act of applying size, a kind of weak glue used as varnish. सरेस लगाने की क्रिया, एक प्रकार का सरेस; **Sizy** (-ई) *adj.* glutinous. चिपचिपा, लसदार ।

Sizzle - सिज़्'-ज़्ल् - *v. i.* to make a sputtering noise. छन्छन् शब्द करना; *n.* a sputtering noise. इस प्रकार का शब्द ।

Skate - स्केट - *n.* a kind of fish, a sliding shoe for moving on ice an implement with rollers attached beneath boots enabling the wearer to glide on floor. एक प्रकार की मछली; बरफ़ पर या छत पर चलने या सरकनेवाला या पहियों पर चलनेवाला जूता; *v. i.* & *t.* to slide on skates. ऐसा जूता पहनकर चलना; **Skating-rink** (a place for skating.) इस प्रकार का जूता पहिनकर चलने का स्थान ।



Skate.

Skean, Skene, Skain-स्कीन् , स्केन्-*n.* a kind of dagger. एक प्रकार का कुठार या गड़ासा ।

Skedaddle–स्कैं-डीं-इल्'– *v. i.* to run away in fight. लड़ाई में भाग जाना।

Skein-स्केन्–*n*. a bundle of yarn, thread or silk, a flock of wild geese. तागे का लच्छा (अण्टा), जङ्गली बत्तक का झुण्ड।

Skeletal-स्कैल्'-ऍ-टॅल्–*adj*. pertaining to skeleton. कंकाल सम्बन्धी।

Skeleton–स्कैल्'-ऍ-टॉन्–*n*. the bony framework of body, a general outline, the framework or essential part of anything, abstract. कंकाल (अस्थिपञ्जर, ठठरी), ढाँचा, सारांश ; **Skeletonize** (-आइज़्) *v. t.* to make a skeleton of. कंकाल के रूपमें लाना; **Skeleton-key** (master-key.) अनेक तालों में लगनेवाली एक ताली।

Skep–स्कैप्- *n*. a kind of wicker-work basket, artificial beehive. खँचिया, मधुमक्खी का बनावटी छत्ता।

Sketch– स्कैच् – *n*. an outline, a rough plan or general outline, a rough draft. स्थूल वर्णन, ढाँचा, मसविदा ; *v. t. & i.* to draw outline or general view of, to make a plan of, to give the principal points of, to describe. नक़शा खींचना, ख़ाका बनाना, ढाँचा बनाना, स्थूल वर्णन करना ; **Sketch-book** (a book on which sketches are drawn.) ख़ाका बनाने की कापी; **Sketcher** (-अर्) *n*. one who makes sketches. ख़ाका बनानेवाला; **Sketch-map** (map in the form of a sketch.) ख़ाके का नक़शा ; **Sketch of a painting** (painting in outline only.) चित्र का ख़ाका ; **Sketchy** (-ई) *adj*. containing an outline. ख़ाके के रूपका

Skew–स्क्यू–*adj*. oblique, slanting. टेढ़ा, तिर्छा ; *n*. the oblique end of buttress. मुण्डेरे का तिर्छा किनारा ; **Skew-bridge** (a bridge that crosses obliquely.) तिर्छे मेहराब का पुल ; **Skew chisel** (a chisel with oblique blade.) तिर्छे धार की रुखानी ; **Skew-eyed** (squint-eyed.) ऍचा ; **Skew wheel** (a wheel with oblique teeth.) तिर्छे दाँते की पहिया।

Skewer–स्क्यू'-अर्–*n*.a pin for holding meat while cooking. कबाब बनाने का सीकचा ; *v. t.* to fasten with skewers. सीकचे में मांस पिरोना।

Ski–शी–*n*. (*pl*. **Skis**.) runners of wood fastened under feet for travelling over snow. बरफ पर चलने के लिये पैर में बाँधने का लकड़ी का तिर्छा पटरा।

Skid– स्किड्– *n*. a frame used as support, a contrivance for locking the revolution of a wheel. लकड़ी का तख़्ता या बोटा, चलती हुई पहिये को रोकने का साधन ; *v. t. & i.* (*p. t.* **Skidded**) to check with a skid. रुकावट डालना, रोकना।

Skiff–स्किफ्– *n*. a kind of small light boat. एक प्रकार की छोटी हलकी नाव।

Skilful-स्किल्'-फुल्-*adj*. having skill, expert, ingenious, dexterous. प्रवीण, कुशल, निपुण, चतुर; **Skillfully** (-ली) *adv*. in a skilful manner. चतुराई से, कुशलता से ; **Skilfulness** (-नॅस्) *n*. the quality of being

skilful. प्रवीणता, चतुराई ।

Skill–स्किल्–*n.* dexterity, expertness, tact, practised ability, कौशल, प्रवीणता, चातुरी, युक्ति, (उपाय); **Skilled** (-ड्) *adj.* familiarly acquainted with. चतुर, अभ्यस्त; **Skill-less** (-लैस्) *adj.* wanting skill. युक्ति हीन ।

Skillet–स्किल्'-लॅट्–*n.* a small metal pot for cooking with hands. कड़ेदार डेगची या बटुआ ।

Skilly–स्किल्'-ली–*n.* soup or gruel given to prisoners. क़ैदियों को खिलाने की दलिया ।

Skim–स्किम्–*v.t.&i.* (*p.t.* **Skimmed.**) to take off cream or scum, to take the best part of anything, to glide along in the air, to look superficially. फेन झाग या मलाई हटाना, किसी पदार्थ का उत्तम तत्व ले लेना, हवा में घूमना, स्थूल दृष्टि से देखना; **Skimmed** (-ड्) *adj.* with cream removed. मलाई उतारा हुआ; **Skimmer** (-मर्) *n.* a scoop used for skimming. मलाई उतारने की करछी या झरनी ।

Skimp–स्किम्प्–*v. t.* to give poor quantity of food. कम भोजन देना; **Skimping** (-इङ्ग्) *adj.* miserly. कृपण, मक्खीचूस; **Skimpy** (-ई) *adj.* meagre. दरिद्र, भ्रष्ट ।

Skin–स्किन्–*n.* the outer covering of animal body, the outer coating of plant, rind, hide. चमड़ा, खाल, छिल्का, झिल्ली; *v. t.* (*p. t.* **Skinned**) to strip off, the skin, to cover with skin. खाल खींचना चमड़ा मढ़ना; **Only skin and bone** (only skeleton.) कंकालमात्र; **To change one's skin** (to undergo impossible change.) असंभव परिवर्तन होना; **To save one's skin** (to get off safe.) सुरक्षित रहना ।

Skin-deep– स्किन्'-डीप्– *adj.* superficial. बाहरी भाग का ।

Skinned–स्किन्ड्–*adj.* covered with skin. चमड़ा लगा हुआ ।

Skinner – स्किन्'-नर् – *n.* one who deals in skins. चमड़ा बेचनेवाला ।

Skinflint– स्किन्'-फ़्लिन्ट्– *n.* a niggardly person. कंजूस, कृपण ।

Skin-grafting – स्किन्'-ग्रॉफ़्ट्-इङ्ग्–*n.* surgical substitution of skin cut from sound part of body for a damaged part. शरीर के अच्छे भाग की खाल निकाल कर घाव पर चिपकाना

Skinless–स्किन्'-लॅस्–*adj.* having no skin. बिना चमड़े का ।

Skinniness– स्किन्'-नि-नॅस्– *n.* state of being skinny. खालपन ।

Skinny– स्किन्'-नी– *adj.* consisting of skin only. चमड़ेदार ।

Skink–स्किङ्क्–*n.* a kind of small lizard. एक प्रकार की छोटी छिपकली ।

Skip–स्किप्–*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Skipped.**) to leap, to jump, to move lightly from one foot to the other, to omit, to disappear, to shift from one subject to other. कूदना, पारी पारी से एक पैर पर भार देकर चलना, त्यागना, एक विषय को छोड़कर दूसरा पकड़ना, लुप्त होना; *n.* spring or bound, a college servant, a bucket in which men or mat-

erials are lowered and raised in mines, the omission of a part. कुदान की चाल, पाठशाला का सेवक, खान में असबाब या मनुष्यों को उतारने चढ़ाने का झूला, छूट ; **Skipjack** (a kind of skipping toy.) एक प्रकार का कूदनेवाला खिलौना; **Skipper** (-पर्) *n.* the master of a small trading vessel. छोटे व्यापारी जहाज का अधिकारी।

Skippet - स्किप्'-पेंट् - *n* a wooden box used to protect seals of documents. मोहर को सुरक्षित करने का लकड़ी का बक्स।

Skipping - स्किप्'-पिङ्ग्–*n.* leaping. कुदान; **Skipping rope** (a small rope used in skipping.) एक टुकड़ा रस्सा जिसके दोनों छोर हाथों में पकड़ कर शरीर के चारो ओर घुमाते और कूदते हैं; **Skippingly** (-ली) *adv.* in a skipping manner. कुदान लगाते हुए।

Skirl-स्कॅर्ल्–*v. i.* to make a chirping sound. चींची शब्द करना ; *n.* a shrill sound. ऐसा शब्द ।

Skirmish-स्कॅर्'-मिश्-*n.* an irregular fighting, a contest, a witty argument. डिम्ब युद्ध, (हलकी लड़ाई), भिड़न्त, शास्त्रार्थ ; *v. i.* to fight slightly. छोटी लड़ाई लड़ना; **Skirmisher** (-अर्) *n.* one who skirmishes. छोटी लड़ाई लड़नेवाला ।

Skirret – स्किर्'-रेंट् – *n.* a kind of parsnip. एक प्रकार का शाक (अजमोदा)

Skirt–स्कर्ट्– *n.* the hanging part of a garment, edge, border, a woman's outer garment. वस्त्र का लटकता हुआ भाग, किनारा, अंचल, स्त्रियों का घाघरा ; *v.t.* & *i.* to go along the edge, to border, to surround. किनारे किनारे चलना, किनारा लगाना, घेरना ; **Skirted** (-ऍड्) *adj.* having skirts. किनारदार; **Skirtless** (-लॅस्) *adj.* without a skirt. बिना किनारे का।

Skit-स्किट्–*n.* a lampoon, a burlesque. हंसी, व्यङ्ग ।

Skitter-स्किट्'-टर्-*v.i.* to go splashing in water. पानी छपछपाते चलना।

Skittish–स्किट्'-टिश् – *adj.* playful, shy, excitable, capricious. खेलाड़ी, भड़कनेवाला, चञ्चल, चपल ; **Skittishly** (-ली) *adv.* wantonly. चञ्चलता से ; **Skittishness** (-नेंस्) *n.* wantonness. चपलता।

Skittle–स्किट्'-ट्ल्-*n.* the game of nine pins. एक प्रकार का खेल।

Skive-स्काइव्–*v.t.* to split, to grind the surface of a gem. फाड़ना, रत्न का पहल रगड़ना।

Skiver-स्कि'-वर्-*n.* a knife for paring leather. चमड़ा फाड़ने का चाकू।

Skulk–स्कल्क्-*v. i.* to keep oneself concealed, to stay away. छिपना, दबक रहना ; **Skulker** (-अर्) *n.* one who skulks. छिपनेवाला ; **Skulkingly** (-इङ्ग् ली) *adv.* in a skulking manner. छिपते हुए।

Skull - स्कल् - *n.* the bony case of the brain, cranium. कपाल, खोपड़ी ; **Skull-cap** (a cap fitting closely on the head.) सिरपर चपककर बैठनेवाली टोपी; **Skulled** (ड्) *adj.* wearing a fitting cap. माथे में चिपकी हुई टोपी पहिरे हुए।

Skunk–स्कङ्क्–*n.* a small Ameri-

can carnivorous animal, a contemptible fellow. अमेरिका देश का एक मांसभक्षी पशु, नीच मनुष्य।

Skurry-स्कर्-री-*n.* haste. शीघ्रता,जल्दी।

Sky – स्काइ – *n.* (*pl.* **Skies**.) the vault or arch of heaven, climate. (गगन, नभ), आकाश, ऋतु; *v.t.* (*p. t.* **Skied**) to throw high up in the air. गेंद इत्यादि को आकाश में फेंकना; **Sky blue** (of the colour of sky.) नीलवर्ण का ; **Sky-born** (heaven-born.) दैवी उत्पत्ति का; **Sky-clad** (naked.) नङ्गा ; **Skyey** (-ई) *adj.* pertaining to sky. आकाश संबंधी; **Skylark** (a singing lark.) चकवा, अबाबील ; **Skyless** (-लेस्) *adj.* without sky. आकाशहीन; **Skylight** (the window placed in the roof of a room.) कमरे में छत के पास की खिड़की, झरोखा ; **Sky-line** (horizon.) क्षितिज; **Sky-rocket** (a kind of firework.) आकाश बान, **Sky-scraper** (a very high building.) अनेक खण्ड की बड़ी ऊँची इमारत; **Sky-touching** (reaching the sky.) गगनचुम्बी ; **Sky-ward** (-वड्र्), **Skywards** (-ड्ज़्) *advs.* towards the sky. आकाश की ओर।

Slab–स्लॅब्–*n.* a thin flat rectangular or square piece of stone or other hard material, outer cut or plank of a log. शिला फलक, पत्थर की पटिया, तख्ता, कोरन ; *v. t.* (*p.t.* **Slabbed**.) to cut into slabs. परत अलगाना, तख्ते काटना ; *adj.* viscous, sticky. चिपचिपा, लसदार।

Slabber–स्लॅब्-बर्– *n.* slaver. थूक ; *v.t.* to sup up hastily. जल्दी जल्दी भोजन करना ; **Slabberer** (-अर्) *n.* one who slabbers. जल्दी जल्दी भोजन करनेवाला।

Slabby-स्लॅब्-बी-*adj.* viscous,dirty. चिपचिपा, मलिन।

Slab-stone–स्लॅब्-स्टोन्-*n.* flagstone. परत परत होनेवाला पत्थर।

Slack – स्लॅक्–*adj.* relaxed, loose, slow, sluggish, negligent. शिथिल, मन्द, ढीला, निर्बल, त्रस्त; *n.* loose part of a rope, coal-dust. रस्से का ढीला भाग, पत्थर के कोयले की धूर ; *n. pl.* trousers. (ब०व०) पाइजामा; *v. t.* & *i.* to make loose. ढीला करना ; *adv.* partially, insufficiently. अपूर्णता से, धीरे से ; **Slack-baked** (imperfectly baked.) भली भाँति न पका हुआ ; **To slack off** (to abate strength.) शक्ति कम करना; **To slack up** (to reduce speed.) गति कम करना।

Slacken–स्लॅक्-एन्–*v.t.&i.* to make slower, to abate, to mitigate. शिथिल करना, मन्द करना, कम करना ; **Slacker** (-अर्) *n.* one who slackens. ढीला करनेवाला ; **Slackness** (-नेस्) *n.* weakness, looseness, slowness. शिथिलता, ढीलापन; **Slacky** (-ई) *adj.* relaxed. शिथिल, मन्द।

Slade–स्लेड्–*n.* a small valley. छोटी घाटी।

Slag – स्लॅग् – *n.* dross separated from a metal, volcanic scoria. धातु की मैल, ज्वालामुखी पहाड़ से निकली हुई कीट; **Slaggy** (-गी) *adj.* pertaining to slag. धातु के मैल का ; **Slag-wool** (mineral wool.) धातु के रेशे।

Slain-स्लेन्-*p. p.* of **Slay.**

Slake - स्लेक् - *v. t.* to quench, to satisfy, to combine with water. शान्त करना, (प्यास बुझाना), तृप्त करना, जल मिलाना ।

Slam-स्लैम्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Slammed.**) to shut with a loud noise, to hit, to beat. पटककर बन्द करना, मारना, पीटना ; *n.* a violent sound as of shutting a door. धड़ाके का शब्द ।

Slander-स्लैन्‌-डर्-*v. t.* to defame falsely, to injure by a false report. कलङ्क लगाना (अपयश फैलाना), दुर्नाम करना ; *n.* defamation, calumny. अपवाद, अपयश; **Slanderer** (-अर्) *n.* one who defames. अपयश फैलानेवाला; **Slanderous** (-अस्) *adj.* defamatory. मिथ्यानिन्दक,कलङ्की; **Slanderously** (अस्-ली) *adv.* in a slanderous manner. अपवाद से, कलङ्क से ; **Slanderousness**(-अस्-नैस्) *n.* the quality of being slanderous. अपयश, अपवाद ।

Slang-स्लैङ्ग् - *n.* words and phrases current in colloquial use but not used in literary language. अश्लील भाषण, गँवारू बोलचाल; *v.t.* to abuse, to scold. अश्लील भाषण करना, गाली देना ; **Slangily** (-इ-ली) *adv.* in a slangy manner. गँवारू भाषा में ; **Slanginess** (- ई-नैस्) *n.* slangy language. भाषा का गँवारपन; **Slangy** (-ई) *adj.* of the nature of slang. गँवारू ।

Slant-स्लैन्ट्-*v. i.* & *t.* to slope, to turn obliquely. तिरछा (ढाल में) होना, तिरछा करना ; *adj.* sloping, inclined. ढालुआँ, तिरछा ; *n.* a slope, oblique position. ढार, तिरछी स्थिति ; **Slantingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with a slope. तिरछेपन से ; **Slantwise** (- वाइज़्) *adv.* obliquely. तिरछी ओर में ।

Slap - स्लैप् - *n.* a blow with the palm of the hand. थप्पड़, तमाचा ; *v. t.* (*p. t.* **Slapped.**) to give a slap to. थप्पड़ मारना ; *adv.* suddenly, effectively. तीव्रता से, वेग से ; **Slapdash** (-डैश्) *adv.* boldly, rashly. साहस से, धृष्टता से ।

Slash - स्लैश् - *v. i.* & *t.* to make sweeping cuts, to cut in long strips, to lash with a whip. लम्बी फाँक करना, लम्बे टुकड़े काटना, चाबुक से मारना ; *n.* a long cut. लम्बी फाँक ; **Slashing** (- इङ्ग्) *adj.* severe. तीक्ष्ण, मर्मभेदी ।

Slat-स्लैट्-*n.* a thin narrow piece of wood. लकड़ी की पतली पट्टी ; *v. i.* & *t.* (*p. t.* **Slatted**) to flap with noise. हवा के झोंके से फड़फड़ाना ।

Slate-स्लेट्-*n*, a kind of grey rock which easily splits into thin smooth plates, such a slice used for writing. स्लेट पत्थर, सिलेट पट्टी; *v.t.* to cover with slates, to abuse. सिलेट पत्थर बैठाना, गाली देना ; **To clean the slate** (to renounce obligation.) एहसान छोड़ना ।

Slater - स्लेट्‌-अर् - *n.* one who prepares or fixes slates. सिलेट बनाने या बैठानेवाला ।

Slattern - स्लैट्‌-टर्न् - *n.* a woman

who is careless of her dress. मैला कुचैला वस्त्र पहिननेवाली स्त्री ; **Slatternliness** (-नैस्) *n.* slovenliness. फूहड़पन ; **Slatternly** (-ली) *adv.* untidily. फूहड़पन से ।

Slaty – स्लैं-टी – *adj.* of the colour of slate. सिलेट के रङ्ग का ।

Slaughter–स्लॉ'-टर्–*n.* a massacre, slaying several persons or animals at once. संहार, हत्या (वध); *v. t.* to kill. हत्या करना; **Slaughterer** (-अर्) *n.* one who is engaged in slaughtering. हत्या करने वाला; **Slaughter-house** (a place for slaughtering beasts.) वधस्थान; **Slaughterous** (-अस्) *adj.* murderous. हत्यारा; **Slaughterously** (- ली) *adv.* in a slaughterous manner. हत्या करते हुए ।

Slav–स्लैव् – *n.* a race of Europe. यूरोप की एक जाति ।

Slave–स्लेव् – *n.* a person in bondage, a serf, a helpless victim. दास, चाकर, आधीन व्यक्ति; **Slave-bangle** (bangle worn above elbow.) अनन्त, बरू; **Slave-born** (born in slavery.) गर्भ दास ; **Slaver** (-अर्) *n.* a ship employed in slave trade. दास का व्यापार करनेवाला जहाज; **Slave-hunter** (one who hunts for slaves.) दास बेचनेवाला; **Slave-trade** (the trade of buying and selling slaves.) दास खरीदने तथा बेचने का व्यवसाय ।

Slaver – स्लैव्'-अर्–*v. i.* & *t.* to let spittle flow from mouth. मुँह से थूक या लार गिराना ; *n.* dribbling o saliva from mouth. लार की टपक ।

Slaverer–स्लैव्'-अर्-अर्–*n.* an idiot. मूर्ख, लंठ ।

Slavery – स्लेव्'-अर्-ई–*n.* the condition of a slave, bondage. किङ्करता, दासत्व ।

Slavey–स्लेव्'-ई–*n.* a maid-servant. दासी, चाकरिन ।

Slavish – स्लें' - विश् – *adj.* servile, mean, base. दास सम्बन्धी, तुच्छ, नीच; **Slavishly** (-ली) *adv.* in a slavish manner. दासत्व से, नीचता से ; **Slavishness** (-नैस्) *n.* the state of being slavish. दासत्व ।

Slay–स्ले – *v. t.* (*p. t.* **Slew**, *p. p.* **Slain**.) to put to death, to kill. हत्या (वध) करना, मार डालना ; **Slayer** (-अर्) *n.* one who slays, a murderer. वध करनेवाला, हत्यारा ।

Sleave–स्लीव्–*v. t.* to separate into threads. धागे को अलगाना ।

Sled–स्लेड्, **Sledge**–स्लेज्, **Sleigh**–स्ले–*ns.* a vehicle on runners for conveyance on snow. बरफ़ पर सरकनेवाली बिना पहिये की गाड़ी ; *v. t.* to convey on a sledge. इस प्रकार की गाड़ी पर चढ़कर चलना; **Sledge-hammer** (a heavy hammer of blacksmith.) लोहार का भारी हथौड़ा,घन

Sleek–स्लीक् – *adj.* smooth, glossy. चिकना, चमकीला; *v. t.* to make smooth by pressing or rubbing. दबाकर या रगड़कर चिकनाना ; **Sleekly** (- ली) *adv.* in a sleek manner. चिकनाहट से ; **Sleekness** (-नैस्) *n.* smoothness. चिकनाहट; **Sleeky** (-ई) *adj.* smooth. चिकना ।

Sleep- स्लीप् - *n.* slumber, repose (rest), quiet, death, निद्रा, विश्राम, शान्ति, मृत्यु; *v. i. & t.* (*p. t. & p.p.* **Slept.**) to rest, to slumber, to be dead. विश्राम करना, सोना, मृत्यु को प्राप्त करना; **Broken sleep** (unsound sleep.) उखड़ी नींद ; **Death sleep** (death.) कालनिद्रा ; **Sleeping car** *n.* रेल का डब्बा जिसमें यात्री के सोने का प्रबन्ध रहता है ।

Sleeper - स्लीप्'-अर् - *n.* one who sleeps, a lazy person, one of the timbers to which a line of rail is fixed. सोने वाला, आलसी मनुष्य, लकड़ी की धरन जिस पर रेल की लाइन जड़ी होती है ।

Sleepily-स्लीप्'-इ-ली- *adv.* drowsily. झपकी में; **Sleepiness** (-नैस्) *n.* inclination to sleep. निद्रा लेने की इच्छा

Sleeping- स्लीप्'-इङ्ग- *adj.* reposing in sleep. निद्रा लेता हुआ ।

Sleepless-स्लीप्'-लैस्-*adj.* having no sleep, wakeful. निद्रा न लेता हुआ, जागृत ; **Sleeplessly** (-ली) *adv.* in a sleepless manner. जागते हुए; **Sleeplessness** (-नैस्) *n.* want of sleep. निद्रा या अभाव ।

Sleepwalker-स्लीप्'-वॉ-कर्-*n.* a somnambulist. निद्रा की अवस्था में घूमने फिरने का रोग ।

Sleepy - स्लीप्'-ई - *adj.* inclined to sleep, drowsy. निद्रालु, निद्राग्रस्त ।

Sleet - स्लीट्- *n.* hail or snow falling with rain. तुषार वर्षा, पाले के साथ वर्षा होना ; *v. i.* to fall or rain with sleet. ऐसी वर्षा होना ; **Sleetiness** (-इ-नैस्) *n.* the state of being sleety. तुषार वर्षा की अवस्था ; **Sleetly** (-ली) *adv.* in a sleety manner. तुषार वर्षा से ।

Sleeve-स्लीव्-*n.* the part of a garment which covers the arm. बहोली, अस्तीन ; **To laugh in one's sleeve** (to laugh secretly.) छिपे हुए हँसना ; **To roll up one's sleeves** (to prepare for fight.) झगड़ा करने के लिये तैयार होना ; **Sleeved** (-इ) *adj.* having sleeves. अस्तीनदार ; **Sleeveless** (-लैस्) *adj.* without sleeve. बिना अस्तीन का ; **Sleeve-link** (-लिङ्क) *n.* stud used as cuff-holder. अस्तीन का बटन ।

Sleigh-स्ले-*n.* see Sled.

Sleight - स्लाइट - *n.* cunning, dexterity, artful trick. धूर्तता, छल (माया), नज़रबन्दी ; **Sleight of hand** (dexterity of hand in juggling.) इन्द्रजाल, हाथ की सफ़ाई ।

Slender - स्लैन्'-डर् - *adj.* long and thin, not stout, scanty, feeble. दुबला पतला, दुर्बल, क्षीण, कृश ; **Slenderly** (-ली) *adv.* दुर्बलता से ; **Slenderness** (-नैस्) *n.* thinness, weakness. कृशता, दुर्बलता ।

Slept-स्लैप्ट-*p. t. & p. p.* of Sleep.

Slew, Slue - स्लू - *v. t.* to turn forcibly forward. वेग से आगे को बढ़ाना ; *n.* a forward progress. आगे का बढ़ाव ।

Slew-स्लू-*p. t.* of Slay.

Slay - स्ले - *n.* a weaver's comb. जोलाहे की कंघी ।

Slice-स्लाइस्- *n.* a thin broad piece

cut off from meat, bread &c., share, an instrument with broad blade. खण्ड (फाँक, टुकड़ा), चौड़ी धार का हथियार ; *v. t.* & *i.* to cut in thin pieces. फाँक काटना, टुकड़ा करना।

Slick–स्लिक्–*adj.* simple, dextrous. सामान्य, चतुर ; *adv.* at once, effectually. तुरत, पूर्णरूप से।

Slidable–स्लाइड्'-अी-ब्ल्–*adj.* arranged for sliding. घसकने योग्य रचा हुआ।

Slide–स्लाइड्–*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Slid.**) to move along smooth surface, to slip in, to glide over ice. फिसलना, सरकना, बरफ़ पर घिसकना ; *n.* the act of sliding, the part of a machine which slides, a polished slippery track. सरकन, यन्त्र में सरकनेवाला भाग, चिकना मार्ग ; **To let things slide** (to be negligent.) जो हो सो होने देना।

Sliding–स्लाइड्'-इङ्ग्–*n.* the act of slipping. सरकन।

Slight–स्लाइट्–*adj.* slender, weak, inadequate, not thorough. कृश, दुर्बल, थोड़ा, अपूर्ण; *v. t.* to treat with neglect, to disregard. उपेक्षा करना, तिरस्कार करना ; *n.* moderate* contempt. उपेक्षा, अनादर; **Slight blow** (weak blow.) हलकी मार ; **To a slight degree** (in a weak manner.) अल्पमात्र ; **Slightingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with neglect. अनादर से ; **Slightly** (-ली) *adv.* in a slight manner, only a small quantity. अनादर से, अल्पमात्र ; **Slightness** (-नैस्) *n.* disregard, slenderness, weakness. तिरस्कार, उपेक्षा, दुर्बलता।

Slim–स्लिम्–*adj.* of slender shape, weak, crafty. दुबला पतला, दुर्बल, धूर्त।

Slime–स्लाइम्–*n.* a glutinous substance, oozy mud. लिसलिसी मिट्टी, (कीचड़), करैली मिट्टी ; *v. t.* to cover with slime. चिपकने वाली मिट्टी से ढाँपना

Slimly–स्लिम्'-ली– *adv.* with craftiness. धूर्तता से।

Slimmish– स्लिम्'-मिश् – *adj.* somewhat slim. कुछ पतला।

Slimness–स्लिम्'-नैस्–*n.* the quality of being slim. दुर्बलता।

Slimily, Sliminess–see **Slimy.**

Slimy–स्लाइम्'-ई–*adj.* full of slime, slippery. लिसलिसी मिट्टी भरी हुई, सरकनेवाली ; **Slimily** (-इ-ली) *adv.* in a slimy manner. लसलसेपन से ; **Sliminess** (-नैस्) *n.* the state of being slimy. चिपचिपाहट, लसलसाहट।

Sling–स्लिङ्ग्–*v.t.* & *i.* (*p.t.* **Slung.**) to throw, to hurl. फेंकना, झटकारना, झोकाना, ढेलवाँस चलाना ; *n.* a rope used in throwing stones, a looped support. ढेलवाँस, छिका, झलुआ।

Slink–स्लिङ्क्–*v.i.* & *t.* (*p.t.* **Slunk**) to go in an ashamed manner, to miscarry. लज्जित हो कर जाना, गर्भ गिराना ; *n.* a bastard child. अविवाहित माता पिता से जन्मी सन्तान।

Slip–स्लिप्'–*v.i.* & *t.* (*p.t.* **Slipped**) to slide unintentionally, to go with a sliding motion, to run away unobserved, to overlook, to make careless mistake, to

insert stealthily. फिसलना, सरकना, भाग जाना, ध्यान न देना, भूल करना, चोरी से रखना ; *n.* the act of slipping, a blunder, a kind of loose garment, thin piece of wood. सरकन, दोष, अपराध, (भ्रम), ढीला वस्त्र, लकड़ी की पतली पट्टी; *adj.* slipping. सरकनेवाली।

Slipper–स्लिप्'-पर्–*n.* a loose light indoor shoe. घर में पहिरने का ढीला जूता, स्लीपर ; **Slippered** (-ड्) *adj.* wearing slippers. स्लीपर पहिरे हुए।

Slipperily–स्लिप्'-पर्-इ-ली–*adj.* in a slippery manner. अस्थिरता से ; **Slipperiness** (-नेस्) *n.* the state of being slippery. चंचलता।

Slippery–स्लिप्'-पर्-ई – *adj.* smooth, unreliable, uncertain, shifty. चिकना, अस्थिर, अनिश्चित, चंचल।

Slippy – स्लिप्'-पी – *adj.* slippery. फिसलनेवाला।

Slipshod–स्लिप्'-शॉड् – *adj.* wearing slippers, careless. घेतला पहिने हुए, असावधान।

Slit–स्लिट्–*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Slitted.**) to cut lengthwise, to cut into thin strips. लम्बे बल काटना, पतली पट्टी काटना ; *n.* a long cut, a narrow opening. लम्बी फटन, लम्बी दरार या छेद।

Sliver–स्लि'-वर्–*n.* a slice of wood cut from timber, a splinter. लम्बा टुकड़ा, चैंली ; *v. i.* & *t.* to cut into long thin pieces, to slice. लम्बे टुकड़े काटना, चैंली निकालना।

Slobber–स्लॉब्'-बर्–*v. i.* & *t.* to run saliva from mouth, to do task badly. मुह से फेचकुर या लार बहाना, गंदा काम करना ; *n.* running saliva. फेचकुर बहना; **Slobberiness** (-इ-नेस्) *n.* the state of being slobbery. लार बहना ; **Slobbery** (-ई) *n.* worthless work. भ्रष्ट कार्य।

Sloe–स्लो–*n.* a kind of wild plum. एक प्रकार की जङ्गली बेर, झरबेर का फल।

Slog–स्लॉग्–*v. i.* & *t.* (*p.t.* **Slogged.**) to strike a hard blow, to walk doggedly. बड़े वेग से मारना, झपट कर चलना।

Slogan–स्लो'-गॅन् – *n.* a watchword, party-cry or war-cry. किसी दल का विशिष्ट सांकेतिक शब्द, नारा।

Slogger–स्लॉग्'-गर्–*n.* a hard hitter. वेग से मारनेवाला।

Sloid, Sloyd – स्लॉयड् – *n.* manual training (*esp.* wood-working.) adopted in school. स्कूलों में लकड़ी का काम सिखलाने की विधि।

Sloop–स्लूप्–*n.* a small one masted vessel. एक मस्तूल का छोटा जहाज़।

Slop–स्लॉप्–*n.* (in *pl.* sense only.) dirty water of kitchen or bed-room, liquid food, readymade clothing for sailors. गन्दा जल, तरल भोजन, मल्लाहों के लिये बनाया हुआ वस्त्र ; *v. i.* & *t.* (*p.t.* **Slopped.**) to spoil by spilling, to flow over edge of vessel. गँदला करना, बरतन में से उमड़कर गिरना ; **Slop basin** (a bowl for emptying dregs of cups &c.) जूठा बरतन माँजने का कठरा।

Slope–स्लोप् – *n.* inclined position, declivity, uneven ground. निम्नता, ढाल, असम (ऊँची नीची) भूमि ; *v. t.* & *i.* to incline, to take an

oblique position. तिर्छा करना, ढालुआँ होना ; **Slopewise** (-वाइज़) *adv.* obliquely. ढाल में ; **Sloping** (-इङ्ग्) *adj.* oblique. ढालुवाँ ; **Slopingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in an oblique manner. ढालुवाँ रीति से ।

Sloppily, Sloppiness–see **Sloppy**.

Sloppy – स्लॉप्'-पी – *adj.* wet with rain or by sprinkling water. पानी छिड़िकने से या वर्षा से भीगा हुआ ; **Sloppily** (-पी-ली) *adv.* in a sloppy manner. छिड़काव से ; **Sloppiness** (-नैस्)*n.* the state of being sloppy. भीगापन ।

Slops–स्लॉप्स्–*n. pl.* trousers, loose lower garment. पायजामा, घाघरा ।

Slot – स्लॉट – *n.* groove or slit of a machine, trapdoor of a stage, track of deer known by foot-steps. किसी यन्त्र में का दरार, छेद या नाली, नाटक घर में रङ्गभूमि की खिड़की, हरनी का मार्ग जो पैर के चिह्न से जाना जावे ; *v. t.* to provide with slots. दरार या छेद बनाना ।

Sloth–स्लोथ् – *n.* laziness, sluggishness, a kind of American mammal which moves very slowly. मन्दता, आलस्य, अमेरिका देश का एक चौपाया जो बहुत धीरे धीरे चलता है ; **Slothful** (-फुल) *adj.* sluggish, inactive. आलसी, सुस्त ; **Slothfully** (-फुल-ली) *adv.* in a slothful manner. आलस्य से ; **Slothfulness** (-नैस्) *n.* laziness. आलस्यपूर्णता ।

Slouch–स्लाउश् – (-च्)–*v. i. & t.* to droop, to sit in a loose attitude, to bend one side of a hat while wearing it. झुकना, शरीर ढीली करके बैठना, टेढ़ी टोपी लगाना ; *n.* an awkward gait, bending brim of hat. भद्दी चाल, टेढ़ी टोपी ; **Slouchingly** (-इङ्ग् - ली) *adv.* in a drooping manner. आलस्य की गति से ।

Slough–स्लाउ–*n.* quagmire, swamp, hopelessness. कीचड़, दलदल, आशाहीन अवस्था ।

Slough–स्लफ्–*n.* a snake's cast skin, the dead tissue or part of an animal which drops off. (कंचुक) कैंचुली, चोइयाँ ; *v. i. & t.* to remove slough from body. कैंचुली छोड़ना ; **Sloughy** (-ई) *adj.* full of sloughs. कैंचुलीदार ।

Sloven–स्लव्'-ऍन्–*n.* (*fem.* **Slut**.)a dirty, careless or unmethodical person. मैला अथवा अव्यवस्थित पुरुष, फूहड़ मनुष्य ; **Slovenly** (-ली) *adv.* untidily, disorderly. मलिनता से, अव्यवस्था से ; **Slovenliness** (-नैस्) *n.* negligence of dress, neglect of cleanness. गन्दगी, मलिनता ।

Slow–स्लो – *adj. & adv.* not swift, deficient in speed, lingering, tardy, dull, tedious, inactive, not cautious, in a slow manner. मन्द, मन्दगति, विलम्ब करनेवाला, ढीला, जड़, जड़मति, आलसी, असावधान, मन्दता से; *v. i. & t.* to go slow. गति मन्द करना; **Slowly** (-ली) *adj.* in a slow manner. धीरे से, मन्दता से ; **Slowness** (-नैस्) *n.* dullness, tardiness. मन्दता, आलस्य; **Slow-witted** (dull-witted, foolish.) मोटी बुद्धि का, मूर्ख ; **Slow-worm** (limbless lizard,

blind-worm.) अन्धा साँप, केंचुआ।

Sloyd–स्लॉएड्–see **Sloid**.

Slub – स्लब् – *n.* slightly twisted wool. थोड़ा बटा हुआ ऊन ; *v. t.* (*p. t.* **Slubbed**.) to draw out and twist wool. ऊन को थोड़ा बटना।

Slubber–स्लब्'-बर्–*v. t.* & *i.* to do a thing carelessly and lazily, to slaver. धीमे धीमे काम करना,धब्बा डालना

Sludge-स्लज्-*n.* sewage, thick mud. पङ्क, कीचड़ (मैला); **Sludgy** (- ई) *adj.* muddy. पङ्कमय, गदला।

Slug – स्लग्–*n.* a kind of shell-less snail destructive to plants, bullet of irregular shape, round lump of metal, एक प्रकार का वनस्पति को नष्ट करनेवाला कीड़ा, टेढ़ीमेढ़ी बन्दूक की गोली, धातु का ठोस थक्का ; **Slug-abed** (-औं-बेंड्) *n.* one who indulges in lying abed. देरतक चारपाई पर पड़ा रहनेवाला मनुष्य।

Sluggard–स्लग्'-औंड्–*n.* a man who is habitually lazy and sluggish. मन्द, आलसी मनुष्य।

Sluggish – स्लग्'-इश्–*adj.* indolent, slow moving, inactive, slothful. आलसी, मन्दगति, सुस्त, धीमा ; **Sluggishly** (- ली) *adv.* in a sluggish manner. मन्दगति से, सुस्ती से ; **Sluggishness** (- नेंस्) *n.* the quality of being sluggish. आलस्य, मन्दता।

Sluice – स्लूस् – *n.* a floodgate, an artificial water-channel. जलमार्ग, पानी निकालने का फाटक, नहर; *v. t.* & *i.* to provide with sluice. पानी निकालने के लिये ऐसा फाटक बनाना।

Slum – स्लम् – *n.* a dirty alley or street. मैली कुचैली गली ; *v. i.* (*p. t.* **Slummed**.) to go about dirty streets. गन्दी गलियों में फिरना; **Slummer** (-मर्) *n.* one who slums. गन्दी गलियों में चलनेवाला।

Slumber-स्लम्'-बर्-*n.* a short sleep, repose. झपकी (अल्पनिद्रा), ऊंघ ; *v. i.* & *t.* to sleep lightly, to dose. ऊँघना, झपकी लेना ; **To slumber away** (to waste time in slumbering.) झपकी लेते हुए समय नष्ट करना; **Slumberer** (- अर्) *n.* one who slumbers. झपकी लेनेवाला; **Slumberous** (-अस्) *adj.* sleepy. निद्रालु ; **Slumberously** (- ली) *adv.* in a sleeping manner. झपकी में।

Slummock–स्लम्'-मक्–*v. t.* & *i.* to swallow greedily, to speak in an awkward way. भुक्खड़ की तरह खाना, फूहड़ की तरह बोलना।

Slump – स्लम्प्–*n.* a sudden fall in the prices of a commodity. किसी पदार्थ के मूल्य में एकाएक कमी ; *v. i.* to collapse. इस प्रकार की कमी होना।

Slung–स्लङ्ग्–*p. t.* of **Sling**.

Slunk–स्लङ्क्–*p. t.* of **Slink**.

Slur–स्लर्–*v.t.* & *i.* (*p.t.* **Slurred**.) to pronounce indistinctly, to conceal, to decrease, to insinuate against. अस्पष्ट उच्चारण करना, छिपाना, कम करना, कलङ्क लगाना; *n.* disgrace, blame, a piece of slurring in handwriting. कलङ्क, अकीर्ति (का चिह्न), टेढ़ी मेढ़ी लिखावट।

Slush – स्लश् – *n.* soft mud. कीचड़, नरम मिट्टी; **Slushy** (-ई) *adj.* consisting of slush. कीचड़दार।

Slut – स्लट्–*n.* (*mas.* **Sloven**.) an untidy or slovenly woman. मैली कुचैली या फूहड़ स्त्री, अविनीता; **Sluttery** (-टर्-ई) *n.* dirtiness, disorder. गन्दगी, अव्यवस्था ; **Sluttish** (-टिश्) *adj.* untidy and dirty. भ्रष्ट, मलिन ; **Sluttishly** (-ली) *adv.* in a sluttish manner. फूहड़पन से; **Sluttishness** (-नैस्) *n.* disorderliness. अविनीत भाव ।

Sly–स्लाइ–*adj.* (*comp.* **Slyer**, *sup.* **Slyest**.) cunning, witty, artful, done in secret, insinuating. धूर्त, चतुर, कपटी, एकान्त में किया हुआ, उत्तेजना उत्पन्न करनेवाला ; **Slyly** (-ली) *adv.* artfully, cunningly. धूर्तता से, कपट से; **Slyness** (- नैस्) *n.* artfulness, cunningness. कपट, चतुराई ।

Smack – स्मैक्–*n.* flavour, a small quantity, tinge, slap, loud kiss, slight sound, a kind of ship. अल्प परिमाण, स्वाद, प्रभाव, थप्पड़, सशब्द चुम्बन, मन्द शब्द, एक प्रकार का जहाज ; *v. t.* & *i.* to have a slight taste, to taste slightly, to crack. स्वाद लेना, चपचप शब्द करना ; **Smacker** (-अर्) *n.* one who smacks, a loud kiss. तड़ाके का शब्द, सशब्द चुम्बन ।

Small – स्मॉल्–*adj.* of little size or strength, petty, unimportant, trifling, humble, poor, ungenerous. अल्प, थोड़ा, छोटा,क्षुद्र, निर्बल, तुच्छ, विनीत ; *n.* the slender part of something. अल्प भाग; **Small gross** (ten dozen.) दस दर्जन ; **To feel small** (to be humiliated.) विनीत होना ।

Smallage–स्मॉल्-एज्–*n.* wild celery. जङ्गली चौराई ।

Small arms – स्मॉल् - आर्म्स् – *n. p;.* rifles and revolvers. तोप के सिवाय अन्य आग्नेय अस्त्र यथा तमञ्चा, बन्दूक इत्यादि

Small letters–स्मॉल्-लैट्-अर्स्– *n. pl.* not capital letters. लिखने या छापने के छोटे अक्षर ।

Small-minded-स्मॉल्-माइन्ड्-ऍड्-*adj.* of spiteful nature. क्षुद्र बुद्धि का ।

Smallness – स्मॉल्-नैस्–*n.* the state of being trifling. तुच्छता ।

Small-pox – स्मॉल्-पॉक्स्–*n.* variola. शीतला रोग ।

Smalt – स्मॉल्ट – *n.* blue-coloured glass, blue pigment. नीले रङ्ग का शीशा, नीला रङ्ग ।

Smart–स्मॉर्ट्– *v. t.* & *i.* to give or feel acute pain. पीड़ा देना या अनुभव करना ; *n.* quick pungent pain. शारीरिक या मानसिक व्यथा, तीव्र वेदना ; *adj.* severe, sharp, pungent, lively, witty, clever. तीक्ष्णबुद्धि, तीखा, चरपरा, प्रफुल्ल, रोबदार, चतुर; **To smart for** (to endure consequences.) परिणाम सहना ।

Smarten – स्मॉर्ट्-ऍन् – *v. t.* & *i.* to make smart. तीखा करना ।

Smartly – स्मॉर्ट्-ली – *adv.* keenly, in a smart manner, briskly. तीव्रता से, शीघ्रता से ।

Smart-money-स्मॉर्ट्-मन्-ई-*n.* fine. जुर्माना, हरजाना, दण्ड ।

Smartness – स्मॉर्ट्-नैस् – *n.* quickness, beauty. तीव्रता (तीक्ष्णता), शोभा ।

Smash – स्मैश्–*v. t.* & *i.* to break into pieces, to shatter, to rout

utterly, to hit with force, to come to grief. टुकड़े टुकड़े करना, छितराना, तितर बितर करना, वेग से मारना दुःखी होना; *n.* the act of smashing, violent fall. छितराव, नाश; **Smasher** (-अर्) *n.* a smashing blow. टकराने की चोट।

Smatter– स्मॅट्'-टर् – *v. i.* to talk uselessly. वृथा बकवाद ; **Smatterer** (-अर्) *n.* one who has slight superficial knowledge. अल्प ज्ञान वाला ; **Smattering** (-इङ्ग्) *n.* superficial knowledge. अल्प पाण्डित्य।

Smear–स्मियर्–*v. t.* & *i.* to stain with something greasy, to blot, to soil. लीपना, पोतना, मलिन करना, गन्दा करना ; *n.* stain. लीपन पोतन ; **Smearing** (-इङ्ग्) *n.* daubing. लिपान ; **Smearingly** (-ली) *adv.* in a slight smearing manner. मलिन करते हुए ; **Smeary** (-ई) *adj.* adhesive. लसलसा।

Smectite–स्मॅक्'-टाइट्–*n.* a kind of white clay used in removing stains from cloth. रेह, सज्जी।

Smeech– स्मीश्– **Smitch**–स्मिश्– *ns.* smell of burning. धुवें की गन्ध।

Smegma–स्मॅग्'-मी– *n.* a soapy secretion from skin. पसेव ; **Smegmatic**(-मॅट्-इक्) *adj.*soapy, cleansing. पसेव को साफ़ करनेवाला।

Smell-स्मॅल्–*n.* the preception of odour by the nose, odour, scent, bad odour. गन्ध ग्रहण की शक्ति, गन्ध, बास, दुर्गन्ध; *v. t.* & *i.* (*p.t.* **Smelled** or **Smelt**) to have an odour, to excite sense of smell. गन्धका अनुभव करना, सूँघना ; **To smell a rat** (to be suspicious.) सन्देहयुक्त होना।

Smellable– स्मॅल्'-ली-ब्ल् – *adj.* able to be smelt. सूँघने योग्य।

Smeller – स्मॅल्'-लर् – *n.* one who smells, a severe blow on nose. सूँघनेवाला, नाक पर आघात।

Smelling–स्मॅल्-लिङ्ग्– *n.* the sense of perceiving odours. गन्ध का ज्ञान ; **Smelling salts** (perfumed ammonium carbonate.) नौसादर और चूने का घोल जिसके सूँघने से शिर की पीड़ा कम होती है।

Smell-less-स्मॅल्'-लॅस्-*adj.* devoid of smell. गन्धरहित।

Smelt–स्मॅल्ट्–*v. t.* to extract metal from ore by melting. गलाकर धातु अलगाना ; *n.* a kind of small fish similar to salmon. एक प्रकार की मछली; **Smelter** (-अर्) *n.* one who smelts ores. धातु गलानेवाला।

Smelt–स्मॅल्ट्–*p.t.* & *p.p.* of **Smell**.

Smew–स्म्यू–*n.* a kind of duck. एक प्रकार का बत्तक।

Smilax– स्मि'-लॅक्स्– *n.* a kind of climbing shrub. एक प्रकार की लता।

Smile–स्माइल्– *v. i.* & *t.* to look with bright aspect, to laugh slightly, to favour. मुसकुराना, मन्द हास्य करना, अनुग्रह करना ; *n.* the act of smiling. मन्दहास,मुसकुराहट; **Smiling** (-इङ्ग्) *adj.* with a smile, happy. प्रसन्न, मुसकुराता हुआ ; **Smilingly** (-ली) *adv.* with a smile of pleasure. मुसकुराते हुए ; **Smileless** (-लॅस्) *adj.* without a smile. बिना

मुसकुराहट का।

Smirch-स्मर्श्-*v. t.* to smear, to stain. मलिन करना, कलुषित करना।

Smirk-स्मर्क्-*v. i.* to smile in an affected manner. चोचला करते हुए हँसना; *n.* a silly smile. मूर्खता की हँसी, नखरे की मुसकुराहट।

Smite- स्माइट्- *v. t.* (*p. t.* **Smote**, *p. p.* **Smitten**, **Smit**.) to strike, to defeat utterly, to chastise, to infect with disease. मारना, हराना, पीड़ा देना, रोगग्रस्त करना; **Smiter** (-अर्)*n.* a hard hitter.तेज मारनेवाला

Smith-स्मिथ्-*n.* one who works in metal. धातु का काम करनेवाला (यथा-लोहार, सोनार, कसेरा)

Smithers-स्मिथ्'-अर्स्- *n. pl.* small fragments. अंश, छोटे टुकड़े।

Smithery-स्मिथ्'-अर्-ई-*n.* a smith's work, smithy. लोहार इत्यादि का कार्य, इसका कारखाना।

Smithy-स्मिथ्'-ई-*n.* the workshop of a blacksmith. लोहार का कारखाना।

Smitten-स्मिट्'-ऍन्-*p. p.* of **Smite**.

Smock - स्मॉक् - *n.* a chemise, a child's garment. जनानी कमीज, बच्चे का वस्त्र; **Smock frock** (coarse frock worn by labourers.) किसानों की अधबहियाँ; **Smocking** (-इङ्ग्) *n.* pleating closely. गुँथन।

Smoke- स्मोक्- *n.* visible vapour emitted by a burning substance. धूम्र, धुवाँ; *v. i.* & *t.* to emit smoke, to darken, to suffocate, to inhale and exhale smoke. धुवाँ फेंकना, काला करना, गला घुटाना, धूम्र पान करना, तमाखू पीना; **From smoke into smother** (from one difficulty to another.) एक आपत्ति से दूसरी आपत्ति में पड़ना।

Smoke-bell-स्मोक्'-बॅल्-*n.* an inverted cup suspended over lamp. दीपक के ऊपर टाँगने की कटोरी।

Smoked - स्मोक्ड् - *adj.* covered with smoke. धुवाँ लगाया हुआ।

Smokeless- स्मोक्'-लॅस् - *adj.* without smoke. बिना धुवें का; **Smokelessly** (-ली) *adv.* in a smokeless manner. बिना धुवें के; **Smokelessness** (-नॅस्) *n.* the state of being smokeless. निर्धूमता।

Smoker - स्मोक्'-अर् - *n.* one who smokes tobacco. तमाखू पीनेवाला।

Smokily - स्मोक्'-इ-ली - *adv.* in a smoky manner. धुएँ सहित।

Smokiness-स्मोक्'-इ-नॅस्-*n.* the state of being smoky. धुवाँपन।

Smoking - स्मोक्'-इङ्ग् - *n.* the act of inhaling. धूम्रपान; **Smoking-room** (a room in which people smoke.) तमाखू पीने का कमरा।

Smoky- स्मोक्'-ई- *adj.* filled with smoke, having the colour of smoke. धुवाँ से भरा हुआ, धुवें के रंग का

Smooth-स्मूद्- *adj.* of even surface, without undulations, glossy, free from harshness, polite, unruffled. चिकना, चौरस, चमकदार, अकर्कश, विनीत, शान्त; *v. t.* & *i.* to make smooth, to free from impediments, to make easy. बराबर करना, चिकना करना, शान्त करना; *n.* a smoothing touch. शान्ति देनेवाला स्पर्श; **Smooth-faced** (having a

soft look.)मृदु आकृतिवाला; **Smoothing** (-इङ्ग्) *adj*. making smooth. चिकनानेवाला; **Smoothing iron** (iron for smoothing clothes.) इस्त्री करने का लोहा; **Smoothing plane** (carpenter's plane used in smoothing work.) बढ़ई का छोटा रन्दा; **Smoothly** (-ली) *adv*. in a smooth manner. सुख से, निर्विघ्नता से; **Smoothness** (-नैस्) *n*. the quality of being smooth, softness. मृदुता, चिकनाहट, स्निग्धता; **Smooth tongued** (flattering.) मीठा बोलनेवाला।

Smote–स्मोट्–*p. t.* of **Smite**.

Smother–स्मद्'-अर्–*n*. thick cloud of dust, obscurity. गर्दा, धूल इत्यादि का बादल, घबड़ाहट; *v. t.* & *i.* to stifle, to suffocate, to overwhelm with kindness, to suppress, to conceal. श्वास रोकना, गला घोटना, भरमार करना, दबाना, छिपाना; **Smothered** (-ड्) *adj*. stifled. गला घोटा हुआ; **Smothery** (-ई) *adj*. tending to smother. रूधनेवाला।

Smoulder–स्मोल्'-डर्– *v. i.* to burn in a suppressed manner without flame, to exist without visible effects. भीतर भीतर (बिना ज्वाला उठे) जलना, बिना दृश्य प्रभाव के होना: *n*. that which smoulders combustion. धुवाँ न निकलनेवाला मसाला।

Smudge, Smutch–स्मज्–(-च्)–*v. t.* & *i.* to smear, to make marks of dirt, to stain the reputation of. लीपापोती करना, गन्दा करना, यश में धब्बा लगाना; *n*. a spot, a stain. मिट्टी का चिह्न, दाग।

Smudge–स्मज्–*n*. kindling fire outside the house to drive away insects. कीड़े फतिङ्गों को हटाने के लिये घर के बाहर आग जलाना।

Smudgily – स्मज्'-जि-ली – *adv*. in a smudgy manner. गन्देपन से; **Smudginess** (-नैस्) *n*. dirtiness. गद्लापन।

Smug – स्मग् – *adj*. of respectable appearance, nice, self satisfied. शिष्ट आकृति का, सुन्दर, अपने ही में प्रसन्न; **Smugness** (-नैस्) *n*. nicety of appearance. छैलापन।

Smuggle–स्मग्'-गल्–*v. t.* to import or export goods unlawfully. महसूली माल को चोरी से मगाना या बाहर भेजना; **Smuggler** (-लर्) *n*. one who smuggles. इस प्रकार की चोरी करनेवाला; **Smuggling** (-लिङ्) *n*. unlawfully importing or exporting prohibited goods. इस प्रकार की चोरी।

Smudgy – स्मज्'-जी – *adj*. smeared, blotted. चिह्नयुक्त, गन्दला।

Smut – स्मट्–*n*. a spot made with soot, foul matter, mildew, obscene talk. धुवें का धब्बा, मल, गेरुई, अश्लील बातें; *v.t.* & *i.* (*p.t.* **Smutted**.) to stain, to tarnish, to blacken. धब्बा लगाना, मैला करना, काला करना; **Smuttily** (-टि-ली) *adv*. in a smutty manner. मलिनता से; **Smuttiness** (-टि-नैस्) *n*. the state of being smutty. अश्लीलता, मैलापन; **Smutty** (-टी) *adj*. painted with

mildew. गेरुई लगा हुआ ।

Snack–स्नैक् – *n.* a share, a slight hurried repast. भाग, जलपान, अल्प भोजन ।

Snaffle – स्नैं-फ़ल्–*n.* a bridle with plain bit. चिकनी लगाम; **Snaffled** (- ड्) *adj.* with slender bit. चिकनी लगाम लगा हुआ ; **To ride one on the snaffle** (to manage a person gently.) किसी मनुष्य से कोमलता से काम निकालना ।

Snag – स्नैग् – *n.* stump of branch, a projecting point, an irregular tooth, an obstacle, a piece of rough timber or rock embedded in the bottom of the sea or river impeding navigation. ठूंठ, उभड़ा हुआ कोना, निकला हुआ दाँत, अवरोध, नदी अथवा समुद्र में की उभड़ी हुई लकड़ी अथवा चट्टान जो नाव आदि चलाने में रुकावट करती है ; **Snagged** (- ड्) *adj.* pointed. नोकीला ; **Snaggy** (-गी) *adj.* full of snags. ठूंठदार ।

Snail–स्नेल्–*n.* a slimy slow-creeping insect with spiral shell. शम्बूक, घोंघा ; *v. t. & i.* to hunt snails. घोंघे का शिकार करना ; **Snail-like** (resembling a snail.) घोंघे की तरह का ; **Snail's pace** (very slow movement.) अति मन्द गति ; **Snail-slow** (as slow as a snail.) घोंघे की तरह धीरा ।

Snake – स्नेक्–*n.* serpent, treacherous person. (नाग) सर्प, निर्दयी मनुष्य ; **Snake in the grass** (secret enemy.) गुप्त शत्रु ; **To raise snakes** (to make disturbance, to start a quarrel.) उपद्रव करना, झगड़ा उत्पन्न करना ।

Snake-charmer–स्नेक्-चार्म्-अर्–*n.* a person who charms snakes specially by music. मदारी ।

Snake-lizard – स्नेक्-लिज्-ऑड्र्–*n.* a kind of lizard with no legs. एक प्रकार की बिना पैर की छिपकली ।

Snakiness – स्नेक्-इ-नैस् – *n.* guile, ingratitude. दुष्टता, कृतघ्नता ।

Snaky – स्नेक्-ई – *adj.* snakelike in appearance, full of snakes. सर्प के आकार की (लहरियादार), सर्पों से पूर्ण ।

Snap-स्नैप्-*v.t.& i.* (*p.t.* **Snapped**.) to break with a sharp noise, to bite, to crack, to take instantaneous photograph. चटका कर तोड़ना, काटना, टुकड़ा करना, चलती फिरती चीज़ों की फ़ोटो लेना ; *n.* the act of snapping, a spring fastening. कड़कड़ाहट, खटका ; **To snap at** (to try to bite.) काटने का प्रयत्न करना ; **To snap out** (to speak angrily.) क्रोध से बोलना ; **To snap the fingers.** अंगुली चटकाना ; **To snap teeth together** (to clatter teeth.) दाँत कड़कड़ाना ।

Snaphook – स्नैप्-हुक्–*n.* a kind of hook in which cord can be admitted but does not come out. ऐसा खटका जिसमें डोरा जा सके परन्तु निकल न सके ।

Snap-lock – स्नैप् - लॉक् – *n.* lock which closes automatically. कमानी पर बन्द होनेवाला खटका ।

Snappish – स्नैप्-पिश् – *adj.* angry. क्रोधी ; **Snappishly** (- ली) *adv.*

angrily. क्रोध से ; **Snappishness** (- नैस्) *n.* the state of being snappish. कुड़कुड़ाहट ।

Snappy–स्नॅप्'-पी-*adv.* cruel. दुःशील, कर्कश ।

Snapshot – स्नॅप्'-शॉट – *n.* a hasty shot, an instantaneous photograph. जल्दी का निशाना, शीघ्रता से खींची हुई फ़ोटो ।

Snare-स्नेॅअर् – *n.* a trap for catching animals or birds, anything used for tempting. जाल, फन्दा, फुसलाने की विधि ; *v. t.* to catch with a snare. जाल में फँसाना ; **Snarer** (-अर्) *n.* one who lays a snare. फँसानेवाला ।

Snarl–स्नार्ल्–*v. i.* & *t.* to growl, to complain, to speak roughly, to be entangled. गुर्राना, गरजना, कर्कश शब्द बोलना, फँसना, फसाना ; *n.* a growling noise. गुर्राहट ; **Snarler** (-अर्) *n.* one who snarls.गुर्रानेवाला; **Snarlingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a snarling manner. गुर्राहट से; **Snarly** (-ई) *adj.* growling. गुर्रानेवाला ।

Snatch – स्नॅच् – *v. t.* & *i.* to seize quickly or unexpectedly, to stretch hands for seizing. झटके से पकड़ना, झपटना ; *n.* a hasty seizing. क्षणिक प्रवृत्ति, झपट;**By snatches** (in fragments.) टुकड़े टुकड़े करके; **To snatch at** (to attempt at seizing.) पकड़ने के लिये प्रवृत्त होना ; **To snatch off** (to steal.) चुरा लेना ; **To snatch out** (to seize quickly.) खींच लेना ।

Snatching–स्नॅच्'-इङ्ग्–*adj.* atrocious. लोलुप, लालची ; **Snatchily** (-इ-ली) *adv* in a snatching manner. झपटते हुए ।

Sneak–स्नीक्–*v. i.* & *t.* to run away in a guilty manner, to behave meanly. चोर की तरह भाग जाना, अधम व्यवहार करना ; *n.* a mean fellow. नीच, अधम पुरुष ; **Sneak thief** (one who steals from open doors.) छिछोरा ।

Sneaking – स्नीक्'-इङ्ग्–*adj.* mean. नीच ; **Sneakingly** (- इङ्ग्-ली) *adv.* in a sneaking manner. नीचता से ।

Sneck–स्नेॅक्–*n.* a latch. अगरी, कुलाबा

Sneer – स्निअर् – *v. i.* & *t.* to utter words ironically, to smile derisively, to show contempt by looks. बोली ठिठोली बोलना, उपहास करना, तिरस्कार दिखलाना ; **Sneerer** (-अर्) *n.* one who sneers. उपहास करनेवाला ; **Sneeringly** (-इङ्ग्-ली) *adj.* in a sneering manner. उपहास सहित ।

Sneeze – स्नीज़ – *v. i.* to make explosive sound while emitting air suddenly from the nose. छींकना ; *n.* the act of sneezing. छींक, छींकने का शब्द ।

Snick–स्निक् – *v. t.* to make small cut in. छोटा कटाव निकालना ; *n.* a notch. छोटा चिप्पड़ ।

Snicker-स्निक्'-अर्–*v. i.* to whinny, to snigger. हिनहिनाना ; *n.* neigh. हिनहिनाहट ।

Snide – स्नाइड् – *adj.* counterfeit. कृत्रिम, बनावटी ।

Snider – स्नाइड्'-अर् – *n.* a rifle of

old pattern. पुरानी बनावट की बन्दूक।

Sniff–स्निफ्–*v.i.* & *t.* to draw up air in an audible manner. शब्द करते हुए नाक से हवा खींचना ; *n.* the act of sniffing. नाक से शब्द करना, नाक की फूँक ; **To sniff at** (to show contempt for.) तिरस्कार दिखलाना।

Sniffy – स्निफ्´-फी–*adj.* contemptuous. तिरस्कार युक्त।

Snigger–स्निग्´-गर्–*v. i.* to laugh in a half-suppressed manner. अल्प-हास करना।

Snip–स्निप्–*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Snipped**.) to nip or cut with shears or scissors. कतरना, छाँटना ; *n.* the act of cutting. कतरने की क्रिया।

Snipe – स्नाइप्–*n.* a kind of game-bird found in marshes. एक प्रकार की चिड़िया, चाहा ; *v. i.* & *t.* to shoot snipes, to fire shots from hiding specially at night into enemy's camp. चाहा पक्षी का शिकार करना, रात्रि में शत्रु पर गोली चलाना ; **Sniper** (-अर्) *n.* a sharp shooter. शत्रु पर अन्धकार में आक्रमण करनेवाला।

Snippet–स्निप्´-पेंट्–*n.* a small fragment. छोटा कटाव, चिप्पड़ ; **Snippety** (-ई) *adj.* fragmentary. कटाव का।

Snipping–स्निप्´-पिङ्ग्–*n.* a cutting. काटन।

Snivel–स्निव्´-एँल्–*v.i.* (*p.t.* **Snivelled**.) to run at the nose, to be lachrymose, to cry like a child. नाक बहना, नाक से कफ निकलना, बच्चे की तरह रोना ; *n.* running mucus, crying. नाक बहना, रोना, चिल्लाहट ; **Sniveller** (-अर्) *n.* one who snivels. नाक बहनेवाला ; **Snivelling** (- लिङ्ग्) *adj.* crying like a child. बच्चों की तरह चिल्लानेवाला।

Snob–स्नॉब्–*n.* a vulgar person, a cobbler's man. गँवार मनुष्य, मोची का नौकर; **Snobbish** (-बिश्) *adj.* resembling a snob. असभ्य ; **Snobbishly** (-ली) *adv.* in a snobbish manner. असभ्यता से ; **Snobbishness** (-नेंस्) *n.* the quality of being snobbish. असभ्यता।

Snood – स्नूड् – *n.* a fillet for hair. जूड़ा बँधना।

Snook – स्नूक् – *n.* a kind of fish, contemptuous gesture with the thumb at the tip of the nose and fingers spread out. एक प्रकार की मछली, तिरस्कार सूचित करने का सङ्केत।

Snooker–स्नूक्´-अर् – *n.* a game like billiards. एक प्रकार का गेंद का खेल जो टेबुल पर खेला जाता है।

Snooze–स्नूज़्–*v.* i. & *t.* to take short sleep during the day, to pass time lazily. दिन में झपकी लेना, आलस्य में समय बिताना ; *n.* a short sleep or nap. झपकी।

Snore–स्नोर् – *v. i.* & *t.* to breathe with a rough rattling hoarse noise during sleep. घर्राटा लेना, सोने में नाक से शब्द निकालना ; **Snorer** (-अर्) *n.* one who snores. घर्राटा लेनेवाला ; **Snoring** (-इङ्ग्) *n.* snoring noise. घर्राटे का शब्द।

Snort–स्नॉर्ट्–*v. i.* & *t.* to force air through the nostrils making an explosive sound. नाक से शब्द निकालना, घर्घर शब्द करना।

Snot – स्नॉट – *n.* mucus from the nose. नाक का कफ; **Snot-rag** (handkerchief.) नाक पोंछने का रुमाल; **Snotty** (-टी) *adj.* foul with mucus. कफ निकलनेवाला ।

Snout–स्नाउट–*n.* nozzle, the long projecting nose of a beast. थूथुन, नाक का आगे को उभड़ा हुआ भाग ।

Snow–स्नो–*n.* frozen atmospheric vapour that falls in white flakes. (हिम, तुषार, पाला), बरफ़; *v.t.* to fall in snow, to pelt with snow-balls. हिम की वर्षा होना, (बरफ़ पड़ना), बरफ़ के गेंद खेलना; **Snow-boots** (boots for walking on snow.) बरफ़ पर चलने का जूता; **Snow-capped** (having a summit of snow.) बरफ़ के शिखर का पर्वत ; **Snow drop** (a kind of plant.) सफ़ेद फूल का एक प्रकार का पौधा; **Snow-flake** (flake of snow.) तुषार का खण्ड ।

Snowily–स्नो'-इ-ली–*adv.* in a snowy manner. बरफ़ीलेपन से ; **Snowiness** (-नेस)*n.* the state of being snowy. बरफ़ीलापन ।

Snowless–स्नो'-लेस– *adj.* destitute of snow. बिना बरफ़ का ।

Snow-plough – स्नो'-प्लाउ – *n.* an appliance for removing snow. बरफ़ काटकर हटाने का यन्त्र ।

Snow-white–स्नो'-ह्वाइट– *adj.* white as snow. बरफ़ के समान सफ़ेद ।

Snowy – स्नो'-ई – *adj.* abounding with snow. बरफ़ीला, हिमपूर्ण ;

Snub–स्नब्–*v. t.* (*p. t.* **Snubbed.**) to humiliate, to reprove. विनीत करना, झिड़कना ; *n.* rebuff. झिड़की, गाली ; *adj.* short or turned up. छोटी या ऊपर को मुड़ी हुई ; **Snubbing** (-बिङ्ग्) *n.* reproof. झिड़की ; **Snubbingly** (-ली) *adv.* in a snubbing manner. झिड़कते हुए ; **Snub-nosed** (of short turned up nose.) चिपटी छोटी नाक वाला ।

Snuff–स्नफ़्– *n. v.i.* & *t.* powdered tobacco inhaled from nose, to smell, to trim the burning wick of a candle. सुँघनी, सुँघनी सूँघना, मोमबत्ती का गुल काटना; **Snuffer** (-अर्) *n.* one who takes snuff. सुँघनी सूँघनेवाला ; **Snuffers** (-फ़र्ज़्) *n. pl.* tool for cropping the snuff of candle. मोमबत्ती का गुल काटने की कैंची ; **To snuff out** (to extinguish candle.) मोमबत्ती बुझाना ।

Snuffer-tray–स्नफ़्'-अर्-ट्रे– *n.* a dish for holding snuffers. गुल कतरनी रखने की रेकाबी ।

Snuffiness–स्नफ़्'-इ-नेस्–*n.* the state of being snuffy. मलिनता ।

Snuffle – स्नफ़्'-फ़ल – *v. i.* & *t.* to make a sniffing sound, to speak nasally. नकियाना, नाक से बोलना ; *n.* a snuffing sound. नकियाने का शब्द; **Snuffler** (-अर्) *n.* one who snuffles. नकियाकर बोलनेवाला ।

Snuffy – स्नफ़्'-ई – *adj.* soiled with snuff. सुँघनी से मलिन किया हुआ ।

Snug – स्नग् – *adj.* sheltered from weather, concealed, comfortable. जलवायु से सुरक्षित, गुप्त, सुख देनेवाला (हितकर) ।

Snuggery – स्नग्'-गर्-ई – *n.* a small secret room. छोटा गुप्त घर ।

Snuggle–स्नग्'-गल्–*v. i.* & *t.* to lie close up for the sake of warmth, to cuddle. सट कर सोना, पास लेटना, बच्चे को शरीर में चिपकाना ।

Snugly – स्नग्'-ली – *adv.* in a snug manner. सुख से, आनन्द से ।

Snugness-स्नग्'-नैस्–*n.* the state of being snug. आनन्द, स्वस्थता, सुख ।

So–सो–*adv., conj.* & *pron.* thus, in like manner, similarly, accordingly, therefore. ऐसा, इस प्रकार से, तद्वत्, तदनुसार, इस कारण से ; **As many, so many** इतने, उतने ; **So then**. तब तो ; **Quite so** (exactly so.) हाँ, ठीक ; **So and so** (individual person.) अमुक, फलाँ , **So be it** (let it be so.) ऐसाही हो ; **So called** (called by this name.) इस नाम का ; **So far** (up to this time or this point.) अब तक, यहाँ तक; **So forth and so on** (et cetera.) इत्यादि, वग़ैरह ; **So long** (up to that time.) तब तक ; **So long as** (with the proviso, on the condition that.) जब तक कि ; **So much** (as much as is implied or mentioned.) इतना ; **So-so** (only thus, only tolerably.) केवल इस प्रकार, ऐसे वैसे ; **So that** (therefore.) इसलिये कि ; **So to say** (granting that.) मानों, कहने के लिये ।

Soak–सोक्–*v. t.* & *i.* to suck in a liquid, to steep, to make wet, to drench. भिगाना, सोखना, जल से सींचना (भीग जाना), तर करना; **Soaked** (-ड्) *adj.* steeped in water. जल में भिगोया हुआ; **Soaking** (-इङ्ग्) *n.* the act of sucking in a liquid, one who drinks much. भींगना, अधिक मदिरा पीनेवाला; **Soaker** (-अर्) *n.* one who or that which soaks, a hard drinker. सोखनेवाला, पियक्कड़ ।

Soap–सोप्–*n.* a compound of fat and soda used in washing. साबुन; **Soap-berry (nut)** *n.* a kind of tree. रीठी ; **Soap-bubble** (filmy sphere of soap water.) साबुन का बुल्ला ; **Soap earth** (steatite.) सज्जी ; **Soapily** (-इ-ली) *adv.* like soap. साबुन की तरह से ; **Soapiness** (-इ-नैस्) *n.* the state of being soapy. साबुनपन ; **Soapless** (-लैस्) *adj.* without soap. बिना साबुन का ; **Soapy** (-ई) *adj.* having the qualities of soap. साबुन के समान, साबुन से पूर्ण ।

Soar–सो-अर्– *v. i.* to fly aloft, to sail in the air without moving wings, to mount at a great height. ऊँचा उड़ना, आकाश में पर खोले हुए मड़राना, बहुत ऊँचे चढ़ना ; **Soarer** (-अर्) *n.* one who soars. ऊपर चढ़नेवाला ; **Soaring** (-इङ्ग्) *n.* the act of flying aloft. ऊपर का चढ़ाव ; **Soaringly** (-ली) *adv.* in a soaring manner. ऊपर चढ़ते हुए ।

Sob–सॉब्–*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Sobbed**.) to sigh in convulsive gasps. सुसुकना ; *n.* convulsive drawing of breath specially in weeping. सुसकी ; **Sobbing** (-बिङ्ग्) *n.* the act of sighing in a convulsive manner. सुसकी ; **Sobbingly** (-ली) *adv.* in a sobbing manner. सुसु-

करते हुए।

Sober–सो'-बर्-*adj*. not drunk, temperate, moderate, serious, quiet, not passionate. मदिरा न पिये हुए, संयमी, मर्यादा युक्त, गम्भीर, शान्त, उद्वेग रहित; *v. t.* & *i.* to make or become sober. शान्त करना, उन्माद हटना या हटाना; **Soberly** (-ली) *adv*. in a sober manner. गम्भीरता से, विचार पूर्वक।

Sobriety–सो-ब्रि'-ऍ-टी–*n*. the quality of being sober, calmness, gravity, seriousness. धीरता, संयम, शान्ति, सावधानी (थोड़ा मद्यपान)।

Sobriquet–सो'-ब्रि-कें–*n*. an assumed name, a fanciful name, nickname. उपाधि, उपनाम, कृत्रिम नाम।

Socage, Soccage–सॉक्'-एज्–*n*. feudal tenure of land. खिदमती आराजी।

Sociability–सो-शॅ-ऑ-बिल्'-इ-टी–*n*. the quality of being sociable. मिलनसारी, सुशीलता, सुजनता।

Sociable–सो'-सि-ऑ-बल्–*adj*. ready to converse, familiar, liking company. सबसे बोलनेवाला, सङ्गमप्रिय, मिलनसार; *n*. a kind of tricycle. दो मनुष्यों के अगल बगल चढ़ने की तिनपहिया साइकिल; **Sociably** (-ऑब्-ली) *adv*. in a sociable manner. मिलनसारी से।

Social–सो'-शॅल–*adj*. living in company, pertaining to society, interdependent. सामाजिक, संसर्गिक, परस्पर व्यवहार करनेवाला; **Social democrats** (politicians who aim at improving social status of lower classes.) नीच जाति की सामाजिक स्थिति सुधारनेवाले राजनीतिज्ञ लोग; **Social status** (social rank.) सामाजिक स्थिति; **Social plants** (plants growing in shrubs.) झाड़ियों में उगनेवाले पौधे; **The social evil** (prostitution.) वेश्यागमन।

Socialism–सो'-शॅल्-इज्म्-*n*. the principle that the freedom of the individual should be completely subordinate to the interest of the society. यह सिद्धान्त कि व्यक्तिगत स्वतन्त्रता सामाजिक कल्याण पर सब तरह से निर्भर होनी चाहिये; **Socialist** (-इस्ट) *n*. an advocate of socialism. इस सिद्धान्त का अनुयायी; **Socialistic** (-इस्ट्'-इक्) *adj*. pertaining to socialism. इस सिद्धान्त का; **Socialistically** (-ऑल्-लि) *adv*. in a socialistic manner. इस सिद्धान्त के अनुसार।

Sociality–सो-शि-ऑल्'-इ-टी–*n*. socialness. सामाजिकता; **Socialize** (-आइज़) *v. t*. to make social. सामाजिक बनाना; **Socialization** (-ए'-शॉन्) *n*. the act of socializing. सामाजिक रचना; **Socially** (-ली) *adv*. in a social manner. सामाजिक रूप से।

Society–सो-साइ'-ऍ-टी–*n*. (*pl*. Societies.) a social community, social mode of living, the upper class of a community, association of persons. समाज, सामाजिक जीवन, उच्च श्रेणी के लोग, जनसमूह (मंडली)।

Sociological–सो-शि-ऑ लाज्'-इ-कॅल–*adj*. pertaining to sociology. समाजशास्त्र सम्बन्धी; **Sociologically** (-लि) *adv*. in a sociological man-

ner. इस शास्त्र के सम्बन्ध में ; Sociologist (-जिस्ट) *n*. one who is versed in sociology. इस सिद्धान्त का अनुयायी।

Sociology–सो'-शि-ऑल्'-ऑ-जी–*n*. the science of the development and laws of human society. मनुष्य समाज के नियम तथा उन्नति का शास्त्र।

Sock–सॉक्–*n*. (*pl*. Sox.) a short stocking, inner sole of shoe, a kind of light shoe, the blow of a missile. छोटा मोजा, जूते का भीतरी तल्ला, हलका जूता, शस्त्र का आघात ; *v. t.* to fling at. पत्थर या गेंद फेंकना ; Socker (-अर्) *n*. football play. फुटबॉल् का खेल।

Socket– सॉक्'-ऍट्– *n*. a hollow in which anything is fitted. छेद जिसमें कोई चीज़ बैठाई जाती है; Socketed (-ऍड्) *adj*. fitted with holes. छिद्र लगाया हुआ; Socket of the eye (the hollow in which the eye fits.) आँख का गड्ढा ; Socket-pipe (a hole for fitting pipes.) नली बैठाने का छिद्र।

Socle–सॉक्ल्–*n*. rectangular block of pedestal. खम्भे के नीचे की चौकी।

Sod–सॉड्–*n*. a turf, the upper layer of grass land, piece of turf cut off. तृण सहित भूमि का भाग, दूब लगी हुई भूमि की ऊपरी तह।

Sod–सॉड्–*p. t.* of Seethe.

Soda– सो'-डॉ– *n*. a compound of sodium. खार, सोडा ; Soda-water (plain aerated water.) सोडा मिला हुआ जल, सोडा वाटर्।

Sodality– सो-डॅल्'-इ-टी– *n*. an association of Roman Catholics. ईसाइयों के रोमन् कैथोलिक् पन्थ की मण्डली।

Sodden– सॉड्'-ड्ँन्– *adj*. heavy and moist, seethed, stupid and dull. गीला और भारी, उबाला हुआ, मूर्ख और मन्द ; *v. t.* & *i.* (*p. p.* of Seethe.) to become or make moist. गीला होना या करना; Soddenness (-नेस्) *n*. moisture, foolishness. गीलापन, मूर्खता।

Sodic–सॉ'-डिक्– *adj*. pertaining to sodium. सोडे का।

Sodium – सो'-डि-अम् – *n*. a silver-white metal. एक सफ़ेद धातु जो सोडा में पाया जाता है।

Sodomite – सॉड्'- ओ-माइट – *n*. one who is guilty of sodomy. पुरुषमैथुन करनेवाला।

Sodomy–सॉड्'-ऑ-मी– *n*. unnatural copulation between males. पुरुष-मैथुन, गुदामैथुन।

Soever–सो'-ऍव्'-अर्–*suf*. having an indefinite meaning. अनिश्चित अर्थ-सूचक प्रत्यय–यथा ; Howsoever कैसे भी ; Whosoever. जो कोई इत्यादि।

Sofa–सो'-फ़ा–*n*. a long couch for persons to sit on. शय्या, पलङ्ग, सेज।

Soffit–सॉफ़्'-फ़िट्–*n*. lower part of arch or balcony. मेहराब या बरामदे का निचला भाग।

Soft–सॉफ़्ट्–*adj*. not hard, plastic, smooth, malleable, gentle, mild, pleasing to the ear. मृदु, कोमल, चिकना, लचीला, सौम्य, सुकुमार, मधुर ; *interj*. wait a moment ! hush ! चुप ! शान्त ! ; Soft air (air of rainy season.) वर्षाऋतु की वायु; Soft colours (colours that are not

dazzling.) हलके रङ्ग; **Soft goods** (textiles.) कपड़े; **Soft-hearted** (compassionate.) कोमल हृदय का; **Soft manners** (good tempered manners.) शिष्ट आचरण; **Soft palate** (hinder part of palate.) तालु का पिछला भाग; **Soft water** (water free from mineral salts.) ऐसा जल जिसमें क्षारीय पदार्थ तथा नमक का अंश बहुत कम हो।

Soften–सॉफ़्'-ऍन्–*v. i.* & *t.* to make or become soft. कोमल होना या करना, दयायुक्त होना या करना; **Softener** (सॉफ़्न्'-अर्) *n.* he who or that which softens. कोमल करनेवाला; **Softening** (-इङ्ग्) *adj.* the act of making softer. शान्तिकर, शमन करनेवाला।

Softiness–सॉफ़्ट्'-इ-नैंस्, **Softness**-(-नैंस्) *ns.* the quality of being soft. मृदुता।

Softly–सॉफ़्ट्'-ली–*adv.* in a soft manner. कोमलता से।

Softy-सॉफ़्ट्'-ई-*adj.* somewhat soft. कुछ कोमल।

Sogginess–see **Soggy**.

Soggy-सॉग्'-गी-*adj.* saturated, dank. सोखा हुआ, गीला किया हुआ; **Sogginess** (-नैंस्) *n.* the state of being soggy. गीलापन।

Soho–सो-हो'-*interj.* used for quietening horse &c. घोड़े इत्यादि के शान्त करने का शब्द, चुमकार।

Soil–सॉयल–*n.* the ground, the upper stratum of earth, land, stain, defilement. भूमि (प्रदेश), धरती, धब्बा, मलिनता; *v.t.&i.* to make dirty, to stain, to defile, to feed cattle on green fodder. मैला करना, दूषित करना, कलङ्कित करना, पशुओं को हरा तृण खिलाना; **Fertile soil** (productive land.) उर्वरा, उपजाऊ भूमि; **Native soil** (birthplace.) जन्म भूमि; **Night-soil** विष्टा, पायखाना; **Waste soil** (unproductive ground.) ऊसर भूमि।

Soilless–सॉयल्'-लस्–*adj.* destitute of soil. स्वच्छ, बिना धब्बे का।

Soiree–स्वार्'-रे–*n.* a social gathering especially in the evening. मित्र-मण्डली का सन्ध्या का जमघट।

Sojourn–सॉ'-जर्न्–*v. i.* to dwell for a short time in a place. थोड़े समय के लिये ठहरना, डेरा डालना; *n.* a temporary stay. डेरा, प्रवास; **Sojourner** (-अर्) *n.* a temporary resident. प्रवासी, यात्री; **Sojourning** (-इङ्ग्) *n.* staying for a short time. अल्प काल के लिये निवास।

Sol–सॉल्–*n.* the fifth note of the octave. सप्तक का पाँचवाँ स्वर "प"।

Sola–सो'-ला–*n.* a pithy-stemmed plant which grows in the marshes. खुखड़ी; **Sola topi** (hat) hat made of pith. खुखड़ी की बनी हुई टोपी।

Solace–सॉल्'-ऍस्–*n.* comfort in grief or disappointment. आश्वासन, धीरज, ढाढ़स; *v. t.* to console, to comfort. सन्तुष्ट करना, आश्वासन (धीरज) देना।

Solanum–सो-लें'-नम्–*n.* a genus of plants cultivated for ornamentation. सजावट के लिये बोया हुआ

एक प्रकार का पौधा।

Solar – सो' - लॅर् – *adj*. relating to or concerned with the sun. सौर, सूर्य सम्बन्धी; **Solar eclipse** (eclipse of the sun.) सूर्य ग्रहण; **Solar flower** (flower that remains open only for some hours in the day.) सूरजमुखी का फूल. **Solar month** (one twelfth of the year.) सौर मास; **Solar system** (the sun and heavenly bodies.) सूर्यमण्डल।

Solarism–सो'-लॅर्-इज़्म्–*n*. belief in solar myths. सूर्यसम्बन्धी पौराणिक कथाओं में विश्वास; **Solarist** (-इस्ट) *n*. one who believes in solarism. इसमें विश्वास करनेवाला।

Solarium-सो-लॅ'-रि-अम्-*n*. the place where sun's rays are utilized in the treatment of diseases. रोग निवृत्ति के लिये सूर्य के किरणों के सेवन करने का घर।

Solarization–see **Solarize**.

Solarize – सो'-लॅर्'-आइज़ – *v. i.* to spoil by sun's rays. सूर्य के किरणों से नष्ट करना; **Solarization** (- ए'-शन्) *n*. the act of solarizing. इस प्रकार से नाश।

Solatium – सो-लॅ'-शि-अम् – *n*. anything given for consolation. शान्त करने के लिये दिया हुआ पदार्थ।

Sold–सोल्ड्–*p. t.* & *p. p.* of **Sell**.

Solder–सॉल्'-डर्–*n*. a fusible alloy used for joining metals. धातु जोड़ने का टाँका; *v. t.* to unite metals by solder. टाँका लगाना, टाँके से जोड़ना; **Hard solder** (solder which melts in very strong heat.) तेज़ आँच में गलनेवाला कड़ा टाँका; **Soft solder** (solder which melts in moderate heat.) कम आँच में गलने वाला टाँका; **Soldering-iron** (a tool for soldering) टाँका लगाने की हथोड़ी।

Soldier – सोल्ड्'-यर् – *n*. one who is engaged in military service, a brave warrior, the member of an army. सैनिक, योधा, फ़ौज का सिपाही; *v. i.* to serve as a soldier. सैनिक का कार्य करना; **Every inch a soldier** (a true warrior.) सब प्रकार से (पूर्ण-रूप से) योधा; **Old soldier** (experienced person, empty bottle.) अनुभवी मनुष्य, छूछा बोतल; **Soldier of fortune** (ready to take service anywhere.) कहीं भी युद्ध सेवा करने को तैयार।

Soldierly – सोल्ड्'-यर्-ली–*adj*. like a soldier, brave. सैनिक की तरह का, वीर

Soldierlike – सोल्ड्' - यर्-लाइक्– *adj*. like a soldier. योधा की तरह; **Soldiership** (-शिप्) *n*. military qualities. सैनिक के गुण; **Soldiery** (-ई) *n*. the soldiers of a state. किसी राज्य का सैन्य दल।

Sole – सोल्–*n*. the lower surface of foot, bottom of shoe or boot, bottom of a thing, a kind of fish. पैर का तलवा, जूते का तला, पेंदी, एक प्रकार की मछली; *v. t.* to provide boots with soles. जूते में तला लगाना; *adj*. exclusive, single, unmarried. अकेला, केवल (एक), बिना ब्याहा; **Soled** (- ड्) *adj*. having soles. तलेदार; **Sole-leather** (lea-

ther used in soles of shoes.) तल्ले का चमड़ा ; **Sole plate** (the main bottom-plate of machines.) यन्त्र (इञ्जिन इत्यादि) की पेंदी ।

Solecism–सॉल्' -ऍ-सिज़्म्–*n.* blunder in speaking or writing. अशुद्ध प्रयोग, व्याकरण की अशुद्धि ; **Solecist** (-सिस्ट्) *n.* one who commits solecism. ऐसी अशुद्धि करनेवाला ; **Solecistic** (-इक्) **Solecistical** (-ऑल्) *adjs.* अशुद्धि प्रयोग सम्बन्धी ।

Solely–सोल्' -ली–*adv.* alone, singly. अकेला, पृथक् ।

Solemn–सॉल्' -ऍम्–*adj.* sacred, performed in due form, full of importance, grave, deliberate, pompous. पवित्र, विधि (संस्कार) पूर्ण, गम्भीर, निश्चय पूर्वक, ऐश्वर्य युक्त; **Solemn occasion** (serious occasion, time of festivity.) महत्वपूर्ण अवसर, उत्सव दिन ; **Solemn promise** (serious promise.) दृढ़ प्रतिज्ञा ।

Solemnity–सॉ-लैम्' -नि-टी, **Solemnness** (-नैस्)–*ns.* gravity, seriousness, a religious ceremony. गुरुता, गम्भीरता, धर्मक्रिया ।

Solemnization – सॉल्' -ऍम्-नाइज़्' -ए-शॉन्–*n.* the act of solemnizing. उत्सव, धूमधाम ।

Solemnize–सॉल्' -ऍम्-नाइज़्'–*v. t.* to make solemn, to celebrate. शास्त्र के अनुसार अनुष्ठान, करना, उत्सव मनाना ।

Solemnly – सॉल्' -ऍम् - ली – *adv.* in a solemn manner. गम्भीरता से ।

Solen–सॉ' -लैन् – *n.* a king of shell. एक प्रकार का घोंघा ।

Solenoid–सॉ' -लैन्-ऑएड् – *n.* a magnet made by coiling a wires round a cylinder and passing electricity through it. गड़ारी पर लपेटा हुआ तार जिसमें से बिजली की धारा दौड़ाने पर इसमें चुम्बक की शक्ति आ जाती है ।

Solferino – सॉल्' -फ़ॅर्-ईन्' -ओ – *n.* a kind of red colour. एक प्रकार का लाल रङ्ग ।

Solicit–सॉ-लिस्' -इट्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Solicited**.) to make request to, to importune, to try to obtain, to entice. सविनय प्रार्थना करना, माँगना, इच्छा करना, ललचाना ; **Solicitant** (-इट्-ऑन्ट्) *n.* one who solicits. प्रार्थी, विनती करने वाला ; **Solicitation** (-ए' -शॉन्) *n.* earnest request, प्रार्थना, याचना, विनती ।

Solicitor–सॉ-लिस्' -इ-टॉर् – *n.* a legal adviser. क़ानूनी सलाह देनेवाला, सालिसिटर् ।

Solicitous–सॉ-लिस्' -इ-टस्–*adj.* anxious, desirous. उत्सुक, उत्कण्ठित ; **Solicitously** (-ली) *adv.* in a solicitous manner. उत्कण्ठा सहित, व्यग्रता से ।

Solicitude–सॉ-लिस्' -इ-ट्यूड्–*n.* anxiety, carefulness. (उत्कण्ठा) चिन्ता, सावधानी ।

Solid–सॉल्' -इड् – *adj.* whole, compact, uninterrupted, substantial, undivided, reliable, genuine. समग्र, घन (ठोस), दृढ़, अगाध, अविभक्त, उचित, सच्चा; *n.* solid figure. ठोस आकृति ; **Solid angle** (an angle formed by three or more plane angles in different

planes meeting at one point.) ठोस कोना ; Solid contents घनफल ; Solid number (integer with three prime factors, number concerned with solids.) पूर्णाङ्क ।

Solidarity–सॉल्'-इ-डॅर्'-रि-टी-*n.* consolidation of interests. परस्पर आधीनता ।

Solidifiable – सॉ-लिड्'-इ-फ़ि'-ऑ-बल्–*adj.* able to be solidified. ठोस करने योग्य ; **Solidification** (-फ़ि-कें'-शन्) *n.* the act of solidifying घनत्व, ठोसपन

Solidify – सॉ-लिड्'-इ-फ़ाइ – *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Solidified**) to make or become solid. ठोस करना या होना ।

Solidity–सॉ-लिड्'-इ-टी–*n.* compactness. घनता, ठोसपन ।

Solidly–सॉ-लिड्'-ली–*adv.* in a solid manner. घनता से, दृढ़ता से ।

Solidungulate-सॉल्'-इ-डङ्ग्'-ग्यु-लेंट्-**Solidungular** (-डॅङ्'-ग्यू-लर्) *adjs.* having a solid angle. ठोस कोण-वाला ।

Solifidian – सॉल्'-इ-फ़िड्'-इ-ऑन् – *n.* one who holds that faith alone suffices for salvation. यह मानने वाला कि विश्वास से ही मोक्ष होता है ।

Soliloquist, **Soliloquize** – see **Soliloquy**.

Soliloquy–सॉ-लिल्'-ऑ-क्वी–*n.* (*pl.* **Soliloquies**.) talking to one's self, with no regard of the presence of others. स्वगत भाषण, अपने आप बकना ; **Soliloquize** (-क्वाइज़्) *v. i.* to utter soliloquies. स्वगत भाषण करना ; **Soliloquist** (-क्विस्ट्) *n.* one who soliloquizes. ऐसा भाषण करनेवाला ।

Soliped – सॉल्'-इ-पॅड् – *adj.* & *n.* an animal with solid hoofs. ठोस खुरवाला पशु ।

Solipsism – सॉ-लिप्'-सिज़्म् – *n.* the doctrine that self alone is knowable. वह सिद्धान्त कि आत्मा ही ज्ञानवान् है ।

Solitaire–सॉल्-इ-टेंअर्–*n.* ear-ring or stud of a shirt with only one gem. एक रत्न का कान इत्यादि का आभूषण ।

Solitarily, **Solitariness** – see **Solitary**.

Solitary–सॉल्'-इ-टॅ-री–*adj.* lonely, secluded, single. निर्जन, एकान्त, असहाय (अकेला) ; **Solitary confinement** (isolation in a separate cell in prison.) बन्दीगृह में अकेले बन्द करना ; **Solitarily** (-ली) *adv.* in a solitary manner. निर्जनता से ; **Solitariness** (-नॅस्) *n.* the state of being solitary. निर्जनता, अकेलापन ।

Solitude–सॉल्'-इ-ट्यूड् – *n.* a lonely place, seclusion from society. निर्जनता, एकान्त, अकेलापन ।

Solo–सो'-लो–*n.* (*pl.* **Solos**.) a song sung by one person, a musical performance by one man. अकेले की गीत, अकेले बाजे का राग ; **Soloist** (-इस्ट्) *n.* the performer of solo, इस प्रकार का गाने बजानेवाला ; **Solo-flight** (flying alone in an aeroplane.) हवाई जहाज़ पर अकेले उड़ना ।

Solon–सॉ'-लॉन्-*n.* a wise legislator. बुद्धिमान् न्यायाधीश ।

Solstice – सॉल्-स्टिस् – *n.* the point at which the sun is farthest from the equator and appears to pause before receding. अयनान्त, अयनकाल ; **Summer solstice** उत्तरायण सूर्य, कर्क संक्रान्ति ; **Winter solstice** दक्षिणायन सूर्य, मकर संक्रान्ति ।

Solstitial–सॉल्-स्टिश्'-ऑल्–*adj.* pertaining to solstice. अयनांत सम्बन्धी ।

Solubility – सॉल्'-यु-बिल्' - इ-टी – *n.* solubleness. गलने की योग्यता, गलाव ।

Soluble–सॉल्'-यु-ब्ल् – *adj.* capable of being dissolved in some liquid. गलने या गलाने योग्य ।

Solus–सोल्'-अस्–*adj.* (*fem.* **Sola.**) alone. अकेला, बिना किसी दूसरे के साथ ।

Solution–सॉ-ल्यू'-शॉन्–*n.* the act of dissolving or being dissolved, separation, resolution, removal of doubt, explanation, method of solving a puzzle or question. अलगाव, घुलाव, साधन संयोग, सन्देह निवृत्ति, व्याख्या, उपपत्ति ; **Chemical solution** (that involving change in chemical properties.) पिघलाव जिसमें रसायनिक परिवर्तन होता है ; **In solution** (in the act of dissolving.) अस्थिर अवस्था में ।

Solvable – सॉल्'-वॅ-ब्ल् – *adj.* that may be solved. व्याख्या करने योग्य, उत्तर निकालने योग्य ; **Solvability** (-बिल्'-इ-टी) *n.* solvableness. साधन योग्यता ।

Solve–सॉल्व्–*v. t.* to dissolve, to loosen, to explain, to separate the parts, to find answer to a problem. गलना, ढीला करना, व्याख्या करना, अंशों को अलगाना, साधना ; **To solve a doubt** (to remove a doubt.) सन्देह निवृत्त करना ; **To solve a question** (to find an answer to a problem.) प्रश्न का उत्तर निकालना ।

Solvency–सॉल्'-वॅन्-सी–*n.* the ability to pay all debts. सब ऋण चुकाने की योग्यता ।

Solvent–सॉल्'-वॅन्ट्–*adj.* having the power of dissolving or forming a solution, having money enough to pay off debts or claims. गलाने की शक्ति वाला, ऋण चुकाने के योग्य ; *n.* anything that dissolves another. द्रावण ।

Somatic–सो-मॅट्'-इक्–*adj.* physical, corporeal. शारीरिक (दैहिक), शरीर सम्बन्धी ।

Somato – सो'-मॅ-टो – *pref.* in sense of 'bodily'. 'शारीरिक' अर्थ का उपसर्ग ; **Somatogenic** (-जॅ'-निक्) *adj.* producing in the body. शरीर में उत्पन्न करनेवाला; **Somatology** (-टॉल्'-ऑ-जी) *n.* the doctrine of material substance. भौतिक विज्ञान ।

Sombre-सॉम्'-बर्-*adj.* dark, gloomy, dismal, melancholy. काला, अँधेरा, मलिन, उदासीन ; **Sombrely** (-ली) *adv.* in a gloomy manner. मलिनता से ; **Sombreness** (-नॆस्) *n.* the state of being gloomy. श्यामता, अधेरापन ।

Sombrero–सॉम्-ब्रेअर्'-ओ–*n.* a kind of felt hat with broad rim. चौड़े

किनारे की एक प्रकार की अंग्रेजी टोपी।

Sombrous–सॉम्'-ब्रस्–*adj*. gloomy. काला, धुंधला।

-some,-som – सम् – *suf*. forming adjectives in the sense of "productive of." "उत्पन्न करनेवाला" अर्थमें प्रयोग होनेवाला प्रत्यय।

Some–सम्–*adj*., *pron*. & *adv*. a certain quantity or number, a little, about,a particular person or thing, to a certain extent, not quite. कुछ, थोड़ा, प्रायः, अमुक, कोई अल्प ; **Someone, Somebody** (an unknown person.) कोई एक व्यक्ति ; **Somehow** (one way or the other.) किसी न किसी प्रकार से; **Somehow or other** (in some form.) किसी न किसी रीति से।

Somersault-सॉम्'-मर्-सॉल्ट्-*n*. a leap in which a person turns heels over head in the air. कुदान, कलैया; *v. i*. to turn somersault. हवा में कलैया खाना।

Somerset–सम्'-मर्-सेट्–*n*. a kind of saddle. एक प्रकार की काठी।

Something – सम्' - थिङ्ग् – *n*. an unknown event, an unknown substance, a portion. अज्ञात घटना, अज्ञात वस्तु, अंश ; *adv*. in some degree. कुछ, थोड़ा सा ; **Thinks himself something** (thinks highly of himself.) आत्माभिमान रखता है।

Sometime – सम्'-टाइम् – *adv*. once, for sometime, formerly. एक बार, पूर्वकाल में, पहिले, किसी समय ; **Sometimes** (now and then, at intervals.) कभी कभी, कदाचित्।

Somewhat–सम्'-व्हॉट्–*n*. more or less, something. किञ्चित्, थोड़ा, किसी अंश में, कुछ।

Somewhere – सम्'-व्हेँअर् – *adv*. in some unknown place. कहीं पर।

Somite–सो'-माइट् – *n*. segment of animal body. शरीर का अङ्ग या भाग।

Somnambulism–सॉम्-नैम्'-ब्यू-लिज़्म्-*n*. walking during sleep. निद्राभ्रमण, नींद में चलने फिरने लगना; **Somnambulist** (-लिस्ट्) *n*. one who walks in sleep. नींद में चलने फिरनेवाला, स्वप्नचारी।

Somni–सॉम्'-नी-*suf*. in sense of 'sleep." 'स्वप्न' अर्थ का प्रत्यय।

Somniferous–सॉम्-निफ़्'-ऍर्-अस्–*adj*. causing sleep. निद्राजनक, नींद लानेवाला।

Somniloquy – सॉम्-निल्'-ओ-की – *n*. habit of talking in sleep. निद्रा में बड़बड़ाना या बातचीत करना।

Somnolence – सॉम्' - नो - लॅन्स् – *n*. drowsiness. नींद, ऊघाई।

Somnolent–सॉम्'-नो-लॅन्ट् – *adj*. inducing sleep. निद्रा लानेवाला ; **Somnolently** (-ली) *adv*. drowsily. नींद में।

Son–सन् – *n*. (*fem*. **Daughter**.) male descendant. पुत्र, बेटा ; **Son-in-law** (daughter's husband.) जामाता, दामाद ; **Son of the soil** (inhabitant of a country.) देशनिवासी।

Sonancy–सोन्'-ॲन्-सी–*n*. the quality of being sonant. उच्चारणत्व।

Sonant–सो'-नॅन्ट्–*adj*. & *n*. able to be continuously sounded, son-

ant latter. उच्चारण करने योग्य, ऐसा अक्षर।

Song-सॉङ्ग् – *n.* vocal music, singing, the musical cry of certain birds, a short rhymed poem. गायन, गीत (राग), पक्षियों का मधुर शब्द, अनुप्रास युक्त कविता ; **Song-craft** *n.* गाना बजाने की कला ; **Songless** (-लॅस्) *adj.* without song. बिना राग का।

Songster – सॉङ्ग्'-स्टर् – *n.* a singer, a poet. गानेवाला (गवैया), कवि; **Songstress** (-स्ट्रॅस्) *n. fem.* a female singer. गानेवाली स्त्री।

Soniferous – सॉ-निफ्'-ऍर्-अस् – *adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला।

Sonless – सन्'-लॅस् – *adj.* devoid of sons. पुत्रहीन, बिना सन्तान का।

Sonnet – सॉन्'-नॅट् – *n.* a poem of fourteen lines, a short lyric. चौदह पंक्ति की गीत, (लघुकाव्य), गीत, (गाथा); **Sonneteer** (-टिअर्') *n.* the composer of sonnets. ऐसी कविता बनानेवाला।

Sonny–सन्'-नी–*n.* a familiar term for a boy. लड़के को पुकारने का शब्द,बेटा

Sonometer–सॉ नॉम्'-ऍ-टर्-*n.* an instrument for testing the hearing power of a deaf person. बहिरे मनुष्य की श्रवण शक्ति नापने का यन्त्र।

Sonorific–सॉन्'-ओ-रिफ्'-इक्-*adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला।

Sonority–see **Sonorous**.

Sonorous – सॉ-नोर्'-अस्–*adj.* resonant, producing sound when struck by something, imposing. शब्द ध्वनि करनेवाला, शब्द निकालनेवाला, स्पष्ट (मधुर); **Sonority** (-इ-टी), **Sonorousness** (-नॅस्) *ns.* the quality of being sonorous. स्पष्टता, मधुरता ; **Sonorously** (-ली) *adv.* in a sonorous manner. ऊँचे स्वर से, स्पष्टता से।

Soon–सून्–*adv.* (*comp.* **Sooner**, *sup.* **Soonest**.) in a short time, not long after, quickly, early. थोड़े समय में, झटपट, अभी (शीघ्र), तुरत ; **No soooner than** (as soon as.) ज्योंही ; **Soon as** (shortly, immediately after.) ज्योंही, शीघ्र ही ; **Sooner or later** (early or late.) देर सबेर, किसी न किसी समय ; **Too soon** (very soon.) अति शीघ्र।

Soot-सूट्-*n.*the black substance rising in the smoke of wood, coal &c. in the process of combustion. काजल, कज्जली, कारिख ; *v. t.* to cover with soot. काजल से ढाँपना, काजल लगाना।

Sooth – सूथ् – *n.* truth, fact. सत्य, यथार्थता ; **In sooth** (truly.) वास्तव में, सचमुच।

Soothe–सूद्–*v. t.* to calm, to mitigate, to please with soft words, to flatter. शान्त करना, (पीड़ा) कम करना, प्रसन्न करना, चापलूसी करना ; **Soother** (-अर्) *n.* one who pacifies, a rubber teat for soothing babies. शान्त करनेवाला, बच्चों के चूसने का रबड़ ; **Soothing** (-इङ्ग्) *adj.* pacifying. शान्त करनेवाला ; **Soothingly** (-ली) *adv.* in a soothing manner. शान्त करते हुए।

Soothfast – सूद्'-फास्ट – *adj.* stead-

fast, truthful. स्थिर, सच्चा ।

Soothsay–सूथ्'-सें–*v. i.* to foretell. भविष्य कहना ।

Soothsayer –सूथ्'-सें-अर्–*n.* one who foretells the future. दैवज्ञ, भविष्य-वक्ता ; **Soothsaying** (-इङ्ग्) *n.* foretelling. भविष्य कथन ।

Sootily – सूट्'-इ-ली–*adv.* in a sooty manner. करखी से ; **Sootiness** (-इ-नेस्) *n.* the state of being sooty. कारिख ; **Sootless** (-लेस्) *adj.* devoid of soot. बिना कारिख का ; **Sooty** (-ई) *adj.* full of soot. करखा से भरा हुआ ।

Sop–सॉप् – *n.* anything dipped in liquor, something given to pacify. भिगाई हुई वस्तु, शान्त करने के लिये दी हुई वस्तु ; *v. t. & i.* (*p. t.* **Sopped.**) to steep in a liquid. गीला करना (भिगोना), तर होना ।

Soppy–सॉप्'-पी–*adj.* wet. गीला ।

Sophism–सॉफ्'-इज़्म्–*n.* false argument or statement with a view to deceive. मिथ्यावाद, वाक्छल, हेत्वाभास ।

Sophist – सॉफ्'-इस्ट्–*n.* a fallacious reasoner. मिथ्या हेतुवादी, वाक्छल करनेवाला ।

Sophister–सॉफ्'-इस-टर्–*n.* a senior student of some universities. विश्वविद्यालय का वयोवृद्ध विद्यार्थी ।

Sophistic – सॉफ्'-इस्ट्-इक्–*adj.* pertaining to sophism. मिथ्यावाद सम्बन्धी ; **Sophistically** (-सॉ-फिस्'-टि-कॅल्-ली) *adv.* आभासरूप में ।

Sophisticate – सॉ-फ़िस्'-टि-केट्–*v. t. & i.* to mislead, to corrupt, to adulterate, to tamper. छलना, बिगाड़ना, भ्रष्ट करना, मिलावट करना ; **Sophistication** (-के'-शॉन्) *n.* the act of debasing purity of something. कपट, छल, मिलावट ।

Sophistry-सॉफ़्'-इस्-ट्री-*n.* fallacious reasoning. हेत्वाभास, मिथ्या वादानुवाद, सत्य का आभास ।

Soporiferous–see **Soporific.**

Soporific–सॉ-पो-रिफ्'-इक्-*adj.* sleep-producing. निद्राजनक, नींद लानेवाली; **Soporiferous**(-फ़ॅ'-रस्) *adj.* tending to produce sleep. निद्राकारी ।

Sopranist–see **Soprano.**

Soprano – सो-प्रॉ'-नो – *n.* (*pl.* **Sopranos, Soprani.**) music for boy's voice or for the highest feminine voice. बालक अथवा तीव्र स्वर की स्त्रियों के योग्य राग ; **Sopranist** (-निस्ट्) *n.* a treble singer. ऐसा राग गानेवाला ।

Sora – सो'-रॉ – *n.* a marshy bird. दलदल पर विचरनेवाली चिड़िया ।

Sorb–सॉर्ब् – *n.* an apple-like tree. सेब के प्रकार का एक वृक्ष ।

Sorbefacient–सॉर्-बॅ-फ़ॅ'-शि-ऍन्ट्-*adj. & n.* a medicine which tends to absorb. सोखनेवाली औषधि ।

Sorcerer – सॉर्-सर्'-अर् – *n.* an enchanter, a wizard, a magician. ऐन्द्रजालिक, मायावी, जादूगर ; **Sorceress** (-ऍस्) *n. fem.* a female sorcerer. जादूगरनी, टोना करनेवाली स्त्री ; **Sorcery** (-ई) *n.* witchcraft. इन्द्रजाल, जादू , टोना ।

Sordes – सॉर्-डीज़् – *n.* foul matter, dregs. मलिन पदार्थ, गन्दगी ।

Sordid–सॉर्'-डिड्–*adj.* base, mean,

dirty, impure, niggardly, squalid. नीच, अधम, मलिन, मैला, लालची, कंजूस ; **Sordidly** (-ली) *adv.* meanly, niggardly. मलिनता से, नीचता से ; **Sordidness** (-नेस्) *n.* the quality of being sordid, meanness, filthiness. नीचता, कंजूसी, मलिनता ।

Sore – सोर् – *adj.* severe, distressing, irritated, painful. पीड़ायुक्त, क्लेशप्रद, दुःखदायी, कष्ट देनेवाला ; *n.* an ulcer, a boil. घाव, फोड़ा ; *adv.* severely, grievously. अत्यन्त कष्ट से, दुःख से ; **Sorely** (- ली) *adv.* severely, greatly. अत्यन्त (नितान्त), बहुत ; **Soreness** (- नेस्) *n.* painfulness. पीड़ा, व्यथा, कष्ट ।

Sorghum – सॉर्'-गम् – *n.* a kind of plant used as fodder. चारा, चरी ।

Sorites–सॉ-राइ'-टीज़्–*n.* a syllogism in the form of a chain leading to absurdity. मालाकार तर्क जो अशुद्ध बात स्थिर करता है ; **Soritical** (-टिक्-अॅल्) *adj.* pertaining to sorites. इस प्रकार के तर्क सम्बन्धी ।

Sorosis – सो-रो'-सिस्–*n.* fleshy soft fruit. मोलायम गुद्देदार फल ।

Sorrel – सॉर्'-रॅल् – *n.* a kind of shrub. एक प्रकार की वनस्पति, चुक्र, अम्लबेंत ; *adj.* of a reddish-brown colour. भूरे लाल रङ्ग का ।

Sorrow – सॉर्'-रो – *n.* grief or sadness caused by some loss, regret, trouble, misfortune. शोक, खेद, व्यथा, सन्ताप ; *v. i.* to feel sorrow, to grieve. शोक करना, खेद करना ; **Sorrower** (-अर्) *n.* one who grieves. दुःख करनेवाला ; **Sorrowful** (- फुल्) *adj.* full of sorrow. दुःखी (उद्विग्न), उदास ; **Sorrowfully** (- लि) *adv.* in a sorrowful manner. उद्वेग या दुःख सहित ; **Sorrowfulness** (-नेस्) *n.* the state of being sorrowful. उदासीनता ; **Sorrowing** (-इङ्ग्) *adj.* grieving. दुःख करनेवाला ।

Sorrily–सॉर्'-रि-ली–*adv.* in a sorry manner. उदासीनता से ; **Sorriness** (-नेस्) *n.* the state of being sorry. उदासीनता ।

Sorry – सॉर्' - री – *adj.* regretful, melancholy, wretched, worthless, of poor quality. शोकाकुल, खिन्न, दुःखी, उदास, दीन ; **In a sorry plight** (in a miserable condition.) शोचनीय अवस्था में ।

Sort – सॉर्ट – *n.* kind, species, manner. प्रकार, भेद (जाति), ढङ्ग (रीति); *v.t.* & *i.* to separate into clasess, to select. क्रम में अलगाना, चुनना, (मेल मिलाना); **A sort of animal** (an unknown species of creature.) प्राणी विशेष ; **Out of sorts** (out of order, unwell.) अस्वस्थ, बीमार ।

Sortie-सॉर्टी'-ई-*n.* a sally of troops. धावा, आक्रमण ।

Sortition–सार्-टिश्'-ऑन्–*n.* casting of lots. चिट्ठी डालकर स्थिर करना ।

Sorus – सोर्'-अस्–*n.* (*pl.* **Sori**.) a cluster or heap. गुच्छा ।

Sot–सॉट्–*n.* a habitual drunkard. मदोन्मत्त (मतवाला), पियक्कड़ ; **Sottish** (-टिश्) *adj.* given to drinking.

मदिरा पी कर मूढ़ ; **Sottishly** (-ली) *adv.* in a sottish manner. मदोन्मत्तता से ; **Sottishness** (-नेस्) *n.* stupidity from intoxication. मद्य पी कर मन्द होना ।

Sou–सू – (*pl.* **Sous**.) *n.* a French coin. एक फरासीसी सिक्का ।

Souffle – सू'-फ़्लें – *n.* a low sound heard in some parts of the body. शरीर के कुछ अंशों में का मन्द शब्द ।

Sough–सफ़्–*n.* a whistling sound made by wind. वायु की सनसनाहट ; *v. i.* to sigh as wind. सन् सन् शब्द करना ।

Sought–सॉट्–*p. p.* & *p. t.* of **Seek**.

Soul–सोल–*n.* the immaterial part of man, intellect, vital principle, essential part, a person, a pattern. शरीरात्मा (प्राण, जीव), बुद्धि, तेज, बल (सार), व्यक्ति, आदर्श; **Animating soul** (immaterial part of man.) जीवात्मा ; **Departed soul** (soul of the dead.) प्रेत ; **Heart and soul** (all and all, completely.) सर्वस्व, पर्याप्त रूप से; **Souled** (-ड्) *adj.* furnished with a soul. आत्मा सहित ; **Supreme soul** (Immortal Soul.) परमात्मा, ब्रह्म ।

Soulful–सोल्'-फ़ुल् – *adj.* appealing to higher emotions. भावपूर्ण ; **Soulfully** (-फ़ुल्-लि) *adv.* in a soulful manner. भावपूर्णता से ; **Soulfulness** (-नेस्) *n.* the quality of being soulful. भावपूर्णता ।

Soulless–सोल्'-लेस् – *adj.* devoid of soul. उत्साह हीन ; **Soullessly** (-ली) *adv.* spiritlessly. तेजहीनता से; **Soullessness** (-नेस्) *n.* spiritlessness. सारहीनता ।

Sound–साउन्ड् – *adj.* whole, entire perfect, healthy, solid, right, stout, not deranged. पूर्ण, अखण्ड (समूचा), ठीक, स्वस्थ, ठोस, सत्य, भला चङ्गा ; **Confused sound** (tumult) कोलाहल ; **Sound argument** (valid argument.) दृढ़ प्रमाण ; **Sound film** (a talkie.) बोलता चित्र; **Sound flogging** (stout flogging.) गहरी मार ; **Sound sleep** (unbroken sleep.) गाढ़ (गहरी) निद्रा ; **Sound views** (right opinions.) सच्चे सिद्धान्त

Sound – साउन्ड् – *n.* the sensation perceived by the ear, noise, articulate utterance. शब्द, ध्वनि, कोलाहल, सार्थकशब्द; *v. t.* & *i.* to cause to make a noise, to utter audibly, to play on, to signal by a sound, to publish. कोलाहल करना, बोलना, बजाना, शब्दों से सङ्केत करना, प्रकाशित करना ।

Sound – साउन्ड् – *n.* a shallow sea छिछला समुद्र ।

Sound–साउन्ड्–*v. t.* & *i.* to test the depth of the sea, to test, to examine the depth of wound. समुद्र की गहराई नापना, परीक्षा करना, घाव की गहराई नापना।

Sounder – साउन्ड्'-अर् – *n.* a young wild bear, telegraphic receiving instrument, a sounding apparatus. जङ्गली सुअर का बच्चा, तारबर्की का यन्त्र, गहराई नापने का यन्त्र ।

Sounding–साउन्ड्'-इङ्ग् – *adj.* making a noise. शब्दायमान ; *n.* ascertaining the depth of the sea. समुद्र की गहराई नापना ; **Sounding**

line (a line for sounding seas.) समुद्र की गहराई नापने का रस्सा; **Soundings** (-इङ्ग्ज़्) *n. pl.* the place in the sea which can be sounded. समुद्र का वह भाग जहाँ का थाह लग सके ।

Soundless–साउन्ड्'-लेस्–*adj.* having no sound, silent, that cannot be sounded. निःशब्द, बिना शब्द का (मूक), थाह न लगाने योग्य ।

Soundly–साउन्ड्'-ली–*adv.* heartily, truly, firmly. सुख से, सचाई से, दृढ़ता से ।

Soundness–साउन्ड्'-नैस्–*n.* the state of being healthy. आरोग्यता, स्वास्थ्य ।

Soup – सूप् – *n.* a liquid food prepared from flesh, fish or vegetables. जूस, शोर ; **Soup-kitchen** (establishment for supplying soup to the poor.) गरीबों को बिना मूल्य भोजन देने का कार्यालय ; **Soupy** (-ई) *adj.* like soup. जूसदार ।

Sour–साउर्–*adj.* of acid taste, pungent, peevish, harsh. खट्टा, चटपटा, चिड़चिड़ा, रूखा ; *v. i. & t.* to make acid, to make harsh, to turn peevish. खट्टा करना, कर्कश करना, खट्टा होना, चिड़चिड़ा होना ।

Source–सोर्स्–*n.* a spring or fountain-head, a place from which something is got, origin, first cause. सोता, उद्गम स्थान, मूल कारण, आदि कारण ।

Sourdine–सुर्ड्'-ईन् – *n.* the stop of a harmonium. हारमोनियम् बाजे का शब्द धीमा करने की कुंजी ।

Sourish–साउर्'-इश्–*adj.* somewhat sour. कुछ खट्टा ; **Sourly** (-ली) *adv* acidly, discontentedly. खट्टेपन से, रूखाई से ; **Sourness** (-नैस्)*n.* tartness. खट्टापन, रूखाई ।

Souse–साउस्–*n.* a pickle prepared with salt, a dip or plunge. अचार, पानी की डुबकी ; *v. t. & i.* to steep in pickle. अचार में डालना, डुबकी लगाना ; *adv.* headlong, आगे की ओर ।

Soutache–सू'-टैश्–*n.* a braid used for sewing on fabrics. कपड़े में सीने की झालर ।

South – साउथ् – *n.* one of the cardinal points opposite to the north. दक्षिण,।दक्खिन ; *adj.* situated or looking towards the south. दक्खिन की ओर, दक्खिन दिशा में; **South-east** (the direction between South and East.) पूर्व दक्षिण का कोण, आग्नेय दिशा ; **Southern** (सद्'-दर्न्), **Southernly** (-ली) *adjs.* belonging to the south. दक्षिण दिशा का ; **Southernmost** (-मोस्ट) *adj.* farthest south. सबसे दक्षिण भाग में ; **Southward** (-s) towards the south. दक्षिण दिशा में ; **South-west** (the direction equally distant from the south and west.) दक्षिण पश्चिम का कोण , नैर्ऋत्य दिशा ।

Souvenir–सव्-ऍन्-इअर्' – *n.* a thing given or kept as a memento, keepsake. स्मारक पदार्थ, यादगार के लिये दी हुई या रक्खी हुई वस्तु ।

Sovereign–सॉव्'-अर्-इन् – *adj.* possessing supreme power, lofty, chief, predominant. विशिष्ट गुण का, प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य ; *n.* a supreme ru-

ler, a monarch, an English gold coin worth £ 1. राजा, सम्राट्, महाराज, इङ्गलैण्ड की सुवर्णमुद्रा, पाउन्ड; **Sovereign authority** (supreme domain.) श्रेष्ठ अधिकार ; **Sovereign medicine** (the most effectual medicine.) परम औषधि ।

Sovereignty–सॉव्'-अर्-ऍन्-टी–*n*. suprome power, dominion. प्रभुत्व (श्रेष्ठत्व), साम्राज्य; **Sovereignly** (-ली) *adv*. supremely. विशिष्ट रूप से, श्रेष्ठता से ।

Soviet – सों-वि-ऍट्' – *n*. one of the party of revolutionaries in Russia. रूस देश के क्रान्तिकारी दल का सदस्य ।

Sow–सो–*v. t.* (*p. t.* **Sowed**, *p. p.* **Sown**.) to scatter seeds on earth for growing, to plant by sowing, to spread. बीज बोना या जमाना, फैलाना; **Sower** (-अर्) *n*. one who scatters seeds for sowing. बीज बोनेवाला ; **Sowing** (-इङ्ग्) *n*. the act of sowing seeds. बोवाई ।

Sow–साउ–*n*. a female hog (*mas*. **Boar**.) शूकरी, सुअरी ।

Sowback – सो'-बैंक् – *n*. low sandy bank. बालू का नीचा किनारा ।

Soy–सॉय्–*n*. a kind of sauce made from soyabean. सोये से बना हुआ झोर

Spa–स्पा–*n*. place of mineral spring. गन्धक की धारा निकलने का स्थान ।

Space–स्पेस् – *n*. distance, interval between points, blank between types or words, interval in time. दूरी, स्थान (अन्तर), टाइप या शब्दों के बीच का स्थान, अवकाश; *v. t.* & *i*. to arrange intervals between, to put spaces between. अन्तर लगाना, बीच बीच में खाली स्थान रखना ; **Infinite space** (infinite sky.) अनन्त आकाश; **Intervening space** (middle space.) बीच का स्थान ; **Pervading all space** (omnipresent.) सब दिशाओं में व्यापक ; **Space of time** (interval of time.) कालान्तर, अवधि; **To space out** (to expand space.) अधिक स्थान फैलाना ।

Spacer – स्पेस्'-अर् – *n*. one who intervenes. विघ्न डालने (बीच में आने) वाला ।

Spaceless – स्पेस्'-लॅस्–*adj*. without space. बिना अन्तर का ।

Spacial–स्पे'-शॅल् – *adj*. pertaining to space. स्थान सम्बन्धी ।

Spacious–स्पे'-शस् – *adj*. extensive, enclosing a large space. विस्तीर्ण (विशाल), लम्बा चौड़ा ; **Spaciously** (-ली) *adv*. extensively. विस्तीर्ण रूप में, फैलावट से ; **Spaciousness** (-नॅस्) *n*. the quality of being spacious. विस्तार, फैलावट ।

Spaddle-स्पॅड्'-ल्-*n*. a small spade. छोटा फरसा ।

Spade – स्पेड् – *n*. a shovel, a tool for digging ground, a suit of cards shaped like a heart with a small handle. फावड़ा, कुदाली, ताश में हुकुम का रङ्ग ; *v. t.* to dig with a spade. कुदाली से खोदना ; **To call a spade a spade** (to speak very plainly.) स्पष्ट बोलना ।

Spadeful–स्पेड्'-फुल् – *adj*. as much as a spade can hold. कुदाली भरकर

Spadework–स्पेड्'-वर्क् – *n.* hard labour. कठिन परिश्रम ।

Spadille–स्पॅं'-डिल् – *n.* the ace of spades. हुकुम की एक्की ।

Spadix–स्पे'-डिक्स् – *n.* (*pl.* **Spadices.**) the thorn of flowers. फूलों का काँटा ।

Spado–स्पे'-डो–*n.* a eunuch. क्लीब, हिजड़ा ।

Spake–स्पेक्–*p. t.* (*arch.*) of **Speak.**

Spalder–स्पॉल्'-डर्-*n.* one who clips. चिप्पड़ उखाड़नेवाला ।

Spall–स्पॉल्–*v. t.* & *i.* to clip. चिप्पड़ निकालना ; *n.* clippings. चिप्पड़ ।

Span–स्पॅन्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Spanned.**) to stretch from one side to the other, to extend across, to bridge. बित्ते से नापना, फैलाना, मेहराब लगाना, पुल बाँधना; *n.* full extent, short distance, measure of nine inches, space from end of thumb to the end of little finger when extended, the spread of an arch. विस्तार, फैलाव, नव इञ्च की लम्बाई, बित्ता, मेहराव की चौड़ाई ; **Span of life** (the full extent of life.) जीवन की अवधि ।

Span–स्पॅन्–*p. t.* & *p. p.* of **Spin.**

Spanless–स्पॅन्'-लॅस् – *adj.* without extent. संकुचित, बिना विस्तार का ।

Spangle – स्पॅङ्ग्'-गल् – *n.* a small piece of anything sparkling. चमकती हुई वस्तु का टुकड़ा ; *v. t.* to adorn with spangles. चमकीली वस्तु से आभूषित करना; **Spangly** (-ली) *adj.* bright. चमकीला ।


Spaniard–स्पॅन्'-यॅड्ड्–*n.* a native of Spain. स्पेन देश का निवासी ।

Spaniel – स्पॅन्'-यॅल् – *n.* a kind of dog with long hairs and ears. एक प्रकार का झबरा कुत्ता ।

Spanish – स्पॅन्'-इश् – *adj.* & *n.* of Spain, language of Spain. स्पेन देश का, इस देश की भाषा ।

Spank–स्पॅङ्क्–*v. t.* & *i.* to strike with open hand on buttocks. चूतड़ पर थप्पड़ मारना ; *n.* a blow. थप्पड़ ; **Spanker** (-अर्) *n.* a fast-going horse. तेज दौड़नेवाला घोड़ा ; **Spanking** (-इङ्ग्) *adj.* dashing. पीट पीट कर आगे बढ़ता हुआ ।

Spanner-स्पॅन्'-नर्-*n.* one who spans, an instrument for turning nuts on screws. नापने वाला, हथकल, ढिबरी कसने या खोलने का हथियार ।



Spanners.

Spar – स्पॅर् – *n.* a kind of mineral, a rafter, a stout pole, a boxing-match, cock-fight. स्फटिक के सदृश एक खनिज पदार्थ, जहाज का मस्तूल, धरन, बल्ला, मुक्केबाज़ी, मुरगे की लड़ाई; *v.t.* (*p.t.* **Sparred**) to fit with spars,to box, to dispute. मस्तूल लगाना, मुक्की लड़ना, झगड़ा करना; **Spar-deck** (upper deck of a ship.) जहाज़ की ऊपरी छत ; **Sparring** (-रिङ्ग्) *n.* preliminary strokes in boxing. मुक्कीबाज़ी, मुठभेड़ ; **Sparry** (-ई) *adj.* resembling a spar. स्फटिक के सदृश खनिज पदार्थ से पूर्ण ।

Sparable–स्पॅर्'-रॅ-बल्-*n.* a headless

nail used in the soles and heels of shoes and boots. जूते के तले में जड़ने की बिना माथे की कील।

Spare-स्पेँअर्-*adj.* & *n.* scanty, frugal, lean. अल्प (थोड़ा), अल्पव्ययी, दुर्बल; *n.* a small part. अल्प भाग।

Spare-स्पेँअर्-*v. t.* & *i.* to be frugal, to abstain from hurting or killing, to save, to forgive, to forbear. अल्प व्यय करना, रक्षा करना, बचाना, क्षमा करना, सहन करना; **Sparing** (-इङ्ग) *adj.* not plentiful, scanty. अल्पव्ययी, परिमित व्यय करनेवाला; **Sparingness** (-नेँस्) *n.* the quality of being sparing. क्षीणता, कृशता।

Sparely-स्पेँअर्'-ली - *adv.* sparingly. अल्प व्यय से।

Spareness-स्पेँअर्'-नेँस्- *n.* leanness. अल्पता, दुर्बलता।

Sparger-स्पाँर्'-जर्-*n.* an apparatus for sprinkling. छिड़कने का यन्त्र।

Spark-स्पाँर्क् - *n.* a particle of fire thrown off from burning substance, a small bright object. अग्निकण, चिनगारी, चमकीला छोटा पदार्थ; *v. i.* to emit sparks. चिनगारी निकलना; **Sparks** (-स्) *n.* wireless operator. बिना तार की तारबर्की के यन्त्र पर काम करनेवाला; **Fairy sparks** (phosphorescent light.) हड्डी इत्यादि से निकलनेवाला प्रकाश कण।

Sparking-स्पाँर्क्'-इङ्ग-*adj.* generating sparks. चिनगारी निकलनेवाला; **Sparking plug** (an appliance for generating electric sparks.) बिजली की चिनगारी निकालने का यन्त्र; **Sparking wit** (keen intelligence.) स्फूर्तिमान् बुद्धि।

Sparkless-स्पाँर्क्'-लेँस् - *adj.* without sparks. बिना चिनगारी का।

Sparklet - स्पाँर्क्'-लेँट् - *n.* a small sparkle, a charge of carbonic acid. छोटी चिनगारी, कार्बोनिक ऑसिड भरी हुई गोली।

Spark-स्पाँर्क्-*n.* a gay fellow, a lover. बाँका, छैला, प्रेमी; *v. i.* to play the gallant. स्नेही की तरह व्यवहार करना; **Sparkful** (-फुल्) *adj.* lively, brisk, gay. तीव्र, फुर्तीला, आनन्दी; **Sparkish** (-इश्) *adj.* showy, gay. दिखौवा, भड़कीला।

Sparkle-स्पाँर्क्'-ऍल् - *v. i.* to emit sparks, to glitter. चिनगारी फेंकना, चमकना; *n.* a spark. प्रभा, चमक; **Sparkler** (-लर्) *n.* a luminous particle. चमकनेवाला कण; **Sparkling** (-लिङ्ग) *adj.* shining, glittering with sparks. चमकता (जगमगाता) हुआ; **Sparklingly** (-ली) *adv.* in a sparkling manner. चमकते हुए।

Sparrow - स्पाँर्'-रो - *n.* a kind of small bird. चटक, गौरैया; **House sparrow** (domestic sparrow.) घरेलू गौरैया; **Sparrow-hawk** (a kind of small hawk.) गौरैया का शिकार करनेवाला बाज पक्षी।

Sparse-स्पाँर्स्-*adj.* thin, scattered, not dense. पतला, विरल, दूर दूर पर का; **Sparsely** (-ली) *adv.* in a scattered manner. विरलता से; **Sparseness** (-नेँस्) *n.* thinness. विरलता, छरहरापन

Spartan-स्पाँर्'-टॅन्- *adj.* pertaining to Sparta, brave and hardy.

स्पार्टा नगर सम्बन्धी, वीर, साहसी।

Spasm–स्पॅज़्म्–*n.* strain, a sudden fit, excessive muscular contraction. सङ्कोच, मरोड़, ऍंठन; **Functional spasm** (nervous disorder caused by occupation) किसी व्यवसाय के कारण नाड़ियों में ऍंठन आजाना।

Spasmodic–स्पॅज़्-माड्'-इक् – *adj.* relating to spasm, convulsive. अङ्ग संकोच करनेवाला, ऍंठने (अकड़ने) वाला; **Spasmodically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a spasmodic manner. संकोच से, ऍंठन से

Spasmology–स्पॅज़्-मॉल्'-ऑ-जी–*n.* a treatise on convulsions. ऍंठन के रोग का शास्त्र।

Spat – स्पॅट् – *n.* eggs of fish or oyster. मछली या घोंघे का अण्डा।

Spat–स्पॅट्–*p. t.* & *p. p.* of **Spit**.

Spatchcock–स्पॅच्'-कॉक् – *v. t.* & *n.* to insert words in a 'telegram hastily, fowl killed and cooked hastily. जल्दी से तार की खबर में शब्द भरना, जल्दी से मारकर पकाया हुआ मुरगा।

Spate–स्पेट्–*n.* a flood in a river. नदी की बाढ़।

Spatial–स्पे'-शॉल्–*adj.* pertaining to space. स्थान सम्बन्धी; **Spatiality** (-इ-टी) *n.* spaciousness. विस्तार, फैलाव; **Spatially** (-ली) *adv.* in a spacious manner. स्थान सम्बन्ध में।

Spatter–स्पॅट्'-टर्–*v.t.* & *i.* to splash, to scatter in small drops. छितराना, छिड़कना; *n.* splashing. छितराव, छिड़कन।

Spatula–स्पॅट्'-यू-लॉ – *n.* an instrument with broad blade for spreading pigments, plaster &c., an instrument for pressing tongue. रङ्ग, मलहम इत्यादि फैलाने का औज़ार, जीभ दबाने का शस्त्र।

Spatular, Spatulate – see **Spatule**.

Spatule–स्पॅट्'-यूल्–*n.* broad-shaped formation. चम्मच की तरह का चौड़ा आकार; **Spatular** (-लॅर्) *adj.* of the shape of a spatule. इस आकार का; **Spatulate** (-लेट्) *adj.* shaped like a spatula. चम्मच के आकार का।

Spavin – स्पॅव्'-इन् – *n.* a disease in horses. घोड़ों का एक रोग, हड्डा।

Spawn – स्पॉन् – *n.* eggs of fish or frog, (in contempt) human offspring. मछली या मेंढक का अंडा, (तिरस्कार में) मनुष्य का बच्चा; *v. t.* & *i.* to produce eggs, to generate. अंडा देना, बच्चा जनना।

Spay–स्पे–*v. t.* to castrate, to remove the ovaries. वृषण करना (आख्ता करना), स्त्रियों का डिम्बकोष हटाना।

Speak–स्पीक्–*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Spoke Spake**; *p. p.* **Spoken**.) to utter words, to hold conversation, (with a person about something), to deliver speech, to pronounce, to make known. बोलना, (कहना), वार्तालाप करना, व्याख्यान देना, उच्चारण करना, जताना; **So to speak** (to speak in the way as.) यदि ऐसा प्रयोग किया जा सके; **To speak fair** (to speak in a fair language.) शिष्ट भाषा का प्रयोग करना; **To speak for** (to speak for another.) किसी के लिये बोलना; **To speak ill of** (to abuse.) निन्दा

करना ; **To speak one's mind** (to express one's thoughts.) अपना विचार प्रकट करना ; **To speak out** (to proclaim.) प्रकाशित करना, स्पष्ट रूप से कहना ; **To speak up** (to speak loudly.) जोर से बोलना ।

Speaker - स्पीक्'-अर् - *n*. one who makes a discourse, the president of a deliberative assembly. बोलनेवाला (व्याख्यान देनेवाला), सभापति ; **Speakership** (-शिप्) *n*. the office of a speaker. वक्ता का पद ।

Speaking-स्पीक्'-इङ्ग्-*n*. & *adj*. the act of expressing ideas in words, discourse, seeming to speak. भाषण (उक्ति), बात चीत, बोलती हुई ; **Speaking trumpet** (a megaphone.) दूर तक शब्द फेंकनेवाली तुरही ; **Speaking tube** (a pipe for speaking through.) बोलने की नली जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक शब्द पहुँच सकता है ।

Spear - स्पिअर् - *n*. a long pointed hurling weapon, a lance. बरछी, भाला ; **Spearman** (-मॅन्) *n*. one armed with a spear. भाला चलाने वाला सिपाही ; *v. i.* & *t*. to kill with a spear. भाला या बरछी से मारना ।

Spec-स्पॅक् - *n*. speculation, enterprise. कल्पना, विचार, युक्ति ।

Special-स्पॅश्'-ॲल्-*adj*. particular, not general, peculiar, extraordinary, chief in excellence, uncommon. विशेष, असाधारण, विचित्र, असामान्य प्रधान, अनोखा ; *n*. something specially appointed. असाधारण या विशिष्ट वस्तु ; **Special characteristics** (distinctive quality.) विशिष्ट धर्म ।

Specialism-स्पॅश्'-ॲल्-इज़्म्-*n*. specializing. इस प्रकार की प्रवीणता ।

Specialist - स्पॅश्'-ॲल्-इस्ट - *n*. one who devotes himself to a special branch of knowledge. किसी व्यवसाय या शास्त्र के मुख्य अङ्ग में प्रवीण ; **Specialistic** (-इस्ट्-इक्) *adj*. pertaining to specialism. विशिष्ट रूपका ।

Speciality-स्पॅश्'-ॲल्-इ-टी-*n*. particular talent. विशेष धर्म, विशिष्टता ।

Specialization-स्पॅश्'- ॲल्-ऑइज़्-ए'-शॉन्-*n*. the act of specializing. विशिष्टता ।

Specialize-स्पॅश्'-ॲल्-आइज़्-*v. t.* & *i*. to make specific, to limit, to differentiate. सीमा बाँधना, अलगाना, विशिष्ट करना ।

Specially-स्पॅश्'-ॲल्-ली - *adv*. in a special manner. विशेष रूप या प्रयोन से ।

Specialty-स्पॅश्'-ॲल्-टी-*n*. a special contract, a special pursuit. विशेष या साधारण धर्म, विशिष्ट नियम पत्र ।

Specie-स्पी'-शी-*n*. money in form of coins. नगद रुपया, सिक्का ।

Species-स्पी'-शीज़्-*n*. (*sing*. & *pl*.) kind, sort, class. जाति, प्रकार, भेद, वर्ग ; **A species of animal** प्राणि विशेष ; **Of the same species** (of similar class.) एक जाति का ।

Specific-स्पॅ-सिफ्'-इक्-*adj*. definite, distinct, possessing the qualities which characterize a species, peculiar. विशिष्ट, असामान्य, विशेष जाति का, विलक्षण ; **Specific**

character (distinct character.) विशेष लक्षण; **Specific gravity** (specific weight.) विशिष्ट गुरुत्व; **Specific medicine** (medicine having distinct effect in curing particular disease.) रोग हटाने की विशिष्ट औषधि; **Specifically** (-कॅल्-ली) *adv.* in a specific manner. विशेष रूप से।

Specification – स्पॅसि-इ-फ़ि-कें-शॉन् – *n.* the act of specifying, detailed description of anything. विशेष वर्णन, किसी पदार्थ की विस्तार पूर्वक व्याख्या।

Specifiable, Specified – see **Specify.**

Specificness-स्पॅ-सिफ़्-इक्-नॅस्–*n.* distinctness. विशेषता।

Specify-स्पॅस्-इ-फ़ाइ–*v.t.* (*p.t.*Specified.) to mention definitely, to name particularly. विशेष रूप से कहना, एक एक करके वर्णन करना; **Specifiable** (- ऑ-ब्ल्) *adj.* able to be specified. विशिष्ट वर्णन करने योग्य; **Specified** (- ड्) *adj.* specially designated. निर्दिष्ट किया हुआ।

Specimen – स्पॅस्-इ-मॅन्–*n.* sample, pattern. आदर्श, प्रतिरूप, नमूना, बानगी।

Speciological–see **Speciology.**

Speciology – स्पॅश्-इ-ऑल्-ऑ-जी – *n.* the science of species. जाति के मूल का शास्त्र; **Speciological** (-कॅल्) *adj.* pertaining to speciology. इस शास्त्र सम्बन्धी।

Specious – स्पी-शस्–*adj.* obvious, showy, plausible, of good appearance, fair on the surface. स्पष्ट, दिखौवा, सदृश्य, देखाव में सुन्दर, अच्छी आकृति का; **Speciosity** (-शि-ऑस्-इ-टी); **Speciousness** (- नॅस्) *ns.* plausible appearance. दिखावटी सुन्दरता; **Speciously** (-ली) *adv.* in a specious manner. सुन्दर आकृति से।

Speck–स्पॅक्–*n.* a small spot, stain, dot, mark of rottenness. सूक्ष्म बिन्दु, चिह्न, कलङ्क, बिन्दु, (फल में) सड़ाहट का चिह्न।

Speckle–स्पॅक्ल्–*n.* a small spot or speck. बिन्दु, चित्ता, धब्बा; *v. t.* to cover with specks. धब्बा डालना; **Speckled** (-ड्) *adj.* spotted, variegated. चितकबरा, चित्तीदार।

Speckless–स्पॅक्-लॅस्–*adj.* spotless. बिना धब्बे का, स्वच्छ।

Specs – स्पॅक्स् – *n. pl.* pair of spectacles. उपनेत्र, चश्मा।

Spectacle–स्पॅक्-टी-कल्– *n.* a public show or exhibition. कौतुक (चमत्कार), तमाशा; **Spectacles** (-स्) *n. pl.* pair of lenses set in a frame used for defective vision. (ब० व०) उपनेत्र, चश्मा, ऐनक; **Spectacled** (-ड्) *adj.* wearing spectacles. चश्मा पहिने हुए; **Spectacular** (-टॅक्-यू-लॅर्) *adj.* pertaining to shows. चमत्कार सम्बन्धी, कौतुक का; **Spectacularly** (-ली) *adv.* in a spectacular manner. चमत्कार से।

Spectator – स्पॅक्-टे-टॅर्– *n.* (*fem.* **Spectatress** -ट्रॅस्) a looker on, a beholder. प्रेक्षक, देखनेवाला, तमाशबीन।

Spectral – स्पॅक् -ट्रॅल् – *adj.* like a ghost, of ghost, resembling a

spectre. प्रेत तुल्य, भूत प्रेत से सम्बन्ध रखनेवाला, दृश्य रूप; **Spectrally** (-ली) *adv.* in a spectral manner. प्रेतवत्।

Spectre–स्पैक्'-टर्-*n.* an apparition, a ghost. भूत, पिशाच (वेताल)।

Spectro–स्पैक्'-ट्रो – *pref.* in sense of "spectrum" उपसर्ग जिसका अर्थ "दृश्य सम्बन्धी" होता है; **Spectrograph** (-ग्रैफ्) *n.* an apparatus for photographing the spectrum. दृश्य रूप का छायाचित्र खींचने का यन्त्र।

Stage – स्टेज्–*n.* a raised platform, platform of a theatre, raised place on which anything is exhibited, a halting place, dramatic art, scene of action, position. मचान, नाट्यकला, रङ्गभूमि (नेपथ्य), चबूतरा, विश्राम स्थान, घटना-स्थल, स्थिति; *v. t.* & *i.* to play on a stage. नाटक खेलना; **Stage-coach** (a coach running at regular stages for conveyance of passengers.) किराये पर चलने की गाड़ी; **Stage-craft** (skill in writing or staging plays.) नाटक खेलने की कला; **Stage direction** (direction in play.) नाटक का संकेत; **Stager** (-अर्) *n.* a person of long experience. अनुभवी पुरुष; **Stage manager** (manager of a stage.) सूत्रधार; **Stage-player** (a player on the stage, an actor.) नट; **Stagery** (-अर्-ई) *n.* exhibition on a stage. नाटक का अभिनय।

Staggard – स्टैग्'-गॉड्ड – *n.* a four years old stag. चार बरस का बारहसिंघा

Stagger–स्टैग्'-गर्-*v.i.* & *t.* to totter, to reel, to waver, to hesitate. डगमगाना, लड़खड़ाना, हिचकिचाना, सन्देह में डालना; *n.* a tottering movement. विचलता, लड़खड़ाहट; **Staggers** (-स्) *n. pl.* a disease of the brain. सिर घूमना, चक्कर; **Staggering** (-इङ्ग्) *n.*लुड़कान, चक्कर;**Staggeringly**(-इङ्ग्-ली) *adv.* लड़खड़ाते हुए, डगमगाते हुए।

Staginess-स्टेज्'-इ-नैस्-*n.* theatricality. नाटक का रूप।

Staging – स्टेज्'-इङ्ग् – *n.* putting a play on stage, driving or running stage-coaches, a structure of posts and boards for support. नाटक का अभिनय, किराये की गाड़ी चलाना, मचान

Stagnancy – स्टैग्'-नॅन्-सी – *n.* the state of being stagnant. स्थिरता (अप्रवाह), रुकाव, निश्चलता।

Stagnant – स्टैग्'-नॅन्ट–*adj.* motionless, not flowing, dull. स्थिर, प्रवाह-हीन (बँधा हुआ), मन्द; **Stagnantly** (-ली) *adv.* स्थिरता से।

Stagnate–स्टैग्'-नेट्–*v.i.* to cease to flow, to become motionless. स्थिर होना, न बहना, धारा का रुकना।

Stagnation – स्टैग्-ने'-शॉन् – *n.* the state of being stagnant. स्थिरता।

Stagnicolous–स्टैग्-नि-काॅल्'-अस्–*adj.* living in swamps. दल दल या बंधे पानी में रहनेवाला।

Stagy – स्टेज्'-ई – *adj* of theatrical appearance. नाटक के आकार का।

Staid – स्टेड् – *adj.* steady, grave, sober. स्थिर, गम्भीर, शान्त ; **Staidly** (- ली) *adv.* gravely. गम्भीरता से; **Staidness** (-नैस्) *n.* गम्भीरता।

Stain – स्टेन् – *n.* a spot, a mark or blot, blemish, disgrace. चिह्न, धब्बा, कलङ्क, मलिनता, (लांछन) अपयश ; *v. t. & i.* to soil, to discolour, to tarnish, to print with colours. मैला करना, धब्बा डालना, कलङ्क लगाना, रङ्ग छापना; **Stainable** (-ऑं-ब्ल्) *adj.* धब्बा डालने योग्य ; **Stained** (-ड्) *adj.* tarnished. धब्बा लगा हुआ ; **Stainer** (-अर्) *n.* कलङ्कित करनेवाला ; **Stainless** (-लैस्) *adj.* free from stain. कलङ्क रहित, निर्मल ; **Stainlessly** (-ली) *adv.* बिना धब्बे के।

Stair – स्टेअर् – *n.* set of steps for ascending. सोपान, सीढ़ी ; **Below stairs, Down stairs** (lower storey of a house.) मकान का नीचे का खण्ड ; **Flight of stairs** (set of stairs in a straight line.) सीढ़ियों की पंक्ति ; **Spiral staircase** (stairs in spiral form.) घुमौवा सीढ़ी ; **Staircase, Stairhead** (the part of a house containing flight of stairs.) सोपान, सीढ़ी, ज़ीना।

Staithe – स्टेद्–*n.* place for loading and unloading coal. कोयला लादने और उतारने का स्थान।

Stake – स्टेक् – *n.* a pointed stick used as support or a boundary mark, death by burning, tinsmith's anvil, principle, money pledged. खूँटा (शंकु), जलाकर हत्या, निहाई, सिद्धान्त, दाँव, पण ; *v. t.* to fasten with a stake, to wager. खूटा लगाना, खूंटे से बाँधना, दाँव लगाना ; **At stake** (in doubt, in difficulty.) सन्देह में, जोखिम में।

Stalactic–see **Stalactite**.

Stalactite – स्टै-लैक्'-टाइट्–*n.* a deposit of carbonate of lime hanging from the roof of a house. घर की छत में से लटकता हुआ चूने का टुकड़ा; **Stalactic** (-टिक्) *adj.* in the form of a stalactite. ऐसे टुकड़े का ; **Stalagmite** (-लैग्'-माइट्) *n.* a deposit on the floor of a cave. गुफ़ा से लटकता हुआ इस प्रकार का टुकड़ा।

Stale – स्टेल् – *adj.* insipid, musty, tasteless, lacking novelty, decayed. निःसार, नीरस, बेस्वाद (फीका), जीर्ण, पुराना ; *v. i. & t.* to make water, to wear out, to reduce to a standstill. लघुशंका (पेशाब) करना, थकाना, रोकना ; *n.* anything becoming stale, urine of cattle &c., a dupe, a laughing stock. कोई बासी वस्तु, पशुओं का मूत्र, प्रलोभन (भुलावा), हँसी का पात्र ; **Stalely** (-ली) *adv.* जीर्णता से, निःसरता से; **Staleness** (-नैस्) *n.* triteness. जीर्णता, नीरसता।

Stalk-स्टॉक्-*n.* the stem of a plant, support of anything. डाँठ, डण्ठल, आधार ; *n.* pursuing game stealthily. चुपके से शिकार का अनुसरण ; *v. t. & i.* to stride with proud steps, to pursue under cover or stealthily. अकड़ कर या ऐंठकर चलना, चोरी से पीछा करना ; **Stalked** (-ड्) *adj.* having a stem. डण्ठलदार ; **Stalkless** (-लैस्) *adj.* without a stalk

बिना डाँठ का ; **Stalklet** (-लेट्) *n.* a small stalk. छोटी डाँठ ; **Stalker** (-अर्) *n.* शिकार करनेवाला ।

Stall - स्टॉल् - *n.* a single compartment in a stable or building, table on which goods are exhibited for sale, a booth, bench in a theatre between pit and stage, a confederate of a pickpocket. कमरे या घुड़साल का अलग कमरा, चौकी या टेबुल जिस पर बिक्री की सामग्री सजाई होती है, अड़गड़ा,नाटक की बेंच, जेबकट का साथी ; *v. t.* & *i.* to place cattle in stall, to stick fast in mud or snow, to stop working of an engine. अस्तबल में चौपाया बाँधना, कीचड़ में फँसना, इञ्जन की गति का रुक जाना ; **Stallage** (-एज्) *n.* the place for erection of a stall. दुकान बनाने का स्थान ; **Stall-feed** (to fatten cattle in stall.) पशु को अस्तबल में खिलाकर मोटवाना ।

Stallion - स्टाल्'-यॉन्-*n.* an uncastrated horse kept for breeding. बीजाश्व, बिना आख्ता किया हुआ घोड़ा ।

Stalwart - स्टॉल्'-वॉर्ट् - *adj.* courageous, brave, resolute, strong. साहसी, वीर, पुष्ट, बलवान; **Stalwartly** (-ली) *adv.* in a resolute manner. वीरता से, साहस से ; **Stalwartness** (-नेस्) *n.* the state of being stalwart. साहस, वीरता ।

Stamen-स्टे'-मेन्-*n.* the organ of a flower containing pollen. पुष्पकेसर ; **Stamineal** (- मिन्'-इ-ऑल्) *adj.* pertaining to stamen. पुष्पकेसर सम्बन्धी ; **Stamened** (-इ) *adj.* furnished with stamen. पुष्पकेसर युक्त ।

Stamina-स्टैम्'-इ-नॉ-*n.* strength of endurance, innate vigour. सहनशक्ति, आन्तरिक बल ; **Staminal** (-ल्) *adj.* pertaining to stamina. आन्तरिक बल सम्बन्धी ; **Staminate** (-एट्) *adj.* furnished with stamens. पुष्पकेसर का ।

Stammer - स्टैम्'-मर् - *v. i.* & *t.* to speak falteringly, to stutter. अस्फुट वाणी से बोलना (लड़बड़ाना), हकलाना ; *n.* stammering speech, defective utterance, a stutter. अस्पष्ट भाषण, हकलाहट ; **Stammerer** (-अर्) *n.* one who stammers. स्खलित स्वर से बोलनेवाला, हकलानेवाला ; **Stammering** (-इङ्ग्) *adj.* हकलाता हुआ ; **Stammeringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a stammering manner. हकलाते हुए ।

Stamp - स्टैम्प् - *v. t.* & *i.* to make marks upon, to imprint, to affix stamp to, to crush with foot, to strike the ground heavily with sole of foot, to characterize. ठप्पा लगाना, मोहर करना, टिकट चपकाना, पैर से कुचलना, लात मारना, अङ्कित करना ; *n.* an instrument for stamping, impression, mark, an official mark made on paper, character. मोहर, ठप्पा, चिह्न, सरकारी ठप्पा लगा हुआ कागज, चरित्र ; **Stamper** (-अर्) *n.* one who stamps. मोहर करनेवाला ; **Stamp act** (an act pertaining to stamp-duty.) रसूम का क़ानून ; **Stamp**

collector (one who collects old stamps, a philatelist.) डाँक के पुराने टिकट इकट्ठा करनेवाला; **Stamped** (impressed with a stamp.) मोहर किया हुआ; **Stamp mill** (ore crushing mill.) कुचलने का यन्त्र; **Of the common stamp** (of ordinary type.) सामान्य प्रकृति का; **Of high stamp** (of high character.) महानुभाव; **Of the same stamp** (of similar nature.) तुल्य स्वभाव का; **To stamp out** (to put an end to.) अन्त करना, समाप्त करना।

Stampede– स्टैम्'-पीड्– *n.* a sudden panic among cattle, hurried movement. पशुओं की आकस्मिक भगदड़, शीघ्रगति।

Stanch, Staunch – स्टान्च् (स्टॉन्च्) *v. i.* to stop the flow of blood, to cease to flow blood. रुधिर का बहाव रोकना या बन्द करना।

Stanchion– स्टान्'-शॉन्– *n.* a prop, a post, an upright bar, support. खम्भा, (थोक), डण्डा, आधार, खूँटा; *v. t.* to fasten cattle to stanchion. पशु को खूटे में बांधना।

Stand–स्टैंन्ड्–*v. i.* &*t.* (*p. t.* & *p. p.* Stood.) to take an upright position, to maintain position, to endure, to remain stationary, to continue, to remain valid, to adhere to a principle, to be a candidate. खड़े होना, स्थिर रहना, सहना, ठहरना, होना, अपने सिद्धान्त पर दृढ़ होना, प्रार्थी होना; **Hair stands on end** (hairs standing erect.) रोमांचित होना, रोंगटे खड़े होना; **It stands to reason** (it is logically demonstrable.) यह न्याययुक्त है; **The matter stands thus** (such is the case.) विषय ऐसा है; **To stand against** (to resist, to oppose.) बाधा डालना; **To stand at bay** (to show fight.) ठमककर लड़ना; **To stand by** (to be present, to stand near, to help.) उपस्थित होना, समीप खड़े होना, आश्रय देना; **To stand for** (to side with, to represent.) पक्ष लेना, प्रतिनिधित्व करना; **To stand in help** (to be in need of help.) सहायता की आवश्यकता होना; **To stand in with** (to be a partner with.) मेली होना; **To stand off** (to move away.) हट जाना, **To stand on** (to insist on.) आश्रय लेना, भरोसा करना, हठ करना; **To stand out** (to hold out.) आक्षेप करना; **To stand over** (to be postponed.) टालना; **To stand still** (to remain motionless.) निश्चल खड़े होना; **To stand the test** (to prepare for being examined.) परीक्षा की कसौटी पर चढ़ना; **To stand to** (to adhere, to maintain, to abide by.) लीन होना, स्वीकार करना, स्थिर होना; **To stand up** (to stand erect.) खड़े हो जाना; **To stand up for** (to maintain.) साथ देना; **To stand up to** (to meet face to face.) साहस से भिड़ जाना; **To stand up with** (to become partner in dancing.) नाचने में साथ देना।

Stand–स्टॅन्ड्–*n.* a stationary condition, a halt, stoppage, a thing on which anything is placed, a stall, a raised platform, standing place for vehicles. स्थान, अड्डा (पड़ाव), रुकाव, बैठकी, दुकान, ऊँचा चबूतरा, स्थिति, गाड़ियों के ठहरने का स्थान; **Inkstand** (stand for inkpots.) क़लमदान, मसिपात्र; **Stand of arms** (complete set of rifles &c. for one man.) एक मनुष्य के हथियार; **Stand of colours** (regiment's flags.) फ़ौज के झण्डे; **Stand pipe** (vertical pipe.) खड़ी नली; **To be at a stand** (to be in a stationary condition.) स्थिर रहना; **To make a stand** (to make a stoppage.) रुकना, ठहरना।

Standard–स्टॅन्ड्'-अॅड्–*n.* & *adj.* the flag of a regiment, a principle, established measure or rule, basis of comparison, an upright support. ध्वजा (पताका), सिद्धान्त, नियम, (रीति), तुलना करने का सिद्धान्त, सीधा डण्डा; **Standard author** (author recognized as a model.) प्रामाणिक ग्रन्थकार; **Standard-bearer** (the officer who bears a standard.) पताका ले चलनेवाला; **Standard person** (a man who works on principle.) प्रामाणिक पुरुष।

Standardization-see**Standardize**.

Standardize–स्टॅन्ड्'-अड्-आइज़्–*v. t.* to make regular, to conform to a standard. प्रमाण के अनुसार करना; **Standardization** (-ए'-शन्) *n.* the act of standardizing. प्रमाणिकता।

Stander – स्टॅन्ड्'-अर् – *n.* one who stands. खड़ा होने वाला; **Stander-by** स्टॅन्ड्'-अर्-बाइ *n.* a spectator. केवल निरीक्षक।

Standing – स्टॅन्ड्'-इङ्ग् – *n.* station, position in society, position, continuity, reputation. स्थान, पदवी, स्थिति प्रतिष्ठा; *adj.* permanent, established, fixed. स्थायी, सनातन, ठहरा हुआ; **Of high standing** (meritorious) बड़ा प्रतिष्ठित, माननीय; **Of long standing.** चिरकालीन।

Standpoint – स्टॅन्ड्'-पॉयन्ट्–*n.* point of view. सिद्धान्त।

Standstill – स्टॅन्ड्'-स्टिल्–*n.* inability to proceed. स्तब्ध होना, ठमक जाना

Stanhope – स्टैन्'-होप्–*n.* a kind of light carriage. एक प्रकार की हलकी गाड़ी

Staniel – स्टॅन्'-इ-एॅल्–*n.* a kind of small hawk. एक प्रकार का छोटा बाज़ पक्षी

Stank–स्टॅङ्क्–*p. t.* of **Stink.**

Stannary–स्टॅन्'-नॅरी–*n.* tin-mine. रांगे की खान।

Stannic–स्टॅन्'-निक्; **Stannous** (-नि-अस्) *adjs.* pertaining to tin-mine. रांगे की खान सम्बन्धी।

Stanza–स्टॅन्'-ज़ा–*n.* group of lines of a poem. श्लोक, छन्द; **Stanzaic** (-ज़े'-इक्) *adj.* श्लोक सम्बन्धी।

Staple–स्टे'-प्ल्–*n.* a loop of metal with pointed ends for driving into post &c., a contrivance for shutting door, bent wire for stitching. नोंकदार मुड़ा हुआ तार, कुलाबा (कुन्डी), सीने का मुड़ा हुआ तार; *v. t.* to fasten with staple. कुन्डी लगाना, तार से बाँधना।

Staple–स्टे'-पल्–*n.* principal article of commerce, settled market, raw material, chief material, fibre of wool or cotton. हाट, मण्डी, सौदा, सामग्री, प्रधान भाग, रेशम या सूत का रेशा ; *adj.* chief. प्रधान ; *v. t.* to sort different staples of. क्रम में रखना, अलगाना ; **Stapler** (-लर्) *n.* a dealer in staple goods. सौदा करने वाला, व्यापारी।

Star–स्टॉर् – *n.* a luminous body in the heavens, the asterisk used in printing (*), a prominent person, destiny. तारा, (नक्षत्र, सितारा), छापे में का (*), चिह्न, प्रसिद्ध मनुष्य, भाग्य; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Starred**.) to set or adorn with stars, to shine as a star. सितारे जड़ना, तारे की भाँति चमकना, ऐसे (*) चिह्न लगाना; **Day star** (morning star.) सबेरे का तारा ; **Literary star** (first-rate literary person.) अनोखा साहित्यिक ; **Polar star** (a fixed star in the heaven perpendicular to the pole.) ध्रुव तारा; **Shooting-star** (a meteor.) उल्का, टूटने वाला तारा; **Star of India** (order of knighthood instituted by British Government.) ब्रिटिश् राज्य की एक उपाधि ; **Star under which one is born**. जन्म नक्षत्र।

Starblind – स्टॉर् -ब्लाइन्ड् – *adj.* partially blind. थोड़ा अन्धा।

Starboard–स्टॉर्'-बोर्ड्–*n.* & *v. t.* the right side of a ship or boat as one looks forward, to turn the ship to righthand side. जहाज या नाव का दाहिना भाग जब कोई मनुष्य इसके अग्रभाग की ओर मुख करके खड़ा हो, जहाज को दाहिनी ओर घुमाना।

Starch – स्टॉर्च् – *adj.* precise, stiff. नियत, निश्चित, यथार्थ ; *n.* a white odourless powder obtained from corn and potatoes, preparation of this used for stiffening cloth &c., obstinacy. अनाज का सत्व माड़ी (कलफ), हठ ; **Starchedly** (-ऍड्-ली) *adv.* in a starched manner. माड़ीपन से ; **Starchedness** (-ऍड्-नेस्) *n.* the quality of being starched. माड़ीपन ; **Starchiness** (-ई-नेस्) *n.* state of being starchy. माड़ीपन ; **Starchly** (-ली) *adv.* in a precise manner. यथार्थ रूप से ; **Starchness** (-नेस्) *n.* the state of being precise. यथार्थता ; **Starchy** (-ई) *adj.* consisting of starch. माड़ीदार।

Stare–स्टेयर्–*v. i.* & *t.* to look with fixed eyes, to gaze intently. स्थिर दृष्टि से देखना, घूरना, (ताकना) ; *n.* a fixed look with eyes wide open. स्थिर दृष्टि, टकटकी।

Starfish – स्टॉर् -फिश् – *n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली जिसको पाँच सात बाहु के सदृश अङ्ग होते हैं।

Star-gazer – स्टॉर् - गेज़्'-अर् – *n.* an astronomer. ज्योतिषी।

Staring–स्टेअर्-इङ्ग–*adj.* with fixed look. स्थिर दृष्टि का ; **Staringly** (-ली) *adv.* in a staring manner. स्थिर दृष्टि से।

Stark–स्टॉर्क्–*adj.* stiff, strong, rigid, resolute. कठोर, कड़ा, पुष्ट, दृढ़ ; *adv.* quite, mere, wholly. बिल्कुल, केवल,

पूर्ण रूप से।

Starless–स्टॉर्'-लैस्–*adj.* having no stars visible. बिना तारे का।

Starlight–स्टॉर्'-लाइट्–*n.* the light proceeding from the stars. तारों का प्रकाश।

Starlike–स्टॉर्'-लाइक्–*adj.* resembling a star. तारे के सदृश।

Starling–स्टॉर्'-लिङ्ग्–*n.* a black-plumed bird of great imitative powers, protective piles round a bridge. सारिका (मैना), पुल की रक्षा करने के लिये उसके अगल बगल का कंकड़ पत्थर का ढेर।

Starlit–स्टॉर्'-लिट्–*adj.* lighted by stars. तारों से प्रकाशित।

Starry–स्टॉर्'-री–*adj.* full of stars. तारों से पूर्ण।

Start–स्टॉर्ट्–*v. i. & t.* to make a sudden movement, to set out, to give way, to make a beginning, to rise suddenly, to set going, to excite, to loosen, to empty, to pour out. चौंक पड़ना, प्रस्थान करना, चलना, आरम्भ करना, चकित होना, एकाएक उठना, चालू करना, भड़कना, ढीला करना, खाली करना, बहाना; *n.* a sudden motion, beginning of a journey, a sally, fit. चौंक, प्रस्थान का आरम्भ, शोरगुल; **Starts** (-स्)*n. pl.* spasmodic movements. (ब० व०) एकाएकगति, चौंक; **By fits and starts** (with intermittent movements.) आकस्मिक प्रयत्न से; **Gave a sudden start.** वेग के साथ चकित हुआ; **To get a start of** (to gain advantage.) सुविधा पाना; **To get the start, To start with** (in the first place.) आरम्भ करने के लिये, आरम्भ में; **To give a start** (to advance.) दौड़ के लिये संकेत देना; **To start aside** (to set aside from position.) स्थान से विचलित होना; **To start back** (to turn at once.) एकाएक घूम जाना; **To start in** (to commence.) आरम्भ करना; **To start up** (to startle, to rise suddenly.) चौंक उठना (जगाना), चालू करना; **With a start** चौंककर।

Starter–स्टॉर्ट्'-अर्–*n.* one who starts. दौड़ में प्रस्थान करानेवाला।

Starting–स्टॉर्ट्'-इङ्ग्–*n.* departure. प्रस्थान; **Starting post** (a post from which competitors start in a race.) जिस खम्भे से घोड़दौड़ इत्यादि का आरम्भ होता है।

Startle–स्टॉर्ट्'-एॅल्–*v.t.* to surprise, to cause to start. चकित करना, चौंकाना; **Startler** (-लर्)*n.* one who startles. चौंकानेवाला; **Startling** (-लिङ्ग्) *adj.* impressing with fear. चौंकानेवाला; **Startlingly** (-लिङ्ग्-ली) *adv.* in a startling manner. चौंकाते हुए।

Starvation–स्टॉर्व्-ए'-शॉन्–*n.* the act of starving. अनशन, उपवास।

Starve–स्टॉर्व्–*v. i. & t.* to die of hunger, to suffer from extreme poverty, to suffer from cold, to suffer want, to deprive of food, to cause to perish. भूखों मरना, दरिद्रता से पीड़ित होना, ठण्डे से कष्ट उठाना, पीड़ित करना, उपवास करना, नाश करना; **To starve oneself** (to

stop eating.) आहार त्याग देना ; **Starving** (-इङ्ग्) *adj.* without eating anything. क्षुधा से पीड़ित, निराहार ; **Starveling** (-लिङ्ग्) *n. adj.* a starving person or animal, hungry. भूखा प्राणी, बिना आहार किये हुए

Stasis–स्टे'-सिस्–*n.* stoppage of any of the bodily fluids. शरीर के रुधिर इत्यादि धातुओं की गति की रुकावट।

State–स्टेट्–*n.* condition, a body-politic, rank, dignity, mode of existence, nation, pomp, commonwealth. अवस्था (दशा), राज्य, पद, अधिकार, जीवन रीति, गौरव, राष्ट्र ; *v. t.* to express clearly in writing or speech, to fix, to narrate, to specify. प्रकट करना, वर्णन करना; स्थिर करना, कहना; *adj.* belonging to the state, royal. राजकीय, राजसंबंधी, सरकारी; **Chair of state**. राजसिंहासन; **In state** (in grandeur.) वैभव में ; **State-affairs** (matters concerning a state.) राजकार्य ; **State-carriage** (carriage for state occasions.) राजकीय (शाही) सवारी; **State-craft** (the art of managing state affairs, statesmanship.) राज-कार्य पद्धति, राजनीति ; **State (criminal) prisoner** (one confined for political reasons.) राजनैतिक क़ैदी ; **State monger** *n.* one who is versed in politics. राजनीति में प्रवीण ; **State - servant** (servant of state.) राजसेवक ; **State of life** जीवन वृत्ति।

Stated–स्टेट्'-एड्–*adj.* established, regular. निर्दिष्ट, नियमित।

Stateliness–स्टेट्'-लि-नैस्–*n.* dignity. गौरव, महत्त्व ; **Stately** (-ली) *adj.* grand, dignified, majestic. वैभव-युक्त, महत्त्व का, उज्ज्वल।

Statement–स्टेट्'-मेन्ट्–*n.* the act of stating, announcement. वर्णन (निवेदन), कथन (उक्ति), विज्ञापन।

Statesman–स्टेट्स्'-मॅन्–*n.* one who is skilled in the management of state affairs, a politician. राजकार्य में कुशल, राजनीतिज्ञ; **Statesman-like** (-लाइक्) *adj.* having the qualities of a statesman. नीतिज्ञ के सदृश; **Statesmanly** (-ली) *adj.* pertaining to statesmanship. राजनीति सम्बन्धी ; **Statesmanship** (-शिप्) *n.* employments of a statesman. नीतिज्ञता।

Statical–स्टॅट्'-इक्-ऑल्–*adj.* pertaining to bodies in rest. स्थिर पदार्थ सम्बन्धी; **Statically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a statical manner. स्थिरता से।

Statics–स्टॅट्'-इक्स्–*n. pl.* the science of bodies at rest. पदार्थ के भार परिमाण का शास्त्र, जिस शास्त्र में पदार्थों की गुरुता का विचार रहता है।

Station–स्टे'-शॉन्–*n.* the place where a thing rests or stands for a particular purpose, position, rank, a stopping-place for railway trains, status in life. स्थान, स्थिति, दशा (ठिकाना, पद, अवस्था), रेलगाड़ी के ठहरने का स्थान, अधिकार, पदवी; *v.t.* to fix in a certain place. to assign station to. स्थापित करना (टिकाना, बैठाना), ठहराना ; **High station** (high rank.) उत्तम पद; **Naval-station** (a port.) जहाज़ी बन्दरगाह ;

Police station (police office.) थाना, चौकी; Station calendar (railway time-table.) रेल का टाइम टेबुल; Station master (one in charge of a railway station.) रेलवे स्टेशन का प्रधान अधिकारी।

Stationariness–see Stationary.

Stationary–स्टे'-शॉन्-ऑ-री–*adj*. not moving, remaining in one place, fixed, not changing. स्थिर, निश्चल, अचल, स्थायी, एक ही स्थान में ठहरा हुआ; Stationary air (air which is not moving.) स्थिर वायु; Stationariness (-नेस) *n*. the state of being fixed. स्थिरता, निश्चलता।

Stationer–स्टे'-शॉन्-अर्–*n*. a merchant who sells writing materials. लेखन सामग्री (यथा कागज, कलम, रोशनाई, पेन्सिल इत्यादि) बेचनेवाला; Stationer's Hall (the hall of the Stationers' Company in London, at which books are registered for purpose of copyright.) लन्दन में पुस्तकों की रजिस्ट्री का कार्यालय; Stationery (-ई) *n*. articles sold by stationers. लिखने की सामग्री।

Statism–स्टेट्'-इज़्म्–*n*. the art of government. राज्य शासन कला।

Statist–स्टेट्'-इस्ट्–*n*. one dealing with statistics. क्रमबद्ध संख्यापत्रों का व्यवहार करनेवाला।

Statistical–स्टॅ-टिस्ट्'-इ-कॅल्–*adj*. pertaining to statistics. परिगणन विद्या सम्बन्धी; Statistically (-लि) *adv*. ऐसी गणना में।

Statistician–स्टॅट्'-इस्-टिश्-ऑन्–*n*. a person versed in statistics. क्रमबद्ध गणना करने में निपुण।

Statistics–स्टॅ-टिस्ट्'-इक्स्–*n. pl*. the collection of facts and figures regarding the condition of a people, the science which treats of such facts. किसी देश के निवासियों की सब प्रकार की अवस्थाओं की क्रमबद्ध गणना, वह विद्या जिसमें इनका परिगणन होता है।

Statoscope-स्टॅट्-ऑस्'-कोप्-*n*. barometer for showing the minute variations of pressure. वायु के दबाव का सूक्ष्म अन्तर बतलानेवाला यन्त्र।

Statuary–स्टॅट्'-यु-ऑ-री–*adj*. pertaining to statues. मूर्ति सम्बन्धी; *n*. a sculptor. मूर्ति बनानेवाला, मूर्तिकार।

Statue–स्टॅट्'-यू–*n*. a sculptured or cast image of a person or an animal. ढालकर या खोदकर बनी हुई मूर्ति; Statued (-ड्) *adj*. furnished with statues. मूर्ति बना हुई।

Statuesque–स्टॅट्'-यु-एस्क्'–*adj*. in the style of a statue. मूर्तिवत्, मूर्ति के समान; Statuesquely (-लि) *adv*. like a statue. मूर्ति की तरह; Statuesqueness (-नेस्) *n*. मूर्तिवत् रचना।

Statuette–स्टॅट्'-यु-एट्–*n*. a small statue. छोटी मूर्ति।

Stature–स्टॅट्-यूर्–*n*. the natural height of the body. शरीर की ऊँचाई, डीलडौल; Of dwarfish stature (of the height of a dwarf.) बौने की आकृतिवाला; Of low stature (of low height.) नाटा; Of short stature (of small height.) नाटे कद का; Statured (-ड्) *adj*. arrived

at full stature. पूरे परिमाण का।

Status-स्टे'-टस्-*n*. social position, rank, relative importance. सामाजिक स्थिति, अवस्था, वस्तुस्थिति।

Statutable-स्टीट्'-यू-टीं-ब्ल्-*adj*. conformable to statute. व्यवस्था (क़ानून) के अनुसार; **Statutably** (-टीब्-ली) *adv*. according to statute. व्यवस्थानुसार।

Statute - स्टैट्'-यूट् - *n*. a written law of the legislature, a law. नियम, व्यवस्था, क़ानून; **Statute-book** (a book containing statute law.) क़ानून की पुस्तक।

Statutory-स्टैट्'-यू-टॉ-रि-*adj*. enacted by statute. व्यवस्था से स्थापित, कानून से स्थिर किया हुआ।

Staunch-स्टॉन्च्-**Stanch**-स्टैन्च्-*adjs*. trustworthy, watertight or airtight. विश्वासी, जल या वायु का अप्रवेश्य; **Staunchly** (-ली) *adv*. in a trustworthy manner. विश्वास से; **Staunchness** (-नेस्) *n*. the state of being staunch. विश्वास।

Stave-स्टेव्-*n*. one of the curved pieces of wood which forms a cask, rung of a ladder, a stanza of a verse. पीपे की पटरी, लकड़ी की सीढ़ी का डण्डा, कविता का चरण; *v. t.* (*p.t.* **Staved** *or* **Stove**.) to break a hole in, to furnish with staves, to crush out. छेद करना, पट्टी लगाना, कुचलना; **To stave in** (to crush out of shape.) कुचल कर टेढ़ा मेढ़ा करना; **To stave off** (to ward off.) हटा देना।

Stay-स्टे-*v. t. & i.* (*p.t.* **Stayed**.) to stop, to restrain, to postpone, to prop, to dwell, to wait. रोकना, थँभना, टालना (विलम्ब करना), सहारा देना, ठहराना (टिकाना), राह देखना; *n*. remaining in a place, stand, stop, prop, support. ठहराव, रुकाव, प्रतिबन्ध, सहारा, आधार **Stayless** (-लेस्) *adj*. without support. बिना सहारे का; **Stay order** (suspension of judgment for a time.) हुकुम इम्तनाई; **Stays** (-ज़्) *n. pl*. corset. (ब० व०) अँगिया, चोली; **To stay one's progress** (to stop advance.) गति रोकना।

Stead-स्टेड्- *n*. place. स्थान, भूमि; **Instead of** (in place of.) वास्ते, लिये, बदले में; **To stand in good stead** (to be serviceable.) लाभदायक होना, सुविधे का होना।

Steadfast-स्टेड्'-फ़ास्ट्-*adj*. constant, firm, resolute. निश्चल, स्थिर (अचल), अटल; **Steadfastly** (-ली) *adv*. in a firm manner. स्थिरता से, दृढ़ता से; **Steadfastness** (-नेस्) *n*. firmness. स्थिरता, दृढ़ता

Steadily, **Steadiness**-see **Steady**.

Steading-स्टेड्'-इङ्ग्-*n*. a farmyard. खलिहान।

Steady-स्टेड्'-डी-*adj*. (*comp*. **Steadier**, *sup*. **Steadiest**.) firmly fixed, uniform, constant, not changing, regular, uniform, sober, industrious. दृढ़, सतत, स्थिर, अचल, नियमित, बराबर, शान्त, उद्यमी; *v.t.* to make or become steady. स्थिर करना (सँभालना), दृढ़ होना; **Steadily** (-ली) *adv*. firmly, fixedly. स्थिरता

से, दृढ़ता से ; **Steadiness** (-नैस्) *n.* firmness, constancy. स्थिरता, नित्यता।

Steak–स्टेक्–*n.* a slice of meat cut for broiling. भूनने के लिये काटी हुई मांस की बोटी।

Steal–स्टील्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Stole**, *p. p.* **Stolen**.) to take away secretly without permission, to move secretly or silently, to slip away, to win. चोरी करना, (चुराना), खिसक जाना, हृदय लुभाना ; **Stealer** (-अर्) *n.* one who steals, a thief. तस्कर, चोर, हरण करनेवाला ; **Stealing** (-इङ्ग्) *n.* the act of thieving. चौर कर्म

Stealth–स्टैल्थ्–*n.* the act of stealing, secrecy. (अपहरण) चोरी, गुप्त कार्य; **Stealthily** (-इ-ली) *adv.* चोरी से, गुप्त रीति से ; **Stealthiness** (-इ-नैस्) *n.* चोरी का कार्य ; **Stealthy** (-ई) *adj.* done by stealth. गूढ़, गुप्त, अप्रकाशित।

Steam– स्टीम् – *n.* the vapour of boiling water, energy, vigour. वाष्प (भाफ़), शक्ति, उत्साह; *v. t.* & *i.* to cook by steam, to emit steam, to move by steam. भाफ से पकाना, भाफ उठना या निकलना, भाफ से चलना ; **Steam-boat** (a vessel propelled through water by steam.) भाफ से चलनेवाली नाव ; **Steam boiler** (a vessel in which water is converted to steam.) पानी से भाफ बनाने का पात्र ; **Steam engine** (an engine propelled by steam.) भाफ से चलनेवाला इञ्जन , **Steamer** (-अर्) *n.* a vessel moved by steam. भाफ़ से चलनेवाला जहाज़ ; **Steamy** (-ई) *adj.* full of vapour. वाष्पपूर्ण।

Stearin–स्टी'-ऑर्-इन्– *n.* the chief ingredient of tallow used in the manufacture in candles. चर्बी जिसकी मोमबत्ती बनाई जाती है ; **Stearinery** (-अ-रि) *n.* the factory in which candles are made. मोमबत्ती बनाने का कारखाना।

Steed– स्टीड्– *n.* a horse, a war-horse. (अश्व) घोड़ा, लड़ाई का घोड़ा ; **Steedless** (-लैस्) *adj.* without a steed. बिना अश्व का।

Steel–स्टील्– *n.* an alloy of iron and carbon used for making tools, rod of steel, sword. लोहसार (फ़ौलाद, इस्पात), पक्के लोहे की छड़, तलवार, *v. t.* to harden. कड़ा करना, दृढ़ करना ; **Cold-steel** (sword &c. as opposed to firearms.) बारूद-वाले हथियार से भिन्न अस्त्र (यथा-तलवार, बर्छा इत्यादि); **Steel-cap** (helmet.) लोहे का टोप, कवच ; **Steel-clad** (clad in armour.) कवच पहिरे हुए ; **Steel-hearted** (hard-hearted.) कठोर हृदय ; **Steeliness** (-इ-नैस्) *n.* the quality of being steely. कठोरता ; **Steely** (-ई) *adj.* made of steel, hard, firm, steel-like. फ़ौलाद का बना हुआ, पुष्ट, दृढ़, कठोर, फ़ौलाद के समान

Steelyard – स्टील्'-यॅर्ड् – *n.* a kind of balance for weighing things. तुलादण्ड, एक प्रकार का (भूसा, लकड़ी इत्यादि) तौलने का यन्त्र।

Steening – स्टीन्'-इङ्ग् – *n.* stone lining of wall. दीवार में पत्थर लगाना

Steep–स्टीप्–*adj.* precipitous, exaggerated, not reasonable. बहुत ढालुआँ, (खड़ा), बढ़ाकर कहा हुआ, अनुचित, अयोग्य ; *n.* a slope, a precipitous place or ascent, a precipice, process of steeping. ढार, टीला, करारा, तर करने की विधि ; *v. t.* to soak in liquid. जल इत्यादि में तर करना या भिगोना ; **Steepen** (-ऍन्) *v. i.* & *t.* to make or become steep. ढालुआ होना या करना ।

Steeper – स्टीप्'-अर् – *n.* a vessel in which things are steeped. पदार्थों को भिगाने का पात्र ।

Steeple–स्टी'-पल–*n.* the tower rising above the roof of a church, a spire. गिरजाघर के छत पर की मीनार, धरहरा ; **Steeple-chase** (a horse-race in which ditches &c. are jumped over.) खाईं इत्यादि डकाने की घोड़दौड़ ; **Steepled** (-ड्) *adj.* मीनारदार ; **Steeple-jack** (a man who works on steeples.) मीनारपर चढ़कर मरम्मत करनेवाला ।

Steeply–स्टीप्'-ली–*adv.* in a steepy manner. ढालुआ तरह से ; **Steepness** (-नेस्) *n.* the state of being steep. ढालुआँपन ; **Steepy** (-ई) *adj.* having declivity. ढालुआँ ।

Steer–स्टिअर्– *n.* (*fem.* **Heifer.**) a young ox. जवान साँड़; *v.t.* & *i.* to guide a vessel, motor-car, air-ship, bicycle &c., to pursue a course of action, to direct one's course in a specified direction. जहाज नाव, हवाई जहाज, मोटर बाइसिकिल इत्यादि चलाना, मार्ग दिखलाना, मार्ग निश्चित करना ; **To steer one's course** (to be engaged in one's work.) अपने कार्य में लगजाना ; **Steerable** (अॅ-ब्ल्) *adj.* चलाने योग्य ।

Steerage–स्टिअर्'-एज्–*n.* the act of steering, the part of a ship allotted to inferior passengers. जहाज का खेना, जहाज के आगे का कमरा जिसमें सामान्य यात्री रहते है; **Steerer** (-अर्) *n.* जहाज चलानेवाला ।

Steersman – स्टिअर्ज़्'-मॅन् – *n.* (*pl.* **Steersmen**) a helmsman. जहाज चलानेवाला माँझी, मल्लाह ; **Steersmanship** (-शिप्) *n.* skill in steering a ship. जहाज चलाने की विद्या ।

Steganography–स्टॅग्'-अॅ-नॉग्'-रॅ-फ़ी– *n.* the art of writing secret characters. सांकेतिक अक्षरों में लिखने वाला ।

Steinbock – स्टाइन्'-बॉक् – *n.* a kind of wild goat. एक प्रकार का जंगली बकरा ।

Stele – स्टी'-ली – *n.* an upright slab put on a grave. क़ब्र के ऊपर लगाने का खड़े बल का पत्थर ।

Stellar–स्टॅल्'-लॅर् – *adj.* pertaining to stars. तारा सम्बन्धी ; **Stelliform** (-ई-फ़ार्म्) *adj.* in the form of a star. तारा के आकार का ; **Stellate** (-लेट्) *adj.* resembling a star. तारा की आकृति का ।

Stellular–स्टॅल्'-यु-लॅर्–*adj.* shaped like small stars. छोटे तारों की आकृति का ।

Stem–स्टॅम्–*n.* the stalk of a plant or tree, the branch of a family, the prow of a ship, the back part of tobacco-pipe, origin,

the root of word. पेड़ का तना, (डंठल), सन्तान (वंश), जहाज़ (या नाव) का अगला भाग, गुड़गुड़ी का नली का भाग, उत्पत्ति स्थान, शब्द का आदि रूप ; *v. t.* (*p. t.* Stemmed.) to check, to stop. रोकना, प्रतिबन्ध करना ; **From stem to stern** (from one side of a ship to the other, completely, throughout.) एक ओर से दूसरे ओर तक, पूर्ण रूप से ।

Stemma – स्टेम्'-मॉ – *n.* (*pl.* Stemmata.) family descent. वंशवृक्ष, कुरसीनामा ।

Stench–स्टेन्च् – *n.* offensive smell. दुर्गन्ध, बदबू ; **Stench-trap** (contrivance to stop offensive smell.) परनाले की दुर्गन्ध रोकने का साधन ।

Stencil–स्टेन्'-सिल्–*n.* a thin plate of metal in which patterns are cut out to be transferred by brush and ink to some other material.



Stencil.

पतली धातु की चद्दर पर कटा हुआ अक्षर, चित्र इत्यादि जो बुरुस तथा रोशनाई से दूसरे पदार्थ पर उतारा जाता है ; *v. t.* (*p. t.* Stencilled.) to decorate by stencils. इस प्रकार की चद्दर द्वारा चित्र बनाना ; **Stenciller** (-लर्) *n.* one who prepares stencils. ऐसी आकृति बनानेवाला ।

Steno – स्टेन्'-ओ – *pref.* in sense of 'narrow.' "सिकुड़ा" अर्थ का उपसर्ग ।

Stenochromy–स्टेन्'-ओ-क्रो-मी–*n.* the art of printing in several colours. अनेक रंग में छापने की विधि ।

Stenograph–स्टेन्'-ओ-ग्रॉफ़–*n.* writing in shorthand, a machine for such writing. सांकेतिक चिह्न में लिखने की विधि, ऐसा लिखने का यन्त्र ; **Stenographer** (-अर्) , **Stenographist** (-इस्ट) *ns.* a shorthand writer. सांकेतिक चिह्न में लिखनेवाला ; **Stenographic** (-इक्) *adj.* pertaining to stenography. इस विधि का ; **Stenographically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a stenographical manner. इस विधि से ।

Stentor–स्टेन्'--टॉर्–*n.* a person with loud voice. तेज बोलनेवाला ; **Stentorian** (-टोर्'-इ-ॲन्) *n.* one who speaks very loudly. उच्च स्वर से बोलनेवाला मनुष्य ।

Step–स्टेप्–*v.i.* & *t.* (*p. t.* Stepped.) to move with alternate feet, to walk slowly, to fix a mast in its place. डग बढ़ाना, धीरे धीरे चलना, मस्तूल लगाना ; **To step aside** (to remove oneself.) अलग होना ; **To step back** (to retreat.) पीछे को हटना ; **To step forward** (to advance.) आगे को बढ़ना ; **To step in** (to enter a house, to intervene, to help or hinder.) घर में प्रवेश करना, बीच में आ जाना, विघ्न करना; **To step up** (to ascend.) ऊपर को चढ़ना ।

Step–स्टेप्–*n.* a mark left by foot on the ground, pace, manner of walking, degree, rung of ladder, advance from one stage to other. पद, डग, क्रम, चाल, सीढ़ी का

डण्डा, उद्योग, परिपाटी ; **By steps** (by degrees.) क्रम क्रम से ; **Flight of steps** (tread of staircase.) सीढ़ी के डण्डे; **Step by step** (gradually.) क्रम से, पदपद पर ; **The first step** (beginning.) आरम्भ ।

Step–स्टॅप्–*n*. a prefix to express nominal relationship. नाम मात्र का सम्बन्ध सूचक उपसर्ग ; **Step-brother** (born of different mothers but same father.) सौतेला भाई ; **Stepchild, Stepdaughter, Stepfather, Stepmother, Stepson**&c. सौतेला बालक, कन्या, माता, पिता इत्यादि ।

Stepney–स्टॅप्-नी – *n*. a substitute wheel for a motor-car. मोटर गाड़ी की फालतू पहिया ।

Steppe–स्टॅप्–*n*. level uncultivated land. बिना जोता बोया हुआ मैदान ।

Stepping-stone – स्टॅप्-पिङ्ग्'-स्टोन् – *n*. a stone to raise the feet above water in walking, a means of progress. जल के ऊपर पैर रखने का पत्थर, उन्नति का मार्ग ।

-ster – स्टर् – *suf*. forming agent. "वाला" अर्थ का प्रत्यय ।

Stereo–स्टिअर्'-इ-ओ – *n*. (*pl*. **Stereos**.) stereotype. ढले हुए टाइप की तख्ती ; *pref*. in sense of 'solid.' 'ठोस' अर्थ का उपसर्ग ; **Stereobate** (बेट) *n*. the solid platform on which building is constructed. ठोस चबूतरा जिस पर मकान इत्यादि बनाया जाता है ; **Stereography** (-ऑग्'-रॅफी) *n*. the delineation of solid bodies on a plane surface. ठोस आकृति की कागज़ पर चित्र बनाने की विधि ;

Stereometer (-ऑम्'-ऍ-टर्) *n*. an instrument for determining specific gravity of bodies. आपेक्षित घनत्व जानने का यन्त्र ।

Stereoscope – स्टिअर्'--ऑ - स्कोप् – *n*. an instrument for combining two views into a single solid one. एक प्रकार की दोहरे ताल द्वारा चित्रों के देखने की दुरबीन ।

Stereotype – स्टिअर्'-इ-ओ-टाइप्–*n*. a block of fixed solid type used in printing. छापने का ठोस सीसे का तख्ता जिसमें उभड़े हुए टाइप ढाल कर बनाये जाते हैं; *v.t*. to cast in stereotype. इस प्रकार के टाइप के प्लेट से छापना ; **Stereotyped** (-ड्) *adj*. unchanging, monotonous. दृढ़, बिना परिवर्तन का ; **Stereotyper** (-अर्) one who prepares stereotype plates. ऐसा प्लेट बनानेवाला ; **Stereotypist** (इस्ट) *n*. one who stereotypes. ऐसा तख्ता ढालनेवाला ।

Sterile – स्टॅर्'-राइल – *adj*. unproductive, barren, unfruitful, बाँझ, ऊसर, निष्फल ।

Sterility–स्टर्-रिल्'-इ-टी – *n*. barrenness, unfruitfulness, बन्ध्यता, (निष्फलता), ऊसरपन ।

Sterilization-स्टर्'-रिल-आइज़-ए'-शॉन्-*n*. the act of sterilizing. कीटाणु को मारकर शोधन ।

Sterilize – स्टर्-रिल्-आइज़ – *v. t*. to destroy bacteria, to wash with an antiseptic. कीटाणु को मार डालना, तथा इस प्रकार से पदार्थ को शुद्ध करना ।

Sterilizer – स्टर्'-रिल्-आइज़्'–अर् – *n*. that which sterilizes. कीटाणु को

मारकर शुद्ध करने का साधन।

Sterling-स्टर्'-लिङ्ग् - *adj.* genuine, pure, of standard value, not showy. वास्तविक, शुद्ध, खरा (सच्चा), अकृत्रिम; *n.* the standard gold coin of England worth twenty shillings. अंग्रेजी सोने का सिक्का जो बीस शिलिंग का होता है।

Stern - स्टर्न् - *adj.* severe, rigid, strict, harsh, cruel. निष्ठुर, दृढ़, कठोर, कर्कश, निर्दय; **Sternly** (-ली) *adv.* strictly, severely. रूक्षता से, कठोरता से; **Sternness** (-नेस्) *n.* rigidness, strictness. कठोरता, (निर्दयता), रूखापन।

Stern-स्टर्न् - *n.* the hind part of a ship or boat, buttocks. जहाज या नाव का पीछे का भाग, चूतड़; **From stem to stern** (from one end of a ship to the other.) जहाज के एक कोने के दूसरे कोने तक; **Stern foremost** (moving backwards.) पीछे की ओर जानेवाला; **Stern-post** (the central timber bearing rudder.) पतवार लगाने का बीच का बल्ला; **Sternward** (-वर्ड्) *adj.* towards the stern. जहाज के पीछे की ओर; **Sternway** (backwards.) पीछे की ओर का

Sternal-see **Sternum**.

Sternly, Sternness-see **Stern**.


Sternum-स्टर्न्'-अम्-*n.* (*pl.* **Sterna**.) the bone running from neck to stomach. उरोस्थि, गर्दन से पेट तक की हड्डी; **Sternal** (-ऑल्) *adj.* pertaining to sternum. इस हड्डी के सम्बन्ध का।

Sternutation-स्टर्न्यू-टे'-शॉन्-*n.* the act of sneezing. छींक; **Sternutative** (-टिव्); **Sternutatory** (-टॉर्-ई) *adjs.* provocating, sneezing. उत्तेजक, छींक सम्बन्धी, छींक लानेवाली।

Stertorous-स्टर्'-टॉ-रस् - *adj.* snoring. घरघराहट का शब्द करनेवाला; **Stertorously** (-ली) *adv.* snoringly. घर्राटा लेते हुए; **Stertorousness** (-नेस्) *n.* a snoring sound. घर्राटे का शब्द।

Stet - स्टैट् - *n.* a proof-correcting direction. प्रूफ शुद्ध करने का एक सङ्केत; *v. t.* to conceal correction of. इस प्रकार के सङ्केत लिखना।

Stethoscope - स्टैथ्'-ऑ-स्कोप् - *n.* an instrument used in the ausculation of the heart or lungs. यन्त्र जिससे डाक्टर लोग हृदय अथवा फेफड़े की अवस्था शब्द सुनकर जान लेते हैं; *v. t.* to examine lungs by a stethoscope. इस यन्त्र से फेफड़े या हृदय की परीक्षा करना; **Stethoscopist** (-इस्ट्) *n.* one who examines lungs by a stethoscope. इस यंत्र से परीक्षा करनेवाला मनुष्य; **Stethoscopic** (-इक्) *adj.* pertaining to a stethoscope. इस यंत्र सम्बन्धी; **Stethoscopically** (-ऑल-लि) *adv.* by means of a stethoscope. इस यन्त्र से परीक्षा करते हुए।



Stethoscope.

Stevedore - स्टैव्'-ए-डोर् - *n.* a man who loads and unloads the cargo of a ship. जहाज पर का माल उतारने चढानेवाला।

Stew–स्ट्यू–*n.* a house of ill-fame, meat or fruit stewed, mental agitation, worry, pond for keeping fish. व्यभिचार का स्थान, मन्द आँच में पकी हुई तरकारी या माँस, मानसिक अव्यवस्था, कष्ट, मछली पालने का कुण्ड ; *v. t.* & *i.* to cook by continued simmering in a closed vessel, to be oppressed by heat. धीमी अग्नि में पकाना या उबालना, गरमी से पीड़ित होना ; **To stew in one's own juice** (to look after one's own interest.) अपना स्वार्थ देखना, सहायता न करना ।

Steward – स्ट्यू' - ऑड्र् – *n.* (*fem.* **Stewardess**.) a person employed to manage another's property or estate, a passenger's attendant on board a ship. (परिचारक) कारिन्दा, जहाज पर यात्रियों का सेवक ; **Stewardess** (-एस्) *n.* a female steward. भण्डारिन; **Stewardless** (-लेस्) *adj.* without a steward. बिना सेवक का ; **Stewardship** (-शिप्) *n.* the office of a steward. परिचारक का पद ।

Stew-pan– स्ट्यू'-पॅन् – *n.* a pan for stewing. छिछला कड़ाही ।

Sthenic– स्थॅन्'-इक्– *adj.* of diseased vitality of the heart or arteries. धमनी या हृदय की असामान्य गति सम्बन्धी ।

Stibium– स्टिब्'-इ-अम्–*n.* antimony. स्रोतोंजन, सुरमा ।

Sticcado – स्टिक्-का'-डो – *n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार ताराबाजा ।

Stichomyth, Stichomythia-स्टिक्'-ऑ-मिथ् (-इ-ऑ) *n.* a dialogue in alternate lines of poetry. कविता के प्रत्येक चरण में प्रश्नोत्तर ।

Stick–स्टिक्–*n.* the shoot of a tree, a walking-cane, staff, a twing, slender piece of anything, frame for composing types. डंडा, टहनी, छड़ी, अंकुर, लकड़ी, टाइप कम्पोज करने की तख़्ती ।

Stick–स्टिक्–*v.t.* & *i.* (*p. t.* **Stuck**.) to pierce a pointed thing into, to fix, to stab, to thrust, to protrude, to fasten. भोंकना, बैठाना, चुभाना, खोंसना, फैलाना, चपकाना, साटना; **Stick in the mud** (unable to improve.) उन्नति न करनेवाला; **Stuck up** (conceited.) धृष्ट ; **To stick in** (to adhere to.) चपकाना ; **To stick in the throat** (to be thrust in the throat.) गले में फँसना; निगलने में कष्ट होना ; **To stick out** (to expand.) फैलाना ; **To stick to a point** (to be firm on one's principle.) अपने सिद्धान्त पर दृढ़ रहना ; **To stick pen behind one's ear** (to place pen on the ear.) कान पर कलम रखना ; **To stick up** (to erect, to perplex.) खड़ा करना, घबड़ाना ।

Sticker–स्टिक्'-अर्– *n.* a long-bladed knife. चौड़ी धार का चाकू ।

Stickiness–स्टिक्'-इ-नेस्-*n.* adhesiveness. चिपचिपाहट, लसलसाहट ।

Stickful-स्टिक्'-फुल्– *adj.* composing stick which is full. टाइप कम्पोज करने की भरी हुई तख़्ती ।

Sticking-plaster–स्टिक्'-इन्-प्लैस्-टर्–

n. an adhesive plaster for wounds. फ़ोड़े पर चपकाने की पट्टी ।

Stickleback – स्टिक्'-कुल्-बॅक् – *n.* a small fish with sharp backbone. एक प्रकार की छोटी मछली ।

Stickler–स्टिक्'-लर्–*n.* an insisting contender. हठी, झगड़ालू ।

Sticky-स्टिक्'-ई-*adj.*(*comp.* **Stickier**, *sup.* **Stickiest**.) tending to stick, glutinous. चिपचिपा, लसलसा ।

Stiff–स्टिफ्–*adj.* rigid, unbending, strong, obstinate. कठोर,न मुड़नेवाला, दृढ़ , रूखा, हठी ; **Stiffen** (-ऍन्) *v. t.* to make stiff, to tighten. कठोर करना, ठोस करना; **Stiffener** (-ऍन्-अर्) *n.* one who stiffens. कड़ा करनेवाला; **Stiff-hearted** *adj.* stubborn. हठी; **Stiffiness** (-इ-नेस्) *n.* state of being stiffy. कठोरता ; **Stiff-neck** (rheumatic affectation of neck.) गर्दन की गठिया ; **Stiff-necked** (obstinate.) हठी;**Stiff-market** (when prices remain firm.) स्थिर भाव;**Stiff price** (high price.) ऊँचा दाम ; **Stiffy** (-फ़ी) *adj.* hard. कड़ा, कठोर

Stifle–स्टि'-फ़ल्–*v. t.* to suppress, to choke, to smother. दबाना, गला घोंटना, गला घोंटकर मारना; *n.* a horse's joint between hock and hip, a disease of horse's knee-pan. घोड़े के पैर की गुमची, इस स्थान का रोग; **Stifled** (-ड्) *adj.* with stifled joint. गुमची के रोगवाला ; **Stifling** (-इङ्ग्) *adj.* choking. गला घोंटनेवाला; **Stiflingly** (- ली) *adv.* in a choking manner. गला घोंटता हुआ ।

Stigma–स्टिग्'-मॅा–*n.* (*pl.* **Stigmas**, **Stigmata**.) a mark branded on a criminal, a mark of infamy, a stain on one's reputation, a spot, a mark on skin, characteristics of a disease, the top of pistil. बन्दी या दास के शरीर पर छापा हुआ कलङ्क, लांछन, धब्बा, चिह्न, किसी रोग का विशेष चिह्न, पुष्पकेशर का अग्रभाग ; **Stigmatic** (-मॅट्'-इक्) *adj.* pertaining to stigma. छाप या चिह्न सम्बन्धी ; **Stigmatist** (-इस्ट्) *n.* one who brands with a stigma. चिह्न करनेवाला ।

Stigmatization– स्टिग्'-मॅट्-आइज़्-ए'-शॉन्-*n.* use of opprobrious terms. निन्दा, गाली ।

Stigmatize – स्टिग्'-मॅ-टाइज़्–*v. t.* to use abusive language, to mark with a stigma. गाली देना (निन्दित करना), शरीर पर छाप लगाना ।

Stile – स्टाइल् – *n.* provision made for enabling passenger (excluding cattle) to get over or through a fence, vertical piece in a frame, सोपान मार्ग, (सीढ़ी, पैंरी), दर्वाज़े के फ्रेम का लम्बा टुकड़ा ।

Stiletto-स्टॅ-लॅट्'-टो-*n.* (*pl.* **Stilettos**, **Stilettoes**.) a small dagger, an instrument for making eyelets. छोटा कटार या खंजर, छेद करनेका यन्त्र ।

Still–स्टिल्–*adj.* motionless, without sound,silent, peaceful. निश्चल, मौन, चुपचाप, शान्त ; *n.* deep silence. पूर्ण शान्ति ; *v. t.* & *i.* to quiet, to silence, to appease, to fish on boat lying at anchor. शान्त करना या होना, निःशब्द करना (चुप होना), स्थिर

करना, लंगर पर खड़ी हुई नाव पर से मछली फँसाना ; *adv.* habitually, always, for all that, now and then, nevertheless. सर्वदा, सदा, अब भी, कभी कभी, तौभी ; **Still birth** (birth of a lifeless child.) मरा बच्चा पैदा होना ; **Still lake** (a lake in which water is motionless.) बिना लहर की झील ; **Still life** (picture of a lifeless object.) निर्जीव वस्तु का चित्र ।

Stilly–स्टिल्'-ली–*adj.* & *adv.* calm, quietly, (calmly.) शान्त, बिना क्षोभ के ।

Stillness–स्टिल्'-नॅस् – *n.* absence of movement. शान्ति, मौनता ।

Still – स्टिल् – *n.* a distilling apparatus. बकयन्त्र, भभका, अर्क खींचने का ढँग; *v.t.* to distil. अर्क उतारना; **Still-room** (a room for distilling liquors.) शराब बनाने या अर्क खींचने का घर ।



Still.

Stillage–स्टिल्'-एज् – *n.* a bench or frame for storing articles. सामग्री रखने की चौकी ।

Stilling–स्टिल्'-लिङ्ग्–**Stillion**-स्टिल्'-यॉन्–*ns.* a support for cask. पीपा रखने का आधार ।

Stilly – स्टिल्'-ली – *adj.* quiet, still. स्थिर, शान्त, अचल ।

Stilt – स्टिल्ट – *n.* one of a pair of poles with foot-rest used to walk on. चढ़कर चलने योग्य पावदान लगा हुआ डण्डा; **Stilt petrel** (a bird with long legs.) लम्बे पैर की एक प्रकार की चिड़िया ।



Stilt.

Stilted–स्टिल्'-टॅड्–*adj.* magnificent, splendid, bombastic. लम्बा चौड़ा, ऐश्वर्य युक्त, असार; **Stiltedly** (-ली) *adv.* splendidly. महत्व से ; **Stiltedness** (-नॅस्) *n.* magnificence. महत्व ।

Stilton – स्टिल्'-टॉन् – *n.* a kind of cheese. एक प्रकार की पनीर ।

Stimulant–स्टिम्'-यू-लॅन्ट – *adj.* producing increase of vitality, inciting, provocative. शक्ति बढ़ानेवाला, उत्तेजक, प्रोत्साहक ; *n.* a stimulating drug. शक्ति बढ़ानेवाली दवा, (विशेषकर मदिरा); **He never takes stimulants** (he never takes alcoholic drinks.) वह मदिरापान नहीं करता ।

Stimulate–स्टिम्'-यु-लेट्-*v.t.* to apply stimulus to, to excite, to animate, to instigate, to spur on. उत्तेजित करना, प्रवृत्त करना, उसकाना, प्रोत्साहित करना, एँड़ लगाना ; **Stimulation** (-लें'-शॉन्) *n.* the act of exciting. प्रोत्साहन, उत्तेजना, उसकाव ; **Stimulating** (-इङ्ग्) *adj.* exciting. उभाड़नेवाला; **Stimulative** (-इव्) *adj.* tending to excite. प्रवृत्त करनेवाला ; **Stimulator** (-ऑर्) *n.* he who excites. प्रवृत्त करने (उभाड़ने) वाला ।

Stimulus–स्टिम्'-यू-लस्–*n.* (*pl.* Sti-

muli.) that which excites or rouses energy, effect of exciting. उत्तेजना, उभाड़, (उसकाव)।

Sting–स्टिङ्ग–*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Stung**.) to pierce with a point darted out, to affect with acute pain. डंक मारना, अत्यन्त पीड़ा देना (मर्म छेदना); *n.* a sharp-pointed weapon in insects and some animals &c. for defence, snake's poisonous fang, infliction of wound, keenness. डङ्क, जहर का दाँत, घाव, कंटक, मर्म; **Stinger** (-अर्) *n.* a painful blow. गहरी मार; **Stinging** (-इङ्ग्) *adj.* piercing with sting. डसनेवाला, मर्मभेदी; **Stingingly** (-ली) *adv.* in a stinging manner. डंक मारते हुए, कष्ट देते हुए; **Stingless** (-लॅस्) *adj.* devoid of stings. बिना डङ्क का।

Stingo–स्टिङ्'-गो–*n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा।

Stingily, Stinginess–see **Stingy**.

Stingy–स्टिन्'-जी–*adj.* (*comp.* **Stingier**, *sup.* **Stingiest**.) meanly covetous, niggardly. कृपण (लोभी), सूम; **Stingily** (-ली) *adv.* covetously. कृपणता से, लोभ से; **Stinginess** (-नैस्) *n.* covetousness. कृपणता, लोभ

Stink–स्टिङ्क–*v. i.* & *t.* (*p.t.* **Stank**, *p. p.* **Stunk**.) to emit an offensive smell. दुर्गन्ध निकलना; *n.* a disagreeable smell. दुर्गन्ध, बदबू।

Stinkard–स्टिङ्क्'-ऑर्ड्–*n.* a stinking person or animal. दुर्गन्ध युक्त मनुष्य या पशु।

Stinking–स्टिङ्क्'-इङ्ग्–*adj.* emitting offensive smell. दुर्गन्ध युक्त; **Stinkingly** (-ली) *adv.* disgustingly. दुर्गन्धता से।

Stinktrap–स्टिङ्क्'-ट्रॅप्–*n.* a trap to stop offensive smell. दुर्गन्ध रोकने का ढँकना।

Stint–स्टिन्ट्–*v. t.* to restrain, to keep on short allowance, to supply in a grudging manner. बाँधना (रोकना), परिमित भोजन देना, अनिच्छा से देना; *n.* restraint, limitation. नियम, मर्यादा, अटकाव, रोक; **Stintingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* with restraint, unwillingly. नियम से, अनिच्छा से; **Stintless** (-लॅस्) *adj.* without stint. बिना रुकाव का, बिना मर्यादा का।

Stipate–स्टाइ'-पेट्–*adj.* closely set. सटा हुआ, सटकर बना हुआ।

Stipe–स्टाइप्–*n.* the stem of a plant. किसी पौधे की डण्ठी, डन्ठल।

Stipel–स्टि'-पॅल्–*n.* a secondary leaflet. पौधे की नीचे की पत्ती; **Stipellate** (स्टिप्'-ऍ-लेट्) *adj.* having secondary leaves. ऐसी पत्ती का।

Stipend–स्टि'-पॅन्ड्–*n.* fixed pay for service, salary or allowance. वेतन, वृत्ति, मजदूरी; **Stipendiary** (-पॅन्'-डि-ऑर्-ई) *adj.* & *n.* one who receives a stipend, receiving salary in return for services. वृत्ति पानेवाला, वैतनिक।

Stipple–स्टिप्'-प्ल्–*v. t.* & *i.* to engrave in dots instead of lines. बिन्दु रीति से धातु इत्यादि पर खोदना; *n.* dotted engraving. इस प्रकार की खोदाई; **Stippler** (-अर्) *n.* one who stipples. इस प्रकार से खोदनेवाला।

Stipular–see **Stipule**.

Stipulate–स्टिप्‌'-यु-लेट् – *v. i. & t.* to make a demand, to demand as part of an agreement, to make a contract. नियम करना, प्रतिज्ञा करना, बन्देज करना ; **Stipulated** (-एँड्) *adj.* agreed or settled. नियत (निर्दिष्ट), प्रतिज्ञा किया हुआ; **Stipulation** (-लें'-शॉन्) *n.* contract. प्रतिज्ञा (नियम, होड़) ; **Stipulator** (-ऑर्) *n.* one who makes a contract. प्रतिज्ञा करनेवाला ।

Stipule–स्टिप्'-यूल् – *n.* a small leaf at the base of the stem of a plant. पौधे की डण्ठी के नीचे की पत्ती ; **Stipular** (-यु-लॉर्) *adj.* pertaining to stipule. ऐसी पत्ती का ।

Stir–स्टर्–*v. t. & i.* (*pl.* **Stirred**.) to set in motion, to incite, to move, to move spoon &c. for mixing, to excite, to be busy. हिलाना, उसकाना, चलाना, मथन करना, उत्तेजित करना, व्याप्त होना ; *n.* agitation, excitement, disturbance, commotion. विप्लव, संक्षोभ, उपद्रव (हलचल), हड़बड़ी; **To stir abroad** (to go out of the house.) घर के बाहर जाना ; **To stir one's blood** (to increase excitement.) उत्साह बढ़ाना; **To stir the fire** (to use poker in burning fire.) आग सुलगाना ; **To stir up** (to excite.) उत्तेजित करना, मिलाना ।

Stirless–स्टर्'-लेंस् – *adj.* motionless. निश्चल, गतिहीन ।

Stirpiculture–स्टिर्-पि-कल्'–ट्यूर् – *n.* the breeding of special stock. किसी विशेष जाति के पशु इत्यादि का उत्पन्न करना ।

Stirps – स्टिर्प्स् – *n.* generation or race, progenitor. जाति (वंश), किसी जाति का आदि पुरुष ।

Stirrer–स्टर्'-रर्–*n.* he who or that which stirs. उत्तेजित करनेवाला, हिलानेवाला ।

Stirring – स्टर्'-रिङ्ग् – *adj.* animating, rousing. उद्दीपक (उत्तेजक), क्रोध दिलानेवाला; **Stirringly** (-ली) *adv.* उत्तेजित करते हुए ।

Stirrup – स्टिर्'-रप् – *n.* an iron ring suspended by a rope or strap from the saddle for resting a horseman's foot. पादधारणी, रेकाब ; **Stirrup leather** (a piece of leather in which stirrup is hung.) रेकाब लगाने का चमड़ा ; **Stirrup piece** (a hanging support.) लटकाने का आधार ।

Stitch–स्टिच् – *n.* acute pain in the side, single pass of needle in sewing. पसुली की पीड़ा, सियन, टाँका ; *v. t. & i.* to unite by stitching, to sew. सीना, टाँका लगाना; **A stitch in time saves nine** (even a small attempt in due time saves various difficulties.) समय पर किया हुआ थोड़ा सा यत्न भी बड़े लाभ का होता है ; **Stitching** (-इङ्ग्) *n.* सियन, टाँका ; **Stitching horse** (the clamp of a harness-maker.) साज बनानेवाले मोची की बाँक ; **To drop a stitch** (to let loop fall off in stitching.) सियन की बनावट काटकर रोक देना; **To put stitch** (to sew up wound.) घाव में टाँका लगाना ।

Stithy–स्टिथ्'-ई – *n.* a smith's shop, anvil, forge. लोहार की दूकान, निहाई, भाथी।

Stiver–स्टि'-वर् – *n.* even the smallest coin. छोटा से छोटा सिक्का भी।

Stoat – स्टोट – *n.* an animal of the weasel tribe. एक प्रकार का रोवेंदार चौपाया ; *v. t.* to sew. कपड़ा सीना।

Tabloid – टॅब्'-लॉइड् – *n.* a small round medicinal lozenge. दवा की छोटी टिकिया ।

Taboo–टॅ-बू'–*n.* a ban, a prohibition by genaral consent. अवरोध, रुकावट ; *v.t.* to prohibit by authority. अधिकार से रोकना ।

Tabor – टे'-बॉर् – *n.* a small drum. छोटा ढोल या मृदङ्ग; **Taborer** (-अर्)*n.* ढोलक बजानेवाला; *v. t.* to play on the tabor. ढोलक बजाना ; **Tabouret** (टॅब्'-ऊ-रॅट्) *n.* a small seat or stool. बिना पिछवाई की बैठने की तिपाई ।

Tabular – टॅब्'-यु-लॅर् – *adj.* in the form of a table, set down in a table, flat, arranged and clas-

sified in tables. टेबुल् के आकार का, चिपटा, सूत्रीबद्ध, चौरस, सूची की तरह क्रम में लिखा हुआ ; **Tabularize** (-आइज़्') *v. t.* to tabulate. क्रमबद्ध करना ; **Tabularly** (- ली) *adv.* in a tabular form. सूची के रूप में ।

Tabulate – टॅब्'-यु-लेट्–*adj.* shaped like a table. टेबुल के आकार का ; *v. t.* to reduce to tables or synopses. सूचीपत्र बनाना ।

Tache–टैश्–*n.* a catch, a loop or button. खटका, बटन ।

Tachometer – टॅ-कॉम्'-ए-टर् – *n.* an instrument for measuring velocity. गति नापने का यन्त्र ।

Tachycardia – टॅक्'-इ-कॉर्'-डि-आँ–*n.* the abnormal beating of the heart. हृदय की अति तीव्र गति ।

Tachygraphy– टॅ-किग्' - रॅफ्-ई – *n.* stenography, shorthand writing. शीघ्र लिखने की कला ; **Tachygrapher** (-अर्) *n.* a stenographer. शीघ्र लिखनेवाला ; **Tachygraphic** (-इक्) *adj.* written in shorthand. साङ्केतिक चिह्नों में लिखा हुआ ।

Tachymeter – टॅक्-इम्'-ए-टर् – *n.* a surveying instrument. सर्वे (नाप) करने का एक यन्त्र ।

Tacit–टॅस्'-इट – *adj.* understood, implied, not expressed. चुपचाप, मौन, प्रगट न किया हुआ ; **Tacit consent** (consent by silence.) चुप रहकर स्वीकार करना ।

Tacitly-टॅ-सिट्'-ली-*adv.* by implication. मूक भाव से, निर्विकल्प रूप से ।

Taciturn – टॅस्'-इ-टर्न् – *adj.* not talkative, reserved, silent. अल्पभाषी, भाषणविरक्त, कम बोलनेवाला ; **Taciturnity** (-टर्'-नि-टी) *n.* reserve in speaking. मूकभाव, कम बोलना ; **Taciturnly** (-ली) *adv.* in a reserved manner. मूक भाव से

Tack–टॅक्–*n.* a small nail with a broad head, term of a lease, a rope for fastening sails. चौड़े माथे की छोटी काँटी, पट्टे की शर्तें, पाल बाँधने का रस्सा ; *v.t. & i.* to fasten, to append, to divert a ship's course. काँटे का बाँधना, जोड़ना, जहाज का मार्ग बदलना ; (*pl.*) long stitches. (ब० व०) लम्बी सियन ; **Tack-driver** (a machine for driving nails.) काँटी ठोकने का यन्त्र ; **Tacker** (-अर्) *n.* one who tacks. जोड़नेवाला, काँटी ठोकनेवाला ।

Tackle–टॅक्'-क्ल् – *n.* a mechanism for lifting or lowering heavy weights. भारी वस्तुओं के चढ़ाने उतारने का यन्त्र ; *v. t. & i.* to seize or lay hold of, to fall to work. पकड़ना, काम में लग जाना ।

Tackling – टॅक्'-लिङ्ग्–*n.* furniture of the masts and yards of a ship, harness. जहाज के मस्तूल इत्यादि की सामग्री, घोड़े का साज ।

Tacky–टॅक्'-ई–*adj.* sticky, slightly adhesive. थोड़ा चपकनेवाला, चिपचिपा ।

Tact–टॅक्ट–*n.* peculiar skill or adroitness, nice perception, skill in doing the right thing at the right time. कुशलता, (निपुणता, चातुरी), सूक्ष्म विचार, युक्ति ।

Tactful–टॅक्ट्'-फुल्–*adj.* gifted with tact. कुशलता में निपुण ; **Tactfully** (-फुल्-लि) *adv.* skilfully. चतुराई से ।

Tactical–टैक्'-टै-कॅल्–*adj*. skilfully planning. निपुणता या युक्ति का ।

Tactician – टैक्-टिश्'-ॲन् – *n*. one skilled in tactics. युद्ध विद्या में चतुर।

Tactics–टैक्'-टिक्स्–*n*. (*sing*. & *pl*.) the art and science of disposing forces for battle. (*pl*.) skilful device. व्यूहरचना, युद्धविद्या, (ब० व०) युक्ति, कुशलता ।

Tactile – टैक्'-टिल् – *adj*. tangible, pertaining to the sense of touch. स्पर्श योग्य, स्पर्शेन्द्रिय द्वारा जानने योग्य ; **Tactility** (-टिल्'-इ-टी) *n*. tangibleness. स्पर्श योग्यता ।

Taction–टैक्'-शॅन् – *n*. the act of touching. स्पर्श क्रिया ।

Tactless–टैक्ट्'-लॅस् – *adj*. destitute of tact. बिना कुशलता (युक्ति) का; **Tactlessness** (-लॅस्-नॅस्) *n*. अकुशलता ।

Tactual–टैक्ट्'-यु-ॲल्–*adj*. pertaining to touch. स्पर्श सम्बन्धी ; **Tactually** (-ली) *adv*. स्पर्श करते हुए ।

Tadpole–टैड्'-पोल् – *n*. the frog in its first stage after leaving the egg. मेढक का बच्चा ।

Ta'en–टेन्–contraction of ' taken ' 'टेक्न्' शब्द का छोटा रूप ।

Taenia–टी'-नि-ॲ – *n*. a tapeworm, a band-like form. चिपटा केंचुआ, फीते के आकार का पदार्थ ।

Taffeta–टैफ्'-फी-टॅ–*n*. a fine smooth stuff of silk &c. ताफ़ता ।

Taffrail–टैफ्'-रॅल् – **Tafferel**–टैफ्'-ऍ-रॅल्–*n*. the rail round the stern of a ship. जहाज़ के पिछले भाग में लगा हुआ कटघरा ।

T ag – टैग् – *n*. the metal point at the end of a lace or string, something mean, an appendage. रस्सी या फ़ीते के किनारे पर की धातु की नोक, तुच्छ वस्तु, पुछिल्ला ; *v. t*. (*p. t*. Tagged.) to fit with a tag, to join. जोड़ना, पुछिल्ला लगाना ।

Taglia–टैल्'-यॅ–*n*. a combination of pulleys for hoisting. घिरनियों की पंक्ति।

Tagrag – टैग्'-रैग् – *n*. the lowest class of people. नीच जाति के लोग ।

Tag-tail–टैग्'-टेल्-*n*. a worm, the tail of which is different in colour from the colour of the body. कीड़ा जिसके पूँछ का रङ्ग शरीर के रङ्ग से भिन्न होता है ।

Taigle–टे'-गल्–*v. t*. & *i*. to entangle, to delay. फँसाना, देर करना ।

Tail–टेल् – *n*. the hindmost part of an animal, the back part of anything, the end. पोंछ, किसी वस्तु का पिछला भाग, अन्त ; *v. t*. to fasten something to the back part of a thing. किसी पदार्थ के पिछले भाग में कुछ बाँधना; **Tailboard** *n*. the board at the foot of a car. गाड़ी के पीछे लगा हुआ तख्ता; **Tail-coat** (a coat with long back part.) कोट जिसका निचला भाग लम्बा होता है; **Tailed** (-ड्) *adj*. दुमदार, पूछवाला ; **Tailing** (-इङ्ग्) *n*. the part of a projecting stone inserted in a wall. दीवार में लगाये हुए पत्थर का उभड़ा हुआ भाग ; **Tailless** (-लॅस्) *adj*. without a tail. बिना पूँछ का; **Tail-light** (the light at the back of a car.) मोटर गाड़ी के पीछे की रोशनी ; **To tail after** (to follow closely.) पीछे पीछे चलना, अनुसरण करना ; **To tail in** (to tie

by end.) पूँछ बाँधना ;**To turn tail** (to turn one's back.) भाग जाना, पीछे फिरना।

Tailor–टेल्'-ऑर्–*n.* (*pl.* **Tailors**.) a maker of garments. सौचिक, दरजी ; *v. t.* to make outer garments. पोशाक बनाना, कपड़ा सीना ; **Tailoress** (-ऍस्) *n. fem.* a female tailor. दरज़िन।

Tailor-bird– टेल्'-ऑर्-बर्ड् – a kind of small bird which makes its nests by sewing up leaves &c. बया पक्षी।

Tailoring–टेल्'-ऑर्-इङ्ग्–*n.* the occupation of a tailor. दरज़ी का काम।

Tain–टेन्–*n.* a thin plate of tin. राँगे का पतला पत्तर।

Taint–टेंयन्ट्–*n.* stain, corruption, blemish on reputation. धब्बा, दोष, कलंक ; *v. t.* & *i.* to stain, to corrupt, to poison. धब्बा डालना, कलंकित करना, विषैला करना ; **Taintless** (-लेस्) *adj.* free from taint or tarnish. कलंक या दोष रहित ; **Taintlessly** (-ली) *adv.* without taint. बिना कलंक के।

Take–टेक्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Took**, *p. p.* **Taken**.) to get hold of, to grasp, to seize, to receive, to captivate, to choose, to swallow, to agree to, to, copy, to please, to understand, to rent or hire. पकड़ना, थामना, ग्रहण करना, अङ्गीकार करना, मुग्ध करना, पसन्द करना, निगलना, लेना, सहमत होना, अनुकरण करना, प्रसन्न करना, समझना, किराये पर लेना ; **Take your time** (do not hurry.) शीघ्रता मत करो ; **To take a course** (to resort to.) अनुसरण करना ; **To take a photograph** (to photograph.) फोटो उतारना; **To take after** (to follow in resemblance.) अनुकरण करना ; **To take away** (to deprive of.) अलग करना;**To take breath** (to rest.) विश्राम करना; **To take care of** (to be careful.) सावधान होना ; **To take down** (to write down, to pull down, to lower.) लिख लेना, गिराना, नीचा करना; **To take effect** (to be successful.) सफल होना ; **To take fire** (to catch fire.) आग लग जाना ; **To take for** (to mistake.) अशुद्धि करना; **To take for granted** (to accept as true.) सच्चा मान लेना ; **To take heed** (to be careful.) सावधान होना; **To take hold of** (to grasp.) पकड़ना ; **To take in** (to inclose, to receive.) बन्द करना, ग्रहण करना ; **To take in hand** (to undertake.) कार्य में लग जाना; **To take in with** (to assemble.) एकत्रित होना; **To take leave** (to bid adieu.) विदाई लेना ; **To take off** (to remove.) उतारना, हटाना ; **To take one's way** (to depart.) प्रस्थान करना ; **To take out** (to remove.) हटाना ; **To take over** (to succeed.) सफल होना ; **To take place** (to come to pass.) होना ; **To take the field** (to be engaged in battle.) युद्ध में लग जाना ; **To take to task** (to accuse of fault.) झुड़कना डपटना ; **To take up** (to raise, to

engross, to arrest.) उठाना, लग जाना, पकड़ना ; To take to (to begin.) आरम्भ करना।

Taker–टेक्'-अर्–*n.* one who takes. ग्रहीता, ग्रहण करनेवाला।

Taking–टेक्'-इङ्ग्–*adj.* attracting, captivating, alluring, infectious. मनोहारी, मोहनी, रम्य, रोचक; **Takingly** (-ली) *adv.* in a captivating manner. आकर्षण रूप से।

Talbot–टॉल्'-बट्–*n.* a kind of hound. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता।

Talc–टॉल्क्–*n.* magnesium silicate. अबरख; **Talcose** (-ओस्) *adj.* containing or composed of talc. अभ्रक का बना हुआ।

Tale–टेल्–*n.* a narrative, a fictitious story or legend, information, malicious report, reckoning. कथा, कहानी, समाचार (सूचना), बुरी खबर, गणना ; **Tale-bearer** (-बे''-अर्-अर्) *n.* one who tells tales. सूचक, पिशुन, चुगलखोर ; **Tale-bearing** (telling tales with mischievous intention.) पिशुनता ; **Taleful** (-फुल्) *adj.* full of stories. कथाओं से परिपूर्ण ; **Tale teller** (टेल्-अर्) *n.* one who tells stories. कहानी कहनेवाला।

Talent–टॅल्'-ऍन्ट्–*n.* a standard weight, superior genius, skill, disposition, faculty. प्रामाणिक परिमाण, मेधा, बुद्धि, चातुरी, गुण; **Talented** (-एड्) *adj.* possessing skill. गुणी, बुद्धिमान ; **Talentless** (-लॅस्) *adj.* without talent. बुद्धिहीन, गुणहीन।

Tales–टे'-लीज़्–*n. pl.* writ for summoning jurors. जूरियों को बुलाने का सम्मन ; **Talesman** (-मॅन्) *n.* a person summoned to act as a juror. जूरी का काम करने के लिये बुलाया हुआ मनुष्य।

Talion–टे'-लि-ऑन्–*n.* the law of retaliation. बदला लेने का नियम।

Taliped–टॅल्'-इ-पॅड्–*adj.* club-footed. जुटी हुई अंगुलियों का ; **Talipes** (-पीज़्) *n.* club-footed creature, ऐसे पंजेवाला प्राणि।

Talisman–टॅल्'-इज़्-मॅन्–*n.* (*pl.* Talismans.) an amulet or charm, something that produces wonders. कवच, यन्त्र, तावीज़; **Talismanic** (-इक्) *adj.* magical. जादू का।

Talk–टॉक्–*v. i. & t.* to converse, to prate, to speak, to discuss in words. बोलना, बकवाद करना, बातचीत करना, बहस करना ; *n.* a mutual discourse, a rumour, report. परस्पर भाषण (बोलचाल), जनप्रवाद, समाचार; **Idle talk** (useless gossip.) प्रलाप, बकवाद ; **Popular talk** (rumour.) जनप्रवाद ; **To talk about** (to discuss.) शास्त्रार्थ करना; **To talk at** (to address on a subject covertly.) किसी के विषय में जोर से आक्षेप करना; **To talk away** (to while away time in talking.) बकवाद में समय नष्ट करना; **To talk down** (to silence.) चुप कर देना; **To talk of** (to converse on a subject.) किसी विषय पर बातचीत करना ; **To talk over** (to discuss at length.) विस्तार पूर्वक शास्त्रार्थ करना ; **To talk round** (to discuss without reaching to con-

clusion.) बिना लक्ष्य के बकबक करना; **To talk to** (to speak.) बात करना।

Talkative–टॉक्'-ऑ-टिव्– *adj*. given to much talking, loquacious. बहुभाषी, बकवादी; **Talkatively** (-ली) *adv*. in a talkative manner. बकवाद करते हुए; **Talkativeness** (-नैस्) *n*. the quality of being talkative. अल्प बकवाद।

Talker– टॉक्'-अर्– *n*. a loquacious person. बकवादी मनुष्य।

Talkies– टॉक्'-ईज़– *n*. *pl*. talking cinematographic pictures. बोलती चलती तसवीर।

Talking-टॉक्'-इङ्ग्-*n*. conversation, speaking. वार्तालाप, बातचीत।

Tall–टॉल्–*adj*. long in height, of more than average height, big. उन्नत, ऊँचा, लम्बा; **Tallness** (-नैस्) *n*. the state of being tall. उच्चता; **Tall of stature** (of tall built.) लम्बी शरीरवाला, दीर्घकाय; **To talk tall** (to boast, to brag.) शेखी मारना

Tallow– टॅल्'-लो – *n*. animal fat melted down. वसा, चर्बी; *v. t.* to grease with tallow, to fatten. चर्बी से चिकनाना, मोटा करना; **Tallow-chandler** (-शान्ड्'-लर्) *n*. one who makes and sells tallow candles. चर्बी की बत्ती (मोमबत्ती) बनाने तथा बेंचनेवाला; **Tallow-faced** (having a pale complexion.) पीत मुखवाला; **Tallowing** (-इङ्ग्) *n*. the art of increasing fat in cattle. पशुओं की शरीर में चर्बी बढ़ाने की कला; **Tallowish** (-इश्) *adj*. greasy. चर्बीदार; **Tallowy** (-ई) *adj*. like tallow. चर्बी के सदृश।

Tally– टॅल्'-ली– *n*. (*pl*. **Tallies**.) one of two pieces of wood marked with notches before it is cut into halves, reckoning, label. लकड़ी का टुकड़ा जिसपर काटने के पहिले चिह्न बनाये गये हों, गणना, चिह्न करने के टिकट; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Tallied**.) to record, to reckon, to fit, to correspond. (लकीर इत्यादि से) अङ्कित करना, गणना करना, समान होना या करना, अनुकूल होना।

Tally-ho–टॅल्'-ली-हो'– *n*. a huntsman's cry to hounds. कुत्तों को पुकारने की शिकारी की बोली; *v. t.* & *i.* to utter with this sound. इस प्रकार का शब्द बोलना।

Tallyman – टॅल्'-लि-मॅन् – *n*. (*pl*. **Tallymen**.) a pedler who carries his goods on a stick. बँहगी पर सामग्री रखकर बेंचनेवाला।

Tally-shop–टॅल्'-लि-शॉप्–*n*. a shop at which goods are sold to be paid for by instalments. दूकान जिस पर वस्तु अंश में मूल्य पाने पर बेची जाती है।

Talma– टॅल्'-मॉ– *n*. a long robe. लम्बा अङ्गरखा या लबादा।

Talmi-gold – टॅल्-मॉ'-गोल्ड् – *n*. an article of brass with a thin coating of gold on it. सोने का मोलम्मा किया हुआ पीतल का पात्र।

Talmud–टॅल्'-मड्– *n*. the code of Jewish law. यहूदियों की धर्मशास्त्र की पुस्तक; **Talmudist** (-इस्ट्) *n*. a compiler of talmud. ऐसी पुस्तक का रचनेवाला।

Talon–टॅल्'-ऑन्– *n.* the claw of a bird of prey, the heel of sword-blade. शिकारी पक्षियों का नख, चंगुल, तलवार की धार का पिछला भाग ; **Taloned** (-ड्) *adj.* furnished with claws. चंगुलदार ।

Talpa–टॅल्'-पॅ–*n.* the genus which includes mole. छछून्दर जाति के पशु ।

Talus–टे'-लस्–*n.* the bone of the foot which is articulated to the leg, a rampart. पैर की हड्डी, धुस ॥

Tamability – टेम्'-ॲ-बिल्'- इ-टी – *n.* tamableness. पलुआपन ।

Tamable – टेम्'-ॲ- ब्ल् – *adj.* that may be tamed or subdued. पालने या आधीन करनेयोग्य; **Tamableness** (-नेस्) *n.* the quality of being tamable. पालतूपन ।

Tamandua–टॅ-मॉन्'-ड्वा–*n.* a kind of ant-eating animal. एक प्रकार का चींटी खानेवाला पशु ।

Tamarin–टॅम्'-ॲ-रिन्–*n.* a kind of South African monkey. दक्षिणी अफ्रिका का एक प्रकार का बन्दर ।

Tamarind – टॅम्'-ॲ- रिन्ड् – *n.* the tropical leguminous tree. इमली का पेड़ ।

Tamarisk – टॅम्'-ॲ-रिस्क – *n.* an evergreen shurb. झाऊ का पेड़ ।

Tambac–टॅम्'-बॅक्–*n.* an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते के मेल से बना हुआ धातु ।

Tambour – टॅम्'-बूर् – *n.* a small sieve-like drum, a circular frame in which cloth &c. is stretched to be embroidered. चलनी के आकार की छोटी खँजड़ी, कसीदा काढ़ने के लिये कपड़ा तानने का गोल फ्रेम (ढाँचा); *v. t.* to decorate or embroider. कसीदा काढ़ना ।

Tambourine– टॅम्-बु - रीन्' – a small shallow drum with loose jingling metal disks. झाँझ लगा हुआ डफ़, खँजड़ी, चङ्ग ।



Tambourine.

Tame – टेम् – *adj.* domesticated, not wild, spiritless. पलुआ, पालतू, निःसत्व (निस्तेज, मन्द); *v. t.* to subdue, to domesticate, to humble. वश में करना, पलुआ करना, विनीत करना; **Tameless** (-लेस्) *adj.* जंगली ; **Tamely** (-ली) *adv.* in a tame manner. निःसत्व से ; **Tameness** (-नेस्) *n.* want of spirit. तेजहीनता; **Tamer** (-अर्) one who tames. पालनेवाला ।

Taminy–टॅम्'-इ-नी– *n.* a kind of woollen stuff. एक प्रकार का ऊनी वस्त्र ।

Tamkin – टॅम्'-किन्– *n.* a cannon stopper. तोप का डट्टा ।

Tam-o-shanter–टॅम्'-ओ-शॅन्'-टर्–*n.* a broad cap of knitted wool. बिने हुए ऊन की चौड़ी टोपी ।

Tampan–टॅम्'-पॅन्– *n.* a kind of venomous snake. एक प्रकार का विषैला सर्प ।

Tamper – टॅम्प्'- अर् – *v. t.* & *i.* to meddle, to make unauthorized changes in a document, to practise secretly. दूषित करना, चोरी

से लिखित पत्र में अदल बदल करना, गुप्त व्यवहार करना ; **Tamperer** (-अर्) *n.* one who tampers. दूषित करनेवाला ।

Tampion–टैम्'-पि-ऑन्–*n.* a plug for the muzzle of a cannon. तोप का डट्टा

Tampon-टैम्प्'-ऑन्-*n.* a plug used to stop the flow of blood. रुधिर के प्रवाह को रोकनेका गद्दा; *v.t.* to check flow of blood by a tampon. इस प्रकार के गद्दे से रुधिर का प्रवाह रोकना ; **Tamponade** (-एड्) *n.* the use of tampon for a wound. घाव के लिये रुधिर रोकने का गद्दा ।


Tan–टैन्–*v.t.* & *i.* (*p. t.* **Tanned.**) to convert raw hide into leather, to make or become brown. चमड़े को कमाना, धूप से भूरा होना या करना ; *n.* the bark used in the process of tanning. चमड़ा कमाने की (बबूल इत्यादि की) छाल ; *abbr.* for tangent. स्पर्श रेखा के लिये सङ्केत ; *adj.* brown. भूरा ; **Tan-bed** (a bed made of tan.) छाल की बनी हुई चटाई ; **Tan house** *n.* चमड़ा कमाने का सामान रखने का घर **Tannable** (-ऑ-बल्) *adj.* कमाने योग्य **Tannage** (-एज्) *n.* चमड़ा कमाने का सामान ; **Tanner** (-नर्) *n.* one whose occupation is to tan hides. चर्मकार, चमड़ा कमानेवाला ; **Tannery** (-नर्-री) *n.* the factory where tanning is done. चमड़ा कमाने का कार्यालय ; **Tanning** (-निङ्ग्) *n.* the art of converting raw hides into leather. चमड़ा कमाने की क्रिया या विधि ।

Tandem – टैन्'-डैम्–*adj.* & *n.* with two horses one behind the other, a two-wheeled carriage with a pair of horses harnessed one behind the other. टमटम गाड़ी जिसमें दो घोड़े एक के पीछे दूसरे जुते होते हैं

Tang–टैङ्ग्–*n.* a point or projection, tapering part of a tool which fits into handle, a strong taste, flavour, sound. नोक, हथियार की हाँस, तीव्र गन्ध, स्वाद या शब्द ; *v. t.* to furnish with tang, to twang. हाँस बैठाना, झनकार का शब्द करना ।

Tangency–टैन्'-जैन्-सी–*n.* the state of being a tangent. सम्पर्क, स्पर्श ।

Tangent – टैन्'-जैन्ट – *n.* a straight line which touches a circle but being produced does not cut it. स्पर्श रेखा, सम्पाति रेखा; **Tangential** (-जैन्'-शॅल्) *adj.* स्पर्श-रेखा सम्बन्धी ; **Tangentially** (-शॅल्-ली) *adv.* स्पर्श रेखा की दिशा में ।



Tangent.

Tangibility–see **Tangible**.

Tangible–टैन्'-जि-बल्–*adj.* perceptible by touch, that may be realized, clearly intelligible, corporeal. स्पर्शनीय, स्पष्ट, प्रगट (व्यक्त), शारीरिक ; **Tangibility** (-बिल्'-इ-टी), **Tangibleness** (-नैस्) *ns.* स्पर्शनीयता ; **Tangibly** (-ब्ली) *adv.* स्पष्टरूप से ।

Tangle–टैङ्ग्'-गल्-*v. t.* & *i.* to knit together confusedly, to interweave, to be entangled. फसना, फँसाना, उलझना; *n.* a knot of things

united confusedly. उलझन, लट; **Tangled** (-ड) *adj*. knitted. उलझा हुआ; **Tanglingly** (-ग्लिङ्ग्-ली) *adv*. उलझा हुआ, फंसा हुआ; **Tangly** (-ली) *adj*. tangled. उलझनदार।

Tango – टैंङ्ग्'-गो – *n*. a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Tangram – टैंङ्ग्'-ग्रैम्–*n*. a square cut into seven pieces which may be combined to form various shapes. एक चतुर्भुज जिसको सात टुकड़ों में काटनेपर इनसे अनेक आकृतियाँ बनती हैं।

Tank-टैंङ्क्–*n*. a large wooden or metal basin, a reservoir, a locomotive boiler, an armoured car. लकड़ी या धातु का बड़ा पात्र, जलाशय,बावली, तालाब, इञ्जन की टङ्की, सब सामग्री युक्त फौजी मोटर गाड़ी; **Tankage** (-एज्) *n*. storage in tanks. जलाशय में इकट्ठा करना।

Tankard - टैंङ्क्'-अँड्ड्– *n*. a large drinking vessel. चषक, जल पीने का बड़ा बर्तन।

Tanker – टैंङ्क्'-अर्–*n*. a ship with tank for carrying petroleum. मिट्टी का तेल ले जाने का जहाज़।

Tanner, Tannery see **Tan.**

Tannic – टैन्'-निक्–*adj*. pertaining to tannin. छाल से निकाला हुआ; **Tannic acid** (Tannin.) छाल से निकाला हुआ क्षार।

Tansy-टैन्'-ज़ी–*n*. a kind of bitter aromatic plant. एक प्रकार का पौधा।

Tantalism-टैन्'-टॅ'-लिज़्म्-*n*.teasing. तरसाना, दिक करना।

Tantalization–see **Tantalize.**

Tantalize–टैन्'-टॅ-लाइज़्–*v.t.* to torment, to tease with vain hopes. तरसाना, (ललचाना), आशा बढ़ाकर पूर्ण न करना; **Tantalization** (-लि-ज़े'-शन्) *n*. the act of tantalizing. तरसाव, ललचाव; **Tantalizer** (-अर्) *n*. one who tantalizes. तरसानेवाला।

Tantalum – टैन्'-टॅ-लम् – *n*. a precious metal. एक बहुमूल्य धातु।

Tantamount – टैन्'-टॅ-माउन्ट – *adj*. equivalent. समान, तुल्य।

Tantivy–टैन्'-टिव्'-ई–*n*. a hunting cry,a swift movement.शिकारी शब्द, तीव्र गति; *v. i.* to hurry. तेज़ी करना; *adv*. with great speed. तीव्र गति से।

Tantrum–टैन्'-ट्रम्–*n*. a fit of ill-temper. आवेश, क्रोध।

Tap – टैप् – *n*. a gentle or slight blow with a thing, a tool for cutting screws, a short pipe. थपथपाहट, पेंच बनाने का हथियार, छोटी नली, टोंटी; *v.t.* & *i.* (*p.t.* **Tapped**) to touch gently, to strike with something small, to pierce a cask, to bore into. थपथपाना, छोटी वस्तु से मारना, पीपे में छेद करना; **Tap-borer** (a gimlet.) गिलमिट, छेद करने का यन्त्र; **Tap-room** (a room in which liquor is sold or drunk.) मदिरा बेंचने या पीने का घर।

Tape – टेप् – *n*. a narrow band of woven cloth. फ़ीता, पट्टी; *v. t.* to bind with a tape. फ़ीते से बाँधना; **Tape-line, Tape-measure** (a tape used in measuring.) नापने का फ़ीता; **To breast the tape** (to win in racing.) दौड़ में जीतना।

Taper—टे'-पर्–*n*. a thin wax can-

dle, a small light. छोटी पतली मोमबत्ती, छोटा प्रकाश ; *adj.* conical, thinner at one end. शुण्डाकृति, गावदुम (किनारे पर नोकीला) ; *v.i.* & *t.* to become thinner at one end. एक किनारे पर नोकीला या गावदुम होना ; **Tapering** (-इङ्ग्) *adj.* gradually diminishing at one end. गावदुम आकार का; **Taperingly** (-ली) *adv.* गावदुम आकार में ; **Taperness** (-नेस्) *n.* नोकीलापन, शुण्डाकृति ।

Tapestried–see **Tapestry**.

Tapestry-टैप्'-ऍस्-ट्री-*n.* handwoven pictorial fabric used for covering walls, furniture &c. तसवीर बीना हुआ पिछवई का कपड़ा ; **Tapestried** (-इ) *adj.* fitted with tapestry. पिछवई लगा हुआ ।

Tapeworm-टेप्'-वर्म्-*n.* a parasitic worm of the form of tape. चिपटे आकार का केंचुआ ।

Tapir–टे'-पिर्-*n.* a hoofed mammal like rhinoceros. गैंड़े के प्रकार का एक पशु ।

Tapis–टैप्'-इस्-*n.* carpet, tapestry, cover of a table. गलीचा, पिछवई, मेज पर की चादर ।

Tappet – टैप्'-पॅट् – *n.* a small lever on a moving shaft. यन्त्र में चलते हुए डण्डे का छोटा जोड़ ।

Tap rate–टैप्'-रेट्-*n.* current rate. चलतू दर ।

Tapster – टैप्'-स्टर् – *n.* one whose business is to draw ale. मदिरा निकालने वाला ।

Tar – टार् – *n.* a viscous substance got by distillation of wood, coal &c., a sailor. राल, बिरोजा, मल्लाह, केवट; *v.t.* (*p.t.* **Tarred**.) to cover with tar. राल पोतना या लगाना ; **Tarry** (-टॅर्'-री) *adj.* smeared with tar. राल पोता हुआ ।

Tarnation – टार्-ने'-शॉन् – *n.* damnation. सत्यानाश ।

Tarantism – टॅर्' - रॅन् - टिज़्म् – *n.* dancing mania. नाचने की धुन ।

Tarantula – टॅ-रॅन्'-ट्यु - लॅ – *n.* a kind of large spider. एक प्रकार का बड़ा मकड़ा ।

Taraxacum – टॅ-रॅक्'-सॅ-कम् – *n.* a kind of flowering plant. एक प्रकार का फूलनेवाला पौधा ।

Tarboosh–टार्'-बूश् – *n.* inner part of a turban, a cap like fez. पगड़ी का भीतरी भाग, एक प्रकार की मुसल्मानी टोपी ।

Tardigrade-टार्'-डि-ग्रेड्-*adj.* moving slowly. धीरे धीरे चलनेवाला ।

Tardily–टाड्'-डि-ली-*adv.* in a tardy manner. मन्दता से ।

Tardiness–टाड्'-डि-नेस्-*n.* the state of being tardy, sluggishness. मन्दता, धीमापन ।

Tardy–टाड्'-डी-*adj.*(*comp.* **Tardier** *sup.* **Tardiest**.) slow-moving, sluggish, reluctant. दीर्घसूत्री, मन्द, धीमा, विलम्बी ।

Tare-टैअर् – *n.* a weed that grows, amongst corn, an allowance made from the gross weight of goods. अन्न के बीच में उगनेवाली एक प्रकार की घास, किसी पदार्थ के भार का घड़ा ; **Average tare** (the weight of a vehicle without load.) बिना

बोझ लदी गाड़ी की वज़न ।

Target–टार्'-गेंट – *n.* a small round shield, a mark to fire at. छोटी गोल ढाल, (लक्ष्य) निशाना; **Targeted** (-ऍड) *adj.* furnished with a target. लक्ष्य लगाया हुआ ।

Tariff–टैरि'-रिफ् – *n.* a list or table of duties or customs to be paid on exportation and importation, a list of charges. शुल्क सूची, चुङ्गी के दर की सूची, निर्खनामा, भाव की दर ; *v. t.* to put a valuation on. चुङ्गी निर्धारित करना; **Preferential tariff** (reduced duties on goods imported from favoured country.) किसी विशिष्ट देशसे आई हुई वस्तु पर कम चुङ्गी ।

Tarlatan – टार्'-लॅ-टॅन् – *n.* a kind of muslin. एक प्रकार का मलमल ।

Tarn – टार्न् – *n.* a small mountain lake, a marsh. पहाड़ी झील, दलदल ।

Tarnish – टार्'-निश् – *v. t.* & *i.* to destroy lustre, to become dull. चमक हटाना, मलिन करना या होना, धुँधला होना; **Tarnishable** (-ॲ-ब्ल्) *adj.* able to be tarnished. धुँधला या मलिन होने योग्य ।

Tarot – टार्'-रो – *n.* a kind of card game. एक प्रकार का ताश का खेल ।

Tarpan–टार्'-पॅन्–*n.* the wild horse of Central Asia. मध्य एशिया का जङ्गली घोड़ा ।

Tarpaulin – टार्-पॉ' - लिन् – *n.* tar-covered waterproof canvas, a sailor. अलकतरा पोता हुआ टाट (मोमजामा), मल्लाह ।

Tarpon–टार्'-पॉन् – *n.* the jew-fish. एक प्रकार की मछली ।

Tarrace – टैरॅ - रॅस् – *n.* volcanic earth used as cement. ज्वालामुखी पर्वत से निकली हुई मिट्टी जो जोड़ने के काम में आती है ।

Tarragon–टैर्'-रॅ-गॉन्–*n.* a savoury herb. एक सुगन्धित वनस्पति ।

Tarry–टैर्'-री–*v.i.* (*p.t.* **Tarried.**) to stay, to remain behind, to wait for, to delay. रुकना, ठहरना, देर करना, विलम्ब करना ।

Tarsal–see **Tarsus.**

Tarsia–टार्'-सी-ॲ – *n.* a beautiful kind of mosaic wood-work. लकड़ी में सुन्दर खोदाई का काम ।

Tarsus – टार्'-सस् – *n.* the part of the foot to which the leg is articulated. एँड़ी और जाँघ के बीच का पैर का भाग ; **Tarsal** (-सॅल्) *adj.* pertaining to the tarsus. पैर के इस भाग का ।

Tart – टॉर्ट – *adj.* of sharp taste, acid, severe. तीखा, खट्टा, चरपरा ; *n.* an open pie of fruit or jam. फल या मेवे की बनी हुई पूरी ; **Tartly** (-ली) *adv.* smartly or sharply. तीक्ष्णता से ; **Tartness** (-नॅस्) *n.* sharpness. तीक्ष्णता, तीखापन ; **Tartish** (-इश्) *adj.* somewhat tart. कुछ तीखा ।

Tartan – टार्' - टॅन् – *n.* checkered or striped woollen fabric of various patterns. ऊनी चारखाना या पट्टीदार वस्त्र; *n.* a kind of small coasting vessel. एक प्रकार का छोटा जहाज़ ।

Tartar – टार्'-टॅर् – *n.* a native of

Tartary, an acid salt deposit from fermented wine, concretion which incrusts the teeth. टार्टरी देश वासी, मदिरा का क्षारीय तलछट जो नीचे जम जाता है, दाँत का मड़; **Tartaric** (-इक), **Tartareous** (-अस) *adjs.* obtained from tartar. क्षारीय; **To catch a tartar** (to quarrel with a very strong enemy.) अति प्रबल शत्रु से झगड़ा करना।

Tartarean – टार् टैंअर्'-इ-ऑन् – *adj.* pertaining to the infernal regions. नरक सम्बन्धी।

Tartarin – टार्'-टीं-रिन् – *n.* potash. पोटास।

Tartarization–टॅार्-टॅार्-इ-ज़ें'-शन्–*n.* the act of reducing to tartar. क्षार बन जाना।

Tartarize – टार्'-टॅार्-आइज़्' – *v. t.* to impregnate with tartar. क्षार करना।

Tartuffe – टॅार्-टूफ़्' – *n.* a religious hypocrite. धर्मद्वेषी, पाखण्डी; **Tartuffish** (-इश्) *adj.* hypocritical. पाखण्डी।

Tasimeter – टीं-ज़िम्'-एँ - टर् – *n.* an electrical instrument for determining variation in temperature. तापमान का अन्तर जानने का यन्त्र।

Task – टास्क़ – *n.* business imposed by another, lesson to be learnt at school, specific work, a voluntary work. कार्य (काम, कर्तव्य), पाठ, परिश्रम, धन्धा; *v. t.* to exact labour from, to impose a task on. कार्य में नियुक्त करना, मेहनत लेना, काम कराना; **Tasker** (-अर्) *n.* one who imposes a task. काम सौंपनेवाला; **Taskmaster** (a man who assigns work to be done.) काम लेनेवाला, काम में लगानेवाला; **Taskwork** (a piece of work.) कार्य, धन्धा; **To take a person to task** (to accuse him, to rebuke him.) झिड़कना, दोषी ठहराना।

Tass – टॅस् – *n.* a small drinking cup. छोटा प्याला, कटोरी।

Tassel – टॅस्'-सॅल् – *n.* a pendent ornament, a ribbon sewn in a book serving as a bookmark. झब्बा (फुँदना, लटकन), किताब में सिला हुआ फ़ीता।

Tastable – टेंयस्ट्'-ऑ-ब्ल – *adj.* able to be tasted. स्वाद लेने योग्य।

Taste – टेंयस्ट – *n.* the sense by which we taste, relish, judgment, choice, flavour, liking. रसनेन्द्रिय, स्वाद, रस, रुचि, प्रवृत्ति, चाट; *v. t. & i.* to perceive by the tongue and palate, to try the relish of, to eat a little, to experience, to enjoy. स्वाद लेना, चखना, थोड़ा खाना, अनुभव करना, आनन्द लेना; **A man of taste** (one possessing good taste.) रसिक; **Devoid of taste** (destitute of good taste.) अरसिक।

Tasteful–टेंयस्ट्'-फ़ुल्–*adj.* savoury, done in good taste. रुचिकर (स्वादु), मनोहर (हृदयग्राही); **Tastefully** (-फ़ुल्-लि) *adv.* in a tasteful manner. रुचि से, स्वाद से; **Tastefulness** (-नॅस्) *n.* the quality of being tasteful. स्वादिष्टता।

Tasteless – टेंअस्ट्'-लॅस्– *adj.* having

no taste, insipid. रसहीन (बेस्वाद), नीरस (फीका) ; **Tastelessly** (-ली) *adv.* in a tasteless manner. रसहीनता से ; **Tastelessness** (-नैस्) *n.* the quality of being tasteless. रसहीनता ।

Taster–टैस्ट्'-अर्–*n.* a person employed to taste food. (आस्वादक) भोजन का स्वाद लेनेवाला मनुष्य ; **Tastily** (-इ-ली) *adv.* स्वाद से ; **Tasty** (-ई) *adj.* सुरस, स्वादिष्ट, स्वादपूर्ण ।

Tat-ta–टैट्'-टा – *n.* 'good-bye. विदाई के समय का नमस्कार ।

Tatter – टैट्'-टर्–*n.* a rag or part torn. चीर, चिथड़ा, फटन ; **Tattered** (-ड्) *adj.* ragged. फटा हुआ; **Tattery** (-ई) *adj.* tattered. फटन का, फटा हुआ

Tatting – टैट्'-टिङ्ग् –*n.* trimmings for woven work. किनारी, झालर ।

Tattle – टैं'-ट्ल्–*n.* idle talk, trifling talk. बड़बड़, बकवाद ; *v. i.* & *t.* to talk idly, to prattle, to tell secrets. बड़बड़ करना (गप करना),बकवाद करना, रहस्य कहना ; **Tattler** (-अर्) *n.* an idle talker. बड़बड़िया, बकवादी; **Tattlery** (-लर्-ई) *n.* an idle talk. गप्प, बकवाद ; **Tattling** (-लिङ्ग्) *n.* बकवाद ।

Tattoo–टैट-टू'–*n.* (*pl.* **Tattooes.**) a beat of drum for recalling soldiers to the headquarters, a mark or figure made on the body by punctures and stains. सैनिकों को अपने डेरे पर बुलाने के लिये नगाड़ा बजाना, गोदना ; *v. t.* & *i.* to beat the drum, to puncture the skin with indelible patterns. नगाड़ा बजाना, गोदना गोदना ।

Taube – टाऊ'-बी–*n.* a type of German aeroplane. एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज ।

Taught–टॉट–*p.t.* & *p.p.* of **Teach.**

Taunt–टॉन्ट–*n.* sarcastic reproach, upbraid, insulting words. निन्दा, आक्षेप, तिरस्कार; *adj.* tall. लम्बा, ऊंचा; *v. t.* to reproach, to revile. निन्दा करना, तिरस्कार करना, ताना मारना; **Taunter** (-अर्) *n.* निन्दक; **Taunting** (-इङ्ग्) *adj.* sarcastic. आक्षेप युक्त ; **Tauntingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a sarcastic manner. आक्षेप से, निन्दा से ।

Taurine–टॉ-रिन्' , **Tauriform** (-इ-फ़ॉम्') *adjs.* bull-like, relating to a bull. सॉंड़ की तरह का, बैल सम्बन्धी ।

Tauromachy-टॉ-रॉम्'-ऑ-की-*n.* bull-fight. सॉंड़ की लड़ाई ।

Taurus – टॉ'-रस् – *n.* the second sign of the Zodiac. वृष राशि ।

Taut – टॉट–*adj.* tight, secure. कसा या तना हुआ, दृढ़ ; **Tauten** (-ऍन्) *v. t.* to make tight. कसा करना ।

Tautological–टॉ-टॉ-लॉज्'-इ-कॉल्–*adj.* repeating the same thing. पुनरुक्ति सम्बन्धी; **Tautologically** (-लि) *adv.* पुनरुक्ति रीति से; **Tautologist** (-जिस्ट) *n.* पुनरुक्ति का व्यवहार करने वाला ; **Tautologous** (-लॉग्'-गस्) *adj.* पुनरुक्ति का ।

Tautology–टॉ-टॉल्'-ऑ-जी–*n.* a repetition of the same meaning in different words. पुनरुक्ति, एक ही बात को भिन्न भिन्न शब्दों में कहना ।

Tautophony – टॉ - टॉफ़्'-ऑ-नी – *n.* repetition of the same sound.

एक ही शब्द की पुनरुक्ति ।

Tavern – टैव्' - अर्न् – *n.* a public house where liquors are sold, an inn. शराबखाना, पथिकाश्रम, सराय ; **Taverner** (-अर्) *n.* भठियारा ।

Taw – टॉ – *n.* a play at marbles. अण्टा या गोली का एक खेल ; *v. t.* to dress white leather. चमड़े को कमा कर सफ़ेद करना ।

Tawdriness – टॉ-ड्रि-नेंस्–*n.* gaudiness, showiness. बाह्य शोभा, दिखावट ।

Tawer–टॉ'-अर्–*n.* one who dresses white leather. सफ़ेद चमड़ा कमानेवाला

Tawdry–टॉ'-ड्री-*adj.* gaudy, showy, cheaply showy. आडम्बरी, मिथ्या शोभा का, देखाऊ ।

Tawniness–टॉ'-नी-नेंस्–*n.* the quality of being tawny. भूरापन ।

Tawny–टॉ'-नी–*adj.* (*comp.* **Tawnier**, *sup.* **Tawniest.**) brownish, yellow. कपिल, भूरा, पीला ।

Tawse–टॉज़्-*n.* thick leather strap. मोटे चमड़े की चमोटी ।

Tax – टैक्स् – *n.* a rate or sum of money levied on persons or property for the benefit of the state. राज्य शुल्क, कर, टैक्स, महसूल;*v.t.* to impose tax, to charge, to censure. कर लगाना, अत्यन्त पीड़ा देना, निन्दा करना (दोष लगाना); **Direct tax** (a tax levied directly.) प्रत्यक्ष कर; **Income tax** (a tax imposed on income.) आयकर ; **Indirect tax** (a tax levied in an indirect manner.) अप्रत्यक्ष कर ; **Tax-free** (free from taxes.) शुल्कहीन ।

Taxability – टैक्स्' - अॅ - बिल्' - इ-टी **Taxableness** (-नेंस्) *ns.* कर लगाने की योग्यता ।

Taxable–टैक्स्'-अॅ-ब्ल्–*adj.* liable to assessment of taxes. कर लगने योग्य

Taxably–टैक्स्'-अॅब्-ली-*adv.* in a taxable manner. कर लगने की योग्यता से ।

Taxation – टैक्स्-ए'-शन्–*n.* the act of taxing, sum imposed, charge. कर निर्धारण, कर स्थापन ।

Taxi–टैक्स्'-ई–*n.* a motor-cab plying on hire. भाड़े पर चलनेवाली मोटर गाड़ी; **Taxi-man** (a taxi-cab driver.) ऐसी मोटर हाँकनेवाला ।

Taxidermal, Taxidermist – see **Taxidermy.**

Taxidermy–टैक्स्'-इ-डर्'-मी–*n.* the art of preserving and preparing the skins of animals so as to represent their natural appearance. पशुओं की खाल में मसाला लगाकर वास्तविक रूप में तैयार करने की कला; **Taxidermal** (-मॅल्) *adj.* pertaining to this art. इस कला सम्बन्धी; **Taxidermist** (-इस्ट) *n.* one who is skilled in taxidermy. इस कला में निपुण ।

Taximan–see **Taxi.**

Taximeter – टैक्स्-इम्'-ऍ-टर् – *n.* an automatic device fitted in a taxi-cab for measuring distance and recording fare. मोटर गाड़ी में लगा हुआ यन्त्र जिसमें दूरी तथा भाड़ा अंकित होता है

Taxis–टैक्स्'-इस्-*n.* a surgical operation for restoring parts of the body to their places. अङ्गों के भाग को यथा स्थान बैठाने की जर्राही विधि ।

Taxonomy-टैक्स्-ऑन्'-ऑ-मी-*n.* the principle of classifying plants and animals. वनस्पति तथा पशुओं को वर्गों में विभक्त करने का सिद्धान्त ।

Tazza-टैज़्'-ज़ॉ-*n.* a saucer-shaped vessel mounted on a foot. एक प्रकार का गोड़ीदार प्याला ।

Tea-टी - *n.* dry leaves of a plant of the camellia family, decoction of dried tea-leaves. चाय ; *v. i.* to drink tea. चाय पीना ; **A storm in a tea-cup** (an agitation about trivial matters.) छोटी छोटी बातों पर बड़ा झमेला ; **Tea-cup** (a small cup used in drinking tea.) चाय पीने का प्याला ; **Tea pot** (-पॉट्) *n.* a vessel in which tea is prepared. चाय बनाने का पात्र ; **Tea-spoon** (a spoon for drinking tea, generally containing one dram of liquid) चाय पीने का एक ड्राम का चम्मच ।

Teach -टीच् - *v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Taught**-टॉट्) to instruct, to inform, to give lessons at school, to admonish, to make familiar, to counsel. अध्यापन कराना, शिक्षा देना (पढ़ाना), उपदेश देना, सिखलाना, परिचित कराना, समझाना ।

Teachable-टीच्'-ॲ-ब्ल्-*adj.* apt to learn, docile. पढ़ाने या सिखलाने योग्य; **Teachableness** (-नैस्) **Teachability** (-बिल्'-इ-टी) *ns.* able to be instructed. पढ़ाये या सिखलाये जाने की योग्यता ।

Teacher - टीच्'-अर्-*n.* an instructor, a preceptor. अध्यापक, शिक्षक, गुरु ; **Teachership** (-शिप्) *n.* the office of a teacher. अध्यापक का पद ।

Teaching - टीच्'-इङ्ग् - *n.* instruction. अध्यापन, शिक्षा, उपदेश ।

Teachless-टीच्'-लैस्-*adj.* unteachable. शिक्षा न देने योग्य ।

Teague-टीग् - *n.* an Irishman (in contempt.) आयर्लैन्ड् निवासी (तिरस्कार का शब्द) ।

Teak-टीक् - *n.* a tropical tree producing hard wood, timber of this tree. सागवान का वृक्ष, इसकी लकड़ी

Tea -टील्-*n.* (*pl.* **Teal**.) a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तक ।

Team-टीम् - *n.* two or more horses, oxen &c. harnessed together, a company, set of players on one side of a game *e. g.* foot-ball, cricket &c. एक साथ जोते हुए दो या अधिक घोड़े, बैल इत्यादि, समुदाय, खेलाड़ियों का एक ओर का दल ; *v. t.* to harness together.एक साथ जोतना;**Teamster** (स्टर्) *n.* one who drives a team. घोड़े, बैल इत्यादि की जोड़ी हाँकनेवाला ; **Team-work** (work done by a team.) घोड़े, बैल इत्यादि की जोड़ी से किया हुआ काम ।

Teapoy - टी'-पॉय्-*n*, a small three or four-legged table for a tea-tray. तिपाई, चाय पीने की चौघड़िया ।

Tear - टेयर्-*n.* a drop of liquid secreted by the lachrymal glands. अश्रु, नयनवारि, आँसू; **Flood of tears** (flow of tears.) अश्रुधारा ।

Tearful - टियर्'-फुल्-*adj.* weeping. अश्रुपूर्ण, रोता हुआ; **Tearfully** (-.फुल्लि) *adv.* in a weeping manner.

रोते हुए।

Tearless–टियर्'-लैस्–*adj.* shedding no tears. आँसू न गिराता हुआ।

Tear–टैंयर्–*v. t.* & *i.* (*p. t.* Tore, *p. p.* Torn.) to separate by violence or pulling, to rend, to make hole. विदीर्ण करना, चीरना, फाड़ना ; *n.* a rent. फटन, फटाव ; **To tear away** (to pull violently.) वेग से झटका देना; **To tear from** (to take away by force, to snatch.) वेग से हटाना, छीनना ; **To tear off** (to pull off violently.) झटके से खींचना ; **To tear to pieces** (to separate in fragments.) टुकड़े टुकड़े करना ; **To tear up** (to root out, to destroy.) जड़ से उखाड़ना, नष्ट करना।

Tearer–टैंअर्'-अर्–*n.* one who rends anything. फाड़नेवाला।

Tearing–टैंअर्'-इङ्ग्–*adj.* violent. तीव्र।

Tease–टीज़्–*v. t.* to comb wool or flax, to vex with jests, to scratch, to importune. ऊन या सन को सँवारना, कंघी करना या सुलझाना, पीड़ा देना, दिक करना, खरोचना, चिढ़ाना ; **Teaser** (-अर्) *n.* a teasing person. चिढ़ानेवाला मनुष्य।

Teasel, Teazel–टी'-ज़ल्–*n.* a kind of plant with large prickly heads used in dressing cloth. एक प्रकार का छोटा रूई की जाति का पेड़।

Teat–टीट्–*n.* the projecting part or nipple of the breast. स्तन का अग्रभाग, चूचुक ; **Teatlike** (like a nipple.) चूँची के समान।

Teathe–टीद्–*v. t.* to manure land by live stock. पशुओं को बैठाकर खेत जोरदार करना।

Techily–टेंच्'-इ-ली–*adv.* fretfully. चिड़चिड़ाहट से।

Techiness–टेंच्'-इ-नेस्–*n.* peevishness, fretfulness. चिड़चिड़ाहट, झुलझुलाहट।

Technic–टेंक्'-निक्–*n.* a technical art or skill. विशिष्ट कला या विद्या ; **Technical** (-ईल्) *adj.* pertaining to science, art or handicraft, of terms used in a particular signification. विशेष कला या शास्त्र सम्बन्धी, पारिभाषिक (सांकेतिक); **Technicality** (-नि-कॅल्'-इ-टी) *n.* anything peculiar to an art or science. किसी कला या विद्या की विशिष्टता, परिभाषा ; **Technically** (-ईल्-लि) *adv.* in a technical manner. परिभाषानुसार ; **Technics** (-स्) *n.* the doctrine of arts in general. कलाओं का सामान्य सिद्धान्त, कलाओं की विद्या।

Technique–टेंक्–नीक्'–*n.* mechanical art or skill. यन्त्र कला।

Technological–टेंक्-नो-लॉज्'-इ-कॅल्–*adj.* pertaining to technology. कला विवरण सम्बन्धी ; **Technologist** (-जिस्ट्) *n.* one skilled in technology. शिल्प कला विज्ञान में निपुण।

Technology–टेंक्-नॉल्'-ओ-जी–*n.* the science of the industrial arts. शिल्प कला विज्ञान।

Techy–टेंच्'-ई–*adj.* (*comp.* Techier, *sup.* Techiest.) peevish, irritable. चिड़चिड़ा, क्रोधी

Tectonic-टैक्-टॉन्'-इक्-*adj*. pertaining to building. इमारत सम्बन्धी।

Ted-टैड्-*v. t.* to spread grass for drying. सुखाने के लिये घास फैलाना।

Te Deum-टी-डी'-अम् - *n.* a hymn sung on happy occasions as thanksgiving. धन्यवाद के लिये ईश्वर वन्दना।

Tedious - टी'-डि-अस् - *adj.* wearisome, tiresome, irksome, slow. श्रम करनेवाला, थकानेवाला, मन्द (दीर्घ-सूत्री), धीमा; **Tediously** (-ली) *adv.* in a way so as to weary. थकाते हुए; **Tediousness** (-नैस्) *n.* the quality of being tedious. श्रमकार्यता।

Tedium - टी'-डि-अम् - *n.* irksomeness, wearisomeness. थकावट, उतावलापन।

Tee-टी-*adj*. shaped like the letter T. 'टी' अक्षर के आकार का।

Teem-टीम्-*v. i.* & *t.* to bring forth young, to be pregnant, to bear offspring, to abound, to pour out, to empty. बच्चा जनना, गर्भ धारण करना, गर्भिणी होना, बहुतायत से उत्पन्न करना, खाली करना, उड़ेलना; **Teemer** (-अर्) *n.* one who brings forth young. बच्चा पैदा करनेवाली; **Teemful** (-फुल्) *adj*. pregnant. गर्भवती; **Teeming** (-इङ्ग्) *adj.* producing young one, fruitful. गर्भपूर्ण, परिपूर्ण; **Teemless** (-लैस्) *adj.* barren. ऊसर, फल रहित।

Teen-टीन्-*n.* grief, sorrow. दुःख, चिन्ता।

Teens - टीन्ज़् - *n. pl.* the year of one's age from thirteen to nineteen. तेरह वर्ष से उन्नीस वर्ष तक को अवस्था; **In one's teens** (from thirteen to nineteen years of age.) तरुण अवस्था में

Teeth - टीथ् - *n.* (*pl.* of Tooth.) दाँत; **In the teeth of** (in direct opposition to.) प्रत्यक्ष रूप से विरोध करते हुए।

Teethe-टीद्'-*v. i.* to grow or cut teeth. दाँत निकलना; **Teething** (-इङ्ग्) *n.* dentition. दाँतों का निकलना।

Teetotal-टी-टो'-टॅल् - *adj.* pertaining to abstinence from all intoxicating drinks. सब मादक पदार्थों के बहिष्कार सम्बन्धी; **Teetotalism** (-इज़्म्) *n.* total abstinence from intoxicating liquors. ऐसा सिद्धान्त; **Teetotaller** (-अर्) *n.* one pledged to total abstinence. कभी किसी प्रकार के मादक द्रव्य का व्यवहार न करनेवाला मनुष्य।

Teetotum-टी-टो'-टम्-*n.* a kind of children's small toy with numbered sides. लट्टू, फिरकी, चकई।

Teg-टैग्-*n.* a young sheep. भेड़ का बच्चा।

Tegular-टैग्'-यु-लॅर्-*adj*. pertaining to or resembling a tile. खपरैल के आकार या तरह का; **Tegularly** (-ली) *adv.* in the manner of tiles. खपरैल के आकार में।

Tegument-टैग्'-यु-मॅन्ट - *n.* a natural covering. प्राकृतिक आवरण, खाल या कवच; **Tegumental** (-मॅन्टल्), **Tegumentary** (-मॅन्'-टॅरि) *adjs.* pertaining to tegument. प्राकृतिक

आवरण सन्बन्धी।

Tehee–टें-ही'– *n.* the sound made in laughing. हँसने का शब्द, ही ही; *v.t.* to laugh with a noise. ही ही करना।

Teil–टील्–*n.* the lime-tree. नीबू का वृक्ष

Teint–टिन्ट–*n.* colour, tint. रङ्ग।

Tekonymy – टेंक्- ऑन्'- ऍ- मी – *n.* naming of parent from the child. लड़के के नाम से माँ बाप को पुकारना।

Telary– टॅल्'-ऑ-री– *adj.* pertaining to a web. जाला सम्बन्धी।

Telegram– टॅल्'-इ-ग्रॅम्– *n.* a telegraphic message. तार द्वारा समाचार; **Telegrammic** (-इक) *adj.* तार समाचार सम्बन्धी।

Telegraph–टॅल्'-इ-ग्रॉफ्–*n.* an apparatus for communicating between distant points by electricity. तार; *v. t.* & *i.* to send message by telegraph. तार द्वारा समाचार भेजना; **Telegraphic** (-इक) *adj.* तार सम्बन्धी, तार द्वारा भेजा हुआ; **Telegrapher** (-अर्), **Telegraphist** (-इस्ट) *ns.* a telegraph operator. तार के यन्त्र पर काम करनेवाला; **Telegraphically** (- ऑल्'-ली) *adv.* तार द्वारा; **Telegraphy** (-ई) *n.* the art of working telegraphs. तार द्वारा समाचार भेजने इत्यादि की कला।


Telemeter–टॅ-लॅम्'-ऍ-टर्– *n.* an instrument for determining distance. दूरी नापने का यन्त्र।

Teleologist–see Teleology.

Teleology–टॅ-लॅ-ऑल्'-ऑ-जी– *n.* the doctrine of the final cause of things. हेतुविद्या, मीमांसा; **Teleologist** (-जिस्ट) *n.* हेतु विद्या का अनुयायी।

Telepathy–टॅ-लॅप्'-ऑ-थी–*n.* thought transference. मानसिक संक्रमण, दूर-स्थित एक मन का दूसरे पर प्रभाव

Telephone-टॅल्'-इ-फ़ोन्–*n.* an apparatus for transmitting sound to a distance by means of electricity. बिजली द्वारा शब्द को दूर भेजने का यन्त्र, टेलीफ़ोन; **Telephonic** (-फ़ॉन्'-इक) *adj.* इस यन्त्र सम्बन्धी; **Telephonically** (-ऑल्-लि) *adv.* इस यन्त्र द्वारा; **Telephonist** (-इस्ट) *n.* one who works the telephone. इस यन्त्र पर काम करने वाला; **Telephony** (टॅ-लॅफ़्-ओ-नी) *n.* टेलीफ़ोन पर काम करने का व्यवसाय।



Telephone.

Telephonograph – टॅल्'-इ-फ़ोन्'-ओ-ग्रॉफ्–*n.* an instrument for recording a telephone message. टेलिफ़ोन् के समाचार को अंकित करने का यन्त्र।

Telephotograph – टॅल्'-इ-फ़ोट्'-ओ-ग्रॉफ्– *n.* a picture recieved by means of a telephone. बिजली द्वारा चित्र प्राप्त करने का यन्त्र; **Telephotography** (-ई) *n.* photographing of distant objects. दूर के पदार्थों की फ़ोटो उतारने का यन्त्र।

Telescope–टॅल्'-इ-स्कोप्–*n.* an optical instrument for viewing distant objects. दूरदर्शक यन्त्र, दूरबीन; **Telescopic** (-इक) *adj.* दूरबीन के सदृश, दूरबीन के आकार का; **Telescopically** (-ऑल्-ली) *adv.* दूरबीन द्वारा।

Telesia – टे-ली'-ज़ि-आँ– *n.* sapphire. नीलम।

Telestich–टेल्'-ऍ-स्टिक्–*n.* a poem in which the final letters of the lines make a name. छन्द जिसके अन्तिम अक्षरों से कोई नाम बनता है।

Television– टेल्-इ-विज़्'-ऑन् – *n.* the vision of a distant object on a screen by means of an electrical apparatus. बिजली के यन्त्र द्वारा दूर के पदार्थों का चित्र पर्दे पर देखना।

Telic–टेल्'-इक्–*adj.* denoting a purpose. लक्ष्य सूचक।

Tell–टेल्–*v. t.& i.* (*p.t.&p.p.* **Told.**) to relate in words, to make known, to count, to produce effect, to determine, to distinguish. कहना, बतलाना, वर्णन करना, समाचार देना, प्रगट करना, गिनना, सूचित करना, निश्चय करना, भेद करना; **Teller** (-अर्) *n.* one who counts or communicates. गणना करनेवाला, कहनेवाला; **Telling** (-इङ्ग) *adj.* having great effect. अधिक प्रभाववाला ; **Tellingly** (-ली) *adv.* प्रभाव से।

Telltale–टेल्'-टेल्–*n.* one who informs about the private affairs of men. पिशुन, चुगुलखोर।

Tellural, Telluric-टेल्-ल्यू'-रॉल्-(रिक्) *adjs.* pertaining to the earth. पृथ्वी सम्बन्धी।

Tellurion–टेल-ल्यू'-रि-ऑन्–*n.* an instrument for showing the causes which produce change of seasons, day and night &c. ऋतु परिवर्तन इत्यादि सूचित करने का एक यन्त्र।

Tellurium–टेल्-ल्यू'-रि-अम्–*n.* a rare metal like sulphur. गन्धक के प्रकार का एक अलभ्य धातु।

Temerarious–टैम्-ऍ-रैअर्'-इ-अस्-*adj.* rash, headstrong. धृष्ट, हठी ; **Temerariously** (-ली) *adv.* धृष्टता से।

Temerity–टै-मेर्'-रि-टी–*n.* boldness, rashness. धृष्टता, साहस।

Tempean–टैम्'-पी'-ऑन्–*adj.* delightful. प्रसन्न।

Temper–टैम्'-पर्–*n.* disposition of mind, temperament, moderation, passion, condition of metal as to its hardness, irritation. शील, स्वभाव, प्रकृति, उद्वेग, हथियारों पर का पानी, क्रोध ; *v. t. & i.* to modify by mixture, to bring to proper hardness, to mitigate, to moderate. मिलाना, मृदु करना, पानी रखना, कम करना ; **Good temper** सुजनता ; **Out of temper** (angry.) क्रुद्ध ; **To lose temper** (to be angry.) क्रुद्ध होना।

Temperament– टैम्'-पॅर्-ऑ-मैन्ट्– *n.* constitution, disposition. प्रकृति, स्वभाव ; **Temperamental** (-ऑल) *adj.* स्वभाव सम्बन्धी।

Temperance–टैम्'-पॅर्-ऑन्स्– *n.* self-restraint, moderation, sobriety, abstinence. संयम (निग्रह), परिमितता, अल्प आहार, (बरात) नियम।

Temperate–टैम्'-पर्-ऍट्–*adj.* moderate, self-restrained, calm, free from ardent passion. परिमित, संयमी, शान्त, उद्वेग रहित; **Temperate zone** (the part of the earth between the tropics and the

poles.) सम शीतोष्ण कटिबन्ध (स्थान)।

Temperately – टेम्-पर्'-ऍट्-ली – *adv.* moderately. संयम से; **Temperateness** (-नेस्) *n.* the quality of being moderate. समता।

Temperature – टेम्'-पर्-ऑ-ट्यूर् – *n.* heat of air, condition of a body with regard to heat and cold. उष्ण परिमाण (तापक्रम), गर्मी सर्दी की स्थिति।

Tempest – टैम्'-पेस्ट – *n.* a violent s torm of wind, violent tumult, perturbation. आँधी (तूफान), विप्लव, उपद्रव (हलचल); **Tempestuous** (-यु-अस्) *adj.* stormy, turbulent. प्रचण्ड (आँधी का), विप्लवी; **Tempestuously** (-ली) *adv.* with great violence. विप्लव से; **Tempestuousness** (-नेस्) *n.* storminess. वायु की प्रचण्डता।

Templar – टेम्'-प्लॉर् – *n.* a student of law. कानून पढ़नेवाला विद्यार्थी।

Template–टैम्'-प्लेट्– see **Templet**.

Temple–टैम्'-पल्-*n.* an edifice erected for religious worship, the space between the ear and forehead. देवालय (देवमन्दिर, मठ, विहार), कनपटी; **Templed** (-ड्) *adj.* enclosed in a temple. देवालय के भीतर स्थिर।

Templet, Template-टैम्'-प्लेट् (-प्लेट्) *n.* a support under a girder, a pattern used as guide in cutting or drilling. धरन के नीचे की थूनी, काटने या छेद करने का साँचा।

Temporal – टैम्'-पो-रॅल् – *adj.* pertaining to this life or this world, secular, pertaining to the temples of the head. ऐहिक, सांसारिक, धार्मिक, कनपटी सम्बन्धी; **Temporality** (-इ-टी) *n.* (*pl.* **Temporalities.**) secular possession. सांसारिक लाभ; **Temporally** (-ली) *adv.* with respect to this life. सांसारिकरूप से।

Temporarily–टैम्'-पॉ-रॉर्-इ-ली – *adv.* for a time only. थोड़े समय के लिये।

Temporariness-टैम्'-पॉ-रॉर्-इ-नेस्-*n.* the state of being temporary. अचिरत्व, अनित्यता।

Temporary–टैम्'-पॉ-रॉर्-ई–*adj.* lasting for a time only. अल्पकालिक, अनित्य, क्षणिक।

Temporization-टैम्'-पॉ-राइज़्-ए'-शन्-*n.* the act of temporizing. समयानुकूल व्यवहार।

Temporize – टैम्'-पॉ-राइज़ – *v. i.* to comply with requirements temporarily, to hesitate in deciding. यथा काल व्यवहार करना, समयानुकूल करना, टालना, आगा पीछा करना; **Temporizer** (-अर्) *n.* one who yields to the time. समयानुसार व्यवहार करनेवाला; **Temporizingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a temporizing manner. यथा काल व्यवहार करते हुए।

Tempt–टैम्प्ट्–*v. t.* to entice, to try the resolution of, to make an attempt. प्रलोभन देना, ललचाना, प्रयत्न करना; **Temptable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* liable to be tempted. ललचाने योग्य; **Temptation** (ए'-शन्) *n.* enticement, inducement. प्रलोभन, लालच; **Tempter** (-अर्) *n.* one who entices to evil. लोभानेवाला, मोहक; **Tempting** (-इङ्ग्) *adj.* enticing.

प्रलोभी, ललचानेवाला ; **Temptingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* enticingly. ललचाते हुए ; **Temptress** (-ट्रेस्) *n. fem.* a woman who tempts. प्रलोभन करनेवाली स्त्री ।

Ten-टैन्-*n.* two times five. दस ।

Tenability-see **Tenable**.

Tenable-टैन्'-ऑ-बल्-*adj.* that may be maintained or defended against. रक्षणीय, ठहराऊ; **Tenability** (-बिल्-इ-टी), **Tenableness** (-नेस्) *ns.* the state of being tenable. ठहराऊपन ।

Tenacious-टे-नें'-शस्-*adj.* holding fast or keeping firm hold of, adhesive, retentive. दृढ़ संकल्प का, चिपचिपा, संग्रही ; **Tenaciously** (-ली) *adv.* in a tenacious manner. धारणावत् ; **Tenaciousness** (-नेस्) *n.* the quality of being adhesive. चिपचिपापन ।

Tenacity-टै-नॉस'-इ-टी-*n.* stickiness, adhesiveness. लसलसाहट, चिपकाव ।

Tenaculum - टै-नॉक' - यु-लम् - *n.* a surgical hook. जर्राही हुक ।

Tenancy-टेन्'-ऑन्-सी-*n.* the holding of a tenant. काश्तकारी ।

Tenant - टेन्'-ऑन्ट - *n.* one who holds land under a landlord; an occupant of a place. असामी, किरायेदार; **Tenant-farmer** (a farmer who is a tenant.) काश्तकार; **Tenant right** (right of tenancy.) काश्तकारी अधिकार ।

Tenantable-टेन्-ऑन्ट'-ऑ-बल्-*adj.* fit to be tenanted. किराये पर देने योग्य ।

Tenanted - टेन्'-ऑन्ट-ऍड्-*adj.* held by a tenant. काश्तकार के अधिकार का ।

Tenantless-टेन्'-ऑन्ट-लेस्-*adj.* without a tenant. बिना असामी का ।

Tenantry - टेन्'-ऑन्ट-री-*n.* body of tenants. असामियों का समुदाय ।

Tench - टैन्च् - *n.* a kind of fresh-water fish, एक प्रकार की नदी की मछली

Tend-टैन्ड्-*v. i.* & *t.* to move in a certain direction, to be inclined, to look after, to take care of. किसी दिशा में चलना, झुकना, रक्षा करना, चौकसी करना ; **Tendance** (-ऑन्स्) *n.* the act of tending. पालन, रक्षा ।

Tending - टैन्ड्'-इङ्ग् - *n.* the act of attending, a swinging. पालन, रक्षा, झुकाव ; **Tending to fall** (liable to fall down.) पतनशील ।

Tendency-टैन्'-डैन्-सी-*n.* (*pl.* **Tendencies.**) inclination, drift, direction or course. प्रवृत्ति (स्वभाव), झुकाव, अभिप्राय ; **Tendentious** (-डैन्'-शस्) *n.* with inclination. प्रवृत्ति के साथ ।

Tender-टैन्'-डर्- *n.* one who takes care of, a vessel attending on a larger one to supply her with stores, a truck attached to a locomotive, an officer to execute work at a fixed price, thing offered, an estimate for a piece of work. पालने पोसने वाला, जहाज़ इत्यादि के साथ की छोटी नाव, इञ्जन के साथ की कोयले पानी की गाड़ी, ठीका, विनय, प्रार्थना ; *v. t.* to offer in words, to present for acceptance. भेंट करना, स्वीकार करने के लिये रखना ; *adj.* soft, sensible to impression, compas-

Tighten–टाइट्′-ऍन्–*v.t.* & *i.* to draw tighter. दृढ़ करना, कसकर बाँधना, जकड़ना ; **Tightener** (-अर्) *n.* that which tightens. कसनेवाला ; **Tightness** (-नैस्)*n.* दृढ़ता, कसावट; **Tightly** (-ली) *adv.* दृढ़ता से, कसकर ।

Tigress–टाइ′-ग्रेस् – *n.* the female of a tiger. व्याघ्री, शेरनी ।

Tigrine–टाइ′-ग्रिन्- *adj.* like a tiger. व्याघ्रवत् ; **Tigrish** (-ग्रिश) *adj.* fierce. भयंकर ।

Tike, Tyke – टाइक् – *n.* a cur, a mean fellow. लेंड़ी कुत्ता, नीच पुरुष ।

Tilbury–टिल्′-बर्-री – *n.* a kind of two-wheeled carriage. एक प्रकार की दो पहिया गाड़ी ।

Tile–टाइल् – *n.* thin slab of baked clay used for covering the roofs of a house or for pavement, silk hat. खपड़ा, पटिया, रेशमी टोप ; *v. t.* to cover with tiles. खपड़े से छाना ; **To tile in** (to enclose in tiles.) खपरैल से बन्द करना ।

Tiler – टाइल्′ - अर् – *n.* one who makes or lays tiles. खपरैल बनाने या छानेवाला ।

Tilery–टाइल्′-ऍ-री–*n.* a place where tiles are made. खपड़ा या पटिया बनाने का स्थान ।

Tiling – टाइल्′-इङ्ग् – *n.* a roof of tiles. खपरैल ।

Till-टिल् – *n.* a kind of stiff clay, a money drawer. एक प्रकार की कड़ी मिट्टी, गुल्लक, रुपया रखने का दराज ; *v. t.* to cultivate soil. भूमि जोतना ; *prep.* up to, up to the time when. तक, पर्यन्त ।

Tillable–टिल्′-ऑ-ब्ल् – *adj.* capable of being cultivated. जोतने योग्य।

Tillage – टिल्′-एज् – *n.* cultivation, farming. कृषिकर्म, खेती, किसानी ।

Tilling–टिल्′-इङ्ग्–*n.* culture. खेती ।

Tiller–टिल्′-लर् – *n.* one who tills, the appliance for steering a vessel, the shoot of a plant springing from the earth. जोतनेवाला, नाव घुमाने का साधन, पौधे की ऊपर आनेवाली जड़ ।

Tilt–टिल्ट् – *n.* a covering for cart, a sloping position, inclination. गाड़ी का ओहार, झुकाव, तिरछापन ; *v. i.*

& *t.* to incline to one end, to point or thrust, to cover with a tilt. झुकाना, टेढ़ा करना, भाला चलाना ओहार से ढाँकना; **At full tilt** (with full force.) पूरे वेग या शक्ति से; **Tilt-hammer** (a heavy hammer.) भारी हथौड़ा, घन ।

Tilth – टिल्थ्–*n.* cultivation, preparation of ground for crop. जोताई, बोने के लिए खेत की तैयारी ।

Timbal-टिम्'-बॅल्–*n.* a kettle drum. नगाड़ा ।

Timber – टिम्' - बर् – *n.* wood for building purposes, a piece of wood. मकान बनाने की लकड़ी, लकड़ी का टुकड़ा, (लट्ठा) ; *v. t.* to cover with wood. लकड़ी लगाना ; **Timbered** (-ड्) *adj.* covered with wood. लकड़ी लगा हुआ; **Timberline** (-लिन्) *n.* a small tree. छोटा वृक्ष ; **Timber-man** (-मॅन्) *n.* a man employed in felling timber. पेड़ काटकर गिराने के लिये नियुक्त किया हुआ मनुष्य; **Timber toes** (a man with wooden legs.) लकड़ी के पैरवाला मनुष्य ; **Timber-yard** (a place where timber is stored.) लकड़ी इकट्ठा करने का बाड़ा ।

Timbre–टीम्'-बर्–*n.* the characteristic quality of vocal or instrumental sound. लय, स्वरभेद, ध्वनि ।

Timbrel–टिम्'-ब्रॅल् – *n.* a tambourine, a kind of drum. मृदङ्ग, खँजड़ी ।

Time – टाइम् – *n.* definite portion of time, duration, period, season, opportunity, duration of a note, life, repetition, age. काल, अवधि, अवस्था, वेला, समय, नियत समय, ताल, लय, जीवन ; *v. t.* to adapt to the time. समयानुकूल करना; **Against time** (with utmost speed.) बड़ी तेज़ी से; **At all times** (always.) सर्वदा ; **At a time** (each separately.) एक एक करके; **At the right time** (at the proper season.) यथा अवसर ; **At this time** (now.) अभी ; **At times** (often, at distinct intervals.) बहुधा, उचित समय पर ; **By this time** (till now.) अब तक ; **For a long time** (for a long period.) बहुत दिनों तक ; **For the time being** (for some time.) कुछ काल के लिये ; **Four times** चार बार ; **From time to time** (at different times.) समय समय पर; **His time is drawing near** (his death is near.) उसका अन्त समय आ गया है ; **In no time** (rapidly.) अति शीघ्र; **In the mean time** (meanwhile.) इस बीच में; **In the nick of time** (at the proper time.) ठीक समय पर ; **High time** (proper time.) उचित अवसर ; **In time** (in good time, early.) सुअवसर में, शीघ्र; **Of the same time** (contemporary.) समकालीन, उसी समय का ; **The first time** पहली बार; **To keep time** (to be punctual.) समय का पालन करना ।

Time-book–टाइम्'-बुक – *n.* a register in which the time worked by the employed are noted. नौकरों के काम करने का समय लिखने की बही ।

Time-honoured – टाइम्'-ऑन्-अर्ड्–

adj. honoured for a long time. बहुत समय तक पूजनीय ।

Timekeeper, (piece)-टाइम्'-कीप्-अर्-(-पीस्)– *ns*. a clock or watch. समय बतलाने की घड़ी ।

Timeless-टाइम्'-लॆस्- *adj*. untimely. कुसमय का ।

Timely–टाइम्'-ली–*adv*. soon, early. शीघ्र, समय पर ।

Timeserver–टाइम्'-सर्व्-अर् – *n*. one with selfish ends. समयानुरोधी, स्वार्थी ।

Time-table–टाइम्'-टें-ब्ल्–*n*. a table of times of arrival and departure of trains. रेल की समयसूचक पोथी ।

Time-worn – टाइम्' - वोर्न्–*adj*. decayed. सड़ा हुआ ।

Timid–टिम्'-इड् – *adj*. wanting in courage, shy, fearful. भीरु, कातर, डरपोक ; **Timidity** (टि-मिड्'-इ-टी) *n*. fearfulness. त्रास, भीरुता, कायरता ; **Timidly** (-ली) *adv*. in a timid manner. भीरुता से ; **Timidness** (-नॆस्) *n*. भीरुता, कातरता ।

Timocracy – टि-मॉक्'-रॅ-सी – *n*. government by men of position. अमीरों का राज्य ।

Timoneer-टिम्'-ओ-नियर्-*n*. a helmsman. माँझी, पतवरिया ।

Timorous-टिम्'-ऑर्-अस्-*adj*. timid, one who is easily alarmed. भीरु, डरपोक ; **Timorously** (-ली) *adv*. timidly. भीरुता से; **Timorousness** (-नॆस्) *n*. timidity. भीरुता, कातरता ।

Tin–टिन्–*n*. silvery white malleable metal, a piece of iron covered with tin, a canister, money. वङ्ग, राँगा, राँगा चढ़ा हुआ लोहा, कनस्टर, धन; *v. t.* (*p.t.* **Tinned**.) to coat with tin. राँगा चढ़ाना ।

Tincal, Tinkal–टिन्'-कॅल्–*n*. crude borax. बिना शुद्ध किया हुआ सोहागा ।

Tinctorial – टिङ्क्-टोर्'-इ-ॲल् – *adj*. pertaining to colours. रंग सम्बन्धी ।

Tincture–टिङ्ट्'-यूर् – *n*. a tinge of colour, an alcoholic extract of some medicine, a slight taste. आभा (छाया, हलका रंग), औषधियों से निकाला हुआ मद्यार्क, हलका स्वाद; *v. t.* to tinge, to flavour, to imbue. रँगना (पुट देना), स्वादिष्ट करना, प्रभाव डालना; **Tinctured with truth** (imbued with truth.) सत्य के आभास का ।

Tinder–टिन्'-डर् – *n*. a dry inflammable substance used for catching fire from a spark. शीघ्रदाह्य (जल्दी से जलनेवाला) पदार्थ ; **Tinder-box** (a box in which materials for striking light are kept.) आग जलाने की सामग्री रखने की डिबिया ; **Tindery** (-ई), **Tinder-like** (-लाइक्) *adjs*. like tinder. शीघ्र दाह्य वस्तु के सदृश ।

Tine–टाइन् – *n*. the point or spike of a fork or harrow. काँटे की नोक, हेंगी का दाँता ; **Tined** (-ड्) *adj*. furnished with prongs. दाँतेदार ।

Tinfoil–टिन्'-फ़ॉयल्– *n*. an alloy of lead and tin reduced to a thin leaf. पन्नी ।

Ting – टिङ्ग् – *v. i.* & *t.* to make a tinkling sound, to tinkle. टनटन बजाना, टनटनाना; *n*. such a sound.

टन्टन् शब्द ।

Tinge–टिन्ज्–*n.* a slight degree of some colour (tint), flavour. हलका रंग, स्वाद ; *v. t.* to colour slightly. हलका रंग देना ।

Tingle–टिङ्ग्'-गल्–*v. i.* & *t.* to feel a thrilling sensation. फरकना, सनसनाना, झनझनाना; **Tingling** (-ग्लिङ्ग्) *n.* a thrilling sensation. सनसनाहट।

Tink–टिङ्क्–*n.* a shrill noise. कर्कश शब्द; *v. t.* to make a hard noise. कर्कश शब्द करना ।

Tinker – टिङ्क्'-अर् – *n.* one who mends household utensils, a botcher. कसेरा, ठठेरा; *v. t.* to repair roughly, to work in a clumsy manner. बर्तन की मरम्मत करना, फूहड़ की तरह काम करना ।

Tinkle – टिङ्क्'-कल – *n.* a clinking sound. टन्टन् का शब्द ; *v.i.* to make a clinking sound. टन्टन् शब्द करना ; **Tinkler** (-अर्) *n.* a bell. घण्टी ।

Tinman – टिन्'-मॅन् – *n.* a dealer or maker of tinware. राँगे का काम करने वाला, कसेरा ।

Tinned–टिन्ड – *adj.* covered with tin. राँगा चढ़ा हुआ ।

Tinner–टिन्'-नर्–*n.* one who works in tin mines. राँगे की खान में काम करने वाला ।

Tinning–टिन्'-निङ्ग् – *n.* the art of covering with melted tin, the art of preserving food in canisters. गले हुए राँगे से झलना (जोड़ना), फल इत्यादि को टीन के डब्बों में सुरक्षित रखने की कला ।

Tinnitus–टिन्'-नि-टस् – *n.* a ringing sound in the ears. कानों में झन्झन् का शब्द ।

Tinsel–टिन्'-सॅल्– *n.* a shining substance, gaudy dress-fabric, anything of little value. बाहरी शोभा का पदार्थ, झूठा गोटा, कम दाम की जगमगाती वस्तु ; *adj.* showy, gaudy, superficial. आडम्बरी, दिखौवा, कृत्रिम शोभा वाला ; *v. t.* to adorn with something showy and glittering. भड़कीला करना, झूठा गोटा या किनारी लगाना ।

Tint–टिन्ट–*n.* a variety of colour, a shade of colour. हल्का रंग, छाया ; *v. t.* to apply tint to, to tinge. हलका रंग लगाना ; **Tinter** (-अर्) *n.* one who tints, a map-colourer. हलका रँगनेवाला, नकशा रंगनेवाला; **Tintless** (-लॅस्) *adj.* devoid of tint. बिना हलके रंग का ; **Tinty** (-ई) *adj.* discordantly coloured. बुरी तरह रंगा हुआ ।

Tintinnabulation – टिन्'-टिन्-ऑब्'-यु-लें'-शॉन्–*n.* the tinkling of bells. घण्टी का टन्टन् शब्द ; **Tintinnabulum** (-लम्) *n.* a small bell. छोटी घण्टी ।

Tiny–टाइ'-नी– *adj.* (*comp.* **Tinier**, *sup.* **Tiniest**.) very small, little. बहुत छोटा, नन्हा ।

-tion – शॉन् – *suf.* forming nouns of condition or action. स्थिति अथवा कार्य सूचक प्रत्यय ।

Tip–टिप्–*n.* extremity, point, end, a gentle hit, secret information, a hint, a small present. छोर, नोक, किनारा, थपका, गुप्त सूचना, संकेत,

छोटा उपहार; (*p. t.* **Tipped**.) to cover the tip, to strike lightly, to give some secret information, to give small sum of money to a waiter. किनारा ढाँपना, थपथपाना, भेद बतलाना, नौकर को बकशीश देना; **To tip the wink** (to wink to another person.) सैन मारना, संकेत करना।

Tip-cart–टिप्'-कार्ट्–*n.* a cart emptied by being canted up. ऐसी गाड़ी जिसमें माल उलट कर गिराया जा सकता है।

Tippet–टिप्'-पेट्–*n.* a cape or muffler. गुलूबन्द, ग्रीवा वस्त्र।

Tipple–टिप्'-प्ल्–*n.* a strong drink. तेज मदिरा; *v. i. & t.* to drink strong liquor habitually. बारम्बार तेज मदिरा पीना; **Tippled** (-ड्) *adj.* intoxicated. मद्यपान पिये हुए; **Tippler** (-प्लर्) *n.* a habitual drunkard. शराबी।

Tipsily, Tipsiness–see **Tipsy**.

Tipster–टिप्'-स्टर्–*n.* a man who gives secret information in racing. घोड़दौड़ का गुप्त समाचार बतलाने वाला मनुष्य।

Tipsy–टिप्'-सी–*adj.* (*comp.* **Tipsier**, *sup.* **Tipsiest**.) drunk, intoxicated. मदिरा पिये हुए, मतवाला; **Tipsiness** (-नेस्) मतवालापन; **Tipsily** (-ली) *adv.* मतवालेपन से।

Tiptoe–टिप्'-टो–*adv.* on the tips of toes. पैर की अँगुलियों के अग्रभाग पर।

Tip-top–टिप्'-टॉप्–*n. & adj.* the highest degree. सबसे उत्तम अवस्था, अत्युत्तम।

Tir–टिअर्–*n.* a place for shooting. निशानेबाज़ी करने का स्थान।

Tirade–टि'-रेड्–*n.* a declamatory speech of censure. निन्दा वचन, निन्दा पूर्ण वाक्य।

Tire–टायर्–*n.* a head-dress, attire, furniture, a hoop of iron attached round a wheel. मुकुट (मुरेठा), वस्त्र, सामग्री, पहिये की हाल; *v. t. & i.* to adorn, to attire, to make or grow weary, to place tire on a wheel. सुसज्जित करना, सँवारना, सजाना, थकना या थकाना, पहिये पर हाल चढ़ाना; **Tired** (-ड्) *adj.* weary. थका हुआ; **Tiredness** (-नेस्) *n.* weariness. थकावट; **Tiresome** (-सम्) *adj.* exhausting, fatiguing. कष्टकारक, थकानेवाला; **Tiresomeness** (-नेस्) *n.* the quality of being fatiguing. थकावट; **Tirewoman** (a female head-dresser.) बाल गूँथनेवाली स्त्री; **Tiring-room** (a place where players dress for the stage.) शृंगारगृह।

Tirl–टिर्ल्–*v. t.* to twist. ऐंठना; *n.* a twist. ऐंठन।

Tiro, Tyro–टाइ'-रो–*n.* a novice, a beginner. नवसिखुआ।

T-iron–टी'-आइ-अर्न्–*n.* an iron bar in the form of a T. टी (T) अक्षर के आकार का लोहा।

Tirwit–टिर्'-विट्–*n.* a lapwing. एक प्रकार का पक्षी (टिटिहिरी)।

'tis–टिज़्–contraction of 'it is' 'इट इज़्' का छोटा रूप।

Tissue–टिश्'-यू–*n.* a fabric formed of cells, fine woven cloth, set,

interwoven series. रचना, महीन वस्त्र, क्रम, जाल ; *v. t.* to interweave, to variegate. गूँथना, रंग बिरंग का करना; **Tissue-paper** (thin soft paper.) पतला कागज़ ।

Tit–टिट्–*n.* a small bird, a kind of small horse. छोटी चिड़िया, एक प्रकार का छोटा घोड़ा, टट्टू ; **Tit for tat** (an equivalent in return, retaliation.) जैसे को तैसा, अदले का बदला

Titan–टाइ'-टॅन्–*adj.* & *n.* a person of superhuman strength and intellect. दानव, दैत्य ; **Titaness** (-ऍस्) *n. fem.* female Titan. दानवी, डाइन; **Titanic** (-इक्) *adj.* pertaining to a Titan. दैत्य सम्बन्धी ।

Tit-bit–टिट्'-बिट्–*n.* a delicate bit, a small piece. स्वादिष्ट खण्ड, छोटा टुकड़ा

Tithe–टाइथ्–*n.* the tenth part of anything, a small part. दसवाँ भाग, थोड़ा अंश ; *v. t.* to pay the tenth part. दसवाँ भाग देना; **Tithing** (टाइ'-थिङ्ग) *n.* taking of the tithe. दसवाँ भाग लेना ।

Titillate–टिट्'-इल्-लेट्–*v.t.* to tickle. गुदगुदाना; **Titillation** (-ले'-शॉन्) *n.* the act of titillating, the state of being titillated, a pleasant feeling. गुदगुदाहट, सुरसुराहट ।

Titivate–टिट्'-टि-वेट्–*v. t.* to make attractive. रोचक बनाना ।

Title–टाइ'-ट्ल्–*n.* the distinguishing inscription put over anything, an appellation of honour, right to ownership, a name. नामलेख, पदवी, लक्षण, अधिकार, नाम; **Titled** (-ड्) *adj.* having a title. अधिकार सहित ; **Title deed** (a legal instrument as evidence of right.) आगम पत्र, कबाला ; **Title page** (the beginning page of a book.) पुस्तक का मुखपृष्ठ ।

Titling–टाइट्'-लिङ्ग्–*n.* impressing of title on the back of a book. पुस्तक के पुट्ठे पर इसके नाम का ठप्पा करना

Titmouse–टिट्'-माउस्–*n.* (*pl.* **Titmice**) a small perching bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया, फुदकी ।

Titration–टाइ-ट्रे'-शॉन्–*n.* a chemical analysis. रासायनिक विवेचन ।

Titter–टिट्'-टर्–*n.* restrained laugh. ठट्ठा, दबी हँसी ; *v. i.* to giggle, to laugh slightly. ठट्ठा करना, हँसी उड़ाना ।

Tittle–टिट्'-ट्ल्–*n.* a small particle, a whit. अणु (लव, बिन्दुमात्र), थोड़ा सा; *v. t.* to prate, to chatter. गपशप करना, बकवाद करना ; **Tittle-tattle** (a trifling talk, empty gossip.) वृथा बकवाद, गपशप ।

Tittup – टिट्'-अप् – *v. i.* to move along. आगे बढ़ना ।

Titubation – टिट्'-यु-बे'-शॉन् – *n.* uneasiness caused by nervous irritation. नाड़ियों से उत्पन्न व्याकुलता ।

Titular–टिट्'-यु-लॅर्– *adj.* nominal, existing in name only. केवल नाम मात्र का ; **Titularity** (-लॅर्'-रि-टी) *n.* the state of being nominal. नाममात्र सम्बन्धी ; **Titularly** (-ली) *adv.* in a nominal way. नाम मात्र से ; **Titulary** (-ई) *adj.* consisting of a title. नाम मात्र सम्बन्धी ।

Tivy – टिव्'-ई – *adv.* with great

speed. बड़े वेग से ।

Tizzy–टिज़्'-ज़ी– *n.* a sixpence. छः पेंन्स् का सिक्का ।

To–टु–*prep.* in the direction of, towards an object, till, opposed to, regarding, after. ओर, तक, पर्यन्त, निकट, लिये, सामने, विषय में ; **As to** (as regards.) विषय के ; **Face to face**. सन्मुख ; **Hand to hand**. हाथो हाथ ; **Ten to one** (almost.) प्रायः ; **To a man** (completely.) निःशेष, एक एक आदमी तक ; **To and fro** (backwards and forwards.) आगे पीछे; **To my mind** (as I think.) मेरे मन में ; **To no purpose** (useless, vain.) निष्फल, व्यर्थ ; **Took to wife** (married her.) उससे विवाह किया ; **To the face** (in the presence of.) सन्मुख, सामने ; **Up to** (till.) तक, पर्यन्त ।

Toad–टोड्–*n.* a reptile-like frog. एक प्रकार का मेढक ; **Toad-eater** (a sycophant.) चापलूस, खुशामदी; **Toadlet** (-लेंट्) *n.* a small toad. छोटा मेढक; **Toadstool** (a kind of fungus.) कुकुरमुत्ता ; **Toad-stone** (variety of dolerite.) जहरमोहरा ।

Toady–टोड्'-ई–*n.* sycophant. चापलूसी करनेवाला ; **Toadyism** (-इज़्म्) *n.* sycophancy. चापलूसी ।

Toast–टो'-अस्ट्–*n.* bread baked and browned on open fire, a person whose health is drunk. अङ्गारे पर सेकी हुई रोटी, जिसके अरोग्य के लिये मदिरा पी जावे ; *v. t.* to cook before fire, to drink to the health or honour of. भूनना (सेंकना), किसी के आरोग्य या मान के लिये मदिरा पीना ; **Toaster** (-अर्) *n.* one who toasts. भूननेवाला; **Toast-master** (one who announces toasts at dinner.) भोजन के समय आरोग्यसूचक मदिरा पान की घोषणा करनेवाला ।

Tobacco–टो-बॅक्-को– *n.* (*pl.* **Tobaccos**.) a plant with narcotic leaves used for smoking or chewing. तमाखू , सुरती ; **Tobacconist** (-निस्ट्) *n.* one who sells tobacco. तमाखू बेचनेवाला; **Tobacco-pipe** (a pipe used for smoking tobacco.) तमाखू पीने की नली (गाँरैया) ; **Tobacco-pouch** (a small bag for keeping tobacco.) तमाखू रखने की थैली ।

Toboggan–टो-बॉग्'-ऑन्–*n.* a sledge used on snow. बरफ़ पर चलने की टिकठी; **Tobogganer** (-अर्) *n.* one who walks on a toboggan. ऐसी टिकठी पर चलनेवाला ।

Toby–टो'-बी–*n.* a mug in the shape of an old man wearing three cornered hat. मनुष्य के आकार की सुराही ; **Tobyman** (a highwayman.) लुटेरा ।

Tocher – टॉच्'-अर् – *n.* property received by a bride on her marriage. dowry, दहेज । ।

Toco–टो'-को–*n.* punishment. दण्ड, सज़ा ।

Tocsin–टॉक्'-सिन्–*n.* an alarm-bell. जगाने की घंटी ।

Tod– टॉड्– *n.* weight of wool of about 28 lbs., a fox. २८ पाउन्ड वज़न का ऊन, लोमड़ी ।

To-day–टु-डे'-*n.* & *adv.* this day, on this day. आज के दिन ।

Toddle–टॉड्'-इल्–*v. i.* & *t.* to walk with tottering steps, to walk leisurely. लड़खड़ाते हुए चलना, टहलना; *n.* a leisurely walk. टहलान ; **Toddler** (-इलर्) लड़खड़ाकर चलनेवाला ।

Toddy–टॉड्'-डी–*n.* juice drawn from some kinds of palms, sweetened drink of spirits and water. ताड़ी, शर्बत मिली हुई मदिरा ।

Toe–टो–*n.* a digit of the foot, the forepart of hoof. पैर की अंगुली, खुर का अगला भाग ; *v. t.* & *i.* to furnish with toes. अँगुलियाँ लगाना ; **From top to toe** (from head to feet.) सिर से पैर तक; **Toeless** (-लैस्) *adj.* बिना पैर की अंगुलियों का ; **Toe-nail** पैर की अंगुली का नख ; **To tread on one's toes** (to wound one's feelings.) किसी के मन को दुखी करना ।

Toff– टॉफ्– *n.* a well-dressed person. ठाट बाट का मनुष्य, बाँका, छैला ।

Toffee–टॉफ्'-ई–*n.* a kind of sweetmeat. एक प्रकार की मिठाई ।

Toft–टॉफ्ट–*n.* a dwelling-place. रहने का स्थान ।

Toga–टो'-गा–*n.* a loose outer garment. लबादा, चोगा; **Togated** (-टेड्) *adj.* wearing a toga. चोगा पहिरे हुए ।

Together–टु-गेद्'-दर्–*adv.* in company with, in the same time or place, simultaneously, in union with. एक साथ, एक ही समय या स्थान में, साथ साथ, मिलकर; **Together with** (in company with.) साथ, भी ।

Toggery– टॉग्'-गर्-ई– *n.* garments, clothes. वस्त्र, पोशाक, कपड़ा ।

Toggle–टॉग्'-गल्– *n.* a pin inserted through the eye of a rope for keeping it in place. रस्से के फन्दे में लगी हुई खूँटी ।



Toggle.

Toil–टॉयल्– *n.* hard labour, drudgery, a snare. कठोर परिश्रम, कष्ट, फन्दा (जाल) ; *v. i.* to labour. परिश्रम करना ; **Toiler** (-अर्) *n.* one who toils. परिश्रम करनेवाला ।

Toils–टॉयल्ज़–*n. pl.* a net or snare. जाल (पशु फँसाने की) ।

Toilet, Toilette–टॉयल्'-एट्– *n.* the mode of dressing or arranging the hair &c., a room for dressing. शृङ्गार करने की रीति, शृङ्गार करने का कमरा ; **Toilet-cover** (a cover for the dressing table.) शृङ्गार के टेबुल पर का ओढ़ना ; **Toilet-glass** (a mirror used in toilet.) शृङ्गार करने का दर्पण ; **Toilet-soap** (soap used in toilet.) शृङ्गार करने के उपयोग का साबुन ।

Toilsome–टॉयल्'-सम्-*adj.* laborious. परिश्रमी ; **Toilsomely** (-ली) *adv.* laboriously. परिश्रम सहित ; **Toilsomeness** (-नैस्) *n.* परिश्रम ।

Toilworn – टॉयल्'-वोर्न्'– *adj.* worn out with toiling. परिश्रम से थका हुआ ।

Tokay– टो-के'– *n.* a kind of aromatic wine. एक प्रकार की सुगन्धित मदिरा ।

Token – टोक्'-ऍन् – *n.* sign, mark, symbol, memorial of affection, keepsake. चिह्न, सङ्केत, लक्षण, स्मारक, यादगार ; **Tokened** (-ड्) *adj.* with marks. चिह्नयुक्त ।

Told–टोल्ड्–*p. t.* & *p. p.* of **Tell**.

Toledo–टॉ-ली'-डो–*n.* fine blade of a sword. तलवार की तेज़ धार ।

Tolerable – टॉल्' - अर्-ऑ-ब्ल् – *adj.* sufferable, endurable, moderately good. सहनयोग्य, सामान्यरूप से अच्छा, कामचलाऊ ; **Tolerableness** (-नैस्) *n.* कामचलाऊपन ; **Tolerably** (-ब्ली) *adv.* सामान्यरूप से

Tolerance – टॉल्'-अर्-ऑन्स् – *n.* the power of tolerating. सहन, क्षमा ।

Tolerant–टॉल्'-अर्-ऑन्ट्–*adj.* enduring, favouring toleration. सहनशील, क्षमावान् ; **Tolerantly** (-ली) *adv.* with toleration. सहनशीलता से ।

Tolerate–टॉल्'-अर्-एट्' – *v. t.* to endure, to suffer, to allow by not preventing. सहन करना, होने देना ;

Toleration–टॉल्-अर्-ए'-शॉन्–*n.* forbearance, recognition of personal rights in matters of religion. सहन (क्षमा), धार्मिक विषयों में व्यक्तिगत स्वतन्त्रता ।

Toll–टोल्–*n.* a tax or duty levied for some privilege, the solemn sound of a bell. मार्ग का कर, घण्टे का गम्भीर शब्द ; *v. i.* & *t.* to take or pay toll, to cause bell to ring uniformly. कर देना या लेना, निरन्तर घण्टी बजाना ; **Tollable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* कर लगने योग्य ; **Toll-bar** (the gate or bar used for stopping passage without paying toll.) बिना कर दिये जानेवालों को रोकने का फाटक ; **Toll-collector** (a toll-gatherer.) कर इकट्ठा करनेवाला ; **Toller** (-अर्) चुंगी लेनेवाला ; **Toll-house** चुङ्गीघर ।

Tolu – टॉ-ल्यू' – *n.* a kind of resin. एक प्रकार की राल ।

Tom – टॉम् – *n.* *abbr.* of **Thomas**, a male animal. 'टॉमस्' का छोटा रूप, नरपशु ; *v. i.* to act in a foolish manner. मूर्खवत् व्यवहार करना; **Long Tom** (a kind of long gun.) एक प्रकार की लम्बी बन्दूक ; **Tom boy** (a romping girl.) घुमक्कड़ छोकड़ी ; **Tom cat** (full grown male cat.) जवान नर बिल्ली; **Tomfool** (a great fool.) बड़ा मूर्ख ।

Tomahawk–टॉम्'-ऑ-हॉक्–*n.* a war-axe. कुल्हाड़ी, गणासा ।

Tomato–टो-मा'-टो–*n.* (*pl.* **Tomatoes**.) a plant with edible fruit. विलायती बैंगन ।

Tomb – टूम् – *n.* a grave, a sepulchral monument. समाधिस्थान, क़ब्र, चैत्य ; *v. t.* to enclose in a tomb. क़ब्र में गाड़ना; **The tomb** (death.) मृत्यु ।

Tombac–टॉम्'-बैक् – *n.* an alloy of copper and zinc. जस्ते और ताँबे का एक मिश्र धातु ।

Tombed–टूम्ड्–*adj.* deposited in a tomb. क़ब्र में रक्खा हुआ ।

Tombless–टूम्'-लेस् – *adj.* without a tomb. बिना चैत्य का, बिना क़ब्र का ।

Tomboy–टॉम्'-बॉय्–*n.* see **Tom**.

Tombstone–टूम्'-स्टोन्–*n.* a monu-

mental stone placed over a grave. चैत्य, क़ब्र के ऊपर लगा हुआ पत्थर ।

Tome-टोम् - *n.* a large volume of a book. बड़ा ग्रन्थ ; **Tomelet** (-लेंट्) *n.* a little volume. छोटा ग्रन्थ ।

Tomfool-टॉम्'-फ़ूल्-*n.* a great fool. बड़ा मूर्ख ।

Tommy-टॉम्'-मी-*n.* (*pl.* **Tommies**.) a private soldier in the British army, a kind of wrench. अंग्रेज़ी सेना का अवैतनिक सिपाही, एक प्रकार का हथकल ; **Tommyrot** (nonsense.) मूर्खता की वार्ता ; **Tommy-shop** (a baker's shop.) नानबाई की दूकान ।

Tomnoddy-टाम्-नाड्'-डी-*n.* a dolt. मूर्ख, लठ ।

Tomorrow-टो-मॉर्'-रो - *n.* & *adv.* the day after the present day, on the following day. कल, आगामी दिन; **Day after tomorrow**. परसों (आनेवाला) ; **Tomorrow week** (a week after this date.) आज से आठवें दिन ।

Tompion-टॉम्'-पि-ऑन्-*n.* the stopper of a gun. तोप का डट्टा ।

Tomtit - टॉम्' - टिट् - *n.* a kind of small bird, a titmouse. फुदकी, एक प्रकार का चूहा ।

Tomtom-टॉम्'-टॉम् - *n.* an Indian drum. नगाड़ा, डफला ।

Ton-टन् - *n.* a measure of capacity weighing 20 cwt., a prevailing fashion. २८ मन की तौल, चलती रीति ।

Tone - टोन् - *n.* a musical sound, note, accent, modulation of voice, state of health, prevailing sentiments, effect of light and shade in a picture. स्वर, ध्वनि, शब्द, चेष्टा, स्वास्थ्य, भाव, चित्र में प्रकाश तथा अन्धकार का दिखाव ; *v. t.* & *i.* to utter with an affected tone, to tune a musical instrument, to harmonize. स्वर बदलकर बोलना, सुर मिलाना, मृदु करना; **Long tone**. तान ; **To tone down** (to soften colour.) रंग हलका करना ; **To tone up** (to give higher tone.) सुर बढ़ाना ।

Toneless-टोन्'-लेस्-*adj.* unmusical. बिना सुर का ।

Tonga-टोङ्'-गाँ-*n.* a two-wheeled Indian carriage. टांगा ।

Tongs-टॉङ्ज़-*n. pl.* an instrument for grasping and holding. कङ्कमुख, सड़सी, चिमटा ; **Fire tongs** (tongs for handling live embers.) चिमटा ।

Tongue - टङ्ग् - *n.* the muscular organ in the mouth which serves the purpose of taste, swallowing &c., the organ of speech, speech, mode of speaking. जिह्वा, बोली, वाणी, भाषा, बोलने की रीति; *v.t.&i.* to scold, to modify the sound by means of tongue. गाली देना, जीभ से शब्द बढ़ाना या घटाना ; **Hold your tongue** (be silent.) चुप रहो; **Mother-tongue** (a person's native tongue.) मातृभाषा; **Tongueless** (-लेंस) *adj.* having no tongue. बिना जीभ का ; **Tongue-tied** (obstruction in speech.) बोलने की रुकावट ।

Tonic–टॉन्'-इक् – *adj.* & *n.* invigorating, increasing strength, a medicine that gives vigour to the system. बलवर्धक, शक्तिप्रद, बलकारक औषधि ।

Tonicity–टॉ'-निस्'-इ-टी-*n.* elasticity of muscles. पेशियों का लचीलापन ।

Tonight – टो-नाइट' – *adv.* & *n.* the present night, on the night of to-day. आज की रात, आज रात में ।

Tonite – टॉन्'-आइट – *n.* a powerful explosive. आग भभकानेवाला एक पदार्थ ।

Tonk–टॉङ्क्–*v. t.* to hit hard. कसकर मारना ।

Tonnage–टन्'-नेंज्-*n.* the nominal capacity of a ship, import duty on ships. जहाज़ की तौल, जहाज़ से आने वाले माल का महसूल ।

Tonneau–टॉ'-नो–*n.* part of some motor cars that contains the back seats. मोटर गाड़ी का पिछला भाग जहाँ बैठने की गद्दी लगी रहती है ।

Tonsil–टॉन्'-सिल–*n.* one of the two glandular organs in the throat. गले में की दोनों ओर की गिल्टी ।

Tonsile–टॉन्'-साइल– *adj.* that may be clipped. कतरने योग्य ।

Tonsilitic – टॉन्'-सिल्-लिट्'-इक् – *adj.* pertaining to tonsils. गले की गिलटियों का ।

Tonsilitis – टॉन्'-सिल्-लाइ'–टिस् – *n.* inflammation of tonsils. गले की गिलटियों की सूजन ।

Tonsorial–टॉन्-सोर्'-इ-ऑल्–*adj* pertaining to a barber. नापित सम्बन्धी, हज्जाम के कार्य सम्बन्धी ।

Tonsure – टॉन्'-शूर् – *n.* the rite of shaving the head. चूड़ा संस्कार, मुण्डन ; *v.t.* to shave the head. सिर मूड़ना; **Tonsure ceremony** (ceremony of tonsuring.) चौल संस्कार ।

Tony–टो'-नी–*n.* a simpleton, a fool. मतिमन्द, मूर्ख ।

Too – टू – *adv.* more than enough, over and above, moreover, likewise. अति, तथापि, अत्यन्त, बहुत ; *adj.* intolerable. असह्य ।

Took–टुक्–*p. t.* of **Take**.

Tool – टूल – *n.* an implement for mechanical operations, a thing used for a purpose, an instrument. उपकरण, हथियार, साधन, किसी निमित्त प्रयोग में आनेवाला मनुष्य या पदार्थ; *v. t.* & *i.* to work with a tool. हथियार से काम करना ।

Tooler–टूल'-अर्–*n.* a stonemason's chisel. संगतराश की टाँकी ।

Tooling–टूल'-इङ्ग्-*n.* workmanship performed with a tool. हथियार से की हुई कला ।

Toon – टून् – *n.* a kind of Indian tree. तुन का वृक्ष ।

Toot–टूट–*v. i.* to produce a harsh sound. कर्कश शब्द करना ; *n.* the sound of a horn. तुरही इत्यादि का कर्कश शब्द ।

Tooth–टूथ् – *n.* (*pl.* **Teeth**.) the hard substance growing in jaws of animals used for chewing food, a pointed thing. दशन, दाँत, दाँता ; *v. t.* to furnish with teeth, to indent. दाँत लगाना, दाँतेदार करना ; **In the teeth of** (inspite of opposition.) विरोध रहते हुए ; **To struggle**

tooth and nail (to fight by all means or with the utmost effort.) पूरे प्रयत्न से लड़ना ; **To the teeth** (in opposition.) विरोध में ।

Toothache–टूथ्'-एक्-*n.* pain in the teeth. दाँतों की पीड़ा ।

Toothbrush–टूथ्'-ब्रश्–*n.* a brush for cleaning teeth. दतुअन, दाँत धोने की कूंची ।

Toothed–टूथ्ड्–*adj.* having teeth. दाँतेदार ।

Toothful(some)–टूथ्'-फुल्-(सम्) –*adjs.* palatable. स्वादिष्ट; **Toothless** (-लेस्) *adj.* बिना दाँत का ।

Toothpick(-er)टूथ्'-पिक्-(अर्)–*ns.* an instrument for cleaning teeth. दाँत खोदनी; **Tooth powder** (-पाउडर्) *n.* powder for cleaning teeth. दन्त मञ्जन ।

Toothy–टूथ्'-ई–*adj.* having teeth. दाँतेदार ।

Tootle–टू'-टल्–*v. t.* to play on the flute. बाँसुरी बजाना ।

Top – टॉप् – *n.* the highest point, upper side, summit, the highest rank, children's toy for spinning. शिखर, मस्तक, चोटी, उच्चपद, लड़कों के खेलने का लट्टू ; *v. t.* & *i.* (*p. t.* **Topped**.) to provide with cap, to reach the highest point. ढँकना लगाना, शिखर पर पहुंचना ; *adj.* (*sup.* **Topmost**.) high in position or degree. मुख्य, श्रेष्ठ ; **At the top of one's voice** (crying loudly.) गरजकर, चिल्लाकर; **From top to toe** (from top to bottom.) ऊपर से नीचे तक ; **On top** (above.) ऊपर; **Top-boots** *n. pl.* घुटने तक का जूता ; **Top-coat** *n.* कपड़े के ऊपर पहिरने का लबादा ।

Topaz–टो'-पीज़् – *n.* a kind of gem. पुष्पराग, पोखराज ।

Tope–टोप्–*n.* a Buddhist mound or monument, a kind of shark. स्तूप, एक प्रकार की मछली ; *v. i.* to drink to excess. अधिक मदिरा पीना ; **Toper** (-अर्) *n.* one who drinks to excess. अधिक मदिरा पीनेवाला ।

Topful – टॉप्'-फुल् – *adj.* full to the brim. किनारे तक भरा हुआ ।

Top-gallant – टॉप् - गॅल्-लॅन्ट् – *adj.* highest, splendid. बहुत ऊँचा, अत्युत्तम ।

Tophet–टा'-फ़ेट्–*n.* hell. नरक ।

Topiary–टो'-पि-ऑ-री – *adj.* pertaining to the art of clipping or cutting shrubs in fanciful shapes. झाड़ियों को सुन्दर आकृतियों में काटने की कला ।

Topic – टॉप्'-इक् – *n.* a subject of conversation, theme, subject of popular interest. विषय, प्रकरण, प्रचलित बातें ; **Topical** (-ऑल्) *adj.* pertaining to a discourse, local. प्रकरण सम्बन्धी, स्थानीय ; **Topically** (-ऑल्-लि) *adv.* locally. स्थानीयता से ।

Top-knot–टॉप्'-नॉट्–*n.* the crest on the top of the head. मस्तक पर की शिखा (जूड़ा) ।

Topless–टॉप्'-लेस् – *adj.* having no top. बिना चोटी का ।

Topmost–टॉप्'-मोस्ट्-*adj.* uppermost, highest. सबसे ऊपर का ।

Topographer – टो-पॉग्'-रॉ-फ़र् – *n.* a map-maker. नकशा बनानेवाला।

Topographic–टॉप्-ओ-ग्रॅफ्'-इक्-**Topographical** (-इ-कॅल्) *adjs.* descriptive of a place. किसी स्थान के वर्णन सम्बन्धी ; **Topographically** (-ऑल्-लि) *adv.* in a topographical manner. इस रीति से ।

Topography– टो-पॉग्'-रॅ-फ़ी– *n.* the detailed description on a map. किसी स्थान का नकशे में विवरण युक्त वर्णन

Topology – टो-पॉल्'-ऑ-जी – *n.* the association of things as an aid to memory. स्मरण रखने का साधन ।

Toponymy – टॉप्'-ऑ-निम्'-ई – *n.* a study of names of places. स्थानों के नाम का अध्ययन ।

Topple–टॉप्'-पल्–*v. i.* & *t.* to totter and fall down. लुड़क कर गिर पड़ना, गिरा देना ।

Topsyturvy–टॉप्'-सी-टर्'-वी–*n.*, *adj.* & *adv.* upside down, in a state of confusion. विपर्यस्त, उलटा पुलटा, विप्लव से; *v.t.* to turn upside down. उलट पुलट करना ।

Toque–टोक्– *n.* a kind of head-dress for women. मेमों की एक प्रकार की टोपी ।

Torch–टॉर्च्–*n.* a light carried in the hand. (पलीता), मसाल; **Electric torch** (a portable electric lamp in the form of a stick.) बिजली की बत्ती ; **Torch bearer** (one who carries a torch.) मसालची ।

Torchon– टॉर्'-शॉन्– *n.* a kind of narrow lace. एक प्रकार की पतली लेस या फ़ीता ।

Tore–टोर्–*p. t.* of Tear.

Torment - टॉर्'-मेंन्ट – *n.* extreme bodily or mental pain. सन्ताप, पीड़ा, यातना, बड़ा दुःख ; *v. t.* (-मेंन्ट्') to put to severe pain. अत्यन्त दुःख या पीड़ा देना, सताना ; **Tormenting** (-इङ्ग्) *adj.* causing annoyance. सन्ताप देनेवाला ; **Tormentor** (-ऑर्) *n.* one who or that which torments. सन्तापक, अधिक दुःख देनेवाला ; **Tormentress** (-रॅस) *n. fem.* a female tormentor. सन्ताप देनेवाली स्त्री ।

Tormina–टॉर्'-मि-नी–*n.* a colic pain in the bowels. उदर का शूल ।

Torn–टॉर्न्–*p. p.* of Tear.

Tornado– टॉर्-नी'-डो– *n.* (*pl.* Tornadoes.) a violent storm, a hurricane, tempest. पूर्ण वायु, भ्रमर वायु, तेज़ आँधी ।

Torose, Torous–टॉर्'-ओस् (-अस) *adj.* swelling in knobs. गाँठों में उभड़ा हुआ ।

Torpedo–टॉर्-पी'-डो–*n.* (*pl.* Torpedoes.) the crampfish, a submarine weapon in the form of a cigar designed for blowing up a ship. एक प्रकार की मछली, जहाजों की पेंदी तोड़ने का गोला ; *v. t.* to destroy with torpedoes. इस शस्त्र द्वारा जहाजों को नष्ट करना ; **Torpedo-boat** (a ship for discharging torpedoes.) पेंदी तोड़ने का गोला फेंकनेवाला जहाज़ ।

Torpent– टॉर्'-पेंन्ट्– *adj.* having no activity, benumbed. गति शून्य, मन्द, (जड़) ।

Torpid – टॉर्'-पिड् – *adj.* sluggish, dull, inactive. चेतना शून्य, मन्द, जड़;

n. an eight-oared boat. आठ डाँड़े की नाव; **Torpidity** (-इ-टी) *n.* inactivity, stupidity. मन्दता (जड़ता), चैतन्यता का अभाव ; **Torpidly** (-ली) *adv.* मन्दता से ; **Torpidness** (-नैस्) *n.* मन्दता।

Torpor–टॉर्ʹ-पॉर्–*n.* dullness, laziness, inactivity. मन्दता, जड़ता, सुस्ती; **Torporific** (-इफ़्ʹ-इक़) *adj.* producing torpor. मन्दता लानेवाली।

Torquated–टॉर्ʹ-क्वेट्-ऍड्–*adj.* having a ring round the neck. गर्दन पर बाल (चक्र) वाला।

Torque – टॉर्क् – *n.* a necklace of twisted gold wires. सोने के ऍंठे तारों का बना हुआ कण्ठा।

Torrefaction–टॉर्-रें-फ़ॅक्ʹ-शॉन्–*n.* a process of drying. सुखाने की एक क्रिया

Torrefy–टॉर्ʹ-रें-फ़ाइ–*v.t.* (*p. t.* Torrefied) to dry by fire, to parch. आग से सुखाना, भूनना।

Torrent – टॉर्-रॅन्ट – *n.* a violent rushing stream, a violent flow of anything. जल प्रवाह, स्रोत, वेग की धारा ; **Torrential** (- रॅन्ʹ- शॉल) *adj.* caused by torrents. जल प्रवाह सम्बन्धी ; **Torrentially** (-ली) *adv.* in a torrent. धारा प्रवाह में ; **Torrents** (-स्) *n.* a heavy pouring of rain. मूसलाधार वृष्टि, धारासार वृष्टि।

Torrid– टॉर्ʹ-रिड्- *adj.* parched by the heat of the sun, very hot. सूर्य के किरणों से सूखा हुआ, ऊष्ण ; **Torridness** (-नॅस्) *n.* the state of being very hot. अति ऊष्ण होने की स्थिति ; **Torrid zone** (the zone of the earth between the tropics.) भूमध्य रेखा के पास का अत्युष्ण प्रदेश का पट्टा, उष्ण कटिबन्ध।

Torsel–टॉर्ʹ-सॅल्–*n.* anything twisted, a scroll. घूमी या ऍंठी हुई कोई वस्तु।

Torsion–टॉर्ʹ-शॉन्–*n.* twisting. ऍंठन या बटन ; **Torsional** (-ऑल) *adj.* ऍंठन सम्बन्धी; **Torsion-balance** (an instrument for estimating very minute force.) अति अल्प शक्ति जानने का यन्त्र ; **Torsionless** (-लॅस) *adj.* without a twist. बिना ऍंठन का।

Torso–टार्-सो–*n.* the trunk of a statue. मूर्ति की धड़।

Tort–टार्ट्–*n.* a wrong done to a person or private property. किसी व्यक्ति की शरीर या सम्पत्ति पर हानि पहुँचना

Torticollis–टॉर्ʹ-टि-कॉल्ʹ-लिस्–*n.* wry or stiff neck. गर्दन पर की गठिया।

Tortile – टॉर्ʹ-टाइल् – *adj.* twisted. ऍंठा हुआ।

Tortoise–टॉर्ʹ-टिस् (टॉयज़्)–*n.* a kind of turtle. कूर्म, कच्छप, कछुआ; **Tortoise shell** (-शॅल) *n.* the horny plate of a turtle. कछुवे की पीठ की हड्डी।

Tortious–टॉर्ʹ-शस्–*adj.* injurious. हानिकर।

Tortive–टॉर्ʹ-टिव्–*adj.* twisted. ऍंठा हुआ।

Tortuousity – टॉर्ट्-यु-ऑस्ʹ-इ-टी – *n.* wreathing. ऍंठन।

Tortuous – टॉर्ट्ʹ-यु-अस्– *adj.* winding, twisted. कुटिल, टेढ़ा, ऍंठा हुआ ; **Tortuously** (-लि) *adv.* in a twisted manner. टेढ़ेपन से ; **Tortuousness** (-नॅस्) *n.* the state of

being tortuous. कुटिलता, ऐंठन।

Torture-टॉर्'-ट्यूर् (-चर्)-*n.* extreme bodily pain, torment, mental or bodily anguish. दारुण वेदना, यातना, यन्त्रणा, बड़ा दुःख; *v. t.* to put to torture, to vex, to inflict severe pain. अत्यन्त पीड़ा देना, यातना देना, सताना; **Torturer** (-अर्) *n.* one who torments. यातना देनेवाला; **Torturingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a torturous manner. अत्यन्त पीड़ा देते हुए; **Torturous** (-अस्) *adj.* causing torture. यातना करनेवाला।

Torus-टॉर्'-अस्-*n.* the base of a column, a floral receptacle. खम्भे के नीचे की कँगनी, फूल का गर्भ।

Tory-टॉर्'-ई-*n.* one of the conservative party. राजहितैषी दल का सदस्य, राजभक्त; **Toryism** (-इज़्म्) *n.* the principles of Tories. राजभक्तों का सिद्धान्त।

Toss-टॉस्-*v. t.* & *i.* to throw with the hand, to throw up, to agitate, to cause to rise and fall, to settle dispute. फेंकना, उछालना, हिलना, डवाँडोल होना, झगड़ा तय करना; *n.* a throwing upward. ऊपर का फेंकान; **To toss off** (to do a work rapidly.) जल्दी से कोई कार्य करना।

Tot-टॉट्'-*n.* a small child. छोटा बच्चा।

Total-टो'-टॅल्-*adj.* complete, entire, comprising the whole. सम्पूर्ण, सकल, पूरा, सब; *n.* a total number or amount. सम्पूर्ण परिमाण; *v. t.* (*p. t.* **Totalled**.) to find the total of. जोड़ निकालना; **Totality** (-इ-टी) *n.* the whole amount. समष्टि, पूर्णता; **Totalize** (-आइज़्) *v.t.* to add up. जोड़ करना; **Totally** (-ली) *adv.* completely. पूर्णरूप से; **Totalness** (-नॅस्) *n.* परिपूर्णता।

Tote-टोट्-*v. t.* to carry. लेजाना; *n.* the handle of a carpenter's plane. रन्देकी मुठिया।

Totem-टो-टॅम्-*n.* a figure used as a symbol of relationship. सम्बन्ध सूचक चिह्न।

Totter-टॉट्'-टर्-*v. i.* to shake, to reel, to stagger. हिलना, विचलित होना, डगमगाना; **Totteringly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a tottering manner. डगमगाते हुए; **Tottery** (-ई) *adj.* unsteady. अस्थिर, चंचल।

Toucan-टू'-कॉन्-a kind of American bird. अमेरिका देशकी एक प्रकार की चिड़िया।

Touch-टच्-*v. t.* & *i.* to come into contact with, to apply a slight force, to reach, to mark lightly, to rouse painful feeling, to treat lightly, to interfere. स्पर्श करना, छूना, पहुँचना, अंकित करना, पीड़ा देना, तुच्छ मानना, विघ्न डालना; *n.* the act of touching, contact, sense of feeling, a stroke, test, an emotion. स्पर्श, संसर्ग, जाँच, स्पर्श ज्ञान, हृदय की भावना, पेंसिल या ब्रश से हलका चिह्न लगाना, परीक्षा, भावना; **To touch on** (to treat in a brief manner.) किसी विषय की किञ्चित् व्याख्या करना; **To touch up** (to correct.) शुद्ध करना; **Touch and go** (the least chance.) बहुत कम आशा; **Touched to the heart**

मर्म भेदी होना ; **Touch and go** *n.* mere chance. केवल आकस्मिक घटना ; **Toucher** (-अर्) *n.* केवल छूनेवाला।

Touchable–टच्'-अॅ-ब्ल्– *adj.* tangible. स्पर्श करने योग्य ; **Touchableness** (-नेस्) *n.* the state of being touchable. स्पर्श योग्यता।

Touch-hole – टच्'-होल्–*n.* the hole of a cannon by which powder is ignited. तोप का पलीता लगाने का छिद्र

Touching – टच्'-इङ्ग्–*adj.* & *prep.* pathetic, affecting, concerning. हृदय स्पर्शी (करुणात्मक), विषय में, उद्देश्य से; **Touchingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a touching manner. हृदय वेधक रूप से

Touch-stone–टच्'-स्टोन्–*n.* a stone by means of which the quality of gold is tested. कसौटी।

Touchy–टच्'-ई–*adj.* peevish, over-sensitive. चिड़चिड़ा, शीघ्र क्रुद्ध होनेवाला

Tough – टफ् – *adj.* hard to break, flexible, strong, firm, stiff, unyielding, hardy. कड़ा, चिमड़ा, पुष्ट, कठिन, दृढ़, अभेद्य ; **Toughen** (-ऍन्) *v. t.* & *i.* to make or become firm. कड़ा करना, चिमड़ा होना;**Toughish** (-इश्) *adj.* somewhat tough. कुछ चिमड़ा; **Toughly** (-ली) *adv.* चिमड़ी तरह से; **Toughness** (-नेस्) *n.* चिमड़ापन।

Toupee – टू'-पे–*n.* false lock of hair. बावरी, बनावटी बालों का गुच्छा।

Toupet – टू'-पा – *n.* the front part of false hair. बावरी का अगला भाग।

Tour – टूर् – *n.* a journey from place to place, a rambling excursion. पर्यटन (परिभ्रमण), विहार, (दौरा); *v. i.* to make a tour. भ्रमण करना, दौरा करना; **Tourist** (-इस्ट्) *n.* one who makes a tour, an excursionist. स्थानों के देखने के लिये यात्रा करनेवाला।

Tourbillion–टूर्-बिल्'-यॉन्–*n.* a kind of firework. एक प्रकार की आतशबाजी।

Tourelle – टू-रेल' – *n.* a slender tower. पतली मीनार।

Tournament–टूर्न्'-अॅ-मेन्ट–*n.* a contest of skill, a military sport. क्रीड़ायुद्ध, जङ्गी खेल, दङ्गल।

Tourney – टूर्न्'-ई–*n.* (*pl.* **Tourneys.**) a tournament. दङ्गल ; *v. i.* to take part in a tournament. दङ्गल में भाग लेना।

Tourniquet – टूर्न्'-नें-कॅट्–*n.* a surgical instrument for stopping flow of blood. रुधिर बन्द करने का एक जर्राही हथियार।

Touse–टाउज़्–*v. t.* to pull, to haul. खींचना, तानना।

Tousle–टाउ'-ज़्ल्-*v. t.* to pull about, to put into disorder. खींचना, क्रम बिगाड़ कर रखना।

Tousy – टाउ'-ज़ी – *adj.* rough, tousled. रूक्ष, रूखा, गड़बड़ किया हुआ।

Tout – टाउट् – *v. i.* to solicit customers, to inspect movement of horses while training. गाहक खोजना (दलाली करना), घोड़ों की देखभाल करना ; *n.* one who goes about in search of customers. दलाल।

Tow–टो–*v. t.* to pull boat by rope along the coast, to drag over the surface of water. पानी के तल पर नाव इत्यादि को रस्सा बाँध कर खींचना;

n. a towing, the coarse part of hemp or flax. इस प्रकार से नाव खींचना, पटुआ या सन का मोटा भाग; **Towage** (-एज्) *n*. the price paid for towing. नाव खींचने का किराया।

Toward–टों-ऑड्ड्-*adj*. docile, apt. योग्य, पढुआ।

Towards – ट्वाड्ड्स – *prep*. in the direction of, as regards, nearly, in relation to. ओर, विषय में, प्रायः, सम्बन्ध में; *adv*. near at hand. पास में, समीप।

Towel – टाउ'-ऍल् – *n*. a cloth used for wiping the body. मार्जन वस्त्र, अँगोछा, तौलिया; *v. t. & i.* to wipe with a towel. तौलिया से पोंछना; **Towel-horse** (a frame for hanging towels.) तौलिया लटकाने की अरगनी; **Towelling** (-लिङ्ग्) *n*. cloth for towels. तौलिया बनाने का कपड़ा।

Tower – टाउ'-अर् – *n*. a lofty tall structure, a place of defence, citadel, elevation. अटारी (बुर्जी, मीनार), दुर्ग, ऊँचाई; *v. i.* to soar, to reach high. ऊँचाई पर पहुँचना; **Towered** (-ड्) *adj*. adorned by towers. मीनारों से आभूषित; **Towering** (-इङ्ग्) *adj*. very high. बहुत ऊँचा, उन्नत।

Tow-line – टो'-लाइन्–*n*. a rope for dragging boat in water. नाव खीचने का रस्सा, गोन।

Town – टाउन् – *n*. a collection of houses larger than a village. पुरी, नगर, कस्बा; **Town-clerk** (one who keeps the records of a town.) नगर का लेखा रखनेवाला; **Town-crier** (the public crier of a town.) नगर का ढिंढोरा पीटने वाला; **Town-hall** (the public building of a town.) नगर का सर्वसामान्य भवन; **Town-house** (a house in a town.) नगर का घर; **Townless** (-लॅस्) *adj*. having no town. बिना नगरी का; **Townsfolk** (the inhabitants of a town.) नगरवासी लोग; **Township** (-शिप्) *n*. a district with the privileges of a town. नागरिक अधिकार का ज़िला; **Town talk** (the talk prevalent in a town.) नगरवार्ता; **Townwards** नगर की ओर।

Toxic – टॉक्स्'-इक् – *adj*. pertaining to poison. विष सम्बन्धी, विषैला; **Toxical** (-ऑल्) *adj*. like poison. विष के सदृश; **Toxicologically** (-आज्-इकु-ऑल्-लि) *adv*. विषविद्या रूप से; **Toxicologist** (-ऑज्-इस्ट्) *n*. one who is versed in toxicology. विषविद्या में निपुण; **Toxicology** (-इ-कॉल्'-आ-जी) *n*. the science of poisons. विष वर्णन की विद्या।

Toxin–टॉक्स्'-इन्–*n*. an organic poisonous substance. एक प्रकार का विष

Toxophilite–टॉक्स्-ऑफ्'-ऍ-लाइट्–*n*. a lover of archery. धनुर्विद्या का प्रेमी।

Toy–टॉय् – *n*. (*pl*. **Toys**.) a plaything, a thing for amusement, a trifle, a silly tale. खिलौना, क्रीड़ा वस्तु, तुच्छ पदार्थ, मूर्खता की कहानी; *v. i.* to amuse oneself, to trifle, क्रीड़ा करना (खेलना), तुच्छ समझना; **Toyful** (-फुल्) **Toyish** (-इश्)

adjs. full of trifles. खेलाड़ी ; **Toyishly** (-इश्-ली) *adv.* playfully. खेलवाड़ में ; **Toyishness** (-नैस्) *n.* खिलवाड़ ; **Toy-shop** (-शॉप्) *n.* a shop where toys are sold. खिलौने की दूकान ।

Trabecula - ट्रॅ-बैक्‌-यू-लॅा-*n.* a little beam. छोटी धरन ; **Trabecular** (-लॅार्) *adj.* धरन के आकार का ।

Trace–ट्रेस्-*n.* a strap or chain by which a horse pulls a vehicle, mark left, footprint, track, remains. जोत, चिह्न, पैर का चिह्न, पद पद्धति, अवशेष भाग ; *v. t.* to mark out, to sketch, to follow by the footsteps. (खोजना), आभा की सहायता से रेखा खींचना, पदचिह्न से अनुसरण करना, (पता लगाना) ; **To trace over** (to copy.) चित्र की नक़ल उतारना ।

Traceable - ट्रेस्'-ऍ-ब्ल् - *adj.* that may be traced. अनुसरण (पता लगाने) योग्य ; **Traceably** (-ऍब्-ली) *adv.* पता लगाते हुए ।

Tracer–ट्रेस्'-अर्-*n.* one who traces. अन्वेषण करनेवाला ; **Tracer bullet** *n.* bullet that leaves a line of smoke. बन्दूक की गोली जिसके छूटने पर धुवें की एक लकीर पड़जाती है ।

Tracery–ट्रेस्'-अर्-ई–*n.* a decorative pattern in stonework. पत्थर पर बेल बूटे की नक़ाशी ।

Trachea-ट्रे'-कॅ-ऑ-*n.* (*pl.* Tracheæ.) the windpipe. वायु मार्ग, कण्ठ, श्वासपथ ; **Tracheal** (-ऑल्) *adj.* वायुमार्ग सम्बन्धी ।

Trachitis-ट्री-कि'-टिस्-*n.* inflammation of the windpipe. श्वासपथ का शोथ ।

Trachoma – ट्रॅ-को'-मॅा–*n.* a disease of the eye. आँख का एक रोग जिसमें दाने पड़ जाते हैं ।

Tracing-paper–ट्रेस्'-इङ्ग्-पे'-पर्–*n.* paper made transparent with oil of turpentine, and used for tracing. अक्स् खींचने का कागज़ ।

Track–ट्रॅक्–*n.* a footstep, a beaten path, a road. पदचिह्न, मार्ग, पगडन्डी ; *v. t.* & *i.* to follow the footsteps. पदचिह्न का अनुसरण करना, **The beaten track** (beaten path.) सामान्य जीवन ; **To make tracks** (to hurry along.) भागना ।

Trackless – ट्रॅक्'-लॅस-*adj.* without track. बिना चिह्न का ; **Tracklessly** (- ली) *adv.* without leaving a track. बिना पैर का चिह्न छोड़े हुए ।

Tract – ट्रॅक्ट्–*n.* extent, region, a short treatise on a religious subject. प्रदेश,विस्तार (भूमिभाग), ग्रन्थ,गुटका ।

Tractable – ट्रॅक्ट'-ऑ-ब्ल्-*adj.* that may be easily managed, docile, pliant. सहज में प्रबन्ध करने योग्य, विनीत, वश्य, (सरल, सीधा) ; **Tractableness** (-नैस्) *ns.* वश्यता, सरलता ; **Tractably** (- ऑब्-ली) *adv.* in a tractable manner. सरलता से ।

Tractile–ट्रॅक्'-टाइल्–*adj.* capable of being drawn into wires. तार खींचने योग्य ; **Tractility** (-टिल्-इ-टी) *n.* ऐसी योग्यता ।

Tractate–ट्रॅक्'-टेट्–*n.* a treatise. ग्रन्थ

Traction – ट्रॅक्'-शॉन्–*n.* the drawing of something along a surface, contraction. खिंचाव, तनाव, सिकुड़न ; **Traction-engine** (a

steam engine to run on ordinary roads.) सड़क पर चलनेवाला भाफ का इञ्जन ; **Traction-wheel** (the driving wheel of an engine.) इञ्जन के चलाने वाली पहिया ।

Tractor–ट्रैक्'-टॉर्–*n*. an engine for drawing heavy loads, a motor-plough. भार खींचने का इञ्जन, इञ्जन से चलनेवाला हल ।

Trade–ट्रेड्–*n*. business of buying and selling, commerce, occupation, custom, person engaged in a trade. वाणिज्य कर्म, व्यापार, व्यवसाय, (लेनदेन) व्यवहार, व्यापार करनेवाला मनुष्य ; *v. i.* & *t.* to buy or sell, to carry on commerce, to traffic. व्यापार करना, लेन देन का काम करना, बदलना ; **Home trade** (trade carried on within a country.) देश का धन्धा ; **Jack of all trades** (one engaged in several occupations.) बहुधन्धी ।

Trade-mark–ट्रेड्'-मार्क्–*n*. a distinguishing device or word used by a manufacturer. व्यापार का विशिष्ट चिह्न ।

Trade-name–ट्रेड्'-नेंम्–*n*. a name used for purposes of trade. व्यवसायिक नाम या सङ्केत; **Trade price** *n*. जिस दामपर कोई व्यापारी फुटकर दामपर कोई वस्तु बेंचता है ।

Trader – ट्रेड्'-अर् – *n*. one engaged in commerce. व्यापारी, सौदागर ।

Trade sale–ट्रेड्'-सेंल्–*n*. an auction for a special trade. किसी व्यापार के निमित्त नीलाम ।

Trades folk–ट्रेड्स्'-फ़ोक्–*n*. people engaged in trade. व्यवसाय में लगे हुए लोग ।

Tradesman–ट्रेड्स्'-मॅन्–*n*. a shopkeeper. व्यापारी, दूकानदार ।

Trade-union – ट्रेड्'-युन्'-यॉन् – *n*. a trade union. व्यवसायिक मेल ।

Trade-wind–ट्रेड्'-विन्ड्–*n*. the wind blowing continually from the N. E. within 7° and 29° north of the equator. औंट्लॅन्टिक तथा पैसिफ़िक महासागर में नियम से बहने वाली वायु ।

Trading–ट्रेड्'-इङ्ग्–*n*. carrying on business. व्यापार, व्यवसाय ।

Tradition–ट्रॅ-डिश्'-ऑन्–*n*. an oral account handed down from ancestors to posterity. परम्परागत कथा, इतिहास, पुराण ; **Traditional** (-ऑल्), **Traditionary** (-ऑ-रि) *adjs*. communicated from father to son. परम्परा प्राप्त, साम्प्रदायिक ; **Traditionally** (-ऑल्-लि) *adv*. परम्परा से ; **Traditionist** (-इस्ट्) *n*. परम्परा का अनुयायी ।

Traditor–ट्रैड्'-इ-टॉर्–*n*. a deliverer, a traitor. छुटकारा पानेवाला, विश्वासघाती ।

Traduce–ट्रॅ-ड्यूस्'–*v. t.* to calumniate, to misrepresent, to defame. निन्दा करना, कलङ्क लगाना (दूषित करना), अपयश करना ; **Traducer** (-अर्) *n*. one who defames. कलङ्कित करनेवाला; **Traducible** (-इ-बल्) *adj*. दूषित करने योग्य ; **Traducingly** (-इङ्ग्-ली) *adv*. in a slanderous manner. निन्दा से ।

Traffic – ट्रॅफ़्'-फ़िक – *n*. commerce, trade, transportation of goods

from one place to another. व्यापार, व्यवसाय, एक स्थान से दूसरे स्थान को माल भेजना या लाना ; *v. i.* & *t.* to trade, to exchange. व्यापार करना, अदल बदल करना ।

Trafficker–ट्रै-फ़िक्'-अर–*n.* a trader. व्यापारी, व्यवसाय करनेवाला ।

Trafficless-ट्रै-फ़िक्'-लेस्–*adj.* devoid of trade. व्यवसाय रहित ।

Tragacanth – ट्रैग्'-अँ-कैन्थ् – *n.* a kind of gum used as medicine. एक प्रकार की गोंद जो औषधि की तरह प्रयोग होती है ।

Tragedian–ट्रै-जी'-डि-ॲन्-*n.* a writer or actor of tragedy. शोकान्तक (दुःखान्तक) नाटक लिखने या खेलनेवाला ।

Tragedy–ट्रैज्'-ऍ-डी–*n.* (*pl.* **Tragedies.**) a drama in prose or verse with a melancholy end, sad event, serious accident. शोकान्तक नाटक, दुर्घटना ।

Tragic, Tragical–ट्रैज्'–इक (-ॲल)–*adjs.* relating to tragedy, fatal, mournful, in the style of a tragedy. दुःखान्तक नाटक सम्बन्धी, मरणान्तक, शोकजनक, करुणारस पूर्ण ; **Tragically** (-ॲल्'-लि) *adv.* in a tragic manner. शोकजनक रूप से ; **Tragicomedy** (-इ-कॉम्'-ऍ-डि) *n.* a drama in which tragic and comic elements are mixed. हर्ष तथा दुःखपूर्ण नाटक ।

Traguline–ट्रैग्'-यू-लिन् – *adj.* goatlike. बकरे के तरह का ।

Tragus–ट्रे'-गस–*n.* the projected part at the entrance of external ear. कान की लर ।

Trail–ट्रेल्–*n.* anything drawn to length, long appendage, track left by anything moving, scent, beaten path. खिंचाव, पुछिल्ला, पैर का चिह्न, गन्ध, शिकार का गन्ध, सामान्य पथ ; *v. t.* & *i.* to draw along, to drag along the ground, to hunt by the track, to carry in a horizontal position. घसीटना, पृथ्वी पर खींचना, गन्ध के सहारे शिकार करना, बेंड़ेबल ले जाना; **Trailer** (-अर्) *n.* a vehicle drawn by another. एक गाड़ी (मोटरकार इत्यादि) से खींची जानेवाली दूसरी गाड़ी ।

Train–ट्रेन्–*v. t.* & *i.* to bring to a certain standard by teaching and practice, to discip'ine, to cause to grow in a required form, to allure or entice, to draw along, to practise, to go by train. शिक्षा देना, पढ़ाना, सिखलाना, साधना, ललचाना, खींचना, अभ्यास करना, रेलयात्रा करना; *n.* something drawn along from behind, enticement, long tail of bird, retinue, body of followers, succession of things, trailing end of dress, series of railway carriages drawn by an engine, series of wheels. ताँता, लालच, पक्षी की लम्बी पोंछ, सेवकगण, (परिपाटी) परम्परा, श्रेणी, वस्त्र का अन्त, रेलगाड़ी, पहियों का क्रम ; **Trainable** (-अँ-बल) *adj.* that may be trained. सिखलाने योग्य ; **Train-band** (a band or company of militia.) नियमबद्ध सेना ; **Train-bearer** (a person employed to hold up

train of robe.) वस्त्र का छोर पकड़नेवाला मनुष्य ; **Trained** (-इ) *adj*. instructed. शिक्षित, सिखलाया हुआ ; **Trainer** (-अर्) *n*. one who trains. सिखलानेवाला ; **Training** (-इङ्ग्) *n*. the act of educating. शिक्षा ; **Military training** सैनिक शिक्षा ; **Training school** (a school where teachers are taught the principles and practice of teaching.) अध्यापकों को पढ़ाने के सिद्धान्त इत्यादि बतलाने का पाठशाला ।

Traipse–ट्रेप्स्–*v. i.* to walk about. टहलना, घूमना ।

Trait–ट्रे–*n*. a stroke, touch, distinguishing feature. चिह्न, रेखा, स्पर्श, लक्षण ।

Traitor – ट्रे'-टार् – *n*. one who is guilty of treason, a disloyal person. विश्वासघाती, शत्रुसेवी ; **Traitor to the king** (*i.e.* disloyal.) राजद्रोही ; **Traitor to one's motherland** (treasonous to one's country.) स्वदेश घातक ।

Traitorism-ट्रे'-टार्-इज़्म्-*n*. treason, deceit. छल, विश्वासघात ।

Traitorous–ट्रे'-टार्-अस्–*adj*. perfidious guilty of treason. कपटी, विश्वासघाती; **Traitorously** (-अस्-ली) *adv*. कपट से, विश्वासघात से ; **Traitorousness** (-नेस्) *n*. कपट ।

Traitoress-ट्रे'-टॉर्-एॅस्–*n. fem*. female traitor. विश्वासघातिनी ।

Traject-ट्रॅज्-ऍक्ट – *n*. a ferry. घाट ; *v. t.* (-ऍक्ट') to throw or cast through. फेंकना, ढकेलना, आरपार करना; **Trajection** (-जॅक्'-शॉन्) *n*. a crossing. पार करने की क्रिया ; **Trajectory** (-ऑर्-ई) *n*. the path described by a projectile. धूम्रकेतु का चक्राकार मार्ग

Tralation-ट्रॅ-लें'-शॉन्-*n*. a change in the use of a word. किसी शब्द के प्रयोग का भेद ।

Tram–ट्रॅम्–(**Tram-car.**) *n*. passenger-car running on rails, a car used on a tramway, a four-wheeled car used in mines. ट्रॅम् गाड़ी, कोयला ढोने की गाड़ी ; **Tramway** (-वे) *n*. a light railway. ट्रॅम् गाड़ी ।

Trammel–ट्रॅम्'-मॅल्–*n*. a drag-net, a long net for catching birds, shackle, hook for hanging vessels on fire, a beam-compass. मछली फँसाने की जाल, चिड़ियों के पकड़ने की बड़ी जाल, आड़, रोक, एक प्रकार का परकाल; **Trammelnet** *n*. लंगर बाँधकर छोड़ी हुई जाल ; *v. t.* (*p. t.* **Trammelled.**) to catch, to confine, to hamper, to impede. पकड़ना, फँसाना, रोकना ।

Tramontana–ट्रॅ-मान्-टा'-ना–*n*. the north wind. उत्तरी वायु जो भूमध्य सागर में बहती है ।

Tramontane–ट्रॅ-मॉन्'-टेन्–*adj*. foreign, barbarous. परदेशी, जङ्गली ।

Tramp–ट्रॅम्प्–*v. i.* & *t* to walk on foot, to tread with heavy steps, to stroll. पैदल चलना, पैर पटककर चलना, टहलना ; *n*. the sound of steps, a journey on foot, a vagrant. (चरण विक्षेप) पैर का शब्द, पैदल यात्रा, भिखमङ्गा ; **Tramper** (-अर्) *n*. a stroller. भटका फिरनेवाला; **Tramp pick** (a kind of lever.) एक प्रकार

का रम्भा।

Trample–ट्रैम्'-प्ल–*v.t.&i.* to tread in contempt, to tread under foot with rapidity and force. तिरस्कार से पैर पटकना, कुचलना ; *n.* the act of treading. पैर की पटकान ; **To trample on** (to treat with contempt.) तिरस्कार पूर्वक व्यवहार करना ; **Trampler** (-अर्) *n.* one who tramples. कुचलनेवाला ; **Trampling** (-इङ्ग्) *n.* the act of treading. पैर पटकने का कार्य।

Trance–ट्रान्स्–*n.* a state of insensibility, morbid sleep, extreme exaltation, catalepsy. समाधि, अचेत अवस्था, लय, मूर्छा ; *v. t.* to place in a state of trance. अचेत करना, मूर्छित करना ; **Tranced** (-ड्) *adj.* lying in trance. समाधिस्थ।

Tranquil – ट्रैन्'-क्विल – *adj.* undisturbed, calm, serene, not agitated, peaceful. क्षोभरहित, शान्त, निश्चल, शान्तियुक्त, स्वस्थ ; **Tranquillity** (-इ-टी), **Tranquilness** (-नेस्) *ns.* freedom from disturbance, calmness. शान्ति (धैर्य, स्थिरता), अक्षोभ; **Tranquillization** (-लि-ज़े'-शॉन्) *n.* the act of tranquillizing. शान्ति, स्वस्थता; **Tranquillize** (-लाइज़) *v. t.* to compose, to quiet. आश्वासन करना, शान्त करना, धीरज देना ; **Tranquillizer** (-ज़र्) *n.* one who tranquillizes. शान्त करनेवाला ; **Tranquillizingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a way so as to quiet. शान्त करते हुए ; **Tranquilly** (-ली) *adv.* in a calm manner. शान्तिपूर्वक।

Trans – ट्रैन्स् – *pref.* signifying "across, beyond." पार, दूसरी ओर अथवा परे अर्थ का उपसर्ग।

Transact–ट्रैन्स्-ऐक्ट्'–*v. t. & i.* to perform, to do, to carry out, to conduct matters. साधन करना, कार्य करना, निबाहना, प्रबन्ध करना ; **Transaction** (-ऐक्'-शॉन्) *n.* performance of a business, commercial business, an affair. कार्य, व्यापार, आचरण (चेष्टा), प्रबन्ध ; **Transactor** (-ऑर्) *n.* one who performs a business. किसी व्यापार का करनेवाला।

Transcend–ट्रैन्-सेन्ड्' – *v. t. & i.* to be beyond the range of, to surpass, to excel. अतिक्रमण करना (ऊँचा होना), बढ़ना, श्रेष्ठ होना।

Transcendence – ट्रैन् - सेन्ड्' - एन्स् – *n.* superior excellence. श्रेष्ठता, महत्व; **Transcendency** (-ऍन्'-सी) *n.* transcendence. महत्व।

Transcendent – ट्रैन्-सेन्ड्'-एन्ट–*adj.* excellent. अति श्रेष्ठ।

Transcendental–ट्रैन्-सेन्-डेन्ट्'-ऑल-*adj.* pertaining to *a priori* knowledge, vague, obscure, surpassing others. सर्वातिरिक्त, अस्पष्ट, गुप्त, अत्युत्तम, श्रेष्ठ ; **Transcendentalism** (-इज़्म्) *n.* transcendental philosophy. सर्वातिशायी सिद्धांत ; **Transcendentally** (-ऑल-लि) *adv.* in a transcendental manner. इस सिद्धान्त के अनुसार।

Transcolate–ट्रैन्स्'-को-लेट् – *v. t.* to cause to pass through a sieve. चलनी में से छानना।

Transcontinental – ट्रैन्स्' - कॉन्-टि-

नेन्ट्'-ऑल् – *adj.* crossing a continent. महाद्वीप के पार का।

Transcribe – ट्रॅान-स्क्राइब्' – *v. t.* to write over again, to copy out in writing. प्रतिलिपि लिखना, उतारना; **Transcriber** (-अर्) *n.* a copyist. प्रतिलिपि लिखनेवाला।

Transcript – ट्रॅान्'-स्क्रिप्ट–*n.* a written copy. प्रतिलिपि, प्रतिलेख; **Transcription** (-स्क्रिप्'-शॉन्) *n.* the act of copying, a copy. प्रतिलिपि करने का कार्य, नकल, प्रतिलेखन; **Transcriptional** (-ऑल्) *adj.* pertaining to transcription. प्रतिलिपि सम्बन्धी।

Transcurrent – ट्रॉन्स्'-कर्-रेन्ट – *adj.* running crosswise. बेंड़ी ओर बहता (या चलता) हुआ।

Transept–ट्रॅान्'-सेंप्ट – *n.* the transverse part of a church in the form of a cross. गिरजाघर का बेंड़े बल का भाग।

Transfer – ट्रॅान्स् - फ़र्'– *v. t.* (*p. t.* **Transferred.**) to remove from one place to another, to make over possession of property, to convey drawings &c. from one surface to another. एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाना (स्थान बदलना), अपना अधिकार दूसरे को देना, छापना ; *n.* (-ट्रॅान्स्'-फ़र्) that which is transferred, removal from one place to another. स्थान परिवर्तन, सञ्चार; **Transferable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* negotiable. स्थानान्तर परिवर्तन करने योग्य; **Transferee** (-ई) *n.* the person to whom a transfer is made. जिसके प्रति सञ्चार (स्थान परिवर्तन) होता है; **Transference** (-ऍन्स्) *n.* the act of transferring. परिवर्तन; **Transfer paper** (a prepared paper used for transferring impressions with copying press &c.) चित्र इत्यादि को एक पत्र से दूसरे पर उतारने का कागज; **Transferrer** (-अर्) *n.* one who makes a transfer. बदली करनेवाला।

Transfiguration – ट्रॅान्स्-फ़िग्'-युरे' - शॉन्-*n.* a change of form. आकार का परिवर्तन; **Transfigure** (-फ़िग्'-यूर्) *v. t.* to change the outward form. बाहरी आकृति बदलना।

Transfix–ट्रॅान्स्-फ़िक्स्'-*v. t.* to pierce through with a pointed weapon. शस्त्र से आरपार करना, छेदना; **Transfixion** (-फ़िक्' - शॉन्) *n.* piercing through. प्रवेश, धँसाव।

Transfluent – ट्रॅान्स्'-फ्लू-ऍन्ट – *adj.* flowing through. किसी पदार्थ में से बहता हुआ; **Transflux** (-फ्लक्स्) a flowing through. प्रवाह।

Transform – ट्रॅान्स् - फ़ॉर्म्' – *v. t.* to make a change in outward appearance, character &c. आकार बदलना, बाहरी रूप में परिवर्तन करना; **Transformable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* that may be transformed. बदलने योग्य; **Transformation** (-ए'-शन्) *n.* the act of transforming, metamorphosis, change from one figure to another. रूपान्तर, परिवर्तन, विकृति; **Transformative** (-ऑ-टिव्) *adj.* having power to transform. परिवर्तन होने की शक्ति वाला; **Transformer** (-अर्) *n.* an elec-

trical instrument which changes one form of current into another. एक प्रकार की बिजली को दूसरी में बदलने का यन्त्र।

Transfuse–ट्रैंन्स-फ्यूज़्'–*v. t.* to pass from one vessel to another, to transfer blood of one animal to another. एक पात्र से दूसरे में रखना, एक प्राणी का रुधिर दूसरे प्राणी में भरना; **Transfuser** (-अर्) *n.* one who transfuses. ऐसा कार्य करनेवाला; **Transfusion** (-फ्यू'-ज़ान्) *n.* the act of transferring. एक से दूसरे में भरने का कार्य।

Transgress – ट्रैंन्स् - ग्रेस्' – *v. t.* to pass beyond limit, to infringe, to violate. उल्लंघन करना, लाँघना, नियम भंग करना; **Transgression** (-ग्रेश्'-ऑन्) *n.* offence, crime, violation of a law. अपराध, पाप, दोष, उल्लंघन, अत्याचार; **Transgressional** (-ऑल्), **Transgressive** (-इव्) *adjs.* उल्लंघन करनेवाला; **Transgressively** (-इव्-ली) *adv.* अत्याचार से; **Transgressor** (-ऑर्) *n.* a sinner. अत्याचारी, पापी, अपराधी।

Tranship – ट्रैंन् - शिप्' – *v. t.* (*p. t.* **Transhipped**) to transfer from one ship to another. एक जहाज़ से दूसरे पर रखना; **Transhipment** (-मेन्ट्) *n.* transhipping. यह क्रिया।

Transhuman– ट्रैंन्स् - ह्यू'-मन् – *adj.* more than human. अमानुषी।

Transience–see **Transient**.

Transient – ट्रैंन्'-सि ऍन्ट् – *adj.* not permanent, of short duration, not lasting, momentary, passing. अस्थिर, नश्वर, अनित्य, थोड़े काल का, चंचल; **Transience** (-ऍन्स्), **Transientness** (-नेस्) *ns.* quality of being transient. अनित्यता, चंचलता; **Transiently** (-ली) *adv.* in a transient manner. अनित्यता से।

Transilience – ट्रैंन्-सिल्'-इ-ऍन्स् – *n.* leaping from one thing to another. एक पदार्थ से दूसरे पर कूदना; **Transiliency** (-सी) *n.* a leaping across. इस प्रकार की कुदान।

Transire–ट्रैंन्-सि'-रै– *n.* a custom-house. चुङ्गीघर।

Transit – ट्रैंन्' - ज़िट् – *n.* a going through, conveyance, passage, apparent motion of heavenly bodies. संक्रमण, गमन, गति, क्रान्ति; **Transit - instrument** (a kind of telescope.) एक प्रकार की नक्षत्रों के देखने की दूरबीन।

Transition–ट्रैंन्-ज़िश्'-ऑन् – *n.* passage, change from one place to another. परिवर्तन, अवस्थान, स्थिति का अन्तर; **Transitional** (-ऑल्) *adj.* denoting transition. परिवर्तन का; **Transitionally** (-ऑल्-लि) *adv.* in a transitional manner. परिवर्तन रूप से।

Transitive-ट्रैंन्'-ज़ि-टिव् – *adj.* having the power of passing, expressive of action which passes from subject to object. अनित्य, सकर्मक; **Transitively** (-ली) *adv.* in a transitive manner. सकर्मक रूप से; **Transitiveness** (-नेस्) *n.* the quality of being

transitive. सकर्मकत्व ।

Transitorily, Transitoriness– see **Transitory**.

Transitory – ट्रॅन्स्-इ-टॉर्-ई – *adj.* continuing only for a short time, not permanent. क्षणिक, (अनित्य), क्षणभङ्गुर ; **Transitorily** (-ली) *adv.* for a short time. थोड़े समय के लिये ; **Transitoriness** (-नैस्) *n.* the state of being transitory. अनित्यता ।

Translatable– ट्रॉन्स्-लेंट्'-ॲ-ब्ल्–*adj.* that may be translated. उल्था करने योग्य ।

Translate – ट्रॅन्स्-लेंट्' – *v. t.* to express into another language, to convey to heaven without death, to transform, to cause to move from one part of the body to another. भाषान्तर में बदलना (उल्था करना) बिना मृत्यु के स्वर्ग प्राप्त करना, बदलना, शरीर के एक भाग से दूसरे भाग में ले जाना ; **Translation** (-लें'-शॉन्) *n.* version, interpretation, that which is translated. भाषान्तर, अनुवाद, उल्था ; **Translator** (-लें'-टॉर्) *n.* one who translates. उल्था या भाषान्तर करनेवाला; **Translatress** (-ट्रॅस्) *n. fem.* a female translator. भाषान्तर करनेवाली ।

Transliterate – ट्रॅन्स्-लिट्'-अर्-एट्' – *v. t.* to represent the words of one language in the characters of another. एक भाषा के लेख को दूसरी भाषा के अक्षरों में लिखना ; **Transliteration** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of transliterating. इस प्रकार की लिखावट ।

Translocate– ट्रॅन्स्-लॉ-केट्' – *v. t.* to substitute one thing for another. एक पदार्थ के स्थान में दूसरा रखना ; **Translocation** (-के'-शॉन्) *n.* substitution. परिवर्तन, अदलबदल ।

Translucence – ट्रॅन्स्-लू'-सॅन्स् – *n.* transparency. स्वच्छता ।

Translucent – ट्रॅन्स्-लू'-सॅन्ट् – *adj.* transmitting rays of light dimly, almost transparent. अर्द्ध पारदर्शक, स्वच्छ ।

Translucid-ट्रॅन्स्-लू'-सिड्-*adj.* transparent. पारदर्शक ।

Translunar–ट्रॅन्स्-ल्यू'-नॅर्– *adj.* beyond the moon. चन्द्रमा के पार का ।

Transmarine – ट्रॅन्स्-मॅ-रीन्' – *adj.* beyond the sea. समुद्र पार का ।

Transmeable– ट्रॅन्स्-मी'-ॲ-ब्ल्–*adj.* capable of being crossed. पार करने योग्य ।

Transmigrant– ट्रॅन्स्-मि'-ग्रॅन्ट्– *adj.* migrating. देशान्तर प्राप्त करनेवाला ।

Transmigrate– ट्रॅन्स्-मि-ग्रेट्' – *v. i.* to pass from one country to another, to pass in a different body. दूसरे देश में जाना, (पुनर्जन्म प्राप्त करना) दूसरी शरीर में प्रविष्ट करना ; **Transmigration** (-ग्रे'-शॉन्) *n.* the passing of the soul into another body. पुनर्जन्म ; **Transmigrator** (-ग्रे'-टॉर्) *n.* the passing from one body to another. पुनर्जन्म होनेवाला ।

Transmissibility – ट्रॅन्स्-मिस्'-सि-बिल्'-इ-टी – *n.* quality of being

transmissible. प्रेषण ।

Transmission – ट्रैन्स्-मिश्′-ऑन्– *n.* the act of transmitting. पहुँचाने या भेजने का कार्य ।

Transmissive– ट्रैन्स्-मिस्′-सिव्– *adj.* transmitted. भेजा हुआ ।

Transmit – ट्रैन्स्-मिट्′ – *v. t.* (*p. t.* **Transmitted**.) to pass through, to send from one person to another, to transfer. भेजना, पहुँचाना, एक से दूसरे को देना ।

Transmittal – ट्रैन्स्-मिट्′-टॅल् – *n.* transmission. भेजना, प्रेरणा ।

Transmitter– ट्रैन्स्-मिट्′-टर्– *n.* one who transmits. भेजनेवाला ।

Transmogrification–see **Transmogrify**.

Transmogrify–ट्रैन्स्-मॉग्′-रि-फ़ाई–*v. t.* (*p. t.* **Transmogrified**.) to transform in a surprising manner. विलक्षण रूप में बदलना; **Transmogrification** (-फ़ि-कें′-शॉन्) *n.* change. परिवर्तन ।

Transmontane–ट्रैन्स्-मॉन्ट्′-एन्-*adj.* across the mountains. पहाड़ों के पार का ।

Transmutation–ट्रैन्स्-म्यू-टें′- शॉन् – *n.* a change into another form, an act of transmuting, a change of baser metals into gold. बदल कर दूसरा आकार धारण करना, परिवर्तन की क्रिया, कीमियाँ ; **Transmutationist** (-इस्ट्) *n.* one who believes in transmutation कीमियाँ में विश्वास करनेवाला ।

Transmutability– ट्रैन्स्′-म्यू-टॅ-बिल्-इ-टी–*n.* susceptibility of being transmuted. रूप बदलने की शक्ति ।

Transmutable – ट्रैन्स्-म्यूट्′-ऑ-बल् – *adj.* capable of being changed into a different substance. भिन्न पदार्थ में बदलने की योग्यता; **Transmutably** (-ऑब्-ली) *adv.* with capacity of being transmuted. ऐसी योग्यता से ।

Transmute – ट्रैन्स्-म्यूट्′ – *v. t.* to change from one form or nature to another. प्रकृति पदार्थ या रूप बदलना ।

Transnormal– ट्रैन्स्-नार्′-मॅल्– *adj.* beyond the normal condition. सामान्य स्थिति से भिन्न ।

Transoceanic-ट्रैन्स्′-ओ-शि-ऑन्′-इक्– *adj.* across the ocean. महासागर के पार ।

Transom–ट्रैन्′-सॉम्–*n.* a piece of wood or stone fixed horizontally across a window or door. बेंड़े बल लगा हुआ खिड़की या दरवाज़े का डण्डा; **Transom-window** (a window divided by a transom.) सोहावटी से अलगाई हुई खिड़की ।

Transparancy – ट्रैन्स्-पेंअर्-एन्′-सी – *n.* the quality of being transparent. स्वच्छता, निर्मलता, किरणभेद्यता ।

Transparent – ट्रैन्स्-पेंअर्′-ऍन्ट्– *adj.* transmitting rays of light so as not to hide the view of anything which is at the back, frank, clear. पारदर्शक, किरणभेद्य, स्वच्छ, विमल ।

Transpicuous–ट्रैन्स्-पिक्′-यू-अस्-*adj.* transparent. पारदर्शक ।

Transpierce– ट्रैन्स्-पियर्स्′– *v. t.* to

pierce through. बेधना, छेदना।

Transpirable - ट्रॅन्स्-पायर्'-ऑ-ब्ल - *adj.* capable of passing through pores. छिद्रों के मार्ग से निकलने योग्य।

Transpiration-ट्रॅन्स्-पि-रे'-शॉन्-*n.* the act of transpiring. रसने की योग्यता।

Transpire-ट्रॅन्स्-पायर्'-*v. t. & i.* to emit through the excretory organs of the skin or lungs, to pass off in vapour, to exhale, to ooze out, to come to be known. त्वचा या फेफड़े से निकलना, भाफ़ उठना, हवा फेंकना, रसना, प्रसिद्ध होना, प्रचलित होना।

Transplant- ट्रॅन्स्-प्लान्ट्' - *v. t.* to remove and plant in another place. पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान में जमाना; **Transplantation** (-प्लॅन्-टे'-शॉन्) *n.* यह क्रिया; **Transplanter** (-अर्) *n.* पौधे को एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान में जमानेवाला, पौधे की रोपाई।

Transplendent-ट्रॅन्स्-प्लॅन्'-डॅन्ट्-*adj.* highly resplendent. बहुत चमकीला; **Transplendently** (-ली) *adv.* बड़े चमकीलेपन से।

Transpontine-ट्रॅन्स्-पॉन्ट्'-आइन्-*adj.* across the bridge. पुलपार।

Transport-ट्रॅन्स्-पार्ट्'-*v. t.* to carry from one place to another, to ravish with pleasure. एक देश से दूसरे देश में ले जाना, आनन्द मचाना; *n.* conveyance, vehement emotion, rapture, ecstasy. असबाब का एक स्थान से दूसरे स्थान को पहुँचाना, ढोलाई, हर्षोन्माद, आनन्द; **Transportable** (-ऑ-ब्ल) *adj.* इस प्रकार ले जाने योग्य; **Transportation** (-पॉर्-टे'-शॉन्) *n.* conveyance to another place, banishment for some offence. ढोलाई, देश (बहिष्कार) निकाल; **Transportedly** (-एड्-ली) *adv.* in a transportable manner, rapturously. आनन्द से, प्रसन्नता से; **Tranportedness** (-एड्-नॅस्) *n.* the state of rapture. आनन्द; **Transporter** (-अर्) *n.* one who transports, a travelling crane. भेजनेवाला, बोझा उठानेवाला यन्त्र।

Transporting-ट्रॅन्स्-पोर्ट्'-इङ्ग्-*adj.* ravishing with delight. आनन्द में मग्न; **Transportingly** (-ली) *adv.* अति आनन्द से।

Transposal-ट्रॅन्स्-पोज़्'-ऑल्-*n.* the act of changing places. स्थान परिवर्तन की क्रिया।

Transpose-ट्रॅन्स्-पोज़्'-*v.t.* to change the order or place of things, to put out of place, to change the natural order of things. स्थान परिवर्तन करना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना, प्राकृतिक अवस्था बदलना; **Transposer** (-अर्) *n.* स्थान परिवर्तन करनेवाला; **Transposition** (-पो-ज़िश्'-ऑन्) *n.* विनिमय, परिवर्तन, उलटफेर; **Transpositive** (-इ-टिव्) *adj.* परिवर्तन किया हुआ।

Trans-ship-ट्रॅन्स्-शिप्'-*v. t.* (*p. t.* **Trans-shipped.**) to transfer from one ship to another. एक जहाज़ से दूसरे पर ले जाना।

Transubstantiate - ट्रॅन्-सब्-स्टॅन्'-शि-एट्'-*v. t.* to change from one substance to another. द्रव्यान्तर करना, एक पदार्थ को दूसरे में बदलना; **Tran-**

substantiation (-ए'-शॉन्) *n.* a change of substance. पदार्थ परिवर्तन।

Transudation – ट्रॅन्-स्यु-डे'-शान्– *n.* the act of passing through pores. पसेव, छेदों से होकर रसने की क्रिया।

Transude–ट्रॅन्स्-यूड्'–*v. i.* to pass through pores. पसेवना, रसना, छेदों से होकर निकलना।

Transumpt–ट्रॅन्-सम्पट्'–*n.* the copy of a record. किसी लेख की प्रतिलिपि।

Transversal–ट्रॅन्स्-वर्-सॅल्–*adj.* running across. तिरछा, आड़ा, बेंड़ा; **Transversality** (-इ टी) *n.* the state of being transversal. तिरछापन, बेड़ापन; **Transversally** (-ली) *adv.* in a crosswise direction. तिरछेपन से, बेंड़ेपन से।

Transverse–ट्रॅन्स्'-वर्स्–*adj.* lying or situated in a cross direction. व्यत्यस्त, तिरछा, बेंड़ा; **Transversely** (-ली) *adv.* in a cross direction. बेड़ेपन से।

Tranter–ट्रॅन्ट्'-अर्–*n.* a pedlar. फेरीवाला, घूमकर सौदा बेंचनेवाला।

Trap–ट्रॅप्–*n.* a contrivance for catching animals, an ambush, a trick, a stratagem. फन्दा, पिंजड़ा, कूट यन्त्र, छल कपट; *v. t.* (*p. t.* **Trapped.**) to catch animals in a trap, to ornament. फन्दे में फंसाना, सजाना; **Trap-door** (a door in the floor or a roof,) कूट द्वार; **Trapper** (-पर्) *n.* one who ensnares animals. पशु पकड़नेवाला।

Trapan – ट्रॅप्-पॅन्' – *n.* a snare, stratagem. जाल, छल कपट; *v. t.* to ensnare. जाल में फँसाना, छल से पकड़ना; **Trapanner** (-नर्) *n.* one who ensnares. फन्दे में फँसानेवाला।

Trapes – ट्रेप्स् – *n.* an idle sluttish woman. मन्द फूहड़ स्त्री; *v. i.* to tramp noisily. पैर पटकना।

Trapeze – ट्रॅ-पीज़्'–*n.* a swinging horizontal bar used for gymnastic exercises. कसरत करने का झूलता हुआ डण्डा।

Trapezium – ट्रॅ-पीज़्' - इ-अम् – *n.* a plane quadrilateral, of which no two sides are parallel. अतुल्य लम्बक, विषम कोण का चतुर्भुज जिसकी केवल दो भुजा समानान्तर होती है।

Trapezoid–ट्रॅप्'-ए-ज़ॉइड्–*n.* a plane quadrilateral, of which only two sides are parallel. समलम्बक चतुर्भुज क्षेत्र जिसकी केवल दो भुजायें समानान्तर होती हैं; **Trapezoidal** (-ऑल्) *adj.* having the form of a trapezoid. ऐसी आकृति का।

Trappean – ट्रॅप्-पें-ऑन्–*adj.* of the nature of a rock. चट्टान के सदृश।

Trappiness – ट्रॅप्'-पि-नॅस् – *n.* the state of being tricky. छल कपट की अवस्था।

Trappings – ट्रॅप्'-पिङ्ग्ज़ – *n. pl.* ornamental harness for horses. घोड़े का सजावटी साज़, शृङ्गार।

Trappy – ट्रॅप्'-ई – *adj.* resembling a trap, treacherous. फन्दे के सदृश, छल युक्त।

Trash – ट्रॅश् – *n.* worthless stuff, rubbish, nonsense, a worthless person. असार पदार्थ, कूड़ा करकट, निरर्थक वार्ता, व्यर्थ पुरुष; *v. t.* to crush, to strip off leaves, to humble

कूँचना, पत्ती तोड़ना, विनीत करना; **Trashery** (- ऍ-री) *n.* rubbish. निरर्थक पदार्थ ; **Trashily** (-इ-ली) *adv.* in a trashy manner. व्यर्थ ; **Trashiness** (-इ-नैस्) *n.* the quality of being trashy. निःसारता, निरर्थकता ; **Trashy** (-ई) *adj.* worthless. असार, व्यर्थ ।

Trass - ट्रॅस् - *n.* volcanic earth used as cement. ज्वालामुखी पर्वत की मिट्टी जो सिमेन्ट की तरह प्रयोग की जाती है ।

Trauma-ट्रॉ '-मॅ-*n.* injury of body produced by wound or violence. शरीर का घाव ; **Traumatic** (-मॅट्'-इक्) *adj.* pertaining to wounds. घाव सम्बन्धी ।

Travail - ट्रॅव्'-ऍयल् - *n.* pangs of childbirth, severe toil. प्रसव वेदना, बड़ा परिश्रम ; *v. i.* to labour, to suffer pangs of childbirth. परिश्रम करना, प्रसव की पीड़ा होना ।

Trave - ट्रेव् - *n.* a wooden frame for confining a horse while shoeing. नाल बाँधते समय घोड़े को बाँधने का लकड़ी का ढाँचा ।

Travel - ट्रॅव्'-ऍल्-*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Travelled.**) to make a journey, to move from one point to another, to journey over, to wander. यात्रा करना, विचरना, देशाटन करना, घूमना ; *n.* travelling in foreign countries, range of motion. पर्यटन, यात्रा ; **Travelled** (-ड) *adj.* having made journeys, experienced. यात्रा किया हुआ, अनुभवी ; **Traveller** (-लर्) *n.* one who travels in foreign lands. पथिक, यात्री, बटोही ; **Travelling** (-लिङ्ग्) *n.* journey. प्रवास, यात्रा ; **Travelogue** (-ऑग्) *n.* an illustrated narrative of travels. यात्रा विषयक सचित्र व्याख्यान ; **Travels** (-स्) *n.* account of journey. यात्रा का वर्णन

Traverse-ट्रॅव्'-अर्स्-*adv.* crosswise. बेंड़बल ; *adj.* lying across. आड़ा, तिरछा ; *n.* anything that crosses, the gallery of a church, a platform for shifting engine from one line to another. आड़ा, गिरजाघर का गलियारा, इञ्जन को एक लाइन पर से दूसरे पर ले जाने का चबूतरा ; *v. t.* & *i.* to travel across, to wander over, to discuss, to obstruct. आरपार रखना, घूमना, शास्त्रार्थ करना, रोकना ; **Traverser** (-अर्) *n.* an appliance for turning a railway engine. रेल का इञ्जन घुमाने का यन्त्र ।

Travesty- ट्रॅव्'-ऍस्-टी - *n.* ridiculous dress. हास्यजनक वस्त्र ; *v. t.* (*p.t.* **Travestied.**) to make ridiculous, to represent in a burlesque style. उपहास का विषय बनाना हास्य लेख में दरसाना ।

Travis-ट्रॅव्'-इस्- *n.* a partition in the stalls of a stable. अस्तबल में घोड़ों के अलगाने की टट्टी ।

Trawl-ट्रॉल्-*n.* a drag-net. मछली फँसाने का जाल ; *v. i.* to fish by dragging net along the bottom. बड़े जाल द्वारा मछली फँसाना ; **Trawler** (-अर्) *n.* a fishing-vessel. मछली फँसाने का जहाज ; **Trawling** (-इङ्ग्) *n.* बड़े जाल से मछली फँसाना ।

Tray–ट्रे–*n.* a flat domestic vessel of wood or metal. छोटी छिछली थाली, तश्तरी ; **Trayful** (-फ़ल) *adj.* as much as a tray can hold. थाली भर ।

Treacherous – ट्रेच्'-अर्-अस् – *adj.* deceptive, perfidious, violating faith. कपटी, अधर्मी, (दुष्ट) विश्वासघाती ; **Treacherously** (-ली) *adv.* faithlessly. विश्वासघात से ; **Treacherousness** (-नेस) *n.* the quality of being treacherous. दुष्टता,विश्वासघात।

Treachery–ट्रेंच्'-ऍर्-ई – *n.* a breach of trust, deception. प्रतिज्ञाभङ्ग, विश्वासघात ।

Treacle–ट्री'-कल–*n.* syrup got in refining sugar, molasses. गुड़, खाँड़, जूसी ।

Tread–ट्रेड–*v. i. & t.* (*p. t.* **Trod** *p. p.* **Trodden.**) to walk on, to set one's foot on, to trample, to follow the example. चलना, पग रखना, पैर से कुचलना, अनुकरण करना; *n.* the manner of walking, gait. चलने का ढङ्ग, टाप ; **To tread away** (to trample.) पैर से कुचलना ; **To tread out** (to press out.) निचोड़ना; **To tread to death** (to kill by trampling.) पैर से कुचलकर मार डालना; **To tread under foot** (to treat with contempt.) तिरस्कार दिखलाना ; **Treader** (-अर्) *n.* one who treads. कुचलनेवाला ।

Treadle – ट्रेड्'-इल– *n.* the lever of a machine which is moved by foot. यन्त्र का पैर से चलने का भाग, पावदान; **Treadle machine** (a printing-press worked by foot.) छापे इत्यादि की कल जो (हाथ या इञ्जन से न चलाकर)पैर से चलाई जाती है; **Treadler** (-अर्) *n.* one who treadles. पैर से यन्त्र चलानेवाला ।

Treason – ट्री'-ज़न्– *n.* the offence of violating allegiance to sovereign, disloyalty. राजद्रोह, राजविरोध ; **High treason** (treason to sovereign personally.) स्वयं राजा के प्रति विश्वासघात ; **Misprision of treason** (concealment of treason.) राजद्रोह छिपाना : **Treasonable** (अॅ - ब्ल) *adj.* involving treason. राजद्रोह सम्बन्धी ; **Treasonableness** (-नेस) *n.* the quality of being treasonable. राजद्रोह ; **Treasonably** (-अॅब्'-ली) *adv.* in a treasonable manner. राजद्रोह से ।

Treasure– ट्रेज़्'-अर्– *n.* accumulated wealth, valued object, great abundance, anything much valued. कोष (निधि, धन संचय), बहुमूल्य पदार्थ, बहुतायत, अति प्रिय वस्तु; *v. t.* to hoard up, to regard as valueable. इकट्ठा करना, बटोरना, बहुमूल्य समझना; **Treasure house** (a place where treasures are kept.) कोशगृह, खजाना ।

Treasurer–ट्रेज़्'-अर्-अर्–*n.* the person in charge of treasury or funds. कोषाध्यक्ष ; **Treasurership** (- अर् - शिप्) *n.* the office of a treasurer. कोषाध्यक्ष का पद ।

Treasuress–ट्रेज़्'-अर्-एस्–*n.* *fem.* a woman in charge of treasure.

कोषगृह की स्वामिनी ।

Treasure-trove – ट्रैज़्'-अर्-ट्रोव् – *n.* treasure found in the earth. पृथ्वी में का गड़ा हुआ धन ।

Treasury – ट्रैज़्-अर्-ई – *n.* a place where treasure is deposited. कोषगृह, खजाना ।

Treat – ट्रीट् – *v. t.* & *i.* to behave towards, to manage, to discourse on, to negotiate, to entertain with food or drink. व्यवहार करना, प्रबन्ध करना, शास्त्रार्थ करना, वर्णन करना, न्योता देना; *n.* a rich entertainment, feast. भोजनविशेष, न्योता ; **Ill-treatment** (bad behaviour.) अपकार ; **To treat at length** (to consider in detail.) विस्तार पूर्वक विचार करना ; **Treatable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* moderate. सामान्य ; **Treater** (-अर्) *n.* one who discourses on a subject. किसी विषय पर विचार करनेवाला

Treatise – ट्रीट्'-इस् – *n.* a literary composition on a definite subject. निबन्ध, लेख (पुस्तक) ।

Treatment-ट्रीट्'-मैन्ट्-*n.* behaviour, management, manner of applying remedies. आचरण (व्यवहार), प्रबन्ध, चिकित्सा ; **Hospitable treatment** (hospitable entertainment.) अतिथि सत्कार ।


Treaty-ट्रीट्'-ई-*n.* (*pl.* Treaties.) a formal agreement between nations, a compact. सन्धि (नियम), पत्र, मेल ।

Treble – ट्रैब्'-ब्ल् – *adj.* threefold, multiplied by three, three times. त्रिगुण, त्रिगुणित, तिगुना; *v.t.* & *i.* to make threefold. तिगुना करना, तिगुना होना ; **Trebleness** (-नैस्) *n.* the state of being treble. त्रिगुणत्व ।

Trebuchet – ट्रैब्-ऊ-शैट् – *n.* an appliance for throwing large stones, a small balance. बड़े बड़े पत्थर फेंकने का यन्त्र, छोटी तराजू ।

Tree – ट्री – *n.* a perennial plant with a trunk and branches, a piece of wood, anything like a tree. वृक्ष (पादप) पेड़, लकड़ी का ढाँचा ; **Treeless** (-लैस्) *adj.* destitute of trees. वृक्ष रहित ।

Trefoil–ट्रैफ़्'-ऑइल्–*n.* a plant with three leaflets, an ornament of three cups in a circle. त्रिपत्र, त्रिदल, तिनपतिया, त्रिदल के आकार की रचना ।



Trefoils.

Trek–ट्रैक्–*v. i.* (*p.t.* Trekked) to travel by ox-waggon. बैलगाड़ी पर यात्रा करना ; *n.* a journey by ox-waggon. बैलगाड़ी पर यात्रा ।

Trellis–ट्रैल्'-लिस्–*n.* a lattice work of wood, a frame-work for supporting plants. लकड़ी की जाली, लता चढ़ाने का ढाँचा ; *v. t.* to furnish with trellis. लता को ढाँचे पर चढ़ाना; **Trellis work** *n.* जाली का काम ।

Tremble – ट्रैम्'-ब्ल्-*v. i.* to shake involuntarily, to quake, to shiver. काँपना, हिलना, थर्राना *n.* the state of trembling. कम्पन, हिलन ; **Trembler** (-ब्लर्) *n.* one who

trembles. काँपनेवाला ; **Trembling** (-ट्रैम्ब्-लिङ्ग) *n.* the act of shaking. कम्पन; **Tremblingly** (-ली) *adv.* काँपते हुए।

Tremendous-ट्रि-मैन्'-डस्-*adj.* causing terror, awful,dreadful, considerable. भय उत्पन्न करनेवाला, भयङ्कर, डरावना, अत्यधिक ; **Tremendously** (-ली) *adv.* in a tremendous manner. भयङ्कर रूप से ; **Tremendousness** (-नैस्) *n.* the state of being dreadful. भयङ्करता।

Tremolo-ट्रैम्'-ओ-लो-*n.* a vibration in voice or instrumental music. काँपता हुआ शब्द, गिटकिरी।

Tremor - ट्रैम्-आर् - *n.* trembling, shaking. कँपकँपी, थरथराहट ; **Tremorless** (-लैस्) *adj.* without tremor. बिना कम्प का।

Tremulant, Tremulous–ट्रैम्'-यु-लॅन्ट (-लस्) *adjs.* trembling. काँपता हुआ, थर्राता हुआ।

Tremulous–ट्रैम्'-यु-लस्-*adj.* trembling, quivering, shivering. कम्पमान, चञ्चल, काँपता हुआ; **Tremulously** (-ली) *adv.* with trembling. थर्राहट से ; **Tremulousness** (-नैस्) *n.* थर्राहट।

Trenail - ट्रैन्'-नेल - *n.* a wooden nail. लकड़ी की कील।

Trench - ट्रैन्च् - *n.* a ditch. परिखा, खाई ; *v. t.* & *i.* to dig a ditch, to cut a groove, to fortify by cutting a ditch. गड्ढा खोदना, खाई बनाना, खाई खोदकर क़िलाबन्दी करना; **To trench upon** (to make an attack.) आक्रमण करना; **Trencher** (- अर्) *n.* one who digs a trench. खाई खोदनेवाला।

Trenchancy-ट्रैन्च्'-ऑन्-सी-*n.* sharpness. तीखापन।

Trenchant–ट्रैन्च्'-ऑन्ट–*adj.* sharp, keen, vigorous, severe. तीक्ष्ण, तीखा, तीव्र, चोखा ; **Trenchantly** (-ली) *adv.* sharply. तीखेपन से।

Trencher – ट्रैन्च्'-अर्–*n.* a wooden plate for cutting bread, pleasures of the table. रोटी काटने की लकड़ी की छुरी, भोजन का आनन्द; **Trencher companion** (one who eats at the same table.) सहभोजी ; **Trencher-cap** (a square college cap.) विश्वविद्यालय की चौकोर टोपी, **Trencherman** (an eater.) भोजन करनेवाला।

Trend–ट्रैन्ड–*n.* tendency in a particular direction. झुकाव, लीनता ; *v. t.* to tend in a particular direction, to incline. किसी ओर झुकना।

Trepan – ट्रि-पैन्' – *n.* a surgical saw for removing part of skull, a snare. जर्राही आरी, जाल ; *v. t.* to perforate with a trepan. खोपड़ी छेद कर एक टुकड़ा निकाल लेना ; **Trepanner** (-नर्) *n.* one who trepans. इस प्रकार टुकड़ा निकालनेवाला ; **Trepanning** (-निङ्ग) *n.* the operation of opening the skull by a trepan. ऐसी आरी से खोपड़ी में जर्राही करना।

Trephine – ट्रि-फ़ीन्'-*n.* an improved form of trepan. खोपड़ी छेदने का एक नये प्रकार का अस्त्र।

Trepid – ट्रैप्'-इड – *adj.* trembling,

shaking. काँपता हुआ, थर्राता हुआ।

Trepidation – ट्रेप्-इ-डे' - शॉन् – *n.* trembling of limbs, alarm, confused haste. शरीर का कम्प, उद्वेग (थरथराहट), घबड़ाहट।

Trespass–ट्रेस्'- पॅास् – *v. i.* to make unlawful encroachment upon the rights of others, to go beyond, to intrude, to offend. अतिक्रम करना, सीमा के बाहर जाना, बिना अधिकार प्रवेश करना, विघ्न डालना, कष्ट देना; *n.* a transgression of right, injury done to another person. अतिक्रम, अमर्यादा, अनाधिकार प्रवेश; **Trespasser** (-अर्) *n.* a transgressor. बिना अधिकार के प्रवेश करने वाला।

Tress–ट्रेस् – *n.* the lock of human hair, a ringlet of hair. अलक, बाल का लच्छा, जटा; **Tressed** (-ड्) *adj.* having tresses. केशकलायुक्त।

Trestle – ट्रेस्'-सल्–*n.* the supporting frame of a table, a movable frame for supporting anything. टेबुल का ढाँचा, कारीगर का पाड़।

Tret–ट्रेट–*n.* an allowance of extra weight to purchaser for waste or refuse matter. बाद, करदा।

Trevet – ट्रेव्'-ऍट् – *n.* a stool with three legs. तीन पाये की चौकी, तिरपाई।

Trews – ट्रूज् – *n. pl.* trousers. पायजामा।

Trey – ट्रे – *n.* a card with three spots. तिग्गी, तिड़ी।

Tri – ट्रि – *pref.* signifying 'three.' 'त्रि, तीन' अर्थ का उपसर्ग।

Triad–ट्रि'-ऑइड्–*n.* a union of three, three united in one. त्रय, त्रिक; **Triadic** (इक्) *adj.* त्रिक सम्बन्धी।


Triable–ट्राइ'-ऑ-ब्ल्–*adj.* subjected to trial. परीक्षणीय।

Triacontahedral-ट्राइ-ऑ-कॉन्-टॅा-ही'-ड्रॅल् – *adj.* having thirty sides. तीस भुज की आकृति वाला।

Trial-ट्राइ'-(ट्रि)-ऑल् – *n.* the process of testing the strength &c. of things, experiment, examination, test, judicial examination, experience. प्रयोग, परीक्षा, जाँच, विचार, मुकदमा, अनुभव; **On trial** (on approbation.) परीक्षा निमित्त।

Trialogue–ट्रि'-ऑ-लॉग्–*n.* a conversation between three persons. तीन पुरुषों में परस्पर वार्तालाप।

Triangle–ट्रि'-ऑङ्ग-गल् – *n.* a plane figure bounded by three lines, a rod of polished steel bent in the form of a triangle, open at one end, and sounded by a steel rod. त्रिकोण, त्रिभुज, बजाने की लोहे की तिकोनिया; **Triangled** (-ड्) *adj.* तीन कोने का।



Triangle.

Triangular – ट्रि-ऑङ्'-ग्यु–लॅर् – *adj.* three-cornered, having three angles, in the form of a triangle. त्रिकोण, त्रिभुजाकार; **Triangularity** (-इ-टी) *n.* तिकोनापन; **Triangularly** (-ली) *adv.* त्रिकोण रूप में।

Triangulate – ट्रि-ऑङ्'-ग्यु-लेट् – *v. t.* to make triangular. तिकोना बनाना;

adj. marked with triangles. त्रिकोण से चिह्नित ; **Triangulation** (-लें'-शॉन्) *n*. use of triangles in trigonometrical survey. त्रिकोणमिति की रीति से नापने में त्रिकोणों का प्रयोग ।

Triarchy – ट्रि'-ऑर्-की – *n*. govern ment by three persons. तीन पुरुषों द्वारा मिलकर राज्य करना ।

Tribal–ट्राइ'-बॅल्–*adj*. pertaining to a tribe. जाति सम्बन्धी ; **Tribalism** (-इज़्म्) *n*. जाति सङ्गठन ।

Tribe – ट्राइब् – *n*. race, clan, distinct class of people. जाति, वर्ग, वर्ण ; **Tribesman** (ट्राइब्ज़'-मॅन्) *n*. the member of a tribe. किसी जाति की एक व्यक्ति ।

Triblet–ट्रिब्'-लॅट् – *n*. a goldsmith's tool for making rings. अंगूठी बनाने का सोनार का एक यन्त्र ।

Tribometer – ट्रि-बॉम्'-ए-टर् – *n*. an instrument for measuring friction. रगड़ नापने का एक यन्त्र ।

Tribulation–ट्रिब्-यु-लें'-शॉन् – *n*. severe suffering, distress, vexation. दुःख, क्लेश, कष्ट ।

Tribunal-ट्रि-ब्यू'-नॅल्–*n*. a court of justice. धर्मासन, न्यायालय, धर्मसभा ।

Tribune – ट्रिब्'-यून् – *n*. an officer chosen by the people to protect their liberty, platform from which speeches are delivered. प्रजा के अधिकार स्थापित रखने के लिये चुना हुआ अधिकारी, व्याख्यान देने का चबूतरा ; **Tribunary** (-नॅरी) *adj*. न्यायालय संबंधी ; **Tribuneship**(-शिप्) *n*. न्यायाधिकारी का पद ।

Tributarily-ट्रिब्'-यु-टॅ-रि-ली-*adv*. in a subordinate manner. सहायक रूप से ।

Tributariness (-नॅस्)*n*. सहायकता ।

Tributary–ट्रिब्'-यु-टॅ-री – *adj*. paying tribute, subordinate, auxiliary. कर देनेवाला, अमुख्य, सहायक ; *n*. (*pl*. **Tributaries**.) one who pays tribute, a small river or stream which flows into a big one. कर देनेवाला मनुष्य, सहायक नदी ।

Tribute–ट्रिब्'-यूट्–*n*. the periodical payment made by one state to another, contribution. कर, शुल्क, उपहार ।

Tricar–ट्राइ'-कार्–*n*. a three wheeled motor car. तिपहिया मोटर गाड़ी ।

Trice–ट्राइस् – *v.t*. to haul or tie up by a rope. उठाकर रस्से से बाँधना ; *n*. a very short time, moment. क्षण, अतिसूक्ष्मकाल; **In a trice** (instantly.) तुरत, पलभर में ।

Tricennial – ट्रि-सॅन्'-नि - ऑल् – *adj*. occurring every thirty years. तीस तीस वर्ष पर होनेवाला ।

Tricephalous–ट्रि-सॅफ्'-ऑ-लस् – *adj*. having three heads. तीन सिर का ।

Triceps–ट्रि'-सॅप्स्–*n*. a muscle with three heads. तीन शिखावाली पेशी ।

Trichina–ट्रि-कि'-नॉ–*n*. (*pl*. **Trichinæ**.) a hair-like worm which infests man's body. शरीर में पड़ने वाला महीन कीड़ा ।

Trichology–ट्रि-कॉल्'-ऑ-जी – *n*. the study of the hair. बालों के विषय में अध्ययन ।

Trichosis–ट्रि-को'-सिस् – *n*. any disease of the hair. रोम रोग, बालों का रोग ।

Trick – ट्रिक् – *n*. artifice of decep-

tion, stratagem, feat of dexterity, prank, joke. छल, कपट, हस्तलाघव, लीला, खेल (माया, धोखा) ; *v. t.* & *i.* to cheat, to deceive, to baffle. छलना, ठगना, धोखा देना; **To trick up, To trick out** (to dress, to decorate.) आभूषित करना, सजाना ; **Tricker** (-अर्)*n.* one who deceives. ठगनेवाला; **Trickery** (-अर् ई) *n.* artifice, cheating. ठगी, छल; **Trickily** (-इ-ली) *adv.* कपट से ; **Trickiness** (-इ-नैस्) *n.* छल, कपट ; **Trickish** (-इश्) *adj.* deceptive, artful. ठग, छली ; **Trickishly** (-ली) *adv.* in an artful manner. कपट से ; **Tricksome** (-सम्) *adj.* artful, deceptive. कपटी, छली ; **Trickster** (-स्टर्) *n.* a cheat. ठग।

Trickle–ट्रिक्'-कुल्–*v. i.* to flow in drops. पतली धार में बहना, टपकना, रसना; *n.* a trickling stream. धीरे धीरे बहनेवाली धारा।

Trick-track – ट्रिक्'-ट्रैक् – *n.* a kind of game. एक प्रकार का खेल।

Tricky–ट्रिक्'-ई–*adj.* (*comp.* **Trickier**, *sup.* **Trickiest.**) crafty, skilful, adroit. छली, कपटी, धूर्त।

Tricolour–ट्रि'-कल्-लर्–*adj.* & *n.* of three colours, a national flag of three colours. तिरङ्गा, तिरङ्गा झण्डा।

Tricornute–ट्रि-कॉर्'-न्यूट् – *adj.* having three horns. तीन सींघवाला।

Tricot–ट्री'-को–*n.* a kind of woollen fabric. एक प्रकार का हाथ का बुना ऊनी वस्त्र।

Tricuspid–ट्रि-कस्'-पिड्–*adj.* having three points. तीन नोकवाला।

Tricycle – ट्रा'-सैं-कल् – *n.* a three-wheeled cycle. पैर से चलाने की तिनपहिया गाड़ी ; *v. i.* to ride on a tricycle. ऐसी गाड़ी पर चलना।

Trident–ट्रा'-डैन्ट–*n.* a three-pronged instrument. त्रिशूल ; *adj.* having three teeth. तीन नोक का।

Tridentate–ट्रि-डैन्'-टेट्– *adj.* having three teeth. तीन दाँतोंवाला।

Tridigitate–ट्रि-डिज्'-इ-टेट्–*adj.* having three fingers or toes. हाथ या पैरमें तीन अंगुलियों वाला।

Triduan–ट्रिड्'-यू-ऑन् – *adj.* lasting for three days, happening every third day. तीन दिन तक रहनेवाला, तीन तीन दिन पर होनेवाला।

Triennial–ट्रि-ऍन्'-नि-ऑल्–*adj.* lasting or happening every three years. त्रैवार्षिक, तीन तीन बरस पर होनेवाला ; **Triennially** (-ली) *adv.* every three years. प्रत्येक तीसरे वर्ष।

Trier–ट्राइ'-अर्–*n.* one who makes an experiment. प्रयोग करने वाला।

Trifarious–ट्रि-फ़ैअर्'-इ-अस्–*adj.* facing three ways. तीन पहल का।

Trifid–ट्रि'-फ़िड्–*adj.* divided into three. तीन विभाग किया हुआ।

Trifle–ट्रा'-फ़ल्–*n.* a thing of slight value or importance, small amount of money, a dish of sweetmeats. अल्प मूल्य का पदार्थ, हलकी बात, अल्प धन, एक प्रकार की मिठाई; *v.t.* to waste time, to act frivolously. समय नष्ट करना, खेलवाड़ करना (तुच्छ काम करना) ; **To trifle with** (to play the fool with.) तिरस्कार करना, चुटकियों में उड़ाना।

Trifler – ट्रि'-फ्लर् – *n.* one who trifles. खेलवाड़ करनेवाला।

Trifling – ट्रि'-फ़्लिङ्ग् – *adj.* of little importance. निरर्थक, तुच्छ; **Triflingly** (-ली) *adv.* तुच्छ रीति से; **Triflingness** (-नैस्) *n.* क्षुद्रता, तुच्छता।

Triflorous–ट्रि-फ़्लोर्'-अस्–*adj.* bearing three flowers. तीन फूलवाला।

Trifoliate–ट्रि-फ़ो'-लि-एट्–*adj.* having three leaves. तीन पत्तियोंवाला, त्रिदल।

Trifurcated–ट्रि-फ़र्'-कें-टेड्–*adj.* having three forks. तीन नोकवाला।

Trig–ट्रिग्–*adj.* smart, trim, neat. सुन्दर, स्वच्छ, सुथरा; *v.t.* (*p.t.* **Trigged.**) to decorate, to smarten. सजाना, आभूषित करना, **To trig out** (to stop wheel with skid.) ओट लगाकर पहिया रोकना।

Trigamist – ट्रिग्'-अँ-मिस्ट् – *n.* one who is thrice married. तीन बार विवाह किया हुआ; **Trigamous** (-मस्) *adj.* thrice married, having three husbands or wives at once. तीन बार ब्याहा हुआ, तीन पति वाली या पत्नीवाला; **Trigamy** (-अँ-मी) *n.* एक साथ तीन स्त्री का पति या तीन पति की स्त्री होना।

Trigger–ट्रिग्'-गर्–*n.* a device for releasing the catch of a machine to set it in motion. बन्दूक इत्यादि का घोड़ा।

Triglot – ट्रि-ग्लॉट् – *adj.* in three languages. तीन भाषाओं में।

Trigon–ट्रि'-गॉन्–*n.* a triangle. त्रिकोण; **Trigonal** (-अँल्) *adj.* triangular. तिकोना; **Trigonic**(-इक्) *adj.* pertaining to a trigon. त्रिकोण सम्बन्धी।

Trigonometric–ट्रिग्'-अ -नो–मैट्'-रिक्, **Trigonometrical** (-अँल्) *adjs.* त्रिकोणमिति सम्बन्धी; **Trigonometrically** (-लि) *adv.* त्रिकोणमिति द्वारा।

Trigonometry–ट्रिग्'-ऑ-नॉम्'-ऍ-ट्री-*n.* the science of measuring the sides and angles of a triangle by means of certain data. त्रिकोणमिति

Trigram–ट्रि'-ग्रॅम्–*n.* three letters sounded as one. तीन अक्षरों का संयुक्त उच्चारण; **Trigrammatic** (-मॅट्-इक्) *adj.* तीन संयुक्त अक्षरों का।

Trihedral–ट्रि-ही'-ड्रॉल् –*adj.* having three equal sides. तीन समान भुजवाला

Trihedron–ट्रि-हॉ'-ड्रान्–*n.* a figure having three equal sides. तीन समान भुजवाली आकृति।

Trilateral–ट्रि-लॅट्'-अर्-ऑल्-*adj.* having three sides. त्रिभुज, तीन भुजावाला; **Trilaterally** (-ली) *adv.* with three sides. तीन भुजाओं की स्थिति में।

Trilby–ट्रिल्'-बी–*n.* a kind of soft felt hat. एक प्रकार की अंग्रेजी टोपी।

Trilinear–ट्रि-लॅन्'-इ-ॲर्–*adj.* having three lines. तीन रेखाओं का।

Trilingual–ट्रि-लिङ्ग्'-वॉल्–*adj.* consisting of three languages. तीन भाषाओं का।

Triliteral–ट्रि-लिट्'-अर्-ऑल्–*adj.* consisting of three letters. तीन अक्षरों का।

Trill–ट्रिल्–*n.* a quavering sound. स्वर का कम्प, काँपता हुआ शब्द; *v. i.* & *t.* to shake, to trickle. हिलना (काँपना), टपकना (रसना)।

Trilling – ट्रिल्'-लिङ्ग् – *n.* a crystal with three faces, each of three children born together. तीन पहल का रत्न, एक साथ उत्पन्न हुए तीन बालकों

में से एक।

Trillion– ट्रिल्ʹ-यॉन् – *n.* the power of a million multiplied by itself three times. महाशङ्ख, पद्म।

Trilogy – ट्रिल्ʹ-ऑ-जी – *n.* a set of three literary compositions on one subject, each complete in itself. किसी विषय पर तीन स्वतन्त्र लेख जो प्रत्येक स्वतः पूर्ण हों।

Trim–ट्रिम्–*adj.* compact, in good order, tight, nice. परिष्कृत, सुन्दर, ठीक, सुरचित; *n.* dress, fitness, condition, ornament. वस्त्र, योग्यता, दशा, अवस्था, आभूषण, *v.t.* & *i.* (*p.t.* **Trimmed.**) to make neat, to set in good order, to decorate, to clip, to arrange, to rebuke sharply. परिष्कार करना, सजाना, छाँटना, क्रम ठीक करना, झिड़की देना; **To trim up** (to dress, to arrange.) सँवारना, ठीक करना।

Trimensual – ट्रि-मेंन्ʹ-स्यु-औल् – *adj.* every threemonth. तीसरे महीने।

Trimly–ट्रिम्ʹ-ली–*adv.* neatly. सुन्दर रूप से, अच्छी व्यवस्था में।

Trimmer – ट्रिम्ʹ-मर् – *n.* one who trims, who stands neutral, a time-server, a kind of instrument for clipping. सजानेवाला, उदासीन भावमें रहनेवाला; समयानुकूल चलनेवाला, कतरनेका शस्त्र।

Trimming – ट्रिम्ʹ-मिङ्ग् – *n.* ornamentation of lace &c. शोभा का पदार्थ, किनारी, गोटा।

Trimness – ट्रिम्ʹ-नैस्– *n.* neatness. सुथरापन, स्वच्छता।

Trimorphic – ट्रि- मॉर्ʹ - फ़िक् – *adj.* existing in three forms. तीन रूप में रहनेवाला।

Trinal–ट्राइन्ʹ- औल् **Trinary** (-अर्-री) *adj.* threefold. त्रिगुणित, तिगुना।

Trine–ट्राइन्–*adj.* triple, threefold. तिगुना।

Tringle– ट्रिङ्ग्ʹ-ग्ल् – the supporting rod of a bedstead. पलंग में लगाने का डंडा।

Trinitarian– ट्रिन्ʹ-इ-टेंअर्ʹ-इ-औन्– *n.* one who believes in the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास करनेवाला।

Trinity–ट्रिन्ʹ-इ-टी–*n.* (*pl.* **Trinities**) a group of three, union of three, God-head. तीन वस्तुओं का समूह, त्रिमूर्ति

Trinket – ट्रिङ्क्ʹ-ऍट् – *n.* a trifling ornament, a thing of little value. अल्प मूल्य का आभूषण, कम दाम की वस्तु; **Trinketer** (-अर्)*n.* a petty dealer. कम दाम की वस्तु बेंचनेवाला; **Trinketry** (- री) *n.* ornaments of dress. पोशाक के आभूषण।

Trinoctial– ट्रि-नॉक्ʹ-शॅल्–*adj.* lasting three nights. तीन रात रहनेवाला।

Trinodal–ट्रि-नोड्ʹ-औल्– *adj.* having three joints. तीन जोड़ का।

Trinomial–ट्रि-नोʹ-मि-औल्-*adj.* having three names or terms. तीन नाम का, (त्रिपद) तीन अंक का।

Trio–ट्रिʹ-ओ–*n.* (*pl.* **Trios.**) a piece of music for three performers, three united. त्रय, तीन शब्द या बाजों का मेल।

Triode–ट्रिʹ-ओड्–*n.* a kind of valve for wireless. बिना तार की तारबर्की का एक भाग।

Triolet– ट्रिʹ-ओ-लेट् – *n.* a poem of eight lines. आठ चरण का पद्य।

Trional–ट्रिʹ-ओ-नॉल्– *n.* anæsthetic

medicine. शरीर के किसी भाग को सुन्न करनेवाली औषधि।

Trip-ट्रिप्-*v.i.* & *t.* (*p.t.* **Tripped**.) to skip, to dance with light tread, to strike the foot against something, to stumble and fall. धीरे धीरे चलना, हलके पैरों से नाचना, ठोकर खाना (गिरना), टक्कर खाकर गिर पड़ना; *n.* a light short step, a short journey, an excursion. हलका पैर, छोटी यात्रा, पर्यटन; **Trip-hammer** (tilt hammer.) बड़ा हथौड़ा।

Tripedal- ट्राइ-पी'-डॉल्- *adj.* having three feet. तीन पैरवाला।

Tripper-ट्रिप्'-पर्-*n.* one who walks nimbly. धीरे धीरे चलनेवाला।

Tripping- ट्रिप्'-पिङ्ग्- *adj.* nimble. हलके चाल का; **Trippingly** (-ली) *adv.* मन्दगति से।

Tripartite - ट्रिप्'- ऑर् - टाइट् - *adj.* divided into three parts. त्रिखण्ड, टुकड़ों में विभक्त; **Tripartitely** (-ली) *adv.* dividing into three parts. तीन भाग करते हुए; **Tripartition** (-टिश्'-ऑन्)*n.* a division into three parts. तीन अंशों में विभाग।

Tripe-ट्राइप्-*n.* entrails, the stomach of ox &c. used as food. आँत, उदर, पेट।

Tripetalous - ट्रि-पेंटॅ - ऑ-लस् - *adj.* having three petals. तीन दल वाला।

Triphthong-ट्रिफ्'-थॉङ्ग्-*n.* a group of three vowels. तीन स्वरों का समुच्चय

Triplane-ट्रि'-प्लेन्-*n.* an aeroplane with three planes. तीन पंखवाला हवाई जहाज।

Triple-ट्रिप्'-प्ल्-*adj.* threefold, treble. त्रिगुण, तिगुना; *v. t.* to treble. तिगुना करना; **Triple alliance** (an alliance between three kingdoms.) तीन राज्यों की सन्धि; **Triple-headed** (with three heads.) तीन सिरवाला।

Triplet-ट्रिप्'-लेट्-*n.* a set of three things, one of three at a birth. तीन पदार्थों का समुदाय एक साथ उत्पन्न हुए तीन बच्चों में से एक।

Triplex-ट्रिप्'-लेक्स्-*n.* a composition in three parts. तीन अंशों में विभक्त रचना।

Triplicate - ट्रिप्'-लि-केट् - *adj.* & *n.* made three at a time, each of a set of three copies. एक साथ तीन किया हुआ, तीन प्रतिलिपियों में से एक; *v. i.* to make three copies. तीन प्रतिलिपि बनाना, तेहरा करना; **Triplication** (-के'-शॉन्)*n.* तीन प्रतिलिपि बनाने की क्रिया

Triplicity - ट्रि-प्लिस्'-इ-टी - *n.* the state of being triple. तिगुनापन।

Tripod-ट्रि'-पॉड् - *n.* a stool, table &c. resting on three legs. तिपाई; **Tripodal** (-ऑल्) *adj.* तीन पैरवाला।

Tripoli-ट्रिप्'-ऑ-ली-*n.* rotten-stone, diatomite. कुरुन पत्थर।

Tripos-ट्रि'-पास्-*n.* the final university examination at Cambridge. केम्ब्रिज विश्वविद्यालय की अन्तिम उपाधि परीक्षा

Trippant- ट्रिप्'-पॅन्ट्- *adj.* trotting. ठमकती चाल से चलता हुआ।

Tripudiate-ट्रि-प्यू'-डि-एट्-*v. t.* to dance in joy. आनन्द में नाचना; **Tripudiation** (-ए'-शॉन्) *n.* the act of dancing. नृत्य, नाच।

Trireme-ट्रि'-रीम्-*n.* ancient Greek war-ship. ग्रीस देश का युद्ध का प्राचीन

जहाज़ ।

Trisect – ट्रि-सैक्ट′ – *v. t.* to divide into three equal parts. तीन बराबर टुकड़े करना ; **Trisection** (-सैक्′-शॉन्) *n.* a division into three equal parts. तीन बराबर अंशों में विभाग ।

Trismus – ट्रिस्-मस् – *n.* lockjaw. जबड़ा जकड़ जाने का रोग ।

Triste – ट्रीस्ट – *adj.* sad, unhappy. दुःखी, अप्रसन्न ; **Tristesee** (ट्रिस्-टैस्) *n.* sadness. दुःख ।

Tristful – ट्रिस्ट′-फुल् – *adj.* sad. दुःखी **Tristfully** (-ली) *adv.* sadly. दुःख से ।

Trisyllabic–ट्रि-सिल्-लॅब्′-इक्–*adj.* of three syllables. तीन अक्षर का ।

Trisyllable –ट्रि-सिल्′-ॲ-बल् – *n.* a word of three syllables. त्र्यक्षर, त्रिक ।

Trite – ट्राइट – *adj.* commonplace, stale, hackneyed. जीर्ण, उच्छिष्ट, पुराना ; **Tritely** (-ली) *adv.* in a trite manner. जीर्णता से ; **Triteness** (-नैस्) *n.* the quality of being trite. जीर्णता ।

Tritheism – ट्रि-थी′ - इज़्म् – *n.* the doctrine of the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास का सिद्धान्त; **Tritheist** (-इस्ट) *n.* one who believes in the Trinity. त्रिमूर्ति में विश्वास करनेवाला ।

Triton–ट्रि′-टॉन् – *n.* a sea-god. समुद्र का एक देवता ।

Triturable–ट्रिट्′-यू-रॅ-बल्– *adj.* that may be triturated. महीन चूर्ण करने योग्य ।

Triturate–ट्रिट्′-यु-रेट–*v. t.* to grind or rub to a fine powder. खरल करना, महीन बुकनी करना ; **Trituration** (-रे′-शॉन्) *n.* the act of reducing to a fine powder. पिसाई, बुकनी करने का कार्य ।

Triumph–ट्रि′-अम्फ्–*n.* the state of being victorious, joy for success, joy. विजय का उत्सव, विजय, प्रसन्नता, हर्ष; *v.i.* to rejoice at victory, to exult, to flourish. विजय का उत्सव मनाना, आनन्द मनाना,विजय करना।

Triumphal–ट्रि′-अम्फ्-ॲल्–*adj.* pertaining to triumph. विजय सम्बन्धी ; **Triumphal arch** (an arch built to commemorate victory.) जय स्तम्भ ।

Triumphant – ट्रि-अम्फ्′–ॲन्ट – *adj.* celebrating victory. विजय प्राप्त, विजयी ; **Triumphantly** (-ली) *adv.* in a triumphant manner. जय की घोषणा सहित ।

Triumpher – ट्रि′-अम्-फ़र् – *n.* one who enjoys victory. विजय का आनन्द करने वाला ।

Triumvir – ट्रि- अम्′ - विर् – *n.* (*pl.* **Triumviri, Triumvirs.**) one of the three men united in power. शासन करनेवाले तीन अधिकारियों में से एक; **Triumviral** (-ॲल्) *adj.* pertaining to a triumvir. ऐसे अधिकारी के सम्बन्धी ; **Triumvirate** (-ऐट) *n.* government by three. तीन मनुष्यों से किया हुआ शासन ।

Triune–ट्रि′-यून् – *adj.* three in one. एक साथ तीन ; **Triunity** (-यू′-नि-टी) *n.* trinity. एक साथ तीन का होना ।

Trivet–ट्रिव्′-ऍट – *n.* an iron tripod or stool for holding cooking

vessels over fire. आँच पर पात्र रखने को तिपाई; **As a trivet** (in good health.) आरोग्यता से।

Trivial - ट्रिव्'-ई-ऑल् - *adj.* of little importance, trifling, commonplace. अनावश्यक, तुच्छ, अधम (छोटा); **Trivialism** (-इज़्म्), **Triviality** (-ऑल्'-इ-टी) *ns.* a trifling matter. तुच्छ विषय; **Trivialize** (-आइज़्) *v.t.* तुच्छ करना; **Trivially** (-ली) *adv.* in a trivial manner. तुच्छ रीति से; **Trivialness** (-नेस्) *n.* तुच्छता, अधमता।

Trivium - ट्रिव्'-इ-अम् - *n.* a place where three roads meet. तिरमोहानी।

Tri-weekly-ट्रि-वीक्'-ली - *adj.* three times a week. सप्ताह में तीन बार प्रकाशित होनेवाला।

-trix-ट्रिक्स् - *suf.* forming feminine nouns. स्त्रीलिङ्ग का प्रत्यय।

Troat-ट्रोट्-*v. i.* to make a rutting noise. टरटर शब्द करना।

Trocar - ट्रो'-कॉर् - *n.* a surgical instrument for withdrawing fluid from the body. शरीर में से तरल पदार्थ निकालने का जर्राही यन्त्र।

Trochal-ट्रो'-कॉल् - *adj.* shaped like a wheel. पहिये के आकार का।

Trochee-ट्रो'-की - *n.* a foot of two syllables in which the first is long and the second short. कविता मे दो अक्षरों का गण जिसमे पहिला गुरु तथा दूसरा लघु होता है।

Trochlea-ट्रॉक्'-लें-ऑ-*n.* (*pl.* **Trochleæ**.) a pulley-like cartilage. पहिये के आकार की कोमलास्थि।

Trochoid-ट्रो'-कॉइड्-*adj.* top-shaped, movable bone rotating on its own axis. लट्टू के आकार का, अपने ही चूल पर घूमनेवाली हड्डी; **Trochoidal** (-ऑल्) *adj.*-ऐसी आकृति का।

Trod, Trodden - *p. t.* & *p. p.* of **Tread**.

Troglodytic-ट्रॉग्'-लो-डाइट्'-इक् - *adj.* pertaining to a cave-dweller. गुहा निवासी का।

Troglodyte - ट्रॉग्'-लो - डाइट् - *n.* a cave-dweller of pre-historic times. प्राचीन समय का गुफ़ा में रहनेवाला।

Trojan-ट्रो'-जॉन्-*n.* & *adj.* inhabitant of Troy, a warrior. ट्रॉय् देश का निवासी, योद्धा।

Troll-ट्रोल्-*v. t.* & *i.* to move circularly, to turn, to sing in succession, to roll, to turn about, to fish. चक्कर में घुमाना, घूमना, पारी से गाना, चक्कर खाना, मछली पकड़ना; *n.* a song sung successively, a reel of fishing-rod, a giant. पारी पारी से गाई हुई गीत, मछली पकड़ने के डण्डे में लगी हुई पहिया, दैत्य, राक्षस।

Trolley, Trolly-ट्रॉल्'-ली-*n.* a small truck from which wheels can be easily removed. छोटी ठेला गाड़ी जिसकी पहिया सहज में हटाई जा सकती हैं।

Trollop-ट्रॉल्'-लॉप् - *n.* a slattern, a prostitute. फूहड़ स्त्री,वेश्या; **Trollopish** (-इश्), **Trollopy** (-ई) *adjs.* slatternly. दुष्ट, वेश्या के समान।

Trombone - ट्रॉम्'-बोन् - *n.* a large trumpet-like musical instrument तुरुही, सिङ्घा।

Trommel - ट्रॉम्'-ऍल् - *n.* a kind of

revolving sieve. एक प्रकार की घूमने वाली चलना ।

Tromometer–ट्रॉ-मॉम्'-ऍ-टर् – *n.* an instrument for measuring slight shocks of earthquake. भूकम्प के सामान्य कम्पन को चिह्नित करने का यन्त्र ।

Troop–ट्रूप् – *n.* a multitude, company of persons, body of soldiers. यूथ (समुदाय), दल, सेना ; *v. i.* & *t.* to assemble together, to move along in a troop. एकत्रित होना, दल बाँधकर चलना; **Troops** (-स्) *n. pl.* soldiers. (ब० व०) सेना, दल; **Trooper** (-अर्) *n.* a horse-soldier. अश्वारोही, घोड़सवार ; **Troopship** (-शिप्) *n.* a ship for carrying troops. सेना ले जाने का जहाज़ ।

Trope – ट्रोप्–*n.* the figurative use of a word or expression. रूपक ।

Trophesy–ट्रॉफ्'-ऍ-सी – *n.* deranged nutrition. बिगड़ी हुई पाचन शक्ति ।

Trophic–ट्रॉफ्'-इक़ – *adj.* pertaining to nutrition. पोषण सम्बन्धी ।

Trophy–ट्रॉ'-फ़ी–*n.* (*pl.* **Trophies.**) arms taken from a vanquished army, memorial of victory, prize. पराजित सेना से छीना हुआ शस्त्र, विजयचिह्न, जय स्मारक, उपहार ।

Tropic–ट्रॉप्'-इक्–*n.* the line drawn parallel to equator 23°-28′ north and south. अयन वृत्त, क्रान्ति मण्डल ; **The tropics** (the region between these parallel lines.) अयन वृत्त में के प्रदेश ।

Tropical–ट्रॉप्'-इक्-ऑल्–*adj.* pertaining to the tropics. अयन वृत्त संबंधी;

Tropically (-ऑल्-लि) *adv.* in a tropical manner. क्रान्ति मण्डल सम्बन्धी ।

Tropological – ट्रॉप्-ओ-लॉज्'-इ-कॉल – *adj.* figurative. रूपक सम्बन्धी ।

Tropology – ट्रॉ-पॉल्'-ऑ-जी– *n.* rhetorical mode of speech. साहित्य में रूपक का प्रयोग ।

Unendurable – अन्'-ऍन्-ड्यु'-रॅ-ब्ल–*adj.* intolerable. असह्य; **Unenduring** (- इङ्ग्) *adj.* temporary. अस्थायी।

Unengaged–अन्'-ऍन्-गेज्ड् – *adj.* not bound by promise, unemployed. प्रतिज्ञा से न बँधा हुआ, कार्य शून्य; **Unengaging** (-इङ्ग्) *adj.* unable to attach attention. ध्यान में न आने योग्य।

Unenlarged – अन्'- ऍन्-लार्ज्ड् – *adj.* not enlarged. अविस्तृत, संकुचित।

Unenlightened – अन्'-ऍन् - लाइट्' – ऍन्ड्–*adj.* not enlightened. अप्रकाशित, ज्ञानहीन।

Unenslaved – अन्'-ऍन्-स्लेव्ड्'– *adj.* not enslaved. दास न बनाया हुआ।

Unentangle-अन्'-ऍन्-टैंङ्'-गल्-*v.t.* to disentangle. सुलझाना; **Unentangled**(-ड्) disentangled. सुलझाया हुआ।

Unentertaining – अन्-एन्'-टर्-टॅन्' – इङ्ग् – *adj.* not amusing. अरोचक; **Unentertainingness** (-नॅस्) *n.* अरोचकता।

Unenvied – अन्'-ऍन्-वीड् – *adj.* not envied. ईर्षा न किया हुआ; **Unenvious** (-वि-अस्) *adj.* not envious. ईर्षाहीन।

Unequal – अन्-ई' - क्वॉल् – *adj.* not equal, not regular, inferior

not uniform. अतुल्य, असमान, हीन, अयोग्य ; **Unequalled** (-ड्) *adj.* unrivalled. असमान, अतुल ; **Unequally** (-ली) *adv.* not equally. असमता से ; **Unequalness** (-नेस्) *n.* inequality. असमता ।

Unequipped – अन्'-ई-क्विप्ड्' – *adj.* not equipped. असज्जित ।

Unequivocal–अन्'-इ-क्विव्'-ऑ-कॉल् – *adj.* not doubtful, clear, evident. असन्दिग्ध, स्पष्ट, शुद्ध ; **Unequivocally** (-ली) *adv.* without ambiguity. बिना भ्रम के ; **Unequivocalness** (-नेस्) *n.* the state of being clear. शुद्धता, स्पष्टता ।

Unerring–अन्-ऍर्'-रिङ्ग – *adj.* committing no error, infallible. अभ्रान्त, अशुद्धि न करनेवाला ; **Unerringly** (-ली) *adv.* अभ्रान्ति से ।

Unespied – अन्'-ऍस्-पाइड् – *adj.* not seen. अदृष्ट, न देखा हुआ ।

Unessayed–अन् -ऍस्-सेंड्' – *adj.* not attempted. प्रयत्न न किया हुआ ।

Unessential–अन्'-ऍस्-सेंन्'-शॅल्– *adj.* not necessary. अनावश्यक ।

Uneven – अन्-ई'-वेंन्– *adj.* not uniform or equal, not smooth or level. असमान, असमतल, विषम, ऊँचा-नीचा ; **Unevenly** (-ली) *adv.* in an uneven manner. विषमता से ; **Unevenness** (-नेंस्) *n.* the quality of being uneven. असमानता, विषमता ।

Uneventful – अन्'-ऍ-वेंन्ट्'–फुल्– *adj.* not eventful. घटनाशून्य ।

Unexacted–अन्'-ऍग्ज़्-ऑक्ट्'-ऍड्– *adj.* not insisted upon. हठ न किया हुआ ;

Unexaggerated–अन्'-एग्ज़्-ऑज़्'-जर्-ऍट्'-ऍड्–*adj.* not exaggerated. बिना अतिशयोक्ति का ।

Unexamined – अन्'-ऍग्ज़्-ऑम्'-इन्ड् – *adj.* not examined. अपरीक्षित, परीक्षा न किया हुआ ।

Unexampled – अन्'-ऍग्ज़्-ऑम्'-पल्ड्– *adj.* unprecedented. अद्वितीय, अनुपम ।

Unexceptionable – अन्'-ऍक्-सेंप्' – शॉन्-ऑ - ब्ल् – *adj.* not liable to exception, unobjectionable, faultless. अबाध्य (अवर्ज्य), अपवाद के अयोग्य, बिना दोष का ; **Unexceptionableness** (-नेंस्) *n.* अबाध्यता ।

Unexcited – अन्'-एक्-साइट्'-ऍड्– *adj.* not excited. अनुत्तेजित ।

Unexcised–अन्-एक्-साइज़्ड्'–*adj.* not charged with excise duty. आबकारी का टेक्स न लगा हुआ ।

Unexecuted-अन्-एक्स्-ऍ-क्यू-टेंड्-*adj.* not performed. विधान न किया हुआ ।

Unexemplified– अन्'-ऍग्-ज़ॅम्'-प्लि - फ़ाइड् – *adj.* not illustrated by example. उदाहरण द्वारा दृढ़ न किया हुआ ।

Unexempt – अन्'-एग्-ज़ॅम्ट्'–*adj.* not free by privilege. अधिकार से अस्वतन्त्र ।

Unexerted – अन्'-ऍग्-ज़र्ट्'-ऍड् – *adj.* not exerted. प्रयत्न न किया हुआ ।

Unexhausted – अन्'-एग्-ज़ास्ट्'-ऍड् – *adj.* not tired. अशिथिल ।

Unexpanded – अन्'-ऍक्स्-पॅन्ड्'-ऍड् – *adj.* not expanded. अविस्तृत ।

Unexpected–अन्'-ऍक्स्-पॅक्'-टेंड्– *adj.* not expected, coming without warning, sudden. आकस्मिक, आशा-

रहित, अचानक ; **Unexpectedly** (-ली) *adv.* in a sudden manner. अकस्मात्, अचानक ; **Unexpectedness** (-नेस) *n.* अचानक कथन ।

Unexpended–अन्'-ऍक्स्-पॅन्ड्'-ऍड्-*adj.* not expended. व्यय न किया हुआ ।

Unexpensive – अन्'-एक्स्-पॅन्'-सिव् – *adj.* not costly. अल्प मूल्य का ।

Unexpired – अन्'-ऍक्स्-पायड्'– *adj.* not ended. असमाप्त ।

Unexplored–अन्'-ऍक्स्-प्लोड्' – *adj.* not examined, unknown. अपरीक्षित, अज्ञात ।

Unexported – अन्'-ऍक्स्-पोर्ट्'-ऍड् – *adj.* not exported. देश के बाहर न भेजा हुआ ।

Unexposed – अन्'-ऍक्स-पोज़्ड्' – *adj.* not exposed to view, sheltered. अप्रकाशित (गुप्त), ढाँका हुआ ।

Unexpounded–अन् -ऍक्स्-पाउन्ड्'-ऍड्-*adj.* not explained. व्याख्या न किया हुआ ।

Unexpressed – अन्'-ऍक्स्–प्रेस्ड्'– *adj.* not exposed. अवर्णित ।

Unexpressive – अन्'-ऍक्स् प्रेस्'-सिव्– *adj.* not expressive. अवर्णनीय ।

Unextirpated–अन्-एक्स्'-टर्-पेट्'-ऍड् – *adj.* not rooted out. जड़ से न निकाला हुआ ।

Unfabled–अन्-फे'-ब्ल्ड् – *adj.* true. सच्चा ।

Unfaded - अन्-फेड्'-एड् - *adj.* not faded. न मुरझाया हुआ ।

Unfading – अन्-फेड्'-इङ्ग् – *adj.* not liable to fade. न मुरझानेवाला; **Unfadingly** (-ली) *adv.* without fading. बिना मुरझाये हुए ।

Unfailing–अन्-फेल्'-इङ्ग् – *adj.* not liable to fail, certain. अपतनशील, निश्चित ; **Unfailingly** (-ली) *adv.* certainly. निश्चित रूप से ।

Unfair– अन्-फेयर्' – *adj.* dishonest, unjust, disingenuous, using trick or artifice. कपटी, छली, अन्यायी, अयोग्य (अनुचित) ; **Unfairly** (-ली) *adv.* in an unfair manner. अन्याय से, कपट से ।

Unfaithful–अन्-फेथ्'-फुल्–*adj.* not performing proper duty, treacherous, adulterous, unbelieving. भक्तिहीन, निर्दयी, व्यभिचारी, अविश्वासी ; **Unfaithfully** (-ली) *adv.* in an unfaithful manner. अविश्वास से ; **Unfaithfulness** (-नेस) *n.* the quality of being unfaithful. अविश्वास, असत्यता ।

Unfaltering–अन्-फॉल्'-टर्-इङ्ग्– *adj.* unhesitating. आगा पीछा न करनेवाला ।

Unfamiliar– अन्'-फी-मिल्'-यॅर्– *adj.* not familiar. अपरिचित, अप्रसिद्ध ; **Unfamiliarity** (-रि-टी) *n.* want of familiarity. अप्रसिद्धि ।

Unfashionable – अन्-फैश्'-ऑन्-ऑ-ब्ल् – *adj.* not according to the prevailing fashion. लोक व्यवहार के विरुद्ध, अप्रचलित ।

Unfasten–अन्-फा'-सॅन्–*v t.* to unfix, to loose. ढीला करना, खोलना ।

Unfathered– अन्-फा'-दड्– *adj.* fatherless. पिताहीन ; **Unfatherly** (दर्-ली) *adj.* & *adv.* unkindly. बिना दया के ।

Unfathomable – अन्-फॅद्'-ऑम्-ऑ-ब्ल्–*adj.* the depth of which can-

not be ascertained. अगाध, अथाह ; **Unfathomableness** (-नेंस्) *n.* the quality of being unfathomable. अगाधता ।

Unfatigued– अन्'-फ़ी-टीग्ड्– *adj.* not wearied. न थका हुआ, अश्रान्त ।

Unfaulty – अन्-फ़ॉल्ट्'-टी – *adj.* free from fault. दोषहीन ।

Unfavourable– अन्-फ़े'-वॉर्-ऑं-बल्– *adj.* not favourable, discouraging. प्रतिकूल, पराङ्मुख (अप्रसन्न) **Unfavourableness** (-नेंस्) *n.* the state of being unfavourable. प्रतिकूलता, अप्रसन्नता ।

Unfeared – अन्-फ़ियड्ड्' – *adj.* not dreaded. न डरा हुआ ।

Unfearful–अन्-फ़ियर्'-फ़ुल्–*adj.*courageous. निडर, साहसी ।

Unfearing – अन्-फ़ियर्'-इङ्ग् – *adj.* fearless. निडर ।

Unfeathered – अन्-फ़ैंद्'-अड्ड – *adj.* unfledged. पक्षहीन, बिना पर का ।

Unfeatured – अन्-फ़ीट्'-यूड्ड – *adj.* deformed. कुरूप, भद्दा ।

Unfed–अन्-फ़ैंड्'–*adj.* not supplied with food. भोजन न कराया हुआ ।

Unfeed–अन्-फ़ीड्'– *adj.* not retained by a fee. शुल्कहीन ।

Unfeeling –अन्-फ़ील्'-इङ्ग्–*adj.* insensible, cruel. निर्मोही, निर्दयी, (क्रूर); **Unfeelingly** (- ली) *adv.* in a cruel manner. निर्दयता से, क्रूरता से; **Unfeelingness**(-नेंस्)*n.* cruelty. निर्मोहता, निर्दयता ।

Unfeigned – अन्-फ़ैन्ड्' – *adj.* not counterfeit, sincere. अकृत्रिम, सच्चा ; **Unfeignedly** (-ली) *adv.* sincerely. सत्यता से ।

Unfelt – अन्-फ़ैल्ट्' – *adj.* not perceived. निर्विकार, अज्ञात ।

Unfence–अन्-फ़ैंन्स्'–*v. t.* to remove a fence from. रोक या आड़ हटाना ; **Unfenced** (-ड्) *adj.* defenceless. अरक्षित ।

Unfertile– अन्-फ़र्'-टाइल्– *adj.* unfruitful, barren. फलहीन, ऊसर ।

Unfetter– अन्-फ़ैंट्'-टर्– *v. t.* to free from restraint, to set free. बेड़ी हटाना, बन्धन से मुक्त करना ।

Unfilial–आन्-फ़िल्'-यील्–*adj.* not befitting a son or daughter. पितृभक्ति से हीन ।

Unfilled–अन्-फ़िल्ड्'–*adj.* not filled. अपूर्ण ।

Unfilmed – अन्-फ़िल्म्ड्' – *adj.* not prepared for film production. फ़िल्म का चित्र न खींचा हुआ ।

Unfinished–अन्-फ़िन्'-इश्ड्–*adj.* not complete, imperfet. अपूर्ण (असमाप्त), अधूरा ।

Unfirm-अन्-फ़र्म्'-*adj.* week, feeble. अपुष्ट, दुर्बल ; **Unfirmness** (-नेंस्) the quality of being feeble. दुर्बलता ।

Unfit–अन्-फ़िट्'–*adj.* (*comp.* **Unfitter**, *sup.* **Unfittest.**) unsuitable, incompetent. अयोग्य, अनुचित; *v. t.* (*p. t.* **Unfitted.**) to disable or disqualify. अयोग्य करना ; **Unfitly** (-ली) *adv.* unsuitably. अयोग्यता से; **Unfitness** (-नेंस्) *n.* unsuitableness. अयोग्यता ; **Unfitting** (-इङ्ग्) *adj.* improper. अयोग्य ।

Unfix–अन्-फ़िक्स्′–*v. i.* to loosen, to unsettle, to dissolve. ढीला करना, अस्थिर करना, खोलना।

Unfixed–अन्-फ़िक्स्ड्′–*adj.* wandering. चञ्चल, अस्थिर ; **Unfixedness** (-ऍड्′-नेस्) the state of being unfixed. चञ्चलता।

Unflattered – अन्-फ़्लैट्′-टर्ड् – *adj.* not flattered. झूठी प्रशंसा न किया हुआ

Unfledged – अन्-फ़्लेॅड्ज्ड्′ – *adj.* not furnished with feathers. पक्षहीन, बिना पर का।

Unflinching–अन्-फ़्लिन्च्′-इङ्ग्–*adj.* not shrinking. अविचल, स्थिर।

Unfoiled – अन्-फ़ॉयल्ड्′ – *adj.* not baffled. न घबड़ाया हुआ।

Unfold–अन्-फ़ोल्ड्′-*v.i.&t.* to spread out, to disclose, to reveal. फैलाना, प्रकट करना, प्रकाशित करना, उघाड़ना।

Unforbearing– अन्′-फ़ॉर्-बेॅअर्′-इङ्ग्–*adj.* not forbearing. असहनशील, क्षमाहीन।

Unforbidden–अन्-फ़ॉर्-बिड्′-डेॅन्–*adj.* not allowed. अनिरुद्ध, अवर्जित।

Unforced – अन्-फ़ोर्स्ड्′ – *adj.* not urged. अप्रेरित।

Unforeknown– अन्′-फ़ोर्-नोन्′–*adj.* not previously foreseen. पहिले से अज्ञात।

Unforeseen–अन्′-फ़ोर्-सीन्–*adj.* not expected or foreseen. अदृष्ट, अनदेखा

Unforetold–अन्′-फ़ोर्-टोल्ड्–*adj.* not predicted. पहिले से न कहा हुआ।

Unforfeited–अन्-फ़ॉर्′-फ़िट्-ऍड्– *adj.* not forfeited. ज़ब्त न किया हुआ।

Unforgiven– अन्-फ़ॉर्-गिव्′-ऍन्– *adj.* not pardoned. क्षमा न किया हुआ।

Unforgotten–अन्′-फ़ॉर्-गॉट्′-टेॅन्–*adj.* not lost to memory. न भूला हुआ।

Unformed – अन्- फ़ॉर्म्ड्′– *adj.* not moulded into regular shape. ठीक न बनाया हुआ (कुरूप, बेडौल)।

Unforsaken– अन्′-फ़ॉर्-सेक्′-ऍन्–*adj.* not deserted. न त्यागा हुआ।

Unfortified– अन्-फ़ॉर्ट्-इ-फ़ाइड्– *adj.* not fortified. क़िलाबन्दी न किया हुआ।

Unfortunate–अन्-फ़ॉर्′-ट्यु-नेट्– *adj.* not prosperous or fortunate. हतभाग्य, अभागा ; **Unfortunately** (-ली) *adv.* with misfortune. दुर्भाग्य से।

Unfound–अन्-फ़ाउन्ड्′–*adj.* not met with. अप्राप्त ; **Unfounded** (-ऍड्) *adj.* having no foundation, vain. निराधार, निर्मूल।

Unfragrant–अन्-फ़्रे′-ग्रॅन्ट्– *adj.* not fragrant. असुगन्धित।

Unfraternal– अन्-फ़्रॅ-टर्′-नॅल् – *adj.* not brotherly. अभ्रातृसम, असहोदर।

Unfree – अन्′-फ़्री – *adj.* not free. अस्वतन्त्र।

Unfrequent–अन्-फ़्री′-क्वेॅन्ट्–*adj.* not common. असामान्य ; **Unfrequented** (-ऍड्) *adj.* rarely visited. नित्य न भेंट करने योग्य; **Unfrequently** (-ली) *adv.* not often. असतत, बहुत कम।

Unfriendliness – अन्-फ़्रेन्ड्′-ली-नेॅस्–*n.* want of kindness. स्नेह या मित्रता का अभाव।

Unfriendly–अन्-फ़्रेन्ड्′-ली– *adj.* not kind or favourable. अमित्र (अस्नेही), विमुख।

Unfrozen– अन्-फ़्रोज़्′-ऍन्– *adj.* not frozen. न जमा हुआ।

Unfrugal – अन्-फ्रू'-गॅल् – *adj.* not economical. मुक्तहस्त, अकृपण ।

Unfruitful – अन्-फ्रूट्'-.फुल्-*adj.* unproductive, barren. फलहीन (निष्फल, अनर्थक), ऊसर ; **Unfruitfully** (-ली) *adv.* with barrenness, uselessly. निष्फलता से, व्यर्थ ; **Unfruitfulness** (- नॅस्) *n.* barrenness. विफलता, ऊसरता ।

Unfuelled–अन्-फ्यु'-ऍल्ड्–*adj.* without fuel. बिना इन्धन का ।

Unfulfilled-अन्'-.फुल्-फ़िल्ड्'-*adj.* not fulfilled. अपूर्ण किया हुआ ।

Unfumed–अन् - फ्यूम्ड्' – *adj.* not fumed. धुआँ न दिया हुआ ।

Unfurl – अन्-फ़र्ल्' – *v. t.* to unfold, to loosen, to expand. खोलना, फैलाना, पसारना ।

Unfurnished– अन्-फ़र्'-निश्ड् – *adj.* not supplied with, empty. बिना सामग्री का (रिक्त), खाली, छूछा ।

Unfused – अन् - फ्यूज़्ड्' – *adj.* not melted. न गलाया हुआ ।

Ungainful – अन्-गेन्'-.फुल्– *adj.* not profitable. लाभहीन ; **Ungainfulness** (-नॅस्) *n.* clumsiness. भद्दापन ।

Ungainly–अन्-गेन्'-ली-*adj.* clumsy, uncouth. कुरूप, भद्दा ।

Ungarnished – अन्-गॉर्'-निश्ड्–*adj.* not adorned. न सजाया हुआ ।

Ungathered – अन् - गॅद्'-दर्ड् – *adj.* not gathered. एकत्रित न किया हुआ ।

Ungenerated – अन्-जॅन्'-ऍर्-एट्'-ऍड्–*adj.* not begotten. उत्पन्न न किया हुआ ।

Ungenerous – अन्-जॅन्'-ऍर्-अस्–*adj.* not liberal, not kind, dishonourable. अनुदार, दयाहीन (कुटिल), नीच ; **Ungenerously** (-ली) *adv.* not generously. दयाहीनता से ।

Ungenial – अन्-जीन्'-यॅल्–*adj.* not favourable to nature. प्रकृति विरुद्ध ।

Ungenteel – अन्' - जॅन् - टील्' – *adj.* impolite. अविनीत, असभ्य ; **Ungenteelly** (-ली) *adv.* impolitely. अशिष्टता से ।

Ungentle – अन्-जॅन्'-टल्–*adj.* rude, uncourteous, rough. प्रचण्ड, धृष्ट, रूक्ष ।

Ungentlemanly – अन्-जॅन्-टल्-मॅन्'-ली–*adj.* unworthy of a gentleman. अकुलीन (अभद्र), अशिष्ट ; **Ungentlemanliness** (- नॅस्) *n.* the quality of being ungentlemanlike. अभद्रता, अकुलीनता ; **Ungentlemanlike** (-लाइक्) *adj.* not like a gentleman. अशिष्ट के सदृश ; **Ungentleness** (-नॅस्) *n.* rudeness, harshness, unkindness. रूक्षता, अशिष्टता, अदयालुता (निर्दयता) ।

Ungently–अन्-जॅन्ट्'-ली–*adv.* (*comp.* **Ungentlier**, *sup.* **Ungentliest**.) rudely. रूक्षता से ।

Ungilt – अन-गिल्ट्'–*adj.* not gilded. मोलम्मा न किया हुआ ।

Ungird–अन्-गर्ड्'–*v. t.* (*p. p.* **Ungirt.**) to loose from a band. बन्धन से खोलना ।

Ungladdened – अन्-ग्लॅड्'-ऍन्ड्–*adj.* not gladdened. प्रसन्न न किया हुआ ।

Unglazed–अन्-ग्लेज़्ड्'–*adj.* not glazed. न चमकाया हुआ ।

Unglove–अन्-ग्लव्'– *v. t.* to take off

the gloves. मोजा उतारना ।

Unglue–अन्-ग्लू'–*v. t.* to separate a thing that is glued. चिपकाई हुई वस्तु को अलगाना ।

Ungodliness – अन्-गॉड्'-ली-नेस् – *n.* the quality of being impious. ईश्वर में अश्रद्धा, भक्तिहीनता ।

Ungodly – अन्'-गॉड्'-ली–*adj.* impious, wicked. अधर्मी, पापी ।

Ungovernable-अन्'-गव्-अर्न्'-ऑ-ब्ल्–*adj.* that cannot be governed, unruly. अशासनीय (उच्छृङ्खल), वश में न करने योग्य; **Ungovernably** (-ऑब्-ली) *adv.* in an unruly manner. अशासनीयता से ; **Ungoverned** (-ड्) *adj.* not governed. अनियमित ।

Ungraced–अन् ग्रेस्ड्'–*adj.* not graced. असुशोभित, अलंकृत न किया हुआ ।

Ungraceful – अन् - ग्रेस्'-फुल् – *adj.* awkward, not graceful. असुन्दर, भद्दा ; **Ungracefully** (-ली) *adv.* awkwardly. भद्देपन से ; **Ungracefulness** (-नेस्) *n.* awkwardness. भद्दापन ।

Ungracious–अन्-ग्रे'-शस्–*adj.* hateful, wicked, unpleasing. घृणित (दुष्ट), नीच, अप्रिय ; **Ungraciously** (-ली) *adv.* in a wicked manner. दुष्टता से ; **Ungraciousness** (-नेस्) *n.* hatefulness. घृणा, नीचता ।

Ungrammatical–अन्'-ग्रैम्-मैट्'-इक्-ऑल्–*adj.* not in conformity with the rules of grammar. व्याकरण के नियम के विरुद्ध ; **Ungrammatically** (-ली) *adv.* not grammatically. ऐसे विरोध से ।

Ungranted–अन्-ग्रान्'-टेड् – *adj.* not granted. अस्वीकृत ।

Ungrateful–अन्-ग्रेट्'-फुल्–*adj.* not grateful, unacceptable, unpleasing. कृतघ्न, धन्यवाद न देनेवाला, अनादर करनेवाला; **Ungratefully** (-ली) *adv.* in an ungrateful manner. कृतघ्नता से ; **Ungratefulness** (-नेस्) *n.* ingratitude. कृतघ्नता ।

Ungratified – अन्-ग्रैट्'-इ-फाइड्–*adj.* not gratified. असन्तुष्ट ।

Ungravely – अन्-ग्रेव्'-ली–*adv.* not with gravity. बिना गम्भीरता के ।

Unground–अन्-ग्राउन्ड्'–*adj.* not reduced to powder. चूर्ण न किया हुआ

Ungrounded – अन्-ग्राउन्ड्'-ऍड्–*adj.* without a foundation or support. निर्मूल, बिना आधार का ; **Ungroundedness** (-नेस्) *n.* want of foundation. निर्मूलता ।

Ungrudging – अन्-ग्रज्'-इङ्ग् – *adj.* giving freely. बिना अवरोध (रुकावट) के देनेवाला ; **Ungrudgingly** (-ली) *adv.* cheerfully. प्रसन्नता से ।

Ungual – अन्'-ग्वॉल् – *adj.* having nails, claws or hoofs. नख, पञ्जा या खुरवाला ।

Unguarded–अन्-गाड्ड्'-ऍड्–*adj.* not defended. अरक्षित ; **Unguardedly** (-ली) *adv.* in an undefended manner. अरक्षित रूप में ।

Unguent – अन्'-ग्वेन्ट – *n.* an ointment. लेप, मलहम ।

Unguessed–अन्-गेस्ड्'–*adj.* not conjectured. अनुमान न किया हुआ ।

Unguical – अन्'-ग्वि-कॉल् – *adj.* pertaining to a claw. पञ्जेवाला ।

Unguided – अन्-गाइड्'-ऍड्–*adj.* not

guided or regulated. बिना नायक या पथदर्शक का ।

Unguiform – अङ् - ग्वि' - फॉर्म् – *adj*. shaped like a claw. पंजे के आकार का

Unguiltily – अन्-गिल्ट्' - इ-ली – *adv*. without guilt. बिना अपराध का ।

Unguilty – अन्-गिल्ट्' -ई–*adj*. innocent. दोषहीन, पापहीन ।

Unguinous–अन्'-ग्विन्-अस्–*adj*. consisting of fat or oil. वसा या तैलयुक्त

Ungulate–अङ्ग्'-यु लेट्–*adj*. shaped like a hoof. खुर के आकार का ।

Unhabituated – अन्-हॅ - बिट्-यु-एट्'-एॅड्–*adj*. not accustomed. अनभ्यस्त ।

Unhacked–अन्-हॅक्ट्'–*adj*. not cut. बिना कटा हुआ ।

Unhackneyed–अन्-हॅक्'-नीड् – *adj*. not hackneyed. असाधारण, अबहुप्रयुक्त

Unhair–अन्-हॅयर् – *v. t.* to remove hair from hide. त्वचा पर से बाल हटाना ।

Unhallow – अन्-हॅल्'-लो – *v. t.* to profane. अपवित्र करना ; **Unhallowed** (-ड्) *adj*. unholy, profane. अपवित्र किया हुआ, कलुषित ।

Unhand–अन्-हॅन्ड्' – *v. t.* to let go from the hands. हाथों से छोड़ देना ; **Unhandily** (-इ-ली) *adv*. clumsily. भद्देपन से ।

Unhandled–अन्-हॅन्'-ड्लड्–*adj*. not trained. अशिक्षित, अनभ्यस्त ।

Unhandsome - अन्-हॅन्'-सम् – *adj*. not beautiful, unfair, uncivil. कुरूप, बेडौल, अशिष्ट ; **Unhandsomely** (-ली) *adv*. कुरूपता से ; **Unhandsomeness** (-नॅस्) *n*. unfairness. भद्दापन, कुरूपता ।

Unhandy – अन्-हॅन्ड्'-ई–*adj*. awkward. भद्दा, फूहड़ ।

Unhanged – अन्-हॅङ्गड्' – *adj*. not punished by hanging. फांसी का दण्ड न दिया हुआ ।

Unhappily–अन्-हॅप्'-पि-ली–*adv*. unfortunately. मन्द भाग्य से ; **Unhappiness** (-नॅस्) *n*. misfortune. दुर्भाग्य

Unhappy–अन्-हॅप्'-पि-*adj*. (*comp*. **Unhappier**, *sup*. **Unhappiest**.) unfortunate, miserable. दुःखी, मन्द-भाग्य, अभागा; **Unhappiness** (-नॅस्) *n*. misfortune. अभाग्य ।

Unharbour – अन्-हॉर्'-बर् – *v. t.* to drive from shelter. रक्षा से हटाना ; **Unharboured** (- ड्) *adj*. not sheltered. शरण न दिया हुआ ।

Unhardened – अन्-हॉड्'-ऍन्ड्–*adj*. not hardened. पुष्ट न किया हुआ ।

Unharmed – अन्'-हार्म्ड् – *adj*. not injured. अक्षत, घाव न लगा हुआ ; **Unharmful** (-हार्म्'-फुल्) *adj*. not doing harm. कष्ट न देता हुआ ।

Unharness – अन्-हॉर्'-नॅस् – *v. t.* to divest of armour. कवच हटाना ।

Unhazarded – अन् - हॅज़्'-ऑड्र्ड्-एड्–*adj*. not put to hazard. आपत्ति में न डाला हुआ ।

Unhealthful – अन्-हॅल्थ्'- फुल – *adj*. injurious to health. स्वास्थ्य के लिये हानिकारक ।

Unhealthily – अन्-हॅल्थ्'-इ-ली – *adv*. in an unhealthy manner. अस्वस्थता से ।

Unhealthiness – अन्-हॅल्थ्'-इ-नॅस्–*n*. want of health. अस्वस्थता ।

Unhealthy-अन्-हॅल्थ्'-ई-*adj*.(*comp*.

Unhealthier,*sup*. Unhealthiest) wanting in health, sickly. अस्वस्थ, रोगी।

Unheard – अन् - हड्ड्' – *adj*. not heard, unknown. अश्रुत, न सुना हुआ, अज्ञात।

Unheated – अन्-हीट्'-ऍड् – *adj*. not made hot. गरम न किया हुआ।

Unhedged – अन् - हॅज्ड्' – *adj*. not surrounded by a hedge. टट्टी न लगा हुआ।

Unheeded – अन्-हीड्'-एड्–*adj*. neglected or disregarded. अचिन्तित; **Unheededly** (-ली) *adv*. बिना चिन्ता के; **Unheedy** (- ई) *adj*. careless. असावधान।

Unhelped – अन्-हॅल्प्ड्' – *adj*. not assisted. सहायता न दिया हुआ।

Unhelpful–अन्-हॅल्प्'-.फुल्–*adj*.helpless. निःसहाय।

Unhesitating – अन्-हॅज़्'-इ-टेट्'-इङ्ग्–*adj*. not remaining in hesitation, prompt. दृढ़चित्त, उद्यत; **Unhesitatingly** (- ली) *adv*. बिना संशय या शङ्का के।

Unhewn–अन्-ह्यून्'–*adj*. not hewn, rough. बिना सुधारा हुआ, रूक्ष।

Unhindered–अन्-हिन्'-डर्ड्–*adj*. not obstructed. बिना रुकावट का।

Unhinge – अन्-हिन्ज्' – *v. t*. to take from the hinges, to displace. चूल से हटाना, (उखाड़ना), खोलना; **Unhingement** (-मॅन्ट्) *n*. unsettlement. अस्थिरता।

Unhired-अन्-हायर्ड्'-*adj*. not hired. किराये पर न दिया हुआ।

Unhistoric – अन्'-हिस्-टॉर्'-इक्–*adj*. not historical. अनैतिहासिक।

Unhive – अन्-हाइव्' – *v. t*. to deprive of habitation. निवासस्थान से अलगाना।

Unhoard – अन्-होर्ड्'–*v. t*. to scatter. छितराना, फैलाना।

Unholiness – अन्-हो'-ली-नॅस्–*n*. impiety. अपवित्रता।

Unholy–अन्-हो'-ली – *adj*. not holy, impious, profane. अधर्मी, अपावन।

Unhonoured – अन्-ऑन्'-अर्ड्–*adj*. not honoured. सन्मान न किया हुआ।

Unhook – अन्-हुक्' – *v. t*. to loose from a hook. कड़ी से हटाना।

Unhopeful-अन्-होप्'-.फुल्-*adj*. hopeless. आशा रहित, निराश।

Unhorned–अन्-हॉर्न्ड्'–*adj*. having no horns. बिना सींघ का।

Unhorse–अन्-हॉर्स्'–*v. t*. to throw from a horse. घोड़े पर से गिरा देना।

Unhostile – अन्-हॉस्'-टाइल्–*adj*. not belonging to an enemy. अशत्रु-सम्बन्धी।

Unhouse–अन्-हाउज़्'–*v. t*. to drive from house, to dislodge. घर से निकाल देना, अशरण करना; **Unhoused** (-ड्) *adj*. homeless. निराश्रय, गृहहीन।

Unhumbled – अन्-हम्'-ब्ल्ड् – *adj*. not humbled. अविनीत।

Unhunted – अन्-हन्ट्'-ऍड्–*adj*. not hunted. शिकार न किया हुआ।

Unhurt – अन्-हर्ट्'–*adj*. free from injury. आघात (घाव) न लगा हुआ; **Unhurtful** (-.फुल्) *adj*. harmless. हानि रहित; **Unhurtfully** (-.फुल्-लि) *adv*. without harm.

बिना हानि के।

Unhusbanded-अन्-हज़्'-बौन्ड्-एँड्-*adj.* without a husband, not managed frugally. बिना पति की, मितव्यय (किफ़ायत) किये बिना।

Unhusked–अन्-हस्कड्'– *adj.* not deprived of husk. बिना भूसा हटाया हुआ

Unicorn – यू'-नि - कार्न्– *n.* a fabulous animal like horse with one horn in the middle of its head. एकशृङ्ग नामक कल्पित पशु।



Unicorn.

Unicycle–यु'-नि-साइ'-कल्–*n.* a cycle with one wheel. एक पहिये की गाड़ी।

Unideal-अन्'-आइ-डि'-औल्–*adj.* not ideal, real. वास्तविक, यथार्थ (सचा)।

Unidentate – यू'-नि-डेन्ट्'–एट् – *adj.* having but one tooth. एक दाँतवाला

Unidentified–अन्'-आइ-डेन्ट्'-इ-फ़ाइड्-*adj.* not identified. अप्रमाणित।

Unification–यू'-नि-फ़ि-के'-शॉन्–*n.* the act of uniting. एकरूपता।

Uniflorous – यू'-नि-फ़्लोर्'-अस् – *adj.* bearing only one flower. केवल एक फूल फूलनेवाला।

Unifoliate-यू'-नि-फ़ो'-लि-एट्-*adj.* having one leaf only. केवल एक पत्ती का।

Uniform– यू'-नि-फ़ॉर्म्– *adj.* having always the same form, constant, regular, not different. एक समान, एक प्रकार का, सरूप, अभिन्न ; *n.* a regimental dress. एक समान वेष, वर्दी ; **Uniformity** (-इ-टी) *n.* sameness, resemblance, similitude. सारूप्य, एकरूपता, समानता ; **Uniformly** (-लो) *adv.* एकरूप से, नियत रूप से, सर्वदा।

Unify–यू'-नि-फ़ाइ–*v. t.* (*p. t.* Unified) to unite into one, to make uniform. एक रूप करना।

Unigeniture– यू'-नि-जेन्'-इ-च्युर् – *n.* state of being the only one begotten. एक ही सन्तति।

Unigenous – यू-निज्'-इ-नस्– *adj.* of one kind, of the same genus. एक जाति या वर्ग का।

Uniliteral– यू'-नि-लिट्'-अर्-ऑल्– *adj.* consisting of one letter. एकाक्षरी, एक अक्षरवाला।

Unilluminated – अन्'-इल्-ल्यू'-मिन्-एट्-ऍड्–*adj.* not illuminated, dark. अप्रकाशित, अन्धकार पूर्ण।

Unillustrated–अन्'-इल्-लस्'-ट्रेट्-ऍड्-*adj.* not illustrated. बिना चित्र का।

Unimaginable–अन्'-इम्-ऑज्'-इन्-ऑ-बल्–*adj.* not to be imagined. अनुमान न करने योग्य ; **Unimaginably** (-औब्'-ली) *adv.* unconceived. बिना अनुमान के ; **Unimaginative** (-ऑट्-इव्) *adj.* अनुमान न करनेवाला।

Unimagined–अन्'-इम्-ऑज्'-इन्ड्–*adj.* not imagined. अनुमान न किया हुआ।

Unimitated– अन्-इम्'-इ-टेट्-ऍड्– *adj.* not imitated. अनुकरण न किया हुआ।

Unimpaired – अन्' - इम्- पेयॅड्'– *adj.* not diminished. कम न किया हुआ।

Unimpassioned–अन्'-इम्-पॅश्'-अन्ड्-*adj.* free from passion,calm. काम-रहित, शान्त।

Unimpeachable – अन्'-इम्-पीच्'-ऑ-बल्–*adj.* free from guilt. दोष न लगाने योग्य,निर्दोष; **Unimpeachable**

ness (-नैस्) *n.* the quality of being free from guilt. निर्दोषता।

Unimpeded- अन्'-इम्-पीड्'-ऍड्- *adj.* not obstructed, not hindered. निर्विघ्न, बिना अवरोध (रुकावट) का।

Unimplored - अन्'इम्-प्लोड्ड्' - *adj.* not solicited. बिना प्रार्थना किया हुआ।

Unimportance-अन्'-इम्-पॉड्ट्'-ऑन्स- *n.* want of importance. अप्रसिद्धि, तुच्छता।

Unimportant- अन्' इम्-पॉड्ट्'-ऑन्ट - *adj.* ('insignificant.) not important, trivial. अप्रसिद्ध, तुच्छ।

Unimportuned- अन्'-इम्-पॉर्-ट्यून्ड्'- *adj.* not solicited. प्रार्थना न किया हुआ

Unimpressive-अन्'-इम्-प्रेस्'-सिव्-*adj.* not impressive. प्रभावहीन ; **Unimpressively** (-ली) *adv.* प्रभावहीनता से

Unimprisoned- अन्'-इम्-प्रिज़्'-ऑन्ड्- *adj.* not imprisoned. कारागृह में बन्द न किया हुआ।

Unimprovable-अन्'-इम्-प्रूव्'-ॲ-ब्ल्- *adj.* not capable of improvement. उन्नति न करने योग्य ; **Unimproved** (-ड्) *adj.* not improved. उन्नति न किया हुआ।

Unindebted- अन्'-इन्-डैट्'-ऍड् - *adj.* not indebted. अऋण।

Unindustrious-अन्'-इन्-डस्'-ट्रि अस्- *adj.* not industrious. अपरिश्रमी।

Uninfected- अन्'-इन्-फैक्'-टैड् - *adj.* not contaminated, not corrupted. मलिन न किया हुआ, अदूषित।

Uninfectious-अन्'-इन्-फैक्'-शस-*adj.* not capable of communicating one's disease. रोग न फैलानेवाला।

Uninfluenced-अन्-इन्'-फ्लु-एन्स्ड्-*adj.* not influenced, free. प्रभाव न पड़नेवाला, स्वतन्त्र ; **Uninfluential** (-ऍन्-शॅल्) *adj.* having no influence. अप्रभावशाली।

Uninformed - अन्'-इन्-फॉर्म्ड्'- *adj.* not taught,ignorant. अशिक्षित,अनपढ़।

Uningenious- अन्'-इन्-जीन्'-इ-अस - *adj.* not ingenious, dull. बुद्धिहीन, मन्द।

Uninhabitable - अन्'-इन्'-हॅबि'-इ-टी-ब्ल्-*adj.* not habitable. न बसने योग्य ; **Uninhabited** (-ऍड्) *adj.* not inhabited. न बसा हुआ।

Uninitiated -अन्'-इन्-इश्'-इ-एट्'-ऍड्- *adj.* not initiated. दीक्षा न लिया हुआ।

Uninjured-अन्'-इन्-जड्ड्- *adj.* not injured or hurt. घाव या चोट न लगा हुआ।

Uninjurious - अन्'-इन्-ज्यू'-रि-अस - *adj.* not injurious. हानि न करनेवाला, अहानिकर।

Uninquiring- अन्'-इन्-क्वायर्'-इङ्ग - *adj.* not disposed to inquire. छानबीन न करनेवाला।

Uninspired - अन्-इन्'-स्पायड्ड्'- *adj.* not inspired, not having received supernatural instructions or illumination. उत्तेजित न किया हुआ, (अनीश्वरोपदिष्ट) ईश्वर की आज्ञा न पाया हुआ

Uninstructed - अन्'-इन्-स्ट्रक्ट्'-एड् - *adj.* not instructed. अशिक्षित ; **Uninstructive** (-इव्) *adj.* not serving to instruct. शिक्षा न देनेवाला।

Uninsured-अन्'-इन्-श्यूड्ड्'-*adj.* not insured. बीमा न किया हुआ

Unintellectual – अन्'-इन्-टल्-लैक्'-ट्यु-ऑल् – *adj.* not intellectual. बुद्धिहीन।

Unintelligent–अन्'-इन्-टैल्'-लि-जैन्ट–*adj.* not intelligent, dull, बुद्धिहीन, मन्द।

Unintelligibility-अन्'-इन्-टैल्'लि-जि-बिल्'-इ-टी–*n.* the quality of being unintelligible. अबोध्यता, अग्राह्यता।

Unintelligible – अन्'-इन्-टैल्'-लि-जैं-बल् – *adj.* that cannot be understood. अज्ञात, न समझने योग्य ; **Unintelligibly** (-ब्ली) *adv.* that cannot be understood. अबोध्यता से।

Unintentional – अन्'-इन्-टैन्'–शॉन्–ऑल् – *adj.* done without intention. बिना अभिप्राय के किया हुआ ; **Unintentionally** (-ली) *adv.* without intention. बिना अभिप्राय के।

Uninterested–अन्-इन्'-टर्-ऍस्ट्'–एंड्–*adj.* having no concern or personal interest in. अहित, बिना सम्बन्ध का।

Uninteresting-अन्'-इन्-टर्-ऍस्ट्'-इङ्ग-*adj.* not exciting interest. अचित्त-रंजक, अप्रिय, विनोदहीन ; **Uninterestingly** (-इङ्ग-ली) *adv.* not exciting interest. अप्रियता से।

Unintermitted–अन्'-इन्-टर्-मिट्'-टेंड्-*adj.* continuous, not interrupted. सतत, (निरन्तर, लगातार) अविघ्न।

Uninterpreted–अन्'-इन्-टर्'-प्रेंट्'-ऍड्–*adj.* not explained. व्याख्या न किया हुआ।

Uninterrupted–अन्'–इन्-टर्-रप्'-टेंड्–*adj.* not interrupted, incessant. अबाध्य, (निर्विघ्न) अभङ्ग ; **Uninterruptedly** (-ली) *adv.* without interruption. बिना विघ्न के।

Unintoxicating – अन्'-इन्-टॉक्स्'–इ-केट्'-इङ्ग – *adj.* not intoxicating. नशा न लानेवाला।

Unintroduced – अन्'-इन्-ट्रो-ड्यूस्ड्' – *adj.* not introduced, not discovered. प्रवृत्त न किया हुआ, परिचय न दिया हुआ।

Uninvented–अन्'-इन्-वैन्ट्'-ऍड् – *adj.* not invented. आविष्कार न किया हुआ

Uninvested – अन्'-इन्-वैन्ट्'-एड्–*adj.* not invested. लाभ के लिये न लगाया हुआ।

Uninvited– अन्'-इन्-वाइट्'-ऍड् – *adj.* not requested. अनिमन्त्रित, प्रार्थना न किया हुआ ; **Uninviting** (-इङ्ग) *adj.* not attactive. चित्त को आकर्षित न करनेवाला।

Uninvoked – अन्'-इन्-वोक्ड्' – *adj.* not invoked. अनुत्तेजित।

Union – यून्'-यान् – *n.* a junction. combination, concord, harmony, confederacy. संयोग, मेल, मिलाप, एका, सङ्घ ; **Union jack** (the British national flag.) इङ्गलैन्ड का राष्ट्रीय पताका।

Unionist–यून्'-यॉन्-इस्ट्–*n.* one who advocates union. मेल का प्रचार करनेवाला।

Uniparous–यु-निप्' ऑ-रस्–*adj.* producing one at a birth. एक बार एक ही बच्चा जननेवाली।

Unipartite – यु'-नि-पॉर्ट्'-आइट्– *adj.* not divided into parts. विभाग न किया हुआ।

Uniped–यून्'-इ-पैड्–*adj.* one-footed.

एक पैरवाला।

Unique–यू-नीक्' – *adj.* without an equal, single or alone in any quality, unmatched, unequalled. अपूर्व, अद्वितीय, अनोखा, अनूठा ; **Uniquely** (-ली) *adv.* in a unique manner. विलक्षणता से, अनोखेपन से ; **Uniqueness** (-नेस्) *n.* the quality of being unique. अनोखापन, अपूर्वता।

Unirritated–अन्-इर्'-रि-टेट्'–एड्–*adj.* not irritated. अनुत्तेजित ; **Unirritating** (-इङ्ग्) *adj.* not provoking. उत्तेजना न देनेवाला।

Unison – यू'-नि-सान्– *n.* agreement or harmony, accordance of sounds. एक तान, स्वर का ऐक्य ; **Unisonant** (-निस्'-सौं-नॅन्ट्) *adj.* being in agreement. एक सुरा।

Unit – यू'-निट् – *n.* a single person or thing, body of objects taken as one. एक व्यक्ति, एकाङ्क, एकाई।

Unitarian–इ-नि-टॅअर्'-इ-ॲन्–*n.* one who believes in the unity of divine nature. अद्वैतवादी।

Unitary–यू'-नि-टॅ'-रि–*adj.* relating to unit. एकाई सम्बन्धी।

Unite–यु-नाइट्'–*v.t.* & *i.* to put together, to join, to connect, to attach, to grow into one. मिलाना, जोड़ना, एकत्र करना, एक होना, एक साथ उगना ; **United** (-एड्) *adj.* joined together. संयुक्त, मिला हुआ; **Unitedly** (-ली) *adv.* with union. संयोग से, मिलाते हुए, एक साथ।

Unitive–यू'-नि-टिव्–*adj.* having the power of uniting. मिलाने की शक्तिवाला।

Unitize–यू-नि-टाइज़्'–*v.t.* to treat as a unit. एकांक मानना।

Unity–यू'-नि-टी–*n.* (*pl.* **Unities**.) oneness, agreement, uniformity, harmony, ऐक्य (योग), मेल, एकाई, समानता।

Univalve, Univalvular – यू' - नि-वॅल्व् (-यु-लॅर्) *adjs.* having one valve only, एक कपाट या तह वाला।

Universal – यू'-नि-वर्' - सॅल् – *adj.* general, whole, comprising all. सार्वलौकिक, विश्व सम्बन्धी, सम्पूर्ण ; **Universality** (-सॅल्'-इ-टी) *n.* the state of being universal. विश्वव्यापकता, सर्वव्यापकता ; **Universalize** (-आइज़्) *v.t.* to make universal. विश्वव्यापक करना ; **Universally** (-ली)*adv.* without exception. सर्वत्र, सब जगह ; **Universalness** (-नेस) *n.* universality. विश्वव्यापकता; **Universal spirit** (the Supreme self.) जगदात्मा, ब्रह्म।

Universe–यू'-नि-वर्स् – *n.* the whole system of nature, everything existing. विश्व, त्रिभुवन, सम्पूर्ण जगत।

University–यू'-नि-वर्'-सि-टी–*n.* (*pl.* **Universities**.) the institution where the higher branches of arts and sciences are taught and degrees conferred. विश्व विद्यालय।

Univocal–यु-निव्'-ओ-कॅल्–*adj.* having one meaning only. ऐकार्थ, केवल एक ही अर्थ का ; **Univocally** (-ली) *adv.* in one sense only. एक ही अर्थ में।

Unjaundiced – अन्-जॉन्'-डिस्ड – *adj.* impartial. पक्षपातहीन ।

Unjealous – अन्-जैल्'-अस् – *adj.* not jealous. ईर्ष्याहीन, बिना डाह का ।

Unjoined – अन् - जॉइन्ड्' – *adj.* not joined. न जुटा हुआ ।

Unjointed – अन्-जॉयन्ट्'-ऍड् – *adj.* having no joints. बिना जोड़ का ।

Unjoyful – अन्-जय्'-फुल् – *adj.* not joyful. अप्रसन्न ।

Unjoyous – अन्-जाय्'-अस् – *adj.* not cheerful. अप्रसन्न ।

Unjudged – अन्-जज्ड्' – *adj.* not judged. निर्णय न किया हुआ ।

Unjust – अन्'-जस्ट – *adj.* not just, dishonest, faithless. न्यायहीन (अनुचित), बेइमान, नमकहराम ; **Unjustly** (-ली) *adv.* with injustice. अन्याय से ।

Unjustifiable-अन्-जस्-टि-फि'-ऑ-ब्ल्-*adj.* that cannot be proved to be right. प्रमाणित न करने योग्य ; **Unjustifiableness** (-नॅस) *n.* the state of being unjustifiable. अप्रमाणिक स्थिति ।

Unkempt–अन्-कॅम्प्ट्'–*adj.* uncombed. बिखरा हुआ, न संवारा हुआ ।

Unkenned – अन् - कॅन्ड्' – *adj.* unknown. अज्ञात ।

Unkennel-अन्-कॅन्' नॅल्-*v.t.* to drive from a hole, to rouse from secrecy. माँद से निकालना, गुप्त स्थान से हटाना ।

Unkept – अन्-कॅप्ट्' – *adj.* not preserved. सुरक्षित न रक्खा हुआ ।

Unkind – अन्-काइन्ड्' – *adj.* harsh, cruel. निर्दयी, क्रूर; **Unkindly** (-ली) *adv.* & *adj.* unfavourable, without affection. अपकारी, निर्दयता से ;

Unkindness (-नॅस) *n.* the state of being unkind, cruel. निर्दयता, क्रूरता ।

Unking–अन्-किङ्ग्'–*v. t.* to deprive of regal authority. राजगद्दी से उतारना ; **Unkingly** (-ली) *adj.* not worthy of a king. राजा के अनुचित, अराजक ।

Unknit–अन्-निट्' – *v. t.* (*p. t.* **Unknitted**.) to separate threads, to open. उधेरना, तागा अलगाना ।

Unknot–अन्-नॉट्' – *v. t.* (*p. t.* **Unknotted**.) to free from knots. गाँठ खोलना ।

Unknowable – अन्-नो'-ऑ-ब्ल्–*adj.* that cannot be known. न जानने योग्य ।

Unknowing–अन्-नो'-इङ्ग– *adj.* unknown, innocent. अज्ञात, न जाननेवाला ; **Unknowingly** (-ली) *adv.* without knowledge. अविद्या से ।

Unknown – अन्' - नोन् – *adj.* not known. अज्ञात ।

Unlaboured–अन्-ले'-बर्ड्–*adj.* not cultivated, natural, easy. बिना परिश्रम का, स्वाभाविक, सरल ।

Unlace – अन्-लेस्' – *v. t.* to loose a woman's dress. स्त्री का वस्त्र उतारना, उघाड़ना ।

Unlade–अन्-लेड्'–*v. t.* to take out cargo from a ship. जहाज पर से माल उतारना ।

Unlaid – अन्-लेड्' – *adj.* not fixed. स्थिर न किया हुआ ।

Unlamented–अन्'-लॅ-मॅन्ट्'-ऍड्– *adj.* not lamented. विलाप न किया हुआ ।

Unlash–अन्-लैश्′-*v. t.* to unfasten. खोलना।

Unlatch–अन्-लैच्′–*v. t.* to open by lifting the latch. सिटकिनी (या कुण्डा) हटाकर खोलना।

Unlavish – अन्-लैव्′-इश् – *adj.* not lavish. बहुत व्यय न करनेवाला।

Unlawful – अन्-लॉ′-फुल्–*adj.* contrary to law. नियम विरुद्ध, शास्त्र के विपरीत; **Unlawfully** (-लि) *adv.* not in conformity with law. नियम विरुद्धता से; **Unlawfulness** (-नैस्) *n.* the state of being unlawful. नयम विरुद्धता।

Unlearn–अन्-लर्न्′–*v.t.* (*p.t.* & *p. p.* **Unlearnt**.) to forget what is learnt. सीखा हुआ भूल जाना।

Unlearned – अन्-लर्न्′-ऍड्–*adj.* ignorant, illiterate. अज्ञान, मूर्ख, अपण्डित; **Unlearnedly** (-ली) *adv.* ignorantly. अज्ञानता से।

Unlectured – अन्-लैक्′-ट्यूर्ड् – *adj.* not lectured to. व्याख्यान न दिया हुआ।

Unlent – अन्-लैन्ट्′ – *adj.* not lent. उधार न दिया हुआ।

Unless– अन्-लैस्′ – *conj.* except, if not, that not. but. यदि न, नहीं तो, सिवाय।

Unlessoned–अन्-लैस्′-सॉन्ड्–*adj.* not instructed. शिक्षा न दिया हुआ।

Unlettered – अन्-लैट्′-टर्ड्–*adj.* unlearned, illiterate, untaught. अशिक्षित, निरक्षर, मूर्ख।

Unlevelled–अन्-लैव्′-ऍल्ड्–*adj.* not levelled. समतल न किया हुआ।

Unlicensed–अन्-लाइ′-सैन्सड्-*adj.* not licensed. बिना अधिकार प्राप्त।

Unlicked – अन्-लिक्ड्′–*adj.* shapeless, awkward. कुरूप, बेडौल।

Unlighted – अन्-लाइट्′-ऍड्–*adj.* not kindled. न जलाया हुआ।

Unlike–अन्-लाइक्′–*adj.* not similar, not like. असमान, असदृश, भिन्न ; **Unlikelihood** (-लि-हुड्), **Unlikeliness** (-नैस्) *ns.* improbability. असम्भावना ; **Unlikely** (-लि) *adj.* & *adv.* improbable, improbably. असम्भव, भिन्न रूप से ; **Unlikeness** (-नैस्) *n.* dissimilitude. असमानता।

Unlimited – अन्-लिम्′-इट्-ऍड् – *adj.* not limited, undefined. असीम (सीमा रहित), अपार; **Unlimitedly** (-ली) *adv.* without bounds. बिना सीमा के; **Unlimitedness** (-नैस) *n.* the state of being unlimited. असीमता।

Unline – अन्-लाइन्′–*v. t.* to empty, to remove lining from. ख़ाली करना, अस्तर हटाना।

Unlineal –अन्-लिन्′-इ-ऑल्–*adj.* not in succession. बिना क्रम का।

Unlink–अन्-लिङ्क्′– *v. t.* to remove links from. कड़ी हटाना।

Unliquidated–अन्-लिक्′-वि-डेट्′-ऍड्–*adj.* not settled, not paid. अस्थिर, अदा न किया हुआ।

Unlively–अन्-लाइव्-लि– *adj.* (*comp.* **Unlivelier**, *sup.* **Unliveliest**.) not lively, dull. अप्रसन्न, मन्द।

Unload–अन्-लोड्′– *v. t.* to disburden, to discharge. बोझा उतारना, हलका करना।

Unlocated–अन्′-लो-कैट-′ऍड्–*adj.* not

fixed in place. स्थान में स्थिर न किया हुआ।

Unlock–अन्-लॉक्'–*v.t.* to unfasten, to remove lock from. बंधन हटाना, ताला खोलना; **Unlocked** (-ड) *adj.* not made fast with a lock. ताला बन्द न किया हुआ।

Unlooked-for– अन्-लुक्ड्'-फ़ॉर्– *adj.* not expected. आशा न करता हुआ।

Unloose, Unloosen-अन्-लूस्'-(-ऍन्) *v. t.* to make loose. ढीला करना, खोलना।

Unloveliness– अन्-लव्'-लि-नॅस्– *n.* the state of being unlovely. अरोचकता, भद्दापन।

Unlovely–अन्-लव्'-लि–*adj.* (*comp.* **Unlovelier**, *sup.* **Unloveliest**.) not attractive. अरोचक, अमनोहर।

Unluckily – अन्-लक्'-इ-लि – *adv.* in an unlucky manner. दुर्भाग्य से।

Unluckiness – अन्-लक्-इ-नॅस् – *n.* misfortune. दुर्भाग्य।

Unlucky–अन्–लक्'-ई– *adj.* (*comp.* **Unluckier**, *sup.* **Unluckiest**.) not fortunate, inauspicious. दुर्भाग्य, (दुखी) अभागा।

Unlustrous– अन्-लस्'-ट्रस्– *adj.* not shining. न चमकता हुआ।

Unlusty–अन्-लस्'-टि–*adj.* not healthy, weak. अस्वस्थ, दुर्बल।

Unmagnetic–अन्'-मॅग्-नॅट्'-इक्– *adj.* not having magnetic properties. चुम्बक की शक्ति न रखनेवाला।

Unmailable –अन्-मेल्'-ऑ-ब्ल् – *adj.* that cannot be sent by post. डाक द्वारा न भेजने योग्य।

Unmake – अन्-मेक्' – *v. t.* (*p. t.* **Unmade**.) to destroy the form of. रूप भ्रष्ट करना या मिटा देना।

Unmalleable– अन्-मॅल्'-लि-ऑ-ब्ल् – *adj.* not malleable. पीट कर न बढ़ाने योग्य।

Unman–अन्-मॅन्'–*v. t.* (*p. t.* **Unmanned**.) to emasculate, to dishearten, to deject. पौरुषहीन करना, नपुंसक बनाना, उत्साह भंग करना।

Unmanageable – अन्'-मॅन्'-ऍज्-ऑ-ब्ल् – *adj.* not controllable, not able to be easily governed. असाध्य, अधीन न होने योग्य।

Unmanliness – अन्-मॅन्'-लि-नॅस्– *n.* want of manliness. पौरुषहीनता।

Unmanly-अन्'-मॅन्-लि-*adj.* cowardly, effeminate. पौरुषहीन, स्त्री सदृश।

Unmanned – अन्-मॅन्ड्' – *adj.* not supplied with men. मनुष्यों से परिपूर्ण न किया हुआ।

Unmannered– अन्-मॅन्'-नर्ड् – *adj.* uncivil, rude. अशिष्ट, धृष्ट।

Unmannerliness – अन्-मॅन्-नर्-लि-नॅस् – *n.* incivility, rudeness. अशिष्टता।

Unmannerly–अन्-मॅन्'-नर्-लि– *adj.* wanting in good manners, uncivil. अशिष्ट, अकुलीन, गँवार।

Unmanured – अन्-मॅ-न्योर्ड्' – *adj.* not manured. खाद न दिया हुआ।

Unmarked – अन्-मार्क्ड् – *adj.* not marked. चिह्नित न किया हुआ।

Unmarred–अन्-मॉर्ड्'–*adj.* not spoiled. नष्ट न किया हुआ।

Unmarriageable – अन्-मॅर्'-रिज्-ऑ-ब्ल्–*adj.* too young to be married. विवाह न करने के लिये अल्पवय का।

Unmarried–अन्-मॅरि्'-रीड्–*adj*. not married. अविवाहित, व्याह न किया हुआ

Unmasculine – अन्-मॅस्'-क्यु-लिन् – *adj*. effeminate. पौरुषहीन, नपुंसक।

Unmask–अन्-मास्क्'– *v. t.* & *i.* to deprive or put off mask, to expose. भेद खोलना, अपना सच्चा रूप प्रकट करना; **Unmasked** (-ड्) *adj*. exposed. प्रकट किया हुआ।

Unmastered– अन्-मास्ट्'-अड्ड् – *adj*. not conquered. अजेय न जीता हुआ।

Unmasticable–अन्-मॅस्'-टि-कॅ-ब्ल् – *adj*. not able to be chewed. दाँत से न चबाने योग्य।

Unmatchable-अन्-मॅच्'-अॅ-ब्ल्-*adj*. not equalled. अद्वितीय ; **Unmatched** (-ड्) *adj*. without an equal. अनुपम।

Unmeaning – अन्-मीन्'-इङ्ग् – *adj*. having no signification, without intelligence. अनर्थक, असंगत, बिना अर्थ का ; **Unmeaningness** (-नॅस्) *n*. अर्थहीनता।

Unmeasurable–अन्-मॅझ्'-अर्-अॅ-ब्ल्–*adj*. that cannot be measured. असीम, न नापने योग्य ; **Unmeasured** (-ड्) *adj*. बिना नापा हुआ।

Unmechanical–अन्'-मॅ-कॅन्-इक-ॲल्-*adj*. not mechanical. यन्त्र विद्या के प्रतिकूल।

Unmeddling–अन्-मॅड्'-ड्लिङ्ग् – *adj*. not interfering. विघ्न न करनेवाला।

Unmeditated – अन्-मॅड्'-इ-टेट्'-ऍड् – *adj*. not previously thought. अपूर्व चिन्तित, पहिले से न विचारा हुआ।

Unmeet–अन्-मीट् – *adj*. unfit, not worthy. अयोग्य ; **Unmeetness** (-नॅस) *n*. the state of being unfit. अयोग्यता।

Unmelodious–अन्-मॅल्-लो'- डि-अस – *adj*. not melodious. बेसुरा।

Unmelted –अन्-मॅल्ट्'-ऍड्– *adj*. not dissolved. बिना गलाया हुआ।

Unmentionable – अन्-मॅन्-शॉन्-अॅ-ब्ल्–*adj*. that may not be mentioned. अवर्णनीय, वर्णन न करने योग्य ; **Unmentioned** (-ड्) *adj*. not mentioned. अनिर्धारित।

Unmercantile– अन्-मर्'-कॅन्-टाइल् – *adj*. not according to the rules of commerce. व्यवसाय के नियम के विरुद्ध।

Unmerciful – अन्-मर्'-सि-फुल् – *adj*. not merciful, cruel-hearted. निर्दयी, कठोरहृदय ; **Unmercifully** (-लि) *adv*. cruelly. निर्दयता से ; **Unmercifulness** (नॅस्) *n*. cruelness. निर्दयता।

Unmerited-अन्-मॅर्'-रिट्-ऍड्-*adj*. unjust. न्यायविरुद्ध, अनुचित।

Unmetallic – अन्'-मॅ-टॅल्'- इक्– *adj*. not metallic. अधातु।

Unmilked– अन्-मिल्कड्' – *adj*. not milked. दूध न दूहा हुआ।

Unminded-अन्-माइन्ड्'-ऍड्–*adj*. not heeded, forgotten. असावधान, अचिन्तित।

Unmindful–अन्-माइन्ड्'-फुल्–*adj*. regardless, careless. असावधान, अचेत; **Unmindfully** (-लि) *adv*. carelessly. असावधानी से ; **Unmindfulness** (- नॅस) *n*. heedlessness. असावधानी।

Unmingled – अन्'-मिङ्ग्-गल्ड् – *adj*. not mixed, pure. अमिश्रित, शुद्ध।

Unmistakable – अन्‌-मिस्‌-टेक्‌' - ऑ-ब्ल्‌– *adj*. that cannot be mistaken. अशुद्धि न होने योग्य ; **Unmistaken** (-एँन्‌) *adj*. sure,certain. निश्चित ।

Unmitigable–अन्‌-मिट्‌'-इ-गॅ-ब्ल्‌–*adj*. not capable of being lessened. न्यून न होने योग्य ।

Unmixed – अन्‌'-मिक्स्ड्‌ – *adj*. not mixed, pure. अमिश्रित, शुद्ध ।

Unmoaned – अन्‌-मोन्ड्‌' – *adj*. not lamented. विलाप न किया हुआ ।

Unmodifiable – अन्‌-मॉड्‌'-इ-फ़ाइ-ऑ-ब्ल्‌– *adj*. that cannot be altered. परिवर्तन न होने योग्य ; **Unmodified** (-फ़ाइड्‌) *adj*. not altered. अपरिवर्तित

Unmoist–अन्‌-मॉयस्ट्‌'–*adj*. dry. सूखा; **Unmoistened** (-मॉयस्‌'-एँन्ड्‌) *adj*. not made moist. तर न किया हुआ ;

Unmolested–अन्‌'-मॉ-लॅस्ट्‌'-ॲड्‌ – *adj*. not disturbed. उपद्रव न किया हुआ ।

Unmoor-अन्‌-मूर्‌'-*v.t*. to loose from moorings. लङ्गर उठाकर जहाज़ चलाना ।

Unmortgaged – अन्‌-मॉर्‌'-गॅज्ड्‌–*adj*. not mortgaged. रेहन न किया हुआ ।

Unmortified-अन्‌-मॉर्‌'-टि-फ़ाइड्‌'-*adj*. not shamed. लज्जित न किया हुआ ।

Unmould–अन्‌-मोल्ड्‌'–*v.t*. to change the form of. आकृति बदलना ।

Unmovable – अन्‌-मूव्‌'-ऑ-ब्ल्‌ – *adj*. that cannot be moved. स्थायी, स्थिर, न हटाने योग्य ।

Unmoved–अन्‌-मूव्ड्‌'–*adj*. not moved, firm, not affected, calm. अविचलित, स्थिर, अचल, शान्त; **Unmoving** *adj*. not exciting emotion. भावना उत्पन्न न करनेवाला ।

Unmusical – अन्‌-म्यू'-ज़िक्‌-ऑल्‌–*adj*. not harmonious. बेसुरा, कर्कश ।

Unnamed-अन्‌-नेम्ड्‌'-*adj*.not named. नाम न लिया हुआ ।

Unnatural-अन्‌-नॅट्‌'-यु-रॅल्‌-*adj*. not natural, contrary to natural feeling. (सृष्टि क्रम के विरुद्ध), अप्राकृतिक, अस्वाभाविक; **Unnaturalize** (-आइज़्‌) *v. t*. to remove natural feelings. स्वाभाविक भावों को हटाना ; **Unnaturally** (-ली) *adv*. अस्वाभाविक रूप से ।

Unnavigable–अन्‌-नॅव्‌'-इ-गॉ-ब्ल्‌-*adj*. not navigable. नौका न चलने योग्य ।

Unnecessarily-अन्‌'-नॅस्‌-एस्‌'-सॅ-रि-लि-*adv*. needlessly. बिना प्रयोजन के, वृथा ।

Unnecessary – अन्‌ - नॅस्‌'-ऍस्‌-सॅ-रि–*adj*. useless, needless. निष्प्रयोजन, अनावश्यक, वृथा ।

Unneeded – अन्‌-नीड्‌'-ऍड्‌–*adj*. not required or needed. अनावश्यक, व्यर्थ; **Unneedful** (-फ़ुल्‌) *adj*. व्यर्थ ।

Unnegotiable-अन्‌-नॅ-गो'-शी-ब्ल्‌-*adj*. not negotiable. बेंचा बिक्री न करने योग्य

Unneighbourly–अन्‌-नॅ'-बर्‌-ली–*adj*. not becoming a neighbour, unkind. पड़ोसी के अयोग्य, दयाहीन ।

Unnerve–अन्‌-नर्व्‌'–*v. t*. to deprive of strength, to weaken. असमर्थ करना, बलहीन करना; **Unnerved** (-ड्‌) *adj*. weak. दुर्बल ।

Unnoticed–अन्‌-नोट्‌'-इस्ड्‌–*adj*. not taken notice of,not observed, sudden. असूचित, ध्यान न दिया हुआ, अचानक ।

Unnumbered – अन्‌-नम्‌'-बड्‌ – *adj*. not numbered, innumerable. गिनती न किया हुआ, अनन्त ।

Unnutritious– अन्‌' - न्यु-ट्रिश्‌' - अस्‌–

adj. not giving nourishment. अपुष्टिकारक, बल न देनेवाला।

Unobjectionable – अन्' - ऑब्-जैक्' -शॉन्-अ्-ब्ल् – *adj*. not objectionable. शङ्का न करने योग्य।

Unobliging-अन्'-ओ-ब्लाइज्'-इङ्ग्-*adj*. not obliging. दया न दिखलानेवाला।

Unobscured– अन्' - ऑब्-स्क्योर्ड्– *adj*. not darkened. काला न किया हुआ।

Unobservable–अन्' -ऑब्-ज़र्' -वॅ-ब्ल्-*adj*. not discoverable. दृष्टिगोचर न होने योग्य ; **Unobservance** (-वॅन्स्) *n*. inattention. ध्यान न देना ; **Unobservant** (-वॅन्ट) *adj*. not observing. ध्यान न देने वाला।

Unobstructed – अन्' -ऑब्-स्ट्रक्ट्' -ऍड्– *adj*. not hindered. बिना अवरोध या रुकावट का।

Unobtainable–अन्' -ऑब्-टेन्' -अ्-ब्ल्-*adj*. not within reach. अप्राप्य, असाध्य, न मिलने योग्य ; **Unobtained** (-ड्) *adj*. not obtained. अप्राप्त।

Unobtrusive–अन्' -ऑब्-ट्रू' -सिव्– *adj*. modest, not obtrusive. शिष्ट, विनीत; **Unobtrusively** (-लि) *adv*. in an unobtrusive manner. विनीत भाव से।

Unobvious – अन्-ऑब्' -वि-अस् – *adj*. not readily understood. सहज में न जानने योग्य।

Unoccupied–अन्' -ऑक्' - यु-पाइड्–*adj*. not engaged in business. कार्य-शून्य, बिना काम का।

Unoffended–अन्' -ऑफ्-फ़ॅन्ड्-ऍड्–*adj*. not taking offence. बुरा न माननेवाला।

Unoffensive – अन्' - ऑफ्-फ़ॅन्' -सिव्– *adj*. harmless. निर्दोष, पाप रहित।

Unofficial–अन्' -ऑफ्-फिश्' - अॅल्–*adj*. not authorized. अनाधिकारी।

Unopened – अन्-ओप्' -ऍन्ड्–*adj*. not opened, closed. न खोला हुआ, बन्द।

Unoperative – अन्-ऑप्-अर्' -अॅ-टिव् – *adj*. producing no effect. कोई परिणाम न उत्पन्न करनेवाला।

Unopposed – अन्' -ऑप्-पोज़्ड्' – *adj*. not resisted. बिना रुकावट का।

Unorderly–अन्-ऑर्-डर्' -ली– *adj*. irregular. नियम विरुद्ध।

Unoriginated-अन्' -ओ-रिज्' -इ-नेट्' -एड -*adj*. having no birth. बिना उत्पत्ति का

Unornamented – अन्-ऑर्' - नॅ-मॅन्ट्-ऍड्–*adj*. not adorned, not decorated. अनाभूषित, न सजाया हुआ।

Unorthodox–अन्-ऑर्' -थो-डॉक्स्–*adj*. not orthodox. अहठधर्मी।

Unostentatious-अन्' -ऑस्-टॅन्' -टे'शस्-*adj*.not boastful or showy.बिना आडम्बर का, शेखी न मारनेवाला; **Unostentatiously** (-ली) *adj*. बिना आडंबर के

Unowned–अन्-ओन्ड्'– *adj*. without an owner. बिना स्वामी का।

Unpacific–अन्' -पॅ-सिफ्' -इक्–*adj*. not disposed to peace. शान्ति रहित; **Unpacified** (-सि-फाइड्) *adj*. not appeased. शान्त न किया हुआ।

Unpack–अन्-पॅक्'– *v. t.* to disburden, to open.माल उतारना, गट्ठर खोलना

Unpaid – अन्-पेड्' – *adj*. not paid, not discharged as a debt. मूल्य न दिया हुआ, ऋण न चुकाया हुआ।

Unpained – अन्-पॅयन्ड्'–*adj*. suffering no pain. पीड़ा न सहता हुआ।

Unpainted–अन्-पॅयन्ट्' -ऍड्– *adj*. not painted. न रंगा हुआ।

Unpalatable – अन् - पॅल्' -अॅ-टॅ-ब्ल्–

adj. disgusting to the taste, not agreeable. अस्वादु, अरुचिकर, बेस्वाद।

Unparagoned – अन्-पॅर्'-रॅ - गॉन्ड् – *adj*. having no equal, unmatched. अद्वितीय (अनोखा), अनुपम, अनूठा।

Unparallel – अन्-पॅर्'- रॅ-लॅल् – *adj*. not parallel. असमानान्तर; **Unparalleled** (-ड) *adj*. unique. अपूर्व, अद्वितीय।

Unpardonable – अन्-पार्ड्'-डॉन्-अॅ-ब्ल्-*adj*. that cannot be forgiven. अक्षम्य, क्षमा न करने योग्य; **Unpardoned** (-ड) *adj*. not forgiven. क्षमा न किया हुआ; **Unpardoning** (-इङ्ग्) *adj*. क्षमा न करनेवाला।

Unparted–अन्-पार्ट्'-ऍड् – *adj*. not divided. अविभक्त, भाग न किया हुआ।

Unpatented–अन्-पॅट्'-ऍन्ट्-ऍड् – *adj*. not patented. पेटेन्ट न किया हुआ।

Unpatriotic–अन्'-पे-ट्रि-ऑट्'-इक्–*adj*. not patriotic. देशभक्तिहीन।

Unpatronized-ऑन्-पॅट्'-रॉन्-आइज़्ड्-*adj*. not supported by a patron. बिना संरक्षक का।

Unpawned – अन्'-पॉन्ड् – *adj*. not pledged. दाँव न लगाया हुआ।

Unpeaceful – अन्-पीस्' - फुल् – *adj*. not peaceful. अशान्त।

Unpeeled–अन्-पील्ड्'–*adj*. not peeled. छिलका न उतारा हुआ।

Unpeg–अन्-पॅग्'–*v.t.* (*p. t.* **Unpegged**.) to loose from a peg. खूंटे से खोलना।

Unpen–अन्-पॅन्'–*v. t.* (*p.t.* **Unpenned**.) to let out of enclosure. बाड़े से बाहर करना।

Unpenal – अन्-पी'-नॅल् – *adj*. not subject to penalty. दण्ड न पाने योग्य।

Unpenetrable –अन्-पॅन्'-इ-ट्रॅ - ब्ल्– *adj*. not to be penetrated. अ-प्रवेश्य; **Unpenetrated** (-टॅड्) *adj*. not entered. प्रवेश न किया हुआ।

Unpeople–अन्-पी'-पल्–*v.t.* to depopulate. निर्जन करना।

Unperceived–अन्-पर् - सीव्ड्' – *adj*. not observed. अज्ञात।

Unperformed–अन्'-पर्-फ़ॉर्म्ड्'– *adj*. not done. न किया हुआ।

Unpermitted–अन्'-पर्-मिट्'-टॅड्–*adj*. not permitted. आज्ञा न दिया हुआ।

Unperplexed–अन्-पर्-प्लॅक्स्ड्' – *adj*. not perplexed. न घबड़ाया हुआ।

Unpersecuted–अन्-पर्'-सि-क्यूट्–ऍड्–*adj*. free from persecution. दण्ड न दिया हुआ।

Unperused–अन्'-पॅरु-यूज़्ड्'–*adj*. not read. न पढ़ा हुआ।

Unphilosophic,Unphilosophical–अन्'-फ़िल्-ओ-सॉफ़्'-इक्–(अॅल्)-*adjs*. contrary to philosophical principles. दार्शनिक सिद्धान्तों के विपरीत।

Unpick–अन्-पिक्'–*v. t.* to remove stitches. सियन उधेड़ना।

Unpierced – अन्-पियर्स्ड्' – *adj*. not penetrated. बिना छेदा हुआ।

Unpiloted – अन्-पाइ'-लॉट्-ऍड् – *adj*. without a pilot or guide. बिना नेता या नाविक का।

Unpiteous – अन्-पिट्'-इ - अस् – *adj*. pitiless, cruel. दयाहीन,क्रूर; **Unpiteously** (-लि) *adv*. cruelly. क्रूरता से।

Unplagued – अन्-प्लेग्ड्'–*adj*. not harassed. कष्ट न दिया हुआ।

Unplayable-अन्-प्लें'-ऑ-ब्ल्-*adj*. impossible to play. न खेलने योग्य।

Unpleaded-अन्-प्लीड्'-ऍड्-*adj*. not pleaded. बहस न किया हुआ।

Unpleasant-अन्-प्लेंज़्'-ऑन्ट्-*adj*. disagreeable, not giving pleasure. अप्रिय, आनन्द न देनेवाला; **Unpleasantly** (-लि) *adv*. in a disagreeable manner. अप्रियता से।

Unpleased-अन्-प्लीज़्ड्'-*adj*. displeased. अप्रसन्न; **Unpleasing** (-इङ्ग्) *adj*. disgusting. अरोचक।

Unpliable-अन्-प्लि'-ऑ-ब्ल्-*adj*. not easily bent. सहज में न मुड़ने योग्य, कड़ा।

Unploughed-अन्-प्लाउड्'-*adj*. not ploughed. न जोता हुआ।

Unplume-अन्-प्लूम्'-*v. t.* to deprive of plumes, to degrade. कलँगी हटाना, अपमानित करना।

Unplundered-अन् प्लन्-डड्-*adj*. not plundered. बिना लूटा हुआ।

Unpoetic-अन्-पो-एट्'-इक्-*adj*. unpoetical. कविता विरुद्ध।

Unpointed-अन्-पॉयन्ट्'-ऍड्-*adj*. without a point. बिना नोक का।

Unpolished-अन्-पॉल्'-इश्ड्-*adj*. not made bright, uncivilized, rude, uncultured. न चमकाया हुआ, अशिष्ट, रूक्ष, अशिक्षित।

Unpolite-अन्-पो-लाइट्'-*adj*. not refined in manners. शिष्टाचार न जाननेवाला; **Unpoliteness** (-नैस्) *n*. want of politeness. अशिष्टता।

Unpolluted-अन्-पाल्-ल्यूट्'-ऍड्-*adj*. not defiled. मलिन न किया हुआ, पवित्र।

Unpopular-अन्-पॉप्'-यु लॅर्-*adj*. not pleasing to the people. सर्व सामान्य को अप्रिय; **Unpopularity** (-लॅर्'-इ-टी) *n*. सामाजिक अप्रियता।

Unportable-अन्-पोर्ट्'-ऑ-ब्ल्-*adj*. not able to be carried. न ले जाने योग्य

Unpossessed-अन्-पाज़्-ज़ेस्ड्'-*adj*. not occupied. अधिकार में न लाया हुआ।

Unposted-अन्-पोस्ट्'-एड्-*adj*. not posted. डाक द्वारा न भेजा हुआ।

Unpractical-अन्-प्रॅक्'-टि-कॅल्-*adj*. not practical. प्रयोग में न लाने योग्य।

Unpractised-अन्-प्रॅक्'-टिस्ड्-*adj*. not skilled, without experience. अकुशल, अनभ्यस्त।

Unpraised-अन्-प्रेयज़्ड्'-*adj*. not praised. अप्रशंसित।

Unprecedented-अन्-प्रेस्'-इ-डॅन्ट्'-ऍड्-*adj*. without an example, novel. अपूर्व (अद्वितीय), अनोखा (नया); **Unprecedentedly** (-ली) *adv*. in an unprecedented manner. अपूर्व रीति से।

Unprecise-अन्-प्रि-साइस्'-*adj*. not exact. बे ठीक।

Unpredestined-अन्-प्रि-डेस्'-टिन्ड्-*adj*. not previously determined. पहिले से अनिश्चित।

Unprejudiced-अन्-प्रेज्'-यू-डिस्ड्-*adj*. free from bias. पक्षपात रहित।

Unpremeditated-अन्-प्रि-मेड्'-इ-टेट्-ऍड्-*adj*. not previously designed. अपूर्व चिन्तित, पहिले से न विचारा हुआ।

Unprepared-अन्-प्रि-पेंअर्ड्'-*adj*. not prepared. अप्रस्तुत।

Unprepossessed-अन्-प्रि-पॉ-ज़ेस्ड्'-*adj*. unprejudiced. बिना पक्षपात का।

Unpresentable-अन्-प्रि-ज़ेन्ट्'-ऑ-ब्ल्-

adj. not presentable. अप्रस्तुत।

Unpressed – अन् - प्रेस्ड्' – *adj*. not pressed. आग्रह न किया हुआ।

Unpresuming-अन्-प्रि-ज़्यूम्'-इङ्ग्-*adj*. not pretentious. बिना आडम्बर का।

Unpresumptuous–अन्'-प्रि-ज़म्'-ट्यु-अस् – *adj*. modest, submissive. विनीत, नम्र।

Unpretending-अन्'-प्रि-टेन्ड्'-इङ्ग्-*adj*. not making pretence, modest. बहाना न करनेवाला, नम्र।

Unprevailing–अन्'-प्रि-वेल्'-इङ्ग्-*adj*. unavailing. निरर्थक।

Unprevalent–अन्-प्रेव्'-अॅ-लेन्ट् – *adj*. not prevalent. अप्रचलित।

Unpriestly–अन्-प्रीस्ट्'-लि – *adj*. not fit for a priest. पुरोहित के अयोग्य।

Uterine–यू'-टर्-इन्–*adj.* pertaining to the womb, born of the same mother. गर्भाशय सम्बन्धी, सहोदर, एक ही माता के उदर से उत्पन्न।

Uterus – यू'-टर्-अस् – *n.* the womb. गर्भाशय।

Utilitarian – यू - टिल्-इ-टैयर्'-इ-ऑन्–*adj.* pertaining to utility. स्वार्थ सम्बन्धी; *n.* one who holds the doctrine of utilitarianism. स्वार्थ के सिद्धान्त को माननेवाला; **Utilitarianism** (- इज़्म्) *n.* the principle that the greatest happiness of the greatest number should be the aim of all social actions. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार अधिक से अधिक प्राणिमात्र का सुख ही सब सामाजिक कार्य का लक्ष्य होना चाहिये।

Utility–यू-टिल्'-इ-टी–*n.* (*pl.* Utilities.) usefulness, profitableness. उपयोग, लाभ।

Utilization–यू'-टिल्-आइज़्- ए'-शॉन्–*n.* the act of utilizing. उपयोगिता।

Utilize–यू'-टिल्-आइज़्–*v. t.* to make useful, to turn to account. उपयोग करना, काम में लाना।

Utmost – अट्'-मोस्ट–*adj.* extreme, in the highest degree. अत्यन्त (परम), अधिक; *n.* the greatest degree. यथाशक्ति; **The utmost limit** (extreme limit.) पराकाष्ठा।

Utopia – यु-टॉ'-पि-ऑ–*n.* the social state of the highest perfection. सामाजिक पराकाष्ठा की स्थिति; **Utopian** (-ऑन्) *adj.* fanciful, imaginary. काल्पनिक, मानसिक।

Utricle – यू'-ट्रि-कल्–*n.* a cell, a little bag. छोटी थैली; **Utricular** (-ट्रिक्'-यु-लॅर्) *adj.* like a utricle. थैली के आकार का।

Utter – अट्'-टर् – *adj.* complete, total, final, absolute, perfect. पूर्ण, सब, उत्कृष्ट, अन्तिम, अतिशय; *v. t.* to describe, to speak, to pronounce, to disclose. वर्णन करना, कहना, उच्चारण करना, प्रकाश करना; **Utterable** (-ऑ-ब्ल्) *adj.* that may be expressed. प्रकाशित करने योग्य; **Utterance** (-ऑन्स्) *n.* pronunciation. उच्चारण; **Utterer** (-अर्) *n.* one who utters. उच्चारण करनेवाला; **Utterly** (-लि) *adv.* to the full extent, totally. पूर्ण रूप से (सर्वथा), सम्पूर्ण; **Uttermost** (-मोस्ट) *adj.* extreme, of the highest degree. परम, अत्यन्त।

Uvea – यू'-वें-ऑ – *n.* the posterior layer of the iris of the eye. आँख की पुतली की बाहरी झिल्ली।

Uveous–यू'-वें-अस्–*adj.* resembling

a grape. अंगूर के सदृश ।

Uvula-यू'-व्यु-लॉ-*n.* the fleshy soft plate over the root of the tongue. अलिजिह्वा, गले की घण्टी; **Uvular** (-लॅर्) *adj.* pertaining to uvula. घण्टी सम्बन्धी ।

Uxorial-अक्स-ओर्'-इ-ऑल-*adj.* pertaining to wife. पत्नी सम्बन्धी ।

Uxoricide-युक्स-ओर्'-इ-साइड-*n.* the murderer of a wife. पत्नी घातक ।

Uxorious-युक्स-ओर्'-इ-अस्-*adj.* excessively fond of one's wife. स्त्रीवश, स्त्री का दास; **Uxoriously** (-ली) *adv.* with extreme fondness for a wife. स्त्री दासत्व द्वारा; **Uxoriousnsess** (- नैस्) *n.* fondness of one's wife. भार्यासक्ति ।

V-वी-the twenty-second letter of the English alphabet, as a Roman numeral represnting 5. अंग्रेजी वर्णमाला का बाइसवाँ अक्षर, रोमन् संख्या में ५ अङ्क के लिये प्रयोग होता है।

Vacancy-वें-कॉन्-सी-*n*- the state of being vacant, unoccupied post, listlessness, idleness. शून्यता, शून्यपद, असावधानी, सुस्ती।

Vacant-वे'-कॉन्ट्- *adj*. empty, not filled, having no claimant, listless, thoughtless, stupid. शून्य, रिक्त, खाली (छूछा), बिना उत्तराधिकारी का, असावधान, विचारशून्य, मूर्ख ; **Vacantmind** (empty of thought.) शून्य हृदय ; **Vacant throne** (an empty throne.) शून्यराज्य।

Vacate-वी-केट्'-*v. t.* to make vacant, to leave unoccupied, to annul. (छोड़ना) खाली करना, परित्याग करना, खण्डन करना।

Vacation-वी-के'-शॉन्-*n*. the act of vacating, holiday, cessation from work. अनाध्याय (विश्राम काल), अवकाश, छुट्टी ; **Vacationist** (-इस्ट्) *n*. one who enjoys a holiday. अवकाश का आनन्द लेनेवाला।

Vaccinate-वॅक्'-सिन्-एट्- *v. t.* to inoculate with vaccine as protection against small-pox. गाय के थन पर के शीतला के दाने के स्राव को शरीर में नश्तर देकर प्रवेश करना जिससे शीतला का प्रकोप न हो, शीतला का टीका लगाना ; **Vaccination** (-ए'-शॉन्) *n*. the act of vaccinating. शीतला का टीका लगाना, माता छापना ; **Vaccinator** (-ऑर्) *n*. one who vaccinates. माता छापनेवाला।

Vaccine-वॅक्'-सिन्- *n*. & *adj*. pertaining to cows, cowpox or vaccination. गाय सम्बन्धी, शीतला के टीका सम्बन्धी; **Vaccinia** (-सिन्'-इ ऑ) *n*. an eruptive disease in cattle. चौपायों का एक रोग।

Vachery-वॅश्'-अर्-ई-*n*. an enclosure for cows. गाय बन्द करने का बाड़ा

Vacillate-वॅस्'-इल-लेट्'-*v. t.* to oscillate, to waver, to fluctuate in mind. विचलित होना, हिचकना, डगमगाना; **Vacillating** (-ले'-टिङ्ग) *adj*. wavering. हिलनेवाला ; **Vacillation** (-ले'-शॉन्) *n*. the act of vacillating. अस्थिरता, हिचकान, डगमगाहट ; **Vacillatory** (-टॉ-रि) *adj*. wavering. डगमगानेवाला।

Vacuity-वॅ-क्यू'-इ-टी- *n*. emptiness. रिक्तता, खालीपन।

Vacuole-वॅक्'-यु-ओल्- *n*. a minute cavity in organic body. शरीर रचना में महीन छिद्र।

Vacuous-वॅक्'-उ-अस्- *adj*. empty, unfilled. शून्य, खाली, छूछा; **Vacuousness** (-नॅस्) *n*. the quality of being empty. छूछापन।

Vacuum-वॅक्'-यु-अम्-*n*.(*pl*. **Vacuums**.) the space empty of all matter. शून्य स्थान, आकाश ; **Vacuum brake** (a brake operated by vacuum.) हवा चूस कर रेलगाड़ी की पहिये को रोकने का यन्त्र ; **Vacuum-cleaner** (an apparatus for sucking up dirt by an air pump.) गर्द को चूस कर साफ करने का यन्त्र,

Vacuum flask (a flask in which cold or hot liquid retains its temperature for a long time.) ऐसा बोतल जिसमें रक्खा हुआ पदार्थ शीतोष्ण अवस्था को देर तक स्थापित रखता है।

Vade-mecum–वी'-डि-मे'-कम्–*n.* (*pl.* **Vade-mecums.**) a manual or handbook for ready reference. सर्वदा साथ रखने और निरीक्षण करने की पुस्तक।

Vafrous–वे'-फ्रस्–*adj.* crafty, cunning. र्तं, चालाक।

Vagabond–वैग्'-अॅ-बॉन्ड्–*adj.* wandering, having no fixed habitation. यथेच्छागामी, स्वेच्छाचारी, घुमन्ता; *n.* a worthless fellow, a scamp, a rascal. वृथा घूमनेवाला, घुमक्कड़, दुष्ट; *v. i.* to wander about. इधर उधर घूमना; **Vagabondage** (-एज्) *n.* the state of being a vagabond. घुमक्कड़ होना; **Vagabondism** (-इज़्म्) *n.* living as a vagabond. बेकार रह कर जीवन बिताना; **Vagabondize** (-आइज़्) *v. t.* to wander in idleness. वृथा घूमते हुए समय नष्ट करना।

Vagary–वी-गैअर्'-ई–*n.* (*pl.* **Vagaries.**) a whim, a wild freak. बुद्धि चापल्य, मनमौज (लहर)।

Vagina – वॅ-जाइ'-नॉ – *n.* the canal which leads from the external orifice to uterus. योनि; **Vaginal** (-नॉल्) *adj.* pertaining to vagina. resembling a sheath. योनि सम्बन्धी, मियान के सदृश।

Vagitus – वे-जि'-टस् – *n.* the cry of a new-born child. नवजात शिशु की चिल्लाहट।

Vagrancy–वे'-ग्रॅन्-सी– *n.* the state of being a vagrant. बहेड़ुआपन।

Vagrant–वे'-ग्रॅन्ट्–*adj.* wandering about, unsettled. स्वेच्छाचारी, घूमने-वाला; *n.* a vagabond, a beggar. बहेड़ुआपन, भिक्षुक।

Vague–वेग् – *adj.* not precise, unsettled, not definite. अनिश्चित, सन्दिग्ध, अस्थिर; **Vaguely** (-ली) *adv.* in a vague manner. सन्देह से, संशय से; **Vagueness** (-नेस्) *n.* an unsettled state. अस्थिरता, सन्दिग्धता।

Vails–वेल्ज़–*n.* gratuity given to a servant. नौकर को दी हुई बकशीश या इनाम

Vain–वेन्–*adj.* empty, worthless, ineffectual, unreal, conceited, ostentatious, showy, false. शून्य, व्यर्थ (निष्फल), वृथा, असार, निरर्थक, गर्वी, झूठा; **In vain** (to no purpose.) वृथा, व्यर्थ।

Vainglorious–वेन्-ग्लोर्'-इ-अस् – *adj.* elated beyond measure. वृथाभिमानी, अहङ्कारी; **Vaingloriously** (-ली) *adj.* with false pride. झूठे अभिमान से।

Vainglory–वेन्'-ग्लोर्-ई – *n.* empty pride. वृथाभिमान, शेखी।

Vainly–वेन्'-ली-*adv.* proudly, foolishly. गर्व से, मूर्खता से।

Vainness-वेन्'-नेस्–*n.* vanity. अहङ्कार

Valance – वैल्'-अॅन्स् – *n.* hanging drapery over a bed or window-पलङ्ग या खिड़की पर की झालर।

Vale–वेल्–*n.* low ground between hills, a valley. दो पहाड़ों के बीच की नीची भूमि, दर्रा, घाटी; *v. t.* to let fall, to lower. नीचा करना, गिराना।

Valediction – वॅल्′-ऍ-डिक्′-शॉन् – *n.* a farewell. स्वस्तिवाचन, बिदाई के समय का आशीर्वाद ; **Valedictory** (-टॉर्-ई) *adj.* & *n.* bidding farewell. स्वस्तिवाचनिक।

Valence, Valency–वे′-लॅन्स (-ई-) *ns.* the combining power of a chemical element. रसायनिक तत्व की मिश्रण करने की शक्ति।

Valentine–वॅल्′-ऍन्-टाइन्–*n.* a love letter. प्रेम पत्र।

Valet – वॅल्′ - ऍट् – *n.* a personal attendant. पार्श्वचर, दास, सेवक ; *v .t.* to perform the work of a valet. दास का कार्य करना।

Valetudinarian - वॅल्′-ऍ-ट्यू′-डि-नेअर्′-इ-ऑन् – *adj.* sickly, of ill-health. व्याधिपीड़ित, रोगी ; *n.* a person of weak constitution. सदा रोगी मनुष्य ; **Valetudinarianism** (-इज़्म्) *n.* weak health. अस्वास्थ्य।

Valiance - वॅल्′-यॅन्स् – *n.* bravery, valour. वीरता, पराक्रम ; **Valiancy** (-सी) *n.* valiantness. वीरता।

Valiant - वॅल्′-यॅन्ट – *adj.* heroic, brave. पराक्रमी, शूरवीर, साहसी ; **Valiantly** (-ली) *adv.* bravely. वीरता से, साहस पूर्वक।

Valid–वॅल्′-इड्–*adj.* having sufficient strength, sound, legal. प्रबल, सप्रमाण (न्याय्य), अखण्डनीय ; **Validity** (-इ-टी), **Validness** (-नॅस्) *ns.* soundness, justness. प्रबलता, सिद्धि, पुष्टता ; **Validly** (-ली) *adv.* न्याय पूर्वक।

Validate–वॅल्′-इ-डेट्′ – *v. t.* to give validity to. प्रमाणित करना, न्याय युक्त करना ; **Validation** (-इड्-ए′-शॉन्) *n.* सप्रमाणता।

Valise–वॅ-लीस′-*n.* a bag for clothes. वस्त्र रखने का झोला।

Vallancy–वॅल्′-लॅन्-सी – *n.* a kind of large wig. एक प्रकार का बड़ा बोरका।

Vallar – वॅल्′-लॅर् – *adj.* pertaining to rampart. प्राकार सम्बन्धी।

Vallation–वॅल्-लेश्′-ऑन्–*n.* a rampart, entrenchment. प्राकार, मोरचा।

Valley–वॅल्′-ली–*n.* (*pl.* **Valleys**.) a low tract of ground between hills, vale. दर्रा, घाटी।

Vallum – वॅल्-लम्′ – *n.* a rampart. दुर्ग, क़िला।

Valorous – वॅल्′-अर्-अस्–*adj.* courageous, brave. वीर, साहसी, **Valorously** (-ली) *adv.* in a brave manner. वीरता से, साहस से।

Valour – वॅल्′ - अर् – *n.* bravery, courage. शूरता, पराक्रम, वीरता।

Valuable–वॅल्′-यु-ॲ-ब्ल्–*adj.* costly, having worth, worthy, estimable. मूल्यवान्, बहुमूल्य, योग्य ; **Valuables** (-स्) *n. pl.* articles of great value. (ब० व०) बहुमूल्य द्रव्य ; **Valuableness** (-नॅस्) *n.* the quality of being valuable. बहु-मूल्यता।

Valuation–वॅल्′-यु-ए′-शॉन् – *n.* the value set upon a thing, appraisement, estimated cost. मूल्य

निरूपण, मूल्य निर्णय, मोल, दाम; **Valuator** (-एट्'-ऑर्) *n.* one who sets a value. मूल्य निर्धारित करनेवाला।

Value – वॅल्'-यू – *n.* worth, price, importance, precise signification. मूल्य, दाम, माहात्म्य, सारता ; *v. t.* to estimate the worth of, to take account of, to esteem. मूल्य निरूपण करना, आदर करना, दाम लगाना, आँकना ; **To value highly** (to hold in high esteem.) बहुमान करना ; **Valued** (-यूड्) *adj.* estimated. मूल्य स्थिर किया हुआ ; **Valueless** (-लॅस्) *adj.* worthless. कम मूल्य का ; **Valuer** (-अर्) *n.* one who values. आदर करनेवाला।

Valve-वॉल्व्-*n.* the leaf of a folding-door, a lid or contrivance which opens on one side only, a bulb in a wireless set. कपाट, एक ओर खुलनेवाला ढक्का, बिना तार की तारबर्की का कुप्पा; **Valvlet** (-लॅट्) *n.* a small valve. छोटा कपाट ; **Valvular** (-यु-लॉर्) *adj.* containing valves. कपाटदार; **Valvet** (वॉल्व-वॅट्), **Valvule** (-व्यूल्) *ns.* a small valve. छोटा वॉल्व्।

Vambrace–वॅम्'-ब्रेस् – *n.* the part of armour below elbow. केहुनी पर का कवच का भाग।

Vamp-वॅम्प्-*n.* the upper leather of a shoe or boot. जूते के ऊपरी भाग का चमड़ा; *v. t.* to patch, to repair. जोड़ लगाना, मरम्मत करना ; **Vamper** (-अर्) *n.* one who repairs. मरम्मत करनेवाला।

Vampire-वॅम्'-पायर् – *n.* a blood-sucking ghost, a bloodsucker. प्रेत, पिशाच, रुधिर पीनेवाला; **Vampire bat** (a kind of bat.) एक प्रकार का चमगादड़ ; **Vampirism** (-इज़्म्) *n.* preying upon others. दूसरों का लोहू चूसनेवाला।

Vamps–वॅम्प्स् – *n. pl.* a kind of hose. एक प्रकार का मोज़ा।

Van–वॅन्–*n.* the front part of an army, a fan for winnowing, a railway waggon for luggage and guard. सेना का अग्रभाग (सेनामुख), अन्न पछोरने का पंखा, रेलगाड़ी का माल रखने का डब्बा; **Vanguard** (-गॉर्ड्) *n.* front part of an army. सेनामुख।

Vanadium–वॅ-ने'-डि-अम्–*n.* a metallic element. एक धातुतत्व।

Vandal – वॅन्' - डॅल् – *n.* one who destroys the work of art. सुन्दर इमारतों को नष्ट करनेवाला मनुष्य ; **Vandalic** (-इक्)*adj.* barbarous. जंगली।

Vandyke–वॅन्-डाइक्'–*n.* a covering for the neck. गुलूबन्द।

Vane–वेन्–*n.* the blade of a wind-mill, feathers on the side of a shaft, an appliance for showing the direction in which the wind blows. हवाई चक्की का पंखा, तीर का पर, वायु की दिशा दिखलाने का यन्त्र।

Vanish – वॅन्'-इश् – *v. i.* to disappear, to pass away. लुप्त हो जाना, अन्तर्धान होना, नष्ट होना ; **Vanishing** (-इङ्ग्) *adj.* passing from sight. अदृष्ट होता हुआ।

Vanity–वॅन्'-इ-टी-*n.*(*pl.* **Vanities**.) emptiness, ostentation, empty pride, self-conceit. निःसारता, वृथाभिमान, अहंकार, झूठा अभिमान।

Vanquish–वैंन्‌'-क्विश्‌ – *v. t.* to defeat, to refute, to conquer. पराजित करना, हराना, जीतना; **Vanquishable** (-अॅ-ब्ल्‌) *adj.* हराने योग्य ; **Vanquisher** (-अर्‌) *n.* a conqueror. विजय करनेवाला ।

Vantage–वैंन्‌'-टेज्‌ – *n.* advantage. सुविधा, लाभ ; **Vantage ground** (the condition which gives one an advantage over another.) उत्कर्ष, श्रेष्ठपद ।

Vapid – वैंप्‌' - इड्‌ – *adj.* spiritless, dead, insipid. निस्तेज, मृतक, रसहीन (निरस, फीका) ; **Vapidity** (-इ-टी) *n.* the state of being insipid. रसहीनता, फीकापन ; **Vapidness** (-नैस्‌) *n.* deadness. निर्जीविता ।

Vaporable–वें'-पॉ-रॅ-ब्ल्‌–*adj.* capable of being turned into vapour. वाष्प में बदलने योग्य; **Vaporific** (-पो-रिफ्‌'-इक्‌) *adj.* converted into steam. वाष्प में परिणत ।

Vaporimeter–वें'-पॉर्‌-इम्‌'-ऍ-टर्‌ – *n.* an instrument for measuring pressure of vapour. वाष्प का दबाव नापने का यन्त्र ।

Vaporizable – वें'-पो-राइज़्‌'–अॅ–ब्ल्‌–*adj.* capable of being converted into vapour. वाष्प मे परिणत होने योग्य; **Vaporization** (-ए'-शॉन्‌) *n.* ऐसी अवस्था ।

Vaporize–वें'-पॉर्‌-आइज़्‌–*v.t.* to convert into vapour. वाष्प में बदलना ।

Vaporous–वें'-पॉर्‌-अस्‌–*adj.* full of vapour, windy, unreal. वाष्प (भाप) से भरा हुआ, वायुपूर्ण, निःसार ; **Vaporousness** (-नैस्‌) *n.* वाष्पपूर्णता ।

Vapour – वें'-पर्‌ – *n.* the gaseous form of a liquid or solid substance, water in the atmosphere, vain imagination. वाष्प, भाप, झूठा अनुमान ; *v. i.* to pass in fumes, to boast, to brag. भाप हो जाना, श्लाघा करना, डींग हाँकना ; **Vapour-bath** वाष्पस्नान ; **Vapourer** (-अर्‌) *n.* a boaster. डींग हाँकनेवाला ; **Vapouring** (-इङ्ग्‌) *n.* false pride. मिथ्याभिमान; **Vapoury** (-ई) *adj.* वाष्पपूर्ण ।

Vapulation – वैंप्‌'- यु-लें'- शॅन्‌ – *n.* flogging. कोड़े की मार ।

Varanus–वैं-रें'-नस्‌–*n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकिली ।

Vare–वेंअर्‌–*n.* the staff of authority. न्यायाधीश का दण्ड ।

Variability–वेंअर्‌'-इ-अॅ-बिल्‌'-इ–टी–*n.* the state of being fickle. चञ्चलता, अस्थिरता ।

Variable – वेंअर्‌' - इ - अॅ–ब्ल्‌ – *adj.* changeable, fickle, alterable. अस्थिर, चञ्चल, अनित्य; **Variably** (-ब्ली) *adv.* changeably. अस्थिरता से ।

Variance–वेंअर्‌'-इ-अॅन्स्‌–*n.* discord, disagreement. विरोध (विवाद), कलह (झगड़ा); **At variance** (in a state of disagreement.) परस्पर विरुद्ध ।

Variant–वेंअर्‌'-इ-अॅन्ट्‌–*adj.* varying, different. विपरीत, विरुद्ध ।

Variate–वेंअर्‌'-इ-एट्‌'–*v. t.* to make different. विभिन्न करना ।

Variation–वेंअर्‌'-इ-ए'-शॉन्‌ – *n.* difference, change, alteration, inflexion. भेद, परिवर्तन, अन्तर, रूपान्तर ।

Varicosity–वैर्‌'-इ-कॉस्‌'-इ-टी– *n.* the state of being varicose. नाड़ी की सूजन

Varicose-वैरि्-इ-कोस्-*adj*. enlarged or dilated as a vein. धमनी (नाड़ी) का फूलना या बढ़ना ।

Varied-वेंअर्'-ईड्-*adj*. diverse, altered. विपरीत, बदला हुआ; **Variedly** (-ली) *adv*. भिन्न प्रकार से ।

Variegate-वेंअर्'-इ-गेट्-*v. t.* to mark with different colours, to make changes in external appearance. चित्र विचित्र (रङ्ग बिरङ्गा) करना, बाहरी आकार बदलना; **Variegated** (-ऐड्) *adj*. diversely coloured. रङ्गबिरङ्गा किया हुआ; **Variegation** (-गे'-शॉन्) *n*. रङ्गबिरङ्गापन ।

Variety-वीं-रिॅ-ए-टि-*n*. (*pl*. **Varieties**.) change, difference, a different sort, diversity. विचित्रता, भेद, प्रकार, परिवर्तन ।

Variform-वेंअर्-इ-फ़ॉर्म्-*adj*. having different forms. विभिन्न आकार का; **Variformed** (- ड्) *adj*. formed with different shapes. भिन्न आकार का बना हुआ ।

Variola-वीं-रिॅ-ओ-लॉ-*n*. smallpox. शीतला रोग, चेचक ।

Varioloid-वीं-रिॅ-लॉएॅड्-*n*. smallpox modified by vaccination. टीका लगाने के बाद की शीतला ।

Variolous -वीं-रिॅ-ओ-लस्- *adj*. pertaining to smallpox. शीतला (चेचक) सम्बन्धी ।

Variometer-वैरि्-इ-ऑम्'-ऍ-टर्-*n*. an instrument for tuning aerial of wireless. बिना तार की तारबर्की का एक यन्त्र ।

Variorum-वेंअर्'-इ-ओर्-अम् - *n*. *adj*. editions of classical works containing notes of various commentators. साहित्य का ग्रन्थ जिसमें अनेक टीकाकारों की टीका छपी होती है ।

Various-वेंअर्'-इ-अस्- *adj*. different, uncertain, diversified. अनेक रङ्ग का, अनिश्चित, भिन्न ; **Variously** (-ली) *adv*. भिन्न प्रकार से ।

Varix - वेंअर्'-इक्स् - *n*. the dilation of a vein. नाड़ी की ऐंठन ।

Varlet-वॉर्'-लॅट्- *n*. a page, a servant, a low fellow, a scoundrel. सेवक, टहलुआ, नीच पुरुष, दुष्ट मनुष्य ; **Varletry** (-री) *n*. the crowd. भीड़-भक्कड़ ।

Varnish-वॉर्-निश्-*n*. a transparent resinous liquid laid on a work to give a smooth, hard and glossy surface. वार्निश, कलफ़, चमक; *v. t.* to cover with varnish. वार्निश लगाना, चमकाना ; **Varnisher** (-अर्) *n*. वार्निश करने वाला ; **Varnishing** (-इङ्ग्) *n*. वार्निश करने की क्रिया ।

Varvels - वॉर्-वेल्ज़्-*n*. *pl*. rings on the legs of a hawk. बाज़ पक्षी के पञ्जे पर की मुदरियाँ ।

Vary-वेंअर्-ई-*v.t.* & *i*. (*p.t.* **Varied**.) to alter in appearance, to diversify, to differ, to disagree, to change. भिन्न रूप धारण करना, बदलना, पलटना, प्रतिकूल (रूपान्तर) होना ।

Vascular - वॅास्-क्यु-लॉर् - *adj*. pertaining to organic vessels. नाड़ी सम्बन्धी ; **Vascularity** (-रि-टी) *n*. the state of being vascular. नसीला होना, नाड़ीपन ।

Vasculum - वॅास्'-क्यु-लम् - *n*. (*pl*. **Vascula**.) a pouch. बटुआ, झोला ।

Vase–वाज़्–*n.* an ornamental vessel. पात्र, कलश, बर्तन, फूलदान ।

Vaseline – वैस्'-सैं-लीन् – *n.* a jelly obtained from petroleum. मिट्टी के तेल से निकाला हुआ एक सान्द्र द्रव्य

Vassal – वैस्'-सॉल् – *n.* a tenant, a retainer, a political slave. प्रजा, परतन्त्र, आसामी, दास ; **Vassalage** (-एज्) *n.* political servitude. पराधीनता, दासत्व ; **Vassalry** (-री) *n.* bondsmen. दास समूह ।

Vast – वास्ट् – *adj.* huge, very spacious, large, very great. विस्तीर्ण, विशाल, वृहत् , बहुत बड़ा ; **Vastitude** (-इ-ट्यूड्); **Vastness** (-नैस्) *ns.* immensity. विशालता, बड़ापन; **Vastly** (-ली) *adv.* to a great extent. विपुलता से ; **Vasty** (-ई) *adj.* very spacious. विस्तृत ।

Vat – वैट् – *n.* a square vessel or tank for holding liquids. कुण्ड, भाण्ड, तरल वस्तु रखने का पात्र ।

Vaticide–वैट्'-इ-साइड्–*n.* the murder or slayer of a prophet. देवदूत का वध, देवदूत की हत्या करनेवाला ।

Vaticinal–वैं-टिस्'-इ-नॅल्–*adj.* containing prophesy. भविष्य वाणी युक्त ; **Vaticinate** (-नेट्) *v. i.* & *t.* to foretell. भविष्य कहना ; **Vaticination** (-ने'-शॉन्) *n.* prediction.भविष्य वाणी ; **Vaticinator** (-नें'-टॉर्) *n.* a prophet. भविष्यवक्ता ।

Vault–वॉल्ट्–*n.* an arched roof, a cave, a cellar,a leap. भूमिगृह,गुम्मज, गुफा, कुदान;*v.t.*& *i.* to arch, to leap. मेहराब बनाना, छलांग मारना ; **The vault of heaven** (sky.) नभमण्डल

Vaultage – वॉल्ट्'-एज्–*n.* an arched cellar. मेहराबदार गुफा ।

Vaulted – वॉल्ट्'-ऍड् – *adj.* arched. मेहराबदार

Vaulter – वॉल्ट्'-अर् – *n.* a jumper. कूदनेवाला ।

Vaulty–वॉल्ट्'-ई–*adj.* arched, concave. मेहराबदार, नतोदर, पोला ।

Vaunt–वॉन्ट्–*n.* boast, ostentation. वृथाभिमान, शेखी ; *v. i.* to brag, to boast. शेखी मारना,गर्व करना;**Vaunter** (-अर्) *n.* a boaster. शेखी मारनेवाला ; **Vauntful** (-फुल्) *adj.* boastful. वृथाभिमानी ; **Vauntingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* boastfully. शेखी मारते हुए ।

Veal – वील् – *n.* the flesh of calf. बछड़े का मांस ।

Vection – वैंक्'-शॉन् – *n.* the act of carrying. लेजाने की क्रिया

Vedette – वें-डैट्'–*n.* a sentinel on horseback. घोड़सवार, सन्तरी ।

Veer – विअर् – *v. i.* & *t.* to change direction, to shift about. भिन्न दिशा में जाना, (घुमाना) मोड़ना ; **To veer and haul** (to pull and slacken alternately.) पारी पारी से ढीला करना और तानना ; **To veer away** (to slacken.) ढीला करना ।

Veering–विअर्'-इङ्ग्-*adj.* & *n.* shifting. बदलनेका, अदल बदल ; **Veeringly** (-ली) *adv.* in a changing manner. बदलते हुए ।

Vegetable–वैंज्'-ऍ-टॅ-ब्ल्–*n.* a plant or part of a plant used in cookery or feeding cattle. वनस्पति, शाक, तरकारी, भाजी ; *adj.* of the nature of a plant. वनस्पति सम्ब-

न्यों ; **Vegetable kingdom** (the plants.) वनस्पति वर्ग ।

Vegetal–वेंज्'-ए-टॅल् – *adj*. pertaining to vegetables. वनस्पति सम्बन्धी ।

Vegetaline–वें-जें'-टीं-लीन्–*n*. artificial ivory. कृत्रिम हाथीदाँत ।

Vegetality–वें-जें-टॅल्'-इ-टी–*n*. vegetable life. वनस्पति जीवन ।

Vegetarian – वेंज्-ए-टेंयर्' - इ-ॲन् – *n*. one who feeds on vegetable only. शाकाहारी, केवल फलफूल पर निर्वाह करनेवाला; **Vegetarianism** (-इज़्म्) *n*. शाकाहारी सिद्धान्त ।

Vegetate–वेंज्'-इ-टेट् – *v. t.* to grow as plants. उत्पन्न होना, उगना; **Vegetation** (-टे'-शॉन्) *n*. vegetable growth. वनस्पति के सदृश वृद्धि ; **Vegetative** (-इव्) *adj*. having the power of growing like plants. वनस्पति के सदृश उगनेवाला ।

Vehemence, Vehemency–वें'-ए-मेंन्स् (-ई) *ns*. great force, impetus, violence, animation. वेग, तीक्ष्णता, प्रचंडता, उग्रता ।

Vehement – वें'-ए-मेंन्ट् – *adj*. with great force, ardent, forcible. प्रचण्ड, तीव्र, उद्दण्ड, बलवान् ; **Vehemently** (-ली) *adv*. with vehemence. प्रचण्डता से, उग्रता से ।

Vehicle-वीं'-हि-क्ल्-*n*. a conveyance moving on wheels, a medium. (रथ) गाड़ी, (सवारी) द्वार, (वाहक); **Vehicular** (-हिक्'-यु-लॅर्) *adj*. pertaining to a vehicle. रथ सम्बन्धी ।

Vehmgericht – वीह-जि-रिट् – *n*. a German tribunal of secret organization. जर्मनी के गुप्तचरों का न्यायाधीश ।

Veil-वेल्-*n*. that which intercepts view, a curtain, a thin cover used to conceal the face. आवरण, परदा, घूंघट ; *v. t.* to cover with a veil, to conceal. घूँघट लगाना, ढांकना, छिपाना ; **To take the veil** (to become a nun.) सन्यासिनी बनना ; **To throw the veil off**(to come in view.) स्वरूप प्रगट करना ।

Veilless–वेल्'-लेंस् – *adj*. without a veil. बिना घूंघट का ।

Vein–वेन् – *n*. a vessel in animal bodies which receives the blood from the extremities of the arteries and returns to the heart, humour, disposition. धमनी, नाड़ी, वृत्ति, स्वभाव; **Veined** (-ड्) *adj*. full of veins. नाड़ीमय, नाड़ियों से परिपूर्ण ; **Veinless** (-लेंस्) *adj*. बिना नसों का; **Veinlet** (-लेंट्) *n*. a small vein. छोटी नाड़ी या नस ।

Veinous–वीन्'-अस्–*adj*. pertaining to veins. नस सम्बन्धी ।

Veiny – वेन्'-ई – *adj*. full of veins. नसों से परिपूर्ण ।

Velarium–वें-लॅयर्'-इ-अम्–*n*. a sheet stretched under a roof. छत में तानी हुई चाँदनी ।

Veliferous – वें-लिफ्'-ॲर् - अस् – *adj*. bearing sails. पाल ले जानेवाला ; **Velivolent** (-लिव्'-ओ-लेंन्ट्) *adj*. passing under full sail. पाल तान कर चलनेवाला ।

Velleity–वेंल-ली'-इ-टी – *n*. inclination. इच्छा ।

Vellicate-वेंल्'-लि-केंट्'-*v.t.* to twitch, to stimulate. ऐंठना, उत्तेजित करना,

उसकाना ; **Vellication** (-कें'-शन्) *n.* the act of twitching of muscular fibre. पेशियों की ऐंठन ; **Vellicative** (-इव) *adj.* having the power of twitching. ऐंठन की शक्तिवाला ।

Vellum–वेल्'-लम्–*n.* a kind of fine parchment or skin prepared for writing. लिखने के लिए बनाया हुआ चमड़ा ।

Velociman–वें-लास्'-सें-मॅन्–*n.* bicycle propelled by hands. हाथ से चलाने की साइकिल ।

Velocimeter – वें-लॉ-सिम्'-ऍ-टर् – *n.* an instrument for measuring velocity. गति नापने का यन्त्र ।

Velocipede – वें-लास्'-सें-पीड् – *n.* an older form of bicycle. बाइसिकिल का पूर्व रूप ।

Velocity – वें-लास्'-सि - टी – *n.* (*pl.* **Velocities.**) swiftness, rapidity, speed, rate of motion. शीघ्रता, वेग, गति, चाऊ ।

Velum – वी'-लम् – *n.* a partition. विभाग, परदा ।

Velvet – वेल्'-वेट् – *n.* a rich silk stuff with soft small fine nap. मखमल ; *adj.* made of velvet. मखमल का बना हुआ ; **Velveteen** (वें-टीन्') *n.* imitation velvet of cotton. सूती (कृत्रिम) मखमल ; **Velvety** (-ई) *adj.* soft and smooth like velvet. मखमल के समान चिकना ।

Venal–वी'-नॅल्–*adj.* pertaining to veins, mercenary, that may be had for money. नाड़ी सम्बन्धी, धनभेद्य, बिक्री के योग्य ; **Venality** (-नॅल्'-इ-टी) *n.* mercenariness. धन लेकर बिक्री, धनभेद्यता ।

Venatic – वें-नॅट्'-इक्– *adj.* used in hunting. मृगया के उपयोगी ।

Venation–वें-नें'-शन्–*n.* the practice of hunting. मृगया, शिकार ।

Vend–वेन्ड् – *v. t.* to sell, to offer for sale. बेंचना, बिक्री करना ; **Vendee** (-ई) *n.* a person to whom a thing is sold. खरीददार ; **Vender, Vendor** (वेन्'-डर्) *n.* बेंचनेवाला ।

Vendible-वेन्'-डि-बल्-*adj.* saleable. बेंचने योग्य ; **Vendibly** (-डिब्'-ली) *adv.* in a saleable manner. बिक्री की रीति से ; **Vendibleness** (-नेस्) *n.* क्रय विक्रय ।

Vendition – वेन्-डिश्'-ऑन् – *n.* the act of selling. बिक्री, बेंचखोंच ।

Vendue–वेन्'-ड्यू–*n.* a public sale by an auctioneer. नीलाम करके बेंचना ।

Veneer–वें-निअर्' – *n.* a thin layer of superior kind of wood over an inferior one. खराब लकड़ी के ऊपर की अच्छी लकड़ी की तह ; *v. t.* to cover in this way. इस प्रकार से ढाँकना; **Veneering** (-इङ्ग) *n.* the art of overlaying. परत जमाने की कला ।

Venefical–वें-नॅफ्'-इ-कॅल्–*adj.* poisonous. विषैला ; **Veneficial** (-फ़िश्'-ऑल्) *adj.* acting by poison. विष का कार्य करनेवाला ।

Venenate–वेन्'-ऍ-नेट – *adj.* infected with poison. विष लगा हुआ ; **Venenation** (-ने'-शॉन्) *n.* the act of poisoning. विष प्रयोग की क्रिया

Venerability–see **Venerable.**

Venerable – वेन्'-अर् - ऑ–बल् – *adj.* worthy of reverence, made sacred by religious associa-

tions. पूज्य (आदरणीय), धार्मिक रीति से पवित्र किया हुआ ; **Venerability** (-बिल्'-इ-टी), **Venerableness** (-नस्) *ns.* the state of being venerable. आदर, धार्मिकता ; **Venerably** (-ऑब्-लि) *adv.* in a manner so as to excite veneration. पूज्यरीति से ।

Venerate–वैन्'-एर्-एट्–*v.t.* to regard with respect, to revere, to reverence. सन्मान करना, पूजना, प्रतिष्ठा करना; **Venerated** (-ऐड्) *adj.* treated with respect. मानित, पूजित; **Veneration** (-ए'-शॉन्) *n.* highest reverence. सत्कार, मान, पूजा; **Venerator** (-ऑर्) *n.* सत्कार करनेवाला ।

Venereal–वें-नियर्'-इ-ऑल्– *adj.* pertaining to sexual intercourse. मैथुन सम्बन्धी, मैथुन की इच्छा उत्पन्न करनेवाला ।

Venery– वैन्'ऍर्-ई– *n.* the exercise of hunting. आखेट, मृगया, शिकार ।

Venesection – वैन्'-ए-सैक्'-शॉन् – *n.* blood-letting by opening a vein. फ़स्त खोल कर रुधिर बहाना ।

Venetian–वें-नीश्'-ऑन्–*adj.* belonging to Venice. वेनिस नगर का ।

Vengeance – वैन्ज्'-ऑन्स्– *n.* infliction of pain in retaliation for an injury or offence. प्रत्युपकार, प्रतिहिंसा, बदला ; **With a vengeance** (angrily.) उत्तेजना से, क्रोध से ।

Vengeful– वैन्ज्'-फुल्– *adj.* retributive, revengeful. प्रतिहिंसक, बदला लेनेवाला ; **Vengefully** (-ली) *adv.* in a revengeful way. बदला लेते हुए ।

Veniable– वी'-नि-ऑ-बल् –*adj.* pardonable, that may be forgiven. क्षन्तव्य, क्षमा करने योग्य ।

Venial – वी'-नि-ऑल् – *adj.* excusable. क्षमा के योग्य ; **Veniality** (-ऑल्'-इ-टी) *n.* pardonableness. क्षम्यता ; **Venially** (-ली) *adv.* with forgiveness. क्षमा करते हुए ; **Venialness** (-नैस्) *n.* excusableness. क्षमता ।

Venison–वैन्'-इ-ज़न्– *n.* the flesh of deer. हरिण का मांस ।

Vennel–वैन्'-नैल्-*n.* a narrow street. सकरी (तङ्ग) गली ।

Venom–वैन्'-ऑम् – *n.* poison, malice. विष, द्वेष ; *v. t.* to poison. विष प्रयोग करना ।

Venomous–वैन्'-ऑम्-अस्–*adj.* poisonous. विषैला; **Venomously** (-अस्-ली) *adv.* in a venomous manner. विषैलेपन से; **Venomousness** (-नैस्) *n.* the state of being poisonous. विषैलापन ।

Venous–वी'-नस्–*adj.* pertaining to veins. नाड़ी सम्बन्धी ।

Vent – वैन्ट – *n.* a small hole or apperture, passage for the escape of air &c., sale, publication. छिद्र, द्वार, बिक्री, प्रकाशन ; *v. t.* to pour forth, to let out of a small hole, to publish. छोटे छिद्र द्वारा निकालना, खोलना, प्रकाशित करना ; **Ventage** (-एज्) *n.* a small hole. छोटा छिद्र ।

Venter–वैन्ट्'-अर्– *n.* the abdomen, mother, the womb. उदर, माता, गर्भाशय ।

Ventiduct–वैन्'-टि-डक्ट्– *n.* a pas-

sage for air. वायु मार्ग ।

Ventilate–वैंन्'-टि-लेट्-*v.t.* to cause air to pass through, to fan, to winnow, to open for the free access of air. हवादार करना, पंखा करना, ओसाना, वायु के आवागमन के लिये खिड़की इत्यादि खोलना ; **Ventilation** (-लें'-शॉन्) *n.* the act of ventilating. हवा देने की क्रिया, वायु की रुकावट का हटाव; **Ventilator** (-ऑर्) *n.* a contrivance for driving away foul air from a place. वायु का सञ्चालन करने तथा मलिन वायु हटाने का साधन ।

Ventose– वैंन्ट्'-ओस् - *adj.* windy. हवादार ; **Ventosity** (-टॉस्'-इ-टी) *n.* windiness, empty pride. हवापन, वृथा अभिमान ।

Ventral- वैंन्'-ट्रॉल्- *adj.* pertaining to the belly. उदर सम्बन्धी ।

Ventricle–वन्'-ट्रि-कल–*n.* the pair of cavities in the heart. हृदय के (दोनों) कोष ।

Ventricose - वैंन्'-ट्रि-कोस् - *adj.* extended. फैला हुआ ।

Ventricular - वैंन्-ट्रिक-यू-लॅर् - *adj.* pertaining to ventricle. हृदय कोष सम्बन्धी ।

Ventriculous -वैंन्-ट्रिक्'-यु-लस्- *adj.* somewhat extended in the middle. बीच में कुछ फूला हुआ ।

Ventriloquism–वैंन्-ट्रिल्'-ऑ-क्विज़्म्-*n.* the art of speaking in such a way that the voice seems to come from a distance. गरुड़वाद, ऐसी बोली बोलना जिससे मालूम हो कि दूर से शब्द आ रहा है ; **Ventriloquist** (-क्विस्ट) *n.* one who practises ventriloquism. ऐसी बोली बोलना।; **Ventriloquize** (-क्वाइज़) *v. t.* to practise ventriloquism. ऐसी बोली बोलने का अभ्यास करना ।

Ventripotence–वैंन्-ट्रिप्'-ओ-टॅन्स्– *n.* the ability to eat a great quantity. अधिक परिमाण में भोजन करने की शक्ति ; **Ventripotent** (-टॅन्ट) *adj.* able to eat enormously. अधिक भोजन करनेवाला ।

Venture – वैंन्ट्'-यूर्– *n.* hazard, a dangerous undertaking, chance. साहस, संशय, सङ्कट ; *v. t. & i.* to hazard, to risk. साहस करना, उत्साह करना ; **At a venture** (without seeing the issue.) परिमाण न देखते हुए ।

Venturer–वैंन्-ट्यूर्'-अर्–*n.* one who venture. साहस का काम करनेवाला ।

Venturesome-वैंन्'-चर्-सम्-*adj.*bold, daring. वीर, साहसिक ; **Venturesomely** (-ली) *adv.* in a bold manner. साहस से ; **Venturesomeness** (-नैंस्) *n.* the quality of being venturesome. साहसिकता ।

Venturing–वैंन्ट्'-यूर्-इङ्ग्–*adj.* & *n.* the act of risking. साहसिक कार्य ।

Venturous – वैंन्ट - यूर् - अस् – *adj.* daring, bold. वीर, साहसी ; **Venturously** (-ली) *adv.* fearlessly. निर्भयता से ; **Venturousness** (-नैंस्) *n.* the quality of being venturous. साहसिकता ।

Venue- वैंन्'-यू- *n.* the place where an action is laid. घटना स्थल ।

Venus–वी'-नस्–*n.* goddess of love, a planet. काम देवी, शुक्रग्रह ।

Veracious- वें-रें-शस् - *adj.* true, one who observes truth. सत्यवादी, सत्यशील (सच्चा); **Veraciously** (-ली) *adv.* truthfully. सत्यता से।

Veracity - वेंरॅस्-सि-टी - *n.* (*pl.* **Veracities.**) truthfulness. सत्यशीलता, सचाई।

Verandah- वेंरॅन्'-डा - *n.* an open portico, a covered balcony. द्वार प्रकोष्ठ, बरामदा।

Veratrum-विरें'-ट्रम्-*n.* a kind of poisonous plant. एक विषला पौधा।

Verb-वर्ब्-*n.* a word which asserts something. क्रियापद।

Verbal-वर्ब्'-बॅल्-*adj.* spoken, oral, literal, derived from a verb. शब्द सम्बन्धी, वाचिक, मौखिक, क्रियापद से बना हुआ; **Verbalist** (-इस्ट) *n.* one who is a wordmonger. शब्दों के प्रयोग में निपुण; **Verbality** (-वर्-बॅल्'-इ-टी) *n.* mere literal expression. शब्द मात्र का प्रयोग; **Verbalize** (-आइज़्)*v.t.* to convert into a verb. क्रियापद बनाना; **Verbally** (-लि) *adv.* orally. यथा शब्द, शब्दतः।

Verbatim - वर्-बें'-टिम् - *adv.* word for word. पदानुपद, शब्दशः।

Verbena-वर्-बी'-नी-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Verberate-वर्-बें-रेट्- *v. t.* to beat or strike. मारना, पीटना; **Verberation** (-बॅर्-ए'-शन्) *n.* blow. आघात, चोट।

Verbiage- वर्'-बि-एज्- *n.* unnecessary use of a great many words. वाग्विस्तार, अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग।

Verbose-वर्-बोस्'-*adj.* using more words than necessary, prolix. अनेक शब्दों के व्यर्थ प्रयोग का, निरर्थक; **Verbosely** (-ली) *adv.* in a verbose manner. शब्दों का वृथा प्रयोग करते हुए; **Verboseness** (-नॅस्) *n.* verbosity. शब्दों का वृथा प्रयोग।

Verbosity - वर्-बॉस्'-सि-टी - *n.* the quality of being verbose. वाक्-प्रपंच।

Verdancy- वर्'-डॅन्-सि- *n.* greenness, rawness, हरापन, कच्चापन।

Verdant - वर्'-डॅन्ट - *adj.* green, fresh, flourishing. हरित, हरा, ताजा; **Verdantly** (-ली) *adj.* in a verdant manner. हरेपन से।

Verderer- वर्-डर्-अर्- *n.* a keeper of forests. जङ्गलों का रक्षक।

Verdict- वर्'-डिक्ट - *n.* the decision of jury in a case, decision, judgment. जूरी का निर्णय, न्याय, विचार।

Verdigris-वर्'-डि-ग्रिस-*n.* the rust of copper. ताम्रकिट्ट, तांबे का मुरचा।

Verditure- वर्'-डि-ट्यूर् - *n.* palest green colour, हलका हरा रङ्ग।

Verdure- वर्ड्'-यूर्- *n.* greenness of vegetation. हरियाली, हरापन; **Verdurous** (-अस्) *adj.* covered with green. हरियाली से ढपा हुआ।

Verge-वर्ज्-*n.* a rod, a small shaft, range, brink, border. डन्डा, छड़ी सीमा, प्रान्त, किनारा; *v. i.* to bend, to incline. किनारे पर होना, झुकना; **Vergee** (-ई) *n.* 4/9ths of an acre. एक एकड़ का ४/९ वाँ भाग; **Verger** (-अर्) *n.* one who carries mace before a bishop. पादड़ी के आगे डन्डा

लेकर चलनेवाला।

Veridical–वें-रिड्'-इ-कॅल्-*adj*. truth-telling. सत्यवादी।

Verifiable–वेंर्'-इ-फ़ाइ-ॲ-ब्ल – *adj*. what may be confirmed. प्रमाणित करने योग्य।

Verification– वेंर्'-इ-फि-के'-शॉन्– *n*. act of confirming. प्रमाण, सत्यका निर्णय ; **Verifier** (फ़ाइ'-अर्) *n*. one who verifies. प्रमाणित करनेवाला।

Verify–वेंर्'-इ-फ़ाइ–*v. t.* (*p.t.* & *p.p.* **Verified**.) to prove to be true, to confirm, to fulfil. प्रमाणित करना, समर्थन करना, सच्चा सिद्ध करना।

Verily – वेंर्'-इ-ली– *adv*. in truth, certainly. सचमुच, अवश्य, वास्तव में।

Verisimilar–वेंर्-इ-सिम्'-इ-लॉर् – *adj*. having the appearance of truth. सत्यता के आभास का।

Verisimilitude – वेंर्'-इ-सि-मिल्'-इ-ट्यूड् – *n*. likelihood, probability. सत्य का आभास, सम्भावना।

Veritable–वेंर्'-रि-टॅ-ब्ल–*adj*. agreeable to fact, true. यथार्थ, सत्य ; **Veritably** (-टॅब्-ली) *adv*. truly. सत्यता से।

Verity–वेंर्'-रि-टी– *n*. truth. सत्यता, यथार्थता, सचाई।

Verjuice– वेंर्'-जूस– *n*. a liquor extracted from some sour fruits. खट्टे फलों का अर्क।

Vermeil, **Vermil**– वर्'-मिल– *n*. & *adj*. vermilion, of the colour of vermilion. सिन्दूर, सिन्दूर के रङ्ग का।

Vermicelli–वर्'-मि-सेंल्'-ई–*n*. little worms, paste of fine flour made into small wormlike threads. छोटे कीड़े, सेवईं।

Vermiceous-वर्-मिस्'-इ-अस्-*adj*.pertaining to worms. छोटे कीड़ों का।

Vermicide-वर्'-मि-साइड्-*n*. a worm-killer. कीड़ा मारनेवाला मनुष्य।

Vermicular – वर्-मिक्'-यू-लॅर् – *adj*. pertaining to or like a worm. कृमिसम्बन्धी, कीड़े के सदृश।

Vermiculate-वर्-मिक्'-यु-लेंट्–*v. t.* to inlay a work in the form of tracts made by worms. कीड़े के गतिमार्ग के सदृश नकाशी करना ; **Vermiculation** (-ले'-शॉन्) *n*. the act of moving in the form of a worm. कीड़े की तरह की गति।

Vermicule–वर्'-मि'-क्यूल्–*n*. a small worm. छोटा कीड़ा; **Vermiculous** (-लस्) *adj*. full of worms. कृमिपूर्ण

Vermiform–वर्'-मि-फ़ार्म्– *adj*. having the form of a worm. कृमि के आकार का।

Vermifugal– वर्-मिफ़्'-यू-गॅल् – *adj*. tending to expel worms. कीड़ों को निकालनेवाला।

Vermifuge– वर्'-मि-फ्यूज़– *n*. a medicine that expels or destroys worms. कीड़ों को नाश करने या हटाने की औषधि।

Vermilion – वर्-मिल्'-यन् – *n*. red sulphide of mercury. सिन्दूर, सेंदुर ; *v. t.* to cover with vermilion. सेंदुर का रङ्ग चढ़ाना ; **Vermilioned** (-ड्) *adj*. painted with vermilion. सेंदुर से रङ्गा हुआ।

Vermin–वर्'-मिन्–*n*. a noxious insect, destructive to crops &c.

अन्न इत्यादि को हानि पहुँचानेवाला कीड़ा; **Vermination** (-ए'-शॅन्) *n.* the breeding of vermins. कीड़ों की वृद्धि होना ; **Verminate** (-एट्') *v. t.* to produce vermins. कीड़े पैदा करना ; **Verminous** (-अस्) *adj.* affected with vermins. कीड़े लगा हुआ ।

Vermivorous–वर्-मिव्'-ऑ-रस् – *adj.* feeding on worms. कीड़ा खानेवाला ।

Vernacular – वर्-नॅक्'-यु-लॅर् – *adj.* belonging to one's own country, native. प्राकृत, अपने देश की (देशीय); **Vernacular dialect** (native language.) प्राकृत भाषा ; **Vernacularism** (-इज़्म्) *n.* vernacular idiom. देशी भाषा के मुहावरे ; **Vernacularly** (-ली) *adv.* in a vernacular manner. प्राकृत भाषा की रीति से ।

Vernal – वर्'-नॅल् – *adj.* belonging to spring. वासन्तिक, वसन्तऋतु सम्बन्धी; **Vernal equinox** (-ई'-क्वि-नॉक्स्) the spring equinox. वसन्त ऋतु का (चैत्र-मार्च) वह समय जब दिन रात बराबर होते हैं ।

Vernant – वर्'-नॅन्ट् – *adj.* flourishing as in spring. वसन्तऋतु के समान समृद्ध ।

Vernicose–वर्'-नि-कोस्–*adj.* looking as if varnished. वार्निश किया हुआ देख पड़ता हुआ ।

Vernier–वर्'-नि-अर्–*n.* a graduated sliding scale. सरकनेवाला नाप का (चिह्न किया हुआ) रूल ।

Vernility–वर्-निल्'-इ-टी – *n.* fawning behaviour. शुश्रूषा का व्यवहार, चापलूसी ।

Verrucose–वर्'-रु-कोस्–*adj.* having little knobs on the surface. तल पर छोटी छोटी गाँठोंवाला ।

Versable–वर्'-सॅ-ब्ल्–*adj.* that may be turned. उलटने योग्य ।

Versant – वर्'-सॅन्ट् – *adj.* familiar. परिचित ।

Versatile–वर्'-सॅ-टाइल्–*adj.* changeable, unsteady, movable. चपल, चंचल (अस्थिर), बदलने योग्य; **Versatilely** (-ली) *adv.* in an unsteady manner. चंचलता से ; **Versatileness** (-नॅस्) *n.* the quality of being unstable. चपलता ; **Versatility** (-टिल्'-इ-टी) *n.* the faculty of turning one's mind to another subject. अन्य विषय को विचारने की शक्ति ।

Verse – वर्स् – *n.* a line of poetry, stanza, poetry. पाद, कविता, पद्य ; **Blank verse** (rhymeless verse.) श्लोक, बिना अनुप्रास का पद्य ।

Verselet–वर्स्'-लॅट्–*n.* a short verse. छोटी कविता ।

Verse-monger–वर्स्'-मङ्ग्-गर् – *n.* a writer of verses. श्लोक बनानेवाला ।

Versed–वर्स्ड्–*adj.* skilled in. कुशल, निपुण, प्रवीण ।

Versicular – वर्-सिक्'-यु-लॅर् – *adj.* pertaining to verses. कविता संबंधी ।

Versifier – वर्'-सि-फ़ाइ-अर् – *n.* one who makes verses. श्लोक बनानेवाला

Versiform–वर्स्'-इ-फ़ॉर्म्– *adj.* varying in forms. भिन्न प्रकार का ।

Versify–वर्'-सि-फ़ाइ–*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Versified**.) to make verse, to turn into verse. कविता बनाना,

पद्य (श्लोक) में वर्णन करना।

Version–वर्′-शॉन् – *n.* translation, a statement or account. अनुवाद (उल्था, पाठान्तर), वर्णन; **Versionist** (-इस्ट) *n.* a translator. अनुवादक, भाषान्तर करनेवाला।

Verso – वर्′-सो – *n.* the left-hand page. बाईं ओर का पृष्ठ।

Versus–वर्′-सस्–*prep.* against. विपरीत, बनाम।

Versute–वर्-स्यूट्′-*adj.* crafty, cunning. धूर्त, कुटिल, चालाक।

Vertebra–वर्′-टॅ-ब्रॉ– *n.* (*pl.* **Vertebræ.**) one of the pieces in the spine of an animal. पृष्ठवंश, कशेरुक, पीठ की रीढ़ का टुकड़ा (मोहरा); **Vertebral** (-ब्रॉल्) *adj.* पृष्ठवंश (कशेरुक) सम्बन्धी।

Vertebrate – वर्′-टि-ब्रेट् – *adj.* & *n.* having a backbone, an animal with a backbone. पीठ की रीढ़वाला, ऐसा प्राणी।

Vertex–वर्′-टॅक्स–*n.* (*pl.* **Vertexes, Vertices.**) the top of anything, the zenith of heavens. शिखर (चोटी, अग्र भाग), आकाश में सबसे ऊँचा स्थान।

Vertical–वर्′-टि-कॉल्–*adj.* pertaining to the vertex, perpendicular to the plane of the horizon. शिखर सम्बन्धी, लम्बरूप, खड़ेबल का ; **Vertically** (-ली) *adv.* लम्बरूप में ; **Verticalness** (-नॅस) *n.* खड़ापन।

Verticity – वर्-टिस्′-इ-टी – *n.* revolution. भँवर, चक्कर।

Vertiginous – वर्-टिज्′-इन्-अस्–*adj.* whirling, turning round. चक्कर खाता हुआ, घूमता हुआ ; **Vertiginously** (-ली) *adv.* whirlingly. चक्कर खाते हुए ; **Vertiginousness** (-नॅस्) *n.* giddiness. भँवरपन, चक्कर।

Vertigo – वर्-टि′-गो – *n.* giddiness, dizziness in the head. (भँवर) घुमरी, चक्कर।

Vertu–वर्′-टू–*n.* excellence in art. कला की विशिष्टता।

Verve–वर्व्–*n.* enthusiasm, spirit, energy. (ओज) उत्साह, बल, शक्ति।

Vervet–वर्′-वॅट्–*n.* a South American monkey. दक्षिण अमेरिका का एक प्रकार का बन्दर।

Very–वॅर्′-री–*adj.* true,real, actual. सत्य, ठीक, सच्चा ; *adv.* in a great degree, exceedingly. अत्यन्त, अति, बहुत।

Vesical – वॅस्′ - इक्-ऑल् – *adj.* pertaining to the bladder. मूत्राशय सम्बन्धी।

Vesicant – वॅस्′-इ-कॅन्ट् – *n.* blistering application. फफोला उत्पन्न करने वाला लेप ; **Vesication** (-कॅ′-शॉन्) *n.* the process of raising blisters. फफोला पड़ना ; **Vesicate** (-कॅट्′) *v. t.* to raise blisters. छाला डालना।

Vesicle – वॅस्′-इ-कुल् – *n.* a small bladder. छोटा फफोला ; **Vesicular** (-क्यु-लर्) *adj.* फफोले का।

Vespa–वॅस्′-पॉ–*n.* a wasp-like insect. बर्रे के प्रकार का एक कीड़ा।

Vesper – वॅस्′-पर् – *n.* the evening star, evening. भृगु नक्षत्र, सन्ध्या ; **Vespertine** (-टाइन्) *adj.* pertaining to the evening. सन्ध्या सम्बन्धी ; **Vespers** (-स्) *n. pl.*

evening service in the Roman Catholic Church. (व० व०) रोमन् कीथोलिक् ईसाइयों का गिरजाघर में सन्ध्या समय का भजन।

Vespiary–वेंस्‌'-पि-ऑं-री–*n*. a wasp's nest. बर्रे का छत्ता।

Vessel–वेंसे'-सैंल्–*n*. a. utensil, cask, a ship or boat of any kind, tube in which blood is circulated. पात्र (बर्तन), पीपा, नाव या जहाज, नाड़ी, नस।

Vest – वेंस्ट्–*n*. a waistcoat. फतुही, वासकट; *v.t.* & *i*. to clothe, to dress, to take effect, to invest. वस्त्र पहिरना या पहिराना, अधिकार युक्त होना; **To vest in** (to put in possession of.) अधिकारी बनाना; **To vest with** (to invest.) युक्त करना; **Vested** (-ऍड्) *adj*. वस्त्र पहिरे हुए।

Vestment–वेंस्ट्'-मॅन्ट्–*n*. a covering or garment. अँगरखा, लबादा।

Vestal–वेंस्‌'-टॅल्–*adj*. pure, chaste. पवित्र, शुद्ध (निर्मल)।

Vestiary – वेंस्‌'-टि-ऑं-री–*n*. a wardrobe. अंगरखा।

Vestibule – वेंस्‌' - टि - ब्यूल् – *n*. an entrance into a house, a hall, the cavity of the ear. (द्वार) ओसारा, डेवढ़ी, दालान, कान का छिद्र।

Vestige – वेंस्‌'-टिज् – *n*. footprint left on the ground, a trace of something. पदाङ्क, पदचिह्न, अवशेष; **Vestigial** (-टिज्‌-इ-ऑल्)*adj*. of the nature of footprint. पदचिह्न के सदृश

Vesting – वेंस्ट्'-इङ्ग् – *n*. cloth for vests. फतुही बनाने का वस्त्र।

Vestry–वेंस्ट्'-री–*n*. the room of a church for keeping clerical vestments. गिरजाघर में पादड़ियों का वस्त्र रखने का कमरा।

Vesture – वेंस्ट्'-यूर्– *n*. a garment, clothing, dress. वस्त्र, कपड़ा, पोशाक।

Vetch – वेंच् – *n*. a kind of plant. एक प्रकार का पौधा, रदी।

Veteran–वेंट्'-ऍर-ऑन्–*adj*. old and of long experience, one grown old in service. अभ्यासवृद्ध, काम करते करते वृद्ध हुआ।

Veterinarian-वेंट्' - ऍर्-इ-नेंयर्'-इ-ऑन्-*n*. one skilled in the diseases of cattle. पशुवैद्य, पशुचिकित्सक।

Veterinary – वेंट्-ऍर्'-इ-नॅ-री – *adj*. pertaining to the art of healing animals. पशुचिकित्सा सम्बन्धी; **Veterinary surgeon** (a doctor who cures diseases of animals.) पशुओं का वैद्य।

Veto–वी'-टो–*n*. (*pl*. **Vetoes**.) an authoritative prohibition, power of rejection. प्रतिनिषेध, अस्वीकार करने का अधिकार; *v. t.* to withhold assent to, to forbid. निषेध करना, (रोकना) अस्वीकार करना।

Vex – वेंक्स्–*v. t.* to provoke, to irritate, to harass, to torment, to trouble. उद्विग्न करना, खिजलाना; पीड़ा देना, क्लेश देना, दुख देना; **Vexation** (- ए'-शन्) *n*. irritation, disquiet, harassing. क्लेश, दुःख, पीड़ा (सन्ताप), घबड़ाहट।

Vexatious – वेंक्स्-ए'-शस् – *adj*. distressing, irritating, teasing. उद्वेगकर, सन्ताप देने वाला, दुखदाई; **Vexatiously** (-ली) *adv*. in a vexatious

manner. उद्वेग सहित ; **Vexatiousness** (-नैस्) *n.* the quality of being vexatious. सन्ताप, उद्विग्नता ।

Vexed – वैक्सड् – *adj.* perplexed, tormented. घबड़ाया हुआ ।

Vexer–वैक्स्'-अर्–*n.* one who gives trouble. सन्ताप देनेवाला ।

Vexillation–वैक्स्'-इल्-लें'-शॉन्–*n.* a company of soldiers under one standard. सैन्यदल जो एक पताका के नीचे हों

Vexing–वैक्स्'-इङ्ग्-*adj.* provoking. सन्तापकर; **Vexingly** (-इङ्ग्-ली) *adv.* in a vexing manner. उद्विग्न करते हुए

Vexil – वैक्स्'-इल्– *n.* a standard. पताका, झण्डा ; **Vexillation** (-लें'-शॉन्) *n.* soldiers under one standard. एक पताका के नीचे के सिपाही ।

Via–वाइ'-ऑ–*n.* a way. मार्ग, रास्ता ; *adv.* by way of. मार्ग से ।

Viability – वि-ऑ-बिल्'-इ-टी – *n.* the state of being viable. जीवन योग्यता

Viable–वि'-ऑ-ब्ल्–*adj.* capable of living. जीने योग्य ।

Viaduct – वि'-ऑ-डक्ट – *n.* a long overbridge. लम्बा मेहराबों का बना हुआ पुल ।

Vial–वि'-ऑल्–*n.* a small glass bottle, a phial. काँच की शीशी, छोटा बोतल

Viands – वि'-ऑन्ड्ज़–*n. pl.* cooked vegetable or animal food. पका हुआ भोजन का पदार्थ, पक्वान्न ।

Viarian – वि-ऍअर्'-इ-ऑन्–*adj.* pertaining to roads. सड़क सम्बन्धी ।

Viatic – वि-ऑट'-इक् – *adj.* pertaining to journey. यात्रा सम्बन्धी ; **Viaticum** (इ-कम्) *n.* provision for a journey. यात्रा सामग्री ।

Viator – वि-ए'-टॉर्–*n.* a wayfarer, a traveller. यात्री, यात्रा करनेवाला ।

Vibrant–वाइ'-ब्रॉन्ट–*adj.* vibrating. थर्रानेवाला, काँपनेवाला ।


Vibrate-वाइ'-ब्रेट्'-*v.i.&t.*to quiver, to oscillate, to swing, to move to and fro. काँपना, हिलना (थर्राना), फरकना, झूलना, इधर उधर घूमना ; **Vibration** (-ब्रे'-शॉन्) *n.* the act of oscillating, alternate motion. कम्प (स्फुरण), कँपकपी (थरथरी) **Vibrative** (-इव्) *adj.* थर्रानेवाला; **Vibratory** (-टॉर्-ई) *adj.* vibrating. कँपता हुआ, थर्राता हुआ ।

Vibrissa – वि-ब्रिस्'-सॉ–*n.* whisker. गलमोच्छा ।

Vicar – विक्'-ऑर् – *n.* a deputy, a substitute in office, the priest of a parish. प्रतिनिधि, स्थानापन्न, नगर का पादड़ी; **Vicarage** (-एज्) *n.* the benefice or residence of a vicar. पादड़ी की वृत्ति, इसके रहने का घर ; **Vicarial** (- इ-ऑल्) *adj.* pertaining to a vicar. पादड़ी सम्बन्धी ।

Vicarious – वि - कैअर्'-इ-अस् – *adj.* substituted, deputed. प्रतिनिधि बनाया हुआ, निर्धारित ; **Vicariously** (-ली) *adv.* दूसरे स्थान में ।

Vice – वाइस् – *n.* defect, blemish, wickedness, a screwed tool for firmly grasping. अधर्म, पाप, दोष, बाँक, (शिकन्जा) ; *pref.* signifying 'second in rank'. 'पद में द्वितीय' अर्थ का उपसर्ग ; *prep.* in place of. स्थान में,



Vice.

बदले में।

Vice-admiral–वाइस्-ऑड्'-मि-रल्– *n.* the second commanding officer of a fleet. जहाज़ी सेना का द्वितीय अधिकारी।

Vice-chancellor-वाइस्-चान्'-सैल्-लॉर्- *n.* an officer of a university next in rank to a chancellor. विश्वविद्यालय का उपसभापति या द्वितीय अध्यक्ष।

Vicegerency–see **Vicegerent**.

Vicegerent– वाइस्-जिअर्'-एन्ट्– *n.* an officer deputed by a superior to act for another. उपपदाधिकारी ; **Vicegerency** (-सी) *n.* the office of a deputy. इस अधिकारी का पद।

Vicenary– विस्'-ऍन्-ऑ-री– *adj.* pertaining to twenty. बीस संख्या संबंधी

Viceregal– वाइस्'-री'-गॉल्– *adj.* pertaining to a viceroy. राज प्रतिनिधि सम्बन्धी।

Vicereine– वाइस'-रैन्– *n.* the wife of a viceroy. राज प्रतिनिधि की पत्नी।

Viceroy–वाइस'-रॉय्–*n.* the governor of a kingdom who rules as a substitute of the king. राजप्रतिनिधि; **Viceroyalty**(-ऑल्-टी),**Viceroyship** (-शिप्) *ns.* the office of a viceroy. राजप्रतिनिधि का पद।

Vicinage – विस्'-इन्-एज् – *n.* neighbourhood. पड़ोस, सन्निकर्ष ; **Vicinal** (-ऑल्) *adj.* neighbouring. समीप का

Vicinity – विस्-इन्'-नि-टी – *n.* (*pl.* **Vicinities**.) nearness in place. समीपता, पड़ोस।

Vicious – विश्'-अस् – *adj.* corrupt, wicked, depraved, defective. दुराचारी, दुष्ट, दुश्चरित, पापी; **Viciously** (-ली) *adv.* in a corrupt manner. दुष्टता से ; **Viciousness** (-नैस्) *n.* wickedness. दुष्टता।

Vicissitude – विस्-सिस्'-इ-ट्यूड् – *n.* variation, change, revolution. विपर्यय, परिवर्त्तन, उलटफेर ; **Vicissitudinary** (-डि'-नीर्-री) *adj.* successively changing. क्रम से बदलता हुआ; **Vicissitudinous** (-डिन्'-अस्) *adj.* changeful. बदलनेवाला।

Victim–विक्'-टिम्–*n.* a living animal sacrificed to a deity, one who suffers some injury. बलि (यज्ञपशु, शिकार),पीड़ित व्यक्ति; **Victimize** (-आइज़्) *v. t.* to make a victim of, to cheat. बलि देना,ठगना, (शिकार बनाना) ; **Victimizer** (-आइज़्-अर्) *n.* a cheater. ठगनेवाला मनुष्य।

Victor–विक्'-टॉर्–*n.* one who conquers in war, a winner. युद्ध में जीतनेवाला, विजयी; **Victoress** (-ऍस्) **Victress** (-विक्'-ट्रैस्) *ns. fem.* a woman who conquers. विजयिनी, जीतनेवाली।

Victoria–विक्-टोर्'-इ-ऑ– *n.* a kind of four-wheeled carriage. एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी।

Victorious – विक्-टोर्'-इ-अस् – *adj.* conquering, triumphant, vanquishing. जीतनेवाला, विजयी, जयप्राप्त ; **Victoriously** (-ली) *adv.* in a victorious manner. विजय करते हुए ; **Victoriousness** (-नैस्) *n.* the state of being victorious. विजय।

Victory– विक्'-टॉर्-ई– *n.* (*pl.* **Victories**.) conquest, triumph, defeat of enemy in battle. विजय,

जीत, युद्ध में शत्रु की हार ।

Victual–विट्'-टल्-*v.t.* (*p.t.*Victualled.) to supply with food, to store with provisions. खाने की सामग्री पहुंचाना,रसद जुटाना; **Victualler** (-टलर्) *n.* a supplier of provisions. भोजन (रसद) पहुँचानेवाला; **Victuals** (-ज़) *n. pl.* food for human beings, provisions. (ब०व०) खाद्य सामग्री, भोजन द्रव्य ।

Vide–वि'-डें–*v. t.* see, look at. देखो ।

Videlicet–अि-डैल्'-इ-सैट्–*adv.* (*abbr.* viz.) namely, to wit. अर्थात् ।

Vidimus–वाइ'-डि-मस्–*n.* inspection. अन्वेषण, खोज ।

Viduage-विड्'-यु-एज्–*n.* widowhood. वैधव्य, रॉड़पन; **Vidual** (-औल्) *adj.* pertaining to widowhood. वैधव्य सम्बन्धी ।

Vie–वाइ–*v. i.* to contend, to long for superiority. स्पर्धा करना, बड़े होने की चेष्टा करना ।

View–व्यू–*n.* prospect, sight, intellectual or mental sight, display, appearance, scene, show, purpose, design. आलोकन, दृष्टि, बुद्धि प्रदर्शन, आकृति, दृश्य, अभिप्राय, उद्देश्य, (अर्थ) हेतु; *v.t.* to examine, to consider, to look with attention. परीक्षा करना, विचारना, ध्यान से देखना; **In view of** (having regard to.) विचार से; **Of liberal views** (of free opinion.) उदार चरित; **Of narrow views** (prejudiced.) संकुचित बुद्धि का, पक्षपाती; **Point of view** (standpoint.) दृष्टि, पक्ष; **Viewer** (-अर्) *n.* one who views. परीक्षा करनेवाला; **Viewing** (-इङ्ग्) examination, surveying. अन्वेषण, परीक्षा; **Viewless** (-लैस्) *adj.* invisible. अदृश्य; **Viewly** (-लॅ) *adv.* sightly. दृष्टि द्वारा; **View-point** (point of view.) विचारणीय विषय ।

Viewsome–व्यू'-सम्–*adj.* pleasant to the eye. देखने में मनोहर ।

Vigesimal – वि-जैस्'-इ-मॉल् – *adj.* twentieth. बीसवाँ; **Vigesimation** (-मे'-शॉन्) *n.* murdering every twentieth man. प्रत्येक बीस मनुष्यों में से एक की हत्या करना ।

Vigil– विज्'-इल्– *n.* watching, waking for religious exercise, the evening before any feast, रात्रिजागरण, रात्रि की उपासना, उपवास के पहिले की रात्रि; **Vigilance** (-औन्स्) *n.* the state of being vigilant, watchfulness. जागरण, (सावधानी)

Vigilant–विज्-इल्-औन्ट्–*adj.* watchful. (अप्रमत्त) सावधान; **Vigilantly** (-ली) *adv.* with vigilance. सावधानी से, चौकसी से ।

Vigneron– वीन्'-यें-रॉङ्– *n.* a vinegrower. अंगूर की खेती करनेवाला ।

Vignette – विन्'-यैट्' – *n.* a small ornamental engraving on the title page of a book, a picture in which the edges fade up. पुस्तक के पहिले पृष्ठ पर का सुन्दर छोटा चित्र, ऐसा चित्र जिसके किनारे के भाग का रङ्ग हलका होता जाता है ।

Vigorous – विग्'-ऑर्-अस् – *adj.* full of physical strength, strong,

energetic. प्रबल, बलवान, पुष्ट (ओजस्वी); **Vigorously** (-ली) *adv.* with vigour. उत्साह से, प्रयत्न से, उद्यम से; **Vigorousness** (-नेस्) *n.* the state of being vigorous. पुष्टता, उत्साह।

Vigour – विग्'-अर् – *n.* physical or intellectual force, energy. शक्ति, (तेज,) प्रभाव, (पौरुष)।

Viking–विक्'-इङ्ग् – *n.* the chief of pirates. समुद्री डाकुओं का नेता।

